पृथ्वीके योगसे पार्थिव कहातेहैं यह पृथ्वी किसके योगसे कहाती है और इस भूमिकी गौ संज्ञा किस
कारणसे हुईहै यह सब हमारे आगे वर्णन कीजिये १। २ सूतजी बोले हे द्विजवर्य्यलोगो स्वायम्भुव
नाम मनुके वंशमें अंगनाम एकप्रजापति होताभया उसने महादुर्मुखा सुनीथानाम मृत्युकी पुत्री से
अपना विवाह किया ३ उस अंगके योगसे सुनीथानाम स्त्रीमें वेननाम पुत्रहुआ उसकेपीछे वही सं
म्पूर्ण पृथ्वीका राजाहुआ परन्तु वह वेन अपनीमाताके अंशसे सदैव अधर्मका कर्त्ता महा पापी पर-
स्त्रीगामी और प्रजाको अनेक प्रकारकी पीड़ा देनेवाला हुआ उसको महर्षि लोगोंने जगत्के धर्माच-
रणकी सिद्धिके और प्रजाके सुखके निमित्त अनेक प्रकारकी शिक्षाभीकरी परन्तु वह किसी प्रकारसे
भी न माना तब तो सब ब्राह्मणोंने उसको शापदेकर मारडाला फिर राज्यके भयसे उन परहित

दिव्यतेजोमयवपुः सरत्नकवचांगदः ९ पृथोरेवाभवद्यत्नात् ततःपृथुरजायत। सविप्रै
रभिषिक्तोऽपि तपःकृत्वासुदारुणम् १० विष्णोर्वरेणसर्वस्य प्रभुत्वमगमत्पुनः। निः
स्वाध्यायवषट्कारं निर्धर्मंवीक्ष्यभूतलम् ११ दग्धुमेवोद्यतःकोपाच्छरेणामितविक्रमः।
ततोगोरूपमास्थाय भूःपलायितुमुद्यता १२ पृष्ठतोऽनुगतस्तस्याः पृथुर्दीप्तशरासनः।
ततःस्थित्वैकदेशेतु किंकरोमीतिचाब्रवीत् १३ पृथुरप्यवदद्वाक्यमीप्सितंदेहिसुव्रते!।
सर्वस्यजगतःशीघ्रं स्थावरस्यचरस्यच १४ तथैवसाब्रवीद्भूमिर्दुदोहसनराधिपः। स्वंके
पाणौपृथुर्वत्सं कृत्वास्वायम्भुवंमनुम् १५ तदन्नमभवच्छुद्धं प्रजाजीवन्तियेनवै। ततस्तु
ऋषिभिर्दुग्धावत्सःसोमस्तदाभवत् १६ दोग्धाबृहस्पतिरभूत्पात्रं वेदस्तपोरसः। दे
वैश्चवसुधादुग्धादोग्धामित्रस्तदाभवत् १७ इन्द्रोवत्सःसमभवत् क्षीरमूर्जस्करंबलम्।
देवानांकाञ्चनंपात्रंपितॄणांराजतंतथा १८ अन्तकश्चाभवद्दोग्धा यमोवत्सःस्वधारसः।
अलाबुपात्रंनागानांतक्षको वत्सकोऽभवत् १९ विषंक्षीरंततोदोग्धा धृतराष्ट्रोऽभवत्पुनः।
असुरैरपिदुग्धेयमायसेशक्रपीडिनीम् २० पात्रेमायाममूद्वत्सः प्राह्लादिस्तुविरोचनः।
दोग्धाद्विमूर्धातत्रासीन्मायायेनप्रवर्त्तिता २१यक्षैश्चवसुधादुग्धापुरान्तर्द्धानमीप्सुभिः।

ब्राह्मणोंने उस वेनके शरीरको मथनकिया उसके मथनेसे उसके शरीरमें जो माताका अंशथा उस अंशके प्रभावसे काले काजलके समान म्लेच्छ जातिके मनुष्य उत्पन्नहुए और पिताके अंशकेकारण उसके दक्षिणहाथसे धर्मका प्रवर्त्तक हाथोंमें धनुषवाणलिये दिव्य और रूपतेजसेयुक्त सुन्दररत्नमयी वाजूवन्द आदि आभूषणोंसे अलंकृत एक परम धार्मिक पुरुष उत्पन्नहुआ उसीको ब्राह्मणोंने पृथुनाम धरकर राज्यपर अभिषेक किया इसके अनन्तर उसपृथुने बड़ाउत्तम तपकिया तब विष्णुजीके वरदानसे वह सम्पूर्ण पृथ्वीका राजाहुआ उस समय इस पृथ्वीपर स्वाध्याय और वषट् कर्मादि धर्मों को न देखकर अतुलवल वाले राजापृथुने क्रोधहोके पृथ्वीको अपने वाणों करके दग्धकरनेका विचारकिया तब यह भूमिगौका रूपधारण करके पृथुके आगे होकरभागी और राजाभी अपने अत्यन्ततेज वाले धनुषवाणको लेकर उसकेपीछेभागा तब वह गौ एकस्थानपर स्थितहोकर यह वचनबोली कि हे महाराज मैं क्याकरूं ४।१३ तबपृथुने कहा कि हे सुव्रते तू सम्पूर्ण चराचर जगत्के हितके निमित्त मेरे मनोवाञ्छित फलको सिद्धकर राजाके इस वचनको सुनकर पृथ्वीनेकहा तथास्तु अर्थात् ऐसाही होगा उस समय राजापृथुने उस गौरूपा पृथ्वीका बछड़ा मनुको बनाकर उसको अपने हाथोंपरही दुहा १४। १५ तब प्रजाका जीवनरूप शुद्ध अन्न उत्पन्नहुआ फिर चन्द्रमाको बछड़ा बनाकर ऋषियोंने उसगौको दोहा और बृहस्पतिजीनेभी दोहा तब वेदपात्रहुए और रस उत्पन्नहुआ फिर जबदेवों ने पृथ्वीको दोहा तब सूर्य्य दोहनेवाला हुआ और इन्द्र बछड़ाबना उस समय बल और तेजरूपी दूध उत्पन्नहुआ जबकाल दोहनेवालाहुआ उस समय यमको बछड़ा देवताओंको सुवर्णका पात्र और पितरोंको चाँदीकापात्र बनाकर अमृतरस उत्पन्न किया और नागोंने तूंबीकापात्र और तक्षक को बछड़ा बनाकर विषरूपी दूधको दोहा-इसकेपीछे इन्द्रको पीड़ादेनेके लिये धृतराष्ट्र और दैत्योंने भी लोहेका पात्रबनाकर उस गौको दोहा उसपात्रमें माया उत्पन्नहुई जब द्विमूर्द्धा असुर दोहनेवाला

कृत्वावैश्रवणंवत्समामपात्रेमहीपते ! २२ प्रेतरक्षोगणैर्दुग्धा धारारुधिरमुल्वणम् । रौ
प्यनाभोऽभवद्दोग्धा सुमालीवत्सएवतु २३ गन्धर्वैश्चपुरादुग्धा वसुधासाप्सरोगणैः ।
वत्संचैत्ररथंकृत्वागन्धान्पद्मदलेतथा २४ दोग्धावररुचिर्नामनाट्यवेदस्यपारगः । गि
रिभिर्वसुधादुग्धारत्नानिविविधानिच २५ औषधानिचदिव्यानि दोग्धामेरुर्महाचलः ।
वत्सोऽभूद्धिमवांस्तत्र पात्रंशैलमयंपुनः २६ वृक्षैश्चवसुधादुग्धा क्षीरंछिन्नप्ररोहणम् ।
पालाशपात्रदोग्धातु शालःपुष्पलताकुलः २७ प्लक्षोऽभवत्ततोवत्सः सर्ववृक्षोधनाधिपः।
एवमन्यैश्चवसुधातदादुग्धायथेप्सितम् २८ आयुर्धनानिसौख्यञ्च पृथौराज्यंप्रशास
ति । नदरिद्रस्तदाकश्चिन्नरोगी नचपापकृत् २९ नोपसर्गभयंकिञ्चित् पृथौराजनिशा
सति । नित्यंप्रमुदितालोका दुःखशोकविवर्जिताः ३० धनुष्कोट्याचशैलेन्द्रानुत्सार्य्य
समहाबलः । भुवस्तलंसमंचक्रेलोकानांहितकाम्यया ३१ नपुरग्रामदुर्गाणि नचायुधध
रानराः । क्षयातिशयदुःखञ्च नार्थशास्त्रस्यचादरः ३२ धर्मैकवासनालोका पृथौ रा
ज्यंप्रशासति । कथितानिचपात्राणि यत्क्षीरञ्चमयातव ३३ येषांयत्ररुचिस्तत्तद्दे

प्रह्लाद और विरोचन बछड़ेभये तब द्विमूर्द्धा ने माया प्रवृत्तकरी १६ । २१ प्रथम गुप्त विचरने की इच्छा करनेवाले यक्षोंने पृथ्वीको दोहा तब कुबेर बछड़ा और कच्ची मृत्तिकाकापात्र बनाया २२ तब नाना माया उत्पन्नहुई जब प्रेत राक्षसोंने पृथ्वीको दोहा तब रौप्यनाभ दुहनेवाला और सुमाली बछड़ाहुआ उस समय उल्वण रुधिरकीधारा उत्पन्नहुई २३ प्रथम अप्सरा और गन्धर्वगणों नेभी जब पृथ्वीको दोहाथा उससमय चैत्ररथ गन्धर्वको बछड़ा और पद्मकेपत्रका पात्र बनायाथा २४ वहाँ नाट्य विद्याका जाननेवाला वररुचिनाम ऋषि दोहनेवालाथा उससे शृंगारहुए जब पर्वतों करके पृथ्वी दोहीगई तब अनेक प्रकारके रत्न उत्पन्नहुए २५ जब बड़ा बलवान् सुमेरु पर्व्वत दोहनेवालाहुआ उस समय हिमवान् बछड़ाहुआ और शिलारूपीपात्रमें औषधियां उत्पन्न हुई २६ जब, वृक्षोंने पृथ्वीको दोहा तब अंकुरोंमें निकसनेवाला दूध उत्पन्न हुआ उस समय ढाककेपत्तोंका पात्र बनायाथा जब पुष्पोंवाली लताओं समेत सालकावृक्ष दोहनेवालाहुआ तबपिलखनका वृक्ष बछड़ा था उसी समयसे वह सालवृक्ष सब वृक्षों के धनका अधिप होकर सबसे ऊंचाहुआ इसरीतिसे इस पृथ्वीको इनसबने और अन्य२ नेभी दोहा-२७। २८ जब राजापृथु राज्यकरताथा उससमय आयुष और धन सबको प्राप्तहुआ उसके समयमें कोईभी दरिद्री रोगी और पाप करनेवाला न हुआ २९ पृथुके राज्यमें चौरादिकोंकाभी भय न हुआ सब लोग दुःख शोकसे रहित होकर सदैव प्रसन्न रहते थे ३० वह महाबल वीर्य्यवाला राजा अपने धनुषके अग्रभागसे पर्व्वतोंको साफकरके प्रजाके सुख के निमित्त पृथ्वीतलको समान करताथा ३१ उसराजाके उत्तम प्रबन्ध और भयसे उसराज्यके पुर ग्रामादिमें भी बाहरके चौरादिक बचावके लिये कोई किला गढ़आदि नहीं बनवातेथे और न कोई किसीके भयसे शस्त्रोंको धारण करताथा उसके समयमें सबके दुःखोंका ऐसा नाशहोगयाथा कि अपनेभी प्रयोजनके निमित्त किसीको कोई उपाय नहींकरना पड़ताथा ३२ सब प्रजामात्रकी धर्ममें ही निष्ठा होगईथी पृथ्वी दोहनेके समय जिन २ लोगोंके जो२ पात्रबने और दूधउत्पन्न हुआ उन २

यंतेभ्योविजानता। यज्ञश्राद्धेषुसर्वेषु मयातुभ्यंनिवेदितम् ३४ दुहितृत्वञ्चतायस्मात् पृ
थोर्धर्म्मवतोमहीम्। तदानुरागयोगाच्च पृथिवीविश्रुताबुधैः ३५ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे वैन्याभिवर्णनो नाम दशमोऽध्यायः १० ॥

(ऋषय ऊचुः) आदित्यवंशमखिलं वदसूत! यथाक्रमम्। सोमवंशञ्चतत्त्वज्ञ!
यथावद्वक्तुमर्हसि १ (सूत उवाच) विवस्वान्कश्यपात्पूर्वमदित्यामभवत्सुतः। तस्य
पत्नीत्रयंतद्वत्संज्ञाराज्ञीप्रभातथा २ रैवतस्यसुताराज्ञी रेवतंसुषुवेसुतम्। प्रभाप्रभातं
सुषुवेत्वाष्ट्रीसंज्ञातथामनुम् ३ यमश्चयमुनाचैव यमलौतुबभूवतुः। ततस्तजोमयंरूप
मसहन्तीविवस्वतः ४ नारीमुत्पादयामासस्वशरीरादनिन्दिताम्। त्वाष्ट्रीस्वरूपेणनाम्ना
छायेतिभामिनीतदा ५ किङ्करोमीतिपुरतः स्थितांतामभ्यभाषत। छाये! त्वंभजभर्तार
मस्मदीयंवरानने! ६ अपत्यानिमदीयानि मातृस्नेहेनपालय। तथेत्युक्तातुसादेवमग
मत्कापिसुव्रता ७ कामयामासदेवोऽपि संज्ञेयमितिचादरात्। जनयामासतस्यांतु पुत्र
ञ्चमनुरूपिणम् ८ सवर्णत्वाच्चसावर्णिर्म्मनो वैवस्वतस्यच। ततःशनिंचतपतींविष्टिं
चैवक्रमेणतु ९ छायायांजनयामास संज्ञेयमितिभास्करः। छायास्वपुत्रेभ्यधिकं स्नेहंचक्रे
मनौतथा १० पूर्वोमनुस्तुचक्षामनयमः क्रोधमूर्च्छितः। सन्तर्जयामासतदा पादमुद्यम्य

की प्रसन्नताके अर्थ यज्ञोंमें और श्राद्धोंमें वही वही देना योग्य है यह सब विधिमैंने तुमसे वर्णन करी ३३। ३४ इस धर्मात्मा पृथुराजाको यह पृथ्वी पुत्रीभावसे प्राप्त होतीभई इसी योगके कारण से इसभूमिकानाम पृथ्वी विख्यातहुआ ३५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायां वैन्याभिवर्णनोनामदशमोऽध्यायः १०॥

ऋषियोंनेपूछा-हे सूतजी आप यथार्थ क्रमसे सूर्य्यवंश और चन्द्रवंशको वर्णन कीजिये १ सूतजी बोले-प्रथम अदितिस्त्रीमें कश्यपजीसे सूर्य्य उत्पन्नहुए उनकी संज्ञा राज्ञी और प्रभा यह तीनों नाम वाली तीन स्त्रियां होतीभई २ इनमें वह रैवतकीपुत्री राज्ञीनाम सूर्य्यकीस्त्रीने रेवतनाम पुत्रको उ-त्पन्न किया प्रभास्त्रीने प्रभातनामपुत्र उत्पन्न किया और संज्ञानाम स्त्री ने मनुनामपुत्रको उत्पन्न किया और इसीस्त्रीने यम और यमुना इनदोनों पुत्र पुत्रियोंकोभी उत्पन्नकिया फिर वह संज्ञास्त्री जब सूर्य्यके तेजको न सहतीभई तब उसने अपने शरीरसे छायानाम बड़ी उत्तमस्त्रीको उत्पन्न किया ३। ५ वह छायानामस्त्री संज्ञाके आगे खड़ी होकरबोली कि मैं क्याकरूं तब संज्ञानेकहा कि हे वरानने तू इसमेरेपति सूर्य्यकोही भज और मेरीसन्तानको माताके समान अपना स्नेहकरके पा-लनकर फिर तथास्तु अर्थात् ऐसाही करूंगी इसप्रकारसे अंगीकारकर वहछाया सूर्य्यको प्राप्तहुई ६।७ तब सूर्य्यभी उसको संज्ञाकेही समान जानकर बड़े आदरभावसे उसके संग भोग करनेलगे उस में दूसरा मनुनामपुत्र हुआ यह मनु पूर्वके मनुका सवर्णीहोकर सावर्णिनाम मनु विख्यातहुआ-फिर उसीछायामें सूर्य्यसे शनैश्चर तपती और विष्टि यहसन्तान उत्पन्नहुई ८।९ इसके अनन्तर वहछाया अपने पुत्र सावर्णिनाम मनुमें अधिक स्नेह करनेलगी इसबातको प्रथम मनुने तो सहलिया परन्तु

दक्षिणम् ११ शशापचयमंछाया सक्षतःकृमिसंयुतः। पादोऽयमेकोभविता पूयशोणित
विस्रवः १२ निवेदयामासपितुर्धर्म्मं.शापादमर्षितः। निष्कारणमहंशप्तो मात्रादेव! स
कोपया १३ बालभावान्मयाकिञ्चिदुद्यतश्चरणःसकृत्। मनुनावार्यमाणापि ममशाप
मदाद्विभो! १४ प्रायोनमातासास्माकं शापेनाहंयतोहतः। देवोऽप्याहयमंभूयः किङ्करो
मिमहामते! १५ मौर्ख्यात्कस्यनदुःखंस्यादथवाकर्म्मसन्ततेः। अनिवार्य्योभवस्यापि
काकथान्येषुजन्तुषु १६ कृकवाकुर्म्मयादत्तो यःकृमीन्भक्षयिष्यति। क्लेदञ्चरुधिरञ्चै
व वत्सायमपनेष्यति १७ एवमुक्तस्तपस्तेपे यमस्तीव्रंमहायशाः। गोकर्णतीर्थेवैराग्या
त् फलपत्रानिलाशनः १८ आराधयन्महादेवं यावद्वर्षायुतायुतम्। वरंप्रादान्महादेवः
सन्तुष्टःशूलभृत्तदा १९ वव्रेसलोकपालत्वं पितृलोकेनृपालयम्। धर्म्माधर्म्मात्मकस्या
पि जगतस्तुपरीक्षणम् २० एवंसलोकपालत्वमगमच्छूलपाणिनः। पितॄणाञ्चाधिप
त्यञ्च धर्म्माधर्म्मस्यचानघ! २१ विवस्वानथतज्ज्ञात्वा संज्ञायाःकर्म्मचेष्टितम्। त्वष्टुः
समीपमगमदाचचक्षेचरोषवान् २२ तमुवाचततस्त्वष्टा सान्त्वपूर्वंद्विजोत्तमाः। तवास
हन्तीभगवन्! महस्तीव्रंतमोनुदम् २३ वडवारूपमास्थाय मत्सकाशमिहागता। नि
वारितामयासातु त्वयाचैवदिवाकर! २४ यस्मादविज्ञाततया मत्सकाशमिहागता। त

यम न सहसके और महाक्रोधितहोकर यमने उसछायाके पुत्र मनुको दाहिन पैरसे ताडन किया ११ तब छायाने यमको यह शापदियाकि यहतेरा पैर पीपयुक्त कीटोंसे भरे घाववाला होकर राधसेभिरे १२ फिर यम इसशापको न सहकरके अपने पिताके पास जाकर यह बोलेकि हेदेव माताने मुझे निरपराध शापित करदियाहै मैंने बालकपनेसे जरापैरको उठादियाथा उससमय मनुने उसकोनिषेधभी कियाथा परन्तु उसने शापदेहीदिया १३।१४ हेविभो जोकि उसने हमको शापसे हतकरदियाहै इस हेतुसे वह विशेषकरके हमारीमाता नहीं है तब सूर्य्यने कहाकि हेमहामते मैंक्याकरूं १५ मूर्खतासे अथवा कर्मके प्रभावसे कहो किसको दुःखनहींहोताहै शिवजीसेभी कर्मकी रेखा दूरनहींहोतीहै तो अन्यजनोंकी क्याबातहै १६ हेपुत्र मैंतुझे मुरगादूंगावह तेरेकृमियोंको भक्षण करके राधरुधिरकोभी खाकर दूरकरदेगा १७ पिताके इस वचनको सुनकर यम दारुण तपस्या करने लगे अर्थात् गोकर्ण तीर्थपर जाके सब वस्तुओंको त्याग फल मूल पत्र और वायु इनका आहार करने लगे १८ वहाँदश किरोड़ वर्षोंतक यमने महादेवजीका तपकिया तबशूलधारी शिवजी उसपर प्रसन्नहोकर बोले किवर मांग तबयमने संसारकेकियेहुए पापपुरायोंको जानलेनाही वरमांगा १९।२० इसप्रकारकरके वह यम शिवजीके प्रभावसे लोकपालहोजाताभया फिर अधर्मोंकाभी जानने वालाहोकर सब पितरोंकापति होताभया २१ इसकेपीछे सूर्य्यदेवता प्रथमकियेहुए संज्ञाके कर्मको जानकर उसके पितात्वष्टाकेपास गये औरक्रोधहोकर उससे बोले २२ कि तुम्हारी पुत्रीने मेरी विनाआज्ञा ऐसाकर्मकिया यह सुनकर हेऋषियो उस त्वष्टाने सूर्य्यको समझाकरकहाकि हे भगवन् यह मेरीपुत्री आपके तेजको न सहकर घोड़ीकारूप धारण करके मेरे समीप आईथी सो हेसूर्य्यदेव मैंने उससे यहकहकर उसको लौटादिया कि सूर्य्यकी आज्ञालिये विना जो तू मेरे घरआई है इस हेतुसे तू मेरे घरमें प्रवेश करनेको योग्य

स्मान्मदीयंभवनं प्रवेष्टुंनत्वमर्हसि २५ एवमुक्ताजगामाथ मरुदेशमनिन्दिता। वडवा
रूपमास्थाय भूतलेसम्प्रतिष्ठिता २६ तस्मात्प्रसादंकुरुमे यद्यनुग्रहभागहम्। अपने
ष्यामितेतेजो यन्त्रेकृत्वादिवाकर! २७ रूपंतवकरिष्यामि लोकानन्दकरम्प्रभो!। तथे
त्युक्तःसरविणा भ्रमौकृत्वादिवाकरम् २८ पृथक्चकारतत्तेजश्चक्रंविष्णोरकल्पयत्।
त्रिशूलञ्चापिरुद्रस्य वज्रमिन्द्रस्यचाधिकम् २९ दैत्यदानवसंहर्तुः सहस्रकिरणात्मकम्।
रूपञ्चाप्रतिमञ्चक्रे त्वष्टापद्भ्यामृतेमहत् ३० नशशाकाथतद्द्रष्टुं पादरूपंरवेःपुनः।
अर्चास्वपिततःपादौ नकश्चित्कारयेत्क्वचित् ३१ यःकरोतिसपापिष्ठां गतिमाप्नोतिनि
न्दिताम्। कुष्ठरोगमवाप्नोति लोकेस्मिन्दुःखसंयुतः ३२ तस्माद्धर्म्मकामार्थी चित्रेष्वा
यतनेषुच। नकचित्कारयेत्पादौ देवदेवस्यधीमतः ३३ ततःसभगवान्गत्वा भूर्लोक
ममराधिपः। कामयामासकामार्तो मुखएवदिवाकरः ३४ अश्वरूपेणमहता तेजसाच
समावृतः। संज्ञाचमनसाक्षोभमगमद्भयविह्वला ३५ नासापुटाभ्यामुत्सृष्टं परोऽयमिति
शङ्कया। तद्रेतसस्ततोजातावश्विनाविितिनिश्चितम् ३६ दस्रौसुतत्वात्संजातौ नास
त्यौनासिकाग्रतः ३७ ज्ञात्वाचिराच्चतंदेवं सन्तोषमगमत्परम्। विमानेनागमत्स्वर्गं पत्या
सहमुदान्विता ३८ सावर्णोऽपिमनुर्मेरावद्याप्यास्तेतपोधनः। शनिस्तपोबलादाप ग्रह

नहींहै २३।२५ इसमेरेवचनको सुनकर वह मरुस्थलदेशमें जाकरघोड़ीके रूपको धारणकरकेपृथ्वी में विचरती है इसहेतुसे आप प्रसन्नहोकर मेरे ऊपर दयाकरो हे दिवाकरजी मैं आपके तेजको यन्त्रमें करके पृथक् करदूंगा और आपके रूपको मनुष्योंका आनन्द करनेवाला भी करदूंगा तब सूर्य्यनेकहा ऐसाहीकरो तब उस त्वष्टाने सूर्य्यके तेजको यन्त्रमें करके सूर्य्य से पृथक् करदिया फिर उसी पृथक् कियेहुए सूर्य्यके तेजसे विष्णुकाचक्र शिवजीका त्रिशूल इन्द्रकावज्र और अन्य२ देवताओंके अनेक शस्त्रोंकोवनाया २६।२९ इसके अनन्तर दैत्यदानवोंके नाशकर्त्ता सम्पूर्णमूर्तिसे रहित सूर्य को सहस्र किरणवाले विनापैरके सुन्दरमुखमात्रहीरूपको त्वष्टाने ऐसावनाया कि फिर उससूर्य्यके पैरोंके रूप देखनेकोभी त्वष्टासमर्थ न हुआ तभीसे सूर्य्यकी प्रतिमामें कोईउनके पैरोंकी मूर्त्तिको नहींवनवाताहै और जो कोई हठसे वा मूर्खतासे उनके पैरोंकी मूर्त्ति वनवाताहै वह पापियोंकी महानिन्दितगतिको प्राप्तहोकर इस संसारके कठिनदुःखोंको भोगताहुआ कुष्ठरोगको प्राप्तहोताहै ३०।३२ इसहेतुसे धर्म कामादिकी इच्छाकरनेवाला मनुष्य किसी मन्दिर वा स्थानमें किसी स्थानपरभी सूर्य्यकीमूर्त्तिमें पैर न वनवावे ३३ इसके उपरान्त सूर्य्य देवता उसी मुखकेही रूपसे कामदेवसे पीड़ित होकर पृथ्वी-लोकमें जाकर उस संज्ञाकी इच्छा करतेभये ३४ और वड़े तेजवाले घोड़ेका रूप वनाकर उसघोड़ी-रूप संज्ञाकेपास पहुंचे तवसंज्ञामनसे क्षोभको प्राप्तहोकर भयसे विह्वलहोतीभई और उससूर्य्यसेही धारण कियेहुये वीर्य्यको पर पुरुषकी शंकाकरके अपनी नासिकाके दोनोंछिद्रों के द्वारावाहर त्याग-तीभई उसीवीर्य्यसे अश्विनीकुमारउत्पन्न होतेभये ३५।३६ अश्वसे उत्पन्न होनेसेउनको "दस्रौ" कहते हैं और नासिकाके द्वाराहोनेसे "नासत्यौ" ऐसाभीकहतेहैं ३७ फिरवहसंज्ञा वहुतकालमें सूर्य्यको जा-नकर परमसंतोष युक्तहोके अपनेपतिके साथ विमानोंमें वैठकर विचरती भई ३८ और सावर्णिमनु

साम्यंततःपुनः ३९ यमुनातपतीचैव पुनर्नद्यौबभूवतुः। विष्टिर्घोरात्मिकातद्वत्कालत्वे नव्यवस्थिता ४० मनोर्वैवस्वतस्यासन् दशपुत्रा महाबला।इलस्तुप्रथमस्तेषां पुत्रेष्ट्यां समजायत ४१ इक्ष्वाकुःकुशनाभश्च अरिष्टोधृष्णएवच। नरिष्यन्तःकरूषश्च शर्य्यातिश्चमहाबलः ४२पृषध्रश्चाथनाभागःसर्वेतेदिव्यमानुषाः ४३ अभिषिच्यमनुःपुत्रमिलंज्येष्ठंसधार्मिकः। जगामतपसेभूयः समहेन्द्रवनालयम् ४४ अथदिग्जयसिध्यर्थं मिलःप्रायान्महीमिमाम्। भ्रमन्द्वीपानिसर्वाणि क्ष्माभृतःसम्प्रधर्षयन् ४५ जगामोपवनंशम्भोरश्वाकृष्टःप्रतापवान्। कल्पद्रुमलताकीर्णं नाम्नाशरवणंमहत् ४६ रमतेयत्रदेवेशः शम्भुःसोमार्द्धशेखरः। उमयासमयस्तत्र पुराशरवणेकृतः ४७ पुन्नामसत्त्वंयत्किंचिदागमिष्यतितेवने। स्त्रीत्वमेष्यतितत्सर्वं दशयोजनमण्डले ४८ अज्ञातसमयोराजा इल·शरवणेपुरा। स्त्रीत्वमापविशन्नेव वडवात्वंहयस्तदा ४९ पुरुषत्वंहृतंसर्वं स्त्रीरूपेविस्मितोनृपः। इलेतिसाभवन्नारी पीनोन्नतघनस्तनी ५० उन्नतश्रोणिजघना पद्मपत्रायतेक्षणा। पूर्णेन्दुवदनातन्वी विलासोल्लासितेक्षणा ५१ मूलोन्नतायतभुजा नीलकुंचितमूर्धजा। तनुलोमासुदशना मृदुगंभीरभाषिणी ५२ शुभगौरेणवर्णेन हंसवारणगामिनी। कार्मुकभ्रूयुगोपेता तनुताम्रनखांकुरा ५३ भ्रमन्तीचवनेतस्मिन् चिन्तयामासभामिनी। कोमेपिताथवाभ्राता कामेमाताभवेदिह ५४ कस्यभर्तुरहंदत्ताकियद्वत्स्यामिभूत

भी तप करताहुआ सुमेरुपर्व्वतपर विचरताहै और तपकेही प्रभावसे सूर्य्यकेपुत्र शनैश्चर भी ग्रहभावको प्राप्तहुए ३९ यमुना और तापती यहदोनोंनदियां होगईं और विष्टि घोररूप कालकी व्यवस्थामें स्थितहै उसीको भद्राभी कहतेहैं ४० वैवस्वतमनुके बड़ेबलवीर्य्य वाले दशपुत्रहुए उनसबमें पुत्रेष्टि यज्ञमेंहोनेवाला प्रथम इलनामपुत्रहै वहीसबसे बड़ाहै ४१ और इक्ष्वाकु-कुश-नाभ-अरिष्ट-धृष्ण-नरिष्यन्त-करूष-शर्य्याति-पृषध्र और नाभाग यह उसके नौछोटेभाई हैं इनसबको दिव्यमानुष कहतेहैं ४२। ४३ फिर वह धार्मिकमनु अपने प्रथम औरबड़े इलनामपुत्रको अपनेराज्यका अभिषेक करकेमहेन्द्रवनमें तपस्याके निमित्त जाताभया ४४ तबइसइलने दिग्विजय करके पृथ्वीके सबराजाओं को अपने आधीन करलिया ४५ एक समय वह इल अपनेघोड़ेके वेगसे कल्पद्रुमोंकीलता आदिकोंसे आकीर्ण उस शरवण नामवाले शिवजीके उपवनमें प्राप्त होताभया ४६ जहां कि देवेश शिवजी महाराज पार्वतीसमेत वासकरते हैं उसवनमें जो कोई पुरुषजाताथा वह स्त्री होजाताथा वह वन चालीसकोसकाथा ४७। ४८ वह विनाजाननेवाला राजा इल उसवनमें पहुंचतेही स्त्री बनगया और उसकाघोड़ाभी घोड़ीहोगया जब इनदोनोंका पुरुषपनाजातारहा तब स्त्रीरूप होजाने से राजा इलको बड़ा आश्चर्य्यहुआ और वह इलसे इलानाम उन्नतकुचोंवाली स्त्री होगई ४९।५० अर्थात् उन्नत नितम्ब श्रेष्ठ जंघा कमलपत्रके समान नेत्र पूर्णचन्द्रमाके समान मुख और कोमल अंगरूप वाली स्त्री होगई ५१ लंबीभुजा अतिश्यामकेश कोमल रोमावलि-सुन्दरदंतावली-मृदु और गंभीर बोलन ५२ सुन्दर गौरवर्णी हंस और हस्तिनी के समान गमन करनेवाली धनुषके समान सुन्दर भृकुटियों से युक्त और ताम्रनखी ५३ ऐसीस्त्री होकर उसवनमें भ्रमण करनेलगी और विचारनेलगी

ले। इतिचिन्तयतीदृष्टासोमपुत्रेणसांगना ५५ इलारूपसमाक्षिप्तमनसावरवर्णिनीम्।
बुधस्तदाप्तयेयत्न मकरोत्कामपीड़ितः ५६ विशिष्टाकारवान्दण्डी सकमण्डलुपुस्तकः।
वेणुदण्डकृतानेक पवित्रकगणित्रकः ५७ द्विजरूपःशिखीब्रह्म निगदन्कर्णकुण्डलः।
वटुभिश्चान्वितोयुक्तैः समित्पुष्पकुशोदकैः ५८ किलान्विषन्वनेतस्मिन्नाजुहावसतामि
लाम्। बहिर्वनस्यान्तरितः किलपादपमण्डले ५६ ससम्भ्रममकस्मात्तां सोपालम्भ
मिवावदत्। त्यक्ताग्निहोत्रशुश्रूषां क्वगतामन्दिरान्मम ६० इयंविहारवेलाते ह्यतिक्राम
तिसाम्प्रतम्। एह्येहिपृथुसुश्रोणि! सम्भ्रान्ताकेनहेतुना ६१ इयंसायंतनीवेला विहार
स्येहवर्तते। कृत्वोपलेपनंपुष्पै रलंकुरुगृहंमम ६२ सात्वब्रवीद्विस्मृताहं सर्वमेतत्तपोध
न!। आत्मानंत्वाञ्चभर्तारं कुलञ्चवदमेनघ ६३ बुधःप्रोवाचतांतन्वी मिलात्वंवरव
र्णिनि!। अहञ्चकामुकोनाम बहुविद्योबुधःस्मृतः ६४ तेजस्विनःकुलेजातः पितामेब्रा
ह्मणाधिपः। इतिसातस्यवचनात् प्रविष्टाबुधमन्दिरम् ६५ रत्नस्तम्भसमायुक्तं दिव्य
मायाविनिर्मितम्। इलाकृतार्थमात्मानं मेनेतद्भवनस्थिता ६६ अहोवृत्तमहोरूप महो
धनमहोकुलम्। ममचास्यचमेभर्तुरहोलावण्यमुत्तमम् ६७ रेमेचसातेनसममति का
लमिलाततः। सर्वभोगमयेगेहे यथेन्द्रभवनेतथा ६८॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे एकादशोऽध्यायः ११॥

कि कौनमेरापिता कौन भ्राता कौन माता और कौनमेरा भर्त्ता है ५४ मैं पृथ्वीपर कहांवसूंगी इस प्रकार चिन्तवन करतीहुई उस इलास्त्रीको चन्द्रमाके पुत्र बुधने देखा ५५ और उसको देखतेही कामसे पीड़ितहो उसमें अपनेमनको लगा उसकी प्राप्तिके लिये अपनी इच्छाकरी ५६ और दण्ड कमण्डलु पुस्तकधारण किये वेणु दण्ड आदि अनेकपवित्र वस्तुओंसे युक्त कानोंमें कुण्डलोंको पहरे हुए वेदका उच्चारण करता समिध् पुष्प-कुशाजल इत्यादि यज्ञ सामग्रियोंसे और मायारूपी केशोंसे ढकाहुआहोकर उस वनके एकान्त वृक्षों में उस इलास्त्री को बुलावताभया ५७। ५९ और अकस्मात् भ्रमको प्राप्तहोकर भड़कनेके प्रकारसे बोला कि तू अग्निहोत्रकी सेवाको त्यागके मेरेमन्दिरसे कहाँ चलीगई है अब यह विहारके समयकी क्रीड़ा व्यतीतहुई जाती है हेसुन्दर कटिवाली तू किसकारणसे भयभीत होरहीहै ६०। ६१ अब सायंकालका समयहै तुझको यहाँ आकर क्रीड़ाकरना योग्यहै इनचन्दनपुष्पादिसे मेरेघरको शोभितकर यह सुनकर वह बोली हे तपोधन मैं विस्मृतसी होरहीहूं इससे आपमुझको और मेरे कुलको बताइये ६२। ६३ तब बुधबोले कि हे उत्तम वर्णवाली तेरा इलानामहै और मैं बहुतसी विद्याओंसे युक्त बुधनामसे विख्यातहूं ६४ मैं तेजस्वी कुलमें होकर चन्द्रमाकापुत्रहूं इसप्रकारके उसके वचनोंको सुनकर वह इला बुधकेघरमें प्रवेश करगई ६५ दिव्यमायासे रचेहुए रत्नमयस्तंभोंसेयुक्त ऐसे उत्तमगृहमें प्रवेशितहोकर वह इला अपनेको कृतार्थ मानती भई यह बोली कि मेरे वृत्त-रूप पतिको धन-कुल और दोनों की लावण्यताको भी धन्यहै ६६। ६७ ऐसे प्रसन्नहोकर वह इला सम्पूर्ण भोगों से युक्त इन्द्रभवनके समान बुधके गृह में बहुत कालतक बुधसे रमण करतीभई ६८॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकादशोऽध्यायः ११॥

(सूतउवाच) अथान्विषन्तोराजानंभ्रातरस्तस्यमानवाः। इक्ष्वाकुप्रमुखाजग्मुस्त दाशरवणान्तिकम् १ ततस्तेददृशुःसर्वे वडवामग्रतःस्थिताम्। रत्नपर्याणकिरण दीप्त कायामनुत्तमाम् २ पर्याणप्रत्यभिज्ञानात् सर्वेविस्मयमागताः। अयंचन्द्रप्रभोनाम वा जीतस्यमहात्मनः ३ अगमद्वडवारूपमुत्तमंकेनहेतुना। ततस्तुमैत्रावरुणिं पप्रच्छु स्तेपुरोधसम् ४ किमित्येतदभूच्चित्रंवदयोगविदांवर!। वसिष्ठश्चाब्रवीत्सर्वंदृष्ट्वातद्ध्या नचक्षुषा ५ समयःशम्भुदयिता कृत शरवणेपुरा। यःपुमान्प्रविशेदत्र सनारीत्वमवा प्स्यति ६ अयमश्वोऽपिनारीत्व मगाद्राज्ञासहैवतु। पुनः पुरुषतामेति यथासौधनदो पमः ७ तथैवयत्नःकर्तव्यश्चाराध्यंवपिनाकिनम्। ततस्तेमानवाजग्मुर्यत्रदेवोमहेश्व रः ८ तुष्टुवुर्विविधैस्तोत्रैः पार्वतीपरमेश्वरौ। तावूचतुरलंघ्योऽयं समयःकिन्तुसाम्प्र तम् ९ इक्ष्वाकोरश्वमेधेन यत्फलंस्यात्तदावयोः। दत्त्वाकिम्पुरुषोवीरः सभविष्यत्यसं शयम् १० तथेत्युक्तास्ततस्तेस्तु जग्मुर्वैवस्वतात्मजाः। इक्ष्वाकोश्चाश्वमेधेन चेलः किम्पुरुषोऽभवत् ११ मासमेकम्पुमान्वीरः स्त्रीचमासमभूत्पुनः। बुधस्यभवनेतिष्ठन्नि लोगर्भधरोऽभवत् १२ अजीजनत्पुत्रमेकमनेकगुणसंयुतम्। बुधश्चोत्पाद्यतंपुत्रं स्व र्लोकमगमत्ततः १३ इलस्यनाम्नातद्वर्षं मिलावृतमभूत्तदा। सोमार्कवंशयोरादाविलोऽ भून्मनुनन्दनः १४ एवंपुरूरवाःपुंसोरभवद्वंशवर्द्धनः। इक्ष्वाकुरर्कवंशस्य तथैवोक्तस्त

सूतजीबोले-हे ऋषिलोगो इसके अनन्तर उस इलराजाको इक्ष्वाकु आदिक इलके छोटेभाई शरवणनाम वनके समीपमें जाकर ढूंढनेलगे १ तब सूर्य्यकी किरणों के समान आगे खड़ीहुई उस घोड़ीको देखतेभये २ और ऐसे उत्तम रूपवाली उस घोड़ीको देखकर वह सब आश्चर्यको प्राप्तहुए और परस्परमें कहनेलगे कि यह चन्द्रप्रभानामघोड़ा राजाइलकाहै ३ यह घोड़ीके रूपको किसकार-णसे प्राप्तहोगया तब वसिष्ठनाम अपने पुरोहितसे पूछनेलगे ४ कि हे योगियोंमें श्रेष्ठ यहक्या आ-श्चर्य्य है इसको आप विचारपूर्वक कहिये तब वसिष्ठजी ने अपने ज्ञानसे सब वृत्तान्तको जानकर यह वचनकहा ५ कि किसीसमय पार्वतीजीने यह कहाथा कि जो इसवनमें पुरुषआवेगा वह स्त्री होजायगा ६ इसहेतुसे वह राजाइल और घोड़ादोनों स्त्रीरूप होगये हैं अब यह इला जिसरीतिक-रके कुंवरके समान पुरुषहोजाय वही यत्नकरो अर्थात् शिवजीको प्रसन्नकरो यह सुनकर मनुके पुत्र जहाँ शिवजी महाराज विराजमानथे वहाँगये ७। ८ और अनेकप्रकारके स्तोत्रोंसे पार्वती समेत शिवजीको प्रसन्नकरतेभये तब शिवजीने कहा कि इससमय तुम कोईभी इसवनमें मतआओ यह इक्ष्वाकु अपने अश्वमेध यज्ञका फलहमको जब देगा तब यह राजा इल किम्पुरुषरूपहोके यज्ञमें उ-त्पन्नहोकर निस्सन्देह जन्मलेगा ९। ११ इस शिवजीके वचनोंको मानकर वह सबमनुके पुत्रवहाँ से लौटआये फिर इक्ष्वाकुने अश्वमेध यज्ञ करके जब शिवके अर्पण किया उस समय यज्ञमें चेल नाम किन्नर उत्पन्नहुआ वह एकमहीने तक पुरुषरहा और एकमहीने तक स्त्री होके बुधके घरमें स्थितरहा और गर्भ को धारण करता भया १२ फिर उस स्त्री में अनेक गुणरूप से युक्त पुत्र को उत्पन्नकरके बुध देवता स्वर्गको जातेभये १३ इसहितुसे वहइलावर्त्त नाम द्वीपकहाता है इसप्र-

पोधनाः १५ इलःकिम्पुरुषत्वेच सुद्युम्नइतिचोच्यते । पुनःपुत्रत्रयमभूत् सुद्युम्नस्याप
राजितम् १६ उत्कलोवैगयस्तद्वद्धरिताश्वश्चवीर्य्यवान्। उत्कलस्योत्कलानाम गयस्य
तुगयामता १७ हरिताश्वस्यदिक्पूर्वा विश्रुताकुरुभिःसह । प्रतिष्ठानेभिषिच्याथ सपु
रूरवसं सुतम् १८ जगामेलावृतंभोक्तुं वर्षंदिव्यफलाशनम्। इक्ष्वाकोर्ज्येष्ठदायादो मध्य
देशमवाप्तवान् १९ नरिष्यन्तस्यपुत्रोऽभूच्छुचोनाममहाबलः। नाभगस्याम्बरीषस्तु धृ
ष्टस्यचसुतत्रयम् २० धृतकेतुश्चित्रनाथो रणधृष्टश्चवीर्य्यवान्। आनर्तोनामशर्य्यातेः
सुकन्याचैवदारिका २१ आनर्तस्याभवत्पुत्रो रोचमानःप्रतापवान्। आनर्तोनामदेशोऽ
भून्नगरीचकुशस्थली २२ रोचमानस्यपुत्रोऽभूद्रेवो रैवतएवच। ककुद्मीचापरान्नाम ज्ये
ष्ठःपुत्रशतस्यच २३ रेवतीतस्यसाकन्या भार्यारामस्यविश्रुता । करूषस्यतुकारूषा ब
हवःप्रथिताभुवि २४ पृषध्रोगोवधाच्छूद्रो गुरुशापादजायत । इक्ष्वाकुवंशंवक्ष्यामि शृ
णुध्वमृषिसत्तमाः २५ इक्ष्वाकोःपुत्रतामाप विकुक्षिर्नामदेवराट्। ज्येष्ठःपुत्रशतस्यासी
द्दशपञ्चचतत्सुताः २६ मेरोरुत्तरतस्तेतु जाताःपार्थिवसत्तमाः। चतुर्दशोत्तरञ्चान्य
च्छ्रुतमस्यतथाभवत् २७ मेरोर्दक्षिणतोयेवै राजानःसम्प्रकीर्त्तिताः । ज्येष्ठःककुत्स्थो
नाम्नाऽभूत्तत्सुतस्तुसुयोधनः २८ तस्यपुत्रःपृथुर्नाम विश्वगश्चपृथोःसुतः । इन्दुस्त

कार सूर्य्यवंश और चन्द्रवंशकी आदिमें मनुकापुत्र इलहोताभया १४ इसरीतिसे चन्द्रवंशमें तो पु-
रूरवानाम वंश विस्तृत होताभया और सूर्य्यवंशमें इक्ष्वाकुराजाका वंशविस्तृतहोताभया १५ वहइल
किंपुरुष योनिमें सुद्युम्ननामसे प्रसिद्धहुआ उससुद्युम्नके महापराक्रमी उत्कल गय औरहरिताश्व यह
तीनपुत्र उत्पन्नहुए इनमेंसे उत्कलका उत्कलदेश और गयका गयनाम देश विख्यातहुआ और राजा
हरिताश्व पूर्वदिशामें कुरुवंशी राजाओंकेसाथ रहताभया इसके अनन्तर सुद्युम्न अपने पुरूरवा पुत्र
को राज्याभिषेक करके इलावृतखण्डके भोगनेकेलिये चलागया और इक्ष्वाकुका बड़ापुत्र मध्यदेश
में राज्य करताभया १६ । १९ नरिष्यन्तके महाबलवान् शुचनाम पुत्रहुआ नाभग के अम्बरीष
नाम पुत्रहुआ और धृष्टके धृतकेतु चित्रनाथ और रणधृष्ट यह तीनपुत्र उत्पन्नहुए-राजा शर्य्यातिके
एकतो आनर्तनाम पुत्र दूसरी शर्य्यातिनाम एकपुत्री होतीभई २० । २१ आनर्त्तके रोचमान नाम
बड़ा तेजस्वी पुत्रहुआ उसकादेश आनर्त्तनामसे प्रसिद्धहै और मैथिलापुरीभी प्रसिद्धहै—रोचमानके
रेवत और ककुद्मीनाम दोपुत्रहुए और सौ १०० इनके छोटेभाईहुए और रेवतकी पुत्री रैवती नाम
से प्रसिद्ध होकर बलदेवजीकी स्त्री हुई करूपके बहुत कारूपनाम देश प्रसिद्ध हैं २२ । २४ पृष-
ध्रनाम राजा गुरुकेशाप और गोवध करनेसे शूद्रजातिको प्राप्तहोगया यह तो पुरूरवाका वंशहुआ
अब इक्ष्वाकुके वंशको कहताहूं हे ऋषिसत्तम लोगो तुम मनलगाकर सुनो २५ इक्ष्वाकुकापुत्र वि-
कुक्षिनाम देवराजहुआ उसदेवराजके सौ छोटेभाईहुए और १५ पुत्रहुए २६ वह सब १४ पुत्र सुमेरु
से उत्तरकी ओर बड़े प्रसिद्धराजा होतेभये वह उत्तरदिशामें प्रसिद्धहैं और जो सुमेरुसे दक्षिणकी
ओर राजा विख्यातहैं वह केवल उस अकेले पन्द्रहवेंकीही सन्तानहैं इनसबमें बड़ाभाई ककुत्स्थ
नामसे प्रसिद्धहुआ उसकापुत्र सुयोधनहुआ सुयोधनके पृथुनाम पुत्रहुआ पृथुके विश्वगनाम पुत्र

स्यचपुत्रोऽभूद्युवनाश्वस्ततोऽभवत् २९ श्रावस्तश्चमहातेजा वत्सकस्तत्सुतोऽभवत्।
निर्मितायेनश्रावस्तीगौडदेशेद्विजोत्तमाः ३० श्रावस्ताद्बृहदश्वोऽभूत्कुवलाश्वस्ततोऽ
भवत्। धुन्धुमारत्वमगमद्धुन्धुंनाम्नाहतःपुरा ३१ तस्यपुत्रास्त्रयोजाता दृढाश्वोदण्ड
एवच। कपिलाश्वश्चविख्यातो धौन्धुमारिःप्रतापवान् ३२ दृढाश्वस्यप्रमोदश्च हर्य
श्वस्तस्यचात्मजः। हर्यश्वस्यनिकुम्भोभूत् संहताश्वस्ततोभवत् ३३ अकृताश्वोरणा
श्वश्च संहताश्वसुतावुभौ। युवनाश्वोरणाश्वस्य मान्धाताचततोऽभवत् ३४ मान्धातुः
पुरुकुत्सोऽभूद्धर्मसेनश्चपार्थिवः। मुचुकुन्दश्चविख्यातः शत्रुजिच्चप्रतापवान् ३५
पुरुकुत्सस्यपुत्रोऽभूद्वसुदोनर्म्मदापतिः। सम्भूतिस्तस्यपुत्रोऽभूत्त्रिधन्वाचततोऽभव
त् ३६ त्रिधन्वनःसुतोजातस्त्रय्यारुणइतिस्मृतः। तस्मात्सत्यव्रतोनाम तस्मात्सत्यर
थःस्मृतः ३७ तस्यपुत्रोहरिश्चन्द्रो हरिश्चन्द्राच्चरोहितः। रोहिताच्चवृकोजातो वृकाद्बा
हुरजायत ३८ सगरस्तस्यपुत्रोऽभूद्राजापरमधार्मिकः। द्वेभार्य्येसगरस्यापि प्रभाभानु
मतीतथा ३९ ताभ्यामाराधितःपूर्वमौर्वोग्निःपुत्रकाम्यया। और्वस्तुष्टस्तयोःप्रादाद्य
थेष्टंवरमुत्तमम् ४० एकापष्टिसहस्राणि सुतमेकंतथापरा। गृह्णातुवंशकर्तारं प्रभागृह्णा
द्बहूंस्तदा ४१ एकंभानुमतीपुत्रमगृह्णादसमञ्जसम्। ततःषष्टिसहस्राणि सुषुवेयाद
वीप्रभा ४२ खनन्तःपृथिवींदग्धा विष्णुनायेऽश्वमार्गणे। असमञ्जसस्तुतनयो योंशु

हुआ विश्वगका पुत्र इन्दु इन्दुका युवनाश्व २७। २९ युवनाश्वका पुत्र श्रावस्त उसका पुत्र वत्सकहुआ इसी वत्सकने गौड़देशमें श्रावस्तिपुरी बनाई है ३० श्रावस्तसे बृहदश्व उत्पन्नहुआ उसके कुवलाश्वहुआ इसी कुवलाश्वने प्रथम धुन्धुनाम दैत्यकोमाराथा इसीसे इसको धुन्धुमारभी कहते हैं ३१ उस धुन्धुमार के दृढाश्व दंडे और धौंधुमारिनामसे विख्यात कपिलाश्वनामे यहतीन पुत्र उत्पन्नहुए ३२ दृढाश्वके प्रमोदहुआ प्रमोदके हर्य्यश्व–हर्य्यश्वके निकुंम्भ–निकुम्भके संहताश्व संहताश्वके अकृताश्व और रणाश्व यह दोपुत्रहुए रणाश्व के युवनाश्व-युवनाश्व के मांधाता और मांधाताके पुरुकुत्स धर्मसेन और शत्रुओंका विजय करनेवाला मुचुकुन्द हुआ ३३। ३५ और पुरुकुत्सके नर्मदानदीके देशोंकापति वसुद हुआ वसुदके संभूतिहुआ उसके त्रिधन्वा ३६ त्रिधन्वाके त्रय्यारुण त्रय्यारुणके सत्यव्रत उसके सत्यरथ सत्यरथके हरिश्चन्द्र हरिश्चन्द्रके रोहितहुआ उसीको लोकमें रोहितास कहते हैं रोहितासकेवृक-वृकके बाहुनाम पुत्रहुआ ३७। ३८ इसबाहुके सगर नाम परमधार्मिक राजाहुआ इस सगरकी प्रभा और भानुमती नाम दोरानी होतीभई ३९ उन्होंने पुत्रकीइच्छासे और्व संज्ञक अग्निका आराधनकिया तब अग्निने प्रसन्नहोकर उनके इसवाञ्छितवर को दिया ४० कि एकरानी तो ६०००० पुत्रोंको उत्पन्न करेगी और दूसरी एकही पुत्रको प्राप्तकरेगी परन्तु उस एकहीका वंशचलेगा और इन ६०००० हजारकावंश नहींचलेगा तबप्रभाके ६०००० हुए और भानुमतीके एकहीपुत्र वंशचलानेवाला हुआ प्रभाके सबपुत्र किसी समय अश्वके ढूंढने कोगयेथे वहाँ पृथ्वीको खोदाथा वहाँ विष्णुके कोपसे भस्महोगये परन्तु भानुमतीके वंशकाबढ़ानेवा-

मान्नामविश्रुतः ४३ तस्यपुत्रोदिलीपस्तु दिलीपात्तुभगीरथः। येनभागीरथीगङ्गा तपः कृत्वावतारिता ४४ भगीरथस्यतनयो नाभागइतिविश्रुतः। नाभागस्यांबरीषोऽभूत्सिन्धुद्वीपस्ततोऽभवत् ४५ तस्यायुतायुःपुत्रोऽभूदृतुपर्णस्ततोऽभवत्। तस्यकल्माषपादस्तु सर्वकर्माततःस्मृतः ४६ तस्यानरण्यःपुत्रोऽभून्निघ्नस्तस्यसुतोभवत्। निघ्नपुत्रावुभौजातौ अनमित्ररघूनृपौ ४७ अनमित्रोवनमगाद्भवितासकृतेनृपः। रघोरभूद्दिलीपस्तु दिलीपादजकस्तथा ४८ दीर्घबाहुरजाज्जातश्चाजपालस्ततोनृपः। तस्माद्दशरथोजातस्तस्यपुत्रचतुष्टयम् ४९ नारायणात्मकाःसर्वेरामस्तेष्वग्रजोऽभवत्। रावणान्तकरस्तद्वद्रघूणांवंशवर्धनः ५० वाल्मीकिस्तस्यचरितं चक्रेभार्गवसत्तमः। तस्यपुत्रौकुशलवाविक्ष्वाकुकुलवर्धनौ ५१ अतिथिस्तुकुशाज्जज्ञे निषधस्तस्यचात्मजः। नलस्तुनैषधस्तस्मान्नभास्तस्मादजायत५२नभसःपुण्डरीकोऽभूत् क्षेमधन्वाततःस्मृतः। तस्यपुत्रोऽभवद्वीरोदेवानीकःप्रतापवान्५३ अहीनगुस्तस्यसुतः सहस्राश्वस्ततःपरः। ततश्चंद्रावलोकस्तुतारापीडस्ततोऽभवत्५४तस्यात्मजश्चंद्रगिरिर्भानुश्चंद्रस्ततोऽभवत्। श्रुतायुरभवत्तस्माद्भारतेयोनिपातितः ५५ नलौद्वावेवविख्यातौ वंशेकश्यपसम्भवे। वीरसेनसुतस्तद्वन्नैषधश्चनराधिपः५६ एतेवैवस्वतेवंशे राजानोभूरिदक्षिणाः। इक्ष्वाकुवंशप्रभवाःप्राधान्येनप्रकीर्त्तिताः५७॥ श्रीमत्स्यपुराणेसूर्यवंशानुकीर्त्तनोनामद्वादशोध्यायः॥

ला अंशुमान्हीं शेषरहगया ४१। ४३ उसी अंशुमान्के दिलीप उत्पन्नहुआ दिलीपके भगीरथहुआ जिसने कि तपकरके भागीरथी नाम गंगाको पृथ्वीपर लाकर जारीकरदिया ४४ भगीरथके नाभाग पुत्रहुआ उसकापुत्र अम्बरीष हुआ उसका सिन्धुद्वीपहुआ उसका अयुतायुनाम पुत्रहुआ-उसकापुत्र ऋतुपर्णहुआ ऋतुपर्णके कल्माषपाद पुत्रहुआ कल्माषके सर्वकर्माहुआ उसकापुत्र अनरण्य हुआ अनरण्यका पुत्र निघ्नहुआ–निघ्न के अनमित्र और रघु यह दो पुत्रहुए ४५। ४७ अनमित्र सतयुगमें हुआ और वनको चलागया रघुके दिलीप–दिलीपके अज--अजकेदीर्घबाहु-दीर्घबाहुके अजपाल ४८ अजपालके दशरथ [यहाँ पुराणों में अस्त व्यस्तहै] यह दशरथ अजकेहुआ है दशरथके चारपुत्र ४९ नारायणकी कलाथे इनचारोंमें सबसे बड़े रामचन्द्रजीथे जिन्होंने रावणकानाश किया और रघुकावंश चलाया ५० इनका चरित्र वाल्मीकिजीने वर्णन किया है इन रामचन्द्रजीके लव और कुश यह दोपुत्र इक्ष्वाकु वंशके बढ़ानेवालेहुए ५१ कुशसे अतिथि उत्पन्नहुआ उसके निषधनामपुत्रहुआ उसके नल और नलके नभा--नभाके पुंडरीक--उसके क्षेमधन्वा--क्षेमधन्वाके अत्यन्त प्रतापवान् शूरवीर देवानीकनाम पुत्रहुआ ५२। ५३ उसके अहीनगु--अहीनगुके सहस्राश्व--उसके चन्द्राव लोक-चन्द्रावलोकके तारापीडनाम पुत्रहुआ५४उसके चन्द्रगिरि--चन्द्रगिरिके भानुचन्द्र-भानुचन्द्रके श्रुतायु-जो महाभारतमें मारागयाहै ५५ और कश्यपसे चलनेवाले वंशमें दोनलनाम राजाहुए हैं एक तो वीरसेनकापुत्र और दूसरा निषधका पुत्रहुआहै ५६ बहुतसे यज्ञादिक करनेवाले सूर्य्यवंशमें उत्पन्न होनेवालोंमें से इक्ष्वाकुवंशमें उत्पन्न होनेवालोंको यहाँ प्रधानतासे वर्णन कियाहै ५७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायां सूर्य्यवंशानुकीर्त्तनं नाम द्वादशोऽध्यायः १२॥

(मनुरुवाच) भगवन्! श्रोतुमिच्छामि पितॄणांवंशमुत्तमम्। रवेश्चश्राद्धदेवत्वं सोमस्यचविशेषतः १ (मत्स्य उवाच) हन्ततेकथयिष्यामि पितॄणांवंशमुत्तमम्। स्वर्गे पितृगणाःसप्त त्रयस्तेषाममूर्त्तयः २ मूर्तिमन्तोऽथचत्वारः सर्वेषाममितौजसः। अमूर्त्त य.पितृगणा वैराजस्यप्रजापतेः ३ यजन्तियान्देवगणा वैराजाइतिविश्रुताः। दिविते योगविभ्रष्टाः प्राप्यलोकान्सनातनान् ४ पुनर्ब्रह्मविदान्तेतु जायन्तेब्रह्मवादिनः। संप्रा प्यतांस्मृतिम्भूयो योगंसांख्यमनुत्तमम् ५ सिद्धिंप्रयान्तियोगेन पुनरावृत्तिदुर्लभाम्। योगिनामेवदेयानितस्माच्छ्राद्धानिदातृभिः ६ एतेषांमानसीकन्यापत्नीहिमवतोमता। मै नाकस्तस्यदायादः क्रौञ्चस्तस्याग्रजोऽभवत् ७ क्रौञ्चद्वीपःस्मृतोयेन चतुर्थोघृतसंवृ तः। मेनाचसुषुवेतिस्रः कन्यायोगवतीस्ततः ८ उमैकपर्णापर्णाच तीव्रव्रतपरायणाः। रुद्रस्यैकासितस्यैका जैगीषव्यस्यचापरा ९ दत्ताहिमवताबालाःसर्वालोकेतपोऽधिकाः। (ऋषय ऊचुः) कस्माद्दाक्षायणीपूर्वं ददाहात्मानमात्मना १० हिमवद्दुहितातद्वत् कथं जातामहीतले। सहरन्तींकिमुक्तासौ सुतावाब्रह्मसूनुना ११ दक्षेणलोकजननी सूत! विस्तरतोवद। (सूत उवाच) दक्षस्ययज्ञेवितते प्रभूतवरदक्षिणे १२ समाहूतेषुदेवेषु प्रोवाचपितरंसती। किमर्थंतात! भर्तामे यज्ञेऽस्मिन्नाभिमन्त्रितः १३ अयोग्यइतिता

मनुजीवोले-हे भगवन् पितरों के उत्तमवंशको तथा चन्द्रवंश और सूर्य्यवंश के श्राद्धदेवोंको भी मैं सुनना चाहताहूं १ मत्स्यजी वोले-हेमनु प्रथम में पितरोंके श्रेष्ठवंशको तुमसे कहूंगा उन पितरों के स्वर्गमें सातगणहैं उनमेंभीतीनितो मूर्तिरहित हैं २ और चार मूर्तिवालेहैं इन सबमें मूर्तिसे रहित अमितपराक्रमवाले पितृगण वैराज प्रजापतिकेहैं ३ उनको देवगणपूजतेहैं और वैराजनामसे प्रसिद्ध हैं औरजो लोगकि स्वर्गसे योगभ्रष्टहोकर सनातनलोकोंसे गिरतेहैं वह ब्रह्मवेत्ताओंकेकुलमें ब्रह्मवादी होकर उत्पन्नहोतेहैं और पूर्वकीही सांख्ययोगरूपीस्मृतिको प्राप्तहोके योगाभ्यासकेद्वारा आवागमनसे रहित दुर्लभसिद्धिको अर्थात् मोक्षको प्राप्तहोजातेहैं इसहेतुसे श्राद्धकर्त्तापुरुषोंने श्राद्धमें योगाभ्यासी पुरुषोंकोही दान देना उत्तम कहाहै और इन पितरोंकी मानसी नामवाली पुत्री हिमवान् पर्व्वतकी स्त्री मैनानाम कहीहै उसी मेनाके मैनाकपुत्र उत्पन्न हुआ और मैनाकका बड़ाभाई वह क्रौंच हुआ ४।७ जोकि घृतका चौथाद्वीप क्रौंचनामसे प्रसिद्ध है और मैनानाम इस हिमवान्कीस्त्री तीन कन्या ओंकोभी जनती भई अर्थात् उमा-एकपर्णा-और पर्णा इनतीनों उत्तम व्रत वाली कन्याओंको उत्पन्न करती भई इनमें पहली उमातो शिवजीको दी दूसरी एकपर्णा शुक्रजीको और तीसरी पर्णानाम नाम कन्या जैगीषव्य ऋषिको व्याहदी इस प्रकारसे हिमवान्ने अपनी इनतीनों कन्याओंको उक्त महात्माओंको अर्पण करीं--ऋषियोंने पूछा--हे सूतजी प्रथम पार्व्वती जीने अपने शरीरको किसहेतु से भस्मकिया और फिर इस पृथ्वीतलमें हिमवान् के घरमें कैसे जन्मलिया और इस संहार करने वालीसे ब्रह्माके पुत्र दक्षने क्या कहाथा इनसबवृत्तान्तोंको आप विस्तारपूर्व्वक वर्णन करिये--सूतजी बोले-किअत्यन्त दक्षिणा आदिद्रव्यों से युक्त बड़े विस्तृत हुए दक्षके यज्ञमें ८।१२ सब देवता बुलाये गये और शिवजीको नहीं बुलाया तब सती शरीरसे पार्वतीजी ने यज्ञमें जाकर अपने पितासे कहा

माह दक्षोयज्ञेषुशूलभृत्। उपसंहारकृद्रुद्रस्तेनामङ्गलभागयम् १४ चुकोपाथसतीदेहं त्यक्ष्यामीतित्वदुद्भवम्। दशानान्त्वञ्चभविता पितॄणामेकपुत्रकः १५ क्षत्रियत्वेऽश्वमेधेच रुद्रात्वंनाशमेष्यसि। इत्युक्त्वायोगमास्थाय स्वदेहोद्भवतेजसा १६ निर्दहन्तीतदात्मानं सदेवासुरकिन्नरैः। किंकिमेतदितिप्रोक्ता गन्धर्वगणगुह्यकैः १७ उपगम्याब्रवीद्दक्षः प्रणिपत्याथदुःखितः। त्वमस्यजगतोमाता जगत्सौभाग्यदेवता १८ दुहितृत्वङ्गतादेवि ममानुग्रहकाम्यया। नत्वयारहितंकिञ्चित् ब्रह्माण्डेसचराचरम् १९ प्रसादं कुरुधर्मज्ञे नमान्त्यक्तुमिहार्हसि। प्राहदेवीयदारब्धं तत्कार्यंमेनसंशयः २० किन्त्ववश्यं त्वयामर्त्ये हतयज्ञेनशूलिना। प्रसादेल्लोकसृष्ट्यर्थं तपःकार्यंममान्तिके २१ प्रजापतिस्त्वंभवितादशानामङ्गजोप्यलम्। मदंशेनाङ्गनाषष्टिर्भविष्यन्त्यंगजास्तव २२ मत्सन्निधौतपःकुर्वन् प्राप्स्यसेयोगमुत्तमम्। एवमुक्तोऽब्रवीद्दक्षः केषुकेषुमयानघे २३ तीर्थेषुच त्वंद्रष्टव्यास्तोतव्याकैश्चनामभिः (देव्युवाच) सर्वदासर्वभूतेषु द्रष्टव्यासर्वतोभुवि २४ सर्वल्लोकेषुयत्किञ्चिद्रहितंनमयाविना। तथापियेषुस्थानेषु द्रष्टव्यासिद्धिमीप्सुभिः २५ स्मर्तव्याभूतिकामैर्वा तानिवक्ष्यामितत्त्वतः। वाराणस्यांविशालाक्षी नैमिषेलिंगधारि

कि हेपिता तुमने इस अपने यज्ञमें मेरे भर्त्ताको क्यों नहीं निमन्त्रणदिया १३ तब दक्षने कहा कि शिवजी यज्ञके योग्य नहीं हैं क्योंकि संहार करने वालेहैं और रुद्र अर्थात् भयानक भी हैं इन हेतुओं से वह अमंगलकारी हैं १४ इतनी बातके सुनतेही सतीजी क्रोधयुक्त होकर यह वचन बोलीं तुझ से उत्पन्नहोनेवाले इस अपने शरीर को मैं त्यागती हूं और तू दशपिताओं के एक पुत्र होवेगा १५ फिर क्षत्रियवंशमें अश्वमेध यज्ञकेबीच शिवजीसेही नाशको प्राप्तहोवेगा ऐसा कहकर योगमें प्राप्तहो अपने शरीरसे तेजको उत्पन्न करके अपने शरीरको भस्मकरदेतीभई तब देवता राक्षस किन्नर गुह्यक आदि सबने क्याहुआ क्याहुआ ऐसाकहकर बड़ा हाहाकार किया उसके भस्म होनेके समय परही यह सब उसकेपास आये और दक्षभी उन सतीजी के पास आया और महादुःखितहो नम्रतापूर्व्वक यहकहनेलगा कि हे सती तू इस जगत्की माताहै सौभाग्यकी देने वाली है हे देवि तुही संसार की देवताहै तू केवलमुझपर अनुग्रह करनेकेलिये मेरीपुत्री हुईथी सोतुझसे रहित इस चराचरब्रह्माण्ड में कुछभीनहीं है १८।१९ तू मुझपर प्रसन्नहोकर मुझे त्यागनेकोयोग्य नहीं है तब पार्वतीजी अर्थात् सतीजी बोलीं कि जो मैंने कार्य्य प्रारम्भ कियाहै अर्थात् जो प्रण कियाहै वह निस्सन्देह अवश्यही होगा २० परन्तु शिवजी से विध्वंस होनेवाले इस यज्ञके कर्त्ता तुझको इस मर्त्यलोकमें शिवजीकी प्रसन्नताके लिये और लोककी रचनाके हेतुसे यहां मेरे समीपमें तपकरनाचाहिये २१ तू दशपुरुषों के शरीर सम्बन्धसे प्रजापति होगा और मेरे अंशकरके तेरे साठपुत्री उत्पन्नहोंगी तू मेरेसमीपमें तप करताहुआ उत्तम योगको प्राप्तहोवेगा यह वचन सुनकर दक्षबोला कि हे अनघे मुझे कौन२ से तीर्थ में तेरा देखना योग्यहै और कौन२ से नामोंकरके तेरी स्तुति करनायोग्यहै यह सुनकर पार्वतीजी ने कहा कि मैं पृथ्वीके सब प्राणियों में देखनेके योग्यहूं २३। २४ जो कुछ कि इससंसारमें वर्त्तमान है वह मुझसे भिन्न नहीं है परन्तु तौभी सिद्धि की इच्छा करनेवाले जनोंको जिन २ स्थानों में मेरा

णी २६ प्रयागेललितादेवीकामाक्षीगन्धमादने।मानसेकुमुदानामविश्वकायातथाम्बरे २७ गोमन्तेगोमतीनाम मन्दरेकामचारिणी। मदोत्कटाचैत्ररथे जयन्तीहस्तिनापुरे २८ कान्यकुब्जेतथागौरी रम्भामलयपर्वते। एकाम्भकेकीर्तिमती विश्वांविश्वेश्वरेविदुः २९ पुष्करेपुरुहूतेति केदारेमार्गदायिनी। नन्दाहिमवतःपृष्ठे गोकर्णेभद्रकर्णिका ३० स्थानेश्वरेभवानीतु विल्वकेविल्वपत्रिका। श्रीशैलेमाधवीनाम भद्राभद्रेश्वरेतथा ३१ जयावराहशैलेतु कामलाकमलालये। रुद्रकोट्यांचरुद्राणी कालीकालञ्जरेगिरौ ३२ महालिङ्गेतुकपिला मर्कोटेमुकुटेश्वरी। शालिग्रामेमहादेवी शिवलिङ्गेजलप्रिया ३३ मायापुर्यांकुमारीतु सन्तानेललितातथा। उत्पलाक्षीसहस्राक्षे कमलाक्षेमहोत्पला ३४ गङ्गायांमङ्गलानाम विमलापुरुषोत्तमे। विपाशायाममोघाक्षी पाटलापुण्ड्रवर्द्धने ३५ नारायणीसुपार्श्वेतु त्रिकूटेभद्रसुन्दरी। विपुलेविपुलानाम कल्याणीमलयाचले ३६ कोटवीकोटितीर्थेतु सुगन्धामाधवेवने। कुब्जाम्रकेत्रिसन्ध्यातु गङ्गाद्वारेरतिप्रिया ३७ शिवकुण्डेसुनन्दातु नन्दिनीदेविकातटे। रुक्मिणीद्वारवत्यान्तु राधावृन्दावनेवने ३८ देवकीमथुरायान्तु पातालेपरमेश्वरी। चित्रकूटेतथासीताविन्ध्येविन्ध्यनिवासिनी ३९ सह्या

स्मरण करनायोग्यहै उन २ स्थानोंको मैं निश्चय करके कहतीहूं काशीजी में विशालाक्षी नामवाली नैमिषारण्य में लिंगधारिणी-प्रयाग में ललितादेवी- गन्धमादन पर्वत में कामाक्षी-मानसक्षेत्र में कुमुदा नामवाली-और आकाशमें विश्वकाया नामवाली मैं जाननी योग्यहूं २५। २७ गोमंतक्षेत्र में गोमतीनाम-मन्दराचलमें कामचारिणी-चैत्ररथमें मदोत्कटा-और हस्तिनापुरमें जयंतीनामवाली मुझको जाननायोग्य है २८ कान्यकुब्ज देश में गौरी-मलयाचल पर्वत में रंभा-एकाम्भक क्षेत्रमें कीर्तिमती और विश्वेश्वरक्षेत्रमें विश्वाजाननी योग्यहूं २९ पुष्करमें पुरुहूता-केदारमें मार्गदायिनी-हिमवान् पर्वत परनन्दा-और गोकर्ण तीर्थ पर भद्रकर्णिका जाननी योग्यहूं ३० स्थानेश्वर क्षेत्रमें भवानी-और विल्वक तीर्थ पर विल्वपत्रिका जाननी योग्य हूं-श्रीशैलपर माधवीनाम-और भद्रेश्वर परमुझे भद्रानाम जाने ३१ वराह शैलपर जयानाम-कमलालयक्षेत्रपर-कामलानाम-रुद्रकोटीनाम पर रुद्राणी-और कालंजर तीर्थ में कालीनाम जानना योग्य है ३२ महालिंग तीर्थ में कपिला-मर्कोटमें मुकुटेश्वरी-शालिग्राम तीर्थ में महादेवी-और शिवलिंग क्षेत्र में जलप्रियानाम वाली मुझको जानना योग्य है ३३ मायापुरी में कुमारी-संतानतीर्थ में ललिता-सहस्राक्षमें उत्पलाक्षी-और कमलाक्षतीर्थ में मुझको महोत्पलानामसे जानना योग्य है ३४ गंगामें मंगलानाम वाली-पुरुषोत्तम तीर्थपै विमलानामवाली-विपाशा नदीपै अमोघाक्षी-औरपुंड्रवर्धन तीर्थपर पाटलानामवाली मुझे जानना योग्य है ३५ सुपार्श्व तीर्थ पै नारायणी नाम-त्रिकूटतीर्थपै भद्रसुन्दरी-विपुलमें विपुलानाम-और मलयाचलपै कल्याणी नामवाली मुझको जानो ३६ कोटीतीर्थपै कोटवी-माधव वनमें सुगन्धा कुब्जाम्रकतीर्थपै त्रिसंध्या-और गंगाद्वारतीर्थपै रतिप्रियानाम वालीजानो ३७ शिवकुंडपै सुनन्दा-देविकातटपै नन्दिनी-द्वारकापुरी में रुक्मिणी- वृन्दावनमें राधा-मथुरामें देवकी-पातालमें परमेश्वरी-चित्रकूट पर्वतपै सीता-और विंध्याचल पर्वतपै मुझे विन्ध्यनिवासिनी जानो-सह्याद्रि पर्वतपै

द्रावेकवीरातु हर्म्यचन्द्रेतिचन्द्रिका। रमणारामतीर्थेतु यमुनायांमृगावती ४० करवीरेम हालक्ष्मीरुमादेवीविनायके। अरोगावैद्यनाथेतु महाकालेमहेश्वरी ४१ अभयेत्युष्ण तीर्थेषु चामृताविन्ध्यकन्दरे। माण्डव्येमाण्डवीनाम स्वाहामाहेश्वरेपुरे ४२ छागल ण्डेप्रचण्डातु चण्डिकामकरन्दके। सोमेश्वरेवरारोहा प्रभासेपुष्करावती ४३ देवमाता सरस्वत्यां पारापारातटेमता। महालयेमहाभागा पयोष्ण्यांपिङ्गलेश्वरी ४४ सिंहिकाकृ तशौचेतु कार्तिकेयेयशस्करी। उत्पलावर्त्तकेलोला सुभद्राशोणसंगमे ४५ मातासिद्ध पुरेलक्ष्मीरङ्गनाभरताश्रमे। जालन्धरेविश्वमुखी ताराकिष्किन्धपर्वते ४६ देवदारुवने पुष्टिर्मेधाकाश्मीरमण्डले। भीमादेवीहिमाद्रौतु पुष्टिर्विश्वेश्वरेतथा ४७ कपालमोचने शुद्धिर्माताकायावरोहणे। शंखोद्धारेधरानाम धृतिःपिण्डारकेतथा ४८ कालातुचन्द्रभा गाया मच्छोदेशिवकारिणी। वेणायाममृतानाम बदर्यामुर्वशीतथा ४९ औषधीचोत्तर कुरौकुशद्वीपेकुशोदका। मन्मथाहेमकूटेतु मुकुटेसत्यवादिनी ५० अश्वत्थेवन्दनीयातु निधिर्वैश्रवणालये। गायत्रीवेदवदने पार्वतीशिवसन्निधौ ५१ देवलोकेतथेन्द्राणी ब्रह्मा स्येषुसरस्वती। सूर्य्यविम्बेप्रभानाम मातृणांवैष्णवीमता ५२ अरुन्धतीसतीनान्तु रा मासुचतिलोत्तमा। चित्तेब्रह्मकलानाम शक्तिःसर्वशरीरिणाम् ५३ एतदुद्देशतःप्रोक्तं ना माष्टशतमुत्तमम्। अष्टोत्तरञ्चतीर्थानां शतमेतदुदाहृतम् ५४ यःस्मरेच्छृणुयाद्वापि

एकवीरा-हर्म्यचन्द्रमें अतिचन्द्रिका-रामतीर्थमें रमणा-और यमुनातीर्थपै मुझे मृगावती नामजानो- ३८।४० करवीर क्षेत्रपै महालक्ष्मी-विनायक क्षेत्रमें उमादेवी-वैद्यनाथ तीर्थपै अरोगा-औरमहाकाल तीर्थ में मुझे महेश्वरी जानो ४१ उष्णतीर्थ पै अभया-विंध्याचलकी गुफाओं में अमृता-मांडव्य में मांडवीनाम औरमाहेश्वर पुरमें स्वाहानामजानो ४२ छागलंडतीर्थपै प्रचंडा-मकरन्दतीर्थपै चंडिका- सोमेश्वर तीर्थपै वरारोहा-प्रभासक्षेत्रपै पुष्करावती ४३ सरस्वतीनदीपै देवमाता पारातट तीर्थपैपारा महालय क्षेत्रपै महाभागा और पयोष्णी नदीपै मैं पिंगलेश्वरी कहीजातीहूं ४४ कृतशौच तीर्थमें सिंहि- का-कार्तिकेयक्षेत्र पै यशस्करी-उत्पलावर्त्तकपै लोलानाम और शोणसंगमतीर्थ में सुभद्रा जानो ४५ सिद्धपुर क्षेत्रमें माता-भर्त्ताश्रमक्षेत्रपै लक्ष्मी-जालन्धरमें विश्वमुखी-और किष्किन्धापर्व्वतपर मुझे ताराजानो ४६ देवदारुवनमें पुष्टी-काश्मीरमंडल में मेधा-हिमाद्रिपर्व्वतपै भीमादेवी-औरविश्वेश्वर तीर्थपैभी पुष्टीजानो ४७ कपालमोचनपै शुद्धि-कायावरोहण तीर्थपै माता शंखोद्धार तीर्थपै धरानाम- और पिंडारक तीर्थपैमुझको धृतिनामवालीजानो ४८ चन्द्रभागानदी पै काला-मच्छोद तीर्थपै शिव- कारिणिवेणानदीपर अमृतानाम और बदरीक्षेत्रपैमुझे उर्व्वशी नामजानो ४९ उत्तर कुरुदेशमें औषधी कुशद्वीपपै कुशोदका-हेमकूटतीर्थ परमन्मथा-और मुकुटतीर्थ पै सत्यवादिनीजानो ५० अश्वत्थतीर्थ में वन्दनीयाजानो और कुवेर के स्थानमें निधिरूपा अर्थात् खजानारूपजानो वेदके मुखमें गायत्री-शि- वजीके संगपार्वती-देवलोकमें इन्द्राणी-ब्रह्माके मुखों में सरस्वती-सूर्य्यके विम्ब में प्रभानामवाली और षोडश मातृकाओं में वैष्णवी कहीजातीहूं ५१। ५२ सतियों में अरुन्धती-अप्सराओं में ति- लोत्तमा कहातीहूं-चित्तमें ब्रह्मकलाहूं-और सब शरीरधारियों में शक्ति रूपहूं ५३ इस उपदेश करके

सर्वपापैःप्रमुच्यते । एषुतीर्थेषुयःकृत्वा स्नानंपश्यतिमांनरः५५सर्वपापविनिर्मुक्तः कल्पं शिवपुरेवसेत् । यस्तुमत्परमंकालं करोत्येतेषुमानवः ५६ सभित्त्वाब्रह्मसदनं पदमभ्येति शाङ्करम् । नाम्नामष्टशतंयस्तु श्रावयेच्छिवसन्निधौ ५७ तृतीयायामथाष्टम्यां बहुपुत्रो भवेन्नरः । गोदानेश्राद्धदानेवा अहन्यहनिवाबुधः ५८देवार्चनविधौविद्वान् पठन्ब्रह्माधि गच्छति । एवंवदन्तीसातत्र ददाहात्मानमात्मना ५९ स्वायम्भुवोऽपिकालेन दक्षःप्रा चेतसोऽभवत् । पार्वतीसाभवद्देवी शिवदेहार्द्धधारिणी६० मेनागर्भसमुत्पन्ना भक्तिमुक्ति फलप्रदा । अरुन्धतीजपन्त्येतत् प्रापयोगमनुत्तमम् ६१ पुरूरवाश्चराजर्षिर्लोकेष्वज यतामगात् । ययातिःपुत्रलाभञ्च धनलाभञ्चभार्गवः ६२ तथान्येदेवदैत्याश्च ब्राह्म णाःक्षत्रियास्तथा । वैश्याःशूद्राश्च बहवः सिद्धिमीयुर्यथेप्सिताम्६३ यत्रैतल्लिखितं ति ष्ठेत् पूज्यतेदेवसन्निधौ । नतत्रशोकोदौर्गत्यं कदाचिदपिजायते ६४ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेपितृवंशान्वयेगौरीनामाष्टोत्तरशतकथनंनामत्रयोदशोऽध्यायः १३॥

(सूत उवाच) लोकाःसोमपथा नाम यत्रमारीचनन्दनाः । वर्तन्तेदेवपितरो देवा यान्भावयन्त्यलम् १ अग्निष्वात्ता इतिख्याता यज्वानोयत्रसंस्थिताः । अच्छोदानाम

एकसौ १०८ उत्तम नामों समेत एकसौही १०८ तीर्थकहेहैं ५४जो पुरुष इननामों समेत इनतीर्थों का स्मरण करेगा वा श्रवण करेगा वह सबपापों से छुटजायगा-जो पुरुष इनकहेहुए तीर्थोंमें स्नान करके मेरे दर्शन करेगा वह सबपापोंसे छुटकर एक कल्पपर्य्यन्त शिवजीके पुरमें वासकरेगा और जो पुरुष इनकहेहुए तीर्थोंमें मेराही स्मरण करताहुआ कालको व्यतीतकरेगा ५५।५६ वह ब्रह्मरन्ध्रको छेदन करके शिवजीके परमपदको जायगा जो इन १०८ नामोंको शिवजीके समीपमें तृतीयाको वा अष्टमीको शिवजीको सुनावेगा वहमनुष्य बहुतसेपुत्रोंको प्राप्तहोगा और प्रतिदिन इननामोंका सुन- नेवाला गोदान और श्राद्धदान के पुण्यफलको पाताहै विद्वान् पुरुष देवताकी पूजनकी विधिमें इस स्तोत्रको पढ़ताहुआ ब्रह्मको प्राप्तहोताहै ऐसे कहतीहुई वह सतीरूप पार्वती अपनेतेजसे अपनेसब शरीरको भस्मकरतीभई इसरीतिसे स्वायंभुव वंशमेंहोनेवाला दक्षभी प्राचेतसदक्ष होताभया और वह सतीदेवीभी पार्वती नामसे शिवजीकी अर्द्धांगी स्त्री होतीभई मैनाकेगर्भसे उत्पन्न होनेवाली भ- क्तिमुक्तिकी दाता यह पार्वती हैं इनके इसी स्तोत्रको जपतीहुई अरुन्धती उत्तम योगको प्राप्त होती भई और पुरूरवा राजानेभी इसीके प्रभावसे विजयपाई ययातिको पुत्रका लाभहुआ और भार्गवको धनका लाभहुआ ५७।६२और इनके विशेष अन्यदेवता दैत्य ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्रादिक अनेकजनोंकोभी मनोवाञ्छित सिद्धिप्राप्त हुई ६३ जहाँ यह लिखाहुआ स्तोत्र वर्त्तमानहै और देवता के समीप इसका पूजनहोताहै वहाँ शोक और दुर्गति कभीनहीं होते हैं ६४ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपितृवंशान्वयेगौरीनामाष्टोत्तरशतकथनंनामत्रयोदशोऽध्यायः १३ ॥

सूतजी बोले-कि जहाँ सोमपथ नामवाले लोक हैं वहाँ मरीचि ऋषिके पुत्रदेवपितर वर्त्तमान रहते हैं उनको श्रेष्ठरीति से देवतालोग पूजनकरके उनकी भावना किया करते हैं और अग्निष्वात्ता

तेषान्तु मानसीकन्यकानदी २ अच्छोदन्नामचसरः पितृभिर्निर्मितंपुरा। अच्छोदातुत
पश्चक्रे दिव्यंवर्षसहस्रकम् ३ आजग्मुःपितरस्तुष्टाः किलदातुञ्चतांवरम्। दिव्यरू
पधराःसर्वे दिव्यमाल्यानुलेपनाः ४ सर्वेयुवानोबलिनः कुसुमायुधसन्निभाः। तन्मध्ये
ऽमावसुन्नाम पितरंवीक्ष्यसाऽङ्गना ५ वव्रेवरार्थिनीसङ्गं कुसुमायुधपीड़िता। योगाद्भ्र
ष्टातुसातेन व्यभिचारेणभामिनी ६ धरान्तुनास्पृशत्पूर्वं पपाताथभुवस्तले। तिथावमा
वसुर्यस्यामिच्छां चक्रेन तांप्रति ७ धैर्येणतस्यसालोकैरमावास्येतिविश्रुता। पितॄणांवल्ल
भातस्मा त्तस्यामक्षयकारकम् ८ अच्छोदाधोमुखीदीना लज्जितातपसःक्षयात्। सा
पितॄन्प्रार्थयामास पुरेचात्मप्रसिद्धये ९ विलप्यमानापितृभिरिदमुक्तातपस्विनी। भ
विष्यमर्थमालोक्य देवकार्यञ्चतेतदा १० इदमूचुर्महाभागाः प्रसादशुभया गिरा। दि
विदिव्यशरीरेण यत्किञ्चित्क्रियतेबुधैः ११ तेनैवतत्कर्म्मफलं भुज्यतेवरवर्णिनि!।
सद्यःफलन्तिकर्माणि देवत्वेप्रेत्यमानुषे १२ तस्मात्त्वंपुत्रि! तपसः प्राप्स्यसेप्रेत्यतत्फ
लम्। अष्टाविंशेभवित्रीत्वं द्वापरेमत्स्ययोनिजा १३ व्यतिक्रमात्पितॄणान्त्वं कष्टंकुलम
वाप्स्यसि। तस्माद्राज्ञोवसोःकन्या त्वमवश्यंभविष्यसि १४ कन्याभूत्वाचलोकान् स्वा
न्पुनराप्स्यसिदुर्लभान्। पराशरस्यवीर्येण पुत्रमेकमवाप्स्यसि १५ द्वीपेतुबदरीप्राये वा

नामसे प्रसिद्धहोकर स्वर्गमें देवताओंको यज्ञादिक कर्म कराते हैं उनकी मानसीकन्या अच्छोदानाम नदीरूप होतीभई १। २ प्रथम पितरोंने अच्छोदनामवाला एकसरोवररचाथा वहाँ उस अच्छोदाने देवताओंके दिव्य हजारों वर्षोंतक तप कियाथा तब पितर प्रसन्नहोकर उसको वरदान देने को आये वह सबपितर दिव्यरूपधारी दिव्यमाला चन्दनादिसे अलंकृत कामदेवके समान कान्तिवाले थे उन में अमावसुनाम वाले पितर को देखकर वह अच्छोदा कन्या कामदेव से पीड़ित होके संगकरने के लिये उस्से वरनेकी इच्छाकरती भई उस समय वह उसकेसंग व्यभिचारकरने के दोषसे अपने योगसे भ्रष्टहोगई और स्वर्ग से इस रीतिपर गिरीकि पृथ्वीके स्पर्श से रहित भुवर्लोकमें आनपड़ी सो जिसतिथिमें वह अमावसुपितर उसअच्छोदाकी इच्छानहीं करताभया ३।७ उसतिथिको उसके धैर्य करने से लोगोंने अमावस्यानामसे विख्यातकियाहै इसीसे वह तिथि पितरोंको प्यारी है इसीहेतुसे उस तिथिमें किया हुआ पुण्य अक्षयफलको देता है फिर वह अच्छोदा तपके नाशहोजाने से दीन होकर महालज्जित होती भई और अपनी प्रसिद्धिके लिये उस अपने पुरमेंही पितरोंकी प्रार्थना करती भई ८। ९ फिर उस लज्जासे भरी हुई अच्छोदा तपस्विनीसे अगाड़ी होने वाले देवताओं के कार्य्यको जानके बड़भागवाले पितर अपनी सुन्दरवाणी से यह वचन बोले कि स्वर्ग के बीच देवतालोग अपने दिव्यशरीरोंसे जो कुछकर्मकरते हैं हे वरवर्णिनि उस कर्मके फलको वहअपने उसी शरीरसे भोग लेतेहैं क्योंकि देवताकी योनिमें कर्मोंका भोगतत्कालही होजाताहै और मनुष्य जन्ममें कर्मोंका भोग दूसरेजन्ममें प्राप्तहोताहै इस हेतुसे हे पुत्रि तेरे तपकाफल अन्यजन्ममें होवेगा तू अष्टाविंशति नामवाले युगमें मच्छीकी योनि में जन्मलेगी १०। १३ अपने विपरीत भाव करने से तू पितरों के कुलमें बड़ेकष्टसे प्राप्त होगी तू राजाकी निश्चयकरके कन्याहोगी फिर कन्याहोके अपने

द्रायणमच्युतम्। सवेदमेकंबहुधा विभाजिष्यतितेसुतः १६ पौरवस्यात्मजौद्वौतु समु
द्रांशस्यशन्तनोः। विचित्रवीर्य्यस्तनय स्तथाचित्राङ्गदोनृपः १७ इमावुत्पाद्यतनयौ
क्षेत्रजावस्यधीमतः। प्रौष्ठपद्यष्टकारूपा पितृलोकेभविष्यसि १८ नाम्नासत्यवतीलोके
पितृलोके तथाष्टका। आयुरारोग्यदानित्यं सर्वकामफलप्रदा १९ भविष्यसिपरेकाले
नदीत्वञ्चगमिष्यसि। पुण्यतोयासरिच्छ्रेष्ठा लोकेह्यच्छोदनामिका २० इत्युक्त्वासगण
स्तेषां तत्रैवान्तरधीयत। साप्यवापचतत्सर्वं फलंयदुदितम्पुरा २१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे पितृवंशानुकीर्त्तनो नाम चतुर्दशोऽध्यायः १४॥

(सूत उवाच) विभ्राजानामचान्येतु दिविसंतिसुवर्चसः। लोकाबर्हिषदोयत्रपितरः
संतिसुव्रताः १ यत्रबर्हिणयुक्तानि विमानानिसहस्रशः। सङ्कल्प्यबर्हिषोयत्र तिष्ठन्ति
फलदायिनः २ यत्राभ्युदयशालासु मोदन्तेश्राद्धदायिनः। यांश्चदेवासुरगणा गन्धर्वा
प्सरसांगणाः ३ यक्षरक्षोगणाश्चैव यजन्तिदिविदेवताः। पुलस्त्यपुत्राःशतशस्तपोयो-
गसमन्विताः ४ महात्मानोमहाभागा भक्तानामभयप्रदाः। एतेषांपीवरीकन्या मानसी
दिविविश्रुता ५ योगिनीयोगमाताच तपश्चक्रेसुदारुणम्। प्रसन्नोभगवांस्तस्या वरं

दुर्लभलोकोंको प्राप्त होजावेगी और पराशर ऋषिकेवीर्य्यसे तेरा एक उत्तमपुत्रभी उत्पन्न होगा वह पुत्र जो कि बहुतसे बेरीके वृक्षोंवाले द्वीपमें उत्पन्नहोगा इसीसे उसपुत्रका नामबादरायण भी विख्यात होगा वही तेरापुत्र एकवेदके चार विभागकरेगा १४। १६ और पौरवके दो पुत्रहोंगे उनमें से समुद्रके अंशवाले शंतनुराजाके विचित्रवीर्य और चित्राङ्गद यह दो पुत्रहोंगे सो इन वेदव्यासजी के सम्बन्धसे तू इन क्षेत्रजदोनों पुत्रोंको उत्पन्नकरके प्रौष्ठपदी और अष्टकारूपाहोके पितरोंके लोकमें प्राप्तहोवेगी १७। १८ इससंसारमें तू सत्यवती नामसे प्रसिद्धहोगी और पितरोंके लोकमें अष्टका नामसे विख्यातहोगी तू सदैव आयु आरोग्यादि सबकामनाओंके फलकी देनेवाली होगी इसके अनन्तर किसीसमयमें तू नदीभावको प्राप्तहोजायगी तब भी तेराजल पवित्ररहैगा औरसंसारमें अच्छोदानामवाली उत्तमनदी प्रसिद्धहोगी ऐसी१ बातें कहकर वह सबपितरोंके गणवहीं अन्तर्द्धान होगये वह अच्छोदाभी उनके कहेहुए सबफलोंको प्राप्तहोजाती भई १९। २१॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायां पितृवंशानुकीर्त्तनंनामचतुर्दशोऽध्यायः १४॥

सूतजी बोले—स्वर्गमें विभ्राजनाम सुन्दर तेजवाले लोकहैं वहाँ सुन्दर व्रतवाले बर्हिषदनाम पितरहैं जहाँ बर्हिणनाम अर्थात् कुशाओंसे युक्त हजारों विमानहैं उन विमानों में वह कुशा संकल्पितहोके मनुष्योंके फलदेनेवाले हैं १। २ वहाँ कल्याण करनेवाले और श्राद्धों के दान करनेवाले पुरुष आनन्द करते हैं उन पितरों को देवता दैत्य गन्धर्व और अप्सराओं के गणपूजते हैं ३ और यक्ष राक्षसोंके भी गण उनका पूजन करते हैं यह हजारोंगण तप योगसे युक्त पुलस्त्यजी के पुत्र हैं ४ यह सब महात्मा महाभाग अपने भक्तोंको अभयदान देनेवाले हैं इनगणोंकी मानसी उत्पन्न होनेवाली पीवरी नाम कन्या विख्यातहै ५ वह योगिनी और योगमाता दारुण तपकरतीभई जब भगवान् प्रसन्नहोकर उसको वरदेनेको गये तब उसने हरि से यह वचन कहा कि जो आप मुझपर

वन्नेतुसाहरेः ६ योगवन्तंसुरूपञ्च भर्त्तारंविजितेन्द्रियम् । देहिदेव ! प्रसन्नस्त्वं पतिं मेवदतांवरम् ७ उवाचदेवोभविता व्यासपुत्रोयदाशुकः । भवितातस्यभार्यात्वं योगाचार्य्यस्यसुव्रते ! ८ भविष्यतिचतेकन्या कृत्वीनामचयोगिनी । पाञ्चालाधिपतेर्देया मानुष्यस्यत्वयातदा ९ जननीब्रह्मदत्तस्य योगसिद्धाचगौःस्मृता । कृष्णो गौरःप्रभुःशम्भुर्भविष्यन्तिचतेसुताः १० सहात्मानोमहाभागा गमिष्यन्तिपरम्पदम् । तानुत्पाद्यपुनर्योगात्सवरामोक्षमेष्यसि ११ सुमूर्त्तिमन्तःपितरो वसिष्ठस्यसुताःस्मृताः । नाम्नातु मानसाःसर्वे सर्वेतेधर्म्ममूर्त्तयः १२ ज्योतिर्भासिषुलोकेषु येवसन्तिदिवः परम् । विराजमानाःक्रीड़न्ति यत्रतेश्राद्धदायिनः १३ सर्वकामसमृद्धेषु विमानेष्वपिपादजाः । किंपुनःश्राद्धदाविप्रा भक्तिमन्तःक्रियान्विताः १४गौर्नामकन्यायेषान्तु मानसीदिविराजते । शुक्रस्यदयितापत्नी साध्यानांकीर्त्तिवर्द्धिनी १५ मरीचिगर्भानाम्नातु लोकामार्तण्डमण्डले । पितरोयत्रतिष्ठन्ति हविष्यन्तोऽङ्गिरःसुताः १६ तीर्थश्राद्धप्रदायान्ति येचक्षत्रियसत्तमाः । राज्ञान्तुपितरस्तेवै स्वर्गमोक्षफलप्रदाः १७ एतेषांमानसीकन्या यशोदालोकविश्रुता । पत्नीह्यंशुमतःश्रेष्ठा स्नुषापञ्चजनस्यच १८ जनन्यथदिलीपस्य भगीरथपितामही । लोकाःकामदुघानाम कामभोगफलप्रदाः १९ सुस्वधानामपितरो यत्रतिष्ठन्तिसुव्रताः । आज्यपानामलोकेषु कर्दमस्यप्रजापतेः २०पुलहाङ्गजदायादा वैश्यास्तान्भावयन्तिच ।

प्रसन्नहुए हैं तो मेरे इसवरको दीजिये कि सुन्दररूप यौवनवाला मेरा भर्त्ताहोय ६।७ भगवान् बोले कि व्यासजीका पुत्र शुकदेवहोगा हे सुव्रते तू उस योगाचार्य्यकी भार्य्याहोगी ८ और उनसे कृत्वी नामवाली योगिनी तेरेकन्याहोगी उस कन्याको तुझे पांचालदेशके मनुष्य राजाकेलिये देनीहोगी९ वह कन्या ब्रह्मदत्तनाम पुत्रको उत्पन्न करेगी फिर योगसे प्रसिद्धहोके गौरूप होजायगी और कृष्ण गौर प्रभु शम्भु यह तेरे पुत्रहोवेंगे १० और अपनेशरीरसमेत परमपदको प्राप्तहोंगे और उनपुत्रों को तू फिर अपने योगाभ्याससे उत्पन्नकरके वरको पाकर मोक्षको प्राप्त होजावेगी ११ और जो सुन्दर मूर्त्तिवाले पितरकहे हैं वह सब मानसनामवाले हैं और धर्मकी मूर्त्तिकहाते हैं १२ वह स्वर्गसे ऊपर के ज्योतिष्मन्तनाम लोकोंमें बसतेहैं इनके निमित्त श्राद्धकरनेवाले मनुष्यभी वहाँही विराजमान होकर क्रीडाकरते हैं शूद्रभी सम्पूर्ण समृद्धिवाले विमानोंमें जाके प्राप्तहोते हैं और क्रिया कर्म से संयुक्त भक्तिमान् पुरुष जो भक्तिसे श्राद्ध दानकरते हैं उनका तो क्याही कहनाहै १३ । १४ और गौनामवाली इनपितरोंकी मानसीकन्या जो स्वर्गमें विराजमानहै वह शुक्रकी प्रियपत्नीहै और साध्योंकी कीर्त्ति बढानेवालीहै १५ मरीची गर्भानामवाले लोक सूर्य्यके मण्डलमें हैं वहाँ अंगिरसऋषिकेपुत्र हविष्यन्तनामवाले पितर स्थितहैं उनके निमित्त तीर्थ श्राद्धकरनेवाले उत्तम क्षत्रियलोग उन्हींके लोकोंमें प्राप्तहोते हैं वह राजालोगोंके पितरहोकर स्वर्ग मोक्षके फलदेनेवाले हैं १६ । १७ इनकी कन्या मानसी यशोदानाम विख्यातहै वह अंशुमान् ऋषिकी उत्तम भार्य्या है और पञ्चजन राजाकी पुत्रवधू कहलाती है दिलीपकी माताहै औरभगीरथकी पितामही है और कामभोगके फलोंके देनेवाले कामदुघा नामवाले लोकहैं वहाँ सुन्दरव्रतवाले सुस्वधानामवाले पितरस्थितहैं वह लोकों

यत्रश्राद्धकृतःसर्वे पश्यन्तियुगपद्गताः २१ मातृभ्रातृपितृष्वसृ सखिसम्बन्धिबान्धवान्।
अपिजन्मायुतैर्दृष्टा ननुभूतान्सहस्रशः २२ एतेषांमानसीकन्या विरजानामविश्रुता।
यापत्नीनहुषस्यासीद्ययातेर्जननीतथा २३ एकाष्टकाऽभवत्पश्चाद् ब्रह्मलोकेगतासती।
त्रय एतेगणाःप्रोक्ताश्चतुर्थन्तुवदाम्यतः २४ लोकास्तुमानसानाम ब्रह्माण्डोपरिसंस्थि
ताःयेषान्तुमानसीकन्यानर्मदानामविश्रुता २५सोमपानामपितरोयत्रतिष्ठन्तिशाश्वताः।
कृत्वासृष्ट्यादिकंसर्वं मानसेसाम्प्रतंस्थिताः २६ नर्मदानामतेषान्तु कन्यातोयवहास
रित्। भूतानियापावयति दक्षिणापथगामिनी २७ तेभ्यःसर्वेतुमनवः प्रजासर्गेषुनिर्मि
ताः। ज्ञात्वाश्राद्धानिकुर्वन्ति धर्माभावेऽपिसर्वदा २८ तेभ्यएवपुनःप्राप्तुं प्रसादाद्योगस
न्ततिम्। पितॄणामादिसर्गेतु श्राद्धमेवविनिर्मितम् २९ सर्वेषांराजतंपात्र मथवारजता
न्वितम्। दत्तंस्वधापुरोधाय पितॄन्प्रीणातिसर्वदा ३० अग्नीषोमयमानान्तु कार्य्यमा
प्यायनंबुधैः। अग्न्यभावेऽपिविप्रस्य पाणावपिजलेऽथवा ३१ अजाकर्णेऽश्वकर्णेवा गो
ष्ठेवासलिलान्तिके।पितॄणामम्बरंस्थानं दक्षिणादिक्प्रशस्यते३२प्राचीनावीतमुदकं ति
लाःसव्यांगमेवच। दर्भामांसंचपाठीनं गोक्षीरंमधुरारसाः ३३ खड्गलोहामिषमधु कुश

में आज्यपनामसे प्रसिद्धहैं पुलहसे होनेवाले कर्दमप्रजापति के पुत्रहैं इनके अर्थ श्राद्धादिक वैश्य लोगकरते हैं वह श्राद्धकरनेवाले सब वैश्य जन एकहिवार उन्होंके लोकोंमें प्राप्तहोके सैकड़ों हजारों वर्षोंकेभी मरेहुए अपने अनेक माता भ्राता पिता बहिन प्यारा सम्बन्धी और बान्धव इनसबको देखते हैं और उनसे मिलापभी करते हैं १८।२२ इनसबकी मानसी कन्या विरजानाम से प्रसिद्ध है वही नहुपकी स्त्री और ययातिकी माताहुई है २३ फिर इन पितरों के एक एकाष्टका नामवाली पुत्री हुई वह सती ब्रह्मलोक में जाती भई यह तीनगण तो पितरों के कहे अब चौथागण कहते हैं २४ ब्रह्माण्ड के ऊपर स्थित मानसनामवाले लोक प्रसिद्ध हैं तहां सोमपानाम वाले सनातन पितर वर्त्तमान हैं उनकी मानसी कन्या नर्मदानामसे विख्यातहै वह सब पितर इसरचनाआदिको करके अब उनलोकों में स्थित हैं २५।२६ और वह नर्मदा कन्या जल की बहाने वाली नदी है जो कि दक्षिण की ओर बहतीहुई प्राणियों को पवित्र करती है २७ और उन्हीं पितरों के सकाश से सम्पूर्ण मनु प्रजा की रचना के समय में रचेगये हैं वह मनुभी धर्म के अभाव होजाने में उनकीही प्रसन्नता से योग की उत्पत्ति होने के निमित्त उनकेही अर्थ श्राद्धादिकों को करते हैं और पितरों के आदि सर्गमेंही श्राद्ध रचागया है २८।२९ इनका पात्र चाँदी का है अथवा चाँदी समेत अन्य वस्तुओं के पात्रों को पुरोहितके अर्थ देने से यह सब प्रसन्न होजाते हैं ३० बुद्धिमान् लोगोंको आप्यायन श्राद्ध अग्नि में करना चाहिये अथवा अग्नि के अभाव में ब्राह्मण के हाथ में वा जल में श्राद्धकरे ३१ बकरी के कान अथवा अश्व के कान के समीप वा गौओं के स्थान में तथा जल के समीप में पितरों का स्थान है और श्राद्ध के लिये दक्षिणदिशा उत्तम कही है ३२ अपसव्य होके अंगुष्ठ के समीप तक जलको लाकर तिलों समेत जलको लेकर वामकन्धे पर अँगौछा आदि यज्ञोपवीत रखना कुशा मत्स्यमांस गौ का दूध मधुररस तलवार लोहा मांस मधुकुशा शामक सालिसंज्ञक चावल जौ नी-

श्यामाकशालयः। यवनीवारमुद्गेक्षु शुक्लपुष्पघृतानिच ३४ वल्लभानिप्रशस्तानि पितृ णामिहसर्वदा। द्रष्याणिसम्प्रवक्ष्यामि श्राद्धेवर्ज्यानियानितु ३५ मसूरशणनिष्पाव रा जमाषकुसुम्भिकाः। पद्मविल्वार्कधत्तूर पारिभद्राट्टरूषकाः ३६ नदेयाःपितृकार्येषु पय श्चाजाविकंतथा। कोद्रवोदारचणकाः कपित्थंमधुकातसी ३७ एतान्यपिनदेयानि पि तृभ्यःप्रियमिच्छता। पितॄन्प्रीणातियोभक्त्या तेपुनःप्रीणयन्तितम् ३८ यच्छन्तिपितरः पुष्टिं स्वर्गारोग्यम्प्रजाफलम्। देवकार्यादपिपुनः पितृकार्य्यंविशिष्यते ३९ देवतानांच पितरः पूर्वमाप्यायनंस्मृतम्। शीघ्रप्रसादास्त्वक्रोधा निःशल्याःस्थिरसौहृदाः ४० शा न्तात्मानःशौचपराः सततंप्रियवादिनः। भक्तानुरक्ताःसुखदाः पितरःपूर्वदेवताः ४१ ह विष्मतामाधिपत्ये श्राद्धदेवःस्मृतोरविः। एतद्वःसर्वमाख्यातं पितृवंशानुकीर्त्तनम् ४२ पुण्यंपवित्रमायुष्यं कीर्त्तनीयंसदानृभिः।

इति श्रीमत्स्यपुराणे पितृवंशानुकीर्त्तनं नाम पञ्चदशोऽध्यायः १५॥

(सूत उवाच) श्रुत्वैतत्सर्वमखिलं मनुःपप्रच्छकेशवम्। श्राद्धकालञ्चविविधं श्राद्धभेदं तथैवच १ श्राद्धेषुभोजनीयाये येचवर्ज्याद्विजातयः। कस्मिन्वासरभागेवा पितृभ्यः श्राद्धमाचरेत् २ (मनुरुवाच) कस्मिन्दत्तंकथंयाति श्राद्धन्तुमधुसूदन!। विधिनाकेनकर्त्तव्यं कथंप्रीणातितत्पितॄन् ३ (मत्स्य उवाच) कुर्य्यादहरहःश्राद्ध म-

चार धान्य मूंग ईख श्वेतपुष्प घृत ३३ यह सबवस्तु इसलोकमें सदैव पितरों की प्रसन्नकरनेवाली कही हैं ३४ अब श्राद्ध में निषेध कीहुई वस्तुओं को कहते हैं ३५ मसूर-शण-मोठ-अरहड़-रार-उड़द कमल के पुष्प-बेलफल-आक-धतूरा-कदम्ब-आंला इत्यादिक वस्तु पितृकर्म में कभी न देवे और ब-करी का दूध-कोदो-धान्य-चना-महुए के पुष्प-और अलसी इन सब वस्तुओंकोभी पितरों से प्यार क-रने की इच्छावाला पुरुष कभी न देवे जो पुरुष भक्तिकरके पितरोंको तृप्तकरता है उसपुरुषको वह पितरभी प्रसन्नहोकर सबबातोंसे तृप्तकरते हैं ३६। ३८ प्रसन्नहोनेवाले पितरस्वर्ग आरोग्य और सन्तान इनसबको देतेहैं यह पितृकर्म देवकर्मसेभी अधिक फलवाला कहाहै ३९ पहले पितर देव-ताओंकेभी प्रसन्नकरनेवाले कहे हैं शीघ्रतासे प्रसन्नहोनेवाले क्रोधरहित स्थिर स्नेहरखनेवाले ४० शान्तात्मा-शौचमें तत्पर-निरन्तर सत्यवक्ता-भक्तोंपर प्रीतियुक्त रहनेवाले और सुखकेदाता ऐसेपितर पूर्वके देवताओं सेभी पूर्वहैं ४१ हविष्मन्त संज्ञक पितरोंमें श्राद्धदेव सूर्यकहे हैं यह पितरोंके वंश का कीर्तन और व्याख्यान सब तुमसे वर्णन किया ४२ यह महापवित्र आख्यान आयुका बढ़ाने वाला है इसका वर्णन करना मनुष्योंको सदैव योग्यहै ४३॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपितृवंशानुकीर्त्तननाम पंचदशोऽध्यायः १५॥

सूतजी बोले—इससम्पूर्ण कथाको सुनकर मनुजी मत्स्य भगवान्से श्राद्धों के काल-भेद-वर्जित वस्तु-भोजन करानेके योग्य ब्राह्मण—और पितरों के अर्थ जो श्राद्धका समयकहाहै इनसब बातोंको पूछतेभये १। २ अर्थात् मनुजीने पूछा कि हे मधुसूदनजी कौनसे समयका दियाहुआ श्राद्ध किस समय पितरोंको प्राप्त होताहै किस विधिसे श्राद्धकरना योग्यहै और किसप्रकारसे पितर प्रसन्नहोते

न्नाद्येनोदकेनवा । पयोमूलफलैर्वापि पितृभ्यःप्रीतिमावहन् ४ नित्यन्नैमित्तिकंकाम्यं त्रिविधंश्राद्धमुच्यते। नित्यंतावत्प्रवक्ष्यामि अर्घ्यावाहनवर्जितम् ५ अदैवन्तद्विजा नीयात् पार्व्वणंपर्व्वसुस्मृतम्। पार्व्वणंत्रिविधंप्रोक्तं शृणुतावन्महीपते ६ पार्व्वणेयेनि योज्यास्तु ताञ्छृणुष्वनराधिप !। पञ्चाग्निःस्नातकश्चैव त्रिसुपर्णःषडंगवित् ७ श्रोत्रियःश्रोत्रियसुतो विधिवाक्यविशारदः। सर्व्वज्ञोवेदविन्मन्त्री ज्ञातवंशःकुलान्वितः ८ पुराणवेत्ताधर्म्मज्ञः स्वाध्यायजपतत्परः। शिवभक्तःपितृपरः सूर्य्यभक्तोऽथवै ष्णवः ९ ब्रह्मण्योयोगविच्छान्तो विजितात्माचशीलवान्। भोजयेच्चापिदौहित्रं यत्नतः स्वसुहृद्गुरून् १० विद्वांसंमातुलंबन्धुं ऋत्विगाचार्यसोमपान्। यश्चव्याकुरुतेवाक्यं यश्चमीमांसतेऽध्वरम् ११ सामस्वरविधिज्ञश्च पंक्तिपावनपावनः। सामगोब्रह्मचारीच वेदयुक्तोऽथब्रह्मवित् १२ यत्रैतेभुञ्जतेश्राद्धे तदेवपरमार्थवित्। एतेभोज्याःप्रयत्नेन वर्जनीयान्निबोधमे १३ पतितोऽभिशस्तःक्लीवश्चपिशुनव्यङ्गरोगिणः। कुनखीश्यावदन्तश्च कुण्डगोलाश्वपालकाः १४ परिवित्तिर्नियुक्तात्मा प्रमत्तोन्मत्तदारुणाः। वैडालीवकवृत्तिश्च दम्भोदेवलकादयः १५ कृतघ्नान्नास्तिकांस्तद्वत् म्लेच्छदेशनिवासिनः। त्रिशंकुर्वर्वरद्राव वीतद्रविडकोंकणान् १६ वर्जयेल्लिंगिनःसर्वान् श्राद्धकालेविशेषतः।

हैं ३ मत्स्यजी बोले–पितरोंकी प्रसन्नताका करनेवाला मनुष्य अन्नसे जल से दूधसे और कन्दमूल फलादिकोंसे प्रतिदिन श्राद्धकरे ४ नित्य नैमित्तिक और काम्य इततीन प्रकारोंका श्राद्धकहाहै इनमें प्रथम अर्घ आवाहनसे रहित नित्यश्राद्ध कहाहै यह श्राद्ध अर्घदानसे रहितकहाहै और जो पर्व में किया जाताहै वह पार्वणश्राद्ध तीनप्रकारका है हे राजन् इस पार्वण श्राद्धमें जो २ युक्त किये जाते हैं उनको सुन-पंचाग्नि विधान करनेवाले स्नातक सुपर्ण संज्ञक वेदके षडंगके जाननेवाले ५।७ वेदपाठी-वेदपाठीका पुत्र विधिवाक्यका जाननेवाला पण्डित सर्वज्ञ वेदोंकाज्ञाता मन्त्रों से युक्त उत्तम वंशवाला प्रसिद्धवंशवाला ८ पुराणोंका जाननेवाला-धर्मज्ञ स्वाध्याय जपमें तत्पर-शिवभक्त-पिताकी भक्तिमें तत्पर-सूर्य्यभक्त-वैष्णव धर्मवाला ९ ब्रह्मण्य-योगवेत्ता-शान्त–विजितात्मा–और शीलवान् ऐसे ब्राह्मणको भोजन करावे अथवा यत्न पूर्वक दौहित्रेको मित्रको और गुरुओंको भोजनकरावे १० विद्वान्-मामा-बन्धु ऋत्विक्-आचार्य्य-यज्ञमें विधिपूर्वक सोमपान करनेवाला-वाक्य का उपदेश करनेवाला-यज्ञका विचारकरनेवाला ११ सामवेदके स्वरोंकी विधिका जाननेवाला श्राद्ध पंक्तिके पुरुषोंका पवित्र करनेवाला-सामवेदका जाननेवाला ब्रह्मचारी-वेदयुक्त ब्रह्मवेत्ता १२ यहसब ब्राह्मण जिसके श्राद्धमें भोजनकरते हैं वही परमार्थका जाननेवालाहै इसीहेतुसे इन्हीं ब्राह्मणोंको जिमावे-अब जो निषेधकियेहुए वर्जनेके योग्यहैं उनको भी चित्तसेसुनो १३ ज्ञाति में पतित-शापादिसे युक्त-नपुंसक चुगलखोर-बुरेनखोंवाला–कालेदांतोंवाला–कुण्डक–गोलक–जातिवाला–अश्वपालक १४ परिवित्तिसंज्ञक–अजितेन्द्रिय–प्रमत्त–उन्मत्त–भयानक-बिडालवृत्तिवाला-बकवृत्तिवाला–धूर्त-देवता की पूजाकी नोकरी करनेवाला-कृतघ्नी-नास्तिक म्लेच्छोंके देशमेंरहनेवाला-त्रिशंकु-वर्बर-द्राव-द्रविड कोंकण-इन सब जातिवाले-और रक्तवस्त्र आदिक चिह्नवाले साधु आदिक इनसबोंको श्राद्धकाल में

पूर्वेद्युरपरेद्युर्वा विनीतात्मानिमन्त्रयेत् १७ निमन्त्रितान्हिपितर उपतिष्ठन्तितान्द्विजा
न्। वायुभूतानुगच्छंति तथासीनानुपासते १८ दक्षिणंजानुमालभ्य त्वम्मयातुनिमंत्रि
तः। एवंनिमंत्र्यनियमं श्रावयेत्पितृबान्धवान् १९ अक्रोधनैःशौचपरैः सततंब्रह्मचा
रिभिः। भवितव्यंभवद्भिश्च मयाचश्राद्धकारिणा २० पितृयज्ञंविनिर्वत्य तर्पणाख्यंतुयो
ऽग्निमान्। पिण्डान्वाहार्यकंकुर्य्याच्छ्राद्धमिन्दुक्षयेसदा २१ गोमयेनोपलिप्तेतु दक्षिणप्र
वणेस्थले। श्राद्धंसमाचरेद्भक्त्या गोष्ठेवाजलसन्निधौ २२ अग्निमान्निर्वपेत्पित्र्यं चरु
ञ्चसममुष्टिभिः। पितृभ्योनिर्वपामीति सर्वंदक्षिणतोन्यसेत् २३ अभिघार्यततःकुर्य्या
न्निर्वापत्रयमग्रतः। तेऽपितस्यायताःकार्य्याश्चतुरंगुलविस्तृताः २४ दर्व्वीत्रयन्तुकुर्व्वी
त खादिरंरजतान्वितम्। रत्निमात्रम्परिश्लक्ष्ण हस्ताकाराग्रमुत्तमम् २५ उदपात्रञ्च
कांस्यञ्च प्रोक्षणञ्चसमित्कुशान्। तिलाःपात्राणिसद्वासो गन्धधूपानुलेपनम् २६ आ
हरेदपसव्यन्तु सर्वंदक्षिणतःशनैः। एवमासाद्यतत्सर्वंभवनस्याग्रतोभुवि २७ गोमये
नोपलिप्तायां गोमूत्रेणतुमण्डलम्। अक्षताभिःसपुष्पाभिस्तदभ्यर्च्यापसव्यवत् २८
विप्राणांक्षालयेत्पादावभिनन्द्यपुनःपुनः। आसनेषूपक्लृप्तेषु दर्भवत्सुविधानवत् २९
उपस्पृष्टोदकान्विप्रानुपवेश्यानुमन्त्रयेत्। द्वौदैवे पित्र्यकृत्ये त्रीनेकैकमुभयत्रच ३०

अवश्यवर्जे देवे और युक्तात्मा श्राद्ध कर्त्तापुरुष एकदिनवा दोदिनपहले योग्य ब्राह्मणोंको निमंत्रण देवे १५। १७ क्योंकि निमन्त्रित कियेहुए उन ब्राह्मणोंको पितर प्राप्त होजातेहैं और वायुरूप होकर उनके साथ चलेहुए उनकी प्रार्थनाभी करतेहैं १८ दक्षिण जंघा नवाकर ब्राह्मणोंसे यह वचन कहे कि मैंने आपको निमंत्रण कियाहै ऐसाकहकर फिर अपनेमाता पिता बाँधवादिक लोगों से ब्राह्मणों के इसनियमकोकहै कि तुमलोगोंको और मुझ श्राद्ध करनेवालेको क्रोधसे रहित शौचमेंतत्पर और सदैव ब्रह्मचर्य्य में रहना योग्यहै १९। २० इसरीतिसे पितृयज्ञको निवृत्तकरके तर्पणकरे और जो कोई अग्निहोत्री होय वह सदैव अमावश्याके दिन पिंडान्वाहार्य्यक संज्ञक श्राद्धकरे २१ गौके गोबर से लिपेहुए दक्षिणदिशाके स्थानमें वा गौशालामें अथवा जलके समीपमें भक्तियुक्त होकर श्राद्धकरे २२ और अग्निहोत्री पुरुष पितृसम्बन्धी चरुको समान मुट्ठियों करके(पितृभ्यो निर्वपामि) इसऋचाकरके दक्षिणकी ओर अग्निमें वपनकरे २३ फिर अपनेआगे अभिघार्य विधिसे तीन-वार आक्षिप्तकरे अर्थात् तीनघृतकी आहुतिदेवे और श्राद्ध के स्थंडिलों को चार अंगुल विस्तार वाला बनावे और तीन दर्वी अर्थात् करछी के समान पात्र बनावे उनपात्रों को चाँदी से युक्त खैर की लकड़ीके हथेलीके समान चौड़े और हाथकी समान लम्बे बनवावे कांसी का उदकपात्र बनवावे और प्रोक्षणनाम पात्र-समिध्-कुशा-तिलपात्र-उत्तमवस्त्र-गन्ध-धूप और चन्दन २४। २६ इन सब वस्तुओं को धीरे२ अपसव्य होकर दाहिने हाथ से ग्रहण करे इसप्रकारसे इस सब विधि को करके अपने म-कान के आगे पृथ्वी को गोबर से लीप के गोमूत्र से मंडलकर अक्षत पुष्पादि से अपसव्य हाथ से पूजनकर २७। २८ वारंवार सराह के ब्राह्मणों के चरणों को धोवे फिर विधिपूर्वक पूर्वकल्पित आ-सनोंपर उनको बैठावे फिर आचमनादिक करके उन ब्राह्मणोंको अनुमंत्रितकरे दोब्राह्मण विश्वेदेवों

भोजयेदीश्वरोऽपीह नकुर्य्याद्विस्तरंबुधः। दैवपूर्वंनियोज्याथ विप्रानर्घ्यादिनाबुधः ३१अ
ग्नौकुर्यादनुज्ञातो विप्रैर्विप्रोयथाविधि। स्वगृह्योक्तविधानेन कांस्येकृत्वाचरुंततः ३२
अग्नीषोमयमाभ्यान्तु कुर्यादाप्यायनंबुधः। दक्षिणाग्नौप्रतीतेवा यएकाग्निर्द्विजोत्त
मः ३३ यज्ञोपवीतीनिर्वर्त्य ततःपर्युक्षणादिकम्। प्राचीनावीतिनाकार्य मतःसर्वंविजा
नता ३४ षट्चतस्माद्धविःशेषात् पिण्डान्कृत्वाततोदकम्। दद्यादुदकपात्रैस्तु सति
लंसव्यपाणिना ३५ जान्वाच्यसव्यंयत्नेन दर्भयुक्तोविमत्सरः। विधायलेखांयत्नेन निर्वा
पेष्ववनेजनम् ३६ दक्षिणाभिमुखःकुर्य्यात्करेदर्वींनिधायवै। निधायपिण्डमेकैकं सर्व
दर्भेष्वनुक्रमात् ३७ निनयेदथदर्भेषु नामगोत्रानुकीर्तनैः। तेषुदर्भेषुतंहस्तं निमृज्याल्ले
पभागिनाम् ३८ तथैवचततःकुर्यात् पुनःप्रत्यवनेजनम्। षडप्येतान्नमस्कृत्य गन्धधूपा
र्हणादिभिः ३९ एवमावाह्यतत्सर्वं वेदमन्त्रैर्यथोदितैः। एकाग्नेरेकएवस्यान्निर्वापोद
र्विकातथा ४० ततःकृत्वान्तरेदद्यात् पत्नीभ्योऽन्नंकुशेषुसः। तद्वत्पिण्डादिकेकुर्यादा
वाहनविसर्जनम् ४१ ततोगृहीत्वापिण्डेभ्यो मात्राःसर्वाःक्रमेणतु। तानेवविप्रान्प्रथमं
प्राशयेद्यत्नतोनरः ४२ यस्मादन्नात्धृतामात्रा भक्षयन्तिद्विजातयः। अन्वाहार्यकमि
त्युक्तं तस्मात्तच्चन्द्रसंक्षये ४३ पूर्वंदत्त्वातुनद्धस्ते सपवित्रंतिलोदकम्। तत्पिण्डाग्रंप्रय

के तीन पितरोंके अथवा दोनों स्थानोंमें एक एक २९। ३० हीकरके इसरीतिसे ब्राह्मणोंको भोजन करवावे श्राद्धमें धनवान् पुरुषभी अधिक विस्तारनकरे प्रथमतो विश्वेदेवासम्बन्धी ब्राह्मणोंका अर्घा-दिककरे और ब्राह्मणोंकी आज्ञालेकर वह पुरुष अपनी गृह्योक्त विधिसे अग्निमें ऐसे हवनकरे कि कांसीकेपात्रमें चरुको स्थापित करके अग्निमें(सोमायस्वाहा)इस विधिसे आप्यायन विधिकरे और जो दक्षिणाग्निसंज्ञक ब्राह्मणहोवे अथवा एकाग्निसंज्ञक ब्राह्मणहोवे तो सव्यहोके पर्य्युक्षण आदि करे और सम्पूर्णविधिके जाननेवाले पुरुषको यह सब कृत्य अपसव्यही होकर करनी चाहिये ३१।३४ फिर उस शेष बचेहुए हविष् अन्न के छः पिंडबना के उदक पात्रोंसमेत तिल सहित पिंडको दाहिने हाथमें कर बामजंघासे अपसव्यहोके कुशाके ऊपरधरदे और क्रोधादिसे रहित विधिपूर्व्वक पिण्डके नीचे रेखाकरदे फिर उस दियेहुए पिण्डपर अवनेजनकरे ३५। ३६ फिर दक्षिणाभिमुख होके हाथ में दर्वीसंज्ञक पात्रकोलेके उसपर एक एक पिण्डको स्थापितकर अनुक्रमसे सम्पूर्ण कुशाओं पै नाम सहितगोत्रका उच्चारणकरके पिण्डदान करताजावे और उनकुशाओं पै लेपभागी पितरोंके निमित्त अपनेहाथको झाड़ताजावे ३७। ३८ फिर पिण्डोंके ऊपर प्रत्यवनेजनदेवे तब छःओं पितरोंको नम-स्कार करके गन्ध पुष्प और धूपदानदेवे ३९ इसप्रकारसे यथोक्त वेदके मंत्रोंसे सम्पूर्ण आवाहनादि विधिकोकरे और एकाग्नि पुरुषको एकहीबार निर्वापकरना और दर्वीका पात्रबनाना योग्य है इस प्रकारसे पिता पितामहादिकोंके अर्थ श्राद्धकरके फिर उनकी पत्नियोंके अर्थ कुशाओं पै अन्नदानदेवे और इसी उक्तप्रकारसे इन पिण्डादिकोंकाभी आवाहन विसर्जनादिककरे ४०। ४१ फिर इनपिंडों मेंसे क्रमपूर्वक थोड़ा २ अन्नलेकर इकट्ठाकरे और उसीसे यत्नपूर्व्वक पूर्वके ब्राह्मणोंको जिमावे जो कि उन पिण्डोंमेंसे ग्रहणकीहुई अन्नकी मात्राओंको वह ब्राह्मण भक्षण करते हैं इसीहेतुसे अमाव-

च्छेत स्वधैषामस्त्वितिब्रुवन् ४४ वर्णयन्भोजयेदन्नं मिष्टंपूतञ्चसर्वदा। वर्जयेत्क्रोध
परतांस्मरन्नारायणंहरिम् ४५ तृप्तान्ज्ञात्वाततःकुर्याद्विकिरन्सार्ववर्णिकम्। सोदकं
चान्नमुद्धृत्य सलिलंप्रक्षिपेद्भुवि ४६ आचान्तेषुपुनर्दद्याज्जलपुष्पाक्षतोदकम्। स्वस्ति
वाचनकंसर्वं पिण्डोपरिसमाहरेत् ४७ देवाद्यन्तंप्रकुर्वीत श्राद्धनाशोऽन्यथाभवेत्। विसृ
ज्यब्राह्मणांस्तद्वत्तेषांकृत्वाप्रदक्षिणम् ४८ दक्षिणांदिशमाकाङ्क्षन् पितॄन्याचेतमानवः।
दातारोनोऽभिवर्धन्तांवेदाःसन्ततिरेवच ४९ श्रद्धाचनोमाव्यगमद्बहुदेयञ्चनोऽस्त्विति।
अन्नञ्चनोबहुभवेदतिथींश्चलभेमहि ५० याचितारश्चनःसन्तु माचयाचिष्मकञ्चन।
एतदस्त्वितितत्प्रोक्तमन्वाहार्यन्तुपार्वणम् ५१ यथेन्दुसंक्षयेतद्वदन्यत्रापिनिगद्यते।
पिंडांस्तुगोऽजविप्रेभ्योदद्यादग्नौजलेऽपिवा ५२ विप्राग्रतोवाविकिरेद्वयोभिरभिवाशयेत्।
पत्नीतुमध्यमम्पिण्डं प्राशयेद्विनयान्विता ५३ आधत्त पितरोगर्भमत्रसन्तानवर्धनम्।
तावदुच्छेषणंतिष्ठेद्यावद्विप्राविसर्जिताः ५४ वैश्वदेवंततःकुर्य्यान्निवृत्तेपितृकर्मणि। इ
ष्टैःसहततःशान्तोभुञ्जीतपितृसेवितम् ५५ पुनर्भोजनमध्वानं यानमायासमैथुनम्।
श्राद्धकृच्छ्राद्धभुक्चैव सर्वमेतद्विवर्जयेत् ५६ स्वाध्यायंकलहंचैव दिवास्वप्नञ्चसर्वदा।
अनेनविधिनाश्राद्धं निरुद्धस्येहनिर्वपेत् ५७ कन्याकुम्भवृषस्थेऽर्के कृष्णपक्षेषुसर्वदा ५८

श्याके दिन वह श्राद्ध अन्वाहार्य्यक नाम कहलाताहै ४१।४३ प्रथम सपवित्र तिलोदक सहित उस
पिण्डार्थ भागको ब्राह्मणके हाथमेंदेके(स्वधैषामस्तु)ऐसा उच्चारणकरे ४४ और मिष्टहै पवित्रहै इस
प्रकारसे कहताहुआ ब्राह्मणोंको भोजनकरावे उससमय श्राद्धका करनेवाला क्रोधादिसे रहित होकर
नारायणका स्मरण करतारहै ४५ फिर तृप्तहुए ब्राह्मणोंको जानके सबप्रकारके भोजनको जलसंयुक्त
करके विकर संज्ञक पितरोंके निमित्त पृथ्वीमें प्रक्षिप्तकरे ४६ और जब ब्राह्मण आचमनादिक कर-
चुकें तब उनको जल पुष्प अक्षत दे स्वस्तिवाचन कराके सम्पूर्ण पिण्डोंपर उनअक्षतादिकोंको बिखर
वादे और देवताओंका विस्तार करवावे इससे अन्यथा करनेमें श्राद्धका नाशहोजाताहै फिर ब्राह्मणों
की प्रदक्षिणा करके इनका विसर्जन करदेवे ४७।४८ इसकेपीछे दक्षिणदिशाके सन्मुखहोकर पितरों
से यह याचनाकरे कि तुम हमारे दातारहौ वेद सदैव बनारहै हमारी श्रद्धा बनीरहै बहुतसे दान देने-
वालेहोंय अभ्यागत हमारेआवें अन्य मनुष्य हमसे याचनाकरें और हम किसीसे याचना न करें फिर
आचार्य्य ब्राह्मण यहकहै कि ऐसाहीहो इसप्रकारसे यह अन्वाहार्य्य श्राद्ध पार्वणहोताहै ४९।५१
इसप्रकारसे यहश्राद्ध अमावस्याके दिनहोताहै औरअन्यदिनमेंभी होताहै श्राद्धकेपिंडको गौ बकरीवा
ब्राह्मणको देवे अथवा जलमें अग्निमें गेरे व ब्राह्मणोंके आगे परोसके भोजन करादेवे औरमध्यपिण्ड
को श्राद्धकर्ताकीस्त्री विनयसे युक्तहोकर भोजन करलेवे ५२।५३ और सन्तानको बढ़ानेवाला(आधत्त
पितरोगर्भम्)इसमंत्रको उच्चारणकरे जबतक कि ब्राह्मणोंका विसर्जन नहींहोताहै तबतक उसअन्नकी
उच्छेषण संज्ञारहती है-जब पितरकर्म निवृत्तहोचुके तब विश्वदेव कर्मकरे फिर अपने मित्रबांधवों
समेत प्रशान्त चित्तहोकर आपभी भोजनकरे फिर भोजनकरनेके पीछे मार्गका चलना परिश्रम और
मैथुन इनसब बातोंको श्राद्धका करनेवाला न करे ५५।५६ स्वाध्याय-कलह-और दिनमेंसोना इन

यत्रयत्रप्रदातव्यं सपिण्डीकरणात्परम्। तत्रानेनविधानेन देयमग्निमतासदा ५९॥
इति श्रीमत्स्यपुराणे अग्निमच्छ्राद्धे श्राद्धकल्पो नाम षोडशोऽध्यायः १६॥
(सूत उवाच) अतःपरंप्रवक्ष्यामि विष्णुनायदुदीरितम्। श्राद्धंसाधारणंनाम भुक्तिमुक्तिफलप्रदम् १ अयनेविषुवेयुग्मे सामान्येचार्कसंक्रमे। अमावास्याष्टकाकृष्णपक्षे पञ्चदशीषुच २ आर्द्रामघारोहिणीषु द्रव्यब्राह्मणसंगमे। गजच्छायाव्यतीपातेविष्टि वैधृतिवासरे ३ वैशाखस्यतृतीयायां नवमीकार्तिकस्यच। पञ्चदशीचमाघस्य नभस्येच त्रयोदशी४युगादयःस्मृताह्येता दत्तस्याक्षय्यकारिकाः। तथामन्वन्तरादौच देयंश्राद्धंवि जानता५ अश्वयुक्शुक्लनवमी द्वादशीकार्तिकेतथा। तृतीयाचैत्रमासस्य तथाभाद्रपदस्य च६ फाल्गुनस्यह्यमावास्या पौषस्यैकादशीतथा। आषाढस्याऽपिदशमी माघमासस्यसप्त मी७ श्रावणस्याष्टमीकृष्णा तथाषाढीचपूर्णिमा। कार्तिकीफाल्गुनीचैत्री ज्येष्ठपञ्चदशी सिता। मन्वन्तरादयश्चैता दत्तस्याक्षयकारिकाः८ यस्यांमन्वन्तरस्यादौ रथमास्तेदिवा करः। माघमासस्यसप्तम्यां सातुस्याद्रथसप्तमी ९ पानीयमप्यत्रतिलैर्विमिश्रं दद्यात्पि तृभ्यःप्रयतोमनुष्यः। श्राद्धंकृतंतेनसमाःसहस्रं रहस्यमेतत्पितरोवदन्ति १० वैशाख्या मुपरागेषु तथोत्सवमहालये। तीर्थायतनगोष्ठेषु द्वीपोद्यानगृहेषुच ११ विविक्तेषूपलि

बातोंकोभी न करे इस विधिसे सम्पूर्ण श्राद्धको निवृत्तकरे ५७ जब कन्याके कुम्भके और वृषराशि के सूर्य्यहोंय तब कृष्णपक्षमें श्राद्धकरना सदैव योग्यहै और सपिण्डीकर्म श्राद्ध होजानेकेपीछे जहाँ जहाँ श्राद्ध कर्मकरे उस उस स्थानमें अग्निहोत्री पुरुष को तीनों के अर्थ पार्वण श्राद्ध करना उचित है ५८। ५९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामग्निमच्छ्राद्धे श्राद्धकल्पो नाम षोडशोऽध्यायः १६॥

सूतजीबोले-इससेभी पूर्वमें जो विष्णु भगवान्ने भुक्ति मुक्ति आदिफलका देनेवाला श्राद्धकहा है और साधारण है उसको भी तुम सबसुनो १ जिस समय विषुव संज्ञकयुग्म अयन अर्थात् वर्ष में दो २ बार समान रात्रि दिनके संक्रमकालमें और अमावस्या अन्वष्टका और पूर्णिमा इन तिथि यों के दिन आर्द्रा-मघा-और रोहिणी नक्षत्रों के दिन अथवा द्रव्य और सत्पात्र ब्राह्मण की जभी प्राप्ति होजाय तभी गजच्छाया योग विष्टियोग-और वैधृतियोगमें वैशाखशुक्ला तृतीया कार्त्तिकशुक्ला नवमी ९ माघकी पूर्णिमा भाद्रपदकी प्रथमत्रयोदशी यह युगादितिथि कहाती हैं इनमें दियाहुआ अक्षय फलवाला होता है इसहेतु से इनमें व मन्वन्तरादि तिथियों में बुद्धिमान् पुरुष को श्राद्ध करना चाहिये ५ आश्विन शुक्ला ९ कार्त्तिकशुक्ला १२ चैत्र और भाद्रपद की तृतीया फाल्गुन की अमावस्या पौषकी ११ आषाढ़की १० माघकी ७ यहसब शुक्लपक्ष की हैं-श्रावण कृष्ण अष्टमी-आषाढ़की पूर्णिमा-कार्त्तिक-फाल्गुन-चैत्र और ज्येष्ठ इनमहीनोंकी पूर्णिमा यह सब मन्वन्तरादि तिथि कहाती हैं इनतिथियोंमें जोदानदेताहै उसकाअक्षयफल होताहै ८।८ और जो कि माघशुक्ला ७ मन्वन्तरादि तिथि है उसमें सूर्य्यरथ में बैठते हैं इसीसे वह रथसप्तमी कहाती है इसतिथिकेदिन जो मनुष्य सावधान होके पितरोंके अर्थ तिलसंयुक्त जलदान करताहै उसको हजार वर्षतक श्राद्ध

ष्येषु श्राद्धंदेयंविजानता। विप्रान्पूर्वेपरेचाह्नि विनीतात्मानिमन्त्रयेत् १२ शीलवृत्त
गुणोपेतान् वयोरूपसमन्वितान्। द्वौदैवेत्रींस्तथापैत्र्ये एकैकमुभयत्रवा १३ भोजयेत्
सुसमृद्धोऽपि नप्रसज्जेतविस्तरे। विश्वान्देवान्यवैः पुष्पैरभ्यर्च्यासनपूर्वकम् १४ पूर
येत्पात्रयुग्मन्तु स्थाप्यदर्भपवित्रकम्। शन्नोदेवीत्यपःकुर्य्याद्यवोसीतियवानपि १५
गन्धपुष्पैश्चसंपूज्य वैश्वदेवंप्रतिन्यसेत्। विश्वेदेवासइत्याभ्यामावाह्यविकिरेद्यवान् १६
गन्धपुष्पैरलंकृत्य यादिव्येत्यपउत्सृजेत्। अभ्यर्च्यताभ्यामुत्सृष्टं पितृकार्य्यंसमारभेत्
१७ दर्भासनन्तुदत्त्वादौ त्रीणिपात्राणिपूरयेत्। सपवित्राणिकृत्वादौ शन्नोदेवीत्यपःक्षिपे
त् १८ तिलोऽसीतितिलान्कुर्याद्गन्धपुष्पादिकंपुनः। पात्रंवनस्पतिमयं तथापर्णमयंपु
नः १९ जलजंवाथकुर्व्वीत तथासागरसम्भवम्। सौवर्णंराजतंवापि पितॄणाम्पात्रमु
च्यते २० रजतस्यकथावापि दर्शनंदानमेववा। राजतैर्भाजनैरेषामथवारजतान्वितैः २१
वार्य्यपिश्रद्धयादत्तमक्षयायोपकल्पते। तथार्घ्यपिण्डभोज्यादौ पितॄणांराजतंमतम् २२
शिवनेत्रोद्भवंयस्मात्तस्मात्तत्पितृवल्लभम्। अमंगलंतद्यत्नेन देवकार्येषुवर्जयेत् २३

करनेका फल प्राप्तहोताहै इसहेतुसे वैशाखकी पूर्णिमा-पर्व-उत्सव-कनागतोंकी तिथि तीर्थोंके स्थान दीपदानसे युक्त मन्दिर-बगीचे और विधिपूर्व्वक गौके गोबरसे लिपेहुए शुद्ध घर इनसब स्थानों में बुद्धिमान् पुरुषको अवश्य श्राद्धदान देनाचाहिये और श्राद्धके ब्राह्मणोंको एक दिन वा दोदिन पहले निमन्त्रण देनाचाहिये शीलस्वभाव उत्तमगुणयुक्त सुन्दर अवस्थारूप और विद्यासे सम्पन्न ऐसे दो ब्राह्मण तो देवकर्ममें और तीन पितर कर्म में अथवा दोनोंप्रकार के कर्मों में एकएकही ब्राह्मणको भोजनकरावे धनाढ्य पुरुषभी इससे अधिकविस्तार न करे-विश्वेदेवोंको तो जव पुष्पादिकों से पूर्व कीओर पूजनकरे उनके पास दोपात्र रक्खे एकमें तो (शन्नोदेवीत्यादि) मंत्रसे जलभरे और दूसरे में (यवोसीति) इसमन्त्रसे जव डाले ९।१५ और इसीप्रकार गन्धपुष्पादिकों से विश्वेदेवोंको पूजे फिर (विश्वेदेवा स) इसमन्त्र करके उनका आवाहन करके यवों को आसनपर बखेरदे १६ फिर गन्ध पुष्पादिसे अलंकृतकरके(यादिव्या)इसमन्त्रसे आसनपर जल छोड़े इसरीतिसे उनकेपूजनसे निवृत्तहो पितृ कार्य्यका आरम्भ करे १७ पितृ कार्य्य में प्रथम कुशाओंका आसनदेके तीन पात्रदेवे फिर उनपात्रोंमें पवित्रागेरे(शन्नोदेवी)इसमन्त्रसे जलडाले १८ फिर (तिलोसि) इसमन्त्रसे तिल डालकर गन्ध पुष्पादि डालै कैतो काष्ठका पात्र बनावे अथवा समुद्रके जल में उत्पन्न होने वाले कमल आदिका पात्र बनावे १९ यहतो धनाभावमें है परन्तु सामर्थ्यवान्को सोने चाँदीके पात्रपितृ कर्ममें बनाना लिखाहै अथवा चाँदीसे भिन्न धातुओं के बनवानेमें चाँदीका जल फिरवाना वा उसी धातु में कुछ चाँदी गिरवा देना अथवा उसके लिये चाँदी की दक्षिणा देना भी योग्य है २०।२१ क्योंकि श्रद्धासे दियाहुआ जलभी अक्षयफलका देनेवाला होताहै और अर्घदान पिंडदान और भोजनपात्र यह सब पात्र तो पितरोंके अर्थचाँदी केही बनानेकहेहैं इसकायह हेतुहै कि चाँदी शिवजीके नेत्रोंसे उत्पन्नहुईहै इसलिये वह पितरोंको अतिप्रिय है और अमंगल होने से उसको देवकार्य्य में निषेधकरदे इसप्रकारसे शक्तिके अनुसार पात्रोंको कल्पितकरे और (यादिव्या) इसऋचाको कहकर

एवंपात्राणिसंकल्प्य यथालाभंविमत्सरः। यादिव्येतिपितुर्नाम गोत्रैर्दर्भकरोन्यसेत् २४
पितृनावाहयिष्यामि कुर्वित्युक्तस्तुतैःपुनः। उशन्तस्त्वातथायन्तु ऋग्भ्यामावाहयेत्पि
तृन् २५ यादिव्येत्यर्घ्यमुत्सृज्य दद्याद्गन्धादिकांस्ततः। हस्तात्तदुदकंपूर्वं दत्त्वासंश्र
वमादितः २६ पितृपात्रेनिधायाथ न्युब्जमुत्तरतोन्यसेत्। पितृभ्यःस्थानमसीति निधा
यपरिषेचयेत् २७ तत्रापिपूर्ववत्कुर्यादग्निकार्यंविमत्सरः। उभाभ्यामपिहस्ताभ्यामाहृ
त्यपरिवेषयेत् २८ प्रशान्तचित्तःसततं दर्भपाणिरशेषतः। गुणाढ्यैःसूपशाकैस्तु नाना
भक्ष्यैर्विशेषतः २९ अन्नन्तुसदधिक्षीरं गोघृतंशर्करान्वितम्। मासम्प्रीणातिवैसर्वान्
पितृनित्याहकेशवः ३० द्वौमासौमत्स्यमांसेन त्रीन्मासान्हारिणेनतु। औरभ्रेणाथचतुरः
शाकुनेनाथपञ्चवै ३१ षण्मासंच्छागमांसेन तृप्यंतिपितरस्तथा। सप्तपार्षतमांसेनतथा
ष्टावेणजेनतु ३२ दशमासांस्तुतृप्यन्ति वराहमहिषामिषैः। शशकूर्मजमांसेन मासानेका
दशैवतु ३३ संवत्सरन्तुगव्येन पयसापायसेनच। रौरवेणचतृप्यन्ति मासान्पञ्चदशै
वतु ३४ व्याघ्रयासिंहस्यमांसेन तृप्तिर्द्वादशवार्षिकी। कालशाकेनचानन्ता खड्गमांसेनचै
वहि ३५ यत्किञ्चिन्मधुसंमिश्रं गोक्षीरंघृतपायसम्। दत्तमक्षयमित्याहुःपितरःपूर्वदेवताः
३६ स्वाध्यायंश्रावयेत्पित्र्यं पुराणान्यखिलानिच। ब्रह्मविष्णवर्करुद्राणांस्तवानिविविधा

अपने पिताका नामगोत्रादि उच्चारण करताहुआ कुशाको स्थापनकरे २३।२४ फिर(पितृन्-आवाहयिष्यामि) इसमन्त्रसे तिल छोड़े अथवा(उशंतस्त्वाआयंतुनः)इन दो मन्त्रों से पितरोंका आवाहन करे और(यादिव्या)इसमंत्रसे अर्घदानदेके पीछे गन्धादिक दानकरे-फिर संस्रवप्राशनं-अर्थात् प्रथमहस्त से जलदानदेके फिर संस्रवपात्रसे जलदान देवे २५।२६ और पितामहादिकों के पात्रको पिताके पात्र पर रखकर उत्तरकीओरऔंधे करदे फिर (पितृभ्यःस्थानमसि) इसमन्त्रसे स्थापित कर उनमें जल छिड़कदे फिर पूर्व के समान अग्नि कर्म करे फिर दोनों हाथों से भोजन को परोसे और प्रसन्नचित्त होके हाथमें कुशाको धारण किये हुए सुस्वादु और गुणोंसे युक्त सुन्दर दाल शाक आदिक व्यंजन और नानाप्रकारके अन्नों से ब्राह्मणों को भोजन करावे २७। २९ दही दूध घृत खांड़ इन्हों से युक्त अन्नका भोजन कराने से पितर एकमहीने तक तृप्त रहते हैं ३० और मत्स्यमांससे दो महीने तक-हिरणके मांससे तीन महीने तक औरभ्र अर्थात् मेढ़ेके मांससे चारमहीनेतक पक्षियोंके मांससेपांच महीने तक ३१ बकरेके मांससे छःमहीनेतक- विन्दुओं वाले हिरणके मांससे सात महीनेतक एण-संज्ञक मृगके मांस से आठमहीनेतक शूकर भैंसा इनके मांस से दशमहीने तक शशा कछुवा इनके मांससे ग्यारह महीनेतक३२।३३गौके दूध वा खीरके भोजनसे वर्षदिनतक रौरवसंज्ञक हिरणकेमांस से१५महीनेतक३४मेढ़ा और सिंह इनकेमांससे १२वर्षतक कालशाकजीव और गैंडेकेमांससे अनन्तवर्षोंतक पितर तृप्तरहतेहैं ३५ औरदेवतासंज्ञक-पितरोंका यहभी वचनहै कि जो शहद आदिकमिष्ट पदार्थ से बनेहुए पदार्थ हैं वा गौके दूध और उसी दूधकी तस्मै के भोजनकराता है वह उसके पितरों को अक्षयगुण होकर प्राप्तहोताहै और यहभी वचनहै कि पितर कर्म में पितृसंहिता आदि मन्त्रोंका पाठकरवावे अथवा संपूर्ण पुराणोंका पाठ करावे यह बनना कठिनहै तो ब्रह्मा विष्णु रुद्र और सूर्य

निच ३७ इन्द्राग्निसोमसूक्तानि पावनानिस्वशक्तितः। बृहद्रथन्तरंतद्वज्ज्येष्ठसामसरौहि
णम् ३८ तथैवशान्तिकाध्यायं मधुब्राह्मणमेवच। मण्डलंब्राह्मणंतद्वत् प्रीतिकारितुय
त्पुनः ३९ विप्राणामात्मनश्चैव तत्सर्वंसमुदीरयेत्। भुक्तवत्सुततस्तेषु भोजनोपान्ति
केन्नृप ४० सार्ववर्णिकमन्नाद्यं सन्नीयाप्लाव्यवारिणा। समुत्सृजेद्भुक्तवतामग्रतोवि
किरेद्भुवि ४१ अग्निदग्धास्तुयेजीवा येऽप्यदग्धाःकुलेमम। भूमौदत्तेनतृप्यन्तु प्रया
न्तुपरमांगतिम् ४२ येषांनमातानपितानबन्धुर्नगोत्रशुद्धिर्नतथान्नमस्ति। तत्तृप्तयेऽन्नं
भुविदत्तमेतत् प्रयातुलोकेषुसुखायतद्वत् ४३ असंस्कृतप्रमीतानां त्यक्तानांकुलयोषि
ताम्। उच्छिष्टभागधेयःस्याद्दर्भेविकिरयोश्चयः ४४ तृप्ताञ्ज्ञात्वोदकंदद्यात् सकृद्विप्रक
रेतथा। उपलिप्तेमहीपृष्ठे गोशकृन्मूत्रवारिणा ४५ निधायदर्भान्विधिवद्दक्षिणाग्रान्
प्रयत्नतः। सर्ववर्णेनचान्नेन पिण्डांस्तुपितृयज्ञवत् ४६ अवनेजनपूर्वन्तु नामगोत्रेण
मानवः। गन्धधूपादिकंदद्यात्कृत्वाप्रत्यवनेजनम् ४७ जान्वाच्यसव्यंसव्येन पाणि
नाथप्रदक्षिणम्। पित्र्यमानीयतत्कार्यं विधिवद्दर्भपाणिना ४८ दीपप्रज्वालनंतद्वत्कु
र्य्यात्पुष्पार्चनम्बुधः। अथाचान्तेषुचाचम्य वारिदद्यात्सकृत्सकृत् ४९ अथपुष्पाक्षता
न्पश्चादक्षय्योदकमेवच। सतिलन्नामगोत्रेण दद्याच्छक्त्याचदक्षिणाम् ५० गोभूहि
रण्यवासांसि भव्यानिशयनानिच। दद्याद्यदिष्टंविप्राणामात्मनःपितुरेवच ५१ वित्त

इनके अनेकप्रकारके स्तोत्रोंका पाठकरावे अथवाशक्तिके अनुसार इन्द्र अग्नि सोम इत्यादिकोंके पवित्र सूक्तसंज्ञक मन्त्रोंकोजपै और बृहद्रथन्तर वा ज्येष्ठ सामरौहिण-शान्तिका अध्याय मधुब्राह्मण संज्ञक मन्त्र-मण्डल ब्राह्मण संज्ञकमन्त्र-इनका पाठकरे वा पितरोंके प्रसन्नकरनेवाले अन्य २ मन्त्रोंका जप पाठकरे यह सब आपकरे वा ब्राह्मणोंसे करवावे और जब ब्राह्मण भोजन करचुकें तब भोजन के समीपआके ३९।४० सबप्रकार के अन्नोंको जलमें मिलाके भोजन कियेहुए ब्राह्मणोंके आगे पृथ्वी में बखेर देवे और अग्निदग्धाश्चये जीवा येप्यदग्धाः कुलेमम। भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्तायांतु परांग तिम्॥ येषां न माता न पितानबन्धुर्न गोत्रशुद्धिर्न तथान्नमस्ति। तत्तृप्तयेन्नंभुविदत्तमेतत्प्रयान्तु लोके सुखायतद्वत् ४१।४३ इत्यादिक श्लोकोंका उच्चारण करके कुलसे त्यागेहुए जोकोई स्त्रीपुरुषादि-क मरगये हैं उनके अर्थयह उच्छिष्टभाग दिया जाताहै और कुशापै विकरसंज्ञक भाग दियाजाताहै ४४ ब्राह्मणोंको तृप्तहुआ जानके उनके हाथोंको धुलावे फिर गोमूत्र और जल आदिसे लीपीहुई पृथ्वी पर बैठावे ४५ फिर विधिपूर्वक दक्षिणकी ओर अग्रभागकरके कुशाओंको बिछावे और सबप्रकारके भोजनको मिलाके पितृयज्ञके समान पिण्डदान देवे ४६ प्रथम तो नामगोत्रका उच्चारण करके अवनेजन देवे फिर पिण्डदान के पीछे प्रत्यवनेजनदेके गन्धपुष्पधूपादिका दानदेवें ४७ वाम जंघाको झुकाके अपसव्यहोकर हाथ में कुशा दक्षिणासंयुक्त गन्धादिका दानकरे ४८ दीपकप्रकाश करे पुष्पोंसेही आचमनादिपूर्वक एकएकवार सबको जलदेवे ४९ फिर पुष्प अक्षतादि देनेकेपीछे अक्षय्योदक दानदेवे फिर नाम गोत्रका उच्चारण करके तिलजल हाथमें लेके दक्षिणाकादान दे उस दक्षिणामें गौ-पृथ्वी-सुवर्ण उत्तमवस्त्र ५० और सुन्दर शय्यादक्षिणादे अथवा उन ब्राह्मणोंको वा

शाठ्येनरहितः पितृभ्यःप्रीतिमावहन्। ततःस्वधावाचनकं विश्वेदेवेषुचोदकम्५२दत्त्वा
शीःप्रतिगृह्णीयाद्द्विजेभ्यःप्राङ्मुखोबुधः। अघोराःपितरःसन्तु सन्त्वित्युक्तःपुनर्द्विजैः५३
गोत्रंतथावर्द्धन्तान्नस्तथेत्युक्तश्चतैः पुनः। दातारोनोऽभिवर्द्धन्तामितिचैवमुदीरयेत्
५४ एताःसत्याशिषः सन्तु सन्त्वित्युक्तश्चतैःपुनः। स्वस्तिवाचनकंकुर्यात्पिण्डानुद्
त्यभक्तितः ५५ उच्छेषणन्तुतत्तिष्ठेद्यावद्विप्राविसर्जिताः। ततोगृहबलिंकुर्यादितिधर्म्म
व्यवस्थितिः ५६ उच्छेषणंभूमिगतमजिह्मस्यास्तिकस्यच। दासवर्गस्यतत्पित्र्यंभाग
धेयंप्रचक्षते ५७ पितृभिर्निर्मितम्पूर्वमेतदाप्यायनंसदा। अपुत्राणांसपुत्राणां स्त्रीणाम
पिनराधिप! ५८ततस्तानग्रतःस्थित्वापरिगृह्योदपात्रकम्। वाजेवाजइतिजपन् कुशाग्रेण
विसर्जयेत् ५९ वहिःप्रदक्षिणान्कुर्य्यात्पदान्यष्टावनुव्रजन्। बंधुवर्गेणसहितःपुत्रभार्य्या
समन्वितः ६० निवृत्यप्रणिपत्याथ पर्युक्ष्याग्निंसमंत्रवत्। वैश्वदेवंप्रकुर्वीत् नैत्यकंब
लिमेवच ६१ ततस्तुवैश्वदेवांते सभृत्यसुतबांधवः। भुञ्जीतातिथिसंयुक्तः सर्वंपितृ
निषेवितम् ६२ एतच्चानुपनीतोऽपि कुर्य्यात्सर्वेषुपर्वसु। श्राद्धंसाधारणंनाम सर्वकामफ
लप्रदम् ६३ भार्याविरहितोऽप्येतत् प्रवासस्थोऽपिभक्तिमान्। शूद्रोऽप्यमन्त्रवत्कुर्याद
नेनविधिनाबुधः ६४ तृतीयमाभ्युदयिकं वृद्धिश्राद्धंतदुच्यते। उत्सवानन्दसम्भारे य-

अपने पिता आदिकोंको जो प्रियवस्तु होय वहीदान ५१ अपनी शक्तिके अनुसारसे न्यून न हो दक्षि-
णामें देदे इसके पीछे स्वधाशब्दका उच्चारणकरे और विश्वेदेवों के ऊपर जल छिड़के ५२ इस रीति
से सब विधिकर पूर्वाभिमुखहो विश्वेदेवोंसे आशीर्वाद लेवे अघोराः पितरस्सन्तु ऐसाकहनेपर ब्राह्मणों
को सन्तु ऐसाशब्द कहनायोग्य है ५३ हमारा गोत्रवढ़े ऐसे श्राद्धकर्त्ताके कहने पर ब्राह्मण कहें कि
तथास्तु हमारेदाता बढ़ें फिर श्राद्धकर्त्ताकहे कि यह सब आशीर्वाद सत्यहो ऐसा कहने पर ब्राह्मणक-
हें कि सत्यही होवेंगे इसके पीछे स्वस्तिवाचनपूर्वक भक्ति से पिंडोंका विसर्जन करदेवे ५४। ५५
जबतक ब्राह्मणों का विसर्जन न होजाय तबतक उसश्राद्धकी उच्छेषण संज्ञारहती है इसकेअनन्तर
ग्रहबलि कर्मादिककरे फिर पृथ्वीमें गिराहुआ वह श्राद्धका उच्छेषणअन्न कुटिलतारहित स्वस्तिसे
युक्त दास भृत्यादिकों के गणका भाग है ५६। ५७ इसप्रकारसे यह आप्यायनश्राद्ध प्रथम पितरों
काही रचा है हे राजन् विष्णुका वचन है कि पुत्ररहित वा सपुत्रस्त्री पुरुषों को यह करना योग्य है
उनपिंडों के अगाड़ी स्थित होके जलके पात्रको लेकर वाजे वाजे इस मन्त्रको पढ़ताहुआ कुशा
के अग्रभाग से पिंडोंका विसर्जनकरदे ५८। ५९ और आठकदम चलकर घरसे बाहरकी ओर
गमनकरे और अपने बन्धुजन तथा पुत्र भार्य्या आदि से युक्तहोकर इसश्राद्धको निवृत्त करके
प्रणामपूर्वक मन्त्रसहित अग्निका पर्य्युक्षणकरे फिर वैश्वदेवकर्मादि से लेकर अपने सब नित्य
नेमके बलिदानादिक कर्मकरे १ फिर वैश्वदेव कर्मके अन्तमें पुत्र बांधव भृत्य और अभ्यागतों समेत
पितरोंसे सेवित कियेहुए अन्नको आपभी भोजनकरे इसप्रकारसे सम्पूर्ण पर्वयोगोंमें करना चाहिये
यह साधारणनामका सब कामनाओंके फलोंका देनेवाला श्राद्धकहाहै ६०। ६२ इसश्राद्धको इसी
विधिसे भार्य्याकेविना बुद्धिमान् पुरुष भक्तिमान् संन्यासी अथवा मन्त्रसे रहित शूद्रभीकरे ६४ और

ज्ञोद्वाहादिमंगले ६५ मातरःप्रथमंपूज्याः पितरस्तदनंतरम् । ततोमातामहाराजन्! विश्वेदेवास्तथैवच ६६ प्रदक्षिणोपचारेण दध्यक्षतफलोदकैः । प्राङ्मुखोनिर्वपेत्पिण्डान् दूर्वयाचकुशैर्युतान् ६७ सम्पन्नमित्यभ्युदयेदद्यादर्घ्यंद्वयोर्द्वयोः। युग्माद्विजातयः पूज्या वस्त्रकार्तस्वरादिभिः ६८ तिलार्थस्तुयवैःकार्यो नान्दिशब्दानुपूर्वकः । माङ्गल्यानिचसर्वाणि वाचयेद्द्विजपुङ्गवैः ६९ एवंशूद्रोऽपिसामान्यवृद्धिश्राद्धेऽपिसर्वदा । नमस्कारेणमन्त्रेण कुर्यादामान्नतःसदा ७० दानप्रधानःशूद्रःस्यादित्याहभगवान्प्रभुः । दानेनसर्वकामाप्तिरस्यसञ्जायतेयतः ७१ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेसाधारणाभ्युदयकीर्तनोनामसप्तदशोऽध्यायः १७ ॥

(सूत उवाच) एकोद्दिष्टमतोवक्ष्ये यदुक्तंचक्रपाणिना । मृतेपुत्रैर्यथाकार्यमाशौचञ्चपितर्यपि १ दशाहंशावमाशौचं ब्राह्मणेषुविधीयते । क्षत्रियेषुदशाद्वेच पक्षंवैश्येषुचैवहि २ शूद्रेषुमासमाशौचं सपिण्डेषुविधीयते । नैशंवाऽकृतचूडस्य त्रिरात्रम्परतःस्मृतम् ३ जाननेऽप्येवमेवस्यात् सर्ववर्णेषुसर्वदा । तथास्थिसञ्चयादूर्ध्वमङ्गस्पर्शोविधीयते ४ प्रेतायपिण्डदानन्तु द्वादशाहंसमाचरेत् । पाथेयंतस्यतत्प्रोक्तं यतः प्रीति

तीसरा आभ्युदयिक अर्थात् नांदीमुख श्राद्ध कहाता है यह नान्दीमुख श्राद्धका उत्सव आनन्द यज्ञ विवाहादिक मंगलोंके आरम्भमें कियाजाताहै ६५ इसमें प्रथम माताओंका पूजनहोताहै फिर पितरोंका फिर मातामहादिकों का और फिर विश्वेदेवाओं का पूजन होता है ६६ इसश्राद्धमें प्रदक्षिणादिपूर्व्वक दही–अक्षत फल जल दूध और कुशाओं से युक्त पिण्डों को पूर्वाभिमुखहो के देना होताहै इसप्रकार से आभ्युदयश्राद्धमें दो दो के अर्थ अर्घ्य दे और युग्म द्विजाति अर्थात् सपत्नीक ब्राह्मण सुवर्ण वस्त्रादिसे पूजन करनेके योग्य है ६७। ६८ यहाँ तिलोंकी जगह यवोंसे पूजनकरना योग्यहै इसीको नान्दीमुख श्राद्ध कहते हैं इसश्राद्धमें ब्राह्मणोंको सबमांगलिकहीमंत्रोंका उच्चारण करना योग्यहै ६९ इसप्रकारसे इस सामान्यवृद्धिश्राद्धमें इससंपूर्ण विधिको शूद्रभी करे और नमस्काररूपी मंत्रकरके सदैव कच्चे अन्नसे करे ७० क्योंकि शूद्रसदैव दान करने केयोग्यहै और दानहीं करनेसे इसकी सबकामना सिद्ध होजाती हैं शूद्रमंत्र विधानके योग्य नहीं है ऐसा विष्णु भगवान् का वचन है ७१ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसाधारणाभ्युदयकीर्त्तननामसप्तदशोऽध्यायः १७ ॥

सूतजीबोले–कि अबविष्णु भगवान्के कहेहुए एकोद्दिष्टश्राद्धको कहतेहैं-पिताके मरनेकेपीछे शौचकालतक तथा वर्षदिनतक पुत्रोंको एकोद्दिष्ट श्राद्ध करना चाहिये १ ब्राह्मणों के दशदिनतक अशौच रहताहै क्षत्रियोंके बारह १२ दिनतक वैश्योंके पन्द्रह १५ दिनतक अशौचरहताहै और तीनोंद्विजातियोंके सपिण्ड भाइयोंकेभी अपने २ वर्णके अनुसार अशौच रहताहै २ और शूद्रोंके एकमहीनेतक होताहै–चूडाकर्म न होनेवाले बालकका एकदिनका और चूडाकर्म होनेवाले का तीन ३ दिनका अशौचरहताहै ३ इसीप्रकारसे सब वर्णोंमें जन्म समयकाभी अशौच जानना योग्यहै और मृतशौच में अस्थिसंचयन करनेके पीछे मृतकके गोत्रवाले लोगोंका अंग स्पर्श करनेके योग्य होता है प्रेतके निमित्त बारह १२ दिन में पिण्ड देना चाहिये यह सब पिण्ड जो दिये जाते हैं वह पाथेय अर्थात्

करम्महत् ५ तस्मात्प्रेतपुरंप्रेतो द्वादशाहंननीयते । गृहंपुत्रंकलत्रञ्च द्वादशाहंप्रप
श्यति ६ तस्मान्निधेयमाकाशे दशरात्रंपयस्तथा । सर्वदाहोपशान्त्यर्थमध्वश्रमविना
शनम् ७ ततएकादशाहेतु द्विजानेकादशैवतु । क्षत्रादिःसूतकान्तेतु भोजयेदयुतोद्वि
जान् ८ द्वितीयेऽह्निपुनस्तद्वदेकोद्दिष्टंसमाचरेत् ।आवाहनाग्नौकरणं दैवहीनंविधानतः९
एकंपवित्रमेकोर्घं एकःपिण्डोविधीयते । उपतिष्ठतामित्यतद्देयंपश्चात्तिलोदकम् १० स्वा
दितंविकिरेद्ब्रूयाद्विसर्गेचाभिरम्यताम् । शेषंपूर्ववदत्रापि कार्यंवेदविदापितुः ११ अ
नेनविधिनासर्वमनुमासंसमाचरेत् । सूतकान्ताद्द्वितीयेऽह्नि शय्यांदद्याद्विलक्षणाम् १२
काञ्चनंपुरुषंतद्वत् फलवस्त्रसमन्वितम् । संपूज्यद्विजदाम्पत्यं नानाभरणभूषणैः १३
वृषोत्सर्गंप्रकुर्वीत देयाचकपिलाशुभा । उदकुम्भश्चदातव्यो भक्ष्यभोज्यसमन्वितः १४
यावदब्दंनरश्रेष्ठ ! सतिलोदकपूर्वकम् । ततःसंवत्सरेपूर्णे सपिण्डीकरणंभवेत् १५ स
पिण्डीकरणादूर्ध्वं प्रेतःपार्वणभाग्भवेत् । वृद्धिपूर्वेषुयोग्यश्च गृहस्थश्चभवेत्ततः १६
सपिण्डीकरणेश्राद्धे देवपूर्वंनियोजयेत् । पितॄनेवासयेत्तत्र पृथक्प्रेतंविनिर्दिशेत् १७ ग
न्धोदकतिलैर्युक्तं कुर्यात्पात्रचतुष्टयम् । अर्घार्थंपितृपात्रेषु प्रेतपात्रंप्रसेचयेत् १८ तद्व

उस प्रेतके जानेवाले मार्गमें उसकी प्रीति करनेवाले कहे हैं ४ । ५ इसी हेतुसे अर्थात् बारहवें दिन के पिण्डदेनेसे वह प्रेत बारहवें दिन प्रेतपुरमें नहींजाताहै और बारह दिनोंतक अपनेघर पुत्र और स्त्री इनको देखताहै इसीकारणसे दशदिन १० तक आकाशमें घटको बाँधकर उसमें जलदान दियाकरे इस जलसे उसके दाहकी शान्ति होतीहै और मार्गमें के श्रमका भी नाश होताहै ६ । ७ फिर ग्यारहवेंदिन ११ ब्राह्मणोंको जिमावे और क्षत्रियादिक अपने सूतकके अन्तमें ब्राह्मणोंको जिमावे ८ फिर उसके दूसरेदिन एकोद्दिष्ट श्राद्धकरे फिर आवाहन अग्नौकरणकरे परन्तु विश्वेदेव कर्मादिक न करे ९ एक पवित्रा एकपिण्ड और एक अर्घदेके फिर तिलोदक दानदेवे इसको एकोद्दिष्टश्राद्ध कहते हैं और विकरदानकरे और विसर्जन होनेकेपीछे अभिरम्यतां ऐसा उच्चारणकरे बाकी सब विधि उक्त प्रकारसे करना वेदज्ञ ब्राह्मणों ने कहा है १० । ११ इसविधि से सम्पूर्ण कर्म्म महीने महीने पीछेकरे और सूतकके अन्त में दूसरे दिन अर्थात् एकादशाह के दिन उत्तम शय्यादानकरे और फल वस्त्रादिकों से युक्त सुवर्णका पुरुष बनाकर ब्राह्मण और ब्राह्मणीका पूजन करके उनकेअर्थ उस नाना भरण युक्त सुवर्ण के पुरुषका दानकरदे १२ । १३ फिर वृषोत्सर्ग करे और सुन्दर कपिला गौकादानकरे भक्ष्यभोज्यपदार्थों से युक्त जलका घटदानकरे १४ भक्तिमान् उत्तम मनुष्य वर्ष दिनतक तिलजल सहित कलशकादान और हर महीने एकोद्दिष्ट श्राद्धकरे फिर वर्षदिन व्यतीत होने पर सपिंडी श्राद्धकरे १५ सपिण्डीश्राद्ध किये पीछे वह प्रेत पार्वणश्राद्ध का भागी होता है और वहगृहस्थी पुरुषभी नान्दीमुख आदिक श्राद्धों के करने कराने के योग्यहोताहै १६ सपिण्डी श्राद्ध में प्रथम विश्वेदेवों का पूजनकरे फिर पितरों का आवाहन करके कर्मको करे १७ फिर गन्ध जल और तिल इत्यादिकों से युक्त ४ पात्रबनावे अर्घ के निमित्त पितरों के पात्र में प्रेतपात्र का जल डाले १८ और संकल्पकरके १ प्रेतका और ३ पितरोंके यहचार पिंड देवे फिर (ये समाना) इत्यादि

त्संकल्प्यचतुरः पिण्डान्पिण्डप्रदस्तदा।येसमानाइतिद्वाभ्या मन्त्यन्तुविभजेत्रिधा१९
चतुर्थस्यपुनःकार्यं नकदाचिदतोभवेत्।ततःपितृत्वमापन्नः सर्वतस्तुष्टिमागतः २० अ
ग्निष्वात्तादिमध्यत्वं प्राप्नोत्यमृतमुत्तमम्।सपिण्डीकरणादूर्ध्वं तस्मैतस्मान्नदीयते २१
पितृष्वेवतुदातव्यं तत्पिण्डोयेषुसंस्थितः। ततःप्रभृतिसंक्रान्तावुपरागादिपर्वसु २२
त्रिपिण्डमाचरेच्छ्राद्धमेकोद्दिष्टंमृताहनि। एकोद्दिष्टंपरित्यज्य मृताहेयःसमाचरेत् २३
सदैवपितृहासस्यान्मातृभ्रातृविनाशकः। मृताहेपार्वणंकुर्वन्नधोऽधोयातिमानवः २४
संपृक्तेष्वाकुलीभावः प्रेतेषुतुयतोभवेत्। प्रतिसंवत्सरंतस्मादेकोद्दिष्टंसमाचरेत् २५
यावदब्दन्तुयोदद्यादुदकुम्भंविमत्सरः। प्रेतायान्नसमायुक्तं सोऽश्वमेधफलंलभेत् २६
आमश्राद्धंयदाकुर्याद्विधिज्ञःश्राद्धदस्तदा।तेनाग्नौकरणंकुर्यात्पिण्डांस्तेनैवनिर्वपेत्२७
त्रिभिःसपिण्डीकरणे अशेषत्रितयेपिता। यदाप्राप्स्यतिकालेन तदामुच्येतबन्धना
त् २८ मुक्तोऽपिलेपभागित्वं प्राप्नोतिकुशमार्जनात्। लेपभाजश्चतुर्थाद्याः पित्राद्याःपि
ण्डभागिनः २९ पिण्डदःसप्तमस्तेषां सापिण्ड्यंसाप्तपौरुषम् ३०॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेसपिण्डीकरणकल्पोनामाष्टादशोऽध्यायः १८॥

(ऋषय ऊचुः) कथंकव्यानिदेयानि हव्यानिचजनैरिह। गच्छन्तिपितृलोकस्था

दो २ मंत्रोंकरके प्रेतपिंडके तीन खंडकरदेवे १९ इसके विशेष चौथे प्रेतपिंड करनेका कोईभी कार्य्य नहीं है फिर पितरभावको प्राप्तहुआ वहप्रेत प्रसन्नता को प्राप्त होजाता है २० अग्निष्वात्तादि पितरोंके मध्यमें उत्तम अमृतको प्राप्तहोताहै इस हेतु से सपिण्डकिरणश्राद्धहुए पीछे केवल उस पिता आदिके नामसेही श्राद्धनहीं करना २१ किन्तु उसका पिण्ड जिन पितरोंमें मिलाहै उनसवों समेत उसके निमित्त श्राद्धादिक करना योग्यहै जब संक्रान्ति और ग्रहणादिक पर्व्वोंमें श्राद्धकरे तब तीनही पिंडोंका आचरणकरे और क्षयाह आदिक श्राद्धमें एकोद्दिष्ट कर्मकरे और क्षयाहिकके दिन जो पुरुष एकोद्दिष्टश्राद्धको त्यागके अन्यथा अर्थात् औरका और करताहै वह विश्वेदेव पितर माता और भ्राता इत्यादिकों का नाशकरनेवाला कहा है २२। २४ क्योंकि मिलेहुए प्रेतों में व्याकुलता पड़जाती है इस हेतुसे वार्षिक क्षयाहिकमें एकोद्दिष्टही करना योग्यहै २५ जोपुरुष प्रसन्नचित्त से वर्ष दिनतक प्रेतके निमित्त जलके घटका दानदेताहै वह अश्वमेध यज्ञके फलको प्राप्तहोताहै २६ जोविधिज्ञ श्राद्धकर्त्ता पुरुष कच्चेही अन्नसे श्राद्धकरे तो उसी अन्नसे अग्नौकरण करके उसीके पिण्ड भी करे २७ तीनोंके साथ सपिण्डीकर्म होनेमें उन तीनोंसे युक्त जब पिता होजाताहै तभी वहबन्धनसे छुटताहै २८ और उनमें जब तीसरा पिता मिलगया तब एकछुटाहुआ पुरुष लेपभागी संज्ञक होजाताहै और कुशाके मार्जनसे अपने भागको भी प्राप्त होजाताहै पितासे आदिलेकर तीन पुरुष पिंडके भागी हैं और चौथेसे आदिलेकर लेपभागी हैं इनमें सातवां पिंडकादेनेवाला है इसी हेतुसे यह सापिण्ड्य साप्तपौरुष अर्थात् सापिंड्य सातपुरुषोंका कहाताहै २९। ३० ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसपिण्डीकरणकल्पोनामाष्टादशोऽध्यायः १८॥

ऋषियोंने पूछा—हे सूतजी इससंसारमें मनुष्योंको हव्यकव्यसंज्ञक शाकल्य किसप्रकारसे देना

नू प्रापकःकोऽत्रगद्यते, १ यदिमर्त्योद्विजोभुङ्क्तेहूयतेयदिवानले। शुभाशुभात्मकैःप्रेतै र्दत्तन्तद्भुज्यतेकथम् २ (सूतउवाच) वसूनूवदन्तिचपितॄन् रुद्रांश्चैवपितामहान्। प्रपितामहांस्तथादित्यानित्येवंवैदिकीश्रुतिः ३ नामगोत्रंपितॄणान्तुप्रापकंहव्यकव्ययोः। श्राद्धस्यमन्त्राःश्रद्धाच उपयोज्यातिभक्तितः ४ अग्निष्वात्तादयस्तेषामाधिपत्येऽव्यव स्थिताः। नामगोत्रकालदेशाभवान्तरगतानपि ५ प्राणिनःप्रीणयन्त्येते तदाहारत्व मागतान्। देवोयदिपिताजातः शुभकर्म्मानुयोगतः ६ तस्यान्नममृतंभूत्वा दिव्यत्वे ऽप्यनुगच्छति। दैत्यत्वेभोगरूपेण पशुत्वेचतृणंभवेत् ७ श्राद्धान्नंवायुरूपेण सर्पत्वेप्यु पतिष्ठति। पानंभवतियक्षत्वे गृध्रत्वेऽपितथामिषम् ८ दनुजत्वेतथामाया प्रेतत्वेरुधिरो द्रकम्। मनुष्यत्वेऽन्नपानानि नानाभोगरसंभवेत् ९ रतिशक्तिस्त्रियःकान्ता भोज्यंभो जनशक्तिता। दानशक्तिःसविभवा रूपमारोग्यमेवच १० श्रद्धापुष्पमिदम्प्रोक्तं फलं ब्रह्मसमागमः। आयुःपुत्रान्धनंविद्यां स्वर्गंमोक्षंसुखानिच ११ राज्यंचैवप्रयच्छन्ति प्रीताःपितृगणानृणाम्। श्रूयतेचपुरामोक्षं प्राप्ताःकौशिकसूनवः १२ पंचभिर्जन्मसम्बन्धै र्गताविष्णोःपरंपदम् १३॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेश्राद्धकल्पे फलानुगमनोनामैकोनविंशोऽध्यायः १९॥

(ऋषयऊचुः) कथंकौशिकदायादाः प्राप्तास्तेयोगमुत्तमम्। पंचभिर्जन्मसम्बन्धैः

योग्यहै और मनुष्य किसप्रकारसे पितरोंके लोकोंमें प्राप्तहोते हैं और इनका उनलोकोंमें प्राप्तकरने वाला कौनहै १ ब्राह्मणोंका भोजन कराना और अग्निमें हवन करना इत्यादिक सबप्रकारके दियेहुए दानोंको प्रेत किसप्रकारसे भोगताहै २ सूतजीबोले–पिता वसुसंज्ञक कहाताहै पितामहादिक रुद्र-संज्ञक और प्रपितामह आदिक आदित्यस्वरूप कहातेहैं यह वेदकी श्रुतिहै ३ पितरोंका जोनाम गोत्रा-दिकहै वही उनको हव्य कव्यकी प्राप्तिकरताहै श्राद्धके मंत्रोंका उच्चारण और श्रद्धा अत्यन्त भक्ति से करनी चाहिये ४ और अग्निष्वात्तादिक पितर उनके अधिपति व्यवस्थित हैं और नामगोत्रकाल और देश यह चारोंवस्तु दूसरे भी जन्मोंमें प्राप्तहोनेवाले प्राणियोंको उसीस्थानमें भोजनादिकोंसे तृप्तकरते हैं और जो कदाचित् पिताशुभकर्मादिकों के योगसे देवताहोजाय तो उसको वह अन्न अमृतहोके स्वर्गमें प्राप्त होताहै यक्ष योनिमें पानरूपहोके गृध्रयोनिमें मांसरूपसे ५।८ दानव योनिमें मायारूपसे-प्रेतयोनिमें जलरुधिररूपसे-और मनुष्य योनिमें अन्नपानादिक अनेक प्रकारके भोग रसहोके प्राप्तहोताहै ९ उत्तम स्त्रियोंमें रमण करनेकी शक्तिहोना-भोजनके पदार्थोंमें भोजन करनेकी शक्तिहोना और रूप आरोग्यआदिहोना इनसब वस्तुओंमें श्रद्धारूपी पुष्पहै औरब्राह्मणोंका समागम करना फल है अर्थात् यहसब हेतुहैं इनहेतुओंसे पितर प्रसन्नहोकर श्राद्धकर्त्ता पुरुषको आयु–पुत्र–धन-विद्या-स्वर्ग-मोक्ष-सुख और राज्य इत्यादिक पदार्थ देते हैं–सुनाजाता है कि कौशिक ऋषिकेपुत्र पांच प्रकारके जन्म सम्बन्धोंकरके मोक्ष रूप विष्णुके परमपदको प्राप्त होगये हैं १०। १३॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांश्राद्धकल्पेफलानुगमनोनामैकोनविंशोऽध्यायः १९॥

ऋषियोंने पूछा–हे सूतजी वह कौशिकके पुत्र उत्तमयोगको कैसे प्राप्तहुये और पांच जन्म सम्ब-

कथंकर्म्मक्षयोभवत् १ (सूतउवाच) कौशिकोनामधर्म्मात्मा कुरुक्षेत्रेमहान्ऋषिः।
नामतःकर्म्मतस्तस्य सुतान्सप्तनिबोधत २ स्वसृपःक्रोधनोहिंस्रः पिशुनःकविरेवच।
वारदुष्टःपितृवर्तीच गर्गशिष्यास्तदाभवन् ३ पितर्य्युपरतेतेषामभूद्दुर्भिक्षमुल्वणम्। अ-
नावृष्टिश्चमहती सर्वलोकभयङ्करी ४ गर्गादेशाद्वनेदोग्ध्रीं रक्षन्तस्तेतपोधनाः। खादा
मःकपिलामेतां वयंक्षुत्पीड़िताभृशम् ५ इतिचिन्तयतांपापं लघुःप्राहतदानुजः। यद्य
वश्यमियंवध्या श्राद्धरूपेणयोज्यताम् ६ श्राद्धेनियोज्यमानेयं पापात्त्रास्यतिनो ध्रुवम्।
एवंकुर्वित्यनुज्ञातः पितृवर्तीतदानुजैः ७ चक्रेसमाहितःश्राद्धमुपयुज्यचतांपुनः। द्वौदेवे
भ्रातरौकृत्वापित्र्येत्रीनप्यनुक्रमात् ८ तथैकमतिथिंकृत्वा श्राद्धदःस्वयमेवतु। चकार
मन्त्रवच्छ्राद्धं स्मरन्पितृपरायणः ९ विनागवावत्सकोऽपि गुरवेविनिवेदितः। व्याघ्रेण
निहताधेनुर्वत्सोऽयं प्रतिगृह्यताम् १० एवंसाभक्षिताधेनुः सप्तभिस्तैस्तपोधनैः। वैदि-
कंबलमाश्रित्यक्रूरेकर्म्मणिनिर्भयाः ११ ततःकालावकृष्टास्ते व्याधादासपुरेऽभवन्।
जातिस्मरत्वंप्राप्तास्तेपितृभावेनभाविताः १२ यत्कृतंक्रूरकर्म्मापि श्राद्धरूपेणतैस्तदा।
तेनतेभवनेजाता व्याधानांक्रूरकर्म्मिणाम् १३ पितृणाञ्चैवमाहात्म्याज्जाताजातिस्मरा

क्यों करके उनके कर्मोंकानाश कैसेहोगया इसको आपवर्णन कीजिये १ सूतजी बोले—कौशिक
नाम बड़े धर्मात्मा ऋषि कुरुक्षेत्रमें रहतेथे और उनके स्वसृप१क्रोधन २ हिंस्र ३ पिशुन ४ कवि५
वारदुष्ट६और पितृवर्त्ती ७ इन नामोंवाले और अपने २ नामोंकेही समान कर्मवाले सातपुत्र होते
भये वहसातोंगर्गऋषिके शिष्यहोगये और उनकापितामरगया तब एकसमय महाघोर दुर्भिक्षकालपड़ा
सबलोगोंकी महाभयकारी अनावृष्टि अर्थात् वर्षा न हुई२।४उससमय वहसातों गर्गऋषिकी आज्ञासे
वनमें उनकी गौ की रक्षाकररहेथे कि अन्नके न मिलनेसे वहक्षुधासे अत्यन्त पीड़ितहोगये तब इन
का विचारहुआ कि इसकपिला गौ का भक्षणकरें ऐसा चिन्तवन करतेही प्रथमछोटाभाई बोलाकि
जो इसका अवश्यही वधकरते हो तो इसको श्राद्धमें युक्तकरो श्राद्धमें युक्तकीहुई यह गौ हमको अव-
श्य पापोंसे तारदेगी उस समयइस पितृवर्ति नामछोटे भाईके कहनेको सबभाइयों ने मानलिया
५।७ तब उसने बड़ी सावधानीसे उस गौ को श्राद्धमें नियुक्तकिया और भाइयोंको देवकर्ममें युक्त
किया-तीनको पितरकर्ममें एकको अभ्यागत बनाया और आप श्राद्ध करनेमें नियुक्तहुआ इसरीतिसे
पितरोंकी भक्तिमें तत्परहोकर मन्त्रविधि से श्राद्ध करताभया ८। ९ और विना गौ के वह बछड़ा
गुरूके अर्थ निवेदनकिया और गुरूसे यह कहदिया कि उस गौ को सिंहने भक्षण करलिया १० इस
प्रकारसे उनसातोंने उसगौको भक्षण करलिया और वेदके वचनके आश्रय होकर निर्भयहोगये ११
फिर कालान्तरमें मृत्युहोनेके पीछे वह सातों दासपुरमें व्याध जातिमें उत्पन्नहोतेभये परन्तु पितरों
की कृपासे उनसातोंको दासपुरकी व्याधयोनिमें भी अपने पूर्व जन्मका स्मरण रहा १२ श्राद्धरूप
करके जो उन्होंने क्रूरकर्म कियाथा इसी हेतु से उसक्रूरकर्म के फलसे वह व्याधोंके घरों में उत्पन्न
हुए १३ और पितरोंके माहात्म्यके प्रभावसे उनको अपनी पूर्व ज्ञातिकास्मरणरहा इसी से उन्होंने
वहां भी वैराग्य योगसे अनशन व्रत अर्थात् अन्नके त्यागदेनेसेही अपने शरीरको त्यागा फिर काल-

स्तुते। तेतुवैराग्ययोगेन आस्थायानशनंपुनः १४ जातिस्मराःसप्तजाता मृगाःकालंजरे
गिरौ। नीलकण्ठस्यपुरतः पितृभावानुभाविताः १५ तत्रापिज्ञानवैराग्यात् प्राणानुत्सृ
ज्यधर्म्मतः। लोकैरवेक्ष्यमाणास्ते तीर्थान्तेऽनशनेनतु १६ मानसेचक्रवाकास्ते सञ्जा
ताःसप्तयोगिनः। नामतःकर्मत सर्व्वान् शृणुध्वंद्विजसत्तमाः! १७ सुमनाःकुमुदःशुद्ध
श्छिद्रदर्शीसुनेत्रकः। सुनेत्रश्चांशुमांश्चैव सप्तैतेयोगपारगाः १८ योगभ्रष्टास्त्रयस्तेषां
बभ्रमुश्चाल्पचेतनाः। दृष्ट्वाविभ्राजमानंतमुद्यानेस्त्रीभिरन्वितम् १९ क्रीडन्तंविविधै
र्भावैर्महाबलपराक्रमम्। पाञ्चालान्वयसम्भूतं प्रभूतबलवाहनम् २० राज्यकामोभव
च्चैकस्तेषां मध्येजलौकसाम्। पितृवर्तीचयोविप्रः श्राद्धकृत्पितृवत्सलः २१ अपरौम
न्त्रिणौदृष्ट्वा प्रभूतबलवाहनौ। मन्त्रित्वेचक्रतुश्चेच्छामस्मिन्मर्त्यैद्विजोत्तमाः २२ त
न्मध्येयेतुनिष्कामास्तेबभूवुर्द्विजोत्तमाः। विभ्राजमानस्त्वेकोऽभूत् ब्रह्मदत्तइतिस्मृतः
२३ मन्त्रिपुत्रौतथाचोभौ कण्डरीकसुबालकौ। ब्रह्मदत्तोऽभिषिक्तःसन् पुरोहितविप-
श्चिता २४ पाञ्चालराजोविक्रान्तः सर्वशास्त्रविशारदः। योगवित्सर्वजन्तूनांरुतवेत्ताऽ
भवत्तदा २५ तस्यराज्ञोऽभवद्भार्य्या देवलस्यात्मजाशुभा। सन्नतिर्नामविख्याता कपि
लायाभवत्पुरा २६ पितृकार्य्येनियुक्तत्वादभवद्ब्रह्मवादिनी। तयाचकारसहितः सराज्यं
राजनन्दनः २७ कदाचिदुद्यानगतस्तयासहसपार्थिवः। ददर्शकीटमिथुनमनङ्गकल

जर पर्व्वतमें मृगयोनिको प्राप्तहुए वहांभी पूर्व ज्ञातिका स्मरण रहा और नीलकण्ठ महादेवके आगे पितरोंके भावमें युक्तरहे वहां उन्होंने सबमनुष्योंके देखतेहुए किसी तीर्थपर जाकर अपने ज्ञानभाव से प्राणोंको त्यागा १२। १६ फिर वह सातों योगीजन मानस तीर्थपर चकवाकी योनिमें प्राप्तहुए वहां उन सबके नाम और गुणजो होतेहुए उन्होंको सुनो १७ सुमना १ कुमुद २ शुद्ध ३ छिद्रदर्शी ४ सुनेत्रक ५ सुनेत्र ६ और अंशुमान् ७ यहतो उन योगियों के नामहुए इनमें से तीनजने तो योगसे भ्रष्ट और अल्पबुद्धिवाले होकर भ्रमनेलगे १८ उनमें भी एकजना अत्यन्त प्रकाशित होकर किसी उद्यानके बगीचे में स्त्रीसे युक्तहोकर अनेक भावों से क्रीड़ा करताभया और पाञ्चाल देशमें उत्पन्न होनेवाले महाबलवान् पराक्रमी राजाको बहुतसी सेनाओं से युक्त देखकर राज्यकी इच्छा करता भया और जो उन सातोंमें पितृवर्त्ती नाम श्राद्धका कर्त्ता दूसरा भाई महायोग में वर्त्तमानथा वही राज्यकी इच्छा करने से उस राजाका पुत्र होगया १९। २१ और अन्य दो जने अत्यन्त वाहना-दिक वाले दोनों जनों को देखके मन्त्री होने की इच्छा करतेभये २२ और जो शेष रहे इच्छाओं से रहितथे वह उत्तम ब्राह्मण के कुलमें जन्मे राज्यकी इच्छा करनेवाला वह एक तो ब्रह्मदत्त नाम वाला हुआ और वहदोनों कंडरीकमन्त्रीके सुन्दर पुत्रहुए फिर राजाकी आज्ञासे पण्डितजन आदि पुरोहितोंने उस ब्रह्मदत्त को राज्याभिषेकमें युक्त करदिया फिर वह सर्वशास्त्रज्ञ महापराक्रमी सब प्राणियोंके शब्दोंकाज्ञाता और योगीहोकर पांचालदेशका राजा हुआ २३। २५ उसराजाकी रानी देवलकी पुत्री सन्नति नामसे प्रसिद्धहुई वही पूर्वजन्ममें कपिला गौथी वह पितर कार्य्य में युक्त करनेसे ब्रह्मवादिनी हुई उस रानी समेत होकर वह राजा अपने राज्यको करनेलगा फिर किसी

ह्याकुलम् २८ पिपीलिकामनुनयन् परितःकीटकामुकः । पञ्चबाणाभितप्ताङ्गः सगद्गद मुवाचह २९ नत्वयासदृशीलोकेकामिनीविद्यतेक्वचित् । मध्यक्षामातिजघना वृहद्वक्षोऽभिगामिनी ३० सुवर्णवर्णासुश्रोणी मञ्जूक्ताचारुहासिनी । सुलक्षनेत्ररसना गुड़शर्करवत्सला ३१ भोक्ष्यसेमयिभुक्तेत्वं स्नासिस्नातेतथामयि । प्रोषितेसतिदीनात्वं क्रुद्धेऽपिभयचञ्चला ३२ किमर्थंवदकल्याणि ! सरोषवदनास्थिता । सातमाहसकोपातु किमालपसिमांशठ ! ३३ त्वयामोदकचूर्णन्तु मांविहायविनेष्यता । प्रदत्तंसमतिक्रान्ते दिनेऽन्यस्याःसमन्मथ ! ३४ (पिपीलिकउवाच)त्वत्सादृशान्मयादत्तमन्यस्यैवरवर्णिनि !। तदेकमपराधंमे क्षन्तुमर्हसिभामिनि ! ३५ नैतदेवंकरिष्यामि पुनःक्वापीहसुव्रते ! । स्पृशामिपादौसत्येन प्रसीदप्रणतस्यमे ३६ (सूतउवाच) इतितद्वचनंश्रुत्वा साप्रसन्नाऽभवत्ततः । आत्मानमर्पयामास मोहनायपिपीलिका ३७ ब्रह्मदत्तोऽप्यशेषन्तं ज्ञात्वा विस्मयमागमत् । सर्वसत्वरुतज्ञत्वात् प्रसादाच्चक्रपाणिनः ॥ ३८ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेश्राद्धकल्पेश्राद्धमाहात्म्येपिपीलिकावहासोनामविंशतितमोऽध्यायः ॥ २० ॥

(ऋषय ऊचुः) कथंसत्वरुतज्ञोऽभूद् ब्रह्मदत्तोधरातले । तच्चाभवत्कस्यकुले च क्रवाकचतुष्टयम् १ (सूत उवाच) तस्मिन्नेवपुरेजातास्तेचचक्राङ्कयास्तदा। वृद्धद्वि

समय वह राजा उसके संग क्रीड़ा करनेको वनमें गया वहाँ कामदेवके वेगसे युक्त एक दो कीड़ियों के जोड़ेको देखताभया २६।२८ कि वहकीट कामदेवसे पीड़ित कीड़ीके पीछे २ जाता हुआ कामके बाणोंसे महाव्याकुल होकर अपनी कीड़ीसे बड़ी गद्गद वाणीसे यह वचन बोला कि हे कामिनी इस संसारमें तेरेसमान कोई नहीं है तेरेसूक्ष्मकटि-सुन्दर जंघा-बड़ीछाती-उत्तम गमन-सुन्दरवर्ण उत्तमनितम्ब—उत्तम भाषण—हसन—उत्तमनेत्र जिह्वा-और मधुर रसकेमीठेलगनेसे और मेरेखाने के पीछे आप भोजन करना स्नानसे पीछे स्नान-मेरे दूरजानेमें दीनरूप और क्रोधहोनेमें तूभयभीत और चंचल होजातीहै २९।३२ सोहे कल्याणि इससमय तूक्रोध मुखवाली काहेसे होरहीहै तबवह कीड़ीभी उससे बड़े क्रोधसे बोलीकि हेशठ मूर्ख मुझसे क्याबोलताहै ३३ तैंने मेरेबिना पूछे कल के दिन लड्डुओंको चुरालेजाकर दूसरीकीड़ियोंको दियाथा ३४ कीटबोला-हेभामिनिउत्तमवर्णवाली मैंनेतेरेही समान तेरीही भ्रान्तिसे दूसरी को दियाथा सोमेरे इस एक अपराधकोक्षमाकर हे सुव्रते में ऐसाअब कभी न करूंगा सत्यसे मैंतेरे चरणको स्पर्श करताहूं मुझ प्रणत होनेवाले परतू प्रसन्न हो ३५।३६ सूतजी कहतेहैंकि वहकीड़ी उसके ऐसे वचनोंको सुनके बड़ीप्रसन्नतापूर्वक उसके मोहने के लिये अपने शरीरको स्पर्श कराती भयी ३७ वह ब्रह्मदत्तभी सम्पूर्ण प्राणियों के शब्द जाननेसे और विष्णु भगवान् के प्रसादसे इस कीड़े और कीड़ी के सब वृत्तान्त को जानकर आश्चर्य्य को प्राप्त होताभया ३८ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांश्राद्धमाहात्म्येपिपीलिकावहासोनामविंशोऽध्यायः २० ॥

ऋषियोंनेपूछा--किवह ब्रह्मदत्त सब प्राणियोंकी बोलियों का जानने वाला कैसे होता भया और वह शेषबचे हुए चारों चक्रवाक अर्थात् चकवे किसके कुलमें उत्पन्न होते भये १ सूतजी बोले

दिनेष्टःक्रयस्ते । नाहन्तान्वैप्रतिगन्तानरेन्द्र सर्वेलोकास्तावकावैभवन्तु ५ (शिविरु
वाच) पृच्छामित्वांशिविरौशीनरोऽहं ममापिलोकायदिसन्तितात ! यद्यन्तरिक्षेय
दिवादिविश्रिताः क्षेत्रज्ञंत्वांतस्यधर्मस्यमन्ये ६ (ययातिरुवाच) नत्वंवाचाहृदये
नापिराजन् ! परीप्समानोमावमंस्थानरेन्द्र । तेनानन्तादिविलोकाःस्थिता वै विद्युद्रूपाः
स्वनवन्तोमहान्तः ७ (शिविरुवाच) तांस्त्वंलोकान्प्रतिपद्यस्वराजन् मयादत्तान्यदि
नेष्टःक्रयस्ते। नचाहन्तान्प्रतिपद्यदत्त्वा यत्रत्वंतातगन्तासिलोके ८ (ययातिरुवाच)
यथात्वमिंद्रप्रतिमप्रभावस्तेचाप्यनंतानरदेवलोकाःतथाद्यलोकेनरमेन्यदत्ते तस्माच्छि
वेनाभिनन्दामिवाचम् ९ (अष्टक उवाच) नचेदेकैकशोराजन् ! लोकान्नःप्रतिनंदसि।
सर्वेप्रदायतान्लोकान् गंतारोनरकंवयम् १० (ययातिरुवाच) यदर्हास्तद्वदध्वंवः सं
तःसत्यादिदर्शिनः । अहंतुनाभिगृह्णामि यत्कृतंनमयापुरा ११ अलिप्समानस्यतुमेयदु
क्तं नतत्तथास्तीहनरेंद्रसिंह !। अस्यप्रदानस्ययदेवयुक्तं तस्यैवचानंतफलंभविष्यम् १२
(अष्टक उवाच) कस्यैतेप्रतिदृश्यन्ते रथाःपञ्चहिरण्मयाः। उच्चैःसंतःप्रकाशंते ज्वल
न्तोऽग्निशिखाइव १३ (ययातिरुवाच) भवतांममचैवैते रथा भांति हिरण्मयाः । आ
रुह्यैतेषुगंतव्यंभवद्भिश्चमयासह १४ (अष्टक उवाच) आतिष्ठस्वरथंराजन् विक्रमस्व

ययातिने कहा हेराजन् मिथ्या मोललेने का व्यवहार मैंनेकभी बाल्यावस्थामें भी नहींकिया विचार-वान् पुरुष ऐसे अयोग्य कार्य्यको कभी भी नहीं करता है ४ तब वसुमान्ने कहा कि जो आप मूल्य से नहीं लेतेहो तो मेरे दियेहुए दानसे उनलोकोंको ग्रहणकरो हेराजन् मैं उनलोकों में नहीं जाऊंगा वह लोक तेरेही होंय ५ फिर शिविने कहा हेतात मैं शिविराजाहूं मैंभी तुमको धर्मज्ञ जानकर यह पूछताहूं कि स्वर्गादिकों में कहीं मेरेभी लोक हैं ६ ययातिबोला—हे राजा तुमने वाणी वा हृदयसेभी किसीका अपमान नहीं किया है इस हेतुसे विजली के समान कान्तिवाले तेरेलोक स्वर्गमें वर्त्तमान हैं ७ शिविने कहा—हे राजन् मेरेदियेहुए उनलोकोंको ग्रहणकरो जो प्रतिग्रह नहीं ग्रहणकरतेहो तो कुछ मूल्य देकरही ग्रहणकरो मैं उनलोकों में नहीं जाऊंगा आपही ग्रहणकीजिये ८ ययातिने कहा-हे राजन् जैसे कि इन्द्रके समान प्रभाव वाला तूहै वैसेही वह तेरेलोकभी अनन्त कान्तिवाले हैं परन्तु अन्यके दियेहुए लोकोंमें मैं नहीं जाना चाहताहूं और तुम्हारी इस वाणीकीभी मैं प्रशंसा नहीं करता अष्टकबोला—हे राजन् जो तुमहमारे सबलोकोंको और सबके कथनको नहीं सराहतेहो तो हम सब अपने अपने लोकोंको तुम्हारे अर्थ देकर नरकमें जायँगे ९।१० ययाति बोला—आप सत्य वक्ता और उत्तम दर्शनवाले श्रेष्ठजनहोकर योग्य वचनको कहो मैं तो दूसरेके कियेहुए कर्मको ग्रहण नहीं करताहूं हे राजन् जो मुझ विना इच्छा करनेवाले से आपने कहाहै वह इसप्रकारसे न होगा और इसवाणी से दियेहुए दानका अनन्त गुणाफलहोगा ११।१२ अष्टकबोला—सुवर्ण के समान कान्ति वाले ५ यह रथ किसके दीखते हैं १३ ययातिने कहा कि सुवर्णकी कान्तिके समान कान्तिवाले यह रथ तुम्हारे और हमारे दीखते हैं इनमें बैठकर आपको मुझ समेत स्वर्ग में गमन करना योग्य

विहायसा। वयमप्यनुयास्यामो यदाकालोभविष्यति १५ (ययातिरुवाच) सर्वैरि
दानींगंतव्यं सहस्वर्गोजितोयतः। एषवोविरजाःपंथा दृश्यतेदेवसद्मगः १६ (शौनक
उवाच) तेऽभिरुह्यरथंसर्वेप्रयातान्नृपतन्नृपाः।आक्रमंतोदिवंभांतिधर्मेणावृत्यरोदसी १७
(अष्टकउवाच) अहंमन्येपूर्वमेकोऽभिगता सखाचेन्द्रःसर्वथामेमहात्मा। कस्मादेवंशि
विरौशीनरोऽयमेको ऽत्ययात्सर्ववेगेनवाहान् १८ (ययातिरुवाच) अददाद्देवयानाय
यावद्वित्तमनिन्दितः। उशीनरस्यपुत्रोऽयं तस्मात्श्रेष्ठोहिवःशिविः १९ दानंशौचंसत्य
मथोह्यहिंसा ह्रीःश्रीस्तितिक्षासमतानृशंस्यम्। राजन्त्येतान्यथसर्वाणिराज्ञि शिवौस्थि
तान्यप्रतिमेसुबुद्ध्या। एवंवृत्तंह्रीनिषेवोबिभर्ति तस्माच्छिविरभिगंतारथेन २० (शौनक
उवाच) अथाष्टकःपुनरेवान्वपृच्छन् मातामहंकौतुकादिन्द्रकल्पम्। पृच्छामित्वांनृपते
ब्रूहिसत्यं कुतश्चकश्चासिकथंत्वमागाः।कृतंत्वयायद्धिनतस्यकर्ता लोकेत्वदन्योब्राह्मणः
क्षत्रियोवा २१ (ययातिरुवाच) ययातिरस्मिनहुषस्यपुत्रो पूरोःपितासार्वभौमस्त्विहा
सम्। गुह्यंमन्त्रंमामकेभ्योब्रवीमि मातामहोभवतांसुप्रकाशः २२ सर्वामिमांपृथिवींनिर्जि
गायरवृद्धांमहीमदद्ब्राह्मणेभ्यः। मेध्यानश्वान्नैकशस्तान्सुरूपान् तदादेवाःपुण्यभाजो
भवन्ति २३ अदामहंपृथिवींब्राह्मणेभ्यः पूर्णामिमामखिलान्नैःप्रशस्ताम्। गोभिःसुवर्णै
श्चधनैश्चमुख्यैरश्वाःसनागाःशतशस्त्वर्बुदानि २४ सत्येनमेद्यौश्चवसुन्धराच तथैवा

है १४।१५ अष्टकबोला हे राजा तुम रथमें वैठके आकाश मार्गके द्वारा स्वर्गको जाओ जब हमारा कालहोगा तब हमभी आवेंगे तुम सबको अभी गमनकरना योग्यहै क्योंकि तुम सबने स्वर्ग जीत- लिया है यह स्वर्गमें प्राप्तहोनेवाला तुम्हारा उत्तम मार्ग दीखरहा है १६ शौनकजी बोले- तब वह सब राजालोग रथोंमें बैठकर अपने धर्मोंसे पृथ्वी समेत स्वर्गको पूरितकरते गमन करतेसमय अति शोभित होतेभये १७ अष्टकबोला--कि मैं प्रथम यही मानताथा कि मैं सबसे अच्छे मार्गमें जाऊंगा और इन्द्रमेरा सखाहै सो अब सबसे श्रेष्ठ वेगवाले अश्वोंसेयुक्त रथमें बैठाहुआ यह शिवि राजा कैसे जाता है १८ तब ययातिबोला -स्वर्गके मार्गमें जानेके लिये शिविराजाने निन्दासे रहितहोके संपूर्ण वित्तका दान दियाहै इसी हेतुसे उशीनरका पुत्र राजाशिवि तुम सबों में श्रेष्ठहै १९ हे राजन् दान-- शौच--सत्य--अहिंसा--लज्जा -लक्ष्मी--शान्ति--समता--और सरलता यह सब बातें राजा शिवि में स्थित होतीभई इस हेतुसे यह शिवि राजा उत्तमरथमें बैठाजाता है २० शौनकजी बोले--कि वह अष्टक इसप्रकारसे अपने मातामह ययातिसे फिर भी यह पूछताभया कि हे राजन् सत्यकहो कि आप कौनहो कहाँसे आये कैसे आयेहो और जो उत्तम कर्म आपने किये हैं ऐसे उत्तम कर्मोंका करनेवाला कोई ब्राह्मण क्षत्रियोंमें से अन्यभी है या नहीं २१ ययातिने कहा कि मैं नहुप का पुत्र और पूरुका पिता संपूर्णपृथ्वी का ययातिनामराजाहूं मैं किसीके आगे असत्य वचन नहीं कहताहूं और तुम्हारा मैं मातामह अर्थात् नानाहूं २२ मैंने इस संपूर्ण पृथ्वीको जीतकर ब्राह्मणों के अर्थदी और बहुत से अनेक सुन्दर रूपवाले अश्वों को भी ब्राह्मणोंके अर्पणकिया ऐसाकर्मकरनेवाला मुझे देखकर देवता लोग मेरे पुण्यके ग्रहण करनेवाले हुए २३ मैंने संपूर्ण अन्नों से पूर्ण हुई इस पृथ्वी को ब्राह्मणोंको

ग्निर्ज्वलतेमानुषेषु । नमेवृथाव्याहृतमेववाक्यं सत्यंहिसन्तःप्रतिपूजयन्ति २५ साष्ट
ष्टकप्रब्रवीमीहसत्यं प्रतर्दनंवसुमन्तंशिविञ्च । सर्वेदेवामुनयश्चलोकाः सत्येनपूज्या
इतिमेमनोगतम् २६ योनःसर्गजितंसर्वं यथावृत्तंनिवेदयेत् । अनसूयुर्द्विजाग्रेभ्यःसम
जेन्नसलोकताम् २७ (शौनक उवाच) एवंराजन्समहात्माययातिः स्वदौहित्रैस्तारितो
मित्रवर्यैः । त्यक्त्वामहींपरमोदारकर्मा स्वर्गंगतःकर्मभिर्व्याप्यपृथ्वीम् २८ एवंसर्वंवि
स्तरतोयथावदाख्यातंतेचरितन्नाहुषस्य । वंशोयस्यप्रथितःकौरवेयो यस्मिंजातस्त्वम्म
नुजेन्द्रकल्पः २९ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे नाहुषोपाख्याने द्विचत्वारिंशत्तमोऽध्यायः ४२ ॥

(सूत उवाच) इत्येतच्छौनकाद्राजा शतानीकोनिशम्यतु । विस्मितःपरयाप्रीत्या पू
र्णचन्द्रइवाबभौ १ पूजयामासनृपति र्विधिवच्चाथशौनकम् । रत्नैर्गोभिःसुवर्णैश्च वासो
भिर्विविधैस्तथा २ प्रतिगृह्यततःसर्वं यद्राज्ञाप्रहितंधनम् । दत्त्वाचब्राह्मणेभ्यश्च शौन
कोऽन्तरधीयत ३ (ऋषय ऊचुः) ययातेर्वंशमिच्छामः श्रोतुंविस्तरतोवद । यदुप्रभृति
भिःपुत्रैर्यदालोकेप्रतिष्ठितः ४ (सूत उवाच) यदोर्वंशंप्रवक्ष्यामि ज्येष्ठस्योत्तमतेजसः ।
विस्तरेणानुपूर्व्याच गदतोमेनिबोधत ५ यदोःपुत्राबभूवुर्हि पञ्चदेवसुतोपमाः । महा

देकर सैकड़ों अर्बुद संख्या गौ सुवर्ण अश्व और हस्ती इत्यादि धनोंका भी दानकिया २४ मेरे सत्य के प्रतापसे पृथ्वी और स्वर्गमें सब मनुष्योंके आगे अग्नि जलने लगती है मैंने इन सब बातोंमें कोई बातभी असत्यनहीं कहीहै क्योंकि सत्यही की श्रेष्ठजन प्रशंसाकरते हैं हे अष्टक मैं सत्यही वचनकहता हूं और प्रतर्दन, वसुमान और राजा शिवि तुम सब भी सुनो यह मेरामतहै कि सब देवता मुनि और लोक यह सब सत्यकरकेही पूजनेके योग्यहैं जो इसप्रकारसे हमारे आगे अपने मनके स्वभावको जी तकर संपूर्ण वृत्तान्तकोकहैगा वह निन्दाआदिकोंसे रहित होके हमारे समान लोकोंमें प्राप्तहोगा२५।२६ २७ शौनकजी बोले–हे राजन् वह महात्माराजा ययाति इसप्रकार से अपने दौहित्रके प्रभावसेपार उतर पृथ्वी को त्याग परमउदार कर्मवालाहोकर स्वर्ग में गया २८ यह राजा ययातिका चरित्र मैंने विस्तारपूर्वक तुम्हारे आगे कहा और इसी का वंश कौरव संज्ञक होकर पृथ्वी में प्रसिद्ध हुआ है और इसी वंश में तुम मनु उत्पन्न हुए हो २९ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विचत्वारिंशोऽध्यायः ४२ ॥

सूतजी बोले–इस प्रकार करके राजा शतानीक शौनकके मुखसे सब वृत्तान्त सुन बड़े आश्चर्य कोकर परम प्रीतिसे चन्द्रमाके समान प्रकाशित होताभया १ और शौनकमुनिको रत्न गौ सुवर्ण और अनेक प्रकारके वस्त्रादिकों से पूजन करताभया २ तबशौनक मुनिभी राजासे प्राप्तहुए धनको ग्रहणकर ब्राह्मणों को विभागकरके उसीस्थानपर अन्तर्धान होगये ३ ऋषियों ने पूछा-हे सूतजी हम अब ययाति के वंशको सुनाचाहते हैं अर्थात् उसके यदुआदिक पुत्रोंकरके जो लोकमें प्रसिद्ध हुआ है उस वंशको कहो ४ सूतजी बोले–अब ययाति के बड़े पुत्र यदुके वंशको मैं विस्तारपूर्वक कहताहूं उसको सुनो ५ देवता के समान उपमावाले महारथी यदुके जो पांचपुत्रहुए उन के नामों

रथामहेष्वासा नामतस्तान्निबोधत ६ सहस्रजिरथोज्येष्ठः क्रोष्टुर्नीलोऽन्तिकोलघुः । स हस्रजेस्तुदायादो शतजिर्नामपार्थिवः ७ शतजेरपिदायादास्त्रयःपरमकीर्त्तयः । हैहय श्चहयश्चैव तथावेणुहयश्चयः ८ हैहयस्यतुदायादो धर्म्मनेत्रःप्रतिश्रुतः । धर्म्मनेत्र स्यकुन्तिस्तु संहतस्तस्यचात्मजः ६ संहतस्यतुदायादो महिष्मान्नामपार्थिवः । आसी न्महिष्मतःपुत्रो रुद्रश्रेण्यःप्रतापवान् १० वाराणस्यामभूद्राजा कथितंपूर्वमेवतु । रुद्र श्रेण्यस्यपुत्रोऽभूद्दुर्दमोनामपार्थिवः ११ दुर्दमस्यसुतोधीमान् कनकोनामवीर्य्यवान् । कनकस्यतुदायादाश्चत्वारोलोकविश्रुताः १२ कृतवीर्य्यःकृताग्निश्च कृतवर्मातथैवच। कृतोजाश्चचतुर्थोऽभूत् कृतवीर्य्यात्तुसोऽर्जुनः १३ जातःकरसहस्रेण सप्तद्वीपेश्वरोनृ पः । वर्षायुतंतपस्तेपे दुश्चरंपृथिवीपतिः १४ दत्तमाराधयामास कार्तवीर्य्योऽत्रिसम्भ वम् । तस्मैदत्तावरास्तेन चत्वारःपुरुषोत्तम ! १५ पूर्वंबाहुसहस्रन्तु सवव्रेराजसत्तमः । अधर्मंचरमाणस्य सद्भिश्चापिनिवारणम् १६ युद्धेनपृथिवींजित्वा धर्मेणैवानुपालनम्। संग्रामेवर्त्तमानस्य वधश्चैवाधिकाद्भवेत् १७ तेनेयंपृथिवीसर्वा सप्तद्वीपासपर्वता। समो दधिपरिक्षिप्ता क्षात्रेणविधिनाजिता १८ जज्ञेबाहुसहस्रंवै इच्छतस्तस्यधीमतः । रथो ध्वजश्चसंजज्ञे इत्येवमनुशुश्रुमः १९ दशयज्ञसहस्राणि राज्ञाद्वीपेपुवैतदा । निरर्ग लानिवृत्तानि श्रूयन्तेतस्यधीमतः २० सर्वेयज्ञामहाराज्ञस्तस्यासन्भूरिदक्षिणाः । स र्वेकाञ्चनयूपास्ते सर्वाःकाञ्चनवेदिकाः २१ सर्वेदेवैःसमंप्राप्तैर्विमानस्थैरलंकृताः ।

को सुनो बड़े पुत्रका नाम सहस्रजी दूसरेका क्रोष्टु-तीसरे का नील चौथेका अंतिक पांचवें का लघु इन नामों वाले पांचपुत्रहुए सहस्रजीके शतजी नाम वाला पुत्रराजाहुआ ६ । ७ शतजी के हैहय-हय और वेणु इन नामों के तीनपुत्रहुए ८ हैहयका पुत्र धर्मनेत्र हुआ-धर्मनेत्रका कुन्तिना-मपुत्रहुआ कुन्तिके संहतनाम पुत्रहुआ-संहत के महिष्मान राजा हुआ महिष्मान् के रुद्रश्रेण्य नाम प्रतापी पुत्रहुआ ६।१० वह काशीजी में प्रसिद्ध राजाहुआ-रुद्रश्रेण्यके दुर्दमनाम पुत्रहुआ ११ दुर्दमकापुत्र बुद्धिमान् और वीर्य्यवान् कनकनाम पुत्रहुआ कनकके लोकमें प्रसिद्ध कृतवीर्य्य १ कृताग्नि २ कृतवर्मा ३ और कृतोजा इननामोंवाले ४ पुत्र हुए १२ कृतवीर्य्यका पुत्रसातों द्वीप का राजा अर्जुनहुआ-उस अर्जुन राजाने दशहजार वर्ष तक तप किया तब प्रसन्नहोकर अत्रि ऋषि ने उसको चार वरदान दिये १३।१५ उसने प्रथमतो अपनी हजार भुजाचाहीं फिर श्रेष्ठ पुरुषों के संग अधर्मकरनेवाले का निवारण करदेना वरमांगा फिर पृथ्वी को युद्ध में जीतकर धर्म से उसका पालन करना मांगा और संग्राम में वर्त्तमानहोके अपने से अधिक बलवान् से अपना वध यह चौथावरमांगा इस प्रकार के चारों वरों को पाकर सप्तद्वीपसमुद्र और पर्व्वतों समेत इस सब पृथ्वी को अपने क्षत्रियधर्म करके जीतलिया १६ । १८ उस बुद्धिमान् के इच्छाकरतेही हजार बाहु उत्पन्न होगईं और यह भी सुनाजाता है कि उसकी इच्छाही से रथ ध्वजाआदिक भी उत्पन्न होगये १९ उसराजाने दशहजारयज्ञकिये सातोंद्वीपों में वह वेरोकजाताथा अर्थात् सबस्थानों पर उसकी गतिहोती भई उसने सबयज्ञोंमें बहुतसी दक्षिणादीं उसके यज्ञों में सुवर्ण के स्तंभ और

गन्धर्वैरप्सरोभिश्च नित्यमेवोपशोभिताः २२ तस्ययज्ञेजगौगाथां गन्धर्वोनारदस्त
था। कार्तवीर्य्यस्यराजर्षे र्महिमानंनिरीक्ष्यसः २३ ननूनंकार्तवीर्य्यस्य गतिंयास्य
न्तिक्षत्रियाः। यज्ञैर्दानैस्तपोभिश्च विक्रमेणश्रुतेनच २४ सहिसप्तसुद्वीपेषु खड्गी
चक्रीशरासनी। रथीद्वीपान्यनुचरन् योगीपश्यतितस्करान् २५ पञ्चाशीतिसहस्रा
णि वर्षाणांसनराधिपः। ससर्वरत्नसम्पूर्णश्चक्रवर्तीबभूवह २६ सएवपशुपालोऽभूत्
क्षेत्रपालःसएवहि। सएववृष्ट्यापर्जन्यो योगित्वादर्ज्जुनोऽभवत् २७ योऽसौबाहु
सहस्रेण ज्याघातकठिनत्वचा। भातिरश्मिसहस्रेण शारदेनेवभास्करः २८ एषना
गंमनुष्येषु माहिष्मत्यांमहाद्युतिः। कर्कोटकसुतंजित्वा पुर्य्यांतत्रन्यवेशयत् २९ एषवे
गंसमुद्रस्यप्रावृट्कालेभजेतवै। क्रीडन्नेवसुखोद्भिन्नः प्रतिस्रोतोमहीपतिः ३० ललता
क्रीडतातेन प्रतिस्रग्दाममालिनी। ऊर्मिभ्रूकुटिसन्त्रासाच्चकिताभ्येतिनर्म्मदा ३१ एको
बाहुसहस्रेणवगाहेसमहार्णवः। करोत्युद्धतवेगान्तु नर्म्मदांप्रावृडुद्धताम् ३२ तस्यबाहु
सहस्रेण क्षोभ्यमाणेमहोदधौ। भवन्त्यतीवनिश्चेष्टा पातालस्थामहासुराः ३३ चूर्णीकृत
महावीचि लीनमीनमहातिमिम्। मारुताविद्धफेनौघ मावर्त्ताक्षिप्तदुःसहम् ३४ करोत्या
लोडयन्नेव दोःसहस्रेणसागरम्। मन्दरक्षोभचकिताह्यमृतोत्पादशङ्किताः ३५ तदानि

सुवर्णही की वेदीबनाई गई उसके यज्ञों में विमानों में बैठे देवता गन्धर्व और मनुष्यादिक यह सब अप्सराओं समेत शोभितहुए २०। २१ उसराजा की महिमा को देखकर नारद और गन्धर्वादिक उसके यज्ञकी स्तुति करते भये २३ इससहस्राबाहु राजाके समान यज्ञदान तप पराक्रम और शास्त्रों का सुनना इनसबबातों में कोई क्षत्री नहीं होताभया २४ वही राजा अपने सातों द्वीपोंमें खड्ग-चक्र-बाण-रथ इत्यादिकों करके तस्कर और दुष्टलोगों को दंड देताहुआ सर्वत्र विचरताथा २५ इस राजाने पञ्चासी ८५ हजार वर्षतक इस पृथ्वीपर संपूर्ण रत्नोंसे युक्त चक्रवर्त्तीहोकर राज्यकिया २६ यही राजा पशुपाल क्षेत्रपाल वर्षाकरनेवाला मेघरूप और योगीहोकर धर्म से पृथ्वीको पालन करता सहस्रार्जुन नामसे विख्यातहुआ २७ यह राजा जब अपनी हजारभुजाओं से धनुषको टंकोरकरता था उस समय इसकी खिंचीहुई त्वचाकी ऐसी शोभाहोती भई जैसे कि हजारों किरणोंकरके शरद ऋतुमें सूर्य्यकी शोभाहोती है २८ यह राजा माहिष्मतिपुरीमें कर्कोटकके पुत्र नागको जीतकरआप राज्यकरताभया और उसीको अपनी राजधानी भी बनाया यह राजा वर्षाकाल में समुद्रके वेग को प्राप्तहोकर अपनी क्रीडाहीकरके नर्मदानदी के स्रोतोंको समुद्रमें भेदनकरताभया २९। ३० जबउस ने क्रीडामें अत्यन्त चंचलताकरी तब उसकी भृकुटियोंके त्राससे महाचकित होके नर्मदानदी उसी सहस्राबाहु को प्राप्तहोती भई वह अकेलाही अपनी हजार भुजाओंसे समुद्रको गाहकर वर्षाकालमें नर्मदानदी को अत्यन्त वेगवाली बनाताभया जब इसकी हजारबाहुओं से समुद्रक्षोभको प्राप्त होगया तब पातालवासी सब महाअसुर चेष्टासे अत्यन्त रहित होते भये ३१। ३३ वह राजा अपनी हजार भुजाओंसे समुद्रकी बड़ी २ तरंगोंको और मकरमत्स्यादि जीवोंको जब चूर्णके समान करदेताथा तब वायुके वेगसे उठेहुए झाग और भ्रमरोंके उत्पन्नहोनेसे वह इसदुस्सह समुद्रको भी चूर्णकरनेकेही

श्चलमूर्द्धानो भवन्तिचमहोरगाः। सायाह्नेकदलीखण्डा निर्वातस्तिमिताइव ३६ एवंब
ध्वाधनुर्ज्यायां मुत्सिक्तंपञ्चभिःशरैः। लङ्कायांमोहयित्वातु सबलंरावणंबलात् ३७ नि
र्जित्यबध्वाचानीयमाहिष्मत्याम्बबन्धच। ततोगत्वापुलस्त्यस्तुअर्जुनंसंप्रसादयेत् ३८
मुमोचरक्षःपौलस्त्यं पुलस्त्येनेहसान्त्वितम्। तस्यबाहुसहस्रेण बभूवज्यातलस्वनः३९
युगान्ताभ्रसहस्रस्यआस्फोटस्वशनेरिव। अहोवतविधेर्वीर्यंभार्गवोऽयंयदाच्छिनत् ४०
तद्वैसहस्रंबाहूनां हेमतालवनंयथा। यत्रापवस्तुसंक्रुद्धो ह्यर्जुनंशप्तवान्प्रभुः ४१ यस्मा
द्वनंप्रदग्धंवै विश्रुतंममहैहय!। तस्मात्तेदुष्करंकर्म्म कृतमन्योहरिष्यति ४२ छित्वाबा
हुसहस्रन्ते प्रथमन्तरसावली। तपस्वीब्राह्मणश्चत्वां सवधिष्यतिभार्गवः ४३ (सूत
उवाच) तस्यरामस्तदात्वासीन् मृत्युःशापेनधीमता। वरश्चैवन्तुराजर्षेः स्वयमेववृतः
पुरा ४४ तस्यपुत्रशतंत्वासीत् पञ्चतत्रमहारथाः। कृतास्त्राबलिनःशूरा धर्म्मात्मानो
महाबलाः ४५ शूरसेनश्चशूरश्च धृष्टःक्रोष्टुस्तथैवच। जयध्वजश्चवैकर्ता अवन्तिश्च
विशाम्पते! ४६ जयध्वजस्यपुत्रस्तु तालजंघोमहाबलः। तस्यपुत्रशतान्येव तालजं
घाइतिश्रुताः ४७ तेषांपञ्चकुलाख्याताःहैहयानांमहात्मनाम्। वीतिहोत्राश्चशार्याता

समान विलोवताथा उससमय मंदराचलपर्वतकेक्षोभसे चकितहोकर अमृतउत्पन्न करनेकीशंकावाले महानाग दुखितहोकर ऐसे कंपायमान होतेथे जैसे कि सायंकालके समय केलेकेपत्ते वायुचलने के विनाही अलकसातेहुए विदितहोते हैं३४।३६ यह राजा एकसमय रावणको अपने धनुषकीप्रत्यंचामें बांधकरपांचवाणोंसे उसीवली रावणको लंकामेंही मोहितकरताभया३७फिर उसको जीतकर अपनी माहिष्मती पुरीमें लाकर बांधदेताभया तब पुलस्त्यजी आये और सहस्रावाहुको प्रसन्न करते भये उस समय पुलस्त्यके पुत्र रावणको वह सहस्रावाहु छोड़देताभया उस सहस्रावाहुकी भुजाओं का शब्द संपूर्ण पृथ्वीपर ऐसाहुआ करताथा ३८।३९ जैसे कि प्रलयकालके मेघके गर्जनेका शब्द होता है परन्तु जिनवाहुओंका ऐसा शब्दहोताथा उन भुजाओंको परशुरामजीने काटडाला यह वड़ा आश्चर्य्य है ४० उस सुवर्णके तालवृक्षों के समान भुजावाले सहस्रावाहुने आपवऋषिका वनजलादियाथा तब आपवऋषिने क्रोधितहोकर सहस्रावाहुको यह शापदेदिया था कि तैंने जो मेरे इस विख्यात वनको दग्धकरदियाहै इस हेतुसे तेरे इस दुष्कर्मके करने से परशुरामजी तेरे सबमानको हरकर तेरी सबभुजाओंको काटेंगे ४१।४२ वही महावली तपस्वीब्राह्मण प्रथम तेरी सबभुजाओंको काटकर फिर तेरावधभी करैगा ४३ सूतजी बोले कि इस प्रकार से आपव ऋषि के शापके हेतुकर के उस सहस्रावाहु राजाकी परशुरामके हाथसे मृत्युहोती भई और इस ने पूर्व्वमें अपने आपभी यह वर मांगलिया था कि मैं किसी उत्तम तेजस्वी बड़े वलवान् ब्राह्मणके हाथसे मरूं ४४ इस सहस्रावाहु के सौ १०० पुत्रहुए उनमें पांचपुत्र बड़े शूरवीर योद्धा धर्मात्मा वलवान् और प्रतापी होतेभये इनमें पहला शूरवीर धृष्टतासे रहने वाला शूरसेन-दूसरा क्रोष्टु-तीसरा जयध्वज-चौथा वैकर्त्ता और पांचवां अवन्तिहुआ ४५। ४६ जयध्वज के बड़ावलवान् तालजंघनाम पुत्रहोता भया उस के तालजंघनामसे प्रसिद्ध सौ१००पुत्रहुए ४७ फिर उनहैहय वंशके राजाओं के वीतिहोत्र १शार्य्यात २

भोजाश्चावन्तयस्तथा ४८ कुण्डिकेराश्चविक्रान्ता स्तालजंघास्तथैवच। वीतिहोत्र सुतश्चापि आनर्तोनामवीर्य्यवान्। दुर्जेयस्तस्यपुत्रस्तु बभूवामित्रकर्शनः ४९ सद्धा वेनमहाराज! प्रजाधर्मेणपालयन्। कार्तवीर्यार्जुनोनाम राजाबाहुसहस्रवान् ५० येन सागरपर्यन्ता धनुषानिर्जितामही। यस्तस्यकीर्तयेन्नामकल्यमुत्थायमानवः ५१ न तस्य वित्तनाशः स्यान्नष्टञ्चलभतेपुनः। कार्त्तवीर्यस्ययोजन्म कथयेदिहधीमतः। यथावत् स्विष्टपूतात्मा स्वर्गलोके महीयते ५२॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ४३॥

(ऋषय ऊचुः) किमर्थन्तद्वनन्दग्धमापवस्यमहात्मनः। कार्तवीर्येणविक्रम्य सूत! प्रब्रूहितत्त्वतः १ रक्षितासतुराजर्षिः प्रजानामितिनःश्रुतम्। सकथंरक्षिताभूत्वा अदह त्तत्तपोवनम् २ (सूत उवाच) आदित्योद्विजरूपेण कार्तवीर्यमुपस्थितः। तृप्तिमेकां प्रयच्छस्व आदित्योऽहंनरेश्वर! ३ (राजोवाच।) भगवन्! केनतृप्तिस्ते भवत्येव दिवाकर!। कीदृशंभोजनंदद्मि श्रुत्वातुविदधाम्यहम् ४ (आदित्य उवाच) स्थावरन्दे हिमेसर्वं माहारन्ददतांवर!। तेनतृप्तोभवेयंवै सामेतृप्तिर्हिपार्थिव! ५ (कार्तवीर्य उवाच)नशक्याःस्थावराःसर्वे तेजसाचबलेनच। निर्दग्धुंतपतांश्रेष्ठ! तेनत्वांप्रणमाम्यहम् ६ (आदित्य उवाच) तुष्टस्तेऽहंशरान्दद्मि अक्षयान्सर्वतोमुखान्। येप्रक्षिप्ताज्ज्वलिष्यन्ति ममतेजःसमन्विताः ७ आविष्टाममतेजोभिः शोषयिष्यन्तिस्थावरान्। शुष्कान्भस्मी

भोज ३ अवन्ति ४ और कुंडकेर यह पांचवंश विख्यात होते भये वीतिहोत्रके महाबलवान् आनर्त नामपुत्र हुआ उसके शत्रुनाशक दुर्जेयनाम पुत्र भया ४८।४९ हे महाराज बड़े उत्तम प्रभाववाला धर्म से प्रजाका पालनकरने वाला सहस्रार्जुन नाम से विख्यात राजाहुआ ५० इसने अपने धनुषबाण सेही समुद्रपर्य्यन्त पृथ्वीको विजयकिया जो मनुष्य प्रातःकाल सहस्राबाहु राजाके नामका उच्चारण करताहै उसके धनकानाश कभी नहीं होता और नाशहुआ धनभी मिलजाताहै इसकृतवीर्य्यके पुत्र सहस्राबाहुके जन्मको जो पवित्र होकरयथार्थरीतिसे वर्णनकरेगावहस्वर्गलोकमें प्राप्तहोवेगा ५१।५२

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ४३॥

ऋषियों ने पूछा हे सूतजी इस सहस्राबाहु ने उस ऋषिके वनको क्यों जलादियाथा इसके कारण को आपसुनाइये १ क्योंकि वह राजऋषि तो हमने प्रजाकी रक्षा करनेवाला सुनाहै रक्षक होकर उसने उसतपोवनको किस निमित्त जलादिया २ सूतजी बोले—कि एकसमय सूर्य्यदेवताब्राह्मण का रूप धारणकरके सहस्राबाहुके समीप आकर यहवचन बोले कि हेराजा मैं सूर्य्यहूं तुमतृप्तिकरो ३ राजा बोला हेभगवन् सूर्य्य आपकी तृप्ति कैसे होनी योग्यहै आपके अर्थ मैं कैसा भोजनदूं जिस्से कि आपकी तृप्तिहोय इसे मुझे बताइये ४ सूर्य्य बोले—हे उत्तमदान देने वाले तुममुझको स्थावरवृक्षोंका भोजनदो इसी से मेरीतृप्तिहोगी—सहस्राबाहु बोला—हेदेव मैं अपने तेजसे वा बलसे सबवृक्षों के दग्ध करनेको समर्थ नहींहूं इसहेतुसे मैं आपको प्रणाम करताहूं ५।६ आदित्यजी बोले कि हेराजा मैं तुझपर प्रसन्नहूं मैं तुझको सबओर को मुखहोनेवाले बाणदूंगा वह बाण मेरे तेजसेयुक्त होंगे उनको तू

करिष्यन्ति तेनतृप्तिर्नराधिप! ८ (सूत उवाच) ततःशरांस्तदादित्य स्त्वर्जुनायप्रयच्छत।
ततोददाहसंप्राप्तान् स्थावरान्सर्वमेवच ९ ग्रामांस्तथाश्रमांश्चैव घोषाणिनगराणिच।
तथावनानिरम्याणिवनान्युपवनानिच १० एवंप्राचींसमदहत् ततःसर्वांश्चपक्षिणः।
निर्वृक्षानिस्तृणाभूमिर्हताघोरेणतेजसा ११ एतस्मिन्नेवकालेतु आपवोजलमास्थितः।
दशवर्षसहस्राणितत्रास्तेसमहानृषिः १२ पूर्णेव्रतेमहातेजा उदतिष्ठंस्तपोधनः। सोऽप
श्यदाश्रमं दग्धमर्जुनेनमहामुनिः १३ क्रोधाच्छशापराजर्षिं कीर्तितंवोयथामया। क्रोष्टोः
शृणुतराजर्षेर्वंशमुत्तमपौरुषम् १४ यस्यान्ववायेसम्भूतो विष्णुर्वृष्णिकुलोद्वहः। क्रो
ष्टोरेवाभवत्पुत्रो वृजिनीवान्महारथः १५ वृजिनीवतश्चपुत्रोऽभूत्स्वाहोनाममहाबलः।
स्वाहपुत्रोऽभवद्राजन्! रुषङ्गुर्वदतांवरः १६ सतुप्रसूतिमिच्छन्वैरुषङ्गुःसौम्यमात्मज
म्। चित्रश्चित्ररथश्चास्य पुत्रःकर्मभिरन्वितः १७ अथचैत्ररथिर्वीरोजज्ञेविपुलदक्षिणः।
शशविन्दुरितिख्यातश्चक्रवर्तीबभूवह १८ अत्रानुवंशश्लोकोऽयं गीतस्तस्मिन्पुराभव
त्। शशविन्दोस्तुपुत्राणां शतानामभवच्छतम् १९ धीमतांचाभिरूपाणांभूरिद्रविणते
जसाम्। तेषांशतप्रधानानांपृथुसाह्वामहाबलाः २० पृथुश्रवाःपृथुयशाः पृथुधर्मापृथु
ञ्जयः। पृथुकीर्त्तिःपृथुमनाराजानःशशविन्दवः २१ शसन्तिचपुराणज्ञाः पृथुश्रवसमु
त्तमम्। अन्तरस्यसुयज्ञस्य सुयज्ञस्तनयोऽभवत् २२ उशनातुसुयज्ञस्य योरक्षन्पृथि

जबवृक्षोंपर डालेगा तो तत्कालही दग्धहोजायेंगे ७ वह बाण मेरे तेजसेयुक्त होकर सबवृक्षोंको शोप लेंगे और फिर सूखजाने के पीछे भस्म भी करदेंगे उससेही मेरी तृप्तिहोगी ८ सूतजीकहते हैं कि इस के पीछे सूर्य्यने राजाको बाणदिये तब वहराजा सबवृक्षों को जलादेताभया ९ अर्थात् ग्राम घोपजा- तियों की बस्ती बड़ेनगर वन और रमणीकबाग इनसबको दग्ध करताभया—इस प्रकारसे जब इसने पूर्व दिशाजलाई तब बड़े घोरतेज से सबपक्षी आदिक जीव और तृण वृक्षादिकोंको दग्धकरके सब पृथ्वी को हतकरदिया १० । ११ उस समय आपवनाम बड़े महात्माऋषि जल में स्थितहोकर दशहजार वर्षोंसे तपकर रहेथे उन्होंने जब आकर सहस्रबाहुसे दग्ध कियेहुये अपने आश्रमकोदेखा १२ । १३ तब क्रोधकरके यही शाप दिया जो मैंने तुमसे वर्णन किया अब क्रोष्टुराजाके उत्तम वंश और उसके पुरुषार्थ को सुनो १४ इसी क्रोष्टुराजाके वंशमेंवृष्णिवंशके बढ़ानेवाले विष्णुभगवान् श्री कृष्णचन्द्रजीने अवतारलिया उसके क्रमको कहताहूं—क्रोष्टुके महारथी वृजिनीवान् पुत्रहुआ वृजि- नीवान् के बड़ाबलवान् स्वाहनाम पुत्रहुआ और स्वाहके रुषंगुनाम पुत्रहुआ १५ । १६ रुषंगु के सौम्य पुत्रहुआ और सौम्यके उत्तमकर्मी चित्र और चित्ररथनाम दोपुत्रहुए १७ चित्ररथके विपुल दक्षिणादेने वाला शूरवीर शशविन्दुनाम चक्रवर्त्तीराजाहुआ १८ इसवंशकायश प्रथम अत्यन्तप्रसिद्ध हुआ शशविन्दु के सौपुत्र उत्पन्नहुए और उन सौ पुत्रोंके योगसे सौहीपुत्रहुए १९ इन सौ पुत्रों में बड़ेतेजस्वी बुद्धिमान् सुन्दररूपयुक्त बड़ेधनी छःपुत्र पृथुनाम से प्रसिद्ध बड़ेबलवान् होतेभये अर्थात् पृथुश्रवा १ पृथुयशा २ पृथुधर्मा ३ पृथुंजय ४ पृथुकीर्त्ति ५ और पृथुमना इननामोंवाले छःपुत्रशश- विन्दुके कुल में राजा भये २० । २१ इनसबों में पुराणवेत्तालोग राजापृथुश्रवाकी अधिक प्रशंसा

वीमिमाम्। आजहाराश्वमेधानां शतमुत्तमधार्म्मिकः २३ तितिक्षुरभवत्पुत्र औशनः शत्रुतापनः। मरुत्तस्तस्यतनयो राजर्षीणामनुत्तमः २४ आसीन्मरुत्ततनयो वीरःकम्बलबर्हिषः। पुत्रस्तुरुक्मकवचोविद्वान् कम्बलबर्हिषः २५ निहत्यरुक्मकवचः परान्कवचधारिणः। धन्विनोविविधैर्बाणैरवाप्यपृथिवीमिमाम् २६ अश्वमेधेददौराजा ब्राह्मणेभ्यस्तुदक्षिणाम्। यज्ञेतुरुक्मकवचः कदाचित्परवीरहा २७ जज्ञिरेपञ्चपुत्रास्तु महावीर्याधनुर्भृताः। रुक्मेषुःपृथुरुक्मश्चज्यामघःपरिघोहरिः २८ परिघंचहरिंचैव विदेहेऽस्थापयत्पिता। रुक्मेषुरभवद्राजा पृथुरुक्मस्तदाश्रयः २९ तेभ्यःप्रव्राजितोराज्यात् ज्यामघस्तुतदाश्रमे। प्रशान्तश्चाश्रमस्थश्च ब्राह्मणेनावबोधितः ३० जगामधनुरादायदेशमन्यंध्वजीरथी। नर्म्मदांनृपएकाकी केवलंवृत्तिकानतः ३१ ऋक्षवन्तंगिरिंगत्वा भुक्तमन्यैरुपाविशत्। ज्यामघस्याभवद्भार्या चैत्रापरिणता सती ३२ अपुत्रोन्यवसद्राजा भार्यामन्यान्नविन्दत। तस्यासीद्विजयोयुद्धे तत्रकन्यामवाप्यसः ३३ भार्यामुवाचसन्त्रासात्स्नुषेयंतेशुचिस्मिते!। एवमुक्ताब्रवीदेनं कस्यचेयंस्नुषेतिच ३४ (राजोवाच) यस्तेजनिष्यतेपुत्रस्तस्य भार्याभविष्यति। तस्मात्सातपसाग्रेणकन्यायाःसम्प्रसूयत३५ पुत्रंविदर्भंसुभगाचैत्रा परिणतासती। राजपुत्र्यांचविद्वान्सस्नुषायांक्रथकैशिकौ। लोमपादं तृतीयन्तु पुत्रं परमधार्मिकम् ३६ तस्यां विदर्भोऽजनयच्छूरान् रणविशारदान्।

करते हैं इससुन्दरयज्ञ करनेवाले पृथुश्रवाके सुयज्ञनाम पुत्रहुआ २२ सुयज्ञके पृथ्वीकारक्षक उशनानामपुत्रहुआ उशनाधर्मज्ञने सौ अश्वमेधयज्ञ किये २३ उशनाकापुत्र शत्रुनाशक तितिक्षु हुआ उसके मरुत्तनाम उत्तमपुत्रहुआ २४ मरुत्तके कम्बल बर्हिष रुक्मकवचनाम बड़ा विद्वान् पुत्रहुआ—वहरुक्मकवच भी अपने शत्रुओं को जीत के और इसपृथ्वी को प्राप्तहोकर अश्वमेधयज्ञ करताभया उसयज्ञमें ब्राह्मणों को बहुतसी दक्षिणादी तब यज्ञमें से धनुषबाणधारी महापराक्रमी पांचपुत्र उत्पन्नहुए—पहला रुक्मेषु दूसरा पृथुरुक्म तीसरा ज्यामघ चौथा परिघ और पांचवांहरि यह पांचपुत्रहुए२५।२८ फिर पिताने परिघ और हरिनाम अपने दोपुत्रोंको विदेह देशमें स्थापित किया और रुक्मेषु और पृथुरुक्म इन दोनोंको उसीदेशके राजाकिये २९ और ज्यामघ अपनेसबकुटुंबसे विरक्तहो घरसेबाहर निकल प्रशान्त चित्तहोकर ब्राह्मणके सदुपदेश से बोधको प्राप्तहोताभया ३० फिर बोधितहो धनुषबाण धारणकर ध्वजासमेतवाले रथमें बैठ अकेलाही अपनी वृत्तिकी कामनासे नर्मदानदीके ऊपर किसीअन्यदेशमेंगया फिर ऋक्षवंतनाम पर्व्वतपैजाके दूसरेराजाओंसे युक्तहोके वहांही स्थितहोगया वहाँही इसज्यामघकी एक चैत्रानामवाली महाउत्तम सतीभार्य्याहुई३१।३२इसस्त्रीमें जब कोईपुत्र न हुआ तबभी इसने दूसरा विवाह नहींकिया फिर एकसमय यह राजायुद्धमें जीतकर एकउत्तम कन्याकोलाया ३३ और बड़े संत्राससे शीघ्रता पूर्व्वक अपनी स्त्रीसे यह वचनबोला कि यह हमारी पुत्रवधूहै स्त्रीने कहा किसके पुत्रकी वधूहै ३४ तबराजाने कहा कि जो तेरे पुत्र उत्पन्नहोगा उसकी यह भार्य्याहोवेगी तब उसकन्याके उग्रतपके प्रभावसे वह चैत्रानामरानी विदर्भनाम पुत्रको उत्पन्न करतीभई उसविदर्भके उसीराजपुत्रीमें क्रथ-कैशिक औरलोमपाद यहतीनउत्तमपुत्रहोतेभये२५।३६

लोमपादान्मनुःपुत्रोज्ञातिस्तस्यतुचात्मजः ३७ कैशिकस्यचिदिःपुत्रोतस्माच्चैद्यानृपाःस्मृताः। क्रथोविदर्भपुत्रस्तुकुन्तिस्तस्यात्मजोऽभवत् ३८ कुन्तेर्धृष्टःसुतोजज्ञेरणधृष्टःप्रतापवान्। धृष्टस्यपुत्रोधर्मात्मा निर्वृतिःपरवीरहा ३९ तदेकोनिर्वृतेःपुत्रो नाम्नासतुविदूरथः। दशार्हस्तस्यवैपुत्रोव्यामस्तस्यचवैस्मृतः। दाशार्हाच्चैवव्योमात्तुपुत्रोजीमूतउच्यते ४० जीमूतपुत्रोविमलस्तस्यभीमरथःसुतः। सुतोभीमरथस्यासीत्स्मृतोनवरथःकिल ४१ तस्यचासीद्दृढरथःशकुनिस्तस्यचात्मजः। तस्मात्करम्भःकारम्भिर्देवरातोबभूवह ४२ देवक्षत्रोऽभवद्राजा दैवरातिर्महायशाः। देवगर्भसमोजज्ञे देवनक्षत्रनन्दनः ४३ मधुर्नामहातेजा मधोःपुरवसस्तथा। आसीत्पुरवसःपुत्रःपुरुद्वान्पुरुषोत्तमः ४४ जन्तुर्जज्ञेथवैदर्भ्यांभद्रसेन्यांपुरुद्वतः। ऐक्ष्वाकीचाभवद्भार्य्या जन्तोस्तस्यामजायत ४५ सात्वतः सत्वसंयुक्तः सात्वतांकीर्तिवर्द्धनः। इमांविसृष्टिंविज्ञाय ज्यामघस्यमहात्मनः। प्रजावानेतिसायुज्यं राज्ञःसोमस्यधीमतः ४६ सात्वतान्सत्वसम्पन्नान् कौशल्यासुषुवेसुतान्। भजिनंभजमानन्तु दिव्यंदेवावृधंनृप! ४७ अन्धकञ्चमहाभोजं वृष्णिंचयदुनन्दनम्। तेषान्तुसर्गाश्चत्वारो विस्तरेणैवतच्छृणु ४८ भजमानस्यसृञ्जय्यांबाह्यकायाञ्चबाह्यकाः। सृञ्जयस्यसुतेद्वेतु बाह्यकास्तुतदाभवन् ४९ तस्यभार्य्येभगिन्यौद्वे सुषुवातेबहून्सुतान्। निमिञ्चकृमिलञ्चैव वृष्णिंपरपुरञ्जयम्। तेबाह्यकायांसृञ्जय्यां भजमानाद्विजज्ञिरे ५० यज्ञेदेवावृधोराजा बन्धूनांमित्रवर्द्धनः। अपुत्रस्त्वभवद्राजा चचारपरम

यह तीनों बड़े शूरवीर और प्रतापी हुए फिर लोमपाद के मनु नाम पुत्र हुआ उस मनु के ज्ञाति पुत्रहुआ ३७ कैशिकके चिदिनाम पुत्रहुआ चिदिके चैद्यनामवाले पुत्रराजा होतेभये-क्रथके कुन्ति नामपुत्रभया कुन्तिके धृष्टपुत्रहुआ वह धृष्ट बड़ाप्रतापी धर्मात्मा और रणमें शूरवीर होताभया-धृष्ट के निर्वृतिनाम पुत्रहुआ ३८।३९ निर्वृतिके विदूरथनाम पुत्रहुआ-विदूरथके दशार्ह पुत्रहुआ उसके व्योमपुत्र व्योमके जीमूतहोताभया ४० जीमूतके विमल पुत्रहुआ उसकेभीमरथ भीमरथके नवरथ ४१ नवरथके दृढरथ-उसके शकुनी तिसके करम्भ करम्भके देवरात-देवरातके बड़ायशी देवक्षत्र देवक्षत्रके देवनक्षत्रादिकोंका प्रसन्न करनेवाला मधुपुत्रहुआ-मधुके पुरूरवा पुत्रहुआ उसका पुत्र पुरुद्वान्-पुरुद्वानके भद्रसेनीनाम स्त्रीमें जन्तुनाम पुत्रहुआ उसजन्तुके इक्ष्वाकुवंशकी कन्यामें सात्वतनाम पुत्रहुआ वह सात्वत सतोगुणीहोकर सबयादवोंकी कीर्त्तिका बढ़ानेवालाहुआ जो इस ज्यामघ सोमवंशकी सृष्टिको सुनताहै वह सन्तानसेयुक्त होजाताहै ४२।४६ और कौशल्यानाम स्त्री सतोगुणी सात्वत संज्ञक पुत्रोंको उत्पन्न करती भई और भजिन-भजमान-उत्तम देवावृध ४७ अन्धक-महाभोज और वृष्णी इननामोंसे युक्त यदुवंशी राजा हुए उनके चार भेद हैं उनको भी विस्तारपूर्व्वक सुनो ४८ भजमानके सृंजा नामवाली और बाह्यानामवालीदोनों स्त्रियों में बाह्यक संज्ञक पुत्र उत्पन्नहुए-राजासृंजके दो पुत्रीहुईथीं वह दोनों बहिन उस भजमान राजाकी स्त्री हुई फिर वह सृंजा और बाह्यानामवाली दोनों स्त्रियां निमि-कृमिल-वृष्णि और पुरञ्जय इनचारपुत्रों को उत्पन्न करतीभई ४९।५० देवावृध राजा बन्धुओं के संग मित्रताका बढ़ानेवाला हुआ परन्तुपुत्र

न्तपः। पुत्रःसर्वगुणोपेतो ममभूयादितिस्पृहन् ५१ संयोज्यमन्त्रमेवाथ पर्णाशाजल
मस्पृशत्। तदोपस्पर्शनात्तस्य चकारप्रियमापगा ५२ कल्याणत्वान्नरपतेस्तस्मै सा
निम्नगोत्तमा। चिन्तयाथपरीतात्मा जगामाथविनिश्चयम् ५३ नाधिगच्छाम्यहं नारीं
यस्यामेवंविधःसुतः। जायेततस्माद्द्याहं भवाम्यथसहस्रशः ५४ अथभूत्वाकुमारी
साविभ्रतीपरमंवपुः। ज्ञापयामासराजानं तामियेषमहाव्रतः ५५ अथसानवमेमासि
सुषुवेसरितांवरा। पुत्रंसर्वगुणोपेतं बभ्रुन्देवावृधान्नृपात् ५६ अनुवंशेपुराणज्ञा गा
यन्तीतिपरिश्रुतम्। गुणान्देवावृधस्यापि कीर्त्तयन्तोमहात्मनः ५७ यथैवंशृणुमो
दूराद्पश्यामस्तथान्तिकात्। बभ्रुःश्रेष्ठोमनुष्याणां देवैर्देवावृधःसमः ५८ षष्टिश्च
पूर्वपुरुषाः सहस्राणिचसप्ततिः। एतेऽमृतत्वंसम्प्राप्ता बभ्रोर्देवावृधान्नृप! ५९ य
ज्वादानपतिर्वीरो ब्रह्मण्यश्चदृढव्रतः। रूपवान्सुमहातेजाः श्रुतवीर्य्यधरस्तथा ६०
अथकंकस्यदुहिता सुषुवेचतुरःसुतान्। कुकुरंभजमानञ्च शशिंकम्बलबर्हिषम् ६१ कु
कुरस्यसुतोवृष्णिर्वृष्णेस्तुतनयोधृतिः। कपोतरोमातस्याथ तैत्तिरिस्तस्यचात्मजः ६२
तस्यासीत्तनुजःपुत्रो सखाविद्वान्नलःकिल। ख्यायतेतस्यनाम्नास नन्दनोदरदुन्दुभिः ६३
तस्मिन्प्रवितते यज्ञे अभिजातःपुनर्वसुः। अश्वमेधंचपुत्रार्थमाजहारनरोत्तमः ६४ त

रहितथा फिर इसने इस विचारसे परम उत्तम तपकिया कि मेरे सम्पूर्ण गुणोंसेयुक्त पुत्रहोय ऐसी इच्छाकरके मंत्रको उच्चारण करके पर्णाशानदीके जलको स्पर्श करताभया तब उसजलके स्पर्श करनेसे वह नदी उसराजाके अभीष्टहितको चिन्तवन करतीभई ५१। ५३ और यह निश्चय किया कि जैसा मैं चाहती हूं वैसाही पुत्रहो परन्तु ऐसी स्त्रीको मैं कहीं नहीं देखती हूं इस हेतुसे हज़ारों प्रकार से होनेवाले भवमेंहीं हूंगी ५४ ऐसे विचारकर वह उत्तम कन्याका रूप धारणकर राजाको ज्ञान करातीभई उस समय महाव्रतवाले उसराजाने उस कन्याको देखा ५५ और परस्पर प्रीति युक्त दोनों होगये फिर नवें महीने में राजाके योगसे उस कन्यारूप नदी ने सर्व्व गुणयुक्त एक बभ्रु नाम पुत्र उत्पन्नकिया ५६ उस महात्मा देवावृध राजाके गुणों को पुराणवेत्ता पंडितलोग गान करते और वर्णनकरते हैं ऐसाहमने सुनाहै ५७ जैसे कि हम दूरसे उसके गुणोंको सुनतेथे उसीप्रकार अबहम समीपमें भी देखते हैं वह बभ्रु सब मनुष्यों में श्रेष्ठहुआ अर्थात् देवावृध केही समान हुआ ५८ देवावृधके पुत्र बभ्रुके प्रतापसे प्रथम कुलके सत्तरहज़ार साठ ७००६० मनुष्य मोक्षको प्राप्तहुए ५९ यह राजा बभ्रु यज्ञकरने वाला-दान देनेवाला शूरवीर, दृढव्रत रूपवान् सुन्दर महा तेजस्वी शास्त्रका सुनना और पराक्रम इन सबसे युक्त होताभया ६० इसके अनन्तर कंकराजाकी पुत्री इस बभ्रुके सकाशसे कुकुर १, भजमान २ शशि ३ और कंबलबर्हिष इन नामवाले चारपुत्रोंको उत्पन्न करतीभई ६१ कुकुरके वृष्णि नाम पुत्रहुआ वृष्णिके धृति पुत्रहुआ उसके, कपोतरोमा पुत्र भया कपोतरोमा के तैत्तिर पुत्रहुआ ६२ तैत्तिरके विद्वान् नलनाम पुत्रहुआ इसका नलनाम शंख-रूपी दुन्दुभियों से प्रसिद्धहुआ ६३ इसने यज्ञकिया तब इसके पुनर्वसुनाम पुत्र यज्ञमेंहुआ प्रथम यह राजापुत्रके निमित्त अश्वमेध यज्ञकरताभया तब इसके यज्ञमें तीनदिनके भीतर सभाके बीच

स्यमध्येत्रिरात्रस्य सभामध्यात्समुत्थितः। अतस्तुविद्वान्कर्मज्ञो यज्वादातापुनर्वसुः ६५ तस्यासीत्पुत्रमिथुनं बभूवाविजितंकिल। आहुकश्चाहुकीचैव ख्यातंमतिमतांवर! ६६ इमांश्चोदाहरन्त्यत्र श्लोकान्प्रतितमाहुकम्। सोपासङ्गानुकर्षाणां सध्वजानांवरूथिनाम् ६७ रथानांमेघघोषाणां सहस्राणिदशैवतु। नासत्यवादीनातेजा नायज्वानासहस्रदः ६८ नाशुचिर्नाप्यविद्वान् हियोभोजेष्वभ्यजायत। आहुकस्यभृतिंप्राप्ता इत्येतद्वैतदुच्यते ६९ आहुकश्चाप्यवन्तीषु स्वसारंचाहुकींददौ। आहुकात्काश्यदुहिता द्वौपुत्रौसमसूयत ७० देवकश्चोग्रसेनश्च देवगर्भसमावुभौ। देवकस्यसुतावीरा जज्ञिरेत्रिदशोपमाः ७१ देववानुपदेवश्च सुदेवोदेवरक्षितः। तेषांस्वसारःसप्तासन् वसुदेवायताददौ ७२ देवकीश्रुतदेवीच यशोदाचयशोधरा। श्रीदेवीसत्यदेवीच सुतापीचेतिसप्तमी ७३ नवोग्रसेनस्य सुताः कंसस्तेषान्तुपूर्वजः। न्यग्रोधश्चसुनामाच कंकःशंकुश्चभूयसः ७४ सुतन्तूराष्ट्रपालश्च युद्धमुष्टिःसुमुष्टिदः। तेषांस्वसारःपञ्चासन् कंसाकंसवतीतथा ७५ सुतन्तूराष्ट्रपालीच कंकाचेतिवरांगनाः। उग्रसेनःसहापत्यो व्याख्यातःकुकुरोद्भवः ७६ भजमानस्यपुत्रोऽथ रथिमुख्योविदूरथः। राजाधिदेवःशूरश्च विदूरथसुतोऽभवत् ७७ राजाधिदेवस्यसुतौ जज्ञातेदेवसम्मितौ। नियमव्रतप्रधानौ शोणाश्वःश्वेतवाहनः ७८ शोणाश्वस्यसुताःपञ्च शूरारणविशारदाः। शमीचवेदशर्माच निकुन्तःशक्रशत्रुजित् ७९

पुनर्वसु नाम पुत्रहुआथा इसीसे यह राजा पुनर्वसु बड़ा यज्ञ करनेवाला धर्मात्मा कर्मज्ञ और महा दाता होताभया ६४।६५ उस पुनर्वसुके आहुक और आहुकी नाम दोयुग्म पुत्र पुत्री उत्पन्नहुए ६६ अब इस आहुक राजाके यशको कहते हैं यह राजा ध्वजा रथआदि अंगोंसे युक्त सेना और मेघकेसमान शब्दकरनेवाले दशहजार रथोंसमेत सदैव रहताथा कभी असत्य नहीं बोलताथा तेजसे कभी हत नहींहुआ यज्ञके बिना कभी नरहा और कभी इसने हजार संख्यासे कमदान नहींदिया ६७।६८ मूर्खता रहित होकर सदैव पवित्ररहा ऐसा यह आहुक राजा भोज कुलमें उत्पन्न होताभया इससे पीछे आहुक आदिक वंश प्रसिद्धहुए ६९ इसआहुक ने अपनी आहुकी नाम बहिनको अवन्तिनाम राजासे विवाही और इसने काश्यनाम राजाकी पुत्रीमें ७० देवक और उग्रसेन नाम दोपुत्र उत्पन्न किये वह दोनों उत्तम देवताके गर्भकेसमान होतेभये देवकके भी महा उत्तम देवताओंके समान हैं देववान्–उपदेव–सुदेव–और देवरक्षित आदिक सात पुत्र और देवकी–श्रुतदेवी–यशोदा–यशोधरा श्रीदेवी सत्यदेवी और सुतापी यह सातपुत्री उत्पन्न होतीभईं और सातों वसुदेवजीको विवाहीगईं ७१।७२ उग्रसेनके कंस १ न्यग्रोध २ सुनामा ३ कंक ४ शकु ५ सुतन्तु ६ राष्ट्रपाल ७ और युद्धमुष्टि ८ सुमुष्टिद ९ इननामोंके नौ तो पुत्रहुए और पांचबहिन कंसा १ कंसवती २ सुतन्तू ३ राष्ट्रपाली ४ और कंका इननामोंवाली उत्पन्नहुईं यह मैंने कुकुर वंशमें होनेवाले उग्रसेनकी सन्तानका वर्णन करदिया ७४।७६ राजा भजमानके महारथी विदूरथ नाम पुत्रहुआ–विदूरथका शूरवीर पुत्र राजाधिदेवनाम विख्यात हुआ ७७ राजाधिदेवके देवताओं के समान नियम व्रतधारी शोणाश्व और श्वेतवाहन इन नामोंवाले दो पुत्रहुए ७८ शोणाश्व के रणमें महाशूरवीर शमी १

शमिपुत्रःप्रतिक्षत्रः प्रतिक्षत्रस्यचात्मजः। प्रतिक्षेत्रःसुतोभोजो हृदीकस्तस्यचात्मजः
८० हृदीकस्याभवन्पुत्रा दशभीमपराक्रमाः। कृतवर्माग्रजस्तेषां शतधन्वाचमध्यमः
८१ देवार्हश्चैवनाभश्च भीषणश्चमहाबलः। अजातोवनजातश्च कनीयककरम्भकौ
८२ देवार्हस्यसुतोविद्वान् जज्ञेकम्बलवर्हिषः। असमञ्जाःसुतस्तस्य तमोजास्तस्य
चात्मजः ८३ अजातपुत्राविक्रान्तास्त्रयःपरमकीर्त्तयः। सुदंष्ट्रश्चसुनाभश्च कृष्ण
इत्यन्धकास्मृताः ८४ अन्धकानामिमंवंशं यःकीर्तयतिनित्यशः। आत्मनोविपुलंवंशं
प्रजावानाप्नुतेनरः ८५॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणेसोमवंशेचतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ४४॥

(सूत उवाच।) गान्धारीचैवमाद्रीच वृष्णिभार्येबभूवतुः। गान्धारीजनयामास
सुमित्रंमित्रनन्दनम् १ माद्रीयुधाजितंपुत्रं ततोवैदेवमीढुषम्। अनमित्रंशिविञ्चैव
पञ्चमंकृतलक्षणम् २ अनमित्रसुतोनिघ्नो निघ्नस्यापितुद्वौसुतौ। प्रसेनश्चमहावीर्यः
शक्तिसेनश्चतावुभौ ३ स्यमन्तकःप्रसेनस्य.मणिरत्नमनुत्तमम्। पृथिव्यांसर्वरत्नानां
राजावैसोऽभवन्मणिः ४ हृदिकृत्वातुबहुशो मणिन्तमभियाचितम्। गोविन्दोऽपिनतं
लेभे शक्तोऽपिनजहारसः ५ कदाचिन्मृगयांयातः प्रसेनस्तेनभूषितः। यथाशब्दंसशु
श्राव बिलेसत्त्वेनपूरिते ६ ततःप्रविश्यसबिलं प्रसेनोऋक्षमैक्षत। ऋक्षःप्रसेनञ्चतथा
ऋक्षंचैवप्रसेनजित् ७ हत्वाऋक्षःप्रसेनन्तु ततस्तंमणिमाददात्। अदृष्टस्तुहतस्तेन

वेदशर्मा २ निकुंत ३ शक्र ४ और शत्रुजित् इन नामोंसे प्रसिद्ध पांच पुत्रहुए ७९ शमीके प्रतिक्षत्र पुत्रहुआ--प्रतिक्षत्र के प्रतिक्षेत्रहुआ उसकापुत्र भोज संज्ञक हृदीकहुआ ८० हृदीकके महापराक्रमी दशपुत्रहुए उनमें बड़ाकृतवर्मा हुआ बिचला शतधन्वा हुआ ८१ और देवार्ह-नाभ-भीषण-महाबल-अजात-वनजात-कनीयक और करंभक इननामोंवाले शेष आठहुए—देवार्हके कंबलवर्हिष संज्ञकबड़ा विद्वान् पुत्रहुआ उसका पुत्र असमंजाहुआ असमंजाका पुत्रतमोजाहुआ ८२।८३अजातकेबड़ेकीर्त्ति प्रतापवाले सुदंष्ट्र-सुनाभ-और कृष्ण यहतीनों पुत्र अंधकसंज्ञक हुए ८४ इन अन्धकों के बंशका जो नित्य कीर्तन करेगा वह बहुत से वंशसे युक्त होगा और प्रजावान् कहलावेगा ८५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसोमवंशेचतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ४४॥

सूतजी बोले—गान्धारी और माद्री यह दो स्त्रियां वृष्णिकी होती भईं गान्धारीके मित्रों का आनन्द करनेवाला सुनन्दनामपुत्रहुआ १ माद्रीके युधाजित १ देवमीढुष २ अनमित्र ३ शिवि ४ और कृतलक्षण यह पांच पुत्र हुए २ अनमित्रके निघ्ननामपुत्रहुआ निघ्नके महापराक्रमी प्रसेन और शक्तिसेन जो सत्राजित नामसे भी प्रसिद्ध था यह दो पुत्रहुए ३ प्रसेन के घरमें स्यमन्तक नाममहाउत्तम मणिथी वह मणिपृथ्वी के सबरत्नों में श्रेष्ठ प्रसिद्धथी और वह राजाभी सबसे उत्तमहुआ ४ वह राजा उस मणिको सदैव अपने हृदयमें पहरता था उस मणिको श्रीकृष्णजी ने भी बहुत बार मांगी परन्तु उनको भी न मिली यद्यपि श्रीकृष्णजी समर्थ थे तथापि इन्होंने छीनकरनली ५किसी समय यह प्रसेनमणिकोपहरकर आखेट को गया था वहां यह प्रसेन किसी जीवों से पूरित गुफा में शब्दसुनताभया तब यह उसगुफामें जाकर जो देखने लगा तब वहां एकरीछ को देखा उस रीछसे

अन्तर्विलगतस्तदा ८ प्रसेनन्तुहतंज्ञात्वा गोविन्दःपरिशङ्कितः। गोविन्देनहतोव्यक्तं
प्रसेनोमणिकारणात् ६ प्रसेनस्तुगतोऽरण्यं मणिरत्नेनभूषितः। अपश्यन्भ्रातरंभ्राता
सत्राजित्पर्य्यतप्यत १० प्रायःकृष्णेननिहतः मणिग्रीवोवनंगतः ११ अथदीर्घेणका-
लेन मृगयांनिर्गतःपुनः। यदृच्छयाचगोविन्दो विलस्याभ्यासमागमत् १२ तंदृष्ट्वातु
महाशब्दं सचक्रेऋक्षराड्बली। शब्दंश्रुत्वातुगोविन्दः खड्गपाणिःप्रविश्यसः १३
अपश्यज्जाम्बवन्तंतं ऋक्षराजंमहाबलम्। ततस्तूर्णंहृषीकेशस्तमृक्षपतिमञ्जसा १४
जाम्बवन्तंसजग्राह क्रोधसंरक्तलोचनः। तुष्टावैनंतदाऋक्षः कर्मभिर्वैष्णवैःप्रभुम् १५
ततस्तुष्टस्तुभगवान् वरेणैनमरोचयत्। (जाम्बवानुवाच) इच्छेचक्रप्रहारेण त्वत्तो
ऽहंमरणंप्रभो! १६ कन्याचेयंममशुभा भर्तारंत्वामवाप्नुयात्। योऽयंमणिःप्रसेनन्तु
हत्वाप्राप्तोमयाप्रभो! १७ ततःसजाम्बवन्तंतं वैहत्वाचक्रेणवैप्रभुः। कृतकर्मामहा
बाहुः सकन्यंमणिमाहरत् १८ ददौसत्राजितायैनं सर्वसात्वतसंसदि। तेनमिथ्याप
वादेनसन्तप्तायेजनार्दने १६ ततस्तेयादवाःसर्वेवासुदेवमथाब्रुवन्। अस्माकन्तुमति
र्ह्यासीत्प्रसेनस्तुत्वयाहतः २० कैकेयस्यसुताभार्या दशसत्राजितःशुभाः। तासूत्प

प्रसेन युद्ध करनेलगा परन्तु युद्धमें उस रीछने प्रसेनको मारडाला और मणिको लेकर वह रीछ अपने बिलमें जाकर गुप्तहोगया और प्रसेन का मरना प्रसिद्ध हुआ ६।८ तब प्रसेन को मराहुआ जानके श्रीकृष्णजी को शंकाहुई और यहभी किसी २ ने प्रसिद्ध किया कि मणिके कारण से श्रीकृष्णजी ने प्रसेन को मारकर मणिलेली यह दोष लगाकि ९ उस मणिरत्नसे भूषित होकर प्रसेनवनमें गया था सो अवश्य उसको श्रीकृष्णजीनेही माराहोगा यह शोच प्रसेन के भाई सत्राजित्ने क्रिया कि मणिपहरकर गया था इसको श्रीकृष्णनेही मारकर मणिली है १०। ११ इसके अनन्तर कुछदिन पीछे श्रीकृष्णजी भी आखेट करनेको वनमें गये वहां श्रीकृष्णजी अपनी इच्छापूर्वक उस रीछके बिलके समीप चले गये १२ तब वह रीछ इन श्रीकृष्ण जी को भी देखकर शब्द करने लगा उसशब्दको सुनकर श्रीकृष्णजी हाथमें खड्गलेकर बिलके भीतर प्रवेशकरगये १३ और वहां जाकर उससबरीछोंकेराजा जाम्बवन्तको देखतेभये और बड़ीशीघ्रतासे विष्णुभगवान् श्रीकृष्णजीने अपने बलपराक्रमसे उसरीछको पकड़ा और महाक्रोधसे रक्तनेत्र करतेभये उससमय उसजाम्बवन्त ने बड़े सत्कार और वैष्णवी पूजनसे श्रीकृष्णजीको प्रसन्नकिया १४। १५ तब श्रीकृष्णजी प्रसन्न होकर उसको वरदेनेकोबोले उससमय जाम्बवन्तनेकहा हेप्रभो मैंआपके सुदर्शनचक्रसे मराचाहताहूं और अपनीकन्या आपके अर्पण करताहूं और मैंनेही प्रसेनको मारकर इसमणिको लियाहै १६।१७ इसके अनन्तर वह श्रीकृष्णचन्द्रजी उस ऋक्षपति जाम्बवन्तकोअपने सुदर्शनचक्रसे मारतेभयेफिर सबकार्य्य सिद्धकर उसमणिसमेत जाम्बवन्तकीकन्या जाम्बवतीको लेआतेभये १८ फिरश्रीकृष्णजी सबयादवोंकी सभामें आकर वह मणिसत्राजितको देतेभये फिर उसमिथ्या अभिशापसे जो श्रीकृष्ण जीके ऊपर दुखितहोरहेथे वह सबयादव श्रीकृष्णजी से कहनेलगे कि हम सबको तो यही निश्चय होरहाथा कि प्रसेन को आपनेही माराहै १९। २० परन्तु यह आपपर दोष मिथ्यालगाथा अपराध

न्नाःसुतास्तस्य सर्वलोकेषुविश्रुताः २१ ख्यातिमन्तोमहावीर्य्या भङ्गकारस्तुपूर्वजः। अ
थव्रतवतीतस्माद्भङ्गकारात्तुपूर्वजात् २२ सुषुवेसुकुमारीस्तुतिस्रःकमललोचनाः। सत्य
भामावराखीणां व्रतिनीचदृढव्रता २३ तथापद्मावतींचैव ताश्चकृष्णायसोऽददात् २४
अनमित्रात्शिनिर्जज्ञे कनिष्ठाद्वृष्णिनन्दनात्। सत्यवांस्तस्यपुत्रस्तु सात्यकिस्तस्य
चात्मजः २५ सत्यवान्युयुधानस्तु शिनेर्नप्ताप्रतापवान्। असङ्गोयुयुधानस्य द्युम्निस्त
स्यात्मजोऽभवत्। द्युम्नेर्युगन्धरःपुत्रइतिशैन्याःप्रकीर्त्तिताः २६ अनमित्रान्वयोह्येषव्या
ख्यातोवृष्णिवंशजः। अनमित्रस्यसंजज्ञे पृथ्व्यांवीरोयुधाजितः २७ अन्यौतुतनयौवी
रौवृषभःक्षत्रएवच। वृषभःकाशिराजस्य सुतांभार्यामविन्दत २८ जयन्तस्तुजयन्त्यान्तु
पुत्रःसमभवच्छुभः। सदायज्ञोऽतिवीरश्च श्रुतवानतिथिप्रियः २९ अक्रूरःसुषुवेतस्मात्
सदायज्ञोऽतिदक्षिणः। रत्नाकन्याचशैव्यस्यअक्रूरस्तामवाप्तवान् ३० पुत्रानुत्पादयामा
स एकादशमहाबलान् ३१ उपलम्भःसदालम्भो वृकलोवीर्य्यएवच। सिरीततोमहाप
क्षः शत्रुघ्नोवारिमेजयः ३२ धर्म्मभृद्धर्मवर्माणौ धृष्टमानस्तथैवच। सर्वेचप्रतिहोतारो
रत्नायांजज्ञिरेचते ३३ अक्रूराद्ग्रसेनायां सुतौद्वौकुलवर्द्धनौ। देववानुपदेवश्च जज्ञाते
देवसन्निभौ ३४ अश्विन्यांचतत पुत्राःपृथुर्विपृथुरेवच। अश्वत्थामासुबाहुश्च सुपार्श्व
कगवेषणौ ३५ वृष्टिनेमिःसुधर्माच तथाशर्यातिरेवच। अभूमिर्वज्रभूमिश्चश्रमिष्ठः

क्षमाकीजिये-केकय राजाकी दशपुत्रीथीं वह दशों सत्राजित्की भार्य्याहोतीभई उन स्त्रियोंसेउत्पन्न हुए पुत्र संसार में विख्यात महापराक्रमवाले होतेभये उनमें ज्येष्ठपुत्र भंगकारथा उसभंगकार की सत्यभामा—दृढव्रता और पद्मावती यह तीनमहासुन्दर कन्याथीं यह तीनों सबस्त्रियोंमें श्रेष्ठव्रतवाली हुईं और तीनों में अधिक उत्तम सत्यभामाथी सत्राजित्ने इन तीनों अपनी कन्याओं को श्रीकृष्ण के प्रसन्न करनेके अर्थ उनकेही संग विवाहदीं—वृष्णि के छोटेभाई अनमित्र के शिनिनामपुत्रहुआ उसकापुत्र सत्यवान् और सत्यवान्का सात्यकिहुआ और शिनिके पौत्र सत्यवान् और युयुधान यह दोनों अत्यन्त प्रतापवान् हुए युयुधानका पुत्र असंगहुआ असंगका पुत्र द्युम्निहुआ २१। २५ द्युम्नि के युगंधर पुत्र हुआ इसप्रकार से शिनिके वंशके पुरुषवर्णन करे हैं २६ यह वृष्णिवंशमें अनमित्रका कुलकहा है—अनमित्र के युधाजितपुत्र इसपृथ्वीपर बड़ाशूरवीर हुआ और बाकीवृषभ और क्षत्र यह दोपुत्रहुए वृषभको काशीके राजाकी पुत्री विवाही २७। २८ इस जयन्ती नामवाली स्त्री में इसका जयन्तनाम पुत्र सदैव यज्ञकरनेवाला और शूरवीर होताभया २९ इस जयन्तका पुत्र बड़ा याज्ञिक अक्रूर उत्पन्नहुआ शैव्यनाम राजाकी रत्नानाम कन्यासे अक्रूरका विवाहहुआ उसरत्ना स्त्रीमें अक्रूरने ग्यारह पुत्र उत्पन्न किये ३० उनकेनाम उपलंभ—सदालंभ—वृकल—वीर्य—सिरी—महापक्ष शत्रुघ्न—वारिमेजय धर्मभृत् धर्मवर्मा और धृष्टमान प्रसिद्धहैं ३१। ३२ और इसी अक्रूर के देववान् और उपदेव यह दोनोंपुत्र उग्रसेना नाम स्त्रीसे उत्पन्नहुए यह दोनों देवताओं के समान सुन्दर थे ३४ इनके सिवाय अक्रूरकी अश्विनी नाम स्त्रीमें पृथु—विपृथु—अश्वत्थामा—सुबाहु—सुपार्श्वक—गवेषण—वृष्टिनेमि—सुधर्मा—शर्य्याति—अभूमि—वज्रभूमि—श्रमिष्ठ और श्रवण यह सब पुत्र

श्रवणस्तथा ३६ इमांमिथ्याभिशस्तियो वेदकृष्णादपोहिताम्। नसमिथ्याभिशापेन अभिशाप्योऽथकेनचित् ३७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे पञ्चचत्वारिंशोऽध्यायः ४५॥

(सूत उवाच)ऐक्ष्वाकीसुषुवेशूरं ख्यातमद्भुतमीढुषम्।पौरुषाज्जज्ञिरेशूरात् भोजायां पुत्रकादश १ वसुदेवोमहाबाहुः पूर्वमानकदुन्दुभिः। देवमार्गस्ततोजज्ञे ततोदेवश्रवाः पुनः २ अनाधृष्टिः शिनिश्चैव नन्दश्चैवसमृञ्जयः। श्यामःशमीकःसंयूपः पञ्चचास्य सुतास्तथा३श्रुतकीर्तिः पृथाचैव श्रुतदेवीश्रुतश्रवाः। राजाधिदेवीचतथा पञ्चैतावीरमातरः४कृतस्यतुश्रुतादेवी सुग्रहंसुषुवेसुतम्। कैकय्यांश्रुतकीर्त्यान्तु जज्ञेसोऽनुव्रतोनृपः५ श्रुतश्रवसिचैद्यस्य सुनीथःसमपद्यत। वार्षिकोधर्मशारीरः सबभूवारिमर्दनः ६ अथसख्येनवृद्धेऽसौ कुन्तिभोजेसुतांददौ। एवंकुन्तीसमाख्याता वसुदेवस्वसापृथा७ वसुदेवेनसादत्ता पाण्डोर्भार्य्याह्यनिन्दिता। पाण्डोरर्थेनसाजज्ञे देवपुत्रान्महारथान् ८ धर्मोद्युधिष्ठिरोजज्ञे वायोर्जज्ञेवृकोदरः। इन्द्राद्धनञ्जयश्चैव शक्रतुल्यपराक्रमः ९ माद्रवत्यांतु जनितावश्विभ्यामितिशुश्रुमः। नकुलःसहदेवश्च रूपशीलगुणान्वितौ १० रोहिणी पौरवीसातु ख्यातमानकदुन्दुभेः। लेभेज्येष्ठंसुतंरामं सारणञ्चसुतम्प्रियम् ११ दुर्दम

भी अक्रूरके होतेभये जो मिथ्याचोरी मणिके कारणसे श्रीकृष्णजीकोलगी वह श्रीकृष्णने जाम्बवान्को मारकर दूरकरी इस मिथ्याभिशस्ति को जो सुने वा सुनावे वह मिथ्या चोरी के अभिशाप से कभी ग्रसित न होगा ३५। ३७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायां पंचचत्वारिंशोऽध्यायः ४५॥

सूतजी बोले–कि इक्ष्वाकु राजाकीपुत्री ऐक्ष्वाकी पौरुषके सकाशसे शूरसंज्ञक पुत्रको उत्पन्नकरती भई शूरसे भोजास्त्री में वसुदेव–देवमार्ग देवश्रवा–अनाधृष्टि–शिनि–नन्दन–सृंजय–श्याम–शमीक और संयूप यह दश तो बलपराक्रमवाले पुत्र उत्पन्नहुए और श्रुतकीर्त्ति–पृथा–श्रुतदेवी –श्रुतश्रवा और राजाधिदेवी यह पांचपुत्री होतीभई यह पांचोंवीरों की माता होतीभई १। ४ कृतराजाकापुत्र श्रुतदेवी स्त्रीसे सुग्रहनामहुआ कैकयराजाकी स्त्री श्रुतकीर्त्तिके अनुव्रत राजाहुआ ५ चैद्यराजाकी स्त्री श्रुतश्रवाके सुनीथपुत्रहुआ यह राजा प्रतिवर्ष के शरीर संबंधी धर्मोंकाकर्त्ता और शत्रुओंका नाशकरनेवाला होताभया ६ इसके अनन्तर यह राजा शूर अपनी पृथानामपुत्री को मित्रभाव से वृद्धावस्थावाले राजाकुन्तिभोज के अर्थ पुत्री करके गोद देताभया इसी हेतुसे यह पृथा वसुदेव की बहिन कुन्तीभी कहाती है फिर उसकुन्ती को वसुदेव ने राजापांडु को विवाहदी फिर पांडुके योग से यह कुन्ती पांचशूरवीर पुत्रोंको उत्पन्नकरती भई ७। ८ इसकुन्ती के धर्मके प्रभाव से तो युधिष्ठिरहुआ–वायुके योगसे भीमसेन हुआ–इन्द्र के प्रभावसे इन्द्रकेही समान पराक्रमवाला अर्जुन जन्मा ९ और माद्री में अश्विनीकुमारों के प्रभावसे नकुल और सहदेव यह दोपुत्र रूप गुण शील और पराक्रम युक्तहोतेभये १० वसुदेवकी स्त्री पुरुवंशमें प्रसिद्ध होनेवाली जो रोहिणी नामथी उसके बड़ेपुत्रबलदेवजी हुए और इनके छोटेभाई सारण–दुर्द्दम–दमन–सुभ्रु–पिंडारक–और महाहनु यह छः उत्पन्न

न्दमनंसुभ्रुं पिण्डारकमहाहनू। चित्राख्यौद्वेकुमार्य्यौतु रोहिण्याञ्जज्ञिरेतदा १२ देव
क्यांजज्ञिरेशौरेः सुषेणःकीर्तिमानपि। उदासीभद्रसेनश्च ऋषिवासस्तथैवच। षष्ठोभद्र
विदेहश्च कंसःसर्वानघातयत् १३ प्रथमाथाश्रमावास्या वार्षिकीतुभविष्यति। तस्यां
जज्ञेमहाबाहुः पूर्वं कृष्णःप्रजापतिः १४ अनुजात्वभवत्कृष्णात् सुभद्राभद्रभाषिणी। दे
वक्यान्तुमहातेजा जज्ञेशूरोमहायशाः १५ सहदेवस्तुताम्रायां जज्ञेशौरिःकुलोद्वहः। उ
पासंगधरंलेभे तनयंदेवरक्षिता। एकांकन्याञ्चसुभगां कंसस्तामभ्यघातयत् १६ विज
यंरोचमानञ्च वर्द्धमानन्तुदेवलम्। एतेसर्वेमहात्मानो ह्युपदेव्याःप्रजज्ञिरे १७ अवगा
होमहात्पाच वृकदेव्यामजायत। वृकदेव्यांस्वयंजज्ञे नन्दकोनामनामतः १८ सप्तमंदे
वकीपुत्रं मदनंसुषुवेनृप!। गवेषणंमहाभागं संग्रामेष्वपराजितम् १९ श्रद्धादेव्याविहा
रेतु वनेहिविचरन्पुरा। वैश्यायामदधात्शौरिः पुत्रंकौशिकमग्रजम् २० सुतनूरथराजीच
शौरेरास्तांपरिग्रहौ। पुण्ड्रश्चकपिलश्चैव वसुदेवात्मजौबलौ २१ जरानामनिषादोऽभू
त् प्रथमःसधनुर्धरः। सौभद्रश्चभवश्चैव महासत्वौबभूवतुः २२ देवमार्गसुतश्चापि ना
म्नासावुद्धवःस्मृतः। पण्डितंप्रथमंप्राहु र्देवश्रवःसमुद्भवम् २३ ऐक्ष्वाक्यलभतापत्यम
नाधृष्टेर्यशस्विनी। निर्धूतसत्वंशत्रुघ्नं श्राद्धस्तस्मादजायत २४ करूषायानपत्याय कृष्ण
स्तुष्टसुतन्ददौ। सुचन्द्रन्तुमहाभागं वीर्य्यवन्तम्महाबलम् २५ जाम्बवत्याःसुतावेतौ

हुए इनपुत्रोंके सिवाय इस रोहिणीकी बड़ी सुन्दररूपवाली दोकन्याभी उत्पन्न होतीभईं ११।१२
और वसुदेवजीकी दूसरी देवकीनाम स्त्रीके सुषेण-कीर्त्तिमान्-उदासी-भद्रसेन-ऋषिवास और भद्र
विदेह यह छः पुत्रहुए इनसबको जन्मतेही कंसने मारडाला १३ संवत्सरकी पहली अमावास्या
जो वैशाखमें होतीहै उस पूर्व्वकल्पमें प्रजापति श्रीकृष्णजी उत्पन्नहुए १४ यह पुराणोंमें कल्पभेद
से लिखाहै नहीं तो श्रीमद्भागवतमें भाद्रपद कृष्णा अष्टमीको श्रीकृष्णजीका जन्महै-श्रीकृष्णजीके
पीछे सुन्दररूप गुण और मृदुभाषिणी उनकी छोटी वहिन सुभद्रा उत्पन्नहुई यह सब सन्तान वसु
देवजीने देवकीमें उत्पन्नकीं १५ और वसुदेवजीने अपनी ताम्रास्त्रीमें सहदेवनाम पुत्रको उत्पन्न
किया इसकेपीछे उपासंगनाम पुत्रहुआ और एक कन्याभी उत्पन्नहुई उसकोभी कंसने मारा १६
वसुदेवकी उपदेवी स्त्रीमें रोचमान वर्द्धमान और देवल यह तीनपुत्र उत्पन्नहुए और वसुदेवकी वृक
देवी स्त्रीमें महात्मा अवगाह और नन्दकनाम पुत्रहुए १७।१८ फिर वसुदेवजीने देवकी स्त्री में
सातवाँपुत्र मदन उत्पन्न किया और श्रद्धादेवी में वसुदेवजीके योगसे युद्धमें विशारद गवेषण नाम
पुत्रहुआ-पूर्व्वमें वसुदेव जीने वैश्यजातिकी स्त्रीमें बड़ापुत्र कौशिकनाम उत्पन्न किया २० औरसु
तनु और रथराजी इन दोनों वसुदेवकी स्त्रियोंमें पुंड्र और कपिलनाम दोपुत्रहुए २१ इनमें पहला
जरानामसे प्रसिद्ध निषाद जाति संज्ञक धनुषधारी हुआ-इनके पीछे उसी वैश्या स्त्रीमें सौभद्र और
भव यह दो पुत्रहुए २२ देवमार्गका पुत्र उद्धव नामसे विख्यातहुआ इस उद्धवको बड़ाउत्तम पण्डित
कहते हैं २३ अनाधृष्टि के इक्ष्वाकु पुत्री में शत्रुघ्न नाम पुत्रहुआ उसका श्राद्ध नाम पुत्रहुआ २४
और करूष राजाके कोई सन्तान न थी उसको श्रीकृष्णने महा बलवान् चन्द्रनाम पुत्रदिया २५श्री

द्यौचसत्कृतलक्षणौ। चारुदेष्णश्चसाम्बश्च वीर्य्यवन्तौमहाबलौ २६ तन्तिपालश्च तन्तिश्चनन्दनस्यसुतावुभौ। शमीकपुत्राश्चत्वारो विक्रान्ताःसुमहाबलाः। विराजश्च धनुश्चैव श्याम्यश्चसृञ्जयस्तथा २७ अनपत्योऽभवच्छ्यामः शमीकस्तुवनंययौ। जुगुप्समानोभोजत्वं राजर्षित्वमवाप्तवान् २८ कृष्णस्यजन्माभ्युदयं यःकीर्तयतिनित्यशः। शृणोतिमानवोनित्यं सर्वपापैःप्रमुच्यते २९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेसोमवंशेषट्चत्वारिंशोऽध्यायः ४६॥

(सूतउवाच) अथदेवोमहादेवः पूर्वंकृष्णःप्रजापतिः। विहारार्थंसदेवेशो मानुषेष्विहजायते १ देवक्यांवसुदेवस्य तपसापुष्करेक्षणः। चतुर्बाहुस्तदाजातो दिव्यरूपोज्ज्वलन्श्रिया २ श्रीवत्सलक्षणंदेवं दृष्ट्वादिव्यैश्चलक्षणैः। उवाचवसुदेवस्तं रूपंसंहरवैप्रभो! ३ भीतोऽहंदेव! कंसस्य ततस्त्वेतद्ब्रवीमिते। ममपुत्राहतास्तेन ज्येष्ठास्तेभीमविक्रमाः ४ वसुदेववचःश्रुत्वा रूपंसंहरतेऽच्युतः। अनुज्ञाप्यततःशौरिं नन्दगोपगृहेऽनयत् ५ दत्त्वैनंनन्दगोपस्य रक्ष्यतामितिचाब्रवीत्। अतस्तुसर्वकल्याणं यादवानां भविष्यति ६ (मुनय ऊचुः) कएषवसुदेवस्तु देवकीचयशस्विनी। नन्दगोपश्चकस्त्वेषयशोदाचमहाव्रता ७ योविष्णुंजनयामास यञ्चतातेत्यभाषत। यागर्भंजनयामासया चैनंत्वभ्यवर्द्धयत् ८ (सूत उवाच) पुरुषःकश्यपस्त्वासीददितिस्तुप्रियास्मृता। ब्रह्म

कृष्णजीके जाम्ववती स्त्रीमें महाबलवाले चारुदेष्ण और सांब यह पुत्रहुए २६ नन्दनके तन्तिपाल और तन्ती यह दो पुत्रहुए-शमीकके विराज-धनु-श्याम्य-और सृंजय यह चार पुत्रहुए २७ श्याम्य के कोई सन्तान नहीं हुई और शमीक वनमें चलागया वहाँ जाकर भोजकुलको गुप्तकरके राजऋषि होताभया २८ इसप्रकारसे उत्पन्न होनेवाले श्रीकृष्णचन्द्रके कुटुम्बका जो प्रतिदिन कीर्त्तन करेगा अथवा सुनेगा वह सब पापोंसे छूटकर स्वर्गवास करेगा २९॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसोमवंशेषट्चत्वारिंशोऽध्यायः ४६॥

सूतजीबोले-महान्देव श्रीपरमात्मा प्रजाकेपति पहले श्रीकृष्णरूपसे क्रीडाके निमित्त उत्पन्न होतेभये १ यह श्रीकृष्णजी वसुदेवके तपके प्रभावसे देवकीके गर्भसे कमलनेत्र दिव्यरूप शोभायमान चारभुजाधारी श्रीवत्सादि लक्षणों समेत उत्पन्नहुए-उससमय वसुदेवने हाथजोड़कर इनसे कहा कि हे विभो आप इसरूपको गुप्तकरलो २। ३ हे देव मैंने कंससे भयभीतहोकर आपसे कहा है आपके बड़े छः भाई इसकंसने मारडाले हैं ४ वसुदेवके इसवचनको सुन श्रीकृष्णजी अपने रूपको गुप्तकरके वसुदेवजीसे शिक्षापूर्व्वक यह वचनबोले कि मुझको नन्दजीके घरलेचलो ५ इसके पीछे वसुदेवजी इनको नन्दजीके सुपुर्दकरके यह वचनकह आये कि आपइसकी रक्षा अपनेही बालक के समान करना इससे सब यादवोंका कल्याणहोगा ६ मुनिजनोंने पूछा कि हे सूतजी वह वसुदेव कौनथे और वह उसकी स्त्री देवकी कौनथी नन्दगोप और यशोदा कौनथे ७ क्योंकि जिन्होंने विष्णु भगवान्‌को पुत्रकिया और विष्णु भगवान् जिनको पिता माता कहकर बोलतेभये इन विष्णुजीको देवकीने गर्भमें धारणकिया और यशोदाने बालचरित्रोंको देखा और बड़े प्रेमसे पालनकिया ८ सूत

एः कश्यपस्त्वंशः पृथिव्यास्त्वदितिस्तथा ९ अथकामान्महाबाहुर्देवक्याःसमपूरयत्।
येतयाकांक्षितानित्यमजातस्यमहात्मनः १० सोऽवतीर्णोमहादेवः प्रविष्टोमानुषींतनुम्।
मोहयन्सर्वभूतानि योगात्मायोगमायया ११ नष्टेधर्मेतथाजज्ञेविष्णुर्वृष्णिकुलेप्रभुः।
कर्तुंधर्म्मस्यसंस्थानमसुराणांप्रणाशनम् १२ रुक्मिणीसत्यभामाच सत्यानाग्नजिती
तथा। सुभामाचतथाशैव्या गान्धारीलक्ष्मणातथा १३ मित्रविन्दाचकालिन्दीदेवीजा
म्बवतीतथा। सुशीलाचतथामाद्री कौशल्याविजयातथा। एवमादीनिदेवीनांसहस्राणि
चषोडश १४ रुक्मिणीजनयामास पुत्रंरणविशारदम्। चारुदेष्णंरणेशूरं प्रद्युम्नञ्च
महाबलम् १५ सुचारुंभद्रचारुंच सुदेष्णंभद्रमेवच। परशुञ्चारुगुप्तञ्च चारुभद्रंसु
चारुकम्। चारुहासंकनिष्ठञ्च कन्यांचारुमतींतथा १६ जज्ञिरेसत्यभामायां भानुर्भ्र
मरतेक्षणः। रोहितोदीप्तिमांश्चैव ताम्रश्चक्रोजलन्धमः १७ चतस्रोजज्ञिरेतेषां स्वसार
स्तुयवीयसीः। जाम्बवत्याःसुतोजज्ञे साम्बःसमितिशोभनः १८ मित्रवान्मित्रविन्द
श्च मित्रविन्दावरांगना। मित्रबाहुःसुनीथश्च नाग्नजित्याःप्रजाहिसा १९ एवमादीनि
पुत्राणांसहस्राणिनिबोधत। अशीतिश्चसहस्राणिवासुदेवसुतास्तथा। लक्षमेकंतथाप्रो
क्तं पुत्राणाञ्चद्विजोत्तमाः २० उपासंगस्यतुसुतौ वज्रःसंक्षिप्तएवच। भूरीन्द्रसेनोभूरि
श्च गवेषणसुतावुभौ २१ प्रद्युम्नस्यतुदायादोवैदर्भ्यांबुद्धिसत्तमः। अनिरुद्धोरणेरुद्धो

जी बोले प्रथम कश्यपजी पुरुषथे और उनकीस्त्री अदितिथी वह कश्यपजी ब्रह्माजीके अंशसे हुए और अदिति पृथ्वीके अंशसेहोतिभई ९ इसके अनन्तर जब अदितिरूप देवकीने जो२मनोरथ विचारेथे उनसबकामनाओंको विष्णु भगवान्ने पूरण किया १० वह विष्णुजी पृथ्वीपर मनुष्य शरीरमें अवतार धारणकर अपनी योगमायासे सब प्राणियोंको मोहतेभये ११ इसका वृत्तान्त यहहै कि जब पृथ्वीपर धर्मनष्टहोगया और असुरोंकी वृद्धिहोगई उससमय विष्णुधर्मकी स्थिति और असुरोंके नाशकरने के निमित्त इसपृथ्वीपर वृष्णिकुलमें आकर जन्मलेतेभये १२ इनश्रीकृष्णजीकी रुक्मिणी-सत्यभामा-सत्या-नाग्नजिती-सुभामा शैव्या गान्धारी-लक्ष्मणा १३ मित्रविन्दा कालिन्दी जाम्बवती-सुशीला-माद्री-कौशल्या-और विजया इनसब मुख्यस्त्रियोंको आदिले सोलहहज़ार स्त्रियांथीं१४रुक्मिणीस्त्रीके रणमेंश्रेष्ठ चारुदेष्ण और महाबलवान् उत्तम पुत्र प्रद्युम्न१५सुचारु-भद्रचारु-सुदेष्ण-भद्र-परशु-चारुगुप्त-चारुभद्र-सुचारुक-और चारुहास यहसबपुत्रउत्पन्नहुए औरचारुमतीनाम एककन्याभी उत्पन्नहोतीभई१६ सत्यभामाकेभानु-भ्रमरतेक्षण-रोहित-दीप्तिमान् ताम्र चक्र-औरजलन्धम-यहसातपुत्रहुए१७ औरइनसबसे छोटीचार बहिनभी इनकी उत्पन्नहोतीभईं-जाम्बवतीके सभाका शोभितकरनेवाला सांबनामपुत्र उत्पन्नहोताभया१८मित्रविन्दाके मित्रवान् औरमित्रविन्द यहदोपुत्रहुए-नाग्नजितीकेमित्रबाहु औरसुनीथयहदोपुत्रहोतेभये१९इत्यादिनामवाले श्रीकृष्णकेअस्सी८०हजारपुत्रउत्पन्नहोतेभये-हेद्विजोत्तमलोगो इनश्रीकृष्णजीके पुत्रोंकीसंख्या१८००००होतिभई२०उपासंगके वज्र औरसंक्षिप्त यह दोपुत्र होतेभये गवेषणके भूरीन्द्रसेन और भूरि यहदोपुत्र उत्पन्नहुए २१ प्रद्युम्नकापुत्र विदर्भराजाकी पुत्रीमें बड़ा बुद्धिमान् और बली अनिरुद्ध हुआ यहरणमें कहीं नहींरुका इसीसे इसकानाम

जज्ञेऽस्यमृगकेतनः २२ काश्यासुपार्श्वतनया साम्बाल्लेभेतरस्विनः। सत्यप्रकृतयोदे वाः पञ्चवीरा.प्रकीर्तिताः २३ तिस्रःकोट्यःप्रवीराणां यादवानांमहात्मनाम्। षष्टिःश तसहस्राणिवीर्यवन्तोमहाबलाःदेवांशाःसर्वेएवेह उत्पन्नास्तेमहौजसः २४ देवासुरेहता येच असुरायेमहाबलाः। इहोत्पन्नामनुष्येषु बाधन्तेसर्वमानवान् २५ तेषामुत्सादनार्था य उत्पन्नोयादवेकुले। कुलानांशतमेकञ्च यादवानांमहात्मनाम् २६ सर्वमेतत्कुलंयावद्व र्ततेवैष्णवेकुले। विष्णुस्तेषांप्रणेताच प्रभुत्वेचव्यवस्थितः। निदेशस्थायिनस्तस्य क थ्यन्तेसर्वयादवाः २७ (ऋषय ऊचुः) सप्तर्षयःकुबेरश्च यक्षोमाणिचरस्तथा। शाल किर्नारदश्चैव सिद्धोधन्वन्तरिस्तथा २८ आदिदेवस्तथाविष्णुरेभिस्तुसहदैवतैः। कि मर्थंसंघशोभूताः स्मृता.सम्भूतयःकति २९ भविष्याःकतिचैवान्ये प्रादुर्भावामहात्मनः। ब्रह्मक्षत्रेषुशान्तेषु किमर्थमिहजायते ३० यदर्थमिहसम्भूतो विष्णुर्वृष्ण्यन्धकोत्तमः। पुन.पुनर्मनुष्येषु तन्नःप्रब्रूहिपृच्छताम् ३१ (सूतउवाच) त्यज्यदिव्यान्तनुंविष्णुर्मा नुषेष्विहजायते। युगेत्वथपरावृत्ते कालेप्रशिथिलेप्रभुः ३२ देवासुरविमर्देषुजायतेहरि रीश्वरः। हिरण्यकशिपौदैत्ये त्रैलोक्यंप्राक्प्रशासति ३३ बलिनाधिष्ठितेचैवपुरालोक त्रयेक्रमात्। सख्यमासीत्परमकं देवानामसुरैःसह ३४ युगाख्यासुरसम्पूर्णं ह्यासीदत्या कुलंजगत्। निदेशस्थायिनश्चापि तयोर्देवासुराःसमम् ३५ मृधोबलिविमर्दायसंप्रवृद्धः

अनिरुद्धहुआ--इसकापुत्र मृगकेतन हुआ २२ सांबके सुपार्श्व राजाकी पुत्री काश्यानाम स्त्री में बड़े बलवान् सत्यवादी पांच ५ पुत्रउत्पन्न होतेभये २३ कहाँतक कहें कि इन महाबली यादवोंकी तीन करोड़ संख्याहोतीभई इनमें ६०००० यादव तो बड़े पराक्रमी शूरवीर देवताओंके अंशसे इसपृथ्वी पर जन्मलेतेभये २४ देवता और असुरोंके युद्धमें जो महाबलवन्त दैत्यमारेगयेथे वह इसपृथ्वीपर लेकर मनुष्योंको बाधाकररहेथे इसीहेतुसे उनके नाशकरनेको यादवकुलमें भगवान्ने जन्मलिया इनमहात्मा यादवोंके सौ १०० कुलहुए इनसबके पालन पोषण करनेवाले विष्णु भगवान् प्रभुथे इसीसे यह वैष्णव यादवकुल प्रतिदिन बढ़तागया सब यादवलोग श्रीकृष्णजीकेही समीपवर्त्ती हुए २५।२७ऋषियोंने पूछा हे सूतजी सप्तऋषि--कुबेर--यक्ष--माणिचरऋषि--शालकिमुनि--नारद--सिद्ध और धन्वन्तरि इत्यादिकों समेत आदिदेव विष्णु भगवान् किसहेतुसे इसपृथ्वीपर इकट्ठे होकर प्राप्त होतेभये विष्णुकी विभूति कितनी है और आगे कितनी विभूतिहोवेंगी और ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य इन्हींमें भगवान् किस हेतुसे जन्म लेते हैं २८।३० हे सूतजी जिस २ हेतुसे यह उत्तम विष्णु भगवान् वृष्णि--अन्धक आदिकुलमें जन्मलेते हैं और वारंवार मनुष्योंहीमें जिसहेतुसे जन्मलेते हैं यह सब वृत्तान्त हमको आपसुनाइये ३१ सूतजीबोले--कि युगके अन्तमें धर्मकेनष्ट होजानेपर विष्णु भगवान् अपने दिव्य शरीरको त्यागकर मनुष्य शरीरको धारण करतेहैं ३२ और जब देवतालोग असुरोंसे पीड़ित होते हैं तब प्रकटहोतेहैं--पूर्व समयमें हिरण्यकशिपुनाम दैत्य सम्पूर्ण पृथ्वीपर राज्य. करताथा ३३ और बलिने जब तीनोंलोक जीतलियेथे उससमय देवता और दैत्य लोगोंकी परम मित्रता होतीभई ३४ फिर उन युगोंमें असुरों से पूरितहुआ जगत् अत्यन्त व्याकुल होजाताभया

सुदारुणः। देवानामसुराणांच घोरःक्षयकरोमहान् ३६ कर्तुंधर्म्मव्यवस्थानं जायतेमा नुषेष्विह। भृगोःशापनिमित्तन्तुदेवासुरकृतेतदा ३७ (मुनयऊचुः) कथंदेवासुरकृते व्यापारंप्राप्तवान्स्वतः। देवासुरंयथावृत्तन्तन्नः प्रब्रूहिपृच्छताम् ३८ (सूत उवाच) तेषांदायनिमित्तंते संग्रामास्तुसुदारुणाः। वराहाद्यादशद्वौच शण्डामर्कान्तरेस्मृताः ३९ नामतस्तुसमासेन शृणुतैषांविवक्षतः। प्रथमोनारसिंहस्तु द्वितीयश्चापिवामनः ४० तृतीयस्तुवराहश्चचतुर्थोऽमृतमन्थनः। संग्रामःपञ्चमश्चैव सञ्जातस्तारकामयः ४१ षष्ठोह्याडीवकाख्यस्तु सप्तमस्त्रैपुरस्तथा। अन्धकाख्योऽष्टमस्तेषां नवमोवृत्रघातकः ४२ धात्रश्चदशमश्चैव ततोहालाहलःस्मृतःप्रथितोद्वादशस्तेषां घोरःकोलाहलस्तथा४३ हिरण्यकशिपुर्दैत्यो नारसिंहेनपातितः। बामनेनबलिर्बद्धस्त्रैलोक्याक्रमणेपुरा ४४ हिरण्याक्षोहतोद्वन्द्वे प्रतिघातेतुदैवतैः। दंष्ट्रयातुवराहेण समुद्रस्तुद्विधाकृतः ४५ प्रह्लादोनिर्जितोयुद्धे इन्द्रेणामृतमन्थने। विरोचनस्तुप्राह्लादिर्नित्यमिंद्रवधोद्यतः ४६ इन्द्रेणैवतुविक्रम्य निहतस्तारकामये। अशक्नुवन्संदेवानां सर्वंसोढुंसदैवतम् ४७ निहतादानवाःसर्वे त्रैलोक्येत्र्यम्बकेणतु। असुराश्चपिशाचाश्च दानवाश्चान्धकाहते ४८ हतादेवमनुष्यैस्ते पितृभिश्चैवसर्वशः। संपृक्तोदानवैर्वृत्रोघोरोहालाहलेहतः ४९ तदाविं

और हिरण्यकशिपु और बलि इन दोनोंके समीप रहनेवाले दैत्य और देवतालोग सब समानथे ३५ अर्थात् इन दोनोंके राज्यमें दैत्य देवता दोनों समान होकर कोई किसीसे अधिक न था उसीसमय राजा बलिके पीड़ा देनेके निमित्त दैत्योंका और देवताओंका महादारुण युद्धहुआ उससमय विष्णु भगवान् देवता और असुरोंके कार्य्यके लिये शुक्राचार्य्य के शापके कारणसे धर्मकी व्यवस्थाके अर्थ उससमय मनुष्यों में जन्मे हैं ३६। ३७ ऋषियों ने पूछा कि हे सूतजी देवासुरों के युद्धमें विष्णुभगवान् आपही इस व्यापारमें कैसे प्राप्तहुए और देवता असुरोंका क्या वृत्तान्तथा यह सबहमारे आगे वर्णन कीजिये ३८ सूतजी बोले—कि देवता और असुरोंके विभागके निमित्त उनके बारह बड़े २ दारुण युद्धहुए और दो युद्ध शंडामर्क संज्ञक कल्पान्तरों में हुएहैं और प्रतियुद्ध अवतारभी हुए प्रथम नृसिंह—दूसरा वामन—तीसरावराह—चौथा अमृतमंथन पांचवां तारकामय युद्धहुआ—छठाआडीवक—सातवाँ त्रैपुर युद्ध—आठवाँ अन्धक—नवाँ वृत्रासुर नाशक ३९।४२ दशवाँ धात्रयुद्ध—ग्यारहवाँ हालाहलयुद्ध ४३ नृसिंह अवतारने हिरण्यकशिपु दैत्यको मारा—वामनने बलिदैत्यको बाँधा और त्रिलोकी मापली ४४ वराह अवतारमें अपनी दंष्ट्रासे हिरण्याक्ष दैत्यकोमारा और समुद्रके दोखंड कर दिये ४५ और अमृतमथन अवतारमें इन्द्रने प्रह्लादको जीता फिर प्रह्लादका पुत्र विरोचन सदैव इन्द्रके बधकी इच्छा करतारहा तब तारकामय युद्धमें उसको इन्द्रने अपने पराक्रमसे मारा यह दैत्य देवताओं के कर्मको कभीनहीं सहताथा ४६। ४७ फिर जब आडीवकनाम युद्धहुआ तब त्रैपुर युद्धहुआ उससमय शिवजीने त्रिपुरासुरदैत्यको मारा और अन्य सब दानवोंको भी मारा इनके सिवाय अन्धक युद्धमेंभी शिवजीने असुर और पिशाचादिक सब मारे हैं ४८ और वृत्रनाशक युद्धमें देवता मनुष्य पितर और दानव इनसबों में संयुक्तहुए वृत्रासुर को विष्णुकी सहायतासे इन्द्रनेही

ष्णुसहायेन महेन्द्रेणनिवर्तितः। हतोध्वजेमहेन्द्रेण मायाच्छन्नस्तुयोगवित्। ध्वजल क्षणमाविश्य विप्रचित्तिःसहानुजः ५० दैत्यांश्चदानवांश्चैवसंयतान्किलसंयुतान्। जयन् कोलाहलेसर्वान् देवैःपरिवृतोवृषा। यज्ञस्यावभृथेदृश्यौ शण्डामर्कौतुदैवतैः ५१ एतेदेवासुरैर्वृत्ताः संग्रामाद्वादशैवतु। देवासुरक्षयकराः प्रजानान्तुहितायवै ५२ हिरण्यकशिपूराजावर्षाणामर्बुदंबभौ। द्विसप्ततितथान्यानि नियुतान्यधिकानिच। अशीतिञ्च सहस्राणि त्रैलोक्यैश्वर्यंताङ्गतः ५३ पर्यायेणतुराजाभूद्बलिर्वर्षायुतंपुनः। षष्टिवर्षसहस्राणि नियुतानिचविंशतिः ५४ बलेराज्याधिकारस्तु यावत्कालंबभूवह।तावत्कालन्तुप्रह्लादो निवृत्तोह्यसुरैःसह ५५ इन्द्रास्त्रयस्तेविज्ञेया असुराणांमहौजसः। दैत्यसंस्थमिदंसर्वमासीद्दशयुगंपुनः ५६ त्रैलोक्यमिदमव्यग्रं महेन्द्रेणानुपाल्यते। असपत्नमिदंसर्वमासीद्दशयुगंपुनः ५७ प्रह्लादस्यहतेतस्मिन् त्रैलोक्येकालपर्ययात्। पर्यायेणतुसंप्राप्ते त्रैलोक्यंपाकशासने। ततोऽसुरान्परित्यज्य शुक्रोदेवानगच्छत ५८ यज्ञेदेवानथगतान्दितिजाःकाव्यमाव्रुवन्। किंत्वंनोमिषतांराज्यं त्यक्त्वायज्ञंपुनर्गतः ५९ स्थातुंनशक्नुमोह्यत्र प्रविशामोरसातलम्। एवमुक्तोऽब्रवीद्दैत्यान्विषण्णान्सान्त्वयन्गिरा ६० माभैष्टधारयिष्यामितेजसास्वेनवोऽसुराः। मन्त्रांश्चैवौषधींश्चैव रसांवसुचयत्परम् ६१

मारा है फिर धात्रसंज्ञक दशयें युद्धमें और हालाहल युद्धमें घोर दैत्यमारे हैं--फिर योगको जाननेवाले अपनी मायासे छिपेहुए ध्वजाके चिह्नमें प्रविष्ट अपने छोटे भाई और अन्य दैत्यों से युक्त विप्रचित्ति दैत्यको अन्य सब दैत्यों समेत कोलाहल युद्धमें इन्द्रने मारा है जब यज्ञ के अवभृथ स्नानके लिये शण्डामर्क नाम युद्धहुए हैं तबहीं इन्द्रने उस विप्रचित्ति दैत्यको मारा है ४९।५१ इस रीतिसे यह बारह युद्ध देवता और दैत्योंके हुएहैं इन सबयुद्धोंमें देवता असुर और मनुष्योंकाभी नाश हुआहै५२ हिरण्यकशिपु एक अर्बुद बहत्तर करोड़ अस्सीहजार वर्षोंतक इस त्रिलोकीका राजा रहा और त्रिलोकीका सब ऐश्वर्य्य भी उसीको प्राप्तहुआ ५३ इसके पीछे राजा बलिका राज्य दोकरोड़ अस्सीहजार २००८०००० वर्षतकरहा फिर इतनेही कालतक असुरों समेत प्रह्लादका राज्य रहा ५४।५५ यह तीनों असुरों के राजा अर्थात् स्वामी महापराक्रमवाले हुए हैं फिर दश युगोंतक उन सब दैत्यों का नाशहीरहा उससमय इन्द्रने बड़ी कुशलतापूर्वक त्रिलोकी का राज्यकिया ५६।५७ जबसे प्रह्लादका राज्य समाप्तहुआ तबसे कालके वश इन्द्रहीका राज्य होजाताभया--इस के पीछे शुक्राचार्य्यजी दैत्यों को त्यागकर देवताओं के पास आते भये ५८ एक समय शुक्राचार्य्य जी देवताओं के यज्ञमें चले गये तब दैत्यों ने शुक्राचार्य्य को बुलाकर यह बातकही कि क्या तुम हमारे देखते हुएही राज्यको त्यागकर देवताओं के यज्ञमें चले गये ५९ इससे अब हम इस लोक में स्थितनहीं रहसक्ते पातालको चले जांयगे इस बातके सुनने से शुक्राचार्य्य दुःखित होकर दैत्योंसे यह शान्ति के वचन कहते भये ६० कि हे दैत्य लोगो तुमभयमतकरो तुमको मैं अपने तेज करके धारण करूंगा मंत्र औषध रस और परम उत्तमद्रव्य यह सब मेरेही पास पूर्ण हैं और देवताओं के पास इन सब का चतुर्थांशमात्र है सो इन सब वस्तुओंको मैं तुम्हीं को दे दूंगा क्योंकि मैं ने तुम्हारेही निमित्त धा-

कृत् स्नानिमयितिष्ठन्ति पादस्तेषांसुरेषुवै । तत्सर्वंवःप्रदास्यामि युष्मदर्थंधृताम
या ६२ ततोदेवास्तुतान्दृष्ट्वा वृतान्काव्येनधीमता । संमन्त्रयन्तिदेवावै संविग्ना
स्तुजिघृक्षया ६३ काव्योह्येषइदंसर्वं व्यावर्तयतिनोबलात् । साधुगच्छामहतूर्णं या
वन्नाध्यापयिष्यति ६४ प्रसह्यहत्वाशिष्टांस्तु पातालंप्रापयामहे । ततोदेवास्तुसंर
ब्धा दानवानुपसृत्यह ६५ ततस्तेवध्यमानास्तु काव्यमेवाभिदुद्रुवुः । ततःकाव्यस्तु
तान्दृष्ट्वा तूर्णंदेवैरभिद्रुतान् ६६ रक्षांकाव्येनसंहत्य देवास्तेऽप्यसुरार्दिताः। काव्यं
दृष्ट्वास्थितंदेवा निःशङ्कमसुरान्जहुः ६७ ततःकाव्योऽनुचिन्त्याथ ब्राह्मणोवचनंहि
तम् । तानुवाचततःकाव्यः पूर्ववृत्तमनुस्मरन् ६८ त्रैलोक्यंवोहृतंसर्वं वामनेनत्रि
भिःक्रमैः । बलिर्बद्धोहतोजम्भो निहतश्चविरोचनः ६९ महासुराद्वादशसु संग्रामेषु
सुरैर्हताः । तैस्तैरुपायैर्भूयिष्ठं निहतावःप्रधानतः ७० किञ्चिच्छिष्टास्तुयूयंवै युद्धंमा
स्त्वितिमेमतम् । नीतयोवोऽभिधास्यामि तिष्ठध्वंकालपर्ययात् ७१ यास्याम्यहंमहादे
वं मन्त्रार्थंविजयावहम् । अप्रतीपांस्ततोमन्त्रान् देवात्प्राप्यमहेश्वरात् । युध्यामहेपुन
र्देवांस्ततःप्राप्स्यथवैजयम् ७२ ततस्तेकृतसंवादा देवानूचुस्तदासुराः । न्यस्तशस्त्रा व
यंसर्वे निःसन्नाहारथैर्विना ७३ वयंतपश्चरिष्यामः संवृतावल्कलैर्वने । प्रह्लादस्यवचः
श्रुत्वा सत्याभिव्याहृतन्तुतत् ७४ ततोदेवान्यवर्तन्त विज्वरामुदिताश्चते । न्यस्तशस्त्रे

रण कररक्खी हैं ६१ । ६२ इस के अनन्तर शुक्राचार्य्य से संयुक्त हुए उन दैत्योंको जानकर देवता लोग भी सब वस्तुओं के ग्रहण करने की इच्छासे आपसमें सलाहकरके कहने लगे कि यह शुक्राचार्य्य इस सबहमारी द्रव्योंको बलकरके हमसे छीनते हैं सो जबतक कि वह उन दैत्योंको न बतावें उस्से पूर्व्वही हम उनके पास जांयगे और हठकरके उनदैत्योंको पातालमें प्राप्तकरेंगे इसके अनन्तर देवता लोग दैत्योंके समीप जाकर उनको पीड़ादेने लगे ६३ । ६५ तब महादुःखित होकर वह सब दैत्य वहां से भगकर शुक्राचार्य्य के पास आये तब देवताओं से भयभीत हुए उन दैत्यों की शुक्राचार्य्यजी शीघ्रही रक्षाकरते भये फिर दैत्यों से पीड़ित हुए देवता शुक्राचार्य्यकी कीहुई रक्षाकानाश कर निश्शंकहो दैत्योंका नाशकरते भये ६६ । ६७ फिर शुक्राचार्य्य जी पूर्व के वृत्तान्त को स्मरण करके हितको चिन्तवन कर दैत्योंसे बोले ६८ कि वामन ने तुम्हारी सब पृथ्वी तीन चरणसे मापकर हरलीनी और बलिको बांधलिया इसके विशेष जंभासुर और विरोचनको भी मारा ६९ और बारह संग्रामों में देवताओंने बड़े २ उपाय करके तुम्हारे बड़े २ प्रधान दैत्योंको मारा है और तुम थोड़े से शेष रहेहो इस हेतुसे तुम मेरी मतिसे युद्धमतकरो तुमकुछकाल तक ठहरो मैं तुमको उत्तम नीति बताऊंगा मैं विजय करनेवाले मंत्रके लिये महादेवजी के पासजाऊंगा उन महादेवजीसे अतुलबलपराक्रम वाले मंत्रोंको प्राप्तकरके फिर तुम्हारा देवताओंसे युद्धकरवाकर तुम्हारी विजयकराऊंगा ७०।७२ इसप्रकारके संवादको सुनकर दैत्यलोग देवताओं से बोले कि हे देवता लोगो हम शस्त्रों से रहित हैं हमारे कवच संजोवा आदिक टूटगये रथोंसे रहित हैं इस हेतुसे हमवक्कल धारण करके वनमें तपस्या करेंगे यह सुनकर और प्रह्लाद के वचनको सत्यमानकर वह देवता लोग भी

षुदैत्येषु विनिवृत्तास्तदासुराः ७५ ततस्तानब्रवीत्काव्यः कञ्चित्कालमुपास्यथ। नि
रुत्सिक्तास्तपोयुक्ताः कालंकार्यार्थसाधकम् ७६ मातुर्ममाश्रमस्थावै मांप्रतीक्षथदान
वाः। तत्संदिश्यासुरान्काव्यो महादेवंप्रपद्यत ७७ (शुक्र उवाच) मन्त्रानिच्छाम्यहं
देव! ये न सन्तिबृहस्पतौ। पराभवायदेवानामसुराणांजयायच ७८ एवमुक्तोऽब्रवीद्
देवो व्रतंत्वञ्चरभार्गव!। पूर्णंवर्षसहस्रंतु कणधूममवाक्शिराः। यदिपास्यसिभद्रंते
ततोमन्त्रानवाप्स्यसि ७९ तथेतिसमनुज्ञाप्य शुक्रस्तुभृगुनन्दनः। पादौसंस्पृश्यदेव
स्य वाढमित्यब्रवीद्वचः। व्रतंचराम्यहंदेव! त्वयादिष्टोऽद्यवैप्रभो! ८० ततोऽनुसृष्टोदेवे
न कुण्डधारोऽस्यधूमकृत्। तदातस्मिन्गतेशुक्रे ह्यसुराणांहितायवै। मन्त्रार्थंतत्रवस
ति ब्रह्मचर्यंमहेश्वरे ८१ तद्बुद्ध्वानीतिपूर्वंतु राज्येन्यस्तेतदासुरैः। अस्मिंश्छिद्रेतदाम
र्षाद्देवास्तान्समुपाद्रवन् ८२ दंशिताःसायुधाःसर्वे बृहस्पतिपुरःसराः ८३ दृष्ट्वाऽसुरग
णा देवान् प्रगृहीतायुधान्पुनः। उत्पेतुःसहसातेवै सन्त्रस्तास्तान्वचोऽब्रुवन् ८४ न्य
स्तेशस्त्रभयेदत्ते आचार्येव्रतमास्थिते। दत्त्वाभवन्तोह्यभयंसंप्राप्ता नोजिघांसया ८५ अना
चार्यावयंदेवा! स्त्यक्तशस्त्रास्त्ववस्थिताः। चीरकृष्णाजिनधरानिष्क्रियानिष्परिग्रहाः ८६
रणे विजेतुंदेवांश्च नशक्ष्यामःकथञ्चन। अयुद्धेनप्रपत्स्यामः शरणंकाव्यमातरम् ८७

संताप से रहित होकर प्रसन्नतासे शस्त्ररहित दैत्योंके विषय युद्धकरनेसे निवृत्त होगये अर्थात् युद्धक-
रने से हटगये ७३। ७५ इस के अनन्तर कुछ काल के पीछे दैत्यों से शुक्राचार्य्य ने कहा कि तुम
अपने कार्य्य की सिद्धिके अर्थ अपने २ तपोंमें युक्तहो और हे दानवलोगो तुम मेरी माताके स्था-
न में रहकर मेरी बाट देखते रहना ऐसा उनदैत्यों से कहकर आचार्य्य जी महादेवजीके पास जाते
भये ७६। ७७ और उनसे बोले कि हे महादेव जीजो बृहस्पति के पास नहीं हैं उन मंत्रोंको मैं
चाहताहूं और मैं देवतों की पराजय और दैत्यों की विजय के निमित्त उन मंत्रों को चाहता हूं ७८
शुक्रजीके इसवचनको सुनकर महादेवजीबोले कि हे भार्गव पूर्ण हजार वर्षतक नीचाशिरकर जो
तुमधूमवायु आदिका भक्षणकरके तपस्याकरोगे तो मंत्रोंको प्राप्तकरोगे ७९ तबशुक्राचार्य्यने उस
आज्ञाकोमान शिवजीके चरणों को छूकर बड़े निश्चय पूर्व्वक यह वचनकहाकि हेप्रभु आपकीआज्ञा
से मैं उसतपका आचरण करताहूं ८० यह कहकर शिवजीसे रचेहुए कुंडधारमें जहां कि धुआंनिक-
लताथा वहां दैत्योंके हितके निमित्त मंत्रकी प्राप्तिकेअर्थ शुक्राचार्य्यजी ब्रह्मचर्य्यमें स्थितहोनिवास
करनेलगे ८१ तब नीतिपूर्व्वक उसवार्त्ताको देवतालोगजानकर राज्यमें स्थितहुए दैत्योंके उसछलको
जानकर क्रोधकरके उनदैत्योंको भगादेतेभये ८२ अपने गुरुबृहस्पतिजी समेत देवतालोगशस्त्रों को
धारणकर कवचपहर दैत्योंके सन्मुखचले तब उन शस्त्रधारी देवताओंको अकस्मात् आतादेख बड़े
दुःखितहोकर दैत्यबोले ८३। ८४ शस्त्रोंका भयतो तुमने त्यागदियाथा और हमारे आचार्य्य व्रतमें स्थित
हैं सो तुमहमको अभयदानदेके फिर मारनेकी इच्छासे कैसेप्राप्तहुएहो ८५ हमलोग आचार्य्यजीसे
रहित शस्त्रोंसे विहीन प्राचीन कृष्णादि मृगचर्मोंको धारणकर रहेहैं हमसब युद्धकरनेकी सामग्री से
रहितहैं ८६ हे देवताओ हमतुम्हारेसाथ युद्धकरनेको किसीप्रकारसेभी समर्थ नहीं हैं हम विनायुद्ध

यापयामःकृच्छ्रमिदंयावदभ्येतिनोगुरुः। निवृत्तेचतथाशुक्रे योत्स्यामोदंशितायुधाः ८८
एवमुक्तासुरान्योन्यं शरणंकाव्यमातरम्।प्रापद्यन्तततोभीतास्तेभ्योऽदादभयन्तुसा८९
नभेतव्यंनभेतव्यं भयन्त्यजतदानवाः! मत्सन्निधौवर्ततांवो नभीर्भवितुमर्हति ९०
तथाचाभ्युपपन्नांस्तान् दृष्ट्वादेवास्ततोसुरान्। अभिजग्मुःप्रसह्यैतानविचार्यबलाबल
म् ९१ ततस्तान्बाध्यमानांस्तु देवैर्दृष्ट्वासुरांस्तदा। देवीक्रुद्धाऽब्रवीद्देवाननिन्द्रान्वःक
रोम्यहम् ९२ संभृत्यसर्वसम्भारानिन्द्रंसाभ्यचरत्तदा। तस्तम्भदेवीबलवद्योगयुक्तात
पोधना ९३ ततस्तंस्तम्भितंदृष्ट्वा इन्द्रंदेवाश्चमूकवत्। प्राद्रवन्तततोभीता इन्द्रंदृष्ट्वा
वशीकृतम् ९४ गतेषुसुरसंघेषु शक्रंविष्णुरभाषत। मांत्वंप्रविशभद्रंते नयिष्येत्वांसुरो
त्तम! ९५ एवमुक्तस्ततोविष्णुं प्रविवेशपुरन्दरः। विष्णुनारक्षितंदृष्ट्वा देवीक्रुद्धावचोऽ
ब्रवीत् ९६ एषात्वांविष्णुनासार्धन्दहामिमघवन्बलात्। मिषतांसर्वभूतानां दृश्यतांमे
तपोबलम् ९७ तयाभिभूतौतौदेवा विन्द्रविष्णूबभूवतुः।कथमुच्येऽवसहितौ विष्णुरिन्द्र
मभाषत ९८ इन्द्रोऽब्रवीज्जहिह्येनां यावन्नौनदहेत्प्रभो!। विशेषेणाभिभूतोऽस्मित्वत्तो
हञ्जहिमाचिरम् ९९ ततःसमीक्ष्यविष्णुस्तां स्त्रीबधेकृच्छ्रमास्थितः। अभिध्यायत
तश्चक्रमापदुद्धरणेतुतत् १०० ततस्तुत्वरयायुक्तः शीघ्रकारीभयान्वितः। ज्ञात्वा

कियेही शुक्राचार्य्यकी माताके शरणमें,जांयगे ८७ वहां जबतक कि हमारे गुरू न आवेंगे तबतकहम कष्टसे रहितरहेंगे और जबशुक्राचार्य्यजी व्रतसे निवृत्तहोजांयगे तबहम तुमसे युद्धकरेंगे ८८ इस प्रकारकीबातें कहके और आपसमें सलाहकरके डरतेहुए सबदैत्य शुक्राचार्य्य की माताके शरणमें प्राप्तहुए तब उस माताने उनको अभयदानदिया ८९ अर्थात् यह कहाकि हे दानवलोगो भयमतकरो अपने चित्तसे भयको दूरकरके मेरे समीपमें रहतेहुए तुमको किसीबातका डरनहीं है ९० तब उस मातासे रक्षितहुए दैत्योंको देखकर बलाबलका विनाविचारकिये देवता हठसे दैत्योंके पासजातेभये तब देवताओंसे पीड़ितकियेहुए उन असुरोंको शुक्राचार्य्यकी मातादेखकर बड़े क्रोधसे बोली कि हे देवताओ मैं तुमको इन्द्रसे रहितकरूंगी ९१। ९२ यह कहके सबभारको इकट्ठाकर इन्द्रके समीप चली अर्थात् वहतपोधनवाली योगमें युक्तरहनेवालीदेवी इन्द्रको बांधकरलेआई तब बंधनमें फंसेहुये इन्द्रको देखकर सबदेवताचुपकेहो वशमें कियेहुएइन्द्रकोजान भागजातेभये ९३। ९४ जब देवता-ओंके समूह भागकर चलेगये तब इन्द्रसे विष्णुभगवान् बोलतेभये कि हे इन्द्र तू मुझमें प्रवेशितहो जामैं तेरा कल्याणकरूंगा ९५ विष्णुके इस वचनको सुनकर इन्द्र शीघ्रही विष्णुमें प्रवेश करताभया तब विष्णुसे रक्षित कियाहुआ इन्द्रको देखकर वह देवी यह वचन बोली ९६ कि हेइन्द्र मैं अपनी सामर्थ्यके बलसे विष्णु समेत तुझको सब प्राणियों के देखतेहुएही भस्मकरदूंगी ऐसा मुझमें तपो बलहै ९७ उसके ऐसे वचनको सुनकर विष्णु और इन्द्र दोनों यह विचारतेभये कि अब क्या होगा तब इन्द्रसे विष्णु बोले कि अब कैसे इससे छुटेंगे उससमय इन्द्रने कहा हेविभो जबतक यह हम-को भस्मनकरे उससे प्रथमही आप इसकोमारडालो ९८ और हेविष्णुजी मैं तो आपही से रक्षितहूं इसको शीघ्रमारो विलम्ब न करो तब विष्णुने स्त्री के मारने का पाप चिन्तवन किया परन्तु तौभी

विष्णुस्ततस्तस्याः क्रूरन्देव्याश्चिकीर्षितम्। क्रुद्धःस्वमस्त्रमादाय शिरश्चिच्छेदवैभिया
१०१ तंदृष्ट्वास्त्रीबधंघोरं चुक्रोधभृगुरीश्वरः। ततोभिशप्तोभृगुणाविष्णुर्भार्याबधेतदा
१०२ यस्मात्तेजानतोधर्म मवध्यास्त्रीनिषूदिता। तस्मात्त्वंसप्तकृत्वेह मानुषेषूपपत्स्यसि
१०३ततस्तेनाभिशापेननष्टेधर्मेपुनःपुनः।लोकस्यचहितार्थायजायतेमानुषेष्विहि १०४
अनुव्याहृत्यविष्णुंसतदादायशिरत्वरन्। समानीयततःकायमसौगृह्येदमब्रवीत्१०५ए
षात्वंविष्णुनादेवि! हतासञ्जीवयाम्यहम्। ततस्तांयोज्यशिरसा अभिजीवेतिसोऽब्रवी
त्१०६यदिकृत्स्नोमयाधर्मोज्ञायतेचरितोपिवा। तेनसत्येनजीवस्वयदिसत्यंवदाम्यहम्
१०७ततस्तांप्रोक्ष्यशीताभिरद्भिर्जीवेतिसोऽब्रवीत्। ततोऽभिव्याहृतेतस्यदेवीसंजीविता
तदा१०८ततस्तांसर्वभूतानिदृष्ट्वासुप्तोत्थितामिव।साधुसाध्वितिचक्रुस्तेवचसासर्वतोदि
शम् १०९ एवंप्रत्याहृतातेन देवीसाभृगुणातदा। मिषतांदेवतानांहि तदद्भुतमिवाभवत्
११०असम्भ्रान्तेनभृगुणापत्नीसञ्जीवितापुनः।दृष्ट्वाचेन्द्रोनालभतशर्मकाव्यभयात्पुनः
प्रजागरेततश्चेन्द्रो जयन्तीमिदमब्रवीत् १११ सञ्चित्यमतिमान्वाक्यं स्वांकन्यांपाक
शासनः। एषकाव्योह्यमित्राय व्रतञ्चरतिदारुणम्। तेनाहंव्याकुलःपुत्रि! कृतोमति
मताभृशम् ११२ गच्छसंसाधयस्वैनं श्रमापनयनैःशुभैः। तैस्तैर्मनोऽनुकूलैश्च ह्युप

विपत्ति दूरकरने के लिये अपने सुदर्शनचक्र को उठाया १०० और शीघ्रही भय से युक्त हो-कर विष्णुभगवान् उसके क्रोधके कर्त्तव्यको विचारकर अपने क्रोधसे डरतेहुएभी अपनेशस्त्र से उस का शिरकाटतेभये तब उसघोरस्त्री के वधको देखकर शुक्राचार्य्यजी क्रोधितहोकर विष्णुको यहशाप देतेभये १०१। १०२ कि हेविष्णु तुमने स्त्रीके वधको अयोग्यजानकर भी जो स्त्रीकावध किया इस हेतु से तुम सातवार इससंसारमें मनुष्योंके शरीर से उत्पन्नहोगे १०३ तभीसे धर्म नष्टहोजाने के समय शुक्रके शापसे मनुष्योंके हितकेलिये विष्णु वारंवार जन्मलेते हैं १०४ शापदेनेके पीछे शुक्रा-चार्य्यने शीघ्रतासे उसकटेहुए अपनी माताके शिरको उठाकर उसके धड़पर फिर रखकर यह वचन कहा कि हेदेवि तुमको विष्णु भगवान् ने मारा है और अव मैं तुमको जिलाताहूं यह कह उसशिरको जोड़ (अभिजीव) इसमंत्रको वोलतेभये १०५।१०६ और यह कहा कि जो मैंने सव यथार्थ धर्मों के आचरण किये हैं उससत्य के प्रभावसे यह जिये यह मैं सत्यहीसत्य कहताहूं १०७ फिर शीतलजल के छींटेमारकर"अभिजीव"इसवचन को कहतेभये ऐसाकहतेही वह शुक्राचार्य्यकी मातादेवीजीउठी १०८ इसकेपीछे सव लोग उसको सोतेसेजगेहुए के समान जीउठनेसे बहुत अच्छाहुआ इसशब्द को वारंवार कहनेलगे १०९ शुक्राचार्य्य ने सबदेवताओं के देखतेही देखते उस अपनी माता को इसप्रकार जिवालिया यह सवको बड़ाआश्चर्य्य हुआ ११० और उसमाताको शुक्रजीने अकस्मात् जिवालिया इसवातको इन्द्रदेखकर बड़ेभारी शुक्रके भयसे सुखसे रहित होगया १११ और अपनी जयन्तीनाम पुत्रीसे चिन्तापूर्वक यह वचनकहनेलगा कि हेपुत्रि यहशुक्राचार्य्य मेरे शत्रुओंके निमित्त दारुणव्रत करता है इसहेतु से मैं उस्से अत्यन्त दुःखितहोरहाहूं ११२ सो तू उसकेपासजाके बड़ी सुन्दरसेवा परिचर्य्यादिकों से उसकी टहल आलस्यछोड़कर और उसके मनके अनुकूल आचरण

चारैरतन्द्रिता ११३ काव्यमाराधयस्वैनं यथातुष्येतसद्विजः। गच्छत्वंतस्यदत्तासि प्र
यत्नंकुरुमत्कृते ११४ एवमुक्ताजयन्तीसा वचःसंगृह्यवैपितुः। अगच्छद्यत्रघोरंस तप
आरभ्यतिष्ठति ११५ तंदृष्ट्वातुपिबन्तंसा कुण्डधूममवाङ्मुखम्। यक्षेणपात्यमानञ्च
कुण्डधारेणपातितम् ११६ दृष्ट्वाचतम्पात्यमानं देवीकाव्यमवस्थितम्। स्वरूपध्यान
शाम्यन्तं दुर्बलंभूतिमास्थितम्। पित्रायथोक्तंवाक्यंसाकाव्येकृतवतीतदा ११७ गीर्भि
श्चैवानुकूलाभिः स्तुवतीवल्गुभाषिणी। गात्रसंवाहनैःकाले सेवमानात्वचःसुखैः। व्रत
चर्य्यानुकूलाभिरुवासबहुलाःसमाः ११८ पूर्णेधूमव्रतेतस्मिन् घोरेवर्षसहस्रके। वरेण
च्छन्दयामास काव्यम्प्रीतोभवस्तदा ११९ (महादेव उवाच) एतद्व्रतंत्वयैकेन ची
र्णन्नान्येनकेनचित्। तस्माद्वैतपसाबुद्ध्या श्रुतेनचबलेनच १२० तेजसाचसुरान्सर्वा
स्त्वमेकोऽभिभविष्यसि। यच्चाभिलषितम्ब्रह्मन्! विद्यतेभृगुनन्दन! १२१ प्रपत्स्यसेतु
तत्सर्वं नानुवाच्यन्तुकस्यचित्। सर्वाभिभावीतेनत्वंभविष्यसिद्विजोत्तम! १२२ एतां
न्दत्त्वावरांस्तस्मै भार्गवायभवःपुनः। प्रजेशत्वंधनेशत्व मबध्यत्वञ्चवैददौ १२३ एतान्
लब्ध्वावरान्काव्यः सम्प्रहृष्टतनूरुहः। हर्षात्प्रादुर्भवन्तन्तु दिव्यस्तोत्रंमहेश्वरम्। तथा
तिर्यक्स्थितश्चैव तुष्टुवेनीललोहितम् १२४ (शुक्र उवाच) नमोऽस्तुशितिकण्ठाय
कनिष्ठायसुवर्चसे। लेलिहानायकाव्याय वत्सरायान्धसःपते! १२५ कपर्दिनेकरालाय

करके उसको प्रसन्नकर ११३ अर्थात् जिसप्रकार से वह शुक्रजी प्रसन्नहोंय वही आचरणकर तू जा
मैं ने तुझे उसीकोदेदी तू उसकाआराधन कर और मेरे कार्य्य में अनेक प्रकारसे यत्नकर यहसुनकर
वह जयन्ती अपने पिताके वचनको ग्रहणकर वहां गई जहां कि शुक्राचार्य्यजी घोरतपस्या कररहेथे
वहां कुंडकी ओर नीचाशिर कियेधुएंको पीनेकेलिये नीचेमुखकियेहुए शुक्राचार्य्य को ११४।११६
अपने स्वरूपमें और ध्यानमें विभूतियों समेत दुर्बलांग देखकर यह देवी जयन्ती उनकी सेवा में
स्थितहो पिताके कहेहुए वचनको करतीभई अर्थात् सुन्दर भाषण उत्तम अनुकूल वाणियोंसे स्तुति
करना और पैर दावना इत्यादि वातोंसे उनके शरीरकी सुखदायी सेवाकरनेलगी और बहुत वर्षोंतक
उनके अनुकूलहोके तपस्या करतीभई इसके अनन्तर जब हज़ार वर्ष व्यतीत होगये तब शिवजी
प्रसन्न होकर शुक्रको वरदान देनेके लिये यह वचन बोले हेशुक्र यह व्रतकेवल तुम्ह अकेलेनेही किया
है दूसरे किसीने नहीं किया इस हेतुसे तपबुद्धि शास्त्रका सुनना और तेज बल इत्यादिकोंसे तुम
सब देवताओं,को जीतके अकेलेही विराजमानरहोगे और हे भृगुनन्दनइसके विशेष जो कुछ
अन्यतेरामनोरथ है वहभी तेरा सब प्रकारसे सिद्धहोगा यहवात किसीके आगे मत कहना तूही
सबको प्राप्त करनेवाला होगा ११७। १२१ शिवजी इन सब वरोंको शुक्राचार्य्य के अर्थ देकर
प्रजाकापति धनकापति और वधनहोना इनसब वरोंको भी देते भये १२२। १२३ इन सब
वरोंको प्राप्तहोकर शुक्रजी बड़े प्रसन्नहोते भये देहकी रोमावली खड़ी होगई इसके पीछे शुक्राचार्य्य
तिरछे खड़े हो बड़ी नम्रता पूर्वक आगे लिखे हुए स्तोत्र से शिवजी को प्रसन्न करते भये १२४
शुक्रजी बोले—सफ़ेद कंठवाले कनिष्ठरूपवाले सुन्दर कांतिवाले अतिशय भक्षण करनेवाले कवि

हर्यक्षणेवरदायच। संस्तुतायसुतीर्थाय देवदेवायरंहसे १२६ उष्णीषिणेसुवक्त्रायबहुरूपायवेधसे। वसुरेतायरुद्राय तपसेचित्रवाससे१२७ ह्रस्वायमुक्तकेशाय सेनान्येरोहितायच। कवयेराजवृक्षाय तक्षकक्रीडनायच १२८ सहस्रशिरसेचैव सहस्राक्षायमीढुषे। वरायभव्यरूपाय श्वेतायपुरुषायच १२९ गिरिशायनमोऽर्काय वलिनेआज्यपायच। सुतृप्तायसुवस्त्राय धन्विनेभार्गवायच १३० निषङ्गिणेचतारायस्वक्षायक्षपणायच। ताम्रायचैवभीमाय उग्रायचशिवायच १३१ महादेवायशर्वायविश्वरूपशिवायच। हिरण्यायवरिष्ठाय ज्येष्ठायमध्यमायच १३२ वास्तोष्पते·पिनाकाय मुक्तयेकेवलायच। मृगव्याधायदक्षाय स्थाणवेभापणायच १३३ बहुनेत्रायधुर्य्यायत्रिनेत्रायेश्वरायच। कपालिनेचवीराय मृत्यवेत्र्यम्बकायच १३४ बभ्रवेचपिशङ्गाय पिङ्गलायारुणायच। पिनाकिनेचेषुमते चित्रायरोहितायच १३५ दुन्दुभ्यायैकपादाय अजायबुद्धिदायच। आरण्याय गृहस्थाय यतयेब्रह्मचारिणे १३६ सांख्यायचैवयोगायव्यापिनेदीक्षितायच। अनाहतायशर्वाय भव्येशाययमायच १३७ रोधसेचेकितानाय ब्रह्मिष्ठायमहर्षये। चतुष्पदाय मेध्याय रक्षिणेशीघ्रगायच १३८ शिखण्डिनेकरालाय दंष्ट्रिणेविश्ववेधसे। भास्वराय प्रतीताय सुदीप्तायसुमेधसे १३९ क्रूरायाविकृतायैव भीषणायशिवायच। सौम्यायचैव मुख्याय धार्मिकायशुभायच १४० अवध्यायामृतायैव नित्यायशाश्वतायच। व्यापृता

रूप वर्परूप अन्यलोक पति ऐसे तुम्हारे वास्ते नमस्कार है १२५ कपर्दी जटा वाले विकरालरूपी, हर्यक्षण, वरद, संस्तुत, सुतीर्थ, देवदेव, वेगरूप-ऐसे तुमको नमस्कार है १२६ शिरपै वस्त्रमुकुट धारण करने वाले सुन्दर मुख वाले बहुरूपी विधातारूपी वसुवीर्यवाले, रुद्र, तपरूप, विचित्रवस्त्रोंवाले, ऐसे तुम० १२७ ह्रस्वरूप, खुले केशोंवाले, सेनाकेपति, रोहितरूप, कवि, राजवृक्ष, तक्षकक्रीडन, ऐसे तुम० १२८ हज़ारशिरोंवाले, हज़ारनेत्रोंवाले, मीढ्वान्, वररूप, भव्यरूप, श्वेत, पुरुष, ऐसे तुमको नमस्कारहै १२९ पर्व्वतमें शयन करनेवाले, सूर्य्यरूप, वलीरूप आज्यप सुतृप्त, सुन्दर वस्त्रोंवाले धनुषधारीभार्गवरूप ऐसे तुम्हारे अर्थ नमस्कारहै १३० निषंगी, तार, स्वक्ष, क्षपण, ताम्रस्वरूप, भयंकर, उग्ररूप, शान्तस्वरूप ऐसे तुम्हारे वास्ते नम० १३१ महादेव, शर्व विश्वरूपी, शिवरूपी, हिरण्यरूपी, वरिष्ठ ज्येष्ठ, मध्यम ऐसे तुम्हारे वास्ते नमस्कारहै १३२ वास्तोष्पति, पिनाकी, मुक्तिरूपकेवल स्वरूप, मृगव्याधरूप, दक्षरूप, स्थाणुरूप, भापणरूप, ऐसे तुमकोन० १३३ बहुत नेत्रोंवाले, धूर्यरूप, त्रिनेत्र, ईश्वर कपालधारी, वीर, मृत्युरूप, त्र्यम्बक ऐसे तुमको न० १३४ विपुल शरीरवाले, पिशंगवर्णवाले, पिंगल वर्णवाले, लालवर्ण वाले, पिनाकी, बाणधारी, विचित्ररूप, रोहितरूप, ऐसे तुमकोन० १३५ दुन्दुभ्यरूप एकपादस्वरूप अज, बुद्धिद, अरण्य में रहनेवाले, गृहस्थ, यति, ब्रह्मचारी-ऐसे तुमको नमस्कार है १३६ सांख्यरूप, योगरूप व्यापकरहनेवाले, दीक्षित, अनाहत, शर्व, भव्येश, यम, ऐसे तुमको न० १३७ रोधस, चेकितान, ब्रह्मिष्ठ, महर्षि, चतुष्पद, मेध्यरूप, रक्षावाले, शीघ्रगमन करने वाले-तुमको नमस्कार है १३८ शिखंडी, कराल, दंष्ट्री, विश्वके रचनेवाले, भास्वररूप प्रतीत सुन्दरदीप्तिवाले सुंदरबुद्धिवाले ऐसे तुम्हारे अर्थ नमस्कार है १३९ क्रूर अविकृत, भीषण, शिव, सौम्य, मुख्य, धार्मिक

यविशिष्टाय भरतायचसाक्षिणे १४१ क्षेम्यायसहमानाय सत्यायचामृतायच। कर्त्रेपर
शवेचैव शूलिनेदिव्यचक्षुषे १४२ सोमपायाज्यपायैव धूमपायोष्मपायच। शुचयेपरि
धानाय सद्योजातायमृत्यवे १४३ पिशिताशायसर्व्वाय मेघायविद्युतायच। व्यावृत्ताय
वरिष्ठाय भरितायतरक्षवे १४४ त्रिपुरघ्नायतीर्थाय वक्रायरोमशायच। तिग्मायुधाय
व्याख्याय सुसिद्धायपुलस्तये १४५ रोचमानायचण्डाय स्फीतायऋषभायच। व्रतिने
युञ्जमानाय शुचयेचोर्ध्वरेतसे १४६ असुरघ्नायस्वाघ्नाय मृत्युघ्नेयज्ञियायच। कृशा
नवेप्रचेताय वह्नयेनिर्मलायच १४७ रक्षोघ्नायपशुघ्नायाविघ्नायश्वसितायच। वि
भ्रान्तायमहान्तायअत्यन्तंदुर्गमायच १४८ कृष्णायचजयन्ताय लोकानामीश्वरायच।
अनाश्रितायवेध्याय समत्वाधिष्ठितायच १४९ हिरण्यबाहवेचैव व्याप्तायचमहायच।
सुकर्मणेप्रसह्याय चेशानायसुचक्षुषे १५० क्षिप्रेषवेसदश्वाय शिवायमोक्षदायच।
कपिलायपिशङ्गाय महादेवायधीमते १५१ महाकायायदीप्ताय रोदनायसहायच। दृढ
धन्विनेकवचिने रथिनेचवरूथिने १५२ भृगुनाथायशुक्राय गह्वरिष्ठायवेधसे। अमो
घायप्रशान्ताय सुमेधायवृषायच १५३ नमोऽस्तुतुभ्यम्भगवन्! विश्वायकृत्तिवाससे
पशूनांपतयेतुभ्यंभूतानांपतयेनमः १५४ प्रणवेऋग्यजुःसाम्नेस्वाहायचस्वधायच।
वषट्कारात्मनेचैव तुभ्यंमन्त्रात्मनेनमः १५५ त्वष्ट्रेधात्रेतथाकर्त्रे चक्षुःश्रोत्रमयायच।
भूतभव्यभवेशाय तुभ्यंकर्मात्मनेनमः १५६ वसवेचैवसाध्याय रुद्रादित्यसुरायच।

शुभ–इनरूपोंवाले तुमको न० १४० अवध्य अमृत, नित्य, शाश्वत, व्याप्त विशिष्ट, भरत, साक्षी–इन स्वरूपोंवाले तुमको नम० १४१ क्षेम्य, सहमान, सत्य, अमृत, कर्ता, परशु, शूलि, दिव्यचक्षुष–इनस्व रूपोंवाले तुमकोनम० १४२ सोमप, आज्यप, धूमप, ऊष्मप, शुचि, परिधान, सद्योजात मृत्यु-इनस्वरूपों वालेतुमकोनमस्कारहै १४३ पिशिताश अर्थात् मांसकेआहारकरनेवाले, सर्व, मेघ, विद्युत, व्यावृत्त, वरिष्ठ पुष्टिकरनेवाले और रक्षा करनेवाले ऐसे तुमको नम० १४४ त्रिपुरासुरनाशक, तीर्थस्वरूप, वक्र रोमोंवाले तीक्ष्णशस्त्रोंवाले व्याख्यानरूप, सुसिद्ध, पुलस्ति, इनरूपोंवाले, तुमको० १४५ रोचमान, चंड स्फीत ऋषभ व्रती, युंजमान, शुचि, ऊर्ध्वरेता ऐसे तुमको० १४६ असुरनाशक स्वाघ्न मृत्युघ्न, यज्ञिय, कृशानु, प्रचेता, वह्नि, निर्मल इन तुम्हारे रूपोंके अर्थन० १४७ राक्षसों के नाशक पशुघ्न विघ्नों से रहित प्राणस्वरूप विभ्रांत, महान्त, अत्यंतदुर्गम ऐसे तुमको न० १४८ कृष्ण, जयन्त, लोकों के ईश्वर, अनाश्रित, वेध्य, समत्वके अधिष्ठित ऐसे तुमको न० १४९ हिरण्यबाहु, व्याप्त, महान्स्वरूप सुकर्मा, प्रसह्य, ईशान, सुचक्षु इन रूपोंवाले तुमको० १५० उत्तमबाणोंवाले, श्रेष्ठअश्वोंवाले, शिव स्वरूप, मोक्षदायी, कपिल वर्णवाले, पिशंग वर्णवाले, महादेव बुद्धिमान् ऐसे तुम० १५१ महाकाया वाले, दीप्त, रोदन, सहाय इनरूपोंवाले दृढधन्वा, कवची, रथी, वरूथी इनस्वरूपोंवाले तुमको० १५२ भृगुनाथ शुक्र गह्वरिष्ठ, वेधस, अमोघ, प्रशांत, सुमेध, वृष इनरूपोंवाले तुमको० १५३ हे भगवन् विश्व रूपी, मृगचर्म्म के वस्त्रोंवाले, पशुओं के पति, भूतों के पति, तुमको नमस्कार है १५४ ओंकार स्वरूप, ऋक्, यजु, साम, स्वाहा, स्वधा, वषट्कार इनकीआत्मा मंत्रात्मा ऐसे स्वरूपवाले तुमको० १५५

विषायमारुतायैव तुभ्यंदेवात्मनेनमः १५७ अग्नीषोमविधिज्ञाय पशुमन्त्रौषधायच। स्व
यम्भुवेह्यजायैव अपूर्वप्रथमायच। प्रजानांपतयेचैव तुभ्यंब्रह्मात्मनेनमः १५८ आत्मे
शायात्मवश्याय सर्वेशातिशयायच। सर्वभूतांगभूताय तुभ्यंभूतात्मनेनमः १५९ निर्गु
णायगुणज्ञाय व्याकृतायामृतायच। निरुपाख्यायमित्राय तुभ्यंसांख्यात्मनेनमः १६०
पृथिव्यैचान्तरिक्षाय दिव्यायचमहायच। जनस्तपायसत्याय तुभ्यंलोकात्मनेनमः १६१
अव्यक्तायचमहते भूतादेरिन्द्रियायच। आत्मज्ञायविशेषाय तुभ्यंसर्वात्मनेनमः १६२
नित्यायचात्मलिंगाय सूक्ष्मायैवेतरायच। बुद्ध्यायविभवेचैव तुभ्यंमोक्षात्मनेनमः १६३
नमस्तेत्रिषुलोकेषु नमस्तेपरतस्त्रिषु। सत्यान्तेषुमहाद्येषु चतुर्षुचनमोऽस्तुते १६४ नम
स्तोत्रेमयाह्यस्मिन् यदिनव्याहृतंभवेत्। मद्भक्तइतिब्रह्मण्य तत्सर्वंक्षन्तुमर्हसि १६५
(सूत उवाच) एवमाभाष्यदेवेश मीश्वरंनीललोहितम्। प्रह्वोऽभिप्रणतस्तस्मै प्राञ्ज
लिर्वाग्यतोऽभवत् १६६ काव्यस्यगात्रंसंस्पृश्य हस्तेनप्रीतिमान्भवः। निकामंदर्शनंद
त्वा तत्रैवान्तरधीयत १६७ ततःसोऽन्तर्हितेतस्मिन् देवेशेऽनुचरीन्तदा। तिष्ठन्तींपा
र्श्वतोदृष्ट्वा जयन्तीमिदमब्रवीत् १६८ कस्यत्वंसुभगे! कावा दुःखितेमयिदुःखिता। म
हतातपसायुक्ता किमर्थंमांनिषेवसे १६९ अनयासंस्तुतोभक्त्या प्रश्रयेणदमेनच। स्ने
हेनचैवसुश्रोणि! प्रीतोऽस्मिवरवर्णिनि! १७० किमिच्छसिवरारोहे! कस्तेकामःसमृ

त्वष्टा,धाता,कर्त्ता,चक्षु,श्रोत्रमय,भूतभव्यभवेश,कर्मकी आत्मा ऐसे रूपवाले तुमको० १५६ वसु
साध्य,रुद्र,आदित्य,सुर,विष,मारुत, देवात्मा इनरूपोंवाले तुमको० १५७ अग्नीषोम यज्ञविधि के
जाननेवाले,पशु,मंत्र,औषध,स्वयंभू,अज,अपूर्व,प्रथम,प्रजाकेपति, ब्रह्मात्मा ऐसे तुम्हारे अर्थ न०
१५८ आत्मेश,आत्मवश्य,सर्वेश,अतिशय,सर्वभूतांगभूत, भूतात्मा इन रूपोंवाले तुम्हारे अर्थ न०
१५९ निर्गुण,गुणज्ञ, व्याकृत,अमृत,निरुपाख्य,मित्र,सांख्यात्मा इनरूपोंवाले तुमको न० १६०
पृथिवी,अंतरिक्ष,दिव्य,महान्स्वरूप, जन,तप,सत्य इनलोकों के आत्मा ऐसे स्वरूपोंवाले तुम्हारे
अर्थ नमस्कार है १६१ अव्यक्त,महत्, भूतादि, इन्द्रिय, आत्मज्ञ, विशेष,सर्वात्मा, ऐसे तुम्हारे अर्थ
नमस्कार है १६२ नित्य, आत्मलिंग, सूक्ष्म, इतर, बुध्य, विभु, मोक्षात्मा ऐसे तुम्हारे अर्थ नम-
स्कार है १६३ तीनोंलोकों में रहनेवाले, तथा तीनोंलोकोंसे भी परे, सत्य आदि चार महालोकों
में रहनेवाले ऐसे तुम्हारे अर्थ नम० १६४ और हे शिवजी इसस्तोत्रमें जो मुझसे कछु आपका
स्वरूप वर्णननहीं कियागयाहो उसको आप अपना भक्तजानके सवक्षमाकरो आपब्रह्मण्यहो १६५
सूतजीबोले इस प्रकार नीललोहित देवेश महादेव को प्रणामकर अंजली बाँधकर मौन होकर
स्थित होताभया १६६ तब शिवजी प्रसन्न होकर अपने हाथसे शुक्रजी के अंगको स्पर्शकर और उत्तम
दर्शन देकरके वहीं अन्तर्द्धान होगये १६७ इसके अनन्तर जब कि शिवजी अन्तर्द्धान होगये तबसमीप
में खड़ीहुई उस जयन्ती अनुचरी से शुक्रजी यह वचन कहतेभये १६८ हे सुभगे तू किसकी कौनहै
जो तू मेरे दुखितहोने में दुखितहोरहीहै तू इस महातपसेयुक्त होकर मुझको किस हेतुसे सेवती है
१६९ हे सुश्रोणि उत्तम वर्णवाली तेरी इस भक्ति विनय दमन और स्नेहसे मैं प्रसन्न होगयाहूं १७०

च्छतम्। तत्तेसंपादयाम्यद्य यद्यपिस्यात्सुदुष्करः १७१ एवमुक्ताब्रवीदेनं तपसाज्ञा तुमर्हसि। चिकीर्षितंहिमेब्रह्मन्! त्वंहिवेत्थ यथातथम् १७२ एवमुक्तोऽब्रवीदेनां दृष्ट्वा दिव्येनचक्षुषा। मयासहत्वंसुश्रोणि! दशवर्षाणिभामिनि! १७३ देवि! चेन्दीवरश्यामे! वरार्हे! वामलोचने!। एवंवृणोषिकामंत्वं मत्तोवैवल्गुभाषिणि! १७४ एवंभवतुगच्छामो गृहान्नोमत्तकाशिनि!। ततःस्वगृहमागत्य जयन्त्याःपाणिमुद्वहन् १७५ तयासहावसद्देव्या दशवर्षाणिभार्गवः। अदृश्यःसर्वभूतानां माययासंवृतःप्रभुः १७६ कृतार्थमागतंदृष्ट्वा काव्यंसर्वेदितेःसुताः। अभिजग्मुर्गृहंतस्य मुदितास्तेदिदृक्षवः १७७ यदागतानपश्यन्ति माययासंवृतंगुरुम्। लक्षणंतस्यतद्बुद्ध्वा प्रतिजग्मुर्यथागतम् १७८ बृहस्पतिस्तुसंरुद्धं काव्यंज्ञात्वावरेणतु। तुष्ट्यर्थंदशवर्षाणि जयन्त्याहितकाम्यया १७९ बुद्ध्वातदन्तरंसोपि दैत्यानामिन्द्रनोदितः। काव्यस्यरूपमास्थाय असुरान्समुपाह्वयत् १८० ततस्तानागतान्दृष्ट्वा बृहस्पतिरुवाच ह। स्वागतंममयाज्यानांप्राप्तोऽहंवोहिताय च १८१ अहंवोऽध्यापयिष्यामिविद्याःप्राप्तास्तु या मया। ततस्तेहृष्टमनसोविद्यार्थमुपपेदिरे १८२ पूर्णेकाव्यस्तदातस्मिन् समयेदशवार्षिके। समयान्तेदेवयानीतदोत्पन्नाइति

हे वरारोहे तू क्या इच्छा करती है क्या तेरे कामबढ़रहा है चाहे जैसा दुष्करभी जो तेराकाम होगा उसको भी मैं अवश्य करूंगा १७१ ऐसे वचन सुनकर वह जयन्ती बोली हेब्रह्मन् आप अपने तप केही प्रभावसे मेरे मनोरथ को जानलीजिये १७२ जयन्ती के इस वचनको सुनकर शुक्रजी दिव्य दृष्टिसे देखकर इससे बोले कि हे भामिनि तू दशवर्षतक मेरे साथ रमणकर हेइन्दीवरश्यामे वाम लोचने हे सुन्दर बोलनेवाली तैंने यहीकाम मुझसे वराहै १७३। १७४ अर्थात् यहकामना मुझसे मांगी है सो इसीप्रकारसे होगा हमारे घरकोचलो फिर अपने घरमें लाकर शुक्रजी ने अपना विवाह जयन्तीकेसाथ किया १७५ फिर शुक्राचार्य्यजी उस देवीके साथ दशवर्षतक रमण करने के निमित्त अपनी माया से ऐसे आच्छादित होगये कि किसीको नहीं दीखे १७६ तदनन्तर अपने प्रयोजनको सिद्धकरके शुक्राचार्य्यको आयाहुआ जानकर सब दैत्य प्रसन्न होकर शुक्राचार्य्य के स्थानपर उनके दर्शन करनेको जातेभये १७७ फिर वहाँ जाकर मायासे आच्छादितहुए अपनेगुरू शुक्राचार्य्य को नहींदेखा उससमय उसके लक्षण न जानकर उलटेही चलेआये १७८ फिर इसप्रकार से रुकेहुए शुक्राचार्य्यको बृहस्पतिजी जानगये कि शुक्राचार्य्य जयन्तीके हितके निमित्त दशवर्षतक इसीप्रकार से आच्छादित रहेंगे फिर सब देवताभी बृहस्पतिजीके द्वारा जानकर विचार करनेलगे और दैत्योंके उस छिद्रको जानकर बृहस्पतिजी से कहनेलगे कि अब आप हमारा कुछकार्य्य कीजिये तबदेवताओंसे प्रेरितहोकर बृहस्पतिजी शुक्राचार्य्यकारूप धरके दैत्योंको बुलातेभये १७९।१८० फिरसमीप में आयेहुए दैत्योंसे बृहस्पतिजी ने उसी शुक्रकेरूपके द्वारा कहा कि हे मेरे यजमान लोगो तुम्हारा आना श्रेष्ठहै मैंभी तुम्हारेही हितके निमित्त यहाँ आयाहूं १८१ जो मैंने शिवजीसे विद्यापढ़ीहै वहमैं तुमको पढ़ाऊंगा तब वह दैत्य प्रसन्नहोकर विद्यापढ़नेका प्रारम्भ करतेभये १८२ फिर दशवर्ष व्यतीतहोनेपर शुक्राचार्य्यभी जयन्तीकेभोगोंसे निवृत्तहोगये और सुनाजाताहै कि उसी जयन्ती में देव

श्रुतिः। बुद्धिंचक्रेततःसोऽथ याज्यानांप्रत्यवेक्षणे १८३ देवि! गच्छाम्यहंद्रष्टुं ममयाज्यान् शुचिस्मिते!। विभ्रान्तवीक्षिते! साध्वि! त्रिवर्णायतलोचने १८४ एवमुक्ताब्रवीदेनं भजभक्तान् महाव्रत!। एषधर्म्मःसतांब्रह्मन्! नधर्मंलोपयामिते १८५ ततोगत्वासुरान् दृष्ट्वा देवाचार्येणधीमता। वञ्चितान्काव्यरूपेण ततःकाव्योऽब्रवीत्तुतान् १८६ काव्यंमां वोविजानीध्वन्तोषितोगिरिशोविभुः। वञ्चितावतयूयंवैसर्वेशृणुतदानवाः! १८७ श्रुत्वात थाब्रुवाणन्तंसंभ्रांतास्तेतदाऽभवन्। प्रेक्षन्तस्तावुभौतत्रस्थितासीनौसुविस्मिताः १८८ स म्प्रमूढास्ततःसर्वे नप्राबुध्यन्तकिञ्चन। अब्रवीत्सम्प्रमूढेषु काव्यस्तानसुरांस्तदा १८९ आचार्योवोह्यहंकाव्यो देवाचार्योऽयमङ्गिराः। अनुगच्छतमांदैत्यास्त्यजतैनंबृहस्पतिम् १९० इत्युक्ताह्यसुरास्तेन तावुभौसमवेक्ष्यच। यदासुराविशेषन्तु नजानन्त्युभयोस्त योः १९१ बृहस्पतिरुवाचैनान संभ्रान्तस्तपोधनः। काव्योवोऽहंगुरुर्दैत्या! मद्रूपोऽयंबृ हस्पतिः १९२ संमोहयतिरूपेण मामकेनैषवोऽसुराः!। श्रुत्वातस्यततस्तेवै समेत्यतु ततोऽब्रुवन् १९३ अयंनोदशवर्षाणि सततंशास्तिवैप्रभुः। एषवैगुरुरस्माकमन्तरेस्फु रयन्द्विजः १९४ ततस्तेदानवाःसर्वे प्रणिपत्याभिनन्द्यच। वचनञ्जगृहुस्तस्य चिराभ्या सेनमोहिताः १९५ ऊचुस्तमसुराःसर्वे क्रोधसंरक्तलोचनाः। अयंगुरुर्हितोऽस्माकं ग

यानी कन्या उत्पन्नहुई फिर शुक्राचार्य्यजी अपने यजमान दैत्यलोगोंके ढूंढ़नेमें बुद्धिकरतेभये १८३ और जयन्तीसे कहा हे देविसुन्दरहास्यवाली कटाक्षसे देखनेवाली साध्वी और विस्तृत नेत्रोंवाली में अपने यजमान दैत्योंके देखनेको जाताहूं १८४ ऐसा उनका वचन सुनकर जयन्तीने कहा कि हे महाव्रतवाले आप अपने भक्तोंके ढूँढ़नेको जाइये हे ब्रह्मन् श्रेष्ठ पुरुषोंका यही धर्म है मैं आपके व्रत-का लोप नहीं करसक्ती १८५ तब शुक्राचार्य्यने बृहस्पतिसे ठगेहुए अपने दैत्योंको जानके उनदैत्यों से यह वचनकहा १८६ कि हे दानवलोगो मुझको तुम शुक्राचार्य्य जानों मैंनेही शिवजीको प्रसन्न कियाहै तुम सबको बृहस्पतिने ठगलिया है १८७ इसप्रकारसे कहतेहुए शुक्रके वचनोंको सुनकर वह सबदैत्य भ्रांतचित्तसे आश्चर्य्यित होके उनदोनों बैठेहुओंको देखतेभये १८८ उससमय अज्ञान को प्राप्तहोकर वह दैत्य कुछभी न कहसके और निश्चयभी नहीं करसके तब उन मूर्खदैत्योंसे शुक्रा-चार्य्यनेकहा १८९ हे दैत्यो मैं शुक्र तुम्हारा आचार्य्यहूं और यह देवताओंका आचार्य्य बृहस्पति है तुम इस बृहस्पतिको त्यागकरमेरे साथचलो १९० यह सुनकर वह सबदैत्य उनदोनोंको देखतेभये परन्तुदोनोंमें कुछभी भेदनहीं जाना १९१ उससमय वह तपोधन बृहस्पतिजी शीघ्रही उनदैत्योंसे बोले कि हे दैत्यो तुम्हारा गुरुशुक्राचार्य्य मैंहूं यह तो मेरारूप बनाकर बृहस्पति आयाहै १९२ हे दैत्यो यह बृहस्पति मेरा रूपधरके तुमको छलताहै ऐसे उन बृहस्पतिजीके वचनको सुनकर वहसब दैत्य परस्पर संयुक्त होकर बतरानेलगे १९३ कि यह प्रभु हमलोगोंको दशवर्षसे पढ़ारहाहै हमारे अन्तष्करणसे यही द्विज हमारा गुरूमालूम होताहै १९४ फिर वह सबदैत्य उस बृहस्पतिको प्रणा-मकर उनकेही कहेहुए वचनको ग्रहणकरके प्रमाण करतेभये क्योंकि बहुत दिनोंके अभ्याससे मोहित होरहेथे १९५ इसके पीछे वह सब दैत्य उनशुक्रजीसे बड़े क्रोधपूर्वक लालनेत्र करके बोले कि

च्छत्वंनासिनोगुरुः १९६ भार्गवोवांगिरावापि भगवानेषनोगुरुः। स्थितावयंनिदेशेऽस्य
साधुत्वंगच्छमाचिरम् १९७ एवमुक्तासुराःसर्वे प्रापद्यन्तबृहस्पतिम्। यदानप्रतिपद्य
न्तकाव्येनोक्तंमहद्धितम् १९८ चुकोपभार्गवस्तेषामवलेपेनतेनतु। बोधिताहिमया
यस्मान्नमांभजथदानवाः! १९९ तस्मात्प्रनष्टसंज्ञावै पराभवमवाप्स्यथ। इतिव्याहृत्य
तान्काव्यो जगामाथयथागतम् २०० शप्तांस्तानसुरान्ज्ञात्वा काव्येनसबृहस्पतिः।
कृतार्थःसतदाहृष्टः स्वरूपंप्रत्यपद्यत २०१ बुध्याऽसुरान्हतान्ज्ञात्वा कृतार्थोऽन्तरधीय
त। ततःप्रणष्टेतस्मिंस्तु विभ्रान्तादानवाभवन् २०२ अहोविवञ्चिताःस्मेति परस्पर
मथाब्रुवन्। पृष्ठतोऽभिमुखाश्चैव ताडिताङ्गिरसेनतु २०३ वञ्चिताःसोपधानेन स्वेस्वे
वस्तुनिमायया। ततस्त्वपरितुष्टास्ते तमेवत्वरितायमुः। प्रह्लादमग्रतःकृत्वा काव्यस्या
नुपदम्पुनः २०४ ततःकाव्यंसमासाद्य उपतस्थुरवाङ्मुखाः। समागतान्पुनर्दृष्ट्वा का
व्योयाज्यानुवाचह २०५ मयासम्बोधिताःसर्वे यस्मान्मानाभिनन्दथ। ततस्तेनावमाने
न गतायूयंपराभवम् २०६ एवंब्रुवाणंशुक्रन्तु वाष्पसन्दिग्धयागिरा। प्रह्लादस्तन्तदो
वाच मानत्वन्त्यजभार्गव! २०७ स्वाश्रयान्भजमानांश्च भक्तान्स्त्वम्भजभार्गव!।
त्वय्यदृष्टेवयंतेन देवाचार्य्येणमोहितान्। भक्तानर्हसिवैज्ञातुं तपोदीर्घेणचक्षुषा २०८

यही हमारा हितकारी गुरू है तूहमारा गुरूनहीं है इसीसे चलाजा १९६ यह चाहै शुक्रहै वा बृह
स्पति है परन्तु यही हमारा गुरू है हमतो अच्छे प्रकारसे इसीके समीप स्थित हैं और सदैव रहैंगे
तू यहाँ से शीघ्रही चलाजा देरन कर १९७ ऐसे कहके वह सब दैत्य बृहस्पतिजीकोही प्राप्त होते
भये जब कि शुक्रसे कहेहुए अपने हितको वह दैत्य नहीं प्राप्तहुए तब शुक्राचार्य्यने क्रोध करके उन
को यह शाप दिया कि हे दानवो जो कि मेरे बोधकरानेपर भी तुम सब अभिमान करके मेरे पास
नहीं आये इस हेतुसे तुम्हारा ज्ञान नष्ट होजायगा और देवताओंसे तुम्हारी हारहोवेगी ऐसा शाप
असुरोंको देके शुक्राचार्य्य जैसे आयेथे वैसेही चलेगये १९८।२०० तब बृहस्पतिजी शुक्रसे शापित
हुए दैत्योंको जानकर बड़े कृतार्थ हुए और अपने प्रयोजनको सिद्धकरके फिर अपने निजस्वरूपको
प्राप्तहोगये अर्थात् अपनावही बृहस्पतिका रूप बनालिया २०१ और बुद्धिसे दैत्योंको हतजान
कृतार्थहो अन्तर्द्धान होगये और उस शुक्रके रूपको दूर करदिया इसके नष्टहोजाने के पीछे दानवों
को भ्रमहोगया २०२ तब परस्परमें कहनेलगे कि बड़े आश्चर्य्यकी बातहै कि हमको बृहस्पति ने
ठगलिया और शापित करदिया २०३ यह जानकर बड़े अप्रसन्न होके शीघ्रता पूर्वक प्रह्लादको
आगेकरके सबदैत्य शुक्रजीके समीपगये २०४फिर उन शुक्रजीको प्राप्तहो नीचे मुखकर उनकी स्तुति
करनेलगे तब आयेहुए शिष्योंको देखकर शुक्रजीकहनेलगे२०५ कि हे असुरदैत्यो मेरे शिष्यहोकर जो
तुमनेमुझे निन्दितकिया इसीअपराधसे तुमसब तिरस्कारको प्राप्तहुए २०६ शुक्रजीके इसवचनको
सुनकर आंसुओं से भरे नेत्र और रुकीहुई गद्गद वाणीसे प्रह्लादने कहा कि हे भार्गवजी आप सब
दैत्योंसमेत मुझको मत त्यागो २०७ और आपके आश्रयमें आपकेही भजनेवाले हमभक्तोंको आप
शरणदें और आपके नहीं देखनेसे उस बृहस्पति से मोहितहुए हमलोगोंको हेदीर्घचक्षुपे आपजानने

यदि नस्त्वंनकुरुषे प्रसादम्भृगुनन्दन!।अपध्यातास्त्वयाह्यद्य प्रविशामोरसातलम् २०९
ज्ञात्वाकाव्योयथातत्त्वं कारुण्यादनुकम्पया। एवम्प्रत्यनुनीतोवै ततःकोपंनियम्यसः।
उवाचैतान्नभेतव्यं नगंतव्यंरसातलम् २१० अवश्यंभाविनोह्यर्थाः प्राप्तव्यामयिजाग्रति।
नशक्यमन्यथाकर्तुं दिष्टंहिबलवत्तरम् २११ संज्ञाप्रणष्टायावोऽद्यतामेतांप्रतिपत्स्यथ। दे
वान्जित्वासकृच्चापि पातालम्प्रतिपत्स्यथ २१२ प्राप्तेपर्यायकालेच हीतिब्रह्माभ्यभाष
त। मत्प्रसादात्त्वत्रैलोक्यं भुक्तंयुष्माभिरूर्जितम् २१३ युगाख्यादशसम्पूर्णा देवानाक्र
म्यमूर्द्धनि। एतावन्तञ्चकालंवै ब्रह्माराज्यमभाषत २१४ राज्यंसावर्णिकेतुभ्यं पुनःकि
लभविष्यति। लोकानामीश्वरोभाव्यस्तवपौत्रःपुनर्बलिः २१५ एवंकिलमिथःप्रोक्तः
पौत्रस्तेविष्णुनास्वयम्। वाचाहृतेषुलोकेषु तास्तास्तस्याभवन्किल २१६ यस्मात्प्रवृ
त्तयश्चास्य सकाशादभिसन्धिताः। तस्माद्वृत्तेनप्रीतेन तुभ्यंदत्तंस्वयम्भुवा २१७
देवराज्येबलिर्भाव्य इतिमामीश्वरोऽब्रवीत्। तस्माददृश्योभूतानां कालापेक्षःसतिष्ठति
२१८ प्रीतेनचापरोदत्तो वरस्तुभ्यंस्वयम्भुवा। तस्मान्निरुत्सुकस्त्वंवै पर्यायंसहितो
ऽसुरैः २१९ नहिशक्यंमयातुभ्यं पुरस्ताद्विप्रभाषितुम्। ब्रह्मणाप्रतिषिद्धोऽहं भविष्य
ञ्जानताविभो! २२० इमौचशिष्यौद्वौमह्यं समावेतौबृहस्पतेः। दैवतैःसहसंसृष्टान् स
र्वान्वोधारयिष्यतः २२१ इत्युक्ताह्यसुराःसर्वे काव्येनाक्लिष्टकर्मणा। हृष्टास्तेनययुःसार्द्धं

को योग्यहो २०८ और हेभृगुनन्दनजी जो आप हमलोगोंपर प्रसन्न न होंगे तो आपसे तिरस्कारहुए हम सब पातालमें प्रवेशकरजांयगे २०९ फिर उनके दीन वचनों से दयालुहो शुक्रजी यथावत् तत्त्व को जानकर अपने प्रज्वलित क्रोधको रोकके यह वचनबोले कि तुमको भय न करनाचाहिये और पातालमें भी जाना योग्यनहीं है २१० और मेरे चैतन्य होनेवाले अर्थ अवश्य प्राप्तहोने योग्य हैं और मेरे बलवाले भाग्यको कोई अन्यथा करनेको समर्थ नहीं है २११ और जो तुम्हारी संज्ञा और बुद्धिनष्टहोगई है उसकोभी तुम प्राप्तहोगे और एकवार देवताओंको जीतकर पातालमें चलेजाओगे २१२ जब वैसाही काल प्राप्तहुआ तब ब्रह्माने प्रह्लादसे कहा कि मेरे प्रसादसे तुमने पूरेदशयुगों पर्य्यन्त देवताओंको दबाकर ऐसे बढ़ेहुए त्रैलोक्यके भोगोंको भोगाहै तुमको इतनेही समय पर्य्यन्त मैंनेराज्य करनाकहाथा २१३।२१४ और सावर्णि मन्वन्तरमें फिर तेराराज्यहोगा इसके पीछे तेरे पोतेराजाबलिको लोकोंके ऐश्वर्य्य समेत राज्यहोगा वहसबलोकोंका राजाहोगा इसकेपीछेजबविष्णु भगवान् राजाबलिसे सबलोकोंको हरलेंगे तब सब प्रजा उनकी होजायगी इसहेतुसे तूउनके द्वारा प्रीति और संधिकर इसवृत्तान्तसे प्रसन्नहोकर ब्रह्मातुझको राज्यदेगा और देवताओंके राज्य पर बलि होनेवालाहै ऐसामुझसे सब जगत् के ईश्वर शिवजी ने कहा है इसीलिये विष्णुभूतों से अदृश्यकालकी अपेक्षा करताहुआ स्थितहै २१५।२१८ और हे प्रह्लाद प्रसन्नहोकर ब्रह्माने तुझको देवताओं करके अनुत्साह जानकर २१९ और भी वरदियाहै हे दैत्येश उसवरकोमें तुझसे कहने को समर्थ नहींहूं क्योंकि भविष्यत् कालके ज्ञाताब्रह्माने मुझे रोकदियाहै २२० और यहभी कहाहै कि दोनों शिष्यहमारे समानहैं तुमदेवताओं समेत बृहस्पतिकी सम्पूर्ण विद्याओंको धारण करोगे २२१

प्रह्लादेनमहात्मना २२२ अवश्यम्भाव्यमर्थन्तु श्रुत्वाशुक्रेणभाषितम्। सकृदाशंसमा
नास्तु जयंशुक्रेणभाषितम्।दंशिताःसायुधाःसर्वे ततोदेवानसमाह्वयन् २२३ देवास्तदा
सुरान्दृष्ट्वा संग्रामेसमुपस्थितान् । सर्वेसंभृतसम्भारा देवास्तान्समयोधयन् २२४
देवासुरेतदातस्मिन् वर्तमानेशतंसमाः । अजयन्नसुरादेवांस्ततोदेवाह्यमन्त्रयन् २२५
यज्ञेनोपाह्वयामस्तीततोजेष्यामहेसुरान्।तदोपामन्त्रयन्देवाःशण्डामर्कौतुतावुभौ२२६
यज्ञेचाहूयतौप्रोक्तौत्यजेतामसुरान्द्विजौ। वयंयुवांभजिष्यामःसहजित्वातुदानवान्२२७
एवंकृताभिसन्धीतौशण्डामर्कौसुरास्तथा।ततोदेवाजयंप्रापुर्दानवाश्चपराजिताः२२८
शण्डामर्कपरित्यक्ता दानवाह्यबलास्तथा।एवंदैत्याःपुराकाव्यशापेनाभिहतास्तदा २२९
काव्यशापाभिभूतास्ते निराधाराश्चसर्वशः । निरस्यमानादेवैश्च विविशुस्तेरसातलम्
२३०एवंनिरुद्यमादेवैःकृताःकृच्छ्रेणदानवाः।ततःप्रभृतिशापेनभृगोर्नैमित्तिकेनतु २३१
जज्ञेपुनःपुनर्विष्णुर्द्धर्मेप्रशिथिलेप्रभुः। कुर्वन्धर्मव्यवस्थानमसुराणाम्प्रणाशनम् २३२
प्रह्लादस्यनिदेशेतु नस्थास्यन्त्यसुराश्चये।मनुष्यवध्यास्तेसर्वे ब्रह्मेतिव्याहरत्प्रभुः २३३
धर्मान्नारायणस्यांशः सम्भूतश्चाक्षुषेऽन्तरे। यज्ञंवैवर्तयामासुर्देवावैवस्वतेऽन्तरे २३४
प्रादुर्भावेततस्तस्य ब्रह्माह्यासीत्पुरोहितः। युगाख्यायांचतुर्थ्यान्तुआपन्नेषुसुरेषुवै २३५

बड़े क्लिष्टकर्मी शुक्रजी के ऐसे वचनों को सुनकर बड़े प्रसन्न होके प्रह्लाद समेत सब दैत्यचले जाते भये २२२ और उन्हीं आचार्य्यजी से अवश्य होनेवाले अपने प्रयोजनको अर्थात् एकबार अपनीजयको शुक्रजीसे सुनके उनके वचनोंकी सराहना करके सब दैत्य अपने २ कवच धारण करके देवताओंकोयुद्धके लिये बुलावते भये २२३ तबतो सब देवता युद्धमें खड़ेहुए असुरोंको देख कर सब युद्धकी सामग्री लेकर असुरोंसे युद्धकरनेलगे २२४ इन असुर और देवताओंका युद्धसौवर्ष तकहुआ इसमें असुरोंसे देवताहारे उस समयदेवताओंने परस्पर यह सलाहकरी कि यज्ञमें प्रथम शंडामर्कोंको बुलावें फिरजब युद्धकरेंगे तो असुरोंको जीतेंगे यह विचार करके देवताओंने दोनों शंडामर्कों को यज्ञमें बुलाकर यह वचन कहाकि हे द्विजो तुम असुरोंको त्यागदो हम तुम्हारे साथ असुरोंको जीतकर फिरतुम्हींको भजेंगे २२५।२२७ इस प्रकार शंडामर्कों से देवताओंने सन्धि करके उनको साथमें लेकर युद्धकिया तब देवताओंकी विजयहुई और असुरोंकी पराजयहुई २२८ जैसे कि शंडामर्कों से त्यागेहुए देवता निर्बलहोगयेथे उसी प्रकार शुक्रजीके शापसे दैत्यलोगभी हारगये २२९ इस प्रकार शुक्रके शापसे तिरस्कृत और सबओरसे निराधार होके देवताओं से निकालेहुए दैत्य पातालमें घुसतेभये २३० तब देवताओंने कष्टित और उद्यमों से रहितभी उसी शुक्रके शापके हेतुसे असुरोंको करदिया २३१ फिरजब धर्मकी न्यूनता हुई तबविष्णुने अवतारलेकर असुरोंको नाशकिया और धर्मको स्थापनकिया २३२ और ब्रह्माजीकी आज्ञाहुई किजो असुरप्रह्लाद की आज्ञासे वाहर होंगे वह मनुष्योंसे वध्यहोंगे २३३ इसी आज्ञाके अनुसार चाक्षुषमन्वन्तरमें नारायण का अंश उत्पन्न हुआ और वैवस्वत मन्वन्तरमें देवताओंने यज्ञकिया उसमें ब्रह्मापुरोहित हुआ तब भगवान् उत्पन्नभये और जब देवता विपत्तियुक्त हुए तब युगाख्याचतुर्थीको २३४ समुद्रके तटपर

सम्भूतस्तुसमुद्रान्तेहिरण्यकशिपोर्वधे।द्वितीयेनरसिंहाख्ये रुद्रोह्यासीत्पुरोहितः २३६
वलिसंस्थेषुलोकेषु त्रेतायांसप्तमम्प्रति। तृतीयेवामनस्यार्थे धर्मेणतुपुरोधसा २३७
एतास्तिस्रःस्मृतास्तस्य दिव्याःसम्भूतयोद्विजाः। मानुषाःसप्तयान्यास्तु शापजास्ता
निबोधत २३८त्रेतायुगेतुप्रथमे दत्तात्रेयोबभूवह। नष्टेधर्मेचतुर्थांशे मार्कण्डेयपुरःसरः
२३९ पञ्चमःपञ्चदश्याञ्च त्रेतायांसम्बभूवह। मान्धाताचक्रवर्तीतु तदोत्तङ्कपुरःसरे
२४० एकोनविंश्यांत्रेतायां सर्वक्षत्रान्तकृद्विभुः। जामदग्न्यस्तथाषष्ठो विश्वामित्रपुरः
सरः २४१ चतुर्विंशेयुगेरामो वसिष्ठेनपुरोधसा। सप्तमोरावणस्यार्थे जज्ञेदशरथात्मजः
२४२अष्टमेद्वापरेविष्णुरष्टाविंशेपराशरात्।वेदव्यासस्तथाजज्ञेजातूकर्ण्यपुरःसरः२४३
कर्त्तुन्धर्म्मव्यवस्थानमसुराणाम्प्रणाशनम्। बुद्धोनवमकोजज्ञे तपसापुष्करेक्षणः। देव
सुन्दररूपेण द्वैपायनपुरःसरः २४४ तस्मिन्नेवयुगेक्षीणे सन्ध्याशिष्टेभविष्यति। क
ल्कीतुविष्णुयशसः पाराशर्य्यपुरःसरः। दशमोभाव्यसम्भूतो याज्ञवल्क्यपुरःसरः २४५
सर्वांश्चभूतांस्तिमितान् पाषण्डांश्चैवसर्वशः।प्रगृहीतायुधैर्विप्रैर्वृतःशतसहस्रशः २४६
निःशेषान्शूद्रराज्ञस्तु तदासतुकरिष्यति। ब्रह्मद्विषःसपत्नांस्तु संहत्यैवचतद्वपुः २४७
अष्टाविंशेस्थितःकल्किश्चरितार्थःससैनिकः। शूद्रान्संशोधयित्वातु समुद्रान्तञ्चवैस्व
यम् २४८ प्रवृत्तचक्रोबलवान् संहारन्तुकरिष्यति। उत्सादयित्वावृषलान् प्रायशस्ता

विष्णुका जन्महुआ वही विष्णु फिर हिरण्यकशिपुके वधके निमित्त जब नरसिंह हुए तब रुद्रपुरोहित हुए २३५। २३६ और सातवें मन्वन्तरके त्रेता युगमें जब राजा बलिहुआ तब धर्म पुरोहित समेत तीसरे वामनजी हुए २३७ हे द्विजलोगो यह तीनतोभगवत्की दिव्य विभूति वर्णनकी हैं और सात शापके हेतुसे मानुषी विभूति हुई हैं ऐसा तुम जानो २३८ जब धर्मका चौथाभाग नष्टहुआ तबत्रेता युगमें प्रथम मार्कण्डेयजी समेत दत्तात्रेयहुए २३९ पांचवें त्रेतामें पूर्णमासीकेदिन चक्रवर्ती मांधाता राजा हुआ और उसका पुरोहित उत्तंगहुआ २४० उन्नीसवें त्रेतामें सम्पूर्ण क्षत्रियोंका नाश करने वाला बड़ा समर्थ छठापरशुरामजीका अवतार हुआ उससमय विश्वामित्र पुरोहित हुआ २४१ चौबीसवें युगके त्रेतामें वसिष्ठ पुरोहित समेत सातवाँ अवतार दशरथके पुत्र श्रीरामचन्द्रजीकाहुआ यह अवतार रावणके वधके निमित्त हुआ २४२ विष्णुभगवान्का वेदव्यासरूपसे आठवां अवतार अट्ठाईसवें द्वापरमें हुआहै तब जातूकर्ण्य ऋषि इनका पुरोहित हुआहै २४३ और धर्मकी स्थिति और असुरोंके नाश करने के अर्थ तपकरके कमल सदृशनेत्र वाला नवांअवतार देवताके समान सुन्दर रूपवाला बुद्धकाहुआ और उनके पुरोहित द्वैपायन अर्थात् वेदव्यासजी होतेभये २४४ और जब यह कलियुग क्षीणहोजायगा तब संध्याशमें विष्णुयश वाले ब्राह्मणके यहाँ कल्की अव-तार होंगे और पाराशर्य्य वेदव्यास पुरोहित होंगे यह दशवाँ अवतार होगा और इसके आगेही याज्ञवल्क्यभीहोगा २४५ यह अवतार सम्पूर्ण दुष्टप्राणी पाषण्डी शस्त्रधारी हजारों ब्राह्मणोंसमेत २४६ शूद्रराजाओंको और पाषण्ड मात्रको नष्ट करदेगा और यही शरीर ब्राह्मणों के शत्रु और अन्य शत्रुओंका संहार करके २४७ अट्ठाईसवें युगमें सेना समेत विचरताहुआ शूद्रोंको मार अपने आप

नधार्मिकान् २४६ ततस्तदासवैकल्किश्चरितार्थःससैनिकः। प्रजास्तंसाधयित्वातु समृ
द्धास्तेनवैस्वयम् २५० अकस्मात्कोपितान्योन्यं भविष्यन्तीहमोहिताः। क्षपयित्वातु
तेऽन्योन्यं भाविनार्थेनचोदिताः २५१ ततःकालेव्यतीतेतु सदेवोऽन्तरधीयत। नृपेष्व
थप्रनष्टेषु प्रजानांसंग्रहात्तदा २५२ रक्षणेविनिवृत्तेतु हत्वाचान्योन्यमाहवे। परस्परंनि
हत्वातु निराक्रन्दाःसुदुःखिताः २५३ पुराणिहित्वाग्रामांश्च तुल्यत्वेनिष्परिग्रहाः। प्रन
ष्टाश्रमधर्म्माश्च नष्टवर्णाश्रमास्तथा २५४ अट्टशूलाजानपदाः शिवशूलाश्चतुष्पथाः।
प्रमदाःकेशशूलाश्च भविष्यन्तियुगक्षये २५५ ह्रस्वदेहायुषश्चैव भविष्यन्तिवनौकसः।
सरित्पर्वतवासिन्यो मूलपत्रफलाशनाः २५६ चीरचर्माजिनधराः संकरंघोरमाश्रिताः।
उत्पातदुःखाःस्वल्पार्थाः वहुबाधाश्चताःप्रजाः २५७ एवंकष्टमनुप्राप्ताः कालेसन्ध्यंश
केतदा। ततःक्षयंगमिष्यन्ति सार्द्धकलियुगेनतु २५८ क्षीणेकलियुगेतस्मिंस्ततःकृत
मवर्त्तत। इत्येतत्कीर्त्तितंसम्यक् देवासुरविचेष्टितम् २५९ यदुवंशप्रसंगेन समासाद्वै
ष्णवंयशः। तुर्वसोस्तुप्रवक्ष्यामि पूरोर्द्रुह्योस्तथाह्यनोः २६० ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे सप्तचत्वारिंशोध्यायः ४७ ॥

(सूतउवाच) तुर्वसोस्तुसुतोगर्भो गोभानुस्तस्यचात्मजः। गोभानोस्तुसुतोवीर

समुद्रकेअन्तमें २४८ सेनाको लेकर संहार करेगा वहाँ विशेप करके पापी शूद्रोंको मारकर सेना
समेत अपनेको कृतकृत्य मानकर यह कल्की प्रजाको शोधन करके आपवृद्धावेगा २४९।२५० तद
नन्तर अपने आपप्रजाकुपित होकर मोहितहोजायगी औरभावीकेवशीभूतोंको परस्परमें नष्टकरदेगी
२५१ फिर कालव्यतीतहोजानेपर यह कल्की जब अन्तर्द्धान होजायगा फिर प्रजाओंके नाशसे
राजानष्टवृद्धीहोके २५२ अपना कोई रक्षक न देख राजाओं समेत सबजन परस्पर युद्ध करके
और एक एकको मारकर महादुखितहोजावेंगे २५३ फिरग्राम नगरादिकोंका मरणहोकर कुछ न
रहेगा और वर्ण आश्रम धर्म नष्ट होजावेंगे २५४ उस कलियुगके अन्तमें राजाअन्न वेचने वाले
ब्राह्मण वेदबेचने वाले और स्त्रियां भग वेचनेवाली यह सबवातें होजांयगी २५५ और छोटा शरीर
थोड़ी आयु और वनमें स्थान ऐसेपुरुप होजांयगे और नदी पर्व्वत पर वसने वाली होजांयगी सब
मनुष्य कन्द मूलफलादिके भोजन करनेवाले होकर २५६ फटेवस्त्र मृगचर्मादिक धारण करेंगे
सबजाति परस्परमें मिलजांयगी और उत्पातोंसे क्लेशित अल्प धनवाली और बहुतसी पीड़ावाली
ऐसी सब प्रजाहोजावेंगी २५७ फिर ऐसे कष्टोंसे महाकष्टित होकर प्रजा कलियुगकरके सहित
संध्यंशकालमें नाशको प्राप्तहोजावेंगी २५८ फिर कलियुगकेक्षीण होतेही सतयुग प्रवर्त्त होगा सूत
जीनेकहा कियह मैंने तुम्हारे आगे देवता और असुरोंका किया हुआ कर्म अच्छे प्रकारसे वर्णनकिया
२५९ अब यदुवंशके प्रसंग करिके साधारण रीतिसे तुर्वसु—पूरु—द्रुह्यु—और अनुइनसब समेतविष्णु
का यशवर्णन करूंगा २६० ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ४७ ॥

सूतजीबोले कि तुर्वसुके गर्भनाम पुत्रहुआ गर्भकापुत्र गोभानु और गोभानुका बड़ा शूरवीर सं

स्त्रिसारिरपराजितः १ करन्धमस्तुत्रैसारिर्भरतस्तस्यचात्मजः। दुष्यन्तःपौरवस्यापि तस्य पुत्रोह्यकल्मषः २ एवंययातिशापेन जरासंक्रमणेपुरा। तुर्वसोःपौरववंशं प्रविवेशपुरा किल ३ दुष्यन्तस्यतुदायादो वरूथोनामपार्थिवः। वरूथात्तुतथाडीरः सन्धानस्तस्य चात्मजः ४ पाण्ड्यश्चकेरलश्चैव चोलःकर्णस्तथैवच। तेषांजनपदाःस्फीताः पाण्ड्या श्चोलाःसकेरलाः ५ द्रुह्यस्यतनयौशूरौ सेतुःकेतुस्तथैवच। सेतुपुत्रःशरद्वांस्तु गन्धा रस्तस्यचात्मजः ६ ख्यायतेयस्यनाम्नासौ गन्धारविषयोमहान्। आरट्टदेशजास्तस्य तुरगावाजिनांवराः ७ गन्धारपुत्रोधर्म्मस्तु धृतस्तस्यात्मजोऽभवत्। धृताच्चविदुषो जज्ञेप्रचेतास्तस्यचात्मजः ८ प्रचेतसःपुत्रशतंराजानःसर्वएवते। म्लेच्छराष्ट्राधिपाःसर्वे उदीचीन्दिशमाश्रिताः ९ अनोश्चैवसुतावीरास्त्रयःपरमधार्मिकाः। सभानरश्चाक्षुषश्च परमेषुस्तथैवच १० सभानरस्यपुत्रस्तु विद्वान्कोलाहलोनृपः। कोलाहलस्यधर्म्मात्मा संजयोनामविश्रुतः ११ सञ्जयस्याभवत्पुत्रो वीरोनामपुरञ्जयः। जन्मेजयोमहाराज! पुर ञ्जयसुतोऽभवत् १२ जन्मेजयस्यराजर्षेर्महाशालोऽभवत्सुतः। आसीदिन्द्रसमोराजा प्रतिष्ठितयशाभवत् १३ महामनाःसुतस्तस्य महाशालस्यधार्मिकः। सप्तद्वीपेश्वरोजज्ञे चक्रवर्तीमहामनाः १४ महामनास्तुद्वौपुत्रौ जनयामासविश्रुतौ। उशीनरञ्चधर्म्मज्ञं तितिक्षुंचैवतावुभौ १५ उशीनरस्यपत्न्यस्तु पञ्चराजर्षिसम्भवाः। भृशाकृशानवादर्शा याचेदेवीदृषद्वती १६ उशीनरस्यपुत्रास्तु तासुजाताःकुलोद्वहाः। तपसातेतुमहता जा

(ऋषयऊचुः) येपूज्यास्युर्द्विजातीनामग्नयःसूत! सर्वदा। तानिदानींसमाचक्ष्व तद्वंशंचानुपूर्वशः १ (सूतउवाच) योऽसावग्निरभीमानी स्मृतःस्वायम्भुवेऽन्तरे। ब्रह्मणोमानसःपुत्रस्तस्मात् स्वाहाव्यजीजनत् २ पावकंपवमानञ्च शुचिरग्निश्चयःस्मृतः। निर्मथ्यःपवमानोऽग्निर्वैद्युतःपावकात्मजः ३ शुचिरग्निःस्मृतःशौरः स्थावराश्चैवतेस्मृताः। पवमानात्मजोह्यग्निर्हव्यवाहःसउच्यते ४ पावकिःसहरक्षस्तु हव्यवाहमुखःशुचिः। देवानांहव्यवाहोग्निः प्रथमोब्रह्मणःसुतः ५ सहरक्षोऽसुराणान्तु त्रयाणान्तेत्रयोग्नयः। एतेषांपुत्रपौत्राश्च चत्वारिंशत्तथैवच ६ प्रवक्ष्येनामतस्तान्वै प्रतिभागेनतान्

सुखीवलहोगा ८२ सुखीवलके परिष्णवहोगा परिष्णवके सुतपाराजाहोगा ८३ सुतपाके मेधावी होगा मेधावीकापुत्र पुरञ्जय होगा ८४ उसके उर्व पुत्रहोगा उर्वका पुत्रतिग्मात्मा होगा तिग्मात्मासे बृहद्रथहोगा बृहद्रथ से वसुदामाहोगा ८५ वसुदामाके शतानीक पुत्रहोगा तिसके दयननामपुत्र होगा दयनके शूरवीर राजा वहीनरहोगा ८६ वहीनरके दंडपाणि दंडपाणिके निरामित्र और निरामित्रके क्षेमक नामपुत्रहोगा ८७ यह क्षेमके वंशमें पुरातन ब्राह्मणोंने श्रेष्ठ वर्णनकिया है यह ब्राह्मण क्षत्रियोंका वंश देवर्षियोंने सत्कार किया है और कलियुगमें क्षेमकको प्राप्तहोकर यह वंश नष्टहोजायगा ८८ सूतजीने कहा हेऋषियो पाण्डुकेपुत्र अर्जुन महात्माका यह पौरववंश मैंने तुमसे यथावत्हीकहा है ८९॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचाशत्तमोऽध्यायः ५०॥

यहसुनकर ऋषियोंने कहा कि हेसूतजी ब्राह्मणों के मध्यमें जो संपूर्ण कालोंसे अग्निपूजक हैं उनको और उनके वंशोंको आप क्रमपूर्वक वर्णनकीजिये १ यह सुनकर सूतजी कहने लगे कि हे ऋषियो जो स्वायंभुव मन्वन्तरमें अग्नि अभिमानी अधिष्ठाताकहा है वह ब्रह्माके मनसे उत्पन्नहोता भया उसकापुत्र स्वाहा होताभया २ पावक और पवमान रूपसे अग्निहोताभया एक शुचि अग्नि कहाहै उनमें से पवमान तो मथनसे हुआ और पावक से वैद्युतहुआहै ३ शुचि सूर्य्य से हुआहै वह स्थावर अग्निकहा है और पवनका पुत्र हव्यवाहन कहाहै ४ पावकका पुत्र सहरक्ष अग्निहुआ हव्यवाहनका मुख पवित्रहै क्योंकि देवताओंका हव्यवाह अग्निहै यह ब्रह्माका प्रथमपुत्र कहाहै ५ सहरक्ष अग्नि असुरोंकाहै यह तीनोंकेतीन अग्नि हैं इनके पुत्र पौत्रादिक चालीसवर्णन किये हैं ६ अब

पृथक्। पावनोलौकिको ह्यग्निःप्रथमोब्रह्मणश्चयः ७ ब्रह्मौदनाग्निस्तत्पुत्रो भरतोना मविश्रुतः। वैश्वानरोहव्यवाहोवहन्हव्यंममारसः ८ सम्मतोऽथर्वणःपुत्रो मथितःपुष्करो दधिः। योऽथर्वालौकिको ह्यग्निर्दक्षिणाग्निःसउच्यते ९ भृगोःप्रजायताथर्वा ह्यङ्गिराथ र्वणःस्मृतः। तस्यह्यलौकिकोह्यग्निर्दक्षिणाग्निःसवैस्मृतः १० अथयःपवमानस्तु निर्म थ्योऽग्निःसउच्यते। सचवैगार्हपत्योऽग्निः प्रथमोब्रह्मणःस्मृतः ११ ततःसभ्यावसथ्यौ च संशत्यास्तौसुतावुभौ। ततःषोडशनद्यस्तु चकमेहव्यवाहनः। यःखल्वाहवनीयोग्नि रभिमानीद्विजैःस्मृतः १२ कावेरीकृष्णवेणीञ्चनर्मदांयमुनांतथा। गोदावरींवितस्ता ञ्चचन्द्रभागामिरावतीम् १३ विपाशांकौशिकीञ्चैव शतद्रूंसरयूंतथा। सीतांमनस्वि नीञ्चैव ह्रदिनींपावनांतथा १४ तासुषोडशधात्मानं प्रविभज्यपृथक्पृथक्। तदातुविह रंस्तासु धिष्णेच्छःसत्रभूवह १५ स्वाभिधानस्थिताधिष्ण्यास्तासूत्पन्नाश्चधिष्णवः धिष्ण्येषुजज्ञिरेयस्मात् ततस्तेधिष्णवःस्मृताः १६ इत्येतेवैनदीपुत्रा धिष्ण्येषुप्रतिपे दिरे। तेषांविहरणीयाये उपस्थेयाश्चतांञ्छृणु। विभुःप्रवाहणोऽग्नीध्रस्तत्रस्थाधिष्ण वोऽपरे १७ विहरन्तियथास्थानं पुण्याहेसमुपक्रमे। अनिर्देश्यानिवार्याणामग्नीनांशृ णुतक्रमम् १८ वासवोऽग्निःकृशानुर्योद्वितीयोत्तरवेदिकः। सम्राडग्निसुतोह्यष्टावुपति ष्ठन्तितान्द्विजाः १९ पर्जन्यःपावमानस्तु द्वितीयःसोऽनुदृश्यते। पावकोष्णःसमुह्यस्तु वोत्तरेसोऽग्निरुच्यते २० हव्यसूदोह्यसंमृज्यः शामित्रःसविभाव्यते। शतधामासुधा

उनके पृथक् २ विभागपूर्वक नामों को कहता हूं प्रथम ब्रह्माजी से लौकिक पावन अग्निहुआ ७ उसकापुत्र ब्रह्मौदनहुआ उसका पुत्र भरतहुआ और वैश्वानर अग्नि हव्यको प्राप्तकरके मरा ८ वही अथर्वकामराहुआ पुत्र जब मथागया तब पुष्करोदधि हुआ और जो लौकिक अथर्वाग्निहै वही दक्षि- णाग्नि कहाहै ९ भृगुसे अथर्वाहुआ अथर्वसे अंगिराहुआ उसके अलौकिक दक्षिणाग्निहुआ १० और पवमान निर्मथ्य अग्निकहाहै वहीब्रह्मासे प्रथम गार्हपत्य अग्निकहा है ११ तिस्से संशतिमें सभ्य और आवसथ्यहुआ है फिर हव्यवाहन सोलह नदियों को रचताभया जो आहवनीय अग्निहै उस को ब्राह्मणोंने अभिमानीकहाहै १२ वह १६ नदियां यहहैं कावेरी १ कृष्णवेणी २ नर्मदा ३ यमुना ४ गोदावरी ५ वितस्ता ६ चन्द्रभागा ७ इरावती ८ विपाशा ९ कौशिकी १० शतद्रू ११ सरयू १२ सीता १३ मनस्विनी १४ ह्रदिनी १५ और पावना १६ इननदियों में पृथक् २ सोलह प्रकार से आत्माको विभागकरके विहार करताहुआ धिष्णेच्छ होताहुआ १३।१५ अपनेनाममें स्थित जो धिष्णहै उस्सेधिष्णुहुए और धिष्णोंके मध्यमें जन्मलेनेसे धिष्णुकहाताहै १६ यह सबनदियों के पुत्र धिष्णों में उत्पन्न होतेभये इनमें जो विहरणीय और उपस्थेय हैं उनको सुनो प्रवाहणनाम जो अग्नि है और जो धिष्णु वर्तमान हैं १७ वह पुण्यदिवस के आनेपर यथास्थान विहारकरते हैं-अनिर्देश्य और निवार्य्य अग्नियोंकेनाम क्रमसे सुनो १८ वासव अग्नि और कृशानु यह दोनों द्वितीयउत्तर की वेदी हैं अग्निकापुत्र सम्राट्हुआ और आठअग्नियों को ब्राह्मण सेवनकरते हैं १९ पर्जन्य और पावमान यह दोभी अग्निहैं,पावकोष्ण और समुह्य यह दोनों उत्तरमें अग्निकहे हैं २० हव्यसूद और

ज्योती रौद्रैश्वर्यःसउच्यते २१ ब्रह्मज्योतिर्वसुधामा ब्रह्मस्थानीयउच्यते। अजैकपादुप स्थेयः सवैशालामुखोयतः २२ अनिर्देश्योह्यहिर्बुध्नो बहिरन्तेतुदक्षिणो। पुत्राह्येतेतुस र्वस्य उपस्थेयाद्विजैःस्मृताः २३ ततोविहरणीयांस्तुवक्ष्याम्यष्टौतुतान्सुतान्। हौत्रिय स्यसुतोह्यग्निर्बर्हिषोहव्यवाहनः २४ प्रशंस्योऽग्निः प्रचेतास्तु द्वितीयःसंसहायकः। सुतोह्यग्नेर्विश्ववेदा ब्राह्मणाच्छंसिरुच्यते २५ अपांयोनिःस्मृतःस्वाम्भः सेतुर्नामवि भाव्यते। धिष्ण्यश्राहरणाह्येते सोमेनेज्यन्तवैद्विजैः२६ ततोयःपावकोनाम्नायःसद्भिर्यो गउच्यते। अग्निःसोऽवभृथेइज्योवरुणेनसहेज्यते २७ हृदयस्यसुतोह्यग्नेर्जठरेऽसौनृणां पचन्। मन्युमान्जाठरश्चाग्निर्विद्धाग्निःसततंस्मृतः २८ परस्परोत्थितोह्यग्निर्भूतानीह विभुर्दहन्। अग्नेर्मन्युमतःपुत्रो घोरःसंवर्त्तकःस्मृतः २९ पिबन्नग्निःसवसति समुद्रेव डवामुखे। समुद्रवासिनःपुत्रः सहरक्षोविभाव्यते ३० सहरक्षस्तुवैकामान् गृहेसवसतेनृ णाम्। क्रव्यादग्निःसुतस्तस्य पुरुषान्योऽत्तिवैमृतान् ३१ इत्येतेपावकस्याग्नेर्द्विजैः पु त्राःप्रकीर्त्तिताः। ततःसुतास्तुसौवीर्य्याद्गन्धर्वैरसुरैर्हृताः ३२ मथितोयस्त्वरण्यान्तु सो ऽग्निरापसमिन्धनम्। आयुर्नाम्नातुभगवान् पशौयस्तुप्रणीयते ३३ आयुषोमहिमान् पुत्रो दहनस्तुततःसुतः। पाकयज्ञेष्वभीमानी हुतंहव्यंभुनक्तियः ३४ सर्वस्माद्देवलोका च्च हव्यंकव्यंभुनक्तियः। पुत्रोऽस्यसहितोह्यग्निरद्भुतःसमहायशाः ३५ प्रायश्चित्तेष्व

असंसृज्य यह दोनोंशामित्र कहाते हैं-शतधामा और सुधाज्योती अग्नियोंको रौद्रैश्वर्य्य वर्णनकिया है ब्रह्मज्योति और वसुधामा इनको ब्रह्मस्थानीय कहाहै अजैकपाद से जो उपस्थेय अग्निहुआ है वह शालामुख वर्णनकियाहै २१।२२ अनिर्देश्य और अहिर्बुध्न दक्षिणाग्नि कहे हैं यहसबब्राह्मणलोगोंने उपस्थके पुत्रकहे हैं २३ अब विहरणीय आठपुत्रोंको कहताहूं हौत्रियकापुत्र अग्नि हव्यवाहनहुआ २४ प्रचेता अग्नि सुन्दरकहा है दूसरा संसहायक अग्निकहा है अग्निका विश्ववेदा पुत्र ब्राह्मणाच्छंसि कहाताहै २५ जलोंकी योनिको स्वाम्भअग्नि वर्णनकियाहै उसकानाम सेतुहै यह धिष्ण्य और आ- हरण अग्नि ब्राह्मणोंने सोमयज्ञसे यजनाकियेहैं २६ इनमें पावक अग्निको श्रेष्ठलोगोंने योगकहा है वह अग्नि अवभृथ स्नानमें वरुणकेसाथ पूजनकीजातीहै २७ हृदयकापुत्र अग्नि जो उदरमें अन्ना- दिकको पकाताहै उसको मन्युमान्-जाठराग्नि और विद्धाग्नि कहते हैं २८ आपसे आप उठाहुआ अग्नि जो जीवोंको दग्धकरताहै सो मन्युमान् अग्निकापुत्र घोर संवर्त्तक कहाताहै २९ और जो अग्नि समुद्रमें वसताहै वह समुद्रवासिकापुत्र सहरक्ष कहाताहै ३० सहरक्ष अग्नि मनुष्योंके घरों में वासकरताहुआ कामनाओंको पूरणकरताहै सहरक्षकापुत्र क्रव्याद अग्नि मरेपुरुषों को भक्षणकरता है ३१ हे ऋषीश्वरो यहसब अग्नि ब्राह्मणलोगोंने पावक अग्निकेपुत्र कहे हैं और सौवीरनाम अग्नि के पुत्रोंको गन्धर्व और असुरोंने हरलियाहै ३२ अरणीमें मथितहुई जो अग्निहै सो समिंधन अर्थात् पलशियोंको प्राप्तहुआहै वह भगवान् आयुनामसे पशुओंमें कहाहै ३३ आयुके महिमान् पुत्रहुआ उसकापुत्र दहनहुआ और जो पावक कि यज्ञोंमें हवन कियेहुए हव्योंको भोजन करताहै ३४ और सम्पूर्ण देवलोकसेभी हव्यकव्योंको भोजन करताहै उसकापुत्र महायशा अद्भुत वर्णन कियागया है

भीमानी हुतंहव्यंभुनक्तियः। अद्भुतस्यसुतोवीरो देवांशस्तुमहान्स्मृतः ३६ विविधाग्नि स्ततस्तस्य तस्यपुत्रोमहाकविः। विविधाग्निसुतादर्कोदग्नयोऽष्टौसुताःस्मृताः ३७ काम्यास्विष्टिष्वभीमानी रक्षोहायतिकृच्चयः। सुरभिर्वसुमानूनादो हृर्य्यश्वःसोऽभवत्पु रा ३८ प्रवर्ग्यःक्षेमवांश्चैव इत्यष्टौचप्रकीर्त्तिताः। शुच्यग्नेस्तुप्रजाह्येषा अग्नयश्च च तुर्दश ३९ इत्येतेह्यग्नयःप्रोक्ताः प्रणीतायेहिचाध्वरे। समतीतेतुसर्गेये यामैःसहसुरो त्तमैः ४० स्वायम्भुवेन्तरेपूर्व मग्नयस्तेऽभिमानिनः। एतेविहरणीयेषु चेतनाचेतनेष्वि ह ४१ स्थानाभिमानिनोऽग्निधाः प्रागासन्हव्यवाहनाः। काम्यनैमित्तिकाद्येषु येतेक र्म्मस्ववस्थिताः ४२ पूर्वेमन्वन्तरेऽतीते शुक्रैर्यामैश्चतैःसह। एतेदेवगणैःसार्द्धं प्रथम स्यान्तरेमनोः ४३ इत्येतायोनयोह्युक्ताः स्थानाख्याजातवेदसाम्। स्वारोचिषादिषुज्ञेयाः सवर्णान्तेषुसप्तसु ४४ तैरेवन्तुप्रसंख्यातं साम्प्रतानागतेष्विह। मन्वन्तरेषुसर्वेषु लक्ष णंजातवेदसाम् ४५ मन्वन्तरेषुसर्वेषु नानारूपप्रयोजनैः। वर्त्तन्तेवर्त्तमानैश्च यामैर्देवैः सहाग्नयः ४६ अनागतैःसुरैःसार्द्धं वत्स्यन्तोनागतास्त्वथ। इत्येषप्रचयोऽग्नीनां मया प्रोक्तोयथाक्रमम्। विस्तरेणानुपूर्व्याच किमन्यच्छ्रोतुमिच्छथ ४७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे एकपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५१॥

(ऋषय ऊचुः) इदानीम्प्राहयद्विष्णुः पृष्टःपरममुत्तमम्। तमिदानींसमाचक्ष्व

३५ यह प्रायश्चित्तोंका अभिमानी हुत और हव्यको भोजन करता है अद्भुतकेवीरनाम पुत्रहुआ उसको देवताओंका अंश वर्णन कियाहै ३६ उससे विविधाग्नि हुआ उसकापुत्र महाकविहुआ और विविधाग्निके दूसरे अर्कनाम पुत्रसे आठ पुत्रहुए हैं ३७ यह आठों काम्य यज्ञोंमें अभिमानी हैं वह आठोंयहहैं रक्षोहा-यतिकृत्-सुरभि-वसुमान्-नाद- हर्य्यश्व ३८ प्रवर्ग्य-और क्षेमवान् यह आठों अग्नि कहे हैं और शुचिअग्निकी सन्तान यह चोदह अग्निकहे हैं ३९ जिन२ यज्ञोंमें जो २ विधान किये हैं वह यहहैं अतीतरचनामें याम संज्ञक देवताओं समेत ४० स्वायम्भुवमनुमें यह अग्निअभि-मानी कहे हैं यह सम्पूर्ण विहरणीय चेतन और अचेतनोंमें कहेहैं ४१ यह स्थानाभिमानी अग्निध्र प्रथम हव्यवाहन होतेभये और यही सम्पूर्ण काम्य और नैमित्तिक कर्मोंमें अवस्थित हैं ४२ प्रथम व्यतीतहुए मन्वन्तर में शुक्र और याम देवगणों करके सहित होतेभये इनको अग्नियोंकी स्थानाख्य योनिकहाहै यह स्वारोचिषादि सावर्णि पर्य्यन्त सात मन्वन्तरोंमें जानना ४३। ४४ हे ऋषियो यह सब तो मैंने व्यतीत मन्वन्तरोंके अग्नि वर्णनकिये अब आनेवालोंको कहते हैं इनमें सम्पूर्ण मन्व-न्तरोंके अग्नियोंके लक्षणकहे हैं ४५ सम्पूर्णमन्वन्तरोंमें अनेकरूप और प्रयोजनों करके वर्त्तमान जो यामदेव हैं इनसबों समेत अग्निवर्त्ते हैं ४६ आनेवाले देवताओंके साथ आनेवाले अग्नि वसते हैं इसरीतिसे यह अग्नियोंके प्रचयके व्यवहार मैंने तुमसे क्रमपूर्व्वक वर्णनकिये हे ऋषियो अब और क्या विस्तारपूर्व्वक सुनना चाहतेहो ४७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकाधिकपंचाशत्तमोऽध्यायः ५१॥

ऋषियोंने पूछा कि हे सूतजी मनुके पूछनेसे जो धर्माधर्म का परमउत्तम विस्तार विष्णुभगवान्

धर्म्माधर्म्मस्यविस्तरम् १ (सूत उवाच) एवमेकार्णवेतस्मिन् मत्स्यरूपीजनार्दनः ।
विस्तारमादिसर्ग्गस्य प्रतिसर्ग्गस्यचाखिलम् २ कथयामासविश्वात्मा मनवेसूर्य्यसून
वे । कर्म्मयोगञ्चसांख्यञ्च यथावद्विस्तरान्वितम् ३ (ऋषय ऊचुः) श्रोतुमिच्छाम
हेसूत ! कर्म्मयोगस्यलक्षणम् । यस्मादविदितंलोके नकिञ्चित्तवसुव्रत ! ४ (सूतउ
वाच) कर्म्मयोगंचवक्ष्यामि यथाविष्णुविभाषितम् । ज्ञानयोगसहस्राद्धि कर्म्मयोगः
प्रशस्यते ५ कर्म्मयोगोद्भवंज्ञानं तस्मात्तत्परमम्पदम् । कर्म्मज्ञानोद्भवंब्रह्म नचज्ञान
मकर्म्मणः ६ तस्मात्कर्म्मणियुक्तात्मा तत्त्वमाप्नोतिशाश्वतम् । वेदोऽखिलोधनंमूल
माचारश्चैवतद्धितम् ७ अष्टावात्मगुणास्तस्मिन् प्रधानत्वेनसंस्थिताः दयासर्वेषुभूतेषु
क्षान्तीरक्षातुरस्यतु ८ अनसूयातथालोके शौचमन्तर्बहिर्द्विजाः । अनायासेषुकार्येषु
माङ्गल्याचारसेवनम् ९ नचद्रव्येषुकार्पण्यमार्तेषूपार्जितेषुच । तथास्पृहापरद्रव्ये परस्त्री
षुचसर्वदा १० अष्टावात्मगुणाःप्रोक्ताः पुराणस्यतुकोविदैः । अयमेवक्रियायोगो ज्ञान
योगस्यसाधकः ११ कर्मयोगंविनाज्ञानं कस्यचिन्नेहदृश्यते । श्रुतिस्मृत्युदितंधर्ममुप
तिष्ठेत्प्रयत्नतः १२ देवतानांपितृणांच मनुष्याणांचसर्वदा । कुर्यादहरहर्यज्ञैर्भूतर्षिगण
तर्पणम् १३ स्वाध्यायैरर्चयेच्चर्षीन् होमैर्विद्वान्यथाविधि । पितॄन्श्राद्धैरन्नदानैर्भूतानि
बलिकर्म्मभिः १४ पञ्चैतेविहितायज्ञाः पंचसूनापनुत्तये । कण्डनीपेषणीचूल्ली जलकुम्भी

ने वर्णन कियाहै उसको आप हमें सुनाइये १ सूतजी ने कहा हेऋषियो इसीप्रकार प्रलयमें मत्स्यरूपी भगवान्ने सर्ग और प्रतिसर्गके सब विस्तारको विश्वात्मा भगवान् सूर्य्यके पुत्र मनुजीके अर्थ कर्म योग और सांख्यको बड़े विस्तारपूर्व्वक यथावत् कहा है २ । ३ यह सुनकर फिर ऋषियों ने कहा कि हे सूतजी हमभी कर्मयोगके सुननेकी बड़ी इच्छा करते हैं क्योंकि हे सुव्रत सूतजी आपसे इसलोकमें कोई वस्तुगुप्त नहीं है आपसर्वज्ञ हैं ४ सूतजी बोले हे ऋषिसत्तमहो जैसा कि विष्णुजी ने कहा है उस कर्म योगको मैं कहताहूं हज़ार ज्ञानयोगों से भी कर्मयोग श्रेष्ठहै क्योंकि कर्मयोगसे उत्पन्न हुए ज्ञानके द्वारा परमपद मिलताहै कर्मज्ञानसे ब्रह्म उत्पन्न होताहै अकर्मज्ञानसे नहीं होता ५ । ६ इसहेतुसे कर्मसे युक्त जो आत्माहै वही निरन्तर तपको प्राप्त होताहै सम्पूर्ण वेद मूलधनरूप हैं आचारही उसकाहितकारी है ७ उस कर्ममें आठगुण प्रधानतासे रहते हैं प्रथम सम्पूर्ण भूतोंपर दया१शान्ति२रोगीकी रक्षा ३-८लोकमें किसीकी बुराई न करना ४ बाहर भीतरसे पवित्ररहना५ अकस्मात् होनेवाले कार्यों में मंगलाचारपूर्व्वक वर्त्तना ६-९ अपने पैदा कियेहुए धनमें दुखियाके निमित्त कृपणता न करना ७ दूसरे की द्रव्यमें और पराई स्त्री में कभी इच्छा न करना ८-१० यह आत्माके आठोंगुण पुराण के जाननेवाले पण्डित वर्णन करते हैं यही क्रियायोग ज्ञानयोगके साधकहैं ११ कर्मयोग के विना इससंसारमें किसीको ज्ञान नहींहोता इसहेतुसे श्रुति स्मृतियों के कहे हुए धर्मोंको प्रयत्न पूर्व्वक करना योग्यहै १२ सदैव प्रतिदिन देवता ऋषि पितर मनुष्य और भूत गण इनसबको यज्ञ और तर्पणादिसे पूजनकरे १३ इनमें देवताओंको यज्ञोंसे ऋषियोंको स्वाध्याय हवन और तर्पणसे विद्वान् लोग विधिपूर्व्वक पूजनकरें पितरोंको श्राद्ध और अन्नदानसे भूतगणोंको

प्रमार्जनी १५ पञ्चसूनागृहस्थस्य तेनस्वर्गेनगच्छति। तत्पापनाशनायामी पंचय ज्ञाःप्रकीर्तिताः १६ द्वाविंशतितथाष्टौच येसंस्काराःप्रकीर्तिताः। तद्युक्तोऽपिनमोक्षाय यंस्त्वात्मगुणवर्जितः १७ तस्मादात्मगुणोपेतः श्रुतिकर्म्मसमाचरेत्। गोब्राह्मणानांवि त्तेन सर्वदाभद्रमाचरेत्१८गोभूहिरण्यवासोभिर्गन्धमाल्योदकेनच। पूजयेद् ब्रह्मविष्णु कं रुद्रवस्वात्मकंशिवम् १९ व्रतोपवासैर्विधिवत् श्रद्धयाचविमत्सरः। योऽसावतीन्द्रि यःशान्तःसूक्ष्मोऽव्यक्तःसनातनः। वासुदेवोजगन्मूर्तिस्तस्यसम्भूतयोह्यमी २० ब्रह्मा विष्णुश्चभगवान् मार्त्तण्डोवृषवाहनः। अष्टौचवसवस्तद्व देकादशगणाधिपाः। लोक पालाधिपाश्चैव पितरोमातरस्तथा २१ इमाविभूतयःप्रोक्ताश्चराचरसमन्विताः। ब्रह्मा द्याश्चतुरोमूल मव्यक्ताधिपतिःस्मृतः २२ ब्रह्मणाचाथसूर्येण विष्णुनाथशिवेनवा। अ भेदात्पूजितेनस्यात्पूजितंसचराचरम् २३ ब्रह्मादीनांपरन्धाम त्रयाणामपिसंस्थितिः। वेदमूर्तावतःपूषा पूजनीयःप्रयत्नतः २४ तस्मादग्निद्विजमुखान् कृत्वासंपूजयेदिमान्। दानैर्व्रतोपवासैश्च जपहोमादिना नरः २५ इतिक्रियायोगपरायणस्य वेदान्तशास्त्रस्मृ तिवत्सलस्य। विकर्म्मभीतस्यसदानकिंचित् प्राप्तव्यमस्तीहपरेचलोके २६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणे द्विपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५२॥

वलिकर्मादिकसे पूजनकरे १४ पंचसूना अर्थात् पांचहत्याओंके दूरकरनेकेलिये यह पांचों यज्ञ कहे गये हैं अर्थात् ओखली-सिल-चूल्हा-पलहड़ी-और वुहारी १५ इनपांचों कर्मोंसे गृहस्थीको पांच हत्या होतीहैं इनकोही पंचसूना कहते हैं इनहत्याओं के विनादूरकिये गृहस्थी स्वर्गमें नहीं जासका है इन्हीं पांचोंपापोंके नाशके अर्थयह पांचोयज्ञ लिखेहैं १६ वाईस तथा आठजो संस्कार लिखे हैं यहसव मिलकर भी आत्माके गुणोंसे रहितहोनेवालेको मोक्षनहीं दे सक्तेहैं १७ इसीसे आत्मगुण युक्तहोकर वेदोक्त कर्मोंकोकरे धनकरके गौ और ब्राह्मणोंका कल्याणकरे १८ गौ भूमि सुवर्ण वस्त्र गन्धमाला और जलके द्वारा ब्रह्मा विष्णु रुद्र और वसुआत्मक शिवका पूजनकरे १९ अथवा श्रद्धा-युक्त मत्सरतासे रहित विधिपूर्वक व्रतादिकोंसे उस अतीन्द्रिय सूक्ष्म अव्यक्त सनातन जगन्मूर्ति वासुदेवको पूजनकरे जिसकी कि ब्रह्मा विष्णु सूर्य्य शिव अष्टवसु एकादशगणाधिप लोकपालों के अधिपति पितर और मातृगण यह सव चराचर संयुक्त विभूति वर्णन की हैं २०। २१ यह चराचर सयुक्त सम्पूर्ण विभूति उसीभगवत्की हैं जो कि इन ब्रह्मा विष्णु शिव और सूर्य्य इनचारोंका मूल ईश्वरहै २२ जिसने इनचारोंका भेदसे रहित पूजन कियाहै उसने सव चराचर जगत्का पूजन किया है २३ यह सूर्य्य देवता ब्रह्मादिक तीनोंका परमधामहै अर्थात् ब्रह्मा विष्णु और शिव इनतीनों की स्थिति इसीमें रहती है इसहेतुसे इसवेदमूर्तिकापूजन अनेकयत्नोंसे करनायोग्यहै २४ यहब्रह्मादिक तीनों देवता अग्नि और द्विजमुखवाले हैं इसहेतुसे जप होम दान और व्रतउपवासादिकोंसे इनका अर्चनकरे २५ जो पुरुष ऐसेक्रियायोगमें तत्पररहते हैं वह वेदान्तशास्त्र स्मृतियोंकेप्रेमसे माननेवालेहैं ऐसेक्रियावान्पुरुषोंको इसलोक और परलोक दोनोंलोकोंमें ऐसीकोईवस्तुनहीं है जोउन्हेंनप्राप्तहो अर्थात्उनकोसववस्तुप्राप्तहोतीहैं २६॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विपंचाशत्तमोऽध्यायः ५२॥

(मुनय ऊचुः) पुराणसांख्यमाचक्ष्व सूत ! विस्तरशःक्रमात्। दानधर्म्ममशेषन्तु यथावदनुपूर्वशः १ (सूत उवाच) इदमेवपुराणेषु पुराणपुरुषस्तदा। यदुक्तवान्सविश्वात्मा मनवेतान्निबोधत २ (मत्स्यउवाच) पुराणंसर्वशास्त्राणां प्रथमंब्रह्मणास्मृतम्। अनन्तरञ्चवक्त्रेभ्यो वेदास्तस्यविनिर्गताः ३ पुराणमेकमेवासीत् तदाकल्पान्तरेऽनघ!। त्रिवर्गसाधनंपुण्यं शतकोटिप्रविस्तरम् ४ निर्दग्धेषुचलोकेषु वाजिरूपेणवैमया। अङ्गानिचतुरोवेदाः पुराणंन्यायविस्तरम् ५ मीमांसांधर्म्मशास्त्रञ्च परिगृह्यमयाकृतम्। मत्स्यरूपेणचपुनः कल्पादावुदकार्णवे ६ अशेषमेतत्कथितमुदकान्तर्गतेनच। श्रुत्वा जगादचमुनीन् प्रतिदेवांश्चतुर्मुखः ७ प्रवृत्तिःसर्वशास्त्राणां पुराणस्याभवत्ततः। कालेनाग्रहणंदृष्ट्वा पुराणस्यततोनृप ! ८ व्यासरूपमहंकृत्वा संहरामियुगेयुगे। चतुर्लक्षप्रमाणेन द्वापरेद्वापरेसदा ९ तथाष्टादशधाकृत्वा भूर्लोकेऽस्मिन्प्रकाश्यते। अद्यापिदेवलोकेऽस्मिन् शतकोटिप्रविस्तरम् १० तदर्थोऽत्रचतुर्लक्षं संक्षेपेणविशेषितम्। पुराणानिदशाष्टौच साम्प्रतंतदिहोच्यते ११ नामतस्तानिवक्ष्यामि शृणुध्वंमुनिसत्तमाः! ।ब्रह्मणाभिहितंपूर्वं यावन्मात्रंमरीचये १२ ब्राह्मन्त्रिदशसाहस्रं पुराणंपरिकीर्त्यते। लिखित्वातच्चयोदद्यात् जलधेनुसमन्वितम्। वैशाखपूर्णिमायाञ्च ब्रह्मलोकेमहीयते १३ एतदेवयदापद्ममभूद्धैरण्मयंजगत्। तद्वृत्तान्ताश्रयंतद्वत् पाद्ममित्युच्यतेबुधैः। पाद्मंतत्पञ्चपंचाशत्सहस्राणीहकथ्यते १४ तत्पुराणंचयोदद्यात् सुवर्णकमलान्वितम्।

यह सुनकर मुनियों ने कहा कि हे सूतजी अब आप कृपाकरके सब पुराणोंकी संख्या औरसम्पूर्ण दान धर्म यथावत् आनुपूर्व्वी विस्तारपूर्वक वर्णनकीजिये १ सूतजीबोले हेऋषि लोगो जो विश्वात्मा मत्स्यभगवान् ने प्राचीन मनुसे वर्णन किया है वही मैं तुमसे कहताहूं २ मत्स्यभगवान् ने कहा कि हे मनु पुराण धर्मशास्त्रादिकों से प्रथमब्रह्मा हुआ है फिर उसके चार मुखसे चारोंवेद प्रकटहुए ३ हे अनघ उस कल्पान्तरमें एकही पुराण होता भया और सौकिरोड़ विस्तारवाला पुण्य धर्म अर्थ और कामकासाधनहुआ ४ फिर जब सब लोक भस्महोगये तब घोड़े का रूपधरके मैंनेवेद के सब अंगों समेत चारवेद पुराण न्याय ५ मीमांसा और धर्मशास्त्र यह सबरचे फिर मत्स्यरूप करके कल्पकी आदिमें प्रलय के जलों में ६ जलमेंही प्रवेशितहोकर मैंने ब्रह्मासे कहा और ब्रह्माने फिर इन सब वेद शास्त्रादिकों को देखता और मुनियों से कहा इस के पीछे सम्पूर्ण शास्त्रोंकी और पुराणोंकी प्रवृत्ति होती भई फिर कालके योगसे पुराणोंका अग्रहण देखकर ७।८ मैं व्यासरूपसे अवतार धारण करके युग युग में इन सबको विस्तार करताहूं और द्वापर द्वापरमें चारलाख प्रमाणसे रचताहूं ९ और अठारह पुराणों करके मैं पृथ्वी के लोकों में प्रकाशकरताहूं अबभी यह पुराण देवलोकमें सौ कोटि के विस्तार से है १० यहां संक्षेप करके चारलाखही है इसीमें अठारहपुराण कहे हैं ११ सूतजी कहते हैं कि हे मुनियो उनके नाम जो ब्रह्माने मरीचिसे कहेहैं वह मैं भी कहताहूं तुमसुनो १२ ब्राह्मपुराण तेरह हज़ारहै इसको लिखकर जल और गौ समेत वैशाखकी पूर्णमासीको दानकरे तो ब्रह्मलोक में आनन्दभोगे १३ और इसी प्रकार जब हिरण्मय अर्थात् सुवर्णमय कमल हुआ और सब

ज्येष्ठमासितिलैर्युक्तमश्वमेधफलंलभेत् १५ वाराहकल्पवृत्तान्तमधिकृत्यपराशरः।
यत्राहधर्मानखिलान् तद्युक्तंवैष्णवंविदुः १६ तदाषाढेचयोदद्यात् घृतधेनुसमन्वितम्
पौर्णमास्यांविपूतात्मा सपदंयातिवारुणम्।त्रयोविंशतिसाहस्रं तत्प्रमाणंविदुर्बुधाः १७
श्वेतकल्पप्रसङ्गेन धर्मान्वायुरिहाब्रवीत्। यत्रतद्वायवीयंस्यात् रुद्रमाहात्म्यसंयुतम्।
चतुर्विंशत्सहस्राणि पुराणंतदिहोच्यते १८ श्रावण्यांश्रावणेमासि गुडधेनुसमन्वितम्।
योदद्याद्वृषसंयुक्तं ब्राह्मणायकुटुम्बिने। शिवलोकेसपूतात्मा कल्पमेकंवसेन्नरः १९
यत्राधिकृत्यगायत्रीं वर्ण्यतेधर्मविस्तरः। वृत्रासुरवधोपेतं तद्भागवतमुच्यते २०
सारस्वतस्यकल्पस्य मध्येयेस्युर्नरोत्तमाः। तद्वृत्तान्तोद्भवंलोके तद्भागवतमुच्यते २१
लिखित्वातच्चयोदद्याद्धेमसिंहसमन्वितम्। पौर्णमास्यांप्रौष्ठपद्यां सयातिपरमांगतिम्।
अष्टादशसहस्राणि पुराणंतत्प्रचक्षते २२ यत्राहनारदोधर्मान् बृहत्कल्पाश्रयाणिच।
पंचविंशत्सहस्राणि नारदीयंतदुच्यते २३ तदिदंपंचदश्यान्तु दद्याद्धेनुसमन्वितम्। प
रमांसिद्धिमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभाम् २४ यत्राधिकृत्यशकुनीन् धर्माधर्मविचारणा।
व्याख्यातावैमुनिप्रश्ने मुनिभिर्धर्मचारिभिः २५ मार्कण्डेयेनकथितं तत्सर्वंविस्तरेणतु।
पुराणंनवसाहस्रं मार्कण्डेयमिहोच्यते २६ प्रतिलिख्यचयोदद्यात् सौवर्णकरिसंयुतम्।
कार्त्तिक्यांपुण्डरीकस्य यज्ञस्यफलभाग्भवेत् २७ यत्तदीशानकंकल्पं वृत्तान्तमधिकृत्य

जगत् उसके आश्रयहुआ तवपाद्मपुराणहुआ वह पचपन हज़ारकहाहै १४ उसपाद्मपुराणको सुवर्णके कमलसेयुक्त ज्येष्ठमास में तिलोंसमेत दान करे तो अश्वमेधयज्ञके फलको प्राप्तहोवे १५ इसीप्रकार वाराहकल्पको अधिकारकरके जो पराशरजी संपूर्णधर्मोंको कहतेभये वहवाराहपुराण विष्णुकाहै १६ इसपुराणको पंडित तेईस हज़ारकहतेहैं इसउत्तमपुराणको आषाढ़कीपूर्णिमाकेदिन घृत और गौसमेत जो विधिपूर्वक दानकरताहै वह वरुण लोकमें जाकर आनन्दकरताहै १७ और श्वेतकल्पके प्रसंगकर के जिनधर्मोंको वायुने कहाहै वह रुद्रजीके माहात्म्य समेत वायवीय पुराणहै इसकी संख्या चौबीस हज़ार है १८ इसको श्रावणमासमें सलूनोंके दिवस गुड़धेनु और बैलसंयुक्त कुटुम्बी ब्राह्मणके अर्थजो दानदे वह पुरुष पवित्र होकर एककल्प पर्य्यन्त शिवलोकमें वासकरताहै १९ जिसमें कि गायत्रीको अधिकारकरके वृत्रासुरके वधयुक्त धर्मका विस्तारपूर्वक वर्णनहै २० और सारस्वतकल्पके उत्तमनरों के वृत्तान्तसे संयुक्तहै वह भागवतहै २१ उस भागवतको लिखाकर सुवर्णके सिंहासन समेत जो भाद्रपदकी पूर्णमासीको दानकरताहै वह परमगतिको प्राप्तहोताहै उस भागवतकी संख्या अठारहहज़ार है २२ जिसमें कि बृहत्कल्पके आश्रयसे नारदजीने धर्मोंको कहाहै वह नारदीय पुराण पच्चीसहज़ार है २३ इसपुराणको गौसमेत कोईसीभी पूर्णमासीको जो दानकरताहै वह परमसिद्धिको प्राप्तहोता है और पुनर्जन्मकोभी नहींपाताहै २४ जिसमें कि शकुनियों अर्थात् पक्षियोंको आश्रयकरके धर्माधर्मका विचारकहाहै और जिसको कि मुनियोंके प्रश्नसे मार्कण्डेय ऋषिने विस्तारपूर्वक कहाहै और संख्यामें नवहज़ारहै वह मार्कण्डेय पुराणहै २५। २६ इसमार्कण्डेय पुराणको लिखकर जो सुवर्णकेहाथी समेत कार्त्तिककी पूर्णमासीको दानकरताहै वह पुण्डरीक यज्ञके फलको प्राप्त होता है

च । वशिष्ठायाग्निनाप्रोक्तमाग्नेयंतत्प्रचक्षते २८ लिखित्वातच्चयोदद्याद्धेमपद्मसम
न्वितम् । मार्गशीर्ष्यांविधानेन तिलधेनुसमन्वितम् । तच्चषोडशसाहस्रं सर्वक्रतुफलप्र
दम् २९ यत्राधिकृत्यमाहात्म्यमादित्यस्यचतुर्मुखः । अघोरकल्पवृत्तान्त प्रसंगेनजग
त्स्थितिम् । मनवेकथयामास भूतग्रामस्यलक्षणम् ३० चतुर्दशसहस्राणि तथापंचश
तानिच । भविष्यचरितप्रायं भविष्यन्तदिहोच्यते ३१ तत्पौषेमासियोदद्यात् पौर्णमा
स्यांविमत्सरः । गुड़कुम्भसमायुक्तमग्निष्टोमफलंभवेत् ३२ रथन्तरस्यकल्पस्य वृत्ता
न्तमधिकृत्यच । सावर्णिनानारदाय कृष्णमाहात्म्यमुत्तमम् ३३ यत्रब्रह्मवराहस्य चोद
न्तंवर्णितंमुहुः । तदष्टादशसाहस्रं ब्रह्मवैवर्त्तमुच्यते ३४ पुराणंब्रह्मवैवर्त्तं योदद्यान्माघ
मासिच । पौर्णमास्यांशुभदिने ब्रह्मलोकेमहीयते ३५ यत्राग्निलिंगमध्यस्थः प्राहदेवो
महेश्वरः । धर्मार्थकाममोक्षार्थमाग्नेयमधिकृत्यच ३६ कल्पान्तेलैंगमित्युक्तं पुराणंब्रह्म
णास्वयम् । तदेकादशसाहस्रं फाल्गुन्यांयःप्रयच्छति । तिलधेनुसमायुक्तं सयातिशिव
साम्यताम्३७महावराहस्यपुनर्माहात्म्यमधिकृत्यच। विष्णुनाभिहितंक्षोण्यै तद्वाराहमि
होच्यते ३८ मानवस्यप्रसङ्गेन कल्पस्यमुनिसत्तमाः । चतुर्विंशत्सहस्राणि तत्पुराणमि
होच्यते ३९ कांचनंगरुडंकृत्वा तिलधेनुसमन्वितम् । पौर्णमास्यांमधौदद्यात् ब्राह्मणा
यकुटुम्बिने । वराहस्यप्रसादेन पदमाप्नोतिवैष्णवम् ४० यत्रमाहेश्वरान्धर्मानधिकृत्य

२७ जिसमें कि ईशानकल्पके वृत्तान्तको अधिकार करके जो अग्निने वशिष्ठजीके अर्थधर्म वर्णनकि-
याहै वह आग्नेयपुराणहै उसकी संख्या सोलहहज़ार है २८ इसपुराणको जो सुवर्णके कमलसमेत
लिखकर तिलगौसमेत मार्गशिरकी पूर्णमासीको दानकरताहै वह सम्पूर्ण यज्ञोंके फलको प्राप्तहोता
है २९ जिसमें कि अघोरकल्पके वृत्तान्तकरके सूर्यके माहात्म्यको और जगत्की स्थितिसमेत भूतग्रा-
मके लक्षणोंको ब्रह्माजीने मनुकेअर्थ कहाहै ३० वह भविष्यचरित्रवाला चौदहहज़ार पांचसौसंख्या
वाला भविष्योत्तर पुराणकहाहै ३१ इस भविष्योत्तरपुराणको जो मनुष्य पौषकी पूर्णिमाके दिन
मत्सरता और कुटिलतासे रहितहोकर गुड़केकुम्भ समेत दानकरताहै वह अग्निष्टोमयज्ञके फलको
प्राप्तहोताहै ३२ जिसमें रथन्तरकल्पके वृत्तान्तके अधिकारकरके कृष्णके उत्तम माहात्म्यको मनुने
नारदमुनिसे कहाहै ३३ और ब्रह्मवाराहकाभी जिसमें वृत्तान्त वारंवार वर्णनकियाहै वह अठारहह-
ज़ार संख्यावाला ब्रह्मवैवर्त्त पुराणकहाहै ३४ जो इसपुराणको माघकी पूर्णिमाके शुभदिन और अच्छे
मुहूर्तमें ब्राह्मणको दानकरताहै वह ब्रह्मलोकमें आनन्द करताहै ३५ जिसमें कि अग्निलिंगमेंस्थित
होकर महादेवजीने अग्निके धर्म अर्थ काम मोक्षोंको कहाहै ३६ उसको ब्रह्माजीने कल्पके अन्तमें
लिंगपुराण कहाहै वह संख्यामें ग्यारहहज़ार है इस लिंगपुराणको जो पुरुष फाल्गुनकी पूर्णमासी
केदिन गौ समेत दानकरताहै वह शिवकी रूपताको प्राप्तहोताहै ३७ जिसमें कि महावराह अवतार
को अधिकार करके विष्णुने पृथ्वीके अर्थ धर्मका वर्णनकियाहै ३८ हे ऋषिलोगो वह मानव कल्पके
प्रसंगसे चौबीसहज़ार संख्यावाला वाराहपुराण कहाहै ३९ इसपुराणको जो पुरुष सुवर्णके गरुड़
और तिलधेनुके साथ चैत्रकी पूर्णिमाकेदिन कुटुम्बी ब्राह्मणको देताहै वह वराहजीकी प्रसन्नतासे

चषण्मुखः।कल्पेतत्पुरुषंवृत्तंचरितैरुपबृंहितम् ४१ स्कन्दंनामपुराणंचह्येकाशीतिनिगद्य
ते।सहस्राणिशतंचैकमितिमर्त्येषुगद्यते ४२ परिलिख्यचयोदद्याद्धेमशूलसमन्वितम्।
शैवम्पदमवाप्नोति मीनेचोपागतेरवौ ४३ त्रिविक्रमस्यमाहात्म्यमधिकृत्यचतुर्मुखः।
त्रिवर्गमभ्यधात्तच्च वामनंपरिकीर्त्तितम् ४४ पुराणंदशसाहस्रं कूर्मकल्पानुगंशिवम्।
यःशरद्विषुवेदद्याद् वैष्णवंयात्यसौपदम् ४५ यत्रधर्मार्थकामानां मोक्षस्यचरसातले।
माहात्म्यङ्कथयामास कूर्मरूपीजनार्दनः ४६ इन्द्रद्युम्नप्रसङ्गेन ऋषिभ्यःशक्रसन्निधौ।
अष्टादशसहस्राणि लक्ष्मीकल्पानुषङ्गिकम् ४७ योदद्यादयनेकूर्मं हेमकूर्मसमन्वितम्।
गोसहस्रप्रदानस्य फलंसम्प्राप्नुयान्नरः ४८ श्रुतीनांयत्रकल्पादौ प्रवृत्त्यर्थंजनार्दनः।
मत्स्यरूपेणमनवे नरसिंहोपवर्णनम् ४९ अधिकृत्याऽब्रवीत्सप्त कल्पवृत्तंमुनीश्वराः।
तन्मात्स्यमितिजानीध्वं सहस्राणिचतुर्दश ५० विषुवेहेममत्स्येन धेन्वाचैवसमन्वितम्।
योदद्यात्पृथिवीतेन दत्ताभवतिचाखिला ५१ यदाचगारुडेकल्पे विश्वाण्डाद्गरुडोद्भ
वम्। अधिकृत्याऽब्रवीत्कृष्णो गारुडन्तदिहोच्यते ५२ तदष्टादशकंचैव सहस्राणीहप
ठ्यते। सौवर्णहंससंयुक्तं योददातिपुमानिह। ससिद्धिंलभतेमुख्यां शिवलोकेचसंस्थि
तिम् ५३ ब्रह्माब्रह्माण्डमाहात्म्यमधिकृत्याब्रवीत्पुनः। तच्चद्वादशसाहस्रं ब्रह्माण्डंद्विश
ताधिकम् ५४ भविष्याणांचकल्पानां श्रूयतेयत्रविस्तरः। तद्ब्रह्माण्डपुराणंच ब्रह्मणा

वैष्णवपदको प्राप्तहोताहै ४० जिसमें कि महादेवजीके धर्मोंको अधिकार करके स्वामिकार्त्तिकजीने उत्तम पुरुषोंसे धर्मोंका वर्णन कियाहै उस स्कन्दपुराणकी इक्यासी हजार एकसौ संख्याहै ४१।४२ जो पुरुष इस स्कन्दपुराणको सुवर्णके त्रिशूलसमेत लिखकर मीनकेसूर्य्यमें ब्राह्मणको दानकरताहै वह शिवजीके धामको प्राप्तहोताहै ४३ और जिसमें वामनजीके माहात्म्यको अधिकार करके ब्रह्माजीने देवतादिकोंसे धर्मअर्थ और कामका वर्णनकियाहै वहवामनपुराण संख्यामेंदशहजारहै इसपुराणको जो सुन्दर लिखवाकर दक्षिणासमेत शरदऋतुमें दानकरताहै वह विष्णुपदको प्राप्तहोताहै ४४।४५ और जिसमें कच्छपरूप धारण करके इन्द्रकेपास इन्द्रद्युम्नके प्रसंगकरके विष्णु भगवान् ने पाताल में ऋषियोंकेपास अर्थ धर्म काम और मोक्षके माहात्म्यका वर्णन किया है यह लक्ष्मी कल्पमें होने वाला और संख्यामें अठारहहजार कूर्मपुराणहै ४६। ४७ जो पुरुष इसपुराणको सुवर्णके कच्छप समेत उत्तरायणमें दानकरताहै वह हजारगौओंके दानके फलको प्राप्तहोताहै ४८ जिसमें कि कल्प की आदिमें श्रुतियोंकी प्रवृत्ति के निमित्त जनार्दन भगवान्ने मत्स्यरूपसे नरसिंहकी कथा मनुको सुनाई है ४९ और सातकल्पोंका वृत्तान्तभी कहाहै उसको मात्स्यपुराण कहतेहैं वह संख्यामें चौदहहजारहै ५० इसपुराणको जो पुरुष सुवर्णके मत्स्य और गौ समेत उत्तरायणसूर्य्य में दानदे तो सम्पूर्ण पृथ्वीके दानदेनेके समान फलको प्राप्तहोय ५१ जहाँ गरुड़कल्पमें गरुड़को अधिकार करके धर्मोंको कृष्णने कहाहै वह गरुड़पुराण अठारहहजार है ५२ इसपुराणको सुवर्णके हंस समेत जो पुरुषदान करताहै वहशिवलोकमें मुख्य सिद्धियों समेत निवासको पाताहै ५३ और जिसमें ब्रह्माण्ड माहात्म्यको अधिकारकरके भविष्यकल्पोंका विस्तार देवताओंसे ब्रह्माने कहाहै वह ब्रह्माण्ड पुराण

समुदाहृतम् ५५ योदद्यात्तद्व्यतीपाते पीतोर्णायुगसंयुतम्। राजसूयसहस्रस्य फल
माप्नोतिमानवः। हेमधेन्वायुतंतच्च ब्रह्मलोकफलप्रदम् ५६ चतुर्लक्षमिदंप्रोक्तं व्यासेना
द्भुतकर्म्मणा। मत्पितुर्ममपित्राच मयातुभ्यंनिवेदितम् ५७ इहलोकहितार्थाय संक्षिप्तंपर
मर्षिणा। इदमद्यापिदेवेषु शतकोटिप्रविस्तरम् ५८ उपभेदान्प्रवक्ष्यामिलोकेयेसम्प्रतिष्ठि
ताः। पाद्मेपुराणेतत्रोक्तं नरसिंहोपवर्णनम्। तच्चाष्टादशसाहस्रं नारसिंहमिहोच्यते ५९
नन्दायायत्रमाहात्म्यं कार्तिकेयेनवर्ण्यते। नन्दीपुराणंतल्लोकैराख्यातमितिकीर्त्यते ६०
यत्रसाम्बंपुरस्कृत्य भविष्येऽपिकथानकम्। प्रोच्यतेतत्पुनर्लोकेसाम्बमेतन्मुनिव्रताः ६१
पुरातनस्यकल्पस्य पुराणानिविदुर्बुधाः। धन्यंयशस्यमायुष्यं पुराणानामनुक्रमम्। एव
मादित्यसंज्ञाच तत्रैवपरिगद्यते ६२ अष्टादशभ्यस्तुपृथक् पुराणंयत्प्रदिश्यते। विजानी
ध्वंद्विजश्रेष्ठा! स्तदेतेभ्योविनिर्गतम् ६३ पंचाङ्गानिपुराणेषु आख्यानकमितिस्मृतम्।
सर्गश्चप्रतिसर्गश्च वंशोमन्वन्तराणिच। वंशानुचरितंचैव पुराणंपञ्चलक्षणम् ६४
ब्रह्मविष्ण्वर्करुद्राणां माहात्म्यंभुवनस्यच। ससंहारप्रदानाञ्च पुराणेपञ्चवर्णके ६५
धर्म्मश्चार्थश्चकामश्च मोक्षश्चैवात्रकीर्त्यते। सर्वेष्वपिपुराणेषु तद्विरुद्धञ्चयत्फल
म् ६६ सात्विकेषुपुराणेषुमाहात्म्यमधिकंहरेः। राजसेषुचमाहात्म्यमधिकंब्रह्मणोविदुः ६७
तद्वदग्नेश्चमाहात्म्यं तामसेषुशिवस्यच। संकीर्णेषुसरस्वत्याः पितृणाञ्चनिगद्यते ६८

संख्यामें बारहहजार दोसौहै ५४। ५५ इसपुराणको जो पुरुष पीताम्बर समेत व्यतीपातमें देताहै वहहजार राजसूय यज्ञके फलको प्राप्तहोताहै और जो इसको सुवर्णकी गौसमेत दानदेताहै वह ब्रह्मलोकको प्राप्तहोताहै ५६ सूतजी कहतेहैं कि अद्भुत कर्म्मी व्यासजीने यह चारलाख संख्या सबपुराणों की मेरे पितासे वर्णन की है मेरे पिताने मुझसे कहा और हे ऋषियो मैंने तुमसे कहाहै ५७ यहां लोकके हितकेलिये परमपूज्य ऋषिने बड़ी संक्षेपतासे वर्णन कियाहै नहीं तो यह पुराण अबभी सौ कोटि संख्यासे वर्त्ततेहैं ५८ जो लोकमें स्थितपुराणहैं उनके उपभेदोंको कहताहूं पद्मपुराणमें नरसिंहका वर्णनहै वह अठारहहजार नारसिंह पुराणकहाहै ५९ और स्वामिकार्त्तिकने जहां नन्दाका माहात्म्यकहाहै उसको लोग नन्दीपुराणकहते हैं ६० और जहां शिवजीने गौरीको आगेकरके भविष्य कथावर्णन की है उसको लोकमें मुनिलोग सांब पुराणकहते हैं ६१ पुरातन कल्पके पुराणोंको और पुराणोंके अनुक्रमको जो पंडितलोग कहतेहैं सो धन आयु और यशको प्राप्तहोतेहैं इसीप्रकार आदित्योंकेभी नामकहेहैं ६२ अठारह पुराणोंसे जो पृथक् पुराणकहे हैं वह ऋषियोंने इन्हीं पुराणोंमें से निकालेहैं ६३ पुराणोंके विषयमें पांचअंगवर्णन किये हैं सर्ग—प्रतिसर्ग—वंश—मन्वन्तर और वंशके चरित यही पांचपुराणके लक्षणहैं ६४ इनपांचोंलक्षणोंवाले पुराणोंमें ब्रह्मा—विष्णु—सूर्य्य रुद्र और भुवन इन सबका माहात्म्य कहाहै और यही पांच संहारादिक करनेवालेभी कहेहैं ६५ इनसबपुराणोंमें धर्म अर्थ काम और मोक्ष कहाहै और इनका फलभी वर्णन कियाहै ६६ सात्विक पुराणोंमें अधिककरके हरिकामाहात्म्य कहाहै राजस पुराणोंमें ब्रह्माका अधिकमाहात्म्य कहाहै ६७ और तामसपुराणोंमें शिव और अग्निके माहात्म्यकहे हैं तीनों गुणवाले पुराणों में सरस्वती और पितरोंका

अष्टादशपुराणानि कृत्वासत्यवतीसुतः। भारताख्यानमखिलं चक्रेतदुपबृंहितम्। लक्षै
णैकेनयत्प्रोक्तं वेदार्थपरिबृंहितम् ६९ वाल्मीकिनातुयत्प्रोक्तं रामोपाख्यानमुत्तमम्। ब्र
ह्मणाभिहितंयच्च शतकोटिप्रविस्तरम् ७० आहृत्यनारदायैव तेनवाल्मीकयेपुनः। वा
ल्मीकिनाचलोकेषु धर्म्मकामार्थसाधनम्। एवंसपादाःपंचैते लक्षामर्त्यैप्रकीर्त्तिताः ७१
पुरातनस्यकल्पस्य पुराणानिविदुर्बुधाः। धन्यंयशस्यमायुष्यं पुराणानामनुक्रमम्। यः
पठेच्छृणुयाद्वापि सयातिपरमाङ्गतिम् ७२ इदंपवित्रंयशसोनिधानं इदंपितॄणामतिवल्ल
भञ्च। इदञ्चदेवेष्वमृतायितंच नित्यंत्विदंपापहरञ्चपुंसाम् ७३॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेत्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५३॥

(सूत उवाच) अतःपरंप्रवक्ष्यामि दानधर्मानशेषतः। व्रतोपवाससंयुक्तान् यथाम
त्स्योदितानिह १ महादेवस्यसंवादे नारदस्यचधीमतः। यथावृत्तंप्रवक्ष्यामि धर्म्मका
मार्थसाधकम् २ कैलासशिखरासीनमपृच्छन्नारदःपुरा। त्रिनयनमनङ्गारिमनङ्गाङ्गहरं
हरम् ३ (नारद उवाच) भगवन्! देव! देवेश! ब्रह्मविष्णवन्द्रिनायक!। श्रीमदारो
ग्यरूपायुर्भोग्यसौभाग्यसम्पदा। संयुक्तस्तवविष्णोर्वा पुमान्भक्तःकथंभवेत् ४ नारीवा
विधवासर्व गुणसौभाग्यसंयुता। क्रमान्मुक्तिप्रदन्देव! किञ्चिद्व्रतमिहोच्यताम् ५
(ईश्वर उवाच) सम्यक्पृष्टंत्वयाब्रह्मन्! सर्वलोकहितावहम्। श्रुतमप्यत्रयच्छान्त्यैत

माहात्म्य कहाहै ६८ व्यासजी अठारहपुराणोंको रचकर फिर इनकी वृद्धिके अर्थ भारतको वर्णन करतेभये वह भारतवेदके अर्थों समेत एकलक्षकहाहै ६९ और वाल्मीकि ऋषिने जो उत्तम रामचन्द्रजीका उपाख्यानकहाहै और ब्रह्माजीने भी कहाहै वह सौ कोटि संख्यावाला कहाहै ७० यहरामायण ब्रह्माने नारदसे कहीहै नारदने वाल्मीकिजीसे और वाल्मीकिने लोकोंमें कही है इसप्रकार सवापांचलाख रामायण मनुष्योंमें वर्त्तमानहै ७१ पुरातन कल्पको पण्डितलोग पुराण कहतेहैं जो इनकी संख्याकरताहै वा सुनताहै वह धन यश और आयुको प्राप्तहोताहै और जो पढ़तासुनता और पूजनकरताहै वह परमगतिको पाताहै ७२ इनसबपुराणोंमें यह मत्स्यपुराण बड़ा पवित्र यशकामूल पितरोंका प्रिय देवताओंके अमृततुल्य और पुरुषोंके पापोंका हरनेवालाहै ७३॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रिपंचाशत्तमोऽध्यायः ५३॥

सूतजीनेकहा है ऋषिवर्य्यो अब इसकेआगे मत्स्यावतारके कहेहुए सम्पूर्ण दान धर्म व्रत नियम और उपवासोंका वर्णन १ जिसमें कि श्री महादेवजी और नारदमुनिका सम्वाद और धर्म अर्थ काम का साधकहै वर्णन करताहूं २ कैलास पर्व्वतके शिखरपर विराजमान त्रिनेत्र कामारि और कामके शरीरके दहन करनेवाले महादेवजीसे प्रथम नारदजीने पूछा ३ कि हे देवदेव भगवन् देवेश ब्रह्मा और विष्णुमें मुख्य शिवजी आपका और विष्णुकाभक्त लक्ष्मी आयु आरोग्य रूप भाग्य सौभाग्य और सम्पति इनसबको कैसे प्राप्तहोताहै ४ और विधवानारीको गुण सौभाग्यसेयुक्त मुक्तिका देने वाला कौनसाव्रत करनायोग्यहै इनसबको आपवर्णन कीजिये ५ नारदके इसवचनको सुनकर महादेवजीने कहा कि हे नारदजी आपने सब लोकोंका हितकारी अच्छा प्रश्न किया है हे नारदजी

द्व्रतंशृणुनारद ! ६ नक्षत्रपुरुषंनाम व्रतंनारायणात्मकम् । पादादिकुर्याद्विधिवत् वि
ष्णुनामानुकीर्त्तनम् ७ प्रतिमांवासुदेवस्य मूलर्क्षादिषुचार्चयेत् । चैत्रमासंसमासाद्यकृ
त्वाब्राह्मणवाचनम् ८ मूलेनमोविश्वधरायपादौ गुल्फावनन्तायचरोहिणीषु । जंघेऽभि
पूज्येवरदायचैवद्वेजानुनीवाश्विकुमार ऋक्षे ९ पूर्वोत्तराषाढयुगेतथोरू नमःशिवायेत्यभि
पूजनीयौ । पूर्वोत्तराफल्गुनियुग्मकेचमेढ्रंनमः पञ्चशरायपूज्यम् १०कटिंनमःशार्ङ्गधराय
विष्णोःसंपूजयेन्नारद!कृत्तिकासुयथार्चयेत् भाद्रपदाद्वयेचपार्श्वेनमःकेशिनिषूदनाय ११
कुक्षिद्वयंनारद!रेवतीषु दामोदरायेत्यभिपूजनीयम् । ऋक्षेऽनुराधासुचमाधवाय नमस्त
थोरस्थलमेवपूज्यम् १२ पृष्ठंधनिष्ठासुचपूजनीयमघौघविध्वंसकरायतद्वत् । श्रीशंखचक्रा
सिगदाधराय नमोविशाखासुभुजाश्चपूज्याः १३ हस्तेतुहस्तामधुसूदनायनमोऽभिपूज्या
इतिकैटभारेः । पुनर्वसावङ्गुलिपूर्वभागाः साम्नामधीशायनमेऽभिपूज्याः १४भुजङ्गनक्ष
त्रदिनेनखानि संपूजयेन्मत्स्यशरीरभाजः । कूर्मस्यपादौशरणंव्रजामि ज्येष्ठासुकण्ठंह
रिरर्चनीयः १५ श्रोत्रेवराहायनमोऽभिपूज्या जनार्दनस्यश्रवणेनसम्यक् । पुष्येमुखंदानव
सूदनाय नमोनृसिंहायचपूजनीयम् १६ नमोनमःकारणवामनाय स्वातीषुदन्ताग्रमथा
र्चनीयम् । आस्यंहरेर्भार्गवनन्दनाय सम्पूजनीयंद्विजवारणेतु १७ नमोऽस्तुरामायमघा
सुनासासंपूजनीयारघुनन्दनस्य । मृगोत्तमाङ्गेनयनेऽभिपूज्ये नमोऽस्तुतेरामविघूर्णिताक्ष!
१८बुद्धायशान्तायनमोललाटं चित्रासुसम्पूज्यतमंमुरारेः । शिरोऽभिपूज्यंभरणीषुविष्णो
र्नमोऽस्तुविश्वेश्वर ! कल्किरूपिणे १९ आर्द्रासुकेशाःपुरुषोत्तमस्य सम्पूजनीयाहरये

विधवाके शान्ति कल्याणके अर्थ व्रतको सुनों ६ एकनक्षत्र पुरुष नामव्रत है वह नारायणका अंग है विष्णुके नामसे युक्त उसपादादि व्रतको करे ७ ब्राह्मण के वचनसे भगवान्की मूर्त्ति वनाकर चैत्रमाससे लेकर मूलनक्षत्रादिकों में पूजनकरे ८ महाराजके चरणों में तो मूलनक्षत्रयुक्त विश्वधरका पूजनकरे टकनों में रोहिणीयुक्त अनन्तजीका–पिंडिलियोंमें वरदकापूजनकरे दोनों घुटनोंमें अश्विनी कुमारोंका ९ पूर्वापाढ़ और उत्तरापाढ़में जंघाओंका शिवयुक्त पूजन करे- पूर्वा और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्रमें लिंगस्थानमें कामसहित पूजनकरे १० विष्णुकी कटिमें शार्ङ्गधरसहित कृत्तिकाका पूजनकरे केशिनिषूदनसमेत-पसलियोंमें पूर्वा और उत्तराभाद्रपदका पूजन करे ११ हे नारद दोनोंकोखोंमें रेवतीयुक्त दामोदरका--हृदयमें अनुराधायुक्त माधवका पूजनकरे १२ पीठमें धनिष्ठायुक्त पापहारी विष्णुकापूजनकरे और भुजाओंमें विशाखायुक्त शंख चक्रादिधारी विष्णुका पूजनकरे १३ हस्तनक्षत्रयुक्त हाथोंमें मधुसूदनका और कैटभारिका पूजनकरे और पुनर्वसुसहित अंगुलियोंके पूर्वभागमें सामवेदके अधीश्वरका पूजनकरे १४ नखोंमें मत्स्यावतारयुक्त श्लेषाका पूजनकरे ज्येष्ठायुक्त कण्ठमें हरिकापूजनकरे १५ श्रवणयुक्त जनार्द्दनका कानोंमें पूजनकरे पुष्ययुक्त नृसिंहजीका मूर्त्तिकेमुखमें पूजनकरे १६ दांतोंके अग्रभागमें स्वातीयुक्त वामनजीका पूजनकरे फिर हरिके मुखमें परशुरामजीका पूजनकरे १७ मूर्त्तिकी नासिकामें मघायुक्त रामचन्द्रका पूजनकरे और मृगशिरयुक्त रामचन्द्रजीका मस्तक और नेत्रोंमें पूजनकरे १८ बुद्ध अवतार सहित मूर्त्तिके माथेमें

नमस्ते। उपोषितेनर्क्षदिनेषुभक्त्या सम्पूजनीयाद्विजपुङ्गवाःस्युः २० पूर्णेव्रतेसर्वगुणा न्विताय वाग्रूपशीलायचसामगाय। हैमींविशालायतबाहुदण्डां मुक्ताफलेन्दूपलवज्रयुक्ताम् २१ जलस्यपूर्णेकलशेनिविष्टा मर्चांहरेर्वस्त्रगवासहैव। शय्यांतथोपस्करभाजनादि युक्तांप्रदद्याद्द्विजपुंगवाय २२ यद्यस्तियत्किंचिदिहास्तिदेयं दद्याद्द्विजायात्महितायसर्वम्। मनोरथंनःसफलीकुरुष्व हिरण्यगर्भाच्युत! रुद्ररूपिन्! २३ सलक्ष्मीकंसभार्याय काञ्चनंपुरुषोत्तमम्। शय्यांचदद्यान्मन्त्रेणग्रन्थिभेदविवर्जितम् २४ यथानविष्णुभक्तानां वृजिनंजायतेक्वचित्। तथास्वरूपतारोग्यं केशवेभक्तिमुत्तमाम् २५ यथानलक्ष्म्याशयनं तवशून्यंजनार्दन!। शय्याममाप्यशून्यास्तु कृष्ण! जन्मनिजन्मनि २६ एवंनिवेद्यतत्सर्वं वस्त्रमाल्यानुलेपनम्। नक्षत्रपुरुषज्ञाय विप्रायाथविसर्जयेत् २७ भुञ्जीतातैललवणंसर्वक्षेष्वप्युपोषितः। भोजनञ्चयथाशक्त्यावित्तशाठ्यंविवर्जयेत् २८ इतिनक्षत्रपुरुषं उपास्यविधिवत्स्वयम्। सर्वान्कामानवाप्नोति विष्णुलोकेमहीयते २९ ब्रह्महत्यादिकंकिंचिदिहवामुत्रवाकृतम्। आत्मनावाथपितृभि स्तत्सर्वंक्षयमाप्नुयात् ३० इतिपठतिशृणोतियश्चभक्त्या पुरुषवरोव्रतमंगनाथकुर्यात्। कलिकलुषविदारणंमुरारेः सकलविभूतिफलप्रदञ्चपुंसाम् ३१ ॥इति श्रीमत्स्यपुराणेचतुःपंचाशत्तमोऽध्यायः ५४॥

चित्राकापूजनकरे भरणीसहित मूर्त्तिके शिरमें कल्कीका पूजनकरे १९ मूर्त्तिके बालोंमें आर्द्रासहित हरिका पूजनकरे और व्रतकेदिन श्रेष्ठब्राह्मणोंका पूजनकरे २० जबव्रतपूर्णहोजाय तब सर्वगुणयुक्त बाणी रूप शीलयुक्त सामवेद के जाननेवाले ब्राह्मणको सुवर्णकी सुन्दरमूर्त्ति बनाकर सुवर्णका दंड मोतीहीरे आदिरत्नों से युक्त करके २१ उसमूर्त्तिको जलका कलश स्थापनकर वस्त्रगौ शय्याइत्यादि उपस्करों समेत श्रेष्ठकुलीन ब्राह्मणको दानदेवे २२ और अपने हितकारी वस्तुओंमें से जो वस्तु ब्राह्मणके देनेके योग्यसमझे वह सबब्राह्मणको देदे इसकेपीछे ऐसेप्रार्थनाकरे कि हेअच्युत हेहिरण्य गर्भ हेरुद्ररूपिन् हमारा मनोरथ सफलकरो २३ लक्ष्मीसहित भगवान्की सुवर्णकीमूर्त्ति और शय्या अपने सरलचित्तसे सस्त्रीक ब्राह्मणकोदेवे २४ और विष्णुभक्तोंको जिसरीतिसे कोई दुखनहींहोवे उसीरीतिके द्वारा उत्तमभक्तिकरे २५ और यह प्रार्थनाकरे कि हेजनार्द्दन जैसे तुम्हारीशय्यालक्ष्मी के विनाशून्यनहींरहती उसीप्रकार मेरीभी शय्याजन्म २ में शून्यनरहै २६ नक्षत्रपुरुष और ब्राह्मण के अर्थ इसप्रकारसे वस्त्रमाला और गन्धादि निवेदन करके विसर्जन करदेवे २७ और सबनक्षत्रोंमें तेल नोन भोजन न करे यथाशक्ति भोजन करावे और आपभीकरे धनमें शठता न करे २८ इस प्रकार नक्षत्रपुरुषकी विधिवत् उपासना करके सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्तहोकर विष्णुलोकमें आनंद भोगते हैं ऐसे व्रतकरनेसे इसलोक और परलोक दोनोंलोकोंमें कियेहुए ब्रह्महत्यादि पापअपने और अपने पितरोंकेभी नष्टहोजातेहैं २९। ३० जो स्त्री अथवा पुरुष इस व्रतकी कथाको भक्ति पूर्वक पढ़ेगा वा सुनेगा अथवा व्रतको भक्तिपूर्वक करेगा उसके सम्पूर्णपाप-इस व्रतके करने सुनने और पढ़नेसे नाशको प्राप्तहोजायंगे यह व्रतपुरुषोंको सम्पूर्ण बिभूतियोंसमेत अनेक फलोंको देताहै ३१॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुःपंचाशत्तमोऽध्यायः ५४ ॥

(नारद उवाच) उपवासेष्वशक्तस्य तदेवफलमिच्छतः। अनभ्यासेनरोगाद्वाकिमिष्टं व्रतमुत्तमम् १ (ईश्वर उवाच) उपवासेप्यशक्तानां नक्तम्भोजनमिष्यते। यस्मिन्व्रतेतद्प्यत्र श्रूयतामक्षयम्महत् २ आदित्यशयनन्नाम यथावच्छङ्करार्चनम्। येषुनक्षत्रेयोगेषु पुराणज्ञाःप्रचक्षते३ यदाहस्तेनसप्तम्यां आदित्यस्यदिनंभवेत्। सूर्यस्यचाथसंक्रांतिस्तिथिःसासार्वकामिकी ४ उमामहेश्वरस्यार्चामर्चयेत्सूर्यनामभिः। सूर्यार्चांशिवलिंगेच प्रकुर्वन्पूजयेद्यतः ५ उमापतेरवेर्वापि नभेदोदृश्यतेक्वचित्। यस्मात्तस्मान्मुनिश्रेष्ठ! गृहेशंभुंसमर्चयेत् ६ हस्तेचसूर्यायनमोस्तुपादावर्कायचित्रासुचगुल्फदेशम्। स्वातीषुजंघेपुरुषोत्तमाय धात्रेविशाखासुचजानुदेशम् ७ तथानुराधासुनमोऽभिपूज्यमूरुद्वयञ्चैवसहस्रभानोः। ज्येष्ठास्वनंगायनमोऽस्तुगुह्यमिन्द्रायसोमायकटीचमूले, ८ पूर्वोत्तराषाढयुगेचनाभिन्त्वष्ट्रेनमःसप्ततुरंगमाय। तीक्ष्णांशवेचश्रवणेचकुक्षौ पृष्ठंधनिष्ठासुविकर्तनाय ९ चक्षुस्थलंध्वान्तविनाशनाय जलाधिपर्क्षेपरिपूजनीयम्। पूर्वोत्तराभाद्रपदाद्वयेचबाहूनमश्चण्डकरायपूज्यौ १० साम्नामधीशायकरद्वयञ्च संपूजनीयंद्विज! रेवतीषु। नखानिपूज्यानितथाश्विनीषु नमोऽस्तुसप्ताश्वधुरन्धराय ११ कठोरधाम्नेभरणीषुकण्ठं दिवाकरायेत्यभिपूजनीया। ग्रीवाग्निनक्षत्रेधरमम्बुजेशे संपूजयेन्नारद! रोहिणीषु १२ मृगोत्तमाङ्गंदशनामुरारेः सम्पूजनीयाहरयेनमस्ते। नमःसवित्रेरसनांशङ्करेच नासाभिपूज्याचपुनर्व्वसौच १३ ललाटमम्भोरुहवल्लभाय पुष्येलकावेदशरीरधारिणे। सार्पे

यहसुनकर नारदजीने कहाकि हेईश्वर जोइसव्रतकरनेमें रोगसे अथवा अन्यकिसी कारण से वह करनेमें असमर्थ होतो उसको कौनसा उत्तमव्रत करनाश्रेष्ठहै १ईश्वरने कहा जो व्रत करनेमें समर्थ नहो वहभी रात्रिमें भोजनकरे उसकाभी बड़ा अक्षयफल कहाहै २ और पुराणोंके जानने वाले जिन नक्षत्रोंमें आदित्य शयन शंकरार्चन व्रतको वर्णनकरते हैं वहसुनो ३ जिसदिनसप्तमी तिथिको हस्त नक्षत्रहोय वहसूर्य्यकादिनहै अथवा संक्रान्तिकादिनहै यहसम्पूर्ण कामनाओंके देनेवाले हैं ४ इनदिनों में उमा महेश्वरकी मूर्त्तियोंको सूर्य्यके नामोंसे पूजे औरसूर्य्यकी मूर्त्तिको शिवलिंगमें पूजनकरे ५ हे मुनियोंमें श्रेष्ठ नारद सूर्य्यमें और शिवमें कुछभेदनहीं है इसहेतुसेघरमें जबमहादेवका पूजनकरे ६ तबहस्तयुक्त सूर्य्यको मूर्त्तिके चरणोंमें नमस्कारकरे और चित्रायुक्त सूर्य्यको टकनोंमें स्वातीयुक्त सूर्य्य को पिंडिलियोंमें पुरुपोत्तम नामसे नमस्कारकरे विशाखायुक्त धाताको घोटुओंमें ७ अनुराधायुक्त सूर्य्य को दोनों जंघाओंमें ज्येष्ठायुक्त कामदेवको गुह्यमें मूलयुक्त इन्द्रवा चन्द्रमाको कटिमें ८ पूर्वाषाढ़युक्त त्वष्टाको नाभिमें और श्रवणयुक्त तीक्ष्णांशु सूर्य्यको कुक्षिमें—धनिष्ठायुक्त विकर्त्तन नामसूर्य्यको पीठमें नमस्कारकरे ९ शतभिषायुक्त ध्वान्त विनाशसूर्य्यकोनेत्रोंमें पूजनकरे औरपूर्व्वाभाद्रपद औरउत्तराभाद्र युक्तचंडकरनाम सूर्य्यको भुजाओंमें पूजनकरे १० हेद्विजवर्य्य नारदरेवतीयुक्त सामोंको अधीश्वरसूर्य्य को दोनों हाथोंमें पूजे अश्विनी नक्षत्रमें सातघोड़ों वाले सूर्य्यका नखोंमें पूजन करे ११ भरणीमें कठोरधामा सूर्य्यका कंठमें पूजनकरे हेनारद कृत्तिकामें अम्बुजेश सूर्य्यका ग्रीवामें पूजनकरे—रोहिणीमें दिवाकर सूर्य्यका कन्धोंमें पूजन करे १२ मृगशिरमें मस्तकके बीच मुरारिका पूजनकरे-आर्द्रा

ऽथमौलिंविबुधप्रियाय मघासुकर्णाविति गोगणेशे १४ पूर्व्वासुगोब्राह्मणवन्दनाय ने त्राणिसम्पूज्यतमानिशम्भोः। अथोत्तराफल्गुनिभेभ्रुवौच विश्वेश्वरायेतिच पूजनीये १५ नमोऽस्तुपाशांकुशशूलपद्मकपालसर्पेन्दुधनुर्धराय। गजासुरानंगपुरान्धकादि विनाश मूलायनमःशिवाय १६ इत्यादिचास्त्राणिच पूज्यनित्यं विश्वेश्वरायेतिशिराभिपूज्य। भो क्तव्यमत्रैवमतैलशाकममांसमक्षारमभुक्तशेषम् १७ इत्येवंद्विज! नक्तानिकृत्वादद्यात्पुन र्वशी। शालेयतण्डुलप्रस्थमौदुम्बरमयेघृतम् १८ संस्थाप्यपात्रेविप्राय सहिरण्यंनिवे दयेत्। सप्तमेवस्त्रयुग्मञ्चपारणेत्वधिकंभवेत् १९ चतुर्दशेतुसंप्राप्तेपारणेनारदाब्दिके। ब्राह्मणान्भोजयेद्भक्त्यागुड़क्षीरघृतादिभिः२० कृत्वातुकाञ्चनंपद्ममष्टपत्रंसकर्णिकम्। शुद्धमष्टांगुलंतच्चपद्मरागदलान्वितम् २१ शय्यांविलक्षणांकृत्वा विरुद्धग्रन्थिवर्जिताम्। सोपधानकविश्रामस्वास्तरव्यजनानिच २२ भाजनोपानहच्छत्र चामरासनदर्पणैः। भूषणैरपिसंयुक्तां फलवस्त्रानुलेपनैः २३ तस्यांविधायतत्पद्ममलंकृत्यगुणान्वितम्। कपिलांवस्त्रसंयुक्तां सुशीलाञ्चपयस्विनीम् २४ रौप्यखुरींहेमशृङ्गीं सवत्सांकांस्यदोह नाम्। दद्यान्मन्त्रेणपूर्व्वाह्णे नचैनामभिलंघयेत् २५ यथैवादित्यशयनमशून्यंतवस र्व्वदा। कान्त्याधृत्याश्रियारत्या तथामेसन्तुसिद्धयः २६ यथानदेवाःश्रेयांसंत्वदन्यमन

में सवितायुक्त जिह्वाका पूजन करे–पुनर्वसुमें सूर्य्यकी नासिका का पूजनकरे १३ पुष्यमें कमल वल्लभ सूर्य्यका मस्तकमें पूजनकरे–श्लेषामें देवप्रियं सूर्य्यका मुकुटमें पूजनकरे–मघामें गोगणेश सूर्य्यका कानोंमें पूजनकरे १४ पूर्वाफाल्गुनी में ब्राह्मण मुखसूर्य्यका नेत्रों में पूजनकरे उत्तरा फाल्गुनीमें शम्भु और विश्वेश्वरका भृकुटियोंमें पूजनकरे १५ पीछे शिवजीकी इसप्रकार प्रार्थना करे कि हे पाश–अंकुश–शूल–पद्म–कपाल–सर्प और चन्द्रमाके धारण करने वाले ईश्वर आप जैसे हैं वैसेको नमस्कारहै और गज–असुर–अनंग और पुरान्धक इनसबके नाशकरनेवाले आपको नमस्कारहै १६,इनके उक्त सब अस्त्रोंका पूजन करके और विश्वेश्वर महादेवको शिरसे प्रणाम करके प्रतिदिन तेल–मांस–शाक–और लवण इनचारोंसे रहित भोजनकरे १७ हेनारद इसप्रकार रात्रियोंमें भोजन करके फिर गूलरकी लकड़ीके पात्रमें सांठीके चावल और घृत स्थापन करे १८ और उसमें कुछ सुवर्ण रखकर ब्राह्मणको देवे फिर व्रतके सातवें दिन दो वस्त्रदेवे १९ और वर्षके मध्यवर्ती चौदहवें पारणमें गुड़ क्षीर और घृतसे ब्राह्मणोंको भोजनकरावे २० तदनन्तर आठअंगुल लम्बा सुवर्णका शुद्धपुखराजके आठपत्तों वाला कमल पंखड़ी समेत बनवावे उसके साथ तोशक तकिया सोड़चांदनीतकिया २१। २२ पात्र जूते छत्र–चमर–आसन–दर्पण–भूषण–फल वस्त्र और चन्दनादि सुगन्धित वस्तुओं समेत शय्यास्थापन कर उसकमलको वस्त्रोंसे शृंगारकरके चाँदीकेखुर सुवर्णके शृंगवाली सवत्सा गौ समेत पूर्व्वाह्णकालमें इनसबवस्तुओंका दान ब्राह्मणको करे दान कभी गौसेरहित न करे २३। २५ फिरसूर्य्यसे यहप्रार्थनाकरे कि हेसूर्य्य जैसेआपकी शय्या शून्यनहीं और कान्ति–धृति–श्री और रति इन सबसे युक्तहै वैसीही मुझेभी सिद्धिहोय २६ हेसूर्य्यदेवता आपके सिवाय और कौन कल्याणका करने वालाहै इसहेतुसे आपही मुझको इसदुःखरूपी संसार

घंविदुः। तथामामुद्धराशेष दुःखसंसारसागरात् २७ ततःप्रदक्षिणीकृत्य प्रणिपत्यविस
र्जयेत्। शय्यागवादितत्सर्वं द्विजस्यभवनन्नयेत् २८ नैतद्विशीलायनदाम्भिकायकुतर्के
दुष्टायविनिन्दकाय। प्रकाशनीयंव्रतमिन्दुमौले र्यश्चापिनिन्दामधिकांविधत्ते २९ भक्ता
यदान्तायचगुह्यमेतदाख्येयमानन्दकरंशिवस्य। इदंमहापातकभिन्नराणामप्यक्षयंवेद
विदोवदन्ति ३० नवन्धुपुत्रेणवलैर्वियुक्तः पत्नीभिरानन्दकरःसुराणाम्। नाभ्येतिरो
गंनचशोकदुःखं यावाथनारीकुरुतेऽतिभक्त्या ३१ इदंवसिष्ठेनपुरार्जुनेन कृतंकुवेरेणपु
रन्दरेण। यत्कीर्तनेनाप्यखिलानिनाशमायान्तिपापानिनसंशयोऽस्ति ३२ इतिपठति
शृणोतिवायइत्थं रविशयनंपुरुहुतवल्लभःस्यात्। अपिनरकंगतान्पितॄनशेषानपिदि
वमानयतीहयःकरोति ३३॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेपञ्चपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५५॥

(श्रीभगवानुवाच) कृष्णाष्टमीमथोवक्ष्ये सर्वपापप्रणाशिनीम्। शान्तिर्मुक्तिश्चभ
वति जयःपुंसांविशेषतः १ शंकरंमार्गशिरसि शम्भुम्पौषेऽभिपूजयेत्। माघेमहेश्वरंदेवं
महादेवञ्चफाल्गुने २ स्थाणुंचैत्रेशिवंतद्वद्वैशाखेत्वर्चयेन्नरः। ज्येष्ठेपशुपतिंचार्चेदा
षाढेउग्रमर्चयेत् ३ पूजयेत्श्रावणेशर्वं नभस्येत्र्यम्बकन्तथा। हरमाश्वयुजेमासि तथे
शानञ्चकार्तिके ४ कृष्णाष्टमीषुसर्वासु शक्तःसम्पूजयेद्द्विजान्। गोभूहिरण्यवासोभिः
शिवभक्तानुपोषितः ५ गोमूत्रघृतगोक्षीर तिलान्यवकुशोदकम्। गोशृङ्गोदशिरीषार्क

सागर से उद्धार करो २७ ऐसेकह परिक्रमाकर प्रणाम नमस्कार करके विसर्जन करे और शय्या गौ आदिक सम्पूर्ण दानकी वस्तुब्राह्मणके घरभेजदे अपने स्थानमें न रक्खे २८ यह महादेवजीका व्रत शील रहित दम्भी–कुतर्की–दुष्ट–निन्दक आदि कुत्सित पुरुषोंके आगे प्रकाश करना न चाहिये क्योंकि वह अधिक निन्दाकरेगा तो महापापहोगा २९ इस आनन्ददायक गुप्त शिवजीके व्रतको भक्तजन–दान्त और जितेन्द्री पुरुषको देना योग्यहै वेदज्ञपुरुष इस व्रतको महापातकोंका नष्टकरने वाला और अक्षय फलका देनेवाला वर्णन करते हैं ३० जो स्त्री अथवा पुरुष इस व्रतको भक्तिसे करता है उसके बंधु और पुत्रोंका वियोग नहीं होता और स्त्रियोंसमेत देवताओं के आनन्दको प्राप्त होताहै रोग शोक और दुःखकोकभी नहीं प्राप्तहोता है ३१ इस व्रतको प्रथम वशिष्ठ–अर्जुन–कुबेर और इन्द्र इन सबने कियाहै इसव्रतके कीर्त्तनहीसे निस्सन्देह सबपापनाशको प्राप्तहोजाते हैं ३२ इस रविशयन व्रतको जो पढ़ताहै वा सुनताहै वह इन्द्रको प्रियहोता है और नरकमें भी गयेहुए पितरों को स्वर्गमें प्राप्तकरता है ३३॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचपंचाशत्तमोऽध्यायः ५५॥

श्रीभगवान् कहते हैं कि अब संपूर्ण पापोंकी नाशकरनेवाली जो कृष्णाष्टमी है उसके फलको वर्णन करते हैं विशेष करके इस व्रतसे पुरुषोंकी जय शान्ति और मुक्तिहोती है १ शंकरका तो मार्गशिरमें पूजनकरे–पौषमें शंभुका–माघमें महेश्वरका–फाल्गुनमें महादेवजी का २ चैत्रमें स्थाणुका–वैशाख में शिवका ज्येष्ठमें पशुपतिका और आषाढमें उग्रका पूजनकरे ३ श्रावणमें शर्वका–भाद्रपदमें त्र्यम्बकका–आश्विनमें हरका–कार्त्तिकमें ईशानका पूजनकरे ४ और संपूर्ण कृष्णपक्षकी अष्टमियों में ब्राह्मणोंका पूजनकरे और गौ भूमि सुवर्ण वस्त्र इन सबका दानदेकर शिवका व्रतकरे ५ पंचगव्य

विल्वपत्रदधीनिच। पञ्चगव्यञ्चसम्प्राश्य शंकरंपूजयेन्निशि ६ अश्वत्थञ्चवटञ्चैवो दुम्बरंप्लक्षमेवच। पलाशंजम्बुवृक्षञ्च विदुषञ्चमहर्षयः ७ मार्गशीर्षाढमासाभ्यां द्वा भ्यान्द्वाभ्यामितिक्रमात्। एकैकंदन्तपवनं वृक्षेष्वेतेषुभक्षयेत् ८ देवायदद्यादर्घ्यंचकृष्णां गांकृष्णांवाससम्। दद्यात्समाप्तेदध्यन्नं वितानध्वजचामरम् ९ द्विजानामुदकुम्भांश्च प ञ्चरत्नसमन्वितान्। गावःकृष्णाःसुवर्णंच वासांसिविविधानिच। अशक्तस्तुपुनर्दद्या द्वा मेकामपिशक्तितः १० नवित्तशाठ्यंकुर्वीत कुर्वन्दोषमवाप्नुयात्। कृष्णाष्टमीमुपोष्यैव सप्तकल्पशतत्रयम्। पुमान्सम्पूजितोदेवैः शिवलोकेमहीयते ११॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे षट्पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५६॥

(नारद उवाच) दीर्घायुरारोग्यकुलाभिवृद्धियुक्तःपुमान्भूपकुलायुतः स्यात्। मुहु र्मुहुर्जन्मनियेनसम्यक्व्रतंसमाचक्ष्वतदिन्दुमौले! १ श्रीभगवानुवाच। त्वयापृष्टमिदं सम्यक्उक्तंचाक्षय्यकारकम्। रहस्यंतववक्ष्यामि यत्पुराणविदोविदुः २ रोहिणीचन्द्रश यनं नामव्रतमिहोत्तमम्। तस्मिन्नारायणस्यार्च्या मर्चयेदिन्दुनामभिः ३ यदासोमदिने शुक्ला भवेत्पञ्चदशीक्वचित्। अथवाब्रह्मनक्षत्रं पौर्णमास्यांप्रजायते ४ तदास्नानन्नरः कुर्यात् पंचगव्येनसर्षपैः। आप्यायस्वेतितुजपेद्विद्वानष्टशतंपुनः ५ शूद्रोऽपिपरयाभ क्त्या पाषण्डालापवर्जितः। सोमायवरदायाथ विष्णवेचनमोनमः ६ कृतजप्यःस्वभव

लेकर गोमूत्र–घृत–गौकादूध–तिल–जव–कुश–जल–गौकेसींगके धोवनका जल–सिरसका पत्ता–आककापत्ता–बेलपत्र और दधि इन सबसे रात्रिको शिवका पूजनकरे ६ पीपल–बड़–गूलर–पिल- खन–ढाक–जामन–इन वृक्षोंके नीचे विद्वान् और महर्षियोंको मार्गशिरसे आदिलेकर दोदो महीनों में ब्राह्मणोंका भोजनकराना योग्यहै ७।८ देवताको अर्घदानकरे कालेवस्त्रदे और व्रतकी समाप्तिमें दधि–अन्न–वितान–ध्वजा–चामरआदिक दानकरे ९ ब्राह्मणोंको पांचरत्नोंसे युक्त जलके कलश दानदे और कालीगौ सुवर्ण और अनेक प्रकारके वस्त्र यहभी देवे जो सबदानोंकी सामर्थ्य न होये तो एक गौदे १० दानमें वित्तकी शठतानकरे जो वित्तशाठ्य करता है उसको दोष प्राप्तहोताहै–इस प्रकार कृष्णपक्षकी अष्टमीका व्रतकरके इक्कीस कल्प पर्य्यन्त देवताओं से पूजित होकर शिवलोकमें आनन्द करताहै ११॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषट्पंचाशत्तमोऽध्यायः ५६॥

यह सबकथा सुनकर नारदमुनिने कहा हे महादेवजी जिस व्रतके करनेसे दीर्घआयु–आरोग्य–कुलकी वृद्धि–राज्य कुलसेयुक्त इत्यादिक फल वारंवार जन्मोंमें प्राप्तहोतेहैं उसव्रतको आप श्रेष्ठता से वर्णन कीजिये १ यह सुनकर भगवान् बोले कि हेनारद तेरे पूछेहुए अक्षय फलवाले व्रतको मैंने तुम्हसे अच्छे प्रकारसे कहा अब उसरहस्यकोभी कहताहूं जिसको पुराणके जाननेवाले वर्णन करते हैं २हेनारद रोहिणी चन्द्र शयनव्रत महाउत्तम है उसव्रतमें नारायणकी मूर्त्तिको चन्द्रमाके नामोंकर के पूजनकरे ३ जब कभी सोमवारके दिन शुक्लपक्षकी पूर्णिमाहोय अथवा पूर्णिमाको रोहिणी नक्षत्र होय४तबविद्वान् पंचगव्य और सिरसोंसे स्नानकरे पीछे (आप्यायस्व) इस मंत्रका एकसौ आठ संख्याजप करे५औरशूद्रभी परमभक्तिसे पाखंडआदिसे वर्जितहोकर वरदायकसोमको और विष्णुको

नादागत्यमधुसूदनम्। पूजयेत्फलपुष्पैश्च सोमनामानिकीर्तयन् ७ सोमायशान्तायनमो
ऽस्तु पादावनन्तधाम्नेतिचजानुजंघे। ऊरुद्वयंचापिजलोदराय सम्पूजयेन्मेढ्रमनन्तबा
हवे ८ नमोनमःकामसुखप्रदाय कटिःशशांकस्यसदार्चनीया। तथोदरंचाप्यमृतोदराय
नाभिःशशांकायनमोऽभिपूज्या ९ नमोऽस्तुचन्द्रायमुखंचपूज्यं दन्ताद्विजानामधिपायपू
ज्याः। हास्यंनमश्चन्द्रमसेऽभिपूज्य मोंष्ठौकुमुद्वन्तवनप्रियाय १० नासाचनाथायवनौ
षधीना मानन्दभूतायपुनर्भ्रुवौच। नेत्रद्वयंपद्मनिभन्तथेन्दो रिन्दीवरश्यामकरायशौरेः
११ नमःसमस्ताध्वरवन्दिताय कर्णद्वयंदैत्यनिषूदनाय। ललाटमिन्दोरुदधिप्रियाय के
शाःसुषुम्नाधिपतेःप्रपूज्याः १२ शिरःशशांकायनमोमुरारे र्विश्वेश्वरायेतिनमःकिरीटिने।
पद्मप्रियेरोहिणिनामलक्ष्मीः सौभाग्यसौख्यामृतचारुकाये १३ देवींचसम्पूज्यसुगन्ध
पुष्पै र्नैवेद्यपुष्पादिभिरिन्दुपत्नीम्। सुप्त्वाथभूमौपुनरुत्थितेन स्नात्वाचविप्रायहविष्य
युक्तः १४ देयःप्रभातेसहिरण्यवारि कुम्भोनमःपापविनाशनाय। सम्प्राश्यगोमूत्रममां
समन्न मक्षारमष्टावथविंशतिंचाग्रासान्पयःसर्पिर्युतानुपोष्य भुक्तेतिहासंश्रृणुयान्मुहूर्त्तम्
१५ कदम्बनीलोत्पलकेतकानि जातीसरोजंशतपत्रिका च। अम्लानकुब्जान्यथसिन्दु
वारं पुष्पम्पुनर्नारद! मल्लिकायाः। शुभ्रंचविष्णोःकरवीरपुष्पं श्रीचम्पकंचन्द्रमसःप्र
देयम् १६ श्रावणादिषुमासेषु क्रमादेतानिसर्वदा। यस्मिन्मासेव्रतादिःस्यात्तत्पुष्पैरर्च
येद्धरिम् १७ एवंसंवत्सरंयावदुपास्यविधिवन्नरः। व्रतान्तेशयनन्दद्यात् दर्पणोपस्क

नमस्कारकरे ६ भगवत्के मन्दिरमें जपकरके फिर फलपुष्पादिकोंसे नारायणकापूजनकरे और चन्द्रमा
के नामोंका कीर्त्तनकरे ७ भगवत्की मूर्त्तिमें चन्द्रमाका पूजन और नमस्कारकर चरणोंमें शान्तरूप
सोमको नमस्कारकरे और पूजनकरे घोंटू और पिंडियोंमें अनन्तधामाका पूजनकरे जंघाओंमें जलो
दरका लिंगमें अनन्तबाहुका पूजनकरे ८ कटिमेंकाम सुखप्रदको पेटमें अमृतोदरका नाभिमें शशांकका
९ मुखमें चन्द्रमाका-दांतोंमें द्विजाधिपका हास्य में चन्द्रमाका होठोंमें कुमुद्वन प्रियका पूजनकरे
१० नासिकामें वनौषधि नाथका-भृकुटियोंमें आनन्दभूतका-कमलरूपी दोनों नेत्रोंमें इन्दीवरके
समान श्यामकरका पूजनकरे ११ दोनोंकानोंमें सर्वअध्वरवन्दित और दैत्यनिषूदनका और ललाट
में इन्दुका और सुषुम्नाधिपतिका पूजनकरके केशोंमें उदधिप्रियका पूजनकरे १२ शिरमें शशांक
का और भगवत्के मुकुटमें विश्वेश्वरका पूजनकरे और रोहिणी का इसरीतिसे पूजनकरे कि पद्म
प्रिये हेरोहिणी नामलक्ष्मी-हे सौभाग्यसौख्यामृतचारुकाये १३ ऐसाकहकर सुगन्धितपुष्प और
नैवेद्यादिकों करके देवीरोहिणी का पूजनकरके रात्रिको पृथ्वीमें शयनकर प्रातःकाल उठकर प्रातः
कालही पापनाशके निमित्त सुवर्ण और हविष्यान्नयुक्त ब्राह्मणके अर्थ जलकेकुम्भ का दानकरे फिर
गोमूत्र पीकर मांस लवण रहित अट्ठाईस ग्रास घृतयुक्त भोजनकरके दो मुहूर्त्ततक इतिहास श्रवणकरे
१४।१५ फिर कदंब-नीलाकमल-केतकी-जुही-कमल-सेवती-कुब्जवृक्ष-संभालू-चमेली-सफेद
कनेर और चंपा इनसबप्रकारके पुष्पोंसे विष्णुका और चन्द्रमाका पूजनकरे १६ श्रावणके महीनेसे
आदि लेकर सम्पूर्ण कालमें जैसे पुष्पहोंय उनसे हरिका पूजनकरे १७ इसप्रकार मनुष्य संवत्सरप-

शान्वितम् १८ रोहिणीचन्द्रमिथुनं कारयित्वाथकांचनम्। चन्द्रःषडंगुलःकार्यो रोहिणी चतुरंगुला १९ मुक्ताफलाष्टकयुतं सितनेत्रपटावृतम्। क्षीरकुम्भोपरिपुनः कांस्यपात्राक्षतान्वितम् । दद्यान्मन्त्रेणपूर्वाह्णे शालीक्षुफलसंयुतम् २० श्वेतामथसुवर्णास्यां खुरै रौप्यैःसमन्विताम्। सवस्त्रभाजनान्धेनुं तथाशंखंचशोभनम् २१ भूषणैर्द्विजदाम्पत्य मलंकृत्यगुणान्वितम्। चन्द्रोऽयंद्विजरूपेण सभार्य्यइतिकल्पयेत् २२ यथानरोहिणी कृष्ण शय्यांसन्त्यज्यगच्छति। सोमरूपस्यतेतद्वन् ममाभेदोऽस्तुभूतिभिः २३ यथा त्वमेवसर्वेषां परमानन्दमुक्तिदः भुक्तिर्मुक्तिस्तथाभक्ति स्त्वयिचन्द्रास्तुमेसदा २४ इति संसारभीतस्य मुक्तिकामस्यचानघ ! । रूपारोग्यायुपामेत द्विधायकमनुत्तमम् २५ इदमेवपितॄणांच सर्वदा वल्लभंमुने ! । त्रैलोक्याधिपतिर्भूत्वा सप्तकल्पशतत्रयम् । चन्द्रलोकमवाप्नोति विद्युद्भूत्वातुमुच्यते २६ नारीवारोहिणीचन्द्र शयनंयासमाचरेत् । साऽपितत्फलमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभम् २७ इति पठति शृणोतिवायइत्थं मधुमथनार्चनमिन्दुकीर्तनेननित्यम् । मतिमपिचददाति सोऽपिशौरेर्भवनगतःपरिपूज्यतेऽमरौघैः २८॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणे सप्तपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५७॥

(सूत उवाच) जलाशयगतं विष्णुमुवाच रविनन्दनः। तडागारामकूपानां वापीषु नलिनीषुच १ विधिंपृच्छामिदेवेश ! देवतायतनेषुच। केतत्रचर्त्विजोनाथ ! वेदीवा

र्थंत विधिपूर्व्वक पूजनकरके व्रतकेअन्तमें दर्पण और सवसामग्री सहित शय्यादान देवे १८ फिररोहिणी और चन्द्रमाकी सुवर्णमयी मूर्त्तिवनावे इनमेंचन्द्रकी छः अंगुलकी रोहिणीकी चारअंगुलकीविनाकर १९ आठमोती सफ़ेदवस्त्र-दूधकाकलश-कांसीकापात्र-अक्षत और गुड़ इनसवकादान पूर्वाह्णकालमें ब्राह्मणकोदेवे २० तिसपीछे सफ़ेदगौ-सोनेकेसींग और चांदीकेखुर वस्त्र-पात्रोंसमेत दान करे और शंखकाभी दानकरे २१ स्त्रीसमेत ब्राह्मणको वस्त्रादिकों से शोभित करके यह कल्पनाकरे कि यह रोहिणी युक्त चन्द्रमाहै २२ ऐसाअनुभव करके यह प्रार्थनाकरे कि हेकृष्णचन्द्र तेरी रूपेकी उत्तम शय्याको जैसे रोहिणी नहीं त्यागती है वैसीही मेरीविभूति से युक्त मेरीशय्यारहै २३ और हे चन्द्रजैसे कि तुमसवको परमानन्द और मुक्तिके देनेवालेहो इसीप्रकार मेरीभीभुक्ति और मुक्तिहोय और सवकालमें तुझहीमें मेरीभक्तिरहै २४ हेपापरहितचन्द्र मुक्तिकी वांछाकरनेवाला इससंसारमें भयभीत जो मैं हूं मुझको उत्तमरूप और आरोग्यदो २५ ईश्वर कहते हैं कि हे नारद यहव्रत सर्व काममें पितरोंको अतिप्रिय है इसव्रतका करनेवाला इक्कीस कल्पतक त्रैलोक्यका अधिपति होकर चन्द्रलोकको प्राप्तहोताहै फिर उसकी मुक्ति होजाती है २६ अथवा जो स्त्रीभी इसव्रतको करे तो वहभी इसीफलको प्राप्तहोतीहै और फिर उसकाजन्मनहींहोता २७ इस भगवत्के पूजनको जो चन्द्रमा समेत पढ़ता वा सुनताहै उसको ईश्वर शुद्धबुद्धि देताहै और वैकुंठमें जाकर देवताओं से पूजित होताहै २८॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५७॥

सूतजीबोले हे ऋषियो जलाशयमें प्राप्तहुए मत्स्यभगवान् से मनुजी कहनेलगे कि हे भगवन् सरोवर-वाग-कूप-तड़ाग १ और देवताका मन्दिर इनको वनाकर इनकी प्रतिष्ठाके निमित्त कैसा

कीदृशीभवेत् २ दक्षिणावलयःकालः स्थानमाचार्य्यएवच। द्रव्याणिकानिशस्तानि स
र्वमाचक्ष्वतत्त्वतः ३ (मत्स्य उवाच) शृणुराजन्महाबाहो! तडागादिषुयोविधिः। पु
राणेष्वितिहासोयं पठ्यतेवेदवादिभिः ४ प्राप्यपक्षंशुभंशुक्कमतीतेचोत्तरायणे। पुण्ये
ऽह्निविप्रकथितेकृत्वाब्राह्मणवाचनम् ५ प्रागुदक्प्रवणेदेशेतडागस्यसमीपतः।चतुर्हस्तां
शुभांवेदीं चतुरस्रांचतुर्मुखाम् ६ तथाषोडशहस्तःस्यान्मण्डपश्चचतुर्मुखः। वेद्याश्चप
रितोगर्तारत्निमात्रास्त्रिमेखलाः ७ नवसप्ताथवापञ्च नातिरिक्तान्नृपात्मज! । वितस्ति
मात्रायोनिः स्यात्षट्सप्तांगुलिविस्तृता ८ गर्ताश्चतस्रःशस्ताः स्युस्त्रिपर्वोच्छ्रितमेख
लाः। सर्वतस्तुसवर्णाःस्युःपताकाध्वजसंयुताः ९ अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षवटशाखाकृतानितु
मण्डपस्यप्रतिदिशं द्वाराण्येतानिकारयेत् १० शुभास्तत्राष्टहोतारो द्वारपालास्तथाष्ट
वै। अष्टौतुजापकाःकार्य्याः ब्राह्मणावेदपारगाः ११ सर्व्वलक्षणसम्पूर्णो मन्त्रविद्विजि
तेन्द्रियः। कुलशीलसमायुक्तः पुरोधाःस्याद्द्विजोत्तमः १२ प्रतिगर्तेषुकलशायज्ञोप
करणानिच। व्यजनञ्चामरेशुभ्रे ताम्रपात्रेसुविस्तृते १३ ततस्त्वनेकवर्णाःस्युश्चरवः
प्रतिदैवतम्। आचार्य्यःप्रक्षिपेद्भूमा वनुमन्त्र्यविचक्षणः १४ त्र्यरत्निमात्रोयूपःस्यात्
क्षीरवृक्षविनिर्म्मितः। यजमानप्रमाणोवा संस्थाप्योभूतिमिच्छता १५ हेमालङ्कारिणः
कार्य्याः पञ्चविंशतिऋत्विजः। कुण्डलानिचहैमानि केयूरकटकानिच १६ तथांगुल
यःपवित्राणि वासांसिविविधानिच। पूजयेत्तुसमंसर्वान् आचार्य्योद्विगुणंपुनः। दद्या

ऋत्विज और किसप्रकारकी वेदीका वनाना इत्यादि विधिका आपवर्णन कीजिये २ वहां दक्षिणा
वलय—काल—स्थान—आचार्य्य और द्रव्यादिक कौन२ सी श्रेष्ठ हैं यहसब आप विचार पूर्व्वककहिये
३ यह सुनकर मत्स्य भगवान्‌बोले हे लम्बी भुजावालेराजा मनुतुमसुनो पुराणों में वेदके कहने
वालोंने यह इतिहास कहाहै ४ कि जव उत्तरायण व्यतीतहोजाय तव शुक्लपक्ष में ब्राह्मण से शुभ
दिन पूछकर उसमें स्वस्ति वाचन करावे ५ फिर तडागादिकके पास पूर्व औरउत्तरके मध्यमें चार
हाथकी चौखूंटी चारमुखवाली सुन्दर वेदीवनावे ६ और सोलह हाथका चारमुखवाला मंडपवनावे
और वेदीके चारोंओर उसी गर्त्तके प्रमाण मेखलावनावे ७ वह मेखला संख्यामें नव—सात—अथवा
पांचवनावे और एकविलस्तलंवी चौदहअंगुल चौड़ीयोनिवनावे ८ और चारगर्त्तवनावे और चारोंओर
से पताका ध्वजाओं से युक्तकरे ९ मंडपकी चारों दिशाओं में पीपल—गूलर—पिलखन औ वड़—इन
वृक्षोंकी डालियों का द्वार वनावे १० फिर वेदज्ञ आठ ब्राह्मणोंको होता वनावे आठद्वारपाल और
आठही जापक ब्राह्मण वनावे ११ और सर्वगुणसम्पन्न मन्त्रज्ञ जितेन्द्रिय कुलशीलयुक्त ऐसे उत्तम
ब्राह्मणको पुरोहित वनावे १२ चारोंगर्त्तो में कलश और यज्ञके उपकरण स्थापनकरे फिर वड़े ताम्र
पात्रमें सफ़ेदपंखा और चमर स्थापनकरे १३ पश्चात् अनेकप्रकार का चरु पृथक् २ देवताओं का
वुद्धिमान् आचार्य्य मंत्रपढ़कर पृथ्वीमें फेंके १४ और तीनअरत्नी अर्थात् मूठीवनाकर कनिष्ठिका स
हित तीनहाथलम्वा थूहरके वृक्षका यूपवनावे अथवा यजमानके प्रमाण वनवानाभी शुभहै १५ फिर
सुवर्णके आभूषणवाले पच्चीस ऋत्विक् वनावे और सुवर्णके कुण्डल वाजूवन्द कड़ूले १६ अंगूठी

च्छयनसंयुक्त मात्मनश्चापियत्प्रियम् १७ सौवर्णकूर्म्ममकरौ राजतौमत्स्यदुन्दुभौ। ताम्रौकुलीरमण्डूका वायसःशिशुमारकः। एवमासाद्यतत्सर्व्वं मादावेवविशाम्पते! १८ शुक्लमाल्याम्बरधरः शुक्लगन्धानुलेपनः। सर्वौषध्युदकैस्तत्र स्नापितोवेदपारगैः १९ यजमान सपत्नीकः पुत्रपौत्रसमन्वितः। पश्चिमंद्वारमासाद्य प्रविशेद्यागमण्डपम् २० ततोमंगलशब्देन भेरीणांनिस्वनेनच। अञ्जसामण्डलंकुर्य्यात् पञ्चवर्णेनतत्त्ववित् २१ षोडशारन्ततश्चक्रं पद्मगर्भंचतुर्मुखम्। चतुरस्रञ्चपरितो वृत्तंमध्येसुशोभनम् २२ वेद्याश्चोपरितत्कृत्वा ग्रहान्लोकपतींस्ततः। सन्यसेन्मन्त्रतःसर्वान् प्रतिदिक्षुविचक्षणः २३ कूर्मादिस्थापयेन्मध्ये वारुण्यांमन्त्रमाश्रितः। ब्रह्माणंचशिवंविष्णुं तत्रैवस्थापयेद्बुधः २४ विनायकंचविन्यस्य कमलामम्बिकांतथा। शान्त्यर्थंसर्वलोकानां भूतग्रामंन्यसेत्ततः २५ पुष्पभक्ष्यफलैर्युक्त मेवंकृत्वाधिवासनम्। कुम्भान्सजलगर्भांस्तान् वासोभिः परिवेष्टयेत् २६ पुष्पगन्धैरलंकृत्य द्वारपालान्समन्ततः। पठध्वमितितान्ब्रूया दाचार्यं स्त्वभिपूजयेत् २७ बह्वृचौपूर्वतःस्थाप्यौ दक्षिणेनयजुर्विदौ। सामगौपश्चिमेतद्वदुत्तरे णत्वथर्वणौ २८ उदङ्मुखोदक्षिणतो यजमानउपाविशेत्। यजध्वमितितान्ब्रूयाद् हौत्रिकान्पुनरेवतु २९ उत्कृष्टान्मन्त्रजापेन तिष्ठध्वमितिजापकान्। एवमादिश्यतान्सर्वान् पर्युक्ष्याग्निंसमन्त्रवित् ३० जुहुयाद्वारुणैर्मन्त्रै राज्यंचसमिधस्तथा। ऋत्विग्भि

और अनेकप्रकारके वस्त्र इनसब वस्तुओं से सम्पूर्ण ऋत्विजोंका पूजनकरे आचार्य्यको द्विगुण आभूषणों से पूजनकरे इसकेपछि जो अपने को प्रिय वस्तुहैं उनवस्तुओंकादान शय्यासमेतकरे १७ हे राजा सुवर्णके कछुए मकर चांदीकीमछली तांबेकेकुलीर मेढकबनावे और लोहेका शिशुमार मत्स्य इनसबको आदिमें बनाकर १८ दुन्दुभी बनावे फिर श्वेतमाला वस्त्र और श्वेतचन्दन धारण करके वेदज्ञोंकेद्वारा सर्वौषधि के जलसे स्नानकरायाहुआ १९ यजमान अपनी स्त्री समेत पुत्र पौत्रादि से युक्तहो के पश्चिम के द्वारमें होकर यज्ञमंडप में प्रवेशकरे २० फिर तत्त्वज्ञ पंडित मंगल रूपभेरी आदिक शब्दों को करके पांच वर्णोंका सुन्दर मंडप बनवावे २१ सोलह आरोंका चक्रबनावे उसके बीच में चारमुखका सुन्दरगोल कमल बनावे २२ तबवेदी के ऊपर ग्रहलोकपालादिकों को दिशाओं में मंत्रोंकरके पंडित स्थापनकरे २३ फिर उनकछुए आदिजलजीवों को मध्यमें वरुणके मंत्रोंसे स्थापन करके ब्रह्मा शिव और विष्णु इनतीनों को पंडित स्थापनकरे २४ फिर गणेशजी का स्थापन करके लक्ष्मी और अम्बिका को स्थापितकर सम्पूर्ण लोकोंकी शांतिके अर्थ भूत समूहों को स्थापन करे २५ फिर पुष्प और भक्ष्यफल आदिसे सुगन्धितकर जलके भरे कलशों को वस्त्रों से लपेटे २६ फिर गन्ध पुष्पादिसे द्वारपालोंको भूषित करके आचार्य्य उनसे यह कहैकि आपवेद पढ़ो २७ पूर्वमेंतो बह्वृचोंको स्थापन करे दक्षिणमें यजुर्विदोंको पश्चिममें सामगोंको और उत्तरमें अथर्वणियों को २८ स्थापन करे और दक्षिणकी ओर उत्तरको मुख करके यजमान बैठे फिर यजमान हौत्रिकोंसे यह वचन कहे कि महाराज आपयजन कीजिये २९ और सबहेतु एजापक लोगोंसे यहकहै कि आप बैठ जाओ इसप्रकार इनसबोंको आज्ञा करके मन्त्रका जानने वाला

श्चाथहोतव्यं वारुणैरेवसर्वतः ३१ ग्रहेभ्योविधिवद्धुत्वा तथेन्द्रायेश्वरायच । मरुद्
भ्योलोकपालेभ्यो विधिवद्विश्वकर्मणे३२रात्रिसूक्तंचरौद्रञ्च पावमानंसुमंगलम् । जपेयुः
पौरुषंसूक्तं पूर्वतोबह्वृचाःपृथक् ३३ शाक्रंरौद्रञ्चसौम्यंच कूष्माण्डंजातवेदसम् । सौर
सूक्तंजपेन्मन्त्रं दक्षिणेनयजुर्विदः ३४ वैराज्यंपौरुषंसूक्तं सौवर्णंरुद्रसंहिताम् । शैशवं
पञ्चनिधनं गायत्रंज्येष्ठसामच ३५ वामदेव्यंबृहत्साम रौरवंसरथन्तरम् । गवांव्रतंचकाण्व
एवञ्च रक्षोघ्नंवयसस्तथा । गायेयुःसामगाराजन् ! पश्चिमंद्वारमाश्रिताः ३६ अथर्वण
श्चोत्तरतः शान्तिकंपौष्टिकंतथा । जपेयुर्मनसादेव माश्रित्यवरुणंप्रभुम् ३७ पूर्वेद्युरभि
तोरात्रा वेवंकृत्वाधिवासनम् । गजाश्वरथ्यावल्मीकात् सङ्गमाद्ध्रदगोकुलात् । मृदमादाय
कुम्भेषु प्रक्षिपेच्चत्वरात्तथा३८रोचनांचससिद्धार्थां गन्धंगुग्गुलमेवच।स्नपनंतस्यकर्त्तव्यं
पंचभंगसमन्वितम्३९प्रत्येकन्तुमहामन्त्रै रेवंकृत्वाविधानतः । एवंक्षपातिवाह्याथ विधि
युक्तेनकर्मणा४०ततःप्रभातेविमले संजातेऽथशतंगवाम् । ब्राह्मणेभ्यःप्रदातव्य मष्टषष्टि
श्चवापुनः । पञ्चाशद्वाथषट्त्रिंशत् पञ्चविंशतिरप्यथ ४१ ततःसांवत्सरप्रोक्ते शुभे
लग्नेसुशोभने । वेदशब्दैश्चगान्धर्वैर्वाद्यैश्चविविधैःपुनः ४२ कनकालंकृतांकृत्वा जले
गामवतारयेत् । सामगायचसोदेया ब्राह्मणायविशाम्पते ! ४३ पात्रीमादायसौवर्णी
पञ्चरत्नसमन्विताम् । ततोनिक्षिप्यमकरमत्स्यादींश्चैवसर्वशः । धृतांचतुर्विधैर्विप्रैर्वेदवे

अग्निका पर्य्युक्षणकरे ३० और वरुणके मन्त्रोंकरके घृत और समिध होमे और चारों ओरसे वरुण केभी मन्त्रोंकरके ऋत्विजोंसे होमकरावे ३१ फिर विधिपूर्वक ग्रहोंके अर्थ हवनकरके इन्द्र और ईश्वर के अर्थ हवनकरे फिर मरुत् लोकपाल औरविश्वकर्मा इनतीनोंका विधि पूर्वक हवनकरे ३२ पीछे रात्रि सूक्त-रुद्र-पवमान सुमंगल-पौरुपसूक्त और पूर्व दिशामें बह्वृच इनसबका पृथक् २ जप करे ३३ और दक्षिण में यजुर्वेद वाले इन्द्र–रुद्र–सोम–कूष्माण्ड–अग्नि और सूर्य्य–इनसबका सूक्त और मन्त्रपढ़े ३४ पश्चिम द्वारमें स्थित सामग जाननेवाले वैराज्य– पौरुष सौवर्ण–रुद्रसंहिता–शैशव पंचनिधन गायत्र सूक्त–ज्येष्ठसाम ३५ वामदेव्य–बृहत्साम–रौरव–रथंतर–गवोंकाव्रत–काण्व–रक्षोघ्न और वयस–इनसबकोगावें ३६ पश्चात् अथर्वके जाननेवाले उत्तरमें मनसेप्रभु वरुण देवके आश्रयहोके शान्तिक और पौष्टिकोंको जपें३७प्रथम दिन ऐसेकर्मकरके रात्रिको अधिवासन (गन्ध माल्य और धूप आदिसे जो संस्कार वस्त्र ताम्बूल आदिका सुगन्धिके बढ़ानेके लिये किया जाता उसे अधिवासन कहते हैं) करे फिर गजशाला–अश्वशाला–बॉवी–गली–कुंड–गोशाला और चौराहा इनसब स्थानोंसे मृत्तिका लेकर कलशोंमें गेरे ३८ फिर गोरोचन–सरसों–गन्ध–गूगल–और पंचभंग इनसब औषधियोंसे यजमानका स्नानकरावे ३९ महा मन्त्रोंसे सविधिकर्म करकेएक एक कलशके प्रति ऐसी विधि करके ४० जब प्रातःकालहो तबगौओंकादान ब्राह्मणोंको करें अर्थात् अड़सठ गौओंका दानकरे फिर पचासगौओंका–फिर पच्चीसका इसरीति से गौओंका दानकरे ४१ पीछे एक वर्षमें शुभ दिन लग्नादि मुहूर्त्तमें वेदकेशब्दोंसे और गान्धर्व अनेक प्रकारके बाजोंसे ४२ एकगौ सुवर्णसे भूषित करके हे राजा सामवेदके जानने वाले ब्राह्मणको दानकरे ४३ इसके अन-

दांगपारगैः ४४ महानदीजलोपेतां दध्यक्षतसमन्वितांम् । उत्तराभिमुखींधेनुं जलमध्ये तुकारयेत् ४५ आथर्वणेनसंस्नातां पुनर्मामेत्यथेतिच । आपोहिष्ठेतिमन्त्रेण क्षिप्त्वाग त्यचमण्डलम् ४६ पूजयित्वासरस्तत्र बलिंदद्यात्समन्ततः । पुनर्दिनानिहोतव्यं च त्वारिमुनिसत्तमाः! ४७ चतुर्थीकर्मकर्तव्यं देयातत्रापिशक्तितः । दक्षिणाराजशार्दूल! वरुणक्ष्मापनंततः ४८ कृत्वातुयज्ञपात्राणि यज्ञोपकरणानिच । ऋत्विग्भ्यस्तुसमंदत्त्वा मण्डपंविभजेत्पुनः । हेमपात्रीञ्चशय्याञ्च स्थापकायनिवेदयेत् ४९ ततःसहस्रंविप्रा णामथवाष्टशतंतथा । भोजनीयंयथाशक्ति पञ्चाशद्वाथविंशतिः । एवमेषुपुराणेषुतड़ा गविधिरुच्यते ५० कूपवापीषुसर्वासु तथापुष्करिणीषुच । एषएवविधिर्दृष्टःप्रतिष्ठासुतथै वच ५१ मन्त्रतस्तुविशेषःस्यात् प्रसादोद्यानभूमिषु । अयन्त्वशक्तावर्द्धेन विधिर्दृष्टःस्वय म्भुवा । अल्पेष्वकाग्निवत्कृत्वा वित्तशाठ्याद्दतेनृणाम् ५२ प्रावृट्कालेस्थितेतोये ह्यग्नि ष्टोमफलंस्मृतम्! शरत्कालेस्थितंयत्स्यात्तदुक्तफलदायकम् । वाजपेयातिरात्राभ्यां हे मन्तेशिशिरेस्थितम् ५३ अश्वमेधसमंप्राह वसन्तसमयेस्थितम् । ग्रीष्मेऽपितत्स्थित न्तोयं राजसूयाद्विशिष्यते ५४ एतान्महाराज! विशेषधर्मान्करोतियोऽप्यागमशुद्धबुद्धिः। सयातिरुद्रालयमाशुपूतःकल्पाननेकान्दिविमोदतेच ५५ अनेकलोकान्समहत्तमादीन् भुक्त्वापरार्द्धद्वयमंगनाभिः । सहैवविष्णोःपरमम्पदंयत्प्राप्नोतितद्यागफलेनभूयः ५६ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेअष्टपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ५८॥

न्तर सुवर्णकेपात्रको लेकर उसमें पांच प्रकारके पांच रत्न गेरकर दानकरे और मकर मत्स्यादिकोंको तड़ागमें छोड़े फिर चारों वेदके ज्ञाता ब्राह्मणोंसे पकड़ी हुई गौका गंगा जलसे और दधि अक्षतोंसे पूजन करके उसको उत्तरकी ओर करते हुए जलमें पैरावे ४४।४५ फिर अथर्व वेदके मन्त्रों करके गौका स्नान करावे और'आपोहिष्ठेत्यादि, मन्त्रों करके मंडलकामार्जन करे ४६ फिर उस सरोवर का पूजन करके उसके चारोओर वलिदेवे—सूतजी कहते हैं कि हे ऋषियो फिर चार दिनतक हवन करे ४७ इसके पीछे चतुर्थी कर्मकरे और उसमें अपनी सामर्थ्यसे दक्षिणादेवे और वरुणकी प्रार्थना करे ४८ फिर यज्ञके पात्र और यज्ञकी सामग्री और मण्डप ऋत्विजों को बराबर बाँटकर देदे और सुवर्णके पात्रोंवाली शय्या स्थापकको देदे ४९ फिर हजार—आठसौ—पचास—अथवा बीसही ब्राह्मणोंको अपनी शक्ति के अनुसार जिमावै यह पुराणों में तड़ाग विधि वर्णनकी है ५० और कूपनदी आदिककीभी प्रतिष्ठामें यही विधि कहीहै ५१ और बाग भूमिमें तड़ागकी विधिसे मंत्रोंकरके विशेष है यह विधि ब्रह्माकी देखी है थोड़े काममें अग्निमें हवनकरावे मनुष्योंको धनकी शठता वर्जितहै ५२ वर्षा कालमें सरोवरकी प्रतिष्ठामें अग्निष्टोम यज्ञकाफल होताहै हेमन्त शिशिर में वाजपेय और अतियज्ञोंका फलहोताहै ५३ वसन्तऋतुमें अश्वमेध यज्ञका फल होताहै—ग्रीष्ममें राजसूय यज्ञका फल कहाहै ५४ भगवान् कहते हैं कि हेराजा शुद्धि बुद्धिवाला मनुष्य जो इनसब कर्मोंको करता है वह पवित्र होकर रुद्रलोकमें जाताहै और अनेक कल्पोंतक स्वर्गमें आनन्दकरता

(ऋषय ऊचुः) पादपानांविधिंसूत! यथावद्विस्तराद्वद। विधिनाकेनकर्तव्यं पाद पोद्यापनम्बुधैः। येचलोकाःस्मृतास्तेषान्तानिदानींवदस्वनः १ (सूत उवाच) पाद पानांविधिंवक्ष्ये तथैवोद्यानभूमिषु। तडागविधिवत्सर्व मासाद्यजगदीश्वर! २ ऋत्वि ङ्मण्डपसम्भार इचाचार्यश्चैवतद्विधः। पूजयेद्ब्राह्मणांस्तद्व द्धेमवस्त्रानुलेपनैः ३ सर्वौ पध्युदकैःसिक्तान् पिष्टातकविभूषितान्। वृक्षान्माल्यैरलंकृत्य वासोभिरभिवेष्टयेत् ४ सूच्यासौवर्णयाकार्यं सर्वेषांकर्णवेधनम्। अंजनंचापिदातव्यं तद्वद्धेमशलाकया ५ फला निसप्तचाष्टौवा कालधौतानिकारयेत्। प्रत्येकंसर्ववृक्षाणां वेद्यान्तान्यधिवासयेत् ६ धूपो ऽत्रगुग्गुलःश्रेष्ठः ताम्रपात्रैरधिष्ठितान्। सर्वान्धान्यस्थितान्कृत्वा वस्त्रगन्धानुलेपनैः ७ कुम्भान्सर्वेषुवृक्षेषु स्थापयित्वानरेश्वर!। साहिरण्यानशेषांस्तान् कृत्वाबलिनिवेदनम् ८ यथास्वंलोकपालानामिन्द्रादीनांविशेषतः। वनस्पतेश्चविद्वद्भिर्होमः कार्योद्विजातिभिः ९ ततःशुक्लाम्बरधरां सौवर्णकृतभूषणाम्। सकांस्यदोहांसौवर्णश्रृंगाभ्यामतिशालिनीम्। पयस्विनींवृक्षमध्यादुत्सृजेत्गामुदङ्मुखीम् १० ततोऽभिषेकमन्त्रेण वाद्यमंगलगीत कैः। ऋग्यजुःसाममन्त्रैश्च वारुणैरभितस्तथा। तैरेवकुम्भैःस्नपनं कुर्याद्ब्राह्मणपुंग वः ११ स्नातःशुक्लाम्बरस्तद्वद्यजमानोऽभिपूजयेत्। गोभिर्विभवतःसर्वान् ऋत्विजस्ता न्समाहितः १२ हेमसूत्रैःसकटकै रंगुलीयपवित्रकैः। वासोभिःशयनीयैश्च तथोपस्कर

है ५५ पीछे वह मनुष्य अंगनाओं समेत दो परार्द्ध महत्तमादि लोकोंको भोगकर उस यज्ञके फलसे फिर विष्णुके परमपदको प्राप्त होता है ५६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टपंचाशत्तमोऽध्यायः ५८॥

ऋषिबोले कि हेसूतजी वृक्षोंकी विधि यथावत् विस्तार पूर्वक कहो पंडितोंको किस विधिसेवृक्षों का उद्यापन करनायोग्यहै और उद्यापन करनेवाले कौनसे लोकोंकोजातेहैं यहआप वर्णनकीजिये१ सूतजीबोले हे ऋषियो बाग भूमियोंमें वृक्षोंकीभी विधिकहताहूं इनवृक्षोंको विधिमें तड़ागकीविधि के समान सबविधि करके वृक्षारोपणकरे २ऋत्विज—मंडप और आचार्य्य यह सब वैसेही बनावे और सुवर्ण वस्त्र चन्दनादि करके ब्राह्मणोंका पूजनकरे ३ पीछे सर्वौषधिके जलसे सींचे और मालाओंसे वृक्षोंको भूषितकरके वस्त्रोंसे लपेटे ४ फिर सुवर्णकी सूईबनाकर संपूर्ण वृक्षोंका कर्णवेधनकरे और उसी प्रकार सुवर्ण शलाकासे नेत्रोंमें अंजनलगावे ५ संपूर्ण वृक्षोंके ऋतुके पकेहुए फल सात वा आठ धारण करावे ६ इस स्थानमें धूप गूगलकी उत्तम होती है तांबेके पात्रोंमें संपूर्ण कलशोंको स्थापनकरके उन्हींके समीप संपूर्ण धान्य स्थापनकरे फिर वस्त्र गन्धादिसे पूजनकरे ७फिर सुवर्णादिसे युक्त उन कलशोंको वृक्षोंमें स्थापनकरे और बलि निवेदनकरे इसकेपीछे विधिपूर्वक इन्द्रादि लोकपालोंका और वनस्पतियोंका हवनकरना योग्यहै ८।९ फिर श्वेत वस्त्र उढ़ाकर स्वर्णसे भूषितकर कांस्य पात्र युक्त सुवर्ण शृंगी दूधवाली गौ उत्तरको मुखकरके वृक्षोंके नीचे छोड़े १० फिर मंगली गीत वाद्ययुक्त अभिषेक के मंत्रोंकरके ऋक्यजु और सामकेमन्त्रों से और वरुणके मंत्रोंसे उनकलशोंके जलोंसे वृक्षोंका स्नानकरावे ११ फिर यजमान स्नानकर श्वेतवस्त्र पहर सावधान होकर सब

पादुकैः । क्षीरेणभोजनंदद्याद्यावद्दिनचतुष्टयम् १३ होमश्चसर्षपैःकार्य्यो यवैःकृष्ण तिलैस्तथा। पलाशसमिधःशस्ताश्चतुर्थेऽह्नितथोत्सवः । दक्षिणाचपुनस्तद्वद्देयातत्रा पिशक्तितः १४ यद्यदिष्टतमंकिञ्चित् तत्तद्दद्यादमत्सरी। आचार्य्येद्विगुणंदद्यात्प्रणिप त्यविसर्जयेत् १५ अनेनविधिनायस्तु कुर्य्याद्वृक्षोत्सवंबुधः। सर्व्वान्कामानवाप्नोति फलञ्चानन्त्यमश्नुते १६ यश्चैकमपिराजेन्द्र! वृक्षंसंस्थापयेन्नरः। सोऽपिस्वर्गेवसे द्राजन्! यावदिन्द्रायुतत्रयम् १७ भूतान्भव्यांश्चमनुजांस्तारयेद्द्रुमसम्मितान्। परमां सिद्धिमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभाम् १८ यइदंशृणुयान्नित्यं श्रावयेद्वापिमानवः। सोऽपि सम्पूजितोदेवैर्ब्रह्मलोकेमहीयते १९॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे एकोनषष्टितमोऽध्यायः ५९॥

(मत्स्य उवाच) तथैवान्यत्प्रवक्ष्यामि सर्व्वकामफलप्रदम्। सौभाग्यशयनंनाम यत्पुराणविदोविदुः १ पुरादग्धेषुलोकेषु भूर्भुवःस्वर्महादिषु। सौभाग्यंसर्वभूतानामेक स्थमभवत्तदा। वैकुण्ठंस्वर्ग्गमासाद्य विष्णोर्वक्षस्थलस्थितम् २ ततःकालेनमहता पुनः सर्गविधौनृप!। अहङ्कारावृतेलोके प्रधानपुरुषान्विते ३ स्पर्धायाञ्चप्रवृत्तायां कमला सनकृष्णयोः। लिङ्गाकारासमुद्भूता वह्नेर्ज्वालातिभीषणा। तयाभितप्तस्यहरेर्वक्षसस्त

ऋत्विज लोगोंका गौओं के दान और द्रव्यों के दानों से पूजन करे १२ और सुवर्ण के यज्ञोपवीत कंकण अंगूठी वस्त्र शय्या और अन्य सामग्री और खड़ाउओं से पूजन करे और चारदिन तक दूधका भोजन करावे १३ सरसों जो कालेतिल और ढाककी श्रेष्ठसमिध इन सबसे हवन करावे फिरचौथे दिन उत्सव करके शक्तिके अनुसार दक्षिणा देवे १४ और जो वस्तु अपने को प्रिय होय उसीका दान सरल चित्तसे करे और आचार्य्यको द्विगुण दानदे नमस्कार कर विसर्जन करे १५ जो बुद्धिमान् इस विधिसे वृक्षका उत्सव करताहै वह संपूर्ण कामनाओं समेत बड़े उत्तम फलोंको पाताहै १६ हे राजा जो विधिसे एकवृक्षभी लगाताहै वह तीसहजार इन्द्रोंके समयतक स्वर्ग में बसताहै १७ और जितने वृक्ष लगावे उतनेही व्यतीत और आगे होने वाले पितरोंको उद्धार करताहै और परमसिद्धि को भी प्राप्त होताहै उसका जन्म भी फिर इस पृथ्वी पर नहीं होता १८ जो मनुष्य इस विधिको सुनताहै वा दूसरे को सुनाताहै वहभी देवताओंसे पूजित होकर ब्रह्मलोकमें आनन्द करताहै १९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकोनषष्टितमोऽध्यायः ५९॥

मत्स्यजी बोले–कि अब सब कामनाओं के देने वाले उस सौभाग्य शयन नाम व्रतको कहते हैं जिसको पुराणके जाननेवाले जानतेहैं १ प्रथम भूः भुवः स्वर् और मह इत्यादिक लोक जब भस्म होगये तब सब प्राणियोंका सौभाग्य एक स्थानमें स्थित होकर वैकुण्ठमें भगवान्के हृदयमें जाकर विराजमान होजाताभया २ हे राजा फिर बहुत कालपीछे अन्य सर्गकी रचनाकी विधिमें प्रधान पुरुष अर्थात् मायासहित ब्रह्म सब जगत् समेत अहंकारयुक्त होगया ३ तब ब्रह्मा और विष्णुकी परस्पर ईर्षा होतीभई उससमय लिंगके आकार वाली अति भयानक अग्निकी ज्वाला उठतीभई फिर

द्विनिःसृतम् ४ वक्षस्थलंसमाश्रित्य विष्णोःसौभाग्यमास्थितम्। रसरूपन्ततोयावत् प्राप्नोतिवसुधातलम् ५ उत्क्षिप्तमन्तरिक्षेतद् ब्रह्मपुत्रेणधीमता। दक्षेणपीतमात्रन्तद्रूप लावण्यकारकम् ६ बलंतेजोमहज्जातं दक्षस्यपरमेष्ठिनः। शेषंयदपतद् भूमावष्टधासम जायत ७ ततोजनानांसञ्जाता अष्टसौभाग्यदायकाः। इक्षवोरसराजाश्च निष्पावा जाजिधान्यकम् ८ विकारवच्चगोक्षीरं कुसुम्भंकुंकुमन्तथा। लवणंचाष्टमन्तद्वत् सौभा ग्याष्टकमुच्यते ९ पीतंयद् ब्रह्मपुत्रेण योगज्ञानविदापुनः। दुहितासाभवत्तस्य यासती त्यभिधीयते १० लोकानतीत्यलालित्यात् ललितातेनचोच्यते। त्रैलोक्यसुन्दरीमेनां मुपयेमेपिनाकधृक् ११ यादेवीसौभाग्यमयी भुक्तिमुक्तिफलप्रदा। तामाराध्यपुमान्भ क्त्या नारीवाकिन्नविन्दति १२ (मनुरुवाच) कथमाराधनंतस्या जगद्धात्र्याजनार्द न! तद्विधानंजगन्नाथ! तत्सर्व्वञ्चवदस्वमे १३ (मत्स्यउवाच) वसन्तमासमासाद्य तृतीयायांजनप्रिय!। शुक्लपक्षस्यपूर्वाह्ने तिलैःस्नानंसमाचरेत् १४ तस्मिन्नहनिसादे वी किलविश्वात्मनासती। पाणिग्रहणकैर्मन्त्रैरवसद्वरवर्णिनी १५ तयासहैवदेवेशंतृती यायामथार्चयेत्। फलैर्नानाविधैर्धूपैर्दीपनैवेद्यसंयुतैः १६ प्रतिमांपञ्चगव्येन तथाग न्धोदकेनतु। स्नापयित्वार्चयेद्गौरीमिन्दुशेखरसंयुताम् १७ नमोऽस्तुपाटलायैतु पादौ

उस ज्वाला से तप्त हुई विष्णुकी छाती से वह हृदयमें घुसाहुआ सौभाग्य ऊष्मा पाकर बाहर नि- कला ४ और विष्णुकी छातीसे निकलकर वह सौभाग्य जब तक पृथ्वीतलमें आकर रसरूप होकर प्राप्त हुआ तबतकही ब्रह्मा के पुत्र बुद्धिमान् दक्षने उस तेजको आकाश में फेंक दिया और फेंकने के पीछे उस रूपकी सुन्दरता करने वाले तेजको आपही पान करलिया तब दक्ष सौभाग्य पानकर्त्ता होगया ५। ६ उस समय दक्षके बड़ाबल और तेज होजाताभया फिर बाकीका तेज जो पृथ्वीमें गिरता भया उसके आठ विभाग होतेभये ७ इसके पीछे ईखका गांडा १ शुद्धजीरा २ धनियां ३ गौका दूध ४ दही ५ कुसुंभ ६ केशर ७ और आठवां नमक यह आठों वस्तु मनुष्योंको सौभाग्य- दायक कहाती हैं ८। ९ जो प्रथमही योगके जाननेवाले दक्षने यह तेजरूपी रस पियाथा इसीहेतु से सती नाम पार्वती उसकी पुत्री होतीभई १० वह सबलोगोंको सुन्दरपने से उल्लंघन करनेवाली हुई इसीकारणसे उसको ललिता कहते हैं फिर इस त्रैलोक्य सुन्दरीको शिवजीने विवाहा वह सती रूपा पार्वती भुक्ति मुक्तिकी देनेवाली सौभाग्यमयी देवी कहाती है उसको जो पुरुष वा स्त्री भक्तिसे पूजन करते हैं वे सब फलोंको प्राप्त होतेहैं ११।१२ मनुने पूछा कि हे जनार्दन जगन्नाथ उस जगद्धात्री का पूजन और आराधन कैसे करना चाहिये इसको कृपा करके कहिये १३ मत्स्यजी बोले-कि हे मनुष्योंके प्रिय मनुजी वसन्त ऋतुके चैत्रमासमें शुक्लपक्षकी तृतीयाको मध्याह्नसे पूर्व तिलोंसे स्नानकरे क्योंकि उस दिन वह देवी वैवाहिक मंत्रों करके शिवजीके साथ वास करतीहुई और सदैव पास रहती है १४। १५ सो इस तृतीयाको पार्वती समेत शिवजीको जो अनेक प्रकारके फल फूल धूप और नैवेद्यादिकसे पूजन करताहै १६ और मूर्तिको पंचगव्यसे अथवा सुगन्धित जलोंसे स्नान

देव्याःशिवस्यतु।शिवायेतिचसंकीर्त्य जयायैगुल्फयोर्द्वयोः १८ त्रिगुणायेतिरुद्राय भवान्यैजंघयोर्युगम्। शिवांरुद्रेश्वरायैच विजयायेतिजानुनी। संकीर्त्यहरिकेशाय तथोरू वरदेनमः १९ ईशायैचकटिन्देव्याः शंकरायेतिशंकरम्। कुक्षिद्वयञ्चकोटव्यै शूलिनेशूलपाणये २० मङ्गलायैनमस्तुभ्यमुदरञ्चाभिपूजयेत्। सर्वात्मनेनमोरुद्रमीशान्यैच कुचद्वयम् २१ शिवंवेदात्मनेतद्वद्रुद्राण्यैकण्ठमर्चयेत्। त्रिपुरघ्नायविश्वेशमनन्तायै करद्वयम् २२ त्रिलोचनायचहरं बाहुकालानलप्रिये। सौभाग्यभवनायेति भूषणानिसदार्चयेत्। स्वाहास्वधायैचमुखमीश्वरायेतिशूलिनम् २३ अशोकमधुवासिन्यै पूज्यावोष्ठौचभूतिदौ। स्थाणवेतुहरन्तद्वद्धास्यञ्चन्द्रमुखप्रिये २४ नमोऽर्द्धनारीशहरम सितांगीतिनासिकाम्। नमउग्रायलोकेशं ललितेतिपुनर्भ्रुवौ २५ शर्वायपुरहन्तारं वासव्यैतुतथालकान्। नमःश्रीकण्ठनाथायै शिवकेशांस्ततोऽर्चयेत्। भीमोग्रसमरूपिण्यै शिरःसर्व्वात्मनेनमः २६ शिवमभ्यर्च्यविधिवत्सौभाग्याष्टकमग्रतः। स्थापयेद्घृतनिष्पावकु

कराके गौरी और शंकरको इसप्रकारसे पूजे १७ कि पाटलायै नमः इस मंत्रसे पार्वती और शिवजीके चरणोंका पूजन करे शिवायनमः जयायैनमः इन दोनों मंत्रोंसे दोनोंकी पिंडलियों के नीचे एड़ीके ऊपरके स्थानको पूजे त्रिगुणात्मक रुद्र और भवानी को नमस्कार ऐसे कह दोनों की पिंडलियोंको पूजे—शिवाको और रुद्रेश्वर विजयको नमस्कार यह कहकर दोनोंके घुटनोंको पूजे—हरिकेशशिवको और वरदा देवीको नमस्कार करके जंघाओंको पूजे १८। १९ ईशायैनमः ऐसे देवीकी कटिको और शंकरको नमस्कार ऐसे कह शिवजीकी कटिको पूजे—कोटवी को नमस्कार शूलपाणि शिवको नमस्कारहै ऐसे कह दोनोंकी संयुक्त कोखियोंको पूजे २० मंगला तुमको नमस्कार ऐसे उदरको पूजे—सर्वात्मा शिवको नमस्कार ऐसे कह शिवजीके उदरको पूजे—ईशानीको नमस्कार ऐसे कह पार्वतीके स्तनोंको पूजे २१ वेदात्मने नमः यह कहकर शिवके कण्ठको—रुद्राण्यै नमः इसमंत्रसे पार्वतीके कण्ठको पूजे—त्रिपुरघ्नाय नमः अनन्तायै नमः यह कह दोनोंके हाथोंको पूजे २२ त्रिलोचनाय नमः कालानल प्रियायै नमः इस मंत्रसे शिव और पार्वतीकी भुजाओंको और सौभाग्यभवनाय नमः यह कहके भूषणोंको पूजे—स्वाहायै स्वधायै नमः ईश्वराय नमः इन मंत्रोंसे इनके मुखोंको पूजे २३ अशोक मधुवासिन्यै नमः इस मंत्रसे ऐश्वर्य्यौंके देनेवाले पार्वतीके ओष्ठोंको पूजे—और स्थाणुको नमस्कार यह कहके शिवके हास्यको पूजे २४ अर्द्धनारीके ईश्वर हर श्वेतवर्णवाली पार्वती ऐसे शिव पार्वतीको नमस्कार यह कहकर नासिकाको पूजे उग्र शिवको और ललिता देवीको नमस्कार यह कहके देवीकी भृकुटियोंको पूजे २५ शर्वनाम और पुर हंता शिवको नमस्कार कर शिवजीकी भृकुटियोंको पूजे वासवीको नमस्कार यह कहकर पार्वती जीकी अलकोंको पूजे और श्रीकण्ठनाथा पार्वतीको प्रणामकर शिवके बालोंका पूजनकरे—भीमोग्रसमरूपिणी को अथवा सर्वात्मा शिवको नमस्कार कर शिरके स्थानमें पूजन करे २६ इस विधिसे शिवजीका पूजनकर फिर उनके आगे सौभाग्य अष्टक दही१ पछोड़ाहुआ शुद्ध कुसुंभ २ दूध ३ जीरा४ ईखकागांडा ५ घृत ६ लवण ७ धनियां ८ इन आठ वस्तुओंको स्थापितकरे यह आठों सौभाग्यदायी हैं इसी हेतुसे यह सबमिली

सुम्भक्षीरजीरकान् २७ रसराजाज्यलवणं कुस्तुम्बरुमथाष्टकम्। दत्तंसौभाग्यमित्यस्मा
त्सौभाग्याष्टकमित्यतः २८ एवंनिवेद्यतत्सर्वमग्रतःशिवयोःपुनः। रात्रौशृङ्गोदकंप्राश्य
तद्वद्भूमावरिन्दम! २९ पुनःप्रभातेतुतथा कृतस्नानजपःशुचिः। सम्पूज्यद्विजदाम्प
त्यं वस्त्रमाल्यविभूषणैः ३० सौभाग्याष्टकसंयुक्तं सुवर्णचरणद्वयम्। प्रीयतामत्रललिता
ब्राह्मणायनिवेदयेत् ३१ एवंसंवत्सरंयावत्तृतीयायांसदामनो!। कर्त्तव्यंविधिवद्भ
क्त्या सर्वसौभाग्यमीप्सुभिः ३२ प्राशनेदानमन्त्रेच विशेषोऽयन्निबोधमे। शृंगोदकञ्चै
त्रमासे वैशाखेगोमयम्पुनः ३३ ज्येष्ठेमन्दारकुसुमं विल्वपत्रंशुचौस्मृतम्। श्रावणेदधि
सम्प्राश्यं नभस्येचकुशोदकम् ३४ क्षीरमाश्वयुजेमासि कार्त्तिकेपृषदाज्यकम्। मार्गेमा
सेतुगोमूत्रं पौषेसम्प्राशयेद्घृतम् ३५ माघेकृष्णतिलंतद्वत्पञ्चगव्यञ्चफाल्गुने। ल
लिताविजयाभद्रा भवानीकुमुदाशिवा ३६ वासुदेवीतथागौरी मंगलाकमलासती। उमा
चदानकालेतु प्रीयतामितिकीर्त्तयेत् ३७ मल्लिकाशोककमलं कदम्बोत्पलमालतीः।
कुब्जकंकरवीरञ्च वाणमम्लानकुंकुमम् ३८ सिन्दुवारञ्चसर्वेषु मासेषुक्रमशःस्मृतम्।
जपाकुसुम्भकुसुमम्मालतीशतपत्रिका ३९ यथालाभंप्रशस्तानि करवीरञ्चसर्वदा।
एवंसंवत्सरंयावदुपोष्यविधिवन्नरः ४० स्त्रीभक्तावाकुमारीवा शिवमभ्यर्च्यभक्तितः।

हुई सौभाग्याष्टक नामसे विख्यातहैं २७। २८ शिवजी और पार्वतीजीके अर्थ इन सब वस्तुओंको निवेदन करके रात्रिमें गौओंके सींगोंको धो उस जलको पिये और पृथ्वीमें शयन करे २९ फिर प्रातःकाल स्नानसे शुद्ध होकर जपकरे और वस्त्र माला और आभूषणादिकों से ब्राह्मण ब्राह्मणीके युग्म को पूजे ३० इस सौभाग्य अष्टकके साथ सुवर्णके दो चरण बनवाकर ब्राह्मणको देदे और यह वचन कहे इस पूजन दानादिकसे ललिता देवी प्रसन्नहो ३१ इसीप्रकार वर्ष दिनतक हर तृतीयाको प्रसन्नमन से भक्तिपूर्वक सौभाग्यकी इच्छावालोंको पूजन करना चाहिये ३२ प्राशन करनेमें और दानमंत्र में यह विशेषहै उसको भी सुनो–चैत्रमें गौके सींगका जल–वैशाखमें गोवर ३३ ज्येष्ठमें कल्पवृक्ष का पुष्प–आषाढ़में वेलपत्र–श्रावणमें दही–भाद्रपदमें कुशाका जल ३४ आश्विनमें दूध–कार्त्तिक में घृतकी बूंद–मार्गशीर्ष में गोमूत्र–पौषमें घृतका प्राशन अर्थात् किंचित् भोजन करे ३५ माघमें काले तिलोंका भोजन करे–फाल्गुनमें पंचगव्यका भोजन करे–और ललिता–विजया–भद्रा–भवानी–कुमुदा–शिवा ३६ वासुदेवी–गौरी–मंगला–कमला–सती–और उमा यह सब प्रसन्न होयँ ऐसादान कालमें कीर्त्तन करे अर्थात् चैत्र आदि महीनोंमें क्रमपूर्वक एक एकका लेकर दानकरे ३७ मल्लिका–अशोक–कमल–कदंब–कुमोदिनी–मालती–कुब्जकवृक्ष–कनेर–शेवती–इनके पुष्प–केशर सभालूके पुष्प–इनको सब महीनोंमें क्रमसे चढ़ावे अथवा जुही–कुसुंभ–मालती–और कमल इन के पुष्पोंको चढ़ावे ३८। ३९ अथवा इनमेंसे जितने मिलजायँ उतनेही चढ़ावने योग्यहैं–और कनेरके पुष्प सदैव चढ़ावे इस विधिसे वर्ष दिनतक सब तृतीयाओंका व्रतकरे ४० भक्ति करनेवाली स्त्री अथवा कुमारी कन्या भक्तिपूर्वक शिवका पूजनकर व्रतके अन्तमें सबवस्तुओंसे युक्तहुई शय्या

व्रतान्तेशयनंदद्यात्सर्वोपस्करसंयुतम् ४१ उमामहेश्वरंहैमं वृषभञ्चगवासह। स्थापयित्वाथशयने ब्राह्मणायनिवेदयेत् ४२ अन्यान्यपियथाशक्त्या मिथुनान्यम्बरादिभिः। धान्यालङ्कारगोदानैरभ्यर्चेद्धनसञ्चयैः। वित्तशाठ्येनरहितःपूजयेद्गतविस्मयः ४३ एवं करोतियःसम्यक्सौभाग्यशयनव्रतम्। सर्वान्कामानवाप्नोति पदमत्यन्तमश्नुते। फलस्यैकस्यत्यागेन व्रतमेतत्समाचरेत् ४४ यइच्छन्कीर्त्तिमाप्नोति प्रतिमासन्नराधिपः। सौभाग्यारोगरूपायुर्वस्त्रालंकारभूषणैः। नवियुक्तोभवेद्राजन्! नवार्बुदशतत्रयम् ४५ यस्तु द्वादशवर्षाणि सौभाग्यशयनव्रतम्। करोतिसप्तचाष्टौवा श्रीकण्ठभवनेऽमरैः। पूज्यमानोवसेत्सम्यक्यावत्कल्पायुतत्रयम् ४६ नारीवाकुरुतेवापि कुमारीवानरेश्वर!। सापि तत्फलमाप्नोति देव्यनुग्रहलालिता ४७ शृणुयादपियश्चैव प्रदद्यादथवामतिम्। सोऽपिविद्याधरोभूत्वा स्वर्गलोकेचिरंवसेत् ४८ इदमिहमदनेनपूर्वमिष्टं शतधनुषाकृतवीर्यसूनुनाच। कृतमथवरुणेननन्दिनावा किमुजननाथततोयदुद्भवःस्यात् ४९॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे षष्टितमोऽध्यायः ६०॥

(नारद उवाच) भूलोकोऽथभुवर्लोक स्वर्लोकोऽथमहर्जनः। तपःसत्यञ्चसप्तैतेदेवलोकाःप्रकीर्तिताः १ पर्यायेणतुसर्वेषामाधिपत्यंकथंभवेत्। इहलोकेशुभंरूपमायुःसौभाग्यमे

का दान करे ४१ सुवर्ण के महादेव पार्व्वती और गौ सहित बैलकी मूर्त्ति बनवाके शय्यापर स्थापितकर ब्राह्मणको दानकरे ४२ और शक्तिके अनुसार अन्य ब्राह्मण ब्राह्मणियोंके जोड़ोंकोभी वस्त्र धान्य अलंकार-गोदान इत्यादिकोंके धन समुदायसे पूजनकरे द्रव्यका संकोच न करे आश्चर्य्य से रहित होकर पूजनकरे ४३ इस विधिसे जो अच्छेप्रकार करके इस सौभाग्य शयन व्रतको करता है उसके सम्पूर्ण मनोरथ सिद्ध होते हैं और परम पदको प्राप्त होताहै इस व्रतको फलमात्रकी इच्छा विना करना योग्यहै ४४ जो मनुष्य इच्छासे प्रतिमास इस व्रतको करताहै उसके सौभाग्य आरोग्य रूप आयु वस्त्र अलंकार और आभूषण यह सब पदार्थ नौ अरब तीन सौ ९००००००३०० वर्षोंतक बने रहते हैं और जो इस व्रतको बारह वर्षतक नियमसेकरताहै अथवासात७वा आठ८वर्षतक करताहै वह शिवलोकमें देवताओंसे पूजित होकर तीन कल्पोंतक वास करताहै ४५। ४६ नारी अथवा कुमारी कन्या जो इस व्रतको करती हैं वहभी देवीके प्रभावसे इसी फलको प्राप्तहोजाती हैं४७ जो इस व्रतको सुनताहै वा इसके सुननेकी मति देताहै वह विद्याधर होके बहुत कालतक स्वर्ग में वासकरताहै ४८ इस व्रतको प्रथम कामदेवने किया फिर कृत वीर्य्यके पुत्र सहस्रबाहुने किया वरुणने और नन्दिकेश्वरने किया इस हेतुसे इस लोकमें यह व्रत उत्तम कहाहै ४९॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषष्टितमोऽध्यायः ६०॥

नारदजी बोले कि हे शिवजी भू १ भुव २ स्वर्लोक ३ महः ४ जन ५ तप ६ और सत्य ७ यह सात आपने देवलोक कहे हैं १ इन लोकों के बदले जब दूसरे नामसे लोक बदलते हैं तब इनके अधिपति कैसे होते हैं और लोकोंके शुभ फल रूप आयु सौभाग्य और अत्यन्त लक्ष्मी इन सब की

वच। लक्ष्मीश्चविपुलानाथ! कथंस्यात्पुरसूदन! २ (शिवउवाच) पुराहुताशनःसा
र्द्धं मारुतेनमहीतले। आदिष्टःपुरुहूतेन विनाशायसुरद्विषाम् ३ निर्दग्धेषुततस्तेन दा
नवेषुसहस्रशः। तारकःकमलाक्षश्च कालदंष्ट्रःपरावसुः। विरोचनश्चसंग्रामादपला
यंस्तपोधन! ४ अम्भःसामुद्रमाविश्य सन्निवेशमकुर्वत। अशक्याइतितेऽप्यग्निमारु
ताभ्यामुपेक्षिताः ५ ततःप्रभृतितेदेवान् मनुष्यान्सहजंगमान्। सम्पीड्यचमुनीन्सर्वा
न्प्रविशन्तिपुनर्जलम् ६ एवंवर्षसहस्राणि वीराःपञ्चचसप्तच। जलदुर्गबलाद्ब्रह्मन्!
पीडयन्तिजगत्त्रयम् ७ ततःपरमथोवह्निमारुतावमराधिपः। आदिदेशचिरादम्बुनि
धिरेषविशोष्यताम् ८ यस्मादस्मद्द्विषामेष शरणंवरुणालयः। तस्माद्भवद्भ्यामद्यैव
क्षयमेषप्रणीयताम् ९ तावूचतुस्ततःशक्रमुभौशम्बरसूदनम्। अधर्म्मएषदेवेन्द्र! सा
गरस्यविनाशनम् १० यस्माज्जीवनिकायस्य महतःसंक्षयोभवेत्। तस्मान्नपापमद्यावा
ङ्करवावःपुरन्दर! ११ अस्ययोजनमात्रेऽपि जीवकोटिशतानिच। निवसन्तिसुरश्रेष्ठ!
सकथन्नाशमर्हति १२ एवमुक्तःसुरेंद्रस्तु कोपात्संरक्तलोचनः। उवाचेदंवचोरोषान्निर्दह
न्निवपावकम् १३ नधर्म्माधर्म्मसंयोगम्प्राप्नुवन्त्यमराःक्वचित्। भवतस्तुविशेषेण माहा
त्म्यंचाधितिष्ठति १४ यदाज्ञालंघनंयस्मान्मारुतेनसमन्त्वया। मुनिव्रतमहिंसादि परि
गृह्यत्वयाकृतम्। धर्मार्थशास्त्ररहितं शत्रुम्प्रतिविभावसो! १५ तस्मादेकेनवपुषा मुनिं

प्राप्ति कैसे होती है २ शिवजीने कहा—कि प्रथम पृथ्वीतलमें वायु सहित अग्नि अत्यन्त प्रचंड होती
भई वायुने दैत्योंके नाशकरने के अर्थ अग्निको प्रेराथा ३ उस अग्निने हज़ारों दैत्य दानव भस्म
करडाले उस समय तारकासुर—कमलाक्ष—कालदंष्ट्र—परावसु और विरोचन यह दैत्य देवताओं के
युद्धसे भाजतेभये ४ समुद्रके जलमें प्रवेशकरके छुपजातेभये वहाँ उनको अग्निभी भस्मकरने को
समर्थ न रहा ५ इसकेपीछे वह दैत्य देव मनुष्यादिकोंसमेत मुनि और सब जंगम जीव इनसबलोगों
को पीड़ादेकर फिर समुद्रमें प्रवेश करजानेलगे ६ इसीप्रकार हज़ारवर्षतक वह दैत्य शूरवीर बनेरहे
और पांचसातहजारवर्षतक जलके आश्रयहोकर त्रिलोकीको बाधाकरतेभये ७ पीछे अग्नि और वायुको
इंद्रने आज्ञा दी कि तुमदोनों मिलकर इससमुद्रकेजलको सुखादो ८ क्योंकि यहसमुद्र हमारेशत्रुओं
की रक्षाकरताहै इसहेतुसे अभी इसकानाशकरदेनाचाहिये ९ इसके इसवचनको सुनकर अग्नि और
वायु दोनों इन्द्रसे बोले कि हे देव समुद्रका नाशकरना महा अधर्म्म है १० क्योंकि इसमें अनेक
जीव हैं उनके स्थानोंका नाशहोताहै हे इन्द्र इस कारणसे हम इस समुद्रकानाश नहीं करसक्ते ११
इसके एक एक योजन में लाखों जीव रहतेहैं इसका नष्ट करना हमको योग्य नहीं है १२ यह सु
नतेही इन्द्र ऐसा क्रोधित हुआ मानोंअग्नि और वायु इन दोनोंको भस्म करदेगा और रक्तनेत्र कर
क्रोधसे यह वचन बोला १३ कि देवताओं के विशेष करके धर्माधर्म का संयोग नहीं कहाहै और
तुम्हारा माहात्म्य तो और भी अधिक सुनाजाता है हे अग्नि वायु तुम दोनों ने जो मेरी आज्ञाभंग
करी है और अहिंसा आदि मुनियों का व्रत धारण करलिया है शत्रुके प्रति तुमने धर्म अर्थ रहित

रूपेणमानुषे। मारुतेनसमंलोके तवजन्मभविष्यति १६ यदात्रमानुषत्वेऽपि त्वयाग स्त्येनशोषितः। भविष्यत्युदधिर्वह्ने! तदादेवत्वमाप्स्यसि १७ इतीन्द्रशापात्पतितौ त त्क्षणात्तौमहीतले। अवाप्तावेकदेहेन कुम्भाज्जन्मतपोधन! १८ मित्रावरुणयोर्व्वीर्य्या द्वसिष्ठस्यानुजोऽभवत्। अगस्त्यइत्युग्रतपाः सम्बभूवपुनर्मुनिः १९ (नारद उवाच) सम्भूतःसकथंभ्राता वसिष्ठस्याभवन्मुनिः। कथञ्चमित्रावरुणौ पितरावस्यतौस्मृतौ। जन्मकुम्भादगस्त्यस्य कथंस्यात्पुरसूदन! २० (ईश्वर उवाच) पुरापुराणपुरुषः कदा चिद्गन्धमादने। भूत्वाधर्मसुतोविष्णुश्चचारविपुलन्तपः २१ तपसातस्यभीतेन वि घ्नार्थंप्रेषितावुभौ। शक्रेणमाधवानंगावप्सरोगणसंयुतौ २२ तदातद्गीतवाद्येन नांगरा गादिनाहरिः। नकाममाधवाभ्यांच विषयान्प्रतिचुक्षुभे २३ तदाकाममधुस्त्रीणां विषाद मगमद्गणः। संक्षोभायततस्तेषां स्वोरुदेशान्नराग्रजः। नारीमुत्पादयामास त्रैलोक्य जनमोहिनीम् २४ संक्षुब्धास्तुतयादेवास्तौतुदेववरावुभौ। अप्सरोभिःसमक्षंहि देवाना मब्रवीद्धरिः २५ अप्सराइतिसामान्या देवानामब्रवीद्धरिः। उर्वशीतिचनाम्नेयं लोके ख्यातिंगमिष्यति २६ ततःकामयमानेन मित्रेणाहूयसोर्वशी। उक्तामांरमयस्वेति बाढ़ मित्यब्रवीत्तुसा २७ गच्छन्तीचाम्बरन्तद्वत्स्तोकमिन्दीवरेक्षणा। वरुणेनधृतापश्चात्व

शास्त्रका मत धारण किया है इस कारण तुम एक रूपसे मुनिरूप मनुष्य योनि होकर दोनों मृत्यु लोकमें उत्पन्नहोगे १४। १६ फिर मनुष्य शरीर में भी तुम अगस्त्य मुनि होकर समुद्रको शोषण करोगे इसके पीछे फिर अपनी देवयोनि को प्राप्तहोगे १७ ऐसे इन्द्र के शाप होने से उसी क्षण वह दोनों पृथ्वी पर गिरते भये और हे तपोधन नारद यहां आकर वह दोनों एकही शरीर से वह कुंभ अर्थात् घड़ेसे उत्पन्न होते भये यह मित्रावरुणी के वीर्य्य से उत्पन्न हुये और वसिष्ठजीके छोटे भाई हुए और बड़े उग्रतपस्वी अगस्त्य नाम मुनि विख्यात हुए १८। १९ नारद मुनि ने पूछा कि हे शिवजी यह अगस्त्य जी वसिष्ठ जी के भ्राता कैसे हुए और उनकेपिता मित्रावरुणी कैसे हुए और इनका जन्म कलशसे कैसे हुआ २० शिवजीने कहा कि प्रथम किसीसमय गन्धमादनपर्वतपै पुराण पुरुष विष्णुभगवान् धर्मके पुत्रहोकर दुश्चर तपकरतेभये २१ तवउनके तपके भयसेइन्द्रने वसन्तऋतु समेत कामदेवको अप्सरा गणोंसे युक्त करके उन विष्णुजी के पास उनकी तपस्या भंग करनेकेलिये भेजा २२ तव इन सबके गीत रागादिकोंसे हरि नारायण विषय भोगादिकोंसे चलायमान नहीं हुए २३ उस समय वसन्त ऋतु कामदेव और अप्सरादिकोंके चरित्रोंसे जब विष्णु भगवान् रागसे मोहित नहीं हुए तब यह सब भयसे कंपायमान हुए उस समय नारायणजीने अपनी जंघासे त्रिलोकी को मोहनेवाली एक उत्तम स्त्री उत्पन्नकी २४ उसको देखकर सब देवता चलायमानहोगये उस समय वह नर नारायण देव सब देवताओंसे यह वचन बोले २५ कि हे देवताओ यह उर्व्वशी नाम अप्सरा है यह भी हमने तुम्हारी अप्सराओं में विख्यात होनेवाली उत्पन्नकी है तब उस उर्वशी की इच्छाकरनेवाला मित्र देवता उसको बुलाकर कहनेलगा कि तू मेरे संग रमणकर उस समय उर्वशी

रुणश्चाभ्यनन्दत २८ मित्रेणाहंवृतापूर्वमद्यभार्यानतेविभो!। उवाचवरुणश्चित्तंमयिसं
न्यस्यगम्यताम् २९ गतायांवाढमित्युक्त्वा मित्रःशापमदात्तदा। तस्यैमानुषलोकेत्वं ग
च्छसोमसुतात्मजम् ३० भजस्वेतियतोवेश्या धर्म्मएषत्वयाकृतः। जलकुम्भेततोवीर्यं
मित्रेणवरुणेनच। प्रक्षिप्तमथसञ्जातौ द्वावेवमुनिसत्तमौ ३१ निमिर्नामसहस्त्रीभिः पु
राद्यूतमदीव्यत। तत्रान्तरेभ्याजगाम वसिष्ठोब्रह्मसम्भवः ३२ तस्यपूजामकुर्वन्तं श
शापसमुनिर्नृपम्। विदेहस्त्वंभवस्वेति ततस्तेनाप्यसौमुनिः ३३ अन्योन्यशापाच्चतयो
र्विगतेइवचेतसी। जग्मतुःशापमानाय ब्रह्माणञ्जगतःपतिम् ३४ अथब्रह्मणआदेशा
ल्लोचनेष्ववसन्निमिः। निमेषाःस्युश्चलोकानांतद्धिश्रामायनारद! ३५ वसिष्ठोऽप्यभव
त्तस्मिन् जलकुम्भेचपूर्ववत्। ततःश्वेतश्चतुर्बाहुः साक्षसूत्रकमण्डलुः। अगस्त्यइति
शान्तात्मा वभूवऋषिसत्तमः ३६ मलयस्यैकदेशेतु वैखानसविधानतः। सभार्यःसंवृतो
विप्रैस्तपश्चक्रेसुदुश्चरम् ३७ ततःकालेनमहता तारकादतिपीडितम्। जगद्वीक्ष्यस
कोपेन पीतवान्वरुणालयम् ३८ ततोऽस्यवरदाःसर्वे वभूवुःशंकरादयः। ब्रह्माविष्णुश्च

ने भी उनके वचनको अंगीकारकरलिया २६। २७ फिर कमलके समान प्रफुल्लित नेत्रोंवाली उ-
र्वशी आकाशमें जातीभई और वरुणने उसको ग्रहणकरलिया तब उर्वशी बोली कि तुमने यह अ-
च्छा नहीं किया २८ क्योंकि मुझको प्रथम मित्रने ग्रहणकरलियाथा अब मैं तुम्हारी भार्य्या नहीं
होसकी वरुणने कहा कि तू मुझमें चित्तलगाकर फिर दूसरी जगह जइयो २९ तब वह वरुणमें चित्त
लगाकर चलीगई तब मित्रने उसको शाप देदिया कि तू मनुष्य लोकमें जा वहाँ बुधके पुत्रको ग्र-
हणकर क्योंकि तैंने यह वेश्याका धर्म आचरण करलियाहै ऐसा कहकर मित्रने और वरुण दोनोंने
अपना वीर्य्य जलके घटमें स्थापित करदिया उसमें दो उत्तम मुनि उत्पन्नहुए ३०।३१ उनका वर्णन
सुनो—कि एक समय राजा निमि अपनी स्त्रियोंके साथ क्रीडा कररहाथा वहाँ ब्रह्माजीके पुत्र वसि-
ष्ठजी आगये उस समय राजा निमिने उनका पूजन नहीं किया इस हेतुसे वसिष्ठजीने क्रोध करके
राजाको शापदेदिया तू विदेह अर्थात् देहरहित होजा तब राजा निमिने भी कहा कि आप भी देह-
रहित होजाओ ३२। ३३ इस प्रकार वह दोनों परस्परमें शापोंको ग्रहण करके शरीर चित्तसे रहित
होकर जगत्के पति ब्रह्माजीके पास जातेभये ३४ फिर ब्रह्माजीकी आज्ञा पाके निमितो मनुष्यों के
नेत्रों में प्रवेश करगया हे नारद उसके हितके लिये लोकों के नेत्रोंका खोलना मूंदना होगया और
वसिष्ठ मुनि प्रथम के समान उस जलके कलशमें प्रवेशकरके उत्पन्न होतेभये एक तो यह मुनि हुए
इनके पीछे श्वेतरूप चारभुजा अक्षमाला यज्ञोपवीत और कमंडलु इन सबको धारण किये हुए अ-
गस्त्य नाम शान्तात्मा उत्तम ऋषि उत्पन्नहुए ३५—३६ फिर यह अगस्त्य ऋषि मलयाचल पर्वत
पर एकान्त स्थानमें जाकर स्त्री सहित अनेक ऋषियोंसे व्याप्तहोकर दारुण तपस्या करनेलगे ३७
जब बहुत काल व्यतीतहोगया तब किसी समय तारकासुरसे पीडितहुए सब जगत्को देखकर यह
ऋषि क्रोध करके सब समुद्रको पान करतेभये ३८ उस समय ब्रह्मा विष्णु और शिवजी इसको व-

भगवान् वरदानायजग्मतुः। वरंवृणीष्वभद्रन्ते यदभीष्टञ्चवैमुने! ३६ (अगस्त्य उवाच) यावद्ब्रह्मसहस्राणां पञ्चविंशतिकोटयः। वैमानिकोभविष्यामि दक्षिणाचलवर्त्मनि ४० मद्विमानोदयेकुर्याद्यःकश्चित्पूजनम्मम। ससप्तलोकाधिपतिःपर्यायेणभविष्यति ४१ (ईश्वर उवाच) एवमस्त्वितितेऽप्युक्त्वा जग्मुर्देवायथागतम्। तस्मादर्घःप्रदातव्यो ह्यगस्त्यस्यसदाबुधैः ४२ (नारद उवाच) कथमर्घप्रदानन्तु कर्तव्यन्तस्यवैविभो!। विधानंयदगस्त्यस्य पूजनेतद्वदस्वमे४३ (ईश्वर उवाच) प्रत्यूषसमयेविद्वान्कुर्यादस्योदयेनिशि। स्नानंशुक्लतिलैस्तद्वच्छुक्लमाल्याम्बरोगृही ४४ स्थापयेदव्रणंकुम्भं माल्यवस्त्रविभूषितम्। पञ्चरत्नसमायुक्तं घृतपात्रसमन्वितम् ४५ अंगुष्ठमात्रम्पुरुषन्तथैवसौवर्णमेवायतबाहुदण्डम्।चतुर्मुखंकुम्भमुखेनिधायधान्यानिसप्ताम्बरसंयुतानि४६ सकांस्यपात्राक्षतशुक्तियुक्तम्मन्त्रेणदद्याद्द्विजपुंगवाय। उत्क्षिप्यलम्बोदरदीर्घबाहुमनन्यचेतायमदिङ्मुखःसन्४७श्वेताञ्चदद्याद्यदिशक्तिरस्ति रौप्यैःखुरैर्हेममुखींसवत्साम्। धेनुन्नरःक्षीरवतींप्रणम्य सवत्सघण्टाभरणांद्विजाय ४८ आसप्तरात्रोदयमेतदस्य दातव्यमेतत्सकलन्नरेण। यावत्समाःसप्तदशाथवास्युरथोर्ध्वमप्यत्रवदन्तिकेचित् ४९ काशपुष्पप्रतीकाश! अग्निमारुतसम्भव!। मित्रावरुणयोःपुत्र! कुम्भयोने! नमोऽस्तुते।

देनेके लिये आते भये और इनसे यह वचन बोले कि हे मुने जो आपको अभीष्टहोय वह वरमांगो ३९ अगस्त्यजीने कहा कि जबतक हजार ब्रह्माओंकी पच्चीस किरोड़ वारियां व्यतीतहोंय तबतक मैं दक्षिणाचल पर्व्वतपर रहनेवाले विमानोंपर बैठनेवाला रहूं ४० मेरे विमानके उदयहोनेके समय जो पुरुष मेरा पूजनकरै वह सप्तलोक पतियोंके बदलनेतक सातलोकों का पति होय ४१ शिवजी कहनेलगे कि ऐसाही होगा फिर सब देवता अपने २ स्थानोंको जातेभये इस हेतुसे अगस्त्यजी के निमित्त बुद्धिमान् लोगोंको सदैव अर्घ दानदेना योग्य है ४२ नारदमुनिने कहा हे विभो अगस्त्यजी को अर्घदान कैसेकरै अगस्त्यजीके पूजनका जो विधानहै वह मेरे आगे वर्णन कीजिये ४३ शिवजी बोले कि इनके उदयहोनेके समय प्रातःकालही विद्वान गृहस्थी पुरुष श्वेत तिलोंसे स्नानकरे श्वेतपुष्पोंकीमाला और श्वेतही वस्त्रोंको भी धारणकरे ४४ और एक सुन्दर छिद्रादिसे रहित कलश स्थापितकरे उस कलशको पुष्प वस्त्रादिसे विभूषित पंचरत्नोंसे पूरित और घृतके पात्रसे युक्तकरै ४५ और एक लंबी चौड़ी भुजावाला अंगुष्ठ प्रमाण सुवर्णका पुरुष चारमुख वाला बनवाकर उसके मुख पर स्थापितकरे इसके पीछे उस कलशको सप्त धान्य और वस्त्रादिसे युक्त करके ४६ कांसीके पात्र अक्षत औरसीपी इन सब समेत संकल्प करके ब्राह्मणके अर्थ दे दे फिर उस लंबी चौड़ी उदरवाली मूर्त्तिको उठाके दक्षिणकी ओर मुख करके दानकरे ४७ जो अधिक शक्तिहोय तो चाँदीके खुर सुवर्ण के शृंग सवत्सा घंटा आदिक भूषणों समेत दूधवाली गौको ब्राह्मणके अर्थ दानकरै ४८ यह विधि अगस्त्यजी के उदय से सात दिनतक मनुष्यको करनी योग्यहै कोई २ ऐसा भी कहते हैं कि यह विधि सत्रह १७ वर्षतक हरसाल करनी उचितहै ४९ श्वेत पुष्पके समान कान्तिवाले अग्नि और

प्रत्यब्दन्तुफलैर्याग मेवंकुर्वन्नसीदति ५० होमंकृत्वाततःपश्चाद्वर्जयेन्मानवःफलम्। अ नेनविधिनायस्तु पुमानर्घ्यंनिवेदयेत् ५१ इमंलोकंसचाप्नोति रूपारोग्यसमन्वितः। द्वि तीयेनभुवर्लोकं स्वर्लोकञ्चततःपरम् ५२ सप्तैवलोकानाप्नोति सप्तार्घ्यान्यःप्रयच्छति। यावदायुश्चयःकुर्यात्परम्ब्रह्माधिगच्छति ५३ इहपठतिशृणोतिवायएतद्युगलमुनिप्रभवा र्घ्यसम्प्रदानम्। मतिमपिचददातिसोऽपिविष्णोर्भवनगतःपरिपूज्यतेऽमरौघैः ५४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे अगस्त्यार्घप्रदानन्नामैकाधिकषष्टितमोऽध्यायः ६१॥

(मनुरुवाच) सौभाग्यारोग्यफलदममुत्राक्षय्यकारकम्। भक्तिमुक्तिप्रदन्देव! त न्मेब्रूहिजनार्दन! १ (मत्स्य उवाच) यदुमायाःपुरादेव! उवाचपुरसूदनः। कैलासशि खरासीनो देव्यापृष्टस्तदाकिल २ कथासुसम्प्रवृत्तासु धर्म्यासुललितासुच। तदिदानीं प्रवक्ष्यामि भुक्तिमुक्तिफलप्रदम् ३ (ईश्वर उवाच) शृणुष्वावहितादेवि! तथैवानन्त पुण्यकृत्। नराणामथनारीणा माराधनमनुत्तमम् ४ नभस्येवाथवैशाखे पुण्यमार्गशिर स्यच। शुक्लपक्षेतृतीयायां सुस्नातोगौरसर्षपैः ५ गोरोचनंसगोमूत्र मुष्णंगोशकृतन्त था। दधिचन्दनसम्मिश्रं ललाटेतिलकंन्यसेत्। सौभाग्यारोग्यदंयस्मात्सदाचललिता

वायुके अंशसे उत्पन्नहोने वाले मित्र और वरुणके पुत्र कलशसे उत्पन्न जो आपहैं उनके अर्थ नमः स्कारहै इस विधिसे वर्ष २ के प्रति फल पुष्पादिकों से पूजन करता हुआ पुरुष कभी किसी प्रकार से दुखित नहीं रहताहै ५० फिर हवनकरै और फलकी इच्छाको त्यागदे इस विधिसे पुरुषको अर्घ दान करना योग्यहै ५१ पहलीवार इस विधिसे अर्घदान करनेवाला पुरुष इस लोकमें रूप आरोग्य युक्त होकर सुखी होताहै और दूसरीवार करनेवाला भुवर्लोकको और तीसरीवार वाला स्वर्गलोक को प्राप्तहोताहै इस विधिसे सातवार अर्घदान करनेवाला पुरुष क्रमसे सातों लोकों में प्राप्तहोताहै और जो जीवनपर्य्यन्त अगस्त्यजीके निमित्त यहअर्घदानदेताहै वहपरब्रह्ममेंलीनहोजाताहै ५२।५३ इस अगस्त्यमुनिके अर्घदानको जो पुरुष इससंसारमें पढ़ताहै वा सुनताहै अथवा दूसरेको उपदेश करताहै वह विष्णु लोकमें प्राप्त होकर देवताओंसे पूजित होताहै ५४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकाधिकषष्टितमोऽध्यायः ६१॥

मनुजी कहते हैं कि हे भगवन जो सौभाग्यारोग्य का देनेवाला और परलोकमें अक्षय फल दे नेवाला तथा भुक्ति मुक्ति का देनेवाला धर्म होय उसको आप वर्णन कीजिये १ मत्स्य भगवान् बोले कि सुन्दर कैलास पर्वत में पार्वती से पूछे हुए शिवजी जो पार्वती जी से कहते भये उसको मैं तुम्हें सुनाता हूं २ धर्म संबन्धी सुन्दर ललित कथाओंकी प्रवृत्तिमें अब उत्तम भुक्ति मुक्ति के देने वाले धर्म को कहता हूं ३ शिवजी बोले हे देवि पार्वती तू अनन्त पुण्य दायक स्त्री पुरुषों के आराधन करने के योग्य धर्मकोसुन ४ श्रावण वा वैशाखमासमें वा मार्गशिरमासके शुक्लपक्षकी तृतीयाको अच्छे प्रकार से स्नानकर श्वेतसरसों गोरोचन गरम २ गोमूत्र गोबर दही और चन्दन इन सब को मिला मस्तक पर लेप करे अर्थात् तिलककरे क्योंकि यह तिलक सौभाग्य आरोग्यका देनेवालाहै और ल-

प्रियम् ६ प्रतिपक्षंतृतीयासु पुमानापीतवाससी। धारयेद्रथरक्तानि नारीचेदथसंयता ७ विधवाधातुरक्तानि कुमारीशुक्लवाससी। देवींतुपञ्चगव्येन ततःक्षीरेणकेवलम्। स्नापयेन्मधुनातद्वत्पुष्पगन्धोदकेनच ८ पूजयेच्छुक्लपुष्पैश्च फलैर्नानाविधैरपि। धान्यकाजाजिलवणैर्गुडक्षीरघृतान्वितैः ९ शुक्लाक्षततिलैरर्च्यांततोदेवींसदार्चयेत्। पादाद्यभ्यर्चनंकुर्य्यात्प्रतिपक्षंवरानने। १० वरदायैनमःपादौ तथागुल्फौनमःश्रियै। अशोकायैनमो जंघे पार्वत्यैजानुनीतथा ११ ऊरूमंगलकारिण्यै वामदेव्यैतथाकटिम्। पद्मोदरायैजठरमुरःकामश्रियैनमः १२ करौसौभाग्यदायिन्यैबाहूदरमुखंश्रियै। मुखंदर्पणवासिन्यै स्मरदायैस्मितन्नमः १३ गौर्यैनमस्तथानासा मुत्पलायैचलोचने। तुष्ट्यैललाटमलकान् कात्यायन्यैशिरस्तथा १४ नमोगौर्यैनमोधिष्ण्यै नमःकान्त्यैनमःश्रियै। रम्भायैललितायैच वासुदेव्यैनमोनमः १५ एवंसम्पूज्यविधिव दग्रतःपद्ममालिखेत्। पत्रैर्द्वादशभिर्युक्तं कुंकुमेनसकर्णिकम् १६ पूर्वेणविन्यसेद्गौरी मपर्णाञ्चततःपरम्। भवानींदक्षिणेतद्वद्रुद्राणीञ्चततःपरम् १७ विन्यसेत्पश्चिमेसौम्यां सदामदनवासिनीम्। वायव्येपाटलामुग्रा मन्तरेणततोऽप्युमाम् १८ मध्येयथास्वंमासांगां मंगलांकुमुदांसतीम्। रुद्रञ्च

लिता देवी को परम प्रिय है ५-६ और पक्ष पक्षकी तृतीया के दिन पुरुषतो पीले वस्त्र धारण करे और स्त्री लाल वस्त्र पहरे ७ विधवा स्त्री गेरू के रंगे हुए वस्त्रों को पहरे और कुमारी कन्या श्वेत वस्त्र धारण करे फिर पंचगव्य से अथवा दूधसे देवी को स्नानकरावे फिर शहद से स्नानकर कर पुष्पगन्ध और जलसे स्नान करावे फिर श्वेतपुष्प अनेक प्रकार के फल धनियां जीरा नमक गुड़ दूध और घृत इत्यादिकों से और श्वेत अक्षत और तिल इन वस्तुओं से देवीका पूजनकरै हे वरानने पक्ष २ की तृतीया के दिन पाद्य अर्घ आदिकों से पूजे ८।१० वरदायैनमः इस मंत्र से पैरों को पूजे लक्ष्म्यैनमः इसमंत्र करके टकनों को अशोकादेव्यै नमः इस मंत्रसे पिंडिलियोंको और पार्वत्यैनमः इस मंत्रसे घोटओं को पूजे ११ मंगलकारिण्यैनमः इससे जंघाओं को वामदेव्यैनमः इस मंत्रसे कटिको पद्मोदरायैनमः इस मंत्रसे उदरको कामश्रियैनमः इस मंत्र से छाती को १२ सौ भाग्य दायिन्यैनमः इस मंत्रसे हाथोंको--श्रियैनमः यह कह कर भुजा–उदर और मुखका पूजन करै दर्पणवासिन्यैनमः मुखको स्मरदायैनमः ऐसाकहकर दांतों को पूजे १३ गौर्य्यैनमः इससे नासिकाको उत्पलायैनमः मंत्र से नेत्रोंको तुष्ट्यैनमः इस मंत्रसे मस्तकके बालों को और कात्यायन्यै नमः इसमंत्रसे शिरको पूजे १४ गौरीके अर्थ नमस्कार ऐसाकहकर धिष्णी बुद्धिरूपादेव्यैनमः इस मंत्रसे कान्तिको श्रीरंभायैनमः ललितादेव्यैनमः वासुदेव्यैनमः १५ इन सब मंत्रोंसे विधिपूर्वक देवीजी की मूर्त्तिका पूजनकर अपने अग्रभागमें बारह पत्तों से युक्तनाली समेत एक कमल केसरसे लिखे १६ पूर्वके पत्रपै गौरीको स्थापित करै अग्नि कोणमें अपर्णाको दक्षिण में भवानी को नैर्ऋत में रुद्राणीको १७ पश्चिम में सौम्यरूपवाली को मदनवासिनी देवीको वायव्य में उग्रापाटला देवीको उत्तरमें उमाको १८ और ईशान कोणमें उत्तम अंगवाली कुमुदा देवीको स्थापित करे और

मध्येसंस्थाप्य ललितांकर्णिकोपरि। कुसुमैरक्षतैर्वाभिर्नमस्कारेणविन्यसेत् १९ गीतमं
गलनिर्घोषान्कारयित्वासुवासिनीः। पूजयेद्रक्तवासोभी रक्तमाल्यानुलेपनैः। सिन्दूरंस्ना
नवर्णञ्च तासांशिरसिपातयेत् २० सिन्दूरकुंकुमस्नान मतीवेष्टतमंयतः। तथोपदेष्टा
रमपि पूजयेद्यत्नतोगुरुम्। नपूज्यतेगुरुर्यत्र सर्वास्तत्राफलाःक्रियाः २१ नभस्येपूजयेद्गौ
री मुत्पलैरसितैःसदा। बन्धुजीवैराश्वयुजे कार्त्तिकेशतपत्रकैः २२ जातीपुष्पैर्मार्गशीर्षे
पौषेपीतैःकुरण्टकैः। कुन्दकुंकुमपुष्पैस्तु देवींमाघेतुपूजयेत्। सिन्दुवारेणजात्यावा फा
ल्गुनेऽप्यर्चयेदुमाम् २३ चैत्रेतुमल्लिकाशोकै र्वैशाखेगन्धपाटलैः। ज्येष्ठेकमलमन्दारै
राषाढेचनवाम्बुजैः। कदम्बैरथमालत्या श्रावणेपूजयेत्सदा २४ गोमूत्रंगोमयंक्षीरं दधि
सर्पिःकुशोदकम्। विल्वपत्रार्कपुष्पञ्च यवान्गोशृंगवारिच २५ पञ्चगव्यञ्चविल्वञ्च
प्राशयेत्क्रमशस्तदा। एतद्भाद्रपदाद्यन्तु प्राशनंसमुदाहृतम् २६ प्रतिपक्षञ्चमिथुनं तृ
तीयायांवरानने। पूजयित्वार्चयेद्भक्त्या वस्त्रमाल्यानुलेपनैः। पुंसःपीताम्बरेदद्यात्स्त्रियै
कौसुम्भवाससी २७ निष्पावाजाजिलवणमिक्षुदण्डगुडान्वितम्। तस्यैदद्यात्फलंपुष्पं
सुवर्णोत्पलसंयुतम् २८ यथानदेवि! देवेशस्त्वाम्परित्यज्यगच्छति। तथा मामुद्धर

इन सर्वोंके मध्यमें रुद्रजीको स्थापित करे कमलकी डंडी पर ललितादेवीको स्थापित करे इनसब देवियोंको पुष्प अक्षत और जलसे स्थापित करे १९ फिर मंगला चरण के गीतोंको गावै उत्तम शब्द करै सुन्दर वस्त्रों वाली देवीको लालवस्त्र लालपुष्प और लालचन्दन इनसब से पूजै और उन देवियोंको स्नानकराकर उनके शिरोंपर सिंदूरचढ़ावै २० सिंदूररोली चढ़ाना और स्नानकराना यह अत्यन्त योग्य है इस हेतु से इस पूजाके उपदेश देनेवाले गुरूकी भी यत्नपूर्वक सिंदूरही से पूजा करे क्योंकि जहां गुरूकी पूजा नहीं कीजाती है वहां सब क्रिया निष्फल होती हैं २१ भाद्रपद के महीने में सदैव नीले कमलोंके पुष्पोंसे गौरीको पूजै आश्विन में बन्धुजीव अर्थात् लाल रंग दुपहरियाके पुष्पोंसे कार्त्तिकमें शतपत्रक श्वेत कमल के पुष्पों से पूजै २२ मार्ग शिर में चमेली के पुष्पोंसे पौषमें कुरंटक के पीले पुष्पों से माघमें कुंदके पुष्पोंसे अथवा केशर के पुष्पोंसे देवीको पूजै फाल्गुनमें उमादेवीको संभालूके पुष्पोंसे अथवा चमेलीके पुष्पोंसे पूजै २३ चैत्रमें चंपा और अशोक वृक्ष इन दोनोंके पुष्पोंसे पूजै—वैशाखमें सुगन्धित पाटल वृक्षके पुष्पोंसे ज्येष्ठमें उत्तम खिले हुए कमलके पुष्पोंसे—आषाढमें नवीन कमलोंसे—और श्रावणमें कदंबके और मालतीके पुष्पोंसे भगवतीको पूजै २४ और गोमूत्र—गोबर—गौका दूध—दही—घृत—कुशाकाजल—बेलपत्र—आकके पुष्प—जव गौके सींगोंके धोवनका जल—पंचगव्य और बेलगिरी—इन सबको भाद्रपदके महीनेसे क्रम पूर्वक भोजनकरे जैसे कि भाद्रपदकी तृतीया ३ को गोमूत्र—आश्विनकी ३ को गोबर २५। २६ इसी प्रकार हे वरानने हर पक्षकी तृतीयाके दिन ब्राह्मण और ब्राह्मणीके जोड़ेको भक्ति पूर्वक पूजकर वस्त्र माला—पुष्प और चन्दन इत्यादिसे पूजै ब्राह्मणको पीले वस्त्र पहरावे स्त्रीको दोनों लाल वस्त्र पहरावै २७ और साफ कियाहुआ शुद्ध जीरा १ नमक—ईखका गांडा—गुड़—फल पुष्प और सुवर्णका बनायाहुआ कमलका पुष्प यह सब वस्तु उस ब्राह्मणीके अर्थ दे दे २८ और यह वचन कहै कि हे

शेष दुःखसंसारसागरात् २९ कुमुदाविमलानन्ता भवानीचसुधाशिवा। ललिताकमला गौरी सतीरम्भाथपार्वती ३० नभस्यादिषुमासेषु प्रीयतामित्युदीरयेत्। व्रतान्तेशयनं दद्यात्सुवर्णकमलान्वितम् ३१ मिथुनानिचतुर्विंशद्दशद्वौचसमर्चयेत्। अष्टौषड्वाप्यथ पुनश्चानुमासंसमर्चयेत् ३२ पूर्वन्दत्वातुगुरवे शेषानप्यर्चयेद्बुधः। उक्तानन्ततृतीयैषा सदानन्तफलप्रदा ३३ सर्वपापहरान्देवि ! सौभाग्यारोग्यवर्धिनीम्। नचैनांवित्त शाठ्येन कदाचिदपिलंघयेत्। नरोवायदिवानारी वित्तशाठ्यात्पतत्यधः ३४ गर्भिणी सूतिकानारी कुमारीवाथरोगिणी। यद्यऽशुद्धातदान्येन कारयेत्प्रयतास्वयम् ३५ इमामनन्तफलदां यस्तृतीयांसमाचरेत्। कल्पकोटिशतंसाग्रं शिवलोकेमहीयते ३६ वित्तहीनोऽपिकुरुते वर्षत्रयमुपोषणैः। पुष्पमन्त्रविधानेन सोऽपितत्फलमाप्नुयात् ३७ नारीवाकुरुतेयातु कुमारीविधवाथवा। सापितत्फलमाप्नोति गौर्यनुग्रहलालिता ३८ इतिपठतिशृणोतिवायइत्थं गिरितनयाव्रतमिन्द्रवाससंस्थः। मतिमपिचददातिसोऽपि देवैरमरवधूजनकिन्नरैश्चपूज्यः ३९ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेद्विषष्टितमोऽध्यायः ६२ ॥

अथान्यामपिवक्ष्यामि तृतीयांपापनाशिनीम्। रसकल्याणिनीमेताम्पुराकल्पविदो

देवि जैसे तुमको त्यागकर देवेश शिवजी महाराज कहीं नहीं जाते हैं उसीप्रकार तुम मुझको इस संसाररूपी समुद्रके दुःखसे पार उतारो २९ कुमुदा—विमला—अनन्ता—भवानी—सुधा—शिवा—ललिता—कमला—गौरी—सती—और रंभा पार्वती ३० इन सबका नाम क्रमसे भाद्रपद आदि महीनों के क्रमसे कहकर(प्रीयताम्)अर्थात् प्रसन्नहो और तृप्तहो ऐसा वचनकहै जब व्रत पूराहोजाय तबसुवर्णके कमलसे युक्तकीहुई शय्याका दानकरै ३१ प्रतिमास चौबीस ब्राह्मण ब्राह्मणीके जोड़ोंको अथवा १२ जोड़ोंको वा ६ जोड़ोंको स्त्री पुरुष दोनों पूजें ३२ प्रथम गुरुके अर्थ दानदेके फिर बुद्धिमान् पुरुष अन्य ब्राह्मणोंका पूजनकरै यह अनन्त फलकी देनेवाली अनन्त तृतीया ३ वर्णनकी है ३३ हे देवि पार्वति यह सब पापोंकी हरनेवाली और सौभाग्य आरोग्यकी बढ़ानेवाली है इस तृतीयाको वित्त शाठ्यसे रहित होकर कभी भी उल्लंघन नहीं करना चाहिये क्योंकि चाहै पुरुषहो वा स्त्रीहो जो कोई वित्तशाठ्य करताहै वह नरकलोकमें जाताहै ३४ गर्भिणी—सूतिका स्त्री—कुमारी—विधवा—यह अशुद्धहोने के कारण जो आप व्रत नहीं करसकें तो अनेक यत्नोंसे दूसरेको व्रत करवावें ३५ इस अनन्तफलदा तृतीया ३ को जो पुरुष श्रद्धापूर्व्वक करताहै वह सौ १०० किरोड़ कल्पों तक शिवलोक में प्राप्त रहताहै ३६ द्रव्यसे हीन पुरुष भी जो तीन वर्षतक इस व्रतको भक्तिपूर्व्व कहे हुए पुष्प मंत्र विधानसे पुष्प बनाकर पूजताहै वह भी इसी फलको प्राप्त होताहै ३७ कुमारी अथवा विधवा नारी जो इस व्रतको करती हैं वह भी गौरी देवीके अनुग्रहसे इसी फलको प्राप्तहोकर सौ १०० किरोड़ वर्षोंतक शिवलोकमें निवास करती हैं ३८ इस माहात्म्यको जो पढ़ता है वा सुनताहै वह स्वर्गवासी कहलाताहै और उसको गौरी पार्वती बुद्धिदेती है और देवता देवताओं की स्त्री और किन्नर इन सबसे पूजा जाताहै ३९ ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्वयधिकषष्टितमोऽध्यायः ६२ ॥

इसके अनन्तर अब पापोंकी नाश करने वाली उस अन्य तृतीयाके माहात्म्यको कहते हैं जिसको

विदुः १ माघमासेतुसम्प्राप्ते तृतीयांशुक्लपक्षतः । प्रातर्गव्येनपयसा तिलैःस्नानंसमाच
रेत् २ स्नापयेन्मधुनादेवीं तथैवेक्षुरसेनच । दक्षिणांगानिसम्पूज्य ततोवामानिपूजयेत् ३
ललितायैनमोदेव्याः पादौगुल्फौततोऽर्चयेत् । जंघांजानुंतथाशान्त्यै तथैवोरुंश्रियैनमः ४
मदालसायैतुकटिममलायैतथोदरम् । स्तनौमदनवासिन्यै कुमुदायैचकन्धराम् ५ भु
जम्भुजाग्रम्माधव्यै कमलायैमुखस्मिते । भ्रूललाटेचरुद्राण्यै शङ्करायैतथालकान् ६
मुकुटंविश्ववासिन्यै शिरःकान्त्यैतथार्चयेत् । मदनायैललाटन्तु मोहनायैपुनर्भ्रुवौ ७ ने
त्रेचन्द्रार्द्धधारिण्यै तुष्ट्यैचवदनम्पुनः । उत्कण्ठिन्यैनमःकण्ठ ममृतायैनमःस्तनौ ८
रम्भायैवामकुक्षिञ्च विशोकायैनमःकटिम् । हृदयम्मन्मथाधिष्ण्यै पाटलायैतथोदरम् ९
कटिंसुरतवासिन्यै तथोरुञ्चम्पकप्रिये ! । जानुजंघेनमोगौर्यै गायत्र्यैघुटिकेनमः १०
धराधरायैपादौतु विश्वकार्यैनमःशिरः । नमोभवान्यैकामिन्यै कामदेव्यैजगत्प्रिये ! ११
एवंसम्पूज्यविधिवद्विजदाम्पत्यमर्चयेत् । भोजयित्वान्नपानेन मधुरेणाविमत्सरः १२ ज
लपूरितन्तथाकुम्भं शुक्लाम्बरयुगद्वयम् । दत्त्वासुवर्णकमलं गन्धमाल्यैःसमर्चयेत् १३

कि पूर्व कल्पके जानने वाले पुरुष रसकल्याणिनी नाम तृतिया वर्णन करते हैं १ उसकी यह विधि है कि माघमहीने के शुक्ल पक्षकी तृतियाको गौके दूध और तिलोंसे तो आप स्नानकरे २ और शहद तथा ईखके रससे देवीजीको स्नान करावै प्रथम देवीजी के दक्षिण अंगोंका पूजनकरै फिर वामअंगों को पूजै ३ और ललिता देवीके अर्थ नमस्कार करके चरण और टकनोंको पूजै शान्त्यैनमः इसमन्त्र से पिंडिलियोंका और घोटुओंका पूजन करे और श्रियैनमः कहकर जंघाओं का पूजनकरै ४ महा- लसायैनमः ऐसा कहकर कटिको अमलायैनमः ऐसा कहकर उदरको मदनवासिन्यैनमः कहकर स्तनोंको और कुमुदायैनमः कहकर कन्धोंको पूजै ५ माधव्यैनमः इसकरके भुजाओं समेत भुजाओं के अग्रभागको पूजै कमलायैनमः इस मंत्रसे मुख के हास्यको पूजै इन्द्राण्यैनमः इस मन्त्र से भृकुटी और मस्तकमें पूजै और शंकरायैनमः ऐसा कहकर जुल्फके वालोंको पूजै ६ विश्ववासिन्यै नमः यह कहकर मुकुटको पूजै--कान्त्यैनमः यह कहकर शिवको पूजै--मदनायैनमः यह कहकर म- स्तकको पूजै मोहनायैनमः यह कहकर फिर भृकुटियोंको पूजै ७ चन्द्रार्धधारिण्यैनमः यह कहके नेत्रोंको--तुष्ट्यैनमः इसमंत्रसे मुखको पूजै उत्कण्ठिन्यैनमः इसको कहकर कंठको और अमृतायैनमः इस मंत्रसे स्तनोंको पूजै ८ रंभायैनमः यह कहकर वामकुक्षिको--विशोकायैनमः यह कहके कटिको मन्मथाधिष्ण्यैनमः यह कहकर हृदयको पूजै और पाटलायैनमः इस मंत्रसे उदरको पूजै ९ सुरत- वासिन्यैनमः ऐसा कहकर कटिको पूजै--चंपकप्रियायैनमः ऐसा कहकर जंघाओंको--गौर्यैनमः ऐसा कहके गुल्फ और पिंडिलियोंको गायत्र्यैनमः यह कहके टकनोंको पूजै १० धराधरायैनमः यह कहके पैरोंको--विश्वकार्यैनमः यह कहके शिरको--यह सब वामअंगोंकी पूजाकही है--हे जगत्प्रिये भवान्यै- नमः कामिन्यैनमः कामदेव्यैनमः ऐसे भी कहै ११ इस विधिसे देवीका पूजनकरै फिर कुटिलता से रहित ब्राह्मण ब्राह्मणीके जोड़े को पूजकर उनको मिष्टान्नसे भोजनकरावै १२ जलसे पूर्ण श्वेत वस्त्रोंसे आच्छादित दो कलशोंको और सुवर्णके कमलको गन्धपुष्पादि से पूजकर ब्राह्मणके निमित्त

प्रीयतामत्रकुमुदा गृह्णीयाल्लवणव्रतम्। अनेनविधिनादेवीं मासिमासिसदार्चयेत् १४
लवणंवर्जयेन्माघे फाल्गुनेचगुडम्पुनः। तैलंराजिन्तथाचैत्रे वर्ज्यंचमधुमाधवे १५ पान
कंज्येष्ठमासेतु आषाढेचाथजीरकम्। श्रावणेवर्जयेत्क्षीरन्दधिभाद्रपदेतथा १६ घृतमा
श्वयुजेतद्वदूर्जेवर्ज्यञ्चमाक्षिकम्। धान्यकम्मार्गशीर्षेतु पौषेवर्ज्याचशर्करा १७ व्रता
न्तेकरकम्पूर्णमेतेषांमासिमासिच। दद्याद्द्विकालवेलायाम्पूर्णपात्रेणसंयुतम् १८ ल
ड्डुकाञ्श्वेतवर्णांश्च संयावमथपूरिकाः। घारिकानप्यपूपांश्च पिष्टापूपांश्चमण्डकान् १९
क्षीरंशाकञ्चदध्यन्न मिण्डर्योशोकवर्तिकाः। माघादिक्रमशोदद्यादेतानिकरकोपरि २०
कुमुदामाधवीगौरी रम्भाभद्राजयाशिवा। उमारतिःसतीतद्वन्मङ्गलारतिलालसा २१
क्रमान्माघादिसर्वत्र प्रीयतामितिकीर्त्तयेत्। सर्वत्रपञ्चगव्येन प्राशनंसमुदाहृतम्। उ
पवासीभवेन्नित्यमशक्तेनक्तमिष्यते २२ पुनर्माघेतुसम्प्राप्ते शर्कराङ्करकोपरि। कृत्वातु
काञ्चनींगौरीं पञ्चरत्नसमन्विताम् २३ हैमीमंगुष्ठमात्राञ्च साक्षसूत्रकमण्डलुम्। च
तुर्भुजामिन्दुयुतां सितनेत्रपटावृताम् २४ तद्वद्गोमिथुनंशुक्लं सुवर्णास्यंसिताम्बरम्। स
वस्त्रभाजनन्दद्याद्भवानीप्रीयतामिति २५ अनेनविधिनायस्तु रसकल्याणिनीव्रतम्।
कुर्यात्ससर्वपापेभ्यस्तत्क्षणादेवमुच्यते २६ नवार्बुदसहस्रन्तु नदुःखीजायतेनरः। सुव

दानकरदे १३ फिर यह कहे कि कुमुदादेवी प्रसन्न होकर इस लवण व्रतको ग्रहण करो इसविधिसे हर महीने देवीजीका पूजनकरै १४ माघके महीने में नमकका भोजन नहीं करे फाल्गुनमें गुड़नखाय चैत्रमें तेल और राई इनदोनों को न खाय वैशाखमें मीठापदार्थ न खाय १५ ज्येष्ठमें पन्ना बनाकर न पिये आषाढ़में जीरानखाय श्रावणमें दूध न खाय और भाद्रपदमें दही न खाय १६ आश्विन में घृत न खाय कार्तिकमें शहद न खाय मार्गशिर में धनियां त्यागे पौषमें खांडको त्यागे १७ जब व्रत समाप्त होजाय तब महीने महीने परजल आदिसे भरे कमण्डलुको पूर्णपात्रसे युक्तकर दोनों समय दानकरै १८ और श्वेत वर्णके लड्डू-मोहनभोग-पूरी-घेवर-मालपुए-मीठेपुए-माड़े-दूध शाक-दहीभात-इमरती-गूंझे-इन सब पदार्थोंको कमण्डलु पर स्थापित करके माघ आदि महीनोंमें क्रम से दान करे अर्थात् क्रमसे माघादिक एक२महीनेमें एक२मिठाई कमण्डलुपै रखकर दानकरै१९।२० कुमुदा-माधवी-गौरी-रंभा-भद्रा-जया-शिवा-उमा-रति-सती-मंगला-और रतिलालसा २१ इनका नाम माघादिक महीनों में क्रमसे उच्चारण करके प्रसन्नहो ऐसा वचनकहै सब महीनों में पंचगव्यका आचमन करै प्रतिदिन निराहार व्रतकरै-जो श्रद्धा न होय तो रात्रिमें भोजनकर लेवे२२ फिर जब माघका महीना आवे तब कमण्डलुपै खांडको स्थापित करै और सुवर्णकी पार्वती बनवाके उसको पंचरत्नोंसे युक्तकर सुवर्णकी अंगूठी के प्रमाण लम्बी बनवाके उसको अक्षमाला-सूत्र-और कमण्डलु इनतीनों समेत चारभुजावाले चन्द्रमा श्वेतनेत्र औरश्वेतही वस्त्र इनसबसे युक्तकरै-और इसीप्रकार श्वेतवर्णकी गौके जोड़ेको सुवर्ण संयुक्त श्वेत वस्त्रसे आच्छादितकर दोहनीपात्र संयुक्त ब्राह्मणके अर्थ दानकरै और हे भवानी आप प्रसन्नहूजिये ऐसावचन कहै २३।२५ इसविधिसे जो इस कल्याणिनी नामवाली तृतीयाका व्रतकरताहै वह क्षणमात्रमेंही सब पापों से छूटकर नौअरब एक

र्णकमलङ्गौरी मासिमासिददन्नरः। अग्निष्टोमसहस्रस्य यत्फलन्तदवाप्नुयात् २७ ना
रीवाकुरुतेयातु कुमारीवावरानने!। विधवायातथानारी सापितत्फलमाप्नुयात्। सौभा
ग्यारोग्यसम्पन्ना गौरीलोकेमहीयते २८ इतिपठतिशृणोतियःप्रसंगात्कलिकलुषविमुक्तः
पार्वतीलोकमेति। मतिमपिचनराणांयोददातिप्रियार्थं विबुधपतिविमाने नायकःस्या
दमोघः २९॥ इति श्रीमत्स्यपुराणे त्रिषष्टितमोऽध्यायः ६३॥

(ईश्वर उवाच) तथैवान्याम्प्रवक्ष्यामि तृतीयाम्पापनाशिनीम्। नाम्नाचलोकेवि
ख्यातामार्द्रानन्दकरीमिमाम् १ यदाशुक्लतृतीयायामाषाढर्क्षंभवेत्क्वचित्। ब्रह्मर्क्षंवाम्
गर्क्षंवा हस्तोमूलमथापिवा। दर्भगन्धोदकैःस्नानं तदास्मयक्समाचरेत् २ शुक्लमाल्या
म्बरधरः शुक्लगन्धानुलेपनः। भवानीमर्चयेद्भक्त्या शुक्लपुष्पैःसुगन्धिभिः। महादेवेनस
हितामुपविष्टाम्महासने ३ वासुदेव्यैनमःपादौ शङ्करायनमोहरम्। जंघेशोकविनाशि
न्यै आनन्दायनमःप्रभो! ४ रम्भायैपूजयेदूरू शिवायचपिनाकिनः। अदित्यैचकटिन्दे
व्याः शूलिनःशूलपाणये ५ माधव्यैचतथानाभिमथशम्भोर्भवायच। स्तनावानन्दका
रिण्यै शंकरस्येन्दुधारिणे ६ उत्कण्ठिन्यैनमःकण्ठन्नीलकण्ठायवैहरम्। करावुत्पलधा
रिण्यै रुद्रायचजगत्पते!। बाहूचपरिरम्भिण्यै त्रिशूलायहरायच ७ देव्यामुखंविला

हजार१००००००१००० वर्ष तक कभी दुखी नहीं रहताहै और प्रतिमास सुवर्ण कमलसे युक्तकीहुई
पार्वतीकी मूर्त्तिका जो दानकरताहै वह पुरुष हज़ार अग्निष्टोम यज्ञोंके फलको प्राप्त होताहै २६।२७
हे वरानने इस व्रतको जो स्त्री वा कुमारी अथवा विधवा स्त्री भी करै वह भी इसी फलको प्राप्त हो-
ती हैं और सौभाग्य आरोग्य युक्त होकर पार्वतीके लोकमें प्राप्त होती हैं २८ इस कथाको जो पढ़ता
है वा सुनताहै वह कलियुगके पापोंसे छूटकर पार्वतीके लोकमें प्राप्त होताहै--और जो अन्य पुरुषों
को इस कथाकी अनुमति देताहै वह भी देवताओंका राजाहोके उत्तम विमानमें विचरताहै २९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रिषष्टितमोऽध्यायः ६३॥

शिवजी बोले कि हे नारद अब सब पापोंकी नाशकरनेवाली आर्द्रानन्दकरी नामसे विख्यात
अन्य तृतीयाका माहात्म्य वर्णन करते हैं १ जब कभी शुक्लपक्षकी तृतीयाके दिन पूर्वाषाढ़--रोहिणी
मृगशिर--हस्त और मूल इन नक्षत्रोंमेंसे कोईसा नक्षत्रहोय तब कुशा गन्ध--जल इनसे स्नानकरके२
श्वेत पुष्पोंकी माला व श्वेत वस्त्र और श्वेतगन्ध चन्दन इनको धारणकरै फिर उत्तम विधिसे श्वेत
पुष्प और सुगन्धित द्रव्योंसे महादेवजी समेत पार्वतीको पूजनकरके आसनपर बैठावे--३ फिर वा-
सुदेव्यैनमः यह कहकर चरणोंका पूजनकरै शंकरायनमः कहकर शिवके चरणोंका पूजनकरै शोक-
विनाशिन्यै आनन्दायनमः यह कहकर दोनोंकी पिंडियोंको पूजै ४ रंभायै पिनाकिने शिवायनमः
यह कहकर दोनोंकी जंघाओंको पूजै अदित्यैच शूलपाणयेनमः यह कहकर कमरों का पूजनकरै ५
माधव्यैच शम्भवेनमः यह कहकर नाभियोंका पूजनकरै--आनन्दकारिण्यैच इन्दुधारिणेनमः यह
कहकर इनके स्तनोंका पूजै ६ उत्कण्ठिन्यैनमः नीलकण्ठायनमः यह कहकर कंठोंका पूजनकरै उ-
त्पलधारिण्यैच जगत्पतयेनमः यह कहके इनके हाथोंका पूजनकरै--परिरंभिण्यैच त्रिशूलिनेनमः यह

सिन्यै वृषेशायपुनर्विभोः। स्मितंसस्मेरलीलायै विश्ववक्काय वै विभोः८नेत्रेमदनवासि न्यै विश्वधाम्नेत्रिशूलिनः। भ्रुवौनित्यप्रियायैतु ताण्डवेशायशूलिनः ९ देव्याललाटमि न्द्राण्यै हव्यवाहायवैविभोः। स्वाहायैमुकुटन्देव्या विभोर्गङ्गाधरायवै १० विश्वकायौ विश्वमुखौ विश्वपादकरौशिवौ। प्रसन्नवदनौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ ११ एवंसम्पूज्यवि धिवदग्रतःशिवयोःपुनः। पद्मोत्पलानिरजसा नानावर्णैनकारयेत् १२ शङ्खचक्रेसकटके स्वस्तिकांकुशचामरान्। यावन्तःपांसवस्तत्र रजसःपतिताभुवि। तावद्वर्षसहस्त्राणि शि वलोकेमहीयते १३ चत्वारिघृतपात्राणि सहिरण्यानिशक्तितः। दत्त्वाद्विजाय करक मुद कान्नसमन्वितम्। प्रतिपक्षञ्चतुर्मासं यावदेतन्निवेदयेत् १४ ततस्तुचतुरोमासान्पूर्वव त्करकोपरि। चत्वारिसक्तुपात्राणि तिलपात्राण्यतःपरम् १५ गन्धोदकम्पुष्पवारिचन्द नंकुंकुमोदकम्। अपक्वन्दधिदुग्धञ्च गोशृङ्गोदकमेवच १६ पिष्टोदकंतथावारि कुष्ठचू र्णान्वितम्पुनः। उशीरसलिलन्तद्वद्यवचूर्णोदकम्पुनः १७ तिलोदकञ्चसम्प्राश्य स्वपे न्मार्गशिरादिषु। मासेषुपक्षद्वितयं प्राशनंसमुदाहृतम् १८ सर्वत्रशुक्लपुष्पाणि प्रशस्ता नि सदार्चने। दानकालेचसर्वत्र मन्त्रमेतमुदीरयेत् १९ गौरीमेप्रीयतान्नित्य मघनाशा यमङ्गला। सौभाग्यायास्तुललिता भवानीसर्वसिद्धये २० संवत्सरान्तेलवणंगुडकुम्भ

कहकर भुजाओंको पूजै ७ विलासिन्यैनमः कहकर देवीके मुखको और वृषेशायनमः कहकर शिवके मुखको पूजै--सुस्मेरलीलायै विश्ववक्त्रायच यह कहके इनके हास्यका पूजनकरै ८ मदनवासिन्यैवि श्वधाम्नेचनमः यह कहकर इनकीभृकुटियोंको--नित्यप्रियायैनमः तांडवेशायनमः कह इनके ललाटों को--इन्द्राण्यैनमः हव्यवाहायनमः कह इनके मस्तकको--और स्वाहायैनमः गंगाधरायनमः यह कहके इनके मुकुटको पूजे ९।१० विश्वकायौ विश्वमुखौ विश्वपादकरौ शिवौ। प्रसन्नवदनौ वन्दे पार्वतीपर- मेश्वरौ ११ इस विधिसे आगे स्थितकियेहुए शिव पार्वतीको और कमलकी रजसे अनेक वर्णवाले शंख--चक्र--ध्वज--अंकुश और चमर बनाके कमंडलुपै स्थापितकरै कमलकी रजके जितने कण पृथ्वी पर गिरते हैं उतनेही हज़ार वर्षोंतक इस विधिकर्त्ताका शिवलोकमें निवास होताहै १२। १३ और चार घृतके पात्र रखके उनपर सुवर्ण स्थापितकर तथा शक्तिके अनुसार कमण्डलुपै भी सुवर्ण स्था- पितकरके जल तथा अन्नसे पूर्णकर ब्राह्मणके अर्थ दानकरै--चार महीनेतक पक्ष पक्षमें यही दान करना योग्यहै १४ फिर चारमहीनोंतक कमंडलुपै चार सत्तूके पात्र रक्खे और चारमहीनोंतक ति- लके पात्र रखकर दानकरै और गन्ध-पुष्प-जल-चन्दन-केशर-लड्डू--दही--कच्चादूध--गौके सींग का जल १५। १६ पिट्टीका जल--कमलके पुष्पोंका जल--खश खशका जल--जवोंके चूर्णका जल--१७ और तिलोंका जल- इन सबका क्रमसे मार्ग-शिर माससे लेकरअन्ततक एक२जलका आचमनकरै दोनों पक्षोंकी तृतीयाके दिन इन्होंका प्राशन अर्थात् आचमनादिक करना कहाहै १८ इस देवी की पूजा विधिमें सदैव श्वेत पुष्प श्रेष्ठ कहे हैं दान करने के समय इस आगे कहे हुए मंत्रका उच्चारण करै १९ गौरीदेवी मुझपर प्रसन्नहो और मंगला पापोंका नाशकरो ललिता सौभाग्य को बढ़ाओ--

ञ्चसर्जिकाम्। चन्दनंवस्त्रपट्टञ्च साहिरण्याम्बुजेनतु २१ उमामहेश्वरंहैमन्तद्वदिक्षुफ लैर्युतम्। सतूलावरणांशय्यां सविश्रामांनिवेदयेत्। सपत्नीकायविप्राय गौरीमेप्रीयता मिति २२ आर्द्रानन्दकरीनाम्ना तृतीयैषासनातनी। यामुपोष्यनरोयाति शम्भोर्यत्परम् म्पदम् २३ इहलोकेसदानन्द माप्नोतिधनसम्पदः। आयुरारोग्यसन्तसो नकश्चिच्छो कमाप्नुयात् २४ नारीवाकुरुतेयातु कुमारीविधवाचया। सापितत्फलमाप्नोति देव्यनुग्र हलालिता २५ प्रतिपक्षमुपोष्यैवम्मन्त्रार्चनविधानवित्। रुद्राणीलोकमभ्येति पुनरावृ त्तिदुर्लभम् २६ यइदंशृणुयान्नित्यं श्रावयेद्वापि मानवः। शक्रलोके स गन्धर्वैः पूज्यते ऽपियुगत्रयम् २७आनन्ददांसकलदुःखहरान्तृतीयां यास्त्रीकरोत्यविधवाऽविधवाथवापि सास्वे गृहेसुखशतान्यनुभूयभूयो गौरीपदंसदयितादयिताप्रयाति २८॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे चतुःषष्टितमोऽध्यायः ६४॥

(ईश्वर उवाच)अथान्यामपिवक्ष्यामि तृतीयांसर्वकामदाम्। यस्यान्दत्तंहुतंजप्तं सर्वं भवतिचाक्षयम् १ वैशाखशुक्लपक्षेतु तृतीयायैरुपोषिता। अक्षयंफलमाप्नोति सर्वस्य सुकृतस्यच २ सातथाकृत्तिकोपेता विशेषेणसुपूजिता। तत्रदत्तंहुतञ्जप्तं सर्वमक्षयमुच्य ते ३ अक्षयासन्ततिस्तस्या स्तस्यांसुकृतमक्षयम्। अक्षतैस्तुनराःस्नाता विष्णोर्दत्वा

भवानी सबबातोंकी सिद्धिकरो २० जब वर्षदिन पूरा होजाय तब नमक गुड़का भराहुआ कलश सज्जी चन्दन पाटकावस्त्र--सुवर्ण सहित कमल २१ सुवर्ण के शिव और पार्वती ईखका गांडा रुई--तकिया--और गद्दे आदि से युक्त शय्या इनसब वस्तुओंको सपत्नीक ब्राह्मणके अर्थदान करै और हे गौरी मुझपर प्रसन्नहो ऐसा मन्त्रकहै २२ यह आर्द्रानन्दकरी नाम वाली सनातनी तृतीया कहलाती है इस वृतके करने से मनुष्य शिवजीके उत्तम लोकमें प्राप्त होताहै और इस लोकमें धन संपत्तियोंसे आनन्दको प्राप्त होताहै इसवृतका करने वाला आयु आरोग्य युक्त होकर शोक दुःखोंको कभी नहीं पाताहै २३।२४ स्त्री--कुमारी--और विधवास्त्री यह सबभी इसव्रतके करने से देवीजी के अनुग्रहसे इसी फलको प्राप्त होजाती हैं २५ मंत्र पूजन आदि की विधिका जानने वाला पुरुषपक्ष २ के प्रति जो इस पूजनको करताहै वह पार्वती जीके अचललोकमें प्राप्त होताहै २६ जो पुरुष इस वृतको सुनताहै वा सुनाता है वह इन्द्रके लोकमें प्राप्त होकर तीन युगोंतक गन्धर्वादिकों से पूजित होताहै २७जो सौभाग्यवतीस्त्री अथवा विधवा स्त्री इस गौरीके वृतको करतीहै वह अपने घरमें अनन्त सुखोंको भोगकर अन्तकाल में अपने पति समेत पार्वतीके लोकमें प्राप्त होती है २८॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायाञ्चतुष्षष्टितमोऽध्यायः ६४॥

शिवजीबोले कि सब कामनाओंकी की सिद्धिकरने वाली उस अन्य तृतियाकोभी कहतेहैं जिसके दिनदान दियाहुआ हवन कियाहुआ और जप कियाहुआ सब अनन्त फलदायी होताहै १ वैशाखके शुक्ल पक्षकी तृतियाको जो वृत करताहै वह सब सुकृतपुण्यों के अनन्त फलको प्राप्त होताहै २ और वही तृतीया जो कृत्तिका नक्षत्रसे युक्त होवे तो विशेषही पूजनीय है उसके दिन दान होम और जप

तथाक्षताम् ४ विप्रेषुदद्यात्तानेव तथासक्तून्सुसंस्कृतान्। यथान्नभुक्महाभागः फलम क्षयमश्नुते ५ एकामप्युक्तवत्कृत्वा तृतीयांविधिवन्नरः। एतासामपिसर्वासां तृतीयानां फलम्भवेत् ६ तृतीयायांसमभ्यर्च्य सोपवासोजनार्दनम्। राजसूयफलम्प्राप्य गतिम ग्र्याञ्चविन्दति ७ (मनुरुवाच) मधुराभारतीकेन व्रतेनमधुसूदन!। तथैवजनसौभाग्यं मतिविद्यासुकौशलम् ८ अभेदश्चापिदम्पत्यो स्तथाबन्धुजनेनच। आयुश्चविपुलम्पुंसां तन्मेकथयमाधव! ९ (मत्स्य उवाच) सम्यक्पृष्टन्त्वयाराजन्! शृणुसारस्वतंव्रतम्। यस्यसंकीर्तनादेव तुष्यतीहसरस्वती १० योयद्भक्तःपुमान्कुर्यादेतद्व्रतमनुत्तमम्। तद्वासरादौसम्पूज्य विप्रानेतान्समाचरेत् ११ अथवादित्यवारेण ग्रहताराबलेनच। पायसम्भोजयेद्विप्रान्कृत्वाब्राह्मणवाचनम् १२ शुक्लवस्त्राणिदद्याच्च सहिरण्यानिशक्तितः। गायत्रीम्पूजयेद्भक्त्या शुक्लमाल्यानुलेपनैः १३ यथानदेवि! भगवान् ब्रह्मलोकेपितामहः। त्वाम्परित्यज्यसन्तिष्ठे त्तथाभववरप्रदा १४ वेदाःशास्त्राणिसर्वाणि गीतनृत्यादिकञ्चयत्। नविहीनन्त्वयादेवि! तथामेसन्तुसिद्धयः १५ लक्ष्मीर्मेधाधरा पुष्टिर्गौरीतुष्टाप्रभामतिः। एताभिःपाहिअष्टाभि स्तनूभिर्मांसरस्वति! १६ एवंसम्पूज्य

यहसब अनन्त और अक्षय फलवाले होजाते हैं ३ इस तृतीयाको मनुष्य अक्षतोंसहित जलसे स्नान करै विष्णुके अर्थभी अक्षत निवेदन करै तथा ब्राह्मणकोभी अक्षतोंकाहीदान करै अथवा अच्छे प्रकार से बनाये हुए सत्तू ब्राह्मणोंके अर्थ देवै और आप भी सत्तुओंकाही भोजनकरै ऐसे करनेवाला महाभागी पुरुष अक्षय फलको प्राप्त होताहै ४—५ जो पुरुष इस एक तृतीयाको भी विधिसे व्रतकरताहै वह इन सब तृतीयाओंके फलको प्राप्त होताहै इस तृतीयाको निराहार व्रतकरके जो जनार्दन भगवान्को पूजताहै उसको राजसूय यज्ञका फलहोकर उत्तम गति मिलती है ६। ७ मनुजीने पूछा हे मधुसूदनजी प्रवीण और उत्तम बुद्धिकैसे होती है और मनुष्य-सौभाग्य तथा उत्तम विद्याको कैसे प्राप्त होताहै ८ स्त्री पुरुषका संयोग—बन्धुजनोंका मिलाय—और दीर्घ आयु यह सब मनुष्यों को कैसे प्राप्तहो इसको यथार्थतासे आप कहिये ९ यह सुनकर मत्स्यजी बोले कि हे राजा यह तैंने उत्तम बात पूछी है अब तू अच्छी रीतिसे सारस्वत व्रतको मुझसे सुन जिसके वर्णन करनेसेही सरस्वती प्रसन्न होजाती है १० इस व्रतको जो जिस देवकी भक्तिसे करै वह उसी तिथिके दिन ब्राह्मणोंको पूजन करके भोजन करवावै अथवा रविवारके दिन ग्रह सूर्य्य चन्द्र तारा बल आदि विचारकर खीरसे ब्राह्मणोंको भोजनकरवाके स्वस्तिवाचन करवावै ११। १२ शक्तिके अनुसार श्वेत वस्त्र समेत सुवर्णका दानकरै फिर श्वेत पुष्प श्वेत चन्दनआदि से गायत्रीका पूजनकरै १३ और ऐसा कहै कि हे देवि जिसप्रकार ब्रह्मलोक में पितामह ब्रह्माजी तुमको कभी नहीं त्यागते हैं वैसेही तुम मुझे भी वरकी देनेवाली होजाओ १४ वेद शास्त्र गीत और नृत्य यह सब तुमसे पृथक् नहीं हैं हे देवि इसीप्रकार मेरे पास भी सदा सिद्धिरूप रहो १५ हे सरस्वती लक्ष्मी मेधा धरा पुष्टी गौरी तुष्टा और प्रभामति इन आठ शरीरों करके मेरी रक्षाकर १६ वाणीके नाशके

गायत्रीं वाणींक्षयनिवारिणीम्। शुक्लपुष्पाक्षतैर्भक्त्या सकमण्डलुपुस्तकाम् १७ मौनव्र
तेनभुञ्जीत सायम्प्रातस्तुधर्म्मवित्। पञ्चम्याम्प्रतिपक्षञ्च पूजयेद्ब्रह्मवासिनीम् १८
तथैवतण्डुलप्रस्थं घृतपात्रेणसंयुतम्। क्षीरन्दद्याद्धिरण्यञ्च गायत्रीप्रीयतामिति १९
सन्ध्यायाञ्चतथामौन मेतत्कुर्वन्समाचरेत्। नान्तराभोजनंकुर्याद्यावन्मासास्त्रयोदश २०
समाप्तेतुव्रतेकुर्यादभोजनंशुक्लतण्डुलैः। पूर्वंसवस्त्रयुग्मञ्च दद्याद्विप्रायभोजनम् २१ दे
व्यावितानंघण्टाञ्च सितनेत्रे पयस्विनीम्। चन्दनंवस्त्रयुग्मञ्च दद्याच्चशिखरम्पुनः २२
तथोपदेष्टारमपि भक्त्यासम्पूजयेद्गुरुम्। वित्तशाठ्येनरहितो वस्त्रमाल्यानुलेपनैः २३
अनेनविधिनायस्तु कुर्यात्सारस्वतंव्रतम्। विद्यावानर्थसंयुक्तो रक्तकण्ठश्चजायते २४
सरस्वत्याःप्रसादेन ब्रह्मलोकेमहीयते। नारीवाकुरुतेयातु सापितत्फलगामिनी। ब्रह्म
लोकेवसेद्राजन्! यावत्कल्पायुतत्रयम् २५ सारस्वतव्रतंयस्तु शृणुयादपियःपठेत्।
विद्याधरपुरेसोऽपि वसेत्कल्पायुतत्रयम् २६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे पञ्चषष्टितमोऽध्यायः ६५॥

(मनुरुवाच) चन्द्रादित्योपरागेतु यत्स्नानमभिधीयते। तदहंश्रोतुमिच्छामि द्र
व्यमन्त्रविधानवित् १ (मत्स्य उवाच) यस्यंराशिं समासाद्य भवेद्ग्रहणसंप्लवः। तस्य

दूर करनेवाली गायत्रीको इस रीतिसे पूजकर श्वेत पुष्प अक्षतादिसे कमण्डलु पुस्तक धारण करने वाली सरस्वतीका पूजनकरै १७ धर्मज्ञ पुरुष सायंकाल प्रातःकाल मौन धारण करके भोजनकरै और पक्ष२ की पंचमीको गायत्रीका पूजनकरै १८ और वैसेही प्रस्थभर अर्थात् एकसेर प्रमाण चावलों को पात्रमें डाल घृतयुक्त करके दानकरै और दूध तथा सुवर्णका भी दानकरै और गायत्री प्रसन्नहो ऐसा वचनकहै १९ इस विधिको करताहुआ पुरुष संध्यासमयमें मौन धारण रक्खे इसी प्रकार जबतक तेरह महीने व्यतीतहोयं तबतक इस व्रतका करनेवाला पुरुष दोवार भोजन न करै २० जब व्रत समाप्तहोजाय तब सफेद चावलोंका भोजनकरै व्रतके पूर्ण करनेके समय प्रथम ब्राह्मणको भोजनकरवाके दो वस्त्र दानकरै २१ और देवीकी मूर्त्तिकी ध्वजा घंटा और चाँदी आदि के श्वेत नेत्र चन्दन दो वस्त्र सुवर्णके शृंग इत्यादि वस्तुओंसे और दुहनी पात्र समेत गौका दानकरै फिर उपदेश करनेवाले गुरुको वस्त्र गंध चंदनादिसे पूजे पूजाकरनेके समय वित्तकी शठता अर्थात् कृपणता नहीं करै २२। २३ इस विधिसे जो पुरुष सरस्वती का व्रत करताहै वह विद्यावान्होके उत्तम कण्ठवाला होताहै और धनवान् भी होजाताहै २४ इसके विशेष वह पुरुष सरस्वतीके प्रसाद से ब्रह्मलोकमें प्राप्त होताहै--जो इस व्रतको स्त्री भी करै तो उसको भी यही फल प्राप्त होताहै हे राजा ऐसे पुरुषोंका तीन कल्पतक ब्रह्मलोकमें वास रहताहै २५ इस सरस्वतीके व्रतको जो सुनताहै वा पढ़ताहै वह भी विद्याधरोंके लोकमें तीन कल्प पर्य्यन्त वास करताहै २६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचषष्टितमोऽध्यायः ६५॥

मनुजीने पूछा हे दिव्य मन्त्रके विधानके ज्ञाता मत्स्य भगवान् मैं आपसे चन्द्र सूर्य्यके ग्रहण के

स्नानंप्रवक्ष्यामि मन्त्रौषधविधानतः २ चन्द्रोपरागंसम्प्राप्य कृत्वाब्राह्मणवाचनम्।
संपूज्यचतुरोविप्रान् शुक्लमाल्यानुलेपनैः ३ पूर्व्वमेवोपरागस्य समासाद्यौषधादिकम्।
स्थापयेच्चतुरःकुम्भानव्रणान् सागरानिति ४ गजाश्वरथ्यावल्मीकसङ्गमाद् ह्रदगोकुला
त्। राजद्वारप्रदेशाच्च मृदमानीयचाक्षिपेत् ५ पञ्चगव्यञ्चकुम्भेषु शुद्धमुक्ताफलानिच।
रोचनांपद्मशङ्खौच पञ्चरत्नसमन्वितम् ६ स्फटिकंचन्दनंश्वेतं तीर्थवारिससर्षपम्। रा
जदन्तंसकुमुदं तथैवोशीरगुग्गुलम्। एतत्सर्वंविनिक्षिप्य कुम्भेष्वावाहयेत्सुरान् ७
सर्वेसमुद्राःसरितस्तीर्थानि जलदानदाः। आयान्तुयजमानस्य दुरितक्षयकारकाः ८
योऽसौवज्रधरोदेव आदित्यानांप्रभुर्मतः। सहस्रनयनश्चेन्द्रो ग्रहपीडांव्यपोहतु ९ मुखं
यःसर्व्वदेवानां सप्तार्चिरमितद्युतिः। चन्द्रोपरागसम्भूतामग्निःपीडांव्यपोहतु १०
यःकर्मसाक्षीभूतानां धर्मोमहिषवाहनः। यमश्चन्द्रोपरागोत्थां ममपीडांव्यपोहतु ११
नागपाशधरोदेवः साक्षान्मकरवाहनः। सजलाधिपतिश्चन्द्र ग्रहपीडांव्यपोहतु १२
प्राणरूपेणयोलोकान् पातिकृष्णमृगप्रियः। वायुश्चन्द्रोपरागोत्थां पीडामत्रव्यपोहतु
१३ योऽसौनिधिपतिर्देवः खड्गशूलगदाधरः। चन्द्रोपरागकलुषं धनदोमेव्यपोहतु
१४ योऽसाविन्दुधरोदेवः पिनाकीवृषवाहनः। चन्द्रोपरागजांपीडां विनाशयतुशंकरः
१५ त्रैलोक्येयानिभूतानि स्थावराणिचराणिच। ब्रह्मविष्ण्वर्कयुक्तानि तानिपापंदहन्तु

स्नानकी विधिको सुनना चाहताहूं १ मत्स्यजी बोले जिसकी राशिका ग्रहणहोय उसको मन्त्र और ओषधियोंसे स्नान करना योग्यहै उसको सुनो २ चन्द्रमाके ग्रहणमें ब्राह्मणोंसे स्वस्तिवाचन करवाके श्वेत पुष्प चन्दनादि से चार ब्राह्मणोंका पूजनकरै ग्रहण लगनेसे पूर्वही चार कलशोंमें ओषधी गेरकर जलसे भरे स्थापितकरै ३। ४ फिर गजशाला--अश्वशाला--रथशाला--सर्पकीबामी--सरोवर गोशाला और राजद्वार इन सब स्थानोंकी मृत्तिकाओंको लाकर कलशोंमें गेर पंचगव्य समेत उत्तम सच्चेमोती--गोरोचन--कमल--शंख--पंचरत्न--पन्ना--श्वेतचन्दन--गंगाजल--सरसों--अमरवेल--कुमोदिनी--खशखश--और गूगल इन सब वस्तुओं को गेरकर कलशों में देवताओं का आवाहनकरै ५।७ सब तीर्थ--समुद्र--नदी--उत्तम सरोवर और छोटी नदी यह सब यजमान के पाप नाश करने को आओ ८ और जो वज्रधारी देवताओंका प्रभु इन्द्रहै वह आकर ग्रहोंकी पीड़ाको दूरकरो ९ जो सब देवताओंका मुख रूप सात ज्वालों युक्त अतुल कान्तिवाला अग्निदेवहै वह चन्द्रमाके ग्रहणसे उपजीहुई पीड़ाको दूरकरो १० जो सब प्राणियोंका साक्षी महिषारूढ़ धर्मराजहै वह चन्द्रग्रहणसे उत्पन्नहुई पीड़ाको शान्तकरो ११ नागफांशका धारण करनेवाला मकर मत्स्यादिपर आरूढ़होने वाला वरुणदेवहै वह चन्द्रग्रहणसे उत्पन्नहोनेवाली पीड़ाको शान्तकरो १२ जो प्राणरूपसे सबलोकोंका पालन करताहै वह वायुदेव चन्द्रग्रहणकी पीड़ाको शान्तकरे १३ जो धनोंका अधिपति और खड्ग शूल गदा आदिका धारण करनेवाला कुबेरहै वह चन्द्रग्रहण से उत्पन्नहुई पीड़ाको दूरकरो १४ जो चन्द्रमाको धारण करनेवाले पिनाक धनुषधारी वृषभपर सवारी करनेवाले शिवजी हैं वह चन्द्र

वै १६ एवमामन्त्र्यतैःकुम्भैरभिषिंचेद्गुणान्वितैः। ऋग्यजुःसाममन्त्रैश्च शुक्लमाल्या
नुलेपनैः। पूजयेद्वस्त्रगोदानैर्ब्राह्मणानिष्टदेवताः १७ एतानेवततोमन्त्रान् विलिखेत्क
रकान्वितान्। वस्त्रपट्टेऽथवापद्मे पञ्चरत्नसमन्वितान् १८ यजमानस्यशिरसि नि
दध्युस्तेद्विजोत्तमाः। ततोऽतिवाहयेद्वेलामुपरागानुगामिनीम् १९ प्राङ्मुखःपूजयि
त्वातु नमस्यन्निष्टदेवताम्। चन्द्रग्रहेविनिर्वृत्ते कृतगोदानमंगलः। कृतस्नानायतंपट्टं
ब्राह्मणायनिवेदयेत् २० अनेनविधिनायस्तु ग्रहस्नानंसमाचरेत्। नतस्यग्रहपीडा
स्यान्नचबन्धुजनक्षयः २१ परमांसिद्धिमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभाम्। सूर्यग्रहेसूर्यनाम
सदामन्त्रेषुकीर्तयेत २२ अधिकाःपद्मरागाःस्युःकपिलाञ्चसुशोभनाम्। प्रयच्छेद्
दिशाम्पत्ये चन्द्रसूर्योपरागयोः २३ यइदंशृणुयान्नित्यं श्रावयेद्वाऽपिमानवः। सर्व
पापविनिर्मुक्तो शक्रलोकेमहीयते २४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे षट्षष्टितमोऽध्यायः ६६॥

(नारद उवाच।) किमुद्वेगाद्भुतेकृत्यमलक्ष्मीःकेनहन्यते। मृतवत्साभिषेकादि का
र्येपुचकिमिष्यते १ (श्रीभगवानुवाच) पुराकृतानिपापानि फलन्त्यस्मिंस्तपोधन॥

ग्रहण से उत्पन्नहुई पीड़ाको शान्तकरो १५ जो त्रिलोकीके स्थावर जंगम भूत प्राणीमात्रके कारणहैं वह ब्रह्माजी विष्णु और सूर्य्यसे युक्त होकर मेरे पापोंका नाशकरो १६ इस प्रकारसे सब देवताओं का आमंत्रणकर फिर गुणयुक्त हुए उन कलशोंके जलसे अभिषेक मार्जनकरै पश्चात् श्वेत पुष्प और चन्दनादिकसे ऋग्यजुस्साम वेदके मंत्रोंकरके ब्राह्मणोंका तथा अपने इष्टदेवताका पूजनकरै और वस्त्र समेत गौका दान ब्राह्मणके अर्थ करै १७ इनहीं मंत्रोंको वस्त्रोंकी पट्टीपर लिखकर उन पट्टियोंको कलशोंपर स्थापितकरै फिर कमलोंकी मढ़ौवना उसपर पंचरत्न स्थापितकर इन सब व स्तुओंको ब्राह्मण यजमानके शिरपर स्थापितकरै फिर जब ग्रहणका समय आवै तब पूर्वाभिमुख हो कर इष्टदेवताको नमस्कार करताहुआ पूजनकरै जब चन्द्रग्रहण समाप्त होजाय तब गोदान और स्वस्तिवाचनादिककरै फिर स्नानकरके विस्तृतकिये हुए उस पट्टी किये हुए वस्त्रको ब्राह्मणके अर्थ निवेदन करै १८। २० जो इस विधिसे ग्रहण में स्नान करता है उसको कभी ग्रहोंकी पीड़ा नहीं होती है और बन्धुजनोंका नाश भी नहीं होताहै २१ ऐसा करनेवाला मनुष्य परमसिद्धिको अर्थात् आगमनरहित मोक्षको प्राप्त होताहै और सूर्य्यके ग्रहणमें इन पिछले मंत्रों समेत सूर्य्यका भी नाम उच्चारण करना इसमें पुखराज रत्नका दानकरना विशेष फलदायी है—चन्द्रग्रहणमें तथा सूर्यग्रहण में सुन्दर कपिला गौका दान करनायोग्यहै २२। २३ जो पुरुष इस व्रतको सुनताहै वह सब पापों से छूटकर इन्द्रलोकमें प्राप्त होताहै २४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषट्षष्टितमोऽध्यायः ६६॥

नारदमुनि बोले हे भगवन् चित्त उद्वेगहोजानेमें क्या करना योग्यहै और दरिद्र कैसे नष्ट होताहै मृतवत्सा अर्थात् जिस स्त्रीकी संतानहोकर नहीं जीती है उसके अभिषेक कार्य्योंमें क्या करना योग्य

रोगदौर्गत्यरूपेण तथैवेष्टवधेनच २ तद्विघातायवक्ष्यामि सदाकल्याणकारकम्। सप्तमीस्नपनंनाम जनपीड़ाविनाशनम् ३ वालानांमरणंयत्र क्षीरपानांप्रदृश्यते। तद्वद्वृद्धेतराणाञ्च यौवनेचापिवर्ततास् ४ शान्तयेतन्नवक्ष्यामि मृतवत्साभिषेचनम्। एतदेवाद्भुतोद्वेगचित्तभ्रमविनाशनम् ५ भविष्यतिचवाराहो यत्रकल्पस्तपोधन!। वैवस्वतश्चतत्रापि यदातुमनुरुत्तमः ६ भविष्यतिचतत्रैव पञ्चविंशतिमं यदा। कृतं नामयुगं तत्र हैहयान्वयवर्द्धनः। भवितानृपतिर्वीरः कृतवीर्यःप्रतापवान् ७ सप्तद्वीपमखिलं पालयिष्यतिभूतलम्। यावद्वर्षसहस्राणि सप्तसप्ततिनारद! ८ जातमात्रञ्चतस्यापि यावत्पुत्रशतंतथा। च्यवनस्यतुशापेन विनाशमुपयास्यति ९ सहस्रबाहुश्चयदा भवितातस्यवैसुतः। कुरंगनयनःश्रीमान् सम्भृतोनृपलक्षणैः १० कृतवीर्यस्तदाराध्यसहस्रांशुं दिवाकरम्। उपवासैर्व्रतैर्दिव्यैर्वेदसूक्तैश्चनारद!। पुत्रस्यजीवनायालमेतत्स्नानमवाप्स्यति ११ कृतवीर्य्येणवैपृष्ट इदंवक्ष्यतिभास्करः। अशेषदुष्टशमनंसदाकल्मषनाशनम् १२ (सूर्य्यउवाच) अलंक्लेशेनमहतापुत्रस्तवनराधिप!। भविष्यतिचिरंजीवी किन्तुकल्मषनाशनम् १३ सप्तमीस्नपनंवक्ष्येसर्वलोकहितायवै। जातस्यमृतवत्सायाःसप्तमेमासिनारद!। अथवाशुक्लसप्तम्यामेतत्सर्वंप्रशस्यते १४ ग्रहताराबलंलब्ध्वा कृत्वाब्राह्मणवाचनम्।

है १ श्रीभगवान् बोले कि हे तपोधन पूर्व्वके किये हुए पाप इस जन्ममें फल देते हैं–रोग–दुर्गति और इष्ट वस्तुका नाश यह सब पूर्व जन्मकाफल है २ सो इन सब पापोंके नाशकरनेके अर्थ मनुष्योंकी पीड़ाका नाशकर्त्ता सप्तमी तिथि स्नपन नाम अर्थात् सप्तमीके दिन स्नानकरनेकी विधि और ३ दूधपीनेवाले बालकोंका मरना तथा तरुण बालकोंका मरना इन दोनोंकी शान्तिके अर्थ मृतवत्सा स्त्रीके अभिषेक कर्मको कहते हैं यह अद्भुत कर्मसे होनेवाला अभिषेक चित्तके वेगका और भ्रमका नाशकरनेवाला है ४–५ हे तपोधन जब वाराह कल्प होगा तब वैवस्वत मनु होगा ६ तभी पचीसवाँ सत्ययुग होगा उस युगमें हैहय कुलका बढ़ानेवाला महाप्रतापी और उत्तम कृत वीर्य्यनाम राजा होगा ७ हे नारद वह राजा सतत्तर हज़ार वर्षतक सातों द्वीपों समेत सब पृथ्वीका श्रेष्ठ रीतिसे पालनकरैगा ८ उसके सौ १०० पुत्र उत्पन्नहोंगे वह सब पुत्रच्यवन ऋषिके शापसे नष्ट होजायँगे ९ इसके कुछ काल पीछे जब उसका सहस्राबाहु नाम श्रीमान् उत्तम राजाओंके लक्षणोंसे युक्त पुत्र होगा १० कृतवीर्य्य राजा दिव्य व्रत और वेद सूक्त मंत्रों करके सूर्य्यका आराधन करनेसे पुत्र जीवनेके निमित्त इस स्नानको प्राप्तहोगा ११ तब कृतवीर्य्यसे पूछेहुए सूर्य्यदेवता सब रोगोंका शान्त करने वाला और सब पापोंका नाशकर्त्ता व्रत वर्णन करेंगे १२ अर्थात् सूर्य्य देवताकहेंगे कि हे राजा तेरे बहुत क्लेशों से और स्तुतियों से मैं अत्यन्त प्रसन्न होगयाहूं इससे मैं वरदान देताहूं कि सब दुःखोंका दूर करने वाला यह तेरा पुत्र दीर्घायु वाला होगा १३ सब लोकोंके हितकेलिये अब सप्तमी स्नानको भी तुमसे कहताहूं जब मृतवत्सा स्त्रीकी जन्मीहुई सन्तान सात महीने की होजाय तब शुक्ल पक्षकी सप्तमी के दिन यह स्नानकरना योग्य है १४ अपना ग्रहतारा आदिके बल विचारकर

बालस्यजन्मनक्षत्रं वर्जयेत्तांतिथिम्बुधः। तद्वद्वृद्धेतराणाञ्च कृत्यंस्यादितरेषुच १५ गोमयेनानुलिप्तायाम्भूमावेकाग्निवत्तदा। तण्डुलैरक्तशालीयैश्चरुञ्चक्षीरसंयुतम्। निर्वपेत्सूर्य्यरुद्राभ्यांतन्मन्त्राभ्यांविधानतः १६ कीर्तयेत्सूर्य्यदैवत्यंसप्तर्चिञ्चघृताहुतीः। जुहुयाद्रुद्रसूक्तेन तद्वद्रुद्रायनारद! १७ होतव्याःसमिधश्चात्र तथैवार्कपलाशयोः। यवकृष्णतिलैर्होमः कर्तव्योऽष्टशतम्पुनः १८ व्याहृतीभिस्तथाज्येन तथैवाष्टशतम्पुनः। हुत्वास्नानञ्चकर्तव्यं मंगलंयेनधीमता १९ विप्रेणवेदविदुषा विधिवद्दर्भपाणिना। स्थापयित्वातुचतुरः कुम्भान्कोणेषुशोभनान् २० पञ्चमञ्चपुनर्मध्ये दध्यक्षतविभूषितम्। स्थापयेदव्रणंकुम्भं सप्तर्चेनाभिमन्त्रितम् २१ सौरेणतीर्थतोयेन पूर्णंरत्नसमन्वितम्। सर्वान्सर्वौषधैर्युक्तान्पञ्चगव्यसमन्वितान्। पञ्चरत्नफलैःपुष्पैर्वासोभिःपरिवेष्टयेत् २२ गजाश्वरथ्यावल्मीकात्संगमाद्ध्रदगोकुलात्। संशुद्धांमृदमानीय सर्वेष्वेवविनिक्षिपेत् २३ चतुर्ष्वपिचकुम्भेषुरत्नगर्भेषुमध्यमम्। गृहीत्वाब्राह्मणस्तत्रसौरान्मन्त्रानुदीरयेत् २४ नारीभिःसप्तसंख्याभिरव्यंगाभिरत्रच। पूजिताभिर्यथाशक्त्या माल्यवस्त्रविभूषणैः। सविप्राभिश्चकर्तव्यं मृतवत्साभिषेचनम् २५ दीर्घायुरस्तुबालोऽयं जीवत्पुत्राचभामि

ब्राह्मणों से स्वस्तिवाचनकरवावे बालकके जन्मनक्षत्र की तिथिको बचावे इसी प्रकार युवावस्था आदि में मरनेवाले पुत्रोंका भी अभिषेककरना चाहिये १५ एक अग्नि वाले पुरुषों के विधानके समान गोवरसे लिपीहुई पृथ्वीमें अग्नि स्थापितकर लाल सांठीके चावलों के साकल्य से सूर्य्य तथा रुद्रके मंत्रों करके हवनकरै १६ सूर्य्य देवता वाले अग्नि में सूर्य्य के मंत्रों करके घृतकी आहुति से हवनकरै इसप्रकार शिवसूक्त मन्त्रों करके रुद्रके अर्थ आहुति देवे १७ यहां आक और ढाक की लकड़ी की समिधमें होम करना योग्य है उसमें जौ और काले तिलोंसे १०८ बार हवनकरै इसी प्रकार व्याहृतिसंज्ञक मंत्रोंसे केवलघृतहीसे १०८ बार आहुतिडाले इसके उपरान्त मंगलपूर्व्वक स्नानकरना योग्यहै १८। १९ वेदज्ञ ब्राह्मण हाथोंमें कुशाधारण करके पृथक् २ कोणोंमें सुन्दर चार कलशोंको स्थापितकरै उनकलशोंके बीचमें छिद्ररहित पांचवां कलश दही अक्षत आदि से विभूषित करके स्थापितकरै और अग्नि के मन्त्रसे अभिमन्त्रितकरै २०। २१ और सूर्य्य कुंडल तीर्थ के जल वा संपूर्ण रत्नों से उस कलश को युक्त करै और उन चारों कलशोंमें सर्वौषधि पंचगव्य पंचरत्न फल और पुष्प इन सब वस्तुओं को डालके वस्त्रों से लपेटकर स्थापित करै २२ गजशाला रथशाला अश्वशाला सर्पकीबामी सरोवर गोशाला और राजद्वार इन सब स्थानों की शुद्धमृत्तिका भी लाकर उन कलशोंमें गेरै २३ फिर रत्नों से पूरित कियेहुए उस मध्यवाले कलशको ब्राह्मण उठाके वेदोक्त सूर्य्य के मन्त्रोंका उच्चारणकरै २४ यहां सूर्य्य के स्थानमें सात ब्राह्मणियों को शक्तिके अनुसार माला वस्त्र और अलंकारादि से पूजनकरै फिर वह पूजित कीहुई ब्राह्मणी ब्राह्मणों समेत होके उस मृतवत्सा स्त्री का अभिषेक करावें और इन आगे कहे हुए वचनोंको उच्चारणकरै कि यह बालक दीर्घायु वालाहो यह स्त्री जीवत वत्साहो अर्थात् सन्तान जीने वाली हो सूर्य्य चन्द्रमा ग्रह

नी। आदित्यश्चन्द्रमास्सार्द्धं ग्रहनक्षत्रमण्डलैः २६ सशक्रालोकपालावै ब्रह्मविष्णुमहे
श्वराः। एतेचान्येचदेवौघाः सदापान्तुकुमारकम् २७ मित्रोशनिर्वीहुतभुक्येचबालग्र
हाःक्वचित्। पीड़ांकुर्वन्तुबालस्य मामातुर्जनकस्यवै २८ ततःशुक्लाम्बरधरा कुमारपति
संयुता। सप्तकम्पूजयेद्भक्त्या स्त्रीणामथगुरुम्पुनः २९ काञ्चनीञ्चततःकुर्यात्ताम्रपात्रो
परिस्थिताम्। प्रतिमान्धर्मराजस्य गुरवेविनिवेदयेत् ३० वस्त्रकाञ्चनरत्नौघैर्भक्ष्यैःसघृ
तपायसैः। पूजयेद्ब्राह्मणांस्तद्वद्वित्तशाठ्यविवर्जितः ३१ भुक्ताचगुरुणाचेयमुच्चार्यौम
न्त्रसन्ततिः। दीर्घायुरस्तुबालोऽयं यावद्वर्षशतंसुखी ३२ यत्किंचिदस्यदुरितं तत्क्षिप्तंव
डवानले। ब्रह्मारुद्रोवसुःस्कन्दो विष्णुःशक्रोहुताशनः ३३ रक्षंतुसर्वेदुष्टेभ्यो वरदाःसंतु
सर्वदा। एवमादीनिवाक्यानिवदंतंपूजयेद्गुरुम् ३४ शक्तितःकपिलांदद्यात्प्रणम्यचवि
सर्जयेत्। चरुंचपुत्रसहिता प्रणम्यरविशंकरौ ३५ हुतशेषंतदाश्नीयादादित्यायनमोऽ
स्त्विति। इदमेवाद्भुतोद्वेगदुःस्वप्नेषुप्रशस्यते ३६ कर्तुर्जन्मदिनर्क्षंचत्यक्त्वासंपूजयेत्सदा।
शान्त्यर्थंशुक्लसप्तम्यामेतत्कुर्वन्नसीदति ३७ सदानेनविधानेन दीर्घायुरभवन्नरः। सं
वत्सराणांप्रयुतं शशासपृथिवीमिमाम् ३८ पुण्यंपवित्रमायुष्यं सप्तमीस्नपनंरविः।
कथयित्वाद्विजश्रेष्ठ! तत्रैवान्तरधीयत ३९ एतत्सर्वंसमाख्यातं सप्तमीस्नानमुत्तमम्।

नक्षत्र मंडल इन्द्रादिक देवता लोकपाल और ब्रह्मा विष्णु शिव तथा अन्यदेवताओं के समूह इस बालककी सदैव रक्षाकरो २५। २७ मित्र देवता इन्द्रका वज्र-अग्नि-और बालग्रह यह सब बालक को तथा बालकके माता पिताको कभी पीड़ामत करो २८ फिर अपने बालक और पतियों समेत शुक्ल वस्त्र धारण करने वाली उन सातों स्त्रियोंको और अपने गुरूको भक्तिपूर्व्वक पूजै २९ फिर तांबेके पत्रपर स्थितकीहुई सुवर्णसे बनाई हुई धर्मराजकी मूर्त्तिको गुरूके अर्थ दान करै ३० फिर वित्तशाठ्य और कुटिलतासे रहित सुवर्ण वस्त्र रत्न घृत दूध आदिके पदार्थों से भक्तिपूर्व्वक ब्राह्मणोंको पूजे ३१ और उनको भोजन करा आपभी भोजन करै भोजन के पीछे गुरू इन वचनों से आशीर्वाद देकि यह बालक सौ १०० वर्ष की आयु वालाहोके सदैव सुख से रहै ३२ जो कुछ इस का पापहै वह सब शीघ्रही वड़वानल अग्नि में दग्धहोजाय ब्रह्मा-शिव-वसु-स्वामिकार्तिक-विष्णु इन्द्र और अग्नि यह सब देवता इस बालक की दुष्ट वस्तुओं से सदैव रक्षाकरो और वरदायकरहो इत्यादि वचन कहते हुए गुरूको यजमान पूजे ३३।३४शक्तिके अनुसार कपिला गौ का दानदेफिर प्रणाम करके विसर्जन करे और पुत्रको लियेहुए स्त्री सूर्य्य और शिवको नमस्कार करके हवनसे बचे हुए साकल्य को भोजन करै फिर आदित्यायनमः यह कहै इसी विधिको आश्चर्य्य उद्वेग और दुःस्वप्न इन सब में भी करनी योग्य है ३५। ३६ करने वाले को अपने जन्म नक्षत्रके दिन के विनाअन्य दिनों में दुस्स्वप्न आदिकों की शान्तिके निमित्त शुक्लपक्षकी सप्तमीको इस विधिका करने वाला पुरुष दुखित नहीं होता ३७ इस विधानसे सदैव करने वाला नरोत्तम राजा सहस्रबाहु बड़ा दीर्घायु वाला होकर इस पृथ्वी पर दशहजार वर्ष तक राज्य करता भया ३८ सप्तमी रविवार को इस

सर्वदुष्टोपशमनं बालानांपरमंहितम् ४० आरोग्यंभास्करादिच्छेद्धनमिच्छेद्धुताशनात्।
ईश्वराज्ज्ञानमिच्छेन्मोक्षमिच्छेज्जनार्द्दनात् ४१ एतन्महापातकनाशनंस्यात्परंहितंबा
लविवर्द्धनञ्च। शृणोतियश्चैनमनन्यचेतास्तस्यापिसिद्धिंमुनयोवदन्ति ४२॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे सप्तषष्टितमोऽध्यायः ६७॥

(मत्स्य उवाच) पुरारथन्तरेकल्पे परिपृष्टोमहात्मनः। मन्दरस्थोमहादेवः पिना
कीब्रह्मणास्वयम् १ (ब्रह्मोवाच) कथमारोग्यमैश्वर्य्यमनन्तममरेश्वर!। स्वल्पेनतप
सादेव! भवेन्मोक्षोऽथवानृणाम् २ किमज्ञातंमहादेव! त्वत्प्रसादादधोक्षज!। स्वल्पके
नाथतपसा महत्फलमिहोच्यताम् ३ (मत्स्य उवाच) एवंपृष्टःसविश्वात्मा ब्रह्मणालो
कभावनः। उमापतिरुवाचेदं मनसःप्रीतिकारकम् ४ (ईश्वर उवाच) अस्माद्रथन्तरा
त्कल्पात् त्रयोविंशात्पुनर्यदा। वाराहोभविताकल्पस्तस्यमन्वन्तरेशुभे ५ वैवस्वताख्ये
सञ्जाते सप्तमेसप्तलोककृत्। द्वापराख्यंयुगन्तद्वदष्टाविंशतिमञ्जगुः ६ तस्यान्तेसम
हादेवो वासुदेवोजनार्द्दनः। भारावतरणार्थाय त्रिधाविष्णुर्भविष्यति ७ द्वैपायनऋषि
स्तद्वद्रौहिणेयोऽथकेशवः। कंसादिदर्पमथनः केशवःक्लेशनाशनः ८ पुरींद्वारवतींनाम

स्नानका बड़ा माहात्म्यहै यह पवित्र स्नान आयुका हितकारी है यह कहकर हे द्विजश्रेष्ठ वह सूर्य्य देवता अन्तर्द्धान होजाते भये ३९ यह सप्तमी का स्नान महापवित्र सब दुष्टों का नाशकारी बालकों का परमकल्याणरूप है ४० सूर्य्यसे अपने आरोग्यकी इच्छाकरै अग्निसे धनकी इच्छा करै ईश्वरसे ज्ञानकी इच्छा करै और परब्रह्मसे मोक्षकी इच्छाकरै ४१ यह स्नान महापापों का नाशक और बालकोंकी वृद्धि करनेवालाहै इस महा हितकारी व्रतको जो एकाग्रचित्त से सुनताहै उस को भी सिद्धि प्राप्त होती है ऐसा मुनिलोग कहते हैं ४२॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तषष्टितमोऽध्यायः ६७॥

मत्स्यजी बोले-पूर्व्वके समय रथन्तर कल्पमें मन्दराचल पर्व्वतपर स्थित होकर बैठेहुए शिवजी से ब्रह्माजी यह बात पूछते भये कि १ हे शिवजी मनुष्योंके आरोग्य और ऐश्वर्य्य कैसे होते हैं और थोड़ेसे तपकरनेसे मोक्ष कैसे होती है २ और हे महादेवजी आपके प्रसन्न होनेमें कौनसी वस्तुप्राप्त रहती है इस हेतुसे आप अल्पतपसे विशेष फलवाली कृत्यका वर्णन कीजिये ३ मत्स्यजी कहते हैं कि इसप्रकार ब्रह्माके पूछनेसे लोकोंके कर्त्ता उमापति महादेवजी इसमनके प्रसन्न करनेवाले व्रत को कहतेभये ४ अर्थात् महादेव जीने कहा कि इस तेईसवें रथन्तर कल्पसे पीछे जब वाराह कल्प होगा तब उस सातवें वैवस्वत मनुके उत्पन्न होनेमें जब अट्ठाईसवां द्वापरयुग होगा उसके अन्तमें विष्णुभगवान् वासुदेव पृथ्वी के भार उतारने के निमित्त तीनप्रकारसे उत्पन्न होंगे ५।७ वेदव्यासजी-बलदेवजी-और श्रीकृष्णमहाराज इस क्रमसे उत्पन्न होके कंसादि दुष्टोंके अभिमान का नाश करके संसारके क्लेशोंको हरेंगे और द्वारवती द्वारिकानामसे प्रसिद्ध जो अब कुशस्थलीहै सो होवेगी उसको दिव्य तेजोंसे युक्त श्रीकृष्णजीके रहनेके निमित्त त्वष्टा विश्वकर्मा मेरी आज्ञासे रचेगा

साम्प्रतंयाकुशस्थली। दिव्यानुभावसंयुक्ता मधिवासायशार्ङ्गिणः। त्वष्टामम्माज्ञयातद्वत्
करिष्यतिजगत्पतेः ९ तस्यांकदाचिदासीनः सभायाममितद्युतिः। भार्य्याभिर्वृष्णिभि
श्चैव भूभृद्भिर्भूरिदक्षिणैः १० कुरुभिर्देवगन्धर्वैरभितःकैटभार्दनः। प्रवृत्तासुपुराणासु
धर्म्मसंवर्द्धिनीषुच ११ कथान्तेभीमसेनेन परिपृष्टःप्रतापवान्। त्वयापृष्टस्यधर्म्मस्य
रहस्यस्यास्यभेदकृत् १२ भवितासतदाब्रह्मन्! कर्त्ताचैववृकोदरः। प्रवर्त्तकोऽस्यधर्म
स्य पाण्डुपुत्रोमहाबलः १३ यस्यतीक्ष्णोवृकोनाम जठरेहव्यवाहनः। मयादत्तःसधर्मा
त्मा तेनचासौवृकोदरः १४ मतिमान्दानशीलश्च नागायुतबलोमहान्। भविष्यत्यर
जाःश्रीमान् कन्दर्पइवरूपवान् १५ धार्म्मिकस्याप्यशक्तस्य तीव्राग्नित्वादुपोषणे।
इदंव्रतमशेषाणां व्रतानामधिकंयतः १६ कथयिष्यतिविश्वात्मा वासुदेवोजगद्गुरुः।
अशेषयज्ञफलदमशेषाघविनाशनम् १७ अशेषदुष्टशमनमशेषसुरपूजितम्। पवित्रा
णाम्पवित्रञ्च मङ्गलानाञ्चमङ्गलम्। भविष्यञ्चभविष्याणाम्पुराणानाम्पुरातनम् १८
(वासुदेव उवाच) यद्यष्टमीचतुर्दश्योर्द्वादशीष्वथभारत!। अन्येष्वपिदिनर्क्षेषु नश
क्तस्त्वमुपोषितुम् १९ ततःपुण्यान्तिथिमिमां सर्वपापप्रणाशिनीम्। उपोष्यविधिनानेन
गच्छविष्णोःपरम्पदम् २० माघमासस्यदशमी यदाशुक्लाभवेत्तदा। घृतेनाभ्यञ्जनंकृ
त्वा तिलैःस्नानंसमाचरेत् २१ तथैवविष्णुमभ्यर्च्य नमोनारायणेतिच। कृष्णायपादौ
सम्पूज्य शिरःसर्वात्मनेनमः २२ वैकुण्ठायेतिवैकुण्ठ मुरःश्रीवत्सधारिणे। शङ्खिनेचक्रि

८। ९ उस पुरीकी धर्मसभामें अतुल कांतिवाले स्त्रियों समेत वृष्णि यादव और अन्य उत्तम कौरव
राजा लोगोंमेंसे पाण्डव भीमसेन धर्मसम्बन्धी पुराणोंकी कथाओं के प्रवृत्त होनेमें कथाकी समाप्ति
होनेपर देवता गन्धर्वादिसे युक्तहुए श्रीकृष्ण जीसे पूछेगा तब वह प्रतापवान् श्रीकृष्णजी तेरे पूछे
हुए इस धर्मका निर्णय करेंगे १०।११ हे ब्रह्मन् तब वह भीमसेन इस तेरे पूछेहुए धर्मका
प्रवृत्त करनेवाला होवेगा वह पाण्डु पुत्र भीमभी बड़ा बलवान् होगा १३ जिसके उदरमें मेरादिया
हुआ वृकनाम तीक्ष्ण अग्निहै इस लिये उस धर्मात्मा भीमसेनको वृकोदर कहते हैं १४ मतिमान्
दानकर्त्ता दशहजार हाथियों के समान बलवाला श्रीमान् कामदेवके समानरूपवाला होगा १५
जो धार्मिक पुरुष तीक्ष्ण अग्निवाला व्रत उपवासादिक करनेमें समर्थनहो उसकेलिये सबव्रतों से
अधिक यही व्रतहै १६ इस हेतुसे विश्वात्मा वासुदेव भगवान् सब यज्ञोंका फल देनेवाला और सब
पापोंका नाशकरनेवाला सब दुष्टोंका नाशकरनेवाला देवताओंसे पूजित महापवित्र मंगलोंका मंग-
ल होनेवालोंमें होनेवाला प्राचीनोंमें प्राचीन ऐसे व्रतको वर्णनकरेंगे १७। १८ वही वासुदेवजीने
कहाहै कि जो पुरुष अष्टमी चतुर्दशी और द्वादशी इन तिथियोंमें तथा अन्यदिवसके किसी नक्षत्रमें
उपवास व्रतकरनेमें असमर्थहोय १९ वह सब पापोंकी नाशकरनेवाली इस पवित्र तिथिको उपवास
करके विष्णुके परमपदको प्राप्त होताहै २० माघमासमें शुक्लपक्षकी दशमीके दिन शरीरमें घृतका
मर्दन करके तिलोंसे स्नानकरे २१ और ॐनमोनारायणाय इस मन्त्रसे विष्णुका पूजनकरे कृष्णा-

येतद्वद्दिनेवरदायवे। सर्वेनारायणस्यैव सम्पूज्यावाहवःक्रमात् २३ दामोदरायेत्युदर म्मेढ्रम्पञ्चशरायवै। ऊरूसौभाग्यनाथाय जानुनीभूतधारिणे २४ नमोनीलायवैजंघे पादौविश्वसृजेनमः। नमोदेव्यैनमःशान्त्यै नमोलक्ष्मैनमःश्रियै २५ नमःपुष्ट्यैनमस्तु ष्ट्यै धृष्ट्यैहृष्ट्यैनमोनमः। नमोविहंगनाथाय वायुवेगायपक्षिणे। विषप्रमाथिनेनित्यं गरुडञ्चाभिपूजयेत् २६ एवंसम्पूज्यगोविन्दं उमापतिविनायकौ। गन्धैर्माल्यैस्तथाधूपै र्भक्ष्यैर्नानाविधैरपि २७ गव्येनपयसासिद्धं कृसरामथवाग्यतः। सर्पिषासहभुक्त्वाच ग त्वांशतपदम्बुधः २८ नैयग्रोधन्दन्तकाष्ठमथवाखादिरम्बुधः। गृहीत्वाधावयेद्दन्ताना चान्तःप्रागुदङ्मुखः २९ ब्रूयात्सायन्तनींकृत्वा सन्ध्यामस्तमितेरवौ। नमोनारायणाये ति त्वामहंशरणंगतः ३० एकादश्यांनिराहारः समभ्यर्च्यचकेशवम्। रात्रिञ्चसकलां स्थित्वा स्नानञ्चपयसातथा ३१ सर्पिषाचापिदहनं हुत्वाब्राह्मणपुंगवैः। सहैवपुण्डरी काक्ष! द्वादश्यांक्षीरभोजनम् ३२ करिष्यामियतात्माहं निर्विघ्नेनास्तुतन्मे। एवमुक्त्वा स्वपेद्भूमावितिहासकथाम्पुनः ३३ श्रुत्वाप्रभातेसञ्जाते नदींगत्वाविशाम्पते!। स्नानं कृत्वामृदातद्वत्पाषण्डानभिवर्जयेत् ३४ उपास्यसन्ध्यांविधिवत्कृत्वाचपितृतर्पणम्। प्र

यनमः इस मंत्रसे चरणों को सर्वात्मनेनमः इस मंत्रसे शिरको २२ वैकुंठायनमः इस मंत्रसे कंठको श्रीवत्सधरायनमः इस मंत्रसे हृदयको, फिर शंखिनेनमः चक्रिणे नमः गदिनेनमः और वरदायनमः इस रीतिसे क्रमसे प्रत्येक चारों भुजाओंको पूजे २३ दामोदरायनमः कहके उदरको–पंचशरायनमः कहके लिंगको–सौभाग्यनाथायनमः कहकर जंघाओंको पूजे भूतधारिणेनमः यह कह के गुल्फोंको २४ नीलकंठायनमः कहकर पिंडिलियों को–विश्वसृजेनमः कहकर पदों को और देव्यैनमः शान्त्यैनमः लक्ष्म्यैनमः श्रियैनमः २५ पुष्ट्यैनमः तुष्ट्यैनमः धृष्ट्यैनमः और हृष्ट्यैनमः इस प्रकार देवियोंको नमस्कार करके पक्षिके राजा वायु समान वेगवाले, नित्यप्रति सर्पों के मथनेवाले गरुड पक्षीको नमस्कार करके २६ गोविन्दको पूजके शिव पार्वतीको गन्ध पुष्प धूप और अनेक प्रकारके भोज्य पदार्थोंसे पूजे. २७ गौके दूधमें बनाई हुई खीरको घृत संयुक्त भोजन करके बुद्धिमान् जन सौपद गमनकरै २८ फिर वट वृक्ष तथा खैरके वृक्षकी दांतनकरै फिर पूर्व वा उत्तरकी ओर मुख करके कुश हाथमें लेकर आचमनकरै जब सूर्य्यास्तहोजाय तब सायंकालकी संध्याकरै ॐनमोनारायणाय त्वामहं शरणंगतः इस मन्त्रको कहै २९। ३० एकादशीको निराहार व्रतकरके नारायणका पूजन और जागरणकरै दूधसे स्नानकरै द्वादशीको ब्राह्मणोंसे अग्निमें घृतकी आहुतिकरवावै और उस दिन दूधका भोजनकरै ३१। ३२ फिर नियतात्माहोकर ऐसा संकल्पकरै कि मैं सत्य बुद्धिसे इस व्रतको करूंगा यह मेरा व्रत निर्विघ्नपूर्वक हो ऐसा कहकर पृथ्वी पै शयन करै और इतिहासादि कथाओंकोवर्णनकरै ३३ जब प्रभात समयहो तब नदी पै जाके मृत्तिकालगाकर स्नान करै और पाषण्ड असत्य सम्भाषणादिक न करै ३४ फिर विधिपूर्वक संध्योपासनादि कर पितृतर्पण करै समलोकों के एक ईश्वर हृषीकेश भगवान् को प्रणामकर घरके आगे बड़ी भक्तिपूर्वक

णम्यचहृषीकेशं सप्तलोकैकमीश्वरम् ३५ गृहस्यपुरतोभक्त्या मण्डपङ्कारयेद्बुधः। दशंहस्तमथाष्टौवा करान्कुर्याद्विशाम्पते! ३६ चतुर्हस्तांशुभांकुर्याद्वेदीमरिनिषूदन!। चतुर्हस्तप्रमाणञ्च विन्यसेत्तत्रतोरणम् ३७ प्रणम्यकलशन्तत्र शुद्धवस्त्रेणसंयुतम्। छिद्रेणजलसंम्पूर्णं पथकृष्णाजिनेस्थितः ३८ तस्यधाराञ्चशिरसाधारयेत्सकलान्निशाम्। तथैवविष्णोःशिरसि क्षीरधाराम्प्रपालयेत् ३९ अरत्निमात्रंकुण्डञ्चकुर्यात्तत्रत्रिमेखलम्। योनिवक्त्रञ्चतत्कृत्वा ब्राह्मणैःपयसर्पिषी ४० तिलांश्चविष्णुदैवत्यैर्मन्त्रैरेकाग्निवत्तदा। हुत्वाचवैष्णवंसम्यक् चरुंगोक्षीरसंयुतम् ४१ निष्पावार्द्धप्रमाणांवै धारामाज्यस्यपात येत्। जलकुम्भान्महावीर्य्य! स्थापयित्वात्रयोदश ४२ भक्ष्यैर्नानाविधैर्युक्तान् सितव स्त्रैरलंकृतान्। युक्तानौदुम्बरैःपात्रैः पञ्चरत्नसमन्वितान् ४३ चतुर्भिर्बह्वृचैर्होमस्तत्र कार्य्यउदङ्मुखैः। रुद्रजापश्चतुर्भिश्च यजुर्वेदपरायणैः ४४ वैष्णवानितुसामानि चतुरः सामवेदिनः। अरिष्टवर्गसहितान्यभितःपरिपाठयेत् ४५ एवंद्वादशतान्विप्रान् वस्त्र माल्यानुलेपनैः। पूजयेदंगुलीयैश्च कटकैर्हेमसूत्रकैः ४६ वासोभिःशयनीयैश्च वित्तशा ठ्यविवर्जितः। एवंक्षपातिवाह्याच गीतमंगलनिस्वनैः ४७ उपाध्यायस्यच पुनर्द्विगुणंस र्वमेवतु। ततःप्रभातेविमले समुत्थायत्रयोदश ४८ गावोदद्यात्कुरुश्रेष्ठ! सौवर्णमुख

दश हाथ का अथवा आठ हाथ का मंडप बनावे ३५। ३६ और वहां मंडपमें चार हाथ प्रमाण की वेदी बनावे और चारही हाथके प्रमाण की तोरण अर्थात् वदनवार बांधै ३७ तहां शुद्ध वस्त्रसे संयुक्त कियाहुआ और जलसे भराहुआ कलश मध्यमें छिद्रकरके मस्तक पर धारणकर काली मृगछाला के आसनपर बैठकर उस कलशकी जलधारा को रात्रिमें शिरपै धारणकरै इसी प्रकार विष्णुकी मू- र्त्तिके शिरपर दूधकीधारा गिरवावै ३८। ३९ और तीन मेखला बनवाके एकहाथका कुंड बनवावै उसमें योनि के मुखकी आकृति बनवावै फिर ब्राह्मणों से दूध घृत और तिल इन सब की आहुति डलवावै और विष्णु देवता के मन्त्रों से एकाग्नि विधिके द्वारा हवनकरै गौके दूधसे युक्त किये हुए साकल्य से विष्णु के अर्थ हवनकरके ४०। ४१ मोठ बराबर छिद्रके द्वारा घृतकी आहुति डलवावै फिर तेरह कलशों को जलसे भरके स्थापितकरै ४२ और उनको अनेक प्रकारके भक्ष्य पदार्थ और सफ़ेद वस्त्र आदिकों से शोभितकरै फिर गूलरके पत्तों समेत पंचरत्न से युक्तकरै ४३ इस के पीछे बह्वृच अर्थात् बहुतसी ऋचाबोलनेवाले चारब्राह्मणोंको उत्तराभिमुखकरके उनसे हवनकरवावै और यजुर्वेद के जानने वाले चारब्राह्मणों से रुद्रके मन्त्रों का जपकरवावै ४४ और चार सामवेदी ब्रा- ह्मणों से अरिष्ट वर्ग सहित पाठकरवावै ४५ इस प्रकारसे युक्तहुए इन बारह ब्राह्मणोंको सुवर्ण की अंगूठी कड़े सुवर्णके यज्ञोपवीत और अनेकप्रकारके वस्त्रादिकों से पूजे और शय्यादानादि में द्रव्यादिक के खर्चनेमें कृपणता न करे इसरीतिसे गीतवाद्यादि मंगलवार्तोंसे उसरात्रिको व्यतीत करै ४६।४७ और इस व्रतके पढ़ानेवाले उपदेश देनेवाले आचार्य्य को दूनी दक्षिणा देनी चाहिये हे कुरुश्रेष्ठ भीमसेन फिर जब प्रभात होय तब उठकर सुवर्णशृंगी रौप्यखुरी कांसी के दोहनी पात्र समेत दूध

सयुताः। पयस्विन्यःशीलवत्यः कांस्यदोहसमन्विताः ४९ रौप्यखुराःसवस्त्राश्च चन्दने नाभिपेचिताः। तास्तुतेषांततोभक्त्या भक्ष्यभोज्यान्नतर्पितान् ५० कृत्वावैब्राह्मणान् सर्वानन्नैर्नानाविधैस्तथा। भुक्त्वाचाक्षारलवणमात्मनाचविसर्जयेत् ५१ अनुगम्यपदाष्टौ पुत्रभार्यासमन्वितः। प्रीयतामत्रदेवेशः केशवःक्लेशनाशनः ५२ शिवस्यहृदयेविष्णुर्विष्णोश्चहृदयेशिवः। यथान्तरंनपश्यामि तथामेस्वस्तिचायुषः ५३ एवमुच्चार्यतान् कुम्भान् गाश्चैवशयनानिच। वासांसिचैवसर्वेषां गृहाणिप्रापयेद्बुधः ५४ अभावेबहुशय्यानामेकामपिसुसंस्कृताम्। शय्यांदद्याद्द्विजातेश्च सर्वोपस्करसंयुताम् ५५ इतिहासपुराणानि वाचयित्वातिवाहयेत्। तद्दिनंनरशार्दूल! यइच्छेद्विपुलांश्रियम् ५६ तस्मात्त्वंसत्वमालम्ब्य भीमसेन! विमत्सरः। कुरुव्रतमिदंसम्यक् स्नेहात्तवमयेरितम् ५७ त्वयाकृतमिदंवीर! त्वन्नामाख्यंभविष्यति। साभीमद्वादशीह्येषा सर्वपापहराशुभा ५८ यातुकल्याणिनीनाम पुराकल्पेषुपठ्यते ५९ त्वमादिकर्ताभवसौकरेऽस्मिन्कल्पेमहावीरवर प्रधान! यस्याःस्मरन्कीर्तनमप्यशेषं विनष्टपापस्त्रिदशाधिपःस्यात् ६० कृत्वाचयाम्प्सरसामधीशा वेश्याकृताह्यन्यभवान्तरेषु। आभीरकन्यातिकुतूहलेन सैवोर्वशीसम्प्रतिनाकपृष्ठे ६१ जाताथवावैश्यकुलोद्भवापि पुलोमकन्यापुरुहूतपत्नी। तत्रापितस्याः

वाली शील युक्त वस्त्र चन्दनादि से पूजित भक्ष्य भोज्य पदार्थोंसे तृप्तकियेहुए सुन्दर तेरह गौओंका दानकरै ४८। ४९ अर्थात् प्रथम ब्राह्मणोंको भक्ष्य भोज्यादि अनेक प्रकारके पदार्थोंसे तृप्तकरके वस्त्र चन्दनादि से चर्चित तेरह गौदान करै ५० इसके पीछे नम्रतापूर्वक भक्ष्यभोज्यादि उत्तम पदार्थों से अन्य सब ब्राह्मणों को तृप्तकरके विसर्जन अर्थात् विदाकरै ५१ और पुत्र स्त्री आदिकों से युक्त होकर उन ब्राह्मणों के पीछे आठवें पैंडतक गमन करै और यह वचन कहै कि हे क्लेशनाशक केशव भगवान् प्रसन्नहूजिये ५२ शिवके हृदय में विष्णु और विष्णु के हृदय में शिव हैं इसप्रकार से जैसे मैं इनमें भेद नहीं देखताहूं उसी प्रकार मेरी भी आयुमें कल्याण होय ५३ ऐसे कहकर उन कलश गौ और वस्त्रादिकों को सब ब्राह्मणों के घर पहुंचादे ५४ बहुत शय्या दान न करसकै तो अच्छे प्रकार से वस्तुओं करके पूर्ण कीहुई एक शय्याको एकही ब्राह्मण को दानकरै ५५ हे राजन् जो पुरुष अधिक लक्ष्मीवान्होनेकी इच्छाकरताहो वह उस दिन इतिहास पुराणादिकोंका पाठकरै ५६ हे भीमसेन इस हेतु से तू भी आलस्यरहित होके मेरे कहेहुए इस व्रतको अच्छे प्रकारसे कर मैंने यह व्रत तेरे स्नेह से कहदिया है ५७ हे भीम तेराकियाहुआ यह व्रत तेरेही नाम से प्रसिद्ध होगा— इस प्रकारसे वर्णन कीहुई यह भीमसेनानाम द्वादशीसबपापोंकी हरनेवाली है यह द्वादशी पहले कल्पों में कल्याणिनीनामसे विख्यात थी ५८। ५९ हे महावीर तू इस वाराह कल्पमें इस व्रतका प्रथम करनेवालाहोगा इस द्वादशी को जो स्मरण करता है वह सब पापों से छूटकर स्वर्ग लोक में जाकर सब देवताओंका अधिपति होता है ६० और जो इस द्वादशी का व्रतकरताहै वह अप्सराओं का पति होता है और उस के घरमें अप्सराओं का वास होता है मुख्यकर स्वर्ग में उर्वशी अप्सराके

रिचारिकेयम्ममप्रियासम्प्रतिसत्यभामा ६२ स्नातःपुरामण्डलमेषतद्वत्तेजोमयंवेदशरी रमाप। अस्याञ्चकल्याणतिथौविवस्वान्सहस्रधारेणसहस्ररश्मिः ६३ इदमेवकृतम्महे न्द्रमुख्यैर्वसुभिर्देवसुरारिभिस्तथातु। फलमस्यनशक्यतेऽभिवक्तुंयदिजिह्वायुतकोटयोमु खेस्युः ६४ कलिकलुषविदारिणीमनन्तामितिकथयिष्यतियादवेन्द्रसूनुः। अपिनरकग तान्पितृनशेषानलमुद्धर्तुमिहैवयःकरोति ६५ यइदमघविदारणंशृणोति भक्त्यापरिपठ तीहपरोपकारहेतोः। तिथिमिहसकलार्थभाङ्नरेन्द्रस्तवचतुराननं! साम्यतामुपैति ६६ कल्याणिनीनामपुराबभूव याद्वादशीमाघदिनेपुपूज्या। सापाण्डुपुत्रेणकृताभविष्यत्यन न्तपुण्यानघ! भीमपूर्वा ६७॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेऽष्टषष्टितमोऽध्यायः ६८॥

(ब्रह्मोवाच) वर्णाश्रमाणांप्रभवः पुराणेषुमयाश्रुतः। सदाचारस्यभगवन्! धर्म्म शास्त्रविनिश्चयः। पुण्यस्त्रीणांसदाचारं श्रोतुमिच्छामितत्त्वतः १ (ईश्वर उवाच) त स्मिन्नेवयुगेब्रह्मन्! सहस्राणितुषोडश। वासुदेवस्यनारीणांभविष्यन्त्यम्बुजोद्भव! २ ताभिर्वसन्तसमये कोकिलालिकुलाकुले। पुष्पितेपवनोत्फुल्ल कह्लारसरसस्तटे ३ नि र्भरापानगोष्ठीषु प्रसक्ताभिरलंकृतः। कुरङ्गनयनःश्रीमान्मालतीकृतशेखरः ४ गच्छन्स मीपमार्गेण साम्बःपरपुरञ्जयः। साक्षात्कन्दर्परूपेण सर्वाभरणभूषितः ५ अनंगशरत

संग रमण करताहै ६१ इसीव्रतके प्रभाव से वैश्यकुलमें भी उत्पन्नहोनेवाली पुलोमकीकन्या इन्द्रकी पत्नी होतीभई और इसीव्रतके प्रभाव से सत्यभामा मेरी प्रियास्त्री हुई है ६२ और इसी कल्याण द्वादशीके दिन पहले सूर्य्य भी सहस्र धाराओं से स्नानकरके तेजोमय मण्डल वेदशरीर और सहस्र किरणोंसे युक्त होकर प्राप्तहोताभया ६३ और यही व्रत प्रथमवसुआदिक महेन्द्र और देवताओंनेभी किया है जो कभी मुखमें कोटिजिह्वाहोजांय तौभी इसव्रतकी महिमाके कहने को कोई समर्थ नहीं है ६४ कलियुग के सबपापोंकी नाशकरनेवाली इसअनन्त फलवाली द्वादशी के व्रतको श्रीकृष्णजी कहते हैं कि इसव्रतको जो करताहै वह नरकमें प्राप्तहुए सबपितरोंको उद्धार करता है ६५ जो पुरुष भक्तिसे इसव्रतको सुनताहै अथवा पढ़ता है वह परोपकार करनेवाला पुरुष ब्रह्माजीके तुल्यहोजा- ताहै ६६ जो पहले कल्पों में माघके महीनेकी कल्याणिनीनाम द्वादशी कही जातीथी वह भीमा द्वादशी नामसे प्रसिद्ध होवेगी यह वचनपूर्व कल्पमें कहाहै ६७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टषष्टितमोऽध्यायः ६८॥

ब्रह्माजीबोले-हे शिवजी मैंने पुराणोंमें वर्ण आश्रमोंकी उत्पत्ति और धर्मशास्त्रका निश्चयसुनाहै अब उत्तमस्त्रियों के सदाचारको सुनना चाहताहूं १ शिवजी बोले हे ब्रह्माजी इसी द्वापर युगमें श्री कृष्ण के सोलह हजार स्त्रियां होंगी तब एकसमय वसन्तऋतु में कोकिला भ्रमरादिकों से कूजित खिलेहुए कमलों से शोभित सरोवरोंवाले पुष्पित वनमें एकान्त स्थानों के सरोवरों के तटों पै विराजमानहुई वह स्त्रियां अपने समीप में मृगकेसेनेत्र चमेली के सुगन्धित पुष्पोंको धारण किये उत्तम आभूषणों से शोभित साक्षात् मानों कामदेवही रूपको धारण किये चले आते हुए श्रीमान्

स्त्राभिः साभिलाषमवेक्षितः । प्रवृद्धोमन्मथस्तासाम्भविष्यतियदात्मनि ६ तदावेक्ष्यजग न्नाथःसर्वतोध्यानचक्षुषा । शापंवक्ष्यतिताःसर्वावोहरिष्यन्तिदस्यवः । मत्परोक्षंयतःकाम लौल्यादीदृग्विधंकृतम् ७ ततःप्रसादितोदेवइदंवक्ष्यतिशार्ङ्गभृत् । ताभिःशापाभितप्ताभि र्भगवान्भूतभावनः ८ उत्तारभूतन्दासत्वंसमुद्राद्ब्राह्मणप्रियः । उपदेक्ष्यत्यनन्तात्माभावि कल्याणकारकम् ९ भवतीनामृषिर्दाल्भ्योयदूव्रतङ्कथयिष्यति । तदेवोत्तारणायालंदासत्वे ऽपिभविष्यति । इत्युक्त्वाताःपरिष्वज्यगतोद्वारवतीश्वरः १० ततःकालेनमहताभारावतर णेकृते । निवृत्तेमौसलेतद्वत्केशवेदिवमागते ११ शून्येयदुकुलेसर्वैश्चौरैरपिजितेऽर्जुने । हृतासुकृष्णपत्नीषुदासभोग्यासुचाम्बुधौ १२ तिष्ठन्तीषुचदौर्गत्यसन्तप्तासुचतुर्मुखः । आगमिष्यतियोगात्मादाल्भ्योनाममहातपाः १३ तास्तमर्घेणसंपूज्यप्रणिपत्यपुनःपुनः । लालप्यमानाबहुशोबाष्पपर्याकुलेक्षणाः १४ स्मरन्त्योविपुलान्भोगान्दिव्यमाल्यानुलेप नम् । भर्तारञ्जगतामीश मनन्तमपराजितम् १५ दिव्यभावान्ताञ्चपुरीं नानारत्नगृ हाणिच । द्वारकावासिनःसर्वान्देवरूपान्कुमारकान् । प्रश्नमेवङ्करिष्यन्ति मुनेरभिमुखं स्थिताः १६ (स्त्रिय ऊचुः) दस्युभिर्भगवन् ! सर्वाः परिभुक्तावयम्बलात् । स्वधर्मा च्च्यवतेऽस्माक मस्मिन्नःशरणम्भव १७ आदिष्टोऽसिपुराब्रह्मन् ! केशवेनचधीमता ।

साम्बको देखकर कामदेवके बाणोंसे पीड़ितहोकर भोगकी इच्छासे उसको देखेंगी तब उनके चित्तमें कामकी वृद्धिहोवेगी २-६ उसवार्त्ताको अन्तर्यामी श्रीकृष्ण जी जानकर उनसब स्त्रियोंको यहशाप देंगे कि जो तुमने मेरेपीछे ऐसी कामदेवकी चंचलताकरी है इसहेतुसे तुमसबोंको चोरहरेंगे ७ फिर इस शापसे दुःखितहोकर वह स्त्रियां श्रीकृष्णको प्रसन्नकरेंगी उस समय श्रीकृष्णजी उनके दासपने के शापदूरकरने और आगे होनेवाले मनुष्यों के कल्याण करनेवाले इस व्रतको कहेंगे कि हे स्त्रियो तुम्हारे आगे जो दाल्भ्यऋषि व्रतकहेंगे वहीव्रततुम्हारे दासभावको दूरकरेगा ऐसाकहकर श्रीकृष्ण जी उनस्त्रियों से मेलमिलाप करके चलेजावेंगे ८।१० अर्थात् बहुतकाल व्यतीत होजाने पर पृथ्वीकाभार उतारने के पीछे श्रीकृष्णचन्द्रजी परमधामको चलेजावेंगे ११ इनके चलेजानेके पीछे जब मुसल युद्धहोकर यादवनष्टहोजावेंगे उस समय अर्जुनकी रक्षितकीहुई कृष्णकी स्त्रियोंकोअर्जुन के समीप से शूद्रलोग छीनकर समुद्रपर लेजाकर भोगकरेंगे १२ वहां उनके पास महातपस्वी योगात्मा दाल्भ्य ऋषि आवेंगे १३ तब वह स्त्रियां उन ऋषिको अर्घदानसे पूजनकर प्रणाम करके अश्रुओं से व्याकुल १४ अनेक भोग दिव्यमाला पुष्पचन्दनादिकों को स्मरण करतीहुई जगतों के पति अपने भर्त्ताका अनेक प्रकारके रत्नों से युक्त द्वारकापुरीका अपने उत्तम २ स्थानों का देवताओं के समान रूपवाले द्वारकावासियों का और अपने पुत्रभ्राता आदिक सुहृदों का स्मरण करतीहुई दाल्भ्यमुनि के समीप सन्मुख खड़ीहोके यह प्रश्न करेंगी कि १५।१६ हे भगवन् हमसबको और धाड़ियोंने बलकर छीनलिया और घरोंपर लेजाकर भोग किया अब हम अपने धर्मसे हीन होगई हैं तो आपकी शरणहैं १७ हे महात्मन् प्रथम श्रीकृष्णजीके दियेहुए शापसे हम वेश्या भावको प्राप्त

कस्मादीशेनसंयोगम्प्राप्यवेश्यात्वमागताः १८ वेश्यानामपियोधर्म्मस्तन्नोब्रूहितपोध
न!। कथयिष्यत्यतस्तासां सदाल्भ्यश्चैकितायनः १९ (दाल्भ्य उवाच) जलक्रीडा
विहारेषु पुरासरसिमानसे। भवतीनाञ्चसर्वासां नारदोऽभ्यासमागतः २० हुताशनसु
ताःसर्व्वा भवन्त्योऽप्सरसःपुरा। अप्रणम्यावलेपेन परिपृष्टःसयोगवित्। कथन्नाराय
णोस्माकं भर्तास्यादित्युपादिश २१ तस्माद्वरप्रदानंवः शापश्चायमभूत्पुरा। शय्याद्व
यप्रदानेन मधुमाधवमासयोः २२ सुवर्णोपस्करोत्सर्गो द्वादश्यांशुक्लपक्षतः। भर्तानारा
यणोनूनं भविष्यत्यन्यजन्मनि २३ यदकृत्वाप्रणामम्मे रूपसौभाग्यमत्सरात्। परिपृ
ष्टोऽस्मितेनाशु वियोगोवाभविष्यति। चोरैरपहृताःसर्वा वेश्यात्वंसमवाप्स्यथ २४ एवं
नारदशापेन केशवस्यचधीमतः। वेश्यात्वमागताःसर्वा भवन्त्यःकाममोहिताः। इदानी
मपियद्वक्ष्ये तच्छृणुध्वंवराङ्गनाः! २५ (दाल्भ्य उवाच) पुरादेवासुरेयुद्धे हतेषुशतशः
सुरैः। दानवासुरदैत्येषु राक्षसेषुततस्ततः २६ तेषांव्रातसहस्राणि शतान्यपिचयोषि
ताम्। परिणीतानियानिस्युर्बलाद्भुक्तानियानिवै। तानिसर्वाणिदेवेशः प्रोवाचवदतांव
रः २७ (इन्द्र उवाच) वेश्याधर्म्मेणवर्तध्वमधुनानृपमन्दिरे। भक्तिमत्योवरारोहास्त
थादेवकुलेषुच २८ राजानःस्वामिनस्तुल्याः सूतावापिचतत्समाः। भविष्यतिचसौभा

होगई हैं हमारे उपदेशकर्त्ता आपही नियत कियेगये हैं १८ हे तपोधन आप कृपाकरके वेश्याओंका धर्म वर्णनकीजिये—इस प्रकारसे पूछेहुए दाल्भ्यऋषि उन स्त्रियों से वेश्याओं के धर्म कहेंगे १९ कि हे स्त्रियो पूर्व्वकालमें तुम सब किसी समय मानसरोवर में क्रीड़ाकर रहीथीं उस समय तुम्हारे समीप नारद मुनि आय गयेथे २० उसकालमें तुम अग्निकी पुत्री अप्सरा रूपथीं उस समय तुमने नारदजीको प्रणामनहीं कियाथा और विना प्रणाम कियेही तुमने उस योगी से यह प्रश्नकियाथा कि हे मुने हमको जगन्नाथ श्रीकृष्ण भर्त्ता कैसे प्राप्तहोयँ उसको कहिये २१ उस समय तुमको नारदमुनिने श्रीकृष्णजीके मिलनेका वरदियाथा और प्रणाम नहीं करनेसे शाप भी दियाथा अर्थात् यह कहाथा कि चैत्र वैशाख इन दोनों महीनों की शुक्लपक्षकी द्वादशी के दिन दो शय्या दान और सुवर्णका दानकरने से दूसरे जन्ममें तुम्हारा निश्चय करके नारायण पति होगा २२।२३ और जो कि तुमने अपने रूप और सौभाग्यके अभिमान से मुझको प्रणाम विना कियेही प्रथम प्रश्नकियाहै इस हेतुसे तुम्हारा इस प्रकारसे वियोग भी होगा कि तुम चोरोंसे हरी जाओगी और वेश्याभावको प्राप्तहोजाओगी २४ इसीसे तुम सब नारदजीके और श्रीकृष्णजीके शापसे कामसे मोहित होकर वेश्यापनेको प्राप्तहोगई हो—हे स्त्रियो अब जो मैं कहताहूं उसको तुम चित्तसे सुनो २५ दाल्भ्यने कहा कि प्रथम देवता और दैत्योंके युद्धमें जहाँ तहाँ के हज़ारों राक्षस मरगये तब उन राक्षसोंकी हज़ारों स्त्रियोंको देवताओंने अपने बलसे छीनकर ग्रहण करके उनके साथमें भोगकिया उस समय उन सब स्त्रियोंसे इन्द्रने कहाथा कि तुम सब वेश्याओंके धर्ममें रहो और राजाओंके मन्दिरोंमें और देवताओंमें प्रीति रक्खो २६। २८ तुमको राजा—अपनास्वामी—सूत और शूद्रादिक यह सब समानवर्त्तने चाहियें

र्यंसर्वासामपिशक्तितः २६ यःकश्चिच्छुल्कमादाय गृहंनेष्यतिवः सदा। निधनेनोपचा
र्योवः सतदान्यत्रदाम्भिकात् ३० देवतानांपितृणाञ्च पुण्याहेनमुपस्थिते। गोभूहिर
ण्यधान्यानिप्रदेयानिस्वशक्तितः। ब्राह्मणानांनरारोहाः कार्याणिवचनानिच ३१ यच्चाप्य
न्यद्व्रतंसम्यगुपदेक्ष्याम्यहन्ततः। अविचारेणसर्वाभिरनुष्ठेयञ्चतत्पुनः ३२ संसारोत्तार
णायालमेतद्वेदविदोविदुः। यदासूर्यदिनेहस्तःपुष्योवाथपुनर्वसुः ३३ भवेत्सर्वौषधीस्नान
सम्यङ्नारीसमाचरेत्। तदापञ्चशरस्यापि सन्निधानात्वमेष्यति। अर्चयेत्पुण्डरीकाक्ष
मनङ्गस्यानुकीर्तनैः ३४ कामायपादौसम्पूज्य जंघेवैमोहकारिणे। मेढ्रङ्कन्दर्पनिधये कटि
म्प्रीतिमतेनमः ३५ नाभिंसौख्यसमुद्राय रामायचतथोदरम्। हृदयंहृदयेशायस्तनावा
ह्लादकारिणे ३६ उत्कंठायेतिवैकंठमास्यमानन्दकारिणे। वामाङ्गम्पुष्पचापायपुष्पबाणा
यदक्षिणम् ३७ मानसायेतिवैमौलिंविलोलायेतिमूर्द्धजम्। सर्वात्मनेचसर्वांगंदेवदेवस्यपू
जयेत् ३८ नमःशिवायशांतायपाशांकुशधरायच। गदिनेपीतवस्त्रायशङ्खचक्रधरायच ३९
नमोनारायणायेति कामदेवात्मनेनमः। सर्वशान्त्यैनमःप्रीत्यै नमोरत्यैनमःश्रियै ४० नमः
पुष्ट्यैनमस्तुष्ट्यै नमःसर्वार्थसम्पदे। एवंसंपूज्यदेवेशमनंगात्मकमीश्वरम्। गन्धैर्माल्यै

तुम सबको शक्तिके अनुसार सौभाग्य प्राप्तहोगा २९ जो कोई पुरुष तुमको तुम्हारे समानमूल्य देकर
तुम्हारे घरपर आवेगा उसके साथतुम छलछिद्र कभी न करना ३० और जब कोई देवता औरपितर
आदिके उत्सवका दिन आजाय उसदिन गौ-पृथ्वी-सुवर्ण और धान्य इन सबकादानशक्तिके अनुसार
तुमको करना चाहिये हेसुन्दर स्त्रियो तुमकोसदैव ब्राह्मणोंका वचन करना योग्यहै ३१ इसकेविशेष जो
तुम्हारे योग्य व्रतहै उसकोभी मैं कहताहूं वहव्रत तुमको निस्सन्देह करना योग्य है ३२ इस व्रतको
वेदज्ञ पुरुषोंने संसारके उद्धारके निमित्त उत्तमकहा है—जब कभी रविवारके दिन हस्त—पुष्य—अथवा
पुनर्वसु इन तीनों में से कोई नक्षत्र आजाय उस दिवस स्त्रियोंको सर्वौषधी के जलसे स्नान करना
योग्य है उस समय कामदेवभी इन स्त्रियों के समीप आजाता है इस हेतु से कामदेवके नामों का
उच्चारण करके विष्णुभगवान् का पूजनकरै ३३।३४ फिर कामदेवको नमस्कारकरके विष्णुकेचरणों
को पूजै उसके पीछे मोहकारी को नमस्कारकर पिंडिलियों को पूजै—कन्दर्पनिधिको नमस्कारकर
लिंगको पूजै—प्रीतिमान् को नमस्कारकर कटिको पूजै—३५ सौख्य समुद्रको नमस्कारकर नाभिको
पूजै—रामको नमस्कारकर उदरकोपूजै—हृदयेशको नमस्कारकर हृदयको पूजै—आह्लादकारीको
नमस्कारकर विष्णुके स्तनों को पूजै—३६ उत्कण्ठायनमः यह कहकर कण्ठको पूजै—आनन्दकारि-
णेनमः यह कहकर मुखको पूजै—पुष्पधन्विनेनमः कहकर वामअंगको पूजै—पुष्पेषवेनमः यहकहकर
दक्षिणअंगको पूजै ३७ मानसायनमः यह कहके मस्तकको पूजै—विलोलायनमः यह कहकर केशोंको
पूजै—सर्वात्मनेनमः यह कहके सर्वांगों को पूजै—३८ शिवशान्तस्वरूप पाशअंकुशधारिणेनमः और
गदाधराय शंखचक्रधारिणे पीताम्बर विष्णवेनमः ३९ नारायणाय कामदेवात्मरूपाय सर्वशान्त्यै
यनमः प्रीतयेनमः रतयेनमः श्रियैनमः ४० पुष्ट्यैनमः तुष्ट्यैनमः सर्वार्थसंपदेनमः इन सब म

स्तथाधूपैर्नैवेद्येनचकामिनी ४१ ततआहूयधर्म्मज्ञं ब्राह्मणंवेदपारगम्। अव्यङ्गावयवं पूज्य गन्धपुष्पार्चनादिभिः ४२ शालेयतण्डुलप्रस्थं घृतपात्रेणसंयुतम्। तस्मैविप्राय सादद्यान्माधवःप्रीयतामिति ४३ यथेष्टाहारयुक्तंवै तमेवद्विजसत्तमम्। रत्यर्थंकामदेवो यमितिचित्तेऽवधार्य्यतम् ४४ यद्यदिच्छतिविप्रेन्द्रस्तत्तत्कुर्य्याद्विलासिनी। सर्व्वभावे नचात्मानं सर्पयेत्स्मितभाषिणी ४५ एवमादित्यवारेण सर्वमेतत्समाचरेत्। तण्डुल प्रस्थदानञ्च यावन्मासास्त्रयोदश ४६ ततस्त्रयोदशेमासि संप्राप्तेतस्यभामिनी। वि प्रस्योपस्करैर्युक्तां शय्यांदद्याद्विलक्षणाम् ४७ सोपधानकविश्रामां सास्तरावरणांशु भाम्। प्रदीपोपानहच्छत्र पादुकासनसंयुताम् ४८ सपत्नीकमलंकृत्य हेमसूत्रांगुलीय कैः। सूक्ष्मवस्त्रैःसकटकैर्धूपमाल्यानुलेपनैः ४९ कामदेवंसपत्नीकं गुडकुम्भोपरिस्थि तम्। ताम्रपात्रासनगतं हैमनेत्रपटावृतम् ५० सकांस्यभाजनोपेतमिक्षुदण्डसमन्वि तम्। दद्यादेतेनमन्त्रेण तथैकांगांपयस्विनीम् ५१ यथान्तरंनपश्यामि कामकेशवयोः सदा। तथैवसर्वकामाप्तिरस्तुविष्णो! सदामम ५२ यथानकमलादेहात् प्रयातितवके शव!। तथाममापिदेवेश! शरीरेस्वेकुरुप्रभो ५३ तथाचकाञ्चनंदेवं प्रतिगृह्णन्द्विजो

न्त्रों से कामदेवस्वरूपी विष्णु भगवान्को गन्ध पुष्प धूप दीप नैवेद्यादिक वस्तुओंसे स्त्रीको पूजन करना चाहिये ४१ इसके पीछे वेदके पारके जाननेवाले धर्मज्ञ व्यंग अंगरहित ब्राह्मणको बुलवाकर गन्ध पुष्प धूप दीप और नैवेद्यादि पदार्थोंसे स्त्री पूजे ४२ और उसी ब्राह्मणके अर्थ घृत पात्र संयुक्त एकसेर चावलोंके भरेपात्रको माधव भगवान् प्रसन्नहो यह कहकर दानकरे ४३ और उसी उत्तम ब्राह्मणको अपने चित्तसे कामदेवके समान मानकर इच्छापूर्व्वक भोजनकरवावे ४४ और जिसजिस वस्तुकी वह ब्राह्मण इच्छाकरे वह सब उस सुन्दर हास्यवाली स्त्रीको आत्मभावसे उसकी तृप्ति पर्य्यन्त देना चाहिये ४५ इस रीतिसे हर रविवारके दिन सुन्दर आचरण करतीहुई तेरह महीनेतक प्रत्येक रविवारको एकसेर चावलोंका दान करतीरहै जब तेरहवाँ महीना आवे तब उसी ब्राह्मण के निमित्त सर्व सामग्री समेत शय्या दानकरै अर्थात् शय्यापर उत्तम तकिया बिछौना दीपक जूतीका जोड़ा-छत्री-खड़ाऊं-धोतीका जोड़ा-आसन इन सब वस्तुओंसे शोभितकीहुई शय्याको स्त्री समेत होकर सपत्नीक ब्राह्मणको देवे इसके सिवाय उत्तम रेशमी वस्त्र सुवर्ण के भूषण बाजूबन्द देकर धूप दीप पुष्प और चन्दनादिक से कामदेव का पूजन करे ४६। ४९ स्त्री सहित कामदेवकी मूर्त्ति बनवाके गुड़से भरेहुए पात्रपर स्थापितकर उसके आसनकी जगह तांबे के पत्र लगाकर सुवर्ण के नेत्र युक्त वस्त्र पहराय कांसीके पात्र समेत ईख संयुक्तकर आगे लिखेहुए मंत्रसे उसका दानकरै और एक उत्तम दूधवाली गौकाभी दानकरै ५०। ५१ मंत्र-जैसे कि मैं विष्णुमें और कामदेवमें कुछ अन्तरका भाव भेद नहीं रखतीहूं इसीप्रकार सदैव विष्णु भगवान् मेरे मनोरथोंको सिद्धकरो ५२ हे केशव भगवान् जैसे कि लक्ष्मीजी तुम्हारे शरीरसे कभी पृथक् नहीं रहती हैं उसी प्रकार मुझेभी आप अपने शरीरमें लीनकरो ५३ इसके पीछे सुवर्णकी मूर्त्तिको ग्रहण करताहुआ ब्राह्मण कइवं

त्तमः। कइदंकस्मादादिति वैदिकंमन्त्रमीरयेत् ५४ ततःप्रदक्षिणीकृत्य विसर्ज्यद्विजपुं गवम्। शय्यासनादिकंसर्वं ब्राह्मणस्यगृहंनयेत् ५५ ततःप्रभृतियोविप्रो रत्यर्थंगृहमागतः। समान्यःसूर्यवारेच समन्तव्योभवेत्तदा ५६ एवंत्रयोदशंयावन्मासमेवंद्विजोत्तमान्। तर्पयेतयथाकामं प्रोषितेऽन्यंसमाचरेत् ५७ तदनुज्ञयारूपवान्यो यावदभ्यागतो भवेत्। आत्मनोऽपियथाविघ्नं गर्भभूतिकरम्प्रियम् ५८ दैवंवामानुषंवास्यादनुरागेण वाततः। साचारानष्टपञ्चाशद्यथाशक्त्यासमाचरेत् ५९ एतद्धिकथितंसम्यक् भवतीनांविशेषतः। अधर्मोऽयंततोनस्याद्वेश्यानामिहसर्वदा ६० पुरुहूतेनयत्प्रोक्तं दानवीषु पुरामया। तदिदंसाम्प्रतंसर्वं भवतीष्वपियुज्यते ६१ सर्वपापप्रशमनमनन्तफलदायकम्। कल्याणीनांप्रकथितं तत्कुरुध्वंवराननाः ६२ करोतियाशेषमखण्डमेतत्कल्याणिनीमाधवलोकसंस्था। सापूजितादेवगणैरशेषैरानन्दकृत्स्थानमुपैतिविष्णोः ६३ (श्रीभगवानुवाच) तपोधनःसोऽप्यभिधायचैवं तदाचतासांवृतमंगनानाम्। स्वस्थानमेष्यन्तिसमस्तमित्थं व्रतंकरिष्यन्तिचदेवयोने! ६४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे नवषष्टितमोऽध्यायः ६९॥

(ब्रह्मोवाच) भगवन्! पुरुषस्येहस्त्रियाश्चविरहादिकम्। शोकव्याधिभयन्दुःखं नाभवेद्येनतद्वद १ (श्रीभगवानुवाच) श्रावणस्यद्वितीयायांकृष्णायाम्मधुसूदनः। क्षीरा

कस्मादादिति ऐसे वेदके मन्त्रको उच्चारणकरै ५४ फिर प्रदक्षिणा करके ब्राह्मणका विसर्जनकरदे ५५ इसके अनन्तर जो ब्राह्मण रमणकरनेके निमित्त रविवारके दिन इन स्त्रियोंके घरपर आजाय तो उसका मानकरके उसका प्रसन्नतापूर्वक पूजनकरना योग्य है ५६ इस रीति से तेरह महीनों तक उत्तम ब्राह्मणों को इच्छापूर्वक तृप्तकरतीरहै औरवह ब्राह्मण कदाचित् कहींपरदेशमें चलाजाय तो इसी प्रकार दूसरे अन्य ब्राह्मण को भी पूजै ५७ उसी ब्राह्मणसे आज्ञालेकर विघ्नरहित अपनेको प्रिय जो ब्राह्मण रूपवान्हो और अभ्यागतहो उसको पूजै ५८ इसके पीछे श्रेष्ठकुलीनअट्ठालीस ४८ ब्राह्मणों को शक्तिके अनुसार भोजन करवावै ५९ यहधर्म विशेष करके तुम्हीं वेश्याओंका कहा है ऐसे करने से तुमको अधर्म नहीं लगेगा ६० पूर्व समयमें जो धर्म इन्द्रने दानवों की स्त्रियों से कहा है वही धर्म अब मैंने तुमसे भी वर्णन किया है ६१ हे श्रेष्ठमुखवाली स्त्रीलोगो यह सबपापों का शान्तकरने वाला अनन्त फल वालाव्रत मैंने तुमसे कहाहै ६२ जो वेश्यास्त्री इस व्रतकोकरती है वह विष्णुके लोकको प्राप्तहोकरसब देवताओं से पूजित होती है ६३ श्रीभगवान् कहते हैं कि वह दाल्भ्य ऋषि इस प्रकार से उन स्त्रियोंको उपदेश करताभया हे राजा जो इसीप्रकारसे इस व्रतको अन्य स्त्रियां भी करेंगी वह भी स्वर्गमें प्राप्तहोकर देवताओं के उत्तम विमानोंमें स्थित होकर विहार करेंगी ६४॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकोनसप्ततितमोऽध्यायः ६९॥

ब्रह्माजी बोले कि हेभगवन् इसलोकमें जिसव्रतकरके स्त्री और पुरुषका वियोगनहो और शोक व्याधि

एवैसपत्नीकः सदावसतिकेशवः २ तस्यांसम्पूज्यगोविन्दं सर्वान्कामान्समश्नुते। गोभू हिरण्यदानादि सप्तकल्पशतानुगम् ३ अशून्यशयनन्नाम द्वितीयासम्प्रकीर्त्तिता। तस्यांसम्पूजयेद्विष्णुमेभिर्म्मन्त्रैर्विधानतः ४ श्रीवत्सधारिन्! श्रीकान्त! श्रीधामन्! श्रीपतेऽव्यय!। गार्हस्थ्यंमाप्रणाशम्मे यातुधर्म्मार्थकामदम् ५ अग्नयोमाप्रणश्यन्तु देवताःपुरुषोत्तम!। पितरोमाप्रणश्यन्तु मास्तुदाम्पत्यभेदनम् ६ लक्ष्म्याावियुज्यतेदेव! नकदाचिद्यथाभवान्। तथाकलत्रसम्बन्धोदेव! मामेवियुज्यताम् ७ लक्ष्म्यानशून्योवरद! शय्यांत्वंशयनंगतः। शय्याममाप्यशून्यास्तु तथैवमधुसूदन! ८ गीतवादित्रनिर्घोषं देवदेवस्यकीर्त्तयेत्। घण्टाभवेदशक्तस्य सर्ववाद्यमयीयतः ९ एवंसम्पूज्यगोविन्दमश्नीयात्तैलवर्जितम्। नक्तमक्षारलवणं यावत्तत्स्याच्चतुष्टयम् १० ततःप्रभातेसञ्जाते लक्ष्मीपतिसमन्विताम्। दीपान्नभाजनैर्युक्तां शय्यांदद्याद्विलक्षणाम् ११ पादुकोपानहच्छत्र चामरासनसंयुताम्। अभीष्टोपस्करैर्युक्तां शुक्लपुष्पाम्बरावृताम् १२ सोपधानकविश्रामां फलैर्नानाविधैर्युताम्। तथाभरणधान्यैश्चयथाशक्त्यासमन्विताम् १३ अव्यंगांगायविप्रायवैष्णवायकुटुम्बिने। दातव्यावेदविदुषेभावेनापतितायच १४ तत्रोपविश्य दाम्पत्यमलंकृत्यविधानतः। पत्न्यास्तुभाजनंदद्याद्भक्ष्यभोज्यसमन्वितम् १५ ब्राह्मण

और दुःख नहो उसको आप वर्णनकीजिये १ श्रीभगवान्बोले कि श्रावणमासके कृष्णपक्षकी द्वितीयाका सदैव केशव भगवान्क्षीरसागरमें लक्ष्मीजीसमेत शयनकरतेहैं २ उसतिथिको गोविन्द भगवान् का पूजन करने से सबकामना सिद्धहोजाती हैं उसदिन गौ पृथ्वी सुवर्ण इनसबका दानकरनेसे सातसौकल्प तक विष्णुलोकमें वासरहताहै ३ यह अशून्यशयना नामवाली द्वितीया कहाती है इस द्वितीयाके दिन इस आगे वर्णनहोनेवाली विधिसे और मंत्रोंके विधानसे विष्णु भगवान् का पूजनकरै ४ कि हे श्रीवत्सधारी श्रीकान्त हे श्रीधामन् हे श्रीपति अविनाशी यह धर्म अर्थ कामका देनेवाला मेरा गृहस्थपना कभी नष्ट न होय ५ हे पुरुषोत्तम मेरे अग्निदेवता और पितर इन सबका नाश न हो और स्त्री पुरुषका भी वियोग न हो ६ हे देव जैसे कि आप अपनी लक्ष्मीजीसे कभी वियोग नहीं करते हैं इसीप्रकार मेरा भी कभी स्त्रीसे वियोग न हो हे मधुसूदनजी जैसे कि आप लक्ष्मीजीसे शून्य शय्यापर कभी शयन नहीं करतेहो उसीप्रकार मेरी भी शय्या अशून्यरहै ७।८ ऐसा कहनेके पीछे विष्णुके गीत गावे और सबप्रकारके बाजेबजावे सब न होसकें तो केवल घंटाही बजावे ९ इसप्रकारसे गोविन्दका पूजनकर तैलरहित पदार्थोंका भोजनकरे और खारी आदि पांचों नोन न खाय १० जब प्रभातहोजाय तब लक्ष्मीपति विष्णुकी मूर्त्ति समेत दीपक अन्न और वस्त्र पात्रादिसे युक्तहुई शय्याका दान करै ११ पादुका-जूतीका जोड़ा-छत्री-चमर-आसन इन सब वस्तुओंसे युक्त तथा अपनी वांछित वस्तुओं समेत श्वेत वस्त्र संयुक्त शय्याका दानकरै १२ तकिया बिछौना-अनेक प्रकारके फल आभूषण यह सब शक्तिके अनुसार तैयारकर शय्यासमेत कुटिलतारहित वेदज्ञ वैष्णव कुटुम्बी ब्राह्मण को उत्तमभावसे अर्पणकरै १३।१४ यहांदानकरनेकेसमय उसशय्यापर ब्राह्मण ब्राह्मणीको बैठाकर

स्यापिसौवर्णीमुपस्करसमन्विताम्। प्रतिमांदेवदेवस्यसोदकुंभांनिवेदयेत् १६ एवयस्तुपु
मान्कुर्यादशून्यशयनंहरेः। वित्तशाठ्येनरहितोनारायणपरायणः १७ नारीवाविधवाब्रह्म
न्! यावच्चन्द्रार्कतारकम्। नविरूपोनशोकार्त्तोदम्पतीभवतःक्वचित् १८ नपुत्रपशुरत्नानि
क्षयंयांतिपितामह! । सप्तकल्पसहस्राणिसप्तकल्पशतानिच। कुर्वन्नशून्यशयनंविष्णुलोके
महीयते १९ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणे सप्ततितमोऽध्यायः ७० ॥

(ईश्वर उवाच) शृणुचान्यद्व्रतंश्रेष्ठं यद्रूपसम्पद्विधायकम्। भविष्यतियुगेतस्मिन्द्वा
परान्तेपितामह! । पिप्पलादस्यसंवादो युधिष्ठिरपुरःसरैः १ वसन्तंनैमिषारण्ये पिप्प
लादंमहामुनिम्। अधिगम्यतदाचैनम्प्रश्नमेकङ्करिष्यति। युधिष्ठिरोधर्म्मपुत्रो धर्म्मयुक्त
स्तपोधनम् २ (युधिष्ठिर उवाच) कथमारोग्यमैश्वर्य्यम्मतिर्धर्मेगतिस्तथा। अव्यङ्ग
ताशिवेभक्तिर्वैष्णवोवाभवेत्कथम् ३ (ईश्वर उवाच) तस्योत्तरमिदम्ब्रह्मन्! पिप्पला
दस्यधीमतः। शृणुष्वयद्वक्ष्यतिवै धर्म्मपुत्रायधार्मिकः ४ (पिप्पलाद उवाच) साधुपृष्टं
त्वयाभद्र! इदानींकथयामिते। अङ्गारव्रतमित्येतत्तवक्ष्यतिमहीपतेः ५ अत्राप्युदाहर
न्तीममितिहासम्पुरातनम्। विरोचनस्यसंवादं भार्गवस्यचधीमतः ६ प्रह्लादस्यसुत
न्दृष्ट्वा द्विरष्टपरिवत्सरम्। रूपेणाप्रतिमङ्कान्त्या सोऽहसद्भृगुनन्दनः ७ साधुसाधुम

विधिसे अलंकार पहरावै और ब्राह्मणीको भक्ष्य भोज्य पदार्थसे भराहुआ पात्र दे दे १५ और ब्राह्मण
के अर्थ विष्णु भगवान्‌की मूर्त्ति जलके कलशपर स्थापितकर सब वस्तुओं समेत दानकरै १६ इस
रीतिसे जो पुरुष अशून्य शयन नामवाले इस व्रतको करताहै और द्रव्य शाठ्य नहीं करताहै वह
स्वर्गमें वासकरता है और सौभाग्यवती स्त्री अथवा विधवा स्त्री कैसीहीहो वह सब जबतक सूर्य्य
चन्द्रमा और तारागण रहैं तबतक शोकसे रहित अपने पुरुष समेत रहती हैं और उनका वियोग भी
कभी नहीं होता १७-१८ हे पितामह उसके पुत्र पशु और रत्न इन सबका नाश भी नहीं होता-
इस अशून्य शयन व्रतको करताहुआ पुरुष सातहजार सातसौ ७७०० कल्पोंतक विष्णुलोकमें प्राप्त
रहताहै १९ ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्ततितमोऽध्यायः ७० ॥

शिवजी बोले-हे ब्रह्माजी अब द्वापर युगके अन्तमें होनेवाले रूप सम्पत्ति विधायक उस अन्य
व्रतको तुम सुनो जिसमें कि युधिष्ठिरादिकोंके साथ पिप्पलादिक ऋषियोंका संवादहै १ नैमिषा-
रण्यक्षेत्रमें वसतेहुए पिप्पलादादिक महामुनियोंके पास जाकर धर्मका पुत्र युधिष्ठिर एकप्रश्नकरैगा २
अर्थात् युधिष्ठिरने पूछा कि हे महामुने आरोग्य-ऐश्वर्य्य और धर्ममें बुद्धि यह सब कैसे बनेरहैं और
शिवजीमें तथा विष्णुमें कुटिलता रहित भक्ति कैसे होय ३ शिवजी कहते हैं कि हे ब्रह्मन् उन पि-
प्पलादादिक मुनियोंसे जैसे जो२प्रश्न युधिष्ठिरादिनेकिये उनको मैं तुमसेकहताहूं ४ पिप्पलादादि
कहतेभये कि हे महीपते तैंने यह बहुत अच्छा प्रश्नकिया अब मैं इस प्रश्नको तुमसे कहताहूं ५
इस इतिहासमें विरोचनका और भार्गवका पुरातन संवादहै-६ किसी समय सोलहवर्षकी आयुवाले
उत्तम कान्तियुक्त स्वरूपवान् प्रह्लादके पुत्र विरोचनको देखकर शुक्राचार्य्यजी हंसतेहुए यह कहने

हाबाहो विरोचन ! शिवन्तव । तत्तथाहसितन्तस्य पप्रच्छसुरसूदनः ८ ब्रह्मन् किमर्थमे तत्ते हास्यमाकस्मिकंकृतम् । साधुसाध्वितिमामेव मुक्तवांस्त्वंवदस्वमे ९ तमेवंवादिनं शुक्र उवाच वदतांवरः । विस्मयाद्व्रतमाहात्म्याद्धास्यमेतत्कृतम्मया १० पुरादक्षविनाशाय कुपितस्यतुशूलिनः । अथतद्भीमवक्त्रस्य स्वेदविन्दुर्ललाटजः ११ भित्त्वाससप्तपातालानदहत्सप्तसागरान् । अनेकवक्त्रनयनो ज्वलज्ज्वलनभीषणः १२ वीरभद्रइतिख्यातः करपादायुतैर्युतः । कृत्वासौयज्ञमथनम्पुनर्भूतलसम्भवः । त्रिजगन्निर्दहन्भूयः शिवेन विनिवारितः १३ कृतन्त्वयावीरभद्र ! दक्षयज्ञविनाशनम् । इदानीमलमेतेन लोकदाहेन कर्म्मणा १४ शान्तिप्रदातासर्व्वेषां ग्रहाणाम्प्रथमोभव । प्रेक्षिष्यन्तेजनाःपूजां करिष्यन्तिवरान्मम १५ अङ्गारकइतिख्यातिङ्गमिष्यसिधरात्मज ! । देवलोकेद्वितीयञ्च तवरूपम्भविष्यति १६ येचत्वाम्पूजयिष्यन्ति चतुर्थ्यान्त्वद्दिनेनराः । रूपमारोग्यमैश्वर्यन्तेष्वनन्तम्भविष्यति १७ एवमुक्तस्तदाशान्तिमगमत्कामरूपधृक् । सञ्जातस्तत्क्षणाद्राजन् ! ग्रहत्वमगमत्पुनः १८ सकदाचिद्व्रतांस्तस्य पूजार्घ्यादिकमुत्तमम् । दृष्ट्वा न्क्रियमाणञ्च शूद्रेणाचव्यवस्थितः ! १९ तेनत्वंरूपवाञ्जातः सुरशत्रुकुलोद्वह ! । विविधाचरुचिर्ज्जातायस्मात्तवविदूरगा २० विरोचनइतिप्राहुर्य्यस्मात्त्वान्देवदानवाः ।

लगे कि हे महाबाहु विरोचन साधु साधु अर्थात् आनन्द कुशलहै इस प्रकार हास्यपूर्वक कुशल पूछनेके पीछे वह दैत्यराज पूछने लगा ७।८ कि हे ब्रह्मन् आप सत्य २ कहिये कि आपने मुझसे साधु साधु कहके किस निमित्त हास्यकियाहै ९ विरोचनके इसवचनको सुनकर शुक्राचार्य्य बोले कि मैंने तेरे व्रतके माहात्म्यके आश्चर्य्यसे यह हास्य कियाहै १० अब व्रतके माहात्म्यको कहते हैं—पहले दक्षके शापके नाशके निमित्त शिवजीने जो क्रोधकिया तब शिवजीके मस्तकसे पसीनेकी बूंद गिरी ११ वह बूंद सात पातालोंको भेदकर सातों समुद्रोंको भस्मकरडालतीभई फिर वही बूंद अनेक मुखोंकी ज्वालाओंसे जलतेहुए नेत्रवाला महाभयंकर हाथ पैरों से युक्त होकर वीरभद्रनाम से उत्पन्न होताभया वही दक्षके यज्ञको विध्वंसकरके पृथ्वी में उत्पन्नहोकर जब त्रिलोकीको भस्म करनेलगा तब शिवजीने निवारणकरदिया १२ । १३ अर्थात् शिवजीने कहा कि हे वीरभद्र तैंने दक्षका यज्ञ विध्वंसकरदिया अब त्रिलोकीको भस्म मतकर तू शान्तिकरनेवाला ग्रहोंमें मुख्य और प्रथम होगा मेरे वरसे सब लोग तेरी पूजाकरेंगे १४ । १५ तू अंगारक नाम पृथ्वीका पुत्र भौम कहलावेगा देवलोकमें तेरा दूसरा रूप होगा १६ चतुर्थी मंगलवारके दिन जो मनुष्य तेरा पूजन करेंगे उनके रूप आरोग्य और ऐश्वर्य्य यह सब अनन्त फलदायक होंगे १७ शिवजी के ऐसे वचन सुनतेही वह पृथ्वीका पुत्र उसीसमय शान्तहोगया, फिर इसके पीछे वह ग्रहहोताभया १८ उसग्रहकी पूजा कोई शूद्र कररहाथा उससमय उसपूजनको तू देखताभया इसीसे तू ऐसा रूपवान् हुआहै और दूर पहुंचनेवाली तेरी उत्तम कान्ति होगई है इस हेतुसे तुझको देवता दानव आदिक सब विरोचन कहते हैं शूद्रके करतेहुए व्रतके देखने से तेरी रूपकी सम्पत्ति होगई इस बातको देखके मैं

शूद्रेणक्रियमाणस्यव्रतस्यतवदर्शनात् २१ ईदृशींरूपसम्पत्तिंदृष्ट्वाविस्मितवानहम्। सा धुसाध्वितितेनोक्तं महीमाहात्म्यमुत्तमम्। पश्यतोऽपिभवेद्रूपमैश्वर्यंकिमुकुर्वतः २२ य स्माच्चभक्त्याधरणीसुतस्य विनिन्द्यमानेनगवादिदानम्। आलोकितन्तेनसुरारिगर्भेसम्भू तिरेषातवदैत्य! जाता २३ (ईश्वर उवाच) अथतद्वचनंश्रुत्वा भार्गवस्यमहात्मनः। प्रह्लादनन्दनोवीरः पुनःपप्रच्छविस्मितः २४ (विरोचन उवाच) भगवंस्तद्व्रतंसम्यक् श्रोतुमिच्छामितत्त्वतः। दीयमानन्तुयद्दानं मयादृष्टंभवान्तरे २५ माहात्म्यञ्चविधिंतस्य यथावद्वक्तुमर्हसि। इतितद्वचनंश्रुत्वा पुनःप्रोवाचविस्तरात् २६ (शुक्र उवाच) चतुर्थ्य ङ्गारकदिने यदाभवतिदानव!। मृदास्नानंतदाकुर्यात् पद्मरागविभूषितः २७ अग्निर्मूर्द्धा दिवोमन्त्रं जपन्नास्तेउदङ्मुखः। शूद्रस्तूष्णींस्मरन्भौममास्तेभोगविवर्जितः २८ तथास्त मितआदित्ये गोमयेनानुलेपयेत्। प्राङ्गणंपुष्पमालाभिरक्षताभिःसमन्ततः २९ अभ्य र्च्याभिलिखेत्पद्मं कुंकुमेनाष्टपत्रकम्। कुंकुमस्याप्यभावेतु रक्तचन्दनमिष्यते ३० चत्वा रःकरकाःकार्या भक्ष्यभोज्यसमन्विताः। तण्डुलैरक्तशालीयैःपद्मरागैश्चसंयुताः ३१ चतुः कोणेषुतान्कृत्वा फलानिविविधानिच। गन्धमाल्यादिकंसर्वं तथैवविनिवेदयेत् ३२ सुव र्णशृङ्गींकपिलामथार्च्य रौप्यैःखुरैःकांस्यदोहांसवत्साम्। धुरन्धरंरक्तमतीवसौम्यं धान्यानि सप्ताम्बरसंयुतानि ३३ अंगुष्ठमात्रंपुरुषंतथैव सौवर्णमत्यायतबाहुदण्डम्। चतुर्भुजंहैम

आश्चर्य्य से हंसताथा और साधु साधु ऐसा वचन कहाथा कि अहो इस व्रतके देखनेका भी ऐसे माहात्म्य हुआ और जो कदाचित् इस भौम के व्रतको करे तो न जानिये उसको क्या फल होय १९। २२ हे दैत्यराज तैंने भौमके व्रत में निन्दा से रहितहोकर भक्तिपूर्व्वक गौ आदिका दान दे खाथा इसीसे दैत्य कुलमें भी तेरा ऐसा उत्तम रूप होगयाहै २३ शिवजी कहते हैं कि इसके पीछे वह विरोचन शुक्राचार्य्यके वचनों को सुनकर आश्चर्य्य से फिर पूछनेलगा २४ कि हे भगवन् उस व्रतको और पूर्व्वजन्ममें दियेहुए दानको मैं अच्छी रीतिसे विस्तारपूर्व्वक सुनना चाहताहूं २५ आप उस व्रतके माहात्म्य और विधिको यथार्थ रीतिसे वर्णन कीजिये इस प्रकार उसके वचनको सुनकर शुक्राचार्य्यजी विस्तारसे कहनेलगे २६ शुक्रजीने कहा—हे दानव मंगलवारी चतुर्थीके दिन मृत्तिकासे स्नानकर पुखराज रत्नसे शरीरको भूषितकरै २७ अग्निर्मूर्द्धादिव—इस मंत्रको उत्तराभि मुखहोकर जपै और जो शूद्रजाति होय तो मौनहोकर भौमका ध्यानकरै उस दिन स्त्री से भोग न करै २८ सायंकालके समय अपने आंगनको गोबरसे लीपकर चारोंओर पुष्पोंकी माला और अक्ष तोंको स्थापितकरै २९ वहां मंगलका पूजन करके केशरका अष्टदल कमल लिखे केशर न होय तो लालचन्दन से लिखना श्रेष्ठहै ३० उस स्थानमें भक्ष्य भोज्य पदार्थोंसे युक्त कियेहुए चार कलशों को स्थापितकरै उनमें साठीके चांवल और पुखराजको डाले ३१ यह सब करके उनको चारों कोनों में स्थापित करदे और उनपर अनेक प्रकारके फल पुष्प और गन्धादिक भी स्थापितकरै ३२ फिर सुवर्णके शृंग चांदीके खुर और कांस्य दोहिनी इनसबसेयुक्त सवत्सा कपिला गौ और धुरन्धर बैलका

मयेनिविष्टंपात्रे गुडस्योपरिसर्पियुक्तम् ३४ समस्तयज्ञायजितेन्द्रियायपात्रायशीलान्वयसंयुताय। दातव्यमेतत्सकलंद्विजायकुटुम्बिनेनैवतुदाम्भिकाय। समर्पयेद्विप्रवरायभक्त्या कृताञ्जलिःपूर्वमुदीर्यमन्त्रम् ३५ भूमिपुत्र! महाभाग! स्वेदोद्भव! पिनाकिनः। रूपार्थी त्वाम्प्रपन्नोहं गृहाणार्घ्यंनमोऽस्तुते ३६ मन्त्रेणानेनदत्त्वार्घ्यं रक्तचन्दनवारिणा। ततोऽर्चयेद्विप्रवरं रक्तमाल्याम्बरादिभिः ३७ दद्यात्तेनैवमन्त्रेणभौमङ्गोमिथुनान्वितम्। शय्याञ्चशक्तितोदद्यात्सर्वोपस्करसंयुताम् ३८ यद्यदिष्टतमंलोके यच्चास्यदयितंगृहे। तत्तद्गुणवतेदेयन्तदेवाक्षयमिच्छता ३९ प्रदक्षिणंततःकृत्वाविसर्ज्यद्विजपुङ्गवम्। नक्तमक्षारलवणमश्नीयाद्घृतसंयुतम् ४० भक्त्यायस्तुपुनःकुर्यादेवमङ्गारकाष्टकम्। चतुरोवाथवातस्य यत्पुण्यन्तद्वदामिते ४१ रूपसौभाग्यसम्पन्नः पुनर्जन्मनिजन्मनि। विष्णौवाथशिवे भक्तः सप्तद्वीपाधिपोभवेत् ४२ सप्तकल्पसहस्राणि रुद्रलोकेमहीयते। तस्मात्त्वमपिदैत्येन्द्र! व्रतमेतत्समाचर ४३ (पिप्पलाद उवाच) इत्येवमुक्त्वाभृगुनन्दनोऽपि जगामदैत्यश्चचकारसर्वम्। त्वंचापिराजन्! कुरुसर्वमेत यतोऽक्षयंवेदविदोवदन्ति ४४ (ई

ब्राह्मणको दानकरै उस गौ और वृषभके साथ सप्तधान्योंकाभी सात वस्त्रोंमें बांधकर दानकरै ३३ अंगुष्ठ प्रमाण सुवर्णका पुरुष बनवावै परन्तु उसकी भुजा लंबी बनवावै उस चार भुजावाली मूर्तिको सुवर्णकेही पात्रमें स्थापितकरै और उस मूर्ति समेत पात्रको घृत युक्त गुड़पर स्थापितकरै ३४ फिर संपूर्ण यज्ञकरनेवाला जितेन्द्रिय पुरुष सत्पात्र शील गुण युक्त कुटुम्बी ब्राह्मणको वह सब दानकरदे पाखण्डीको कभी न दे उत्तम ब्राह्मणके अर्थ दानदेकर अंजली बांध खड़ाहोकर इस आगे कहे हुए मंत्रका उच्चारणकरै ३५ मन्त्र—हे भूमि पुत्र हे महाभाग तुम शिवजीके पसीनेसे उत्पन्नहुए हो मैं रूपके निमित्त तुम्हारी शरणहुआहूं आप प्रसन्न हूजिये आपके अर्थ नमस्कारहै मेरे अर्घको ग्रहण करो ३६ इस मन्त्र करके रक्तचन्दनसे मिश्रित जलका अर्घदानकरै फिर लालचन्दन पुष्प और वस्त्रादिकोंसे उत्तम ब्राह्मणका पूजनकरै ३७ और इसी मन्त्रसे भौमके निमित्त गो मिथुन अर्थात् एक गौ और बैलका दानकरै फिर शक्तिके अनुसार संपूर्ण वस्तुओंसे संयुक्तकीहुई सुन्दर शय्याका दानकरै ३८ संसारमें जो२ उत्तम वस्तुहैं अथवा व्रतकरनेवालेको जो२ प्रिय वस्तुहोय वह सब अक्षय गुणों की इच्छाकरनेवाला पुरुष ब्राह्मणके अर्थ दानकरै ३९ इसके अनन्तर ब्राह्मणकी प्रदक्षिणाकरके विसर्जन करदेवै फिर रात्रिमें घृत संयुक्त अलौना अन्न भोजनकरै ४० जो पुरुष इस मंगल के आठवा चार व्रतोंको भक्तिपूर्वक उक्तरीति से करता है उसको जो पुण्य फल होताहै, उसको मैं कहताहूं ४१ कि व्रतकरनेवाला रूप सौभाग्य से सम्पन्न जन्म जन्ममें विष्णु और शिवजीकी भक्तिका करनेवाला होकर सातोंद्वीपों का राजाहोता है ४२ मरनेकेपीछे सातहज़ार कल्पोंतक शिवलोकमें निवासकरता है हे दैत्येन्द्र इस हेतु से तुमभी इस व्रतको करो ४३ पिप्पलाद मुनिकहते हैं कि इस प्रकारसे इस व्रतको कहकर वह शुक्राचार्य्य जी चलेजातेभये और वह दैत्य उसीप्रकार से इस व्रतको विधिपूर्वक करताभया हे राजन् इस अक्षय व्रतको तुमभी भक्तिसेकरो ४४ इसप्रकार पिप्प-

श्वर उवाच) तथेतिसंपूज्यसपिप्पलादं वाक्यञ्चकाराद्भुतवीर्यकर्मा। शृणोतियश्चैनमनन्यचेतास्तस्यापिसिद्धिंभगवान्विधत्ते ४५ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे एकसप्ततितमोऽध्यायः ७१ ॥

(पिप्पलाद उवाच) अथातःशृणुभूपाल ! प्रतिशुक्रंप्रशान्तये। यत्रारम्भेऽवसानेच तथाशुक्रोदयेत्विह १ राजतेवाथसौवर्णे कांस्यपात्रेऽथवापुनः। शुक्लपुष्पाम्बरयुते सिततण्डुलपूरिते २ विधायराजतंशुक्रं शुचिमुक्ताफलान्वितम्। मन्त्रेणानेनतत्सर्वं सामगायनिवेदयेत् ३ नमस्तेसर्वलोकेश ! नमस्तेभृगुनन्दन !। कवे ! सर्वार्थसिद्ध्यर्थं गृहाणार्घ्यंनमोऽस्तुते ४ एवमस्योदयेकुर्वन् यात्रादिषुचभारत !। सर्वान्कामानवाप्नोति विष्णुलोकेमहीयते ५ यावच्छुक्रस्यनहृता पूजासामाल्यकैःशुभैः। वटकैःपूरिकाभिश्च गोधूमैश्चणकैरपि। तावदन्नंनचाश्नीयात् त्रिभिःकामार्थसिद्धये ६ तद्वद्वाचस्पतेःपूजां प्रवक्ष्यामियुधिष्ठिर !। सुवर्णपात्रेसौवर्णममरेशपुरोहितम् ७ पीतपुष्पाम्बरयुतं कृत्वास्नात्वाथसर्षपैः। पलाशाश्वत्थयोगेन पञ्चगव्यजलेनच ८ पीताङ्गरागवसनो घृतहोमन्तुकारयेत्। प्रणम्यचगवासार्द्धं ब्राह्मणायनिवेदयेत् ९ नमस्तेऽङ्गिरसान्नाथ ! वाक्पते ! चबृहस्पते !। क्रूरग्रहैःपीडितानामस्मतायनमोनमः १० संक्रान्तावस्यकौन्तेय ! यात्रास्वभ्युदयेषुच। कुर्वन्बृहस्पतेःपूजां सर्वान्कामान्समश्नुते ११ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे द्विसप्ततितमोऽध्यायः ७२ ॥

लाद मुनिके वचनों को सुनकर अद्भुत पराक्रमवाले राजायुधिष्ठिर भी इसव्रतको करतेभये जो पुरुष इस व्रतको एकाग्र चित्तसे सुनेगा उसकी भी सिद्धिहोगी ४५ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकसप्ततितमोऽध्यायः ७१ ॥

पिप्पलाद बोले—हे राजन् अब शुक्रदोषकी प्रशान्तिको सुनो शुक्रके उदय होनेमें तथा अस्तहोने में चांदी वा सुवर्ण अथवा कांसीका पात्र बनवाकर उसको श्वेत पुष्प वस्त्र और चावलों से पूरित करके १ । २ चांदीकाही शुक्रबनवा मोतियों से आभूषितकर उस पात्र पर स्थापित करके आगे लिखेहुए वचनोंकोकहकर सामवेदज्ञ ब्राह्मणके अर्थ दानकरै ३ मन्त्रवाक्य—हे सर्वलोकेश हे भृगुनन्दन हे कवे आपको नमस्कार है इसप्रकार शुक्रके उदय होने के समय इनवस्तुओंका दानकरनेवाला पुरुष यात्रादिकों में सब कामनादिकों को प्राप्तहोकर विष्णुलोकमें प्राप्तहोता है और जब तक श्वेत पुष्प बड़े पूरी और गेहूं चने आदिके बनेहुए पक्वान्नसे शुक्रकी पूजानहीं करले तब तक आपभोजन नहींकरै ऐसे नियमकरनेवाले पुरुषके अर्थ धर्म और काम यह तीनों पूरेहोतेहैं अर्थात् सिद्धहोतेहैं ४।६ हे युधिष्ठिर इसीप्रकार से बृहस्पतिका भी पूजन कहते हैं उसको भी सुनो बृहस्पतिकी सुवर्णमयी मूर्त्ति बनवाकर उसको भी सुवर्ण पात्रमेंही स्थापितकर पीतवस्त्रपहनावै और आप सरसोंसे संयुक्त जल वा ढाक और पीपल इनके योगका जल और पंचगव्य इन सबसे स्नानकरै ७ । ८ और पीले वस्त्र पहन पीलाही चन्दन लगाकर घृतसे हवनकरै फिर बृहस्पतिको प्रणामकर गोदान समेत उसे

(ब्रह्मोवाच) भगवन्! भव संसार सागरोत्तारकारक!। किञ्चिद्व्रतंसमाचक्ष्व स्वर्गारोग्यसुखप्रदम् १ (ईश्वर उवाच) सौरंधर्मंप्रवक्ष्यामि नाम्नाकल्याणसप्तमीम्। विशोकसप्तमींतद्वत् फलाढ्यांपापनाशिनीम् २ शर्करासप्तमींपुण्यां तथाकमलसप्तमीम्। मन्दारसप्तमींतद्वच्छुभदांशुभसप्तमीम् ३ सर्वानन्तफलाःप्रोक्ताः सर्वादेवर्षिपूजिताः। विधानमासांवक्ष्यामि यथावदनुपूर्वशः ४ यदातुशुक्लसप्तम्यामादित्यस्यदिनंभवेत्। सातु कल्याणिनीनाम विजयाचनिगद्यते ५ प्रातर्गव्येनपयसा स्नानमस्यांसमाचरेत्। ततः शुक्लाम्बरःपद्ममक्षताभिःप्रकल्पयेत् ६ प्राङ्मुखोऽष्टदलंमध्ये तद्वद्वृत्ताञ्चकर्णिकाम्। पुष्पाक्षताभिर्देवेशं विन्यसेत्सर्व्वतःक्रमात् ७ पूर्व्वेणतपनायेति मार्त्तण्डायेतिचानले। याम्येदिवाकरायेति विधात्रइतिनैर्ऋते ८ पश्चिमेवरुणायेति भास्करायेतिचानिले। सौम्येवैकर्तनायेति रवयेचाष्टमेदले ९ आदावन्तेचमध्येच नमोऽस्तुपरमात्मने। मन्त्रैरेभिः समभ्यर्च्य नमस्कारान्तदीपितैः १० शुक्लवस्त्रैःफलैर्भक्ष्यैर्धूपमाल्यानुलेपनैः। स्थण्डिले पूजयेद्भक्त्या गुडेनलवणेनच ११ ततोव्याहृतिमन्त्रेण विसर्जेद्द्विजपुङ्गवान्। शक्तितः

गुरुमूर्तिका दानकरै ९ और यह कहै कि हे वृहस्पति जी आपक्रूरग्रहोंसे पीड़ित हुए पुरुषोंको कुशल देने वाले हो आपके अर्थ नमस्कार है १० जब वृहस्पति राशिपर गमनकरैं अथवा यात्राकरनेके दिन जो पुरुष इस रीतिसे वृहस्पतिकी पूजाकरता है वह सब कामनाओंको प्राप्तहोता है ११॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विसप्ततितमोऽध्यायः ७२॥

ब्रह्माजी बोले–हेभगवन् शिवजी आप संसारसागरसे पारउतारनेवाले हैं इसीसे संसारसे उद्धार होनेका कोई व्रत ऐसा कहिये जो स्वर्गका और आरोग्यकाभी देनेवालाहोय १ शिवजीबोले–हेब्रह्माजी मैं उस सूर्य्य के व्रतको कहताहूं जिसका नाम कल्याणसप्तमी और विशोकसप्तमी विख्यातहै यह दोनों नामवाली सप्तमीपापोंकी नाशकरनेवाली और उत्तम फलोंकी देनेवाली हैं २ इसीप्रकार शर्करासप्तमी-पवित्रकमलसप्तमी–मन्दारसप्तमी–और शुभसप्तमी–यह सब सप्तमी अनन्त फलकी देनेवालीवर्णन करीहैं यह सब सप्तमियां संपूर्ण देवता और ऋषियों से पूजित हुईहैं इनसबका विधान मैं यथार्थ क्रमसे वर्णन करताहूं ३। ४ जब शुक्लपक्षकी सप्तमीको रविवारहोवे वह कल्याणिनी और विजयानामवाली सप्तमीकहाती है ५ उसदिन प्रातःकाल पंचगव्य से स्नानकर श्वेत वस्त्रोंको धारण कियेहुए कमल अक्षत आदिकों समेत पूर्वाभिमुख बैठकर अष्टदल कमलबनावे उसकमलकी गोलकर्णिका बनावै फिर उस कमल के ऊपर पुष्प अक्षतादिकों से सूर्य्यदेवताको स्थापितकर पूर्वकी ओर तपनायनमः मार्त्तण्डायनम यह कहकर अग्निकोणमें अक्षतधरै दिवाकरायनमः कहकर दक्षिणमें विधात्रेनमः कहकर नैर्ऋत्यकोणमें ६। ८ और वरुणायनमः यह कहकर पश्चिममें अक्षतधरै–भास्करायनमः कहके वायव्यमें और वैकर्त्तनायनमः कहकर उत्तरकी ओर अक्षत रक्खे और आठवेंदलपर रवयेनमः यह कहकर अक्षत स्थापित करे ९ आदिअन्त और मध्यमें परमात्मनेनमः यह उच्चारणकरै इन सबमन्त्रों से दिग्देवताओंको नमस्कारकरै १० श्वेतवस्त्र–फल–भक्ष्यपदार्थ धूप–पुष्पऔर चन्दनादिकों से

पूजयेद्भक्त्या गुडक्षीरघृतादिभिः। तिलपात्रंहिरण्यञ्च ब्राह्मणायनिवेदयेत् १२ एवंनिय-
मकृत्सुप्त्वा प्रातरुत्थायमानवः। कृतस्नानजपोविप्रैः सहैवघृतपायसम् १३ भुक्त्वाचवेद
विदुषे विडालव्रतवर्जिते। घृतपात्रंसकनकं सोदकुम्भन्निवेदयेत् १४ प्रीयतामत्रभगवा
न्परमात्मादिवाकरः। अनेनविधिनासर्वम्मासिमासिव्रतञ्चरेत् १५ ततस्त्रयोदशेमासि गा
वेदद्यात्त्रयोदश। वस्त्रालङ्कारसंयुक्ताः सुवर्णास्याःपयस्विनीः १६ एकामपिप्रदद्याद्वा वि
त्तहीनोविमत्सरः। नवित्तशाठ्यंकुर्वीत यतोमोहात्पतत्यधः १७ अनेनविधिनायस्तु कु
र्यात्कल्याणसप्तमीम्। सर्वपापविनिर्मुक्तः सूर्य्यलोकेमहीयते। आयुरारोग्यमैश्वर्यमनन्त
मिहजायते १८ सर्वपापहरानित्यं सर्वदैवतपूजिता। सर्वदुष्टोपशमनी सदाकल्याणसप्त
मी १९ इमामनन्तफलदांयस्तुकल्याणसप्तमीम्। शृणोतिपठतेचेहसर्वपापैःप्रमुच्यते २०

इति श्रीमत्स्यपुराणे त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ७३॥

(ईश्वर उवाच) विशोकसप्तमीन्तद्वद्वक्ष्यामिमुनिपुङ्गव!। यामुपोष्यनरःशोकं नक
दाचिदिहाश्नुते १ माघेकृष्णतिलैःस्नात्वा षष्ठ्यांवैशुक्लपक्षतः। कृताहारःकृसरया दन्त
धावनपूर्वकम्। उपवासव्रतंकृत्वा ब्रह्मचारीभवेन्निशि २ ततःप्रभातउत्थाय कृतस्नानंज

वेदीके ऊपर सूर्य्यका पूजनकरै गुड़तथा नमककादानकरै ११ इसके पीछे भक्तिपूर्वक उत्तम ब्रा-
ह्मणोंका गुड़घृत और दूधसे पूजनकरके शक्तिके अनुसार तिलपात्र और सुवर्णका उन ब्राह्मणों के
अर्थ दानकरै १२ फिर व्याहृति के मन्त्रों से द्विजोत्तमों का विसर्जन करदे ऐसेनियमकरके शयनकरै
फिर प्रातःकाल उठ स्नानजपादिकर ब्राह्मणोंके साथही घृत खीरका भोजनकरै १३ भोजन करनेके
पीछे वेदज्ञहिंसा रहित ब्राह्मणको सुवर्ण से युक्त घृतपात्र जलके कलश समेत दानकरदे १४ और
यह वचनकहे कि परमात्माभगवान् सूर्य्य प्रसन्नहो-इसविधिसे प्रतिमास सूर्य्यकाव्रतकरै फिरतेरहवें
महीने में वस्त्रालंकार और सुवर्ण के सींगों समेत दूध वाली तेरह १३ गौओं का दानकरै १५।१६
जो द्रव्यहीन होयतो एकगौका भी दानदेना योग्यहै इसव्रतका करनेवाला कुटिलता और वित्तशाठ्य
आदि न करै जो अज्ञानी पुरुष ऐसा करते हैं वह नरकमें प्राप्तहोते हैं १७ इसविधिसे जो कल्याण सप्त-
मीका व्रतकरताहै वह सब पापों से छुटकर सूर्य्यलोक में प्राप्तहोताहै और उसके आयुआरोग्य और
ऐश्वर्य्यादिक भी अनन्तगुणवाले होजातेहैं १८ यह सप्तमी सबपापोंकी हरनेवाली सम्पूर्ण दुःखोंकी
दूरकरनेवाली सब देवताओं से पूजित हुई सदाकल्याणसप्तमी कहाती है १९ जो कोई इस अनन्त
कल्याणवाली और अनन्तफलवालीकल्याणसप्तमी को सुनताहै अथवा पढ़ता पढ़ाताहै वह सब
पापों से छुटजाताहै २० ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रिसप्ततितमोध्यायः ७३॥

शिवजी बोले कि हे मुनिश्रेष्ठ अब विशोकसप्तमीका वर्णनकरते हैं इसका व्रतकरनेवाला मनुष्य
शोकको कभी नहीं प्राप्त होताहै १ माघशुक्लाषष्ठीको तिलोंसेस्नानकरके मूंगखिचड़ीअथवा दाल चा-
वलका भोजनकरै फिर प्रातःकाल सप्तमी के दिन दन्तधावनपूर्वक स्नानकरके जपादिक करता
हुआ ब्रह्मचर्य्यमेंरहै और अर्कायनमः यह कहकर सुवर्णके कमलको पूजे फिर लालकनेर अथवा दो

पःशुचिः। कृत्वातुकाञ्चनम्पद्ममर्कायेतिचपूजयेत् ३ करवीरेणरक्तेन रक्तवस्त्रयुगेनच।
यथाविशोकम्भुवनन्त्वयैवादित्य! सर्वदा। तथाविशोकतामेऽस्तु त्वद्भक्तिःप्रतिजन्मच ४
एवंसम्पूज्यषष्ठ्यान्तु भक्त्यासम्पूजयेद्द्विजान्। सुप्त्वासम्प्राश्यगोमूत्रमुत्थायकृतनै
त्यकः ५ सम्पूज्यविप्रानन्नेन गुडपात्रसमन्वितम्। तद्वस्त्रयुग्मम्पद्मञ्च ब्राह्मणायनिवेदये
त् ६ अतैललवणम्भुक्त्वासप्तम्याम्मौनसंयुतः। ततःपुराणश्रवणंकर्तव्यम्भूतिमिच्छता ७
अनेनविधिनासर्वमुभयोरपिपक्षयोः। कृत्वायावत्पुनर्माघशुक्लपक्षस्यसप्तमी ८ व्रतान्तेक
लशन्दद्यात्सुवर्णकमलान्वितम्। शय्यांसोपस्करान्दद्यात् कपिलाञ्चपयस्विनीम् ९ अने
नविधिनायस्तु वित्तशाठ्यविवर्जितः। विशोकसप्तमींकुर्यात् सयातिपरमाङ्गतिम् १० या
वज्जन्मसहस्राणां साग्रंकोटिशतंभवेत्। तावन्नशोकमभ्येति रोगदौर्गत्यवर्जितः ११ यंयं
प्रार्थयतेकामं तन्तमाप्नोतिपुष्कलम्। निष्कामःकुरुतेयस्तु सपरंब्रह्मगच्छति १२ यःपठे
च्छृणुयाद्वापिविशोकाख्याञ्चसप्तमीम्। सोऽपीन्द्रलोकमाप्नोतिनदुःखीजायतेक्वचित् १३॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ७४॥

(ईश्वर उवाच) अन्यामपिप्रवक्ष्यामि नाम्नातुफलसप्तमीम्। यामुपोष्यनरःपापा
द्विमुक्तःस्वर्गभाग्भवेत् १ मार्गशीर्षेशुभेमासि सप्तम्यांनियतव्रतः। तामुपोष्याथकमलं

रक्तवस्त्रों समेत करके उसका दानकरदे और ऐसावचनकहै कि हे सूर्य्यदेवता जैसे तुम्हारा लोक सदा शोकरहितरहताहै इसीप्रकार मैं भी शोकसेरहितरहूं और मेरी भक्तिकाउदयहोय २।४ इसीप्रकार भक्तिसेषष्ठी के दिन ब्राह्मणोंका पूजनकरै और प्रातःकाल उठ गोमूत्रका आचमनकर नित्यक्रिया पूर्व्वक ५ अन्नसे ब्राह्मणोंका पूजनकरके गुडसे वा दो वस्त्रोंसे युक्तकियेहुए उस पूर्व्वोक्त कमलको ब्राह्मणके अर्थ दानकरै ६ सप्तमीके दिन तेलका और नमकका भोजननहींकरै मौन धारणरक्खे फिर ऐश्वर्य्यकी इच्छाकरनेवाला पुरुष पुराणको सुनै ७ इस सब विधिसे दोनों पक्षोंमें इसव्रतको अगले माघकी शुक्लपक्षकी सप्तमीतककरै ८ फिरव्रतके अन्तमें सुवर्ण के कमलसे युक्तकियेहुए कलशका दानकरै और सर्व सामग्री समेत शय्याका दानकरै इसके साथदूधवाली गौका भी दानकरै जो पुरुष वित्तकीशठता से रहित इस विधिके अनुसार भक्तिपूर्वक विशोक सप्तमीका व्रतकरताहै वह परमगति को प्राप्तहोताहै ९।१० उसको दशपद्मजन्मोंतक कभी शोक नहीं होताहै और रोग दुःखादि से भी रहित होताहै ११ इस व्रतकाकर्त्ता जिन २ कामनाओंकी इच्छाकरताहै वह सब कामनाउसको प्राप्त होती हैं और जो निष्कामहोकर करताहै वह परब्रह्ममें लीनहोजाताहै १२ इस व्रतको जो पढ़ता सुनता अथवा सुनाताहै वहभी इन्द्रलोक में प्राप्त होकर कभी दुखी नहीं होता १३॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायां चतुस्सप्ततितमोऽध्यायः ७४॥

शिवजीबोले-कि अब उसफलवाली सप्तमीका वर्णन करते हैं जिसके दिन व्रतकरनेवाला पुरुष पापोंसे छूटकर स्वर्गमें जाता है १ मार्गशिरकी शुक्लासप्तमीके दिन इसरीतिसे व्रतकरै कि एक सुवर्ण का कमल बनाकर खांड़से संयुक्तकरके उसको किसी कुटुम्बी ब्राह्मणके अर्थ दानकरै और चारतोले

कारयित्वातुकाञ्चनम् २ शर्करासंयुतंदद्याद् ब्राह्मणायकुटुम्बिने । रविंकाञ्चनकंकृत्वा पलस्यैकस्यधर्म्मवित् । दद्याद्विकालवेलायां भानुर्मेप्रीयतामिति ३ भक्त्यातुविप्रान्संपूज्य चाष्टम्यांक्षीरभोजनम् । दत्त्वाकुर्यात्फलयुतं यावत्स्यात्कृष्णसप्तमी ४ तामप्युपोष्यविधिवदनेनैवक्रमेणतु । तद्वद्धेमफलंदत्त्वा सुवर्णकमलान्वितम् ५ शर्करापात्रसंयुक्तं वस्त्रमाल्यसमन्वितम् । संवत्सरञ्चतेनैव विधिनोभयसप्तमीम् ६ उपोष्यदद्यात्क्रमशः सूर्यमन्त्रमुदीरयेत् । भानुरर्कोरविर्ब्रह्मा सूर्यःशक्रोहरिःशिवः । श्रीमान्विभावसुस्त्वष्टा वरुणःप्रीयतामिति ७ प्रतिमासञ्चसप्तम्यामेकैकंनामकीर्त्तयेत् । प्रतिपक्षंफलत्याग मेतत्कुर्वन्समाचरेत् ८ व्रतान्तेविप्रमिथुनम्पूजयेद्वस्त्रभूषणैः । शर्कराकलशंदद्याद्धेमपद्मदलान्वितम् ९ यथानविफलाःकामास्त्वद्भक्तानांसदारवे । तथानंतफलावाप्तिरस्तुमेसप्तजन्मसु १० इमामनंतफलदां यःकुर्यात्फलसप्तमीम् । सर्वपापविशुद्धात्मा सूर्य्यलोकेमहीयते ११ सुरापानादिकङ्किञ्चिद्यदत्रामुत्रवाकृतम् । तत्सर्वंनाशमायाति यःकुर्यात्फलसप्तमीम् १२ कुर्वाणःसप्तमीञ्चेमां सततंरोगवर्जितः । भूतान्भव्यांश्चपुरुषांस्तारयेदेकविंशतिम् । यःशृणोतिपठेद्वापि सोऽपिकल्याणभाग्भवेत् १३ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे पञ्चसप्ततितमोऽध्यायः ७५ ॥

सुवर्णकी मूर्त्तिबनवाके सप्तमीकेदिन प्रदोषकालमें धर्मज्ञपुरुष ब्राह्मणको दानकरै और यह वचनभी कहै कि हे सूर्य्यमुझपर प्रसन्नहूजिये २।३ फिर भक्तिसे अष्टमीके दिन ब्राह्मणोंका पूजनकरके उनको दूधका भोजन करवावै और प्रतिमास कृष्णपक्षकी सप्तमीके दिनफलकादानकरै ४ इसविधिसे सुवर्णकाफल और कमल शर्करायुक्त पात्र वस्त्र और पुष्प इनसबका दान वर्ष दिनतक महीने २ की दोनोंपक्षकीसप्तमीके दिनकरना योग्य है ५। ६ ऐसे व्रतकरके महीनों के क्रमसे भानु १ अर्क २ रवि ३ ब्रह्मा ४ सूर्य्य ५ शुक्र ६ हरि ७ शिव ८ श्रीमान् ९ विभावसु १० त्वष्टा ११ वरुण १२ इनदेवताओंके उद्देश से दानकरै ७ महीने २ की सप्तमीको एक २ नामकाउच्चारणकरै-पक्ष २ की सप्तमीको फलोंकादानकरै ८ व्रतके अन्तमें ब्राह्मण ब्राह्मणी के जोड़ेका पूजनकरै वस्त्राभरण देकर सुवर्णके कलशसे संयुक्तकिया खांड़सेभराहुआ कलशदानकरै ९ और यह वचनकहै कि हे सूर्य जैसे तेरे भक्तोंके मनोरथ कभी निष्फल नहीं होतेहैं उसीप्रकार जन्म जन्मान्तरों में मुझको भी अनन्त फलोंकी प्राप्तिहो १० इस अनन्तफलदेनेवाली सप्तमी को जो व्रतकरता है वह सब पापोंसे विमुक्त होकर सूर्य्य लोकमें प्राप्तहोता है ११ और मदिरा पानादिक जो कुकर्म कियेहोंय वह सब तत्कालही नष्टहोजाते हैं १२ इस प्रकारसे इस सप्तमी के व्रत करनेवाले को कभी रोग नहीं होता और आगे पीछे होनेवाले इक्कीस पुरुषों को उद्धार करताहै सो इस व्रतको पढ़ता सुनता अथवा सुनाताहै वह भी कल्याण का अधिकारी होताहै १३ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचसप्ततितमोऽध्यायः ७५ ॥

(ईश्वर उवाच) शर्करासप्तमींवक्ष्ये तद्वत्कल्मषनाशिनीम् । आयुरारोग्यमैश्वर्यं ययानन्तम्प्रजायते १ माधवस्यसितेपक्षे सप्तम्यान्नियतव्रतः । प्रातःस्नात्वातिलैःशुक्लैः शुक्लमाल्यानुलेपनः २ स्थण्डिलेपद्ममालिख्य कुंकुमेनसकर्णिकम् । तस्मिन्नमःसवित्रेतु गन्धधूपौनिवेदयेत् ३ स्थापयेदुदकुंभञ्च शर्करापात्रसंयुतम् । शुक्लवस्त्रैरलंकृत्य शुक्लमाल्यानुलेपनैः । सुवर्णेनसमायुक्तं मन्त्रेणानेनपूजयेत् ४ विश्ववेदमयोयस्माद्वेदवादीतिपठ्यसे । सर्वस्यामृतमेवत्वमतःशान्तिम्प्रयच्छमे ५ पञ्चगव्यन्ततःपीत्वा स्वपेत्तत्पार्श्वतःक्षितौ । सौरसूक्तंस्मरन्नास्ते पुराणश्रवणेनच ६ अहोरात्रेगतेपश्चादष्टम्यांकृतनैत्यकः । तत्सर्वंविदुषेतद्वद्ब्राह्मणायनिवेदयेत् ७ भोजयेच्छक्तितोविप्राञ्छर्करा घृतपायसैः । भुञ्जीतातैललवणं स्वयमप्यथवाग्यतः ८ अनेनविधिनासर्वं मासिमासि समाचरेत् । संवत्सरान्तेशयनं शर्कराकलशान्वितम् ९ सर्वोपस्करसंयुक्तं तथैकांगांपयस्विनीम् । गृहञ्चशक्तिमान्दद्यात्समस्तोपस्करान्वितम् १० सहस्रेणाथनिष्काणां कृत्वा दद्याच्छतेनवा । दशभिर्वाथनिष्केण तदर्द्धेनापिशक्तितः ११ सुवर्णाश्वःप्रदातव्यः पूर्ववन्मंत्रवादनम् । नवित्तशाठ्यंकुर्वीत कुर्वन्दोषंसमश्नुते १२ अमृतम्पिवतोवक्त्रात्सूर्य्यस्या

शिवजी कहते हैं कि इसीप्रकार उस सबपापोंकी नाशकरनेवाली शर्करा सप्तमीको भी वर्णनकरताहूं जिसके कि प्रभावसे आयु आरोग्य और ऐश्वर्य्य यह सब प्राप्तहोते हैं-१ वैशाख शुक्ला सप्तमीको प्रातःकाल श्वेततिल युक्त जलसे स्नानकर श्वेतपुष्प अनुलेप और चन्दनादिक धारणकरै २ वेदीमें केशरसे उत्तम दलोंसमेत कमल लिखे उसमें सवित्रेनमः इस मंत्रसे पुष्प गंधादिचढ़ावै ३ फिर शर्कराके पात्रसमेत जलका कलश उसपर स्थापितकरै और श्वेत चन्दन अक्षत पुष्प और वस्त्रसे उसको आच्छादितकरै और सुवर्ण से युक्तकरके इन वचनों से पूजनकरै ४ कि विश्वमें आप वेदमय हो इस हेतुसे वेदवादी कहातेहो तुम सबको अमृतरूप हो इस कारण आप मेरी शान्तिकरो यह सूर्य्य के मंत्रका अर्थ है ५ फिर पंचगव्य पीकर उसमूर्त्तिकेही समीप पृथ्वीपर शयनकरै सूर्य्यकेही मंत्रका पाठकरै--पुराणकोसुनै ६ जब एकदिन और रात्रि व्यतीत होजाय तब अष्टमी के दिन नित्य कर्मकरके वह सब वस्तु ब्राह्मणको दे दं ७ शक्तिके अनुसार ब्राह्मणों का भोजनकरवावे परन्तु शर्करा--घृत और खीर इन्हीं वस्तुओं को खिलावे तेल और निमक का भोजन नहीं करावै और आपभी नियमपूर्वक इसी विधिसे भोजनकरै इस विधिसे प्रतिमास संपूर्ण आचरणकरै जब एकवर्ष व्यतीत होजाय तब शर्कराके पात्रसमेत कलश संपूर्ण शय्याकी सामग्रियों से और उत्तम गौसे युक्त शय्याका दानकरै और जो सामर्थ्यहोय तो सबखानेपीने आदि गृहस्थीकी द्रव्योंसे पूर्ण कियाहुआ गृहका दानकरै फिर यथाशक्ति सौ १०० निष्कका (एकनिष्कचाररुपयेका) वा दश निष्कका अथवा पांचही निष्कों का एक सुवर्णका घोड़ाबनवाके पूर्व्व कहेहुए मंत्रोंसे दानकरै वित्तशाठ्य न करै और खर्चकरने में लोभ न करै क्योंकि लोभकरनेमें दोषहोता है ८।१२ अमृत पीतेहुए सूर्य्यके मुखसे अमृत की बूंदगिरतीहुई उसीसे शाली चावल मूंग और ईख यह तीनों वस्तु उत्पन्न होतीभईं इनतीनों में परम उत्तम

मृतबिंदवः। निपेतुर्यैतदुत्थामी शालिमुद्रेक्षवःस्मृताः १३ शर्करातुपरातस्मादिक्षुसारो
ऽमृतात्मवान्। इष्टारवेरतःपुण्या शर्कराहव्यकव्ययोः १४ शर्करासप्तमीचेयं वाजिमेध
फलप्रदा। सर्वदुष्टप्रशमनी पुत्रपौत्रप्रवर्द्धिनी १५ यःकुर्यात्परयाभक्त्या सर्वैसद्गतिमाप्नु
यात्। कल्पमेकंवसेत्स्वर्गे ततोयातिपरम्पदम् १६ इदमनघंयःशृणोतिस्मरेद्वा परिपठती
हसुरेश्वरस्यलोके। मतिमपिचददातिसोऽपिदेवैरमरवधूजनमालयाभिपूज्यः १७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे षट्सप्ततितमोऽध्यायः ७६॥

(ईश्वर उवाच) अतःपरम्प्रवक्ष्यामि तद्वत्कमलसप्तमीम्। यस्याःसङ्कीर्तनादेव तु
ष्यतीहदिवाकरः १ वसन्तामलसप्तम्यां स्नातःसन्गौरसर्षपैः। तिलपात्रेचसौवर्णं विधा
यकमलंशुभम् २ वस्त्रयुग्मावृतंकृत्वा गंधपुष्पैःसमर्चयेत्। नमःकमलहस्ताय नमस्तेवि
श्वधारिणे ३ दिवाकर! नमस्तुभ्यं प्रभाकर! नमोऽस्तुते। ततोद्विकालवेलायामुदकुम्भ
समन्विताम् ४ विप्रायदद्यात्सम्पूज्य वस्त्रमाल्यविभूषणैः। शक्त्याचकपिलांदद्यादलंकृ
त्यविधानतः ५ अहोरात्रेगतेपश्चादष्टम्याम्भोजयेद्द्विजान्। यथाशक्त्याथभुञ्जीत मां
सतैलविवर्जितम् ६ अनेनविधिनाशुक्लसप्तम्यांमासिमासिच। सर्वसमाचरेद्भक्त्या वि
त्तशाठ्यविवर्जितः ७ व्रतांतेशयनंदद्यात्सुवर्णकमलान्वितम्। गाश्चदद्यात्स्वशक्त्यातुसु

ईखसे खांड़बनी है क्योंकि ईखका सार अमृतासव के समान है इस हेतुसे हव्य कव्य दानमें सूर्य्य को शर्कराही प्रियहै १३-१४ इस शर्करा सप्तमीको अश्वमेध यज्ञके समान फलदेनेवाली वर्णनकी है यह सप्तमी संपूर्ण रोगोंको शान्तकरती है पुत्र पौत्रोंको बढ़ाती है १५ जो इस व्रतको परमभक्ति से करताहै उसकी सद्गतिहोतीहै वह व्रत कर्त्ता पुरुष एक कल्पतक तो स्वर्गलोकमें वासकरताहै और फिर परमपदको प्राप्तहोजाता है १६ जो कोई इस व्रतको सुनताहै स्मरण करताहै वा पढ़ताहै वह इन्द्रके लोकमें प्राप्तहोताहै जो इस व्रतके करनेकी किसीको अनुमति देताहै वहभी देवताओं की स्त्रियों से पूजित होकर स्वर्ग में वास करता है १७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषट्सप्ततितमोऽध्यायः ७६॥

शिवजी कहते हैं कि अब मैं उस कमल सप्तमीको कहताहूं जिसके संकीर्त्तनमात्र सेही सूर्य्य प्रसन्नहोते हैं १ वसन्त ऋतुमें शुक्लपक्षकी सप्तमीके दिन गौरी सरसोंसे स्नानकरके तिलोंका पात्र बनावै उसमें एकसुवर्णका कमल बनावै २ उसको दो वस्त्रोंसे आच्छादितकर गन्धपुष्पादिसे पूजन करै कमलहस्तायनमः विश्वधारिणेनमः इनमन्त्रोंका उच्चारणकरै ३ और कहै कि हे दिवाकर तुम को नमस्कार और हे प्रभाकर तुमको नमस्कार है यह कहकर सायंकाल के समय जलके कलश से युक्त उस कमलका दानकरै ४ और दानलेनेवाले ब्राह्मणको वस्त्र माला और आभूषणादिकसे पूजनकर शक्तिके अनुसार कपिलागौको आभूषितकरके दानकरै ५ जब एकदिनव्यतीतहोजाय तब अष्टमी के दिनमांस और तेलके विना सामर्थ्यके अनुसार ब्राह्मणों को भोजन करवावै ६ इसविधिसे महीने २ की शुक्लपक्षकी सप्तमीके दिन वित्तशाठ्य से रहित सम्पूर्ण आचरणकरै किसी वस्तुमें भ

वर्णाढ्याम्पयस्विनीम् ८ भाजनासनदीपादीन्दद्यादिष्टानुपस्करान्। अनेनविधिनायस्तु कुर्यात्कमलसप्तमीम्। लक्ष्मीमनन्तामभ्येति सूर्य्यलोकेमहीयते ९ कल्पेकल्पेततोलोकान् सप्तगत्वापृथक्पृथक्। अप्सरोभिःपरिवृतस्ततोयातिपराङ्गतिम् १० यःपश्यतीदं शृणुयाच्चमर्त्यः पठेच्चभक्त्याथमतिंददाति। सोऽप्यत्रलक्ष्मीमचलामवाप्य गन्धर्वविद्याधरलोकभाक्स्यात् ११ इति श्रीमत्स्यपुराणेसप्तसप्ततितमोऽध्यायः ७७॥

(ईश्वर उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि सर्वपापप्रणाशिनीम्। सर्वकामप्रदांरम्यां नाम्नामन्दारसप्तमीम् १ माघस्यामलपक्षेतु पञ्चम्यांलघुभुङ्नरः। दन्तकाष्ठंततःकृत्वा षष्ठीमुपवसेद्बुधः २ विप्रान्संपूजयित्वातु मन्दारंप्राशयेन्निशि। ततःप्रभातउत्थाय कृत्वास्नानं पुनर्द्विजान्-३ भोजयेच्छक्तितःकृत्वा मन्दारकुसुमाष्टकम्। सौवर्णंपुरुषंतद्वत् पद्महस्तं सुशोभनम् ४ पद्मंकृष्णतिलैःकृत्वा ताम्रपात्रेषुपत्रकम्। हैममन्दारकुसुमैर्भास्करायेतिपूर्वतः ५ नमस्कारेणतद्वच्च सूर्य्यायेत्यानलेदले। दक्षिणेतद्वदर्काय यथार्यम्णेतिनैर्ऋते ६ पश्चिमेवेदधाम्नेच वायव्येचण्डभानवे। पूष्णेत्युत्तरतःपूज्यमानन्दायेत्यतःपरम् ७ कर्णिकायाञ्चपुरुषं स्थाप्यसर्वात्मनेतिच। शुक्लवस्त्रैःसमावेष्ट्य भक्ष्यैर्माल्यफलादिभिः ८ एव

लोभ न करै ७ जब व्रत समाप्तहोजाय तब सुवर्ण के कमल समेत शय्याका दानकरै और सुवर्णयुक्तगौका भी दानकरै इन सबके साथपात्र आसन और दीपकादिका भी दानकरै इसविधिसे जो कमल सप्तमीका व्रत करता है वह अनन्त लक्ष्मीसे युक्त होकर सूर्य्यलोकमें प्राप्तहोताहै ८। ९ और कल्प २ के अन्तमें एक २ लोकमें प्राप्तहो सातोंलोकोंमें विचरता अप्सराओंके साथ रमण करता है और फिर मोक्षको प्राप्तहोजाता है १० इस व्रतको जो देखतासुनता कहता और आपभी कर्त्ता दूसरेको अनुमति देकरपढ़ता है वह भी इसलोकमें परमालक्ष्मीको प्राप्तहोके अन्तमें स्वर्गकोप्राप्तहोकर अप्सराओंके साथरमण करता है ११॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तसप्ततितमोऽध्यायः ७७॥

शिवजी कहते हैं-कि अब मैं सब कामनाओं की देनेवाली रमणीक मन्दार नामवाली सप्तमी को कहताहूं- १ माघशुक्लापंचमी के दिनहलका भोजनकरै फ़िर षष्ठीके दिन दन्तधावनकर जलमेंप्रवेशकरके स्नानकरै २ ब्राह्मणोंका पूजनकर रात्रिमें नींबके पत्तोंका भक्षणकरै फिर सप्तमीको प्रातःकाल उठ स्नानादिसे निवृत्तहो शक्तिके अनुसार ब्राह्मणोंका भोजन करवावै तदनन्तर नींबके आठ फूल सुवर्ण और काले तिल इनको तांबेके पात्रमें रखकर पत्रबनावै फिर नीबके तथा सुवर्णके पुष्पों से पूर्व्व के समान सूर्य्य का आवाहनकरै ३। ५ और सूर्य्य को नमस्कारकर अग्निकोणमें अक्षत और पुष्पोंको स्थापितकरै--दक्षिणदिशामें-अर्कायनम नैर्ऋत्यमें--अर्य्यम्णनमः पश्चिममें-वेदधाम्नेनमः--वायव्यमें--चंडभानवेनमः इस रीतिसे सूर्य्यको नमस्कारकर उत्तरको पूजनकरै आनन्दायनमः यह कहकर ईशानका पूजनकरै ६। ७ कमलकी कर्णिकापर पुरुषकी मूर्त्ति स्थापितकर सर्वात्मनेनम. ऐसा कहकर उस मूर्त्तिपर श्वेत वस्त्र चढ़ावै और भक्ष्य पदार्थ समेत पुष्प फलादिकों

मभ्यर्च्यतत्सर्वं दद्याद्वेदविदेपुनः। भुञ्जीतातैललवणंवाग्यतःप्राङ्मुखोगृही ६ अनेन
विधिनासर्वं सप्तम्यांमासिमासिच। कुर्य्यात्संवत्सरंयावद्वित्तशाठ्यविवर्जितः १० एत
द्देवव्रतान्तेतु निधायकलशोपरि। गोभिर्विभवतःसार्द्धं दातव्यंभूतिमिच्छता ११ नमोम
न्दारनाथाय मन्दारभवनायच। त्वंरवे! तारयस्वास्मान्संसारभयसागरात् १२ अनेन
विधिनायस्तु कुर्य्यान्मन्दारसप्तमीम्। विपाप्माससुखीमर्त्यः कल्पश्चदिविमोदते १३ इमा
मघौघपटलभीषणध्वान्तदीपिकाम्। गच्छन्प्रगृह्यसंसारे सर्वार्थांश्चलभेन्नरः १४ मन्दार
सप्तमीमेता मीप्सितार्थफलप्रदाम्। यःपठेच्छृणुयाद्वापि सर्वपापैःप्रमुच्यते १५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेऽष्टसप्ततितमोऽध्यायः ७८॥

(श्रीभगवानुवाच) अथान्यामपिवक्ष्यामि शोभनांशुभसप्तमीम्। यामुपोष्यनरोरोग
शोकदुःखैःप्रमुच्यते १ पुण्येचाश्वयुजेमासि कृतस्नानजपःशुचिः। वाचयित्वाततोविप्रा
नारभेच्छुभसप्तमीम् २ कपिलांपूजयेद्भक्त्या गन्धमाल्यानुलेपनैः। नमामिसूर्य्यसम्भू
तामशेषभुवनालयाम्। त्वामहंशुभकल्याणशरीरांसर्वसिद्धये ३ अथकृत्वातिलप्रस्थं ता
म्रपात्रेणसंयुतम्। काञ्चनंवृषभंतद्वद्गन्धमाल्यगुडान्वितैः ४ फलैर्नानाविधैर्भक्ष्यैर्घृतपाय
ससंयुतैः। दद्यात्द्विकालवेलायामर्य्यमाप्रीयतामिति ५ पञ्चगव्यञ्चसंप्राश्य स्वपेद्भूमौवि

से पूजनकरै ८ फिर वेदज्ञ ब्राह्मणके अर्थ दानकरदे और तेल तथा निमकसे रहित भोजनकरै गृह-
स्थी पुरुष तो मौन धारणकर पूर्व्वाभिमुख होकर भोजनकरै ९ इसी विधिसे प्रतिमासकी सप्तमीके
दिन एक वर्षतक इस व्रतको करै धनके खर्चनेमें कृपणता नहीं करै १० जब व्रत समाप्तहोजाय तब
इसप्रकारसे बनायेहुए कमलको कलशपर स्थापितकरके दानकरै जो ऐश्वर्य्य होनेकी इच्छाकरताहै
उसको गौदानकरना उचितहै ११ मन्दरनाथके अर्थ नमस्कार मन्दरभवनके अर्थ नमस्कारहै हे
सूर्य्य आप हम सबको इस संसार रूपी भवसागरसे पार उतारो १२ इस विधिसे जो मन्दारस-
प्तमीका व्रतकरताहै वह पापसे रहितहोकर एक कल्पतक स्वर्गमें वासकरताहै १३ संसारके पाप रूप
भयंकर अन्धकारके निवृत्तकरनेके निमित्त यह दीपक रूप सप्तमी कही है इस व्रतके करनेसे संसार
में विचरताहुआ पुरुष सब मनोरथोंको प्राप्तहोजाताहै १४ इस वांछित फलकी देनेवाली मन्दार
सप्तमीको जो पढ़ता और सुनताहै वह सब पापोंसे छूटजाताहै १५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टसप्ततितमोऽध्यायः ७८॥

श्रीभगवान् कहते हैं कि अब उस शुभ सप्तमीको कहताहूं जिसका व्रतकरके मनुष्य सब दुःखोंसे
छूटजाताहै १ पवित्र आश्विनके महीनेमें शुभ शुक्ल पक्षकी सप्तमीके दिन स्नान जपादिसे पवित्रहो
ब्राह्मणोंसे स्वस्तिवाचन करवाके व्रतका प्रारम्भकरै २ गन्ध पुष्प और चन्दनादिकसे कपिला गौके
पूजनकरै और यह वचन कहै कि हे सूर्य्यसे उत्पन्नहोनेवाली हे सर्व भुवनोंमें स्थानवाली तुभको
नमस्कारहै मैं संपूर्ण सिद्धि और कल्याणोंके निमित्त तेरी शरण हुआहूं ३ इसके पीछे सवासेर तिल
तांबेके पात्रमें धरै सुवर्णका बैल गंध माला गुड़ अनेक प्रकारके भक्ष्य पदार्थ दूध घृतके पदार्थ इन

मत्सरः। ततःप्रभातेसञ्जाते भक्त्यासंपूजयेद्द्विजान् ६ अनेनविधिनादद्यान्मासिमासि
सदानरः । वाससीवृषभंहैमं तद्वद्गांकाञ्चनोद्भवाम् ७ संवत्सरान्तेशयनमिक्षुदण्डगुडा
न्वितम्। सोपधानकविश्रामं भाजनासनसंयुतम् ८ ताम्रपात्रेतिलप्रस्थं सौवर्णंवृषभंत
था। दद्याद्वेदविदेसर्वं विश्वात्माप्रीयतामिति ९ अनेनविधिनाविद्वान्कुर्याद्यःशुभसप्तमी
म्। तस्यश्रीर्विपुलाकीर्तिर्भवेज्जन्मनिजन्मनि १० अप्सरोगणगन्धर्वैः पूज्यमानःसुराल
ये। वसेद्गणाधिपोभूत्वा यावदाभूतसंप्लवम्। कल्पादाववतीर्णस्तु सप्तद्वीपाधिपोभवेत्
११ ब्रह्महत्यासहस्रस्य भ्रूणहत्याशतस्यच। नाशायालमियंपुण्या पठ्यतेशुभसप्तमी १२
इमांपठेद्यःशृणुयान्मुहूर्तं पश्येत्प्रसङ्गादपिदीयमानम्। सोऽप्यत्रसर्वाघविमुक्तदेहः प्राप्नो
तिविद्याधरनायकत्वम् १३ यावत्समाःसप्तनरःकरोति यःसप्तमींसप्तविधानयुक्ताम्। स
सप्तलोकाधिपतिःक्रमेण भूत्वापदंयातिपरंमुरारेः १४ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेनवसप्ततितमोऽध्यायः ७९ ॥

(मनुरुवाच) किमभीष्टवियोगशोकसंघादलमुद्धर्तुमुपोषणंव्रतंवा। विभवोद्भवका
रिभूतलेऽस्मिन् भवभीतेरपिसूदनञ्चपुंसः १ (मत्स्यउवाच) परिपृष्टमिदंजगत्प्रियन्ते वि

सब वस्तुओंसमेत उसको सायंकालके समय यह कहकर दानकरै कि हे अर्य्यमासूर्य्य प्रसन्नहूजिये ४।५
पंचगव्यका प्राशनकरे तब भोजनकरै कुटिलतासे रहितरहै पृथ्वीपर शयनकरै जब प्रातःकालहोय
तब भक्तिसे ब्राह्मणोंका पूजनकरे इस विधिसे प्रतिमास दानकरै जब एक वर्ष पूराहोजाय तब सुन्दर
वस्त्र सुवर्ण का बैल सुवर्ण की गौ शय्या इक्षु दंड--गुड--बिछोना--तकिया--पात्र--और आसन इत्या-
दिकों से युक्त शय्या दानकरै ६। ८ फिर तांबे के पात्रमें सवासेर तिल--और सुवर्ण का बैल इन
दोनोंको स्थापितकरके वेदज्ञ ब्राह्मणके अर्थ दानकरै और कहे कि विश्वात्मा प्रसन्नहो ९ इस विधि
से जो विद्वान् इस शुभ सप्तमीका व्रतकरताहे उसके गृहमें बहुतसी लक्ष्मी होती है और जन्म२ में
कीर्त्तिकी वृद्धि होती है १० इसके विशेष अप्सराओंके गणसे पूजितहोकर स्वर्गमें प्राप्त होताहै और
प्रलयकालतक बहुतसे गणोंका अधिपति रहताहै फिर कल्पके अन्तमें पृथ्वीपर जन्मलेकर सातों
द्वीपोंका अधिपति होताहै अर्थात् राजा होताहै ११ हज़ारों ब्रह्महत्या और सैकड़ों भ्रूणहत्याओं का
नाश होजाताहै पढ़नेवालोंको यह शुभ सप्तमी पुण्यदात्री कहीहै १२ इस शुभ सप्तमीको जो पठन
पाठनादिक करताहै अथवा सुनताहै वा एक मुहूर्त्त मात्र भी इस दिनके दियेहुए दानादिको देखता
है वह सब पापोंसे छूटकर विद्याधरोंका नायक होताहै १३ सात वर्षतक सात प्रकारके विधानवाली
इन सप्तमियोंको जो पुरुष करताहै वह क्रमसे सात लोकोंका अधिपति होकर फिर विष्णुलोकमें
प्राप्त होताहै अर्थात् परमपदवाली मोक्षको प्राप्त होजाताहै १४ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकोनाशीतितमोऽध्यायः ७९ ॥

मनुजी बोले-हे भगवन् प्रियजनोंका वियोग न होना शोक न होना जिसका फलहोय और जिसके
प्रभावसे इस लोक में ऐश्वर्य्य भी बहुतसा होय ऐसा कौनसा व्रत है उसको कृपा करके कहिये १

दुर्ध्यानामपिदुर्लभंमहत्वात्। तवभक्तिमतस्तथापिवक्ष्येव्रतमिन्द्रासुरमानवेषुगुह्यम् २पुण्य माश्वयुजेमासि विशोकद्वादशीव्रतम् । दशम्यांलघुभुग्विद्वानारभेन्नियमेनतु ३ उदङ्मुखःप्राङ्मुखोवा दन्तधावनपूर्वकम् । एकादश्यांनिराहारः समभ्यर्च्यतुकेशवम् । श्रियंवाभ्यर्च्यविधिवद्भोक्ष्यामित्यपरेऽहनि ४ एवंनियमकृत्सुप्त्वा प्रातरुत्थायमानवः । स्नानंसर्वौषधैःकुर्यात्पञ्चगव्यजलेनतु । शुक्लमाल्याम्बरधरः पूजयेच्छ्रीशमुत्पलैः ५ विशोकायनमः पादौ जंघेचवरदायवै । श्रीशायजानुनीतद्वदूरूचजलशायिने ६ कन्दर्पायनमोगुह्यं माधवायनमःकटिम् । दामोदरायेत्युदरम्पार्श्वेचविपुलायवै ७ नाभिञ्चपद्मनाभाय हृदयंमन्मथायवै । श्रीधरायविभोर्वक्षः करौमधुजितेनमः ८ चक्रिणेवामबाहुञ्च दक्षिणङ्गदिनेनमः । वैकुण्ठायनमःकण्ठमास्यंयज्ञमुखायवै ९ नासामशोकनिधये वासुदेवायचाक्षिणी । ललाटंवामनायेति हरयेतिपुनर्भ्रुवौ १० अलकान्माधवायेति किरीटंविश्वरूपिणे । नमः सर्वात्मनेतद्वच्छिरइत्यभिपूजयेत् ११ एवंसंपूज्यगोविन्दं फलमाल्यानुलेपनैः । ततस्तुमण्डलंकृत्वा स्थण्डिलंकारयेन्मृदा १२ चतुरस्रंसमन्ताच्च रत्निमात्रमुदक्प्लवम् । श्लक्ष्णं हृद्यंचपरितो विप्रत्रयसमावृतम् १३ अंगुलेनोच्छ्रिताविप्रास्तद्विस्तारस्तुद्व्यंगुलः । स्थ

मत्स्यजी बोले-हे मनु तेंने जोप्रश्नकियाहै वहजगत्का हितकारी है और देवताओंको भी वड़ादुर्लभहै मैंतेरी भक्तिसे उस गूढ़ व्रतको कहताहूं २ पवित्र आश्विनके महीनेमें विशोक द्वादशीका व्रतहोताहै उसकीयहविधिहै कि दशमीके दिन अल्पाहारी होकर मौन धारणकर उस व्रतकाप्रारंभकरै ३ एकादशी को उत्तर वा पूर्वकी ओर मुख करके दन्तधावनकरै फिर स्नानकरके स्वल्प भोजनकर केशवभगवान्को और लक्ष्मीजीका पूजन करके दूसरे दिन द्वादशी को विधिपूर्व्वक भोजनकरै ४ ऐसे नियम करके शयनकरै फिर प्रातःकाल उठ सर्वौषधी तथापंचगव्यके जलसे स्नानकर श्वेतपुष्प औरवस्त्रोंको धारण करै फिर लक्ष्मी नारायण का पूजन श्वेतकमलोंसे करै ५ विशोकायनमः इसमंत्रसे चरणोंको पूजन करै-वरदायनमः इसमंत्रसे पिंडलियों को-श्रीशायनमः इसमंत्रसे घोंटुओंको-जलशायिनेनमः इस मन्त्रसे जंघाओंको-कन्दर्प्पायनमः इस मंत्रसे गुदाको-माधवायनमः इस मंत्रसे कटिको-दामोदरायनमः इस मंत्रसे उदरको-विपुलायनमः इस मंत्रसे पसलियोंको-पद्मनाभायनमः इस मंत्रसे नाभिको-मन्मथायनमः इस मंत्रसे हृदयको-श्रीधरायनमः इस मंत्रसे विष्णुकी छातीको-और मधुजितेनमः इस मन्त्रसे हाथोंको पूजै ६ । ८ चक्रिणेनमः इस मंत्रसे वामभुजाको-गदिनेनमः इस मंत्रसे दक्षिण भुजाको-वैकुण्ठायनमः यह कहकर कण्ठको-यज्ञमुखायनमः इस मंत्रसे मुख को ९ अशोकनिधयेनमः इस मंत्रसे नासिकाको-वासुदेवायनमः इस मंत्रसे आंखोंको-वामनाय नमः इस मंत्रसे मस्तकको-हरयेनमः इस मंत्रसे भृकुटियोंको-माधवायनमः इस मंत्रसे केश कुन्तलों को-विश्वरूपिणेनमः इस मंत्रसे मुकुट को-और सर्व्वात्मनेनमः इस मंत्रसे मूर्त्ति के शिरको पूजै १० । ११ इस क्रमसे चन्दन पुष्पादिकों से विष्णुकी सर्वांगों समेत मूर्त्तिका पूजनकरके पृथ्वी में मंडलाकार कर मृत्तिकाने वेदी बनावे १२ चौखूंटी रत्निपुटप्रमाण वेदी बनावे उसके बराबरमें सुन्दर छोटी २ ब्राह्मणों की मूर्त्ति बनवावे एक अंगुल ऊंची दोअंगुल लंबी मूर्त्तियां बनानी चाहिये

ण्डिलस्योपरिष्टाच्च भित्तिरष्टांगुलाभवेत् १४ नदीबालुकयाशूर्पे लक्ष्म्याःप्रतिकृतिंन्यसेत्
स्थण्डिलेशूर्पमारोप्य लक्ष्मीमित्यर्चयेद्बुधः १५ नमोदेव्यैनमःशान्त्यै नमोलक्ष्म्यैनमः
श्रियै। नमःपुष्ट्यैनमस्तुष्ट्यै वृष्ट्यैहृष्ट्यैनमोनमः १६ विशोकादुःखनाशाय विशोका
वरदास्तुमे। विशोकाचास्तुसम्पत्त्यै विशोकासर्वसिद्धये १७ ततःशुक्लाम्बरैःशूर्पं वेष्ट्य
संपूजयेत्फलैः। वस्त्रैर्नानाविधैस्तद्वत् सुवर्णकमलेनच १८ रजनीषुचसर्वासु पिबेद्द
ऋषियों का कथन है ८ इस सुकृतकर्म करने से पुरुष ऐसे लोकों में जाता है जहां सब कामनाओं के फलदायी वृक्ष स्वर्णमयी पृथ्वी ऋषि मुनि सिद्ध और हज़ारों स्त्रियों से युक्त रमणीक गंगाजी के तटपर उन्हीं ऋषियों के साथ आनन्द करता हुआ९।१०सिद्ध चारण और गन्धर्वादिकों के साथ स्वर्ग में आनन्द करता है फिर स्वर्ग से पतित होके पृथ्वी पर आनकर जम्बूद्वीपका अधिपति राजा होता है ११ फिर वारंवार शुभ कर्मों को चिन्तवन करता हुआ निस्सन्देह इस संसारमें गुणवान् और धनाढ्य होता है १२ जो मनुष्य मनवाणी और कर्मसे सत्य धर्म में स्थित होकर गंगा यमुना के मध्यमें गोदान करता है और सुवर्ण मणिमुक्तादिक पदार्थोंको अपने वा देवपितृ कर्ममें अथवा देव पूजनमें दान करता है उसका वह तीर्थ सफल होकर यथार्थ पुण्यको प्राप्त कराताहै १३।१४ और ब्राह्मणको भी जहांतक वनपड़े वहांतक तीर्थ पै यज्ञ स्थानादिकों में अथवा सम्पूर्ण निमित्तों में भी प्रमाद से रहित होकर दान नहीं लेना चाहिये १५ जो पुरुष दूधवाली पाटला वा कपिला गौ को स्वर्णशृंगी रूपेकी खुरी कांसेकी दोहनी और वस्त्रादि से युक्त करके प्रयागजी में वेदपाठी शुक्लवस्त्र-धारी शान्त धर्मज्ञ और वेदपारग ब्राह्मणको गंगा यमुनाके संगममें उत्तम रत्नोंसे युक्त करके दानदेता है १६।१८ वह उस गौ के शरीर में जितने रोमहोंय उतनेही वर्षोंतक स्वर्गमें वास करताहै १९ फिर जहां जन्म लेता है वहां वही गौ सन्मुख रक्षा करती हुई घोरनरक में नहीं जाने देती और उत्तर कुरु संज्ञक देशों में प्राप्त होकर अक्षयकालतक आनन्द करताहै २० जो पुरुष हज़ारों गौओंमें से एकही दूधवाली गौ का दान करता है वह एकही गौ उसके पुत्र स्त्री और भृत्यादि लोगोंको पार उतारदेती है २१ इसी हेतुसे सबदानों से गौकाही दान विशेष कहाहै क्योंकि वह एकही गौ बड़े २ विषम दु-

वेषुदानेषु गोदानन्तुविशिष्यते । दुर्गमेविषमेघोरे महापातकसम्भवे । गौरेवरक्षांकुरु
ते तस्माद्देयाद्विजोत्तमे २२॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेचतुरधिकशततमोऽध्यायः १०४॥
(युधिष्ठिर उवाच) यथायथाप्रयागस्य माहात्म्यंकथ्यतेत्वया । तथातथाप्रमुच्येऽ
हं सर्वपापैर्नसंशयः १ भगवन्! केनविधिना गन्तव्यंधर्म्मनिश्चयैः । प्रयागेयोविधिःप्रो
क्तस्तन्मेब्रूहिमहामुने २ (मार्कण्डेय उवाच) कथयिष्यामितेराजन्! तीर्थयात्राविधि
क्रमम् । आर्षेणविधिनानेन यथादृष्टंयथाश्रुतम् ३ प्रयागतीर्थयात्रार्थी यःप्रयातिनरः
क्वचित् । बलिवर्दसमारूढः शृणुतस्यापियत्फलम् ४ नरकेवसतेघोरेगवांक्रोशेहिदारु
णे । सलिलंनचगृह्णन्ति पितरस्तस्यदेहिनः ५ यस्तुपुत्रांस्तथाबालान् स्नापयेत्पाययेत्
तथा । यथात्मनातथासर्वं दानंविप्रेषुदापयेत् ६ ऐश्वर्यलोभमोहाद्वा गच्छेद्यानेनयोन
रः। निष्फलंतस्यतत्सर्वं तस्माद्यानंविवर्जयेत् ७ गङ्गायमुनयोर्मध्ये यस्तुकन्यांप्रयच्छति
आर्षेणैवविवाहेन यथाविभवसम्भवम् ८ नसपश्यतितंघोरं नरकंतेनकर्म्मणा । उत्त
रान्सकुरून्गत्वा मोदतेकालमक्षयम् । पुत्रान्दारांश्चलभतेधार्मिकान्रूपसंयुतान् ९ त
त्रदानंप्रकर्त्तव्यं यथाविभवसम्भवम् । तेनतीर्थफलञ्चैव वर्धतेनात्रसंशयः । स्वर्गेतिष्ठ
तिराजेन्द्र! यावदाभूतसंप्लवम् १० वटमूलंसमासाद्य यस्तुप्राणान्विमुञ्चति । सर्वलो
कानतिक्रम्य रुद्रलोकंसगच्छति ११ तत्रतेद्वादशादित्यास्तपन्तिरुद्रसंश्रिताः । निर्द

गम और घोर पातकोंमें रक्षा करतीहै इसहेतुसे उत्तम ब्राह्मणके अर्थ अवश्य गौ दानकरनाचाहिये२२॥
इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुरधिकशततमोऽध्यायः १०४॥

युधिष्ठिर बोले कि हे मुने जैसे २ आपने प्रयागका माहात्म्य कहाहै वैसेही वैसे मैं निस्सन्देह सब पापोंसे छूटता जाताहूं १ हे भगवन् अब प्रयागकी विधि में जिसप्रकारसे प्रयागजी में जाना लिखा हैं उसको मेरे आगे वर्णन कीजिये २ मार्कण्डेयजी बोले हे राजा अब मैं तुमको तीर्थयात्रा की विधि के क्रमको सुनाता हूं अर्थात् ऋषियों से जैसी कि मैंने देखी और सुनी है वह सब कहता हूं ३ जो प्रयाग तीर्थकी यात्राकरने वाला पुरुष प्रयागजी मे बैलकी सवारीमें जाताहै वह घोर और दारुण नरकमें जाताहै उसके दियेहुए जलको भी पितरनहीं ग्रहण करतेहैं ४।५ जो पुरुष बैलकी सवारी में बालक पुत्रादिकों को स्नानकराकर वहांका जलपिलाताहै और ब्राह्मणको ऐश्वर्य्य के मदलोभ और मोहादिकों से दान भी करताहै ऐसे करनेवाले पुरुषका दियाहुआ दानादिक सब निष्फल होताहै इस हेतुसे तीर्थपर कभी सवारीमें न जानाचाहिये६।७जो मनुष्य कन्यादान वेदोक्त विधिसे गंगा यमुनाके मध्यमें शक्तिके अनुसार करताहै वह कभी घोरनरकमें नहीं जाता और उत्तरकुरुखंडोंमें जन्म लेकर अच्छे धार्मिक पुत्र और स्त्रियोंसे युक्तहोकर अक्षय कालतक आनन्द करताहै ८।९ हे राजेन्द्र इसीसे तीर्थ पर शक्तिके अनुसार दान करने से तीर्थका फल बढ़ताहै और प्रलय काल तक स्वर्गमें वास होताहै १० जो पुरुष प्रयागजी में अक्षय वटके समीप जाकर अपने प्राणों को त्याग करता है वह सब, लोकोंको उल्लंघन करके उस शिवजीके लोक में प्राप्त होताहै ११ जहां कि शिवजी के

हन्तिजगत्सर्वं बटमूलंनदह्यते १२ नष्टचन्द्रार्कभुवनं यदाचैकार्णवंजगत्। स्थीयतेतत्र वैविष्णुर्यजमानःपुनःपुनः १३ देवदानवगन्धर्वा ऋषयः सिद्धचारणाः। सदासेवन्तित तीर्थं गङ्गायमुनसङ्गमम् १४ ततोगच्छेतराजेन्द्र! प्रयागंसंस्तुवंश्चयत्। यत्रब्रह्माद योदेवा ऋषयःसिद्धचारणाः १५ लोकपालाश्चसाध्याश्च पितरोलोकसंमताः। सनत्कुमारप्रमुखास्तथैवपरमर्षयः १६ अङ्गिरःप्रमुखाश्चैव तथाब्रह्मर्षयःपरे। तथानागाःसुपर्णाश्च सिद्धाश्चक्रधरास्तथा १७ सागराःसरितःशैला नागाविद्याधराश्चये। हरिश्चभगवानास्ते प्रजापतिपुरःसरः १८ गङ्गायमुनयोर्मध्ये पृथिव्याजघनंस्मृतम्। प्रयागंराजशार्दूल! त्रिपुलोकेपुभारत! १९ श्रवणात्तस्यतीर्थस्य नामसंकीर्तनादपि। मृत्तिकालम्भनाद्वापिनरः पापात्प्रमुच्यते २० तत्राभिषेकंयःकुर्यात् सङ्गमेशंसितव्रतः। तुल्यंफलमवाप्नोति राजसूयाश्वमेधयोः २१ नदेववचनात्तात! नलोकवचनात्तथा। मतिरुत्क्रमणीयाते प्रयागगमनम्प्रति २२ दशतीर्थसहस्राणि षष्टिकोट्यस्तथापराः। तेषांसान्निध्यमत्रैव ततस्तुकुरुनन्दन! २३ यागतिर्योगयुक्तस्य सत्यस्थस्यमनीषिणः। सागतिस्त्यजतःप्राणान् गंगायमुनसंगमे २४ नतेजीवन्तिलोकेऽस्मिन् तत्रतत्रयुधिष्ठिर!। येप्रयागंनसम्प्राप्तास्त्रिपुलोकेषुवञ्चिताः २५ एवंदृष्ट्वातुतत्तीर्थं प्रयागंपरमम्पदम्। मुच्यतेसर्वपापेभ्यो शशाङ्कइवराहुणा २६ कम्ब

आश्रय होकर बारह सूर्य्य सब जगत्को तो भस्म करतेहैं और अक्षयवटकी जड़को नहीं भस्मकरते हैं १२ जब प्रलयकालमें सूर्य्य और चन्द्रमा भी नष्टहोजातेहैं तब उस वटके समीप वारंवार पूजन करतेहुए विष्णु भगवान् स्थितरहते हैं १३ हे राजेन्द्र उस गंगा यमुनाके मध्यवर्त्ती तीर्थको देवता दानव-सिद्ध ऋषि गन्धर्व और चारण यह सब सदैव सेवन कियाकरते हैं इसीसे उस प्रयाग तीर्थ की स्तुतिकरताहुआ पुरुष वहाँजाय जहाँ कि ब्रह्मादिक देवता ऋषि सिद्ध चारण-लोकपाल--साध्य-संज्ञक देवता लोकोंके पितर सनत्कुमारादिक परम ऋषि--अंगिरा आदि ब्रह्मऋषि नाग--सुपर्ण--सिद्ध--समुद्र--नदी--पर्वत विद्याधर और साक्षात् विष्णु भगवान् ब्रह्माजी समेत स्थितहैं १४ । १८ हे राजशार्दूल गंगा यमुनाके मध्यमें पृथ्वीकी जंघा कही है उसीको प्रयाग कहते हैं और वही त्रिलोकी में प्रसिद्धहै १९ इस तीर्थके श्रवणकरनेसे वा नाम कीर्तन करनेसे अथवा मृत्तिकाके स्पर्श करनेसे पुरुष पापोंसे छुटजाताहै उस गंगा यमुनाके स्पर्शकरनेसे पुरुष पापोंसे छुटजाताहै और जो अभिषेककरताहै वह राजसूय अश्वमेध यज्ञके समान पुण्यको प्राप्तहोताहै २० । २१ हे पुत्र प्रयागजीमें गमनकरनेके लिये तेरी बुद्धि देवतादिकके भी कहनेसे हटनेके योग्य नहीं है २२ इस प्रयाग तीर्थके समीप साठकिरोड़ दशहज़ार तीर्थवास करते हैं २३ जो गति कि योगमें होनेवाले सत्यमें स्थितहुए मनिकी होती है वही गति गंगा यमुनाके मध्यमें प्राणोंके त्यागकरनेवालोंकी होती है २४ हे युधिष्ठिर जो प्रयाग तीर्थपर प्राप्त नहीं होते हैं वह जीवतेहुए भी मृतकके समानहैं और त्रिलोकीमें ठगेगये हैं २५ इस प्रकारसे उस परमपद प्रयागजी के जो दर्शन करते हैं वह राहुसे चन्द्रमाके समान सब पापों से छुटजाते हैं २६ कम्बल अश्वतर और नाग नामवाले जो यमुनाजी के उत्तम तटहैं वहाँ

लाश्वतरोनागो विपुलेयमुनातटे। तत्रस्नात्वाचपीत्वाच सर्वपापैःप्रमुच्यते २७ तत्रग
त्वाचसंस्थानं महादेवस्यधीमतः। नरस्तारयतेसर्वान् दशपूर्वान्दशापरान् २८ कृत्वा
भिषेकन्तुनरः सोऽश्वमेधफललंलभेत्। स्वर्गलोकमवाप्नोति यावदाभूतसंप्लवम् २९ पूर्वे
पार्श्वेतुगङ्गायास्त्रिषुलोकेषुभारत। कूपञ्चैवतुसामुद्रं प्रतिष्ठानञ्चविश्रुतम् ३० ब्रह्मचा
रीजितक्रोधस्त्रिरात्रंयदितिष्ठति। सर्वपापविशुद्धात्मा सोऽश्वमेधफललंलभेत् ३१ उत्तरेण
प्रतिष्ठानात् भागीरथ्यास्तुपूर्वतः। हंसप्रपतनंनाम तीर्थंत्रैलोक्यविश्रुतम् ३२ अश्वमे
धफलंतस्मिन् स्नानमात्रेणभारत!। यावच्चन्द्रश्चसूर्य्यश्च तावत्स्वर्गेमहीयते ३३ उ
र्वशीरमणेपुण्ये विपुलेहंसपाण्डुरे। परित्यजतियःप्राणान् शृणुतस्यापियत्फलम् ३४
षष्टिवर्षसहस्राणि षष्टिवर्षशतानिच। सेव्यतेपितृभिःसार्द्धं स्वर्गलोकेनराधिप! ३५ उ
र्वशीन्तुसदापश्येत् स्वर्गलोकेनरोत्तम!। पूज्यतेसततंपुत्र! ऋषिगन्धर्वकिन्नरैः ३६
ततःस्वर्गात्परिभ्रष्टः क्षीणकर्मादिवश्च्युतः। उर्वशीसदृशीनान्तु कन्यानांलभतेशत
म् ३७ मध्येनारीसहस्राणां बहूनाञ्चपतिर्भवेत्। दशग्रामसहस्राणां भोक्ताभवतिभूमि
पः ३८ काञ्चीनूपुरशब्देन सुप्तोऽसौप्रतिबुद्ध्यते। भुक्त्वातुविपुलान्भोगान् तत्तीर्थंभ
जतेपुनः ३९ शुक्लाम्बरधरोनित्यं नियतःसंयतेन्द्रियः। एककालन्तुभुञ्जानो मासंभूमिप
तिर्भवेत् ४० सुवर्णालंकृतानान्तु नारीणांलभतेशतम्। पृथिव्यामासमुद्रायां महाभूमि

स्नानकर जलके पानकरनेसे सब पापों से छुटजाताहै २७ और जहाँ महादेवजीकी स्थितिहै वहाँ जाकर मनुष्य यह पहलीपीढ़ी के दश पुरुषों को और पिछली पीढ़ी के भी दश पुरुषोंको पार उतार देताहै २८ वहाँ अभिषेक करनेवाला मनुष्य अश्वमेध यज्ञके फलको प्राप्त होताहै और प्रलय कालतक स्वर्गमें वास करताहै २९ हेभारत गंगाजी के पूर्वभागमें एकसमुद्रकूप त्रिलोकीमें विख्यातहै वहाँ ब्रह्मचर्य्यमें स्थित क्रोधसे रहित जो तीनरात्रि वास करताहै वह सब पापोंसे छुटकर अश्वमेधयज्ञके फलको प्राप्त होताहै ३०। ३१ गंगाजी के पूर्व्वकी ओर उत्तरके स्थानमें जो हंस प्रपतननाम तीर्थ त्रिलोकीमें प्रसिद्धहै ३२ हे भारत वहाँ स्नानमात्रकेही करनेसे अश्वमेध यज्ञके फल को प्राप्त होताहै और जबतक सूर्य्य और चन्द्रमा रहें तब तक स्वर्गमें वास करताहै ३३ पवित्र उर्वशी रमण तीर्थपर विपुल तीर्थपर और हंस पांडुर तीर्थपर जो प्राणोंको त्यागताहै वह पुरुष साठ हज़ार साठसौ ६६००० वर्षोंतक स्वर्गमें वास करके पितरोंके साथ आनन्द करताहै ३४।३५ और हे राजन् सदैव उस स्वर्गमें उर्व्वशी अप्सराके दर्शन करताहुआ ऋषि गन्धर्व और किन्नरादिकोंसे पूजाजाताहै ३६ जब पुण्य क्षीण होकर स्वर्गसे पतित होताहै तब उर्वशी अप्सराओंके समान सैकड़ों कन्याओंको प्राप्त होकर हज़ारों स्त्रियोंका पति होताहै और दशहज़ार ग्रामोंका भोगनेवाला राजा होताहै ३७। ३८ वहाँ क्षुद्रघंटिका और नूपुरवाली स्त्रियोंके झंकार शब्दोंसे सोकर जगताहै फिर उतने भोगोंको भोगकर उसी तीर्थको सेवताहै जो मनुष्य प्रतिदिन श्वेतवस्त्रोंको धारणकर नियम से जितेन्द्रिय होकर एकवार भोजनकरै वह राजा होकर सुवर्णसे आभूषितहुई सैकड़ों उत्तम स्त्रियों

पतिर्भवेत् ४१ धनधान्यसमायुक्तो दाताभवतिनित्यशः। भुक्तातुविपुलान्भोगान् तत्ती र्थंलभतेपुनः ४२ अथसन्ध्यावटेरम्ये ब्रह्मचारीजितेन्द्रियः। उपवासीशुचिःसन्ध्यां ब्र ह्मलोकमवाप्नुयात् ४३ कोटितीर्थसमासाद्य यस्तुप्राणान्परित्यजेत्। कोटिवर्षसहस्राणां स्वर्गलोकेमहीयते ४४ ततःस्वर्गात्परिभ्रष्टः क्षीणकर्मादिवश्च्युतः। सुवर्णमणिमुक्ताढ्य कुलेजायेतरूपवान् ४५ ततोभोगवतींगत्वा वासुकेरुत्तरेणतु। दशाश्वमेधकंनाम तीर्थं तत्रापरंभवेत् ४६ कृताभिषेकस्तुनरः सोऽश्वमेधफलंलभेत्। धनाढ्योरूपवान्दक्षो दा ताभवतिधार्मिकः ४७ चतुर्वेदेषुयत्पुण्यं यत्पुण्यंसत्यवादिषु। अहिंसायास्तुयोधर्मो ग मनादेवतत्फलम् ४८ कुरुक्षेत्रसमागङ्गा यत्रयत्रावगाह्यते। कुरुक्षेत्राद्दशगुणा यत्रवि न्ध्येनसङ्गता ४९ यत्रगंगामहाभागा बहुतीर्थातपोधना। सिद्धक्षेत्रंहिततज्ज्ञेयं नात्रकार्य्या विचारणा ५० क्षितौतारयतेमर्त्यान्नागांस्तारयतेऽप्यधः। दिवितारयतेदेवांस्तेनत्रिपथ गास्मृता ५१ यावदस्थीनिगंगायां तिष्ठन्तिहिशरीरिणः। तावद्वर्षसहस्राणि स्वर्गलोके महीयते ५२ तीर्थानान्तुपरंतीर्थं नदीनांतुमहानदी। मोक्षदासर्वभूतानां महापातकिना मपि ५३ सर्वत्रसुलभागङ्गा त्रिषुस्थानेषुदुर्लभा। गङ्गाद्वारेप्रयागेच गङ्गासागरसङ्गमे। तत्रस्नात्वादिवंयाति येमृतास्तेपुनर्भवाः ५४ सर्वेषामेवभूतानां पापोपहतचेतसाम्। गति

को प्राप्त होता है और संपूर्ण समुद्र पर्य्यन्त पृथ्वी का राज्य करता है ३९। ४१ जो मनुष्य धन धान्यसे युक्तहो प्रतिदिन दान करताहै वहभी ऐसे बहुतसे भोगोंको भोगकर इसी तीर्थको प्राप्तहोता है ४२ जो मनुष्य रमणीक संध्यावटपर जितेन्द्रिय और पवित्रहोकर संध्याके समय उपवास व्रत करताहै वह ब्रह्मलोकमें प्राप्त होताहै ४३ जो कोटि तीर्थपर प्राप्त होकर--प्राणोंको त्यागताहै वह सैकड़ों किन्तु किरोड़ों वर्षोंतक स्वर्ग लोकमें प्राप्त रहताहै ४४ और क्षीणपुण्य होनेसे स्वर्गसे पतित होनेपर सुवर्ण मणि मुक्तादि धनोंसे सम्पन्न कुलमें जन्म लेताहै और उत्तम रूपवान् होताहै ४५ जो मनुष्य वासुकि सर्पसे उत्तरकी ओर भोगवती नाम पुरीमें जाके दशाश्वमेध नामतीर्थपर अभि- षेक करताहै वह अश्वमेध यज्ञके फलको प्राप्तहोताहै और धनाढ्य रूपवान् चतुर दाता और महा- धार्मिक होताहै ४६। ४७ जो पुण्य कि सत्य बोलनेमें और अहिंसामें होताहै वह सब प्रयाग तीर्थ पर गमन करनेहीसे होताहै ४८ जहाँ केवल गंगाजी बहती हैं वह कुरुक्षेत्रके समान है और जहाँ विंध्याचल पर्व्वतसे मिली हुईहैं वहाँ कुरुक्षेत्रसे दशगुणा पुण्यहै ४९ जहाँ बहुतसे तीर्थों से मिली हुई महाभागवाली गंगाहैं वह निस्सन्देह सिद्ध क्षेत्रहै ५० यह श्रीगंगाजी इस पृथ्वीपर तो मनुष्यों का उद्धार करती हैं पाताल लोकमें नागोंका उद्धार करती हैं और स्वर्गमें देवताओंका उद्धार करती हैं इसीसे यह त्रिपथगामिनी गंगाजी कहाती हैं ५१ प्राणियोंकी जितनी हड्डियां गंगाजी में पहुँच जाती हैं उतनेही हज़ार वर्षोंतक वह प्राणी स्वर्गमें वास करते हैं ५२ यहगंगा सब तीर्थोंमें उत्तम तीर्थ है नदियों में उत्तम नदी है महापातकवाले सम्पूर्ण प्राणियोंको मोक्ष देनेवाली है ५३ गंगाजी सब स्थानों में सुगम हैं परन्तु गंगाद्वार प्रयाग और गंगासागर संगम इनतीन तीर्थोंपर प्राप्त होनी दुर्लभ

मन्विष्यमाणानां नास्तिगङ्गासमागतिः ५५ पवित्राणांपवित्रञ्च मङ्गलानाञ्चमङ्गलम्। म-हेश्वरशिरोभ्रष्टा सर्वपापहराशुभा ५६ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेपञ्चशततमोऽध्यायः १०५ ॥

(मार्कण्डेय उवाच) शृणुराजन्! प्रयागस्य माहात्म्यंपुनरेवतु। यच्छ्रुत्वासर्वपापेभ्यो मुच्यतेनात्रसंशयः १ मानसंनामतत्तीर्थं गङ्गायाउत्तरेतटे। त्रिरात्रोपोषितोभूत्वा सर्वका-मानवाप्नुयात् २ गोभूहिरण्यदानेन यत्फलंप्राप्नुयान्नरः। सतत्फलमवाप्नोति तत्तीर्थेस्म-रतेपुनः ३ अकामोवासकामोवा गङ्गायांयोऽभिपद्यते। मृतस्तुलभतेस्वर्गंनरकञ्च नपश्य-ति ४ अप्सरोगणसङ्गीतैः सुप्तोऽसौप्रतिबुद्ध्यते। हंससारसयुक्तेन विमानेनसगच्छति। बहुवर्षसहस्राणि स्वर्गेराजेन्द्र! भुञ्जति ५ ततःस्वर्गात्परिभ्रष्टः क्षीणकर्मादिवश्च्युतः। सुवर्णमणिमुक्ताढ्ये जायतेविपुलेकुले ६ षष्टितीर्थसहस्राणि षष्टिकोट्यस्तथापगाः। माघ-मासेगमिष्यन्ति गङ्गायमुनसङ्गमम् ७ गवांशतसहस्रस्य सम्यक् दत्तस्ययत्फलम्। प्र-यागेमाघमासेतु त्र्यहस्नानात्तुतत्फलम् ८ गङ्गायमुनयोर्मध्ये कर्षाग्निंयस्तुसाधयेत्। अहीनाङ्गोह्यरोगश्च पञ्चेन्द्रियसमन्वितः ९ यावन्तिरोमकूपाणि तस्यगात्रेषुदेहिनः। ताव-द्वर्षसहस्राणि स्वर्गलोकेमहीयते १० ततःस्वर्गात्परिभ्रष्टो जम्बुद्वीपपतिर्भवेत्। सभुक्त्वा

है इनतीनों तीर्थों पर स्नान करने से वैकुण्ठलोक पाताहै और पुनर्जन्म नहीं होताहै ५४ अपनी गति ढूंढनेवाले सबपापी पुरुषोंको गंगाजी के समान कोई गति नहीं है ५५ पवित्रों में पवित्र मंग-लों में मंगलरूप शिवजी के शिरसे गिरीहुई गंगाजी सब पापोंकी हरनेवाली महाशुभ वर्णनकी है५६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचाधिकशततमोऽध्यायः १०५ ॥

मार्कण्डेयजी बोले हे राजा अब मैं तुझे और भी उस प्रयाग के माहात्म्यको सुनाताहूं जिस के सुननेसे मनुष्य सब पापों से निस्सन्देह छूट जाताहै १ गंगाजी के उत्तरतटपर मानस नाम उत्तम तीर्थ है वहां तीन रात्रि उपवासकरके सब पापों से छूटजाता है और सब कामनाभी सिद्ध होजाती हैं २ जो पुण्यकि गौ भूमि और सुवर्ण इनके दान से होता है वही पुण्य इसतीर्थ के स्मरण करने मात्रसे प्राप्त होताहै ३ निष्कामहोके अथवा सकामहोके जो गंगाजी पर वास करता हुआ मरताहै वह स्वर्गको जाताहै और नरक को आंखसे भी नहीं देखता है ४ ऐसा पुरुष अप्सराओं के संगीत-रागों समेत हंस सारस आदि उत्तम पक्षियों से संयुक्त विमान में बैठकर बहुत कालतक स्वर्ग के भोगोंको भोगता है ५ फिर स्वर्ग से पतित होकर सुवर्ण मणि और रत्नों से भरे धनाढ्य कुल में जन्म लेताहै ६ माघके महीनेभर गंगा यमुनाके संगममें साठहज़ार तीर्थ और साठ किरोड़नदी प्राप्त हो-जाती हैं ७ जो पुण्यकि एक लक्ष गौदान काहै वही पुण्य माघमास में प्रयागजी के तीन दिनस्नान करने से प्राप्त होताहै ८ जो पुरुष गंगा यमुनाके मध्य में आरनेउपलों से अग्निको जलादेताहै वह सुन्दर अंगवाला रोगरहित और सब इन्द्रियों से संयुक्त रहताहै और जितने उसके शरीर पर रोम होते हैं उतनेही हज़ार वर्षोंतक स्वर्ग में वास करता है ९।१० और स्वर्ग से पतित होकर सब जंबू

विपुलान्भोगांस्तत्तीर्थंस्मरतेपुनः ११ जलप्रवेशंयःकुर्यात् सङ्गमेलोकविश्रुते। राहुग्र
स्तेतथासोमे विमुक्तःसर्वकिल्बिषैः १२ सोमलोकमवाप्नोति सोमेनसहमोदते। षष्टिवर्ष
सहस्राणि स्वर्गलोकेमहीयते १३ स्वर्गेचशक्रलोकेऽस्मिन् ऋषिगन्धर्वसेविते। परिभ्र
ष्टस्तुराजेन्द्र! समृद्धेजायतेकुले १४ अधःशिरस्तुयोज्वालामूर्ध्वपादःपिबेन्नरः। शतव
र्षसहस्राणि स्वर्गलोकेमहीयते १५ परिभ्रष्टस्तुराजेन्द्र! सोऽग्निहोत्रीभवेन्नरः। भुक्त्वा
तुविपुलान्भोगान् तत्तीर्थंभजतेपुनः १६ यःस्वदेहन्तुकर्तित्वा शकुनिभ्यःप्रयच्छति।
विहगैरुपभुक्तस्य शृणुतस्यापियत्फलम् १७ शतंवर्षसहस्राणां सोमलोकेमहीयते।
तस्मादपिपरिभ्रष्टो राजाभवतिधार्मिकः १८ गुणवान्रूपसम्पन्नो विद्वांश्चप्रियवाचकः।
भुक्त्वातुविपुलान्भोगांस्तत्तीर्थंभजतेपुनः १९ यामुनेचोत्तरेकूले प्रयागस्यतुदक्षिणे। ऋ
णप्रमोचनंनाम तत्तीर्थंपरमंस्मृतम् २० एकरात्रोषितःस्नात्वा ऋणैःसर्वैःप्रमुच्यते। स्व
र्गलोकमवाप्नोति अनृणश्चसदाभवेत् २१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेषडधिकशततमोऽध्यायः १०६॥

(युधिष्ठिर उवाच) एतच्छ्रुत्वाप्रयागस्य यत्त्वयापरिकीर्तितम्। विशुद्धंमेऽद्यहृद
यं प्रयागस्यतुकीर्तनात् १ अनाशकफलंब्रूहि भगवंस्तत्रकीदृशम्। यच्चलोकमवाप्नो·

द्वीपका अधिपति राजा होकर बहुत से भोगोंको भोग उसी तीर्थ को फिर स्मरण करताहै ११ जो पुरुष लोकमें विख्यात गंगासंगम पर चन्द्रग्रहण के समय जलमें प्रवेशकर भजन करता है वह चन्द्र लोकमें प्राप्तहो चन्द्रमा सहित आनन्द करता है और साठ हज़ार वर्षोंतक स्वर्गमें वास करता हुआ सब पापों से छूटजाताहै १२। १३ हे राजेन्द्र जब पुण्यक्षीण हो जाताहै तब ऋषि गन्धर्वादिकों से सेवित इन्द्रलोक से पतितहो के धनाढ्य कुलमें जन्मलेताहै १४ जो पुरुष नीचाशिर और ऊपर को पैर करके अग्निकी ज्वालाओं को पीताहै वह सौहज़ार वर्षोंतक स्वर्ग में वास करताहै १५ और हे राजेन्द्र वहां से पतितहो अग्निहोत्री होकर बहुत से भोगोंको भोग फिर उसी तीर्थको प्राप्त होता है १६ जो मनुष्य अपने शरीर को काटकर पक्षियोंको भक्षण करा देता है उसका यह फलहै १७ कि एक लाख वर्षोंतक चन्द्रमाके लोकमें वासकर वहांसे पतितहो धार्मिक राजाहोताहै १८ और गुणवान् उत्तम रूपवान् विद्वान् प्रियबोलनेवालाहोके बहुतसे भोगोंको भोगता हुआ उसी तीर्थ को सेवताहै हे राजा यमुनाके उत्तर तटपै प्रयागजी से दक्षिणकी ओर ऋणमोचननाम परमउत्तम तीर्थ कहाहै वहां एक रात्रि के वास करने और स्नान करने से सब पापोंसे छुटकर स्वर्गलोक में प्राप्त होता है और कभी ऋणी नहीं होता १९। २१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषडधिकशततमोऽध्यायः १०६॥

युधिष्ठिरने कहा हे भगवन् आपने जो प्रयाग माहात्म्य वर्णन किया उसके सुननेसे अब मेरा हृदय शुद्धहोगयाहै १ हे ऋषे अब वह माहात्म्य वर्णनकीजिये जिससे उत्तम लोकमें सबपापोंसे छूटकर अक्षय फलकी प्राप्तिहो २ मार्कण्डेयजी कहते हैं कि हेराजन् अब उस अक्षय फलवाले माहात्म्य

ति विशुद्धःसर्वकिल्बिषैः २ (मार्कण्डेय उवाच) शृणुराजन्! प्रयागेतुअनाशकफलंविभो!। प्राप्नोतिपुरुषोधीमान् श्रद्दधानोजितेन्द्रियः ३ अहीनाङ्गोऽप्यरोगश्चपञ्चेन्द्रियसमन्वितः। अश्वमेधफलंतस्य गच्छतस्तुपदेपदे ४ कुलानितारयेद्राजन्! दशपूर्वान्दशापरान्। मुच्यतेसर्वपापेभ्यो गच्छेत्तुपरमंपदम् ५ (युधिष्ठिर उवाच) महाभाग्यंहिधर्म्मस्य यत्त्वंवदसिमेप्रभो। अल्पेनैवप्रयत्नेन बहून्धर्मानवाप्नुते ६ अश्वमेधैस्तुबहुभिःप्राप्यतेसुव्रतैरिह। इमंमेसंशयंछिन्धि परंकौतूहलंहिमे ७ (मार्कण्डेय उवाच) शृणुराजन्! महावीर! यदुक्तंब्रह्मयोनिना। ऋषीणांसन्निधौपूर्वं कथ्यमानंमयाश्रुतम् ८ पंचयोजनविस्तीर्णं प्रयागस्यतुमण्डलम्। प्रविष्टमात्रेतद्भूमावश्वमेधःपदेपदे ९ व्यतीतान् पुरुषान्सप्त भविष्यांश्चचतुर्दश। नरस्तारयतेसर्वान् यस्तुप्राणान्परित्यजेत् १० एवंज्ञात्वातुराजेन्द्र! सदासेवापरोभवेत्। अश्रद्दधानाःपुरुषाः पापोऽपहतचेतसः। नप्राप्नुवन्तितत्स्थानं प्रयागंदेवरक्षितम् ११ (युधिष्ठिर उवाच)। स्नेहाद्वाद्रव्यलोभाद्वा ये तुकामवशंगताः। कथंतीर्थफलंतेषां कथंपुण्यफलंभवेत् १२ विक्रयःसर्वभाण्डानां कार्याकार्य्यमजानतः। प्रयागेकागतिस्तस्य तन्मेब्रूहिपितामह! १३ (मार्कण्डेय उवाच) शृणुराजन्! महागुह्यंसर्वपापप्रणाशनम्। मासमेकन्तुयःस्नायात् प्रयागेनियतेन्द्रियः। मुच्यतेसर्वपापेभ्यःसगच्छेत्परमंपदम् १४ विश्रम्भघातकानान्तु प्रयागेशृणुयत्फलम्।

को सुनो जिस्से कि प्रयागमें श्रद्धावान् जितेन्द्रिय और बुद्धिमान् पुरुष अक्षय फलको प्राप्त होताहै ३ जो पांचों इन्द्रियों समेत नीरोग पुरुष कुटिलतासे रहित प्रयागजीमें देह त्यागकरनेको जाताहै उसको एक२ चरणपर अश्वमेध यज्ञका फल प्राप्त होताहै ४ ऐसा पुरुष अपने आगे पीछे की दश २ पीढ़ियोंको उद्धार करके सब पापोंसे रहितहो परम पदको पाताहै ५ युधिष्ठिरने कहा हे प्रभो आपने इस महाफल वाले धर्मका वर्णनकिया यह तो बड़ेही अल्प यत्नसे बहुतसे धर्मोंकी प्राप्तिकरनेवाला है ६ क्योंकि अश्वमेध यज्ञ तो बहुतसे पुण्योंसे प्राप्त होताहै वह अल्पही यत्नसे कैसे ऐसे फलको देताहै आप इस मेरे परम आश्चर्य्यको निवृत्तकरो ७ मार्कण्डेयजीने कहा हे राजा प्रथम ब्रह्माजी ने ऋषियोंके समीप जो कहाहै वह मैंने सुनाहै ८ यह प्रयाग मंडल बीस कोसके प्रमाणवाला है इसकी भूमिमें प्रवेशहुए पीछे एक२ चरणपर अश्वमेध यज्ञका फल होताहै ९ प्रयागजीपै मरनेवाला पुरुष अपने सात पहले और चौदह पिछले पुरुषोंको पार उतारता है १० हेराजेन्द्र इसमाहात्म्यको जानकर तुमको प्रयागजीकी सेवामें सदैव तत्पर रहना चाहिये क्योंकि जो श्रद्धासे रहित पापी पुरुषहैं वह इस देवताओंसे रक्षितकिये हुए प्रयाग क्षेत्रमें प्राप्त नहीं होसक्ते हैं ११ युधिष्ठिरने कहा हे महाराज जो प्रयागजी पै जाकर स्नेह और लोभसे कामके वशीभूत होजाते हैं उनको तीर्थका पुण्य फल कैसा होताहै १२ और जो कार्य्यको वा कुकर्मको नहीं जाननेवाला पुरुष सब पात्रादिक पदार्थोंको बेचताहै उसकी क्या गति होती है यह सब मेरे आगे वर्णनकीजिये १३ मार्कण्डेयजीने कहा हे राजन् सब पापोंके नाशक महागुह्य माहात्म्यको सुनो कि जोजितेन्द्रियपुरुष एक महीनेतक प्रया-

त्रिकालमेवस्नायीत आहारंभैक्ष्यमाचरेत्। त्रिभिर्मासैःसमुच्येत प्रयागेतुनसंशयः १५ अज्ञानेनतुयस्येह तीर्थयात्रादिकंभवेत्। सर्वकामसमृद्धेतु स्वर्गलोकेमहीयते। स्थान ञ्चलभतेनित्यं धनधान्यसमाकुलम् १६ एवंज्ञानेनसम्पूर्णः सदाभवतिभोगवान्। तारि ताःपितरस्तेन नरकात्प्रपितामहाः १७ धर्मानुसारितत्त्वज्ञ! पृच्छतस्तेपुनःपुनः। त्व त्प्रियार्थंसमाख्यातं गुह्यमेतत्सनातनम् १८ (युधिष्ठिर उवाच) अद्यमेसफलंजन्म अद्यमेतारितंकुलम्। प्रीतोऽस्म्यनुगृहीतोऽस्मिदर्शनादेवतेमुने १९ त्वद्दर्शनात्तुधर्मात्म न्! मुक्तोऽहंचाद्यकिल्बिषात्। इदानींवेद्मिचात्मानं भगवन्! गतकल्मषम् २० (मार्क ण्डेय उवाच) दिष्ट्यातेसफलंजन्म दिष्ट्यातेतारितंकुलम्। कीर्तनाद्वर्धतेपुण्यं श्रुता त्पापप्रणाशनम् २१ (युधिष्ठिर उवाच) यमुनायान्तुकिंपुण्यं किंफलन्तुमहामुने!। एत न्मेसर्वमाख्याहि यथादृष्टंयथाश्रुतम् २२ (मार्कण्डेय उवाच) तपनस्यसुतादेवी त्रिषु लोकेषुविश्रुता। समाख्यातामहाभागा यमुनातत्रनिम्नगा २३ येनैवनिःसृतागंगा तेनै वयमुनागता। योजनानांसहस्रेषु कीर्तनात्पापनाशिनी २४ तत्रस्नात्वाचपीत्वाच यमु नायांयुधिष्ठिर!। कीर्तनाल्लभतेपुण्यं दृष्ट्वाभद्राणिपश्यति २५ अवगाह्यचपीत्वाचपुना त्यासप्तमंकुलम्। प्राणांस्त्यजतियस्तत्र सयातिपरमांगतिम् २६ अग्नितीर्थमितिख्यातं

गजी पै स्नानकरताहै वह सब पापोंसे छुटकर परम पदको प्राप्त होताहै १४ विश्वासघात करके किसीको मारनेवाला पुरुष प्रयागजी पै जाकर त्रिकाल स्नानकरता है और भिक्षा का भोजन करताहै वह तीन महीनोंमें निस्सन्देह पापोंसे छुटजाताहै १५ जो पुरुष अज्ञानसे तीर्थ यात्रा करताहै वह सब कामनाओंसे सम्पन्नहोके स्वर्गलोकमें प्राप्त होताहै और क्षीण पुण्यहोके धन धान्यसे युक्तहुए स्थानको प्राप्त होताहै १६ जो पुरुष ज्ञानकरके तीर्थ यात्रा करताहै वह सदैव भोगोंको भोगताहै और सब पितरोंको नरकसे उद्धार करताहै १७ हे धर्मावतार महातत्त्वज्ञ बारंबार पूछतेहुये तेरं हितके लिये यह गुह्य सनातन धर्म कहदियाहै १८ युधिष्ठिर बोला हे मुने अब मेरा जन्म सफलहै मेरे कुलका उद्धार होगयाहै मैं आपके दर्शनसे प्रसन्नहोगयाहूं आपने बड़ा अनुग्रहकिया १९ हे धर्मात्मन् अब मैंतुम्हारे दर्शनकरनेसे पापसे छुटगया हेभगवन् अब मैंअपनेको पापसे रहित मानताहूं २० मार्कण्डेयजी बोले कि बड़ेआनन्द मंगलकी बातहै कि तेरा जन्म सफलहोगया और तेरे कुलका उद्धार होगया इसमाहात्म्यके कीर्त्तन करनेसे पुण्य बढ़ताहै और सुननेसे पापका नाश होताहै २१ युधिष्ठिरजी कहते हैं कि हेमहामुने यमुनाजीके विषय क्या पुण्यहै और क्याफल कहाहै यहसब आपने देखा सुनाहै सो कहो २२ मार्कण्डेयजी कहते हैं—कि सूर्य्यकी पुत्री यमुनाजी महाभागवाली त्रिलोकीमें प्रसिद्धहै २३ जिसमार्ग करके गंगाजी आई हैं उसी मार्गसे यमुनाजीभी आई हैं यहयमुनाजीभी हज़ार योजनसे कीर्त्तन करनेवालेके पापको नाश करनेवाली है २४ हे युधिष्ठिर उनयमुनाजीमें स्नान करके जलपान और कीर्त्तन करनेसे पुण्य प्राप्त होताहै दर्शनसे कल्याणकी प्राप्ति होती है २५ उसमें गोतामार जलपीने से सातपीढ़ीके पुरुषों को पवित्र करदेता है और वहाँ प्राण त्याग

यमुनादक्षिणेतटे। पश्चिमेधर्मराजस्य तीर्थन्तुनरकंस्मृतम् २७ तत्रस्नात्वादिवंयान्तिये मृतास्तेऽपुनर्भवाः। एवंतीर्थसहस्राणि यमुनादक्षिणेतटे २८ उत्तरेणप्रवक्ष्यामि आदित्यस्यमहात्मनः। तीर्थंनिरंजनंनाम यत्रदेवाःसवासवाः २९ उपासतेस्मसंन्ध्यांये त्रिकालं हियुधिष्ठिर !। देवाःसेवन्तितत्तीर्थं येचान्येविबुधाजनाः ३० श्रद्दधानपरोभूत्वा कुरुतीर्थाभिषेचनम्। अन्येचबहवस्तीर्थाः सर्वपापहरास्स्मृताः। तेषुस्नात्वादिवंयान्ति येमृतास्तेऽपुनर्भवाः ३१ गंगाचयमुनाचैव उभेतुल्यफलेस्मृते। केवलंज्येष्ठभावेन गंगासर्वत्रपूज्यते ३२ एवंकुरुष्वकौन्तेय ! सर्वतीर्थाभिषेचनम्। यावज्जीवकृतंपापं तत्क्षणादेवनश्यति ३३ यस्त्विमंकल्पउत्थाय पठतेचशृणोतिच। मुच्यतेसर्वपापेभ्यः स्वर्गलोकंसगच्छति ३४ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेसप्ताधिकशततमोऽध्यायः १०७ ॥

(मार्कण्डेय उवाच) श्रुतंमेब्रह्मणाप्रोक्तं पुराणेब्रह्मसम्भवे। तीर्थानान्तुसहस्राणि शतानिनियुतानिच। सर्वेपुण्याःपवित्राश्च गतिश्चपरमास्मृता १ सोमंतीर्थंमहापुण्यं महापातकनाशनम्। स्नानमात्रेणराजेन्द्र ! पुरुषांस्तारयेच्छतान्। तस्मात्सर्वप्रयत्नेन तत्रस्नानंसमाचरेत् २ (युधिष्ठिरउवाच) पृथिव्यांनैमिषंपुण्यं अन्तरिक्षेचपुष्करम्। त्रयाणामपिलोकानां कुरुक्षेत्रंविशिष्यते ३ सर्वाणितानिसन्त्यज्य कथमेकंप्रशंससि।

करनेसे परमपदको प्राप्त होताहै २६ यमुनाके दक्षिण तटपर अग्निनाम प्रसिद्ध तीर्थहै और पश्चिम तटपर धर्मराजका तीर्थ नरक नामसे प्रसिद्धहै २७ उसमें स्नान करनेसे स्वर्गमें प्राप्त होताहै प्राण त्यागनेसे फिर जन्म नहीं होता ऐसेही यमुनाके दक्षिण तटपर हज़ारों तीर्थ हैं अब उत्तरके तटपर सूर्य्यके निरंजननामवाले तीर्थको कहते हैं जिसमें कि इन्द्रसहित सब देवता वास करते हैं२८।२९ बहुतसे देवता त्रिकाल संध्याकी उपासना करते हैं बहुतसे तीर्थकीही उपासना करतेहैं ३० इससे तुमभी श्रद्धावान् होके उस तीर्थके जलका अभिषेक कराओ हे राजेन्द्र अन्य२ भी बहुतसे तीर्थ हैं उनमें स्नान करनेवाले स्वर्गमें जाते हैं जो लोग वहाँ मरते हैं वहभी फिर जन्म नहीं लेते तीर्थोंमें उत्तम यह गंगा यमुनाभी समान पुण्यवाली कही हैं परन्तु श्रीगंगाजीको महानुभाव लोग सब स्थानोंमें विशेष पूजतेहैं ३१। ३२ हे युधिष्ठिर तुम इसीप्रकार सब तीर्थोंके जलसे अभिषेककरो इसीसे जीवन पर्य्यन्तके सब कियेहुए पाप उसीक्षण नष्ट होजायँगे ३३ जो कोई इसमाहात्म्यको प्रातःकाल पढ़ता वा सुनताहै वह सबपापोंसे छुटकर स्वर्ग लोकमें प्राप्त होताहै ३४ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायां सप्ताऽधिकशततमोऽध्यायः १०७ ॥

मार्कण्डेयजी बोले-कि मैंने ब्रह्माजीके कहेहुएब्रह्मपुराणमें जो हज़ारों लाखोंतीर्थ सुने हैं वहसब महापवित्र पुण्यकारी और परमगति वालेहैं १ हे राजेन्द्र एक महापवित्र सब पापोंका हरनेवाला सोमतीर्थ है वहाँ स्नानमात्रही के करनेसे मनुष्य सैकड़ों पुरुषोंका उद्धार करदेताहै इस निमित्त वहाँ सब यत्नोंसे स्नान करना योग्यहै २ युधिष्ठिरने कहा कि हे ऋषे पृथ्वीपर नैमिषारण्य तीर्थ है-आकाशमें पुष्कर तीर्थ है और कुरुक्षेत्र तीर्थ तीनों लोकोंमें विशेष कहाहै ३ इन सबोंको त्यागकर आप

अप्रमाण·तुतत्रोक्तमश्रद्धेयमनुत्तमम् ४ गतिश्चपरमांदिव्यांभोगांश्चैवयथेप्सितान्। कि
मर्थमल्पयोगेन वहुधर्मंप्रशंससि। एतन्मेसंशयंब्रूहि यथादृष्टंयथाश्रुतम् ५ (मार्कण्डेय
उवाच) अश्रद्धेयंनवक्तव्य प्रत्यक्षमपियद्भवेत्। नरस्याश्रद्दधानस्य पापोपहतचेत
स· ६ अश्रद्दधानोह्यशुचिर्दुर्मतिरत्यक्तमङ्गलः। एते पातकिनःसर्वे तेनेदंभाषितंत्वया ७
शृणुप्रयागमाहात्म्यं यथादृष्टं यथाश्रुतम्। प्रत्यक्षञ्चपरोक्षञ्च यथान्यस्तंभविष्यति ८
यथैवान्यद्दृष्टञ्च यथादृष्टंयथाश्रुतम्। शास्त्रंप्रमाणंकृत्वाच युज्यतेयोगमात्मनः ९ क्लि
श्यतेचापरस्तत्र नैवयोगमवाप्नुयात्। जन्मान्तरसहस्रेभ्यो योगोलभ्यतमानवैः १० य
थायोगसहस्रेण योगोलभ्येतमानवैः। यस्तुसर्वाणिरत्नानि ब्राह्मणेभ्यःप्रयच्छति ११ ते
नदानेनदत्तेन योगंनाभ्येतिमानवः। प्रयागेतुमृतस्येदं सर्वंभवतिनान्यथा १२ प्रधान
हेतुंवक्ष्यामि श्रद्दधत्स्वचभारत! यथासर्वेषुभूतेषु ब्रह्मसर्वत्रदृश्यते १३ ब्राह्मणेवास्ति
यत् किञ्चिद्ब्राह्ममितिचोच्यते। एवंसर्वेषुभूतेषु ब्रह्मसर्वत्रपूज्यते १४ यथासर्वेषुलोके
षु प्रयागपूजयेद्बुधः। पूज्यतेतीर्थराजस्तु सत्यमेवयुधिष्ठिर! १५ ब्रह्मापिस्मरतेनि
त्यं प्रयागंतीर्थमुत्तमम्। तीर्थराजमनुप्राप्य नचान्यत्किञ्चिदिच्छति १६ कोहिदेवत्व
मासाद्य मनुष्यत्वंचिकीर्षति। अनेनैवोपमानेन त्वंज्ञास्यसियुधिष्ठिर!। यथापुण्यतमं
चास्ति तथैवकथितंमया १७ (युधिष्ठिर उवाच) श्रुतंचेदंत्वयाप्रोक्तं विस्मितोऽहंपुनः

एक प्रयागकीही स्तुति कैसे करते हैं इसमें प्रमाणके विना श्रद्धा नहीं होती है ४ और वहाँ थोड़ा ही वास करनेसे परमगति यथेष्ट दिव्य भोग और वहुतसे धर्म इनकी प्राप्ति कैसे कहतेहो इस मेरे सन्देहको आप जैसे जानतेहो वैसे दूरकरो ५ मार्कण्डेयजी कहते हैं कि हे राजन् पापसे हत श्रद्धा-रहित पुरुषके आगे श्रद्धा न होनेवाली प्रत्यक्ष वातभी न कहनी चाहिये ६ श्रद्धारहित अपवित्र दुष्ट-मति और अमंगली यह सब महापातकी पुरुष होते हैं इसीसे तैंने ऐसा कहाहै अव प्रयागके माहा-त्म्यको जैसा कि मैंने सुना और देखाहै उसको सुन प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष जैसे कि धरीहुई धरोहड़ होती है वैसेही देखे और सुनेहुएके अनुसार शास्त्रको प्रमाणकरके अपने आत्माको युक्तकरै ७। ९ इससे अन्यथा करनेवाला पुरुष क्लेशको प्राप्तहो योगको नहीं पाता है मनुष्योंको हजारों जन्मोंमें योगकी प्राप्ति होती है १० जैसे हजारों योगोंसे मनुष्योंको योगकी लब्धि होती है वैसेही ब्राह्मणों के अर्थ हजारों रत्न दान करनेसे योगकी प्राप्ति नहीं होती परन्तु प्रयागपर मरनेवालेको वहसवफल निस्सन्देह अवश्य प्राप्त होजाताहै ११। १२ हे राजा श्रद्धायुक्त होकर अव प्रधान हेतुको सुन जैसे कि सव प्राणियों में और सव स्थानों में ब्रह्महही दीखताहै ब्रह्मके विना कोई वस्तु नहीं है ऐसेही सव भूतों में ब्रह्महही पूजा जाताहै १३। १४ हे युधिष्ठिर इसीप्रकार सवलोकों में वुद्धिमान् पुरुष प्रयाग तीर्थकोही निस्सन्देह सत्य २ पूजते हैं १५ क्योंकि ब्रह्माजीभी प्रतिदिन तीर्थराज प्रयागजीकाही स्मरण किया करतेहैं इसीसे वुद्धिमान् पुरुष तीर्थराज प्रयागजीको प्राप्त होकर अन्य किसी वस्तुको नहीं चाहताहै १६ हे युधिष्ठिर देवभावको भी प्राप्त होकर मनुष्य होने की कौन इच्छा करताहै इसी

पुनः । कथंयोगेनतत्प्राप्तिः स्वर्गवासस्तुकर्मणा १८ दातावैलभतेभोगान् गांचयत्कर्म
णःफलम् । तानिकर्माणिपृच्छामि पुनस्तैःप्राप्यतेमही १९ (मार्कण्डेय उवाच) शृणु
राजन्महाबाहो ! यथोक्तकरणंमहीम् । गामग्निंब्राह्मणंशास्त्रं काञ्चनंसलिलंस्त्रियः २०
मातरंपितरञ्चैवयेनिन्दन्तिनराधमाः । नतेषामूर्ध्वगमनमिदमाहप्रजापतिः २१ एवंयो
गस्यसम्प्राप्ति स्थानंपरमदुर्लभम् । गच्छन्तिनरकंघोरं येनराःपापकर्मिणः । २२ हस्त्य
श्वङ्गामनड्वाहं मणिमुक्तादिकाञ्चनम् । परोक्षंहरतेयस्तु यश्चदानंप्रयच्छति २३ नतेग
च्छन्तिवैस्वर्गं दातारोयत्रभोगिनः । अनेककर्मणायुक्ताः पच्यन्तेनरकेपुनः २४ एवंयो
गश्चधर्मश्च दातारश्चयुधिष्ठिर ! । यथासत्यमसत्यंवा अस्तिनास्तीतियत्फलम् । निरुक्त
न्तुप्रवक्ष्यामि यथाहस्वयमंशुमान् २५ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेऽष्टाधिकशततमोऽध्यायः १०८ ॥

(मार्कण्डेय उवाच) शृणुराजन् ! प्रयागस्य माहात्म्यंपुनरेवतु । नैमिषंपुष्करञ्चैव
गोतीर्थंसिन्धुसागरम् १ गयाचचैत्रकंचैव गङ्गासागरमेवच । एतेचान्येचबहवो येचपु
ण्याःशिलोच्चयाः २ दशतीर्थसहस्राणि त्रिंशत्कोट्यस्तथापराः । प्रयागेसंस्थितानित्य
मेवमाहुर्मनीषिणः ३ त्रीणिचाप्यग्निकुण्डानि येषांमध्येतुजाह्नवी । प्रयागादभिनिष्क्रा

उपमारूपी दृष्टान्तसे तुम जानजाओगे कि जैसा अधिक पुण्यवाला और पापोंका हरनेवाला प्रयाग मैंने कहा है १७ युधिष्ठिरने कहा हे ब्रह्मन् आपका कहा हुआ यह माहात्म्य मैंने सुना और वारंवार विस्मित होगया कि कौनसे योगसे वा कर्म से प्रयागकी कैसे प्राप्ति होती है और कैसे स्वर्ग में वास होताहै १८ जिनकर्मों से दान करनेवाला पुरुष भोगोंको और पृथ्वीको भोगताहै और वारंवार पृथ्वी लोकको प्राप्त होताहै उनकर्मोंको मैं आपसे पूछताहूं १९ मार्कण्डेयजी कहते हैं हे राजन् हे महाबाहो अब यथार्थ विधिको मुझसेसुन जो दुष्ट पुरुष पृथ्वी-गौ-अग्नि-ब्राह्मण-शास्त्र-सुवर्ण-जल-स्त्री माता और पिता इन सबकी निन्दा करते हैं वह पुरुष स्वर्गादिक ऊर्ध्वलोकों में नहीं प्राप्त होते हैं यह ब्रह्माजीने अपने मुखसे कहाहै २० । २१ इसी प्रकार योगकी प्राप्तिका भी स्थान परम दुर्लभ कहाहै जो पाप कर्मवाले पुरुष हैं वह घोर नरक में प्राप्त होते हैं २२ जो पुरुष हाथी घोड़ा गौ बैल मणि मोती और सुवर्ण इनको पीछेसे परोक्षमें हरलेताहै वह और जो इनका दान करताहै इनका यह भेदहै कि हरनेवाले तो कभी स्वर्ग में नहीं प्राप्त होते और दानीपुरुष भोगी होने के बदले इस पापकर्म से घोर नरकमें दुःखोंको भोगते हैं इसीप्रकार योग धर्म दाताका शुभाशुभ फल और सत्य असत्य इन सबको जैसे कि पूर्वमें सूर्य्य नारायणने कहाहै वैसेही हमभी कहते हैं २३ । २५ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टाधिकशततमोऽध्यायः १०८ ॥

मार्कण्डेयजी कहते हैं-हे राजन् और भी प्रयाग माहात्म्यको मुझसे सुन नैमिष-पुष्कर-गोतीर्थ-सिन्धुसागर-१ गयाजी चैत्रक तीर्थ-और गंगासागर यह सब और अन्य जो पवित्र तीर्थहैं वह सब दशहज़ार तीर्थ और तीसकिरोड़ अन्य तीर्थ यह सब मिलेहुए प्रयागजीमें स्थितरहते हैं यह मुनियों

न्ता सर्वतीर्थनमस्कृता ४ तपनस्यसुतादेवी त्रिषुलोकेषुविश्रुता। यमुनागङ्गयासार्द्धं सङ्गतालोकभाविनी ५ गङ्गायमुनयोर्मध्ये पृथिव्याजघनंस्मृतम्। प्रयागंराजशार्दूल! कलांनार्हन्तिषोड़शीम् ६ तिस्रःकोट्योऽर्द्धकोटिश्च तीर्थानांवायुरब्रवीत्। दिविभुव्य न्तरिक्षेच तत्सर्वंजाह्नवीस्मृता ७ प्रयागंसमधिष्ठानं कम्बलाश्वतरावुभौ। भोगवत्यथ याचैषा वेदिरेषाप्रजापतेः ८ तत्रवेदाश्चयज्ञाश्च मूर्त्तिमन्तोयुधिष्ठिर!। प्रजापतिमुपा सन्ते ऋषयश्चतपोधनाः ९ यजन्तेक्रतुभिर्देवास्तथा चक्रधरान्नृपाः। ततःपुण्यतमंना स्ति त्रिषुलोकेषुभारत! १० प्रभावात्सर्वतीर्थेभ्यः प्रभवत्यधिकंविभो!। दशतीर्थसह स्राणि तिस्रःकोट्यस्तथापराः ११ यत्रगङ्गामहाभागा सदेशस्तत्तपोधनम्। सिद्धक्षेत्र ञ्चविज्ञेयं गङ्गातीरसमन्वितम् १२ इदंसत्यंविजानीयात् साधूनामात्मनश्चवै। सुहृदश्च जपेत्कर्णे शिष्यस्यानुगतस्यच १३ इदंधन्यमिदंस्वर्ग्यमिदंसत्यमिदंसुखम्। इदंपुण्य मिदंधर्म्यं पावनंधर्ममुत्तमम् १४ महर्षीणामिदंगुह्यं सर्वपापप्रणाशनम्। अधीत्यचद्वि जोऽप्येतन्निर्मलः स्वर्गमाप्नुयात् १५ यइदंशृणुयान्नित्यं तीर्थंपुण्यंसदाशुचिः। जातिस्म रत्वंलभते नाकपृष्ठेचमोदते १६ प्राप्यन्तेतानितीर्थानि सद्भिःशिष्टानुदर्शिभिः। स्नाहि तीर्थेषुकौरव्य! नचवक्रमतिर्भवेत् १७ त्वयाचसम्यक्पृष्टेन कथितं वैमयाविभो!। पितर

का कथनहै २। ३ इनके मध्यमें तीन अग्निकुंडहैं उनके मध्यमें गंगाजी बहती हैं प्रयागसेही निकलीहुई सब तीर्थोंसे नमस्कृत सूर्य्यकी पुत्री श्री यमुनाजी गंगाजीके संगमें प्राप्त हुई हैं ४। ५ गंगा यमुनाके मध्यमें पृथ्वीकी जंघा कही है हे राजशार्दूल वही प्रयागजी हैं उसकी सोलहवीं कलाको भी अन्य तीर्थ नहीं प्राप्त होते हैं वायु पुराणमें कहाहै कि पृथ्वी और आकाशमें साढ़ेतीन किरोड़ तीर्थ हैं उन सबको गंगाजीमें जानो ६। ७ उन सब तीर्थोंका मंडल प्रयागजी हैं कम्बल और अश्वतर नाम दोतटहैं वहाँ भोगवती पुरी है वह प्रजापतिकी वेदी रेखा वर्णनकरी है ८ हे युधिष्ठिर वहाँ वेद और यज्ञ मूर्तिमान् होकर ब्रह्माजीकी उपासना करते हैं—तपोधन ऋषि देवता चक्रधारी और राजा यह सब यज्ञोंकरके प्रयागकी उपासना करते हैं हे भारत त्रिलोकीमें प्रयागजीसे अधिक कोई पदार्थभी पवित्र नहीं है ९। १० यह तीर्थ अपने प्रभावसे सब तीर्थोंमें अधिकहै दशहज़ार तीनकिरोड़ तीर्थ और श्री गंगाजी यह सब जिस स्थानमें हैं वही देश तपोधनहै यह सब देश गंगाजीके तटोंसे युक्त होनेसे सिद्ध क्षेत्र कहलाते हैं ११। १२ साधुजन लोग अपने मित्रजन शिष्य और अनुचर इन सब के कानोंमें ऐसा वचन कहते हैं कि यह प्रयाग धन्यहै स्वर्गका देनेवालाहै सुख रूपहै सत्यहै पवित्र है धर्म देनेवालाहै अति उत्तमहोकर महर्षियों को भी दुर्लभहै सब पापोंका नाशकरनेवाला है इस माहात्म्यको द्विज पढ़के निर्मलहो स्वर्गमें प्राप्त होताहै १३। १५ जो इस तीर्थको पढ़ता सुनता है वह सदैव पवित्रहोकर अपनी ज्ञातिमें स्मरणकरनेके योग्य होता है और स्वर्गमें प्राप्त होकर आनन्द करताहै १६ श्रेष्ठ आचरण करनेवाले उत्तम पुरुषोंको यह तीर्थ प्राप्त होते हैं इसीसे हे युधिष्ठिर तुम भी इन तीर्थोंमें कुटिलतासे रहितहोकर स्नानकरो हे राजा तेंने सब प्रकारसे मुझसे

स्तारिताःसर्वे तथैवचपितामहाः १८ प्रयागस्यतुसर्वेते कलांनार्हन्तिषोडशीम्। एवंज्ञा नञ्चयोगञ्च तीर्थंचैवयुधिष्ठिर! १९ बहुक्लेशेन युज्यन्ते तेनयान्तिपराङ्गतिम्। त्रिकालं जायतेज्ञानं स्वर्गलोकंगमिष्यति २० ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे नवाधिकशततमोऽध्यायः १०९ ॥

(युधिष्ठिर उवाच) कथंसर्वमिदंप्रोक्तं प्रयागस्यमहामुने!। एतन्नःसर्वमाख्याहि यथाहिममतारयेत् १ (मार्कण्डेय उवाच) शृणुराजन्! प्रयागेतु प्रोक्तंसर्वमिदंजपेत्। ब्रह्माविष्णुस्तथेशानो देवताःप्रभुरव्ययः २ ब्रह्मासृजतिभूतानि स्थावरंजङ्गमञ्चयत्। तान्येतानिपरंलोके विष्णुःसंवर्द्धतेप्रजाः ३ कल्पान्तेतत्समग्रंहि रुद्रःसंहरतेजगत्। तदाप्रयागतीर्थञ्च नकदाचिद्विनश्यति ४ ईश्वरःसर्वभूतानां यःपश्यति स पश्यति। यत्ने नानेनतिष्ठन्ति तेयान्तिपरमाङ्गतिम् ५ (युधिष्ठिर उवाच) आख्याहिमेयथातथ्यं यथे षातिष्ठतिश्रुतिः। केनवाकारणेनैव तिष्ठन्तेलोकसत्तमाः ६ (मार्कण्डेय उवाच) प्रया गेनिवसन्तेते ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः। कारणंतत्प्रवक्ष्यामि शृणुतत्त्वंयुधिष्ठिर! ७ पञ्चयो जनविस्तीर्णं प्रयागस्यतुमण्डलम्। तिष्ठन्तिरक्षणायात्र पापकर्मनिवारणात् ८ उत्तरेण प्रतिष्ठानाच्छद्मनाब्रह्मातिष्ठति। वेणीमाधवरूपीतु भगवांस्तत्रतिष्ठति ९ माहेश्वरोवटो

पूछकर अपने पितरोंको उद्धार करदियाहै १७।१८ हे युधिष्ठिर वह पहले कहेहुए तीर्थ प्रयागजीकी सोलहवीं कलाकोभी नहीं पहुँचते हैं यहाँतक कि ज्ञान योग तीर्थभी इसकी सोलहवीं कलाको नहीं पहुँचते हैं क्योंकि यह ज्ञान योगादिक बहुत क्लेशसे प्राप्त होते हैं तब परमगति होती है अर्थात् त्रिकाल ज्ञान जब प्राप्त होजाताहै तभी स्वर्गलोककी प्राप्ति होती है १९। २० ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांनवाधिकशततमोऽध्यायः १०९ ॥

युधिष्ठिर बोले-हे महामुने यह सबमाहात्म्य आपने प्रयागकाही कैसे कहा यह सब मुझसे कहो जिससे कि हमारे कुलका उद्धारहो १ मार्कण्डेयजी कहते हैं कि हे राजा इसबातका श्रवणकरो कि प्रयागमें यह सब कहाहुआ जपना चाहिये क्योंकि ब्रह्मा विष्णु और देवदेव शिवजी यह तीनों अविनाशी हैं २ ब्रह्माजी तो स्थावर जंगम भूतोंको रचते हैं और उन्हीं सब रचनाकिये हुए भूतोंको विष्णु भगवान् पालते हैं ३ और फिर कल्पके अन्तमें उस सबप्रजाको शिवजी संहार करते हैं उस संहारकालमेंभी प्रयाग नष्ट नहीं होता जो इसप्रयाग तीर्थको सब भूतोंका ईश्वर जानताहै वही सब कुछ देखताहै ऐसे यत्नसे जो रहते हैं वह परमगतिको पाते हैं ४। ५ हे मुने जिस कारणसे यह प्रसिद्धि है कि प्रयागमें ब्रह्मा विष्णु और शिव स्थित रहते हैं उस कारणको मेरेअर्थ यथार्थ रीतिसे कहो ६ मार्कण्डेयजी कहते हैं कि हे युधिष्ठिर प्रयागमें जो ब्रह्मा विष्णु और शिवजी रहतेहैं उसका कारण मैं तुमसे कहताहूं ७ बीसकोशमें प्रयागके मंडलका विस्तारहै वहाँ पापकर्मोंके निवारण होनेसे रक्षाके निमित्त उत्तरकी ओर प्रतिष्ठान तीर्थमें ब्रह्माजी स्थितहैं वेणीमाधवरूप विष्णु भगवान्‌हैं और शिवजी बडरूप होकर स्थितहोरहे हैं इन सबके सिवाय देवता गन्धर्व सिद्ध और परम ऋषि

भूत्वा तिष्ठतेपरमेश्वरः। ततोदेवाःसगन्धर्वाः सिद्धाश्चपरमर्षयः १० रक्षन्तिमण्डलंनि
त्यं पापकर्मनिवारणात्। यस्मिन्जुहृन्स्वकंपापं नरकञ्चनपश्यति ११ एवंब्रह्माचविष्णु
श्च प्रयागेसमहेश्वरः। सप्तद्वीपाःसमुद्राश्च पर्वताश्चमहीतले १२ रक्षमाणाश्चतिष्ठ
न्तियावदाभूतसंप्लवम्। येचान्येबहवःसर्वे ते तिष्ठन्तियुधिष्ठिर!१३पृथिवीतत्समाश्रित्य
निर्मितादैवतैस्त्रिभिः। प्रजापतेरिन्द्रक्षेत्रं प्रयागमितिविश्रुतम् १४ एतत्पुण्यंपवित्रं वै
प्रयागञ्चयुधिष्ठिर!। स्वराज्यंकुरुराजेन्द्र! भ्रातृभिःसहितोऽनघ! १५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे दशाधिकशततमोऽध्यायः ११०॥

(नन्दिकेश्वर उवाच) भ्रातृभिःसहिताःसर्वे द्रौपद्यासहभार्यया। ब्राह्मणेभ्योनमस्कृ
त्य गुरून्देवानतर्पयत् १ वासुदेवोऽपितत्रैव क्षणेनाभ्यागतस्तदा। पाण्डवैःसहितैःस
र्वैः पूज्यमानस्तुमाधवः २ कृष्णेनसहितैःसर्वैः पुनरेवमहात्मभिः। अभिषिक्तःस्वराज्येच
धर्मपुत्रोयुधिष्ठिरः ३ एतस्मिन्नन्तरेचैव मार्कण्डेयोमहामुनिः। ततःस्वस्तीतिचोक्त्वातु
क्षणादाश्रममागमत् ४ युधिष्ठिरोऽपिधर्मात्मा भ्रातृभिःसहितोऽवसत्। महादानंततोद
त्त्वा धर्मपुत्रोमहामनाः ५ यस्त्विदंकल्पउत्थाय माहात्म्यंपठतेनरः। प्रयागंस्मरतेनित्यं
सयातिपरमंपदम्। मुच्यतेसर्वपापेभ्यो रुद्रलोकंसगच्छति ६ (वासुदेव उवाच) मम
वाक्यञ्चकर्तव्यं महाराज!ब्रवीम्यहम्। नित्यंजपस्वजुहृस्व प्रयागेविगतज्वरः ७ प्रयागं

यह सब पापकर्म को दूर करके उस प्रयागजी के मंडलकी रक्षा करते हैं जहां मनुष्य अपने पापको त्यागकर कभी नरकको नहीं देखता ८। ११ ब्रह्मा विष्णु शिव और सातों द्वीप समुद्र यह सब रक्षितहुए स्थित रहते हैं हे युधिष्ठिर इनके सिवाय अन्य देवता भी प्रलय कालतक वहां स्थित रहते हैं १२। १३ हे राजेन्द्र ब्रह्मादिक देवताओंने इस प्रयाग के आश्रय होके यह पृथ्वी रची है प्रजापतिका इन्द्रक्षेत्र प्रयाग नामसे प्रसिद्ध है १४ हे युधिष्ठिर यह प्रयाग बड़ा पुण्यकारी और पवित्रहै अब तुम भी पाप रहित होकर अपने भाइयों समेत राज्यकरो १५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांदशाधिकशततमोऽध्यायः ११०॥

नन्दिकेश्वर बोले कि हे नारद मार्कण्डेयजी के वचनों पर दृढ़ विश्वासकर युधिष्ठिरादिक सब पाण्डव प्रयागजी में जाकर ब्राह्मणोंको नमस्कार करके गुरु देवतादिकों का तर्पण करतेभये १ वहां क्षणभर मेंही श्रीकृष्णजी भी आगये तब सब पांडवों से पूजेहुए श्रीकृष्णजी और भीमादिक चारों पाण्डव युधिष्ठिर को राज्य तिलक कर देते भये २। ३ और उसी समय मार्कण्डेय मुनि भी वहां आये और स्वस्तिवचन कहकर अपने आश्रमको जातेभये तब धर्मात्मा युधिष्ठिर अपने भाइयों समेत निवास करता भया और महादान देकर बड़े प्रसन्न मन से राज्य करता भया ४। ५ जो मनुष्य प्रातःकाल उठकर इस माहात्म्य को पढ़ता है और प्रतिदिन प्रयाग का स्मरण करताहै वह परम पद को प्राप्त होकर सब पापों से छूटाहुआ शिवलोकमें प्राप्त होता है ६ श्रीकृष्णजी कहते हैं कि हे महाराज जो मैं कहता हूं उसको तुम सुनो कि प्रतिदिन सन्ताप रहित होकर प्रयागका स्मरण करोगे

स्मरवैनित्यं सहास्माभिर्युधिष्ठिर!। स्वयंप्राप्स्यसिराजेन्द्र! स्वर्गलोकंनसंशयः ८ प्रया
गमनुगच्छेद्वा वसतेवापियोनरः। सर्वपापविशुद्धात्मा रुद्रलोकंसगच्छति ९ प्रतिग्रहादु
पावृत्तः सन्तुष्टोनियतःशुचिः। अहङ्कारनिवृत्तश्च सतीर्थफलमश्नुते १० अकोपनश्च
सत्यश्च सत्यवादीदृढव्रतः। आत्मोपमश्चभूतेषु सतीर्थफलमश्नुते ११ ऋषिभिःक्रत
वःप्रोक्ता देवैश्चापियथाक्रमम्। नहिशक्यादरिद्रेण यज्ञाःप्राप्तुंमहीपते! १२ बहूपकरणा
यज्ञा नानासम्भारविस्तराः। प्राप्यन्तेपार्थिवैरेतैः समृद्धैर्वानरैःक्वचित् १३ योदरिद्रै
रपिविधिः शक्यःप्राप्तुंनरेश्वर!। तुल्योयज्ञफलैःपुण्यैस्तन्निबोधयुधिष्ठिर! १४ ऋषी
णांपरमंगुह्यमिदंभरतसत्तम!। तीर्थानुगमनंपुण्यं यज्ञेभ्योऽपिविशिष्यते १५ दशतीर्थ
सहस्राणि तिस्रःकोट्यस्तथापगाः। माघमासेगमिष्यन्ति गङ्गायांभरतर्षभ! १६ स्व
स्थोभवमहाराज! भुंक्ष्वराज्यमकण्टकम्। पुनर्द्रक्ष्यसि राजेन्द्र! यजमानो विशेषतः १७
(नन्दिकेश्वर उवाच) इत्युक्त्वासमहाभागो मार्कण्डेयोमहातपाः। युधिष्ठिरस्यनृपते
स्तत्रैवान्तरधीयत १८ ततस्तत्रसमाप्लाव्य गात्राणिसगणोनृपः। यथोक्तेनाथविधिना
परांनिर्वृतिमागमत् १९ तथात्वमपिदेवर्षे! प्रयागाभिमुखोभव। अभिषेकन्तुकृत्वाथ
कृतकृत्योभविष्यसि २० (सूत उवाच) एवमुक्त्वाथनन्दीशस्तत्रैवान्तरधीयत। नार

तो निस्सन्देह आपही स्वर्गलोक प्राप्त होजायगा ७।८ जो मनुष्य प्रयागजीको गमन करे अथवा वहां निवास करे वह सब पापोंसे छुटकर रुद्रलोकमें प्राप्त होता है ९ जो ब्राह्मण प्रतिग्रहादिक दानों से निवृत्त सन्तोषवृत्ती नियमी पवित्र और अहंकार से रहित होता है वह तीर्थके फलको प्राप्त होता है १० जो क्रोधरहित सत्यवक्ता और सब जीवोंको अपने समान देखनेवाला होता है ऐसा पुरुष भी तीर्थ के फलको प्राप्त होता है ११ हे राजा जो ऋषियों ने और देवताओं ने क्रमपूर्वक यज्ञ कहे हैं वह दरिद्री पुरुषों से नहीं होसक्ते १२ इसीसे बहुतसी सामग्री युक्त बहुत से विस्तार और आरंभवाले जो यज्ञ हैं वह राजा वा धनाढ्य पुरुषोंकोही प्राप्त होते हैं निर्धनको नहीं होते १३ इसहेतु से हे युधिष्ठिर जो दरिद्री पुरुषों से होनेके योग्य विधिवाले और बड़े यज्ञों के समान फलवाले यज्ञ हैं उनको भी तुम मुझसे सुनो १४ तीर्थ के प्रतिगमन करना यह ऋषियों का परमगुह्य और यज्ञों से भी अधिक फल वाला कहा है १५ हे राजेन्द्र दश हज़ार तीर्थ और तीन करोड़ नदी माघके महीने में श्रीगंगाजी में आकर वास करती हैं १६ हे महाराज स्वस्थचित्त से राज्यको भोगते और विशेष कर यज्ञों को करते हुए तुमभी प्रयागजी के दर्शन करोगे १७ नन्दिकेश्वर कहते हैं कि इस रीतिसे वह महातपवाले महाभागी मार्कण्डेयजी राजायुधिष्ठिर से वर्णन करके वहाँही अन्तर्द्धान होगये १८ इसके अनन्तर अपनी सेना समेत युधिष्ठिर यथोक्तविधि से उस प्रयागतीर्थ में स्नान करके परमानन्दको प्राप्त होताभया १९ हे देवर्षि नारदजी इसीप्रकार से तुम भी प्रयागजी के सन्मुखहो उसमें अभिषेक करके कृतकृत्य हो जाओगे २० सूतजी ऋषियोंसे कहते हैं कि इसरीति से नन्दिकेश्वर नारदजीसे कहकर वहाँही अन्तर्द्धान होगये और नारदजी भी उसीक्षण प्रयागजी के सन्मुख जातेभये

द्रोऽपिजगामाशु प्रयागाभिमुखस्तदा २१ तत्रस्नात्वाचजप्त्वाच विधिदृष्टेनकर्मणा। दानन्दत्त्वाद्विजाग्र्येभ्यो गतःस्वभवनंतदा २२॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे एकादशाधिकशततमोऽध्यायः १११॥

(ऋषय ऊचुः) कतिद्वीपाःसमुद्रावा पर्वतावाकतिप्रभो!। कियन्तिचैववर्षाणि तेषुनद्यश्चकाःस्मृताः १ महाभूमिप्रमाणञ्च लोकालोकस्तथैवच। पर्याप्तिपरिमाणञ्च गतिश्चन्द्रार्कयोस्तथा २ एतत्प्रब्रवीहिनःसर्वं विस्तरेणयथार्थवित्। त्वदुक्तमेतत्सकलं श्रोतुमिच्छामहेवयम् ३ (सूत उवाच) द्वीपभेदसहस्राणि सप्तचान्तर्गतानिच। नशक्यन्तेक्रमेणेह वक्तुंवैसकलंजगत् ४ सप्तैवतुप्रवक्ष्यामि चन्द्रादित्यग्रहैःसह। तेषांमनुष्यतर्केण प्रमाणानिप्रचक्षते ५ अचिन्त्याःखलुयेभावास्तांस्तुतर्केणसाधयेत्। प्रकृतिभ्यःपरंयच्च तदचिन्त्यस्यलक्षणम् ६ सप्तवर्षाणिवक्ष्यामि जम्बुद्वीपंयथाविधम्। विस्तरंमण्डलंयच्च योजनैस्तन्निबोधत ७ योजनानांसहस्राणि शतंद्वीपस्यविस्तरः। नानाजनपदाकीर्णं पुरैश्चविविधैःशुभैः ८ सिद्धचारणसङ्कीर्णं पर्वतैरुपशोभितम्। सर्वधातुपिनद्धैस्तैः शिलाजालसमुद्गतैः ९ पर्वतप्रसवाभिश्च नदीभिस्तुसमन्ततः। प्रागायतामहापार्श्वाः षडिमेवर्षपर्वताः १० अवगाह्यह्युभयतः समुद्रौपूर्वपश्चिमौ। हिमप्रायश्च

२१ वहाँ स्नान जपकर और प्रारब्धकर्म के अनुसार ब्राह्मणोंको दान देकर अपने भवनको जाते भये २२॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकादशाधिकशततमोऽध्यायः १११॥

ऋषियोंने कहा हे प्रभो सूतजी द्वीप-समुद्र-पर्व्वत और खण्ड कितने २ हैं नदीकौन २ सी हैं १ महाभूमिका प्रमाण लोकालोक पर्व्वतकी प्रमाण सहित समाप्ति और सूर्य्य वा चन्द्रमाकी गति इन सब हमारे प्रश्नों का उत्तर विस्तारपूर्व्वक आप कहिये क्योंकि हम आपके कथारूपी अमृतपान करनेसे तृप्त नहीं होते २ सूतजी बोले कि सातों द्वीपोंके अन्तर्गत हज़ारों द्वीपकहेहैं इनके क्रम पूर्वक कहनेकोतो सब संसार भी समर्थ नहीं है ३। ४ परन्तु चन्द्रमा-सूर्य्य और ग्रहादिकों समेत उन सातों द्वीपोंको अपनीमतिके अनुसार कहकर मनुष्योंके विचारके अनुसार उनके प्रमाणोंको भी वर्णन करूंगा ५ जो प्रयोजन कि विचार में नहीं आसक्ता उसको अनुमान से और जो मनुष्यकी बुद्धिसे परे है वह अचिन्त्यहै सातों खण्डों समेत जंबूद्वीपको विधिपूर्व्वक कहेंगे जितने योजन और मण्डलमें जंबूद्वीपका विस्तार है उसको सुनो ६। ७ इसद्वीपका विस्तार सौ योजन अर्थात् चार सौ कोशकाहै इसमें अनेकप्रकारके मनुष्य पुर और नगर ग्रामादिक शोभितहैं ८ यह द्वीप सिद्ध चारणों से युक्त पर्व्वतों से मंडित सब धातुओंसे और शिलारूप जालोंसे युक्तहै ९ इनके सिवाय पर्व्वतों से उत्पन्नहुई नदियों से चारोंओर को शोभितहै जिसके पूर्व्वकी ओर तो बड़े विस्तार वाले छः प्रकार के पर्व्वतके खण्ड पर्व्वतहैं प्रथम पूर्व पश्चिम के समुद्रोंमें मिलेहुए दो पर्व्वत हैं पहलाहिमवान् पर्व्वत जिसमें शीत बहुत है दूसरा हेमकूट पर्व्वत है उसमें सुवर्णकी खानहै और चारों वर्णों सेशोभित चौवीस हज़ार कोशके प्रमाणका सुवर्णमयसुमेरुपर्व्वत चारोंदिशाओंमें विस्तृत है १०।१२

हिमवान् हेमकूटश्चहेमवान् ११ चातुर्वर्ण्यस्तुसौवर्णो मेरुश्चोल्वमयःस्मृतः। चतुर्वि शत्सहस्राणि विस्तीर्णश्चचतुर्दिशम् १२ वृत्ताकृतिप्रमाणश्च चतुरस्रःसमाहितः। नानावर्णःसमःपार्श्वैः प्रजापतिगुणान्वितः १३ नाभीबन्धनसम्भूतो ब्रह्मणोव्यक्तजन्मनः। पर्वतःश्वेतवर्णस्तु ब्राह्मण्यंतस्यतेनवै १४ पीतश्चदक्षिणेनासौ तेनवैश्यत्वमिष्यते। भृङ्गिपत्रनिभश्चैव पश्चिमेनसमन्वितः। तेनास्यशूद्रतासिद्धा मेरोर्नामार्थकर्म्मतः १५ पार्श्वमुत्तरतस्तस्य रक्तवर्णस्वभावतः। तेनास्यक्षत्रभावःस्यादितिवर्णाःप्रकीर्तिताः १६ नलश्चवैदूर्यमयःश्वेतः पीतोहिरण्मयः। मयूरबर्हवर्णश्च शातकौम्भःसशृङ्गवान् १७ एतेपर्वतराजानः सिद्धचारणसेविताः। तेषामन्तरविष्कम्भो नवसाहस्रमुच्यते १८ मध्येलिलावृतंनाम महामेरोःसमन्ततः। चतुर्विंशत्सहस्राणि विस्तीर्णोयोजनैःसमः १९ मध्येतस्यमहामेरुर्विधूमइवपावकः। वेद्यर्द्धंदक्षिणंमेरोरुत्तरार्द्धंतथोत्तरम् २० वर्षाणियानिसप्तात्र तेषांवैवर्षपर्वताः। द्वेद्वेसहस्रेविस्तीर्णा योजनैर्दक्षिणोत्तरम् २१ जम्बुद्वीपस्य विस्तारस्तेषामायामउच्यते। नीलश्चनिषधश्चैव तेषांहीनाश्चयेपरे २२ श्वेतश्चहेमकूटश्च हिमवान्शृङ्गवांश्चयः। जम्बुद्वीपप्रमाणेन ऋषभःपरिकीर्त्यते २३ तस्माद्द्वादशभागेन हेमकूटोऽपिहीयते। हिमवान्विंशभागेनतस्मादेवप्रहीयते। अष्टाशीतिसहस्राणि हेमकूटोमहागिरिः २४ अशीतिर्हिमवांश्शैल आयतःपूर्वपश्चिमे। द्वीपस्यमण्डलीभावा

यह पर्वत गोल आकृति भूमिमें समान अनेकप्रकार के रंगके सरोवरों वाला ब्रह्माजी के दियेहुए गुणोंसे युक्त है क्योंकि यह पर्व्वत अव्यक्त जन्मवाले ब्रह्माजी की नाभि के बन्धनसे उत्पन्न हुआ है इस पर्व्वतके एक पक्षमें श्वेतवर्ण है इसहेतु से उसमें ब्राह्मण भाव गिनते हैं दूसरीओर दक्षिण दिशामें पीतवर्ण है इसहेतु वैश्यभावहै पश्चिमकी ओर भौंरोंके समान कालावर्ण है इस कारण से शूद्रभाव है और उत्तर की ओर लालवर्ण है इस निमित्त इसका क्षत्रीपना प्रसिद्धहै ऐसे इसकेचारों वर्ण कहे हैं १३।१६ नल पर्व्वत वैदूर्य्यमणियों से जटितहै और श्वेतपीत होकर सुवर्ण के समान वर्ण मोर पंखके सदृश शोभित बड़े २ शृंगोंवालाहै १७ यह पर्व्वत पूर्व कहेहुए पर्व्वतोंका राजा है और सिद्ध चारणों से सेवितहै इन दोनों में हज़ार योजनका अन्तर कहाहै १८ मध्यमें इलावृतनाम पर्व्वतहै वह महामेरुके चारों ओर है उसका विस्तार चौबीस हज़ार योजनका है १९ इन सबके मध्यमें सुमेरु ऐसा देदीप्यमान है जैसी कि निर्धूम अग्नि होती है यह दक्षिणकी ओर आधा दक्षिण मेरुहै और उत्तर की ओर का उत्तर मेरु है २० जो यहां सातवर्ष कहे हैं उनवर्षों में उत्तर दक्षिण वर्ष दो हज़ार योजनवाले विस्तार में हैं २१ अब जंबूद्वीपका विस्तार और उन पर्व्वतोंकी चौड़ाई कहते हैं इनमें नील और निषध दो पर्व्वत बड़े हैं और बाकीके पर्व्वत छोटे हैं २२ इनमें हेमकूट–हिमवान–शृंगवान् और ऋषभ यह श्वेतपर्व्वत जम्बू द्वीपके प्रमाणसे कहे हैं २३ अन्य पर्व्वतों से हेमकूट बारह गुणा बड़ाहै हेमकूट से हिमवान् बीस भाग बड़ाहै हेमकूट महागिरि अट्ठासी हज़ार योजन वर्णन कियाहै २४ हिमवान् पर्व्वत पूर्व्व पश्चिम अस्सी हज़ार योजन चौड़ा है ऐसे मण्डली

ह्रासवृद्धीप्रकीर्त्तिते २५ वर्षाणांपर्वतानाञ्च यथाभेदंतथोत्तरम्। तेषांमध्येजनपदास्तानि वर्षाणिसप्तवै २६ प्रपातविषमैस्तैस्तु पर्वतैरावृतानितु। सप्ततानिनदीभेदैरगम्यानिपरस्परम् २७ वसन्तितेषुसत्वानिनानाजातीनिसर्वशः। इमंहैमवतंवर्षं भारतंनामविश्रुतम् २८हेमकूटंपरंतस्मान्नाम्नाकिम्पुरुषंस्मृतम्। हेमकूटाश्चनिषधं हरिवर्षंतदुच्यते २९ हरिवर्षात्परश्चापि मेरोस्तुतदिलावृतम्। इलावृतात्परंनीलं रम्यकंनामविश्रुतम् ३० रम्यकादपरंश्वेतं विश्रुतंतद्धिरण्यकम्। हिरण्यकात्परश्चैव शृङ्गशाकंकुरंस्मृतम् ३१ धनुःसंस्थेतु विज्ञेयेदेवर्षे! दक्षिणोत्तरे। दीर्घाणितस्यचत्वारि मध्यमंतदिलावृतम् ३२ पूर्वतोनिषधस्येदं वेद्यर्द्धंदक्षिणंस्मृतम्। परन्त्विलावृतंपश्चाद्वेद्यर्द्धन्तुतदुत्तरम् ३३ तयोर्मध्येतुविज्ञेयो मेरुर्यत्रत्विलावृतम्। दक्षिणेनतुनीलस्य निषधस्योत्तरेणतु ३४ उदगायतोमहाशैलो माल्यवान्नामपर्वतः। द्वात्रिंशतासहस्रेण प्रतीच्यांसागरानुगः ३५ माल्यवान्वैसहस्रैक आनीलनिषधायतः। द्वात्रिंशत्त्वेवमप्युक्तः पर्वतोगन्धमादनः ३६ परिमण्डलयोर्मध्ये मेरुःकनकपर्वतः। चातुर्वर्ण्यसमोवर्णैश्चतुरस्रःसमुच्छ्रितः ३७ नानावर्णःसपार्श्वेषु पूर्वान्तेश्वेतउच्यते। पीतन्तुदक्षिणंतस्य भृङ्गिपत्रनिभम्परम्। उत्तरंतस्यरक्तंवै इतिवर्णसमन्वितः ३८ मेरुस्तुशुशुभेदिव्यो राजवत्सतुवेष्टितः। आदित्यतरुणाभासो विधूमइवपावकः ३९ योजनानांसहस्राणि चतुराशीतिउच्छ्रितः। प्रविष्टःषोडशाधस्तादष्टाविंशतिविस्तृतः ४० विस्तराद्द्विगुणश्चास्य परीणाहःसमन्ततः। सपर्वतोमहादिव्यो दिव्यौषधि

भाव होनेसे द्वीपकी ह्रास अर्थात् घटना और वृद्धि कहदी है २५ वर्ष और पर्व्वतों का जैसा भेद है वैसाही उत्तर है उन वर्षों के बीचमें देशवसते हैं २६ यह वर्ष कि ले के समान पर्व्वतों से आवृत है और इन पर्व्वतोंका परस्पर आना जाना केवल सातही नदियों करके बन्दहै २७ इन खंडों में सब जगह अनेक जाति के जीव बसते हैं २८ हे मकूट नामसे किम्पुरुष कहा है हेमकूटसे निषध पर्य्यन्त हरिवर्ष कहाजाता है २९ हरि वर्ष से परे मेरु मेरु से परे इलावृत और इलावृत से परे नीलरम्यक नामसे विख्यातहै ३० रम्यक से परे श्वेत पर्व्वत है वह हिरण्यकनाम से विख्यातहै हिरण्यक से परे शृंगशाक है उसीको कुर भी कहते हैं ३१ और दक्षिण उत्तर दो वर्ष धनुषाकार चार सौ योजन चौड़े हैं इनके मध्यमें इलावृतहै ३२ इसमें आधा तो दक्षिण इलावृतहै और आधा उत्तर इलावृत है ३३ इनके बीचो बीच सुमेरु-सुमेरु के दक्षिण नीलपर्व्वत और उत्तर में निषधहै ३४ और माल्य वान् पर्व्वत बत्तीस हज़ार योजन लम्बा होकर पश्चिम समुद्रमें प्राप्तहै ३५ यह माल्यवान् नील और निषध पर्व्वत पर्य्यन्त एक हज़ार योजनहै और बत्तीस योजन गन्धमादन है ३६ इस मंडल के बीचमें सुवर्ण का सुमेरु पर्व्वत है वह चारों-वर्णोंके समान चार रंगवाला चौखूंटा और ऊंचा है ३७ पूर्वदिशाके अन्तमें श्वेत पर्व्वत है वह भृंगिपत्र के समान दक्षिणमें पीत है और उत्तरमें रक्त है ३८ उन पर्व्वतों के मध्य में मेरुपर्व्वत तरुण सूर्य्य और निर्धूम अग्नि के समान प्रकाशमान है ३९ वह सुमेरु चौरासी हज़ार योजन ऊंचाहै सोलह हज़ार पृथ्वीमें है और अट्ठाईस हज़ार योजन

समन्वितः ४१ भुवनैरावृतःसर्वैर्जातरूपपरिष्कृतैः । तत्रदेवगणाश्चैव गन्धर्वासुरराक्षसाः। शैलराजेप्रमोदन्ते सर्वतोऽप्सरसाङ्गणैः ४२ सतुमेरुःपरिवृतो भुवनैर्भूतभावनैः। यस्येमेचतुरादेशा नानापार्श्वेषुसंस्थिताः ४३ भद्राश्वंभारतञ्चैव केतुमालञ्चपश्चिमे। उत्तराश्चैवकुरवः कृतपुण्यप्रतिश्रयाः ४४ विष्कम्भपर्वतास्तद्वन् मन्दरोगन्धमादनः। विपुलश्चसुपार्श्वश्च सर्वरत्नविभूषितः ४५ अरुणोदंमानसञ्च सितोदंभद्रसंज्ञितम्। तेषामुपरिचत्वारि सरांसिचवनानिच ४६ तथाभद्रकदम्बस्तु पर्वतेगन्धमादने। जम्बूवृक्षस्तथाश्वत्थो विपुलेऽथवटःपरम् ४७ गन्धमादनपार्श्वेतु पश्चिमेऽमरगण्डिकः। द्वात्रिंशतिसहस्राणि योजनैःसर्वतःसमः ४८ तत्रतेशुभकर्माणः केतुमालाःपरिश्रुताः। तत्रकालानलाःसर्वे महासत्वामहाबलाः ४९ स्त्रियश्चोत्पलवर्णाभाः सुन्दर्यःप्रियदर्शनाः। तत्रदिव्योमहावृक्षः पनसःपत्रभासुरः ५० तस्यपीत्वाफलरसं संजीवन्तिसमायुतम्। तस्यमाल्यवत पार्श्वे पूर्वेपूर्वातुगण्डिका। द्वात्रिंशच्चसहस्राणि तत्रापिशतमुच्यते ५१ भद्रश्च तत्रविज्ञेयो नित्यंमुदितमानसः। भद्रमालवनंतत्र कालाम्रश्चमहाद्रुमः ५२ तत्रतेपुरुषाःश्वेता महासत्वामहाबलाः। स्त्रियःकुमुदवर्णाभाः सुन्दर्यःप्रियदर्शनाः ५३ चन्द्रप्रभाश्चन्द्रवर्णाः पूर्णचन्द्रनिभाननाः। चन्द्रशीतलगात्राश्च स्त्रियोह्युत्पलगन्धिकाः ५४ दशवर्षसहस्राणि आयुस्तेषामनामयम्। कालाम्रस्यरसंपीत्वा तेसर्वेस्थिरयौवनाः ५५ (सूत

चौड़ा है ४० यह ऊपर की ओर इस्से दुगुना चौड़ा होकर पर्व्वतों में महादिव्य उत्तम ओषधियों से युक्त है ४१ इस शैलपर सुवर्ण के स्थानों में देवता गन्धर्व और राक्षस आनन्द करते हैं ४२ वह सुमेरु भूत भावन भुवनों से युक्त है और पक्षमें चार देशस्थित हैं अर्थात् दक्षिणमें भद्राश्वभारत और केतुमाल और उत्तर में पुण्यात्मा कुरुदेश हैं ४३। ४४ इनकी मर्यादा मन्दर-- गन्धमादन--विपुल और सुपार्श्व यह सब अनेक रत्नों से भूषितहैं ४५ और इन पर्व्वतों पर अरुणोदय-- मानस सितोद-- और भद्रसंज्ञिक यह सरोवर और बनहैं ४६ और कदम्ब-- जामन - पीपल और वड यह चार बड़े २ वृक्ष हैं ४७ गन्धमादन के पास पश्चिममें बत्तीस हज़ार योजन का अमर गंडक पर्व्वत है ४८ वहाँ संपूर्ण शुभकर्मी मनुष्य वासकरते हैं उन सबका तेज काल और अग्नि के समान है और बड़े २ शरीर धारी और पराक्रमी हैं वहाँ की स्त्रियां कमलके समान वर्णवाली महा सुन्दर और प्रिय दर्शन वाली हैं उस माल्यवान् पर्व्वत में सुन्दर फाल सों के वृक्ष पत्तों से भूपित हैं ४९। ५० उन फालसों के रसको पीकर वहाँ के बासी दशहज़ार वर्ष जीवते हैं माल्यवान्से पूर्व्वकी ओर गंडकी नदीहै वह बत्तीसहजार योजन विस्तारवाली है ५१ भद्राश्वखंड के वासी मनुष्य सबकालमें आनन्दपूर्व्वक रहतेहैं उसी खंडमें भद्रमाल बनहै जहां बहुतबड़ा कालाम्रका वृक्ष है ५२ वहांके पुरुष श्वेतवर्णवाले महाशरीरी और पराक्रमी हैं स्त्रियां कमलमुखवाली महासुन्दरी और प्रियदर्शनाहैं ५३ उन स्त्रियों का चन्द्रमाके समानवर्ण मुख शीतलता कान्ति तेज और कमलकीसी गन्धिवाला शरीरहै ५४ उनकी आयु रोगोंसे रहित दशहज़ार वर्षोंकी और काले

उवाच) इत्युक्तवान्ऋषीन्ब्रह्मा वर्षाणिचनिसर्गतः। पूर्वमममानुग्रहकृद्भूयः किं वर्णयामिवः ५६ एतच्छ्रुत्वावचस्तेतु ऋषयःसंशितव्रताः। जातकौतूहलाःसर्वे प्रत्यूचुस्तेमुदान्विताः ५७ (ऋषय ऊचुः) पूर्वापरौसमाख्यातौ यौदेशौतौत्वयामुने!। उत्तराणाञ्चवर्षाणां पर्वतानाञ्चसर्वशः ५८ आख्याहिनोयथातथ्यं येचपर्वतवासिनः। एवमुक्तस्तुऋषिभिस्तेभ्यस्त्वाख्यातवान्पुनः ५९ (सूत उवाच) शृणुध्वंयानिवर्षाणि पूर्वोक्तानिचवैमया। दक्षिणेनतुनीलस्य निषधस्योत्तरेणतु ६० वर्षंरमणकनाम जायन्तेयत्रवैप्रजाः। रतिप्रधानाविमला जायन्तेयत्रमानवाः। शुक्लाभिजनसम्पन्नाः सर्वेतेप्रियदर्शनाः ६१ तत्रापिचमहावृक्षो न्यग्रोधोरोहिणोमहान्। तस्यापितेफलरसं पिवन्तोवर्तयन्तिहि ६२ दशवर्षसहस्राणि दशवर्षशतानिच। जीवन्तितेमहाभागाः सदाहृष्टानरोत्तमाः ६३ उत्तरेणतु श्वेतस्य पार्श्वेशृङ्गस्यदक्षिणे। वर्षंहिरण्वतंनाम यत्रहैरण्वतीनदी ६४ महाबलामहासत्वा नित्यंमुदितमानसाः। शुक्लाभिजनसम्पन्नाः सर्वेचप्रियदर्शनाः ६५ एकादशसहस्राणि वर्षाणांतेनरोत्तमाः। आयुःप्रमाणंजीवन्ति शतानिदशपञ्चच ६६ तस्मिन्वर्षेमहावृक्षो लकुचःपत्रसंश्रयः। तस्यपीत्वाफलरसं तत्रजीवन्तिमानवाः ६७ शृङ्गसाह्वस्यशृङ्गाणि त्रीणितानिमहान्तिवै। एकंमणिमयंतत्र एकन्तुकनकान्वितम्। सर्वरत्नमयंचैकं भुवनैरुपशोभितम् ६८ उत्तरेचास्यशृङ्गस्य समुद्रान्तेचदक्षिणे। कुरवस्तत्रतद्वर्षं पुण्यंसिद्ध

आम्रके रसके पीनेसे संपूर्ण वासी स्थिर यौवनवालेहैं ५५ सूतजी कहतेहैं कि हेऋषियो इस प्रकार से वर्षोंकी रचना ब्रह्माजीने ऋषियोंसे वर्णनकरीहै और उन्हीं ब्रह्माजीने पूर्व्वके वर्षोंकीरचना मुझ से कहीहै और मैंने तुम्हारेआगे वर्णनकीहै ५६ सूतजीके ऐसे सुन्दर वचन सुनकर संपूर्णऋषि आनंदितहुए और यह वचनबोले ५७ कि हेमुने जो आपने पूर्व और अपर दो देश कहेहैं उनमें से उत्तर वर्षोंका और पर्व्वतोंका यथार्थभेद वर्णनकीजिये ५८ इसके विशेष हे सूतजी आप पर्व्वत वासियोंका भी भेद कहो इसप्रकार ऋषियोंके पूछनेपर सूतजी फिर संपूर्ण वृत्तान्त कहतेभये ५९ हेऋषियो जो मैंने पहलेवर्ष कहेहैं जिनके कि दक्षिणमें नील पर्वत और उत्तरमें निषधहैं उनको कहताहूं तुम श्रवण करो ६० वह रमणकनाम वर्ष है वहांके मनुष्य अति सुन्दर और विषयासक्त हैं परन्तु उनका शुक्लकुल होकर अतिप्रियदर्शन हैं ६१ वहांभी एक बहुत बड़ा वड़कावृक्ष है वहांके मनुष्य उसके फलके रसको पान करते हैं ६२ इसीसे उस रमणक वर्षके मनुष्य ग्यारह हज़ार वर्ष जीते हैं और महाभाग उत्तम कहाकर सदाप्रसन्न रहतेहैं ६३ इसके उत्तरमें श्वेत पर्वत दक्षिणमे शृंग पर्व्वत वह हिरण्वतनाम वर्ष है और वहांही हिरण्वती नाम नदी है ६४ हिरण्वत वर्ष के मनुष्यभी बहुत बली बड़े शरीरधारी आनन्दसे रहनेवाले स्वच्छ कुलवाले और प्रिय दर्शनवाले हैं ६५ इन मनुष्योंकीभी ग्यारहहज़ार पन्द्रहसौ वर्षकी आयुहै और परम उत्तम नर कहलाते हैं ६६ उस वर्षमें लकुच अर्थात् बड़हलके सुन्दर पत्तोंवाले वृक्षहैं उनकेभी फलोंका रस मनुष्य पीकर बहुत वर्ष जीते हैं ६७ और शृंगनाम जो पर्व्वतहै उसके तीन बड़े २ शृंग हैं एक शृंगतो मणियोंसे युक्तहै दूसरा संपूर्ण रत्नोंसे

निषेवितम् ६६ तत्रवृक्षामधुफला दिव्यामृतमयापगाः। वस्त्राणितेप्रसूयन्ते फलैश्चाभ रणानिच ७० सर्वकामप्रदातारः केचिद्वृक्षामनोरमाः। अपरेक्षीरिणोनाम वृक्षास्तत्र मनोरमाः। येरक्षन्तिसदाक्षीरं षट्पञ्चामृतोपमम् ७१ सर्वामणिमयीभूमिः सूक्ष्माकाञ्चन वालुका। सर्वत्रसुखसंस्पर्शा निःशब्दाःपवनाःशुभाः ७२ देवलोकच्युतास्तत्र जायन्तेमा नवाःशुभाः। शुक्लाभिजनसम्पन्नाः सर्वेतेस्थिरयौवनाः ७३ मिथुनानिप्रजायन्ते स्त्रियश्चा प्सरसोपमाः। तेषान्तेक्षीरिणांक्षीरं पिबन्तिह्यमृतोपमम् ७४ एकाहाज्जायतेयुग्मं समञ्चै वविवर्द्धते। समंरूपंचशीलञ्च समञ्चैवम्रियन्तिवै ७५ एकैकमनुरक्ताश्च चक्रवाकमिव ध्रुवम्। अनामयाह्यशोकाश्च नित्यंमुदितमानसाः ७६ दशवर्षसहस्राणि दशवर्षशता निच। जीवन्तिचमहासत्वा नचान्यास्त्रीप्रवर्त्तते ७७ (सूत उवाच) एवमेवनिसर्गोवै वर्षाणांभारतेयुगे। दृष्टःपरमधर्मज्ञाः किम्भूयःकथयामिवः ७८ आख्यातास्त्वेवमृषयः सू तपुत्रेणधीमता। उत्तरश्रवणंभूयः पप्रच्छुःसूतनन्दनम् ७६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेद्वादशोत्तरशततमोऽध्यायः ११२॥

(ऋषय ऊचुः) यदिदंभारतंवर्षं यस्मिन्स्वायम्भुवादयः। चतुर्दशैवमनवः प्रजासर्गं ससर्जिरे १ एतद्वेदितुमिच्छामः सकाशात्तवसुव्रत!। उत्तरश्रवणंभूयः प्रब्रूहिवदतांवर! २

जटितहै और तीसरा सुन्दर भुवनों करके शोभित है ६८ और जिसके उत्तरमें शृंग और दक्षिण में समुद्रका अन्तहै वह पवित्र कुरुदेश सिद्धोंकरके सेवितहै ६९ वहांकेभी मीठे फलवाले वृक्ष हैं और अमृतमय नदी हैं वह सुन्दरवृक्ष अपने फलोंकरके वस्त्र आभूषणोंको उत्पन्न करतेहैं ७० इनमें बहुतसे सुन्दरवृक्ष सब कामनाओंके देनेवालेहैं और बहुतसे अमृतके तुल्य दूध उत्पन्न करनेवालेहैं ७१ वहांकी सब भूमि मणिमय और सुवर्णकी वालूसे युक्तहै वहांहीएक सब सुखोंका स्पर्श करनेवाला शब्दरहित शुभ पर्व्वतहै ७२ वहां देवलोकसे आयेहुए मनुष्य जन्म लेतेहैं वह शुक्ल कुलसे युक्त होकर स्थिर यौवनवालेहैं ७३ वहां कन्या और पुत्रका जोड़ा उत्पन्न होताहै वह स्त्रीपुरुष इकट्ठे होकर अप्सरा और गन्धर्वोंके समान रूपवाले अमृतके समान वृक्षोंका दूधपीतेहैं ७४ एकही दिन कन्यापुत्र जन्मते बराबर बढतेहुए समानहीं रूप शीलवाले होकर एकही दिन मरतेहैं ७५ उन एक२ जोड़ेमें चकवा चकवीके समान प्रीतिहोतीहै और सदैव रोग शोकसेरहित आनन्द मनवालेहोतेहैं ७६ वह महासत्व वाले ग्यारहहज़ार वर्ष जीवतेहैं और सदैवसुखपूर्व्वक अपनीआयुको व्यतीतकरतेहैं ७७ सूतजीकहते हैं कि हेऋषीश्वरो भारत युगमें ऐसे २ वर्षोंकी रचना देखीहै वह सब मैंने वर्णनकरी हे धर्मज्ञलोगो अब क्या सुनना चाहतेहो ७८ बुद्धिमान् सूतपुत्रके ऐसे वचन सुनकर ऋषिलोग फिर उत्तर श्रवण में सूतनन्दन से पूछतेभये ७९॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्वादशोत्तरशततमोऽध्यायः ११२॥

ऋषियोंने पूछा हे सूतजी स्वायंभुवादि चौदहमनु भारतवर्ष और प्रजाओंको कैसे रचतेभये १ हे कहनेवालोंमें श्रेष्ठ महाशुभव्रत यह सब रचना और उत्तर श्रवण वर्णन कीजिये २ ऋषियों के ऐसे

एतच्छ्रुत्वाऋषीणांतु प्राब्रवीद्रोमहर्षणिः। पौराणिकस्तदासूत ऋषीणांभावितात्मनाम् ३
बुद्ध्याविचार्य्यबहुधा विमृश्यचपुनःपुनः। तेभ्यस्तुकथयामास उत्तरश्रवणंतदा ४ (सूत उवाच) अथाहंवर्णयिष्यामि वर्षेऽस्मिन्भारतेप्रजाः। भरणात्प्रजनाच्चैव मनुर्भरतउच्यते
५ निरुक्तवचनैश्चैववर्षंतद्भारतंस्मृतम्। यतःस्वर्गश्चमोक्षश्च मध्यमश्चापिहिस्मृतः६
नखल्वन्यत्रमर्त्यानां भूमौकर्म्मविधिःस्मृतः। भारतस्यास्यवर्षस्य नवभेदान्निबोधत ७
इन्द्रद्वीपःकेसरश्च ताम्रपर्णोगभस्तिमान्। नागद्वीपस्तथासौम्यो गन्धर्वस्त्वथवारुणः८
अयंतुनवमस्तेषां द्वीपःसागरसंवृतः। योजनानांसहस्रन्तु द्वीपोऽयंदक्षिणोत्तरः ९ आयतस्तुकुमारीतो गङ्गायाःप्रवहावधिः। तिर्यगूर्ध्वंतुविस्तीर्णः सहस्राणिदशैवतु १० द्वीपो ह्युपनिविष्टोऽयं म्लेच्छैरन्तेषुसर्वशः। यवनाश्चकिराताश्च तस्यान्तेपूर्वपश्चिमे ११ ब्राह्मणाःक्षत्रियावैश्या मध्येशूद्राश्चभागशः। इज्यायुतवाणिज्यादिवर्तयन्तोव्यवस्थिताः १२
तेषांसव्यवहारोऽयं वर्तनन्तुपरस्परम्। धर्मार्थकामसंयुक्तोवर्णानान्तुस्वकर्म्मसु १३ सङ्कल्पपञ्चमानान्तु आश्रमाणांयथाविधि। इहस्वर्गापवर्गार्थंप्रवृत्तिरिहमानुषे १४ यस्त्वयंमानवोद्वीपस्तिर्यग्यामःप्रकीर्त्तितः। यएनंजयतेकृत्स्नंससम्राडितिकीर्त्तितः १५ अयंलोकस्तुवैसम्राडन्तरिक्षजितांस्मृतः। स्वराडसौस्मृतोलोकः पुनर्वक्ष्यामिविस्तरात् १६
सप्तचास्मिन्महावर्षे विश्रुताःकुलपर्वताः। महेन्द्रोमलयःसह्यः शुक्तिमानृक्षवानपि
१७ विन्ध्यश्चपारियात्रश्च इत्येतेकुलपर्वताः। तेषांसहस्रशश्चान्ये पर्वतास्तुसमीपतः

वचन सुनकर पुराणोंके ज्ञाता सूतजी ऋषियोंको शुद्धभावयुक्त जानकर बहुत विचार पूर्व्वक वारंवार निश्चयकरके उनके अर्थ उत्तर श्रवण वर्णन करने लगे ३। ४ सूतजीकहतेहैं हे ऋषिलोगो इसभारत वर्ष में प्रजाओंका वर्णन करूंगा और वह भी कहूंगा जैसे कि पोषणकरने और जन्मलेने से भरतमनु कहाताहै ५ इसीसे इसको भारतवर्ष कहाहै इसी भारतवर्षमें स्वर्ग मोक्ष और नरकलोक तक होता है ६ भारतवर्षके विना इसभूमिमें मनुष्योंका कर्म विधान नहीं होताहै इस भारतवर्ष के नौ भेद हैं ७ इन्द्रद्वीप–केसर–ताम्रपर्ण–गभस्तिमान्–नागद्वीप–सौम्य–गन्धर्व–वारुण और नवांद्वीप सागरसे आच्छादितहै यह पूराद्वीप दक्षिण उत्तरकी ओर हज़ार योजनके विस्तारमेंहै ८। ९ और गंगाके प्रवाह पर्य्यन्त चौडाई में दशहज़ार योजनहै १० इसद्वीपके पूर्व्व पश्चिममें म्लेच्छ यवन और किरात लोग वसतेहैं ११ मध्यमें ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र वसतेहैं और यज्ञ युद्ध वाणिज्य और सेवा कर्ममें चारोंवर्ण अपने अपने कर्मोंको करतेहैं १२ सब वर्ण धर्म अर्थ काममें संयुक्त अपने २ कर्मोंमें स्थितहैं १३ इन चारोंवर्णोंके सिवाय पांचवें आश्रममें मनुष्य शरीरहीमें स्वर्ग मोक्षकी प्रवृत्ति कहीहै १४ इस मानवनामद्वीप को तिर्य्यग् याम भी कहते हैं जो इस सम्पूर्णको जीतलेताहै उसको सम्राट् कहतेहैं १५ यह सम्राट् स्वर्गवासियों के जीतनेवाले को कहतेहैं और लोक स्वराट्है इसको फिर विस्तार पूर्वक कहूंगा १६ इस महावर्षमें सात कुल पर्व्वतहैं उनको कहताहूं महेन्द्र–मलय–सह्य–शुक्तिमान्–ऋक्षवान्–१७ विन्ध्य और पारियात्र यह सातबड़े पर्व्वतहैं और इनके छोटे

१८ अभिज्ञातस्ततश्चान्ये विपुलाश्चित्रसानवः । अन्ये तेभ्यःपरिज्ञाता ह्रस्वाह्रस्वोप जीविनः १९ तेर्विमिश्राजानपदा आर्याम्लेच्छाश्चसर्वतः। पिबन्तिबहुलानद्यो गङ्गासि न्धुःसरस्वती २० शतद्रुश्चन्द्रभागाच यमुनासरयूतथा । ऐरावतीवितस्ताच विशाला देविकाकुहूः २१ गोमतीधौतपापाच बाहुदाचद्दषद्वती । कौशिकीतुतृतीयाच निश्चला गण्डकीतथा। इक्षुर्लौहितमित्येता हिमवत्पार्श्वनिःसृताः २२ वेदस्मृतिर्वेत्रवती वृत्रघ्नी सिन्धुरेवच। पर्णाशानर्मदाचैव कावेरीमहतीतथा २३ पाराचधन्वतीरूपा विदुषावेणु मत्यपि। शिप्राह्यवन्तीकुन्तीच पारियात्राश्रिताःस्मृताः २४ मन्दाकिनीदशार्णाच चित्र कूटातथैवच । तमसापिप्पलीश्येनी तथाचित्रोत्पलापिच २५ विमलाचञ्चलाचैव तथा चधूतवाहिनी । शुक्तिमन्तीशुनीलज्जा मुकुटाह्लदिकापिच। ऋष्यवन्तप्रसूतास्तानद्यो मलजलाःशुभाः २६ तापीपयोष्णीनिर्विन्ध्या क्षिप्राचऋषभानदी। वेणावैतरणीचैव वि श्वमालाकुमुद्वती २७ तोयाचैवमहागौरी दुर्गमातुशिलातथा। विन्ध्यपादप्रसूतास्ताः सर्वाःशीतजलाःशुभाः २८ गोदावरीभीमरथी कृष्णवेणीचवञ्जुला। तुङ्गभद्रासुप्रयोगा वाह्याकावेरीचैवतु। दक्षिणापथनद्यस्ताः सह्यपादाद्विनिःसृताः २९ कृतमालाताम्रपर्णी पुष्पजाह्युत्पलावती। मलयप्रसूतानद्यस्सर्वाः शीतजलाःशुभाः३० त्रिभागाऋषिकुल्या च इक्षुदात्रिदिवाचला। ताम्रपर्णीतथामूली शरवाविमलातथा। महेन्द्रतनयाःसर्वाः प्र ख्याताःशुभगामिनीः ३१ काशिकासुकुमारीच मन्दगामन्दवाहिनी। कृपाचपाशिनीचैव

हजारों पर्वतहैं १८ यह सातोंपर्व्वत विचित्र शिखरोंवालेहैं छोटे पर्व्वत थोड़ी उपजवाले हैं केवल बड़े २ पर्व्वतोंसे जानेजाते हैं १९ इन देशोंमें आर्य्य मनुष्य और म्लेच्छ हैं और जिन नदियोंका जलपीतेहैं उनको कहतेहैं गङ्गा–सिन्धु–सरस्वती २० सतलज–चन्द्रभागा–यमुना–सरयू–ऐरावती वितस्ता–विशाला–देविका–कुहू २१ गोमती–धौतपापा–बाहुदा–दृषद्वती–कौशिकी–निश्चला–गण्डकी–इक्षु और लौहित–यह नदी हिमवान् पर्व्वतसे निकली हैं २२ और वेद स्मृति–वेत्रवती–वृत्रघ्नी–सिन्धु–पर्णाशा–नर्मदा–कावेरी–महती २३ पारा–धन्वती–रूपा–विदुषा–वेणुमती–शिप्रा अवन्ती और कुन्ती यह नदी पारियात्र पर्व्वतसे निकली हैं २४ और मन्दाकिनी–दशार्णा–चित्रकूटा तमसा–पिप्पली–श्येनी–चित्रोत्पला २५ विमला–चंचला–धूतवाहिनी–शुक्तिमन्ती शुनी–लज्जा मुकुटा और ह्रदिका– यह सुन्दर जलवाली नदी ऋष्यवान् पर्व्वतसे निकली हैं २६ और तापी– पयोष्णी– निर्विन्ध्या– क्षिप्रा– ऋषभा– वेणा– वैतरणी– विश्वमाला– कुमुद्वती २७ तोया– महागौरी– दुर्गमा– शिला– यहठंढे जल वाली नदी विन्ध्याचलसे निकली हैं २८ और गोदावरी– भीमरथी– कृष्णवेणी– वंजुला– तुंगभद्रा– सुप्रयोगा– वाह्या– कावेरी– यह सब नदियां दक्षिण में बहने वाली सह्य पर्व्वत से निकली हैं २९ और कृतमाला– ताम्रपर्णी– पुष्पजा और उत्पलावती यह शीतल जलवाली नदी मलयाचलसे निकली हैं ३० और त्रिभागा– ऋषिकुल्या– इक्षुदा– त्रिदिवा– चला ताम्रपर्णी– मूली– शरवा– विमला यह सुन्दर बहने वाली सबनदी महे

शुक्तिमन्तात्मजास्तुताः ३२ सर्वाःपुण्यजलाःपुण्याः सर्वगाश्चसमुद्रगाः। विश्वस्य मातरःसर्वाः सर्वपापहराःशुभाः ३३ तासांनद्युपनद्यश्च शतशोऽथसहस्रशः। तास्विमेकुरुपाञ्चालाः शाल्वाश्चैवसजाङ्गलाः ३४ शूरसेनाभद्रकारा बाह्याःसहपटच्चराः। मत्स्याःकिराताःकुल्याश्च कुन्तलाःकाशिकोशलाः ३५ आवन्ताश्चकलिङ्गाश्च मूकाश्चैवान्धकैःसह। मध्यदेशाजनपदाः प्रायशःपरिकीर्त्तिताः ३६ सह्यस्यानन्तरेचैते तत्रगोदावरी नदी। पृथिव्यामपिकृत्स्नायां सप्रदेशोमनोरमः ३७ यत्रगोवर्द्धनोनाम मन्दरो गन्धमादनः। रामप्रियार्थंस्वर्गायावृक्षादिव्यास्तथौषधीः ३८ भरद्वाजेनमुनिना प्रियार्थमवतारिताः। ततःपुष्पवरोदेशस्तेन जज्ञेमनोरमः ३९ वाह्लीकावाटधानाश्च आभीराःकालतोयकाः। पुरन्ध्राश्चैवशूद्राश्च पल्लवाश्चात्तखण्डिकाः ४० गान्धारायवनाश्चैव सिंधुसौवीरमद्रकाः। शकाद्रुह्याःपुलिन्दाश्च पारदाहारमूर्तिकाः ४१ रामठाः कण्टकाराश्च कैकेयादशनामकाः। क्षत्रियोपनिवेश्याश्च वैश्याःशूद्रकुलानिच ४२ अत्रयोऽथभरद्वाजाः प्रस्थला सदसेरकाः। लम्पकास्तलगानाश्च सैनिकाःसहजाङ्गलैः। एतेदेशाउदीच्यास्तु प्राच्यान्देशान्निबोधत ४३ अङ्गावङ्गामद्गुरका अन्तर्गिरिबहिर्गिरी। सुह्मोत्तराःप्रविजयाः मार्गवागेयमालवाः ४४ प्राग्ज्योतिषाश्चपुण्ड्राश्च विदेहास्ताम्रलिप्तकाः। शाल्वमागधगोनर्दाः प्राच्याजनपदास्स्मृताः ४५ तेषांपरेजनपदा दक्षिणापथवासिनः। पाण्ड्याश्चकेरलाश्चैव चोलाःकुल्यास्तथैवच ४६ सेतुकाःसूतिकाश्चैव कुप

न्द्र पर्व्वत से निकली हैं ३१ और काशिका– सुकुमारी - मंदगा– मन्दवाहिनी– कृपा– पाशिनी– यह नदियां शुक्तिमन्तसे निकली हैं ३२ यह कहीहुई संवनदियां महापवित्र जलवाली समुद्रगामी जगत्की माता और पापों की हरने वालीहैं ३३ इन नदियों के सिवाय पर्व्वतों से हज़ारों नदी उपनदी आदिक निकलती हैं इनके मध्यमें कुरु– पांचाल–शाल्व–जांगल– ३४ शूरसेन भद्रकार- बाह्य– पटच्चर– मत्स्य– किरात– कुल्य– कुंतल– काशिकोशल– ३५ आवन्त– कलिंग– मूक और अन्धक– यह सब मध्यदेशकहे हैं ३६ यह सब देश सह्य पर्व्वतके पास २ हैं और जहाँ जहाँ गोदावरी नदी है वहदेश सुन्दर कहाता है ३७ और जहां गोवर्द्धन–मन्दराचल–गन्धमादन–यहसब पर्व्वत हैं वहाँ रामचन्द्रजी के प्यार के निमित्त स्वर्गमें होने वाली औषध ३८ भारद्वाज मुनिने उतारी हैं उन्हींसे सुन्दर पुष्प वरदेश उत्पन्नहुआ है ३९ और वाह्लीक– वाटधान– आभीर–कालतोयक– यहसब शूद्रों के देश हैं पल्लव– आत्तखंडिक ४० गांधार– यहयवनों के देश हैं सिन्धु– सौवीर– मद्रक– शक– द्रुह्य– पुलिन्द– पारदा– हारमूर्त्तिक ४१ रामठ– कंटकार– और कैकेय इन दश देशों में क्षत्रिय वैश्य– और शूद्रबसते हैं ४२ और आत्रेय– भरद्वाज– प्रस्थल– सदसेरक- लंपक– आस्तल– गान– सैनिक– और जांगल यह देश तो उत्तरमें हैं अबपूर्व के देशों को कहताहूं उनको सुनो ४३ अंग –वंग – मद्गुरक– अन्तर्गिरि–बहिर्गिरि–सुह्म– उत्तर– प्रविजय– मार्ग–वागेय–मालव–४४ प्राग्ज्योतिप–पुण्ड्र–विदेह–ताम्रलिप्तक–शाल्व–मागध और गोनर्द यहसबपूर्वके

थावाजिवासिकाः। नवराष्ट्रामाहिषिकाः कलिङ्गाश्चैवसर्वशः ४७ कारूषाश्चसहैषीका आटव्याःशवरास्तथा। पुलिन्दाविन्ध्यपुषिका वैदर्भादण्डकैःसह ४८ कुलीयाश्चसिरालाश्च रूपसास्तापसैःसह। तथातैत्तिरिकाश्चैव सर्वेकारस्करास्तथा ४९ वासिकाश्चैवये चान्येयेचैवान्तरनर्म्मदाः। भारुकच्छाःसमाहेयाः सहसारस्वतैस्तथा ५० काच्छीकाश्चैव सौराष्ट्रा आनर्ताअर्बुदैःसह। इत्येतेअपरान्तास्तु शृणुयेविन्ध्यवासिनः ५१ मालवाश्च करूषाश्च मेकलाश्चोत्कलैःसह। औण्ड्रामाषादशार्णाश्च भोजाःकिष्किन्धकैःसह ५२ स्तोशलाःकोसलाश्चैव त्रैपुरावैदिशास्तथा। तुमुरास्तुम्बराश्चैव पद्गमानैषधैःसह ५३ अरूपाःशौण्डिकेराश्च वीतिहोत्राअवन्तयः। एतेजनपदाःख्याता विन्ध्यपृष्ठनिवासिनः ५४ अतोदेशान्प्रवक्ष्यामि पर्वताश्रयिणश्चये। निराहाराःसर्वगाश्च कुपथाअपथास्तथा ५५ कुथप्रावरणाश्चैव ऊर्णादर्वासमुद्गकाः। त्रिगर्तामण्डलाश्चैव किराताश्चामरैःसह ५६ चत्वारिभारतेवर्षे युगानिमुनयोऽब्रुवन्। कृतंत्रेताद्वापरञ्च कलिश्चेतिचतुर्युगम्। तेषांनिसर्गंवक्ष्यामि उपरिष्टाच्चकृत्स्नशः ५७ (मत्स्य उवाच) एतच्छ्रुत्वातुऋषयउत्तरंपुनरेवते। शुश्रूषवस्तमूचुस्तेप्रकामं लोमहर्षणिम् ५८ (ऋषय ऊचुः) यच्च किंपुरुषंवर्षं हरिवर्षंतथैवच। आचक्ष्वनोयथातत्त्वं कीर्तितंभारतंत्वया ५९ जम्बूखण्डस्यविस्तारं तथान्येषांविदांवर। द्वीपानांवासिनांतेषां वृक्षाणांप्रब्रवीहिनः ६० पृष्टस्त्वेवं तदा विप्रैर्यथाप्रश्नंविशेषतः। उवाचऋषिभिर्दिष्टं पुराणाभिमतंयथा ६१ (सूत

देश हैं ४५ अब दक्षिण के देशों को सुनो पांड्य- केरल- चोल कुल्य- सेतुक- सूतिक- कुपथ- वाजिवासिक–नवराष्ट्र–माहिषिक–कलिंग ४६। ४७ कारुष–सहैषीक–आटव्य–शवर–पुलिन्द विन्ध्य पुषिक–वैदर्भ–दण्डक ४८ कुलीय–सिराल–रूपस–तापस–तैत्तिरिक–कारस्कर और वासिक यह दक्षिणके देशहैं ४९ और नर्मदाके मध्यवर्ती भारुकच्छ–समाहेय–सारस्वत ५० काच्छीक सौराष्ट्र–आनर्त्त–और अर्बुद यह सब देश विन्ध्याचलके समीप वसतेहैं ५१ मालव–करूप–मेकल उत्कल–औंड्र–माष–दशार्ण–भोज–किष्किन्धक ५२ तोशल–कोसल–त्रैपुर–दिश–तुमुर–तुंबर पद्गम–नैषध ५३ अरूप–शौंडिकेर–वीतिहोत्र और अवन्ति यह सम्पूर्ण देश विन्ध्याचलकी पीठ पर वसतेहैं ५४। ५५ अब पर्वतमें वसनेवाले देशोंकोसुनो निराहार–सर्वग–त्रिगर्त्त–मंडल–किरात और अमर यह देश पर्वतोंमें वसतेहैं ५६ इस भारतवर्षमें चारयुग वर्त्तते हैं सत्ययुग–त्रेता–द्वापर और कलियुग अब इनकी रचना सुनो ५७ मत्स्य भगवान् कहतेहैं कि हे राजन् ऐसा सुनकर ऋषि लोग उत्तर सुननेकी इच्छा करतेहुए सूतजीसे पूछनेलगे ५८ अर्थात् ऋषियोंनेकहा हे सूतजी भारत वर्ष तो आपने हमसे कहा अब आप कृपाकरके किंपुरुष वर्ष और हरिवर्षको कहिये ५९ इसके विशेष जम्बूद्वीपादिकके विस्तारसमेत वहांके निवासी और वृक्षोंका भी वृत्तान्त वर्णन कीजिये ६० ऋषियोंसे यह सुनकर सूतजी पुराणोक्त कथाको कहतेभये ६१ कि हे ऋषियो तुम सावधानहोकर

उवाच) शुश्रूषवस्तुयद्विप्राः शुश्रूषध्वमतन्द्रिताः। जम्बूवर्षःकिंपुरुषः सुमहान्नन्द
नोपमः ६२ दशवर्षसहस्राणि स्थितिःकिम्पुरुषेस्मृता। जायन्तेमानवास्तत्र सुतप्त
कनकप्रभाः ६३ वर्षेकिम्पुरुषेपुण्ये प्लक्षोमधुवहःस्मृतः। तस्यकिम्पुरुषाःसर्वे पिबन्तो
रसमुत्तमम् ६४ अनामयाह्यशोकाश्च नित्यंमुदितमानसाः। सुवर्णवर्णाश्चनराः स्त्रिय
श्चाप्सरसःस्मृताः ६५ ततःपरंकिम्पुरुषात् हरिवर्षंप्रचक्षते। महारजतसङ्काशा जायं
न्तेयत्रमानवाः ६६ देवलोकच्युताःसर्वे बहुरूपाश्चसर्वशः। हरिवर्षेनराःसर्वे पिबन्तीं
क्षुरसंशुभम् ६७ नजराबाधतेतत्र तेनजीवन्तितेचिरम्। एकादशसहस्राणि तेषामायुः
प्रकीर्तितम् ६८ मध्यमंतन्मयाप्रोक्तं नाम्नावर्षमिलावृतम्। नतत्रसूर्यस्तपति नचजीवं
न्तिमानवाः ६९ चन्द्रसूर्य्यौसनक्षत्रावप्रकाशाविलावृते। पद्मप्रभाःपद्मवर्णाः पद्मपत्र
निभेक्षणाः ७० पद्मगन्धाश्चजायन्ते तत्रसर्वेचमानवाः। जम्बूफलरसाहाराः अनिष्प
न्दाःसुगन्धिन ७१ देवलोकच्युताःसर्वे महारजतवाससः। त्रयोदशसहस्राणि वर्षाणान्ते
नरोत्तमाः ७२ आयुःप्रमाणंजीवन्ति येतुवर्षेइलावृते। मेरोस्तुदक्षिणेपार्श्वे निषधस्योत्तरे
णवा ७३ सुदर्शनोनाममहान् जम्बूवृक्षःसनातनः। नित्यपुष्पफलोपेतः सिद्धचारणसे
वितः ७४ तस्यनाम्नासमाख्यातो जम्बूद्वीपोवनस्पतेः। योजनानांसहस्रञ्च शतधाचमहा
नपुनः ७५ उत्सेधोवृक्षराजस्य दिवमावृत्यतिष्ठति। तस्यजम्बूफलरसो नदीभूत्वाप्रसर्पति
७६ मेरुंप्रदक्षिणंकृत्वाजम्बूमूलगतापुनः। तंपिबन्तिसदाहृष्टाजम्बूरसमिलावृते ७७ जम्बू

श्रवण करो यह जम्बूद्वीप और किंपुरुष नन्दन वनके तुल्य बड़े हैं ६२ किंपुरुष खण्डमें मनुष्य तप्त सुवर्णके समान कान्तिवाले होकर दशहज़ार वर्षतक जीतेहैं ६३ और पवित्र किंपुरुष देशमें एक वटके वृक्षसे शहदकी धारा बहतीहै वहांके रहनेवाले सम्पूर्ण किन्नरलोग उस उत्तमरसकोपीतेहैं ६४ इसीसे रोग शोकादिकसे रहित महाप्रसन्न रहते हैं वहां के नरलोग सुवर्णके समान वर्णवालेहैं और स्त्री अप्सराहैं ६५ उस किंपुरुषसे परे हरिवर्ष कहाहै और हरिवर्ष में लाल वर्णवाले मनुष्य जन्म लेतेहैं देवलोक से आयेहुए अनेक वर्णवाले मनुष्य भी जन्मतेहैं इनके सिवाय वहांके सम्पूर्ण मनुष्य ईखका रसपीतेहैं ६६।६७ उनको वृद्धावस्था नहींआती इसीसे बहुतदिनतक जीतेहैं उनकीआयु ग्यारह हज़ार वर्षकी कही है ६८ और मध्यमें जो खण्ड है उसको इलावृत खंड कहते हैं वहां सूर्य्य नहीं तपते इसीसे मनुष्य नहीं जीते ६९ इलावृतमें नक्षत्रों सहित चन्द्रमा और सूर्य्य प्रकाश करते हैं वहां के मनुष्य कमलकीसीकान्ति कमलकेसे नेत्र ७० और पद्मकीसीही सुगन्धिवाले हैं उनके प्रस्वेद नहीं आता जामनके फलोंका रस पीते हैं ७१ यह सब मनुष्य स्वर्गलोक से आते हैं कसूमे वस्त्र पहरते हैं और तेरहहज़ारवर्ष जीते हैं मेरुके दक्षिण और निषधके उत्तरमें ७२।७३ सुदर्शननाम जामनका बहुत बड़ा वृक्षहै वह सदैव पुष्प फलों से युक्त होकर सिद्ध चारणों से सेवित रहताहै ७४ इसका नाम जंबूद्वीप है हज़ार योजन में बसता है और सौ प्रकारके उसके विभाग हैं ७५ और वहांके जामनका वृक्ष इतना ऊंचाहै कि स्वर्गतक फैलरहाहै और उसके फलोंकारस नदीहोकर बहताहै ७६

फलरसंपीत्वा नजराबाधतेऽपितान् । नक्षुधानक्लमोवापि नदुःखञ्चतथाविधम् ७८ तत्र जाम्बूनदंनाम कनकंदेवभूषणम् । इन्द्रगोपकसङ्काशं जायतेभासुरञ्चयत् ७९ सर्वेषांवं पंवृक्षाणां शुभःफलरसस्तुसः । रुक्मन्तुकांचनंशुभ्रं जायतेदेवभूषणम् ८० तेषांमूत्रंपु रीषंवा दिक्ष्वष्टासुचसर्वशः । ईश्वरानुग्रहाद्भूमिर्मृतांश्चग्रसतेतुतान् ८१ रक्षःपिशाचा यक्षाश्च सर्वेहैमवतास्तुते । हेमकूटेतुविज्ञेया गन्धर्व्वाःसाप्सरोगणाः ८२ सर्वेनागानि षेवन्ते शेषवासुकितक्षकाः । महामेरौत्रयस्त्रिंशत् क्रीडन्तेयाज्ञियाःशुभाः ८३ नीलवैदूर्य युक्तेऽस्मिन् सिद्धाब्रह्मर्षयोबसन् । दैत्यानांदानवानाञ्च श्वतःपर्वतउच्यते ८४ शृङ्गवान् पर्वतश्रेष्ठः पितॄणांप्रतिसञ्चरः । इत्येतानिमयोक्तानि नववर्षाणिभारते ८५ भूतैरपिनि विष्टानि गतिमन्तिध्रुवाणिच । तेषांवृद्धिर्बहुविधा दृश्यतेदेवमानुषैः । अशक्यापरिसंख्या तुं श्रद्धेयाचबुभूषता ८६ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेत्रयोदशाधिकशततमोऽध्यायः ११३ ॥

(मनुरुवाच) चरितंबुधपुत्रस्य जनार्दन ! मयाश्रुतम् । श्रुतःश्राद्धविधिःपुण्यः स र्वपापप्रणाशनः १ धेन्वाःप्रसूतमानायाः फलंदानस्यमेश्रुतम् । कृष्णाजिनप्रदानञ्च वृ षोत्सर्गस्तथैवच २ श्रुत्वारूपंनरेन्द्रस्य बुधपुत्रस्यकेशव ! । कौतूहलंसमुत्पन्नं तन्ममा चक्ष्वपृच्छतः ३ केनकर्म्मविपाकेन सतुराजापुरूरवाः । अवापतादृशंरूपं सौभाग्यमपि

यह रससुमेरुकी परिक्रमाकरके फिर जंबूके वृक्षकीजडके पासचलाआताहै और इलावृतमें प्रसन्नता- पूर्वक लोग उसको पीते हैं ७७ उस जामन के रसके पीनेसे नतो उनको वृद्धावस्था आतीहै और न कभी क्षुधा ग्लानि वा दुःखादिक होते हैं ७८ वहां का जांबूनद नाम सुवर्ण देवताओंका आभूषण है वह बीरबहूटी के समान लाल रंग वाला है उस वर्ष के अन्य वृक्षों के फल और रस भी बड़े सुन्दर हैं उनमें से भी गोंदके समान श्वेत सुवर्ण झिरताहै वहभी देवताओं काही आभूषणहै ७९।८० उनके विष्ठा मूत्रको और मृतकों को ईश्वरके अनुग्रह से वहां की पृथ्वी आठों दिशाओं में ग्रस लेती है ८१ और राक्षस पिशाच यक्ष गन्धर्व और अप्सरा यह सब उस हेमकूट पर्व्वत में सुवर्ण के कहे हैं ८२ और शेष वासुकि और तक्षकादिक सर्प यह सब हेमकूटका सेवन करते हैं और तेंतीस यज्ञ करने वाले यज्ञ करते हैं ८३ यह महामेरु नील वैदूर्य्य मणियों से युक्त सिद्ध ब्रह्मर्षियों से व्याप्त और असंख्य दैत्यदानवों से भी भराहुआ है ८४ अन्य पर्व्वतों से शृंगवान् श्रेष्ठ है भारतखण्ड समेत यह नववर्ष कहाते हैं इन सब वर्षों में बहुतसे स्थावर जंगम जीव वासकरते हैं उनकी इतनीवृद्धिहै कि देवता और मनुष्य उनकी संख्या नहीं करसके ८५।८६ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रयोदशोत्तरशततमोऽध्यायः ११३ ॥

मनुजी कहते हैं कि हे जनार्दनजी मैंने बुधके पुत्रका चरित सुना और संपूर्ण पापोंकी नाशकरने वाली श्राद्धकी भी विधि सुनी १ अर्द्धप्रसूता गोदानकाफल काले मृगचर्म का दान, और वृषोत्सर्ग की सब विधि सुनी २ परन्तु हे केशवजी राजा बुधके पुत्रका रूप सुनकर मुझको बड़ा आनन्द हुआ

चोत्तमम् ४ देवांस्त्रिभुवनश्रेष्ठान् गन्धर्वांश्चमनोरमान्। उर्वशीसङ्गतात्यक्ता सर्वभावे नतंनृपम् ५ (मत्स्य उवाच) शृणुकर्म्मविपाकेन येनराजापुरूरवाः। अवापतादृशंरूपं सौभाग्यमपिचोत्तमम् ६ अतीतेजन्मनिपुरा योऽयंराजापुरूरवाः। पुरूरवाइतिख्यातो मद्रदेशाधिपोहिसः ७ चाक्षुषस्यान्वयेराजा चाक्षुषस्यान्तरेमनोः। सर्वैर्नृपगुणैर्युक्तः केवलंरूपवर्जितः ८ (ऋषय ऊचुः) पुरूरवामद्रपतिः कर्म्मणाकेनपार्थिवः। बभूवकर्म्मणाकेन रूपवांश्चैवसूतज! ९ (सूत उवाच) द्विजग्रामेद्विजश्रेष्ठो नाम्नाचासीत्पुरूरवाः। नद्याःकूलेमहाराजः पूर्वजन्मनिपार्थिवः १० सतुमद्रपतीराजा यस्तुनाम्नापुरूरवाः। तस्मिन्जन्मन्यसौविप्रो द्वादश्यान्तुसदानघ! ११ उपोष्यपूजयामास राज्यकामो जनार्दनम्। चकारसोपवासश्च स्नानमभ्यङ्गपूर्वकम् १२ उपवासफलात्प्राप्तं राज्यंमद्रेषकण्टकम्। उपोषितस्तथाभ्यङ्गाद्रूपहीनोऽभ्यजायत १३ उपोषितैर्नरैरतस्मात् स्नानमभ्यङ्गपूर्वकम्। वर्जनीयंप्रयत्नेन रूपघ्नंतत्परंनृप! १४ एतद्वःकथितंसर्वं यद्वृत्तंपूर्वजन्मनि। मद्रेश्वरस्यचरितं शृणुतस्यमहीपतेः १५ तस्यराजगुणैःसर्वैः समुपेतस्यभूपतेः। जनानुरागोनैवासीद्रूपहीनस्यतस्यवै १६ रूपकामःसमद्रेशस्तपसेकृतनिश्चयः। राज्यंमन्त्रिगतंकृत्वा जगामहिमपर्वतम् १७ व्यवसायद्वितीयस्तु पद्भ्यामेवमहायशाः।

उसका सब वृत्तान्त कहिये ३ कि वह पुरूरवा कौनसे कर्म के फलसे ऐसे रूप और उत्तम सौभाग्य को प्राप्त हुआ ४ और वह उर्व्वशी त्रिभुवनके उत्तम २ देवता और गन्धर्वोंको त्यागकर उस राजा को कैसे प्राप्तहुई ५ ऐसे मनुके वचनोंको सुनकर मत्स्य भगवान् बोले कि हे राजा जिसकर्म के फल से राजा पुरूरवा ऐसे रूप और सौभाग्यको प्राप्त हुआ उसको मैं तुमसे कहताहूं ६ हे राजन् पूर्व्व जन्ममें यह पुरूरवा राजा पुरूरवा इस नामसे विख्यात मद्रदेशका अधिपतिथा ७ और चाक्षुष मनु के अन्तरमें यहराजा राजाओंके गुणसे तो केवल युक्तथा परन्तु रूपसे रहित था ८ इसीप्रश्नको ऋषियोंने भी सूतजी से पूछा कि हेसूतजी पुरूरवा राजा किसकर्म से राजा औरमहारूपवान् होता भया इसका ठीक २ वृत्तान्त आप हमसे वर्णन कीजिये ९ सूतजीने कहा हे ऋषीश्वरो इसका वृत्तान्त मुझसे सुनो कि किसी ब्राह्मणों के ग्राममें एक श्रेष्ठ पुरूरवा नाम ब्राह्मण था वह अगले जन्ममें नदी के तीर पर १० मद्रदेशका अधिपति पुरूरवा राजा विख्यात हुआ क्योंकि यह राजा पूर्व्व ब्राह्मण जन्ममें सदैव द्वादशीका व्रत करके राज्यके निमित्त जनार्दनका पूजन करता भया और मर्दन पूर्व्वक स्नान करता भया ११। १२ सो उस उपवास के फल से जो राज्य प्राप्त हुआ और मर्दन करने से कुरूप होगया १३ क्योंकि व्रतीको मालिश करना वर्जितहै मालिशपूर्व्वक व्रती स्नानकरे तो अगले जन्ममें रूप नष्ट होजाता है १४ यह मैंने मद्रदेशके राजा पुरूरवाके पूर्वजन्म का वृत्तान्त वर्णनकिया अब अगले जन्म में जब मद्रदेशका अधिपति हुआ उसकी भी कथा सुनो १५ कि वह पुरूरवा राजा राजगुणों से युक्त होनेपर भी रूपहीनताके कारण प्रजासे तिरस्कृत होगया अर्थात् उसपर प्रजाकी प्रीति न हुई १६ फिर यह पुरूरवा रूपकी इच्छासे तप करनेका निश्चयकरके अपने राज्यको मंत्रि-

द्रष्टुंसतीर्थसदनं विषयान्तेस्वकेनदीम्। ऐरावतीतिविख्यातान्ददर्शातिमनोरमाम् १८
तुहिनगिरिमहौघवेगान्तुहिनगभस्तिसमानशीतलोदाम् । तुहिनसदृशहैमवर्णपुञ्जा
न्तुहिनयशाःसरितन्ददर्शराजा १६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे चतुर्दशाधिकशततमोऽध्यायः ११४॥

(सूत उवाच) सददर्शनदींपुण्यां दिव्यांहैमवतींशुभाम्। गन्धर्वैश्चसमाकीर्णां नि
त्यंशक्रेणसेविताम् १ सुरेभमदसंसिक्तां समन्तात्तुविराजिताम्। मध्येनशक्रचापाभां त
स्मिन्नहनिसर्वदा २ तपस्विशरणोपेतां महाब्राह्मणसेविताम् । ददर्शतपनीयाभां महा
राजःपुरूरवाः ३ सितहंसावलिच्छन्नाङ्काशचामरराजिताम् । साभिषिक्तामिवसतां प
श्यन्प्रीतिंपरांययौ ४ पुण्यांसुशीतलांहृद्यां मनसःप्रीतिवर्द्धिनीम्। क्षयवृद्धियुतांरम्यां
सोममूर्तिमिवापराम् ५ सुशीतशीघ्रपानीयां द्विजसंघनिषेविताम्। सुतांहिमवतःश्रेष्ठां
चञ्चद्वीचिविराजिताम् ६ अमृतस्वादुसलिलान्तापसैरुपशोभिताम्। स्वर्गारोहणनिः
श्रेणीं सर्वकल्मषनाशिनीम् ७ अग्र्यांसमुद्रमहिषीं महर्षिगणसेविताम् । सर्वलोकस्य
चौत्सुक्यकारिणींसुमनोहराम् ८ हितांसर्वस्यलोकस्य नाकमार्गप्रदायिकाम्। गोकुला
कुलतीरान्तां रम्यांशैवालवर्जिताम् ६ हंससारससंघुष्टां जलजैरुपशोभिताम्। आवर्त
नाभिगम्भीरां द्वीपोरुजघनस्थलीम् १० नीलनीरजनेत्राभां उत्फुल्लकमलाननाम्।

योंके सुपुर्दकर हिमाचल पर्वतको जाता भया १७ फिर यह तीर्थ स्नान देखने के निमित्त अपने देशके पास ऐरावती नदीको बड़ी उत्तमतासे देखताभया और उसकी शोभाको देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ उस नदीका वेग हिमाचल पर्वतके समान था चन्द्रमाकी किरनों के समान ठंढे जल वाली और तुषारके समान स्वच्छ श्वेत वर्णवाली ऐसीनदीको वहस्वच्छयशवालाराजादेखताभया१८।१९

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुर्दशोत्तरशततमोऽध्यायः ११४॥

सूतजीबोले हे ऋषीश्वरलोगो उस शुभपवित्र हैमवतीनदीको गन्धर्वोंसेव्याप्त और इन्द्रसे सेवित भी देखताभया १ इसके विशेषदेवताओंके हाथियोंके मदसे छिड़कीहुई और मध्यमें इन्द्रधनुषाकार विराजमान तपस्वियोंसे आच्छादित ब्राह्मणोंसे सेवित सुन्दर कान्तिवाली श्वेत हंसों की पंक्तियों से युक्त चंवररूप कांससे व्याप्त श्रेष्ठलोगों की अभिषेक कीहुई के समान उसनदी को देखकर महराजा पुरूरवा परम प्रीतिपूर्वक महापवित्र ठंढी मनको प्यारी प्रीतिबढ़ानेवाली ह्रासवृद्धिसे युक्त दूसरी चन्द्रमूर्त्ति के समान रमणीक उस नदी को देखता भया २।५ जिस में कि शीतल और शीघ्रगामी जल ब्राह्मणों के समूहों से सेवित था वह हिमवान् की पुत्री तरंगों से चंचल अमृत स्वादवाली तपस्वियों से सेवित स्वर्गकी नसेनी सबपापोंकी नाश करनेवाली ६।७ समुद्रकी रानी महर्षियों से शोभित सबलोकों की उत्साह करनेवाली महामनोहर सर्वलोकोपकारी स्वर्गका मार्ग देनेवाली गोकुल पर्य्यन्त तीरवाली महारमणीक शैवालसे वर्जित हंस सारसों से शब्दायमान कमलों करके अलंकृत कमलरूप नाभिसे विराजित द्वीपरूपजंघा और पिंडिलियोंसेभूषित ८।१० नीलकमलरूप नेत्रोंवाली

हिमाभफेनवसनाञ्चक्रवाकाधरांशुभाम् । बलाकापङ्क्तिदशनाञ्चलन्मत्स्यावलिभ्रुवम्
११ स्वजलोद्भूतमातङ्गरम्यकुम्भपयोधराम् । हंसनूपुरसंघुष्टां मृणालवलयावली
म् १२ तस्यांरूपमहोन्मत्ता गन्धर्वानुगताःसदा । मध्याह्नसमयेराजन्! क्रीडन्त्यप्सर
साङ्गणाः १३ तामप्सरोविनिर्मुक्तं वहन्तींकुंकुमंशुभम् । स्वतीरद्रुमसम्भूतनानावर्णसु
गन्धिनीम् १४ तरङ्गव्रातसंक्रान्त सूर्य्यमण्डलदुर्द्दशम् । सुरेभजनिताघात विकूलद्वय
भूषिताम् १५ शक्रेभगण्डसलिलैर्देवस्त्रीकुलचन्दनैः । संयुतंसलिलंतस्याः षट्पदैरु
पसेव्यते १६ तस्यास्तीरभवावृक्षाः सुगन्धकुसुमाञ्चिताः । तथापकृष्टसम्भ्रान्त भ्रमर
स्तनिताकुलाः १७ यस्यास्तीरेरतिंयान्ति सदाकामवशामृगाः । तपोधनाश्चऋषयस्त
था देवाःसहाप्सराः १८ लभंतेयत्रपूताङ्गा देवेभ्यःप्रतिमानिताः । स्त्रियश्चनाकबहुलाः
पद्मेन्दुप्रतिमाननाः १९ याबिभर्तिसदातोयं देवसंघैरपीडितम् । पुलिंदैर्नृपसंघैश्च व्या
घ्रवृंदैरपीडितम् २० सतामरसपानीयां सतारगगनामलाम् । सतांपश्यन्नृपयौराजा स
तामीप्सितकामदाम् २१ यस्यास्तीररुहैःकाशैः पूर्णश्चन्द्रांशुसन्निभैः । राजतेविविधा
कारे रम्यंतीरंमहाद्रुमैः । यासदाविविधैर्विप्रैर्देवैश्चापिनिषेव्यते २२ याचसदासकलौ
घविनाशं भक्तजनस्यकरोत्यचिरेण । यानुगतासरितांहिकदम्बैर्यानुगतासततंहिमुनी
न्द्रैः २३ याहिसुतानिवपातिमनुष्यान्याचयुतासततंहिमसंघैः । याचयुतासततंसुरवृन्दै

प्रफुल्लित जलजरूप मुखवाली श्वेतभाग रूप वस्त्रोंवाली चक्रवाक रूप सुन्दर ओष्ठवाली बला-काओं की पंक्तिरूप दांतोंवाली चंचल मछलियों की पंक्ति रूप भृकुटियोंवाली ११ अपने जल से उत्पन्न हस्तीरूप कुचोंवाली हंसरूप नूपुरोंसे शब्दित मृणालरूप कंकणों से भूषित १२ ऐसी नदी में रूपसे उन्मत्त जो गन्धर्व अप्सरादिक मध्याह्न के स्नानादिक करते हैं उनकी क्रीड़ासे शोभित अ-प्सराओं के अंगसे छुटीहुई कुंकुमादिसे सुगन्धित अपने तटके वृक्षोंसे सुगंधकी बहनेवाली तरंगों के चंचल समूहों से और सूर्य्य के प्रतिविम्बों से चमत्कृत देवताओं के हस्तियों के आघात से भूषित तीरोंवाली१३।१५ इन्द्र के ऐरावतादिक हाथियों के मदजलसे और देवताओं की स्त्रियों के चन्दनोंसे युक्त उस नदी के जलको भ्रमर सेवन करते हैं १६ उस नदी के तीर के वृक्षोंके पुष्पोंकी सुगन्धिसे खिंचेहुए भ्रमरों के द्वारा शब्दायमान १७ कामके वशीभूत मृग जिसके तीरपर रतिको प्राप्त होतेहैं वहांही तपोधन ऋषि देवता और अप्सरा आनन्दको प्राप्त होते हैं १८ और कमलाक्षी स्त्रियां जिस पर निवास करती हैं १९ वहनदी देवताओंके संगोंसे पीड़ा रहित जलको धारण करनेवाली पुलिंद नृपसंघ और व्याघ्र वृन्दोंसे सेवितहोकर २० कमलों की शोभासे भूषित तारागणसमेत चन्द्रमासे प्रकाशित ऐसी सुन्दरतासे विराजमानहुई उसनदीको देखता हुआ कि जिसके तीरपर २१ चन्द्रमा कीसी किरणोंवाले तीरके कांसवड़े २ वृक्ष औरदेवता ब्राह्मणोंसे सेवितथे २२ वहांजाकर क्या देखता है कि यहनदी बहुतसे नदनदियोंसे सेवित थोड़ेहीकालमें भक्तोंके अनेकपापोंको नाशकरतीहुई बड़े२ मुनीन्द्रों से सेवित है २३ वहीनदी मनुष्योंको अपनेपुत्रोंके समान पालनकरनेवालीअपनेही हितके

र्यांचजनैःस्वहितायश्रितांवै २४ युक्ताचकेसरिगणैःकरिवृंदजुष्टा सन्तानयुक्तसलिला पिसुवर्णयुक्ता।सूर्य्यांशुतापपरिवृद्धविवृद्धशीता शीतांशुतुल्ययशसाददृशेनृपेण २५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे पञ्चदशाधिकशततमोऽध्यायः ११५॥

(सूत उवाच) आलोकयन्नदीं पुण्यांतत्समीरहतश्रमः। सगच्छन्नेवददृशे हिमवंतंमहागिरिम् १ खमुल्लिखद्भिर्बहुभिर्वृतं शृङ्गैस्तुपाण्डुरैः। पक्षिणामपिसञ्चारैर्विना सिद्धगतिंशुभम् २ नदीप्रवाहसञ्जातमहाशब्दैःसमन्ततः। असंश्रुतान्यशब्दंतं शीततोयमनोरमम् ३ देवदारुवनैर्नीलैः कृताधोवसनंशुभम्। मेघोत्तरीयकंशैलं ददृशेमनराधिपः ४ श्वेतमेघकृतोष्णीषं चंद्रार्कमुकुटंक्वचित्। हिमानुलिप्तसर्वाङ्गं क्वचिद्धातुविमिश्रितम् ५ चंदनेनानुलिप्ताङ्गं दत्तपञ्चांगुलंयथा। शीतप्रदंनिदाघेऽपि शिलाविकटसङ्कटम्। सालक्तकैरप्सरसां मुद्रितंचरणैःक्वचित् ६ क्वचित्संप्रष्टसूर्य्यांशुं क्वचिच्चतमसावृतम्। दरीमुखैःक्वचिद्भीमैः पिबंतंसलिलंमहत् ७ क्वचिद्विद्याधरगणैः क्रीडद्भिरुपशोभितम्। उपगीतंतथामुख्यैः किन्नराणाङ्गणैःक्वचित् ८ आपानभूमौगलितैर्गन्धर्वाप्सरसांक्वचित्। पुष्पैःसन्तानकादीनां दिव्यैस्तमुपशोभितम् ९ सुप्तोत्थिताभिः शय्याभिः कुसुमानांतथाक्वचित्। मृदिताभिःसमाकीर्णं गन्धर्वाणांमनोहरम् १० निरुद्धपवनेदेशेनीलशाद्वलमण्डितैः। क्वचिच्चकुसुमैर्युक्तमत्यंतरुचिरंशुभम् ११ तपस्विशरणंशैलं कामिनामतिदुर्लभम्। मृगैर्यथानुचरितंदन्तिभिन्नमहाद्रुमम् १२ यत्रासिंहनिनादे

निमित्त देवताओंसे सेवितहै २४ इसके विशेष सिंहहस्ती आदिजीवों से व्याप्त सुवर्णयुक्त जलसे भूषित सूर्य्यकी किरणोंसे प्रकाशित उसनदी को चन्द्रमाकी किरणों के समान यशवाला वह राजा पुरूरवा देखता भया २५॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपञ्चदशोत्तरशततमोऽध्यायः ११५॥

सूतजी कहते हैं कि हे ऋषियो उस पवित्र नदीको देखता और उसके जलसे परिश्रम दूर करके चलता हुआ वह राजा हिमवान् महागिरिको देखता भया १ वह पर्व्वत बहुत से श्वेत शृंगों से आकाशको छूताहुआ पक्षियोंके विना सिद्धोंकी गति वाला था २ इसके विशेष वह हिमवान् नदी के प्रवाह से उत्पन्न हुए महा शब्दों से प्रतिशब्द करता हुआ ठंढे जलों से पूर्ण महासुन्दर ३ देवदारु के नीले वनरूप धोती और मेघरूप डुपट्टेवाला और पगड़ीवाला चन्द्रमासूर्य्यरूप मुकुटवाला हिमसे लिप्त अंगवाला धातुओं सेमिला हुआ चन्दन से लिप्त अंग उष्णऋतुमें भी शीतलता देने वाला विकट शिलाओंसे युक्त कहीं लाल अप्सराओंके चरणोंसे मुद्रित ४।६कहीं सूर्य्यकी किरण पड़ी कहीं अन्धकार से व्याप्त कहीं भयानक गुफाओं से बहुत जलपीता हुआ ७ कहीं क्रीडा करते हुए विद्याधरों के गणोंसे सेवितकहीं मुख्य किन्नरगणोंसे गायाहुआ ८ गन्धर्वअप्सराओंसे भूषित कहींकल्पवृक्षके पुष्पों से शोभित सोते से उठे हुए गन्धर्वोंकी शय्याओंसे व्याप्त मनका हरनेवाला ९।१० कहीं रुकी हुई पवनके देशमें नीलीघास से युक्त और कहीं पुष्पों से अत्यन्त रुचिरथा ऐसे सुन्दर पर्व्वत को देखता हुआ वह राजा ११ उस पर्व्वतकी अन्य शोभाको भी देखता भया अर्थात् कहीं तपस्वियों

न त्रस्तानांभैरवंरवम्। दृश्यतेनचसंभ्रान्त गजानामाकुलंकुलम्१३ तटाश्चतापसैर्यत्र कुब्जदेशैरलंकृताः। रत्नैर्यस्यसमुत्पन्नैस्त्रैलोक्यंसमलंकृतम् १४ अहीनशरणंनित्य म हीनजनसेवितम्। अहीनःपश्यतिगिरिं महीनंरत्नसम्पदा १५ अल्पेनतपसायत्र सिद्धिं प्राप्स्यन्तितापसाः। यस्यदर्शनमात्रेण सर्वकल्मषनाशनम् १६ महाप्रपातसम्पात प्र पातादिगताम्बुभिः। वायुनीतैःसदातृप्ति कृतदेशंक्वचित्क्वचित् १७ समालब्धजलैःशृ ङ्गैः क्वचिच्चापिसमुच्छ्रितैः। नित्यार्कतापविषमैरगम्यैर्मनसायुतम् १८ देवदारुमहावृ क्ष व्रजशाखानिरन्तरैः। वंशस्तम्बवनाकारैः प्रदेशैरुपशोभितम् १९ हिमच्छत्रमहाशृ ङ्गं प्रपातशतनिर्झरम्। शब्दलभ्याम्बुविषमं हिमसंरुद्धकन्दरम् २० दृष्ट्वैवतंचारुनित म्बभूमिं महानुभावःसतुमद्रनाथः। वभ्रामतत्रैवमुदासमेतस्थानं तदाकिञ्चिदथाससा द २१ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणे षोडशोत्तरशततमोऽध्यायः ११६॥

तस्यैवपर्वतेन्द्रस्य प्रदेशंसुमनोरमम्। अगम्यंमानुषैरन्यैर्दैवयोगादुपागतः १ ऐरा वतीसरिच्छ्रेष्ठा यस्माद्देशाद्विनिर्गता। मेघश्यामञ्चतंदेशन्द्रुमखण्डैरनेकशः २ शालै स्तालैस्तमालैश्च कर्णिकारैःसशाल्मलैः। न्यग्रोधैश्चतथाश्वत्थैः शिरीषैःशिंशपाद्रुमैः ३ महानिम्बैस्तथानिम्बैर्निर्गुण्डीभिर्हरिद्रुमैः। देवदारुमहावृक्षै स्तथाकालेयकद्रुमैः ४ प द्मकैश्चन्दनैर्बिल्वैः कपित्थैरक्तचन्दनैः। वाताम्रारिष्टकाक्षोटैरब्दकैश्चस्तथार्जुनैः ५ ह

का रक्षक कामियोंको दुर्लभ मृगोंसे युक्त जहां हाथियों के तोड़ेहुए वृक्षोंसे व्याप्त सिंहके भयानक शब्द से हाथियोंका व्याकुल समूह दखिताहै १२।१३ कहीं तपस्वी और कुंजदेशोंसे भूपित तट कहींरत्नोंसे भूषित श्रेष्ठोंकाशरण्य और उन्हींसे सेवित जिसको अच्छेपुरुष देखते हैं वहअच्छे रत्नोंसेयुक्तथा१४।१५ उस पर्व्वतमें तपस्वी थोड़ेही तपसे सिद्धिको प्राप्तथे इस पर्व्वतके दर्शनही मात्रसे संपूर्ण पापनष्ट हो जाते हैं और वायुसे प्राप्तहुए प्रपातडागादिके जल उससे पूर्णहुआ देशतृप्तिको प्राप्तहोरहाहै १६।१७ कहीं ऊंचे शृंगोंसेयुक्त कहीं सजल शृंगोंनेभी युक्त कहीं सूर्य्यका विशेषताप कहीं कमताप १८ और देवदारु महावृक्ष व्रजशाखा- बांसोंके गुच्छे और देशों से भूपित हिमछत्रों से और सैकड़ों भिरनों से व्याप्त जहाँ कि शब्दसे जल लब्धहोताहै जिसकी गुफा हिमसे रुकीहुई १९।२० यहमद्र देशका अ- धिपति महानुभाव ऐसी उस सुन्दर भूमिको देखकर वहाँहीं विचरताभया और बहुतदिनतक बड़े आनन्द पूर्व्वक वास करताभया २१॥

इति श्रीमत्स्यपुराण भाषाटीकायां षोडशोत्तरशततमोऽध्यायः ११६॥

सूतजी कहते हैं हेऋषीश्वरलोगो उसपूर्व्वकहेहुए अन्यदेवताओं से अगम्यपर्वतेन्द्रके सुन्दर देश को वहराजा पुरूरवा प्राप्तहुआ १ और नदियोंमें उत्तम ऐरावतीनदी जिसदेशसे निकली है वह देशभी अनेक प्रकारके वृक्ष समूहोंसे मेघके समान श्याम वर्णहै २ उसदेशमें शाल-ताल-तमाल- कर्णिकार-शामल-वड़-पीपल-सिरस-सीसों-३ बकायन-नींव-निर्गुंडी-हरिद्रुम-देवदारु-म- हावृक्ष-केला-चन्दन-पद्माक-बेलपत्र-कैथ-लालचन्दन-आम-रीठा-अखोट-अर्जुन-४।५ह-

स्तिकर्णैःसुमनसैः कोविदारैःसुपुष्पितैः। प्राचीनामलकैश्चापि धनकैःसमराटकैः ६ ख
र्जूरैर्नारिकेलैश्च प्रियालवाम्रातकेंगुदैः। तन्तुमालैर्धवैर्भव्यैः काश्मीरीपर्णिभिस्तथा ७
जातीफलैःपूगफलैः कट्फलैलावलीफलैः। मन्दारैःकोविदारैश्च किंशुकैःकुसुमांशुकैः ८
यवासैःशमिपर्णासैर्वेतसैरम्बुवेतसैः। रक्तातिरक्तनारङ्गैर्हिंगुभिःसप्रियंगुभिः ९ रक्ताशो
कैस्तथाशोकैराकल्लैरविचारकैः। मुचकुन्दैस्तथाकुन्दै राटरूषपरूषकैः १० किरातैः
किङ्किरातैश्च केतकैःश्वेतकेतकैः। सौभाञ्जनैरञ्जनैश्च सुकलिङ्गनिकोटकैः ११ सुव
र्णचारुवसनैर्द्रुमश्रेष्ठैस्तथासनैः। मन्मथस्यशराकारैः सहकारैर्मनोरमैः १२ पीतयूथि
कयाचैव श्वेतयूथिकयातथा। जात्याचम्पकजात्याच तुम्बरैश्चाप्यतुम्बरैः १३ मोचै
र्लोचैर्म्तुलकुचैस्तिलपुष्पकुशेशयैः। तथासुपुष्पावरणैः चव्यकैःकामिवल्लभैः १४ पु
ष्पांकुरैश्चवकुलैः पारिभद्रहरिद्रकैः। धाराकदम्बैःकुटजैः कदम्बैर्गिरिकूटजैः १५ आदि
त्यमुस्तकैःकुम्भैः कुंकुमैःकामवल्लभैः। कट्फलैर्वदरैर्नीपैर्दीपैरिवमहोज्ज्वलैः १६ रक्तैःपा
लीवनैःश्वेतैर्दाडिमैश्चम्पकद्रुमैः। बन्धूकैश्चसुबन्धूकैः कुञ्जकानान्तुजातिभिः १७ कुसु
मैःपाटलाभिश्च मल्लिकाकरवीरकैः। कुरवकैर्हिमवरैर्जम्बुभिर्नृपजम्बुभिः १८ वीजपूरैः
सकर्पूरैर्गुरुभिश्चागरुद्रुमैः। विम्बैश्चप्रतिविम्बैश्च सन्तानकवितानकैः १९ तथागुग्गु
लवृक्षैश्च हिन्तालधवलेक्षुभिः। तृणशून्यैःकरवीरैरशोकैश्चक्रमर्दनैः २० पीलुभिर्धो
तकीभिश्च चिरि विल्वैःसमाकुलैः। तिन्तिडीकैस्तथालोध्रैर्विडङ्गैःक्षीरिकाद्रुमैः २१ अ
श्मन्तकैस्तथाकालैर्जम्बीरैःश्वेतकद्रुमैः। भल्लातकैरिन्द्रयवैर्वल्गुजैःसिद्धिसाधकैः २२

स्त कर्ण-सुमनस-पुष्पित कचनार-आंवला-धनक-मराटक-खजूर-नालीर-प्रियालु-आम्रातक-गूंदिया-तंतुमाल-भव्य-काश्मीरी-पलाश-जायफल-सुपारीकेवृक्ष-कायफल- लावलीफल मंदार- कचनार-केसू कुसुमांशुक ६।८ धमासा-जांट-पर्णास-वेत-जलवेत हरीड़ा-हींग-चिरोंजी ९ रक्तअशोक- अशोक-आकल्ल-आवि-चारक-मुचकुन्द-कुन्द-अरडू-फालसा १० चिरायता-किंकिरात-केतकी- श्वेतकेतकी-सहोजना-अंजन-बहेड़ा-निकोटक ११ सुवर्णसे वस्त्रोंवाला असना-कामदेवकेवाणोंकी समान सुगन्धिवाला-आम १२ पीली जुही- श्वेतजुही- चंपेकीजाति- तुम्बर १३ मोच- लोच लकुच- अर्थात् बड़हले-तिलपुष्प-कमल-पुष्पावरण कामी को प्यारा चीता पुष्पांकुर-वकुल- पारिभद्र-हरिद्रक- धारा कदंब कूड़ा-कदंब-गिरिकूटज१४।१५ आदित्यमुस्तक-कुंभकामियों को प्यारी कुंकुम अर्थात् केशर-कायफल-बड़बेर-दीपकों के प्रकाश के समानमाननीय अर्थात् कदंब १६ लालपालीवत- चंपा- बंधूक जाति-कुंजकों- की जाति-१७ कुसुम-पाटला-मल्लिका-कनेर-कुरवक- हिमवर- जामन- राजजामन १८ बिजोरा- कर्पूर- अगर- विम्ब- प्रतिविम्ब- सन्तानक- विजानक- गूगल- हिंताल- सुपेदईख-तृणशून्य- करवीर अशोक- पुंवाड़ १९।२० जाल-धाय-अमली- लोध- वायविडङ्ग- थूहर- अश्मन्तक-कालानांबू-भिलांवा-इन्द्रयव-चिलगोजा-सिद्धिसाधक २१।२२ करमर्द-कालमर्द-धविष्टक-बरि-

करमर्दैः कासमर्दैरविष्टकवरिष्टकैः। रुद्राक्षैर्द्राक्षसम्भूतैः सताकैःपुत्रजीवकैः २३ कङ्को
लैश्चलवङ्गैश्च त्वगद्रुमैःपारिजातकैः। प्रतानैःपिप्पलीनाञ्च नागवल्यश्चभागशः २४
मरीचस्यतथागुल्मैर्नवमल्लिकयातथा। मृद्वीकामण्डपैर्मुख्यै रतिमुक्तकमण्डपैः २५ त्रपु
सैर्नर्तिकानाञ्च प्रतानैःसफलैःशुभैः। कूष्माण्डानांप्रतानैश्च अलावूनांतथाक्वचित् २६
चिर्मिटस्यप्रतानैश्च पटोलीकारवल्लिकैः। कर्कोटकीवितानैश्च वार्ताकैर्बृहतीफलैः २७
कण्टकैर्मूलकैर्मूल शाकैस्तुविविधैस्तथा। कह्लारैश्चविदार्या चरुरूटैःस्वादुकण्टकैः २८
सभण्डीरविदूसार राजजम्बुकबालुकैः। सुवर्चलाभिःसर्वाभिः सर्षपाभिस्तथैवच २९
काकोलीक्षीरकाकोलीच्छत्रयाचातिच्छत्रया। कासमर्दीसहासद्भिः शकन्दलसकाण्डकैः
३० तथाक्षीरकशाकेन कालशाकेनचाप्यथ। शिम्बिधान्यैस्तथाधान्यै सर्वैर्निरवशेषितः
३१ औषधीभिर्विचित्राभिर्दीप्यमानाभिरेवच। आयुष्याभिर्यशस्याभिर्बल्याभिश्चनरा
धिप! ३२ जरामृत्युभयघ्नीभिः क्षुद्भयघ्नीभिरेवच। सौभाग्यजननीभिश्च कृत्स्नाभि
श्चाप्यनेकशः ३३ तत्रवेणुलताभिश्च तथाकीचकवेणुभिः। काशैःशशाङ्ककाशैश्च शर
गुल्मैस्तथैवच ३४ कुशगुल्मैस्तथारम्यैगुल्मैश्चेक्षोमनोरमैः। कार्पासजातिवर्गेण दुर्ल
भेनशुभेनच ३५ तथाचकदलीखण्डैर्मनोहारिभिरुत्तमैः। तथामरकतप्रख्यैः प्रदेशैःशा
द्वलान्वितैः ३६ इरापुष्पसमायुक्तैः कुंकुमस्यचभागशः। तगरातिविषामांसी ग्रन्थिकैस्तु
सुरागदैः३७सुवर्णपुष्पैश्चतथाभूमिपुष्पैस्तथापरैः। जम्बीरकैर्भूस्तृणकैःसरसैःसशुकैस्त
था ३८ शृङ्गवेराजमोदाभिः कुवेरकप्रियालकैः। जलजैश्चतथावर्णैर्नानावर्णैःसुगन्धिभिः
३९उदयादित्यसङ्काशैः सूर्य्यचन्द्रनिभैस्तथा।तपनीयसवर्णैश्च अतसीपुष्पसन्निभैः ४०

ष्टक-रुद्राक्ष-सताक-पुत्रजीवक २३ कंकोल-लौंग--भोजपत्र-पारिजातक-पीपलियोंकीबेल-नागरपान
की बेल-२४ मिरचोंका गुच्छा नवीन मल्लिका-सुन्दर दाखोंका मंडप-चंपेका मण्डप- २५ त्रपुस्-नर्ति
काओंकी फलोंसमेत बेल-कोहलाओंकी बेल-घीयाओंकी बेल- २६ चिर्मिटोंकीबेल-परवल-करेलबेल
ककोडाकी बेल-वार्त्ताक-कटेहलीकाफल २७ सिंघाड़ा-अनेक प्रकारके ज़मींकन्द-कमल विदारी--चरु-
रूठ-स्वादु-कंटक २८ भंडीर-विदूसार-राजजामन-नेत्रवाला-सुवर्चला-सिरसों-काकोली-क्षीर काको-
ली-छत्रा-अतिछत्रा-कास मर्दी शकंदल-कांडक-क्षीरशाक-कालशाक-शिंविधान्य-धान्य-३०।३१ प्रका-
शमान अनेक प्रकारकी औषध--आयु बढ़ानेवाली--बल बढ़ानेवाली--यश बढ़ानेवाली जरा मरण
भयक्षुधा इनसबकी नाशकरनेवाली औषध और सौभाग्यकी उत्पन्न करनेवाली संपूर्ण औषध--
बांसों की बेल--छिद्रवाले बांस--चन्द्र मासाकांक-शरों का बोझा ३३।३४ कुशाओं का झुण्ड--
सुन्दर ईखोंकाझुण्ड--दुर्लभ और शुभकपासकीजाति ३५ मनका हरनेवाला केलोंकासमूह--नीली
मणियोंकेसमान घासकी हरियाली ३६ इराकापुष्प-कुंकुमकाभाग--तगर--अतीस--जटामांसी--नेत्र-
वाला--सुरागद ३७ सुवर्णपुष्प--भूमिपुष्प--नींबू--तृणक ३८ अदरक-अजमोद-कुवेरक--चिरोंजी--
अनेकप्रकारके सुगन्धियुक्त कमल ३९ कोई कमल तो उदयहुए सूर्य्यकेसमान कोई सूर्य्य चन्द्रमा

शुकपत्रनिभैश्चान्यैः स्थलपत्रैश्चभागशः। पञ्चवर्णैःसमाकीर्णैर्बहुवर्णैस्तथैवच ४१
द्रष्टृदृष्ट्याहितमुदैः कुमुदैश्चन्द्रसन्निभैः। तथावह्निशिखाकारैर्गजवक्त्रोत्पलैःशुभैः ४२
नीलोत्पलैः सकर्पूरैर्गुञ्जातककसेरुकैः। शृङ्गाटकमृणालैश्च करटैराजतोत्पलैः ४३ जल
जैःस्थलजैर्मूलैः फलैःपुष्पैर्विशेषतः। विविधैश्चैवनीवारैर्मुनिभोज्यैर्नराधिप! ४४ नत
द्धान्यंनतच्छस्यं नतच्छाकंनततत्फलम्। नतन्मूलंनततत्कन्दं नततत्पुष्पंनराधिप! ४५
नागलोकोद्भवंदिव्यं नरलोकमवञ्चयत्। अनूपोत्थंवनोत्थञ्च तत्रयन्नास्तिपार्थिव! ४६
सदापुष्पफलंसर्वं मजर्यमृतुयोगतः। मद्रेश्वरःसददृशे तपसाद्युतियोगतः ४७ ददृशेच
तथातत्र नानारूपान्पतत्रिणः। मयूराञ्छतपत्रांश्च कलविङ्कांश्चकोकिलान् ४८
तदाकादम्बकान्हंसान् कोयष्टीन्खञ्जरीटकान्। कुररान्कालकूटांश्च खट्वाङ्गान्लु
ब्धकांस्तथा ४९ गोक्ष्वेडकान्तथाकुम्भान् धार्तराष्ट्रान्शुकान्बकान्। धातुकांश्च
क्रवाकांश्चकटुकान् टिट्टिभान्भटान् ५० पुत्रप्रियान् लोहपृष्ठान् गोचर्मगिरिवर्त
कान्। पारावतांश्चकमलान् सारिकाजीवजीवकान् ५१ लाववर्तकवार्ताकान् रक्त
वर्त्मप्रभद्रकान्। ताम्रचूडान्स्वर्णचूडान् कुक्कुटान्काष्ठकुक्कुटान् ५२ कपिञ्जलान्
कलविङ्कान् तथाकुंकुमचूड़कान्। भृङ्गराजान्सीरपादान् भुलिङ्गान्डिण्डिमान्न
वान् ५३ मञ्जुलीतकदात्यूहान् भारद्वाजांस्तथाचषान्। एतांश्चान्यांश्चसुबहून्
पक्षिसङ्घान्मनोहरान्। श्वापदान्विविधाकारान् मृगांश्चैवमहामृगान्। व्याघ्रान्

दोनोंकेतुल्य–कोई सुवर्णकेतुल्य–कोई अतसीफूलके समान ४० कोई तोतेके पक्षकीसमान–कोई स्थल पद्मपत्र पांचप्रकारके और प्रकारकेफूल ४१ देखनेवालेकी दृष्टिके हितकारी कमल–चन्द्रमा के सदृश अग्नि शिखाकेतुल्य और हस्तीके मुखके समान कमल ४२ ऐसी २ वनौषधियों से भूषित और नीलकमल–गुंजातक–कसेरू–शृंगाटक अर्थात् सिंघाड़ा–मृणाल–करट–इनसवसे भी शोभित वह पर्व्वतथा ४३ हे राजन् जल और स्थलमें उत्पन्नहोनेवाले मूल फल पुष्प–और अनेकप्रकार के मुनिभोज्य नीवार ४४ हे राजेन्द्र ऐसाकोई धान्य–शस्य–शाक–फल–मूल और कन्द न था जो उस पर्व्वतपर न हो ४५ इनके सिवाय नागलोक–नरलोक–और अनूप–वन इनसबमें होनेवाले फल मूल कन्दोंमें ऐसा कोई पदार्थ न था जो उस पर्व्वतपर न हो ४६ ऐसे पर्व्वतपर मद्रेश्वर पुरूरवा अपने तपके योगसे सबकालोंमें उन वृक्षोंके फल पुष्पोंको देखताहुआ ४७ उसपर निवास करने वाले अनेकप्रकार के आगे लिखेहुए पक्षियोंको देखताभया–मयूर–शतपुत्र–चिड़ा–कोयल ४८ का दंबक–हंस–टटीहरी–खंजरीट–कुरर–कालकूट–खट्वाङ्ग–लुब्धक ४९ गोक्ष्वेडक–कुंभ–श्वेतहंस–तोते–बगले–धातुक–चक्रवाक–कटुक–टिट्टिभ–भट ५० पुत्रप्रिय–लोहपृष्ठ–गोचर्म–गिरिवर्तक–कबूतर–कमल–मैना–चकोर–लवा वतक–रक्तवर्त्म–प्रभद्रक–मुरगा–स्वर्णचूड़–मुरग–खातीवि दा ५१।५२ कपोत–कलविंक–कुंकुमचूड़–भृङ्गराज–अर्थात् भौंरा–सीरपाद–भुलिंग–डिंडिम–नव ५३ मंजुली–दात्यूह–भारद्वाज और पपीहा–इनसबके सिवाय अन्यप्रकारके भी पक्षियों को वह राजा

केसरिणःसिंहान् द्वीपिनःशरभान्वृकान् ५५ ऋक्षांस्तरक्षूंश्चबहून् गोलांगूलान् सवानरान् । शशलोमान्सकादम्बान् मार्जारान्वायुवेगिनः ५६ तथामत्तांश्चमात ङ्गान् महिषान्गवयान्वृषान् । चमरान्सृमरांश्चैव तथागौरखरानपि ५७ उरभ्रांश्च तथामेषान् सारङ्गानथकुंकुरान् । नीलांश्चैवमहानीलान् करालान्मृगमातृकान् ५८ सदंष्ट्रारामसरभान् कोञ्चाकारकशम्बरान् । करालान्कृतमालांश्च कालपुच्छांश्चतोर णान् ५९ दंष्ट्रान्खड्गान्वराहांश्च तुरङ्गान्खरगर्दभान् । एतानद्विष्टान्मद्रेशो विरु द्धांश्चपरस्परम् ६० अविरुद्धान्वनेदृष्ट्वा विस्मयंपरमंययौ । तच्चाश्रमपदंपुण्यं बभू वात्रेःपुरानृप!६१तत्प्रसादात्प्रभायुक्तं स्थावरैर्जङ्गमैस्तथा । हिंसंतिहिंनचान्योन्यं हिंस कास्तुपरस्परम् ६२ क्रव्यादा प्राणिनस्तत्र सर्वेक्षीरफलाशनाः । निर्मितास्तत्रचात्यर्थं मत्रिणासुमहात्मना ६३ शैलान्नितम्बदेशेषु न्यवसच्चस्वयंनृपः । पयःस्रवन्तितेदिव्य ममृतस्वादुकण्टकम् ६४ क्वचिद्राजन्! महिष्यश्च क्वचिद्राजाश्चसर्वशः । शिलाःक्षी रेणसम्पूर्णादध्नाचान्यत्रवाबहिः ६५ सम्पश्यन्परमांप्रीतिमवापवसुधाधिपः । सरांसि तत्रदिव्यानि नद्यश्चविमलोदकाः ६६ प्रणालिकानिचोष्णानि शीतलानिचभागशः । कन्दराणिचशैलस्य सुसेव्यानिपदेपदे ६७ हिमपातोनतत्रास्ति समन्तात्पञ्चयोजनम्। उपत्यकासुशैलस्य शिखरस्यनविद्यते ६८ तत्रास्तिराजन्! शिखरं पर्वतेन्द्रस्यपाण्डु रम्। हिमपातङ्गयत्र कुर्वंतिसहिताःसदा ६९ तत्रास्तिचापरंशृङ्गं यत्रतोयघनाघनाः।

देखताभया ५४ इनको देखकर आगे लिखेहुए इन पशुजीवोंको देखताभया--मृग--रोभ--बघेरा--सिंह--गेंडा--शरभ--भेड़िया ५५ रीछ--चीता--गोलांगूल--वानर--सूंसा -कदंब--वायुकेसे वेगवाले बिलाव ५६ मदवाले हाथी महिप--रोभ--बैल--चमरीगौ--मृगभेद--गर्दभ ५७ उरभ्र- मेढ़ा--सारंग--कुत्ते--नील--महानील--कराल--मृगमातृक ५८ रामसरभ--कूज--सावर-कराल--कृतमाल-कालपुच्छ--तोरण ५९ दंष्ट्र--खड्ग--सूकर--घोड़ा--गर्दभ--इनके सिवाय परस्पर शत्रु और परस्पर मित्रता करने वाले जीवोंको देखताभया ६० यह राजा उन परस्पर मित्रता रखनेवालोंको देखकर बड़ेआश्चर्य्य को प्राप्तहुआ और हे राजा वहांही अत्रिऋषिका पूर्व आश्रमथा ६१।६२ उन ऋषि के प्रभाव और कृपासे तत्रहिंसक और अहिंसक स्थावर जंगमजीव परस्परमें हिंसानहीं करतेथे ६३ आशय यह है कि वहां मंत्रिमहात्माकी कृपासे सब मांसभक्षी जीव दूध अथवा फलोंकाही भोजन करतेथे ६४ उस पर्व्वतीय देशमें आप राजा वासकरके महादिव्य और अकंटक राज्यका भोगकरताथा हेराजन् उस पर्व्वतमें कहीं पटरानी और कहीं राजा वसताभया वहांकी प्रत्येक शिला दूध दही से पूर्णथी ६५ राजा पुरूरवा ऐसे पर्व्वतको देखताहुआ परमप्रीतिको प्राप्तहोताभया वहांही दिव्य सरोवर और सुन्दर जलवाली नदियोंको भी देखताभया ६६ और शीतोष्ण जलवहनेवाले झिरने पर्व्वतकी गुफा यहभी क्षण२ में सेवनके योग्य समझेगये उस पर्व्वत के चारोंओर बीसकोस के बीचमें हिमनहीं पड़ताथा और पर्व्वत के शिखरकेपास पृथ्वी नहीं दीखतीथी क्योंकि उस पर्वतेन्द्र के शिखरपर मेघ

नित्यमेवाभिवर्षंति शिलाभिःशिखरंवरम् ७० तदाश्रमंमनोहारि यत्रकामधराधरा। सुरमुख्योपयोगित्वात् शाखिनांसफलाःफलाः ७१ सदोपगीतभ्रमरं सुरस्त्रीसेवितंपरम्। सर्वपापक्षयकरंशैलस्यैवग्रहारकम् ७२ वानरैःक्रीडमानैश्च देशाद्देशान्नराधिप! । हिमपुञ्जाःकृतास्तत्र चन्द्रबिम्बसमप्रभाः ७३ तदाश्रमंसमन्ताच्च हिमसंरुद्धकन्दरैः। शैलवाटैःपरिवृतमगम्यमनुजैःसदा ७४ पूर्वाराधितभावोऽसौ महाराजःपुरूरवाः। तदाश्रमपदंप्राप्तो देवदेवप्रसादतः ७५ तदाश्रमंश्रमशमनंमनोहरं मनोहरैःकुसुमशतैरलंकृतम्। कृतंस्वयंरुचिरमथात्रिणाशुभं शुभावहंहिददृशेसमद्रराट् ७६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेसप्ताधिकशततमोऽध्यायः ११७॥

(सूत उवाच) तत्रयौतौमहाशृङ्गौ महावर्णौमहाहिमौ। तृतीयन्तुतयोर्मध्ये शृङ्गमत्यन्तमुच्छ्रितम् १ नित्यातप्तशिलाजालं सदाभ्रपरिवर्जितम्। तस्याधस्ताद्वृक्षगणो दिशाभागेचपश्चिमे २ जातीलतापरिक्षिप्तं विवरंचारुदर्शनम्। दृष्ट्वैवकौतुकाविष्टस्तं विवेश महीपतिः ३ तमसाचातिनिविडं नल्वमात्रंसुसङ्कटम्। नल्वमात्रमतिक्रम्य स्वप्रभाभरणोज्ज्वलम् ४ तमुच्छ्रितमथात्यन्तं गम्भीरंपरिवर्तुलम्। नतत्रसूर्य्यस्तपति नविराजतिचन्द्रमाः ५ तथापिदिवसाकारं प्रकाशंतदहर्निशम्। क्रोशाधिकपरीमाणं सरसाचविराजितम् ६ समन्तात्सरसस्तस्य शैललग्नातुवेदिका। सौवर्णैराजतैर्वृक्षैर्विद्रुमैरुप

सदैव हिमकीही वर्षाकरतेथे ६७।६९ और उसके पासही दूसरे शिखरपर सघनमेघ नित्य वर्षाकिया करतेहैं वह शिखर शिलाओं करके बड़ा श्रेष्ठ है वहांहीं मनका हरनेवाला अत्रिका आश्रमहै जहांकी पृथ्वीकामनाकी देनेवालीहै और देवताओंके महाउपयोगी सुन्दर वृक्षोंकेफलहैं७०।७१ वह पर्व्वत भ्रमरोंसे गायाहुआ देवांगणाओं से सेवित सम्पूर्ण पापोंका नाशकरने वालाहै ७२ वहांक्रीड़ा करते हुयेजो देशदेशके वानरहैं उनके श्वेत पुंजोंसे वह चन्द्रमा केही समान कान्तिवालाहै ७३ वह अत्रि ऋषिका आश्रमहिमसे रुकीहुई गुफाओंके कारण मनुष्यों को महाअगम्य है ७४ पूर्वकियाहै आराधनजिसने ऐसा वह पुरूरवा महाराज देवदेव भगवान्की कृपासे उसआश्रमको प्राप्तहोताभया ७५ खेदका हरनेवाला मनका हरनेवाला मनोहर पुष्पोंसे भूषित शुभदायक अत्रिजी का रचाहुआ वह आश्रम यहमद्रदेशाधिपति देखताभया ७६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराण भाषाटीकायां सप्तदशाऽधिक शततमोऽध्यायः ११७॥

सूतजी कहते हैं हे ऋषीश्वरो उस पर्व्वतमें अनेक वर्णके हिमसे ढकेहुये दोशृंगथे जिनके मध्य में एकशृंग बहुत बड़ाथा १ और वहपर्व्वत तप्तशिलाओंके समूहसे व्याप्तहै--मेघों से वर्जित है और पश्चिम भागमें उसके नीचे वृक्षोंके समूहोंसे अद्भुत शोभा होरहीथी २ इसीसे वह आश्रम जातीलताओंसे युक्त और सुन्दर दर्शनवाला है ऐसे आनन्दकारी आश्रम में राजा प्रवेश करता भया ३ उस आश्रमका पूर्व भाग अन्धकार से युक्त और उसको उल्लंघन करके कान्ति से युक्तथा ४ जोकि वहां सूर्य्य नहीं तपता इसीसे वह अत्यन्त गंभीर गोलाकार है और चन्द्रमाकी किरणोंसे शीतलता

शोभितम् ७ नानामाणिक्यकुसुमैः सुप्रभाभरणोज्ज्वलैः । तस्मिन्सरसिपद्मानि पद्म रागच्छदानितु ८ वज्रकेसरजालानि सुगन्धीनितथायुतम् । पत्रैर्मरकतैर्नीलैर्वैदूर्य्यस्य महीपते ! ९ कर्णिकाश्चतथातेषां जातरूपस्यपार्थिव ! । तस्मिन्सरसियाभूमिर्नसाव ज्रसमाकुला १० नानारत्नैरुपचिता जलजानांसमाश्रया । कपर्दिकानांशुक्तीनां शङ्खा नाञ्चमहीपते ! ११ मकराणाञ्चमत्स्यानां चण्डानांकच्छपैःसह । तत्रमरकतखण्डानि वज्राणाञ्चसहस्रशः १२ पद्मरागेन्द्रनीलानि महानीलानिपार्थिव !। पुष्परागाणिसर्वाणि तथाकर्कोटकानिच १३ तुत्थकस्यतुखण्डानि तथाशेषस्यभागशः। राजावर्तस्यमुख्यस्य रुचिराक्षस्यचाप्यथ १४ सूर्य्येन्दुकान्तयश्चैव नीलोवर्णान्तिमश्चयः । ज्योतीरसस्य रम्यस्य स्यमन्तस्यचभागशः १५ सुरोरगवलक्षाणां स्फटिकस्यतथैवच । गोमेद पित्तकानाञ्च धूलीमरकतस्यच १६ वैदूर्यसौगन्धिकयोस्तथाराजमणेर्नृप ! १७ वज्रस्यै वचमुख्यस्य तथाब्रह्ममणेरपि । मुक्ताफलानिमुक्तानान्ताराविग्रहधारिणाम् १८ सु खोष्णञ्चैवतत्तोयं स्नानाच्छीतविनाशनम्। वैदूर्यस्यशिलामध्ये सरसस्तस्यशोभना १९ प्रमाणेनतथासाच द्वेचराजन् ! धनुःशते । चतुरस्रातथारम्या तपसानिर्मितात्रिणा २० विलद्वारसमोदेशो यत्रतत्राहिरण्मयः । प्रदेशःसतुराजेन्द्र ! द्वीपेतस्मिन्मनोहरे २१ तथापुष्करणीरम्या तस्मिन्राजन् ! शिलातले । सुशीतामलपानीया जलजैश्चविराजि ता २२ आकाशप्रतिमाराजन् ! चतुरस्रामनोहरा । तस्यास्तदुदकंस्वादु लघुशीतंसुग

युक्त विराजमान था यह आश्रम सूर्य्यके आकारके समान अहर्निश प्रकाशकरता था और एक कोससे अधिक विस्तृत और रसों करके सहित एकसरोवर था ६ उस सरोवर के चारोंओर पर्व्वतके समीप सुन्दर वेदियोंसे शोभित यह पर्व्वत सुवर्णचांदी मूंगे और उत्तम वृक्षों से भूपितथा ७ उस सरोवर में माणिक्यके पुष्प श्रेष्ठकान्ति वाले पत्ते और नानावर्ण के कमल शोभायमान थे ८ हे राजन् वह सरोवर वैदूर्य्य मणि नीलमणि और हीरोंसे देदीप्यमानहोकर कमलोंकी सुगन्धियोंसे सुगन्धितथा ९ उस सरोवरके कमल सुवर्णकी पंखड़ियों से युक्त और हीरेमणियों से प्रकाशमान थे और उसकी भूमिभी हीरोंसे जटित १० कौड़ी शंख--कमल--और रत्नोंसेशोभितथी ११ इनकेसिवाय मकरमत्स्य कच्छपमणि और हीरेआदिसे व्याप्त १२ पद्मराग इन्द्रमणि नीलमणि पुखराज-कर्कोटक-१३ तुत्थक राजावर्त्त--मुख्य--रुचिराक्ष १४ सूर्य्यचन्द्रकी कांतिवालीमणि नीलमणि ज्योतीरस-स्यमन्तक १५ सु-रोरगवलक्ष--स्फटिक--गोमेद--पित्तक--धूलीमरकत--१६ वैदूर्य्य--सौगन्धिक--राजमणि--वज्रमणि -मु-ख्यमणि ब्रह्ममणि--मोती--और तारोंके समान मोती--ऐसे रत्नोंसे वह सरोवरव्याप्तहै १७। १८ उस का जलभी मन्दोष्ण शीतका दूर करनेवाला है उस सरोवरमें वैदूर्य्य मणिकी सुन्दर शिलाहै १९ वह आठसौ हाथकी चौखूंटीहै और अत्रि ऋषिने अपने तपोबलसे रचीहै २० हे राजेन्द्र उसमनो-हरद्वीपमें जहां तहां सुवर्णके विलहैं वह देशके द्वारोंके समान विदित होतेहैं और उस शिलाकेनीचे रमणीक नदीहै वह नदी सुन्दर शीतल स्वच्छ जलवाली और कमलोंसे शोभितहै २१। २२ इसके

प्रथम खंड कहाताहै और गोमेद खण्ड सर्व सुख नामवालाहै दूसरे कुमुद पर्व्वतके खण्डको कुमुद कहते हैं २। ७ यह दोनों पर्व्वत गोल हैं और चारों ओरसे एकसे ऊंचे हैं इस द्वीपके पूर्व्व की ओर सुमना पर्व्वत है वह पूर्व्व से पश्चिम की ओर समुद्र पर्य्यन्त स्थित होरहाहै और उस पिछले अर्द्ध भागमें इसीप्रकार कुमुद पर्व्वत स्थित होरहाहै ८। ९ इन पर्व्वतों के पदों से उस देशके दो विभाग होरहेहैं द्वीपके दक्षिणीय अर्द्ध भागमें धातकी खण्ड कहाताहै १० और दूसरा कुमुद खंड उस द्वीपके उत्तरकी ओरहै इस प्रकारसे यह दो देश गोमेद द्वीपके कहेहैं और उत्तम विस्तारवाले हैं ११ अब इससे आगे सातवें द्वीपको कहतेहैं सातवाँ द्वीप इक्षुरसवाले गोमेद पर्व्वतसे दूने प्रमाण वाले समुद्रसे बाहरकी ओर चारोंओर बसताहै उसको पुष्कर द्वीप कहतेहैं वह पुष्कर अर्थात् कमलों से युक्त होरहाहै इस पुष्कर द्वीपमें श्रीमान् चित्रसानु उत्तमपर्व्वतहै और महाउत्तम विचित्रमणियों वाली शिलाओंके शिखरोंसे शोभितहोरहाहै इस द्वीपके पूर्वार्द्ध भागमें यह चित्रसानु पर्व्वत स्थित है १३।१४ इसपर्व्वत के मंडलोंका विस्तार पच्चीसहज़ार योजन और उंचाई चौबीस हज़ार योजन है १५ उसद्वीपके पश्चिमके अर्द्धभागमें मानसनाम पर्व्वतहै यहसमुद्रके समीपमें ऐसा शोभायमान होरहाहै जैसे कि पूर्णमासीका चंद्रमा प्रकाशमान होताहै इस पर्व्वतकी उंचाई साढ़ेपचासयोजन कीहै और इसपर्व्वतका पुत्रमहावीतनामहै वह इसद्वीपके पश्चिमभागकी रक्षाकरताहै १६।१७द्वीपके पूर्वभागमें दोखंडहोरहे हैं उसी पर्व्वतके विभागसे दोदेशबसते हैं यहपुष्करद्वीप स्वादुयुक्त जलके समुद्रसे वेष्टित होरहाहै इसकाविस्तार गोमेदद्वीपके मंडलसे दूने विस्तारमें है इसद्वीपके मनुष्य तीसहज़ार वर्षोंतक जीवते हैं १८। १९ तहाँ कुछ विपर्य्ययनहीं है और आयु आरोग्य-बहुत सुख और

सुखमायुश्चरूपञ्च त्रिषुद्वीपेषुसर्वशः । अधमोत्तमौनतेष्वास्तां तुल्यास्तेवीर्य्यरूप
तः २१ नतत्रवध्यवधकौ नेर्ष्यासूयाभयंतथा । नलोभोनचदम्भोवा नचद्वेषःपरिग्रहः
२२ सत्यानृतेनतेष्वास्तां धर्माधर्मौतथैवच । वर्णाश्रमाणांवार्ताच पाशुपाल्यंवणिक्कृ
षिः २३ त्रयीविद्यादण्डनीतिः शुश्रूषादण्डएवच । नतत्रवर्षंनद्योवा शीतोष्णञ्चनविद्य
ते २४ उद्भिदान्युदकानि स्युर्गिरिप्रस्रवणानिच । तुल्योत्तरकुरूणान्तु कालस्तत्रतुस
र्वदा २५ सर्वदःसुखकालोऽसौ जराक्लेशविवर्जितः । सर्गस्तुधातकीखण्डे महावीतेतथै
वच २६ एवंद्वीपाःसमुद्रैस्तु सप्तसप्तभिरावृताः । द्वीपस्यानन्तरोयस्तु समुद्रस्तत्समस्तु
वै २७ एवंद्वीपसमुद्राणां वृद्धिर्ज्ञेयापरस्परम् । अपाञ्चैवसमुद्रेकात् समुद्रइतिसंज्ञितः २८
ऋषद्वसन्त्योवर्षेषु प्रजायत्रचतुर्विधाः । ऋषिरित्येवरमणे वर्षंत्वेतेनतेषुवै २९ उदय
तीन्दौपूर्वेतु समुद्रःपूर्यतेसदा । प्रक्षीयमाणेबहुले क्षीयतेऽस्तमितेचवै ३० आपूर्यमाणे
ह्युदधिरात्मनैवापिपूर्यते । ततोवैक्षीयमाणेतु स्वात्मन्येवह्यपांक्षयः ३१ उदयात्पयसांयो
गात् पुष्णन्त्यापोयथास्वयम् । तथासतुसमुद्रोऽपि वर्द्धतेशशिनोदये ३२ अन्यूनानति
रिक्तात्मा वर्द्धन्त्यापोह्रसन्तिच । उदयेऽस्तमयेचेन्दोः पक्षयोःशुक्लकृष्णयोः ३३ क्षयवृ

मनोवाञ्छित सिद्धिकी प्राप्ति यहसबसभी पुरुषोंके स्वाभाविकहैं २० इनपिछले तीनद्वीपोंमें सुखरूप और आयु सबके हैं उनपरुषोंमें कोई उत्तम मध्यम और नीचनहीं हैं बल रूपमें सबसमानहैं २१ इसके विशेष वहाँ कोई मरने और मारने वालाभी नहींहै और ईर्षा निन्दा भय लोभ पाखण्ड-द्वेष और संग्रह आदिक भीनहीं हैं २२ सत्य असत्य धर्म अधर्म वर्णाश्रमों का व्यवहार पशुपालता, वणिज और खेती यहसबभीनहीं हैं २३ वेदत्रयी विद्या दंड नीति भी नहीं हैं वहाँ वर्षा नहींहोती नदीभी नहींहै शीतोष्णताकाभी अभावहै २४ वहाँ पर्व्वतोंके झिरनों केही जलहैं उत्तर कुरुदेशके समान सदैव उत्तमकाल बनारहताहै २५ सर्वत्रसुख व्याप्तहै वृद्धावस्था आदिकाभी क्लेशनहीं है इसप्रकार से धातकी खंड और महावीत खंडकी रचना कही है २६ इसरीतिसे सातोंद्वीप सातोंसमुद्रोंसे वेष्टितहोरहेहैं द्वीपके आगेका समुद्र जितने प्रमाणमें है उतनेही प्रमाणमें अगला द्वीपहै इसीप्रकारसे द्वीपोंकी और समुद्रोंकी परस्पर वृद्धिहै जलोंके समूहकी वृद्धिहोनेसे समुद्र कहाताहै २७। २८ इनद्वीपोंके खंडोंमें प्रजा आनन्दसे रमणकरती है और इसीकारणसे वहाँ मेघोंके वर्षनेकी कुछ आवश्यकतानहींहै २९ जब पूर्वमें चन्द्रमा उदय होताहै तब सर्वदा समुद्र पूर्णहोकर उछलताहै जब चन्द्रमा क्षीण होताहै और अस्तहोता है तब समुद्रभी क्षीण होजाताहै ३० उछलताहुआ समुद्र अपनेही जलोंके वेगसे उछलता है जब क्षीणहोताहै तब अपनेहीमें ऐसेक्षीण होजाता है जैसे थोड़ेजलमें बहुत जलोंके मिलनेसे जलको जल आपही पवित्रकरलेताहै इसीप्रकार वहसमुद्रभी चन्द्रोदयके समयमें बढ़ता है ३१। ३२ शुक्ल और कृष्ण पक्षमें चन्द्रोदयके समय और अस्तहोनेके समय समुद्रमें जल बढ़ता और घटता है परन्तु समुद्रका प्रमाण यथावस्थितही बनारहताहै ३३ चन्द्रमा के बढ़ने घटने के अनुसार समुद्र घटता बढ़ताहै पूर्णिमा और अमावास्याके दिनोंमें समुद्र पन्द्रहसौ १५०० अंगुल

द्वीसमुद्रस्य शशिवृद्धिक्षयेतथा। दशोत्तराणिपञ्चाहुरंगुलानांशतानिच ३४ अपांवृद्धिः क्षयोदृष्टः समुद्राणान्तुपर्वसु। द्विरापत्वात्स्मृतोद्वीपो दधनाच्चोदधिःस्मृतः ३५ अपशीर्णान्तुगिरयो पर्वबन्धाच्चपर्वताः। शाकद्वीपेतुशाक पर्वतस्तेनचोच्यते ३६ कुशद्वीपे कुशस्तम्बो मध्येजनपदस्यतु। क्रौञ्चद्वीपेगिरिःक्रौञ्चस्तस्यनाम्नानिगद्यते ३७ शाल्मलिःशाल्मलद्वीपे पूज्यतेसमहाद्रुमः। गोमेदकेतुगोमेदः पर्वतस्तेनचोच्यते ३८ न्यग्रोधःपुष्करद्वीपे पद्मवत्तेनसःस्मृतः। पूज्यतेसमहादेवैर्ब्रह्मांशोऽव्यक्तसम्भवः ३९ तस्मिन्सवसतिब्रह्मा साध्यैःसार्द्धंप्रजापतिः। तत्रदेवाउपासन्ते त्रयस्त्रिंशन्महर्षिभिः ४० सतत्रपूज्यतेदेवो देवैर्महर्षिसत्तमैः। जम्बूद्वीपात्प्रवर्तन्ते रत्नानिविविधानिच ४१ द्वीपेषुतेषु सर्वेषु प्रजानांक्रमशस्तुवै। आर्जवाद्ब्रह्मचर्येण सत्येनचदमेनच ४२ आरोग्यायुःप्रमाणाभ्यां द्विगुणंद्विगुणंततः। द्वीपेषुतेषुसर्वेषु यथोक्तंवर्षकेषुच ४३ गोपायन्तेप्रजास्तत्रसर्वैः सहजपण्डितैः। भोजनञ्चाप्रयत्नेन सदास्वयमुपस्थितम् ४४ षड्रसंतन्महावीर्यं तत्रतेभुञ्जतेजनाः। परेणपुष्करस्याथ आवृत्यावस्थितोमहान् ४५ स्वादूदकसमुद्रस्तु ससमन्तादवेष्टयत्। स्वादूदकस्यपरितः शैलस्तुपरिमण्डलः ४६ प्रकाशश्चाप्रकाशश्च लोकालोकःसउच्यते। आलोकस्तत्रचार्वाक्च निरालोकस्ततःपरम् ४७ लोकविस्तारमात्रन्तु पृथिव्यार्द्धन्तुवाह्यतः। प्रतिच्छन्नंसमन्तात्तु उदकेनावृतंमहत् ४८ भूमेर्दशगुणाश्चापःस

बढ़ता और घटता है दोसमुद्रोंके मध्यमें स्थितहोनेवाला द्वीप कहाता है द्वीपकेही धारण करनेसे समुद्रको उदधि कहते हैं ३४। ३५ जोकि पर्व्वत जलादिकोंमें गलते नहीं हैं इसीसे उनकानाम गिरि बोलाजाता है उनकी पर्व अर्थात् सन्धि बंधीरहती है इसहेतुसे पर्व्वत कहाते हैं शाकद्वीपमें शाकनाम पर्व्वत है इसहेतुसे उसको शाकद्वीप कहते हैं ३६ कुशद्वीपके मध्यमें कुशाकास्तंभहै इसकारण कुशद्वीप कहाताहै क्रौंचद्वीपमें क्रौंचनामवाला पर्व्वतहै ३७ शाल्मलद्वीपमें महा उत्तम संभलका वृक्ष पूजाजाता है गोमेदद्वीप में गोमेदनाम पर्व्वत है ३८ पुष्कर द्वीपमें बटका वृक्षहै और कमलोंके पुष्पहैं वहवृक्ष ब्रह्माके अंशसे उत्पन्न हुआहै उसको सबदेवता पूजते हैं ३९ उसपुष्करद्वीप में साध्य संज्ञक देवताओं समेत प्रजापति ब्रह्मा वसते हैं और ब्रह्मर्षियों समेत तेंतीस देवता उनकी उपासना किया करते हैं ४० सबदेवता ब्रह्माजीकी पूजाकरते हैं जंबूद्वीपमें अनेक प्रकारके रत्न उत्पन्नहोते हैं इनसब द्वीपोंमें प्रजाकी सरलता-ब्रह्मचर्य्यता-सत्यता-इन्द्रियोंकी निग्रहता ४१।४२ नीरोगता और आयुकी दीर्घता से दूनी २ वृद्धिहोती गईहै उनसब खंडोंके द्वीपोंमें स्वाभाविक पंडितजन प्रजाकी रक्षाकरते हैं उनसबको विनाही यत्नके अपने आप भोजनकी प्राप्तिहोती है ४३।४४ वहांके बसनेवाले मनुष्य षट्रस भोजनकरते हैं और पुष्करद्वीपसे परे महासुन्दर स्वादु युक्त जलका समुद्र वेष्टित होरहा है उसी समुद्रके पीछे चारोंओर लोकालोक पर्व्वतहै वहकहीं प्रकाशितहै और कहीं अप्रकाशितहै उसके पूर्व्व की ओर आलोक पर्व्वत है उससे परे निरालोक पर्व्वतहै ४५।४७ उस पर्व्वतकी पृथ्वी लोक के विस्तार के समान है इस पर्व्वतका आधाभाग तो पृथ्वीसे बाहर स्थितहै और चारों ओरको जल

मन्तात्पालयन्तिगाम्। अद्भ्योदशगुणश्चाग्निः सर्वतोधारयत्यपः ४९ अग्नेर्दशगुणोवा
युर्धारयन् ज्योतिरास्थितः। तिर्य्यक्चमण्डलोवायुर्भूतान्यावेष्ट्यधारयन् ५० दशाधिकं
तथाकाशं वायोर्भूतान्यधारयत्। भूतादिर्धारयन्व्योम तस्माद्दशगुणस्तुवै ५१ भूतादि
तोदशगुणं महद्भूतान्यधारयत्। महत्तत्त्वंह्यनन्तेन अव्यक्तेनतुधार्य्यते ५२ आधाराधेय
भावेन विकारास्तेविकारिणाम् ५३ पृथ्व्यादयोविकारास्ते परिच्छिन्नाःपरस्परम्। परस्प
राधिकाश्चैव प्रविष्टाश्चपरस्परम् ५४ एवंपरस्परोत्पन्ना धार्य्यन्तेचपरस्परम्। यस्मात्
प्रविष्टास्तेऽन्योन्यं तस्मात्तेस्थिरतांगताः। आसंस्तेह्यविशेषाश्च विशेषाश्चान्यवेशनात्
५५ पृथ्व्यादयस्तुवाय्वन्ताः परिच्छिन्नास्तुतत्रते। भूतेभ्यःपरतस्तेभ्यो ह्यलोकःसर्वतः
स्मृतः ५६ तथाह्यालोकआकाशे परिच्छिन्नानिसर्वशः। पात्रेमहतिपात्राणि यथाह्यन्तर्ग
तानिच ५७ भवन्त्यन्योन्यहीनानि परस्परसमाश्रयात्। तथाह्यालोकआकाशे भेदास्त्व
न्तर्गतागताः ५८ कृतान्येतानितत्त्वानि अन्योन्यस्याधिकानितु। यावदेतानितत्त्वानि
तावदुत्पत्तिरुच्यते ५९ जन्तूनामिहसंस्कारो भूतेष्वन्तर्गतेषुवै। प्रत्याख्यायेहभूतानि
कार्य्योत्पत्तिर्नविद्यते ६० तस्मात्परिमिताभेदाः स्मृताःकार्य्यात्मकास्तुवै। तेकारणात्मका

में डूबरहाहै ४८ पृथ्वीसे दशगुना जलहै, वह सब ओरसे पृथ्वी की रक्षा करताहै जलोंसे दशगुणित अग्निहै वह सबओरसे जलको धारण कररहा है ४९ अग्निसे दशगुणित वायुहै वह अग्निको धारण करता हुआ स्थित होरहा है वायु मंडलमें तिरछा प्राप्त होकर भूतोंको वेष्टित करके धारण करताहै ५० वायुसे दशगुणा आकाश भूतोंको धारण कररहा है उस आकाशसे दशगुणा महाआकाश है वह महत्तत्त्वादिकों को धारण करता हुआ स्थितहै और महत्तत्त्वको अनन्त अव्यक्त अर्थात् माया धारण कर रही है विकारी अर्थात् सब प्राणियों के आधाराधेय भाव करके वहसब महत्तत्त्वादिक विकारी कहे जातेहैं ५१।५२ पृथिव्यादिक विकार परस्पर परिच्छिन्न अर्थात् ढकेहुए रहते हैं आपसमें अधिक हुए विकार आपसही में मिलेहुए रहते हैं इसप्रकार से आपसमें उत्पन्न हुए महत्तत्त्वादिक विकार परस्परमेंही धारणा को प्राप्त होरहे हैं जोकि वहसब भूतादिक आपसमें प्रविष्ट होरहे हैं इसी हेतु से वह स्थिरताको प्राप्त होगये हैं वह भूतादिक जुदे २ तो विशेष रहित हैं परन्तु अन्यके मिलजाने से विशेष सहित दिखाई पड़ते हैं ५४।५५ पृथिव्यादिक महाभूत जहां मिलेहुए रहते हैं वहां सब दृश्यमान कार्य्य हैं जहां इन महाभूतोंका अभावहै वहां सर्वत्र अलोक है अर्थात् कोई संसारमात्र नहीं है ५६ सबभूतादिक महाआकाश में ऐसे परिच्छिन्न होरहे हैं जैसेकि बड़ेपात्रमें छोटेपात्र घुलरहे हों ५७ सबभूत आपसमें एक दूसरे की अपेक्षा रखते हैं इस निमित्त अन्योन्यहीन हैं महाआकाश के अन्तर्गत इन महाभूतोंके अनेक भेद कहे हैं ५८ और अन्योन्य अधिक पंचीकरणहोने से पांचों तत्त्व अलग २ दीखते हैं जबतक तत्त्व रहते हैं तभीतक संसारकी उत्पत्ति कही है सब जीवमात्रों का संस्कार पंचभूतों के अन्तर्गत है इन भूतोंके खंडन होनेमें कार्य्य की उत्पत्ति नहीं होती है ५९।६० इस हेतुसे यह परिमित भेद कार्य्यात्मक कहेजाते हैं और इनके सूक्ष्म महदादिक कारणात्मक बोले

इवैव स्युर्भेदामहदादयः ६१ इत्येवंसन्निवेशोयं पृथ्व्याक्रान्तस्तुभागशः। सप्तद्वीपसमुद्राणां याथातथ्येनवैमया ६२ विस्तारान्मण्डलाञ्चैव प्रसंख्यानेनचैवहि। विश्वरूपंप्रधानस्यपरिमाणैकदेशिनः ६३ एतावत्सन्निवेशस्तु मयासम्यक्प्रकाशितः ६४ एतावदेवश्रोतव्यं सन्निवेशस्यपार्थिव !। अतऊर्ध्वंप्रवक्ष्यामि सूर्य्याचन्द्रमसोर्गतिम् ६५ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणे द्वाविंशत्यधिकशततमोऽध्यायः १२२ ॥

(सूतउवाच) अतऊर्ध्वंप्रवक्ष्यामि सूर्य्याचन्द्रमसोर्गतिम्। सूर्य्याचन्द्रमसावेतौ भ्राजन्तौयावदेवतु १ सप्तद्वीपसमुद्राणां द्वीपानांभातिविस्तरः। विस्तरार्द्धंपृथिव्यास्तु भवेदन्यत्रबाह्यतः २ पर्य्यासपरिमाणञ्च चन्द्रादित्यौप्रकाशतः। पर्य्यासपारिमाण्यात्तु बुधैस्तुल्यंदिवःस्मृतम् ३ त्रीन्लोकान्प्रतिसामान्यात् सूर्य्योयात्यविलम्बतः। अचिरात्तुप्रकाशेन अवनात्तुरविःस्मृतः ४ भूयोभूयःप्रवक्ष्यामि प्रमाणंचंद्रसूर्य्ययोः। महितत्वान्महच्छब्दो ह्यस्मिन्नर्थेनिगद्यते ५ अस्यभारतवर्षस्य विष्कम्भात्तुल्यविस्तृतम्। मण्डलंभास्करस्याथ योजनैस्तन्निबोधत ६ नवयोजनसाहस्रो विस्तारोमण्डलस्यतु। विस्तारात्त्रिगुणश्चापि परिणाहोऽत्रमण्डले ७ विष्कम्भान्मण्डलाञ्चैव भास्कराद्द्विगुणःशशी। अतःपृथिव्यावक्ष्यामि प्रमाणंयोजनैःपुनः ८ सप्तद्वीपसमुद्रायाविस्तारो मण्डलस्यतु। इत्येतदिहसंख्यातं पुराणेपरिमाणतः ९ तद्वक्ष्यामिप्रसंख्याय साम्प्रतआभिमानिभिः। अभिमानिनोह्यतीताये तुल्यास्तेसाम्प्रतैस्त्विह १० देवदेवैरतीता

जाते हैं ६१ इसप्रकार करके पृथ्वी समेत सातों समुद्रों का भेद यथार्थ विधिसे मंडल के विस्तार और संख्याके प्रमाणसे कह दियाहै प्रधान अर्थात् मायासहित ब्रह्मका यह विश्वरूप है यह इतना सन्निवेश मैंने प्रकाश किया है हे राजन् इतनाही सन्निवेश सुनना योग्य है ६२।६५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्वाविंशत्यधिकशततमोऽध्यायः १२२ ॥

सूतजी बोले हे ऋषियो अबमें सूर्य्य और चन्द्रमाकी गतिको अपनी मतिके अनुसार वर्णनकरता हूं जितने स्थानमें सूर्य्य और चन्द्रमाका प्रकाश होरहा है और सदैव होताहै उतनेही विस्तार में सातोंद्वीप और सातों समुद्रोंका विस्तार प्रकाशित होरहा है पृथ्वीका आधाविस्तार अन्यत्र बाहरकी ओर प्रकाशित नहीं है १।२ पृथ्वी के मंडलके प्रमाणमें सूर्य्य चन्द्रमा अपना प्रकाश करते हैं बुद्धिमान् पुरुषों ने पृथ्वी के मंडलके समान स्वर्गका भी मंडल कहाहै ३ सूर्य्य तीनों लोकोंमें शीघ्रही प्रकाश करता है इन सूर्य्यनारायणको शीघ्र प्रकाश करके सबकी रक्षा करनेसे रवि कहते हैं ४ वारंवार इन दोनों सूर्य्य चन्द्रमाके प्रमाणको कहेंगे इनका बड़ा प्रमाण होने से इनके प्रमाण में महच्छब्द कहाहै इस भारतखंडके मंडल प्रमाणके तुल्य सूर्य्य मंडल कहाहै अर्थात् सूर्य्य मंडल की लम्बाई नवहज़ार योजनमें है इससे त्रिगुणित गुलाई कही है ५।७ भारतखंडके मंडलसे और सूर्य्यके मंडलसे चन्द्रमा दूनाहै और पृथ्वी मंडलके योजन फिर कहेंगे ८ सातों द्वीपों समेत समुद्रोंवाली पृथ्वीकेमंडलके प्रमाणकी संख्या पुराणोंमें पृथ्वीके वर्त्तमान और व्यतीत अभिमानी देवताओं

स्तु रूपेर्नामभिरेवच। तस्माद्देसाम्प्रतैर्देवैर्वक्ष्यामिवसुधातलम् ११ दिव्यस्यसन्निवेशो वै साम्प्रतैरेवकृत्स्नशः। शतार्द्धकोटिविस्तारा पृथिवीकृत्स्नशःस्मृता १२ तस्याश्चार्द्ध प्रमाणञ्च मेरोश्चैवोत्तरोत्तरम्। मेरोर्मध्येप्रतिदिशं कोटिरेकातुसास्मृता १३ तथाशतस हस्राणामेकोननवतिंपुनः। पञ्चाशच्चसहस्राणि पृथिव्यर्द्धस्यविस्तरः १४ पृथिव्याविस्त रंकृत्स्नं योजनैस्तन्निबोधत। तिस्रःकोट्यस्तुविस्तारात् संख्यातास्तुचतुर्दिशम् १५ तथाशतसहस्राणामेकोनाशीतिरुच्यते। सप्तद्वीपसमुद्रायाः पृथिव्याःसतुविस्तरः १६ विस्तारंत्रिगुणञ्चैव पृथिव्यन्तरमण्डलम्। गणितंयोजनानांतु कोट्यस्त्वेकादशस्मृताः १७ तथाशतसहस्राणां सप्तत्रिंशाधिकास्तुताः। इत्येतद्वैप्रसंख्यातं पृथिव्यन्तरमण्डलम् १८ तारकासन्निवेशस्य दिवियावत्तुमण्डलम्। पर्याप्तसन्निवेशस्य भूमेस्तावत्तुमण्डलम् १९ पर्यासपरिमाणञ्च भूमेस्तुल्यंदिवःस्मृतम्। मेरोःप्राच्यांदिशायांतु मानसोत्तरमूर्द्धनि २० वस्त्वेकसारामाहेन्द्री पुण्याहेमपरिष्कृता। दक्षिणेनपुनर्मेरोर्मानसस्यतुपृष्ठतः २१ वैवस्वतोनिवसति यमःसंयमनेपुरे। प्रतीच्यांतुपुनर्मेरोर्मानसस्यतुमूर्द्धनि २२ सुषानामपुरीरम्यावरुणस्यापिधीमतः। दिश्युत्तरायांमेरोस्तु मानसस्यैवमूर्द्धनि २३ तुल्यामहेन्द्रपुर्यापि सोमस्यापिविभावरी। मानसोत्तरपृष्ठेतु लोकपालाश्चतुर्दिशम् २४ स्थिताधर्म्मव्यवस्थार्थं लोकसंरक्षणायच। लोकपालोपरिष्टात्तु सर्वतोदक्षिणायने २५ काष्ठागतस्य सूर्य्यस्य गतिस्तत्रनिबोधत। दक्षिणोपक्रमेसूर्य्यः क्षिप्तेषुरिवसर्पति २६ ज्योतिषाञ्चक्र

के समान कहीहै ९।१० रूपनामादिकों करके सब देवता समान हैं इस हेतुसे वर्तमान देवताओं के प्रमाणसे पृथ्वीतलको वर्णन करते हैं ११ पृथ्वीतलका विस्तार सब ओर से पचास किरोड़है १२ इस पृथ्वीका अर्द्धभाग सुमेरु पर्व्वतके उत्तरोत्तर है सुमेरुपर्व्वतके नीचे चारोंओर से दबीहुई पृथ्वी एक किरोड़ योजन कही है और नवासी ८९ लाख पचास हज़ार कोसों में पृथ्वी के अर्द्धमंडलका प्रमाण कहाहै अब सम्पूर्ण पृथ्वी के योजन के प्रमाण को कहते हैं चारोंओर की पृथ्वीका प्रमाण तीन किरोड़ उनासी लाख ३७९००००० योजन है यह सातोंद्वीप और समुद्रों समेत सब पृथ्वी की लम्बाई का प्रमाण है १३।१६ इससे त्रिगुना प्रमाण पृथ्वी के मध्यवर्त्ती भीतरके मंडलका है जिसकी संख्या ग्यारह किरोड़ और सैंतीस लाखहै यह पृथ्वी के भीतरको प्रमाण कहा १७।१८ स्वर्गके बीच जितने स्थलमें नक्षत्रों की स्थितिहै उस सम्पूर्णमंडलके समान पृथ्वीका मंडल जानो और पृथ्वी के चारोंओरको जितना आकाशहै उतनेही प्रमाणमें स्वर्ग कहाहै सुमेरु की पूर्व्वदिशामें मानसोत्तर पर्व्वतपर एकसारानाम महेन्द्रकी पुरी है वह सुवर्णसे भूषितहै सुमेरु से दक्षिण मानस पर्व्वतकी पीठपर धर्मराजकी संयमनीनाम पुरी है वहां धर्मराज वासकरते हैं सुमेरु से पश्चिम मानसपर्व्वतके मस्तकपर महेन्द्र की पुरीके समान विभावरीनाम चंद्रमाकीपुरीहै और मानस पर्व्वत के उत्तरकीओर मस्तकपर चारों दिशाओं में लोकपालहैं वह सब धर्म की व्यवस्थावाले लोकपाल सबलोकों की रक्षाके निमित्त स्थित होरहेहैं उन लोकपालों के ऊपर स्थित होनेवाले दक्षिणायन

मादाय सततंपरिगच्छति। मध्यगश्चामरावत्यां यदाभवतिभास्करः २७ वैवस्वतेसंयमने उद्यन्सूर्य्यःप्रदृश्यते। सुषायामर्द्धरात्रस्तु विभावर्यास्तमेतिच २८ वैवस्वतेसंयमनेमध्याह्नेतुरविर्यदा। सुषायामथवारुण्यामुत्तिष्ठन्सतुदृश्यते २९ विभावर्यामर्द्धरात्रं माहेन्द्र्यामस्तमेवच। सुषायामथवारुण्यां मध्याह्नेतुरविर्यदा ३० विभावर्य्यांसोमपुर्यां उत्तिष्ठति विभावसुः। महेन्द्रस्यामरावत्यामुद्गच्छतिदिवाकरः ३१ अर्द्धरात्रंसंयमने वारुण्यामस्तमेतिच। सशीघ्रमेवपर्येति भानुरालातचक्रवत् ३२ भ्रमन्वैभ्रममाणानि ऋक्षाणिचरते रविः। एवंचतुर्षुपार्श्वेषु दक्षिणान्तेषुसर्पति ३३ उदयास्तमयेवासावुत्तिष्ठतिपुनःपुनः। पूर्वाह्णेचापराह्णेचद्वौद्वौदेवालयौनुसः ३४ पतत्येकन्तुमध्याह्ने भाभिरेवचरश्मिभिः। उदितोवर्द्धमानाभिर्मध्याह्नेतपतेरविः ३५ अतःपरंह्रसन्तीभिर्गोभिरस्तंसगच्छति। उदयास्तमयाभ्यांचस्मृतेपूर्वापरेतुवै ३६ यादृक्पुरस्तात्तपति तादृक्पृष्ठेतुपार्श्वयोः। यत्रोदयस्तुदृश्येत तेषांसउदयःस्मृतः ३७ प्रणाशंगच्छतेयत्र तेषामस्तःसउच्यते। सर्वेषामुत्तरे मेरुर्लोकालोकस्यदक्षिणे ३८ विदूरभावादर्कस्य भूमेरेषागतस्यच। अयन्तेरश्मयोयस्मात्तेनरात्रौनदृश्यते ३९ ऊर्ध्वंशतसहस्रांशुः स्थितस्तत्रप्रदृश्यते। एवंपुष्करमध्येतु यदाभ

सूर्य्य की गतिसुनो यह दक्षिणायन सूर्य्य छूटेहुए बाणके समान शीघ्रगतिसे चलते हैं १९।२६ यह अपनी ज्योतियों के चक्रको लेकर सदैव अहर्निश गमन करता है जब इन्द्र की अमरावती पुरी के मध्यमें सूर्य्य आताहै तब धर्मराजकी संयमनीपुरी में उदय होताहुआ दीखता है और सुषापुरी में अर्द्धरात्रिहोती है विभावरी में अस्तहोताहै २७।२८ जब धर्मराजकी संयमनी पुरी में मध्याह्नहोताहै तब वरुणकी सुषा पुरीमें उदयहोता दीखताहै जब विभावरी में अर्द्धरात्रिहोती है तब इन्द्रकी पुरी में अस्तहोताहै जिस समयवरुणकी सुषापुरी में मध्याह्न होताहै उससमय चन्द्रमाकी विभावरी पुरी में उदयहोताहै औरइन्द्रकी अमरावतीपुरी में जबसूर्य्य उदयहोताहै तब धर्मराजके सयमनपुरमें अर्द्ध-रात्रि होतीहै और वरुणकी पुरीमें अस्त होताहै इसप्रकार आलातचक्र अर्थात् जलतेहुए काष्ठादिकके समान शीघ्रही सब स्थानोंमें प्राप्तहोताहै २९।३१ भ्रमताहुआ सूर्य्यभ्रमतेहुए नक्षत्रोंको प्राप्तहोताहै ऐसे दक्षिणके अन्तवाले चारों कोणोंमें सूर्य्य प्राप्तहोताहै ३२ अथवा उदयाचल पर्व्वतपर यह वारं-वार उदयहोताहै औरपूर्वाह्न तथा अपराह्न में दो२ देवताओं के स्थानमें प्राप्तहोताहै एकदेवताकी पुरी में किरणों से प्रातःकाल के समय प्राप्तहोकर उदयसमयमें और मध्याह्न समयमें सूर्य्य अपनीबढ़ती हुई किरणोंसे तपताहै ३४।३५ मध्याह्नके पीछेघटतीहुई किरणों से गमन करताहुआ अस्तहोताहै उदय और अस्तके पूर्व और पश्चात्को पूर्व और अपर कहते हैं ३६ जैसे सूर्य्य आगे और पीठकी ओर तपताहै वैसेहीबराबरमें भी तपताहै जहाँ उदयहोता दीखताहै वहांका वही उदय होताहै और जहां छिपजाताहै वही उनका अस्तकहाताहै सबसे उत्तरमें सुमेरुपर्व्वतहै लोकालोक पर्व्वतके दक्षिणकी ओर सूर्य्यदूरचलाजाताहै तब भूमिकी रेखाआड़ी आजातीहै वहाँसूर्य्यकी किरणें बन्दहोजाती हैं इसी हेतुसे रात्रिमें नहींदीखताहै ३७।३९ अपने२ देशकेऊपर स्थितहुआ सूर्य्यदिखाईपड़ताहै इसीसे जब

वतिभास्करः ४० त्रिंशद्भागश्चमेदिन्या मुहूर्त्तेनसगच्छति । योजनानांसहस्रस्य इमांसं
ख्यांनिबोधत ४१ पूर्णंशतसहस्राणामे कत्रिंशच्चसास्मृता । पञ्चाशच्चसहस्राणि तथान्यान्य
धिकानिच ४२ मौहूर्त्तिकीगतिर्ह्येषा सूर्य्यस्यतुविधीयते । एतेनक्रमयोगेन यदाकाष्ठान्तु
दक्षिणाम् ४३ परिगच्छतिसूर्य्योऽसौ मासंकाष्ठामुदक्दिनात् । मध्येनपुष्करस्याथ भ्रमते
दक्षिणायने ४४ मानसोत्तरमेरोस्तु अन्तरंत्रिगुणंस्मृतम् । सर्वतोदक्षिणायान्तु काष्ठायां
तन्निबोधत ४५ नवकोट्यःप्रसंख्याता योजनैःपरिमण्डलम् । तथाशतसहस्राणि चत्वारिं
शच्चपञ्चच ४६ अहोरात्रात्पतङ्गस्य गतिरेषाविधीयते । दक्षिणादिङ्निवृत्तोऽसौ विषुव
स्थोयदारविः ४७ क्षीरोदस्यसमुद्रस्योत्तरतोऽपिदिशंचरन् । मण्डलंविषुवच्चापि योजनै
स्तन्निबोधत ४८ तिस्रःकोट्यस्तुसम्पूर्णा विषुवस्यापिमण्डलम् । तथाशतसहस्राणि
विंशत्येकाधिकानितु ४९ श्रावणेचोत्तरांकाष्ठां चित्रभानुर्यदाभवेत् । गोमेदस्यपरद्वीपे
उत्तराञ्चदिशंचरन् ५० उत्तरायाःप्रमाणन्तु काष्ठायामण्डलस्यतु । दक्षिणोत्तरमध्यानि
तानिविन्द्याद्यथाक्रमम् ५१ स्थानंजरद्गवंमध्ये तथैरावतमुत्तरम् । वैश्वानरंदक्षिणतो
निर्दिष्टमिहतत्त्वतः ५२ नागवीथ्युत्तरावीथी ह्यजवीथिस्तुदक्षिणा । उभेआषाढमूलंतु
अजवीथ्यादयस्त्रयः ५३ अभिजित्पूर्वतःस्वाति न्नागवीथ्युत्तरास्त्रयः । अश्विनीकृत्ति
कायाम्या नागवीथ्यस्त्रयःस्मृताः ५४ रोहिण्यार्द्रामृगशिरो नागवीथिरितिस्मृता ।
पुष्याश्लेषापुनर्वस्वोर्वीथीचैरावतीस्मृता ५५ तिस्रस्तुवीथयोह्येता उत्तरामार्गउच्य

पुष्कर द्वीपके मध्यमें सूर्य्य प्राप्तहोताहै तब एक मुहूर्त्त में पृथ्वीके तीसवें भागमें गमनकरजाताहै उस के योजनोंकी संख्या इकतीसलाख पचासहज़ार से भी कुछ अधिक है ४० । ४२ यह सूर्य्य की दो घड़ी की गतिहै इस क्रमयोगसे दक्षिण दिशामें सदा गमन करताहै एक महीनेमें उत्तर दिशामें प्राप्त होताहै पुष्कर द्वीपको मध्यमें करके दक्षिणायन में भ्रमताहै ४३ । ४४ मानसोत्तर मेरु पर्व्वतके अन्तः गैत त्रिगुणित भ्रमताहै जबसे दक्षिणायन आताहै तबसे १ किरोड़ पैंतालीसलाख योजन मंडलमें सूर्यकी गति एक दिनरातमें होतीहै जब दक्षिणायनसे निवृत्त होकर समान अयनमें अर्थात् रात्रि दिन समान होनेपर क्षीरसागरसे उत्तर दिशाकी ओर सूर्य्य की गतिहोतीहै उसको विषुव संज्ञक मंडल कहते हैं ४५ । ४८ विषुव संज्ञक समयमें तीनकिरोड़ इक्कीसलाख योजनमें सूर्य्य प्राप्तहोताहै ४९ श्रावणके महीने में चित्रभानु सूर्य्य उत्तरदिशामें गोमेद द्वीपसे परले पुष्कर द्वीपकी उत्तर दिशामें प्राप्त होताहै ५० उत्तर दिशाके मंडलका और दक्षिण दिशाका तथा मध्यका प्रमाण क्रमपूर्व्वक जानलेना मध्यमें जरद्गवनाम स्थानहै उत्तरमें ऐरावतनाम स्थानहै औरदक्षिणमें वैश्वानर स्थान कहाजाता है ५१ । ५२ नागवीथी उत्तरावीथीहै अजवीथी दक्षिणावीथीहै पूर्वा उत्तराषाढ़ और मूल यहतीनोंअजवीथी कहातीहै ५३ अभिजित्का पूर्वार्द्ध स्वाति और तीनों उत्तरा यह नागवीथी कहातीहैं अश्विनी भरणी और कृत्तिका यहतीनोंभी नागवीथी कहातीहै ५४ रोहिणी, आर्द्रा और मृगशिर इन तीनोंको भी नागवीथी कहते हैं और पुष्य श्लेषा और पुनर्वसु जब इन नक्षत्रों पर सूर्य्य आताहै तब ऐरा

ते। पूर्वउत्तरफल्गुन्यौ मघाचैवार्षभीभवेत् ५६ पूर्वोत्तरप्रोष्ठपदौ गोवीथीरेवतीस्मृता।
श्रवणश्चधनिष्ठाच वारुणञ्चजरद्गवम् ५७ एतास्तुवीथयस्तिस्रो मध्यमोमार्गउच्यते।
हस्तश्चित्रानथास्वाती ह्यजवीथिरितिस्मृता ५८ ज्येष्ठाविशाखामैत्रञ्च मृगवीथीतथोच्यते।
मूलंपूर्वोत्तराषाढे वीथीवैश्वानरीभवेत् ५९ स्मृतास्तिस्रस्तुवीथ्यास्ता मार्गेवैदक्षिणेपुनः।
काष्ठयोरन्तरञ्चैत द्वक्ष्यतेयोजनैःपुनः ६० एतच्छतसहस्राणा मेकत्रिंशत्तुवैस्मृतम्। श
तानित्रीणिचान्यानि त्रयस्त्रिंशत्तथैवच ६१ काष्ठयोरंतरंह्येतद्योजनानांप्रकीर्तितम्। का
ष्ठयोर्लेखयोश्चैव अयनेदक्षिणोत्तरे ६२ तेवक्ष्यामिप्रसंख्याय योजनैस्तुनिबोधत। एके
कमंतरंतद्ध युक्तान्येतानिसप्तभिः ६३ सहस्रेणातिरिक्ताचततोऽन्यापञ्चविंशतिः। लेख
योःकाष्ठयोश्चैव बाह्याभ्यंतरयोश्चरन् ६४ अभ्यन्तरंसपर्येति मण्डलान्युत्तरायणे। बाह्य
तोदक्षिणेनैव सततंसूर्य्यमण्डलम् ६५ चरन्नसावुदीच्याञ्च ह्यशीत्यामण्डलान्शतम्।
अभ्यंतरंसपर्यैति क्रमतेमण्डलानितु ६६ प्रमाणंमण्डलस्यापि योजनानान्निबोधत।
योजनानांसहस्राणि दशाचाष्टौतथास्मृतम् ६७ अधिकान्यष्टपञ्चाशद्योजनानतुवैपुनः। वि
ष्कम्भोमण्डलस्यैव तिर्यक्सतुविधीयते ६८ अहस्तुचरतेनाभेः सूर्य्योवैमण्डलंक्रमात्।
कुलालचक्रपर्यन्तो यथाचन्द्रोरविस्तथा ६९ दक्षिणेचक्रवत्सूर्यस्तथाशीघ्रंनिवर्त्तते।
तस्मात्प्रकृष्टांभूमिंतु कालेनाल्पेनगच्छति ७० सूर्य्योद्वादशभिःशीघ्रं मुहूर्त्तैर्दक्षिणायने।

वती वीथीहोतीहै ५५ इनतीनों वीथियोंमें सूर्य्यकाउत्तरमार्ग कहाताहै पूर्वा, उत्तराफाल्गुनी और मघा जबइनपर सूर्य्य होताहै तब आर्षभी वीथी होजातीहै ५६ पूर्व्वा, उत्तराभाद्रपद और रेवती यह गो-वीथीहै श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा इनकी जरद्गवनाम वीथीहै ५७ यहतीनों वीथी सूर्य्यका मध्यममार्ग कहाती हैं हस्त चित्रा और स्वाती यह अजवीथीहै ज्येष्ठा विशाखा और अनुराधा यहमृगवीथी कहातीहै मूल, पूर्व्वाषाढ़ और उत्तराषाढ़ यह वैश्वानरी वीथीहै ५८। ५९ यहतीनों वीथी सूर्य्यके दक्षिणमार्गकी कही हैं इनदिशाओंके अन्तरके योजनोंको कहते हैं ६० सूर्य्यकी दक्षिण उत्तर दिशाओंका अन्तर इकतीसलाख तेंतीससौ योजनकाहै इसको दक्षिणायन और उत्तरायणका अन्तर जानना ६१। ६२ अब दक्षिणायन और उत्तरायण दिशाओंकी रेखाके योजनोंको कहताहूं उसको श्रवणकरो पृथक् २ अन्तरवाली सातरेखाहैं उनमें हरएक रेखा चोवीसहजार योजनके अन्तर से जानना रेखाके और दिशाके बाहर भीतर गमन करताहुआ सूर्य्य उत्तरायणमें तो भीतरको मंडल करताहै और दक्षिणायनहोनेपर निरन्तर रेखासे बाहर गमन करताहै ६३। ६४ उत्तरायणमें गमन करताहुआ सूर्य्य ८००० मंडलोंको प्राप्त होताहै और मंडलोंपर चलताहुआ भीतरकी ओर प्राप्त होताहै ६६ मंडलोंके योजनोंका यह परिमाणहै कि अठारहहज़ार अट्ठावन योजनका एकमंडल होता है मंडलका स्तंभ तिरछा कहाहै ६७। ६८ सूर्य्य नाभिके क्रमसे दिनमें मंडलको प्राप्त होताहै जैसेकि कुम्हारका चक्रचलताहै इसी प्रकार सूर्य्य और चन्द्रमा चलतेहैं अर्थात् घूमतेहैं ६९ दक्षिणायन में सूर्य्य चक्र के समान शीघ्रता से निवृत्त होजाता है इस निमित्त बहुतसी भूमिको थोड़ेही

त्रयोदशनक्षत्राणां मध्येचरतिमण्डलम् ७१ मुहूर्त्तैस्तानिऋक्षाणि नक्तमष्टादशैश्चरन्। कुलालचक्रमध्यस्थोयथामन्दंप्रसर्पति ७२ उदग्यानेतथासूर्य्यः सर्पतेमन्दविक्रमः। तस्माद्दीर्घेणकालेन भूमिंसोऽल्पांप्रसर्पति ७३ सूर्य्योऽष्टादशभिरह्नोमुहूर्त्तैरुदगायने। त्रयोदशानांमध्येतु ऋक्षाणांचरतेरविः। मुहूर्त्तैस्तानिऋक्षाणि रात्रौद्वादशभिश्चरन् ७४ ततोमन्दतरंताभ्यां चक्रन्तुभ्रमतेपुनः। मृत्पिण्डइवमध्यस्थो भ्रमतेऽसौध्रुवस्तथा ७५ मुहूर्त्तैस्त्रिंशतातावदहोरात्रंध्रुवोभ्रमन्। उभयोःकाष्ठयोर्मध्ये भ्रमतेमण्डलानितु ७६ उत्तरक्रमणेऽर्कस्य दिवामन्दगतिःस्मृता। तस्यैवतुपुनर्नक्तं शीघ्रासूर्य्यस्यवैगतिः ७७ दक्षिणप्रक्रमेचापि दिवाशीघ्रंविधीयते। गतिःसूर्य्यस्यवैनक्तं मन्दाचापिविधीयते ७८ एवंगतिविशेषेण विभजन्रात्र्यहानितु। अजवीथ्यांदक्षिणायां लोकालोकस्यचोत्तरम् ७९ लोकसन्तानतोह्येषवैश्वानरपथाद्बहिः। व्युष्टिर्यावत्प्रभासौरी पुष्करात्संप्रवर्तते ८० पार्श्वेभ्योबाह्यतस्तावल्लोकालोकश्चपर्वतः। योजनानांसहस्राणि दशोर्ध्वंचोच्छ्रितोगिरिः ८१ प्रकाशश्चाप्रकाशश्च पर्वतःपरिमण्डलः। नक्षत्रचन्द्रसूर्याश्च ग्रहास्तारागणैःसह ८२ अभ्यन्तरेप्रकाशन्ते लोकालोकस्यवैगिरेः। एतावानेवलोकस्तु निरालोकस्ततःपरम् ८३ लोकआलोकनेधातुर्निरालोकस्त्वलोकता। लोकालोकौतुसन्धत्ते तस्मात्सूर्यःपरिभ्रमन् ८४ तस्मात्सन्ध्येतितामाहुरुषाव्युष्ट्योर्यथान्तरम्। उषारात्रिःस्मृताविप्रै

काल में उल्लंघन करजाता है ७० अर्थात् दक्षिणायन में बहुत शीघ्रता पूर्व्वक सूर्य्य बारह मुहूर्त्तों में तेरह नक्षत्रों में विचरता है और रात्रि में उतनेही नक्षत्रोंपर अठारह मुहूर्त्तों में विचरता है कुह्मार के चक्र के मध्य में स्थितहोने के समान मन्द २ चलता है ७१। ७२ और उत्तरायण में सूर्य्य दिनमें मन्दगतिसे चलता है इसीहेतुसे बहुतकालमें थोड़ीसी पृथ्वीको उल्लंघन करताहै ७३ उत्तरायण में अठारह मुहूर्त्तोंमें तेरह नक्षत्रोंपर सूर्य्य विचरताहै और रात्रिमें उतनेही नक्षत्रोंपर बारह मुहूर्त्तोंमें विचरता है ७४ तब सूर्य्य और चन्द्रमा चक्रपर ऐसेमन्द २ भ्रमण करतेहैं जैसे कि चाकके मध्यमें स्थितहुआ मट्टीका पिण्ड मन्द २ भ्रमताहै इसीके समान ध्रुवकोभी जानना ७५ तीस मुहूर्त्तोंमें भ्रमता हुआ ध्रुव दोनों दिशाओंके मध्यमें मंडलोंको भ्रमाताहै ७६ उत्तरायणके क्रमसे दिनमें सूर्य्यकी मन्दगति होतीहै और रात्रिमें शीघ्रगति होजाती है ७७ दक्षिणायनके क्रमसे दिनमें सूर्य्यकी शीघ्रगति और रात्रिमें मन्दगति होजातीहै ७८ इसरीतिसे गतिविशेषों करके रात्रिदिनोंका विभाग करताहुआ अजवीथी मार्गमें विचरताहुआ दक्षिण दिशामें लोकालोक पर्व्वतकी उत्तर दिशाकीओर प्राप्तहोताहै ७९ यह सूर्य्यलोक संतान पर्व्वत और वैश्वानर मार्गसे जब बाहरकीओर आताहै तब पुष्कर द्वीपमें सूर्य्यकी बहुतसी कान्ति होती है ८० वहाँ बराबरमें और बाहरकी ओर दशहजार योजन ऊंचा लोकालोक पर्व्वतहै ८१ उस पर्व्वतका मंडल प्रकाश और अप्रकाशवालाहै अर्थात् नक्षत्र चन्द्रमा सूर्य ग्रह और तारागण इनके साथ लोकालोक पर्व्वतके भाग प्रकाशित होते हैं इतना यह आलोक पर्वत कहाहै इससेपरे निरालोक पर्व्वतहै ८२। ८३ लोकंधातु देखनेमें वर्ता जाताहै नहीं देखनेको अलोक

व्युष्टिश्चापिअह्नःस्मृतम् ८५ त्रिंशत्कलोमुहूर्तस्तु अहस्तेदशपञ्चच। ह्रासोवृद्धिरहर्भागै र्दिवसानांयथातुवै ८६ सन्ध्यामुहूर्तमात्रायां ह्रासवृद्धौतुतत्स्मृते। लेखाप्रभृत्यथादित्ये त्रिमुहूर्तागतेतुवै ८७ प्रातःस्मृतस्ततःकालो भागांश्चाहुश्चपञ्च च। तस्मात्प्रातगता त्कालात् मुहूर्ताःसङ्गवस्त्रयः ८८ मध्याह्नस्त्रिमुहूर्तस्तु तस्मात्कालादनन्तरम्। तस्मा न्मध्यन्दिनात्कालात् अपराह्णइतिस्मृतः ८९ त्रयएवमुहूर्तास्तु कालएषस्मृतोबुधैः। अपराह्णव्यतीताच्च कालःसायंसउच्यते ९० दशपञ्चमुहूर्ताह्नो मुहूर्तास्त्रयएवच। द शपञ्चमुहूर्तंवै अहस्तुविषुवेस्मृतम् ९१ वर्धत्यतोह्रसत्येव अयनेदक्षिणोत्तरे। अहस्तु ग्रसतेरात्रिं रात्रिस्तुग्रसतेऽहः ९२ शरद्वसन्तयोर्मध्यं विषुवन्तुविधीयते। आलोका न्तःस्मृतोलोको लोकाच्चालोकउच्यते ९३ लोकपालाःस्थितास्तत्र लोकालोकस्यमध्य तः। चत्वारस्तेमहात्मान स्तिष्ठन्त्याभूतसंप्लवम् ९४ सुधामाचैववैराजः कर्दमश्चप्रजाप तिः। हिरण्यरोमापर्जन्यः केतुमान्राजसश्चसः ९५ निर्द्वन्द्वानिरभिमाना निस्तन्द्रानि ष्परिग्रहा। लोकपालाःस्थितास्त्वेते लोकालोकेचतुर्दिशम् ९६ उत्तरंयदगस्त्यस्य शृङ्गंदे वर्षिसेवितम्। पितृयानःस्मृतःपन्था वैश्वानरपथाद्बहिः ९७ तत्रासतेप्रजाकामाऋषयो येऽग्निहोत्रिणः। लोकस्यसन्तानकराः पितृयानेपथिस्थिताः ९८ भूतारम्भकृतंकर्म्म आ

कहते हैं इसलिये लोकालोक पर्व्वतकी सन्धि में भ्रमताहुआ सूर्य्य जब प्राप्तहोताहै तब संध्या होती है सूर्य्यकी किरणोंके उदयहोनेमें जब थोड़ाकाल बाकी रहताहै उसीको ऊषाकाल कहते हैं किरणों के प्रकाशमें दिन कहलाताहै ८४। ८५ तीस कलाओंका एक मुहूर्त्त और पन्द्रह मुहूर्त्तों का दिनहोताहै दिनों के घटने बढ़नेके विभागसे मुहूर्त्तोंका भी घटना बढ़ना जानना ८६ संध्या एक मु- हूर्त्ततक होतीहै वहां दिनका घटना बढ़ना कहाहै सूर्य्यकी किरण उदयहोनेमें जब तीन मुहूर्त्त व्यतीत होजातेहैं उसको प्रातःकाल कहतेहैं वह पांचवांभाग कहाताहै इसके अनन्तर तीनमुहूर्त्त तक संगव संज्ञाहै ८७। ८८ उसके पीछे तीनमुहूर्त मध्याह्नकहलातेहैं मध्याह्नसे पीछे तीनमुहूर्त्त अपराह्णकहाते हैं अपराह्णके पीछे सायंकाल कहलाताहै ८९। ९० पन्द्रह मुहूर्तोंका दिनहोताहै और पन्द्रह मुहूर्तों की रात्रिहोतीहै यह विषुव अर्थात् समान दिनरात्रि की व्यवस्थाहै ९१ और दक्षिण उत्तरअयनमें दिन घटता बढ़ताहै दिन बढ़कर रात्रिको घटाताहै और रात्रि बढ़कर दिनको घटातीहै ९२ शरद वसन्तऋतुके मध्यमें समकाल आताहै जहांतक दर्शनहोवे वहांतक लोक कहाताहै देखनेसे आलोक कहतेहैं ९३ लोकालोक पर्व्वतके मध्यमें लोकपाल स्थितहैं वह चार महात्माहैं चारों प्रलयकाल तक स्थित रहतेहैं ९४ पहला सुधामा अर्थात् सुन्दर धामवाला वैराज १ दूसरा कर्दम नाम प्रजापति २ तीसरा सुवर्णके समान रोमोंवाला पर्जन्य ३ चौथा रजोगुणी केतुमान् ४ यह चारो सुख दुःखादि द्वन्द्व अभिमान आलस्य और संग्रहसे रहितहैं वह लोकालोक पर्व्वतकी चारोंदिशाओंमें एक२ स्थित होरहेहैं ९५। ९६ अगस्त्य पर्व्वतके उत्तरका शिखर देवता और ऋषियोंसे सेवितहै वैश्वानर मार्ग से बाहर पितृयान संज्ञक अर्थात् पितरोंका मार्ग वर्णन कियाहै ९७ वहां प्रजाकी कामना करनेवाले

शिपश्चविशाम्पते। । प्रारम्भन्तेलोककामास्तेषांपन्थाःसदक्षिणः ९९ चलितन्तेपुनर्धर्मं स्थापयन्तियुगेयुगे । सन्तप्ततपसाचैव मर्यादाभिःश्रुतेनच १०० जायमानास्तुपूर्वेवै प श्चिमानांगृहेष्विते । पश्चिमाश्चैवपूर्वेषां जायन्तेनिधनेष्विह १०१ एवमावर्तमानास्ते व र्तन्त्याभूतसंप्लवम्। अष्टाशीतिसहस्राणि ऋषीणांगृहमेधिनाम् १०२ सवितुर्दक्षिणंमार्ग माश्रित्याभूतसंप्लवम् । क्रियावतांप्रसंख्यैषा येश्मशानानिभेजिरे १०३ लोकसंव्यवहारा र्थं भूतारम्भकृतेनच। इच्छाद्वेषरताच्चैव मैथुनोपगमाच्चवै १०४ तथाकामकृतेनेह सेवना द्विषयस्यच । इत्येतैःकारणैःसिद्धाः श्मशानानीहभेजिरे १०५ प्रजैषिणःसप्तऋषयो द्वाप रेष्विहजज्ञिरे । सन्ततिन्तेजुगुप्सन्ते तस्मान्मृत्युर्जितस्तुतैः १०६ अष्टाशीतिसहस्राणि तेषामप्यूर्ध्वरेतसाम्। उदक्पन्थानपर्यन्त माश्रित्याभूतसंप्लवम् १०७ तेसम्प्रयोगाल्लो कस्य मिथुनस्यचवर्जनात्। ईर्ष्याद्वेषनिवृत्त्याच भूतारम्भविवर्जनात् १०८ इत्येतैःकार णैःशुद्धैस्तेऽमृतत्वंहिभेजिरे। आभूतसंप्लवस्थानाम मृतत्वंविभाव्यते १०९ त्रैलोक्यस्थि तिकालोहि नपुनर्मार्गगामिनाम्। आभूतसंप्लवान्तेतु क्षीयन्तेचोर्ध्वरेतसः ११० ऊर्ध्वोत्त रमृषिभ्यस्तु ध्रुवोयत्रानुसंस्थितः। एतद्विष्णुपदंदिव्यं तृतीयंव्योम्निभास्वरम् १११ यत्र गत्वानशोचन्ति तद्विष्णोःपरमम्पदम्। धर्मेध्रुवस्यतिष्ठन्ति येतुलोकस्यकांक्षिणः ११२

इतिश्रीमत्स्यपुराणेत्रयोविंशत्यधिकशततमोऽध्यायः १२३ ॥

अग्निहोत्री ऋषि स्थितहैं लोककी वृद्धिकरनेके लिये पितरोंके मार्ग में स्थित होरहेहैं ९८ हे शौनक और ऋषिलोगो लोकोंकी कामनावाले ऋषि भूतोंके आरंभ कियेहुए कर्मोंको और विचारेहुए मनोरथोंको प्रारंभ करतेहैं उनका दक्षिणा पथ मार्ग कहाहै ९९ और युग २ के प्रचलित धर्मोंको स्थापित करतेहैं मर्य्यादाकरके शास्त्रके सुननेसे सुन्दर तपोंसे युक्तहैं १०० पहलेके लोकपाल पिछले लोकपालोंके घरोंमें जन्म लेतेहैं और दूसरे लोकपाल पहले लोकपालों के घरोंमें जन्मतेहैं इस रीतिसे वह प्रलयकाल तक अदलाबदल करतेहुए वर्त्तते हैं और अट्ठासीहज़ार गृहस्थी ऋषियोंके दक्षिणमार्ग में सूर्य्य प्राप्तहोताहै और क्रियावाले पुरुषों की संख्याके लिये कई देवता श्मशानों में प्राप्तहोरहेहैं लोकोंके उत्तम व्यवहारके निमित्त भूतोंके आरंभ करने से इच्छाद्वेषमें रतहोनेसे मैथुनकरनेसे १०१ १०४ और कामसे कियेहुए विषयके सेवनसे इत्यादिक कारणों से सिद्धपुरुष श्मशानों को प्राप्तहोते भये हैं १०५ प्रजाकी इच्छावाले सप्तऋषि द्वापरयुग में इस लोकके मध्य जन्मते भये और सन्तान की निन्दा करतेभये इसहेतुसे उन्होंने मृत्युको जीतलिया १०६ उन ऊर्ध्वरेता अर्थात् ऊपरको वीर्य चढ़ानेवाले सप्तऋषियोंके उत्तर मार्गमें अट्ठासीहज़ार ऋषिलोग प्राप्तहोगये हैं और प्रलयकाल पर्य्यन्त रहेंगे वह सप्तऋषि संसारके रक्षकहुए उन महात्माओंने कभी मैथुन, ईर्षा, द्वेष और भूतोंका आरंभ नहीं किया इन कारणोंसे अमरताको प्राप्तहोगये और प्रलयकाल तक अमर रहेंगे त्रिलोकी की स्थिति करनेवाला काल उनको दूर नहीं करसक्ता परन्तु प्रलयकाल होनेपर ऐसे २ ऊर्ध्वरेता लोग भी नष्ट होजाते हैं १०७। ११० इन ऊर्ध्वरेतस सप्तऋषियों से ऊपर ध्रुवस्थित है यह दिव्य

एवंश्रुत्वाकथांदिव्यामब्रुवन्लोमहर्षणिम् । सूर्याचन्द्रमसोश्चारं ग्रहाणाञ्चैवसर्वशः १
(ऋषय ऊचुः) भ्रमन्तिकथमेतानि ज्योतींषिरविमण्डले । अव्यूहेनैवसर्वाणि तथाचा
सङ्करेणवा २ कश्चभ्रामयतेतानि भ्रमन्तियदिवास्वयम् । एतद्वेदितुमिच्छामस्ततोनिग
दसत्तम ! ३ (सूत उवाच) भूतसंमोहनंह्येतद्ब्रुवतोमेनिबोधत । प्रत्यक्षमपिदृश्यंतत्
संमोहयतिवैप्रजाः ४ योऽसौचतुर्दशर्क्षेषु शिशुमारोव्यवस्थितः । उत्तानपादपुत्रोऽसौ मे
ढीभूतोध्रुवोदिवि ५ सैषभ्रमन्भ्रामयते चन्द्रादित्यौग्रहैःसह । भ्रमन्तमनुसर्पन्ति नक्षत्रा
णिचचक्रवत् ६ ध्रुवस्यमनसायोवै भ्रमतेज्योतिषाङ्गणः । वातानीकमयैर्बन्धैर्ध्रुवेबद्धःप्रस
र्पति ७ तेषांभेदश्चयोगश्च तथाकालस्यनिश्चयः । अस्तोदयास्तथोत्पाता अयनेद
क्षिणोत्तरे ८ विषुवद्ग्रहवर्णश्च सर्वमेतद्ध्रुवेरितम् । जीमूतानामतेमेघा यदेभ्योजीवस
म्भवः ९ द्वितीयआवहन्वायुर्मेघास्तेत्वभिसंश्रिताः । इतोयोजनमात्राच्च अध्यर्द्धविकृता
अपि १० वृष्टिसर्गस्तथातेषां धाराधारःप्रकीर्तिताः । पुष्करावर्तकानाम येमेघाःपक्षस
म्भवाः ११ शक्रेणपक्षाश्छिन्नावै पर्वतानांमहौजसा । कामगानांसमृद्धानां भूतानांनाश
मिच्छताम् १२ पुष्करानामतेपक्षा वृहन्तस्तोयधारिणः । पुष्करावर्तकानाम कारणेनेह

विष्णुका तीसरापद आकाशमें स्थितहै बड़ी सुन्दर कान्तिवालाहै १११ और जहाँजाकर कोईशोच भी नहीं रहता यही विष्णुका परमपदहै जो लोककी इच्छा करनेवालेहैं वह ध्रुवके धर्ममें स्थितरहतेहैं ११२ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रयोविंशत्यधिकशततमोऽध्यायः १२३ ॥

ऐसे दिव्य कथाको सुनकर ऋषिलोग सूतजीसे बोले कि हेसूतजी सूर्य्यके मंडलमें तारा आदिक कैसे भ्रमते हैं सबमिलेहुएहैं अथवा विनामिलेहुए अलग २ विचरतेहैं १।२ इनसबको कौन भ्रमाताहै अथवा वो आपही भ्रमतेहैं तो कैसे भ्रमते हैं इसको हम सुनाचाहतेहैं आप कृपाकरके सुनाइये ३ सूतजीबोले कि जैसे सब भूतोंको मोह प्राप्तहोताहै वह क्रममें तुमसे कहताहूं प्रत्यक्ष भी देखनेमें आताहै परन्तु प्रजामोहको प्राप्तहोरहीहै ४ जहाँकि चौदह नक्षत्रोंपर शिशुमारचक्र व्यवस्थित होरहाहै वहाँ उत्तानपादका पुत्र ध्रुव एक किनारेपर स्थितहै वह शिशुमारचक्र भ्रमताहुआ चन्द्रमा सूर्य्यादिक ग्रहों को भ्रमाताहै उस चक्रके समान भ्रमतेहुए शिशुमारचक्र पर नक्षत्र भी भ्रमतेहैं ५।६ नक्षत्रोंका गण वायुके समूहोंके द्वारा बंधनोंसे ध्रुवपर बंधरहाहै वह ध्रुवके मनसे भ्रमताहुआ गमनकरताहै ७ उन का भेद, योग, कालकानिश्चय, अस्त, उदय, उत्पात, दक्षिण उत्तर अयन, विषुवसंज्ञक काल और ग्रहण यह सब ध्रुवसे कहेगयेहैं जो जीमूतनाम मेघहैं उनसे जीव उत्पन्नहोताहै ८ । ९ दूसरा आवहन नाम वायुहै उसकेही आश्रयमें वह मेघ रहते हैं यहाँसे एक योजन ऊपरको जाकर वह मेघ विकारको प्राप्तहोते हैं १० उन मेघोंसे वर्षाकी रचनाहोतीहै उन्हींको वर्षाकी धाराके आधार कहते हैं पुष्करावर्त्तक नाम जो मेघहैं वह पर्व्वतोंके पक्षोंसे उत्पन्नहुएहैं ११ बड़े पराक्रमी इन्द्रने इच्छा पूर्व्वक चलनेवाले भूतोंके नाश करनेकी इच्छासे इकट्ठेहोनेवाले पर्व्वतोंके पक्ष जहाँ छेदन कर दियेथे १२ वहाँ पुष्कर नामवाले मेघ बहुत जलोंके धारण करनेवाले उत्पन्नहोते भये उनका पु-

शब्दिताः १३ नानारूपधराश्चैव महाघोरस्वराश्चते। कल्पान्तदृष्टिकर्त्तारः कल्पान्ता ग्नेर्नियामकाः १४ वाय्वाधारावहन्तेवै साम्रताःकल्पसाधकाः। यान्यस्याण्डस्यभिन्नस्य प्राकृतान्यभवंस्तदा १५ यस्मिन्ब्रह्मासमुत्पन्नश्चतुर्वक्त्रःस्वयंप्रभुः। तान्येवाण्डकपाला नि सर्वेमेघाःप्रकीर्तिताः १६ तेषामप्यायनंधूमः सर्वेषामविशेषतः। तेषांश्रेष्ठश्चपर्जन्य श्चत्वारश्चैवदिग्गजाः १७ गजानांपर्वतानाञ्च मेघानांभोगिभिःसह। कुलमेकंद्विधाभूतं योनिरेकाजलंस्मृतम् १८ पर्जन्योदिग्गजाश्चैव हेमन्तेशीतसम्भवम्। तुषारवर्षंवर्षन्ति वृद्धाह्यन्नविवृद्धये १९ षष्ठःपरिवहोनाम वायुस्तेषांपरायणः। योऽसौबिभर्तिभगवन्! ग ङ्गामाकाशगोचराम् २० दिव्यामृतजलांपुण्यां त्रिपथामितिविश्रुताम्। तस्याविस्पन्दि तन्तोयं दिग्गजाःपृथुभिःकरैः २१ शीकरान्सम्प्रमुञ्चन्ति नीहारइतिसस्मृतः। दक्षिणेन गिरिर्योऽसौहेमकूटइतिस्मृतः २२ उदग्घिमवतःशैलस्योत्तरेचैव दक्षिणे। पुण्ड्रंनामसमा ख्यातं सम्यग्वृष्टिविवृद्धये २३ तस्मिन्प्रवर्ततेवर्षं तत्तुषारसमुद्भवम्। ततोहिमवतोवा युर्हिमंतत्रसमुद्भवम् २४ आनयत्यात्मवेगेन सिञ्चयानोमहागिरिम्। हिमवन्तमतिक्रम्य वृष्टिशेषंततःपरम् २५ इमास्येचततःपश्चादिदम्भूतविवृद्धये। वर्षद्वयंसमाख्यातं स म्यग्वृष्टिविवृद्धये २६ मेघाश्चाप्यायनंचैव सर्वमेतत्प्रकीर्त्तितम्। सूर्य्यएवतुवृष्टीनां स्रष्टासमुपदिश्यते २७ वर्षंघर्मंहिमंरात्रिं सन्ध्येचैवदिनंतथा। शुभाशुभफलानीह ध्रुवा

प्करावर्त्तकनाम भी किसी कारणसेही होगयाहै १३ यहमेघ अनेकप्रकारके रूपधारण करनेवाले महा- घोर शब्दवाले कल्पान्तकी वर्षाकरनेवाले और कल्पान्तकी अग्निके शान्त करनेवालेहैं १४ वायुके आ- धारहैं अमरहैं कल्पके साधकहैं इनके विशेष जो अन्यमेघहैं वह इस अण्डकटाहके भिन्नहोनेमें उत्पन्न हुएहैं जिसअण्डमें अपनेआपही चतुर्मुखवाला ब्रह्मा उत्पन्नहुआ वह अण्डकी कपाली मेघ कहीजाती हे १५।१६ उन मेघोंका स्थान धुवां है उनमें सबसे श्रेष्ठ पर्जन्य नाम मेघहै चार दिग्गज हाथी हैं १७ हस्तीपर्व्वत और मेघ इन सबके भोगनेवालों समेत एककुलके दोभेद होगये हैं सबकी योनि एक जलहै १८ पर्जन्य मेघ और दिग्गज हाथी हेमन्तऋतुमें वृद्धिको प्राप्तहोकर शीतसे उत्पन्नहुई धूंवरको अन्नकी वृद्धिके लिये वरसाते हैं १९ छठा परिवह नाम वायु उनका परमस्थानहै वहीवायु आकाश गंगाको धारण करताहै २० दिव्य अमृत जलवाली पवित्र त्रिपथा गंगाहै उससे गिरतेहुए जलको दिग्गज हाथी अपनी२ मोटी सूंडोंमें ग्रहणकरके वायुसे प्रसरित जलको छोडतेहैं उसीको धूंवर ओस कहते हैं दक्षिण दिशामें हेमकूट नाम पर्व्वत कहाहै वह हिमवान् पर्व्वत से उत्तरकी ओरहै और हि- मवान्से दक्षिणकी ओर पुण्ड्र पर्व्वतहै वह सम्पूर्ण वर्षाकी वृद्धिके निमित्त वर्णन कियाहै उस पर्व्वत पर जो वर्षा प्रवृत्तहोतीहै वह वहीपाला अर्थात् बर्फ होजातीहै वहां उसको वायु अपने वेग करके हिमवान् पर्व्वत पर लातीहै और हिमवान्को सींचतीहुई वहांसे चलकर शेष रहीहुई धूंवर ओसको इस खंडमें आकर बरसातीहै २१।२५ और एक वृष्टि वहहै जो हस्तियोंके मुखसे बरसती है इस प्रकारसे यह दोप्रकारकी वृष्टि सम्पूर्ण अन्नादिककी वृद्धिके निमित्त कहीगई हैं २६ सबके स्थान मेघ

त्सर्वंप्रवर्त्तते २८ ध्रुवेणाधिष्ठिताश्चापः सूर्य्योवैगृह्यतिष्ठति। सर्वभूतशरीरेषु त्वापोह्या नुश्रिताश्चयाः २९ दह्यमानेषुतेष्वेह जङ्गमस्थावरेषुच। धूमभूतास्तुताह्यापो निष्क्राम न्तीहसर्वशः ३० तेनचाभ्राणिजायन्ते स्थानमभ्रमयंस्मृतम्। तेजोभिःसर्वलोकेभ्य आ दत्तेरश्मिभिर्जलम् ३१ समुद्राद्वायुसंयोगात् वहन्त्यापोगभस्तयः। ततस्त्वृतुवशात्काले परिवर्तन्दिवाकरः३२नियच्छत्यापोमेघेभ्यःशुक्लाःशुक्लैस्तुरश्मिभिः। अभ्रस्थाःप्रपतन्त्या पोवायुनासमुदीरिताः ३३ ततोवर्षतिषण्मासान् सर्वभूतविवृद्धये। वायुभिस्तनितंचैव वि द्युतस्त्वग्निजाःस्मृताः ३४ मेहनाच्चमिहेर्धातोर्मेघत्वंव्यञ्जयन्तिच। नभ्रश्यन्तेततोह्याप स्तस्मादभ्रस्यवैस्थितिः। सृष्टाऽसौवृष्टिसर्गस्य ध्रुवेणाधिष्ठितोरविः ३५ ध्रुवेणाधिष्ठितो वायुर्वृष्टिंसंहरतेपुनः। ग्रहान्निःसृत्यसूर्य्यात्तु चरतेऋक्षमण्डलम् ३६ चारस्यान्तेविशत्य र्कं ध्रुवेणसमधिष्ठितम्। अतःसूर्य्यरथस्यापि सन्निवेशंप्रचक्षते ३७ स्थितेनत्वेकचक्रेण पञ्चारेणत्रिनाभिना। हिरण्मयेनाणुनावै अष्टचक्रैकनेमिना। चक्रेणभास्वतासूर्य्यः स्यन्द नेनप्रसर्पिणा ३८ शतयोजनसाहस्रो विस्तरायामउच्यते। द्विगुणाचरथोपस्थादीषाद ण्डःप्रमाणतः ३९ सतस्यब्रह्मणासृष्टो रथोह्यर्थवशेनतु। असङ्गःकाञ्चनोदिव्यो युक्तःपर्वत

हैं और वर्षाका उत्पन्न करनेवाला सूर्य्य वर्णन कियाहै १७ वर्षा घाम शीत रात्रि सन्ध्या दिन और शुभाशुभ फल यहसब यहां ध्रुवसे उत्पन्न होतेहैं १८ ध्रुवकरके अधिष्ठित सूर्य्य जलोंको ग्रहण करके स्थितहोजाताहै और जो जल सब भूतोंके शरीरोंमें इकट्ठे होरहेहैं वह सब स्थावर जंगम जीवों के जलनेसे धुवां होकर चारोंओरसे सूर्य्यमें आजातेहैं २९।३० इसहेतुसे वह बादल होतेहैं बादलोंका स्थान सूर्य्यहै वह अपनी किरणों से जलको ग्रहण करताहै सूर्य्यकी किरणें वायु के योग से समुद्रमें से भी जलको ग्रहण करलेतीहैं फिर ऋतु १ में वर्त्तताहुआ सूर्य्य अपनी किरणोंसे मेघों के अर्थशुद्ध जलको देताहै बादलोंमें स्थितहुए जल वायुसे प्रेरितहोकर संतप्त होतेहैं तब छःमहीनोंतक सब भूत-मात्रोंकी वृद्धिके निमित्त वर्षाहोतीहै वायु और अग्निसे उत्पन्नहुई बिजली होतीहै फिर उसीमें उनकी गर्जना होतीहै ३१। ३४ भिरने या सेचन करने से मेघ कहाते हैं यह मेघ शब्द (मिह सेचने) इसधातु से बनाया जाताहै जिस्से नीचे जलनहीं गिरे वह अभ्र कहाताहै इसीहेतुसे अभ्रही बादलोंकी स्थिति होतीहै सूर्य्यवृष्टि सर्गका रचनेवालाहै और ध्रुवकरके अधिष्ठितहै ३५ ध्रुवसेही अधिष्ठित वायु वर्षाको हरलेतीहै नक्षत्रोंका मंडल सूर्य्यकी निवृत्तिसे विचरताहै ३६ और जब सूर्य्यकेसाथ संचारहोताहै तभी सूर्य्यमें प्रवेश होजाताहै और ध्रुवके अधिष्ठितहोकर संयुक्त रहताहै—अब हम सूर्य्यके रथका विस्तार वर्णन करतेहैं ३७ सूर्य्यका रथ एक चक्र पांच आरे और तीन नाभियोंसे स्थितहै ऐसे सुवर्णकी अणुवों से युक्त आठचक्र एकधुरे समेत बड़े प्रकाशित चक्रकेद्वारा गमन करनेवाले रथमें सूर्य्य स्थित रहतेहैं उसरथका विस्तार लाख योजनकाहै इससेदूने विस्तारवाला रथका जुवाहै ३८।३९ वह सूर्य्यकारथ ब्रह्माजीने बड़े प्रयोजनके लिये रचाहै और संगसे रहित स्वर्णमयी महादिव्य पर्व्वतपर चलनेवाले अश्वोंसे युक्तहै उसमें वेद घोड़ोंका रूप धारण कियेहुए चक्रके समान स्थितहैं यह रथ वरुण के रथके

गोहयैः ४० छन्दोभिर्वाजिरूपैस्तैर्यथाचक्रंसमास्थितैः। वारुणस्यरथस्येह लक्षणैःसह शङ्गचसः ४१ तेनाऽसौचरतिव्योम्नि भास्वाननुदिनन्दिवि। अथाङ्गानितुसूर्य्यस्य प्रत्यङ्गानिरथस्यच। संवत्सरस्यावयवैः कल्पितानियथाक्रमम् ४२ अहर्नाभिस्तुसूर्य्यस्य एकचक्रस्यवैस्मृतः। अरात्संवत्सरास्तस्य नेम्यःषड्ऋतवःस्मृताः ४३ रात्रिर्वरूथोधर्म्मश्च ध्वजऊर्ध्वंव्यवस्थितः। अक्षकोट्योर्युगान्यस्य अर्तवाहाःकलाःस्मृताः ४४ तस्यकाष्ठास्मृताघोणा दन्तपङ्क्तिःक्षणास्तुवै। निमेषश्चानुकर्षोऽस्य ईषाचास्यकलास्मृता ४५ युगाक्षकोटीतेतस्य अर्थकामावुभौस्मृतौ। सप्ताश्वरूपाश्छन्दांसि वहन्तेवायुरंहसा ४६ गायत्रीचैवत्रिष्टुप्च जगत्यनुष्टुप्तथैवच। पङ्क्तिश्चबृहतीचैव उष्णिगेवतुसप्तमः ४७ चक्रमक्षेनिबद्धन्तु ध्रुवेचाक्षःसमर्पितः। सहचक्रोभ्रमत्यक्षःसहाक्षोभ्रमतिध्रुवम् ४८ अक्षःसहैवचक्रेण भ्रमतेऽसौध्रुवेरितः। एवमर्थवशात्तस्य सन्निवेशोरथस्यतु ४९ तथासंयोगभागेन सिद्धोवैभास्करोरथः। तेनाऽसौतरणिर्देवो नभसःसर्पतेदिवम् ५० युगाक्षकोटीतेतस्य दक्षिणेस्यन्दनस्यतु। भ्रमतोभ्रमतोरश्मी तौचक्रयुगयोस्तुवै ५१ मण्डलानिभ्रमेतेऽस्य खेचरस्यरथस्यतु। कुलालचक्रभ्रमवन् मण्डलंसर्वतोदिशम् ५२ युगाक्षकोटितेतस्य वातोर्मीस्यन्दनस्यतु। संक्रमेतेध्रुवमहो मण्डलेसर्वतोदिशम् ५३ भ्रमत

लक्षणोंकेसमानहै ४०।४१ उसरथके द्वारा सूर्य्य देवता प्रतिदिन आकाशमें विचरतेहैं—अब उससूर्य्यके रथकेअंग प्रत्यंगोंको संवत्सरके अवयवोंसे कल्पित वर्णन करतेहैं ४२ सूर्य्यके एकचक्रकी नाभिदिनहै रथके पहियोंकी पंखड़ी वर्षहै छओंऋतु उस रथकी पंखड़ियोंकी नेमिहैं ४३ और रथमें लोहादिकके जड़ाओंका समूह रात्रिहै उसकी ऊंचीध्वजा धूपहै घड़ी कला आदि उसके जुवेकेअग्रभागहैं कलादिक घोड़ोंकी नासिकाहै क्षण दाँतोंकी पंक्तिहै निमेष अनुकर्षहै कलाको पणजारा कहतेहैं अर्थ और काम जुवेके अग्रभागहैं सात घोड़ोंके रूपोंको धारण कियेहुए वेदहैं वह वायुके समान वेगसे रथको लेकर चलतेहैं ४४।४६ गायत्री, त्रिष्टुप्, जगती, अनुष्टुप्, पंक्ति, बृहती, और उष्णिग्—यहसातों चक्रके अक्षोंमें युक्त होरहेहैं और वह अक्ष ध्रुवमें बँधरहाहै चक्र समेत अक्ष भ्रमताहै और अक्ष समेत धुरी भ्रमतीहै ४७। ४८ ध्रुवसे प्रेरित अक्ष चक्र समेत भ्रमताहै इसप्रकारके प्रयोजनके लिये उस रथका सन्निवेश कहाहै ४९ सूर्य्यकारथ संयोगके भागसे सिद्धहोरहाहै उस रथके कारणसे सूर्य्य देवता जब आकाशमें गमन करते हैं तब उस रथके जुवेका अग्रभाग दक्षिणमें भ्रमताहै उस भ्रमतेहुए रथमें घोड़ोंकी वाग और चक्रादिक भी भ्रमते हैं आकाशमें विचरनेवाले इस रथके मंडल कुम्हारके चक्रके समान चारोंओरको भ्रमतेहैं जुवेका अग्रभाग दिवसमें चारोंदिशाओंमें भ्रमताहुआ वायुके वेगसे ध्रुवको प्राप्तहोताहै ५०। ५३ उस भ्रमतेहुए रथके जोत उत्तरायण मंडलमें बढ़ते हैं और दक्षिणायनमें घटतेहैं और उसी भ्रमतेहुए रथकेजुवोंके दो अग्रभागोंमें रथ के घोड़ोंकी वाग बँधरहीहै उनको ध्रुव धारण कररहाहै और सूर्य्य देवता भी धारण कररहेहैं जब ध्रुव उन वागोंको खेंचता है तब ध्रुवके आश्रित होनेसे सूर्य्य भीतरके मंडलमें भ्रमताहै इन दक्षिण और उत्तर दोनों दिशाओं

स्तस्यरश्मीते मण्डलेतूत्तरायणे। वर्द्धेतेदक्षिणेष्वत्र भ्रमतोमण्डलानितु ५४ युगाक्षको टीसम्बद्धौ द्वेरश्मीस्यन्दनस्यते। ध्रुवेणप्रगृहीतौतौ रश्मीधारयतारविम् ५५ आकृष्यतेय दातेतुध्रुवेणसमधिष्ठिते। तदासोऽभ्यन्तरेसूर्य्यो भ्रमतेमण्डलानितु ५६ अशीतिमण्ड लशतं काष्ठयोरुभयोश्चरन्। ध्रुवेणमुच्यमानेन पुनारश्मियुगेनच ५७ तथैवबाह्यतःसूर्य्यो भ्रमतेमण्डलानितु। उद्वेष्टयन्वैवेगेन मण्डलानितुगच्छति ५८॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेचतुर्विंशत्यधिकशततमोऽध्यायः १२४॥

(सूत उवाच) सरथोऽधिष्ठितोदेवैर्मासिमासियथाक्रमम्। ततोवहत्यथादित्यं बहु भिर्ऋषिभिःसह १ गन्धर्वैरप्सरोभिश्च सर्पग्रामणिराक्षसैः। एतेवसन्तिवैसूर्ये मासौद्वौद्वौ क्रमेणच २ धातार्यमापुलस्त्यश्च पुलहश्चप्रजापती। उरगोवासुकिश्चैव सङ्कीर्णश्चैव तावुभौ ३ तुम्बरुर्नारदश्चैव गन्धर्वौगायताम्बरौ। कृतस्थलाप्सराश्चैव याचसापुञ्जि कस्थली ४ ग्रामण्योरथकृत्तस्य रथौजाश्चैवतावुभौ। रक्षोहेतिःप्रहेतिश्च यातुधानावुभौ स्मृतौ ५ मधुमाधवयोर्ह्येष गणोवसतिभास्करे। वसन्त्ग्रीष्मेतुद्वौमासौ मित्रश्चवरुणश्च वै ६ ऋषीअत्रिर्वसिष्ठश्च नागौतक्षकरम्भकौ। मेनकासहधन्याच हाहाहूहूश्चगायकौ ७ रथन्तरश्चग्रामण्यौ रथकृच्चैवतावुभौ। पौरुषेयोबधश्चैव यातुधानौतुतौस्मृतौ ८ एतेव सन्तिवैसूर्ये मासयोःशुचिशुक्रयोः। ततःसूर्येपुनश्चान्या निवसन्तिस्मदेवताः ९ इन्द्रश्चै वविवस्वांश्च अङ्गिराभृगुरेवच। एलापत्रस्तथासर्पः शङ्खपालश्चपन्नगः १० विश्वावसु सुसेनौच प्रातश्चैवरथश्चहि। प्रम्लोचेत्यप्सराश्चैव निम्लोचन्तीचतेउभे ११ यातुधा

में आठहज़ार ८००० मंडल होतेहैं जब ध्रुवसे रथकीबाग छुटजातीहै तब सूर्य्य बाहरके मंडलों पर भ्रमतेहैं और मंडलोंको लपेटतेहुए बड़ेवेगसे गमन करतेहैं५४। ५८॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुर्विंशत्यधिकशततमोऽध्यायः १२४॥

सूतजी बोले कि वह सूर्य्यका रथ प्रतिमास देवताओंसे संयुक्त रहताहै उसको सूर्य्यदेवता बहुत से ऋषियोंके संगहोकर चलाताहै १ गन्धर्व अप्सरा और सर्पोंके समूह यहसब सूर्य्यमें बसतेहैं दोदो महीनेके क्रमसे २ ब्रह्मा, अर्य्यमादेवता, पुलस्त्य,पुलह,प्रजापति,वासुकिसर्प ३ और गानकरनेवाले तुम्बरु और नारद गन्धर्व कृतस्थला और पुंजिकस्थलीयह अप्सरा, और रथकृत् रथौजा यह दोप्रधान पुरुष, और रक्षोहेति, प्रहेति यह दोराक्षस इन सबोंका गण चैत्र वैशाख महीनोंमें सूर्य्य के भीतर बसताहै ग्रीष्मऋतुके दोमहीनोंमें मित्र और वरुण यह दो देवता बसतेहैं ४। ६ इनके सिवाय अत्रि वसिष्ठऋषि तक्षक और रम्भकनाग, मेनका, धन्या, अप्सरा, हाहा हूहू गन्धर्व रथंतर और रथकृत् प्रधानपुरुष,पौरुषेय और बध नाम राक्षस यहसब ग्रीष्मऋतुके दोमहीनों में सूर्य्यके भीतर बसते हैं इनके विशेष अन्य २ देवता भी सूर्य्यमें बसतेहैं ७। ९ इन्द्र, विवस्वान्, अंगिरा और भृगु यह देवता और ऋषि, एलापत्र शंखपाल दोनों सर्प विश्वावसु, सुसेन नाम रथके प्रधानपुरुष प्रम्लोचा, नि

नस्तथाहेतिर्व्याघ्रश्चैवतुतावुभौ। नभस्यनभसौरेतैर्वसन्तश्चदिवाकरे १२ मासौद्वौदेव
ताःसूर्ये वसन्तिचशरद्दतौ। पर्जन्यश्चैवपूषाच भरद्वाजःसगौतमः १३ चित्रसेनश्चगन्ध
र्वस्तथावासुरुचिश्चयः। विश्वाचीचघृताचीच उभेतेपुण्यलक्षणे १४ नागश्चैरावतश्चै
व विश्रुतश्चधनञ्जयः। सेनजिच्चसुषेणश्च सेनानीग्रामणीस्तथा १५ चारोवातश्चद्वावे
तौ यातुधानावुभौस्मृतौ। वसन्त्येतेचवैसूर्येमासयोश्चात्विषोर्जयोः१६ हेमन्तिकौचद्वौमा
सौ निवसन्तिदिवाकरे। अंशोभगश्चद्वावेतौ कश्यपश्चक्रतुश्चतौ१७ भुजङ्गश्चमहापत्य
सर्पःकर्कोटकस्तथा। चित्रसेनश्चगन्धर्वःपूर्णायुश्चैवगायनौ १८ अप्सराःपूर्वचित्तिश्चग
न्धर्वाह्युर्वशीचया। तक्षावारिष्टनेमिश्च सेनानीर्ग्रामणीश्चतौ १९ विद्युत्सूर्यश्चतावुग्रौयातु
धानौतुतौस्मृतौ। सहेचैवसहस्येचवसन्त्येतेदिवाकरे २० ततस्तुशिशिरेचापि मासयोर्नि
वसन्तिते। त्वष्टाविष्णुर्जमदग्निर्विश्वामित्रस्तथैवच २१ काद्रवेयौतथानागौ कम्बलाश्व
तरावुभौ। गंधर्वौधृतराष्ट्रश्च सूर्यवर्चाश्चतावुभौ २२ तिलोत्तमाप्सराश्चैव देवीरम्भाम
नोरमा। ग्रामणीर्ऋतजिच्चैवसत्यजिच्चमहाबलः २३ ब्रह्मोपेतश्चवैरक्षोयज्ञोपेतस्तथैवच।
इत्येतेनिवसन्तिस्मद्वौद्वौमासौदिवाकरे २४ स्थानाभिमानिनोह्येते गणाद्वादशसप्तकाः
सूर्यमापादयन्त्येते तेजसातेजउत्तमम् २५ ग्रथितैस्तुवचोभिश्च स्तुवन्तिऋषयोरविम्
गन्धर्वाप्सरसश्चैव गीतनृत्यैरुपासते २६ विद्याग्रामणिनोयक्षाः कुर्वन्त्याभीषुसंग्रहम्

म्लोचन्तीनाम अप्सरा १०। ११ हेति और व्याघ्र दोनोंराक्षस इन सबका समूह श्रावण और भाद्र-
पद महीनोंमें सूर्य्यके भीतर वसताहै १२ शरदृऋतुके दो महीनोंमें पर्जन्य, पूषा नाम दोनों देवता
वसतेहैं भरद्वाज और गौतमऋषि १३ चित्रसेन और सुरुचि गन्धर्व, विश्वाची, और घृताची नाम
सुन्दरी अप्सरा १४ ऐरावत और धनंजय दोनोंसर्प सेनजित् और सुषेण दोनों प्रधानपुरुष चार और
वात नाम दोनोंराक्षस यहसब आश्विन और कार्त्तिकके महीनेमें सूर्य्यमें बसतेहैं १५। १६ हेमन्त
ऋतुके दोमहीनोंके बीच सूर्य्यमें अंश और भगदेवता और कश्यप ऋतुनाम दोनोंऋषि वसतेहैं१७
महापत्य और कर्कोटक नाम दोनोंसर्प चित्रसेन और पूर्णायु नाम दोनों गन्धर्व पूर्व्वचित्ति और
उर्वशी नाम अप्सरा, और तक्षा अरिष्टनेमि नाम सेनाके प्राप्त करनेवाले प्रधानपुरुष, विद्युत और
सूर्य्य नाम दोनोंराक्षस यह सब मार्गशिर और पौष इन दोमहीनोंमें सूर्य्यके भीतर वसतेहैं १८।२०
शिशिरऋतुके माघ फाल्गुननाम दोमहीनोंके बीच त्वष्टा, विष्णु, जमदग्नि, विश्वामित्र, यहसब देवता
और ऋषिलोग वसतेहैं २१ कद्रूके पुत्र कंबल अश्वतर नाग, धृतराष्ट्र और सूर्य्य वर्चानाम गंधर्व २२
तिलोत्तमा, उत्तमा, और रंभा यह अप्सरा ऋतजित् और सत्यजित् नाम प्रधान पुरुष ब्रह्मोपेत य-
ज्ञोपेत नाम राक्षस सूर्य्य में वसते हैं इस प्रकारसे यह सब देवता आदिक दो दो महीनों के क्रमसे
सूर्य्यमें वसते हैं २३। २४ बारह महीनों में यह सात२ देवता आदिके गण स्थानके अभिमानी देवता
कहे हैं यह सब अपने तेजकरके सूर्य्यको उत्तम तेज प्राप्त करादेते हैं २५ गूढ़ उत्तम वचनों करके
ऋषिलोग सूर्य्यकी स्तुति करते हैं और अप्सरा गन्धर्वादिक नृत्य गीतादिसे सूर्य्यकीउपासना करते

सर्पाःसर्पन्तिवैसूर्य्ये यातुधानानुयान्तिच २७ वालखिल्यानयन्त्यस्तं परिवार्योदयाद्रवि म्। एतेपामेवदेवानां यथावीर्य्यंयथातपः २८ यथायोगंयथाधर्मं यथातत्त्वंयथाबलम्। तथातपत्यसौसूर्य्यस्तेषामिद्धस्तुतेजसा २९ भूतानामशुभंसर्वं व्यपोहतिस्वतेजसा। मानवानांशुभैर्ह्येतैर्ह्रियतेदुरितन्तुवै ३० दुरितंशुभचाराणां व्यपोहन्तिक्वचित्क्वचित्। एतेसहैवसूर्येण भ्रमन्तिसानुगादिवि ३१ तपन्तश्चजपन्तश्च ह्लादयन्तश्चवैप्रजाः। गोपायन्तिस्मभूतानि इहन्तेह्यनुकम्पया ३२ स्थानाभिमानिनांह्येतत्स्थानम्मन्वन्तरेषु वै। अतीतानागतानाञ्च वर्तन्तेसाम्प्रतञ्चये ३३ एवंवसन्तिवैसूर्य्ये सप्तकास्तेचतुर्द श। चतुर्दशेषुवर्त्तन्ते गणामन्वन्तरेषुवै ३४ ग्रीष्मेहिमेचवर्षासुचमुञ्चमानो घर्मंहिमञ्च वर्षञ्चनिशांदिनञ्च। गच्छत्यसावनुदिनंपरिवृत्यरश्मीन्देवान्पितॄंश्चमनुजांश्चसुतर्पय न्वै ३५ शुक्लेचकृष्णेतदहःक्रमेण कालक्षयेचैवसुराःपिबन्ति। मासेनतच्चामृतमस्यसृष्टं सुदृष्टयेरश्मिषुरक्षितन्तु ३६ सर्वेऽमृतन्तत्पितरःपिबन्ति देवाश्चसौम्याश्चतथैवका व्याः। सूर्य्येणगोभिर्हिविवर्द्धिताभिरद्भिःपुनश्चैवसमुच्छ्रिताभिः ३७ वृष्ट्याभिवृष्टाभिर थौषधीभिर्मर्त्याअथान्नेनक्षुधंजयन्ति। तृप्तिश्चाप्यमृतेनार्द्धमासंसुराणां मासेस्वाहाभिः स्वधयापितॄणाम् अनेनजीवन्त्यनिशम्मनुष्याः सूर्य्यःश्रितन्तद्धिबिभर्तिगोभिः ३८ इ

हैं २६ विद्याके प्रधान पुरुष यक्षादिक वाणोंका संग्रह करते हैं सर्प सूर्य्यमें विचरते रहते हैं राक्षस सूर्य्यके साथ२ गमन करते हैं २७ वालखिल्य आदिक ऋषि उदयहोते हुए सूर्य्यको नमस्कार करते हैं इन देवताओंका जैसा वीर्य्य तप, योग, धर्म, तत्त्व, बल, और पराक्रम है वैसेही उनके इन्धन रूप तेजसे सूर्य्य तपताहै २८।२९ भूतों के संपूर्ण दुःखोंको सूर्य्य अपने तेजकरके दूर करदेताहै इन शुभ देवता आदिकोंसे मनुष्योंके पापनष्टहोजाते हैं ३० शुभ आचरण करनेवाले पुरुषोंके भी पाप सूर्य्य नष्ट करताहै और यह सब देवता अपने अनुचरों सहित सूर्य्यके साथही आकाशमें भ्रमते हैं ३१ तप करतेहुए जप करते हुए प्रजाको आनन्द करातेहुए यह सब भूतोंकी रक्षा करते हैं औरकृपाकरके चे- ष्टा करते हैं ३२ स्थानके अभिमानी देवताओंका यह स्थान मन्वन्तरोंमें बदलजाताहै जैसा अब व- र्तमान होरहाहै उसी प्रकार भूत भविष्य में भी जानना ३३ इस रीतिसे सूर्य्यमें यह दो दो के सात गण वर्त्तते हैं सब चौदह हुए यह सब चौदह मन्वन्तरोंमें बदलजाते हैं ३४ ग्रीष्म हेमन्त और वर्षा ऋतु इनमें घाम शीत और वर्षाको रात्रि दिन करताहुआ सूर्य्य प्रतिदिन अपनी किरणोंका विस्तार करताहुआ गमन करताहै देवता पितर और मनुष्य इनको तृप्तकरताहै ३५ शुक्ल और कृष्णपक्ष में कालक्षयके क्रमसे देवता मिष्ट अमृत पीते हैं फिर महीनेके क्रमसे वह अमृत रूप जल सूर्य्यकी कि- रणोंमें रक्षितहोके सुन्दर बरसताहै ३६ सब पितृ देवता सौम्यसंज्ञक देवता और काव्य संज्ञक पितर यह सब साकल्यसे वृद्धिहुई किरणों करके अमृत पीते हैं ३७ वारंवार वर्षा होनेसे औषधियों के और अन्नके द्वारा मनुष्य क्षुधाको जीतलेते हैं पन्द्रह दिनमें स्वाहा करके देवताओंकी तृप्ति अमृतसे होती है एक महीने में स्वधासे पितरोंकी तृप्तिहोतीहै इस सूर्य्यसेही सब जीव मात्र जीवते हैं सूर्य्य अपनी

त्येपएकचक्रेण सूर्य्यस्तूर्णम्प्रसर्पति। तत्रतैरक्रमैरश्वैः सर्पतेऽसौदिनक्षये ३९ हरिर्हरि
द्भिर्ह्रियतेतुरङ्गमैः पिवत्यथापोहरिभिःसहस्रधा। पुनःप्रमुञ्चत्यथताश्चयोहरिः समुह्यमा
नोहरिभिस्तुरङ्गमैः ४० अहोरात्रंरथेनासावेकचक्रेणवैभ्रमन्। सप्तद्वीपसमुद्रांस्तु सप्त
भिःसप्तभिर्द्रुतम् ४१ छन्दोरूपैश्चतैरश्वैर्यतश्चक्रन्ततःस्थितिः। कामरूपैःसकृद्युक्तैः
कामगैस्तैर्मनोजवैः ४२ हरितैरव्यथैःपिङ्गैरीश्वरैर्ब्रह्मवादिभिः। वाह्यतोऽनन्तरश्चैव म
ण्डलन्दिवसःक्रमात् ४३ कल्पादौसम्प्रयुक्ताश्च वहन्त्याभूतसंप्लवम्। आवृतोवालखि
ल्यैश्च भ्रमतेरात्र्यहानितु ४४ ग्रथितैःस्ववचोभिश्च स्तूयमानोमहर्षिभिः। सेव्यतेगी
तनृत्यैश्च गन्धर्वाप्सरसाङ्गणैः ४५ पतङ्गैःपतगैरश्वैर्भ्राम्यमाणोदिवस्पतिः। वीथ्याश्र
याणिचरति नक्षत्राणितथाशशी ४६ ह्रासवृद्धीतथैवास्य रश्मयःसूर्यवत्स्मृताः। त्रिच
क्रोभयतोऽश्वश्च विज्ञेयःशशिनोरथः ४७ अपाङ्गर्भसमुत्पन्नो रथःसाश्वःससारथिः। स
हारैस्तैस्त्रिभिश्चक्रैर्युक्तःशुक्लैर्हयोत्तमैः ४८ दशभिस्तुरगैर्दिव्यैरसङ्गैस्तन्मनोजवैः। स
सूतजी बोले—कि जब दुष्ट स्वभाववाले दुरात्मा दैत्य लोगोंको उजाड़नेलगे ऋषियोंकेवन तपो- वनोंको बिगाड़नेलगे उस समय सबजीव भयभीत होगयेउन आकाशमें चलनेवाले दैत्योंका सिंह- नादके समान शब्द होताभया सर्वत्र अन्धकार होगया १ । २ यह समय देखकर आदित्य—वसु— साध्य संज्ञक देवता, पितर और मरुद्गण यहसब भयभीत होकर ब्रह्माजीकी शरणमें जातेभये और वहाँ जाकर उनसब देवताओंने सुवर्णके आसन पर विराजमान चारमुखवाले ब्रह्माजीको नमस्कार किया ३ । ४ और कहा कि हेदेवदेव तुम्हारे वरदानसे रक्षित कियेहुए त्रिपुरमें बसनेवाले दैत्यलोग हम को पीड़ादेतेहैं सो आप इनको शिक्षाकरो ५ जैसे कि मेघके आगमनसे हंस और सिंहके आगमनसे मृग भागजातेहैं वैसेही इनदानवोंके भयसे हमलोग भागेहुए घूमतेहैं ६ हेअनघ दानवोंसे दुःखितकियेहुए हमलोग अपनेपुत्र स्त्रियोंकेभी नामभूलगयेहैं ७ इनलोभ मोहसे अंधेहुए दैत्योंने देवताओंके मन्दिर तोड़डाले और ऋषियोंके आश्रमभी भंगकरदिये ८ जो आप इन दानवोंसे दुःखित कियेहुए लोककी रक्षा शीघ्रतासे नहीं करोगे तो यहसब जगत् देवता और ऋषियोंके आश्रमोंसे रहित होजायगा ९ दे- वताओंके ऐसे वचनोंको सुनकर ब्रह्माजी इन्द्रादिक सब देवताओंसे यहवचनबोले १० कि हेदेवता लोगो मैंने जो पूर्व मयदैत्यको वरदान दियाथा उसमेरे कहेहुए वरदानका भोग अबतकहुआ और अब

नत्वतेषामधिष्ठानं त्रिपुरंत्रिदशर्षभाः । एकेषुपातमोक्षेण हन्तव्यंनेषुवृष्टिभिः १२ भव
तोऽत्रनपश्यामि कमप्यत्रसुरर्षभाः । यस्तुचैकप्रहारेण पुरंहन्यात्सदानवम् १३ त्रिपुरं
नाल्पवीर्येण शक्यंहन्तुंशरेणतु । एकंमुक्त्वामहादेवं महेशानंप्रजापतिम् १४ तेयूयंयदि
अन्येच क्रतुविध्वंसकंहरम् । याचामःसहितादेवं त्रिपुरंसहनिष्यति १५ कृतःपुराणांवि
ष्कम्भो योजनानांशतंशतम् । यथाचैकप्रहारेण हन्यतेवैभवेनतु । पुष्पयोगेनयुक्तानि
तानिचैकक्षणेनतु १६ ततोदेवैश्चसंप्रोक्तो यास्यामइतिदुःखितैः । पितामहश्चतैःसार्द्धं
भवसंसदमागतः १७ तंभवंभूतभव्येशं गिरिशंशूलपाणिनम् । पश्यन्तिचोमयासार्द्ध
न्नन्दिनाचमहात्मना १८ अग्निवर्णमजन्देव मग्निकुण्डनिभेक्षणम् । अग्न्यादित्यसह
स्राभ मग्निवर्णविभूषितम् १९ चन्द्रावयवलक्ष्माणं चन्द्रसौम्यतराननम् । आगम्य
तमजन्देवमथतंनीललोहितम् २० स्तुवन्तोवरदंशम्भुं गोपतिंपार्वतीपतिम् २१
(देवा ऊचुः) नमोभगवतेशाय रुद्रायवरदायच । पशूनाम्पतयेनित्यमुग्रायचकपर्दि
ने २२ महादेवायभीमाय त्र्यम्बकायचशान्तये । ईशानायभयघ्नाय नमस्त्वन्धकघाति
ने २३ नीलग्रीवायभीमाय वेधसेवेधसास्तुते । कुमारशत्रुनिघ्नाय कुमारजनकायच २४
विलोहितायधूम्राय वरायक्रथनायच । नित्यंनीलशिखण्डाय शूलिनेदिव्यशायिने २५

अन्त प्राप्तहोगयाहै ११ अबयह त्रिपुरदुर्ग एकही बाणसे नष्टकरनेके योग्यहै इसका नाश बहुतबाणोंसे नहीं होसका १२ हे देवता लोगो तुमसबमें ऐसा मैं किसीको भी नहीं देखताहूं जो एकही बाणसे त्रिपुरसमेत मय दैत्यका नाशकरसके १३ वह त्रिपुरदुर्ग एक महेशान शिवजीके विना दूसरे किसी स्वल्पपराक्रम वालेसे एकही बाणके द्वारा नष्ट नहीं होसका १४ जो तुम अथवा अन्य सब देवता लोग मिलकर दक्षके यज्ञ विध्वंस करनेवाले महादेवजीसे जाकर प्रार्थना करोगे तो वही त्रिपुरका नाशकरसकेंगे १५ क्योंकि उनपुरों की मुटाई सौ २ योजन की है और सब पुष्पयोग करके रचेहैं सो तुम अबवही उपायकरो जिस्से कि शिवजी एकही बाणसे क्षणभरमें उसको नष्टकरदें १६ इसके होनेकेलिये हमभी चलेंगे ऐसे कहकर उनदुःखित देवताओं के साथ ब्रह्माजीभी शिवजीके स्थानपर जातेभये १७ उनभूत भव्येश महादेवजीको पार्वती और नांदिये समेत देखतेभये १८ अर्थात् अग्निके समान वर्णयुक्त अग्निके कुंडके समान नेत्रवाले अग्नि और सूर्य्यके समान कान्तिवाले अग्निकेही वर्णसे विभूपित चन्द्रवर्ण चन्द्रमाकेही तुल्य प्रकाशित नेत्र ऐसे नीललोहित वर्णवाले श्रीमहादेवजी को सब देवतालोग देखतेभये १९। २० दर्शन करके उन पार्वतीश पशुपतिनाथ महावर दायक शिवजी महाराजकी स्तुति करके सब ब्रह्मादिक देवता प्रसन्न करते भये २१ और यह वचन बोले कि हे भगवन् ईश रुद्र वरदायक पशुपति उग्र जटाधारी आपके अर्थ नमस्कारहै २२ हेमहादेव भीमत्र्यंबक शान्तरूप ईशान भवनाशक अन्धक के नाशक आपके अर्थ नमस्कार है २३ हे नीलग्रीव भीम वेधा स्वामिकार्तिक के शत्रुके नाशक और स्वामिकार्त्तिक के उत्पन्न करनेवाले आपकेअर्थ नमस्कार है २४ विलोहित धूम्रवरक्रथन नीलशिखंडी शूली दिव्यशायी इननामोंवाले आपके अर्थ नमस्कार

उरगायत्रिनेत्राय हिरण्यवसुरेतसे। अचिन्त्यायाम्बिकाभर्त्रे सर्वदेवस्तुतायच २६ वृषध्वजायमुण्डाय जटिनेब्रह्मचारिणे। तप्यमानायसलिले ब्रह्मण्यायाजितायच २७ विश्वात्मनेविश्वसृजे विश्वमावृत्यतिष्ठते। नमोऽस्तुदिव्यरूपाय प्रभवेदिव्यशम्भवे २८ अभिगम्यायकाम्याय स्तुत्यायार्च्यायसर्वदा। भक्तानुकम्पिनेनित्यं दिशतेयन्मनोगतम् २९॥ इतिश्री मत्स्यपुराणेएकत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३१॥

(सूत उवाच) ब्रह्माद्यैस्तूयमानस्तु देवैर्देवोमहेश्वरः। प्रजापतिमुवाचेदं देवानांक्कभयंमहत् १ भो! देवाः! स्वागतंवोऽस्तु ब्रूतयद्वोमनोगतम्। तावदेवप्रयच्छामि नास्त्यदेयंमयाहिवः २ युष्माकंनितरांशंवै कर्ताहंविबुधर्षभाः!। चरामिमहदत्युग्रं यच्चापिपरमंतपः ३ विद्विष्टावोममद्विष्टाः कष्टाःकष्टपराक्रमाः। तेषामभावःसम्पाद्यो युष्माकंभवएवच ४ एवमुक्तास्तुदेवेन प्रेम्णासब्रह्मकाःसुराः। रुद्रमाहुर्महाभागं भागार्हाःसर्वएवते ५ भगवंस्तैस्तपस्तप्तं रौद्रंरौद्रपराक्रमैः। असुरैर्वध्यमानाःस्म वयंत्वांशरणंगताः ६ मयोनामदितेःपुत्रस्त्रिनेत्रकलहप्रियः। त्रिपुरंयेनतद्दुर्गं कृतंपाण्डुरगोपुरम् ७ तदाश्रित्यपुरंदुर्गं दानवावरनिर्भयाः। बाधन्तेऽस्मान्महादेव प्रेष्यमस्वामिनंयथा ८ उद्यानानिचभग्नानि नन्दनादीनियानिच। वराश्चाप्सरसःसर्वा रम्भाद्यादनुजैर्हृताः ९ इन्द्रस्यबाह्याश्चगजाः कुमुदाञ्जनवामनाः। ऐरावताद्यापहृता देवतानांमहेश्वर! १० येचेन्द्ररथमु

है २५ हे उरग, त्रिनेत्र, हिरण्यवसुरेता, अचिन्त्य अम्बिका के भर्त्ता सब देवताओं से स्तुतिमान आपके अर्थ नमस्कारहै २६ हे वृषध्वज मुंड, जटी, ब्रह्मचारी, तप्यमान सलिल ब्रह्मण्य इननामों वाले आपके अर्थ नमस्कार है २७ हे विश्वात्मा, विश्वके रचनेवाले, विश्वको आवरण करके ठहरने वाले दिव्यरूप युक्त आपके अर्थ नमस्कारहै २८ हे अभिगम्य, काम्य, स्तुत्य, सबकालमें स्तुतिकरने के योग्य भक्तोंपर अनुग्रह करनेवाले मनोवाञ्छित फलोंके देनेवाले इन सब गुण युक्त आपके अर्थ नमस्कार है २९॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३१॥

सूतजी बोले कि ब्रह्मादिक देवताओंसे स्तुति कियेहुए महादेवजी देवताओं से बोले कि देवताओं को भय नहीं है १ हे देवताओं तुम्हारा आना श्रेष्ठ और सफलहै तुम अपने मनोरथको कहो तुम्हारे लिये कोई अदेय वस्तुनहीं है जो तुममांगोगे सो सबदूंगा २ हे देवता लोगो मैं तुम्हारा निरन्तर कल्याण करूंगा जो परन्तपहै उसकोभी मैं करूंगा ३ तुमसे और अपनेसे वैर करनेवालेका मैं नाश करूंगा ४ महादेवजी के इसवचनको सुनकर देवता शिवजी से बोले कि हेभगवन् आप अतुल पराक्रम वालेहैं और महापराक्रमी दैत्योंने उग्रतप कियाहै उनदैत्यों से पीड़ितहुए हमसब आपकी शरण हैं ५। ६ यह मयनाम दैत्य बड़ीकलहका करनेवाला है उसने तीन पुरोंवाला अपना गढ़रचाहै ७ उस पुरके आश्रय होकर सबमहाबली दानव निर्भय होकर हमको पीड़ा देतेहैं वह हमको ऐसेप्रकार से पीड़ित करतेहैं जैसे कि विना स्वामीके भृत्यको पीड़ादेते हैं ८ नन्दन आदिक बगीचे तोड़डाले रंभादिक उत्तम अप्सराओं को हरलियाहै इन्द्रके कुमुद, अंजन, वामन, और ऐरावत नाम हाथी हर

श्व्याश्च हरयोऽपहृतासुरैः। जाताश्चदानवानान्ते रथयोग्यास्तुरङ्गमाः ११ येरथायेग जाश्चैव याःस्त्रियोवसुयच्चनः। तन्नोऽप्यपहृतंदैत्यैः संशयोजीवितेपुनः १२ त्रिनेत्रएवमु क्तस्तु देवैःशक्रपुरोगमैः। उवाचदेवान्देवेशो वरदोवृषवाहनः १३ व्यपगच्छतुवोदे वामहद्दानवजम्भयम्। तदहंत्रिपुरन्धक्ष्ये क्रियतांयद्ब्रवीमितत् १४ यदीच्छथमया दग्धुं तत्पुरंसहदानवम्। रथमौपयिकंमह्यं सज्जयध्वंकिलास्यते १५ दिग्वाससात थोक्तास्ते सपितामहकाःसुराः। तथेत्युक्त्वामहादेवञ्चक्रुस्तेरथमुत्तमम् १६ धराकूबर कौतुह्यौ रुद्रपार्श्वचरावुभौ। अधिष्ठानंशिरोमेरो रक्षोमन्दरएवच १७ चक्रेश्चन्द्र श्चसूर्य्यश्च चक्रेकाञ्चनराजते। कृष्णपक्षंशुक्लपक्षं पक्षद्वयमपीश्वराः १८ रथनेमिद्वयंचक्रु र्देवाब्रह्मपुरःसराः। आदिद्वयंपक्षयन्त्रं यन्त्रमेताश्चदेवताः १९ कम्बलाश्वतराभ्याञ्च नागाभ्यांसमवेष्टितम्। भार्गवश्चाङ्गिराश्चैव बुधोऽङ्गारकएवच २० शनैश्चरस्तथात्रा त्र सर्वेतेदेवसत्तमाः। वरूथंगगनंचक्रुश्चारुरूपंरथस्यते २१ कृतंद्विजिह्वनयनं त्रिवेणुं शातकौम्भिकम्। मणिमुक्तेन्द्रनीलैश्च वृतंह्यष्टमुखैःसुरैः २२ गङ्गासिन्धुःशतद्रूश्च चन्द्र भागासरस्वती। वितस्ताचविपाशाच यमुनागण्डकीतथा २३ सरस्वतीदेविकाच तथा चसरयूरपि। एताःसरिद्वराःसर्वा वेणुसंज्ञाःकृतारथे २४ धृतराष्ट्राश्चयेनागास्तेचवैश्या त्मकाःकृताः। वासुकेकुलजायेच येचरैवतवंशजाः २५ तेसर्पादर्पसम्पूर्णाश्चापतूणेष्वनु

लियेहैं ९।१० और इन्द्रके रथमें जो मुख्य घोड़ेथे वह हरलिये हैं वह दानवोंके रथोंकेयोग्य होगये हैं हमारे रथ हाथी स्त्री और जो २ धनथे वह सब हरलिये अब हमको फिर उनके जीतने में भी सन्देह है ११। १२ इसप्रकार इन्द्रादिक देवताओंसे कहेगये शिवजी वरदान देनेके लिये देवताओंसे बोले १३ हे देवताओ तुम दानवोंके बड़े भयको त्यागदो मैं त्रिपुर को दग्धकरूंगा परन्तु जो मैं कहूं उसे तुमको करना योग्यहै १४ जो मुझसेही उस पुर समेत दैत्योंको दग्ध कराया चाहतेहो तो मेरे उप योगी रथको सजाकर तैयारकरो १५ दिगम्बर रूपहुए वह सब ब्रह्मादिक देवता उनकी आज्ञाको अंगीकार करके उसीप्रकार के उत्तम रथको बनाते हुए,१६ पृथ्वीको आधार करके रुद्रके समीपवर्ती पार्षदोंको तो दोनों जुएबनाये सुमेरु पर्व्वत को और कुवेर के मन्दिर को बैठनेका पीढ़ा और सूर्य्य चन्द्रमाको चांदीके दोनों चक्रबनाये शुक्ल और कृष्णदोनों पक्षोंको रथके पहियोंकी धारा बनाया रथ के मंत्रोंके स्थानमें देवता लगतेभये १७। १९ कम्बल और अश्वतर नाम दोनोंसर्पोंसे रथको बांधते भये और शुक्र, बृहस्पति, बुध, मंगल और शनैश्चर यह सब देवसत्तम रथके वरूथ अर्थात् आकाश में ले जानेवाले गुब्बारे बने २०। २१ और प्रसन्न मुखवाले देवताओंने दो जिह्वा दोनेत्र और तीन सुवर्णके बांस मणि, मोती, और इन्द्रनील मणियोंसे भी युक्त बनाया २२ गंगा, समुद्र, शतद्रूनदी चन्द्रभागा, सरस्वती, वितस्तानदी, विपाशा, यमुना, गंडकी, देविका, और सरयू यहसबनदियांरथ के बांसोंकी जगह पनजारों में लगाई गईं २३। २४ धृतराष्ट्र संज्ञक सर्प, वैश्यात्मकसर्प, वासुकिके कुल के सर्प, रैवत वंशके सर्प यह सब सर्प तूणीर संज्ञक धनुषके बाण रखने के पात्रमें प्रवेश करगये,

नगाः। अवतस्थुःशराभूत्वा नानाजातिशुभाननाः २६ सुरसासरमाकद्रूर्विनताशुचिरेव च। तृषाबुभुक्षासर्वोग्रा मृत्युःसर्वशमस्तथा २७ ब्रह्मवध्याचगोवध्या बालवध्याःप्रजाभयाः। गदाभूत्वाशक्तयश्च तदादेवरथेऽभ्ययुः २८ युगंकृतयुगश्चात्र चातुर्होत्रप्रयोजकाः। चतुर्वर्णाःसलीलाश्च बभूवुःस्वर्णकुण्डलाः २९ तद्युगंयुगसङ्काशं रथशीर्षेप्रतिष्ठितम्। धृतराष्ट्रेणनागेन बद्धंबलवतामहत् ३० ऋग्वेदःसामवेदश्च यजुर्वेदस्तथापरः। वेदाश्चत्वारएवैते चत्वारस्तुरगाभवन् ३१ अन्नदानपुरोगाणि यानिदानानिकानिचित्। तान्यासन्वाजिनांतेषां भूषणानिसहस्रशः ३२ पद्मद्वयंतक्षकश्च कर्कोटकधनञ्जयौ। नागावभूवुरेवैते हयानांबालबन्धनाः ३३ ओङ्कारप्रभवास्तावा मन्त्रयज्ञक्रतुक्रियाः। उपद्रवाःप्रतीकाराः पशुबन्धेष्टयस्तथा ३४ यज्ञोपवाहान्येतानि तस्मिन्लोकरथेशुभे। मणिमुक्ताप्रवालैस्तु भूषितानिसहस्रशः ३५ प्रतोदोङ्कारएवासीत्तदग्रश्चवषट्कृतम्। सिनीवालीकुहूराका तथाचानुमतीशुभा ३६ योक्त्राण्यासंस्तुरङ्गाणामपसर्पणविग्रहाः ३७ कृष्णान्यथचपीतानि श्वेतमाञ्जिष्ठकानिच। अवदाताःपताकास्तु बभूवुःपवनेरिताः ३८ ऋतुभिश्चकृतःषड्भिर्धनुःसंवत्सरोऽभवत्। अजराज्याभवच्चापि साम्बिकाधनुषोदृढा ३९ कालोहिभगवान्रुद्रस्तञ्चसंवत्सरंविदुः। तस्मादुमाकालरात्रिर्धनुषोज्याजराभवत् ४० सगर्भेत्रिपुरंयेन दग्धवान्सत्रिलोचनः। सइषुर्विष्णुसोमाग्नित्रिदैवतमयोऽभवत् ४१ आननंह्यग्निरभवच्छल्यंसोमस्तमोनुदः। तेजसःसमवायोऽथ चेषोस्तेजोरथाङ्गधृत् ४२ तस्मिं

वहाँ पात्रमें जाकर अनेकप्रकारके मुख धारणकरके बाणरूपहोके स्थित होतेभये २५। २६ सुरसा-सरमा-कद्रू-विनता-शुचि, तृषा,बुभुक्षा,सर्वोग्रा-सबका शान्तकरनेवाला मृत्यु, ब्रह्महत्या,गोहत्या, और बालहत्या, यहसब गदा और बरछी रूपहोके शिवजीके रथपर प्राप्तहोती भयीं २७। २८ चारों युगजुवेबने, चातुर्होत्र करने वाले चारोंवर्ण सुवर्णके कुंडलहोते भये वह रथका जुवा युगोंके समान कान्तिवाला होकर रथके शिरपर स्थितहुआ और बलवान् धृतराष्ट्र सर्पसे बाँधागया २९। ३० ऋग्वेद-सामवेद-यजुर्वेद और अथर्वण यह चारोंवेद रथके घोड़े होतेभये ३१ अन्नदानादिक जितने दानहैं वह सब उनघोड़ों के आभूषणहोते भये तक्षक, कर्कोटक और धनंजय यह सर्प अश्वोंके बाल बांधनेके उपयोगी होतेभये ३२। ३३ ॐकारसे उत्पन्नहुए मंत्र, यज्ञ और पशुवधवाले यज्ञ यहसब उपद्रवोंके नाशकरनेवाले होते भये और लाखों संख्यामें होकर मणि मोती और मूंगोंसे विभूषितहो रथपर लगतेभये ३४। ३५ ॐकार घोड़े हाँकनेका चाबुकबना उसके अग्रभागमें वषट्लगा सिनी-वाली, कुहू, अमावास्या, राका और अनुमती यह सब घोड़ों की लगामें औ रथपर काली पीली, श्वेत, लाल और भूरी ध्वजा होती भयीं छःऋतुओंसे कियाहुआ वर्षधनुष होता भया-अम्बिका सहित अजरामाया धनुषकी दृढ़प्रत्यंचा होतीभयी ३६। ३९ काल भगवान् रुद्र वर्षहुए इसीसे कालरात्रि और पार्वतीजीको धनुषकी प्रत्यंचा जानों वह अजराहै ४० जिस बाण से कि त्रिलोचन शिवजी त्रिपुरको भस्म करते भये वहबाण विष्णु सोम और अग्नि इन तीन देवताओं से संयुक्त

श्चवीर्य्यवृद्ध्यर्थं वासुकिर्नागपार्थिवः। तेजःसंवसनार्थंवै मुमोचातिविषोविषम् ४३ कृ
त्वादेवारथञ्चापि दिव्यंदिव्यप्रभावतः। लोकाधिपतिमभ्येत्य इदंवचनमब्रुवन् ४४ सं
स्कृतोऽयंरथोऽस्माभिस्तवदानवशत्रुजित्। इदमापत्परित्राणं देवान्सेन्द्रपुरोगमान् ४५
तंमेरुशिखराकारं त्रैलोक्यरथमुत्तमम्। प्रशस्यदेवान्साध्विति रथंपश्यतिशङ्करः ४६
मुहुर्दृष्ट्वारथंसाधु साध्वित्युक्त्वामुहुर्मुहुः। उवाचसेन्द्रानमरानमराधिपतिःस्वयम् ४७ या
दृशोऽयंरथःक्लृप्तो युष्माभिर्ममसत्तमाः। ईदृशोरथसम्पत्त्या यन्ताशीघ्रंविधीयताम् ४८
इत्युक्तादेवदेवेन देवाविद्धाइवेषुभिः। अवापुर्महतींचिन्तां कथंकार्यमितिब्रुवन् ४९ महा
देवस्यदेवोऽन्यः कोनामसदृशोभवेत्। मुक्त्वाचक्रायुधंदेवं सोपास्यइषुमाश्रितः ५० धुरि
युक्ताइवोक्षाणो घटन्तइवपर्वतैः। निश्वसन्तःसुराःसर्वे कथमेतदितिब्रुवन् ५१ देवोऽह
श्यतदेवांस्तु लोकनाथस्यधूर्गतान्। अहंसारथिरित्युक्त्वा जग्राहाश्वांस्ततोऽग्रजः ५२
ततोदेवैःसगन्धर्वैः सिंहनादोमहान्कृतः। प्रतोदहस्तंसंप्रेक्ष्य ब्रह्माणंसूततांगतम् ५३ भ
गवानपिविश्वेशो रथस्थेवैपितामहे। सदृशःसूतइत्युक्त्वा चारुरोहरथंहरः ५४ आरोह
तिरथंदेवे ह्यश्वाहरभरातुराः। जानुभिःपतिताभूमौ रजोग्रासश्चग्रासितः ५५ देवोदृष्ट्वा

बनाया गयाथा ४१ बाणकामुख अग्निहुआ आगेके शल्यमें अंधेरेको दूरकरनेवाला चन्द्रमा
हुआ उस बाणमें तेजस्वरूपी विष्णु भगवान् हुए ४२ उस बाणमें पराक्रमकी वृद्धिके निमित्त तेज
फैलानेके लिये वासुकि सर्प अपने विषको छोड़ताभया ४३ देवतालोग दिव्य प्रभावसे इस दिव्य
रथको बनाकर लोकों के अधिपति शिवजीके समीप जाकर यह वचन बोले ४४ हे दानव शत्रुओं के
जीतनेवाले शिवजी हमने यह रथ तैयारकियाहै यह रथ इन्द्रादिक देवताओंकी विपत्तिका दूरकरने
वालाहै ४५ इसके पीछे सुमेरु पर्व्वतके शिखरके समान आकारवाले उसउत्तम दिव्यरथको शिव
जीने देखकर बड़ी प्रशंसाकरी और साधु २ शब्दोंसे देवताओंकी सराहनाकरी ४६ और वारंवार
उस रथको देखकर सराहना समेत शिवजी इन्द्रादिक देवताओंसे बोले ४७ हे श्रेष्ठदेवताओ जैसा
तुमने यह रथ रचाहै ऐसाही इसके हाँकनेवाला सारथी भी तुमको शीघ्र बनाना चाहिये ४८
यह महादेवके वचन सुनकर देवतालोग बाणोंसे बिंधेहुओंके समान परमचिन्ताको प्राप्तहोते भये
और विचारकरने लगे कि यहकाम अबकैसे होगा ४९ शिवजीके समान दूसरा कौनसा देवताहै एक
विष्णुजी के विनाकोई नहींहै इस हेतुसे अब विष्णुकी उपासना करनी चाहिये ५० जैसेकि धुरीमें
युक्त हुए चक्र पर्व्वत परचलते हुए घिसजाते हैं उसी प्रकार श्वासोंको लेते हुए सब देवता लोग बो
ले कि यहकार्य्य कैसेहोगा ५१ संसारके भारमें प्राप्तहुए देवताओंको विकल देखकर ब्रह्माजी बोले कि
मैंसारथीहूं यह कहकर रथके घोड़ोंको पकड़तेभये इसके अनन्तर देवता और गन्धर्वों ने सिंहनादके
समान प्रसन्न होकर शब्दकिया और ब्रह्माजी सारथी होकर रथको हाँकने लगे तब शिवजी महाराज
बोले कि मेरेही समान यह सारथी है ऐसा कहकर रथके ऊपर सवार होजाते भये ५३। ५४ जब
शिवजी रथपर सवारहुए तब शिवजी के भयसे घोड़ोंके घोंटू पृथ्वी परगिरे और मुखधूलमेंलगगये ५५

थवेदांस्तानभीरुग्रहयान्भयात्। उज्जहारपितॄनार्त्तान् सुपुत्रइवदुःखितान् ५६ ततःसिं
हरवोभूयो बभूवरथभैरवः। जयशब्दश्चदेवानां संबभूवार्णवोपमः ५७ तदोङ्कारमयंगृ
ह्य प्रतोदंवरदःप्रभुः। स्वयम्भूःप्रययौवाहाननुमन्त्र्ययथाजवम् ५८ ग्रसमानाइवाकाशं
मुष्णन्तइवमेदिनीम्। मुखेभ्यःससृजुःश्वासानुच्छ्वसन्तइवोरगाः ५९ स्वयम्भुवाचोद्यमा
नाश्चोदितेनकपर्दिना। व्रजन्तितेऽश्वाजवनाः क्षयकालइवानिलाः ६० ध्वजोच्छ्रयविनि
र्माणे ध्वजयष्टिमनुत्तमाम्। आक्रम्यनन्दीवृषभं तस्थौतस्मिञ्छिवेच्छया ६१ भार्गवाङ्गि
रसौदेवौ दण्डहस्तौरविप्रभौ। रथचक्रेतुरक्षेते रुद्रस्यप्रियकाङ्क्षिणौ ६२ शेषश्चभग
वान्नागः अनन्तोऽन्तकरोऽरिणाम्। शरहस्तोरथम्पाति शयनंब्रह्मणस्तदा ६३ यमस्तू
र्णसमास्थाय महिषञ्चातिदारुणम्। द्रविणाधिपतिर्व्यालं सुराणामधिपोद्विपम् ६४ अर
अतमयूरंनिकूजन्तंकिन्नरंयथा। गुहआस्थायवरदोयुगोपमरथंपितुः ६५ नन्दीश्वरश्च
भगवान्शूलमादायदीप्तिमान्। पृष्ठतश्चापिपाश्वाभ्यां लोकस्यक्षयकृद्यथा ६६ प्रमथा
श्चाग्निवर्णाभाः साग्निज्वालाइवाचलाः। अनुजग्मूरथंशार्थं नक्राइवमहार्णवम् ६७
भृगुर्भरद्वाजवसिष्ठगौतमाः क्रतुःपुलस्त्यःपुलहस्तपोधनाः। मरीचिरत्रिर्भगवानथाङ्गिराः
पराशरागस्त्यमुखामहर्षयः ६८ हरमजितमजंप्रतुष्टुवुर्वचनविशेषैर्विचित्रभूषणैः। रथ

उस समय उन वेदरूप घोड़ोंको शिवजी गिराहुआ जानके उनका उद्धार ऐसे करते भये जैसे कि श्रेष्ठ लायक पुत्र अपने पीड़ित और दुःखी पितरोंका उद्धार करतेहैं ५६ इसके पीछे रथका भयंकर शब्द सिंहके शब्दके समान होताभया और प्रलयके समुद्रोंके समान बड़ाघोर देवताओंके जय २ कारका ऊंचा शब्द होताभया ५७ तब वरदायी ब्रह्माजी ओंकार रूपी चाबुकको पकड़के बड़े वेगपूर्वक रथके घोड़ोंको प्रेरतेभये ५८ मानों आकाशको ग्रसलेंगे और पृथ्वीको चुरालेंगे ऐसे मुखोंके ऊंचे श्वासोंको छोड़तेहुए बड़ेभारी सर्पोंके समान गमन करते भये ५९ ब्रह्मासे और शिवजीसे प्रेरेहुए अश्व प्रलय कालके वायुके समान अतिशीघ्र वेगयुक्त होकर चलते भये ६० शिवजीकी उत्तम ध्वजाकी यष्टीको ग्रहण करके शिवजीकी आज्ञासे उसके ऊपर नन्दिकेश्वर स्थितहोता भया ६१ और सूर्य्य की समान कान्तिवाले बृहस्पति और शुक्र दोनों ग्रह शिवजीके प्रियकी इच्छा करते हुए रथके चक्रोंकी रक्षामें स्थितहुए ६२ जब ब्रह्माजी निद्रामेंहोंय तब शेषनागजी हाथमें बाण ग्रहणकरके रथकी रक्षाकरते भये ६३ धर्मराज दारुणभैंसेपर आरूढ़होकर आये कुवेर सर्पकी रक्षामें रहे कूजते हुए मोरकी सवारीपर स्वामिकार्त्तिक आये वह अपने पिताके रथकी रक्षा करतेभये ६४। ६५ नन्दीश्वर शूलको ग्रहण करके आये सबलोग आगेपीछे और बराबरसे ऐसेआये मानों लोकोंका नाश करेंगे ६६ अग्निके समान वर्णवाले शिवजीके गण ज्वलित पर्व्वतोंके शिखरोंके सदृश बड़े प्रकाशित होकर शिवजीके रथके पीछे प्राप्त होतेभये यहसब ऐसे विदितहोतेथे जैसे कि समुद्रमें बड़े भयानक ग्राहादिक होतेहैं ६७ भृगु, भरद्वाज, वसिष्ठ, गौतम, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, मरीचि, अत्रि, अंगिरा, और पराशरादिक ऋषि इन अजित शिवजीको उत्तम विचित्र वचनोंकी स्तुतियोंके द्वारा प्रसन्न करतेभये

स्त्रिपुरेसकाञ्चनाचलो व्रजतिसपक्षइवाद्रिरम्बरे ६९ करिगिरिरविमेघसन्निभाः सजल पयोदनिनादनादिनः। प्रमथगणाःपरिवार्य्यदेवगुप्तं रथममरापिययुःस्मदर्पयुक्ताः ७०म करतिमितिमिङ्गिलावृतः प्रलयइवातिसमुद्धतोऽर्णवः। व्रजतिरथवरोऽतिभास्वरो ह्यश निनिपातपयोदनिस्वनः ७१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेद्वात्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३२॥

(सूत उवाच) पूज्यमानेरथेतस्मिन्लोकैर्देवैरथेस्थिते। प्रमथेषुनदत्सूग्रं प्रवदत्सुच साध्विति १ ईश्वरस्वरघोषेण नर्दमानेमहावृषे। जयत्सुविप्रेषुतथा गर्ज्जत्सुतुरगेषुच २ रणाङ्गणात्समुत्पत्य देवर्षिर्नारदःप्रभुः। कान्त्याचन्द्रोपमस्तूर्णं त्रिपुरंपुरमागतः ३ औत्पा तिकन्तुदैत्यानां त्रिपुरेवर्त्ततेध्रुवम्। नारदश्चात्रभगवान्प्रादुर्भूतस्तपोधनः ४ आगतंज लदाभासं समेताःसर्वदानवाः। उत्तस्थुर्नारदंदृष्ट्वा अभिवादनवादिनः ५ तमर्घ्येणचपा द्येन मधुपर्केणचेश्वराः। नारदंपूजयामासुर्ब्रह्माणमिववासवः ६ तेषांसपूजांपूजार्हः प्रति गृह्यतपोधनः। नारदःसुखमासीनः काञ्चनेपरमासने ७ मयस्तुसुखमासीने नारदेनारदो द्भवे। यथार्हदानवैःसार्द्धमासीनोदानवाधिपः ८ आसीनंनारदंप्रेक्ष्य मयस्त्वथमहासुरः अब्रवीद्वचनंतुष्टो हृष्टरोमाननेक्षणः ९ औत्पातिकंपुरेऽस्माकं यथानान्यत्रकुत्रचित्। व

उस इसप्रकारसे चलनेवाले शिवजी के रथकी ऐसीशोभा होतीभई मानों परोंसे उड़ताहुआ सुवर्ण का सुमेरु पर्व्वत जाताहो ६८। ६९ हाथी पर्व्वत सूर्य्य और जल सहित मेघोंके गर्जनेके समान शब्दवाले इनसबकी समानरूप और कान्तिवाले शिवजी के गण देवताओंसे रक्षितकिये हुए रथको प्राप्त होते भये और अभिमानी देवता भी प्राप्त होते भये मकर मत्स्य और ग्राहादिकों से आवृत जैसा कि प्रलयका समुद्र होताहै वैसेही इन सबरक्षकों समेत बिजली समेत मेघके शब्दके समान गर्जना करनेवाला वह रथ अत्यन्त कान्तिसे युक्त होकर चलता भया ७०। ७१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्वात्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३२॥

सूतजी कहते हैं सब लोकों से पूजित कियेहुए उसरथमें महादेवजी दृढ़तासेस्थित होगये और शिवजीके गण उग्रनाद करने लगे देवता साधु१ कहने लगे शिवजी के घोषसे नादिया गर्जने लगा उस समय उस रणभूमिमें चन्द्रमाकी समान कान्ति वाले नारद मुनिभी बड़ी शीघ्रतापूर्व्वक त्रिपुरमें पहुंचे और दैत्योंके आगे प्रकट होगये ३।४ उनको देखकर मेघके समान कान्तिवाले सब दैत्य लोग उनके दर्शनके लिये खड़े होकर उनको नमस्कार करने लगे ५ और अर्घ पाद्य और मधुपर्क से नारद मुनिका पूजन ऐसे करते भये जैसे कि ब्रह्माजीका इन्द्रादिक देवताओं ने किया ६ पूजाके योग्य वह नारदजी पूजाको ग्रहण करके सुखपूर्व्वक सुवर्णके आसन पर बैठते भये ७ जब आनन्द- पूर्व्वक नारदजी आसन पर बैठगये तब मय दैत्यभी दानवों समेत सुखसे आसन पर बैठा ८ उस समय आनन्दपूर्व्वक आसन पर बैठे हुए नारदजी से बड़े प्रसन्न मुख होकर मय दैत्यने पूछा कि हेनारदजी जैसा कि आनन्द हमारे पुरमें है वैसा अन्यत्र कहीं नहीं है आप भूत भविष्य वर्त्तमानके

तेतेवर्तमानज्ञ ! वदत्वंहिचनारद १० दृश्यन्तेभयदाःस्वप्ना भज्यन्तेचध्वजाःपरम्। वि
नाचवायुनाकेतुः पततेचतथाभुवि ११ अट्टालकाश्चनृत्यन्ते सपताकाःसगोपुराः। हिंस
हिंसेतिश्रूयन्ते गिरश्चभयदाःपुरे १२ नाहंबिभेमिदेवानां सेन्द्राणामपिनारद ! । मुक्त्वैक
वरदंस्थाणुं भक्ताभयकरंहरम् १३ भगवन्नास्त्यविदितमुत्पातेषुतवानघ ! । अनागत
मतीतञ्च भवान्जानातितत्त्वतः १४ तदेतन्नोभयस्थानमुत्पाताभिनिवेदितम् । कथय
स्वमुनिश्रेष्ठ ! प्रपन्नस्यतुनारद ! १५ इत्युक्तोनारदस्तेन मयेनामयवर्जितः । (नारद
उवाच) शृणुदानव ! तत्त्वेनभवन्त्यौत्पातिकायथा १६ धर्मेतिधारणेधातुर्माहात्म्येचै
चपठ्यते । धारणाच्चमहत्त्वेन धर्म्मएषनिरुच्यते १७ सइष्टप्रापकोधर्म्म आचार्य्यैरुपदि
श्यते । इतरश्चानिष्टफल आचार्य्यैर्नोपदिश्यते १८ उत्पथान्मार्गमागच्छेन्मार्गाच्चैव वि
मार्गताम् । विनाशस्तस्यनिर्दिश्य इतिवेदविदोविदुः १९ सस्वधर्म्मरथारूढः सहैभिर्मत्त
दानवैः । अपकारिपुदेवानां कुरुषेत्वंसहायताम् २० तदेतान्येवमादीनि उत्पातावेदिता
नि च । वैनाशिकानिदृश्यन्ते दानवानांतथैवच २१ एषरुद्रःसमास्थाय महालोकमयंरथ
म् । आयातित्रिपुरंहन्तुंमय ! त्वामसुरानपि २२ सत्वंमहोजसंनित्यं प्रपद्यस्वमहेश्वरम्।
यास्यसेसहपुत्रेण दानवैःसहमानद ! २३ इत्येवमावेद्यभयं दानवोपस्थितंमहत् । दान

ज्ञाताहो जो दूसरे किसी स्थानमें होय उसको आप बताइये ९।१० परन्तु हेमुने यह क्या बातहै कि भयकारी स्वप्न दीखते हैं विनावायुके ध्वजा टूटती है पताका पृथ्वी पर गिरती है ११ स्थान के चौबारे पताका और द्वार यह सब नृत्य करते दीखते हैं और इस पुरमें मारो२ ऐसा भयानक शब्द सुनते हैं १२ हेनारद मैं इन्द्रादिक सब देवताओं से नहीं डरताहूं भक्तोंके अभय करने वाले एक शिवजीके विना मैं किसी से नहीं डरताहूं १३ हे भगवन् आपसे कोई उत्पात छुपा नहीं है आप अपनी तत्त्व दृष्टिसे तीनोंकालके वृत्तान्तोंको जानते हो १४ इसी हेतुसे हमने इसभयके स्थानको उत्पात कहाहै हेमुनियों में श्रेष्ठ मुझ शरणागत से उस उत्पातको कहिये १५ यह मयदैत्यके वचन सुनकर नारदजी बोले हेमय तुम तत्त्वसे अपनी सब उत्पत्तिका वृत्तान्तसुनो १६ कि धर्मधातुधारण अर्थमें और माहात्म्य अर्थमें वर्त्तताहै इस हेतुसे धारण करने से और महत्त्वकरने सेही उसको धर्म कहते हैं १७ सो वह धर्म आचार्य्योंने इष्ट कहाहै इसके विपरीत अधर्म अनिष्ट फलका देनेवाला है वह आचार्य्योंने नहीं कहाहै १८ जो कोई उत्पथ मार्गसे उत्तम मार्गमें आताहै और उत्तममार्ग से कुमार्ग में चलने लगजाताहै उनका नाश होजाताहै यह वेदज्ञ लोगोंने कहाहै १९ सो तुम अपने धर्ममें आरूढ होकर भी इनमदोन्मत्त दानवोंके कारण से तिरस्कारको प्राप्त होजाओगे इन दानवोंसे तुम्हारी कुछ सहायता न होगी और जो तुमने स्वप्नमें उत्पात देखेहैं वह सब नाश करनेवाले हैं अर्थात् यहसब उत्पात सबदानवों समेत तुम्हारे नाशके हेतुहैं २०।२१ यह रुद्र महादेवजी छन्नरूपी रथमें बैठकर तेरे त्रिपुर और सबदैत्यों समेत तुझको नाश करनेको आते हैं २२ सोतुम अपना भला चाहतेहो तो अपने सब परिवार पुत्रपौत्रादि और दैत्यों समेत होके महादेवजीकी शरण

वानांपुनर्देवो देवेशपदमागतः २४ नारदेतुमुनौयाते मयोदानवनायकः । शूरसंमतमित्ये वंदानवानाहदानवः २५ शूराःस्थजातपुत्राःस्थ कृतकृत्याःस्थदानवाः । युध्यध्वंदेवतैः सार्द्धं कर्तव्यंचापिनोभयम् २६ जित्वावयंभविष्यामः सर्वेऽमरसभासदः । देवांश्चसेन्द्रकान्हत्वालोकान्भोक्ष्यामहेसुराः २७ अट्टालकेषुचतथा तिष्ठध्वंशस्त्रपाणयः । दंशितायुद्धसज्जाश्च तिष्ठध्वंप्रोद्यतायुधाः २८ पुराणित्रीणिचैतानि यथास्थानेषुदानवाः । तिष्ठध्वंलङ्घनीयानि भविष्यन्तिपुराणिच २९ नभोगतास्तथाशूरा देवताविदिताहिवः । ताःप्रयत्नेनवार्याश्च विदार्याश्चैवसायकैः ३० इतिदनुतनयान्मयस्तथोक्त्वा सुरगणवारणवारणेवचांसि । युवतिजनविषण्णमानसंतत् त्रिपुरपुरंसहसाविवेशराजा ३१ अथरजतविशुद्धभावभावो भवमभिपूज्यदिगम्बरंसुगीर्भिः । शरणमुपजगामदेवदेवं मदनार्यन्धकयज्ञदेहघातम् ३२ मथमभयपदैषिणंप्रपन्नं नकिलबुबोधततीयदीप्तनेत्रः । तदभिमतमदान्ततःशशाङ्की सचकिलनिर्भयएवदानवोऽभूत् ३३ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेत्रयस्त्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३३ ॥

(सूत उवाच) ततोरणेदेवबलं नारदोऽभ्यगमत्पुनः । आगत्यचैवत्रिपुरात्सभायामास्थितःस्वयम् १ इलावृतमितिख्यातं तद्वर्षविस्तृतायतम् । यत्रयज्ञोबलेर्वृत्तोबलिर्यत्रचसंयतः २ देवानांजन्मभूमिर्या त्रिषुलोकेषुविश्रुता । विवाहाःक्रतवश्चैव जातकर्मादिकाःक्रियाः ३ देवानांयत्रवृत्तानि कन्यादानानियानिच । रेमेनित्यंभवोयत्र सहायैःपार्षदैर्गणैः ४

में प्राप्त होजाओ २३ इस प्रकारसे नारदमुनि सब दानवोंको भय दिखाकर देवताओंके स्थानको चलेगये नारद मुनिके चलेजानेपर मय दैत्यने सब शूरवीर दानवोंको यह सलाह बताई कि हेवीर पुत्रो तुम अब कृतकृत्यहुए देवताओंके साथ युद्धकरो और कुछ भी भय मतकरो तुमको कभी भयकरना न चाहिये २४ । २६ हमसबदेवताओंको जीतकर स्वर्गकी सभामें प्राप्त होवेंगे और इन्द्र समेत सब देवताओंको मारकर सब लोकोंको भोगेंगे २७ हाथोंमें शस्त्रलेके अपनी २ अटारियोंपर चढ़जाओ अपने कवच पहनकर युद्धमें खड़ेहोजाओ २८ हे दैत्यो इन तीनों पुरोंमें अपने २ स्थानोंपर चढ़जाओ अपना स्थाननहीं छोड़ना चाहिये २९ आकाशमें आतेहुए देवताओंको तुम जानजाओगे उन देवताओंको तुम अपने बाणोंके प्रहारोंसे यत्नपूर्वक निवारण करनेको योग्यहो ३० मय इसप्रकार का वचन सब दानवोंसे कहकर स्त्रियोंकी चिन्तासे दुःखितचित्त होकर पुरमें प्रवेश करता भया ३१ फिर मय दैत्य चाँदीके समान स्वच्छहो कामादिकोंके शत्रु शिवजीको सुन्दर वचनोंसे पूजकर उन्हीं महादेवजीकी शरणमें प्राप्तहुआ ३२ उस समय दैत्यके अभिमानसे क्रोधयुक्त तीसरे नेत्रकी प्रज्वलित अग्निसे युक्तहोकर शरणागत और अभय पदके प्राप्त होनेकी इच्छा करनेवाले मय दैत्यको नहीं जानते भये और वह दैत्य निर्भय होजाता भया ३३ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रयस्त्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३३ ॥

सूतजीबोले इसके पीछे नारद मुनि रणभूमिमें आकर देवताओंकी सभामें प्राप्त होतेभये १ और

लोकपालाःसदायत्र नस्थुर्मेरुगिरौयथा। मधुपिङ्गलनेत्रस्तु चन्द्रावयवभूषणः। देवानाम धिपंप्राह गणपांश्चमहेश्वरः ५ वासवैतदरीणांते त्रिपुरंपरिदृश्यते। विमानैश्चपताकाभि र्ध्वजैश्चसमलंकृतम् ६ इदंवृत्तमिदंख्यातं वह्निवद्भृशतापनम्। एतेजनागिरिप्रख्याः सकुण्डलकिरीटिनः ७ प्राकारगोपुराट्टेषु कक्षान्तेदानवाःस्थिताः। इमेचतोयदाभासा दनुजाविकृताननाः ८ निर्गच्छन्तिपुरोदैत्याः सायुधाविजयैषिणः ९ सत्वंशरशतैःसार्द्धं ससहायोवरायुधः। सहद्भिर्मामकैर्भृत्यैर्व्यापादयमहासुरान् १० अहंचरथवर्येण निश्चलाचलवत्स्थितः। पुरःपुरस्यरन्ध्रार्थीस्थास्यामिविजयायवः ११ यदातुपुष्ययोगेन एकत्वंस्थास्यतेपरम्। तदैतन्निर्दहिष्यामि शरेणैकेनवासव! १२ इत्युक्तोवैभगवता रुद्रेणेहसुरेश्वरः। ययौतत्त्रिपुरंजेतुं तेनसैन्येनसंवृतः १३ प्रक्रान्तरथभीमैस्तैः सदेवैःपार्षदाङ्गणैः। कृतसिंहरवोपेतैरुन्नच्छद्भिरिवाम्बुदैः १४ तेननादेनत्रिपुराद्दानवायुद्धलालसाः। उत्पत्य दुद्रुवुश्चेलुः सायुधाःखेगणेश्वरान् १५ अन्येपयोधरारावाः पयोधरसमावभुः। ससिंहनादंवादित्रं वादयामासुरुद्धताः १६ देवानांसिंहनादश्च सर्वतूर्यरवोमहान्। ग्रस्तोभूद्दैत्यनादैश्च चन्द्रस्तोयधरैरिव १७ चन्द्रोदयात्समुद्भूतः पौर्णमासइवार्णवः। त्रिपुरंप्रभव

जो बड़े विस्तारवाला इलावृत नाम खण्ड बलिराजाका यज्ञस्थान जहाँ राजाबलि बाँधागयाथा वही देवताओंकी जन्मभूमि त्रिलोकीमें प्रसिद्ध है जिसमें कि विवाहयज्ञ और जातकर्मादिक क्रिया होतीहैं देवताओंके व्रतहोतेहैं सब कन्यादान करतेहैं अपने गणोंसमेत शिवजी नित्य विहारकरतेहैं २।४ और सुमेरु पर्वतपर लोकपाल स्थितहोकर रहतेहैं वहाँदेवताओंके अधिपति शिवजी देवताओंसे और अपने गणोंसे यह वचन बोले कि हे इन्द्र यह शत्रुओंका त्रिपुर दिखाई देताहै यहत्रिपुर विमान ध्वजा और पताकादिकोंसे युक्तहै और यह अग्निके समान देदीप्यमान वृत्रासुरहै और यह पर्वताकार मुकुट कुंडलोंको धारण कियेहुए गढ़द्वार और अटारी इत्यादिकोंपर खड़ेहुए दैत्यलोग दिखते हैं यह मेघके समान आकार वाले हाथोंमें शस्त्रलिये महाविकृत मुख जीतनेकी इच्छा करने वाले दैत्यलोग गमन करतेहैं सो तुम मेरे भृत्योंसे युक होकर अपने असंख्य शस्त्रोंसे दैत्योंको दूरकरो ५।१० मैं उत्तमरथके द्वारा निश्चलाचल पर्वतपर स्थितहोके इसपुरके छिद्रको देखूंगा और तुम्हारी विजय करूंगा ११ जब पुष्ययोग करके यह तीनों पुर एक स्थानपर मिलेंगे तब एकही बाणसे मैं इसत्रिपुरको दग्धकर दूंगा १२ देवेन्द्र शिवजीके इस वचनको सुनकर अपनी सेनाको साथ लेकर उस पुरके विजय करने के लिये प्रस्थान करता भया अर्थात् इन्द्र अपने भयंकर देवता और शिवजीके पार्षदों समेत होकर जबचला उससमय देवता मेघोंके समान गर्जने और सिंहों के समान शब्दकरने लगे १३।१४ उस शब्दको सुनकर युद्धकी लालसावाले दैत्य त्रिपुरसे निकसकर आकाशमें दौड़तेहुए आये १५ बहुत से दैत्य मेघके समान गर्जनाकर मदोन्मत्त होकर सिंहके नादोंके समान बाजा बजाने लगे १६ देवताओं की भेरियों के शब्द जो सिंहके शब्दों के समान हो रहेथे वह दैत्यों के शब्दोंसे ऐसे नष्ट होगये जैसे कि बादलोंमें चन्द्रमा नष्टहोजाताहै और जैसे चन्द्रमाके उदयहोने पर समुद्र चढ़ताहै इसी प्रकार

तदद्भुतमरूपमहासुरैः १८ प्राकारेषुपुरेतत्र गोपुरेष्वपिचापरे । अट्टालकान्समारुह्य के
चिन्नलितवादिनः १९ स्वर्णमालाधराःशूराः प्रभासितकराम्बराः । केचिन्नदन्तिदनुजा
न्तोयमुक्ताइवाम्बुदाः २० इतश्चेतश्चधावन्तः केचिद्धूतवाससः । किमेतदितिपप्रच्छु
रन्योन्यंगृहमाश्रिताः २१ किमेतन्नैवजानामि ज्ञानमन्तर्हितंहिमे । ज्ञास्यसेनन्तरेणेति
कालोविस्तारतोमहान् २२ सोऽप्यसौपृथिवीसारं सिंहःचरथमास्थितः । तिष्ठतेत्रिपुरंपीड्य
देहंव्याधिरिवोच्छ्रितः २३ यएषोऽस्तिसएषोऽस्तु काचिन्तासंभ्रमेसति । एहिमायुधमादा
य क्षमेपृच्छाभविष्यति २४ इतितेऽन्योन्यमाविद्धा उत्तरोत्तरभाषिणः । आसाद्यपृच्छन्ति
तदा दानवास्त्रिपुरालयाः २५ तारकाख्यपुरेदैत्यास्तारकाख्यपुरःसराः । निर्गताःकुपितास्तूर्णं
विलादिवमहोरगाः २६ निर्द्धावन्तस्तुतेदैत्याः प्रमथाधिपयूथपैः । निरुद्धागजराजानो यथा
केसरियूथपैः २७ दर्पितानांततश्चैषां दर्पितानामिवाग्निनाम् । रूपाणिजज्वलुस्तेषामग्नी
नामिवधम्यताम् २८ ततोऽवहन्तिचापानि भीमनादानिसर्वशः । निकृष्यजघ्नुरन्योन्यमिषु
भिःप्राणभोजनैः २९ मार्जारमृगभीमास्यान्पार्षदान्विकृताननान् । दृष्ट्वादृष्ट्वाहसन्तुर्वैदान
वारूपसम्पदा ३० बाहुभिःपरिघाकारैः कृष्यतांधनुषांशराः । भटवर्मसुविविशुस्तडागानी

दैत्योंके उदय होने से त्रिपुर दुर्गका भयंकर रूप होजाता भया १७।१८ कुछ दैत्य लोग गढ़ द्वार और अपने २ स्थानोंपर चढ़े हुए बाजोंको बजाते थे कितनेही अटारियों पर और कितनेही चलते हुए अपने बाजोंको बजातेभये १९ कितनेही सुवर्णमाला धारण कियेहुए शोभित हाथोंवाले कितनेही मेघोंके समान नाद करने वाले होकर भी बाजे बजाने लगे कितनेही वस्त्रोंको कंपातेहुए जहां तहां भागतेहुए फिरनेलगे कितनेही अपने २ घरोंमें आकर परस्पर पूछतेहुए कि यहक्याहै २०।२१ किसी ने कहा कि मैं नहीं जानता मेरे भीतरका ज्ञान आच्छादित होगया कुछकाल पीछे सब जाना जायगा यह कालबड़ा विस्तार कर रहाहै २२ और सुमेरु पर्वत पर सिंहरूपसे रथमें बैठाहै त्रिपुर के पीड़ित करनेकेनिमित्त इसप्रकारसे स्थितहुआहै जैसे कि शरीरके पीड़ादेनेको रोगशरीरमें स्थित होताहै २३ जो होयसोहोय हमको संभ्रम क्यों करनाचाहिये क्या चिन्ताहै तुमशस्त्रलेकरआओ मुझसे क्या पूछनाचाहतेहो २४ त्रिपुरवासी दैत्य इसप्रकार संभाषणकरके परस्परपूछनेलगे कि तारकासुरके पुरवासी दैत्य तारकासुरसमेत क्रोधकरके बड़ीशीघ्रतापूर्वक पुरसे ऐसे निकलते भये जैसेकि क्रोधयुक्तसर्प अपने२ बिलों से शीघ्रतापूर्वक निकलतेहैं २५।२६ उनभागतेहुए दैत्योंको शिवजी के गणोंने ऐसेरोकलिया जैसे कि सिंहोंकेगण बड़े २ हाथियोंको रोकलेतेहैं २७ तब अभिमानकरनेवाले धुमायेहुए अग्नियोंकेसमान इनदेवता और दैत्योंकेरूप देदीप्यमानहोतेभये २८ इसके अनन्तर बहुतसे धनुषधारी भयंकर शब्दकरतेहुए प्राणोंके नाशकारक बाणोंको परस्परमें खींचकर मारतेभये २९ दैत्यलोग उनबिलाव और मृगोंके समान बिकराल मुखवाले शिवजीके गणोंको देख २ कर ऊंचे स्वरोंसे हँसनेलगे ३० मूसलोंकेसमान आकारवाली भुजाओंसे खैंचेहुए धनुषों से बाण शूरवीरोंकेशरीरों में ऐसेप्रवेश करजाते भये जैसेकि तड़ागों में मत्स्य और वृक्षों में पक्षी घु

चपार्षिणः ३१ मृता स्थक्नुयास्येथ हनिष्यामोनिवर्त्तताम्। इत्येवंपरुषाण्युक्त्वा दानवाःपा
र्षदर्षभाम् ३२ विभिदुःसायकैस्तीक्ष्णैः सूर्य्यपादाइवाम्बुदाम् । प्रमथाअपिसिंहाक्षाः सिंह
विक्रान्तविक्रमाः । खण्डशैलशिलावृक्षैर्विभिदुर्दैत्यदानवान् ३३ अम्बुदैराकुलमिव हं
साकुलमिवाम्बरम् । दानवाकुलमत्यर्थं तत्पुरंसकलंबभौ ३४ विकृष्टचापादैत्येन्द्राः सृज
न्निशरदुर्दिनम् । इन्द्रचापांकितोरस्का जलदाइवदुर्दिनम् ३५ इषुभिस्ताड्यमानास्ते भू
योभूयोगणेश्वराः । चक्रुस्तेदेहनिर्यासं स्वर्णधातुमिवाचलाः ३६ तथावृक्षशिलावज्रशूल
पट्टिपरश्वधैः । चूर्ण्यन्तेऽभिहतादैत्याःकाचाष्टङ्कहताइव ३७ चन्द्रोदयात्समुद्भूतः पौर्ण
मास्इवार्णव । त्रिपुरंप्रभवत्तद्दुर्गीमरूपमहासुरैः ३८ तारकाक्षोजयत्येषइतिदैत्याअघो
षयन् । जयतीन्द्रश्चरुद्रश्च इत्येवचगणेश्वराः ३९ वारितादारिताबाणैर्योधास्तस्मिन्ब
लोभये। निःश्वनन्तोऽम्बुसमये जलगर्भाइवाम्बुदाः ४० करैश्छिन्नैःशिरोभिश्च ध्वजैश्छ
त्रैश्चपाण्डुरैः । युद्धभूमिर्भयवती मांसशोणितपूरिता ४१ व्योम्निचोत्प्लुत्यसहसा ताल
मात्रंवरायुधैः । दृढाहता पतन्पूर्वं दानवाःप्रमथास्तथा ४२ सिद्धाश्चाप्सरसश्चैव चार
णाश्चनभोगताः। दृढप्रहारंहर्षिताःसाधुसाध्वितिचुक्रुशुः ४३ अनाहताश्चवियति देव

जातेहैं ३१ हम गयेहैं कहाँ जाओगे तुम को मारेंगे हटजाओ ऐसे२ कठोर वचन दैत्य लोग शिवजी के पार्षदों से कहते भये ३२ वह दैत्य शिवगणों को तीक्ष्ण बाणोंसे ऐसे वेधते भये जैसे कि बादलों को सूर्य्यकी किरणें भेदती हैं सिंहके समान नेत्रवाले महा पराक्रमी शिवके पार्षदभी शिला वृक्षादिकों करके दानवों को मारते भये जैसे कि मेघ और हंसोंसे संकुल आकाश होताहै उसी प्रकार दानवोंसे आकुल संपूर्ण त्रिपुर होताभया ३३।३४ जैसे कि इन्द्रधनुषसे शोभितहुए मेघ दुर्दिनको भेदन कर-तेहैं उसी प्रकार सब दैत्य बाणोंको खींचकर बाणरूपी दुर्दिन को मारतेथे ३५ बाणों करके ताडित कियेहुए गणेश्वर देहोंको ऐसे त्याग करते थे जैसे कि पर्व्वतों के समूह सुवर्ण धातुको अलग काढ देते हैं ३६ इसके पीछे वृक्ष शिला, वज्र, शूल, पट्टिश, फरसे और अनेक शस्त्र विशेषों से हतहुए दैत्यों के शरीर ऐसे चूर्ण होजाते भये जैसे कि पत्थर आदिक वस्तुओं से काच चूर्ण होजाते हैं ३७ जैसे कि चन्द्रमाके उदयहोनेसे समुद्र उभलताहै उसी प्रकार भयकर रूप महाअसुरों से त्रिपुर दुर्ग उभलताभया ३८ फिर दैत्योंने तो पुकारा कि यह तारकासुरजीतता है और गणेश्वरोंने पुकारा कि इन्द्र और शिवजीततेहैं ३९ उन दोनों सेनाओं में बाणोंसे विदारित हुए योद्धा ऐसे श्वास लेतेभये जैसे कि जलसे भरेहुए मेघश्वास लेतेहैं ४० कटेहुए हाथ, शिर, ध्वजा, छत्रादिकों से मांसरुधिरसे भरी हुई वह रणभूमि महा भयकारी होजातीभई ४१ वह सब गणेश्वर हाथोंसे ताल बजाकर आ-काशमें उछलते हुए फिर श्रेष्ठ शस्त्रों को भी धारण करते भये उस समय जब सब प्रकार से हतहो-कर दानव गिरते भये तब गणेश्वर, सिद्ध, अप्सरा और चारणादिक यह सब आकाशमें स्थित होकर प्रहार कर२ प्रसन्नहो२ साधुसाधु शब्द करतेभये ४२ । ४३ आकाश में देवताओं के नगाड़े बजे वह समय ऐसा शोभित मालूम होताथा जैसे कि मेघकेगर्जनसे क्रोधयुक्त कुत्तोंके भोंकनेपर शोभा होती

दुन्दुभयस्तथा। नदन्तोमेघशब्देन सरमाइवरोषिताः ४४ तेतस्मिंस्त्रिपुरेदैत्या नद्यःसिन्धुपताविव। विशन्तिक्रुद्धवदना वल्मीकमिवपन्नगाः ४५ तारकाक्षपुरेतस्मिन्सुराःशूराः समन्ततः। सशस्त्रानिपतन्तिस्म सपक्षाइवभूधराः ४६ योधयन्तित्रिभागेन त्रिपुरेतुगणेश्वराः। विद्युन्मालीमयश्चैव भग्नौचद्रुमवद्रणे ४७ विद्युन्मालीसदैत्येन्द्रो गिरीन्द्रसदृशद्युतिः। आदायपरिघंघोरं ताडयामासनन्दिनम् ४८ सनन्दीदानवेन्द्रेण परिघेणादृढाहतः। भ्रमतेमधुनाव्यक्तः पुरानारायणोयथा ४९ नन्दीश्वरेगतेतत्र गणपाख्यातविक्रमाः। दुद्रुवुर्जातसंरम्भा विद्युन्मालिनमासुरम् ५० घण्टाकर्णःशंकुकर्णौ महाकालश्चपार्षदाः। ततश्चसायकैःसर्वान् गणपाञ्गणपाकृतीन् ५१ भूयोभूयःसविव्याधगणेश्वरसंहत्तमान्। भित्वाभित्वारुरावोच्चैर्नभस्यम्बुधरोयथा ५२ तस्यारम्भितशब्देन नन्दीदिनकरप्रभः। संज्ञांलभ्यततःसोऽपि विद्युन्मालिनमाद्रवत् ५३ रुद्रदत्तंतदादीप्तं दीप्तानलसमप्रभम्। वज्रंवज्रनिभाङ्गस्य दानवस्यससर्जह ५४ तन्नन्दिभुजनिर्मुक्तं मुक्ताफलविभूषितम्। पपातवक्षसितदावज्रंदैत्यस्यभीषणम् ५५ सवज्रंनिहतोदैत्यो वज्रसंहननोपमः। पपातवज्राभिहतः शक्रेणाद्रिरिवाहतः ५६ दैत्येश्वरंविनिहतं नन्दिनाकुलनन्दिना। चुक्रुशुर्दानवाःप्रेक्ष्यदुद्रुवुश्चगणाधिपाः ५७ दुःखामर्षितरोषास्ते विद्युन्मालिनिपातिते। द्रुमशैल

है ४४ उस समय वह शेष बचे हुए दैत्य त्रिपुर में ऐसे प्रवेश करते भये जैसे कि समुद्रमें नदी और बिलोंमें सर्प प्रवेश करतेहों ४५ उस तारकाक्ष पुरमें सब दैत्य शस्त्रों को धारण करके ऐसे पड़तेभये जैसे कि सपक्ष पर्व्वत उड़२ कर गिरतेहों ४६ उसपुरमें जाकर गणेश्वर लोग तीन स्थानमें युद्धकरते भये तब उसरणमें मय दैत्य और विद्युन्माली यह दोनों भी आतेभये उस समय हस्ती के समान स्थूल शरीर वाले विद्युन्माली ने मूसलको ग्रहण करके शिवजीके नन्दीको ताड़न किया उस मूसल के प्रहार से नन्दी ऐसे भ्रमण करता भया जैसे कि नारायण के प्रहार से मधुदैत्य भ्रमता हुआ था ४७। ४९ फिर वहाँ से नन्दिकेश्वर चला गया तब बड़े प्रसिद्ध पराक्रम वाले शिवजीके गणवेगसे दौड़तेहुए विद्युन्माली दैत्यके पासआये ५० अर्थात् घंटाकर्ण, शंकुकर्ण, और महाकाल यहतीन पार्षदआये इनसबको विद्युन्मालीदैत्यने बाणोंसेवेधा ५१ और गणेशादिक गणेश्वरोंको बहुत पीड़ादेकर मेघकी गर्जनाकेसमान भयंकर शब्दकरनेलगा ५२ फिर तो उसके उच्चस्वर के शब्दोंकरके सूर्यके समान कान्तिवाले नन्दिकेश्वरको संज्ञाहुई तब फिर वहभी विद्युन्माली दैत्यके सन्मुख आया ५३ और शिवजीके दियेहुए अग्निके समान कान्तिवाले वज्रको उसने दैत्यके ऊपरछोड़ा ५४ तब नन्दिकेश्वरके हाथसे छूटाहुआ मोतियोंसे भूषित महाभयंकर वह वज्र उसदैत्यकी छातीमें लगताभया ५५ उसवज्रके लगतेही वज्रके समान कठोर शरीरवाला वह दैत्यपृथ्वीपरऐसे गिरताभया जैसे कि इन्द्रके वज्रसे हतहुआ पर्व्वत गिरताहै ५६ फिर नन्दिकेश्वरसे हतहुए विद्युन्माली दैत्यको अन्य दानव देखकर पुकारे और सेनाओंके सब स्वामी भागे ५७ तब तो महादुःख के क्रोधसे युक्त होकर दैत्य लोग शिवजीके पार्षदोंपर वृक्ष और पर्व्वतोंकी ऐसे वर्षा करते भये जैसे

महावृष्टिंपयोदाःसस्रुजुर्यथा ५८ तेपीड्यमानागुरुभिर्गिरिभिश्चगणेश्वराः। कर्तव्यंन विदुःकिञ्चिदुवन्ध्यमाधार्मिकाइव ५९ ततोऽसुरवरः श्रीमांस्तारकाक्षःप्रतापवान्। सतरूणांगिरीणांवै तुल्यरूपधरोविभौ ६० भिन्नोत्तमाङ्गाङ्गगणपा भिन्नपादाङ्किताननाः। विरेजुभुजगामन्त्रैर्वार्यमाणायथातथा ६१ मयेनमायावीर्येणवध्यमानागणेश्वराः। भ्रमन्तिबहुशब्दालाःपञ्जरेशकुनाइव ६२ तथासुरवरःश्रीमांस्तारकाक्षः प्रतापवान्। ददाहचबलंसर्वं शुष्केन्धनमिवानलः ६३ तारकाक्षेणवार्यन्ते शरवर्षैस्तदागणाः। मयेनमायानिहतास्तारकाख्येणचेपुभिः ६४ गणेशाविधुराजाता जीर्णमूलायथाद्रुमाः ६५ भूय.सम्पततेचाग्निर्ग्रहान्ग्राहान्भुजङ्गमान्। गिरीन्द्रांश्चहरीन्व्याघ्रान् वृक्षान्सृमरवर्णकान् ६६ शरभानष्टपादांश्चआपःपवनमेवच। मयोमायाबलेनैव पातयत्येवशत्रुषु ६७ तेतारकाक्षेणमयेन मायया संमुह्यमानाविवशागणेश्वराः। नशक्नुवंस्तेमनसापिचेष्टितुं यथेन्द्रियार्थामुनिनाभिसंयताः ६८ महाजलाग्न्यादिसकुञ्जरोरगैर्हरीन्द्रव्याघ्रर्क्षतरक्षुराक्षसैः। विबाध्यमानास्तमसाविमोहिताःसमुद्रमध्येष्विवगाधकाङ्क्षिणः६९संमर्द्यमानेषु गणेश्वरेषु सन्नर्दमानेषुसुरेतरेषु। ततःसुराणांप्रवराभिरक्षितुं रिपोर्बलंसंविविशुः सहायुधाः ७० यमोगदास्त्रो वरुणश्चभास्करस्तथाकुमारोऽमरकोटिसंयुतः। स्वयंचशक्रःसितनागवाहनःकुलीशपा

कि जलकी वर्षा मेघ करते हों ५८ बहुत भारी २ पर्वतों से पीड़ित हुए शिवजीके गणेश्वर कुछ कर्त्तव्यको भी भूलगये अर्थात् कुछ अपना करतव न करसके ५९ इसके अनन्तर तारकासुर दैत्य वृक्षों से युक्त पर्वताकार शरीर धारण करताभया ६० उस समय कटेहुए शिर चरण और मुखों वाले वह गणेश्वर ऐसे शोभितहुए जैसे कि मंत्रों से कीले हुए सर्प होते हैं ६१ मायाके पराक्रम वाले मयदैत्यसे बांधेहुए शिवजीके गण ऐसे भ्रमते भये जैसे कि बहुत शब्दोंवाले पक्षी पिंजरे में भ्रमते हैं ६२ और श्रीमान् तारकासुर दैत्य देवताओं की सेनाको ऐसे दग्ध करता भया जैसे कि प्रबलअग्नि सूखे इंधनको जलाताहै ६३ उस समय तारकासुर और मयदैत्यने बाणोंकी वर्षाकरके शिवजीके गणोंको महाहत करदिया तब शिवजीके गण ऐसे कांपने लगे जैसे कि जीर्णहोने वाले वृक्षवायुके वेगसे कंपायमान होते हैं ६४। ६५ फिर मयदैत्यकी मायाके बलसे वहां अग्नि उत्पन्न होता भया वह अग्नि देवता और शिवजीके गणों पर ग्रह,ग्राह, सर्प, पर्वत,सिंह, व्याघ्र, वृक्ष कटी हुई परोंवाली टीड़ी जल और वायु इन सबको छोड़ता भया ६६।६७ मयदैत्यकी मायासे मोहके द्वारा विवश हुए वह गणेश्वर दैत्योंके साथमन करके भी युद्ध करने को ऐसे समर्थ नहीं होते भये जैसे कि मुनियोंसे रोके हुए विषय अपनी२ सामर्थ्य से रहित होजाते हैं महा जल, अग्नि, हाथी, सर्प, सिंह, व्याघ्र, रीछ और राक्षस इनसे पीड़ित और अन्धकारसे मोहित हुए गणेश्वर ऐसे महा दुःखको प्राप्त होते भये जैसे कि थाहको ढूंढ़ता समुद्रमें डूबता हुआ पुरुष विकल होताहै ६८।६९ जब गणेश्वर पीड़ित होने लगे दैत्य शब्द करनेलगे तब देवताओंकी रक्षाके निमित्त शस्त्रोंको धारण किये हुए आगे कहे हुए गण प्राप्त हुए ७० गदाको धारण किये हुए धर्मराज, वरुण, सूर्य्य, देवता·

णिःसुरलोकपुङ्गवः ७१ सचोडुनाथःससुतोदिवाकरः ससान्तकस्त्र्यक्षपतिर्महाद्युतिः।
एतेरिपूणांप्रबलाभिरक्षितं तदाबलंसंविविशुर्मदोद्धताः ७२ यथावनंदर्पितकुञ्जराधिपा
यथानभःसाम्बुधरंदिवाकरः। यथाचसिंहैर्विजनेषुगोकुलं तथाबलंतत्त्रिदशैरभिद्रुतम् ७३
कृतप्रहारातुरदीनदानवं ततस्त्वभज्यन्तबलंहिपार्षदाः। स्वज्योतिषांज्योतिरिवोप्मवान्
हरिर्यथातमोघोरतरंनराणाम् ७४ विशान्तयामासयथासदैव निशाकरःसञ्चितशार्वरन्त
मः। ततोऽपकृष्टेचतमःप्रभावे अस्त्रप्रभावेचविवर्द्धमाने ७५ दिग्लोकपालैर्गणनायकै
श्च कृतोमहान्सिंहरवोमुहूर्तम्। संख्येविभग्नाविकराविपादाश्छिन्नोत्तमाङ्गाःशरपूरिता
ङ्गाः ७६ देवेतरादेववरैर्विभिन्नाः सीदन्तिपङ्केषुयथागजेन्द्राः। वज्रेणभीमेनचवज्रपाणिः
शक्त्याचशक्त्याचमयूरकेतुः ७७ दण्डेनचोग्रेणचधर्मराजः पाशेनचोग्रेणचवारिगोप्ता।
शूलेनकालेनचयक्षराजो वीर्येणतेजस्वितयासुकेशः ७८ गणेश्वरास्तेसुरसन्निकाशाः पू
र्णाहुतीसिक्तशिखिप्रकाशाः। उत्सादयन्तेदनुपुत्रवृन्दान्यथैवइन्द्राशनयःपतन्त्यः ७९ म
यस्तुदेवान्परिरक्षितारमुमात्मजंदेववरंकुमारम्। शरेणभित्त्वासहितारकासुतं सतारका
ख्यासुरमाबभाषे ८० कृत्वाप्रहारंप्रविशामिवीरं पुरंहिदैत्येन्द्रबलेनयुक्तः। विश्राममूर्ज
स्करमप्यवाप्य पुनःकरिष्यामिरणंप्रपन्नैः ८१ वयंहिशस्त्रक्षतवीक्षिताङ्गा विशीर्णशस्त्रध्व

ओंकी कोटिसे युक्त स्वामिकार्त्तिक, ऐरावत हाथीपर वज्रको हाथमें लिये इन्द्र ७१ और महाकान्ति
वाले नवग्रह यह सब मदोन्मत्त ग्रहों समेत वैरियों की सेनामें ऐसे प्रवेश करतेभये जैसे मदो-
न्मत्त हाथीवनको तोड़े और मेघवाले बादल में सूर्य्य चमकता होय उनके प्रवेश करतेही दैत्यों की
सेना ऐसे भागी जैसे कि निर्जन वनमें सिंहों के मारे गौएं भाजती चलीजाती हैं ७२ । ७३
प्रहारों से पीड़ितहुए दैत्योंको देवतालोग ऐसेदूर करदेतेभये जैसेकि बड़ेघोर अन्धकारको सूर्य्य दूर
करदेते हैं ७४ जैसेकि रात्रिके संचितहुए अंधेरेको चन्द्रमा दूर करदेताहै उसीप्रकार शिवजीकी कृपा
से दैत्यों के अन्धकाररूपी शस्त्रोंका प्रभाव दूरहोगया उससमय दिग्पाल, लोकपाल और गणेश्वरों
ने सिंहके शब्दके समान महानाद किया उसयुद्धमें सब दैत्यकटेहुए हाथपैर और शिरोंवाले बाणोंसे
भिदे अंगवाले होतेभये ७५।७६ देवताओंसे भेदन कियेहुए दैत्य ऐसेदुःख पातेभये जैसेकि कीचमें
फँसे हुए हाथी दुःखपाते हैं उसकालमें इन्द्रने वज्रसे ताड़न किया, स्वामिकार्त्तिकने अपनी शक्तिसे
७७धर्मराजने उग्रदंडसे, वरुणजीने फाँसीसे और कुबेरने अपने पराक्रमके द्वारा बड़ेतेजयुक्त त्रिशूल
से दैत्योंका नाशकिया ७८ वह गणेश्वरलोग पूर्णाहुति से प्रकाशित अग्निके समान देदीप्यमानहो-
कर युद्धमेंसे दैत्योंको भजातेहुए विद्युतोंके समान इधरउधर कड़कतेभये ७९ तब मयदैत्य देवताओं
के रक्षक स्वामिकार्त्तिकको बाणोंसे बेधकर तारकासुर दैत्यसे बोला ८० हे दैत्य अबमैं प्रहार करके
इस त्रिपुर में प्रवेशकरूंगा तू भी यहां पुरमें विश्रामकर फिर इन प्राप्त होनेवाले देवताओं से युद्ध
करेंगे ८१ हमशस्त्रों के लगने से कटेहुए अंगवाले होरहे हैं हमारे शस्त्र, ध्वजा और वाहनोंको सजो
यद्यपि यहसब शिथिल होरहे हैं तो भी सजो क्योंकि यहसब गणेश्वर लोग हमारे जीतने कीइच्छा

जवमेवाहाः। जयैषिणस्तेजयकाशिनश्च गणेश्वरालोकवराधिपाश्च ८२ मयस्यश्रुत्वादि वितारकाख्यो वचोऽभिकाङ्क्षन्क्षतजोपमाक्षः। विवेशतूर्णंत्रिपुरन्दितेःसुतैः सुतैरदित्या युधिनृद्धहर्षैः ८३ ततःसशङ्खानकभेरिभीमं ससिंहनादंहरसैन्यमावभौ। मयानुगंघोरग भीरगह्वरं यथाहिमाद्रेर्गजसिंहनादितम् ८४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेचतुस्त्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३४॥

(सूत उवाच) मयःप्रहारंकृत्वातु मायावीदानवर्षभः। विवेशतूर्णंत्रिपुरमभ्रंनीलमिवाम्बरम् १ सदीर्घमुष्णंनिश्वस्य दानवान्वीक्ष्यमध्यगान्। दध्यौलोकक्षयेप्राप्ते कालंकाल इवापरः २ इंद्रोऽपिविभ्यतेयस्य स्थितोयुद्धेप्सुरग्रतः। सचापिनिधनंप्राप्तो विद्युन्माली महायशाः ३ दुर्गंवैत्रिपुरस्यास्य नसमंविद्यतेपुरम्। तस्याप्येषोनयःप्राप्तो नदुर्गंकारणं क्वचित्४कालस्यैववशेसर्वं दुर्गंदुर्गतरञ्चयत्। कालेक्रुद्धेकथंकालात्त्राणंनोऽद्यभविष्यति५ लोकेषुत्रिषुयत्किञ्चिद् बलंवैसर्वजन्तुषु। कालस्यतद्वशंसर्वमितिपैतामहोविधिः ६ अस्मिन्कःप्रभवोयोगोह्यसन्धार्यमितात्मनि। लङ्घनेकःसमर्थःस्यादृतेदेवंमहेश्वरम् ७ बिभेमिनेन्द्राद्वियमाद्वरुणान्नचवित्तपात्। स्वामीचैषान्तुदेवानां दुर्जयःसमहेश्वरः ८ ऐश्वर्यस्यफलंयत्तत् प्रभुत्वस्यचयत्फलम्। तदद्यदर्शयिष्यामि यावद्वीराःसमन्ततः ९ वापीममृततोयेन पूर्णांस्रक्ष्येवरौषधीः। जीविष्यन्तितदादैत्याः सञ्जीवनवरौषधीः १० इति

करहे हैं ८२ इसमयके वचनको तारकासुर दैत्य सुनकर शीघ्रही सब दैत्यों समेत पुरमें प्रवेश करता भया ८३ तब देवताओं की सेना में शंखढोल और भेरीआदिक का शब्द सिंहनादके समान होता भया वह ऐसाशब्दहुआ मानों हिमाचलपर्वत में सिंह और हाथी गर्जना कररहे हों ८४॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुस्त्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः १३४॥

सूतजी बोले कि दानवोंमें उत्तम बड़ा मायावी मयनाम दैत्य देवतोंपर प्रहारकरके त्रिपुरमें ऐसे प्रवेश करगया जैसेकि नीले अम्बरमें नीलाबादल प्रवेश करजाता है १ फिर वह दैत्य बड़े २ दीर्घ श्वासोंको लेकर अपनेको दानवों के मध्यमें प्राप्तहुआ देखकर लोकके नाशमें कालका ध्यान करने लगा कि वह विद्युन्माली जो दूसरे कालके बराबरथा और जिसके भयसे वज्रधारी इन्द्रयुद्धसे हट कर जलोंमें स्थितहुआ था ऐसा महायशवाला भी होकर नाशको प्राप्तहोगया २।३ इस त्रिपुरनाम पुरके समान कोई गढ़नहीं है ऐसा विचारकर उससमय इस दैत्यको यह नीति प्राप्त हुई कि यहां कुछ यह पुरही कारण नहीं होसका है क्योंकि यहगढ़ और इस्से भी बड़े २ गढ़ यह सब कालही के वशीभूत हैं जब कि हमारे क्रोधसे कालही हमारा शत्रु है उस्से युद्धकैसे होसकाहै तीनों लोकों के जीवमात्रमें जो बल पराक्रमहै वह सब कालकेही आधीनहै यह ब्रह्माजीकी युक्त विधिहै ६ ऐसे कालमें कौनसा उद्योग सफल होसक्ताहै शिवजीके विना इसप्रबल कालको कौनउल्लंघनकर सकाहै ७ मैं इन्द्र, वरुण, यम और कुबेरादिकोंसे भी नहीं डरताहूं परन्तु जो काल इन सबकाभी स्वामी है उसकालका जीतनाबड़ा कठिनहै ८ मैं अब सब वीरोंके सन्मुख अपनी ईश्वरता, प्रभुता

सञ्चिन्त्यबलवान् मयोमायाविनांवरः। माययासमृजेवापीं रम्भामिवपितामहः ११ द्वियो
जनायतांदीर्घां पूर्णयोजनविस्तृताम्। आरोहसंक्रमवतीं चित्ररूपांतथैवच १२ इन्दोः
किरणकल्पेन मृष्टेनामृतगन्धिना। पूर्णांपरमतोयेन गुणपूर्णामिवाङ्गनाम् १३ उत्पलैःकु
मुदैःपद्मैर्वृतांकादम्बकैस्तथा। चन्द्रभास्करवर्णाभैर्भीमैरावरणैर्वृताम् १४ खगैर्मधुररावै
श्च चारुचामीकरप्रभैः। कामैषिभिरिवाकीर्णां जीवानामरणीमिव १५ तांवापींसृज्यसम
यो गङ्गामिवमहेश्वरः। तस्यांप्रक्षापयामास विद्युन्मालिनमादितः १६ सवाप्यांमज्जि
तोदैत्यो देवशत्रुर्महाबलः। उत्तस्थाविन्धनैरिद्धः सद्योहुतइवानलः १७ मयस्यचाञ्जलिं
कृत्वा तारकाख्योऽभिवादितः। विद्युन्मालीतिवचनं मयमुत्थायचाब्रवीत् १८ कनन्दीस
हरुद्रेण वृतःप्रमथजम्बुकैः। युद्धामोनन्दिनंपीड्य दयादेहेषुकाहिनः १९ अन्वास्येवच
रुद्रस्य भवामःप्रभविष्णवः। तैर्वाविनिहतायुद्धे भविष्यामोयमाशनाः २० विद्युन्माले
र्निशम्यैतन्मयोवचनमूर्जितम्। तंपरिष्वज्यसाद्रांक्ष इदमाहमहासुरः २१ विद्युन्मालिन्न
मेराज्य मभिप्रेतन्नजीवितम्। त्वयाविनामहाबाहो! किमन्येनमहासुर! २२ महामृतम
यीवापी ह्येषामायाभिरीश्वर!। सृष्टादानवदैत्यानां हतानांजीववर्द्धिनी २३ दिष्ट्यात्वांदे

और पराक्रमका जो फलहै वह अच्छेप्रकारसे दिखाऊँगा मैं एक अमृत जलसेभरीहुई बावड़ी बना-
ऊंगा और ऐसी श्रेष्ठ औषधीको भी बनाऊंगा जिस्से कि मेरे सब दैत्य उस संजीविनी औषधीसे जी-
वेंगे९।१०उस महामाया रचने वालोंमें श्रेष्ठ बड़े बलवान् मयदैत्यने ऐसा विचारकर अपनी माया
करके आठकोसलंबी चारकोस चौड़ी सुन्दर सीढ़ियों वाली अनेकरूपयुक्त चन्द्रमाकी किरणोंके स-
मान स्वच्छ अमृत के समान सुगन्धियुक्त जलसे पूर्ण सुन्दर गुण सम्पन्न स्त्री के समान ऐसी बा-
वड़ी रची जैसीकि ब्रह्माजीने रंभाको रचाया११।१३कमल कुमोदिनी पद्म और कदम्बों समेत सूर्य
चन्द्रमाके वर्णवाले भयानक आवरणोंसे युक्त उस बावड़ी को चारों ओर से सुन्दर मीठे भमीरी के
समान शब्दकरने वाले और कामदेवके इच्छाकरानेवाले पक्षियों से व्याप्तवृक्षोंसे शोभितकिया यह
ऐसी बावड़ीथी जैसी कि जीवोंसे भरीहुई नौकाहोतीहै जैसे कि गंगाजीको शिवजीने प्रकटकिया उसी
प्रकार मय दैत्यने उस बावड़ीको रचकर उसमें विद्युन्मालीकी लासको स्नानकरवाया उसमें स्नान
करातेही वह देवताओंका शत्रु मराहुआ विद्युन्माली जीकर ऐसे उठबैठा जैसे कि बुझीहुई अग्नि घृत
के डालने से दीप्तहोजाती है १४।१७ फिर वह सत्कार कियाहुआ तारकनाम दैत्य अंजली बाँधकर
मयके आगेबोला और विद्युन्माली भी बोला १८ कि नन्दी प्रेतादिक गण और शृगालादिकों समेत
शिवजी कहाँ हैं हम उन्हीं शिवजीकेसंग युद्धकरेंगे और नादियेको मारकर सबसेनाको जीतेंगे और
शिवजीको निकासकर सब जगत् के स्वामीहोंगे अथवा सेनासमेत शिवजीसे मारेहुए होकर धर्मराज
के स्थानमें चलेजावेंगे१९।२०विद्युन्माली के इसवचनको सुनकर मयदैत्य बड़ेप्रसन्ननेत्रहृदयसे उससे
मिलकर यह वचनबोला २१ हे विद्युन्माली तेरे विनामुझे राज्यसमेत अपना जीवनभी अच्छानहीं
लगता तो और वस्तु क्या अच्छीलगेगी २२ और हेवीर यह महा अमृतमयी बावड़ी जो मैंने माया

त्य ! पश्यामि यमलोकादिहागतम् । दुर्गतावनयग्रस्तं भोक्ष्यामोऽद्यमहानिधिम् २४ द
ष्ट्वादृष्ट्वाचतांवापीं माययामयनिर्मिताम् । हृष्टाननाक्षादैत्येन्द्रा इदंवचनमब्रुवन् २५ दान
वा ! युद्ध्यतेदानीं प्रमथैःसह निर्भयाः । मयेननिर्मितावापी हतान्सञ्जीवयिष्यति २६ त
तःक्षुब्धाम्बुधिनिभाभेरीसानुभयङ्करी । वाद्यमानाननादोच्चै रौरवीसापुनःपुनः २७ श्रुत्वा
भेरीरवंघोरं मेघारम्भितसन्निभम् । न्यपतन्नसुरास्तूर्णं त्रिपुराद्युद्धलालसाः २८ लोहरा
जतसौवर्णैः कटकैर्मणिराजितैः । आमुक्तैःकुण्डलैर्हारैर्मुकुटैरपिचोत्कटैः २९ धूमायि
ताह्यत्रिरमा ज्वलन्तइवपावकाः । आयुधानिसमादाय काशिनोदृढविक्रमाः ३० नृ
त्यमानाइवनटा गर्जन्तइवतोयदाः । करोच्छ्रयाइवगजा सिंहाइवचनिर्भयाः ३१ ह्र
दाइवचगम्भीराः सूर्य्याइवप्रतापिताः । द्रुमाइवचदैत्येन्द्रास्त्रासयन्तोवलंमहत् ३२ प्र
मथाअपिसोत्साहा गरुडोत्पातपातिनः । युयुत्सवोऽभिधावन्ति दानवान्दानवारयः ३३
नन्दीश्वरेणप्रमथास्तारकाख्येणदानवाः । चक्रुःसंहत्यसंग्रामंक्षोद्यमानावलेनच ३४
तेऽसिभिश्चन्द्रसङ्काशैः शूलैश्चानलपिङ्गलैः । बाणैश्चदृढनिर्मुक्तैरभिजघ्नुःपरस्परम्
३५ शराणांसृज्यमानानामसीनाञ्चनिपात्यताम् । रूपाण्यासन्महोल्कानां प्रतन्तीना
मिवाम्बरात् ३६ शक्तिभिर्भिन्नहृदया निर्दयाइवपातिताः । निरयेष्विवनिर्मग्नाः कूजन्ते

करके वनाई है सो मरेहुए दैत्य दानवोंकी जिलानेवाली है २३ हे दैत्य मैंने तुम्हें यमलोकसे आयेहुये
को देखाहै यह बड़े कल्याणकी वातहै हमारी दुर्गतिदशामें जो २ खजाने अन्यायकरके लूटगयेथे उन
सब खजानोंको अब फिर करके हम भोगेंगे २४ फिर उस मयदैत्यकी बनाईहुई वावड़ीको सब दैत्य
वारंवार देखकर बड़ेप्रसन्न मुखसे यह वचनवोले २५ कि हे दानवलोगो इस समय प्रेतादिकों के
गणोंसे निर्भयहोकर युद्धकरो और यहमयकी बनाई वावड़ी सबमरेहुए दैत्योंको जिवावेगी क्योंकि
संजीविनी वापी वनाई है २६ इसके पीछे क्षुभित समुद्रके समान कान्तिवाले दैत्य भेरी पटह आ-
दिक अनेक वाजे वजाते और गंभीर शब्दोंको करतेहुए कोलाहल करने लगे २७ तबमेघके समान
भेरीके घोर शब्दोंको सुनकर सब दैत्य युद्धकरनेकी लालसा करके त्रिपुर नगरसे उतरे २८ लोहे
चाँदी और सुवर्ण इनधातुओंके कड़ूले मणि मुक्ताओंके विभूषण और कुंडल हार मुकुट इनसब उत्त-
म भूषणोंसे शोभित ज्वलित अग्निके समान कान्तिवाले शस्त्रोंको ग्रहण कियेहुए सब दैत्य नटों के
समान नाचते भये और मेघोंके सदृश गर्जनाकरते हाथीके समान सूंड़ोंसे फुंकारमारते बड़े निर्भय
सिंहनादकरतेहुए गर्जने लगे २९।३१ तड़ागोंके समान गंभीर सूर्य्यके समान संतप्त ऊंचे २ वृक्षोंके
समान दैत्यलोग देवताओंकी सेनाको पीड़ादेने लगे ३२ तब शिवजीकेभी गण गरुड़के वेगकी समान
कूदयुद्धकी इच्छा करके दैत्यों के सन्मुख आये ३३ नन्दिकेश्वरके साथ शिवजीके गण और तारका-
सरके साथ दैत्यलोग आपसमें मिलकर इकट्ठे होहो वारंवार युद्ध करने लगे ३४ उस समय वह
दोनों दैत्य और शिवजीके गण चन्द्रमाकीसी कान्तिवाले खड्गों से अग्निके समान कान्तिवाले शू-
लोंसे और तीक्ष्णवाणोंसे युद्धमें परस्पर प्रहार करते भये ३५ गिरते हुए वाण और खड्गादिकोंके

प्रमथासुराः ३७ हेमकुण्डलयुक्तानि किरीटोत्कटवन्तिच। शिरांस्युर्व्यांपतन्तिस्म गिरिकूटानिवात्यये ३८ परश्वधैःपट्टिशैश्च खड्गैश्चपरिघैस्तथा। छिन्नाःकरिवराकारा निपेतुस्तेधरातले ३९ गर्जन्तिसहसाहृष्टाः प्रमथाभीमगर्जनाः। साधयन्त्यपरेसिद्धा युद्धगान्धर्वमद्भुतम् ४० बलवान्भासिप्रमथ दर्पितोभासिदानव!। इतिचोच्चारयन्वाचं वारणारणधूर्गताः ४१ परिघैराहताःकेचिद्दानवैःशङ्करानुगाः। वमन्तेरुधिरंवक्त्रैः स्वर्णधातुमिवाचलाः ४२ प्रमथैरपिनाराचैरसुराःसुरशत्रवः। द्रुमैश्चगिरिशृङ्गैश्च गाढमेवाहवेहताः ४३ सूदितानथतान्दैत्या नन्येदानवपुङ्गवाः। उत्क्षिप्यचिक्षिपुर्वाप्यां मयदानवनोदिताः ४४ तेचापिभास्वरैर्देहैः स्वर्गलोकइवामराः। उत्तस्थुर्वापीमास्याद्य सद्रूपाभरणाम्बराः ४५ अथैकेदानवाःप्राप्य वापीप्रक्षेपणादसून्। आस्फोट्यसिंहनादश्च कृत्वाधावंस्तथासुराः ४६ दानवाःप्रमथानेतान्प्रसर्पतकिमासथ। हतानपिहिवोवापी पुनरुज्जीवयिष्यति ४७ एवंश्रुत्वाशंकुकर्णो वचोऽग्र्यग्रहसन्निभः। द्रुतमेवैत्यदेवेशमिदंवचनमब्रवीत् ४८ सूदिताःसूदितादेव! प्रमथैरसुराह्यमी। उत्तिष्ठन्तिपुनर्भीमाः सस्याइवजलोक्षिताः ४९ अस्मिन्किलपुरेवापी पूर्णामृतरसाम्भसा। निहतानिहतायत्र क्षिप्ताजीवन्तिदानवाः ५० इतिविज्ञापयदेवं शंकुकर्णोमहेश्वरम्। अभवन्दानवबल उत्पातावैसुदारुणाः ५१

रूप आकाशमें ऐसे दीखतेभये मानो तारे टूटतेहों ३६ शक्तियोंसे कटेहुए हृदयवाले दैत्य और शिवजीके पार्षद ऐसे गिरते हुए पुकारे जैसेकि नरकोंमें पड़ेहुए नानाप्रकारके जीव पुकारते हैं ३७ सुवर्णके कुंडल और मुकुटोंसे युक्तशिर पृथ्वीपर ऐसे गिरे जैसे कि पर्व्वतों के शिखर कटकटकर गिरपड़े हों ३८ फरसे, पट्टिश, शस्त्र, खड्ग, और मूसल इनसबसे कटेहुए दैत्य हाथियोंके समान पृथ्वीमें गिरते भये ३९ शिवजीके गण प्रसन्नहोकर गर्जतेभये और सिद्ध गन्धर्वादिक भी प्रबल युद्ध करते भये ४० हे प्रमथ पार्षद तू बड़ा बलवान् दीखताहै और हेदानव तूबड़ा अभिमानी दीखताहै ऐसेपरस्पर बोलतेहुए दोनों युद्धकरने लगे ४१ दानवोंके मूसलोंसे हतहुए कितनेही शिवजीके पार्षद मुखोंसे रुधिर वमनकरते भये ऐसे विदितहुए मानों पर्व्वत सुवर्णकी धातुको उगलतेहों ४२ शिवजीके गणोंनेभी बाणोंसे वृक्षोंसे और पर्व्वतोंके खंडोंसे युद्धमें दैत्योंकोमारा ४३ उस समय उन मरे हुए दैत्योंको मयके भेजेहुए अन्यदानव वहाँसे उठाकर उससमय दैत्यकी बावड़ी में पटकतेहुए ४४ और उस बावड़ी में प्राप्तहोकर श्रेष्ठरूप और आभूषणों समेत बड़ी कान्तिवाले शरीरों को धारण किये ऐसे उठते भये जैसे कि स्वर्गसे देवता उठते हैं ४५ कितनेही मरेहुए दैत्य उस बावड़ी में प्राप्तहोकर प्राणों को धारणकर सिंहनाद करतेहुए वहाँ से भागते भये ४६ उससमय दैत्य लोग पुकारे कि हे दानवलोगो तुम शिवके गणों से निर्भय युद्धकरो बैठोमत तुममरेहुओं को यह बावड़ी फिर जिलादेगी यह दैत्यका वचन शिवका पार्षद शंकुकर्ण सुनकर बड़ी शीघ्रता पूर्व्वक शिवजी के पासजाकर बोला ४७। ४८ हे देवदेव यह मरेहुए सब दैत्य जलसे सींची हुई खेतीके समान फिर जीजीकर उठआते हैं ४९ इसपुरमें अवश्य अमृतके जलसे भरी हुई बावड़ी है जिसमें जाकर सब

तारकाख्यःसुभीमाक्षो दारितास्योहरिर्यथा । अभ्यधावत्सुसंक्रुद्धो महादेवरथंप्रति ५२
त्रिपुरेतुमहान्घोरो भेरीशङ्खरवोबभौ । दानवानिःसृताद्दृष्ट्वा देवदेवरथेसुरम् ५३
तोवर्षसहस्रान्ते वराङ्गीसुषुवेसुतम् । जायमानेतुदैत्येन्द्रे तस्मिन्लोकभयङ्करे २१ चचा
लसकलापृथ्वी समुद्राश्चचकम्पिरे । चेलुर्महीधराःसर्वे ववुर्वाताश्चभीषणाः २२ जेपु
र्जप्यंमुनिवरा नेदुर्व्यालमृगाअपि । चन्द्रसूर्यौजहुःकान्ति सनीहारादिशोऽभवन् २३
जातेमहासुरेतस्मिन्सर्वेचापिमहासुराः । आजग्मुर्हर्षितास्तत्र तथाचासुरयोषितः २४
जगुर्हर्षसमाविष्टा ननृतुश्चासुराङ्गनाः । ततोमहोत्सवोजातो दानवानांद्विजोत्तमाः!२५
विषण्णमनसोदेवाः समहेन्द्रास्तदाभवन् । वराङ्गीस्वसुतंदृष्ट्वा हर्षेणापूरितातदा २६ बहु
मेनेनदेवेन्द्र विजयन्तुतदैवसा । जातमात्रस्तुदैत्येन्द्रस्तारकश्चण्डविक्रमः २७ अभिषि
क्तोऽसुरैःसर्वैः कुजम्भमहिषादिभिः । सर्वासुरमहाराज्ये पृथिवीतुलनक्षमैः २८ सतुप्रा
प्यमहाराज्यं तारकोमुनिसत्तमाः !। उवाचदानवश्रेष्ठान्युक्तियुक्तमिदंवचः २९ ॥
इति श्रीमत्स्यपुराणे तारकासुरोपाख्याने षट्चत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः १४६॥

उद्योगके निमित्त देवताओं के जीतनेके लिये फिर घोरतप करूंगा १५ वह चतुरानन ब्रह्माजी उस के वचनको सुनकरवज्रांग दैत्यसे यह वचन बोले १६ कि हेपुत्र बस अवतेरातप होचुका तू फिर दुस्तर क्लेश को मतकरै तेरे तारकासुर नाम एक महाबली पुत्र होगा १७ तब वह वरांगीका पति वज्रांग दैत्य ब्रह्माजी से इस वरदानको सुनकर ब्रह्माजीको नमस्कारकर प्रसन्न मुखसे अपनी स्त्रीके पास आया और दोनों स्त्रीपुरुष कृतार्थ और प्रसन्नहोकर अपने आश्रममें आवतेभये १८।१९ इसके उपरान्त वज्रांग दैत्यसे स्थापित हुए गर्भको उसकी स्त्री धारणकरती भयी और एक हज़ार वर्षतक उसने गर्भकोधारणरक्खा २० तदनन्तर वह वरांगी ऐसे महाबली लोकों के भयकारी पुत्रको जन्मती भयी कि जिस समय वह लोकोंका भयकारी उत्पन्नहुआ उससमय संपूर्णपृथ्वी औरसमुद्रों समेत सब पर्व्वतकांपे और भयंकर वायु चलतेभये २१।२२ उत्तम मुनिलोग मंत्रोंका जप करते भये सर्प मृग आदिक जीवशब्दकरते भये चन्द्रमा सूर्य्य अपनी कान्ति को त्यागतेभये सब दिशा धूम्रवर्ण होगईं २३ उस महादैत्य के जन्मतेही सब दैत्य और दैत्यों की स्त्रियां बड़े प्रसन्नचित्तों में आतीहुईं २४ दैत्योंकी स्त्रियां मगन हो २ नृत्य और गानकरनेलगीं और दानवों के गृहों में बड़े भारी उत्सव होतेभये २५ इन्द्रादिक देवता महादुःखित मनहुए और वह वरांगीस्त्री अपने पुत्रको देखके बड़े हर्षसे पूरित होतीभयी उस समय वरांगी इन्द्रके जीतनेको कुछ बड़ी बात न समझती भयी और वह तारकासुर दैत्य जन्मतेही अत्यन्त पराक्रमवाला होताभया २६।२७ फिर कुजंभ और महिषासुर इत्यादिक दैत्यों ने तारकासुर दैत्य का राज्याभिषेक किया अर्थात् अपना अधिपति बनाया २८ हे मुनि सत्तम लोगो वह तारकासुर दैत्य राज्यतिलक को प्राप्तहो कर बड़े २ दानवों से यह युक्ति पूर्वक वचन कहताभया २९ ॥ इति षट्चत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः १४६ ॥

(तारक उवाच) शृणुध्वमसुराः! सर्वे वाक्यंममहाबलाः!। श्रेयसेक्रियतांबुद्धिः स
र्वैःकृत्यस्यसंविधौ १ वंशक्षयकरादेवाः सर्वेषामेवदानवाः। अस्माकंजातिधर्मोवै विरूढं
वैरमक्षयम् २ वयमद्यगमिष्यामः सुराणांनिग्रहायतु। स्वबाहुबलमाश्रित्य सर्वएवमसं
शयः ३ किन्तुनातपसायुक्तो मन्येऽहंसुरसङ्गमम्। अहमादौकरिष्यामि तपोघोरन्दितेः
सुताः! ४ ततःसुरान्विजेष्यामो भोक्ष्यामोऽथजगत्त्रयम्। स्थिरोपायोहिपुरुषः स्थिर-
श्रीरपिजायते ५ रक्षितुंनैवशक्नोति चपलश्चपलाःश्रियः। तच्छ्रुत्वादानवाःसर्वे वाक्यं
तस्यासुरस्यतु ६ साधुसाध्वित्यवोचंस्ते तत्रदैत्याःसविस्मयाः। सोऽगच्छत्पारियात्रस्य
गिरेःकन्दरमुत्तमम् ७ सर्वर्तुकुसुमाकीर्णं नानौषधिविदीपितम्। नानाधातुरसस्रावचित्रं
नानागुहागृहम् ८ गह्वरैःसर्वतोगूढं चित्रकल्पद्रुमाश्रयम्। अनेकाकारबहुलंपृथक् प
क्षिकुलाकुलम् ९ नानाप्रस्रवणोपेतं नानाविधजलाशयम्। प्राप्यतत्कन्दरं दैत्यश्च
चारविपुलंतपः १० निराहारःपञ्चतपाः पत्रभुग्वारिभोजनः। शतंशतंसमानान्तु तपां
स्येतानिसोऽकरोत् ११ ततःस्वदेहादुत्कृत्य कर्षंकर्षंदिनेदिने। मांसस्याग्नौजुहावा
सौ ततोनिर्मांसताङ्गतः १२ तस्मिन्निर्मांसतांयाति तपोराशित्वमागते। ज़्ज्वलुःसर्व
भूतानितेजसातस्यसर्वतः १३ उद्विग्नाश्चसुराःसर्वे तपसातस्यभीषिताः। एतस्मिन्न
न्तरेब्रह्मापरमंतोषमागतः १४ तारकस्यवरंदातुं जगामत्रिदशालयात्। प्राप्यतंशैल

तारकासुर बोला कि हे महाबली दैत्यलोगो तुममेरे इसवचनको सुनो कि सबको अपने कल्याण में बुद्धि करनी योग्यहै १ हे दानवो यह सब देवता हमारे वंशों के नाश करनेवाले हैं इन देवताओं से हमारी जातिका वैर सदैवसे दृढ चला आताहै २ अबहम देवताओं के रोकने के लिये गमन करेंगे हमसब अपनी भुजाओं के बलमें आश्रितहोकर उनको निस्सन्देह जीतेंगे ३ परन्तु हम विना तप किये देवताओं के साथ युद्ध करनेको उचितनहीं मानते इसलिये में प्रथम महाघोर तप करूंगा ४ क्योंकि जिसपुरुष का उपाय स्थिर होताहै उसकी लक्ष्मीभी स्थिर होजाती है और जो चपलहोताहै वह चपल लक्ष्मी की रक्षा नहीं करसकाहै ऐसे उसके वचनोंको सुनकर सबदानव आश्चर्य्ययुक्त होकर साधु २ वचन बोलतेभये वह तारकासुर दैत्य पारियात्र पर्व्वत की उत्तरवाली गुफामें गमनकरता भया ५।७ सब ऋतुओंके पुष्पों से और सर्वौषधियोंसे युक्त नानाप्रकारकी धातुओं से विचित्र अनेक गुफारूपीगृहों से शोभित ८ विचित्र वृक्षादिकों से गह्वर अनेक छिद्रोंसे चित्रित बहुतसे ऋषियों से सेवित ९ अनेक झरनों और जलाशयों से युक्त ऐसी उस पर्व्वतकी कन्दराको प्राप्तहोकर वह दैत्य आगेलिखे प्रकारोंसे बहुतसा तप करनेलगा १० निराहार रहना, पंचाग्निमें तपना और पत्तों का और जलोंका भोजन करना, इनसब तपोंको सौ २ वर्षतक करताभया ११ फिर प्रतिदिन अपने शरीरमें से सवातोले मांसको काट २ कर अग्निमें हवन करनेलगा फिरजब मांस रहित शरीर हो गया तब केवल तपो मूर्त्ति होगया उससमय सब भूतमात्र उसके तेजसे दंदीप्त होते भये १२।१३ और उसतपसे सब देवता कांपते भये इसके अनन्तर ब्रह्माजी अत्यन्त प्रसन्न होकर स्वर्ग से उस

राजानं सगिरेःकन्दरस्थितम् १५ उवाचतारकंदेवो गिरामधुरयायुतः। (ब्रह्मोवाच)
पुत्रालंतपसातेऽस्तु नास्त्यसाध्यंतवाऽधुना १६ वरंवृणीष्वरुचिरं यत्तेमनसिवर्त्तते।
इत्युक्तस्तारकोदैत्यः प्रणम्यात्मभुवंविभुम् १७ उवाचप्राञ्जलिर्भूत्वा प्रणतःपृथुवि
क्रमः (तारक उवाच) देव ! भूतमनोवास ! वेत्सिजन्तुविचेष्टितम् १८ कृतप्रतिकृ
ताकांक्षी जिगीषुःप्रायशोजनः। वयञ्चजातिधर्मेण कृतवैराःसहामरैः १९ तैश्चनिःशेषि
तादैत्याः क्रूरैःसन्त्यज्यधर्मिताम्। तेषामहंसमुद्धर्त्ता भवेयमितिमेमतिः २० अवध्यःसर्व
भूतानामस्त्राणाञ्चमहौजसाम्। स्यामहंपरमोह्येष वरोममहृदिस्थितः २१ एतन्मेदेहिदेवे
श ! नान्योमेरोचतेवरः। तमुवाचततोदैत्यं विरिञ्चिःसुरनायकः २२ नयुज्यन्तेविनामृत्यु
देहिनोदैत्यसत्तम!। यतस्ततोऽपिवरयमृत्युंयस्मान्नशङ्कसे २३ ततःसञ्चिन्त्यदैत्येन्द्रः शि
शोर्वैसप्तवासरात्। वव्रेमहासुरोमृत्युमवलेपनमोहितः २४ ब्रह्माचास्मैवरंदत्त्वा यत्कि
ञ्चिन्मनसेप्सितम्। जगामत्रिदिवंदेवो दैत्योऽपिस्वकमालयम् २५ उत्तीर्णतपसस्तंतुदै
त्यंदैत्येश्वरास्तथा। परिवव्रुःसहस्राक्षं दिविदेवगणायथा २६ तस्मिन्महतिराज्यस्थे
तारकेदैत्यनन्दने। ऋतवोमूर्त्तिमन्तश्च स्वकालगुणबृंहिताः २७ अभवन्किङ्करास्तस्य
लोकपालाश्चसर्वशः। कान्तिर्द्युतिर्धृतिर्मेधा श्रीरवेक्ष्यचदानवम् २८ परिवव्रुर्गुणाकीर्णे
निश्छिद्राःसर्वएवहि। कालागुरुविलिप्ताङ्गं महामुकुटभूषणम् २९ रुचिराङ्गदनद्धाङ्गम

तारकासुरको वरदान देनेको आये और उसपर्व्वतकी कन्दरापर प्राप्तहोकर उस दैत्यके प्रति बड़ी मधुरवाणी से बोले कि हे पुत्र अब तेराव्रत समाप्त हुआ अबतुझको किसी बातकी अपेक्षा नहीं रही १४। १६ जो अभीष्टहो वह वरमांग यह सुनकर वह तारकासुर दैत्य हाथ जोड़कर कहनेलगा कि हे देव आपसब जीवोंके मनकी चेष्टाको जानते हो १७। १८ सब मनुष्य अपने शत्रुसे बदला लेने के निमित्त उसके जीतनेकी इच्छा करते हैं हमारा स्वाभाविक सदैवसे जाति धर्म के द्वारा देवताओंसे वैर चला आता है १९ क्योंकि उन देवताओं ने सबजगहसे दैत्योंको निकालदियाहै सो मैं आपकी कृपासे उन देवताओं का मारनेवाला होजाऊं ऐसी मेरीबुद्धिहै २० मैं सब भूतमात्रों से शस्त्र अस्त्रादिके द्वारा नहीं मरूं यही परमवर मेरे हृदयमें स्थित है हे देवेश इसवरको आप मुझेदो इसके सिवाय और कोई वरनहीं चाहता उसके इसवचनको सुनकर ब्रह्माजी बोले २१। २२ हे दैत्य कोई भी जीवधारी मृत्युसे नहीं बचसकाहै इसलिये तू जिससेकुछशंका नहींमानताहो उससेही अपनीमृत्यु मांगले २३ फिर अभिमान से युक्तहुआ वह दैत्य अपने मनमें चिन्तवन करके सातदिनके बालक से अपनी मृत्युको मांगता भया २४ इसके इसअभीष्टवरको देकर ब्रह्माजी स्वर्गको गये और यह दैत्य भी अपने स्थानको चला आया २५ तब सब दैत्येश्वर इस तपसे निवृत्त होनेवाले तारकासुरसे युद्धकीवार्त्ता कहने लगे और देवता लोग स्वर्गमें इन्द्रसे कहतेभये २६ जबतारकासुर राज्य करने लगा तब अपने कालके गुणोंसे वृद्धियुक्त ऋतु मूर्तिमान् होती भयीं सब लोकपाल उसके किंकर होतेभये कान्ति, द्युति, धृति, मेधा, श्री और यह सब वस्तु उस दानवको देखकर इसको अपना

हासिंहासनेस्थितम्। वीजयन्त्यप्सरःश्रेष्ठाः भृशंमुञ्चन्तिनैवताः ३० चन्द्रार्कौदीपमार्गे षु व्यजनेषुचमारुतः। कृतान्तोऽग्रेसरस्तस्यबभूवुर्मुनिसत्तमाः! ३१ एवंप्रयातिकाले तु विततेतारकासुरः। बभाषेसचिवान्दैत्यः प्रभूतवरदर्पितः ३२ (तारक उवाच) रा ज्येनकारणंकिंमे त्वनाक्रम्यत्रिविष्टपम्। अनिर्याप्यसुरैर्वैरं काशान्तिर्हृदयेमम ३३ भुञ्ज तेऽद्यापियज्ञांशा नमरानाकएवहि। विष्णुःश्रियंनजहति तिष्ठतेचगतभ्रमः ३४ स्वस्था भिःस्वर्गनारीभिः पीड्यन्तेऽमरवल्लभाः। सोत्पलामदिरामोदा दिविक्रीडायनेषुच ३५ लब्ध्वाजन्मनयःकश्चिद्घटयेत्पौरुषंनरः। जन्मतस्यवृथाभूतमजन्मातुविशिष्यते ३६ मातापितृभ्यांनकरोतिकामान् बन्धूनशोकान्नकरोतियोवा। कीर्तिंहिवानार्जयतेहिमाभां पुमान्सजातोऽपिमृतोमतंमे ३७ तस्माज्जयायामरपुङ्गवानां त्रैलोक्यलक्ष्मीहरणायशी घ्रम्। संयोज्यतांमेरथमष्टचक्रं बलञ्चमेदुर्जयदैत्यचक्रम्। ध्वजश्चमेकाञ्चनपट्टनद्धश्छत्रञ्चमे मौक्तिकजालबद्धम् ३८ तारकस्यवचःश्रुत्वा ग्रसनोनामदानवः। सेनानीर्दैत्यराजस्य त था चक्रेबलान्वितः ३९ आहत्यभेरींगम्भीरां दैत्यानाहूयसत्वरः। तुरगाणांसहस्रेणचक्रा ष्टकविभूषितम् ४० शुक्लाम्बरपरिष्कारं चतुर्योजनविस्तृतम्। नानाक्रीडागृहयुतं गीतवा

स्वामी बनाके सब छिद्रों से रहितहो उसके पास रहती भयीं उस नाना सुगन्धियुक्त शरीर वाले महामुकुट बाजूबन्द आदिसे शोभित और सिंहासन पर बैठे हुए दैत्यके ऊपर अप्सरागण चँवर डुलाती हुई किसी समय पर भी खाली नहीं छोड़तीं दीपकोंके स्थानापन्न चन्द्रमा और सूर्य्य हुए व्यजनोंके स्थानापन्न वायुहुआ धर्मराज आगे चलनेवाला हुआ ३०।३१ ऐसेप्रतापसे राज्यकरतेहुए तारकासुरका जब बहुत समय व्यतीत होचुका तब तारकासुर अभिमानी होकर यहवचनबोला ३२ कि स्वर्ग में पहुंचे विना इसराज्यसे क्या लाभहै देवताओंसे शत्रुता किये विना मेरे हृदयमें शान्ति नहीं है ३३ अबभी देवता लोग स्वर्गमें बैठे हुए यज्ञों के भागों को भोगते हैं विष्णु लक्ष्मीजीको नहीं छोड़ते वह विष्णु निर्भय होकर बैठाहै ३४ कमलाक्षी मदिरा की गंधसे युक्त देवताओं की स्त्रियों स्वर्ग के क्रीड़ा स्थानोंमें देवताओंके साथ रमण करती हैं ३५ जो पुरुष इससंसार में जन्म लेकर अपना कुछ भी पुरुषार्थ नहीं दिखाताहै उसका जन्म वृथाहै इस्से तो जन्मका न होनाहीश्रेष्ठहै ३६ जो अपने मातापिताओंके मनोरथों को सिद्ध नहीं करता है अथवा बंधुओंके शोकोंको दूर नहींकरता और कीर्तियों का संग्रह नहीं करताहै वह जन्माहुआ भी पुरुष मृतककेही समान है ३७ इस हेतु से त्रिलोकी की लक्ष्मीके हरनेके निमित्त बड़ी शीघ्रतासे देवताओंसे युद्ध करेंगे, आठ चक्रोंवाला मेरा रथ बनाओ हेदुर्जय दैत्य चक्रसेयुक्त मेरा बलकरो सुवर्णके वस्त्रों से युक्त मेरीध्वजाबनाओ और मोतियों की जालीसे युक्त मेरा छत्र बनानाचाहिये ऐसे तारकासुरके वचनों को सुनकर ग्रसन नाम सेनापति दैत्य उसके सब विचारोंको यथावस्थित पूराकरता भया ३८। ३९ भेरी के बाजे बजा-कर शीघ्रही दैत्यों को बुलाता भया फिर हज़ार घोड़ों से युक्त आठ चक्रों से विभूषित श्वेत वस्त्रों से जटित चार योजन में विस्तृत हुए रथमें बैठकर जहां जहां तारकासुर आताभयावहाँ २ अनेक

धमनोहरम् ४१ विमानमिवदेवस्य सुरभर्त्तुःशतक्रतोः। दशकोटीश्वरादैत्या दैत्यास्ते चण्डविक्रमाः ४२ तेषामग्रेसरोजम्भः कुजम्भोऽनन्तरस्ततः। महिषःकुंजरोमेघः कालनेमिर्निमिस्तथा ४३ मथनोजम्भकःशुम्भो दैत्येन्द्रादशनायकाः। अन्येऽपिशतशस्तस्य पृथिवीदलनक्षमाः ४४ दैत्येन्द्रागिरिवर्ष्माणः सन्तिचण्डपराक्रमाः। नानायुधप्रहरणा नानाशस्त्रास्त्रपारगाः ४५ तारकस्याभवत्केतू रौद्रःकनकभूषणः। केतुनामकरेणापि सेनानीर्ग्रसनोऽरिहा ४६ पैशाचंयस्यवदनं जम्भस्यासीदयोमयम्। खरंविधूतलांगूलं कुजम्भस्याभवद्ध्वजे ४७ महिषस्यतुगोमायुर्ह्केतोर्हैमंतदाभवत्। ध्वांक्षंध्वजेतुशुम्भस्यकृष्णायोमयमुच्छ्रितम् ४८ अनेकाकारविन्यासाश्चान्येषान्तुध्वजास्तथा। शतेनशीघ्रवेगानां व्याघ्राणांहेममालिनाम् ४९ ग्रसनस्यरथोयुक्तो किङ्किणीजालमालिनाम्। शतेनापिच सिंहानांरथोजम्भस्यदुर्जयः ५० कुजम्भस्यरथोयुक्तः पिशाचवदनैःखरैः। रथस्तुमहिषस्योष्ट्रैर्गजस्यतुतुरङ्गमैः ५१ मेघस्यद्वीपिभिर्भीमैः कुञ्जरैःकालनेमिनः। पर्वताभैःसमारूढो निमिर्मत्तैर्महागजैः ५२ चतुर्दन्तैर्गन्धवद्भिः शिक्षितैर्मेघभैरवैः। शतहस्तायतेकृष्णे तुरङ्गेहेमभूषणैः ५३ सितचामरजालेन शोभितेदक्षिणांदिशम्। सितचन्दनचार्वङ्गो नानापुष्पस्रजोज्ज्वलः ५४ मथनोनामदैत्येन्द्रः पाशहस्तोव्यराज्यत। जम्भकःकिङ्किणीजालमालमुष्ट्रंसमास्थितः ५५ कालशुक्लमहामेषमारूढः शुम्भदानवः। अन्येऽपिदानवा

प्रकार के गीत मंगल होते भये इस दैत्य का रथ इन्द्रके विमानकेही समान शोभित हुआ उसके साथ अतुल पराक्रमवाले दशकिरोड़ दैत्य युद्धके निमित्तचले ४० । ४२ उससेना में जंभ, कुजंभ, महिष, कुंजर, मेघ कालनेमि, मथन, जंभक, निमि और शुंभ यह दश दैत्य सेनापति की पदवी पर नायक होते भये इनके विशेष और २ बहुत से दैत्य भी महाबली नियत होते भये ४३ । ४४ पर्व्वत के समान शरीरवाले अतुल पराक्रमी नानाप्रकार के अस्त्र शास्त्रों को धारण कियेहुए भयानक दैत्य युद्धकरने को आये ४५ तारकासुर की ध्वजा सुवर्ण से भूषित और महाभयंकर थी, ग्रसन दैत्य की मगरमच्छकी आकृतिवाली थी, जंभदैत्य की ध्वजा पिशाचरूप लोहेकी थी कुजंभकी ध्वजामें कटीहुई पूंछवालागधा था, शुंभदैत्यकी ध्वजामें कालेलोहेका ऊंचाकाक होताभया, ४६ । ४८ और अन्य २ दैत्योंकी ध्वजाओंमें भी नानाप्रकार के आकार होतेभये और शीघ्रगामी सुवर्णकी मालाओं से युक्त सौ १०० सिंह ग्रसन दैत्यके रथमें जुड़तेभये उसीप्रकार सौ सिंहोंसे युक्त महादुर्जय रथमें जंभदैत्य बैठा कुजंभदैत्यके रथमें पिशाच और गधेजुड़े महिषासुरके रथमें ऊंटलगे, कुंजर दैत्यके रथमें घोड़े जोतेगये ४९ । ५१ मेघ दैत्यके रथमें भयंकर गैंड़ेजुते, कालनेमिके रथमें हाथीजुते, सौहाथके विस्तृत कालेघोड़ोंसे युक्त श्वेतचँवर और जालियों से शोभित दक्षिणदिशा में अनेक पुष्पोंकी मालाओं से युक्त रथमें सुन्दर अंगवाला मथनदैत्य हाथमें फांसीलेकर बैठा और किंकिणी जाली और मालाओंसे शोभित सुन्दर ऊंटपर जंभकदैत्य स्थितहोता भया शुंभदैत्य बहुतबड़े

वीरा नानावाहनगामिनः ५६ प्रचण्डचित्रकर्माणः कुण्डलोष्णीषभूषणाः। नानाविधोत्त
रासङ्गा नानामाल्यविभूषणाः ५७ नानासुगन्धिगन्धाढ्या नानावन्दिजनस्तुताः। नाना
वाद्यपरिष्पन्दाश्चाग्रेसरमहारथाः ५८ नानाशौर्यकथासक्तास्तस्मिन् सैन्येमहासुराः।
तद्बलंदैत्यसिंहस्य भीमरूपंव्यजायत ५९ प्रमत्तचण्डमातङ्गतुरङ्गरथसंकुलम्। प्रत
स्थेऽमरयुद्धाय बहुपत्तिपताकिनम् ६० एतस्मिन्नन्तरेवायुर्देवदूतोऽम्बरालये। दृष्ट्वासदा
नवबलं जगामेन्द्रस्यशंसितुम् ६१ सगत्वातुसभांदिव्यां महेन्द्रस्यमहात्मनः। शशंस
मध्येदेवानां तत्कार्यंसमुपस्थितम् ६२ तच्छ्रुत्वादेवराजस्तु निमीलितविलोचनः। बृह
स्पतिमुवाचेदं वाक्यंकालेमहाभुजः ६३ (इन्द्र उवाच) संप्राप्नोतिविमर्दोऽयं देवानांदा
नवैःसह। कार्यंकिमत्रतद्ब्रूहि नीत्युपायसमन्वितम् ६४ एतच्छ्रुत्वातुवचनं महेन्द्रस्य
गिरांपतिः। इत्युवाचमहाभागो बृहस्पतिरुदारधीः ६५ सामपूर्वास्मृतानीतिश्चतुरङ्गा
स्पताकिनीम्। जिगीषतांसुरश्रेष्ठ! स्थितिरेषासनातनी ६६ सामभेदस्तथादानं दण्ड
श्चाङ्गचतुष्टयम्। नीतौक्रमोदेशकालेरिपुयोग्यक्रमादिदम् ६७ सामदैत्येषुनैवास्ति यत
स्तेलब्धसंश्रयाः। जातिधर्मेणवाभेद्यादानंप्राप्तश्रियेचकिम् ६८ एकोऽभ्युपायोदण्डोऽत्र
भवतायदिरोचते। दुर्जनेषुकृतंसाममहद्यातिचबन्ध्यताम् ६९ भयादितिव्यवस्यन्तिक्रूराः
साममहात्मनाम्। ऋजुतामार्य्यबुद्धित्वं दयानीतिव्यतिक्रमम् ७० मन्यन्तेदुर्जनानित्यं

श्वेत मेढ़ेकी सवारीपर बैठा इनके विशेष अनेक वाहनोंवाले महाशूरवीर असंख्य दानव आये ५२।५६
महाविचित्रकर्मी कुंडल वेष्टनीधारे अनेक प्रकारके दुपट्टोंसे शोभित अनेक सुगन्धित मालाओंसे भू-
षित वन्दीजनों से स्तुति कियेहुए उन दैत्यों के आगेबड़े उत्तमबाजे बजतेभये वहसब महाअसुर और
अनेक शूरवीरों की कथाओं में आसक्तहुए दैत्यों की सेना महाभयंकररूप होतीभयी ५७। ५९ रथ
हाथी घोड़े और ध्वजाओंसे समाकुल वह दैत्योंकी सेना देवताओं से युद्धकरने को तैयारहोती भयी
६० इसके अनन्तर आकाशमें विचरनेवाला देवताओंका दूतरूप वायु दैत्योंकी सेनाको देखकर इन्द्र
से कहनेके लिये जाताभया ६१ और इन्द्रकी दिव्यसभामें पहुंचकर प्राप्तहुए देवताओं के कार्य्यको
कहताभया ६२ इसबातको इन्द्र सुनकर बृहस्पतिजी से यह वचन बोला ६३ हे गुरूजी अब देव-
ताओं का दैत्योंके साथ मरनेका काल प्राप्त होगयाहै सो हमको अब क्या करना योग्यहै आप नीति
पूर्वक उपायको कहिये ६४ इन्द्रके इसवचन को सुनकर महाउदार बुद्धिवाले बृहस्पतिजी यह
वचन बोलतेभये ६५ कि हे सुरश्रेष्ठ चारों अंगों में साम अर्थात् समझाकर मेलकरने की नीति
श्रेष्ठहै यह विजय करनेवालों की सनातनी स्थिति है ६६ साम, दाम, दंड और भेद यह चारोंअंग
नीतिके हैं सो देशकाल और शत्रु इनके यथायोग्य क्रमके अनुसार वर्त्तने चाहिये ६७ दैत्यों के
सामनीति नहीं है इसी से जातिधर्म करके उनका भेद करना योग्य है और जिनको लक्ष्मी प्राप्त
होरहीहो उनको दानदेनेसे क्या लाभ है ६८ इसलिये जोआपकी सलाह होय तो उनका केवल
एकदण्ड देनेहीका उपायहै क्योंकि दुर्जनको जोसामनीति समझाताहै वहबँधजाताहै ६९ महात्मा

सामचापिभयोदयात्। तस्माद्दुर्जनमाक्रान्तुं श्रेयान्पौरुषसंश्रयः ७१ आक्रान्तेतुक्रियायुक्ता सतामेतन्महाव्रतम्। दुर्जनःसुजनत्वाय कल्पतेनकदाचन ७२ सुजनोऽपिस्वभावस्य त्यागंवाञ्छेत्कदाचन। एवंमेबुद्ध्यतेबुद्धिर्भवन्तोऽत्र व्यवस्यताम् ७३ एवमुक्तः सहस्राक्षएवमेवेत्युवाचतम्। कर्त्तव्यतांससञ्चिन्त्य प्रोवाचामरसंसदि ७४ (इन्द्र उवाच) सावधानेनमे वाचंशृणुध्वंनाकवासिनः!। भवन्तोयज्ञभोक्तारस्तुष्टात्मानोऽतिसात्विकाः ७५ स्वेमहिम्निस्थितानित्यं जगतःपरिपालकाः। भवतश्चानिमित्तेन बाधन्तेदानवेश्वराः ७६ तेषांसामादिनैवास्ति दण्डएवविधीयताम्। क्रियतांसमरोद्योगः सैन्यंसंयुज्यतांमम ७७ आद्रियन्तांचशस्त्राणि पूज्यन्तामस्त्रदेवताः। वाहनानिचयानानि योजयन्तुसद्मसु ७८ यमंसेनापतिंकृत्वा शीघ्रमेवंदिवौकसः। इत्युक्ताःसमनह्यन्त देवानांयेप्रधानतः ७९ वाजिनामयुतेनाजौ हेमघण्टापरिष्कृतम्। नानाश्चर्यगुणोपेतं संप्राप्तंसर्वदैवतैः ८० रथं मातलिनाक्लृप्तं देवराजस्यदुर्जयम्। यमोमहिषमास्थायसेनाग्रेसमवर्त्तत ८१ चण्डकिङ्करवृन्देन सर्वतःपरिवारितः। कल्पकालोद्धतज्वालापूरिताम्बरलोचनः ८२ हुताशनश्छागरूढः शक्तिहस्तोव्यवस्थितः। पवनोऽङ्कुशपाणिस्तु विस्तारितमहाजवः ८३ भुजगेन्द्रसमारूढो जलेशोभगवान्स्वयम्। नरयुक्तरथेदेवो राक्षसेशोवियच्चरः ८४ तीक्ष्णखड्गयुतोभीमः

पुरुप जब सामनीति करते हैं तब क्रूरपुरुप यह जानताहै कि यह हमसे भयमानकर हमको समझाताहै सरलपुरुषों की बुद्धि तो समझाने से सुधरती है और क्रूरपुरुषों की विपरीत होती है ७० दुर्जन पुरुप सदैव सामनीति को भयसे उत्पन्न हुई जानते हैं इसकारण दुर्जन के दवाने के निमित्त पुरुपार्थही करना श्रेष्ठहै ७१ समझाने की क्रिया तो श्रेष्ठही पुरुषों के आगे करनी योग्य है दुर्जन पुरुप कभी सज्जन पुरुप नहीं होताहै ७२ चाहे सुजन पुरुप किसी समय को पाकर अपने स्वभाव के त्यागने की इच्छा कर भी लेताहै परन्तु दुर्जन कभी भी अपने स्वभाव के त्यागने की इच्छा नहीं करता यह मेरामतहै तुम भी विचारलो यह सुनकर इन्द्र बहुतसा चिन्तवनकरके देवताओं की सभामें यह वचन बोला ७३। ७४ कि हे स्वर्गवासियो तुम सावधान होकर मेरे वचन को सुनो तुम यज्ञ भोक्ताहो आत्मामें प्रसन्न रहनेवाले और अति सात्विकीहो ७५ अपनी महिमा में स्थित हुए तुम नित्यही जगत् की पालना करतेहो तुमको विनाही कारणके दानव दुःख देतेहैं ७६ इन दैत्योंके सामआदिक नीति नहींहैं दंडही देना योग्यहै अब उपाय करना चाहिये और मेरी सेनाको तैयार करो शस्त्रों का आदर करके अस्त्रोंके देवताओं का पूजन करना योग्यहै सब वाहनों को सजो ७७। ७८ और धर्मराजको सेनापति बनाकर बड़ी शीघ्रता से चलो यहसुनकर प्रधान २ देवता अपने २ कवचादिक पहरनेलगे सुवर्ण के घंटे आदिसे शोभित दशहजार घोड़ों से व्याप्त सेना को रणभूमिमें निकासतेभये ७९। ८० मातलि सारथी इन्द्रके रथको लाया उसमें इन्द्र सवार हुआ धर्मराज भैंसेपर चढ़कर आगे चले ८१ और प्रचंड किंकरों के समूहों से युक्त प्रलय की अग्नि के समान रक्तनेत्रवाला अग्नि बकरे की सवारी पर हाथ में शक्ति धारण किये हुए तैयार होता

समरेसमवस्थितः। महासिंहरवोदेवो धनाध्यक्षोगदायुधः८५ चन्द्रादित्यावश्विनौच चतुरङ्गबलान्वितौ। राजभिःसहितास्तस्थुर्गन्धर्वाहेमभूषणाः ८६ हेमपीठोत्तरासङ्गाश्चित्रवर्मरथायुधाः। नाकपृष्ठशिखण्डास्तु वैदूर्य्यमकरध्वजाः ८७ जपारक्तोत्तरासङ्गा राक्षसारक्तमूर्द्धजाः। गृध्रध्वजामहावीर्या निर्मलायोविभूषणाः ८८ मुसलासिगदाहस्ता रथेचोष्णीषदंशिताः। महामेघरवानागा भीमोल्काशनिहेतयः ८९ यक्षाःकृष्णाम्बरभृतो भीमबाणधनुर्द्धराः। ताम्रोलूकध्वजारौद्रा हेमरत्नविभूषणाः९० द्वीपिचर्मोत्तरासंगं निशाचरबलंबभौ। गार्धपत्रध्वजप्रायमस्थिभूषणभूषितम् ९१ मुसलायुधदुष्प्रेक्ष्यं नानाप्राणिमहारवम्। किन्नराःश्वेतवसनाः सितपत्रिपताकिनः ९२ मत्तेभवाहनप्रायास्तीक्ष्णतोमरहेतयः। मुक्ताजालपरिष्कारो हंसोरजतनिर्मितः९३ केतुर्जलाधिनाथस्य भीमधूमध्वजानलः।पद्मरागमहारत्न विटपंधनदस्यतु ९४ ध्वजंसमुच्छ्रितंभाति गन्तुकाममिवाम्बरम्। वृकेणकाष्ठलोहेन यमस्यासीन्महाध्वजः ९५ राक्षसेशस्यकेतौवै प्रेतस्यमुखमाबभौ। हेमसिंहध्वजौदेवौ चन्द्रर्कावमितद्युती ९६ कुम्भेनरत्नचित्रेण केतुरश्विनयोरभूत्। हेममातंगरजितं चित्ररत्नपरिष्कृतम् ९७ ध्वजंशतक्रतोरासीत् सितचामरमण्डितम्। सनागयक्षगन्धर्व महोर

भया वायु अपने महावेगका विस्तारकर अंकुश धारणकरके आया ८२।८३ सर्पकी सवारी पर वरुण आये आकाशमें विचरने वाला राक्षसों का अधिपति देव नरों से युक्त हुए रथपर खड्ग धारण करके आता भया ८४ तीक्ष्ण खड्ग और गदाधारी महासिंहके समान शब्द वाला कुबेरआया ८५ चन्द्रमा सूर्य्य और अश्विनीकुमार यह सब चतुरंगिणीसेना समेत आये और सुवर्ण से विभूषित सुगन्धित अंगवाले गन्धर्व राजा लोगों में युक्त होकर आये ८६ सुवर्णासन दुपट्टा विचित्र कवच रथ शस्त्र वैदूर्य्यमणि और मत्स्यादिकों की ध्वजा इन सब लक्षणों वाले देवता युद्ध में आते भये ८७ लाल वस्त्र वाले खुले हुए रक्तकेशों से युक्त गृध्र की ध्वजा वाले महापराक्रमी लोहे के आभूषणवाले राक्षस आते भये ८८ मूसल, खड्ग, और गदा हाथोंमें लिये वागरी कवचधारी रथमें बैठे हुए महा मेघ के समान शब्द वाले भयंकर नाग आते भये ८९ काले वस्त्रों को पहरे भयंकर धनुष बाणधारी ताम्र के उल्लू की ध्वजा वाले महाभयंकर हेमरत्नों से विभूषित यक्ष आवते भये ९० गेंडे के चर्म वस्त्र धारी गृद्धपक्ष की ध्वजा हस्तियों के विभूषणधारी राक्षस और भूत प्रेतादिक आवते भये ९१ मुसलधारी अनेक प्राणियों के समान शब्दवाले श्वेत वस्त्र युक्त श्वेत ध्वजाधारी किन्नर आते भये ९२ और सब किन्नर लोग मदोन्मत्त हाथियों पर चढ़कर पैने २ खड्ग धरेहुए शोभितहुए ९३ मोतियों की जालियोंसे युक्त चाँदी का हंस वरुणने अपनी ध्वजा पर लगाया अग्नि की ध्वजा पर भयंकर धूमलगा पद्मक आदि महारत्नोंसे शोभित वृक्ष कुबेरकी ध्वजा पर लगा ९४ धर्मराजकी ध्वजा काष्ठ और लोहेके भेड़ियोंकी बनाई गयी ९५ राक्षसेश केतुकी ध्वजामें प्रेतका मुख लगरहाथा, चन्द्रमा और सूर्य्य इनदोनोंकी ध्वजाओंमें सुवर्णका सिंह लगरहाथा ९६ अश्विनीकुमारोंकी ध्वजा रत्नोंके विचित्र कलशोंसे युक्त होती भयी सुवर्णके हाथी से युक्त विचित्र रत्नों से

गनिशाचरा ९८ सेनासादेवराजस्य दुर्जयाभुवनत्रये। कोटयस्तास्त्रयस्त्रिंशद्देवदेवनिकायिनाम् ९९ हिमाचलाभेसितकर्णचामरे सुवर्णपद्मामलसुन्दरस्रजि। कृताभिरागोज्ज्वलकुंकुमांकुरे कपोललीलालिकदम्बसंकुले १०० स्थितस्तदैरावतनामकुञ्जरे महाबलश्चित्रविभूषणाम्बरः। विशालवज्रांशुवितानभूषितः प्रकीर्णकेयूरभुजाग्रमण्डलः। सहस्रदृक् वन्दिसहस्रसंस्तुतास्त्रिविष्टपेऽशोभतपाकशासनः १०१ तुरंगमातंगबलौघसंकुलासितातपत्रध्वजराजिशालिनी। चमूश्चसादुर्जयपत्रिसन्तता विभातिनानायुधयोधदुस्तरा १०२॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेतारकोपाख्यानेसप्तचत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः १४७॥

(सूतउवाच) सुरासुराणांसम्मर्दस्तस्मिन्नत्यन्तदारुणे। तुमुलोऽतिमहानासीत् सेनयोरुभयोरपि १ गर्जतांदेवदैत्यानां शङ्खभेरीरवेणच। तूर्याणाञ्चैवनिर्घोषैर्मातङ्गानाञ्चबृंहितैः २ ह्रेषतांहयवृन्दानां रथनेमिस्वनेनच। ज्याघोषेणचशूराणान्तुमुलोऽतिमहानभूत् ३ समासाद्योभयेसेने परस्परजयैषिणाम्। रोषेणातिपरीतानान्त्यक्तजीवितचेतसाम् ४ समासाद्यतुतेऽन्योन्यं प्रक्रमेणविलोमतः। रथेनासक्तपादातो रथेनचतुरंगमः ५ हस्तीपदातिसंयुक्तो रथिनाचक्वचिद्रथी। मातंगेनापरोहस्ती तुरंगैर्बहुभिर्गजः ६ पदातिरेकोबहुभिर्गजैर्मत्तैश्चयुज्यते। ततःप्रासाशनिगदा भिन्दिपालपरश्वधैः ७ शक्तिभिःपट्टिशैःशूलैर्मुद्गरैः कडपैर्गण्डैः। चक्रैश्चशंकुभिश्चैव तोमरैरंकुशैःशितैः ८ कर्णिकालीकनाराच वत्सदन्तार्द्ध-

शोभित श्वेत चंवरसे मंडित हुई ध्वजा इन्द्रकी होतीभयी ९७।९८ नाग, यक्ष, गन्धर्व, महोरग और निशाचर इन्होंसे युक्त हुई देवताओं की सेना त्रिलोकी में दुर्जय होकर तेंतीस कोटि होती भयी ९९ हिमाचल पर्व्वतके समान श्वेत श्वेत चंवर सुवर्ण मालासे शोभित कपोलोंपर केशर रोली आदि से चिह्नित क्रीड़ा करते हुए भ्रमरोंसे युक्त ऐसे ऐरावत नामहाथी पर विराजमान महाबली विचित्र वस्त्रालंकारों से विभूपित बाजूबन्दों वाले भुजोंसे शोभित वन्दीजनों से स्तुतिमान सहस्राक्ष इन्द्र स्वर्गमें शोभित होताभया १००।१०१ घोड़े हाथियों के बलसे युक्त श्वेतचंवर और ध्वजा आदिकों की पंक्तिमें शोभित और अनेक अस्त्रोंसे दुस्तर ऐसी देवताओंकी सेना प्रकाशित होतीभयी १०२॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांतारकोपाख्यानेसप्तचत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः १४७॥

सूतजी बोले कि उस अत्यन्त दारुण रणमें देवता और असुरोंकी सेनाओं का महादारुण शब्द होता भया १ देवता और दैत्य दोनों शंखभेरी आदिके शब्दोंसे गर्जना करते भये मदोन्मत्त हाथियों की चिघाड़ोंके घोड़ोंकी हिनहिनाटके रथों के चक्रों के और धनुषकी प्रत्यंचा के शब्द इनसब शब्दों करके शूरवीरोंका महातुमुल घोष होताभया २।३ दोनों सेनाओंमें परस्पर जीतने की इच्छा वाले जीवनको त्यागे हुए क्रोध युक्त देवता और दैत्य आपसमें विलोम युद्ध करते भये रथके साथ प्यादे आसक्त होगये और रथीसे घोड़े वाले लड़ने लगे कहीं हाथी के साथ प्यादे हुए कहीं रथीके साथ रथीही होताभया कहीं हाथीके साथ दूसरी सेनाका हाथीही बहुतसे घोड़ोंसे लड़ने लगा ४।६ कहीं एक प्यादाही बहुत से मदोन्मत्त हाथियों से युद्ध करने लगा फिर वज्र, गदा, गोफियायंत्र, फरसा

चन्द्रकैः। भल्लैश्चशतपत्रैश्च शुकतुण्डैश्चनिर्म्मलैः ९ वृष्टिरत्यद्भुताकारा गगनेसमह
श्यत। संप्रच्छाद्यदिशःसर्वास्तमोमयमिवाकरोत् १० नप्राज्ञायतते ऽन्योऽन्यं तस्मिंस्तम
सिसंकुले। अलक्ष्यंविसृजन्तस्ते हेतिसङ्घातमुद्धतम् ११ पतितंसेनयोर्मध्ये निरीक्ष
न्तेपरस्परम्। ततोध्वजैर्भुजैश्छत्रैः शिरोभिश्चसकुण्डलैः १२ गजैस्तुरंगैःपादातैः
पतद्भिःपतितैरपि। आकाशसरसोभ्रष्टैः पङ्कजैरिवभूस्तता १३ भग्नदन्ताभिन्नकुम्भाश्छि
न्नदीर्घमहाकराः। गजाःशैलनिभा पेतुर्धरण्यांरुधिरस्रवाः १४ भग्नेषादण्डचक्राक्षा र
थाश्चशकलीकृताः। पेतुःशकलतांयातास्तुरङ्गाश्चसहस्रशः १५ ततोऽसृक्ह्रदुस्तारा
पृथिवीसमजायत। नद्यश्चरुधिरावर्ता हर्षदाःपिशिताशिनाम् १६ वेतालाक्रीडमभव
त्तत्संकुलरणाजिरम् १७ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेतारकासुरोपाख्यानेदेवासुरयुद्धेअष्ट
चत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः १४८॥

(सूत उवाच) अथग्रसनमालोक्य यमःक्रोधविमूर्च्छितः। ववर्षशरवर्षेण विशेषेणा
ग्निवर्चसाम् १ सविद्धोबहुभिर्बाणैर्ग्रसनोऽतिपराक्रमः। कृतप्रतिकृताकाङ्क्षी धनुरानम्य
भैरवम् २ शतैःपञ्चभिरत्युग्रैः शराणांयममर्दयन्। सविचिन्त्ययमोबाणान् ग्रसनस्यातिपौ
रुषम् ३ बाणवृष्टिभिरुग्राभिर्यमोग्रसनमर्दयन्। कृतान्तशरवृष्टिन्तां वियतिप्रतिसर्पि
णीम् ४ चिच्छेदशरवर्षेण ग्रसनोदानवेश्वरः। विफलांतांसमालोक्य यमस्तांशरसन्तति
म् ५ सविचिन्त्यशरत्रातं ग्रसनस्यरथंप्रति। चिक्षेपमुद्गरंघोरन्तरसातस्यचान्तकः ६ स

बरछी, पट्टिश, शस्त्र,शूल, मुद्गर,चक्र, शंकु,तोमर और तीक्ष्णअंकुश खड्ग खांड़े छुरीभाले, शतपत्र शस्त्र और शुकतुंड इन शस्त्रोंकी अत्यन्त वर्षासी आकाशमें होने लगी सबदिशा अन्धकारके समान आच्छादित होने लगीं ७।१० उसे युद्धका ऐसा अन्धकार हुआ कि कोई आपसमें पहिचाना नहीं गया दोनों सेनाओंमें शस्त्रही शस्त्र दीखने लगे ११ उनदोनों सेनाओंमें कटीहुई ध्वजाछत्र शिर हाथी घोड़े और प्यादे यह सब गिरतेभये उस समय ऐसीशोभाहोगई मानों आकाश रूपी सरोवरोंमें से गिरेहुए कमलोंकरके पृथ्वी विस्तृत होरही है १२।१३ कटेदांत टूटे मस्तकों वाले महाउन्नतहाथी रुधिर गिरते हुएही पर्व्वतोंके समान गिरतेभये १४ और चक्र धुरी, दंड और जूआ आदिक टूटने से रथोंके खण्ड२ होगये हजारों घोड़े गिरपड़े उनके भी टुकड़े२ होगये १५ तब पृथ्वीपर स्थान २ पर रुधिर भरगया और उन सब रुधिरों से रुधिरकी नदी बहनिकली मांसभक्षी जीवोंको बड़ाहर्ष होताभया तब उस रणमें वैताल भूतादिक क्रीड़ा करते भये १६।१७॥ इतिश्रीमत्स्यपुराण भाषाटीकायांतारकासुरोपाख्यानेदेवासुरयुद्धेअष्टचत्वारिंशदधिकशततमोऽध्यायः १४८॥

सूतजी कहते हैं कि इसके अनन्तर क्रोधसे मूर्च्छित हुआ धर्मराज ग्रसन दैत्यको देखकर उसके ऊपर बाणोंकी वर्षा करने लगा १ तब बहुत से बाणों से भिदा हुआ ग्रसन दैत्य अपना बदलालेने के निमित्त धनुषको ग्रहणकर अत्यन्त उग्रपांच बाणों करके धर्मराजको बांध लेताभया तब धर्मराज भी ग्रसन दैत्यके अत्यन्त पराक्रमको जान कर उग्रबाणोंकी वर्षा करके तिस दैत्यको पीड़ा देनेलगा

तंमुद्गरमायान्त मुत्प्लुत्यगगनस्थितम्। जग्राहवामहस्तेन याम्यंदानवनन्दनः ७ तमेवमु
द्गरंगृह्य यमस्यमहिषंरुषा।पातयामासवेगेन सपपातमहीतले ८ उत्प्लुत्याथयमस्तस्मान्म
हिषान्निष्पतिष्यत।प्रासेनताड़यामास ग्रसनंवदनेदृढ़म्९सतुप्रासप्रहारेण मूर्च्छितोन्यप
तद्भुवि।ग्रसनंपतितंदृष्ट्वा जम्भोभीमपराक्रमः १० यमस्यभिन्दिपालेन प्रहारमकरोद्धृदि।
यमस्तेनप्रहारेण सुस्रावरुधिरंमुखात् ११ कृतान्तमर्दितंदृष्ट्वा गदापाणिर्धनाधिपः।वृतो
यक्षायुतशतैर्जम्भंप्रत्युद्ययौरुषा१२जम्भोरुषातमायान्तं दानवानीकसंवृतः।उवाचप्रा
ज्ञोवाक्यन्तु यथास्निग्धेनभाषितम्१३ग्रसनीलब्धसंज्ञोऽथ यमस्यप्राहिणोद्गदाम्।मणि
हेमपरिष्कारां गुर्वीमरिविमर्दिनीम् १४ तामप्रतर्क्यांसंप्रेक्ष्य गदांमहिषवाहनः।गदायाः
प्रतिघातार्थं जगद्दलनभैरवम् १५ दण्डंमुमोचकोपेन ज्वालामालासमाकुलम्। संगदां
वियतिप्राप्य ररासाम्बुधरोयथा १६ सङ्घट्टमभवत्ताभ्यां शैलाभ्यामिवदुःसहम्।ताभ्यां
निष्पेषनिर्ह्रादजड़ीकृतदिगन्तरम् १७ जगद्व्याकुलतांयातं प्रलयागमशङ्कया।क्षणा
त्प्रशान्तनिर्ह्रादं ज्वलदुल्कासमाचितम् १८ निष्पेषेणतयोर्भीम मभूद्गगनगोचरम्।नि
हत्याथगदांदण्डस्ततोग्रसनमूर्द्धनि १९ हत्वाश्रियमिवानर्थो दुर्वृत्तस्यापतद्दृढः।सतु

उससमय धर्मराजकी की हुई बाणोंकी वर्षाको ग्रसन दैत्य अपने बाणोंसे छेदन करता भया ।५
तब धर्मराज अपने बाणोंकी वर्षाको विफल हुआ जानकर ग्रसन दैत्यके रथके सन्मुख बड़े बलसे
मुद्गरको फेंकते भये ६ उससमय आकाशमें आतेहुए मुद्गरको देखकर उसमुद्गरको वहदैत्य अपने
बायें हाथसे पकड़ लेता भया ७ और उसी मुद्गरसे बड़े क्रोध पूर्व्वक धर्मराजके भैंसे को मारता
भया तब वह भैंसा पृथ्वीपर गिरपड़ा ८ उससमय उसगिरते हुए भैंसे परसे धर्मराज कूदगये और
ग्रसन दैत्यके शरीरमें भाला मारताभया ९ उसभालेके प्रहारसे वह ग्रसन दैत्य मूर्च्छित होकर पृथ्वी
पर गिरपड़ा तबपड़ेहुए ग्रसन को देखकर भयंकर पराक्रमवाला जंभ दैत्य आया १० और आते
ही धर्मराज के हृदय में गोफिया यंत्रसे प्रहार करताभया उसप्रहार के लगने से धर्मराज के मुख
मेंसे रुधिर निकलने लगा ११ उस समय पीड़ित हुए धर्मराजको देखकर दशहजार यक्षों सं-
मेत कुबेर हाथमें गदा लेकर आये और क्रोधकरके जंभ दैत्यके सन्मुख दौड़तेभये १२ तब दानवोंकी
सेना समेत जंभ दैत्यभी क्रोधसे आताभया और कुबेरको देखकर यद्वातद्वा वचन बोलताभया १३
और ग्रसन दैत्यकोभी चेतहोगया तबवह दैत्य मणि सुवर्णसे जटित महाभारी शत्रुओंकी मारनेवाली
धर्मराजकी गदाको तोड़ताभया तबतो धर्मराजभी उसतोड़ीहुई गदाको देखकर दैत्यकी गदाको तो-
ड़नेके लिये जगत्का दलनेवाला महाज्वलित अपना दण्ड बड़े क्रोधसे फेंकताभया १४।१५ वह
दैत्य गदाको लेकर मेघके समान शब्द करनेलगा उन दोनोंका संग आकाश में ऐसा होताभया
मानों दुस्सह दोपर्व्वत आपसमें भिड़ रहेहों उनके भिड़नेके शब्दोंसे दिशा औरआकाश बधिरहोगये
१७ और प्रलय आनेकी शंकासे जगत् व्याकुल होगया क्षणमात्रमें उनके परस्पर संघर्षणसे अग्निसी
निकली उस समय आकाश भयंकर होताभया इसके अनन्तर धर्मराजका दण्ड गदाको तोड़कर

तेनप्रहारेण दृष्ट्वासतिमिरादिशः २० पपातभूमौनिःसंज्ञो भूमिरेणुविभूषितः। ततोहाहा रवोघोरः सेनयोरुभयोरभूत् २१ ततोमुहूर्त्तमात्रेण ग्रसनःप्राप्यचेतनाम्। अपश्यत्स्वा न्तनुंध्वस्तां विलोलाभरणाम्बराम् २२ सचापिचिन्तयामास कृतेप्रतिकृतिक्रियाम्। मद्विधेवस्तुनिपुंसि प्रभोःपरिभवोदयात् २३ मय्याश्रितानिसैन्यानिजितेमयिविनाशिता। असम्भावितएवास्तु मनःस्वच्छन्दचेष्टितः २४ नतुव्यर्थशतोद्घुष्ट सम्भावितधनोन रः। एवंसञ्चिन्त्यवेगेन समुत्तस्थौमहाबलः २५ मुद्गरंकालदण्डाभं गृहीत्वागिरिसन्निभः। ग्रसनोघोरसङ्कल्पः सन्दष्टोष्ठपुटच्छदः २६ रथेनत्वरितोगच्छन्नाससादान्तकंरणे। समा साद्ययमंयुद्धे ग्रसनोभ्राम्यमुद्गरम् २७ वेगेनमहतारौद्रश्चिक्षेपयममूर्द्धनि। विलोक्यमुद्गरं दीप्तं यमःसम्भ्रान्तलोचनः २८ वञ्चयामासदुर्द्धर्षं मुद्गरंसमहाबलः। तस्मिन्नपसृतेदूरं चण्डानांभीमकर्मणाम् २९ याम्यानांकिङ्कराणान्तु सहस्रंनिष्पिपेषह। ततस्तांनि हतांदृष्ट्वा घोरांकिङ्करवाहिनीम् ३० अगमत्परमंक्षोभं नानाप्रहरणोद्यतः। ग्रसनस्तु समालोक्य तांकिङ्करमयीञ्चमूम् ३१ मेनेयमसहस्राणि सृष्टानियममायया। निग्रा ह्यग्रसनःसेनां विसृजन्नस्त्रवृष्टयः ३२ कल्पान्तघोरसङ्काशो बभूवक्रोधमूर्च्छितः। कांश्चिद्बिभेदशूलेन कांश्चिद्बाणैरजिह्मगैः ३३ कांश्चित्पिपेषगदया कांश्चमुद्गरवृष्टि

ग्रसन दैत्यके मस्तकमें लगताभया १८। १९ जैसेकि दुष्टपुरुषका अनर्थ लक्ष्मी को हरलेताहै उसी प्रकार वह दैत्यभी दंडसे हतहोगया अर्थात् उसदंडके प्रहारसे वहग्रसन दैत्य नेत्रोंसे अन्धासा होकर भूमिमें गिरपड़ा और पृथ्वीकी धूलिसे विभूषित होगया इसके अनन्तर दोनों सेनाओंमें हाहाकार शब्द मचगया २० । २१ जब ग्रसन दैत्यको चेतहुआ तब विध्वस्त हुए अपने शरीरको देखकर धर्मराजसे अपना बदला लेनेकी इच्छा करताभया और यहबचन बोलाकि मुझसरीखे पुरुषसे समर्थ पुरुषकाभी तिरस्कार होनाचाहिये २२। २३ जोमैं जीताजाऊंगा तोमेरे आधीन हुई सब सेनाकाभी नाश होजायगा और यहमेराशत्रु स्वच्छन्दहोकर विचरताहै यहअसंभावि नहीं है क्योंकि समर्थ पुरुष अपने उद्योगके व्यर्थ होजानेपरभी अपने उद्योगको नहीं छोड़ता है ऐसा चिन्तवन करके वहमहाबली दैत्य स्थितहोताभया २४। २५ कालदंड और पर्व्वतके समान दंडको ग्रहण करके घोरसंकल्प युक्त ओष्ठोंको चबाता ग्रसन दैत्य रथमें बैठ शीघ्रही रणमें आवताभया वहाँ आकर मुद्गर भ्रमाकर धर्मराजसे युद्ध करनेलगा २६। २७ और बड़े वेगसे उस भयंकर मुद्गरको धर्मराज के मस्तकपर फेंकताभया उसदीप्त हुए मुद्गरको देखकर संभ्रान्त नेत्रोंवाले धर्मराज वहाँसे दूरहोकर उस मुद्गर से शरीर को बचाते भये जबमुद्गरसे धर्मराज दूरहोगये तब प्रचंडकर्मी हजारों धर्मराजके दूतों का उसके प्रहार से चूर्ण होगया फिर उस अपनी सेनाको निहतहुई देखकर २८। ३० धर्मराज अनेक शस्त्रों को धारण करके परमक्रोधको करते भये और ग्रसन दैत्य उससेना को देखकर यह मानताभया कि यह सेना धर्मराजने अपनीमायासे रची है ऐसाजानके बाणोंकी वर्षा करनेलगा और प्रलयकाल के समुद्रके समान परमक्रोध से उग्ररूप होकर किसीको शूलसे और किसीको बाणों से

भिः। केचित्प्रासप्रहारैश्च दारुणैस्ताडितास्तदा ३४ अपरेबहुशस्तस्य ललम्बु र्बाहुम
एडले। शिलाभिरपरेजघ्नुर्द्रुमैरन्यैर्महोच्छ्रयैः ३५ तस्यापरेतुगात्रेषु दशनैरपिदंशयन्।
अपरेमुष्टिभिःपृष्ठं किङ्कराःप्रहरन्तिच ३६ अभिद्रुतस्तथाघोरैर्ग्रसनःक्रोधमूर्च्छितः।
उत्सृज्यगात्रंभूपृष्ठे निष्पिपेषसहस्रशः ३७ कांश्चिदुत्थायमुष्टीभिर्जघ्नेकिङ्करसंश्रयान्।
सतुकिङ्करयुद्धेन ग्रसनःश्रममाप्तवान् ३८ तमालोक्ययमःश्रान्तं निहताश्वस्ववाहिनीम्।
आजगामसमुद्यम्य दण्डंमहिषवाहनः ३९ ग्रसनस्तुसमायान्तमाजघ्नेगदयोरसि। अचि
न्तयित्वातत्कर्म्म ग्रसनस्यान्तकोऽरिहा ४० जघ्नेरथस्यमूर्द्धन्यान् व्याघ्रान्दण्डेनकोपनः।
सरथोदण्डमथितैर्व्याघ्रैरर्द्धैर्विकृष्यते ४१ संशयःपुरुषस्येव चित्तंदैत्यस्यतद्रथम्। समु
त्सृज्यरथंदैत्यः पदातिर्धरणींगतः ४२ यमंभुजाभ्यामादाय योधयामासदानवः। यमोऽपि
शस्त्राण्युत्सृज्य बाहुयुद्धेष्ववर्त्तत ४३ ग्रसनःकटिवस्त्रेस्तु यमंगृह्यबलोद्धतः। भ्रामयामा
सवेगेन प्रचित्तमिवसंभ्रमन् ४४ यमोऽपिकण्ठेऽवष्टभ्य दैत्यंबाहुयुगेनतु। वेगेनभ्रामया
मास समुत्कृष्यमहीतलात् ४५ ततोमुष्टिभिराजघ्नुरर्दयन्तौपरस्परम्। दैत्येन्द्रस्याति
कायत्वात्ततः श्रांतभुजोयमः ४६ स्कन्धेनिधायदैत्यस्य मुखंविश्रान्तिमैच्छत। तमालक्ष्य
ततोदैत्यः श्रान्तमन्तकमोजसा ४७ निष्पिपेषमहीपृष्ठे बहुशःपार्ष्णिपाणिभिः। यावद
मस्यवदनात् सुस्रावरुधिरंबहु ४८ निर्जीवितंयमंदृष्ट्वा ततःसन्त्यज्यदानवः। जयंप्राप्यो

वेधताभया ३३।३३ किसीको गदासे पीसा किसीको मुद्गरोंसे चूर्ण किया और कितनोंहीको अपने
दारुण भालेके प्रहारोंसे नाश करदिया ३४ कितनेही उसकी भुजासे और कितनेही शिलासे चूर्ण
हुए और कितनोंहीको वह वृक्षोंसे मारताभया ३५ उससमय बहुतसे दूत उसके शरीर,को नोचते
और मुक्कोंसे मारते भये ३६ तव तो घोरदूतों से भगायाहुआ ग्रसन दैत्य क्रोधसे मूर्च्छित होके ह
जारों दूतोंको अपने शरीरसे दूरकरके पृथ्वीमें गेरकर मसलता भया ३७ कितनोंको मुक्कोंसे भी मा
रताभया इस प्रकारसे धर्मराज के दूतों से युद्धकरता हुआ दैत्य बहुतही श्रमित होगया ३८ तब थ
कितहुए उस दैत्यको और हारीहुई अपनी सेनाको देखकर धर्मराज अपने भैंसेपर चढ़कर दंडधारण
करके संग्राममें आतेभये ३९ उससमय ग्रसन दैत्यने उनआतेहुए धर्मराजकी छातीमें एकगदामारी
तब धर्मराज उसके उसकर्मको साधारण मानकर अपने दंडसे उसकेरथमें जुतेहुए भेड़ियोंको मारते
भये फिर दंडसे पीड़ितहुए भेड़ियों से वह रथखैंचा न गया तब सन्देहसे युक्तहोकर वह दैत्य रथको
त्यागकर पैदलहोकर आया ४०।४२ और धर्मराजको अपनी भुजाओं से पकड़कर जब युद्धकरने
लगा तब धर्म्मराज भी शस्त्रोंको त्यागके बाहुयुद्ध करनेलगा ४३ उस समय वह ग्रसनदैत्य धर्मराज
की धोतीको पकड़कर बड़े वेगसे भ्रमाताभया और धर्मराज भी अपनी भुजाओं से दैत्यकी ग्रीवाको
कड़ा पकड़कर भ्रमाकर पृथ्वीमें पटकतेभये फिर वह दोनों परस्पर मुष्टिकाओं से युद्धकरनेलगे दैत्य
का शरीर बहुत बड़ाथा इसहेतुसे धर्मराज थकितहोगये ४४।४६ और दैत्यके कन्धोंपर हाथरखकर
दैत्यके मुखकी हारको देखताभया उस समय वह दैत्य धर्मराजको थकाहुआ जानके पृथ्वी में बहुत

ह्वतंदैत्यो नादंमुक्त्वामहास्वनः ४९ स्वयंसैन्यंसमासाद्य तस्थौगिरिरिवाचलः। धनाधिपस्यजम्भेन सायकैर्मर्मभेदिभिः ५० दिशोऽवरुद्धाःक्रुद्धेन सैन्यंचास्यनिकृन्तितम्। ततः क्रोधपरीतस्तु धनेशोजम्भदानवम् ५१ हृदिविव्याधबाणानां सहस्रेणाग्निवर्चसाम्। सारथिञ्चशतेनाजौ ध्वजंदशभिरेवच ५२ हस्तौचपञ्चसप्तत्या मार्गणैर्दशभिर्धनुः। मार्गणैर्वर्हिपत्राङ्कैस्तैलधौतैरजिह्मगैः ५३ सिंहमेकेनतंतीक्ष्णैर्विव्याधदशभिःशरैः। जम्भस्तुकर्मतद्दृष्ट्वा धनेशस्यातिदुष्करम् ५४ हृदिधैर्यंसमालम्ब्य किञ्चित्सन्त्रस्तमानसः। जग्राहनिशितान्बाणान् शत्रुमर्मविभेदिनः ५५ आकर्णाकृष्टचापस्तु जम्भःक्रोधपरिप्लुतः। विव्याधधनदंतीक्ष्णैः शरैर्वक्षसिदानवः ५६ सारथिंचास्यबाणेन दृढेनाभ्यहनद्धृदि। चिच्छेदज्यामथैकेन तैलधौतेनदानवः ५७ ततस्तुनिशितैर्बाणैर्दारुणैर्मर्मभेदिभिः। विव्याधोरसिवित्तेशं दशभिःक्रूरकर्म्मभिः ५८ मोहंपरमतोगच्छन् दृढविद्धोहिवित्तपः। सक्षणाद्धैर्यमालम्ब्य धनुराकृष्यभैरवम् ५९ किरन्बाणसहस्राणि निशितानिधनाधिपः। दिशःखंविदिशोभूमीरनीकान्यसुरस्यच ६० पूरयामासवेगेन सञ्छाद्यरविमण्डलम्। जम्भोऽपिपरमेकैकं शरैर्बहुभिराहवे ६१ चिच्छेदलघुसन्धानो धनेशस्यातिपौरुषात्। ततोधनेशःसंक्रुद्धो दानवेन्द्रस्यकर्म्मणा ६२ व्यधमत्तस्यसैन्यानि नानासायकवृष्टिभिः। तद्दृष्ट्वादुष्कृतंकर्म्म धनाध्यक्षस्यदानवः ६३ गृहीत्वामुद्गरंभीममायसंहेमभूषितम्।

बार अपनी एड़ियोंसे मसलताभया तब धर्मराजके मुखमे बहुतसा रुधिर निकलनेलगा ४७।४८ तब वह दैत्य धर्मराजको मराहुआ जानकर छोड़देताभया और विजयको प्राप्तहोकर उच्चस्वरसे नाद करतागया ४९ फिर अपनी सेनामें आके पर्व्वतके समान खड़ाहोगया क्रोधसे युक्तहुए जंभदैत्यने कुबेरकी दशोंदिशाओंको रोकदिया और सेनाको मारगेरा फिर कुबेरने भी महाक्रोधयुक्त होकर जंभ दैत्यके हृदयमें अग्निके समान दीप्तिमान् हजार बाणोंको मारा ५०।५१ पिछत्तर बाणोंसे ७५ उसके हाथोंको काटा और बड़े तीक्ष्ण सीधे दशबाणों से धनुषको काटकर एक बाणसे उसके सिंहको वेधा और वैसेही तीक्ष्ण दशबाणों से दैत्यको भी वेधनकिया कुबेरके इन दुष्कर्म को वह जंभदैत्य देखकर हृदयमें धैर्य्य धारणकरके शत्रुके कर्मके भेदन करनेवाले तीक्ष्ण बाणोंको ग्रहणकरताभया ५३।५५ और क्रोधसे अपने धनुषको कानतकखेंचकर उन तीक्ष्ण बाणोंको कुबेरके हृदयमें मारताभया ५६ और एक दृढ बाणसे इसके प्रबलसारथीको मारताभया दूसरे बाणसे इसके धनुषकी प्रत्यंचा को काटताभया ५७ फिर पैने महादारुण दश बाणों करके कुबेरकी छाती को वेधताभया ५८ तब कुबेर क्षणभर मूर्च्छाको प्राप्तहोकर धैर्य्ययुक्त होकर धनुषको खैंचताभया ५९ और हजारों बाणों को छोड़कर दैत्यकी सबदिशा आकाश भूमि और सब स्थानोंपर सेनाके लोगों पर बाणों की वर्षा करताभया उन बाणोंकी वर्षासे सूर्य्यका मंडल छायगया तब जंभ दैत्यभी अपने बहुतसे बाणोंकर के प्रत्येक बाणको काटताभया ६०।६१ अर्थात् कुबेरके बहुतसे पुरुषार्थ को थोड़ेही परिश्रमसे काटतभया तब दैत्य के कर्मको देखकर कुबेर क्रोधकेद्वारा बाणोंकी वर्षाकरके जंभ दैत्यकी सेनाको

धनदानुचरान्यक्षान् निष्पिपेषसहस्रशः ६४ तेवध्यमानादैत्येन मुञ्चन्तोभैरवान्रवान्। रथंधनपतेःसर्वे परिवार्यव्यवस्थिताः ६५ दृष्ट्वातानर्दितान्देवःशूलंजग्राहदारुणम्। तेनदैत्यसहस्राणि सूदयामाससत्वरः ६६ क्षीयमाणेषुदैत्येषु दानवःक्रोधमूर्च्छितः।ज ग्राहपरशुंदैत्यो मर्द्दनंदैत्यविद्विषाम् ६७ सतेनसितधारेण धनभर्तुर्महारथम्। चिच्छेदति लशोदैत्यो ह्याखुःस्निग्धमिवाम्बरम् ६८ पदातिरथवित्तेशो गदामादायभैरवीम्। महा हवविमर्देषु दृप्तशत्रुविनाशिनीम् ६९ अधृष्यांसर्वभूतानां बहुवर्षगणार्चिताम्। नाना चन्दनदिग्धाङ्गां दिव्यपुष्पविवासिताम् ७० निर्मलायोमयींगुर्वीममोघांहेमभूषणाम्। चिक्षेपमूर्ध्निसंक्रुद्धो जम्भस्यतुधनाधिपः ७१ आयान्तींतांसमालोक्य तडित्सङ्घातमं पिडताम्। दैत्योगदाभिघातार्थं शस्त्रवृष्टिंमुमोचह ७२ चक्राणिकोणपःप्रासान् भुशुण्डी पट्टिशानपि। हेमकेयूरनद्धाभ्यां बाहुभ्यांचण्डविक्रमः७३व्यर्थीकृत्यतुतान्सर्वा नापतत् दैत्यवक्षसि। प्रस्फुरन्तीपपातोग्रामहोल्केवाद्रिकन्दरे ७४ गदयाभिहतोगाढं पपातरथ कूबरे। स्रोतोभिश्चास्यरुधिरं सुस्रावगतचेतसः ७५ जम्भन्तुनिहतंमत्वा कुजम्भोभैर वस्वनः। धनाधिपस्यसंक्रुद्धो वाक्येनातीवकोपितः ७६ चक्रेबाणमयंजालं दिक्षुयक्षाधि पस्यतु। चिच्छेदबाणजालंतदर्द्धचन्द्रैःशितैस्ततः ७७ मुमोचशरवृष्टिन्तु तस्ययक्षाधि

उजाड़ताभया ऐसे कुवेरके दुष्कर्मको देखकर जंभ दैत्य सुवर्णसे विभूषित लोहेके मुद्गरको ग्रहणकर उसके द्वारा हज़ारों कुवेरके अनुचरों को चूर्ण करताभया ६२।६४ तब दैत्यसे पीड़ितहुए कुवेर के अनुचर भयकरके कुवेरके रथके चारों ओरको खड़े होतेभये ६५ फिर पीड़ितहुए अनुचरों को देखकर कुवेर दारुण शूलको ग्रहणकर उस्से हज़ारों दैत्यों को मारताभया ६६ उन दानवोंकानाश देखकर क्रोधसे व्याकुल जंभ दैत्य फरसेको ग्रहण करताभया ६७ वह फरसा अपनी तीक्ष्णधारों से कुवेरके रथको ऐसे टुकड़े२ करताभया जैसे कि चिकनेवस्त्रको मूसा टुकड़े २ कर डालताहै ६८ तब पैदलहुआ कुवेरउस भयंकर अभिमान वाली शत्रुओं की मारने वाली भयानक गदाको संग्राम में ग्रहण करताभया ६९ जो किसी प्राणीसे न सहने के योग्य बहुत वर्षोंसे गंधाक्षत पुष्पों से पूजी हुई ७० अच्छे लोहेकी भारी अमोघ सुवर्ण से विभूषितथी ऐसी गदाको उठाकर कुवेर जंभ दैत्य के मस्तकमें मारताभया ७१ तब बिजलीके समान आतीहुई गदाको देखकर जंभदैत्य उसके निवारण करनेकेलिये इनशस्त्रों की वर्षा करताभया चक्र, बरछी भाला, भुशुंडी, भल्ल, और पट्टिश इनसबको अपने सुवर्णके बाजूबन्दोंसे शोभित हुए हाथों से छोड़ताभया ७२।७३ परन्तु इन अस्त्रशस्त्रों के रोकनेपर भी वह कुवेरकी गदा उनसब अस्त्रोंको व्यर्थकरके उस दैत्यके हृदयमें ऐसे लगती भयी जैसे कि पर्वतकी कन्दरामें बिजली गिरती हो ७४ गदाके लगनेसे यहदैत्य रथके जुए के समीप गिरपड़ा इसके मरतेही इसके मुखकान आदिसे बहुतसारुधिर निकलताभया इसप्रकार से मरेहुए जंभदैत्यको देखकर भयंकरशब्दवाला कुजंभदैत्य कुवेरपर अत्यन्त क्रोधकरताभया७५।७६ और कुवेरकी सबदिशाओंमें बाणोंका जाल बाँधदिया तबकुवेर अपने २ तीक्ष्ण अर्द्ध चन्द्रोंकरके उ

पोबली। सतंदैत्यःशरव्रातं चिच्छेदनिशितैःशरैः ७८ व्यर्थीकृतान्तुतांदृष्ट्वा शरवृष्टिंध नाधिपः। शक्तिंजग्राहदुर्द्धर्षी हेमघण्टाट्टहासिनीम् ७९ बाहुनारत्नकेयूर कान्तिसन्तान हासिना। सतांनिरूप्यवेगेन कुजम्भायमुमोचह ८० सकुजम्भस्यहृदयं दारयामासदारु णा।वित्तेशःस्वल्पसत्वस्य पुरुषस्यातिभाविता८१ अथास्यहृदयंभित्त्वा जगामधरणीतलं म्। ततोमुहूर्त्तादस्वस्थो दानवोदारुणाकृतिः ८२ जग्राहपट्टिशंदैत्यः प्रांशुंशितशिलीमु खम्। सतेनपट्टिशेनाजौ धनदस्यस्तनान्तरम् ८३ वाक्येनतीक्ष्णरूपेण मर्मान्तरविस र्पिणा। निर्बिभेदाभिजातस्य हृदयंदुर्जनोयथा ८४ तेनपट्टिशघातेन धनेशःपरिमूर्च्छितः। निपपातरथोपस्थे जर्जरोधूर्वहोयथा ८५ तथागतन्तुतंदृष्ट्वा धनेशंनरवाहनम्। खड्गास्त्रो निर्ऋतिर्देवो निशाचरबलानुगः ८६ अभिदुद्राववेगेन कुजम्भंभीमविक्रमम्। अथदृष्ट्वा तुदुर्द्धर्षं कुजम्भोराक्षसेश्वरम् ८७ चोदयामाससैन्यानि राक्षसेन्द्रबधंप्रति। सदृष्ट्वाचोदि तांसेनां भल्लनानास्त्रभीषणाम् ८८ रथादाप्लुत्यवेगेन भूषणद्युतिभास्वरः। खड्गेनकम लानीव विकोशेनाम्बरत्विषा ८९ चिच्छेदरिपुवक्त्राणि विचित्राणिसमन्ततः। तिर्यकूपृ ष्ठमधश्चोर्ध्वं दीर्घबाहुर्महासिना ९० सन्दष्टौष्ठपुटाटोपभ्रूकुटीविकटाननः। प्रचण्डको परक्ताक्षो न्यकृन्तद्दानवान्रणे ९१ ततोनिःशेषितप्रायां विलोक्यस्वामनीकिनीम्। मुक्त्वा कुजम्भोधनदं राक्षसेन्द्रमभिद्रवत् ९२ लब्धसंज्ञोऽथजम्भस्तु धनाध्यक्षपदानुगान्। जी वग्राहान्सजग्राह बध्वापाशैःसहस्रशः ९३ मूर्तिमन्तितुरत्नानि विविधानिचदानवाः। वा

सके बाणजालको काटताभया ७७ और उस दैत्यपर बड़े तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करताभया तबवह कुजंभ दैत्य अपने बाणोंसे कुबेरके बाणोंको काटताभया ७८ जबबाण व्यर्थ होगये तब सुवर्णके घंटों से शोभितहुई अपनी शक्तिको ग्रहण करताभया ७९ और अपने स्वर्णभूषणोंसे शोभितहुई भुजाओंसे उस शक्तिको बड़ेबेगसे कुजंभके ऊपर छोड़ताभया ८० इस प्रकारसे छोड़ीहुई शक्तिके द्वारा कुबेर कुजंभ दैत्यके हृदयको फाड़ता भया और वह शक्ति हृदयको फाड़कर पृथ्वीमें गिरपड़ी फिर थोड़ेमें वहदानव चैतन्य होकर तीक्ष्ण और ऊंची बरछीसे कुबेरके हृदयको ऐसे बेधता भया जैसेकि दुर्जन पुरुष वचनों करके हृदयको बेधदेताहै ८१। ८४ उस बरछीके घातसे कुबेर मूर्च्छित होकर रथ के जुएके पास ऐसे गिरपड़ा जैसेकि बूढ़ा बैल गिरपड़ाहो ८५ इस प्रकारसे गिरेहुए कुबेरको देखकर निशाचरोंके बलसे युक्तहुआ राक्षसोंका स्वामी हाथमें खड्ग लेकर आया और कुजंभ दैत्यके सन्मुख दौड़ा उस समय उस दुर्धर्ष राक्षसको देखकर कुजंभ दैत्य अपनी सेनाको उसके साथ लड़नेकेलिये प्रेरताभया तब अनेकप्रकारके शस्त्रोंवाली सेनाको देखकर वह राक्षस रथसे नीचेउतर हाथमें खड्ग लेकर सब दैत्योंके शिरोंको काटता भया और क्रोधसे ओष्ठोंको चबाताहुआ दीर्घभुजा विकराल मुख और प्रचंड कोपयुक्त वहराक्षस रणमें उसखड्गसे दानवोंको काटताभया ८६। ९१ उससमय जंभदैत्य थोड़ीसी बाकी रही अपनी सेनाको देखके कुबेरको छोड़ उसराक्षसके सन्मुख भाजताभया ९२ इसके अनन्तर कुजंभदैत्य को भी चेष्टा होगई तब वह दैत्य सेनाके हज़ारों पुरुषोंको फांसी में

हृतानिचदिव्यानि विमानानिसहस्रशः ९४ धनेशोलब्धसंज्ञोऽथ तामवस्थांविलोक्यतु।
निश्वसन्दीर्घमुष्णञ्च रोषात्ताम्रविलोचनः ९५ ध्यात्वास्त्रंगारुडन्दिव्यं बाणंसन्धाय
कार्मुके। मुमोचदानवानीके तंबाणंशत्रुदारणम् ९६ प्रथमङ्कार्मुकात्तस्य निश्चेरुर्धूमराजयः।
अनन्तरंस्फुलिङ्गानां कोटयोदीप्तवर्चसाम् ९७ ततोज्वालाकुलंव्योम चकारास्त्रं
समन्ततः। ततःक्रमेणदुर्वारं नानारूपंतदाभवत् ९८ अभूतश्चाभवल्लोको ह्यन्धकार
समावृतः। ततोऽन्तरिक्षेशंसन्ति तेजस्तेतुपरिष्कृतम् ९९ कुजम्भस्तत्समालोच्य दान
वोऽतिपराक्रमः। अभिदुद्राववेगेन पदातिर्धनदंनदन् १०० अथाभिमुखमायान्तं दैत्यं
दृष्ट्वाधनाधिपः। बभूवसंभ्रमाविष्टः पलायनपरायणः १०१ ततःपलायतस्तस्य मुकुटं
रत्नमण्डितम्। पपातभूतलेदीप्तं रविबिम्बमिवाम्बरात् १०२ शूराणामभिजातानां भर्तव्ये
पसृतेरणात्। भर्तुःसंग्रामशिरसि युक्तन्तद्भूषणाग्रतः १०३ इतिव्यवस्यदुर्द्धर्षा नानाश
स्त्रास्त्रपाणयः। युयुत्सवःस्थितायक्षा मुकुटंपरिवार्यतम् १०४ अभिमानधनावीरा धनद
स्यपदानुगाः। तानमर्षाद्वसंप्रेक्ष्य दानवाश्चण्डपौरुषाः १०५ भुशुण्डींभैरवाकारां गृह्य
त्वाशैलगौरवाम्। रक्षिणोमुकुटस्याथ निष्पिपेषनिशाचरान् १०६ तान्प्रमथ्याथदनुजो
मुकुटन्तत्स्वकेरथे। समारोप्यामररिपुर्जित्वाधनदमाहवे १०७ धनानिरत्नानिचमूर्तिम
न्ति तथानिधानानिशरीरिणश्च। आदायसर्वाणिजगामदैत्यो जम्भःस्वसैन्यन्दनुजेन्द्र
सिंहः। धनाधिपोवित्रिनिकीर्णमूर्धजो जगामदीनःसुरभर्तुरन्तिकम् १०८ कुजम्भनाथसं
बांधकर उनके दिव्य २ रत्न हजारों विमान और वाहनादिकों को हरलेता भया, फिर कुबेरको भी
चेष्टाहुई तब जंभदैत्य के कर्मको देख ऊर्ध्वश्वासले क्रोधसे रक्तनेत्रकर दिव्य गारुडास्त्रका ध्यानकर
बाणको धनुषपर चढ़ाकर दानवोंकी सेनामें छोड़ताभया ९३। ९६ उस बाणमें से एक धुएंकी रेखा
निकली फिर किरोड़ों अग्निके पतंगे निकले ९७ इसके पीछे वह अस्त्रचारोंओर आकाशको व्याप्त
करता भया तबवह क्रम २ से दुर्जयअस्त्र होगया और सबदैत्य अन्धकारसे अन्धे हो २ करमरतेभये
उसके तेजको आकाशके प्राणी सब सराहते भये ९८। ९९ इसकर्मको कुजंभदैत्य देखकर पैदलही
कुबेरके सन्मुख शब्द करताहुआ भागकर आया १०० फिर दैत्यको सन्मुख आताहुआ देखकर कुबेर
भाजताभया १०१ उससमय भाजतेहुए कुबेरका रत्नोंसे जटितमुकुट पृथ्वीपर ऐसेगिरा मानोंआकाश
से सूर्यही गिरपड़ाहो १०२ शूरवीरोंका स्वामी जबरणसे भागजाताहै तबस्वामीका आभूषणही पति
होताहै ऐसा निश्चय करके दुर्धर्ष यक्ष लोग अनेक प्रकारके शस्त्रोंको धारण करके मुकुटके चारोंओर
खड़ेहोगये १०३। १०४ कुबेरकेअनुचर यक्षोंके अभिमानका धनथा ऐसेउनयक्षोंको देखकर अनेक दानव
भयंकर आकार वाली बरछी को ग्रहणकर उनके द्वारा मुकुटके समीपवर्ती खड़े हुए यक्षों को मार
ते भये १०५। १०६ तिन यक्षों को मार मुकुटको अपने रथमें स्थापित कर कुबेर को जीत वह
प्रसन्न होताभया १०७ तब जंभदैत्य मरेहुए यक्षोंके धनों को ग्रहण करके अपनी सेना समेत
चलागया और कुबेर दीनरूप होकर खुले हुए बालोंसे इन्द्र के समीप जाताभया १०८ इसके प

सक्तो रजनीचरनन्दनः। मायाममोघामाश्रित्य तामसींराक्षसेश्वरः १०९ मोहयामासदै
त्येन्द्रं जगत्कृत्वातमोमयम्। ततोविफलनेत्राणि दानवानांबलानितु ११० नशेकुश्च
लितुन्तत्र पदादपिपदन्तदा। ततोनानास्त्रवर्षेण दानवानांमहाचमूम् १११ जघानघन
नीहार तिमिरातुरवाहनाम्। वध्यमानेषुदैत्येषु कुजम्भेमूढचेतसि ११२ महिषोदानवे
न्द्रस्तु कल्पान्ताम्भोदसन्निभः। अस्त्रञ्चकारसावित्र मुल्कासङ्घातमण्डितम् ११३ विजृ
म्भत्यथसावित्रे परमास्त्रेप्रतापिनि। प्रणाशमगमत्तीव्रं तमोघोरमनन्तरम् ११४ ततो
ऽस्त्रंविस्फुलिङ्गाङ्गं तमःकृत्स्नंव्यनाशयत्। प्रफुल्लारुणपद्माभं शरदीवामलंशरः ११५
ततस्तमसिसंभ्रान्ता दैत्येन्द्राःप्राप्तचक्षुषः। चक्रुःक्रूरेणमनसा देवानीकैःसहाद्भुतम् ११६
शस्त्रैरमर्षान्निर्मुक्तैर्भुजङ्गास्त्रविनोदितम्। अथादायधनुर्घोरमिषूंश्चाशीविषोपमान् ११७
कुजम्भोऽधावतक्षिप्रंरक्षोराजबलम्प्रति। राक्षसेन्द्रस्तमायान्तं विलोक्यसपदानुगः ११८
विव्याधनिशितैर्बाणैःक्रूराशीविषभीषणैः। तदादानञ्चसन्धानं नमोक्षश्चापिलक्ष्यते ११९
चिच्छेदास्यशरव्रातान् स्वशरैरतिलाघवात्। ध्वजंपरमतीक्ष्णेन चित्रकर्मामरद्विषः १२०
सारथिञ्चास्यभल्लेन रथनीडादपातयात्। कुजम्भःकर्मतद्दृष्ट्वा राक्षसेन्द्रस्यसंयुगे १२१
रोषरक्तेक्षणयुतो रथादाप्लुत्यदानवः। खड्गंजग्राहवेगेन शरदम्बरनिर्मलम् १२२ चर्मचो
द्यखण्डेन्दु दशकेनविभूषितम्। अभ्यद्रवरणेदैत्यो रक्षोऽधिपतिमोजसा १२३ तंरक्षो

नन्तर राक्षसोंका स्वामी प्रधान राक्षस कुजंभ दैत्यके आगेतामसी माया रचताभया १०९ अर्थात् तमोमय आकाश को करके कुजंभ दैत्य को मोहित करता भया और सब दानव अंधे होकर एकचरण भी न चलसके तब अनेक प्रकार की अस्त्रों की वर्षा करके दानवों की सेनाको मारताभया ११०–१११ शीतकी प्रबलता से पीड़ित हुए दैत्यों के सब वाहन मरते भये इसप्रकार सब दानव मारेगये और कुजंभ को मूर्छा आगई तब प्रलयकाल के मेघके समान आकार वाला महिषासुर दैत्य बिजली के समान कान्तिवाला सावित्र अस्त्रको छोड़ताभया ११२। ११३ जब वह सावित्र अस्त्र प्रकाशित हुआ तब उस घोर अंधकार का नाश होगया ११४ अग्निके कणों वाला वह अस्त्र सब अन्धकार को ऐसे नाशकरदेताभया जैसे कि शरद्ऋतु आकाशको निर्मल करदेतीहै ११५ जब अन्धकार दूरहोगया तब खुले हुए नेत्र वाले दैत्य क्रूरमन करके देवताओं की सेनाके साथ अद्भुत युद्धकरतेभये ११६ भुजंग अस्त्रोंके द्वारा विनोदित शस्त्रोंको क्रोधसे ग्रहण करके घोर धनुषको चढ़ाकर विषवाले बाणोंको छोड़ते भये ११७ कुजंभ दैत्य शीघ्रही राक्षसोंकी सेनाकी ओर भागता भया तब राक्षसोंकी सेनाका नायक आवते हुए दैत्य को सर्पके विष वाले क्रूर बाणों करके बेधताभया उस समय दैत्य के छुटने का कोई मार्ग नहीं रहा ११८। ११९ वह राक्षस इस दैत्य के बाणों का छेदन करता भया और तीक्ष्णबाणों से इसकी ध्वजाकोभी छेदन करताभया १२० फिरइसके सारथीको भालेसे मार कर रथके नीचे गिराता भया ऐसे इसराक्षसके कर्मको कुजंभदैत्य देखकर क्रोधसे रक्तनेत्र कर रथसे नीचे उतर वेगसे अपने तीक्ष्ण खड्गको ग्रहण करता भया १२१। १२२ चन्द्रखण्ड के समान

ऽधिपतिःप्राप्तं मुद्गरेणाहनद्धृदि। सतुतेनप्रहारेण क्षीणःसंभ्रान्तमानसः १२४ तस्था
वचेष्टोदनुजो तथाधीरोधराधरः। समुहूर्तंसमाश्वस्तो दानवेन्द्रोऽतिदुर्जयः १२५ रथ
मारुह्यजग्राह रक्षोवामकरेणतु। केशेषुनिर्ऋतिंदैत्यो जानुनाक्रम्याधिष्ठितम् १२६
ततःखड्गेनचशिरश्छेत्तुमैच्छदमर्षणः। तस्मिन्तदन्तरेदेवो वरुणोऽपांपतिर्द्रुतम् १२७
पाशेनदानवेन्द्रस्य बबन्धचभुजद्वयम्। ततोबद्धभुजंदैत्यं विफलीकृतपौरुषम् १२८
ताडयामासगदया दयामुत्सृज्यपाशधृक्। सतुतेनप्रहारेण स्रोतोभिःक्षतजंवमन् १२९
दधाररूपंमेघस्य विद्युन्मालालतावृतम्। तदवस्थागतंदृष्ट्वा कुजम्भंमहिषासुरः १३०
व्यावृत्तवदनेनाधेग्रस्तु मैच्छत्सुरावुभौ। निर्ऋतिंवरुणञ्चैव तीक्ष्णदंष्ट्रोत्कटाननः १३१
तवाभिप्रायमालक्ष्य तस्यदैत्यस्यदूषितम्। त्यक्तारथपथंभीतौ महिषस्यातिरंहसा १३२
भृशंद्रुतौजवाद्दिग्भ्यामुभाभ्यांभयविह्वलौ। जगामनिर्ऋतिःक्षिप्रं शरणंपाकशासनम् १३३
क्रुद्धस्तुमहिषोदैत्यो वरुणंसमभिद्रुतः। तमन्तकमुखासक्तमालोक्यहिमवद्द्युतिः १३४
चक्रेसोमास्त्रनिसृष्टं हिमसंघातकण्टकम्। वायव्यंचास्त्रमतुलं चन्द्रश्चक्रेद्वितीयकम् १३५
वायुनातेनचन्द्रेण संशुष्केणाहिमेनच। व्यथितादानवाःसर्वे शीतोच्छिन्नाविपौरुषाः १३६
नशेकुश्चलितुंपद्भ्यां नास्त्राण्यादातुमेवच। महाहिमनिपातेन शस्त्रैश्चन्द्रप्रचोदितैः १३७

खड्ग को धारण कियेहुए कुंजंभदैत्य राक्षसों के नायकके सन्मुखं दौड़ता भया १२३ तब समीप में आये हुए उस दैत्यको वह राक्षस मुद्गर से मारताभया उसके उस प्रहारसे वह दैत्य भ्रमने लगा १२४ तबभी धैर्य्य को धारणकिये हुए पर्व्वत के समान खड़ाहोगया और थोड़ी में स्वस्थ-चित्तहो, रथपर चढ़कर उस राक्षसके बायें हाथको पकड़ताभया और पैरोंसे दाबकर उस के बालोंको खैंचताभया १२५। १२६ और जब खड्गसे शिर काटनेलगा तब शीघ्रही वरुणआतेभये और अपनी फांसीसे उस दैत्यके दोनों हाथोंको बाँधतेभये जब उसके दोनों हाथ बंधगये उससमय दैत्यका सब पुरुषार्थ निष्फल होगया १२७। १२८ फिर वरुणदैत्य दयाको त्यागकर उस दैत्यको गदासे ताड़नेलगा उस प्रहारसे वह दैत्य रुधिर वमन करनेलगा १२९ उस समय वरुण बिजलियों से युक्त मेघके रूपको धारण करताभया ऐसी अवस्थामें प्राप्त कुजंभ दैत्यको महिषासुर दानव देखकर तीक्ष्ण डाढ़ोंवाले मुखको फाड़कर कुबेर और राक्षस इनदोनों के निगलने की इच्छा करता भया १३०। १३१ तब दोनों उस महिषासुर के अभिप्रायको जानकर रथसे नीचे उतरकर उसके भयसे भागते भये १३२ बहुत भयभीत होकर दोनों पृथक् २ दिशामें जातेभये राक्षस तो शीघ्रही इन्द्रकी शरणमें जाताभया १३३ फिर क्रोधको प्राप्तहुआ महिषासुर वरुणके सन्मुख भाजताभया तब काल के मुखमें प्राप्तहुए वरुणको चन्द्रमा देखकर शीतके समूहवाले सोमास्त्रको छोड़ता भया और वायव्य अस्त्रको भी छोड़ताभया १३४। १३५ तब चन्द्रमाके छोड़ेहुए हिमअस्त्र और वायव्य अस्त्रसे पीड़ित होकर सबदानव शिथिल होगये पैरोंसे चलनेको समर्थ नहींरहे हाथों से शस्त्र ग्रहण करने की सामर्थ्य नहींरही चन्द्रमाके प्रेरित शस्त्रों से दानवों के शरीर शीतसे ठिठरगये महिषासुर भी कुछ

गात्राण्यसुरसैन्यानामदह्यन्तसमन्ततः। महिषोनिष्प्रयत्नस्तु शीतेनाकम्पिताननः १३८
वक्षोवालम्व्यपाणिभ्यामुपविष्टोह्यधोमुखः। सर्वेतेनिष्प्रतीकारा दैत्याश्चन्द्रमसाजिता
१३९ रणेच्छांदूरतस्त्यक्त्वा तस्थुस्तेजीवितार्थिनः। तत्राब्रवीत्कालनेमिर्दैत्यान्कोपेनदी
पितः १४० भोभोःशृङ्गारिणश्शूराः !सर्वे! शस्त्रास्त्रपारगाः। एकैकोऽपिजगत्सर्वंशक्तस्तुल
यितुंभुजैः १४१ एकैकोऽपिक्षमोग्रस्तुं जगत्सर्वंचराचरम्। एकैकस्यापिपर्याप्ता नसर्वेऽपि
दिवौकसः १४२ कलांपूरयितुंयत्नात्षोडशीमतिविक्रमाः। किंप्रयाताश्चतिष्ठध्वं समरे
ऽमरनिर्जिताः १४३ नयुक्तमेतच्छूराणां विशेषादैत्यजन्मनाम्। राजाचान्तरितोऽस्माकं
तारकोलोकमारकः १४४ विरतानांरणादस्मात्क्रुद्धःप्राणान्हरिष्यति। शीतेनंनष्टश्रुत
यो भ्रष्टवाक्पाटवास्तथा १४५ मूकास्तदाभवन्दैत्या रणदशनपङ्क्तयः। तान्दृष्ट्वानष्ट
चेतस्कान् दैत्यान्शीतेनसादितान् १४६ मत्वाकालक्षमंकार्यं कालनेमिर्महासुरः। आ
श्रित्यदानवींमायां वितत्यस्वंमहावपुः १४७ पूरयामासगगनं दिशोविदिशएवच। निर्म
मेदानवेन्द्रेशः शरीरेभास्करायुतम् १४८ दिशश्चमाययाचण्डैः पूरयामासपावकैः। त
तोज्वालाकुलंसर्वं त्रैलोक्यमभवत्क्षणात् १४९ तेनज्वालासमूहेन हिमांशुरगमच्छमम्।
ततःक्रमेणविभ्रष्टशीतदुर्दिनमावभौ १५० तद्बलंदानवेन्द्राणां माययाकालनेमिनः।
तदृष्ट्वादानवानीकं लब्धसंज्ञंदिवाकरः १५१ उवाचारुणमुद्भ्रान्त कोपाल्लोकैकलो
चनः (दिवाकरउवाच) नयारुणरथंशीघ्रं कालनेमिरथोयतः १५२ विमर्दस्तत्रविषमो

न करसका शीतकेमारे मुख उसका कांपनेलगा १३६।१३८ हाथों से छातीकोपकड़कर और नीचेको मुखकरके बैठगया तात्पर्य्य यहहै कि चन्द्रमाके शीतसे सबदैत्य हारकर कुछ भी न करसके १३९ और रणकी इच्छाको दूरकरके जीवने की इच्छासे खड़ेहोगये तब उन दैत्यों से कालनेमिदैत्य क्रोध करबोला १४० हे शूरवीरो तुम सबशस्त्र अस्त्रों के पारगामी हो तुम एक २ अकेलेही सबजगत् के तोलने को हाथोंसे समर्थहो और सबसंसारके ग्रसनेको एक २ समर्थहो तुम्हारे एकके समान भी सब स्वर्ग नहींहै १४१।१४२ क्या तुम अत्यन्त पराक्रमवाले भी होकर युद्धमें सोलहवीं कलाको पूर्ण करनेके निमित्त खड़ेहो शूरवीर दानवोंको यहबात करनी योग्य नहीं है हमारा राजा तारकासुर दैत्यहै वह सबलोकों को अकेलाही मारसक्ताहै १४३।१४४ युद्धमेंसे भागतेहुए हमसब लोगोंको तारकासुर मारेगा जब कालनेमिने ऐसे वचनकहे उससमय शीतसे बधिर और मूकहुए दैत्य अपनी२ डाढ़ीको चबातेभये ऐसेशीतसे मरतेहुए दैत्योंको देखके कालनेमि दैत्य दानवी मायाके आश्रयहोकर अपनेशरीरको फैलाता भया १४५।१४७ अर्थात् अपनेशरीरको सबदिशाओंमें फैलाकर उसशरीर में हजारों सूर्य्योंको रचता भया सब दिशामाया के प्रभाव से अग्नि करके पूरित होगईं और सब जगत् क्षणमात्रमें अग्निसे व्याकुल होगया १४८। १४९ उस अग्निके तेजसे चन्द्रमा शान्त होगया और शीतवायुकाभी नाश होगया १५० कालनेमिसे बढ़ायेहुए दैत्यों के बलको सूर्य्य ने जानकर बड़े क्रोधसे अपने सारथी अरुण से कहा कि हे अरुण जहाँ कालनेमि दैत्य है वहाँ मेरे रथ

भविताशूरसंक्षयः। एषोऽजितःशशाङ्कोऽत्रतद्बलंबलमाश्रितम् १५३ इत्युक्तश्चोदयामा
सरथंगरुडपूर्वजः। प्रयत्नविधृतैरश्वैःसितचामरमालिभिः १५४ जगद्दीपोऽथभगवान्ज
ग्राहवितंतधनुः। शरांचद्वौमहाभागो दिव्यावाशीविषद्युती १५५ सञ्चारास्त्रेणसन्धाय
बाणमेकंससर्जसः। द्वितीयमिन्द्रजालेन योजितंप्रमुमोचह १५६ सञ्चारास्त्रेणरूपाणां
क्षणाच्चक्रेविपर्ययम्। देवानांदानवंरूपं दानवानाञ्चदैविकम् १५७ मत्वासुरान्स्वकानेव
जघ्नेघोरास्त्रलाघवात्। कालनेमीरुषाविष्टः कृतान्तइवसंक्षये १५८ कांश्चित्खड्गेनती
क्ष्णेन कांश्चिन्नाराचवृष्टिभिः। कांश्चिद्गदाभिर्घोराभिः कांश्चिद्घोरैःपरश्वधैः १५९
शिरांसिकेषाञ्चिदपातयच्च भुजान्रथान्सारथींश्चोग्रवेगः। कांश्चित्पिपेषाथरथस्यवेगा
त् कांश्चित्क्रुधाचोद्धतमुष्टिपातैः १६० रणेविनिहतान्दृष्ट्वा नेमिःस्वान्दानवाधिपः। रूपं
स्वनंप्रपद्यन्त ह्यसुराःसुरधर्षिताः १६१ कालनेमीरुषाविष्टस्तेषांरूपंनबुद्धवान्। ने
मिर्दैत्यस्तुतान्दृष्ट्वा कालनेमिमुवाचह १६२ अहंनेमिःसुरोनैव कालनेमे! विदस्वमाम्।
भवतामोहितेनाजौ निहताभूरिविक्रमाः १६३ दैत्यानांदशलक्षाणि दुर्जयानांसुरैरिह।
सर्वास्त्रवारणंमुञ्च ब्राह्ममस्त्रंत्वरान्वितः १६४ सतेनबोधितोदैत्यः सम्भ्रमाकुलचेतनः।

को लेचलो १५१ । १५२ अब हमारा भारी युद्ध होगा और शूरवीरों का नाश होगा कालनेमिने चन्द्रमाको जीत लियाहै १५३ यह वचन सुनतेही सूर्य्य का सारथी श्वेत चमरों की मालावाले घोड़ों से युक्त हुए रथको शीघ्रही हाँकताभया १५४ और सूर्य्य ने धनुषको धारण किया और धनुष में सर्पके समान दो विषवाले बाणों को लगाया १५५ प्रथम संचार अस्त्रका संधान करके एकबाण को चढ़ाया और दूसरा बाण इन्द्रजाल अस्त्रमे युक्त करके चढ़ाया १५६ संचार अस्त्र करके तो सब दैत्यों का रूप विपर्य्यय होगया अर्थात् देवताओं का रूपतो दानवोंके होगया और दानवों का रूप देवताओं के होगया १५७ जब यह दशा होगई तब वह दैत्य देवता जानकर अपनी सेना को आपही मारने लगे कालनेमि दैत्य बड़े क्रोधसे धर्मराज के समान क्षयकरने लगा किसीको तीक्ष्ण खड्गसे कितनोंही को बाणों की वर्षा से किन्हीं को घोरगदा से किसीको फरसोंसे १५८ । १५९ मारकर किसी के शिरको किसी की भुजाको किसीके रथको और किसी के सारथी को रथके वेग से पीसता भया किसी को क्रोधकरके मुष्टि प्रहारों के द्वारा मारता भया कालनेमि दैत्य जब अपने साथ के दैत्यों को इसप्रकार मारने लगा तब देवताओं से डरते हुए दैत्य अपने गर्जने के शब्द और और रूपों को प्रकट करते भये १६० । १६१ तब क्रोधके वशीभूत हुआ कालनेमि दैत्य उनके रूपको नहीं पहचानता भया उस समय वह नेमि दैत्य उन दैत्यों को देखकर कालनेमि से बोला कि हे कालनेमि मैं नेमि दैत्यहूं मुझको जानलो तुमने अज्ञानता से बहुत से दानव मारडाले १६२।१६३ और देवताओंने भी दशलाखबड़े शूर दैत्य मार डाले हैं सो तुम शीघ्रता से सब अस्त्रों के निवारण करने वाले ब्राह्म अस्त्रको छोड़ो १६४ उसके वचनों को सुनकर उसकीही प्रेरणासे कालनेमि दैत्य ब्राह्म अस्त्र से युक्त किये हुए बाणको छोड़ताभया तब तो उस अस्त्र के तेजसे सब चराचर जगत्

योजयामासबाणंहि ब्रह्मास्त्रविहितेनतु १६५ मुमोचचापिदैत्येन्द्रः सस्वयंसुरकण्टकः। ततोऽस्त्रतेजसाव्याप्तं त्रैलोक्यंसचराचरम् १६६ देवानांचाभवत्सैन्यं सर्वमेवभयान्वित म्। सञ्चरास्त्रश्चसंशान्तं स्वयमायोधनेबभौ १६७ तस्मिन्प्रतिहतेह्यस्त्रे भ्रष्टतेजादिवा करः। महेन्द्रजालमाश्रित्य चक्रेस्वांकोटिशस्तनुम् १६८ विस्फूर्जत्करसम्पात समाक्रा न्तजगत्त्रयम्। ततापदानवानीकं गतमज्जौघशोणितम् १६९ ततश्चावर्षदनलं सम न्तादतिसंहतम्। चक्षूंषिदानवेन्द्राणां चकारान्धानिचप्रभुः १७० गजानामगलन्मेदः पेतुश्चाप्यरवाभुवि। तुरगानिश्वसन्तश्च घर्मार्त्तारथिनोऽपिच १७१ इतश्चेतश्चस लिलंप्रार्थयन्तस्तृषातुराः। प्रच्छायविटपांश्चैव गिरीणांगह्वराणिच १७२ दावाग्निः प्रज्वलंश्चैवघोरार्चिर्दग्धपादपः। तोयार्थिनःपुरोदृष्ट्वा तोयंकल्लोलमालितम् १७३ पुर स्थितमपिप्राप्तुं नशेकुरवमर्दिताः। अप्राप्यसलिलंभूमौ व्यात्तास्यागतचेतसः १७४ तत्रतत्रव्यदृश्यन्त मृतादैत्येश्वराभुवि। रथेगजाश्चपतितास्तुरगाश्चसमापिताः १७५ स्थितावमन्तोधावन्तो गलद्रक्तवसासृजः। दानवानांसहस्राणि व्यदृश्यन्तमृतानितु १७६ संक्षयेदानवेन्द्राणां तस्मिन्महतिवर्तिते। प्रकोपोद्भूतताम्राक्षः कालनेमीरुषातुरः १७७ अभवत्कल्पमेघाभःस्फुरद्भूरिशतह्रदः।गम्भीरास्फोटनिह्रादजगद्धृदयघट्टकः १७८ प्रच्छाद्यगगनाभोगं रविमायांव्यनाशयत्। शीतंववर्षसलिलं दानवेन्द्रबलंप्रति १७९ दैत्यास्तांवृष्टिमासाद्य समाश्वस्तास्ततःक्रमात्। बीजांकुराइवाम्लानाः प्राप्यवृष्टिंधरात

व्याप्तहोगया देवताओंकी संपूर्ण सेना भय से व्याकुल होगई और वह सूर्य्य का संचार अस्त्र भी अपने आप शान्त होगया जब वह अस्त्र शान्त होगया तब सूर्य्यका भी तेज हत होगया उस समय सूर्य्य महेन्द्रजाल अस्त्र के आश्रय होकर अपने किरोड़ोंरूप करताभया १६५। १६८ खिलीहुई किरणों करके उनका तेज त्रिलोकी में व्याप्तहोगया दानवों की सेना में संताप होगया सबकी मज्जा और रुधिर दोनों सूखगये १६९ फिर चारोंओर अग्निकी वर्षा होने लगी और दानव अन्धे होग-ये१७० मोटे २ हाथियों के मांस जलनेलगे और सूख २ कर पृथ्वी पर गिरने लगे घाम से महापी-ड़ितहुए घोड़े श्वास लेने लगे और रथवाले भी श्वास लेने लगगये सब तृषा से पीड़ित होकर जहाँ तहां भ्रमण करतेहुए छायावाले वृक्षों की ओर गह्वर पर्व्वतों की इच्छा करते भये १७१। १७२ दावाग्नि से वृक्ष जलनेलगे लपटों के शब्दों से पीड़ितहुए दानव लोग आगे प्राप्तहुए भी जलके ग्रहण करने को समर्थ नहीं हुए जब उनको पृथ्वी में जल नहीं हाथ आया तब मुखों को फाड़े हुएही मरगये १७३। १७४ जहाँ तहाँ मरेहुए दानव दिखाई देनेलगे रथ में जुड़ेहुए हाथी और घोड़े यह भी गिरनेलगे १७५ उनके मुखों से रुधिर की धारा निकली और हज़ारों मरेहुए दानव दीखे जब इसप्रकार से उन सब महान् दानवों का क्षय होनेलगा तब क्रोध से लाल नेत्रोंवाला कालनेमि दैत्य प्रलय के मेघ के समान रूपको धारण करके जगत् के हृदय के फोड़नेवाले वज्र के समान शब्दको करता भया १७६। १७८ आकाशमें अपने शरीरको फैलाकर सूर्य्यकी माया

ले १८० ततःसमेघरूपीतु कालनेमिर्महासुरः । शस्त्रवृष्टिंववर्षोग्रां देवानीकेषुदुर्जयः
१८१ तयावृष्ट्याबाध्यमाना दैत्येन्द्राणांमहौजसाम् । गतिंकाञ्चनपश्यन्तो गावःशीतार्दि
ताइव १८२ परस्परंव्यलीयन्त पृष्ठेषुव्यस्त्रपाणयः । स्वेषुवाधेव्यलीयन्त गजेषुतुरगे
षुच १८३ रथेषुत्वमरास्तास्तत्रतत्रानिलिल्यिरे । अपरेकुञ्चितैर्गात्रैः स्वहस्तापिहिता
ननाः १८४ इतश्चेतश्चसम्भ्रान्ता बभ्रमुर्वैदिशोदश । एवंविधेतुसंग्रामे तुमुलेदेवसंक्षये
१८५ दृश्यन्तेपतिताभूमौ शस्त्रभिन्नाङ्गसन्धयः । विभुजाभिन्नमूर्धानस्तथाच्छिन्नोरुजा
नवः १८६ विपर्यस्तरथासङ्घा निष्पिष्टध्वजपंक्तयः । निर्भिन्नाङ्गैस्तुरङ्गैस्तुगजैश्चाचलसन्नि
भैः १८७ श्रुतरक्तहृदैर्भूमिर्विकृताऽविकृताबभौ । एवमाजौवलीदैत्यः कालनेमिर्महासुरः
१८८ जघ्नेमुहूर्तमात्रेण गन्धर्वाणांदशायुतम् । यक्षाणांपञ्चलक्षाणि रक्षसामयुतानिषट्
१८९ त्रीणिलक्षाणिजघ्नेस किन्नराणांतरस्विनाम् । जघ्नेपिशाचमुख्यानां सप्तलक्षाणिनि
र्भयः १९० इतरेषामसंख्याताः सुरजातिनिकायिनाम् । जघ्नेसकोटीःसंक्रुद्धश्चित्रास्त्ररण
कोविदः १९१ एवंपरिभवेभीमे तदात्वमरसंक्षये । संक्रुद्धावश्विनौदेवौ चित्रास्त्रकवचो
ज्ज्वलौ १९२ जघ्नतुःसमरेदैत्यं कृतान्तानलसन्निभम् । तमासाद्यरणेघोरमेकैकःषष्टिभिः
शरैः १९३ जघ्नेमर्मसुतीक्ष्णाग्रैरसुरम्भीमदर्शनम् । ताभ्यांबाणप्रहारैःस किञ्चिदायस्त

का नाशकरताभया तब सूर्य्यभी दैत्यकीसेनामें शीतलजलकी वर्षा करतेभये १७९ उसवर्षाको प्राप्त होकर सब दैत्य महादुःखित होगये और वर्षासे ऐसे दबगये जैसे कि पृथ्वी में उगतेहुए बीजोंके अंकुर वर्षाहोनेसे दबजाते हैं १८० तबवह मेघरूपी कालनेमि दैत्य देवताओंकीसेना में दारुण शस्त्रों की वर्षाकरनेलगा १८१ उनशस्त्रोंकी वर्षासे पीड़ितहुए देवता दैत्योंका कुछभी न करसके और ऐसे होगये जैसेकि शीतसे पीड़ितहुई गौदुःखित होरहीहों १८२ फिर शस्त्रोंकोत्यागकर परस्परमें लिपट २ कर अपने २ रथ हाथी और घोड़े आदिपर चिपकतेभये जहाँ तहाँ सब देवतालोग छिपगये कितनेही देवता शरीरको सकोड़कर हाथोंसे अपना २ मुखढकतेभये १८३। १८४ फिर महादुःखीहोकर देवता जहाँ तहाँ भ्रमतेभये ऐसेप्रकारके युद्धहोनेसे बहुतसे देवताओंका नाशहोगया शस्त्रोंसेकटे अंग और भुजावाले फूटेहुए मस्तक कटीहुई जंघा और टूटेहुए घोंटूवाले देवता पृथ्वी में पड़ेहुए दृष्ट पड़े १८५।१८६ ध्वजाओंकी पंक्तिटूटगईं रथऔंधे गिरे टूटेहुए अंगवाले घोड़े और हाथीभी पृथ्वी में गिरतेभये १८७ इनसब जीवोंके लोहूसे भरीहुई पृथ्वी महाविकराल दीखनेलगी इसप्रकारसे कालनेमि महाबली दैत्य युद्धमें अपनाबल करताभया १८८ कि एकमुहूर्त्तमात्रमेंही दशहज़ार गन्धर्व पांचलाख यक्ष साठहज़ार राक्षस तीनलाख बड़ेबली गन्धर्व और सातलाख पिशाचोंकोनिर्भयहोकर मारताभया १८९।१९० इसके विशेष बहुतसे असंख्य देवताओंकोभी वह बलवान् दैत्य मारताभया इसरीतिसे जब देवताओंका क्षयहोगया तब विचित्र उज्ज्वल कवचको पहरेहुए अश्विनीकुमारजी महाक्रोध करतेभये १९१।१९२ और अग्नि के समान कान्तिवाले उस कालनेमि दैत्यको एक२जना साठ२बाणों से वेधताभया इसप्रकारसे वह दोनों अश्विनीकुमार मर्मस्थलों में बाण मारनेलगे तब

चेतनः १९४ जग्राहचक्रमष्टारन्तैलधौतंरणान्तकम्। तेनचक्रेणसोऽश्विभ्याश्छिच्छेदर थकूबरम् १९५ जग्राहाथधनुर्दैत्यःशरांश्चाशीविषोपमान्। ववर्षभिषजोर्मूर्ध्नि सञ्छाद्या काशगोचरम् १९६ तावप्यस्त्रैश्चिच्छिदतुः शितैस्तैर्दैत्यसायकान्। तच्चकर्मतयोर्दृष्ट्वावि स्मितःकोपमाविशत् १९७ महतासतुकोपेन सर्वायोमयसादनम्।जग्राहमुद्गरंभीमं काल दण्डविभीषणम् १९८ सततोभ्राम्यवेगेन चिक्षेपाश्विरथंप्रति। तन्तुमुद्गरमायान्तमा लोक्याम्बरगोचरौ १९९ त्यक्त्वारथौतुतौवेगा दाप्लुतौतरसाश्विनौ। तौरथौसतुनिष्पिष्य मुद्गरोऽचलसन्निभः २०० दारयामासधरणीं हेमजालपरिष्कृतः। तस्यकर्माश्विनौदृष्ट्वा भि षजौचित्रयोधिनौ २०१ वज्रास्त्रन्तुप्रकुर्वातेदानवेन्द्रनिवारणम्। ततोवज्रमयंवर्षम्प्रावर्त दतिदारुणम् २०२ घोरवज्रप्रहारैस्तुदैत्येन्द्रःसपरिष्कृतः। रथोध्वजोधनुश्चक्रंकवचंचा पिकाञ्चनम् २०३ क्षणेनतिलशोजातंसर्वसैन्यस्यपश्यतः। तद्दृष्ट्वादुष्करंकर्मसोऽश्विभ्यां भीमविक्रमः २०४ नारायणास्त्रंबलवान्मुमोचरणमूर्द्धनि। वज्रास्त्रंशमयामासदानवेन्द्रोऽ स्त्रतेजसा२०५तस्मिन्प्रशान्तेवज्रास्त्रेकालनेमिरनन्तरम्। जीवग्राहंग्राहयितुमश्विनौतुप्र चक्रमे २०६तावश्विनौरणाद्भीतौसहस्राक्षरथंप्रति। प्रयातौवेपमानौतुयदाशस्त्रविवर्जितौ २०७तयोरनुगतोदैत्यःकालनेमिर्महाबलः। प्राप्येन्द्रस्यरथंक्रूरोदैत्यानीकपदानुगः२०८ तंदृष्ट्वासर्वभूतानिवित्रेसुर्विक्लवानितु। दृष्ट्वादैत्यस्यतत्क्रौर्यंसर्वभूतानिमेनिरे २०९ पराज

उनके बाणोंसे दुःखको प्राप्तहुआ कालनेमि दैत्य आठधारवाले चक्रको लेकर अश्विनीकुमारोंके रथ के जुएको छेदन करताभया फिर धनुषको और सर्पकेसमान विषवाले बाणोंको ग्रहणकर अश्विनी-कुमार वैद्यों के मस्तक में मारताभया और असंख्य बाणोंसे आकाशको छा देताभया १९३।१९६ फिर वह अश्विनीकुमारभी अपने तीक्ष्णबाणों करके उस दैत्यके बाणोंको छेदनकरतेभये तबउनके कर्मको देखकर वह दैत्य परम आश्चर्य्यको प्राप्त होता भया १९७ और बड़ा क्रोधकरके कालदंड के समान भयंकरलोहे के मुद्गरको लेकर १९८ औरबड़े वेगसे घुमाकर अश्विनीकुमारों के रथके सन्मुख फेंका तब आतेहुए मुद्गरको देखकर शीघ्रही रथसे कूदआये फिर वह मुद्गर रथों का चूर्णकरके पृथ्वी कोभी पीसताभया,ऐसे उसके पराक्रमको देखकर अश्विनीकुमार उसदानवके ऊपर वज्राख्य अस्त्र को छोड़तेभये और उसके ऊपर वज्रों की वर्षा होने लगी १९९।२०२ उस वज्रोंकी वर्षा के प्रहारसे दैत्यका तिरस्कारहोगया रथ,ध्वजा, धनुष,चक्र,और सुवर्णका कवच इनसबके,टुकड़े होगये इस प्रकार,सब सेनाके देखतेहुए उसका निरादरहोगया उस समय वह दैत्य नारायणास्त्रकोछोड़-ताभया और उस नारायणास्त्रके तेज करके वज्रास्त्रको शान्त करताभया २०३। २०५ जब वह वज्रास्त्र शान्त होगया तब वह कालनेमि दैत्य उन अश्विनीकुमारोंके जीवको अस्त्रसे ग्रहण कर नेलगा तबशस्त्रोंसे रहितहोकर कांपते हुए अश्विनीकुमार इन्द्रकी शरणमें जातेभये २०६।२०७ तब वहक्रूर दैत्य दानवोंकी सेनासे युक्त होकर इन्द्रके रथके समीप जाताभया उस दैत्य को देखकर सबभूत त्रास मानतेभये और सब लोको को क्षय करनेवाली इन्द्रकी पराजयको अनुमान करते

यंमहेन्द्रस्य सर्वलोकक्षयावहम्। चेलुःशिखरिणोमुख्याः पेतुरुल्कानभस्तलात् २१०
जगर्जुर्जलदादिक्षु ह्युद्धताश्चमहार्णवाः। तांभूतांवकृतिंदृष्ट्वा भगवान्गरुडध्वजः २११
व्यबुध्यताहिपर्यङ्के योगनिद्रांविहायतु। लक्ष्मीकरयुगाजस्रलालितांघ्रिसरोरुहः २१२
शरदम्बरनीलाब्ज कान्तदेहच्छविर्विभुः।कौस्तुभोद्भासितोरस्कोकान्तकेयूरभास्वरः २१३
विमृश्यसुरसंक्षोभं वैनतेयंसमाह्वयत्। आहूतेऽवस्थितेतस्मिन् नागावस्थितवर्ष्म
णि २१४ दिव्यनानास्त्रतीक्ष्णार्चिरारुह्यागात्सुरान्स्वयम्। तत्रापश्यतदेवेन्द्रमभिद्रु
तमभिद्रुतैः २१५ दानवेन्द्रैर्नवाम्भोदसच्छायैःपौरुषोत्कटैः। प्रयात्वापुरुषैर्घोरै रमा
ग्येर्धनशालिभिः २१६ परित्राणायाशुकृतं सुक्षेत्रेकर्म्मनिर्मलम्। अथापश्यन्तदैतेया वि
यतिज्योतिमण्डलम् २१७ स्फुरन्तमुदयाद्रिस्थं सूर्यमुष्णत्विषाइव। प्रभावंज्ञातुमिच्छ
न्तो दानवास्तस्यतेजसः २१८ गरुत्मन्तमपश्यन्त कल्पान्तानलसन्निभम्। तमास्थि
तश्चमेघौघद्युतिमक्षयमच्युतम् २१९ तमालोक्यासुरेन्द्रास्तु हर्षसंपूर्णमानसाः। अयंवै
देव! सर्वस्त्रञ्जितेऽस्मिन्निर्जितासुराः २२० अयंसदैत्यचक्राणां कृतान्तःकेशवोऽरिहा।
एनमाश्रित्यलोकेषु यज्ञभागभुजोऽमराः २२१ इत्युक्त्वादानवाःसर्वे परिवार्यसमन्ततः।
निजघ्नुर्विविधैरस्त्रैस्तेतमायान्तमाहवे २२२ कालनेमिप्रभृतयो दशदैत्यामहारथाः।
षष्ट्याविव्याधबाणानां कालनेमिर्जनार्दनम् २२३ निमिःशतेनबाणानां मथनोऽशीतिभिः

भये अर्थात् उनको इन्द्रकी पराजय देखपड़ी पर्व्वत गिरनेलगे आकाशसे तारेटूटनेलगे २०८। २१० चारों दिशाओं में मेघगर्जतेभये समुद्रभी क्षोभित होकर गर्जना करतेभये इसप्रकारसे सब भूतोंको दुःखित देखकर गरुड़ध्वज विष्णु भगवान् शेषशय्याकी योगनिद्रा को त्यागदेतेभये अर्थात् लक्ष्मी के हाथों से ललित स्पर्शयुक्त नीलमणिके समान शरीरकी कान्ति वाले कौस्तुभमणिसे विभूषित हृदय उत्तम बाजूबन्दोंसे सुशोभित विष्णुभगवान् उसकालनेमि दैत्यके क्रोधको विचारकर गरुड़को बुलाते भये और अनेक दिव्यअस्त्रोंके समान कान्ति वाले भगवान उस गरुडपर चढ़कर युद्धमें आवते भये और दानवोंसे भगायेहुए इन्द्रको देखतेभये २११।२१५ फिर मेघवर्ण दानवोंसे रुकेहुए इन्द्रकी रक्षा विष्णुभगवान् ऐसेकरतेभये जैसेकि अच्छे पुण्यक्षेत्रपर कियाहुआ सुकर्म परलोकमें रक्षाकरताहै,इसके अनन्तर सब दैत्य आकाशमें विष्णुभगवान् के तेजके मंडलको ऐसा देखतेभये जैसे कि उदयाचल पर्व्वतपर सूर्य्य उदय होताहै ऐसे उसतेजके प्रभावको जाननेकी सबदैत्य इच्छा करतेभये २१६।२१८ प्रलयाग्निके समान कान्तिवाले गरुड़को और उसपर आरूढ़हुए मेघवर्ण भगवान्को वहसब दैत्य देखतेभये २१९ उसको देखकर सब दैत्य प्रसन्नहोकर यह कहतेभये कि यह विष्णुदेवहै इसीअकेलेके जीतनेसे सबदेवताभी जीतेजायंगे यह दैत्योंका नाशकरनेवालाहै इसीके आश्रयमें होकर सब देवता त्रिलोकीमें यज्ञोंको भोगतेहैं २२०।२२१ ऐसाकहकर सबदानव चारोंओर खड़ेहोकर उन आवतेहुए विष्णु भगवानको अनेकप्रकारके शस्त्रोंसे मारनेलगे२२१कालनेमि आदिक दश महाबली दानव युद्ध करनेलगे कालनेमिने साठ ६० बाण,नेमिनेसौ१००मथनने अस्सी८० बाण, जंभकने सत्तर७०बाण

शरैः। जम्भकश्चैवसप्तत्या शुम्भोदशभिरेवच २२४ शेषादैत्येश्वराःसर्वेविष्णुमेकैकशः
शरैः। दशभिश्चैवयन्तास्तेजघ्नुःसगरुडंरणे २२५ तेषाममृष्यतत्कर्म्मविष्णुर्दानवसूद
नः। एकैकंदानवंजघ्ने षड्भिःषड्भिरजिह्मगैः २२६ आकर्णकृष्टैर्भूयश्च कालनेमिस्त्रिभिः
शरैः। विष्णुंविव्याधहृदये क्रोधाद्रक्तविलोचनः २२७ तस्याःशोभन्ततेबाणा हृदयेतप्तका
ञ्चनाः। मयूखानीवदीप्तानि कौस्तुभस्यस्फुटत्विषः २२८ तैर्बाणैःकिञ्चिदायस्तो हरिर्जग्राह
मुद्गरम्। सततंभ्राम्यवेगेन दानवायव्यसर्जयत् २२९ दानवेन्द्रस्तमप्राप्तं वियत्येवशितैः
शरैः। चिच्छेदतिलशःक्रुद्धो दर्शयन्पाणिलाघवम् २३० ततोविष्णुःप्रकुपितःप्रासञ्जग्राह
भैरवम्। तेनदैत्यस्यहृदयं ताडयामासगाढतः २३१ क्षणेनलब्धसंज्ञस्तु कालनेमिर्महा
सुरः। शक्तिञ्जग्राहतीक्ष्णाग्रां हेमघण्टाट्टहासिनीम् २३२ तयावामभुजंविष्णोर्बिभेददि
तिनन्दनः। भिन्नःशक्त्याभुजस्तस्य स्नुतशोणितआबभौ २३३ पद्मरागमयेनेव केयूरेण
विभूषितः। ततोविष्णुःप्रकुपितो जग्राहविपुलन्धनुः २३४ सप्तदशचनाराचांस्तीक्ष्णान्
मर्मविभेदिनः। दैत्यस्यहृदयंषड्भिर्विव्याधचत्रिभिःशरैः २३५ चतुर्भिःसारथिञ्चास्यध्व
जञ्चैकेनपत्रिणा। द्वाभ्यांज्याधनुषीचापि भुजंसव्यञ्चपत्रिणा २३६ सविद्धोहृदयेगाढं दैत्यो
हरिशिलीमुखैः। स्नुतरक्तारुणप्रांशुः पीडाकुलितमानसः २३७ चकम्पेमारुतेनेव नोदि
तःकिंशुकद्रुमः। तमाकम्पितमालक्ष्य गदांजग्राहकेशवः २३८ ताञ्चवेगेनचिक्षेपकालने

शुंभने दशवाण, २२३। २२४ और अन्यसब दैत्योंने एक २ बाण विष्णुके मारा और दशबाण गरुड़के मारे २२५ उनदैत्योंके उसकर्मको नसहतेहुए विष्णु भगवान् एक २ को छः२ बाणोंसे बेधतेभये २२६ फिर कालनेमि दैत्य अपने तीनबाण कानपर्य्यन्त धनुषको खैंचकर विष्णु भगवान्के हृदय में मारताभया २२७ वहबाण विष्णु भगवान्की छाती में ऐसे शोभित हुए मानो कौस्तुभ मणिकी किरणेंही खिलरही हैं २२८ उनबाणोंसे कुछेकही त्रस्तहुए विष्णु भगवान् मुद्गरको ग्रहणकर निरन्तर घुमाके दैत्यके मारतेभये २२९ तबवह दानवभी आवतेहुए मुद्गरको आकाशमें देखकर अपने तीक्ष्ण बाणोंसे खंड २ कर अपनी भुजाओंका बल दिखाताभया २३० फिर विष्णु भगवान् क्रोधकरके भालेको ग्रहणकर उसके द्वारा दैत्यकी छातीको बेधतेभये २३१ फिर कालनेमि थोड़ेही समयमें सचेतहो अपनी तीक्ष्णशक्तिको ग्रहण करताभया २३२ और उसशक्तिसे विष्णुकी बायीं भुजाको काटनेलगा उस कटतीहुई भुजामें रुधिरकी ऐसीशोभा होतीभई मानों भुजपर पद्मराग मणिके बाजूबन्दकी शोभाहोरही है इसके पीछे विष्णु भगवान् क्रोधकरके धनुषको ग्रहणकरते भये उस धनुषमें मर्मभेदी सत्रह बाणोंको लगाते भये—उनमेंसे छः बाणोंकरके दैत्यके हृदयकोहत सात बाणोंसे उसके सारथीको मार एकबाणसे ध्वजाको दो बाणोंसे धनुषको काटकर एकबाणसे उसकी बायींभुजाको बेधतेभये उस समय वहदैत्य पीड़ासे महाव्याकुल होताभया २३३। २३७ और जैसेकि वायुसे सूखावृक्ष हिलताहै उसी प्रकार वहदैत्य काँपने लगा उस काँपतेहुएको देखकर विष्णु भगवान् गदाको ग्रहण करते भये २३८ और कालनेमिके रथके सन्मुख फेंकतेभये वह महाभारी गदा कालनेमि के

मिरथंप्रति। सापपातशिरस्युग्रा विपुलाकालनेमिनः २३९ सञ्चूर्णितोत्तमाङ्गस्तु निष्पिष्ट मुकुटोऽसुरः। स्रुतरक्तौघरन्ध्रस्तु स्रुतधातुरिवाचलः २४० प्रापतत्स्वेरथेभग्नेविसंज्ञः शिष्टजीवितः। पतितस्यरथोपस्थे दानवस्याच्युतोऽरिहा २४१ स्मितपूर्वमुवाचेदंवाक्यं चक्रायुधःप्रभुः। गच्छासुर! विमुक्तोऽसि साम्प्रतंजीवनिर्भयः २४२ ततःस्वल्पेनकालेन अहमेवतवान्तकः। एतच्छ्रुत्वावचस्तस्य सारथिःकालनेमिनः २४३ अपवाह्यरथंदूरम नयत्कालनेमिनः। इति श्रीमत्स्यपुराणेदेवासुरसंग्रामेकालनेमिपराजयोनामएकोनपञ्चा शदधिकशततमोऽध्यायः १४९॥

(सूत उवाच) तंदृष्ट्वादानवाःक्रुद्धाश्चेरुःस्वैस्वैर्बलैर्वृतः। सरघाइवमाक्षीक हरणेसर्व तोदिशम् १ कृष्णचामरजालाढ्ये सुधाविरचितांकुरे। चित्रपक्षपताकेतु प्रभिन्नकरटामु खे २ पर्वताभेगजेभीमे मदस्राविणिदुर्द्धरे। आरुह्याजौनिमिर्दैत्यो हरिंप्रत्युद्ययौब ली ३ तस्यासन्दानवारौद्रा गजस्यपदरक्षिणः। सप्तविंशतिसाहस्राः किरीटकवचोज्ज्व लाः ४ अश्वारूढश्चमथनो जम्भकश्चोष्ट्रवाहनः। शुम्भोऽपिविपुलंमेषं समारुह्याव्रज द्रणम् ५ अपरेदानवेन्द्रास्तु यत्तानानास्त्रपाणयः। आजघ्नुःसमरेक्रुद्धा विष्णुमक्लिष्टका रिणम् ६ परिघेणनिमिर्दैत्यो मथनोमुद्गरेणतु। शुम्भःशूलेनतीक्ष्णेन प्रासेनग्रसनस्तथा ७ चक्रेणमहिषःक्रुद्धो जम्भःशक्त्यामहारणे। जघ्नुर्नारायणंसर्वे शेषास्तीक्ष्णैश्चमार्गणैः ८

मस्तकमें लगी उसके लगतेही दैत्यके मस्तकका चूर्ण होगया मुकुटटूटा और जब बहुतसारुधिर नि- कला उस समय उसकी ऐसीशोभा होतीभयी जैसेकि पर्व्वतमेंसे गेरू निकलताहै और वहदैत्य अ- चेत होकर अपने टूटेरथमें गिरताभया केवल जीवमात्र शेष रहगया तब उस पड़ेहुए कालनेमिसे विष्णुभगवान् बोले कि हे दैत्य अब तू जीवसे निर्भय होकर चलाजा अब छुटगयाहै फिर थोड़ेही कालमें मेरे हाथसे तेरीमृत्यु है ऐसे वचनको सुनकर कालनेमि दैत्य अपने सारथी से लेचलने को कहताभया तब वह सारथी उसको दूर लेजाता भया २३९। २४३ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीका- यांदेवासुरसंग्रामेकालनेमिपराजयोनामएकोनपंचाशदधिकशततमोऽध्यायः १४९॥

सूतजी बोलेकि उन विष्णु भगवान्को देखकर सब दैत्य पराक्रमों से युक्त होकर ऐसे आते भये जैसे मुहारके छत्तेके तोड़ने वाले पुरुषके ऊपर मुहारकी मक्खी आकर चिपट जाती हैं १ उस स- मय कृष्णचंवर जाली और विचित्र ध्वजाओं से युक्त कटेहुए काककी ध्वजासे भयंकर मद गिरने वाले हाथीपर चढ़ाहुआ निमि दैत्य रणमें आया २।३ उस दानवके हाथीकी रक्षाकरने वाले सत्ता- ईसहजार दानवभी आतेभये ४ मथन दैत्य अश्वपर चढ़ कर आया जंभक ऊंटपर और शुंभ दैत्य बड़े मेढ़ेपर चढ़कर युद्ध करनेको आया ५ इनके विशेष अन्य दैत्यभी सावधान होकर हाथोंमें अ- नेक प्रकारके शस्त्रधारणकिये क्रोधकरके विष्णुभगवान् पर प्रहारकरने लगे ६ निमि दैत्य मूसलसे मथन दैत्य मुद्गरसे, शुंभ तीक्ष्ण त्रिशूलसे, ग्रसन भालेसे, और महाक्रोध करनेवाला जंभशक्तिसे प्रहारकरताभया इनके विशेष अन्य सब दानव विष्णुभगवान्को पैने २ बाणोंसे पीड़ा देने लगे उन

तान्यस्त्राणिप्रयुक्तानि शरीरंविविशुर्हरेः । गुरूक्तानुपदिष्टान्वै सच्छिष्यस्यश्रुतानिव ६
असम्भ्रान्तोरणेविष्णु रथंजग्राहकार्मुकम् । शरांश्चाशीविषाकारांस्तैलधौतानजिह्मगा
न् १० ततोऽभिसन्ध्यदैत्यांस्तानाकर्णाकृष्टकार्मुकः । अभ्यद्रवद्रणेक्रुद्धो दैत्यानीकेतुपौ
रुषान् ११ निमिंविव्याधविंशत्या बाणानामग्निवर्चसाम् । मथनंदशभिर्बाणैः शुम्भंपञ्च
भिरेवच १२ एकेनमहिषंक्रुद्धो विव्याधोरसिपत्रिणा । जम्भंद्वादशभिस्तीक्ष्णैः सर्वांश्चै
कैकशोऽष्टभिः १३ तस्यतल्लाघवंदृष्ट्वा दानवाःक्रोधमूर्च्छिताः । नर्दमानाःप्रयत्नेन चक्रुर
त्यद्भुतंरणम् १४ चिच्छेदाहधनुर्विष्णोर्निमिर्भल्लेनदानवः । सन्धयमानंशरंहस्ते चि
च्छेदमहिषासुरः १५ पीडयामासगरुडं जम्भस्तीक्ष्णैस्तुसायकैः । भुजंतस्याहनद्गाढं शु
म्भोभूधरसन्निभः १६ छिन्नेधनुषिगोविन्दो गदांजग्राहभीषणाम् । तांप्राहिणोत्सवेगेनम
थनायमहाहवे १७ तामप्राप्तांनिमिर्बाणैश्चिच्छेदतिलशोरणे । तांनाशमागतांदृष्ट्वाहीनाग्रे
प्रार्थनामिव १८ जग्राहमुद्गरंघोरं दिव्यरत्नपरिष्कृतम् । तंमुमोचाथवेगेन निमिमुद्दिश्यदा
नवम् १९ तमायान्तंवियत्येव त्रयोदैत्यान्यवारयन् । गदयाजम्भदैत्यस्तु ग्रसनःपट्टिशेनतु
२० शक्त्याचमहिषोदैत्यः स्वपक्षजयकांक्षया । निराकृतंतमालोक्य दुर्जनेप्रणयंयथा २१
जग्राहशक्तिमुग्राग्रामष्टघण्टोत्कटस्वनाम् । जम्भायतांसमुद्दिश्य प्राहिणोद्रणभीषणः २२
तामम्बरस्थांजग्राह गजोदानवनन्दनः । गृहीतांतांसमालोक्य शिक्षानिवविवेकिभिः २३

के वह सबशस्त्र विष्णुभगवान्के शरीरमें ऐसे प्रविष्टहोतेभये जैसे कि उत्तम शिष्यके कानोंमें गुरूके उपदेश प्रवेशकर जाते हैं ७।९ तब विष्णुभगवान्भी स्वस्थचित्त होकर अपने धनुषको ग्रहण करते भये १० धनुषबाणको लेकर विष्णुजी क्रोधकरके दैत्योंकी सेनाके सन्मुख भाजतेभये वहाँजाकर निमि दैत्यके बीसबाण,मथनके दशबाण और शुंभके पांचबाण मारतेभये ११।१२ ऐसे विष्णुभगववान् उनकोमारकर क्रोधकरके एकबाणसे महिषासुरको बारहबाणसे जंभ दैत्यको और अन्यसब दैत्योंका एक २ बाणसे मारा १३इसप्रकार विष्णुभगवान्के हाथके पराक्रमको देखकर सब दैत्य गर्जनाकर तेभये और बड़े यत्नसे अत्यन्त युद्धकरनेलगे और मारेक्रोधके मूर्च्छितहोतेभये १४ उस समय निमि दैत्य विष्णुके धनुषको भालेसेतोड़ देताभया और चढ़ाये हुए बाणको महिषासुरकाटताभया १५ जंभदैत्य पैने २ बाणोंसे गरुड़को पीड़ादेताभया शुंभदैत्यगरुड़की भुजाको छेदनकरताभया १६ जब विष्णुके धनुषका छेदनहोगया तब विष्णु गदाको लेकर बहुत भ्रमाकर मथन दैत्यके मारतेभये १७ तब उससमय निमिदैत्य उसगदाको अपने बाणोंकरके खंड२ करदेताभया इसहेतुसे वहगदा ऐसे नष्टहोगई जैसेकि हीनपुरुषके आगे प्रार्थनानष्टहोजाती है १८ फिर विष्णुभगवान् दिव्यरत्नसे जटित घोरमुद्गरकोलेकर बड़े वेगपूर्वक निमि दैत्यके मारतेभये १९ उससमय आकाशमें आतेहुए उस मुद्गरको तीनदैत्य निवारणकरतेभये जंभने गदासे ग्रसन दैत्यने पट्टिश अस्त्र से और महिषासुरने शक्तिकरके उसमुद्गरकानाश ऐसेकरदिया जैसेकि दुर्जनके आगेविनयनष्टहोजाती है नष्टहुएमुद्गरका देखकर विष्णुभगवान् घंटोंके शब्दयुक्त उग्रशक्तिको ग्रहणकर जंभदैत्यके मारतेभये २०। २२ तब

दृढंभारसहंसारमन्यदादायकार्मुकम्। रौद्रास्त्रमभिसन्धाय तस्मिन्बाणंमुमोचह २४ त
तोऽस्त्रतेजसासर्वं व्याप्तंलोकंचराचरम्। ततोबाणमयंसर्वमाकाशंसमदृश्यत २५ भूर्दिशो
विदिशश्चैव बाणजालमयाबभुः। दृष्ट्वातदस्त्रमाहात्म्यं सेनानीर्ग्रसनोऽसुरः २६ ब्राह्ममस्त्र
ञ्चचारासोसर्वास्त्रविनिवारणम्। तेनतत्प्रशमंयातं रौद्रास्त्रंलोकघस्मरम् २७ अस्त्रेप्रति
हतेतस्मिन् विष्णुर्दानवसूदनः। कालदण्डास्त्रमकरोत् सर्वलोकभयङ्करम् २८ सन्धीय
मानेतस्मिंस्तु मारुतःपरुषोववौ। चकम्पेचमहीदेवी दैत्याभिन्नधियोऽभवन् २९ तद
स्त्रमुग्रंदृष्ट्वातु दानवायुद्धदुर्मदाः। चक्रुरस्त्राणिदिव्यानि नानारूपाणिसंयुगे ३० नाराय
णास्त्रंग्रसनोगृहीत्वा चक्रंनिमिःस्वास्त्रवरंमुमोच। एकैकमस्त्रञ्चचकारजम्भस्तत्कालद
ण्डास्त्रनिवारणाय ३१ यावन्नसन्धानदशांप्रयान्ति दैत्येश्वराश्चास्त्रनिवारणाय। तावत्
क्षणेनवजघानकोटीर्दैत्येश्वराणां सगजान्सहाश्वान् ३२ अनन्तरंशान्तमभूत्तदस्त्रं दैत्या
स्त्रयोगेनतुकालदण्डम्। शान्तंतदालोक्यहरिःस्वशस्त्रं स्वविक्रमेमन्युपरीतमूर्तिः ३३
जग्राहचक्रंतपनायुताभमुग्रारसात्मानमिवाद्वितीयम्। चिक्षेपसेनापतयेऽभिसन्ध्य कण्ठ
स्थलंवज्रकठोरमुग्रम् ३४ चक्रंतदाकाशगतंविलोक्य सर्वात्मनादैत्यवराःस्ववीर्यैः। नाश
क्नुवन्वारयितुंप्रचण्डं दैवंयथाकर्म्ममुधाप्रपन्नम् ३५ तमप्रतर्क्यंजनचक्रजर्ज्यंचक्रं पपात
ग्रसनस्यकण्ठे। द्विधातुकृत्वाग्रसनस्यकण्ठं तद्रक्तधारारुणघोरनाभि। जगामभूयोऽपि

आकाशमें आतीहुई शक्तिको देखकर कुंजर दैत्य ऐसे ग्रहण करताभया जैसेकि विवेकी पुरुष शिक्षाको ग्रहण करलेते हैं जबवहशक्ति उसने ग्रहण करली तबउत्तम और दृढ़ अन्यबाणको ग्रहण करके अपने धनुषको रौद्रास्त्रसे युक्तकिया और उसबाणको चढ़ाकर छोड़ा २३। २४ उसअस्त्रके तेजकरके सब चराचर जगत् व्याप्त होगया और संपूर्ण आकाश बाणोंसे पूरितहोगया २५ सबभूमि दिशा विदिशा भी बाणजालोंसे आवृतहोगईं तब सेनाका अधिपति ग्रसन दैत्ययुद्धमें आकर अपने ब्रह्मास्त्रको छोड़ताभया उस ब्रह्मअस्त्रकरके विष्णुके रौद्रास्त्रका नाशहोगया २६। २७ जब रौद्रास्त्र नष्ट होगया तब विष्णुभगवान् सबलोकों के भयकारी कालदंडअस्त्र को छोड़ने भये २८ जब कालदंडास्त्र छोड़ागया उससमय बड़ेकठोर वायुचलने लगी पृथ्वी कांपनेलगी और सबदैत्योंकी बुद्धि नष्टहोगई २९ उस भयंकर अस्त्रको देखकर दुष्ट मदवाले दानव अनेक रूपवाले दिव्य २ अस्त्रोंको छोड़ते भये ३० ग्रसनने नारायणास्त्रको निमिने अपने अस्त्रको और उसीसमय जंभदैत्यने कालदंडअस्त्रके दूरकरनेको अपना २ अस्त्र छोड़ा ३१ जबतक उनदैत्योंने अपने २ अस्त्रोंका संधान नहीं कियाथा कि उसीकालमें क्षणभरहीमें हस्ती और अश्वोंसमेत किरोड़ों दैत्योंका नाशहोगया ३२ इसके पीछे जब दैत्योंके अस्त्रोंका प्रयोग होगया तब वह कालदंडअस्त्र शान्त होगया कालदंडअस्त्र को शान्तहुआ देखकर विष्णुभगवान् महाक्रोध युक्त हुए ३३ और दशहजार सूर्य्यों के समान कान्तिवाले अपने चक्रको सेनापति ग्रसन दैत्यके वज्रसदृश कण्ठके ऊपर छोड़ते भये ३४ तबसब दैत्य आकाशमें आतेहुए चक्रको देखकर अपने पराक्रमों करके ऐसे निवारण नहीं करसके जैसे कि प्राप्तहुए प्रारब्ध

जनार्दनस्य पाणिंप्रवृद्धानलतुल्यदीप्ति ३६ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेदेवासुरसंग्रामेग्रसनवधोनामपञ्चाशदधिकशततमोऽध्यायः १५० ॥

(सूत उवाच) तस्मिन्विनिहते दैत्येग्रसनेलोकनायके। निर्मर्यादमयुध्यन्तहरिणा सहदानवाः १ पट्टिशैर्मुसलैः पाशैर्गदाभिः कुशलैरपि । तीक्ष्णाननैश्चनाराचैश्चक्रैःशक्तिभिरेवच २ तानस्त्रान्दानवैर्मुक्तान् चित्रयोधीजनार्दनः । एकैकंशतशश्चक्रे बाणैरग्निशिखोपमैः ३ ततःक्षीणायुधप्राया दानवाभ्रान्तचेतसः । अस्त्राण्यादातुमभवन्न समर्थायदारणे ४ तदामृतैर्गजैरश्वैर्जनार्दनमयोधयन् । समन्तात्कोटिशोदैत्याः सर्वतःप्रत्ययोधयन् ५ बहुकृत्वावपुर्विष्णुः किञ्चिच्छ्रान्तभुजोऽभवत् । उवाचचगरुत्मन्तं तस्मिन्सुतुमुलेरणे ६ गरुत्मन् ! कच्चिदश्रान्तस्त्वमस्मिन्नपि साम्प्रतम् । अथश्रान्तोऽसितद्याहि मथनस्यरथम्प्रति ७ श्रान्तोऽस्यथमुहूर्तन्त्वं रणादपसृतोभव । इत्युक्तोगरुडस्तेन विष्णुनाप्रभविष्णुना ८ आससादरणेदैत्यं मथनंघोरदर्शनम् । दैत्यस्त्वभिमुखंदृष्ट्वा शङ्खचक्रगदाधरम् ६ जघानभिन्दिपालेन शितबाणेनवक्षसि । तत्प्रहारमचिन्त्यैव विष्णुस्तस्मिन्महाहवे १० जघानपञ्चभिर्बाणैर्मार्जितैश्चशिलाशितैः । पुनर्दशभिराकृष्टै स्तन्तताडस्तनान्तरे ११ विद्धोमर्मसुदैत्येन्द्रो हरिबाणैरकम्पत । समुहूर्तं समाश्वास्य जग्राहपरिघन्तदा १२ जघ्नेजनार्दनेचापि परिघेणाग्निवर्चसा । विष्णुस्तेन

कर्मको कोई निवारण नहीं करसक्ताहै ३५ फिर वह दुर्जयचक्र ग्रसन दैत्यके कण्ठपर गिरकरकण्ठके दो खण्डकरके फिर विष्णुभगवान् के हाथमें आजाता भया ३६ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांदेवासुरसंग्रामेग्रसनवधोनामपंचाशदधिकशततमोऽध्यायः १५० ॥

सूतजी बोले कि जब दैत्योंका सेनापति ग्रसन दैत्य मरगया तब सबदानव विष्णुके साथ मर्यादा को त्यागकर युद्धकरनेलगे १ पट्टिश, अस्त्र, मुसल, पाश, गदा और उत्तम तीक्ष्णवाण शक्तिआदि को विष्णुभगवान्के ऊपर छोड़ते भये २ दानवोंसे छोड़ेहुए उनअस्त्रोंको देखकर विष्णुभगवान् अग्निके समानतेजवाले अपने बाणोंकरके टुकड़े२ करतेभये ३ उससमय शस्त्रोंसे रहितहुए दानवोंके चित्त भ्रान्ति युक्त होगये और युद्धमें शस्त्रोंके ग्रहण करने कोभी कोई दानव समर्थ नहीं हुआ तब सब दानवमरे हुए हाथीघोड़ों करकेही विष्णुभगवान्से युद्धकरने लगगये उससमय विष्णुने अपने शरीरको बढ़ाया और तब विष्णुके भुजकुछ श्रमित होगये तब उसी रणमें विष्णुने गरुड़से कहा कि हे गरुड़ तुमकुछ थकित तो नहीं हुएहो जो हारगयेहो तौभी मथनदैत्यके रथके सन्मुख चलो ४।७ और जो थकितही होगये हो तो रणमें से दोघड़ी तक हटजाओ जब इस प्रकारसे गरुड़के प्रति विष्णुने कहा तब वह गरुड़ घोरदृष्टि वाले मथनदैत्यके प्रति जाताभया उस समय शंख चक्र गदाधारी विष्णुको सन्मुख देखकर मथनदैत्य गोफिया मंत्रोंसे और तीक्ष्णवाणों से उनको पीड़ित करताभया तब भी विष्णु ने उसके प्रहारोंको कुछ नहीं माना और पैने२ पन्द्रह वाणों करके मथनदैत्यकी छाती में प्रहार किया ८।११ जब विष्णुके बाण उसके मर्मस्थलोंमें लगे तबवह दैत्य दोघड़ी तक श्वासलेकर मूसल

प्रहारेण किञ्चिदाघूर्णितोऽभवत् १३ ततःक्रोधविवृत्ताक्षो गदाञ्जग्राहमाधवः। मथनं सरथंरोषान्निष्पिपेषाथरोषितः १४ सपपाताथदैत्येन्द्रः क्षयकालेऽचलोयथा। तस्मिन्नि पतितेभूमौ दानवेवीर्यशालिनि १५ अवसादंययुर्दैत्याः कर्दमेकरिणोयथा। ततस्तेषुवि पन्नेषु दानवेष्वतिमानिषु १६ कोपरक्ततयानाम महिषोदानवेश्वरः। प्रत्युद्ययौहरिंरौद्रः स्वबाहुबलमास्थितः १७ तीक्ष्णधारेणशूलेन महिषोहरिमर्दयन्। शक्त्याचगरुडंवीरो महिषोऽभ्यहनद्धृदि १८ ततोव्यावृत्तवदनं महाचलगुहानिभम्। ग्रस्तुमैच्छद्रणेदैत्यः सगरुत्मन्तमच्युतम् १९ अथाच्युतोऽपिविज्ञाय दानवस्यचिकीर्षितम्। वदनंपूरयामा सदिव्यैरस्त्रैर्महाबलः २० महिषस्याथससृजे बाणौघंगरुडध्वजः। पिधायवदनंदिव्यैर्दि व्यास्त्रपरिमन्त्रितैः २१ सतैर्बाणैरभिहतो महिषोऽचलसन्निभः। परिवर्तितकायोऽधःपपा तनममारच २२ महिषंपतितंदृष्ट्वा भूमौप्रोवाचकेशवः। महिषासुर! मत्तस्त्वं बधन्नास्त्रै रिहार्हसि २३ योषिद्वध्यःपुरोक्तोऽसिसाक्षात्कमलयोनिना। उत्तिष्ठजीवितंरक्ष गच्छा स्मात्सङ्गरादद्रुतम् २४ तस्मिन्पराङ्मुखेदैत्ये महिषेशुम्भदानवः। सन्दष्टोष्ठपुटःको पाद्भ्रुकुटीकुटिलाननः २५ निर्मथ्यपाणिनापाणिं धनुरादायभैरवम्। सज्जञ्चकारसध नुःशरांश्चाशीविषोपमान् २६ सचित्रयोधीदृढमुष्टिपातस्ततस्तुविष्णुंगरुडञ्चदैत्यः। बाणैर्ज्वलद्वह्निशिखानिकाशैःक्षिप्तैरसंख्यैःपरिघातहीनैः२७विष्णुश्चदैत्येन्द्रशराहतोऽपि

को हाथमें लेकर विष्णुभगवान् पर प्रहार करताभया उसके मूसलके प्रहारसे विष्णुजी कुछेकपीड़ित होकर क्रोधसे गदाको धारण करतेभये और बड़े क्रोधयुक्तहो उस गदा से मथनदैत्यको पीसते भये १३।१४ उस गदाके पिसनेसे वह दैत्य ऐसे गिरपड़ा जैसे कि नाशकालमें मानों पर्व्वतही गिर-पड़ाहै १५ उसके गिरतेही सब दैत्य ऐसे पीड़ित हुए मानों बहुतसी कीचमें हाथीधसक रहेहों इस प्रकारसे बड़े२ अभिमानी दैत्य मरगये तब महिषासुर दानव अपनी भुजाओंके बलके आश्रितहोकर क्रोधपूर्व्वक युद्धमें आया १६।१७ फिर पैनीधार वाले शूलसे विष्णुभगवान्को बाधाकरने लगा और शक्तिसे गरुड़पर प्रहार करनेलगा १८ इसके पीछे बड़े भारी पर्व्वतकी गुफाके समान मुखको फाड़कर गरुड़ समेत विष्णुभगवान्के ग्रसने की इच्छा करताभया १९ फिर भगवान् भी उसदैत्यके मनोरथको जानकर अपने शरीरको दिव्य अस्त्रोंकरके पूरित करतेभये २० और दिव्य मंत्रों से युक्त किये बाणोंको महिषासुरके मारतेभये उनबाणोंसे अभिहत हुआ महिषासुर पृथ्वी में औंधागिरपड़ा परन्तु मरानहीं २१।२२ तब उस पड़े हुऐ महिषासुरको देखकर विष्णुभगवान् बोले कि हेमहिषा-सुर तेरी मृत्यु मेरे हाथसे नहीं है क्योंकि ब्रह्माजीने पूर्व्वही कहाहै कि तेरावध स्त्रीके हाथसे होगा इस हेतुसे खड़ाहो अपने जीवकी रक्षाकर अब तू इस युद्धमें से शीघ्रही चलाजा २३।२४ इसप्रकार से वह महिषासुर दैत्य जब पराङ्मुख होगया तब शुंभदैत्य क्रोधसे ओष्ठचबाता हुआ कुटिल भृकु-टियोंको चढ़ाता अपने हाथोंको मसलकर धनुषको ग्रहणकर उसमें सर्पके विषवाले बाणोंको चढ़ा वताभया २५।२६ फिर वह विचित्र युद्धवाला दैत्य दृढ़ मुष्टिपात करने लगा और जलतीहुई अग्नि

भुशुण्डिमादाय कृतान्ततुल्याम्। तयाभुशुण्ड्याचपिपेषमेषं शुम्भस्यपत्त्रंधरणीधराभम्
२८ तस्मादवप्लुत्यहताच्चमेषाद्भूमौपदातिःसतुदैत्यनाथः। ततोमहीस्थस्यहरिःशरौघान्
मुमोचकालानलतुल्यभासः २९ शरैस्त्रिभिस्तस्यभुजंविभेद षड्भिश्चशीर्षंदशभिश्चकेतु
म्। विष्णुर्विकृष्टेःश्रवणावसानं दैत्यस्यविव्याधविवृत्तनेत्रः ३० सतेनविद्धोव्यथितो
बभूव दैत्येश्वरोविस्रुतशोणितौघः। ततोऽस्यकिञ्चिच्चलितस्यधैर्याद्वाचशङ्खाम्बुजशा
र्ङ्गपाणिः ३१ कुमारिवध्योऽसिरणंविमुञ्च शुम्भासुर! स्वल्पतरैरहोभिः। वधंनमत्तोऽर्ह
सिचेहमूढ! वृथैवकियुद्धसमुत्सुकोऽसि ३२ शुम्भोवचोविष्णुमुखान्निशम्य निमिश्चनि
ष्पेष्टुमियेषविष्णुम्। गदामथोद्यम्यनिमिःप्रचण्डां जघानगाढंगरुडंशिरस्तः ३३ जम्भो
ऽपिविष्णुंपरिघेणमूर्ध्नि प्ररुष्टरत्नौघविचित्रभासा। तौदानवाभ्यांविषमैःप्रहारैर्निपेतुरुर्व्यां
घनपावकाभौ ३४ तत्कर्मदृष्ट्वादितिजास्तुसर्वे जगर्जुरुच्चैःकृतसिंहनादाः। धनूंषिचास्फो
ट्यखुराभिघातैर्व्यदारयन्भूमिमपिप्रचण्डाः। वासांसिचैवादुधुवुःपरेतु दध्मुश्चशङ्खान
कगोमुखौघान् ३५ अथसंज्ञामवाप्याशु गरुडोऽपिसकेशवः। पराङ्मुखोरणात्तस्मात्
पलायतमहाजवः ३६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेदेवासुरसंग्रामेएकपञ्चाशदधिकशततमोऽध्यायः १५१॥

(सूत उवाच) तमालोक्यपलायन्तं विभ्रष्टध्वजकार्मुकम्। हरिंदेवःसहस्राक्षो मेनेभ

के समान बाणोंकोभी छोड़ने लगा २७ फिर दैत्यके बाणों सेहतहुए भी विष्णुभगवान् भुशुंडी अस्त्र को ग्रहणकर उसकेही द्वारा शुंभदैत्यके मेढे समेत बाणोंको हतन करदेते भये २८ तब वह शुंभ दैत्य उस मरे हुए मेढेसे नीचे उतरकर पृथ्वीमें पैदलहोकरही युद्ध करने लगा फिर पृथ्वी में खड़े हुए उस दैत्यके ऊपर विष्णुभगवान् अपने बाणोंको छोड़ते भये २९ तीन बाणों से उसकी भुजाको छः से शिरको और दशबाणों से उसकी ध्वजाको छेदन किया और कानोंके समीप भी दशबाण मारतेभये ३० फिर विष्णुसे पीड़ित हुए उस दैत्यकी देहसे रुधिरकी धारा निकलने लगी और धैर्यनहीं रहा तब शार्ङ्गपाणि विष्णु भगवान् उससे कहने लगे कि हे शुंभ तू मुझसे वृथा क्यों युद्ध करताहै मेरे हाथसे तेरी मृत्यु नहीं है तेरी मृत्यु कन्याके हाथसे है ३१।३२ इस प्रकार के विष्णुके वचनको सुनकर शुंभ और निमि यह दोनोंदानव प्रचंड गदाको धारणकरके विष्णुके मारनेकी इच्छा करतेभये और दौड़कर गरुड़के शिरपर गदामारी ३३ जंभदैत्यभी विष्णुके मस्तकमें मूसल मारता भया फिर मेघवर्ण अग्निके समान आकारवाले विष्णु और गरुड़ दोनोंको दैत्य अनेकप्रकारसे गिरावते भये उस समय सब दानव उस कर्म को देखकर ऊंचेस्वरसे सिंहनाद करते भये और धनुषों को धारणकर २ कोलाहल शब्द मचाने लगे और उत्तम वस्त्रोंको धारणकर शंख बजाने लगे ३४।३५ इसके पीछे जब गरुड़को चेतहुआ तब विष्णुसमेत युद्धसे पराङ्मुख होकर बड़ेवेगसे भागगया ३६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांदेवासुरसंग्रामेएकपंचाशदधिकशततमोऽध्यायः १५१॥

सूतजी कहते हैं कि टूटीहुई ध्वजावाले औरखंडित धनुषवाले विष्णुभगवान्को भागताहुआ देख

ग्नंदुराहवे १ दैत्यांश्चमुदितान्दृष्ट्वा कर्तव्यंनाध्यगच्छत। अथायान्निकटेविष्णोः सुरेशः
पाकशासनः २ उवाचचैनंमधुरं प्रोत्साहपरिबृंहकम्। किमेभिःक्रीडसेदेव! दानवैर्दुष्टमान
सैः ३ दुर्जनैर्लब्धरन्ध्रस्य पुरुषस्यकुतःक्रियाः। शक्तेनोपेक्षितोनीचो मन्यतेबलमात्म
नः ४ तस्मान्ननीचमतिमान् दुर्गहीनंहिसंत्यजेत्। अथाग्रेसरसंपत्त्या रथिनोजयमाप्नुयुः५
कस्तेसखाभवन्नाथे हिरण्याक्षवधेविभो!। हिरण्यकशिपुर्दैत्यो वीर्यशालीमदोद्धतः ६
त्वांप्राप्यापश्यदसुरो विषमंस्मृतिविभ्रमम्। पूर्वेऽप्यतिबलायेच दैत्येन्द्राःसुरविद्विषः
७ विनाशमागताःप्राप्य शलभाइवपावकम्। युगेयुगेचदैत्यानां त्वमेवान्तकरोहरे! ८
तथैवाद्येहमग्नानां भवविष्णो! सुराश्रयः। एवमुक्तस्ततोविष्णुर्व्यवर्द्धतमहाभुजः ९
ऋद्ध्यापरमयायुक्तः सर्वभूताश्रयोऽरिहा। अथोवाचसहस्राक्षं कालक्षममधोक्षजः १०
दैत्येन्द्राःसर्ववधोपायैःशक्याहन्तुंहिनान्यतः। दुर्जयस्तारकोदैत्योमुक्त्वासप्तदिनंशिशुम् ११
कश्चित्स्त्रीवध्यतांप्राप्तो वधेऽन्यस्यकुमारिका। जम्भस्तुवध्यतांप्राप्तो दानवःक्रूरविक्र
मः १२ तस्माद्वीर्येणदिव्येन जहिजम्भंजगद्धरम्। अवध्यःसर्वभूतानांत्वां विनासतुदा
नवः १३ मयागुप्तोरणेजम्भं जगत्कण्टकमुद्धर। तद्वैकुण्ठवचःश्रुत्वा सहस्राक्षोऽमरा
रिहा १४ समादिशत्सुरान्सर्वान्सैन्यस्यरचनांप्रति। यत्सारंसर्वलोकेषु वीर्यस्यतपसोऽपि

कर इन्द्र अपनी पराजयमानताभया १ और दैत्योंको प्रसन्नहुआ जानकर कुछकर्तव्यताकोभी न कर
सका इसके पीछे देवताओं का अधिपति इन्द्र विष्णुभगवान्‌के समीपआया २ और बड़ीमधुरवाणी
सेउत्साह बढ़ाताहुआ यह वचन बोलाकि हे देवदेव आप इनदुष्ट दानवोंके साथक्या क्रीड़ाकरते-
हो ३ दुर्जन पुरुष जिसके छिद्रको जानजातेहैं उस पुरुषके फिर कौनसी क्रियाहोती है जब समर्थ
पुरुषनीचको छोड़देताहै तब वही नीचपुरुष अपनेको बलवान् मानलेताहै इसहेतुसे बुद्धिमान् पुरुष
दुर्गहीननीच पुरुषको कभी न छोड़े देवताओंकीही संपत्तिसे यहरथीदैत्य जयको प्राप्तहोजातेभये ४।५
और पूर्वके दैत्योंपर आपने कौनसा प्यारकियाहै हिरण्याक्ष दैत्यके वधमें मदोन्मत्त हिरण्यकशिपुदैत्य
तुमको प्राप्तहोकर तुम्हींसे विरमता करताभया उनपूर्वके अत्यन्त बलवाले देवताओंके शत्रुदानवोंका
आपकेहीद्वारा ऐसा नाशहोगया जैसेकि अग्निमें गिरकर टीड़ियोंकानाश होजाताहै और हे हरे आप
सब युगोंमें दैत्योंका नाशकरतेहो उसी प्रकार हे दैत्यारि अबभी देवताओंके दुःखको निवारण की-
जिये इन्द्रके इस स्तुति युक्त वचनको सुनकर विष्णुभगवान् अपनीभुजाओं को बढ़ातेभये ६।९
और परमऋद्धिको प्राप्तहोकर इन्द्रसे यहवचनबोले कि सब दानव अपने वधके उपायोंकरके आप
ही मरनेको योग्यहैं और तारकासुरदानव सातदिनके बालकके हाथसे मरेगा अन्यकिसीसेभी नहीं
मरेगा १०।११ कोई दैत्य तो स्त्री से वध होने के योग्य है कोई कन्याके हाथसे मरनेयोग्य है परन्तु
जंभ दैत्य यहाँही मरनेके योग्यहै इसहेतुसे बड़े बलवाले जंभ दैत्यको अपनेपराक्रमसेमार यहजंभ
दैत्य तेरेबिना दूसरे किसी से नहींमरेगा १२।१३ मुझसे रक्षितहोकर तू इसजगत्‌के कंटकरूप जंभ दै-
त्यकोमार इस वचनको सुनकर इन्द्र सब देवताओंको सेनारचनेकी आज्ञादेताभया त्रिलोकीमात्रके

च १५ तदेकादशरुद्रांस्तु चकाराग्रेसरान्हरिः। व्यालभोगाङ्गसन्नद्धा बलिनोनीलकन्ध
राः १६ चन्द्रलेखनचूडालामण्डितानुशिखण्डिनः। शूलज्वालीभिषङ्गाढ्या भुजमण्डल
भैरवाः १७ पिङ्गोत्तुङ्गजटाजूटाः सिंहचर्मानुषङ्गिनः। कपालीशादयोरुद्रा विद्रावितमहा
सुराः १८ कपालीपिङ्गलोभीमो विरूपाक्षोविलोहितः। अजेशःशासनःशास्ता शम्भुःख
ण्डोध्रुवस्तथा १९ एतएकादशानन्तबला रुद्राःप्रभाविनः।पालयन्तोबलस्याग्रेदारयन्त
श्चदानवान् २० आप्याययन्तस्त्रिदशान् गर्जन्तइवचाम्बुदाः।हिमाचलाभेमहति काञ्च
नाम्बुरुहस्रजि २१ प्रचलच्चामरेहेमघण्टासङ्घातमण्डिते। ऐरावतेचतुर्दन्ते मातङ्गेऽच
लसंस्थिते २२ महामदजलस्रावे कामरूपेशतक्रतुः। तस्थौहिमगिरेःशृङ्गे भानुमानिव
दीप्तिमान् २३ तस्यारक्षत्पदंसव्यं मारुतोऽमितविक्रमः। जुगोपापरमग्निस्तु ज्वालापू
रितदिङ्मुखः २४ पृष्ठरक्षोऽभवद्विष्णुः ससैन्यस्यशतक्रतोः। आदित्यावसवोविश्वे
मरुतश्चाश्विनावपि २५ गन्धर्वाराक्षसायक्षाः सकिन्नरमहोरगाः। नानाविधायुधाश्चि
त्रादधानाहेमभूषणाः २६ कोटिशःकोटिशःकृत्वावृन्दंचिह्नोपलक्षितम्। विश्रावयन्तःस्वा
ङ्कीर्तिं बन्दिवृन्दपुरःसराः। चेरुर्दैत्यवधेहृष्टाः सहेन्द्राःसुरजातयः २७शतक्रतोरमरनिका
यपालिता पताकिनीगजशतवाजिनादिता। सितातपत्रध्वजपटकोटिमण्डिता बभूवसा
दितिसुतशोकवर्धिनी २८ आयान्तीमवलोक्याथ सुरसेनाङ्कुजासुरः। गजरूपीमहाम्भो
द सङ्काशोभातिभैरवः २९ परश्वधायुधोदैत्यो दंशितोष्ठकसंपुटः। ममर्दचरणेदेवांश्चिक्षे

बल वीर्य्य और तपके प्रभाव समेत ग्यारह रुद्रों को विष्णु अपने आगे करतेभये उस समय सर्प कपालधारी नीलकण्ठ चन्द्रमाकी रेखासे शोभित त्रिशूलादिकों से भयंकर भुजायुक्त पीतजटा समेत सिंहचर्माम्बरधरेहुए महाअसुरों के भगानेवाले १४।१८ कपाली, पिंगल, भीम, विरूपाक्ष, विलोहित, अजेश, शासन, शास्ता, शम्भु, खंड, और ध्रुव इननामोंवाले अनन्तबलयुक्त ग्यारह रुद्र महाप्रभावों-समेत विष्णुके आगे भाजने वाले दानवोंको मारनेलगे और मेघोंके समानगर्जतेहुए देवताओं को पुष्टकरतेभये सुवर्णसे शोभित हिमाचलपर्व्वत पर स्वर्णमयी घंटे और चमरसे सुशोभित चारदाँत वाले कामस्वरूपी ऐरावतहाथीपर विराजमानहोकर इन्द्रभी आताभया उस समय उसकी ऐसी शोभाहोती भई मानों पर्व्वत पर दीप्तहुआसूर्य्यही उदयहुआहै १९।२३ उस इन्द्रके वामपादको वायुने रक्षितकिया दक्षिणपादको ज्वालाओं से दिशाओंको पूरितकरनेवाले अग्निने रक्षितकिया २४ सेना समेत इन्द्रकी पृष्ठके पीछे विष्णु रक्षा करतेभये आदित्य वसु विश्वेदेवा मरुद्गण अश्विनी कुमार गन्धर्व, राक्षस, यक्षकिन्नर महोरग, यह सब भी अनेक शस्त्रोंको धारण किये हुए सुवर्ण के भूषणों से अलंकृत किरोड़ों एकत्र इकट्ठेहोकर युद्धमेंचले इनसब देवतादिकोंको आगे२ बन्दीजन स्तुति करतेये उस समय सब देवता दैत्योंके वधमें प्रसन्न होतेभये २५।२७ इन्द्रसे पालित हज़ारों हाथी घोड़ोंसे शोभित श्वेत छत्रध्वजाओंसे मंडित वह देवताओंकी सेना दैत्योंके शोककी बढ़ाने वाली होतीभयी २८ उस आवती हुई देवताओं की सेनाको कुंजर दैत्य देखकर बड़े मेघ समान हाथी का

पान्यान्करेणतु ३० परान्परशुनाजघ्ने दैत्येन्द्रोरौद्रविक्रमः । तस्यपातयतःसेनांयक्षगन्धर्व किन्नराः३१मुमुचुःसंहताःसर्वेचित्रशस्त्रास्त्रसंहतिम्।पाशान्परश्वधांश्चक्रान् भिन्दिपाला नूसमुद्गरान् ३२ कुन्तान्प्रसानसींस्तीक्ष्णान् मुद्गरांश्चापिदुःसहान् । तान्सर्वान्सोऽग्रस दैत्यः कवलानिवयूथपः ३३ कोपास्फालितदीर्घाग्र करास्फोटेनपातयन् । विचचाररणेदेवा न् दुष्प्रेक्ष्योगजदानवः३४यस्मिन्यस्मिन्निपतति सुरवृन्देगजासुरः।तस्मिन्तस्मिन्महा शब्दो हाहाकारकृतोऽभवत् ३५ अथविद्रवमाणंतद्बलंप्रेक्ष्यसमन्ततः । रुद्राःपरस्परं प्रोचु रहङ्कारोत्थितार्चिषः ३६ भो ! भो ! गृह्णीतदैत्येन्द्रं मर्दतैनंहताश्रयम् । कर्षतैनं शितैःशूलैर्भञ्जतैनञ्चमर्म्मसु ३७ कपालीवाक्यमाकर्ण्य शूलंशितशिखामुखम् । सन्धा र्यत्रामहस्तेन संरम्भविवृतेक्षणः ३८ अधावद्भ्रुकुटीवक्रो दैत्येन्द्राभिमुखोरणे । दृढेन मुष्टिबन्धेन शूलंविष्टभ्यनिर्मलम् ३९ जघानकुम्भदेशेतु कपालीगजदानवम् । ततोद शापितेरुद्रा निर्म्मलायोमयैरणे ४० जघ्नुःशूलैश्चदैत्येन्द्रं शैलवर्ष्माणमाहवे । स्रुतशो णितरन्ध्रस्तु शितशूलमुखादितः ४१ बभौकृष्णच्छविर्दैत्यः शरदीवामलंसरः । प्रोत्फु ल्लारुणनीलाब्जसङ्घातःसर्वतोदिशम् ४२ भस्मशुभ्रतनुच्छायै रुद्रैर्हंसैरिवावृतः । उ पस्थितार्तिर्दैत्योऽथ प्रचलत्कर्णपल्लवः ४३ शम्भुंबिभेददशनैर्नाभिदेशेगजासुरः । दृ ष्ट्वासक्तन्तुरुद्राभ्यां नवरुद्रास्ततोऽद्भुतम् । ततश्चविविधैःशस्त्रैः शरीरममरद्विषःनिर्भया

रूप धारणकर प्रकाशित होताभया २९ वह दैत्यहाथों में फरसा ग्रहणकर होठोंको चाब देवताओं को अपने पैरों से दाब २ कर मसलताभया और बहुतों को हाथोंसे फेकता भी था ३० वह भयंकर पराक्रम वाला दैत्य कितनेही देवताओंको कुल्हाड़ों से भी मारताभया जब इसप्रकारसे उसने यक्ष गन्धर्व और किन्नरोंसे युद्धकिया तब यह सबभी विचित्र शस्त्रअस्त्रों को वा फांसी कुल्हाड़े गोफिया यन्त्र और दुस्सह मुद्गर आदिकोंको उसके ऊपर छोड़तेभये ३१।३२ फिर क्रोधसे भुजाओंकोपट कताहुआ वह कुंजर दानवइनदेवताओंके शस्त्रोंको निवारण करके युद्धमें विचरनेलगा ३४ जिन२ दे वताओंकेसमूहोंमें कुंजरासुरदानव प्राप्तहोताथाउन२देववृन्दोंमें महाहाहाकार शब्दहोताथा३५इसके अनन्तर भागतेहुए देवताओंको देखकर अहंकारस्वरूपी अग्निसे युक्तहुए रुद्र परस्परमें कहनेलगे कि इसदैत्यको बाधादेकर पैने शूलोंसे मर्म स्थलोंमें काटकरमारो ३६।३७ उनके वचनोंको सुनकर क पालीरुद्र तीक्ष्ण धारवाले शूलको ग्रहणकर वामहाथसेघिस नेत्रभृकुटी चढा शूलको दृढतासे पक ड़कर दैत्यके सन्मुख भागताभया ३८। ३९ और उसके मस्तक पर मारताभया इसके पीछे शेषरहे वह दशरुद्रभी रणमें निर्मल लोहेके शूलों से उसदानवको मारतेभये फिर उन पैने शूलोंसे हतहुए दानवके मुखसे रुधिर निकलताभया ४०। ४१ उससमय उस दैत्यकी कालेरंगकी ऐसी शोभाहुई जैसेकि शरदऋतुमें स्वच्छ सरोवरकी शोभाखिलेहुए लालनीले कमलोंसे होतीहै ४२ शरीरपर भस्म लगायेहुए रुद्रोंसे रुकेहुए उसदैत्यकी ऐसी शोभाहोतीभयी मानों कज्जलका पर्व्वत श्वेत हंसों से घिराहो फिर कुंजर दैत्य शंभुरुद्रकी नाभिमें दांतोंका प्रहार करताभया तब बाकीरहे नौ९रुद्र निर्भय

वलिनोयुद्धे रणभूमौव्यवस्थिताः ४४ मृतंमहिषमासाद्य वनेगोमायवोयथा। कपालि
नौपरित्यज्य गतश्चासुरपुङ्गव. ४५ वेगेनकुपितोदैत्यो नवरुद्रानुपाद्रवत्। ममर्द चरणा
घातैर्दन्तैश्चापिकरेणच ४६ सतैस्तुमुलयुद्धेन श्रममासादितोयदा। तदाकपालीजग्राह
करन्तस्यामरद्विषः ४७ भ्रामयामासवेगेन ह्यतीवचगजासुरम्। दृष्ट्वाश्रमातुरंदैत्यं किञ्चि
त्स्फुरितजीवितम् ४८ निरुत्साहंरणेतस्मिन् गतयुद्धोत्सवोद्यमम्। ततःपततएवास्य
चर्मचोत्कृत्यभैरवम् ४९ स्रवत्सर्वाङ्गरक्तौघं चकाराम्बरमात्मनः। दृष्ट्वाविनिहतंदैत्यं दा
नवेन्द्रामहाबला. ५० वित्रेसुर्दुद्रुवुर्जग्मुर्निपेतुश्चसहस्रशः। दृष्ट्वाकपालिनोरूपं गजच
र्माम्बरावृतम् ५१ दिक्षुभूमौतमेवोग्रं रुद्रंदैत्याव्यलोकयन्। एवंविलुलितेतस्मिन् दान
वेन्द्रेमहाबले ५२ द्विपाधिरूढोदैत्येन्द्रो हतदुन्दुभिनाततः। कल्पान्ताम्बुधराभेन दुर्द्ध
रेणापिदानवः ५३ निमिरभ्यपतत्तूर्णं सुरसैन्यानिलोडयन्। यांयांनिमिगजोयाति दिशं
तांतांसवाहनाः ५४ सन्त्यज्यदुद्रुवुर्देवा भयार्तास्त्यक्तहेतयः। गन्धेनसुरमातङ्गा दुद्रुवु
स्तस्यहस्तिनः ५५ पलायितेषुसैन्येषु सुराणांपाकशासनः। तस्थौदिक्पालकैः सार्द्धम
ष्टभिःकेशवेनच ५६ संप्राप्तोनिमिमातङ्गो यावच्छक्रगजंप्रति। तावच्छक्रगजोयातो मु
क्त्वानादंसभैरवम् ५७ ध्रियमाणोऽपियत्नेन नस्वकैरवतिष्ठति। पलायितेगजेतस्मिन्नारू
ढःपाकशासनः ५८ विपरीतमुखोयुद्ध्यद्दानवेन्द्रबलंप्रति। शतक्रतुस्तुवज्रेण निमिंवक्ष

होकर सब दानवोंको अनेक शस्त्रोंसे काटतेभये ४३। ४४ उनकी उससमय ऐसी शोभा दीखतीथी जैसेकि वनमें मरेहुए हाथीपर क्रीड़ाकर शृगालोंके चिपटनेकी शोभाहोतीहै फिर उनदोनों रुद्रों को छोड़ाकर वह कुंजर दैत्य इननौ ९ रुद्रोंके सन्मुख दौड़ताभया और पैर दांत सूंड आदिकसे उनको पीड़ादेनेलगा ४५। ४६ जब वह उन नौ९ रुद्रोंके साथ युद्ध करताहुआ हारगया तब कपाली शिवजी उस कुंजर दैत्य की सूंड़को पकड़कर भ्रमातेभये और भ्रमातेही भ्रमाते जब कुछ प्राण बाकी रहगये तभी वेगसे फेकदेते भये उस समय कुजर दैत्य उद्यम से रहित होकर जब खड़ारहगया तब उसका भयानक चर्म रणभूमिमें गिरपड़ा और चर्म रहित सच्छिद्रदेहसे रुधिर निकलनेलगा इसप्रकार से मरेहुए दानवको देखकर अन्य सब महाबली दानव त्रासको प्राप्त होकर दौड़तेभये और भाजते हुए हज़ारों दैत्य पृथ्वीपर गिरपड़े फिर हस्ती के चर्मको ओढ़ेहुए कपाली शिवको देखकर पृथ्वीपर सब दिशाओं में उनको लोग महारुद्र अर्थात् भयानक देखते भते ४७। ५१ इसप्रकारसे जब वह दानव मारागया तब निमि दैत्य हाथीपर चढ़ नगाड़ावजा प्रलयकालके समान गर्जना करताहुआ रणमें आया ५२। ५३ और जिस २ दिशामें निमि दैत्यआया उस २ दिशाको त्यागकर सब देवता भयभीत होकर भागजातेभये उस दैत्यके हाथी की सुगन्धिसे सबहाथी भागे ५४। ५५— और देवताओंकी सेनाभी जबभागी उससमय इन्द्र अष्ट दिक्पाल और विष्णुजीसे संयुक्तहोकर स्थितहोताभया ५६ जबनिमि दैत्यका हाथी इन्द्रके हाथी ऐरावतके सन्मुख आया उस समय ऐरावतभी भयंकर नादकरके भयभीत होकर भागनेलगा यद्यपि इन्द्रने यत्न पूर्वक रोका तौभीनहींरुका उस

स्यताडयत् ५९ गदयादन्तिनश्चास्य गण्डदेशेऽहनद्दृढम् । तत्प्रहारमचिन्त्यैव निमिर्निर्भयपौरुषः ६० ऐरावतंकटीदेशे मुद्गरेणाभ्यताडयत् । सहतोमुद्गरेणाथ शक्रकुञ्जरआहवे ६१ जगामपश्चाच्चरणैर्धरणींभूधराकृतिः । लाघवात्क्षिप्रमुत्थाय ततोऽमरमहागजः ६२ रणादपससर्पाशु भीषितोनिमिहस्तिना । ततोवायुर्ववौरुक्षो बहुशर्करपांसुलः ६३ सम्मुखोनिमिमातङ्गो जवनाचलकम्पनः । स्रुतरक्तोबभौशैलो घनचारुहृदोयथा ६४ धनेशोऽपिगदांगुर्वीन्तस्यदानवहास्तिनः । चिक्षेपवेगाद्दैत्येन्द्रोनिपपातास्यमूर्द्धनि ६५ गजोगदानिपातेन सतेनपरिमूर्च्छितः । दन्तैर्भित्त्वाधरांवेगात् पपाताचलसन्निभः ६६ पतितेतुगजेतस्मिन् सिंहनादोमहानभूत् । सर्वतःसुरसैन्यानां गजबृंहितबृंहितैः ६७ ह्रेषारवेणचाश्वानां गुणास्फोटैश्चधन्विनाम् । गजन्तंनिहतंदृष्ट्वा निमिश्चापिपराङ्मुखः ६८ श्रुत्वाचसिंहनादञ्च सुराणामतिकोपनः । जम्भोजज्वालकोपेन पीताज्य इवपावकः ६९ ससुरान्कोपरक्ताक्षो धनुष्यारोप्यसायकम् । तिष्ठतेत्यब्रवीत्तावत् सारथिंचाप्यचोदयत् ७० वेगेनचलतस्तस्य तद्रथस्याभवद्द्युतिः । यथादित्यसहस्रस्याभ्युदितस्योदयाचले ७१ पताकिनारथेनाजौ किङ्किणीजालमालिना । शशिशुभ्रातपत्रेण सतेनस्यन्दनेनतु ७२ घट्टयन्सुरसैन्यानां हृदयंसमदृश्यत । तमायान्तमभिप्रेक्ष्य धनु

समय उलटे भागतेहुए हाथीपर चढ़ाहुआ इन्द्र दैत्यकी सेनाके सन्मुख भागा और अपने, वज्रको निमिदैत्यकी छातीमें मारताभया ५७। ५९ और उसदैत्यके हाथीके ऊपरभी एकगदामारी फिर उस प्रहारको कुछभीनमानताहुआ निमिदैत्य निरभय होकर ऐरावतहाथीके मुद्गरमारताभया तब मुद्गर सेहतहुआ इन्द्रकाहाथी अपन पिछले पैरोंसे पृथ्वीपर टिकजाताभया और बड़ी शीघ्रता से फिर उठकर दैत्यके हाथीसे भयभीत होकर भागा उस समय कठोर धूलियुक्त वायुचली ६०। ६३ निमिदैत्यकाहाथी इन्द्रके सन्मुख पर्व्वतके समान स्थित होताभया उससमय उसके शरीरसे भिरतेहुए रुधिरकी ऐसीशोभाहुई जैसेकि पर्व्वतमें गेरूके भिरनेकी शोभाहोती है ६४ उसीसमय कुवेरभी उस दैत्यके हाथीके ऊपर गदाको फेंकताभया उस गदाको निमिदैत्यने यद्यपि बहुतसारोका तौभी उसके हाथीके मस्तकपर लगहीगई गदाके लगनेसे वह उसका हाथी पृथ्वीपर गिरपड़ा उसके गिरते ही देवताओंकी सेनामें सवस्थानपर सिंहनादके समान शब्द होताभया ६५। ६७ घोड़े हिनहिनानेलगे धनुषोंकी टंकारहोने लगी तबमरेहुए हाथीको देखकर निमिदैत्य युद्धसे उलटा भागा ६८ फिर देवताओंके क्रोध पूर्व्वक सिंहनादोंको सुनकर जंभदैत्य क्रोधकरके ऐसे जलताभया जैसेकि घृतके पड़नेसे अग्नि प्रज्वलित होती है ६९ क्रोधसे लालनेत्रकर धनुषबाणचढ़ा देवताओंसे कहने लगा कि अबठहरो ऐसा कहकर अपने सारथीको प्रेरणा करताभया और सारथी समेत उसके वेगसे चलनेके समय पृथ्वीकी ऐसी शोभा होतीभई मानो उदयाचल पर्वतपर हज़ारो सूर्य्योंका उदय होरहाहो ध्वजा किंकिणी और जाली आदिसे शोभित श्वेतछत्रसे अलंकृतहुए रथमें बैठकर वहदैत्य चला उसकारथ देवताओंके हृदयको विदीर्ण करताथा उस समय धनुष बाणहाथमें लिये रथपर बैठेहुए उ

व्याहितसायकम् ७३ शतक्रतुरदीनात्मा दृढमाधत्तकार्मुकम्। बाणञ्चतैलधौताग्रमर्द्धचन्द्रमजिह्मगम् ७४ तेनास्यसशरञ्चापं रणेचिच्छेदवृत्रहा। क्षिप्रंसन्त्यज्यतच्चापंजम्भो दानवनन्दनः ७५ अन्यत्कार्मुकमादायवेगवद्भारसाधनम्। शरांश्चाशीविषाकारांस्तैलधौतानजिह्मगान् ७६ शक्रंविव्याधदशभिर्जत्रुदेशेतुपत्रिभिः। हृदयेचत्रिभिश्चापि द्वाभ्यां स्कन्धयोर्द्वयोः ७७ शक्रोऽपिदानवेन्द्राय बाणजालमपीदृशम्। अप्राप्तान्दानवेन्द्रस्तु शरान्शक्रभुजेरितान् ७८ चिच्छेददशधाकाशे शरैरग्निशिखोपमैः। ततस्तुशरजालेन देवेन्द्रोदानवेश्वरम् ७९ आच्छादयतयत्नेन वर्षास्विवघनैर्नभः। दैत्योऽपिबाणजालन्तद्व्यधमत्सायकैःशितैः ८० यथावायुर्घनाटोपं परिवार्यदिशोमुखे। शक्रोऽथक्रोधसंरम्भान्नविशेषयतेयदा ८१ दानवेन्द्रंतदाचक्रे गन्धर्वास्त्रंमहाद्भुतम्। तदुत्थतेजसाव्याप्तमभूद्गगनगोचरम् ८२ गन्धर्वनगरैश्चापि नानाप्राकारतोरणैः। अस्त्रवृष्टिरद्भुताकारैरस्त्रवृष्टिः समन्ततः ८३ अथास्त्रवृष्ट्यादैत्यानां हन्यमानामहाचमूः। जम्भंशरणमागच्छदप्रमेयपराक्रमम् ८४ व्याकुलोऽपिस्वयंदैत्यः सहस्राक्षास्त्रपीडितः। स्मरन्साधुसमाचारं भीतत्राणपरोऽभवत् ८५ अथास्त्रंमौसलंनाम मुमोचदितिनन्दनः। ततोयोमुसलैःसर्वमभवत्पूरितंजगत् ८६ एकप्रहारकरणैरप्रधृष्यैःसमन्ततः। गन्धर्वनगरन्तेषु गन्धर्वास्त्रविनिर्मितान् ८७ गान्धर्वमस्त्रंसन्धाय सुरसैन्येषुचापरम्। एकैकेनप्रहारेण गजानश्वान्महारथान् ८८ रथा

स दैत्यको आताहुआ देखकर इन्द्रभी अपने धनुषको लेकर तीक्ष्ण बाणको चढ़ाताभया ७१। ७४ और बाणकी वर्षा करके दैत्य के धनुषबाण को छेदन करता भया तब जंभ दैत्य उस धनुष को त्यागकर दूसरे धनुषको लेकर सर्पों के समान विषवाले बाणोंको छोड़ताभया ७५। ७६ दशबाण इन्द्र के जोतों में मारे तीन हृदय में और दोबाणदोनों कन्धों पर मारे ७७ तबइन्द्र भी इसी प्रकार से दैत्य के ऊपर बाण छोड़ने लगा उस समय वह दैत्य इन्द्रके बाणों को आकाशही में अपने अग्निके समान तीक्ष्णबाणों से छेदन करताभया फिर इन्द्र भी अन्य बाणोंको छोड़कर ऐसे आच्छादन करता भया जैसे कि वर्षा ऋतुमें बादलों से आकाश आच्छादित होजाता है उस समय वह जंभ दैत्य इन्द्र के बाणों को ऐसे दूर करदेताभया जैसे कि बादलोंको वायु दूर करके छिन्न भिन्न करदेता है तब तो इन्द्रने क्रोधकरके कुछ विशेष माया रची ७८। ८१ अर्थात् उस दैत्य के ऊपर गन्धर्व अस्त्र को छोड़ा उस अस्त्र के तेजसे सब आकाश व्याप्त होगया ८२ और उसी आकाश में गन्धर्वों के पुर रचे गये उनपुरों में से अस्त्रों की वर्षा होने लगी दैत्यों की सब सेनाका नाश होने लगा उससमय सबदैत्य जंभकी शरणमें जातेभये और जंभदैत्य भी इन्द्रके अस्त्रों से पीड़ित होकर उनदैत्यों के समाचार सुनके अत्यन्त भयभीत होताभया ८३। ८५ इसके अनन्तर वह दैत्य भी मौसल अस्त्रको छोड़ताभया तब उसमस्त्रसे सब जगत् लोहे के मूसलों से व्याकुल होगया और एक२ प्रहारकरके उन गन्धर्व नगरोंका नाश करदेताभया इसकेपीछे वह दैत्य गन्धर्व अस्त्रका संधान करके देवताओं की सेनामें छोड़ताभया तबवह अस्त्र एक २ प्रहार करके हाथी घोड़े रथ और रथके घोड़े इन

श्वान्सोऽहनत्क्षिप्रं शतशोऽथसहस्रशः।ततःसुराधिपस्त्वाष्ट्रमस्त्रञ्चसमुदीरयन् ८९ स
न्धयमानेततस्त्वाष्ट्रे निश्चेरुःपावकार्चिषः।ततोयन्त्रमयान्दिव्यानायुधान्दुष्प्रधर्षिणः९०
तैर्यन्त्रैरभवद्द्वन्द्वमन्तरिक्षेवितानकम्। वितानकेनतेनाथ प्रथमंमौसलेगते ९१ शैला
स्त्रमुमुचेजम्भो यन्त्रसङ्घातताडनम्। व्यामप्रमाणैरुपलैस्ततोवर्षमवर्तत ९२ त्वाष्ट्रस्य
निर्मितान्यासु यन्त्राणितदनन्तरम्। तेनोपलनिपातेन गतानितिलशस्ततः ९३ यन्त्रा
णितिलशःकृत्वा शैलास्त्रंपरिमूर्धसु । निपपातातिवेगेनादारयत्पृथिवींततः ९४ ततो
वज्रास्त्रमकरोत् सहस्राक्षःपुरन्दरः । तदोपलमहावर्षं व्यशीर्यतसमन्ततः ९५ ततःप्र
शान्तेशैलास्त्रे जम्भोभूधरसन्निभः। ऐषीकमस्त्रमकरोद्भीतोऽतिपराक्रमः ९६ ऐषीकेना
गमन्नाशं वज्रास्त्रंशक्रवल्लभम्। विजृम्भत्यथचैषीके परमास्त्रेतिदुर्धरे ९७ जज्वलुर्देवसै
न्यानि सस्यन्दनगजानितु। दह्यमानेष्वनीकेषु तेजसासुरसत्तमः ९८ आग्नेयमस्त्रमक
रोद्बलवान्पाकशासनः । तेनास्त्रेणततस्त्वैन्द्रमग्रसत्तदनन्तरम् ९९ तस्मिन्प्रतिह
तेचास्त्रे पावकास्त्रंव्यजृम्भत । जज्वालकायंजम्भस्य सरथञ्चससारथिम् १०० ततःप्र
तिहतःसोथ दैत्येन्द्रःप्रतिभानवान्। वारुणास्त्रंमुमोचाथ शमनंपावकार्चिषाम् १०१ त
तोजलधरैर्व्योमस्फुरद्विद्युल्लताकुलैः । गम्भीरमुरजध्वानैरापूरितमिवाम्बरम् १०२
करीन्द्रकरतुल्याभिर्जलधाराभिरम्बरम् । पतन्तीभिर्जगत्सर्वं क्षणेनापूरितंबभौ १०३
शान्तमाग्नेयमस्त्रंतत् प्रविलोक्यसुराधिपः। वायव्यमस्त्रमकरोन्मेघसङ्घातनाशनम्१०४

सब हजारोंको शीघ्रही नष्टकरदेता भया फिर इन्द्रने त्वाष्ट्रनाम अस्त्रको छोड़ा ८६। ८९ जब कि त्वाष्ट्र अस्त्रका संधान कियागया उसमें से अग्निके कण निकसतेभये उन अग्निकणों का और दैत्यके दिव्यअस्त्रोंका आकाशमें युद्ध होताभया उस समय पहले मूसलों का नाशहोगया उस समय जंभ दैत्य उनयन्त्रोंके संघातको ताड़ना देनेवाले अपने शैल अस्त्रको छोड़ता भया तब साढ़ेतीन २ हाथ लंबे पाषाण बरसनेलगे ९०। ९२ इसके पीछे त्वाष्ट्र अस्त्रसे रचेहुए यन्त्रों का नाश उन पत्थरों की वर्षा से होगया ९३ सब यन्त्रों के मस्तक पर गिरता हुआ शैल अस्त्र उन यन्त्रों का नाश करके वेगसे पृथ्वी में गिरता भया ९४ इसके अनन्तर इन्द्रने अपने वज्रास्त्र को छोड़ा उस वज्रास्त्र से चारों ओर को पत्थरों की वर्षा होनेलगी ९५ तब जंभ दैत्यका शैल अस्त्र नष्ट होगया इसके पीछे जंभ दैत्यने ऐषीक अस्त्रको छोड़ा उस ऐषीक अस्त्र से इन्द्र के वज्रास्त्र का नाश होगया और वह ऐषीक अस्त्र चारों ओर को फैलगया तब देवताओं की सेनामें रथ हाथी आदिक जलनेलगे और सब सेना भी जलनेलगी उस समय इन्द्रने अपने तेजसे आग्नेय अस्त्र को छोड़ा वह अस्त्र जंभ के अस्त्रको ग्रस लेताभया ९६। ९९ जब दैत्यका अस्त्र नष्ट होगया तब अग्निअस्त्र बढ़ता भया उससे जंभ दैत्यका शरीर और रथसमेत सारथी भी जलनेलगा तब महादुःखित हुआ वह दैत्य अग्निका शान्तकरनेवाला वारुणास्त्र छोड़ताभया १००। १०१ उससमय गर्जने और वर्षनेवाले बड़े २ मेघआकाशमें आच्छादित होगये १०२ हाथी की सूंड़ों के समान गिरतीहुई जलधाराओं से

वायव्यास्त्रबलेनाथ निर्धूतेमेघमण्डले। बभूवविमलंव्योमनीलोत्पलदलप्रभम् १०५
वायुनाचातिघोरेण कम्पितास्तेतुदानवाः। नशेकुस्तत्रतेस्थातुं रणेऽतिबलिनोऽपिये
१०६तदाजम्भोऽभवच्छैलो दशयोजनविस्तृतः।मारुतप्रतिघातार्थं दानवानांभयापहः
ने मुनिके चरणोंको छुआ और मस्तक नवाकर प्रणामको किया १३९ । १४१ जब पार्वतीजी प्रणाम करचुकीं तब इनकी मातामेना अपनी सखी के मुखसे नारदमुनिको शनैः सुनाकर इस के शरीर के सौभाग्यके लक्षणोंको पूछती भई अपने स्त्रीपने के स्वभाव से पुत्रीकी चिंता हृदय में धारणकर बड़े आश्चर्य्यसे उसके सबवृत्तान्त को पूछतीभयी १४२ । १४३ और वह हिमाचल पर्व्वत भी अपनी स्त्रीके पूछेहुए इसप्रश्नको योग्य समझताभया १४४ इसके अनन्तर हिमाचलकी स्त्रीसे पूछेहुए नारदमुनि हँसकर यहवचन बोले १४५ हेभद्रे इसकापति नहीं जन्माहै यहलक्षणोंसे रहितहै इसके हाथ मुँदेहुएहैं इसके चरणभी अपनी छायाकरके स्वेच्छाचारी हैं अर्थात् अपनीइच्छा-पूर्व्वक विचरने वालेहैं और अधिक क्याकहूं ऐसे वचनको सुनकर महाबली हिमाचलका चित्तभ्रंश होगया धैर्य्य नहीं रहा अश्रुपात आगये ऐसी दशाको प्राप्तहोकर हिमाचल नारदजीसे बोला कि संसारकी बड़ी कठिनगति है १४६ । १४८ संसारी पुरुषोंकी अवश्यहोने वाली भावीकी स्थिति विधाताकी रचीहुई है और जो जिसके बीजसे उत्पन्नहोताहै वह उसके समान नहीं होता जन्मे हुएको उत्पन्न करनेवालाभी कोई नहीं है यह प्रसिद्धि चली आती है क्योंकि अनेक प्रकारकी प्रजा कर्मोंकेही द्वाराहोती है अंडेसे अंडजजाति उत्पन्नहोती है मनुष्यके मनुष्य उत्पन्नहोताहै सर्प बिच्छू आदिकोंके सर्प बिच्छूही उत्पन्न होतेहैं मनुष्य नहीं होते परन्तु वहांभी श्रेष्ठजातिमें धर्म के प्रभावसे जन्म होताहै १४९ । १५२ बहुतसे प्राणियोंके पुत्रोंका जन्म नहीं होताहै उत्तम गृहस्थी पुरुषों के भी कहीं २ पुत्रोंका जन्म नहीं होताहै किन्तु कोई भी प्रजानहीं होती है ब्रह्मचर्य्यादिक आश्रमोंकी क्रमसे स्थितिहै इसी क्रमसे संसारकी वृद्धिहोती है जो सबही संन्यासी होजांय तो संसारकी वृद्धि

स्त्रियाविरहितासृष्टिर्जन्तूनांनोपपद्यते १५६ स्त्रीजातिस्तुप्रकृत्यैव कृपणादैन्यभाषिणी।
शास्त्रालोचनसामर्थ्यमुज्झितंतासुवेधसा १५७ शास्त्रेषूक्तमसन्दिग्धं बहुवारंमहाफल
म्। दशपुत्रसमाकन्या यानस्याच्छीलवर्जिता १५८ वाक्यमेतत्फलभ्रष्टं पुंसिग्लानिकर
म्परम्। कन्याहिकृपणाऽशोच्या पितुर्दुःखविवर्द्धिनी १५९ यापिस्यात्पूर्णसर्वाढ्या पति
पुत्रधनादिभिः। किंपुनर्दुर्भगाहीना पतिपुत्रधनादिभिः १६० त्वंचोक्तवान्सुतायामेशरी
रेदोषसंग्रहम्। अहोमुह्यामिशुष्यामि ग्लामिसीदामिनारद! १६१ अयुक्तमथव
क्तव्यमप्राप्यमपिसाम्प्रतम्। अनुग्रहेणमेछिन्धि दुःखंकन्याश्रयंमुने! १६२ परिच्छि
न्नेऽप्यसन्दिग्धे मनःपरिभवाश्रयम्। तृष्णामुष्णातिनिष्णाता फललोभाश्रयाशुभा १६३
स्त्रीणांहिपरमंजन्म कुलानामुभयात्मनाम्। इहामुत्रसुखायोक्तंसत्पतिप्राप्तिसंज्ञितम् १६४
दुर्लभःसत्पतिःस्त्रीणां विगुणोऽपिपतिःकिल। नप्राप्यतेविनापुण्यैः पतिर्नार्याकदाचन
१६५ यतोनिःसाधनोधर्म्मः परिमाणोज्झितारतिः। धनंजीवितपर्यन्तं पतौनार्याःप्रतिष्ठि
तम् १६६ निर्धनोदुर्भगोमूर्खः सर्वलक्षणवर्जितः। दैवतंपरमंनार्याः पतिरुक्तःसदैवहि
१६७ त्वयाचोक्तंहिदेवर्षे! नजातोऽस्याःपतिःकिल। एतद्दौर्भाग्यमतुलमसंख्यंगुरुदुःस
हम् १६८ चराचरेभूतसर्गेयद्यापिचनोमुने। नसजातइतिब्रूषेतेनमेव्याकुलंमनः १६९

कैसे होय इसी हेतुसे विधाताने शास्त्रोंमें पुत्रकी उत्पत्ति करनी कही है १५३। १५५ प्राणियों के मोहके निमित्त नरककी रक्षाकरनेवाली सन्तान स्त्रीके विना नहीं होतीहै स्त्रीकी जाति, स्वभावसेही कृपण और दीनहै शास्त्रोंमें बहुधास्थानोंमें सन्देहयुक्त फलकहे हैं दशपुत्रों के समान कन्याकही है जो वह कन्याशील स्वभाववाली न होवे तो पुरुषोंको दुःखदेनेवाली है उसका कुछ भी फलनहीं है ऐसी पिता माताकी दुःखदेनेवाली कन्यासदैव शोचकरनेके योग्य है १५६।१५९ जिस स्त्रीकेपति पुत्रधन आदिकी सबसंपत्ति होती है वह पूर्ण भाग्यवाली कहाती है और जो पति पुत्र धनआदि से रहितहोय वह दुर्भगा कहाती है आपने मेरी पुत्रीके शरीरमें दोषका लक्षणकहा है इसीसे मैं आश्चर्य्य पूर्व्वक मोहको प्राप्तहोरहाहूं सूखाजाताहूं बड़ी ग्लानिहोनेसे दुःखपाताहूं १६०।१६१ हे मुने अबजो यह दुःख अयोग्य और असाध्यभी होय तो भी आप इसके दूरकरनेको योग्यहो फलके लोभ के आश्रयहुई तृष्णा मुझको ठगरही है जिन स्त्रियोंको श्रेष्ठ पतिकी प्राप्ति होती है वह इसलोक और परलोक दोनों लोकोंमें अपने दोनों कुलोंको सुखदेती हैं १६२। १६४ स्त्रियोंको प्रियपति मिलना दुर्लभ है पुण्यके विना थोड़े गुणवाला भी पति नहीं मिलताहै क्योंकि स्त्रियोंके तो जीवन पर्य्यन्त साधारण धर्म पतिके संगरमण करनेका है, निर्धन दुर्भगमूर्ख और सब लक्षणों से रहितभी पतिस्त्री का परमदैवत कहा है १६५। १६७ हे देवऋषिजी आपने जो कहा है कि इस के पतिका जन्म नहीं है यह बड़ाभारी निर्भागपना है हेमुने आपने यह भी कहा है कि चराचर जगत् में इसका पतिनहीं जन्मा है इसवार्त्ता से मेरा मन महाव्याकुल होगया है मनुष्य देवता आदिक जातियों के शुभा शुभ लक्षण हाथ पैरोंमें होते हैं सो आपने इसको मुँह

मनुष्यदेवजातीनां शुभाशुभनिवेदकम्। लक्षणंहस्तपादादौ विहितैर्लक्षणैःकिल १७०
सेयमुत्तानहस्तेति त्वयोक्तामुनिपुङ्गव!। उत्तानहस्तताप्रोक्ता यावतामेवनित्यदा १७१
शुभोदयानांधन्यानां नकदाचित्प्रयच्छताम्। स्वच्छायायास्याश्चरणौ त्वयोक्तौव्यभि
चारिणौ १७२ तत्रापिश्रेयसांह्याशामुने! तुप्रतिभातिनः। शरीरलक्षणाश्चान्ये पृथक्फ
लनिवेदिनः १७३ सौभाग्यधनपुत्रायुः पतिलाभानुशंसनम्। तैश्चसर्वैर्विहीनेयं त्वमा
त्थमुनिपुङ्गव! १७४ त्वंमेसर्वंविजानासि सत्यवागसिचाप्यतः। मुह्यामिमुनिशार्दूल!
हृदयंदीर्यतीवमे १७५ इत्युक्त्वाविरतःशैलो महादुःखविचारणात्। श्रुत्वैतदखिलंतस्मा
च्छैलराजमुखाम्बुजात् १७६ स्मितपूर्वमुवाचेदं नारदोदेवचोदितः। (नारद उवाच)
हर्षस्थानेऽपिमहति त्वयादुःखंनिरूप्यते १७७अपरिच्छिन्नवाक्यार्थे मोहंयासिमहागिरे!॥
इमांशृणुगिरंमत्तो रहस्यपरिनिष्ठिताम् १७८ समाहितोमहाशैल! मयोक्तस्यविचारणे।
नजातोऽस्याःपतिर्दिव्यो यन्मयोक्तंमहाचल! १७९ नसजातोमहादेवो भूतभव्यभवोद्भ
वः। शरण्यःशाश्वतःशास्ता शङ्करःपरमेश्वरः १८० ब्रह्मविष्णिन्द्रमुनयो जन्ममृत्युज
रार्दिताः। तस्यैतेपरमेशस्य सर्वेक्रीडनकागिरे! १८१ आस्तेब्रह्मातदिच्छातः संभूतोभु
वनप्रभुः। विष्णुर्युगेयुगेजातो नानाजातिर्महातनुः १८२ मन्यसेमाययाजातं विष्णुञ्चा
पियुगेयुगे। आत्मनोनविनाशोऽस्तिस्थावरान्तेऽपिभूधर! १८३ संसारेजायमानस्यचिय

हाथवाली कहाहै और मुझको यह श्रेष्ठ मालूम होती है क्योंकि शुभभाग्यवाले धनवाले और प्रति-ग्रहनहीलेनेवालों के ऐसे हाथ होतेहैं और इसके चरणों को भी आप इच्छापूर्वक विचरनेवाले कहतेहो इसबातमें भी मुझको मंगल और कल्याणकी प्राप्ति दीखती है अन्यके शरीर लक्षणोंसे इसके लक्षण विलक्षणहैं अर्थात् सर्व शरीरी लोगोंके लक्षणोंसे रहितहै १६८। १७३ हे मुनिश्रेष्ठ आपने इस पुत्रीको सौभाग्य आयु और पुत्र इनसब लक्षणोंसे रहित बतलायाहै सो आपमेरे सब अभिप्रायको जानतेहो में मोहको प्राप्त होरहाहूं मेरा हृदय फटाजाताहै ऐसे कहकर हिमाचल चुपका होरहा तब नारद मुनि इसवचनको सुनकर आश्चर्य्यपूर्वक हर्षकरके बोले कि हे हिमाचल तुम आनन्द स्थानमें भी शोचकरतेहो १७४। १७७ हेमहागिरे तुमने अपरिच्छिन्नवाक्यमें मोह कियाहै अब तुम मुझसे रहस्य अर्थात् गुप्तवचनोंको सुनो हेमहाशैल मेरे कहेहुए के विचारकरने में तू सावधान हो जो मैंने कहाहै वह इसका पति जन्माहुआ नहीं है १७८। १७९ भूत भविष्यत् और वर्त्तमान इन सबके ईश्वर शरण्य शाश्वत शास्ता शंकर महादेव परमेश्वरहैं यहकभी जन्मेनहीं हैं १८० ब्रह्मा विष्णु इन्द्र और मुनि यहतो जन्म मृत्यु और जरावस्था इनसे पीड़ित रहते हैं और महादेवजीके यह सब क्रीड़ाके स्थानहैं उन्हीं महादेवजीकी इच्छासे ब्रह्मा अपने भुवनके पति होरहेहैं विष्णु युग २ में अनेक जातियोंमें महान् शरीरोंको धारण करते हैं १८१। १८२ मायाके वशीभूत युग २ में जन्मेहुए विष्णुकेभी आत्माकानाश नहीं होताहै हे हिमाचल मरनेवाले देहधारीका शरीर संसारमें नष्ट होजाताहै परन्तु आत्माका कभी भी नाश नहीं होता ब्रह्मासे लेकर स्थावर वृक्षादि पर्य्यन्त सब संसार

माणस्यदेहिनः। नश्यतेदेहएवात्र नात्मनोनाशउच्यते १८४ ब्रह्मादिस्थावरान्तोऽयंसं
सारोयःप्रकीर्तितः। सजन्ममृत्युदुःखार्तो ह्यवशःपरिवर्त्तते १८५ महादेवोऽचलःस्थाणु
नेजातोजनकोऽजरः। भविष्यतिपतिःसोऽस्या जगन्नाथोनिरामयः १८६ यदुक्तश्चमया
देवी लक्षणैर्वर्जितातव। शृणुतस्यापिवाक्यस्य सम्यक्त्वेनविचारणम् १८७ लक्षणंदै
विकोह्यङ्कः शरीरावयवाश्रयः। सर्वायुर्द्धनसौभाग्यपरिमाणप्रकाशकः १८८ अनन्त
स्याप्रमेयस्य सौभाग्यस्यास्यभूधर!। नैवाङ्कोलक्षणाकारः शरीरेसंविधीयते १८९ अ
तोऽस्यालक्षणंगात्रे शैल! नास्तिमहामते!। यथाहमुक्तवानस्या ह्युत्तानकरतांसदा १९०
उत्तानोवरदःपाणिरेषदेव्याःसदैवतु। सुरासुरमुनिव्रातवरदेयंभविष्यति १९१ यथा
प्रोक्तंतदापादौ स्वच्छायाव्यभिचारिणी। अस्याःशृणुममात्रापि वाग्युक्तिंशैलसत्तम!
१९२ चरणौपद्मसङ्काशावस्याःस्वच्छनखोज्ज्वलौ। सुरासुराणांनमतां किरीटमणिका
न्तिभिः १९३ विचित्रवर्णैर्भासन्तौ स्वच्छायाप्रतिविम्बितौ। भार्याजगद्गुरोर्ह्येषा वृषा
ङ्कस्यमहीधर! १९४ जननीलोकधर्म्मस्य सम्भूतामूतभावनी। शिवेयंपावनायैव
त्वत्क्षेत्रेपावकद्युतिः १९५ तद्यथाशीघ्रमेवैषा योगंयायात्पिनाकिना। तथाविधेयंविधि
वत्त्वयाशैलेन्द्रसत्तम! १९६ अत्यन्तंहिमहत्कार्यंदेवानांहिमभूधर!। (सूत उवाच)
एवंश्रुत्वातुशैलेन्द्रोःनारदात्सर्वमेवहि १९७ आत्मानंसपुनर्जातं मेनेमेनापतिस्तदा।

जन्म मरण के दुःखसे पीड़ित है महादेवजी अचल हैं स्थाणुहैं कभी जन्म नहीं लेते हैं अजर और रोगों से भी रहित हैं ऐसे जगन्नाथ महादेवजी इसतेरी पुत्री के पति होवेंगे १८३। १८६ मैंने जो कहाथा कि यह लक्षणों से रहित है उसके भी विचारको श्रवण करो हे शैलेन्द्र शरीरों के अवयवों के आश्रय होनेवाला पूर्ण आयु धन और सौभाग्य का सूचक दैविक अंगका लक्षण होता है और इसके अनन्त और अतुल सौभाग्यहै इसहेतुसे इसका अंग लक्षणों से रहित है हे शैल मैंने जो इसके हाथसदैव मूंदे रहनेवाले कहे हैं सो यह देवी वरदान देनेके लिये मूंदे हाथ रक्खेगी यह देवी देवता दैत्य और मुनिगण लोगोंको वरदेनेवाली होगी १८७। १९१ मैंने जो कहा था कि इसके चरण अपनी छायाकरके स्वेच्छाचारी हैं इसवचनकी भी युक्तिको सुनो कि कमलके समान कान्तिवाले इसके पैरस्वच्छ नखोंकी कान्तिसे उज्ज्वल रहेंगे उनमें देवता और दानवों के नवेहुए मुकुट मणियों की कान्तिसे विचित्र वर्णों के द्वारा भासते हुओंके प्रतिविम्वरूप दीखेंगे और यहसव जगत्के गुरू श्री महादेवजी की भार्य्या होगी १९२। १९४ लोकोंके धर्मकी जननी होकर भूतों की उत्पन्न करनेवाली यह शिवा तेरे क्षेत्रमें अग्निके समान कान्तिवाली है १९५ इस हेतुसे यह जिसप्रकार से शीघ्रही महादेवजी के साथ नियोगको प्राप्तहोजाय वही विधान तुमको विधिपूर्व्वक करना योग्य है १९६ हे हिमाचल देवताओंका इससमय अत्यन्त बड़ा-कार्य्य होरहाहै सूतजी कहते हैं कि वह शैलेन्द्र नारदके मुखसे ऐसे सब वृत्तान्तको सुनकर अपने आत्माको फिर जन्मेहुए के समान मानताभया इसके अनन्तर महादेवको नमस्कारकर बड़ीप्रसन्न-

नमस्कृत्यवृषाङ्काय तदादेवायधीमते १९८ उवाचसोऽपिसंहृष्टो नारदन्तुहिमाचलः
(हिमवानुवाच) दुस्तरान्नरकात्घोरादुद्धृतोऽस्मित्वयामुने ! १९९ पातालादहमुद्धृत्य
सप्तलोकाधिपः कृतः । हिमाचलोऽस्मिविख्यातस्त्वयामुनिवराधुना २०० हिमाचलेच
लगुणां प्रापितोऽस्मिसमुन्नतिम् । आनन्ददिवसाहारि हृदयंमेऽधुनामुने ! २०१ ना
व्यवस्यतिकृत्यानां प्रविभागविचारणम् । यदिवाचामधीशः स्यात्त्वद्गुणानांविचारणे
२०२ भवद्विधानांनियतममोघंदर्शनंमुने ! । तवास्मान्प्रतिचापल्यं व्यक्तंमंममहामुने !
२०३ भवद्भिरेयकृत्योऽहं निवासायात्मरूपिणम् । मुनीनांदेवतानांचस्वयंकर्तापिकल्म
षम् २०४ तथापिवस्तुन्येकस्मिन्नाज्ञामेसम्प्रदीयताम् । इत्युक्तवतिशैलेन्द्रेसतदाहर्ष
निर्भरे २०५ तथाचनारदोवाक्यं कृतंसर्वमितिप्रभो ! । सुरकार्येयएवार्थस्तवापिसुम
हत्तरः २०६ इत्युक्त्वानारदःशीघ्रंजगामत्रिदिवंप्रति । सगत्वाशक्रभवनममरंसन्ददर्श
ह २०७ ततोऽभिरूपेसमुनिरुपविष्टोमहासने । पृष्टःशक्रेणप्रोवाच हिमजासंश्रयांक
थाम् २०८ (नारद उवाच) समूह्ययत्तुकर्तव्यं तन्मयाकृतमेवहि । किन्तुपञ्चशरस्यैव
समयोऽयमुपस्थितः २०९ इत्युक्तोदेवराजस्तु मुनिनाकार्यदर्शिना । चूतांकुरास्त्रंसस्मार
भगवान्पाकशासनः २१० संस्मृतस्तुतदाक्षिप्रं सहस्राक्षेणधीमता । उपतस्थेरतियुतः
सविलासोझषध्वजः २११ प्रादुर्भूतन्तुतंदृष्ट्वा शक्रःप्रोवाचसादरम्। (शक्र उवाच) उप
देशेनबहुना किन्त्वांप्रतिवदेप्रियम् २१२ मनोभवासितेनत्वं वेत्सिभूतिमनोगतम्। तय

तालें हिमाचल नारदमुनिसेबोला कि हे मुने आपने महाघोर दुस्तर नरकसे मेरा उद्धार करदिया
१९७। १९९ आपने मुझको पातालसे उठाकर सातोंलोकोंका अधिपति बनादिया हे मुनिवर अब
आपने मुझको हिमाचल नामसे विख्यात करदिया अब मुझमें अचलगुण प्राप्तहोगयेहैं अब मेरा
हृदय आनन्दके दिनका आहार करनेवालाहोगयाहै २००। २०१ कृत्योंके विभागका विचार नहीं
कियाजाताहै आपके गुणोंके विचारोंको बृहस्पतिभी वर्णन नहीं करसक्ते हैं हे मुने आपके सदृश
मुनियोंके दर्शन बड़ेअमोघहैं तुम्हारी चपलता हमारे प्रतिमहासुखदायीहै आपके प्रतापसे मैं कृत-
कृत्यहूं मैं मुनि और देवताओंके भी अपराधोंको करताहूं तौभी मुझे अपना किंकरही समझकर कुछ
आज्ञादीजिये जब हर्षपूर्वक इसप्रकारकी बातें हिमाचलने कहीं तब नारदजी ने कहा कि तुमने सब
कुछ कियाहै देवताओंका जो कार्य्य है वह भी तुमसेही सिद्धहोगा २०२। २०६ ऐसाकहकर नारद
मुनि शीघ्रही स्वर्गको चलेजातेभये वहां इन्द्रके भवनमें जाकर इन्द्रको देखते भये जब नारदमुनि
आसनपर बैठगये तबइन्द्रने पूछा कि कहिये क्यावृत्तान्तहै उससमय नारदजी हिमाचल की पुत्री
की कथा कहतेभये २०७। २०८ नारदजी ने कहा कि हे इन्द्र जो कुछ कि कर्त्तव्य कार्य्य था
वह सब मैंने करदियाहै अब कामदेवका अवतर आने वालाहै अर्थात् अब कामदेवका कामहै १०१
ऐसे कहतेही इन्द्रने कामदेवका स्मरणकिया वह कामदेव इन्द्रके स्मरण करतेही अपनी रतिनामस्त्री
समेत आकर प्रकटहोताभया उसप्रकटहुए कामदेवको देखकर इन्द्र बड़े आदरपूर्वक बोला कि हे

थार्थकमेवत्वंकुरुनाकसदाम्प्रियम् २१३ शङ्करंयोजयाक्षिप्रं गिरिपुत्र्यामनोभव!। संयु
तोमधुनाचैव ऋतुराजेनदुर्जय! २१४ इत्युक्तोमदनस्तेन शक्रेणस्वार्थसिद्धये। (काम
उवाच) अनयादेवसामग्र्यामुनिदानवभीमया २१५ दुःसाध्यःशङ्करोदेवःकिन्नवेत्सिजग
त्प्रभो!। तस्यदेवस्यवेत्थत्वंकरणन्तुयदव्ययम् २१६ प्रायःप्रसादःकोपोऽपिसर्वोहिमह
तांमहान्। सर्वोपभोगसाराहि सुन्दर्यःस्वर्गसम्भवाः २१७ अध्याश्रितश्चयत्सौख्यं भव
तानष्टचेष्टितम्। प्रमादादथविभ्रश्येदीशम्प्रतिविचिन्त्यताम् २१८ प्रागेवचेहदृश्यन्तेभू
तानांकार्यसम्भवाः। विशेषंकांक्षतांशक्र! सामान्याद्भ्रंशनंफलम् २१९ श्रुत्वैतद्वचनं श
क्रस्तमुवाचामरैर्युतः। (शक्र उवाच) वयंप्रमाणास्तेह्यत्ररतिकान्त! नसंशयः २२० सन्दे
शेनविनाशक्तिरपकारस्यनेष्यते। कस्यचिच्चक्वचिद्दृष्टं सामर्थ्यंनतुसर्वतः २२१ इत्युक्तः
प्रययौकामःसखायंमधुमाश्रितः। रतियुक्तोजगामाशु प्रस्थन्तुहिमभूभृतः २२२ सतुतत्रा
करोच्चिन्तांकार्यस्योपायपूर्विकाम्। महार्थायेहिनिष्कम्पामनस्तेषांसुदुर्जयम् २२३ तदादा
वेवसंक्षोभ्य नियतंसुजयोभवेत्। संसिद्धिंप्राप्नुयुश्चैवपूर्वंसंशोध्यमानसम् २२४ कथञ्चवि
विधैर्भावैर्द्वेषानुगमनंविना। क्रोधःक्रूरतरासङ्गाद्रावणेर्ष्यांमहासखीम् २२५ चापल्यमूर्ध्नि
विध्वस्तधैर्याधारांमहाबलाम्। तामस्यविनियोक्ष्यामि मनसोविकृतिम्पराम् २२६ पि

मनोभव हम आपको विशेष क्या उपदेशकरें क्योंकि तुमतो मनहीसे उत्पन्नहोतेहो इसहेतुसे सबके मनकी जाननेवालेहो अब आपयथार्थ रीतिसे स्वर्गकेहितकी वार्ता करनेको योग्यहो शिवजीको बड़ी शीघ्रता पूर्व्वक पार्वतीजीसे संयुक्तकरदो और अपनी वसन्तऋतुसे युक्तहोजाओ २१०। २१४ जब जब इन्द्रने अपने प्रयोजन की सिद्धिके निमित्त कामदेव से ऐसे वचनकहे तबकामदेव कहनेलगा हे जगत्प्रभो इस मेरीसामग्री से शिवजी दुस्साध्यहैं इसबातको क्या आपनहींजानते हो उन शिवजी के सब कारणोंको आप अच्छीरीतिसे जानतेहो २१५। २१६ विशेषकरके शिवजीका कोप भी प्रसन्नताहै बड़ोंमें बड़प्पनही रहताहै और तुमने जो उनके चित्त बिगड़ने में अपनासुख विचार कियाहै सो हे इन्द्र ईश्वरके प्रति ऐसाविचार करने से सर्वस्व नष्ट होजाता है यहां प्रथमही भूतोंके कार्य्य की उत्पत्ति दीखजाती है उसमें जो विशेष चिन्तवनकरते हैं उससे फलकानाश होजाताहै २१७।२१९. यह वचन सुनकर इन्द्र कामदेव से कहनेलगा कि हे रतिके पति यहां हमही प्रमाण हैं यह वार्त्ता निस्सन्देहहै कि कुछ समाचार पहुंचने विना तिरस्कार करनेकी शक्तिनहीं होती है प्रत्येकमें यत्रकुत्र समय परही सामर्थ्य होती है सर्वत्र नहीं होती है २२०। २२१ यह वचन सुनतेही कामदेव वसन्तऋतु और अपनी स्त्री रति से भी युक्तहो शीघ्रही हिमाचल के शिखर पर जाताभया २२२ वहां जाकरकार्य्य के उपायकी चिन्ताकरनेलगा कि जो अचल महात्मा होतेहैं उनका मनबड़ा दुर्जय होताहै २२३ इससे प्रथम उनके मनकोही चलायमान करनायोग्यहै ऐसा करने के पीछे जयहोतीहै क्योंकि प्रथम मनकेही शोधनेसे सिद्धिकी प्राप्तिहोतीहै २२४ धैर्य्यकी नाशकारी चपल स्वभाववाली धाराको अनेक प्रकारके द्वेषों प्रभाव से क्रोध ईर्षा से रहित इनके मनकी विकृति के निमित्त कैसे

धायधैर्यद्वाराणि सन्तोषमपकृष्यच। अवगन्तुंहिमांतत्र नकश्चिदतिपण्डितः २२७ वि
कल्पमात्रावस्थाने वैरूप्यंमनसोभवेत्। पश्चान्मूलक्रियारम्भ गम्भीरावर्तदुस्तरः२२८
हरिष्यामिहरस्याहं तपस्तस्यस्थिरात्मनः। इन्द्रियग्राममावृत्य रम्यसाधनसंविधिः२२६
चिन्तयित्वेतिमदनोभूतभर्तुस्तदाश्रमम्। जगामजगतीसारं सरलद्रुमवेदिकम् २३०
शान्तसत्वसमाकीर्णमचलप्राणसंकुलम्। नानापुष्पलताजालं गगनस्थगणेश्वरम्२३१
निर्व्यग्रवृषभाध्युष्टनीलशाद्वलसानुकम्। तत्रापश्यत्त्रिनेत्रस्य रम्यंकञ्चिद्द्वितीयकम्
२३२ वीरकंलोकवीरेशमीशानसदृशद्युतिम्। यक्षकुंकुमकिञ्जल्कपुञ्जपिङ्गजटासटम्
२३३ वेत्रपाणिनमव्यग्र मुग्रभोगीन्द्रभूषणम्। ततोनिमीलितोन्निद्रपद्मपत्राभलोचन
म् २३४ प्रेक्षमाणमृजुस्थानस्थितनासाग्रलोचनम्। श्रवस्तरससिंहेन्द्रचर्मलम्बोत्तरी
यकम् २३५ श्रवणाहिफलन्मुक्तनिःश्वासानलपिङ्गलम्। प्रेङ्खत्कपालपर्य्यन्ततुम्बिलं
विजटाचयम् २३६ कृतवासुकिपर्यङ्कनाभिमूलनिवेशितम्। ब्रह्माञ्जलिस्थपुच्छाग्रनि
बद्धोरगभूषणम् २३७ ददर्शशङ्करंकामः क्रमप्राप्तान्तिकंशनैः। ततोभ्रमरझङ्कारमाल
म्बिद्रुमसानुकम् २३८ प्रविष्टःकर्णरन्ध्रेण भवस्यमदनोमनः। शङ्करस्तमथाकर्ण्य मधुरं
मदनाश्रयम् २३९ सस्मारदक्षदुहितान्दयितांरक्तमानसः। ततःसातस्यशनकैस्तिरोभू
यातिनिर्मला २४० समाधिभावनातस्थौ लक्ष्यप्रत्यक्षरूपिणी। ततस्तन्मयतांयाता

छोडूंगा धैर्य्यके द्वारों को रोककर सन्तोषको पृथक् हटाके जो कोई मुझको शिवजी के मनमें प्राप्त करदे ऐसाकोई भी चतुर नहीं है २२५।२२७ विकल्पमात्रा के विचारने में मनकी विकृति होती है फिर मूल क्रियाके आरंभों में दुस्तर भौंरी गिरती है इसलिये मैं उस स्थिर आत्मावाले शिवजी के तप को हरूंगा रमणीक साधनकी विधिसे मैं शिवजी के इन्द्रियगणोंको आच्छादित करूंगा ऐसा चिन्तवनकरके कामदेव शिवजी के आश्रममें जाताभया २२८।२३० संपूर्ण पृथ्वीकासार अनेकप्रकार की मणियों से युक्त नानापुष्पलता और जालीसे शोभितशिखरपरखड़े विराजमान गणेश्वरसे युक्त हरित तृणोंपर स्थित सावधाननन्दीसमेत उस शिवजीके रमणीक आश्रमको और शिवजी के समान कान्ति वाले शूरवीरोंके स्वामी वीरभद्रको देखताहुआ यक्षों की केशरसे रंगीहुई पीतजटावाले हाथमें वेत लिये सर्पोंके भूषणधारी प्रफुल्लित कमलके समान नेत्रोंवाले सरलस्थानको देखतेहुए नासिकाके आगे दृष्टि कियेहुए सिंहके चर्मको धारणकिये अग्निके समान श्वासलेने वाले वासुकि सर्प की शय्यापर विराजमान नाभि पर्य्यन्त उसमें घुसेहुएबंधीहुई ब्रह्मांजलीसे शोभिततेजमूर्ति शिवजीको वह कामदेव देखताभया २३१।२३७ और शनैः२ उनके समीपजा भ्रमरों के झंकार से शोभित वृक्षोंवाले पर्व्वत पर स्थित हुए महादेवजी के कान में वह कामदेव प्रवेश करगया इसके पीछे कामदेवके आश्रयहुए शिवजी भ्रमरों के मधुर शब्दोंको सुनकर मनसे आसक्तहो दक्षकी पुत्री पार्वतीको स्मरण करतेभये और उनके स्मरण करतेही वह पार्वतीशनैः अन्तर्द्धानहोके समाधि भावना में स्थितहोकर लक्ष्यके प्रत्यक्ष रूपवाली होजातीभई फिर अपनेको कामके वशीभूत जान अन्त:

प्रत्यूहपिहिताशयः २४१ वशित्वेनबुबोधेशो विकृतिंमदनात्मिकम्। ईषत्कोपसमावि
ष्टोधैर्यमालम्ब्यधूर्जटिः २४२ निरासेमदनस्थित्या योगमायासमावृतः। सतयामा
ययाविष्टो जज्वालमदनस्ततः २४३ इच्छाशरीरोदुर्जेयो रोषदोषमहाश्रयः। हृदया
न्निर्गतःसोऽथ वासनाव्यसनात्मकः २४४ बहिस्थलंसमालम्ब्य ह्युपतस्थौझषध्वजः।
अनुयातोऽथहृद्येन मित्रेणमधुनासह २४५ सहकारतरौदृष्ट्वा मृदुमारुतनिर्धुतम्। स्तव
कंमदनोरम्यं हरवक्षसिसत्वरम् २४६ मुमोचमोहनंनाम मार्गणंमकरध्वजः। शिवस्यहृ
दयेशुद्धे नाशशालीमहाशरः २४७ पपातपरुषप्रांशुः पुष्पबाणोविमोहनः। ततःकरणस
न्देहो विद्धस्तुहृदयेभवः २४८ बभूवभूधरौपम्य धैर्योऽपिमदनोन्मुखः। ततःप्रभुत्वाद्भा
वानां संक्षोभंसमपद्यत २४९ बाह्यंवहुसमासाद्य प्रत्यूहप्रसवात्मकम्। ततःकोपानलो
द्भूतघोरहुङ्कारभीषणे २५० बभूववदनेनेत्रं तृतीयमनलाकुलम्। रुद्रस्यरौद्रवपुषो ज
गत्संहारभैरवम् २५१ तदन्तिकस्थेमदने व्यस्फारयतधूर्जटिः। तंनेत्रविस्फुलिङ्गेन क्रो
शतान्नाकवासिनाम् २५२ गमितोभस्मसाच्चूर्णं कन्दर्पःकामिदर्पकः। सतुतंभस्मसात्कृ
त्वा हरनेत्रोद्भवोऽनलः २५३ व्यजृम्भतजगद्दग्धुं ज्वालाहुङ्कारघस्मरः। ततोभवोजग
द्धेतोर्व्यभजज्जातवेदसम् २५४ सहकारेमधौचन्द्रसुमनःसुपरेष्वपि। भृङ्गेषुकोकिला
स्येषु विभागेनस्मरानलम् २५५ सबाह्यान्तरविद्धेन हरेणस्मरमार्गणाः। रागस्नेहसमि
द्धान्तर्धावन्तीव्रहुताशनः २५६ विभक्तलोकसंक्षोभकरोदुर्वारजृम्भितः। संप्राप्यस्नेह
संपृक्तंकामिनांहृदयंकिल २५७ ज्वलत्यहर्निशंभीमो दुश्चिकित्स्यमुखात्मकः। विलोक्य

करण आच्छादित होनेमें कामदेवकी विकृतिमें प्राप्तहोके शिवजी बड़े क्रोधपूर्व्वक धैर्य्यकोधारण करते भये और कामदेवका निरादर करके अपनी योगमायासे युक्तहोते भये फिर उसमायासे आच्छादित हुआ कामदेव भस्महोनेलगा फिर कामदेवकी इच्छाका शरीर व्यसनकी वासनासे युक्तहो हृदयसे बाहर निकलताभया २३८।२४४ फिर अपने मित्रवसन्तऋतुसहित कामदेव बाहरखड़ाहोकर सुगन्धित वृक्षके ऊपर कोमलवायुके चलनेकेद्वारा सुगन्धिवाले पुष्पके गुच्छेको मोहनबाण बनाकर शिवजीके हृदयमें मारताभया जबशिवजीके शुद्धहृदयमें पुष्पोंका बाणलगा तब शिवका हृदय बिंधगया उससमय शिवजीके अन्तःकरणमें सन्देहहोगया और पर्व्वतके समानधैर्य्यको धारणकरतेभये इसके पीछे शिवजीके क्षोभ उत्पन्नहोनेसे क्रोधकी अग्नि प्रकटहुई शिवजीका तीसरा नेत्रभी उस अग्निसे व्याकुलहोकर जगत्के संहारकरनेके समान भयंकर शरीरवालाहोगया२४५।२५१ उसनेत्रके खुलने से अग्निके कण झड़नेलगे तब बड़ी शीघ्रतासे उस शिवजी के तीसरे नेत्रकी अग्निने कामदेवको भस्म करदिया फिर जगत्के संहारकरनेवाले शिवजीने जंभाई लेकर उस कामदेवकी अग्निको आमके वृक्ष चैत्रके महीने चन्द्रमा- पुष्प-भ्रमर और कोकिला इनसबको मुखमें विभागपूर्व्वक बांट दिया २५२।२५५ और बाहरसे छोड़ेहुए कामदेवके बाणको भी अपनी तीव्रअग्निसे जलादिया जिन २ स्थानोंमें शिवजीने कामदेवकी अग्निको बांटाहै उन २ स्थानोंको प्राप्तहोकर कामी पुरुषों

हरहुङ्कारज्वालाभस्मकृतंस्मरम् २५८ विललापरतिःक्रूरं बन्धुनामधुनासह। ततोविल
प्यबहुशो मधुनापरिसान्त्विता २५९ जगामशरणंदेव मिन्दुमौलिंत्रिलोचनम्। भृङ्गानु
यातांसंगृह्य पुष्पितांसहकारजाम् २६० लतांपवित्रकस्थाने पाणौपरभृतांसखीम्। निब
ध्यतुजटाजूटं कुटिलैरलकैरतिः २६१ उद्धूल्यगात्रंशुभ्रेण ह्येनस्मरभस्मना। जानुभ्या
मवनींकृत्वा प्रोवाचेन्दुविभूषणम् २६२ (रतिरुवाच) नमःशिवायास्तुनिरामयाय नमः
शिवायास्तुमनोमयाय। नमःशिवायास्तुसुरार्चिताय तुभ्यंसदाभक्तकृपापराय २६३ न
मोभवायास्तुभवोद्भवाय नमोऽस्तुतेध्वस्तमनोभवाय। नमोऽस्तुतेगूढमहाव्रताय नमोऽ
स्तुमायागहनाश्रयाय २६४ नमोऽस्तुशर्वायनमःशिवाय नमोऽस्तुसिद्धायपुरातनाय।
नमोऽस्तुकालायनमःकलाय नमोऽस्तुतेज्ञानवरप्रदाय २६५ नमोऽस्तुतेकालकलातिगाय
नमोनिसर्गामलभूषणाय। नमोऽस्त्वमेयान्धकमर्दकाय नमःशरण्यायनमोऽगुणाय २६६
नमोऽस्तुतेभीमगणानुगाय नमोऽस्तुनानाभुवनादिकर्त्रे। नमोऽस्तुनानाजगतांविधात्रे
नमोऽस्तुतेचित्रफलप्रयोक्त्रे २६७ सर्वावसानेह्यविनाशनेत्रे नमोऽस्तुचित्राध्वरभागभो
क्त्रे। नमोऽस्तुभक्ताभिमतप्रदात्रे नमःसदातेभवसङ्गहर्त्रे २६८ अनन्तरूपायसदैवतुभ्य
मसह्यकोपायनमोऽस्तुतुभ्यम्। शशाङ्कचिह्नायसदैवतुभ्यममेयमानायनमःस्तुताय २६९
वृषेन्द्रयानायपुरान्तकाय नमःप्रसिद्धायमहौषधाय। नमोऽस्तुभक्त्याभिमतप्रदाय नमो
ऽस्तुसर्वार्तिहरायतुभ्यम् २७० चराचराचारविचारवर्यमाचार्यमुत्प्रेक्षितभूतसर्गम्। त्वा
मिन्दुमौलिंशरणंप्रपन्ना प्रियाप्रमेयंमहतांमहेशम् २७१ प्रयच्छमेकामयशःसमृद्धिं पुनः

का हृदय अहर्निश जलताहै २५६। २५७ फिर शिवजीके हुंकार शब्दसे भस्म हुए कामदेवको देखकर उसकी स्त्रीरति उसके भाई चैत्र समेत विलापको करतीभई जब बहुतसा विलापकरचुकी तबचैत्र के समझाने से शिवजीकेही शरणमें जातीभई फिर खिलीहुई वेल और आंबके वृक्षको ग्रहणकर अपने पति कामदेवकी भस्मको शरीर पर लगा पृथ्वीमें घोंटूनवाकर चन्द्रभूषण शिवजीसे बोली २५८। २६२ कि हे रोगादिसे रहित शिवजी आपके अर्थ नमस्कारहै मनोमय शिवको नमस्कारहै देवताओंसे पूजित भक्तोंपैसदैव कृपाकरनेवाले आपको नमस्कारहै २६३ भव भवोद्भव मनोभव अर्थात् कामदेवके भस्मकरनेवाले आपको नमस्कारहै गूढ़ महाव्रतवाले मायासे रहित २६४ शर्व शिव, सिद्ध, पुरातन, काल, कल और ज्ञानवरप्रद आपके अर्थ नमस्कारहै २६५ कालकी कलाके उल्लंघन करनेवाले संहाररूप आभूषणधारी अन्धक दैत्यके मारनेवाले शरण्य और अगुण ऐसे आपके अर्थनमस्कारहै २६६।२६८ अनन्तरूप अतुल क्रोधवाले चन्द्रमाके चिह्नवाले बड़ेमानवाले आपकोनमस्कारहै २६९ बैलकीसवारी करनेवाले त्रिपुरका नाशकरनेवाले प्रसिद्धमहाऔषध भक्तके प्रयोजनके सिद्धकरनेवाले सबकी पीड़ा दूरकरनेवाले ऐसे तुमको नमस्कार है चराचर भूतों के आचारके आचार्य्यमहतोंकेभी महान् ऐसे आपकी मेंशरणमेंहूं २७०।२७१ हे प्रभो मुझको कामकी

प्रभो ! जीवतुकामदेवः । प्रियंविनात्वांप्रियजीवितेषु त्वत्तोऽपरःकोभुवनेष्विहास्ति २७२ प्रभु प्रियायाःप्रभव.प्रियाणां प्रणीतपर्यायपरापरार्थः । त्वमेवमेकोभुवनस्यनाथो दयालुरुन्मूलितभक्तभीतिः २७३ इत्थंस्तुतःशङ्करईड्यईशो वृषाकपिर्मन्मथकान्तयात्। तुतोषदोषाकरखण्डधारी उवाचचैनांमधुरंनिरीक्ष्य २७४ (शङ्करउवाच) भवितेतिचकामोऽयं कालात्कान्तोऽचिरादपि । अनङ्गइतिलोकेषु सविख्यातिंगमिष्यति २७५ इत्युक्ता शिरसावन्द्य गिरिशङ्कामवल्लभा । जगामोपवनंरम्यं रतिस्तुहिमभूभृतः २७६ रुरोदचापिबहुशो दीनारम्येस्थलेतुसा । मरणव्यवसायात्तु निवृत्ताऽऽसाहराज्ञया २७७ अथनारदवाक्येन चोदितोहिमभूधरः । कृताभरणसंस्कारां कृतकौतुकमङ्गलाम् २७८ स्वर्गपुष्पकृतापीडां शुभ्रचीनांशुकांवराम् । सखीभ्यांसंयुतांशैलो गृहीत्वास्वसुतान्ततः २७९ जगामशुभयोगेन तदासंपूर्णमानसः । सकाननान्युपाक्रम्य वनान्युपवनानिच २८० ददर्शरुदतीनारीमप्रतर्क्यमहोजसम् । रूपेणासदृशींलोके रम्येषुवनसानुषु २८१ कौतुकेनपरामृश्य तांदृष्ट्वारुदतींगिरिः । उपसर्प्यततस्तस्या निकटेसोऽभ्यगच्छत २८२ (हिमवानुवाच) कासिकस्यासिकल्याणि ! किमर्थञ्चापिरोदिषि । नैतदल्पंमहासत्वेकारणंलोकसुन्दरि ! २८३ सातस्यवचनंश्रुत्वा उवाचमधुनासह । रुदतीशोकजननं श्वसतीदैन्यवर्द्धनम् २८४ (रतिरुवाच) कामस्यदयितांभार्यां रतिंमांविद्धिसुव्रत ! । गिरावस्मिन्महाभाग ! गिरिशस्तपसिस्थितः २८५ तेनप्रत्यूहदृष्टेन विस्फार्यालोक्यलोचनम् । दग्धो

समृद्धिदीजिये इस कामदेवको जीवदानदो तुम्हारे विना त्रिलोकी में मेरे पतिको जीवदान देनेवाला औरकोई नहीं है २७२ वहकामदेव मेरे प्राणोंका पतिहै मुझे आपही एक दयालु दीखतेहो तुमत्रिभुवनके नाथ हो भक्तोंके भयकोदूरकरतेहो २७३ इस प्रकारसे जबकामदेव की स्त्री रतिने कल्याणकारी महादेवजी की स्तुतिकरी तब दोषोंके नाश करने वाले शिवजी इस रतिको देखकर मधुर वाणीसे बोले २७४ कि यह तेरापति बहुतसे कालमें उत्पन्नहोवेगा उससमय इसकामदेवका नाम अनंगहोगा इस वचनको सुनकररति शिवजीको शिरसे दण्डवत्कर हिमाचल पर्व्वत के बगीचों में जातीभई २७५।२७६ वहाँरमणीकस्थल में अपने पतिके मरने के शोचसे बहुतसा रुदनकरती भयी औरशिवजीने आज्ञाकरी तबरोने से निवृत्तहुई २७७ इसके अनन्तर नारदमुनि के वचनसे प्रेरितहुआ हिमांचल पर्व्वत अपनी पुत्री को आभूषण पहराकर मंगलकर पुष्पोंसेशिर गुंथवा नवीन वस्त्र पहराय सखियोंसे युक्त कर सुन्दरमुहूर्त्तमें प्रसन्नहोके शिवजीके पासलेजाता भया फिर मार्गके गह्वरवनोंको उल्लंघनकर वनके बगीचोंमें जाकर रोवतीहुई स्त्रीको देखताभया असाधारण महारूपवती उस रोवतीहुई स्त्रीको देख आश्चर्य्यसे विचारकरताहुआ उसके समीपमें गया २७८।२८१ वहाँ जाकर हिमाचलने कहा हेकल्याणिनि तूकौन है किसकी भार्य्या है और किस निमित्त रोती है हेसुन्दरि यह तुम्हारांथोड़ा अल्पसा शोकनहीं है २८३ ऐसे हिमाचलके कहेहुए वचनको सुनकर रोतीहुई रति अपनेदीनपन औरशोकके सब वृत्तान्तको कहती भई २८४ हे सुव्रत

ऽसौझषकेतुस्तु ममकान्तोऽतिवल्लभः २८६ अहन्तुशरणंयाता तंदेवंभयविह्वला। स्तु
तवत्यथसंस्तुत्या ततोमांगिरिशोऽब्रवीत् २८७ तुष्टोऽहंकामदयिते! कामोऽयन्तेभविष्य
ति। त्वत्स्तुतिंचाप्यधीयानो नरोभक्त्यामदाश्रयः २८८ लप्स्यतेकांक्षितंकामं निवर्त्यं
मरणादितः। प्रतीक्ष्यतीचतद्वाक्यमाशावेशादिभिह्र्यहम् २८९ शरीरंपरिरक्षिष्ये क
ञ्चित्कालंमहाद्युते!। इत्युक्तस्तुतदारत्या शैलःसम्भ्रमभीषितः २९० पाणावादायहिसु
तां गन्तुमैच्छत्स्वकम्पुरम्। भाविनोऽवश्यभावित्वाद्भवित्रीभूतभाविनी २९१ लज्जमा
नासखीमुखैरुवाचपितरङ्गिरिम्। (शैलदुहितोवाच) दुर्भाग्येनशरीरेण किंममानेनका
रणम् २९२ कथंचतादृशंप्राप्तं सुखंमेसपतिर्भवेत्। तपोभिःप्राप्यतेऽभीष्टं नासाध्यंहितप
स्यतः २९३ दुर्भगत्वंवृथालोको वहतेसतिसाधने। जीवितात्दुर्भगाच्छ्रेयो मरणंह्यतप
स्यतः २९४ भविष्यामिनसन्देहो नियमैःशोषयेतनुम्। तपसिभ्रष्टसन्देहे उद्यमोऽर्थंजि
गीषया २९५ साहन्तपःकरिष्यामि यदहंप्राप्यदुर्लभा। इत्युक्तःशैलराजस्तु दुहित्रास्नेह
विक्लवः २९६ उवाचवाचाशैलेन्द्रो स्नेहगद्गदवर्णया। (हिमवानुवाच) उमेतिचपले!
पुत्रि! नक्षमंतावकंवपुः २९७ ततःसचिन्तयाविष्टो दुहितांप्रशशंसच। ततोऽन्तरिक्षेदि
व्यावागभूद्भुवनभूतले २९८ उमेतिचपले! पुत्रि! त्वयोक्तातनयाततः। उमेतिनामते

मैं कामदेवकी भार्य्याहूं हेमहाभाग इस पर्व्वतमें स्थितहुए महादेव तप कर रहे हैं उसने क्रोधपूर्वक अपने नेत्रको खोलकर मेरेपतिको भस्मकरडाला २८५। २८६ तबभयसे विह्वलहुई मैं उनकी शरणमें जाकर स्तुति करतीभई तब मुझसे महादेवजी बोले कि हे दयिते मैं तुझपर प्रसन्नहूं यह तेरापति कामदेव उत्पन्नहोजायगा औरतेरीकीहुई स्तुतिको जोपुरुषभक्तिसे करेगा वह मेरे आश्रय होकर मनोवांछित फलको प्राप्तहोकर जन्म मरणसे निवृत्तहोगा सो उनके वचनकी आशा करती हुई मैं कितनेही कालतक अपने शरीरकी रक्षाकरूंगी इसप्रकारके रतिके सब वचनोंको सुनकर हिमाचल संभ्रमपूर्व्वक भयसे संयुक्त होगया २८७। २९० फिरअपनी पुत्रीको हाथोंमें लेके अपने पुरमें लौट जानेकी इच्छाकरी तबतो अवश्य भावीके होनेसेयह पार्वतीलज्जाकरके सखियोंके मुखसे वचन कहलाती भई अर्थात् उनके मुखके द्वारा पार्व्वतीने कहा कि मैंने इस दुर्भग शरीरसे कौनसासुकर्म रूपकारण कियाहै जो कि ऐसेपतिका सुखदेगा तपकरनेसे मनोवांछित फलकी प्राप्ति होतीहै तपस्याकरनेवाले को कुछभी असाध्यनहीं है २९१। २९२ साधन होतेहुए भी संसारदुःखों को भोगताहै जीवते हुए दुर्भगमनुष्यसे और तपनहीं करने वाले से मरनाही श्रेष्ठ है २९४ मैं अवश्यही नियम व्रतादिकों से अपने शरीरको सुखाऊंगी भ्रष्टहोजाने में उद्यमभीनष्ट होजाताहै २९५ मैं अवश्यतपकरूंगी पार्वती के इस वचनको सुनकर पुत्रीके स्नेहसे विकलहुआ हिमवान् गद्गदवाणीसे बोला कि हे पुत्री हे उमे और हेचपले तेराशरीर तपस्याकरने को समर्थनहीं है एक चिन्तासे युक्तहो अपनी पुत्रीकी सराहना करता भया उस समय आकाश से देववाणीहुई कि हे हिमाचल जोतुमने इसपार्वतीको उमा चपला यहदो नामसे संबोधनकियाहै यही इसके नाम

नास्या भुवनेषु भविष्यति २९९ सिद्धिंचमूर्तिमत्येषा साधयिष्यतिचिन्तिताम्। इतिश्रुत्वा तुवचनमाकाशात्काशपाण्डुरः ३०० अनुज्ञायसुतांशैलो जगामाशुस्वमन्दिरम्। (सूत उवाच) शैलजापिययौशैलमगम्यमपिदैवतैः ३०१ सखीभ्यामनुयातानु नियतानगरा जजा। शृङ्गंहिमवतःपुण्यं नानाधातुविभूषितम् ३०२ दिव्यपुष्पलताकीर्णं सिद्धगन्धर्व सेवितम्। नानामृगगणाकीर्णं भ्रमराघुष्टपादपम् ३०३ दिव्यप्रस्रवणोपेतं दीर्घिकाभिर लंकृतम्। नानापक्षिगणाकीर्णं चक्रवाकोपशोभितम् ३०४ जलजस्थलजैःपुष्पैः प्रोत्फु ल्लैरुपशोभितम्। चित्रकन्दरसंस्थानं गुहागृहमनोहरम् ३०५ विहङ्गसङ्घसंजुष्टं कल्पपा दपसङ्कटम्। तत्रापश्यन्महाशाखं शाखिनंहरितच्छदम् ३०६ सर्वर्तुकुसुमोपेतं मनोरथ शतोज्ज्वलम्। नानापुष्पसमाकीर्णंनानाविधफलान्वितम् ३०७ नतंसूर्यस्यरुचिभिर्भिन्न संहतपल्लवम्। तत्राम्बराणिसन्त्यज्य भूषणानिचशैलजा ३०८ संवीतावल्कलैर्दिव्यैर्द र्भनिर्मितमेखला। त्रिःस्नातपाटलाहारा बभूवशरदांशतम् ३०९ शतमेकेनशीर्णेन प र्णेनावर्त्तयत्तदा। निराहाराशतंसाभूत् सानानातपसान्निधिः ३१० ततउद्वेजिताःसर्व्वे प्राणिनस्तत्तपोऽग्निना। ततःसस्मारभगवान् मुनीन्सप्तशतक्रतुः ३११ तेसमागम्य मुनयः सर्वेसमुदितास्ततः। पूजिताश्चमहेन्द्रेण पप्रच्छुस्तंप्रयोजनम् ३१२ किमर्थन्तु सुरश्रेष्ठ! संस्मृतास्तुवयन्त्वया। शक्रःप्रोवाचशृण्वन्तु भगवन्तः! प्रयोजनम् ३१३

त्रिलोकी में प्रसिद्धहोंगे २९८।२९९ यह तुम्हारी पुत्री चिन्तवनकीहुई वार्त्ताको सिद्ध करेगी इस आकाशवाणीको सुनकर हिमाचल अपनी पुत्रीकी आज्ञा लेकर अपने स्थानको आताभया सूतजी बोले कि इसके अनन्तर पार्वती भी देवताओंसे भी अगम्य पर्व्वतपर, तपकरने को जातीभई ३००।३०१ सखियों से युक्तहुई पार्वती हिमालय पर्व्वतके उस पवित्र शिखरमें जातीभई, जो अनेक प्रकारकी धातुओंसे विभूषित दिव्य पुष्पलता आदिसे शोभित सिद्धगन्धर्वोंसे सेवित, अनेक मृगगणोंसे आकीर्ण भ्रमरोंसे गुंजायमान वृक्षोंसे युक्त दिव्य जलोंके झिरने और वापियोंसे सुशोभित अनेक प्रकारके पक्षियोंसे व्याप्त चक्रवाकोंसे सुन्दर जल स्थलवाले पुष्पोंसे सुगन्धित विचित्र कन्दराओंके स्थान और गुफाओंसे शोभित ३०२।३०५ पक्षियोंके समूहोंके शब्दोंसे, शब्दायमान कल्पतरु वृक्षोंसे शोभित बहुशाखावाले वृक्षोंसे निविड़सब ऋतुओंके पुष्पोंसे पुष्पित अनेक प्रकार के फलोंसे आढ्य सूर्य्यकी किरणोंसे प्रकाशित और अनेक प्रकारके जीवजन्तुओंसे आनन्दकारी था ऐसे पवित्रतम शिखरपर जाकर वह पार्वती अपने आभूषण वस्त्रोंको त्याग वक्कलके वस्त्रधारण करके डाभकी क्षुद्रघंटिका बांधलेतीभई प्रतिदिन तीनवार स्नानकरती पाटल वृक्षके वक्कलोंके आहारसे सौ १०० वर्ष व्यतीत करतीभई फिर सौ १०० वर्षतक पृथ्वीमें गिरेहुए पत्तोंकोही खाया फिर सौ १०० वर्षतक निराहारहीरही ऐसे २ प्रकारसे और नियमोंसे, पूर्ण तपकरतीभई ३०६।३१० फिर उसके तपकी अग्निसे सबप्रजा कंपायमानहुई तब इन्द्र सप्तऋषियोंका स्मरणकरता भया उससमय वह सप्तऋषिबड़ी प्रसन्नतासे इन्द्रके समीपआये इन्द्रने उनका पूजन किया तब उन्होंने इन्द्र

हिमाचलेतपोघोरं तप्यतेभूधरात्मजा। तस्याह्यभिमतंकामं भवन्तःकर्तुमर्हथ ३१४ त
तःसमापतन्देव्या जगदर्थंत्वरान्विताः। तथेत्युक्त्वातुशैलेन्द्रं सिद्धसङ्घातसेवितम् ३१५
ऊचुरागत्यमुनयस्तामथोमधुराक्षरम्। पुत्रि!किन्तेव्यवसितः कामःकमललोचने! ३१६
तानुवाचततोदेवी सलज्जाचित्रवाङ्मुखी। तपस्यतोमहाभागाः प्राप्यमौनंभवादृशान्
३१७वन्दनायनियुक्ताधीः पावयत्यविकल्पितम्॥प्रश्नोन्मुखत्वाद्भवतां युक्तमासनमादितः
३१८ उपविष्टाःश्रमोन्मुक्तास्ततःप्रक्ष्यथमामतः इत्युक्त्वासाततश्चक्रे कृतासनपरिग्र-
हान् ३१९ सातुतान्विधिवत्पूज्यान् पूजयित्वाविधानतः। उवाचादित्यसंकाशान् मुनीन्
सप्तसतीशनैः ३२० त्यक्त्वाव्रतात्मकंमौनं मौनंजग्राहह्रीमयम्। भावंतस्यास्तुमौनान्तं
तस्याःसप्तर्षयोयथा ३२१ गौरवाधीनतांप्राप्ताः पप्रच्छुस्तांपुनस्तथा। सापिगौरवगर्भे
ण मनसाचारुहासिनी ३२२ मुनीन्शान्तकथालापान् प्रोवाचप्रोज्झ्यवाग्यमम्। भगव
न्तोविजानन्ति प्राणिनांमानसंहितम् ३२३ मनोवागभिरत्यर्थं कन्दर्पैतेहिदेहिनः। केचि
त्तुनिपुणास्तत्र घटन्तेविबुधोद्यमैः ३२४ उपायैर्दुर्लभान्भावान् प्राप्नुवन्तिह्यतन्द्रिताः।
अपरेतुपरिच्छिन्ना नानाकाराभ्युपक्रमाः ३२५ देहान्तरार्थमारम्भमापतन्तिहितप्रदम्।
ममत्वाकाशसम्भूतपुष्पदामविभूषितम् ३२६ वन्ध्यासुतंप्राप्तुकामा मनःप्रसरतेमुहुः ॥
अहंकिलभवंदेवं पतिंप्राप्तुंसमुद्यता ३२७ प्रकृत्यैवदुराधर्षं तपस्यन्तंतुसंप्रति। सुरासु

से पूछा कि हे सुरश्रेष्ठ आपने हमको किस निमित्त स्मरण कियाहै इन्द्रने कहा हे महर्षिलोगो आप मेरे प्रयोजनको सुनिये कि हिमाचल पर्व्वतके शिखरपर पार्वती घोरतपस्या कररही है उसके मनोरथको आप सिद्धकीजिये यह सुनतेही वह सप्तऋषि शीघ्रही उससिद्धोंसे सेवित पार्वतीजीके स्थानमें जातेभये ३११। ३१५ और जाकर उससेबोले कि हे पुत्रीतेरा क्यामनोरथ है तब लज्जाकरती हुई पार्वती उनऋषियोंसे यह वचनबोली कि तपस्या करनेवाले आपसरीखे मुनियोंको प्राप्तहोके, जिसकी बुद्धि प्रणामआदि सत्कारकरनेमें युक्त होतीहै उसको आप पवित्रकर देतेहो और मेरे तो आपसन्मुखहोके प्रश्नकरतेहो और प्रत्यक्षमेंही आगयेहो ऐसा कहकर उनको आसनदेती भई ३१६। ३१९ फिर वह पार्वती उनका विधिपूर्व्वक पूजनकरतीभई पूजन करनेके पीछे उमासूर्यके समान कान्तिवाले सप्तऋषियोंसे ३२० व्रतकी मौनताको त्यागकरबोली और फिर लज्जाकी मौनताको धारण करतीभई जब सप्तऋषि उसके भावको पूछनेलगे तब हँसतीहुईसी होकरमन्द २ वाणीसे यह वचनबोली कि आप सब प्राणियोंके मनकी वार्त्ताको जानतेहो कितनेही पुरुष तो मनवाणी आदि अनेक उद्यमोंसे कामदेवकी चेष्टाको विचारते हैं और अनेक उपायों करके दुर्लभ मनोरथोंको प्राप्तहोजाते हैं कितनेही अनेक कार्य्योंका उपाय किया करतेहैं ३२१। ३२५ बहुत से अपने हितके निमित्त दूसरे शरीरकेलिये कर्मका आरंभकरते हैं परन्तु मेरा मनोरथ ऐसाहै जैसा कि कोई आकाशमें उत्पन्नहुए पुष्पोंकी इच्छा करताहो अथवा वंध्यास्त्री पुत्रकी कामनाकरतीहो जैसे कि यह असंभव वातोंकी इच्छाकरते हैं उसी प्रकार में शिवजी महाराजको अपने पतिबनानेकी

रैरनिर्णीतपरमार्थक्रियाश्रयम् ३२८ साम्प्रतंचापिनिर्दग्धमदनंवीतरागिणम्। कथमारा धयेदीशंमादृशीतादृशंशिवम् ३२९ इत्युक्तामुनयस्तेतु स्थिरतांमनसस्ततः। ज्ञातुमस्या वचःप्रोचुःप्रक्रमात्प्रकृतार्थकम् ३३० (मुनय ऊचुः) द्विविधन्तुसुखन्तावत्पुत्रि!लोकेषुभा व्यते। शरीरस्यास्यसंभोगैश्चेतसश्चापिनिर्वृतिः ३३१ प्रकृत्यासतुदिग्वासाभीमःपितृव नेशयः। कपालीभिक्षुकोनग्नो विरूपाक्षःस्थिरक्रियः ३३२ प्रमत्तोन्मत्तकाकारोबीभत्सकृत संग्रहः। यतिनानेनकःस्वार्थो मूर्त्तानर्थेनकांक्षितः ३३३ यदिह्यस्यशरीरस्यभोगमिच्छसि साम्प्रतम्। तत्कथन्तेमहादेवात्भयभाजोजुगुप्सितात् ३३४ स्रवद्रक्तवसाभ्यक्तकपालकृ तभूषणात्। श्वसदुग्रभुजङ्गेन्द्रकृतभूषणभीषणात् ३३५ श्मशानवासिनोरौद्रप्रमथानुगतात् सति!। सुरेन्द्रमुकुटव्रातनिघृष्टचरणोऽरिहा ३३६ हरिरस्तिजगद्धाताश्रीकान्तोऽनन्तमूर्त्ति मान्। नाथोयज्ञभुजामस्ति तथेन्द्रःपाकशासनः ३३७ देवतानांनिधिश्चास्तिज्वलनःसर्व कामकृत्। वायुरस्तिजगद्धाता यःप्राणःसर्वदेहिनाम् ३३८ तथावैश्रवणोराजा सर्वार्थम तिमान्विभुः। एभ्यएकतमंकस्मात् नत्वंसम्प्राप्तुमिच्छसि ३३९ उत्तानदेहसंप्राप्त्या सुखंतुमनसेप्सितम्। एवमेतत्तवाप्यत्र प्रभवोनाकसम्पदाम् ३४० अस्मिन्नेहपरत्रापि कल्याणप्राप्तयस्तव। पितुरेवास्तितत्सर्वं सुरेभ्योयन्नविद्यते ३४१ अतस्तत्प्राप्तयेक्लेश सवाप्यत्राफलस्तव। प्रायेणप्रार्थितोभद्रे! सुस्वल्पोह्यतिदुर्लभः ३४२ अस्यतेविधियोग

इच्छा करतीहूं ३२६। ३२७ सो यहबात बड़ी दुर्लभहै क्यों कि तपकरतेहुए देवता और दैत्योंसे भी अज्ञात कर्मवाले अभी कामदेवके दग्ध करने वाले रागमोहादिकसे रहित ऐसे शिवजीको मुझसरी की स्त्री कैसे प्राप्तकरसक्ती है यहवचन सुनकर सप्तऋषि अपने मनको स्थितकर उसके मनोरथको जानकर यहवचन बोले कि हेपुत्री संसारमें दोप्रकार के सुख हैं उनमेंसे पहला सुखतो शरीरके सं-भोग करनेसे चित्तकी वृत्तिका निवृत्तहोनाहै सो वह शिवजी स्वभावहीसे नंगे दिगम्बर भयंकर श्मशानवासी कपाली भिक्षुकरूप विरूपाक्ष और स्थिर क्रियावाले हैं ३२८। ३२१ प्रमत्त मदो-न्मत्तके सदृश और भयंकर आकारवाले हैं ऐसे पतिके करने से तेराकौनसा प्रयोजन सिद्धहोगा जो कदाचित् उनके शरीरसे भोगकी इच्छा करतीहो तो इनभयंकर महादेव से तुझको भोगकी प्राप्ति कैसेहोवेगी ३३३। ३३४ रुधिर भिरतेहुए कपालोंके धारण करनेवाले उग्रश्वास लेनेवाले सर्पोंका भूषण धारण करनेवाले श्मशानवासी भयंकरगणों समेत विचरनेवाले शिवजी से कैसे सुखकी प्राप्तिहोगी देखो देवताओंसे वन्दित जगद्धाता लक्ष्मीके पति विष्णु भगवान् देवताओं का पति इन्द्र देवताओंके निधि अग्नि सब कार्य्योंकाकरने वाला वायु जो कि सब देहधारियों का प्राणहै इसीप्रकार सबधनोंका पति कुबेरहै इनमें से किसी एकसे तुम क्यों नहीं विवाह करलेतीहो ३३५। ३३९ तुम्हारे शरीरमें उत्तान हस्तका लक्षणहै इस हेतुसे मनोवाञ्छित सुखकी प्राप्तिहोवेगी और स्वर्गकी संपत्तियोंकी भी प्राप्तिहोगी इसशरीरमें तुझको कल्याणकी प्राप्तिहोगी तेरेपतिकेही घर में ऐसीसंपत्तिहै जो किसी देवताके पास नहीं है ३४०। ३४१ इस हेतुसे उनशिवजीकी प्राप्तिके

स्यधाताकर्तात्रचैवहि (सूत उवाच) इत्युक्तासातुकुपिता मुनिवर्येषुशैलजा ३४३ उवाचकोपरक्ताक्षी स्फुरद्भिर्दशनच्छदैः (देव्युवाच) असद्ग्रहस्यकाप्रीतिर्व्यसनस्य क्वयन्त्रणा ३४४ विपरीतार्थबोद्धारः सत्पथेकेनयोजिताः। एवंमांवेत्थदुष्प्रज्ञां ह्यस्थाना सद्ग्रहप्रियाम् ३४५ नमांप्रतिविचारोऽस्ति यत्रेहासद्ग्रहान्वितौ। प्रजापतिसमाःसर्वे भवन्तःसर्वदर्शिनः ३४६ नूनंनवेत्थतंदेवं शाश्वतंजगतःप्रभुम्। अजमीशानमव्यक्त ममेयमहिमोदयम् ३४७ आस्तान्तद्धर्मसद्भावसम्बोधस्तावदद्भुतः। विदुर्यन्नहरिब्रह्म प्रमुखाहि सुरेश्वराः ३४८ यत्तस्यविभवात्स्वोत्थंभुववेषुविजृम्भितम्। प्रकटंसर्वभूतानां तदप्यत्रनवेत्थकिम् ३४९ कस्यैतद्गगनंमूर्त्तिः कस्याग्निःकस्यमारुतः। कस्यभूःकस्य वरुणः कश्चन्द्रार्कविलोचनः ३५० कस्यार्चयन्तिलोकेषु लिङ्गभक्त्यासुरासुराः। यंब्रुव न्तीश्वरंदेवा विधीन्द्राद्यामहर्षयः ३५१ प्रभावंप्रभवञ्चैव तेषामपिनवेत्थकिम्। अदितिः कस्यमातेयं कस्माज्जातोजनार्दनः ३५२ अदितेःकश्यपाज्जाता देवानारायणादयः। मरीचेःकश्यपःपुत्रो ह्यदितिर्दक्षपुत्रिका ३५३ मरीचिश्चापिदक्षश्च पुत्रौतौब्रह्मणःकिल। ब्रह्माहिरण्मयात्त्वण्डाद्दिव्यसिद्धिविभूषितात् ३५४ कस्यप्रादुरभूद्ध्यानात् प्रक्षुब्धाःप्राकृ तांशकाः। प्रकृतौतुतृतीयायां मधुहिङ्जननक्रिया ३५५ जातासस्रजेषड्वर्गान् बुद्धि

निमित्त तुमको क्लेशहीहोगा और श्रेष्ठफलभी नहीं मिलेगा विशेषकरके प्रार्थित कियाहुआ स्वल्प भी प्रयोजन दुर्लभहोजाता है इसतरे विचार कियेहुए योग का करनेवाला विधाताही है सूतजी कहते हैं कि इसप्रकारके ऋषियों के वचनोंको सुनकर पार्वतीजी उन सप्तऋषियोंपर क्रोध करती भई और कहनेलगीं कि असत्वस्तुके ग्रहण करनेवाले व्यसनी पुरुषको श्रेष्ठ देवताकी क्या प्रीति होती है विपरीत अर्थके जाननेवाले ऋषि सन्मार्ग में किसको युक्तकरसक्ते हैं इसीप्रकार आप सब ऋषि मुझको भी नष्टबुद्धिवाली जानतेहो जहां ऐसे असत्कार्य्यको विचारनेवाले हैं वहां मेरे सम्बन्धी विचारको आप नहीं करसक्ते तुमसब ब्रह्माजी के समानहो परन्तु जगत्के प्रभु शाश्वत अज ईशान अव्यक्त और अतुलमहिमावाले ऐसेमहादेवको तुमनहीं जानतेहो ३४१। ३४७ चाहे विष्णु आदिक देवताओं के धर्मका विचारहोय परन्तु वहभी महादेवजी के विभवको नहींजान सके सबभूतोंकी उत्पत्ति महादेवकेही ऐश्वर्य्य से होती है इसबातको क्या तुमनहीं जानते हो ३४८। ३४९ ऐसी मूर्त्ति किसकी है ऐसा अग्नि ऐसा भूमि और ऐसा जल भी किसकेहैं जैसाकि महादेवजी के पासहे किसके सूर्य्य और चन्द्रमा नेत्रहैं देवता और दैत्य भक्तिपूर्व्वक किसके लिंगको पूजतेहैं ब्रह्मा इन्द्र आदिक जिनको देवता कहतेहैं उनकेप्रभावको और उत्पत्तिको क्यातुम नहींजानतेहो अदिति किसकी माताहै विष्णु किससे उत्पन्न हुएहैं ३५०। ३५२ अदितिमें कश्यपके सकाशसे नारायण आदिक सबदेवता उत्पन्न भये हैं मरीचिके सकाशसे कश्यप उत्पन्न भये हैं दक्षकी पुत्री अदितिहै मरीचि और दक्ष यह दोनों ब्रह्माजी सुवर्णमय अंडकोशमें से किसके ध्यानसे उत्पन्न हुएहैं मायाके अंशने किसको क्षोभकियाहै तीसरी प्रकृतिमें विष्णुकी उत्पत्ति हुई है फिर विष्णुसे युक्त

पूर्वान्स्वकर्म्मजान्। अजातकोऽभवद्द्वेधा ब्रह्मणोऽव्यक्तजन्मनः ३५६ यःस्वयोगेन संक्षो भ्य प्राकृतंकृतवानिदम्। ब्रह्मणःसिद्धसर्वार्थमैश्वर्यंलोककर्तताम् ३५७ विदुर्विष्ण्वादयो यत्रस्वमहिम्नासदैवहि। कृत्वान्यंदेहमन्यादृक् तादृक्कृत्वापुनर्हरिः ३५८ कुरुतेजगतः कृत्यमुत्तमाधममध्यमम्। एवमेवहिसंसारो योजन्ममरणात्मकः ३५९ कर्म्मणश्चफलं ह्येतत् नानारूपसमुद्भवम्। अथनारायणोदेवः स्वकाञ्छायांसमाश्रयत् ३६० तत्प्रेरि तःप्रकुरुते जन्मनानाप्रकारकम्। सापिकर्म्मणएवोक्ताप्रेरणी विवशात्मनाम् ३६१ यथोन्मादादिजुष्टस्य मतिरेवहिसाभवेत्। इष्टान्येवयथार्थानि विपरीतानिमन्यते ३६२ लोकस्यव्यवहारेषु सृष्टेषुसहतेसदा। धर्माधर्म्मफलावाप्तौ विष्णुरेवनिबोधितः ३६३ अ थानादित्वमस्यास्ति सामान्यात्तुतदात्मना। नह्यस्यजीवितंदीर्घं दृष्टंदेहेतुकुत्रचित् ३६४ भवद्भिर्यस्यनोदृष्ट मन्तमग्रमथापिवा। देहिनांधर्म्मएवैष क्वचिज्जायेतक्वचिन्म्रियेत् ३६५ क्वचिद्गर्भगतोनश्येत् क्वचिज्जीवेज्जरामयः। क्वचित्समाःशतंजीवेत् क्वचिद्बाल्येविपद्य ते ३६६ शतायु पुरुषोयस्तु सोऽनन्तःस्वल्पजन्मनः। जीवितोनम्रियत्यग्रे तस्मात्सो ऽमरउच्यते ३६७ अदृष्टजन्मनिधना ह्येवंविष्ण्वादयोमताः। एतत्संशुद्धमैश्वर्यं संसारे कोलभेदिह ३६८ तत्रक्षयादियोगात्तु नानाऽश्चर्य्यस्वरूपिणि। तस्माद्विवश्चरान्सर्वा

हुई प्रकृतिसे अपने कर्मों से उत्पन्न होनेवाले बुद्धि आदिक षड्वर्गादिक उत्पन्न हुए हैं अव्यक्तजन्म वाले ब्रह्मके सकाशसे विष्णुके दो भेदहोतेभये ३५३।३५६ जो अपने योगकरके माया सहित होकर जगत्को उत्पन्न करताहै वही माया सहित ब्रह्मलोकका कर्त्ता ईश्वर होजाताहै ३५७ और विष्णु आदिक देवता अपनी महिमा करके उसब्रह्मको पहचानते हैं विष्णुभगवान् अन्य शरीर में भी अपनी मायाकेद्वारा प्रवेशकरजाते हैं और जगत्के उत्तम मध्यम और अधमकार्य्य को करते हैं इसीप्रकार जन्ममरणात्मक संसारहै इसमें अनेकरूपों की उत्पत्तिका होनाही कर्मोंकाफल है, इसके पीछे नारा- यण देव अपनीमायाके आश्रयहोके और उसीमायाके प्रेरणे से अनेकप्रकार के जन्मोंको करताहै और वह मायाभी कर्मों के वशीभूत होनेवालोंको प्रेरती है ३५८।३६१ जैसे कि उन्माद आदिकमें रहने वालों के वहमाया बुद्धिहोजाती है और उसबुद्धिकेद्वारा पुरुष विपरीत कर्मोंको अच्छे मानलेते हैं३६२ लोकोंके व्यवहारों में धर्म अधर्मकी प्राप्तिकराने के निमित्त विष्णुभगवानही मुख्यकहेजातेहैंसामान्यता सेब्रह्मस्वरूप होजानेके कारण विष्णुको अनादि कहतेहैं शरीरमें तो विष्णुकाजीना बहुतकालतक कहीं नहीं देखाहै ३६३।३६४आपलोगोंनेभी जिसके आदि अन्तको नहीं देखाहै उसको तो कहो देहधारियों का यही धर्म है कि कहीं जन्मतेहैं और कहीं मरतेहैं ३६५ कहीं गर्भमेंही मरजातेहैं कहीं वृद्धावस्थातक जीतेहैं कहीं सौ वर्षतक जीतेहैं कहीं बालकपनेहीमें मरजाते हैं ३६६ जो सौ१००वर्षकी आयुवालाहै वह पूर्ण आयुवाला कहाताहै जो जीवताहुआ कभी नहीं मरताहै वह अमर कहाता है इसप्रकारसे विष्णुआदिक देवता दैवके अनुसार मृत्युवाले हैं इस संसारमें शुद्ध ऐश्वर्य्यको कौन प्राप्तहोसक्ताहै इस हेतुसे मलिन सत्त्वप्रधान आदि स्वल्प ऐश्वर्य्यवाले देवताओंके वरनेकी मैं कभी इच्छा नहीं

न् मलिनान्स्वल्पभूतिकान् ३६६ नाहंभद्राः! किलेच्छामि ऋतेसर्व्वातूपिनाकनः। स्थितंचतारतम्येन प्राणिनांपरमन्त्विदम् ३७० धीबलैश्वर्यकार्यादि प्रमाणंमहतांमहत्। यस्मान्नकिञ्चिदपरं सर्वंयस्मात्प्रवर्त्तते ३७१ यस्यैश्वर्यमनाद्यन्तं तमहंशरणङ्गता। एष मेऽव्यवसायश्च दीर्घोऽतिविपरीतकः ३७२ यातवातिष्ठतैवाथ मुनयो! मद्विधायकाः!। एवंनिशम्यवचनं देव्यामुनिवरास्तदा ३७३ आनन्दाश्रुपरीताक्षाः सस्वजुस्तांतपस्वि नीम्। ऊचुश्चपरमप्रीताः शैलजांमधुरंवचः ३७४ (ऋषय ऊचुः) अत्यद्भुतास्यहोदे वि! ज्ञानमूर्त्तिरिवामला। प्रसादयतिनोभावं भवभावप्रतिश्रयात् ३७५ नतुविद्मोवयन्त स्य देवस्यैश्वर्यमद्भुतम्। त्वन्निश्चयस्यदृढतांवेत्तुंवयमिहागताः ३७६ अचिरादेवतन्वङ्गि! कामस्तेऽयंभविष्यति। क्वादित्यस्यप्रभायाति रत्नेभ्यःक्वद्युतिःपृथक् ३७७ कोऽर्थोवर्णा लिकाव्यक्तः कथंत्वंगिरिशंविना। यामोनैकाभ्युपायेन तमभ्यर्थयितुंवयम् ३७८ अ स्माकमपिवैसोऽर्थः सुतरांहृदिवर्त्तते। अतस्त्वमेवसाबुद्धिर्यतोनीतिस्त्वमेवहि ३७९ अतोनिःसंशयंकार्यं शङ्करोऽपिविधास्यति। इत्युक्ताःपूजितायाता मुनयोगिरिकन्यया ३८० प्रययुर्गिरिशंद्रष्टुं प्रस्थंहिमवतोमहत्। गङ्गाम्बुप्लावितात्मानं पिङ्गबद्धजटासट म् ३८१ भृङ्गानुयातपाणिस्थ मन्दारकुसुमस्रजम्। गिरेःसंप्राप्यतेप्रस्थं ददृशुःशङ्करा श्रमम् ३८२ प्रशान्ताशेषसत्वौघं नवस्तिमितकाननम्। निःशब्दाक्षोभसलिल प्रपा

रखती मैं तो शिवजीकोही वरूंगी वह सब प्राणियों में और देवताओं में भी सबसे बड़े हैं महान् पु रुषोंके बुद्धिबल और ऐश्वर्य्यादिकों का प्रमाणभी महत् होताहै जिस्से भिन्न कुछ नहीं है जिससे कि सब कुछ प्रवर्त्तहोताहै और जो ऐश्वर्य्यादिकों से रहितहै उन महादेवजीकी मैं शरणहूं यह इस प्रकार का मेरा परम निश्चयहै ३६७।३७२ मुझको शिक्षादेनेवाले मुनिजाय अथवा ठहरें इसप्रकारके पा र्वतीजीके वचनोंको सुनकर वह सप्तऋषि आनन्दके अश्रुओंसे युक्त होकर उस तपस्विनी पार्वतीजी से बड़ी प्रसन्नता पूर्वक मिलकर यह वचन बोले ३७३।३७४कि हे देवि बड़ा आश्चर्य्य है तू ज्ञान की मूर्त्तिहै हमारे ऊपर प्रसन्नहो हम उन महादेवजी के ऐश्वर्य्य को तो जानतेही हैं परन्तु तेरे निश्चयके देखने के निमित्त यहां आये हैं ३७५।३७६ हे तन्वंगि यह तेरा मनोरथ शीघ्रही होजायगा जैसे कि सूर्य्यकी प्रभासूर्य्यसे अलग कहां जासक्ती है रत्नोंकी कांति रत्नसे पृथक् कहां जासक्ती है अक्षरोंकी पंक्तिसे अर्थ पृथक् नहीं है इसी प्रकार तू भी शिवजीसे रहित कभी नहीं है हम तो अनेक उपायों करके भी उन महादेवजी कोप्राप्त नहीं होसक्ते हमारे भी हृदयमें यही प्रयोजन है इस कारण तुम्हीं हमारी बुद्धिरूपहोकर नीति स्वरूपहो ३७७। ३७९ शिवजी महाराज भी निश्चय तुम्हारे कार्य्यको करेंगे जब ऐसे उन सप्तऋषियोंने कहा तब पार्वतीजीने उनका फिर पूजनकिया तदनन्तर वह मुनि शिवजी के दर्शनके निमित्त जातेभये और वहां जाकर गंगा जलसे आत्माको पवित्रकियेहुए पीतजटा धारण कियेहुए कल्पवृक्षके पुष्पोंकी माला और भ्रमरोंसे शोभायमान शिवजीको देखतेभये ३८०। ३८१ उस स्थानपर शिवजीके आश्रममें सबजीवोंको शान्तरूप देखा

तंसर्वतोदिशम् ३८३ तत्रापश्यंस्ततोद्वारि वीरकंवेत्रपाणिनम्। सप्ततेमुनयःपूज्या विनी
ताःकार्य्यगौरवात् ३८४ ऊचुर्मधुरभाषिण्या वाचातेवाग्मिनांवराः। द्रष्टुंवयमिहायाताः
शरण्यंगणनायकम् ३८५ त्रिलोचनंविजानीहि सुरकार्य्यप्रचोदिताः।त्वमेवनोगतिस्तत्त्वं
यथाकालानतिक्रमः३८६सत्कारितेषप्रायेण प्रतीहारमयःप्रभुः। इत्युक्तोमुनिभिःसोऽथगौ
रवात्तानुवाचस' ३८७ समन्वास्यापरांसन्ध्यां स्नातुंमन्दाकिनीजले। क्षणेनभवितावित्रा
स्तत्र द्रक्ष्यथशूलिनम् ३८८इत्युक्तामुनयस्तस्थुस्ते तत्कालप्रतीक्षिणः। गम्भीराम्बुधरं
प्रावृट् तृषिताश्चातकायथा३८९ततःक्षणेननिष्पन्न समाधानक्रियाविधिः। वीरासनंविभे
देशोमृगचर्मनिवासितम् ३९०ततोविनीतोजानुभ्या मवलम्ब्यमहीस्थितिम्। उवाचवी
रकोदेवं प्रणामैकसमाश्रयः३९१संप्राप्तामुनयःसप्त त्वांद्रष्टुंदीप्ततेजसः। विभो! समादिश
द्रष्टुमवगन्तुमिहार्हसि ३९२ इत्युक्तोधुर्जटिस्तेन वीरकेणमहात्मना। भ्रूभङ्गसंज्ञयातेषांप्र
वेशाज्ञांददौतदा३९३मूर्द्धकम्पेनतान्सर्वान् वीरकोऽपिमहामुनीन्।आजुहावविदूरस्थान्
दर्शनायपिनाकिनः ३९४ त्वराबद्धार्द्धचूडास्ते लम्बमानाजिनाम्बराः। विविशुर्वेदिकां
सिद्धां गिरिशस्यविभूतिभिः ३९५ बद्धपाणिपुटाक्षिप्त नाकपुष्पोत्करास्ततः। पिनाकिप
दयुगलं यथानाकनिवासिनः ३९६ ततःस्निग्धेक्षिताःशान्ता मुनयःशूलपाणिना। मन्म
थारिंततोहृष्टाः सम्यक्तुष्टुवुरादृताः ३९७ अहोकृतार्थावयमेवसाम्प्रतं सुरेश्वरोऽप्यत्रपु

भिरनोंसे गिरतेहुए जलके शब्दकोभी क्षोभित नहींदेखा शिवजीके द्वारके आगे हाथमें बेतलिये
हुए वीरकनाम गणकोदेखा वह शिवजीका वीरकनाम पार्षद उन सप्तऋषियोंका पूजन करताभया
तब वह सप्तऋषिबोले कि हम शिवजी महाराजके दर्शनकरनेके निमित्त आयेहैं ३८३। ३८५ हम
देवताओंके कार्य्यके निमित्त शिवजीका दर्शन करनाचाहते हैं सो तुम हमारी गतिहो उन महादेवजी
को बताओ यहवचन सुनकर वह वीरकबोला हे ब्राह्मण लोगो सायंकालमें इसमंदाकिनी गंगामें
स्नानकरनेको जबजावँगे तब आपलोग शिवजीके दर्शनकरना ऐसे कहेहुए सप्तऋषि संध्याकालकी
बाटदेखतेहुए उसी स्थानपर ऐसे स्थितहोगयेजैसे कि वर्षाऋतुमें गंभीरमेघकीबाट देखताहुआ चातक
पक्षी स्थितहोता है ३८६।३८९ फिर क्षणमात्रहीमें शिवजीमहाराज अपने वीरआसनकी समाधि
से उठतेभये तब वीरभद्रपार्षद नम्रतापूर्वक शिवजीसेबोला कि हे महाराज आपके दर्शनकेवास्ते
देदीप्ततेजवाले सप्तऋषि आयेहैं वह यहाँआया चाहतेहैं जब ऐसे वीरभद्रने कहा तबशिवजी अपनी
भृकुटीसे उनके आनेकी आज्ञादेतेभये ३९० । ३९२ तब वीरभद्र दूरखड़ेहुए उन सप्तऋषियोंको
शिवजीके दर्शनके निमित्त बुलाताभया ३९४ फिर लम्बी लटकतीहुई मृगछाला वाले वहऋषि
हाथजोड़कर शिवजीके समीप प्राप्तहोतेभये और निकटजाकर चरणोंको स्पर्श करतेभये जैसे
कि स्वर्ग में देवतालोग इन्द्रकेचरणोंको छूतेहुए उसकी प्रशंसाकरते हैं उसी प्रकार शिवजी से
अच्छी सुदृष्टिसे देखेहुए वह शान्तरूपऋषि प्रसन्नहोकर चरण स्पर्शकरके आदरसे यहस्तुति कर-
तेभये ३९५। ३९७ हे शिवजी महाराज अब हम कृतार्थहुए और हमसेभी प्रथम इन्द्र कृतार्थ

रोभविष्यति। भवत्प्रसादामलवारिसेकतः फलेनकाचित्तपसानियुज्यते ३९८ जयत्यसौ
धन्यतरोहिमाचलस्तदाश्रयंयस्यसुतातपस्यति। सदैत्यराजोऽपिमहाफलोदयो विमूलि
ताशेषसुरोहितारकः ३९९ त्वदीयमंशम्प्रविलोक्यकल्मषात् स्वकंशरीरंपरिमोक्ष्यतेहि
यः। सधन्यधीर्लोकपिताचतुर्मुखो हरिश्चयत्सम्भ्रमवह्निदीपितः ४०० त्वदङ्घ्रियुग्मंह
दयेनविभ्रतो महाभितापप्रशमैकहेतुकम्। त्वमेवचैकोविविधकृतक्रियः किलेतिवाचावि
भुरैर्विभाव्यते ४०१ अथाद्यएकस्त्वमवैषिनान्यथा जगत्तथानिर्घृणतान्तवस्पृशेत्। न
वेत्सिवादुःखमिदंभवात्मकं विहन्यतेतेखलुसर्वनिष्क्रिया ४०२ उपेक्षसेचेज्जगतामुपद्रवं
दयामयत्वंतवकेनकथ्यते । स्वयोगमायामहिमागुहाश्रयं नविद्यतेनिर्मलभूतिगौरवम्
४०३ वयंचतेधन्यतराःशरीरिणां यदीदृशंत्वांप्रविलोकयामहे। अदर्शनंतेनमनोरथोयथा
प्रयातिसाफल्यतयामनोगतम् ४०४ जगद्विधानैकविधौजगन्मुखे करिष्यसेतोवलभिद्व
रावयम्। विनेमुरित्थंमुनयोविसृज्यतां गिरंगिरीशश्रुतिभूमिसन्निधौ। उत्कृष्टकेदारइवा
वनीतले सुबीजमाप्टंसुफलायकर्षकाः ४०५ तेषांश्रुत्वाततोरम्यां प्रक्रमोपक्रमक्रियाम्।
वाचंवाचस्पतिरिवप्रोवाचस्मितसुन्दरः४०६(शङ्करउवाच)जानेलोकविधानस्य कन्यास
त्कार्य्यमुत्तमम्।जाताप्रलयशैलस्य सङ्केतकनिरूपणाः ४०७ सत्यमुत्कण्ठिताःसर्वे देव
कार्यार्थमुद्यताः। तेषांत्वरन्तिचेतांसि किन्तुकार्यंविवक्षितम् ४०८ लोकयात्रानुगन्तव्या
विशेषेणविचक्षणैः। सेवन्तेतेयतोधर्मं तत्प्रामाण्यात्परेस्थिताः ४०९ इत्युक्तामुनयोजग्मु

होजायगा प्रसन्नहोने वाले आपका जलसिंचन किसी बड़े तपकाफलहै ३९८ इस हिमाचल को धन्यहै जिसकी कि पुत्री उनके आश्रयहोकर उग्र तपकररहीहै और सबदेवताओंका नाशकरनेवाला वह तारकासुरभी धन्यहै क्योंकि तुम्हारे अंशसे उत्पन्नहुए को देखकर अपने शरीरको छोड़ेगा ब्रह्मा भी धन्यहै विष्णुभी धन्यहै जोकि महासंतापोंके दूरकरनेवाले तुमको अपने हृदयमें ध्यावते हैं तुम अकेलेही अनेकक्रियाओंके करनेवालेहो ऐसे वर्णन कियेजातेहो ३९९। ४०१ तुम एकही आद्यहो तुमसंसारके दुःखोंको दूरकरतेहो तुम्हारी निष्क्रिया नष्टहोजाती है और जो तुम जगत्का संहार करने वाले कहेजाओ तो आपको दयावान् कैसे कहतेहैं इसहेतुसे आप अपनी योगमायाके आश्रयहोकर निर्मल विभूतिवाले रहतेहो ४०२। ४०३ शरीरधारियोंमें हमलोगभी धन्यहैं क्योंकि धन्यनहोते तो आपका दर्शन कैसेहोता आपके दर्शनहोनेसे मनोरथ सफल होजाताहै आपजगत्के विधानकरनेमें तत्परहैं इसहेतुसे हमतुमको नमस्कार करते हैं इसरीतिकी स्तुति करनेसे वह सप्तऋषि अपनी वाणीको ऐसे कहते भये जैसेकि खेतीकरनेवाला किसान अच्छी सुधारीहुई भूमिमें बीजोंको बोताहै ४०४। ४०५ उनऋषियोंकी वाणीकोसुनकर शिवजी बृहस्पतिकेसमान हँसकर यहवचनबोले ४०६ कि हमजानतेहैं कि संसारके सुख केनिमित्त हिमाचलकेघरमें पुत्रीजन्मीहै और तुमभी देवताओंकेकार्य्यके निमित्त उद्यम कररहेहो यहसत्यहै कि बुद्धिमान् पुरुषोंको विशेषकरके लोकोंकी यात्रा करनीचाहिये और श्रेष्ठ पुरुष जिसधर्मका आचरण करतेहैं उसीको अन्य लोगभी कियाकरतेहैं ४०७। ४०९ यह

स्त्वरितास्तुहिमाचलम्। तत्रतेपूजितास्तेनहिमशैलेनसादरम् ४१० ऊचुर्मुनिवराःप्रीताः
स्वल्पवर्णैस्त्वरान्विताः। (मुनयऊचुः) देवोदुहितरंसाक्षात्पिनाकीतवमार्गते ४११ तच्छी
घ्रंपावयात्मानमाहुत्येवानलार्पणात्। कार्यमेतच्चदेवानां सुचिरंपरिवर्ततें ४१२ जगदु
द्धरणायेष क्रियतांवैसमुद्यमः इत्युक्तस्तैस्तदाशैलो हर्षाविष्टोऽवदन्मुनीन् ४१३ असम
र्थोऽभवद्वक्तुमुत्तरंप्रार्थयञ्छिवम्।ततोमेनामुनीन्वन्द्य प्रोवाचस्नेहविक्लवा ४१४ दुहितुस्ता
न्मुनींश्चैव चरणाश्रयमर्थवित्। (मेनोवाच) यदर्थंदुहितुर्जन्म नेच्छन्त्यपिमहाफल
म् ४१५ तदेवोपस्थितंसर्वं प्रक्रमेणैवसाम्प्रतम्। कुलजन्मवयोरूपविभूत्यर्द्धियुतोऽपि
यः ४१६ वरस्तस्यापिचाहूय सुतादेवाह्ययाचतः। तत्समस्ततपोघोरं कथपुत्रीप्रया
स्यति ४१७ पुत्रीवाक्याद्यदत्रास्ति विधेयंतद्विधीयताम्। इत्युक्तामुनयस्तेतु प्रिययाहि
मभूभृतः ४१८ ऊचुःपुनरुदारार्थं नारीचित्तप्रसादकम्। (मुनय ऊचुः) ऐश्वर्यमव
गच्छस्व शङ्करस्यसुरासुरैः ४१९ आराध्यमानपादाब्जयुगलत्वात्सुनिर्वृतैः। यस्योपयोगि
यद्रूपं साचतत्प्राप्स्यतेचिरम् ४२० घोरंतपस्यतेबाला तेनरूपेणनिर्वृतिः। यस्तदूव्रता
निदिव्यानि नयिष्यतिसमापनम् ४२१ तत्रसावहितातावत्तस्मात्सैवभविष्यति। इत्यु
क्तागिरिणासार्द्धन्तेययुर्यत्रशैलजा ४२२ जितार्कज्वलनज्वाला तपस्तेजोमयीह्युमा।
प्रोचुस्तांमुनयःस्निग्धं सन्मान्यपथमागतम् ४२३ रम्यंप्रियंमनोहारि मारूपंतपसा

शिवजीके वचनसुनतेही वहमुनि बड़ीशीघ्रतासे शिवजीको नमस्कारकर हिमाचल पर्व्वतके पासजाते भये वहाँ हिमाचलने उनको आदर भावसे पूजा तब वहमुनि थोड़ेही अक्षरोंको शीघ्रतासे कहते भये ४१० कि हे हिमाचल साक्षात् ईश्वर महादेवजी तेरी कन्याको मांगते हैं इसनिमित्त तू शीघ्रही अपनी आत्माको पवित्र करले यह देवताओं का कार्य प्राप्तहोरहाहै जगत्के उद्धार करने के निमित्त तुझको यहकार्य्य करना उचितहै यह वचन सुनकर वह हिमाचल बड़ा प्रसन्नहोकर बोला और शिवजी की प्रार्थना करताहुआहोकर अच्छे प्रकारसे उत्तर न देसका तब स्नेहसे विह्वलहुई मेना स्त्रीमुनियोंको प्रणाम करके बोली ४११।४१४ अर्थात् अपनी पुत्रीके हितसे मेनाकहनेलगी कि जिस प्रयोजनकेलिये मेरी पुत्रीका जन्महै वही प्रयोजन अब आपही प्राप्तहोरहा है मेरीपुत्रीका वर प्रथम देवताभी मांगतेथे औरमेरी पुत्री तपकररही है सो उसके तपकी समाप्ति कैसेहोवेगी जोकुछमेरी पुत्री को करनायोग्यहै सो आपकहिये ऐसे कहेहुए वह सप्तऋषि उस हिमाचलकी स्त्री को प्रसन्नकरने के निमित्त यह वचन बोले कि शिवजीका ऐश्वर्य्य अतुलहै शिवजी के चरणोंको सबमुनि आराधन करते हैं जिसका उपयोगी जो रूप होता है वह उसी रूपको प्राप्त होजाता है ४१५।४२० तेरी पुत्री बालक है तो भी घोरतपको करती है और उसका व्रत भी दिव्यहै इसलिये वह जिस जगह चित्त लगारही है उसका वही मनोरथ सिद्ध होजायगा ऐसा कहकर वहसप्तऋषि हिमाचलको साथलेकर पार्वतीके पासजातेभये ४२१।४२२ तब सूर्य्यके समान कान्तिवाली तपकी पुजवाली पार्वतीको वह मुनि मधुर २ वचन कहनेलगे कि हेपुत्री रमणीक प्रिय और मनो-

दह। प्रातस्तेशङ्करःपाणिमेषपुत्रि! ग्रहीष्यति ४२४ वयमर्थितवन्तस्ते पितरंपूर्वमाग
ताः। पित्रासहगृहङ्गच्छ वयंयामस्वमन्दिरम् ४२५ इत्युक्तातपसःसत्यं फलमस्तीति
चिन्त्यसा। त्वरमाणाययौवेश्म पितुर्दिव्यार्थशोभितम् ४२६ सातत्ररजनींमेने वर्षा
युतसमांसतीम्। हरदर्शनसञ्जात महोत्कण्ठाहिमाद्रिजा ४२७ ततोमुहूर्तेब्राह्मेतु त
स्याश्चक्रुःसुरस्त्रियः। नानामङ्गलसन्दोहान्यथावत्क्रमपूर्वकम् ४२८ दिव्यमण्डनमङ्ग
नां मन्दिरेबहुमङ्गले। उपासतगिरिंमूर्ता ऋतवःसार्वकामिकाः ४२९ वायवोवारिदा
श्चासन् संमार्जनविधौगिरेः। हर्म्येषुश्रीःस्वयंदेवी कृतनानाप्रसाधना ४३० कान्तिः
सर्वभूतानां ब्रह्मात्रैलोक्यपूजितः ६ तयोस्तद्वचनंश्रुत्वा विप्रोऽभ्याहृतयोगवित्। त्रीनि मान्कृतवान्लोकान्यथेयंब्रह्मणःश्रुतिः ७ पुत्रञ्चसम्भवेचैकं समुत्पादितवानृषिः। तस्या ग्रेवाग्यतस्तस्थौ ब्रह्माणमजमव्ययम् ८ सोत्पन्नमात्रोब्रह्माणमुक्तवान्मानसःसुतः। किं कुर्मस्तवसाहाय्यं ब्रवीतुभगवानृषिः९ (ब्रह्मोवाच) यएषकपिलोब्रह्म नारायणमयस्तथा। वदतेभवतस्तत्वं तत्कुरुष्वमहामते! १० ब्रह्मणस्तुतदर्थंतु तदाभूयःसमुत्थितः। शुश्रूषु रस्मियुवयोः किंकरोमिकृताञ्जलिः ११ (श्रीभगवानुवाच) यत्सत्यमक्षरंब्रह्मन्! अष्टा दशविधन्तुतत्। यत्सत्यंयदृतंतत्तु परंपदमनुस्मर १२ एतद्वचोनिशम्यैवययौसदिशमुत्त राम्। गत्वाचतत्रब्रह्मत्वमगमतज्ज्ञानतेजसा १३ ततोब्रह्माभुवन्नामद्वितीयमसृजत्प्रभुः। सङ्कल्पयित्वामनसा तमेवचमहात्मना १४ तत सोऽथब्रवीद्वाक्यं किंकरोमिपितामह! पितामहसमाज्ञातो ब्रह्माणंसमुपस्थितः १५ ब्रह्माभ्यासन्तुकृतवान् भुवश्चपृथिवींगतः। प्राप्तश्चपरसंस्थानं सतयोःपार्श्वमागतः १६ तस्मिन्नपिगतेपुत्रे तृतीयमसृजत्प्रभुः। सां ख्यप्रवृत्तिकुशलं भूर्भुवंनामतोविभुम् १७ गोपतित्वंसमासाद्य तयोरेवागमद्गतिम्। एवं पुत्रास्त्रयोऽप्येते उक्ताःशम्भोर्महात्मनः १८ तान्गृहीत्वासुतांस्तस्य प्रयातःस्वार्जिताङ्ग तिम्। नारायणश्चभगवान् कपिलश्चयतीश्वरः १९ यत्कालन्तौगतौमुक्तौ ब्रह्मातंकाल मेवहि। ततोघोरतमम्भूयः संश्रितःपरमंव्रतम् २० नरेमेऽथततोब्रह्माप्रभुरेकस्तपश्चरन्।

करतेहीहुए आये फिर महर्षियों से पूजित परावर ज्ञानके ज्ञाता यह दोनों महात्मा ब्रह्माजी से बोले तब आत्मसमाधिमें दृढस्थितहुए सबलोकों के पूज्य ब्रह्माजी उनके वचनको सुनकर व्याहृति के ज्ञाताहोकर श्रुतिके अनुसार इन तीनोंलोकों को रचतेभये ३। ७ ब्रह्माने अपने मनसे एक पुत्र उत्पन्न किया वह पुत्र जन्मतेही ब्रह्माके समीप आकर यह कहताभया कि मैं आपकी कौनसी सहायताकरूं ८। ९ ब्रह्माजी बोले कि यह नारायण स्वरूपी कपिलाचार्य्य ब्राह्मण जो तुमको शिक्षाकरे वही तुमभीकरो १० फिर वह ब्रह्माका पुत्र अंजली बांध उन दोनों ब्राह्मणों के आगे खड़ाहोकर कहनेलगा कि मुझको कुछ आज्ञादीजिये ११ तब श्रीभगवान् कहतेभये कि जो सत्यहै और अठारह प्रकारका अक्षरहै उस परमपदको स्मरणकर १२ यह वचनसुनतेही वह ब्रह्माका पुत्र उत्तर दिशामें जाताभया वहां जाकर अपने ज्ञानके तेजसे ब्रह्मभावको प्राप्त होताभया १३ तब ब्रह्माजी भुवनाम वाले दूसरे पुत्रको अपने मनसे रचतेभये वह पुत्रभी ब्रह्माजी से बोला कि मैं क्याकरूं ब्रह्माजी ने कहा कि इन दोनों ब्राह्मणों से पूछो यह सुनकर वह उन ब्राह्मणों के पासजाकर उनकी आज्ञासे पृथ्वी में प्राप्तहोकर परमस्थानको प्राप्तहोगया फिर ब्रह्माजीने भूर्भुवः नामवाले सांख्यशास्त्रके ज्ञाता तीसरे पुत्रको रचा वहभी ब्रह्माजी से पूछ उन्हीं दोनोंके समीप जाताभया इस प्रकारसे यह तीन पुत्र ब्रह्माजी के कहे हैं १४। १८ नारायण भगवान् और कपिलमुनि यह दोनों ब्रह्माजी के तीनों पुत्रों को ग्रहणकरके अपने स्थानमें आतेभये १९ जिस कालमें वह नारायण और कपिलमुनि गमनकरतेभये उसी समय ब्रह्माजी घोर तपकरने का प्रारंभकरतेभये जब तपकरतेहुए अकेले ब्रह्माजी प्रसन्न

शरीरात्तांततोभार्यां समुत्पादितवान्शुभाम् २१ तपसातेजसाचैव वर्चसानियमेनच।
सदृशीमात्मनोदेवीं समर्थांलोकसर्जने २२ ततोजगादत्रिपदाङ्गायत्रींवेदपूजिताम्। सृ
जन्प्रजानांपतयः सागरांश्चासृजद्विभुः २३ ततोजगादत्रिपदाङ्गायत्रींवेदपूजिताम्।
अपरांश्चैवचतुरोवेदान् गायत्रिसम्भवान् २४ आत्मनःसदृशान्पुत्रानसृजद्वैपितामहः।
विश्वेप्रजानांपतयो येभ्योलोकाविनिःसृताः २५ विश्वेशंप्रथमंतावन्महातापसमात्मज
म्। सर्वमन्त्रहितंपुण्यं नाम्नाधर्मंससृष्टवान् २६ दक्षंमरीचिमत्रिञ्च पुलस्त्यंपुलहंक्र
तुम्। वसिष्ठंगौतमञ्चैव भृगुमङ्गिरसम्मनुम् २७ अथैवाद्भुतमित्येते ज्ञेयाःपैतामहर्षयः।
त्रयोदशगुणंधर्ममालभन्तमहर्षयः २८ अदितिर्दितिर्दनुःकाला अनायुःसिंहिकामुनिः।
ताम्राक्रोधाथसुरसा विनताकद्रुरेवच २९ दक्षस्यापत्यमेतावै कन्याद्वादशपार्थिव!। म
रीचेःकश्यपःपुत्रस्तपसानिर्मितःकिल ३० तस्मैकन्याद्वादशान्या दक्षस्ताःप्रददौतदा। न
क्षत्राणिचसोमाय तदावैदत्तवानृषिः ३१ रोहिण्यादीनिसर्वाणि पुण्यानिरविनन्दन!।
लक्ष्मीमरुत्वतीसाध्या विश्वेशाचमताशुभा ३२ देवीसरस्वतीचैव ब्रह्मणानिर्मिताःपुरा।
एताःपञ्चवरिष्ठावै सुरश्रेष्ठायपार्थिव! ३३ दत्ताभद्रायधर्माय ब्रह्मणादृष्टकर्मणा। यारूपा
र्द्धवतीपत्नी ब्रह्मणःकामरूपिणी ३४ सुरभिःसाहिताभूत्वा ब्रह्माणंसमुपस्थिता। ततस्ता
मगमद् ब्रह्मा मैथुनंलोकपूजितः ३५ लोकसर्जनहेतुज्ञो गवामर्थायसत्तमः। जज्ञिरेचसु
तास्तस्यां विपुलाधूमसन्निभाः ३६ नक्तसन्ध्याभ्रसङ्काशाःप्रादहंस्तिग्मतेजसः। तेरुद

चित्तसे नहीं रहे तब अपने शरीरसे एक उत्तमस्त्रीको रचतेभये २०।२१ वह देवी स्त्री अपने तपतेज और नियमोंकरके ब्रह्माजीके समानहोकर संसाररचनेमें समर्थहोतीभई तब उस त्रिपदागायत्रीको बोलकर ब्रह्माजी प्रजापतियों और समुद्रोंको रचतेभये २२।२३ और उसी त्रिपदा गायत्रीको बोलकर चारों वेदोंकोभी रचतेभये इसके पीछे ब्रह्माजी अपनेसमान उनप्रजापति पुत्रोंकोरचतेभयेजिन से कि यहलोक उत्पन्नहुएहैं२४।२५ प्रथम तो महातपस्वी विश्वेश नामवाले प्रजापतिको रचा फिर सवमंत्रोंमें निपुणपवित्र धर्मनाम पुत्रकोरचा इसकेअनन्तर ब्रह्माजी दक्ष,मरीचि,अत्रि,पुलस्त्य,पुलह, क्रतु,वसिष्ठ,गौतम,भृगु,अंगिरा और मनु इनसबको उत्पन्न करतेभये श्रेष्ठ ऋषिलोगोंने धर्म के तरह गुण कहेहैं २६।२८ और अदिति,दिति,दनु,काला,अनायु,सिंहिका,मुनि,ताम्रा,क्रोधा,सुरसा,विनता, और कद्रू यह बारहकन्या दक्षके उत्पन्न हुईहैं मरीचि ऋषिने अपने तेजसे कश्यपनाम पुत्र उत्पन्न किया उन कश्यपजी के अर्थ दक्ष अपनी बारहपुत्रियोंको विवाहकरके देताभया और रोहिणी आदि सत्ताईस नक्षत्र नाम कन्याओंको चन्द्रमाके अर्थ देताभया और लक्ष्मी,मरुत्वती,साध्या,विश्वेशा,स रस्वती देवी यह पांचकन्या ब्रह्माजीने रचीं इनपांचोंको उत्तमकर्मवाले धर्मराजके अर्थ विवाहकरके दिया और जो रूपार्द्धवती नाम उत्तम ब्रह्माजीकी पत्नी है वह सुरभि गौका रूप धारणकरके ब्रह्मा के समीप में खड़ीहोतीभई तब लोकोंसे पूजितहुए ब्रह्माजी संसाररचनेके निमित्त गौओं के उपका रार्थ उस सुरभिसे मैथुन करतेभये फिर उस सुरभिसे धूम्रवर्णवाले बहुतसे पुत्र उत्पन्न होतेभये

न्तोद्रवन्तंश्च गर्हयन्त पितामहम् ३७ रोदनाद्द्रवणाच्चैव रुद्राइतिततःस्मृताः। निर्ऋ
तिश्चैवशम्भुर्वै तृतीयश्चापराजितः ३८ मृगव्याधःकपर्दीच दहनोऽथखरश्चवै। अहिर्बु
ध्न्यश्चभगवान् कपालीचापिपिङ्गलः ३९ सेनानीश्चमहातेजा रुद्रास्त्वेकादशस्मृताः।
तस्यामेवसुरभ्यांच गावोयज्ञेश्वराश्चवै ४० प्रकृष्टाश्चतथामायाः सुरभ्याःपशवोऽक्षराः।
अजाश्चैवतुहंसाश्चतथैवामृतमुत्तमम् ४१ ओषध्यःप्रवरायाश्चसुरभ्यास्ताःसमुत्थिताः।
धर्माल्लक्ष्मीस्तथाकामंसाध्यासाध्यान्व्यजायत ४२ भवञ्चप्रभवञ्चैवहीशञ्चासुरहंतथा।
अरुण्यंचारुणिञ्चैव विश्वावसुबलध्रुवौ ४३ हविष्यञ्चवितानञ्चविधानशमितावपि।
वत्सरञ्चैवभूतिञ्च सर्वासुरनिषूदनम् ४४ सुपर्वाणंबृहत्कान्तिःसाध्यालोकनमस्कृता।
तमेवानुगतादेवी जनयामाससेवसुरान् ४५ वरंवैप्रथमन्देवं द्वितीयंध्रुवमव्ययम्। विश्वा
वसुंतृतीयञ्च चतुर्थंसोममीश्वरम् ४६ ततोऽनुरूपमायश्च यमस्तस्मादनन्तरम्। सप्तम
ञ्चतथावायु मष्टमन्निर्ऋतिवसुम् ४७ धर्मस्यापत्यमेतद्वै सुदेव्यांसमजायत। विश्वेदेवा
श्चविश्वायां धर्माज्जाताइतिश्रुतिः ४८ दक्षश्चैवमहाबाहुः पुष्करस्वनएवच। चाक्षुष
स्तुमनुश्चैव तथामधुमहोरगौ ४९ विश्वान्तश्चवसुर्बाल्हा विष्कम्भश्चमहायशाः। गरु
डश्चातिसत्वौजा भास्करप्रतिमद्युतिः ५० विश्वान्देवान्देवमाता विश्वेशाजनयत्सुता
न्। मरुत्वतीमरुत्वतो देवानजनयत्सुतान् ५१ अग्निचक्षूरविर्ज्योतिः सावित्रंमित्रमे
वच। अमरंशरवृष्टिञ्च सुकर्षञ्चमहाभुजम् ५२ विराजञ्चैववाचञ्च विश्वावसुमतिंतथा।

३९। ३६ रात्रि और संध्यासमय के बादलों के समान वर्णयुक्त तेजवाले वहसब पुत्र रोतेहुए ब्रह्मा
जी की निन्दा करतेभाजे इसीसे रोदनकरने और भाजने से उनको रुद्रकहते भये उनके नामयह हैं
निर्ऋति १ शंभु २ अपराजित ३ मृगव्याध ४ कपर्दी ५ दहन ६ खर ७ अहिर्बुध्न्य ८ कपाली ९ पिं-
गल १० और महातेजयुक्त सेनानी यह ग्यारह ११ रुद्रकहे हैं और उसी सुरभि गौ में यज्ञेश्वरी गौ
उत्पन्न होतीभई प्रकृष्टमाया पशु बकरी हंस और उत्तम २ औषधी यहसबभी उसी सुरभि गौ से उ-
त्पन्न होतीभई और धर्म से लक्ष्मी स्त्री में कामनाम पुत्र उत्पन्न होताभया साध्य स्त्री साध्य नाम
देवताओंको उत्पन्न करतीभई ३७। ४२ भव, प्रभव, अहीश, असुरहन्ता, अरुण्य, अरुणि, विश्वावसु, बल
ध्रुव, हविष्य, वितान, विधान शमित, वत्सर भूति, और सुपर्वा इनसबको साध्यास्त्री धर्म के सकाश
से उत्पन्न करती भई और धर्मकेही सकाशसे सरस्वती देवी देवताओंको जनतीभई वर १ ध्रुव २ वि
श्वावसु ३ सोम ४ ईश्वर ५ और महामायासेयुक्त अपने समानरूपवाले छठेपुत्र धर्मको सातवेंवायुको
और आठवें नैर्ऋतिवसु को धर्म उत्पन्न करतेभये यह सबतो धर्मकी संतानहुई और विश्वास्त्रीमें धर्म
के सकाशसे विश्वेदेवा उत्पन्न भये हैं यह सुनाजाताहै ४३। ४८ महाभुजावाला दक्ष पुष्कर स्वन म-
धुमहोरग चाक्षुपमुनि विश्वन्त, वसु, विष्कंभ, महायशा, अतुलपराक्रमी सूर्य्य के समान कान्तिवाले
गरुड़ इत्यादिनामोंसे प्रसिद्धहुए विश्वेदेवोंको विश्वेशा जनतीभई मरुत्वती मरुद्गण संज्ञक देवताओं
को जनती भई ४९। ५१ अग्नि, चक्षु, रवि, ज्योति, सावित्र, मित्र, अमर, शरवृष्टि, सुकर्ष, महाभुज, ५२

अश्वमित्रंचित्ररश्मिन्तथानिषधनंनृप ! ५३ हूयन्तंवाडवञ्चैव चारित्रंमन्दपन्नगम्। बृ
हन्तंवैबृहद्रूपं तथावैपूतनानुगम् ५४ मरुत्वतीपुराजज्ञे एतान्वैमरुतान्गुणान्। अदितिः
कश्यपाज्जज्ञे आदित्यान्द्वादशैवहि ५५ इन्द्रोविष्णुर्भगस्त्वष्टा वरुणोह्यर्यमारविः। पू
षामित्रश्चधनदो धातापर्जन्यएवच ५६ इत्येतेद्वादशादित्या वरिष्ठास्त्रिदिवौकसः। आ
दित्यस्यसरस्वत्यां जज्ञातेद्वौसुतौवरौ ५७ तपःश्रेष्ठौगुणिश्रेष्ठौ त्रिदिवस्यापिसम्मतौ।
दनुस्तुदानवान्जज्ञे दितिर्दैत्यान्व्यजायत ५८ कालातुवैकालकेया नसुरान्राक्षसांस्तु
वै। अनायुषायास्तनया व्याधयःसुमहाबलाः ५९ सिंहिकाग्रहमातावै गन्धर्वजननीमुनिः
ताम्रात्वप्सरसांमाता पुण्यानांभारतोद्भव ! ६० क्रोधायाःसर्वभूतानि पिशाचाश्चैवपार्थि
व ! । जज्ञेयक्षगणांश्चैव राक्षसांश्चविशाम्पते ! ६१ चतुष्पदानिसत्वानि तथागावस्तुसु
रसाः। सुपर्णान्पक्षिणश्चैव विनताचाप्यजायत ६२ महीधरान्सर्वनागान् देवीकद्रूर्व्य
जायत। एवंवृद्धिंसमगमन् विश्वेलोकाःपरन्तप ! ६३ तदावैपौष्करोराजन् ! प्रादुर्भावो
महात्मनः। प्रादुर्भावःपौष्करस्ते मयाद्वैपायनेरितः ६४ पुराणःपुरुषश्चैव मयाविष्णुर्ह
रिः प्रभुः। कथितस्तेऽनुपूर्वेण संस्तुतःपरमर्षिभिः ६५ यश्चेदमग्र्यंश्रृणुयात्पुराणं सदा
नरःपर्वसुगौरवेण। अवाप्यलोकान्सहिवीतरागः परत्रचस्वर्गफलानिभुङ्क्ते ६६ चक्षु
षामनसावाचा कर्म्मणाचचतुर्विधम्। प्रसादयतियःकृष्णं तंकृष्णोऽनुप्रसीदति ६७

विराजवाच,विश्वावसु,मति,अश्वमित्र,चित्ररश्मि,निषधन ५३ हूयन्त,वाडव,चारित्र,मन्दपन्नग,बृहन्त, बृहद्रूप और पूतनानुग ५४ इन नामोंवाले मरुद्गण हैं और कश्यपके सकाशसे अदिति बारह आदित्यों को जनती भई ५५ इन्द्र, विष्णु, भग, त्वष्टा, वरुण, अर्य्यमा, रवि, पूषा, मित्र, धनद, धाता, पर्जन्य यह बारह आदित्य स्वर्गवासियों में उत्तम हैं आदित्य के सरस्वती के प्रभाव से दो पुत्र उत्पन्न होतेभये वह दोनों श्रेष्ठतपवाले और उत्तमगुणवाले होतेभये दनुके कश्यपके प्रभाव से दानव होतेभये दितिके दैत्यहुए ५६।५८ कालास्त्री कालकेय संज्ञक दैत्योंको और राक्षसोंको जनती भई अनायुषास्त्रीके महाबल वाली व्याधि होतीभई सिंहिकास्त्री ग्रहमाता और पूतना इनकोजनती भई मुनि नाम स्त्रीके गन्धर्व उत्पन्न होतेभये ताम्रास्त्री के अप्सरा उत्पन्नहुईं क्रोधास्त्री के प्रेतपिशाच यक्ष और राक्षस भी उत्पन्न होतेभये ५९।६१ सुरसा स्त्री के चतुष्पदपशु और गौ होतीभईं विनता स्त्रीके गरुड़ और सब पक्षी होतेभये ६२ कद्रूस्त्रीके सब पर्व्वत और सर्प यह उत्पन्न होतेभये इस प्रकारसे यह सब लोक वृद्धिको प्राप्त होताभया ६३ हे राजन् इसप्रकार विष्णुभगवान्से पुष्कर नाम कमल उत्पन्न हुआ है उस कमलमें जो सृष्टि हुई है उसको पद्मसृष्टि कहते हैं यह मैंने तेरे आगे पुराण पुरुष विष्णुभगवान्का वर्णन कर दियाहै इसरीतिसे सब ऋषि इस आदि पुराण विष्णुभगवान्की स्तुति करते हैं ६४।६५ जो पुरुष इस उत्तम पुराणको विशेषकरके पर्व्वसम्बन्धी दिनोंमें सुनता है वह इस संसारमें सब सुखोंको भोगकर अन्त समय स्वर्गमें प्राप्त होताहै ६६ जो पुरुष नेत्र मन और वाणीकरके श्रीकृष्णजीको प्रसन्न करताहै उसके ऊपर श्रीकृष्ण भगवान् कृपा करते

राजाचलभतेराज्यमधनश्चोत्तमन्धनम्। क्षीणायुर्लभतेचायुः पुत्रकामःसुतन्तथा ६८ य
ज्ञावेदास्तथाकामास्तपांसिविविधानिच। प्राप्नोतिविविधंपुण्यं विष्णुभक्तोधनानिच ६९
यद्यत्कामयतेकिञ्चित् तत्तल्लोकेश्वराद्भवेत्। सर्वंविहाययइमं पठेत्पौष्करकंहरेः ७० प्रादु
र्भावंनृपश्रेष्ठ! नतस्यह्यशुभंभवेत्। एषपौष्करकोनाम प्रादुर्भावोमहात्मनः। कीर्तितस्ते
महाभाग! व्यासश्रुतिनिदर्शनात् ७१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः १७०॥

(मत्स्य उवाच) विष्णुत्वंशृणुविष्णोश्च हरित्वञ्चकृतेयुगे। वैकुण्ठत्वञ्चदेवेषु कृष्ण
त्वंमानुषेषुच १ ईश्वरस्यहितस्यैषा कर्म्मणांगहनागतिः। संप्रत्यतीतान्भव्यांश्च शृणु
राजन्! यथातथम् २ अव्यक्तोव्यक्तलिङ्गस्थो यएषभगवान्प्रभुः। नारायणोह्यनन्ता
त्मा प्रभवोऽव्ययएवच ३ एषनारायणोभूत्वा हरिरासीत्सनातनः। ब्रह्मावायुश्चसोम
श्च धर्म्मःशक्रोबृहस्पतिः ४ अदितेरपिपुत्रत्वं समेत्यरविनन्दन!। एषविष्णुरितिख्यात
इन्द्रस्यावरजोविभुः ५ प्रसादजंह्यस्यविभोरदित्याःपुत्रकारणम्। बधार्थंसुरशत्रूणां दैत्य
दानवरक्षसाम् ६ प्रधानात्मापुराह्येष ब्रह्माणमसृजत्प्रभुः। सोऽसृजत्पूर्वपुरुषः पुराक
ल्पेप्रजापतीन् ७ असृजन्मानवांस्तत्र ब्रह्मवंशाननुत्तमान्। तेभ्योऽभवन्महात्मभ्यो बहु
धाब्रह्मशाश्वतम् ८ एतदाश्चर्यभूतस्य विष्णोःकर्मानुकीर्तनम्। कीर्तनीयस्यलोकेषुकी

है ६७ राजा तो राज्यको प्राप्त होताहै निर्धनको धनकी प्राप्तिहोती है क्षीण आयुवाला दीर्घायुको प्राप्त होताहै और पुत्रकी इच्छावाले के पुत्र उत्पन्न होताहै ६८ यज्ञ वेद काम तप अनेक प्रकारके धन, अनेक प्रकारके पुण्य इन सब पदार्थोंकी प्राप्ति विष्णुके भक्तको होजाती है ६९ जो २ मनसे विचारता है वही उसको प्राप्त होजाताहै हेराजन् जो पुरुष सब वस्तुओंको त्यागकर इस कमल की उत्पत्तिको सुनता है उसके कभी दुःख नहीं होताहै हेमहाभाग इस प्रकार करके विष्णुजी से कमल की उत्पत्ति हुई है सोवे दव्यासजीकी श्रुतिके अनुसार तेरे आगे वर्णन करदी है ७०।७१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः १७०॥

मत्स्यजी बोले कि विष्णुभगवान्को सत्ययुगमें हरि कहते हैं देवताओंमें वैकुंठ कहते हैं मनुष्यों में श्रीकृष्ण कहते हैं १ ईश्वरके हितके निमित्त कर्मोंकी गहरगति कही है हे राजन् अब बीते हुए और आगे होने वाले विष्णुके अवतारोंको सुन २ अव्यक्त विष्णुभगवान् व्यक्तलिंगमें स्थित होकर नारायणनामसे प्रसिद्धहोतेहैं और अनंतात्मा अविनाशीप्रभु कहातेहैं ३ फिरनारायणहोके वायु सोम इन्द्र धर्म और बृहस्पति इनअपनेरूपोंकोबनाताहै और अदिति केभी पुत्र विष्णुहुएहैं इसीसे उनको इन्द्रके छोटेभाईउपेन्द्र और वामनकहते हैं वही देवताओंकेशत्रु दैत्यदानव और राक्षसादिके मारनेके निमित्त अवतारहुएहैं ४।६ प्रथमयह प्रधानात्मानारायण ब्रह्माको रचतेभये ब्रह्माजीने उत्तमप्रजापति-योंको और मनुओं को रचा इन्हीं महात्माओं से बहुत प्रकारका संसार फैलतागया इस प्रकारसे आश्चर्यसे उत्पन्नहुए विष्णुके इनकर्मोंका वर्णनकियाहै अबलोकमेंजो कीर्त्तन करनेके योग्य माहा-

त्यमानंनिबोधमे ६ वृत्तेस्त्रवधेतत्र वर्तमानेकृतेयुगे । आसीत्त्रैलोक्यविख्यातः संग्राम स्तारकामयः १० यत्रतेदानवाघोराः सर्वेसंग्रामदुर्जयाः । घ्नन्तिदेवगणान्सर्वान् सयक्षो रगराक्षसान् ११ तेवध्यमानाविमुखाः क्षीणप्रहरणारणे । त्रातारंमनसाजग्मुर्देवंनाराय णंप्रभुम् १२ एतस्मिन्नन्तरेमेघा निर्वाणाङ्गारवर्चसः । सार्कचन्द्रग्रहगणञ्छादयन्तोन भस्तलम् १३ वेणुविद्युद्गणोपेता घोरनिह्लादकारिणः । अन्योन्यवेगाभिहताः प्रववुःसप्त मारुताः १४ दीप्ततोयाशनिघनैर्वज्रवेगानलानिलैः । रवैःसुघोरैरुत्पातैर्दह्यमानमिवा म्बरम् १५ ततउल्कासहस्राणि निपेतुःखगतान्यपि । दिव्यानिचविमानानि प्रपतन्त्यु त्पतन्तिच १६ चतुर्युगान्तेपर्याये लोकानांयद्भयंभवेत् । अरूपवन्तिरूपाणि तस्मिन्नुत्पा तलक्षणे १७ जातञ्चनिष्प्रभंसर्वं नप्राज्ञायतकिञ्चन । तिमिरौघपरिक्षिप्तानरेजुश्चदिशो दश १८ विवेशरूपिणीकाली कालमेघावगुण्ठिता । द्यौर्नभात्यभिभूतार्को घोरेणतमसा वृता १९ तान्घनौघान्सतिमिरान् दोर्भ्यामाक्षिप्यसप्रभुः । वपुःस्वन्दर्शयामास दिव्यंकृ ष्णवपुर्हरिः २० वलाहकाञ्जननिभं वलाहकतनूरुहम् । तेजसावपुषाचैव कृष्णंकृष्ण मिवाचलम् २१ दीप्तपीताम्बरधरं तप्तकाञ्चनभूषणम् । धूमान्धकारवपुषं युगान्ताग्नि मिवोत्थितम् २२ चतुर्द्विगुणपीनांसङ्किरीटच्छन्नमूर्द्धजम् । बभौचामीकरप्रख्यैरायुधैरु

त्यहै उसकोभी मुझसे श्रवण कर ७।९ सत्ययुगमें त्रिलोकी में विख्यात वृत्रासुरके वधके विषयमें तारकामयनाम युद्ध होताभया उस युद्धमें सब दानवलोग महाघोर पराक्रमी और दुर्जय होतेभये और देवताओं के गणों समेत सब यक्ष राक्षसादिकों के मारने वाले होते भये १० । ११ फिर वह सब देवता यक्षराक्षसादिक दानवोंसे पराजित होकर विमुखहो अपनेमनसे हारमान प्रभुनारायण- जीकी शरणमें जातेभये और वहबुझेहुए अँगारके समान शरीरधारी दानव मेघ चन्द्रमा और सू- र्य्यादिक सबग्रहोंको आच्छादित करतेहुए आकाशकोभी व्याप्तकरलेतेभये १२।१३ और बिजलियों सेयुक्त घोरशब्दोंके करनेवाले बड़े२ मेघ वर्षाकरनेलगे तब परस्परके वेगोंसे हतहुए सब वायुचलने लगे १४ उस समय दीप्तहुई बिजली मेघ और वायु इनसबके घोरशब्दोंसे ऐसा उत्पात होताभया मानों आकाशभर भस्महोजायगा १५ फिर हज़ारों तारे टूटनेलगे और दिव्य२ विमानभी आकाश में उछल२ कर पृथ्वीपर गिरतेभये उस समय ऐसा भयहोताभया मानो प्रलय कालही होरहाहै और उस भयंकर उत्पात में सबके रूपोंकी कान्ति दूरहोगई कुछभी नहीं दीखताभया अन्धकारके समूहसे आच्छादितहुई दशोंदिशाभी नहींदिखाई देनेलगीं १६।१८ उस कालके समान रूपधारण करनेवाली काली देवी आकाशमें प्रवेशकरतीभई तब आकाशके घोर अन्धकारसे सूर्य्यभी आच्छा- दितहोजातेभये १९ उससमय विष्णुभगवान् उन अन्धकारोंकेसमूहोंको अपनी भुजाओंसे दूरकर- के अपने दिव्यरूपको प्रकटकरतेभये २० मेघ और अंजनकेसमान कान्तिवाले पर्वतकेसमान वर्ण वाले अपने रूपको तेजसे प्रकाशित करतेभये २१ देदीप्त पीताम्बरधारी तप्त सुवर्ण के समान दिव्य आभूषणोंसे युक्त प्रलयकालीन अग्निसे उत्पन्नहुए धूम्रवर्ण बहुत बड़ेस्थूल स्कन्ध मुकुटसे आच्छा-

पशोभितम् २३ चन्द्रार्ककिरणोद्योतं गिरिकूटमिवोच्छ्रितम्। नन्दकानन्दितकरं शरा
शीविषधारिणम् २४ शक्तिचित्रफलोदग्रशङ्खचक्रगदाधरम्। विष्णुशैलं क्षमामूलं श्रीवृ
क्षंशार्ङ्गधन्विनम् २५ त्रिदशोदारफलदं स्वर्गस्त्रीचारुपल्लवम्। सर्वलोकमनःकान्तं स
र्वसत्वमनोहरम् २६ नानाविमानविटपन्तोयदाम्बुमधुस्रवम्। विद्याहङ्कारसाराढ्यं महा
भूतप्ररोहणम् २७ विशेषपत्रैर्निचितं ग्रहनक्षत्रपुष्पितम्। दैत्यलोकमहास्कन्धं मर्त्यलो
केप्रकाशितम् २८ सागराकारनिर्ह्रादं रसातलमहाश्रयम्। मृगेन्द्रपाशैर्विततं पक्षजन्तु
निषेवितम् २९ शीलार्थचारुगन्धाढ्यं सर्वलोकमहाद्रुमम्। अव्यक्तानन्तसलिलं व्य
क्ताहङ्कारफेनिलम् ३० महाभूततरङ्गौघं ग्रहनक्षत्रबुद्बुदम्। विमानगरुतव्याप्तं तोय
दाडम्बराकुलम् ३१ जन्तुमत्स्यजनाकीर्णं शैलशङ्खकुलैर्युतम्। त्रैगुण्यविषयावर्तं सर्व
लोकतिमिङ्गिलम् ३२ वीरवृक्षलतागुल्मं भुजगोत्कृष्टशैवलम्। द्वादशार्कमहाद्वीपं रुद्रै
कादशपत्तनम् ३३ वस्वष्टपर्वतोपेतं त्रैलोक्याम्भोमहोदधिम्। सन्ध्यासङ्ख्योर्मिसलिलं
सुपर्णानिलसेवितम् ३४ दैत्यरक्षोगणग्राहं यक्षोरगझषाकुलम्। पितामहमहावीर्य्यं सर्व
स्त्रीरत्नशोभितम् ३५ श्रीकीर्तिकान्तिलक्ष्मीभिर्नदीभिरुपशोभितम्। कालयोगिमहापर्व प्र
लयोत्पत्तिवेगिनम् ३६ तन्तुयोगमहापारं नारायणमहार्णवम्। देवाधिदेवंवरदं भक्तानां

वितकेश उत्तम२ शस्त्रोंसे शोभित चन्द्रमा और सूर्य्यकी किरणों से युक्त उन्नतपर्व्वतके शिखर समान आकार सर्पाकारबाणोंको धारण कियेहुए और शक्ति शंख चक्र औरगदाको धारणकिये विष्णुशैल अर्थात् भगवान्स्वरूपी पर्वत विदित होताभया उसी पर्वतमें श्रीवृक्षहुआ उस श्रीवृक्षमें देवताओंकाफलदेने वाला शार्ङ्गधनुषहोताभया २१।२५ स्वर्गकीस्त्रियां उसके उत्तमपत्तेबनीं इसप्रकारसे वह सबलोकों के मनका प्रकाशकरनेवाला और चित्तका आनंददेनेवाला होताभया २६ जिसमें अनेकप्रकारके विमान गुद्देहुए मेघोंकेजल मदजल झिग्नेकेसोतहुए विद्या और अहंकारादिक गोंदहोतेभये और सबप्रकार के भूतही उसपर अंकुरहोजातेभये २७ सर्वधर्मपत्रहुए ग्रहनक्षत्रादिक पुष्पहुए दैत्यलोग बड़े२स्कंध हुए ऐसा वह विष्णुशैल इसमर्त्यलोकमें प्रकाशित होताभया २८ समुद्र बिजली और रसातल इन सबका आश्रय होताहुआ सिंहरूप डालियोंसे विस्तृत यक्षरूप पक्षियोंसे सेवित शीलरूपी गन्धयुक्त नानावृक्षोंसे व्याप्त मायारूपी जलहोताभया और उस जलमें अहंकार झागहोताभया २९। ३० महाभूत तरंगहुए ग्रहनक्षत्र बुलबुलेहुए विमानपक्षीभये और उत्तम मनुष्यही उसके जीवजन्तु मत्स्य और शंखहुए त्रिगुण विषयिक भ्रमर अर्थात् जलका आवर्त्त सब लोक मकर मत्स्यहुए वृक्ष लता और गुच्छे इनके स्थानापन्न शूरवीरहुए सर्प सिवारहुए और बारहसूर्य्य महाद्वीप होतेभये ग्यारहरुद्र नगरहोतेभये अष्टवसु पर्व्वतहुए त्रिलोकी का जल महासमुद्रहुआ संध्यारूप लहरों से युक्त जलमें दैत्य और राक्षस ग्राहहुए यक्ष उरग बड़े२मत्स्यहुए ब्रह्माजी महापराक्रमहुए सब स्त्रियां रत्नहुईं श्री, कीर्ति, कान्ति, और लक्ष्मी यह सब नदियांहुईं महापर्व्वही उत्तम वेगवाले होतेभये इसप्रकारके सर्वांगोंसे वह विष्णु भगवान् महायोगी होतेभये ३१। ३६ फिर योगके पारगामी ना·

भक्तिवत्सलम् ३७ अनुग्रहकरंदेवं प्रशान्तिकरणंशुभम् । हयैश्वरथसंयुक्ते सुपर्णध्वजभू-
षिते ३८ ग्रहचन्द्रार्करचिते मन्दराक्षवरावृते । अनन्तरश्मिभिर्युक्ते विस्तीर्णेमेरुगह्व-
रे ३९ तारकाचित्रकुसुमे ग्रहनक्षत्रबन्धुरे । भयेष्वभयदंव्योम्नि देवादैत्यपराजिताः ४०
ददृशुस्तेस्थितंदेवं दिव्येलोकमयेरथे । तेकृताञ्जलयःसर्वे देवाःशक्रपुरोगमाः ४१ जय
शब्दंपुरस्कृत्य शरण्यंशरणङ्गताः । सतेषांतांगिरंश्रुत्वा विष्णुर्दैवतदैवतम् ४२ मनश्च
क्रेविनाशाय दानवानांमहामृधे । आकाशेतुस्थितोविष्णुरुत्तमंवपुरास्थितः ४३ उवाच
देवताःसर्वाः सप्रतिज्ञमिदंवचः । शान्तिंव्रजतभद्रंवोमाभैष्टमरुताङ्गणाः ! ४४ जितामे
दानवाःसर्वे त्रैलोक्यंपरिगृह्यताम् । तेतस्यसत्यसन्धस्य विष्णोर्वाक्येनतोषिताः ४५ दे
वाःप्रीतिंसमाजग्मुः प्राश्यामृतमनुत्तमम् । ततस्तमःसंहृतंतद्विनेशुश्चबलाहकाः ४६
प्रववुश्चशिवावाताः प्रशान्ताश्चादिशोदश । शुद्धप्रभाणिज्योतींषि सोमञ्चक्रुःप्रदक्षिणम्
४७ नविग्रहंग्रहाश्चक्रुः प्रशान्ताश्चापिसिन्धवः । विरजस्काभवन्मार्गा नाकवर्गादयस्त्र
यः ४८ यथार्थमूहुःसरितो नापिचुक्षुभिरेऽर्णवाः । आसंश्शुभानीन्द्रियाणि नराणामन्तरा
त्मसु ४९ महर्षयोवीतशोका वेदानुच्चैरधीयत । यज्ञेषुचहविःपाकं शिवमापचपावकः ५०
प्रवृत्तधर्माःसंवृत्ता लोकामुदितमानसाः । विष्णोर्दत्तप्रतिज्ञस्य श्रुत्वारिनिधनेगिरम् ५१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे एकसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः १७१ ॥

रायणस्वरूपी महार्णव देवदेव वरदायी भक्तोंपर दयालु अनुग्रहपूर्व्वक शान्तिकर्त्ता और रथमें वि-
राजमान गरुड़की ध्वजासे शोभितहुए विष्णु भगवानको देखतेभये ३७ । ३८ अर्थात् ग्रह चन्द्रमा
और सूर्य्यकी अनेक विस्तृत किरणोंसे शोभायमान सुमेरु पर्व्वत के समान गह्वर तारेरूपी पुष्पोंसे
अलंकृत अभय देनेवाले दिव्य रथमें बैठेहुए आकाशमार्ग में इन्द्रादिक देवताओंको विष्णु भगवान्
देखतेभये ३९।४१ उनको देखकर सब देवता अञ्जलीबाँधकर जयशब्दपूर्व्वक सब वृत्तान्त वर्णन
करतेभये तब उनके वचनोंको सुनकर विष्णु भगवान् महायुद्धमें दानवोंके मारनेकी इच्छा करतेभये
और आकाशमेंही स्थितहुए दिव्यशरीरको धारणकर प्रतिज्ञाकरके देवताओंसे यह वचन बोलतेभये
कि हे देवताओ तुम शान्तिरक्खो चित्तसे भयकोत्यागो ४२ । ४४ अबमैं इनदानवोंको विजय कर
ताहूं तुम्हीं लोग इसत्रिलोकीके राज्यके भोगोंको भोगना ऐसे विष्णु भगवान्के वचनोंको सुनकर
देवतालोग महाप्रसन्नहो अपने २ स्थानोंपर आकर अमृतपान करतभये इसके अनन्तर वह सब
अन्धकार भी नष्टहोगया मेघ विलीयमानहुए ४५ । ४६ सुन्दर वायु चलनेलगी दशोंदिशा शान्त
होगईं और सब तारागण शुद्ध कान्ति वालेहोकर चन्द्रमाकी प्रदक्षिणा करतेभये ४७ ग्रहोंका युद्ध
होना बन्दहुआ समुद्र शान्तहुए मार्गोंमेंसे धूलिका उड़ना बन्दहुआ और स्वर्गादिक तीनों लोकोंमें
शान्तिहोजातीभई ४८ नदियोंमें क्षोभ न रहा नारायणके भक्तोंकी इन्द्रियां निर्मलहुईं उत्तम महर्षि
जन बड़े उन्नत स्वरोंसे वेदोंका पाठकरनेलगे और यज्ञादिकोंमें अग्नि देवता शाकल्यादिहव्य पदार्थ
को अच्छी रीतिसे ग्रहण करतेभये सब संसार शान्तहोगये श्रेष्ठधर्म कर्मादिक प्रवृत्तहोगये और सब

(मत्स्य उवाच) ततोभयंविष्णुवचः श्रुत्वादैत्याश्चदानवाः। उद्योगविपुलंचक्रुर्युद्धायविजयायच १ मयस्तुकाञ्चनमयं त्रिनल्वायतमक्षयम्। चतुश्चक्रंसुविपुलं सुकल्पितमहायुगम् २ किङ्किणीजालनिर्घोषं द्वीपिचर्मपरिष्कृतम्। रुचिरंरत्नजालैश्च हेमजालैश्चशोभितम् ३ ईहामृगगणाकीर्णं पक्षिपङ्क्तिविराजितम्। दिव्यास्त्रतूणिरधरं पयोधरविनादितम् ४ स्वक्षंरथवरोदारं सूपस्थंगगनोपमम्। गदापरिघसंपूर्णं मूर्तिमन्तमिवार्णवम् ५ हेमकेयूरवलयं स्वर्णमण्डलकूवरम्। सपताकध्वजोपेतं सादित्यमिवमन्दरम् ६ गजेन्द्राभोगवपुषं क्वचित्केसरिवर्चसम्। युक्तमृक्षसहस्रेण समृद्धाम्बुदनादितम् ७ दीप्तमाकाशगंदिव्यं रथंपररथारुजम्। अध्यतिष्ठद्रणाकाङ्क्षी मेरुंदीप्तमिवांशुमान् ८ तारमुत्क्रोशविस्तारं सर्वंहेममयंरथम्। शैलाकारमसम्बाधं नीलाञ्जनचयोपमम् ९ कार्ष्णायसमयंदिव्यं लोहेषाबद्धकूवरम्। तिमिरोद्गारिकिरणं गर्जन्तमिवतोयदम् १० लोहजालेनमहता सगवाक्षेणदंशितम्। आयसैःपरिघैःपूर्णं क्षेपणीयैश्चमुद्गरैः ११ प्रासैःपाशैश्चविततैर्नरसंयुक्तकण्टकैः। शोभितंत्रासयानैश्च तोमरैश्चपरश्वधैः १२ उद्यन्तद्विषतांहेतोर्द्वितीयमिवमन्दरम्। युक्तंखरसहस्रेण सोऽध्यारोहद्रथोत्तमम् १३ विरोचनस्तुसंक्रुद्धो गदापाणिरवस्थितः। प्रमुखेतस्यसैन्यस्य दीप्तग्रहइवाचलः १४ युक्तंरथस

जीवमात्र प्रसन्नमन वालेहोगये इसरीतिसे विष्णु भगवान्के मुखसे शत्रुओंके नाशकरनेकीप्रतिज्ञा को सुनकर सब देवता चित्तसे परमानन्दको प्राप्तहोतेभये ४९। ५१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः१७१॥

मत्स्यजी बोले कि दैत्य और दानवलोग उस महाभयकारी विष्णुके वचनको सुनकर युद्धमें जीतनेके निमित्त बहुतसा उद्योग करतेभये १ उस समय मयनामदैत्य बारहसौ हाथ विस्तृत चारचक्र विस्तृतजुआ किंकिणी आदिक जालियों के शब्दोंसे युक्त गैंडेके चर्मसे महा सुन्दर रत्नोंसे भूषित सुवर्ण जालों से खचित पक्षियोंकी पंक्ति महासुशोभित दिव्य अस्त्रशस्त्रों से पूर्ण मेघकेसमान गर्जने वाला आकाश पर्य्यन्त उन्नतबुर्जियोंसे अलंकृत गदा मुसलों समेत मूर्त्तिमान समुद्रके समान सुवर्ण के मंडलवाला सुवर्णहीकी ध्वजापताकासे दिव्यरूप सूर्य्य समेत मन्दराचलकेसमान कान्तिवाला कालेसर्प सिंहादिके समान वर्णवाला और मेघकेसमान गर्जनेवाले बड़े २ जुड़ेहुए रीछोंसे युक्त ऐसे शत्रुओं के रथों के तोड़नेवाले देदीप्त उत्तमरथमें सवार होताभया ऐसे रथमें बैठाहुआ वह मयनाम दैत्य ऐसा विदित होताथा मानो सुमेरुपर्व्वतपर सूर्य्यही उदयहुआ है २। ८ और तारकासुरदैत्य एककोश ऊंचे ऐसे अति विस्तृत सुवर्णके रथमें बैठताभया जो कि नीले अंजनके समान लोहेसे जटित लोहेकेहीचक्र अन्धकारको दूरकरनेवाली कान्तिसे युक्त मेघके समान शब्दायमान दृढ़लोहे की जालियों से शोभित लोहेकेही मूसल मुद्गर भाले फाँसी कंटक कुल्हाड़े और फरसे इनसब शस्त्रों से पूर्ण शत्रुओंको दूसरेसूर्य्यके समान प्रतीत होनेवाला और हज़ारगधों से जुताहुआथा ९। १३ और विरोचन दैत्य क्रोधकरके हाथमें गदाको धारणकरके आताभया और वह विरोचन उसदैत्यकी सेना-

हस्तेण हयग्रीवस्तुदानवः। स्यन्दनंवाहयामास सपत्नानीकमर्दनः १५ व्यायतंकिष्कुसा
हस्तं धनुर्विस्फारयन्महत्। वाराहःप्रमुखेतस्थौ सप्ररोहइवाचलः १६ खरस्तुविक्षरन्द
र्पान्नेत्राभ्यांरोषजंजलम्। स्फुरद्दन्तोष्ठनयनं संग्रामंसोऽभ्यकांक्षत १७ त्वष्टात्वष्टगजं
घोरं यानमास्थायदानवः। व्यूहितुंदानवव्यूहं परिचक्रामवीर्यवान् १८ विप्रचित्तिवपु
श्चैव श्वेतकुण्डलभूषणः। श्वेतःश्वेतप्रतीकाशो युद्धायाभिमुखेस्थितः १९ अरिष्टोब
लिपुत्रश्च वरिष्ठाद्रिशिलायुधः। युद्धायाभिमुखस्तस्थौ धराधरविकम्पनः २० किशोर
स्त्वभिसंहर्षात् किशोरइतिचोदितः। सबलादानवाश्चैव सन्नह्यन्तेयथाक्रमम् २१ अभ
वद्दैत्यसैन्यस्य मध्येरविरिवोदितः। लम्बस्तुनवमेघाभः प्रलम्बाम्बरभूषणः २२ दैत्य
व्यूहगतोभाति सनीहारइवांशुमान्। स्वर्भानुरास्ययोधीतु दशनौष्ठेक्षणायुधः २३ हसं
स्तिष्ठतिदैत्यानां प्रमुखेसमहाग्रहः। अन्येहयगतास्तत्र गजस्कन्धगताःपरे २४ सिंह
व्याघ्रगताश्चान्ये वराहर्क्षेषुचापरे। केचित्खरोष्ट्रयातारः केचिच्छ्वापदवाहनाः २५ पति
नस्त्वपरेदैत्या भीषणाविकृताननाः। एकपादार्द्धपादाश्च ननृतुर्युद्धकाङ्क्षिणः २६ आ
स्फोटयन्तोबहवः क्ष्वेडन्तश्चतथापरे। हृष्टशार्दूलनिर्घोषा नेदुर्दानवपुङ्गवाः २७ तेगदा
परिघैरुग्रैः शिलामुसलपाणयः। बाहुभिःपरिघाकारैस्तर्जयन्तिस्मदेवताः २८ पाशैःप्रा

में अचलपर्व्वतके समान शोभित होताभया १४ हयग्रीवदैत्य हज़ारों दैत्योंको साथलेकरआया और हज़ारों हाथकी विस्तृत देहवाला वाराहदैत्य धनुषको चढ़ाये रथको हाँकता पर्व्वतकी समान युद्धमें स्थित होताभया खरदैत्य अभिमानके क्रोधपूर्व्वक नेत्रों से जल भाड़ता दाँत ओष्ठ और नेत्रोंको फड़काताहुआ युद्धमें प्राप्त होताभया १५। १७ त्वष्टादैत्य घोर मतवाले हाथीपर चढ़ाहुआ दानवों के समूहों में चक्रदेकर सब दानवोंको इकट्ठा करता भया श्वेतकुंडलों से विभूषितांग होकर विप्रचित्ति दैत्य भी युद्धमें आया बलिकापुत्र अरिष्टदैत्य पर्व्वतकी शिलाओंको ग्रहण कियेआया और वहां आकर पर्व्वतकी शिलाओंको फेंकताभया १८। २० और लंबनाम दैत्य सबसेना में ऐसे शोभितहुआ, जैसे मेघों के समूहों में उदयहुआ सूर्य्य होताहै किशोरदैत्य भी युद्धमेंआया अन्य २ बहुत से दैत्यभी कवचोंको धारणकरके युद्धमें आतेभये मेघके समान वर्णवाला वह लंबदैत्य भी सबसेना में ऐसा शोभितहुआ जैसे कुहरके समूहमें सूर्य्य प्रकाशित होरहाहो राहुदैत्यभी दाँत ओष्ठको चबाता आंखोंको चढ़ाताहुआ युद्धमेंआया २१। २३ यह महाग्रह राहुनाम दैत्य हँसकर सबदैत्यों के सन्मुख खड़ा होताभया और अन्यबहुतसे दैत्य घोड़ोंपर चढ़कर आतेभये कितनेही दैत्य हाथियोंपर सवारहोकर आये २४ कितनेहीसिंह और भेड़ियोंपर कितनेहीरीछों पर कितनेहीगधे ऊंट और श्वापदनाम पशुपर चढ़कर आये कोईविकराल मुखवाले भयंकर दैत्य पैदलही चलेआये उस समय एकपाद अर्द्धपाद वाले दैत्य युद्धकी इच्छाकरके नाचतेभये २५। २६ कितनेही प्रसन्न शार्दूलके समान शब्दकरतेहुए दैत्य अपनी भुजाओंको फड़कातेहुए युद्धमें आये २७ यह मूसल और शिलाधारी दैत्य अपनी महाकठोर भुजाओंसे ताड़नाकरतेभये २८ फांसी, भाला,

सैश्चपरिघैस्तोमरांकुशपट्टिशैः । चिक्रीडुस्तेशतघ्नीभिः शतधारैश्चमुद्गरैः २९ गण्डशैलैश्चशैलैश्च परिघैश्चोत्तमायसैः। चक्रैश्चदैत्यप्रवराश्चक्रुरानन्दितंबलम् ३० एतद्दानवसैन्यंतत्सर्वंयुद्धमदोत्कटम् । देवानभिमुखंतस्थौ मेघानीकमिवोद्धतम् ३१ तदद्भुतं दैत्यसहस्रगाढं वाय्वग्निशैलाम्बुदतोयकल्पम् । बलंरणौघाभ्युदयेऽभ्युदीर्णं युयुत्सयोन्मत्तमिवावभासे ३२ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेद्विसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः १७२ ॥

(मत्स्य उवाच) श्रुतस्तेदैत्यसैन्यस्य विस्तरोरविनन्दन ! । सुराणामपिसैन्यस्य विस्तरंवैष्णवंशृणु १ आदित्यावसवोरुद्रा अश्विनौचमहाबलौ । सबलाःसानुगाश्चैव सन्नह्यन्तयथाक्रमम् २ पुरुहूतस्तुपुरतो लोकपालःसहस्रदृक् । ग्रामणीःसर्वदेवानामारुरोहसुरद्विपम् ३ मध्येचास्यरथःसर्वपक्षिप्रवररंहसः । सुचारुचक्रचरणोहेमवज्रपरिष्कृतः ४ देवगन्धर्वयक्षौघैरनुयातःसहस्रशः । दीप्तिमद्भिःसदस्यैश्च ब्रह्मर्षिभिरभिष्टुतः ५ वज्रविस्फूर्जितोद्भूतैर्विद्युदिन्द्रायुधोदितैः । युक्तोवलाहकगणैः पर्वतैरिवकामगैः ६ यमारूढ़ःसभगवान् पर्यैतिसकलंजगत् । हविर्धानेषुगायन्ति विप्रामखमुखेस्थिताः ७ स्वर्गे शक्रानुयातेषु देवतूर्यनिनादिषु । सुन्दर्यःपरिनृत्यन्ति शतशोऽप्सरसाङ्गणे ८ केतुनानागराजेन राजमानोयथारविः । युक्तोहयसहस्रेण मनोमारुतरंहसा ९ सस्यन्दनवरोभा

मूसल, तोमर, अंकुश, पट्टिश, भल्ल, वरछी, और मुद्गर इनसब अस्त्र शस्त्रोंसे देवताओंको ताड़ना देतेभये २९ पर्व्वतकी शिला लोहेके मुद्गर औरचक्र इनशस्त्रोंको फेंकतेहुए सबदानव अपने२ बल कोबढ़ातेभये ३० यह सबदानवोंकी सेनायुद्ध में उत्साह और मदोंको प्रकट करके मेघोंके समूहों के समान इकट्ठीहोकर देवताओंके आगे स्थितहोतीभई ३१ इन हज़ारों दैत्योंकी यह अद्भुतसेना वायु अग्नि पर्व्वत जल औरमेघ इनसबके समान प्रकाशितहोतीभई यह संपूर्ण दैत्य युद्धमें मदोन्मत्तोंके समान आवतेभये ३२ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः १७२ ॥

मत्स्यजी बोले हेरविनन्दनतैंने दैत्योंकी सेनाका विस्तारसुना अबदेवताओंकीभी सेनाका विस्तार श्रवण करो १ बारह१२ आदित्य अष्ट८ वसु ग्यारह११ रुद्र औरदो२ अश्विनीकुमार यहसब अपने२ अनुचरों समेत कवचधारण करके युद्धमें आवतेभये २ और सब देवताओं का अधिपति सहस्राक्ष इन्द्र अपने ऐरावत हाथी परचढ़कर आया और इन्द्रका रथभी सबसेनाकेमध्यमें स्थित होताभया उस सुन्दर चक्र युक्त सुवर्ण वज्रादिसे खचित देवयक्ष और गन्धर्वोंसे व्याप्तब्रह्मऋषियोंसे स्तुतिमान पर्व्वताकार विद्युत मेघों से संयुक्त रथपर वह इन्द्र विराजमान होताभया उस समय यज्ञोंके मुख में स्थितहुए ब्राह्मण उसकी स्तुति करतेभये ३ । ७ स्वर्ग में अनेक प्रकारके बाजेबजे सैकड़ों अप्सरानाचीं तवउन सबके मध्यमें वहरथ ऐसा शोभितहुआ जैसे कि पर्व्वतपर सूर्य्यका उदयहोताहै उस रथमें मन और वायुके समान वेगवाले हज़ार घोड़े जुततेभये उस समय मातलि सारथी

ति गुप्तोमातलिनातदा। कृत्स्नःपरिवृतोमेरुर्भास्करस्येवतेजसा १० यमस्तुदण्डमुद्य
म्य कालयुक्तश्चमुद्गरम्। तस्थौसुरगणानीके दैत्यान्नादेनभीषयन् ११ चतुर्भिस्सागरैर्यु
क्तो लेलिहानैश्चपन्नगैः। शङ्खमुक्ताङ्गदधरो बिभ्रत्तोयमयंवपुः १२ कालपाशान्समावि
ध्यन् हयैःशशिकरोपमैः। वाय्वीरितैर्जलाकारैः कुर्वन्लीलाःसहस्रशः १३ पाण्डुरोद्धूत
वसनः प्रचलन्रुचिराङ्गदः। मणिश्यामोत्तमवपुर्हारभारार्पितोवरः १४ वरुणःपाशधृ
ङ्मध्ये देवानीकस्यतस्थिवान्। युद्धवेलामभिलषन् भिन्नवेलइवार्णवः १५ यक्षराक्षससै
न्येन गुह्यकानांगणैरपि। युक्तश्चशङ्खपद्माभ्यां निधीनामधिपःप्रभुः १६ राजराजेश्वरःश्री
मान् गदापाणिरदृश्यत। विमानयोधीधनदो विमानेपुष्पकेस्थितः १७ सराजराजःशुशु
भे युद्धार्थीनरवाहनः। उक्षाणमास्थितःसंख्ये साक्षादिवशिवःस्वयम् १८ पूर्वपक्षःसहस्रा
क्षः पितृराजस्तुदक्षिणः। वरुणःपश्चिमंपक्षमुत्तरंनरवाहनः १९ चतुर्षुयुक्ताश्चत्वारो
लोकपालामहाबलाः। स्वासुदिक्षुस्वरक्षन्त तस्यदेवबलस्यते २० सूर्यःसप्ताश्वयुक्तेन र
थेनामितगामिना। श्रियाजाज्वल्यमानेन दीप्यमानैश्चरश्मिभिः २१ उदयास्तगचक्रेण
मेरुपर्वतगामिना। त्रिदिवद्वारचक्रेण तपतालोकमव्ययम् २२ सहस्ररश्मियुक्तेन भ्राज
मानेनतेजसा। चचारमध्येलोकानां द्वादशात्मादिनेश्वरः २३ सोमःश्वेतहयेभाति स्यन्द
नेशीतरश्मिवान्। हिमवत्तोयपूर्णाभिर्भाभिराह्लादयन्जगत् २४ तमृक्षपूगानुगतं शिशि

से रक्षित कियाहुआवहरथ ऐसा शोभायमानहुआ जैसा कि सूर्य्यके तेजसे सुमेरुपर्वत चारोंओर को प्रकाशित होता है ८। १० धर्मराज कालको साथलिये दंडमुसलधारीहो अपने शब्दों से दैत्योंको भयभीत करके देवताओं की सेनाके मध्यमें खड़ा होताभया ११ और चारोंसमुद्रों समेत जिह्वा लटकाते सर्पोंसे युक्त रत्नोंके आभूषण धारी कालपाशधरे चन्द्रकान्ति घोड़ेपर चढ़ाहुआ हजारों जलक्रीड़ा करता हुआ बहुत वर्णके वस्त्रोंको पहरे उत्तम शरीरधारी वरुण भी देवताओंकी सेनाके मध्यमें प्राप्तहोताभया और वहाँ आकर युद्ध करनेके समयकी बाट देखताहुआ समुद्रके समान शोभित होताभया १२। १५ और यक्ष राक्षस और किन्नरोंसमेत द्रव्योंका अधिपति कुबेरभी हाथमें गदालिये पुष्पक विमान में बैठकर आवताभया वह युद्धकरने की लालसा करनेवाला कुबेर साक्षात् शिवजीकेही समान वहाँ शोभित हुआ १६। १८ इन्द्रतो पूर्वदिशामें स्थित होताभया धर्मराज दक्षिण दिशामें, वरुण पश्चिम दिशामें और कुबेर उत्तरकी दिशामें स्थित होताभया १९ चारों दिशाओंमें महाबली दिग्पाल स्थितहोकर अपनी २ दिशाओंकी रक्षा करतेहुए देवताओंकी सेनाकीभी रक्षाकरते भये २० और अतिशीघ्र गामी सातघोड़ोंवाले रथमें विराजमान होकर वह सूर्य्य देवता भी आतेभये जिनके घोड़ोंकी उत्तम बागडोरिथी वह उदयाचल और अस्ताचल पर प्रकाशित स्वर्गके द्वारचक्रसे सबलोकोंको प्रकाशकरते हजारों किरणोंसे युक्त अपनेही तेजसे प्रकाशमान बारह सूर्य्योंके अधिपति उस देव सेनाके मध्यमें प्राप्तहोतेभये २१। २३ और शीत किरणयुक्त शीतल किरणोंसे सबजगत् के आनन्द दायक द्विजोंका ईश्वर शशाङ्क रात्रिके अन्धकारका दूरकरनेवाला ज्योति

रांशुंद्विजेश्वरम्। शशच्छायाङ्कितंतनुं नैशस्यतमसःक्षयम् २५ ज्योतिषामीश्वरंव्योम्नि रसानांरसदंप्रभुम्। ओषधीनांसहस्राणां निधानममृतस्यच २६ जगतःप्रथमंभागं सौम्यंसत्यमयंरथम्। ददृशुर्दानवाःसोमं हिमप्रहरणंस्थितम् २७ यःप्राणःसर्वभूतानां पञ्चधाभिद्यतेनृषु। सप्तधातुगतोलोकांस्त्रीन्दधारचचारच २८ यमाहुरग्निकर्तारं सर्वप्रभवमीश्वरम्। सप्तस्वरगतोयश्च नित्यङ्गीर्भिरुदीयते २९ यंवदन्त्युत्तमंभूतं यंवदन्त्यशरीरिणम्। यमाहुराकाशगमं शीघ्रगंशब्दयोगिनम् ३० सवायुःसर्वभूतायुरुद्धूतःस्वेनतेजसा। ववौप्रव्यथयन्दैत्यान् प्रतिलोमंसतोयदः ३१ मरुतोदिव्यगन्धर्वैर्विद्याधरगणैःसह। चिक्रीडुरसिभिःशुभ्रैर्निर्मुक्तैरिवपन्नगैः ३२ सृजन्तःसर्पपतयस्तीव्रतोयमयंविषम्। शरभूतादिवीन्द्राणांश्चेरुर्व्यात्ताननादिवि ३३ पर्वतैश्चशिलाशृङ्गैः शतशश्चैवपादपैः। उपनस्थुःसुरगणाःप्रहर्तुंदानवेबले ३४ यःसदेवोहृषीकेशः पद्मनाभस्त्रिविक्रमः। युगान्ते कृष्णवर्णाभो विश्वस्यजगतःप्रभुः ३५ सर्वयोनिःसमधुहा हव्यभुक्क्रतुसंस्थितः। भूम्यपोव्योमभूतात्मा श्यामःशान्तिकरोऽरिहा ३६ अरिघ्नममरादीनाञ्चक्रंगृह्यगदाधरः। अर्कैनगादिवोद्यन्तमुद्यम्योत्तमतेजसा ३७ सव्येनालम्ब्यमहतीं सर्वासुरविनाशिनीम्। करेणकालींवपुषाशत्रुकालप्रदाङ्गदाम् ३८ अन्यैर्भुजैःप्रदीप्ताभैर्भुजगारिध्वजःप्रभुः। दधारायुधजातानि शार्ङ्गादीनिमहाबलः ३९ सकश्यपस्यात्मभुवन्द्विजंभुजगभोजनम्। पवनाधिकसम्पातं गगनक्षोभणंखगम् ४० भुजगेन्द्रेणवदने निविष्टेनविराजितम्। अमृ-

गणेश्वर रस हज़ारों औषधी और अमृतका स्थान जगत्का प्रथमभाग महासौम्य चन्द्रमा श्वेत घोड़ोंपर आरूढ़होकरआया इसप्रकारके उसचन्द्रमाको सबदानव देखतेभये २४। २७ और सब भूतमात्रोंके पांचप्रकारके प्राणभेद करनेवाला सप्तधातुओंमें प्राप्तहोकर तीनों लोकोंको धारणकरने वाला अग्निका उत्पादक सातों स्वरों में और वाणीमें प्राप्तहोनेवाला जो शरीररहित उत्तमभूत आकाशमें शीघ्रगामी और शब्दकी योनि कहाता है ऐसा वायुभी अपने तेज से उस देवताओं की सेनामें प्राप्तहोताभया और आतेही वह दैत्योंको दुःख देताहुआ चलनेलगा २८। ३१ और दिव्य गन्धर्व विद्याधर आदिकों समेत क्रीड़ाकरताभया इनसबके विशेष सर्पोंके अधिपति बड़े २ सर्प अपने दारुण विषोंको निकाल २कर देवताओंके बाणों में प्राप्त करतेभये और कितनेही सर्प अपने शरीरों समेत देवताओंके बाणोंमें प्रवेशकरजातेभये बहुतसे देवता पर्व्वत शिला और वृक्षोंको धारण करके दैत्योंकी सेनामें प्राप्तहोतेभये ३२। ३४ जो पद्मनाभ विष्णुभगवान् जगत्के नाशकरनेके निमित्त कृष्णवर्ण धारण करते हैं वह सर्वयोनि हव्यभुक् यज्ञमें स्थितहोने वाले पंचभूतात्मक श्याम शान्तिकर शत्रुनाशक गदाधर नारायणहैं वह भी पर्व्वतपर उदयहोनेवाले सूर्य्यके समान प्रकाशित होकर आतेभये ३५। ३७ वह विष्णुभगवान् सब दैत्योंकी नाश करने वाली महाकाली रूप गदाको बायें हाथमें धारण करतेभये ३८ और अन्य भुजाओंमें शार्ङ्ग धनुष आदिक शस्त्रोंको ग्रहण करतेभये ३९ अर्थात् नारायण भगवान् सर्पभुक् पवनभुक् आकाशगामी मन्दराचल पर्व्वतके समान ऊंचे देव

तारम्भानिर्मुक्तं मन्दराद्रिमिवोच्छ्रितम् ४१ देवासुरविमर्देषु वहुशोदृढविक्रमम्। महेन्द्रे
णामृतस्यार्थे वज्रेणकृतलक्षणम् ४२ शिखिनंवलिनश्चैव तप्तकुण्डलभूषणम्। विचित्र
ग्रवसनन्धातुमन्तमिवाचलम् ४३ स्फीतक्रोडावलम्बेन शीतांशुसमतेजसा। भोगि
भोगावसिक्तेन मणिरत्नेनभास्वता ४४ पक्षाभ्याञ्चारुपत्राभ्यामावृत्यदिविलीलया।
युगान्तेसेन्द्रचापाभ्यान्तोयदाभ्यामिवाम्बरम् ४५ नीललोहितपीताभिः पताकाभिरलं
कृतम्। केतुवेषप्रतिच्छन्नं महाकायनिकेतनम् ४६ अरुणावरजंश्रीमानारुह्यसमरेवि
भुः। सुवर्णस्त्वर्णवपुषा सुपर्णंखेचरोत्तमम् ४७ तमन्वयुर्देवगणा मुनयश्चसमाहिताः।
गीर्भिःपरममन्त्राभिस्तुष्टुवुश्चजनार्दनम् ४८ तद्वैश्रवणसंश्लिष्टं वैवस्वतपुरःसरम्।
द्विजराजपतिक्षिप्तं देवराजविराजितम् ४९ चन्द्रप्रभाभिर्विपुलं युद्धायसमवर्त्तत। स्व
स्त्यस्तुदेवेभ्यइति वृहस्पतिरभाषत। स्वस्त्यस्तुदानवानीके उशनावाक्यमाददे ५० ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेत्रिसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः १७३॥

(मत्स्य उवाच) ताभ्यांबलाभ्यांसंजज्ञे तुमुलोविग्रहस्तदा। सुराणामसुराणाञ्च पर
स्परजयैषिणाम् १ दानवादैवतैःसार्द्धं नानाप्रहरणोद्यताः। समीयुर्युध्यमानावै पर्वताइवप
र्वतैः २ तत्सुरासुरसंयुक्तं युद्धमत्यद्भुतंबभौ। धर्माधर्मसमायुक्तं दर्पेणविनयेनच ३ ततो
रथैर्विप्रयुक्तैर्वारणैश्चप्रचोदितैः। उत्पतद्भिश्चगगनमसिहस्तैःसमन्ततः ४ क्षिप्यमा
णैश्चमुसलैः सम्पतद्भिश्चसायकैः। चापैर्विस्फार्यमाणैश्च पात्यमानैश्चमुद्गरैः ५ तद्युद्ध

दानवोंके अमृत मथन समय वहुत पराक्रम करने वाले अमृतकेही निमित्त इन्द्रके वज्रसे चिह्नित
किये हुए शिखा युक्त महावली कुंडलों समेत विचित्र धातुमय पर्व्वतके समान चन्द्र और मणियों
की समान कान्तिवाले ४०।४४ और महातेजस्वी ऐसे गरुड पर सवार होकर देवताओंकी सेनामें
आतेभये उनके आनेकी ऐसी शोभा होतीभई जैसे कि मेघों समेत दो इन्द्रधनुषों करके आकाशकी
शोभा होती है उन पचरंगी ध्वजाओंसे अलंकृत महाशरीर वाले गरुड़पर चढ़े विष्णुभगवान्के आते
ही सवदेवता और मुनिगण लोग उनके पीछे चलतेभये और परम उत्तम वचनोंकरके उनकी स्तुति
भी करतेभये ४५।४८ उनके आगे धर्मराज और इन्द्रसे प्रेरित चन्द्रमा यह दोनों चले उस समय
वृहस्पतिजी सव देवताओं को स्वस्तिवचन पूर्व्वक आशीर्वाद देनेलगे और शुक्राचार्य्यजी दैत्यों की
सेनामें आशीर्वाद देतेभये ४९।५० ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रिसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः १७३॥

मत्स्यजी बोले कि उन दोनों सेनाओंका ऐसे महायुद्ध होताभया कि परस्पर जीतने की इच्छा
करतेहुए देवता और दानव अनेकप्रकारके शस्त्रोंको उठाकर पर्व्वतों के समान खड़ेहोहोकर युद्धकरने
को आवतेभये १।२ और अभिमान समेत धर्माधर्मसे युक्त परस्पर अत्यन्त अद्भुत युद्धप्रवृत्त हुआ ३
इसकेपीछे, रथ, प्रेरित हाथी, और हाथमेंखड्गलिये आकाशमें उछलतेहुएयोद्धा इनसवसे आकाश
चारोंओरसे व्याप्तहोगया ४ गिरतेहुए वाण मुसल मुद्गर और चढ़ायेहुएधनुष इनसवसे देवदानवों का

मभवद्घोरं देवदानवसंकुलम्। जगतस्त्रासजननं युगसम्बर्तकोपमम् ६ हस्तमुक्तैश्चप रिघैर्विप्रयुक्तैश्चपर्वतैः। दानवाःसमरेजघ्नुर्देवानिन्द्रपुरोगमान् ७तेबध्यमानाबलिभिर्दान वैर्जयकाशिभिः। विषण्णवदनादेवा जग्मुरार्तिपरांमृधे ८ तेऽस्त्रशूलप्रमथिताः परिघैर्भि न्नमस्तकाः। भिन्नोरस्कादितिसुतैर्वेमूरक्तंव्रणैर्बहु ९ वेष्टिताःशरजालैश्च निर्यत्नाश्चासुरैः कृताः। प्रविष्टादानवींमायान्नशेकुस्तेविचेष्टितुम् १० अस्तंगतमिवाभाति निष्प्राणसह शाकृति। बलंसुराणामसुरैर्निष्प्रयत्नायुधंकृतम् ११ दैत्यचापच्युतान्घोरांश्छित्त्वावज्रेण ताञ्छरान्। शक्रोदैत्यबलंघोरं विवेशबहुलोचनः १२ सदैत्यप्रमुखान्हत्वा तद्दानवबलं महत्। तामसेनास्त्रजालेन तमोभूतमथाकरोत् १३ तेऽन्योन्यंनावबुध्यन्त देवानांवाहना नि च। घोरेणतमसाविष्टाः पुरुहूतस्यतेजसा १४ मायापाशैर्विमुक्तास्तु यत्नवन्तःसुरोत्त- माः। वपूंषिदैत्यसिंहानान्तमोभूतान्यपातयन् १५ अपध्वस्ताविसंज्ञाश्च तमसानीलव र्चसा। पेतुस्तेदानवगणाश्छिन्नपक्षाइवाद्रयः १६ तद्घनीभूतदैत्येन्द्रमन्धकारइवार्णवे। दानवन्देवकदनन्तमोभूतमिवाभवत् १७ तदासृजन्महामायां मयस्तांतामसीन्दहन्। युगान्तोद्योतजननीं सृष्टामौर्वेणवह्निना १८ सादहत्ततःसर्वान् मायामयविकल्पिता। दैत्याश्चादित्यवपुषः सद्यउत्तस्थुराहवे १९ मायामौर्वीसमासाद्य दह्यमानादिवौकसः।

महाघोर युद्ध जगत्को त्रासदेनेवाला प्रलय कालके मेघोंके समान होताभया ५।६ इसके अनन्तर दैत्यलोग हाथसे फेंकेहुए मूसल और पर्व्वतों करके देवताओंको प्रहारकरतेभये ७ तब बलवाले और विजय करनेकी इच्छावाले दैत्यों से पीड़ितहुए देवता महादुःखीहोकर पीड़ाको प्राप्तहोतेभये उससमय अस्त्रोंकीचोटसे दुःखित मूसलोंसे फूटेहुए मस्तक और दैत्योंसे तोड़ीहुई छातीवाले देवतालोग मुखसे रुधिर थूकनेलगे ८।९ जब बाणोंके जालमें लपेटेहुए देवताओंको दैत्यलोगोंनेरोका उससमय दैत्योंकी मायामें फंसेहुए देवता कुछभी नहीं करसके १० फिर दैत्योंसे पीड़ितहुए देवता हारमान कर मरे हुओंके समान होजातेभये और शस्त्र नहीं चलासके ११ इसके अनन्तर सहस्राक्ष इन्द्र अपने वज्रसे दैत्यों के उनघोर बाणोंको छेदनकरके दैत्योंकी सेनामें प्रवेश करताभया १२ और सबदैत्योंकी सेनाका नाशकरके अपने तामस अस्त्र जालके द्वारा दैत्योंकी सेनामें अन्धकार करदेताभया तब वह दैत्य परस्परमें किसीकोभी नजानतेभये और देवताओंकेभी वाहनघोर अन्धकारसे व्याप्तहो गये उस समय इन्द्रने अपने तेजसे देवताओंकी सेनाका अन्धकार दूरकरदिया फिर मायाके अन्धकारसे छूटेहुए देवता यत्नपूर्व्वक अन्धकारसे युक्तहुए दैत्यों के शरीरोंको शस्त्रोंसे गिरातेभये १३।१५ तब नीलकान्तिवाले अन्धकारसे दुःखितहुए दानव युद्धमें कट२कर ऐसे गिरतेभये जैसे कि पक्षकटे हुए पर्व्वत गिरते हैं १६ जबवह महाघोर अन्धकार दैत्योंकी सेनाका नाशकरनेलगा तब मय दैत्य उस तामसी मायाको दग्धकरके अपनी मायाकी रचनासे प्रलय कालकीसी अग्नि रचताभया १७।१८ फिर मयदैत्य से कल्पितकीहुई वहमाया सब देवताओंको नष्टकरतीभयी और सब दैत्य युद्धमें खड़े होजातेभये १९ उस दैत्यकीमायासे जलतेहुए देवता जलदायी शीतल किरणवाले च-

भेजिरेचेन्द्रविषयं शीतांशुंसलिलप्रदम् २० तेदह्यमानाह्यौर्वेण वह्निनानष्टचेतसः शक्रं
सुर्वेजिर्णेदेवाः सन्तप्ताःशरणैषिणः २१ सन्तप्तेमाययासैन्ये हन्यमानेचदानवैः। चोदितो
देवराजेन वरुणोवाक्यमब्रवीत् २२ और्वोब्रह्मर्षिजःशक्र!तपस्तेपेसुदारुणम्। और्वःस
पूर्वतेजस्वी सदृशोब्रह्मणोगुणैः २३ तंतपन्तमिवादित्यं तपसाजगदव्ययम्। उपतस्थुर्मु
निगणा दिव्यादेवर्षिभिःसह २४ हिरण्यकशिपुश्चैव दानवोदानवेश्वरः। ऋषिंविज्ञापयां
मासुः पुरापरमतेजसम् २५ ऊचुर्ब्रह्मर्षयस्तंतु वचनंधर्म्मसंहितम्। ऋषिवंशेषुभगवं
श्छिन्नमूलमिदंपदम् २६ एकस्त्वमनपत्यश्च गोत्रायान्योनवर्त्तते। कौमारंव्रतमास्थाय
क्लेशमेवानुवर्त्तसे २७ बहूनिविप्र! गोत्राणि मुनीनांभावितात्मनाम्। एकदेहानितिष्ठन्ति
विविक्तानिविनाप्रजाः २८ एवमुच्छिन्नमूलेश्च पुत्रैर्नोनास्तिकारणम्। भवांस्तुतपसाश्रे
ष्ठः प्रजापतिसमद्युतिः २९ तत्रवर्तस्ववंशाय वर्द्धयात्मानमात्मना। त्वयाधर्मोऽर्जितस्तेन
द्वितीयांकुरुवेतनुम् ३० सएवमुक्तोमुनिभिर्ह्यौर्वोमर्मसुताडितः। जगर्हेतान्ऋषिगणान्
वचनंचेदमब्रवीत् ३१ यथायंविहितोधर्मो मुनीनांशाश्वतस्तुसः। आर्षवैसेवतःकर्म्म
वन्यमूलफलाशिनः ३२ ब्रह्मयोनौप्रसूतस्य ब्राह्मणस्यात्मदर्शिनः। ब्रह्मचर्यंसुचरितंब्र
ह्माणमपिचालयेत् ३३ जनानांवृत्तयस्तिस्रो यदूगृहाश्रमवासिनाम्। अस्माकन्तुवरंवृ
त्तिर्वनाश्रमनिवासिनाम् ३४ अब्भक्षावायुभक्षाश्च दन्तोलूखलिनस्तथा। अश्मकुट्टादश

न्द्रमाको भजतेभये और वड़वानलसे दग्धहुए देवता महासंतप्तहोकर इन्द्रकी शरणमें जाके स्तुति करते भये २०। २१ जबमाया करके देवताओंकी सेना संतप्तहोकर मरनेलगी तब इन्द्रसे प्रेरितहुए वरुण देवता इन्द्रसे यह वचनबोले २२ कि हे इन्द्र और्व अर्थात् वड़वानल ब्रह्मर्षिसे उत्पन्न भया है अर्थात् पूर्व्वकालमें ऊर्वनाम एकऋषि तपस्या करतेभये और गुणोंकरके ब्रह्माके समान होजाते भये २३ तब सूर्य्यके समान तपतेहुए उस ऊर्व ऋषिकी देवर्षि और मुनिगण लोग मिलकर स्तुति करतेभये २४ प्रथम तो उस महातेजस्वी ऋषिसे हिरण्यकशिपु दैत्य विज्ञापन करताभया अर्थात् उस हिरण्यकशिपुने उनसे यह धर्मपूर्व्वक वचन कहे कि हे भगवन् यहऋषियों का वंश तो छिन्न मूल अर्थात् कटीहुई जड़वाला होगयाहै केवल आपही एकऋषि हैं सो आपके गोत्रका दूसरा कोई नहीं है तुम कुमार अवस्थाही में व्रतोंको धारणकरके क्लेशोंको भोगतेहो हे महाराज बहुतसे मुनिजनोंके शरीर प्रजाके विना अकेले हैं इसीप्रकार पुत्रोंके विना मुनियोंके वंश नष्टहोगये हैं तुमतो तपस्या करके श्रेष्ठहोकर प्रजापति के समान कान्तिवाले होगयेहो २५। २९ इस हेतुसे आपभी अपने वंशकी वृद्धिके लिये पुत्रकी उत्पत्तिकरो अपने आत्मासे आत्माको बढ़ाकर दूसरा शरीर उत्पन्न करो ३० यह हिरण्यकशिपु के वचन सुनकर मर्ममें ताड़ित हुए वह ऊर्व ऋषि उनऋषियोंकी निन्दाकरके यह वचनबोले कि जिस प्रकारसे मुनियोंको इस आर्ष धर्मके द्वारा वनकरना और वनके मूलफलादिक खानेका कर्म कहाहै वही परमधर्महै क्योंकि ब्रह्मयोनिमें उत्पन्न होनेवाले आत्मदर्शी ब्राह्मणको ब्रह्मचर्यहीका आचरण करनायोग्यहै ३१।३३ गृहस्थवासियोंके तीनप्रकारके कर्महैं उनमेंसे

तथा पञ्चातपसहाश्चये ३५ एतेतपसितिष्ठन्ति व्रतैरपिसुदुष्करैः। ब्रह्मचर्यंपुरस्कृत्यप्रा
र्थयन्तिपराङ्गतिम् ३६ ब्रह्मचर्याद्ब्राह्मणस्य ब्राह्मणत्वंविधीयते। एवमाहुःपरेलोकेब्रह्म
चर्यविदोजनाः ३७ ब्रह्मचर्येस्थितंधैर्यं ब्रह्मचर्येस्थितंतपः। येस्थिताब्रह्मचर्येषु ब्राह्मणा
दिविसंस्थिताः ३८ नास्तियोगंविनासिद्धिर्नवासिद्धिंविनायशः। नास्तिलोकेयशोमूलं
ब्रह्मचर्य्यात्परन्तपः ३९ योनिगृह्येन्द्रियग्रामंभूतग्रामंचपञ्चकम्। ब्रह्मचर्य्यंसमाधत्ते
किमतःपरमन्तपः ४० अयोगेकेशधरणमसङ्कल्पव्रतक्रिया। अब्रह्मचर्य्येचर्य्याच त्रयं
स्याद्दम्भसंज्ञकम् ४१ क्कदाराःक्कचसंयोगः क्कचभावविपर्य्ययः। नन्वियंब्रह्मणासृष्टा
मनसामानसीप्रजा ४२ यद्यस्तितपसोवीर्य्यं युष्माकंविदितात्मनाम्। सृजध्वंमानसान्
पुत्रान् प्राजापत्येनकर्म्मणा ४३ मनसानिर्म्मितायोनिराधातव्यातपस्विभिः। नदार
योगोबीजंवा व्रतमुक्तंतपस्विनाम् ४४ यदिदंलुप्तधर्म्मार्थं युष्माभिरिहनिर्भयैः। व्या-
हृतंसद्भिरत्यर्थमसद्भिरिवमेमतम् ४५ वपुर्दीप्तान्तरात्मानमेतत्कृत्वामनोमयम्। दारयो-
गंविनास्रक्ष्ये पुत्रमात्मतनूरुहम् ४६ एवमात्मानमात्माने द्वितीयंजनयिष्यति। वन्ये
नानेनविधिना दिधिक्षन्तमिवप्रजाः ४७ और्वस्तुतपसाविष्टो निवेश्योरुंहुताशने। मम
न्थैकेनदर्भेण सुतस्यप्रभवारणिम् ४८ तस्योरुंसहसाभित्वा ज्वालामालीह्यनिन्धनः।

जो वनमें वास करते हैं उनको हमारीही वृत्तिमें रहना श्रेष्ठ है ३४ जल पीनेवाले वायुभक्षी दाने चाबनेवाले पत्थरोंपर तप करनेवाले और पचाग्नि के तपनेवाले यहऐसे२ ऋषि दारुण व्रतकरके तपोंमें स्थित होते हैं और ब्रह्मचर्य्यपूर्व्वक परमगतिकी प्रार्थना करते हैं ३५। ३६ ब्रह्मचर्य्यही करने से ब्राह्मणमें ब्राह्मणपना कहाजाताहै ब्रह्मचर्य्यके जाननेवाले अन्य जनभी ऐसा कहते हैं कि ब्रह्मचर्य्यमें धैर्य्य स्थितहै जो २ ब्राह्मण अपने तपमें स्थित हैं वह स्वर्गहीमें स्थितहैं ३७। ३८ योगके विना सिद्धिनहीं है सिद्धिके विना यशनहीं है यशके विना लोकनहीं है इस हेतुसे मूल सबका ब्रह्मचर्य्यही परमतप है ३९ जो इन्द्रियोंके समूहोंको और पंचभूतोंको रोककर ब्रह्मचर्य्यको धारण करता है उससे अधिक कोई तपनहीं है ४० योगके विना वालोंका बढ़ाना संकल्प के विना व्रतकी क्रियाओं का करना और ब्रह्मचर्य्यके विना कोई आचरण करना यहतीनों दंभ अर्थात् पाखंड कहाते हैं ४१ कहाँ स्त्री है कहाँ उसका संयोग है कहाँ उसके भावकी विपरीतता है निश्चयकरके ब्रह्माजी के मनही करके यह सृष्टि रचीहुईहै ४२ जो तुममें तपका वीर्य्यहै तो प्राजापत्य कर्मकरके अपने मनहीसे प्रजाको उत्पन्नकरो ४३ तपस्वियोंको तो अपने मनसेही उत्पन्न कीहुई योनिमें गर्भाधान करना योग्यहै और जो कि तुमने धर्मका लोपकरके ऐसाकहाहै तो यह तुम्हारा कहना मेरे चित्तसे दुष्ट जनोंके कहनेके समानहै ४४। ४५ मैं इस अपने अन्तरात्माको देदीप्त मनोमय शरीर करके स्त्रीके विनाही पुत्रकोरचूंगा ४६ इसप्रकारसे अपने आत्मासे दूसरे शरीरको उत्पन्न करूंगा मैं इसवनकी विधिसे ऐसे पुत्रकोरचूंगा जो कि प्रजामात्रको दग्धकरेगा ४७ इसके अनन्तर वह ऊर्वऋषि तपसे युक्तहो अग्निमें जघाओंको प्रवेशकर एकडाभकरके पुत्रकी उत्पन्न करनेवाली अरणीकाष्ठको मथता

जगतोदहनाकांक्षी पुत्रोऽग्निःसमपद्यत ४९ ऊर्वस्योरुंविनिर्भिद्य औौर्वोनामान्तकोऽन लः। दिधक्षन्निवलोकांस्त्रीन् जज्ञेपरमकोपनः ५० उत्पन्नमात्रश्चोवाच पितरंक्षीणया गिरा। क्षुधामेबाधतेतात! जगद्भक्ष्येत्यजस्रमाम् ५१ त्रिदिवारोहिभिर्ज्वालैर्जृम्भमाणो दिशोदश। निर्दयन्सर्वभूतानि वद्धेसोऽन्तकोऽनलः ५२ एतस्मिन्नन्तरेब्रह्मा मुनिमूर्वं सभाजयन्। उवाचवार्यतांपुत्रो जगतश्चदयांकुरु ५३ अस्यापत्यस्यतेविप्र! करिष्ये स्थानमुत्तमम्। तथ्यमेतद्वचःपुत्र! शृणुत्वंवदतांवर! ५४ (ऊर्व उवाच) धन्योऽस्म्यनु गृहीतोऽस्मियन्मेऽद्यभगवांच्छिशोः। मतिमेतांददातीह परमानुग्रहायवै ५५ प्रभातका लेसंप्राप्ते कांक्षितव्येसमागमे। भगवन्! तर्पितःपुत्रः कैर्हव्यैःप्राप्स्यतेसुखम् ५६ कुत्र चास्यनिवासःस्याद्भोजनंवाकिमात्मकम्। विधास्यतीहभगवान् वीर्यतुल्यंमहौजसः ५७ (ब्रह्मोवाच) वडवामुखेऽस्यवसतिः समुद्रेवैभविष्यति। ममयोनिर्जलंविप्र! तस्यपी तवतःसुखम् ५८ यत्राहमासनियतं पिबन्वारिमयंहविः। तद्धविस्तवपुत्रस्य विसृजाम्या लयश्चतत् ५९ ततोयुगान्तेभूतानामेषचाहञ्चपुत्रक!। सहितौविचरिष्यावो निष्पुत्राणा मृणापहः ६० एषोऽग्निरन्तकालेतु सलिलाशीमयाकृतः। दहनःसर्वभूतानां सदेवासुर रक्षसाम् ६१ एवमस्त्वितितंसोऽग्निः संवृतज्वालमण्डलः। प्रविवेशार्णवमुखं प्रक्षिप्य

भया तब उनकी जंघाको भेदन करके अपने बलसे इंधन के विनाही जगत्को दग्ध करनेकी इच्छा करताहुआ पुत्ररूप अग्नि उत्पन्न होताभया ४८। ४९ इस रीति से वह परमकोप करने वाला औौर्व नाम अग्नि ऊर्वऋषिकी जंघाको भेदनकरके उत्पन्न होताभया ५० यह ऊर्वऋषि का पुत्र उत्पन्न होतेही क्षीणवाणी से अपने पितासे यह वचन कहताभया कि हे तात मुझको क्षुधा बाधा कररही है मुझको आप जगत् के भक्षण करने की आज्ञा दीजिये ५१ ऐसा कहकर वह औौर्वनाम अग्नि स्वर्ग में जा अपनी झलों से दशों दिशाओं को व्याप्तकर सब भूतों के भस्म करने की इच्छा करके बढ़जाता भया ५२ इसके अनन्तर उस ऊर्व को ब्रह्माजी समझाकर यह वचन कहने लगे कि आप इस अपने पुत्रको निवारण कीजिये और जगत्पर दया कीजिये ५३ हे विप्र इस आप की सन्तानके निमित्त में बहुत अच्छा स्थान नियतकरूंगा हे पुत्र इस मेरे वचनको सत्यही सम झनायोग्यहै ५४ ऊर्वऋषिने कहा कि मैं धन्यहूं यहआपने बड़ा अनुग्रहकियाहै जो मेरे पुत्रकेलिये स्थान नियतकरनेका वचनकहा ५५ हे भगवन् प्रातःकालकेहोतेही साकल्यसे तृप्तहुए इसअग्निको कौनसे सुखकी प्राप्तिहोगी इसका निवास कहाँहोगा और इसके भोजनका क्या विधान करोगे५६।५७ ब्रह्माजीबोले कि यह तुम्हारा पुत्र समुद्रके मध्य वड़वा मुखमें प्राप्तहोगा और हे विप्र मेरीभी योनि जलहै उसके पीनेसे इसको सुखहोगा जिस जलरूपी घृतको मैंभी पीताहुआ उसमें वासकरताभया उसी जलको मैं तेरे पुत्रके निमित्तदेताहूं ५८।५९ हे पुत्र इसके अनन्तर युगोंके अन्तमें यह तेरा पुत्र और मैं दोनों मिलकर विचरेंगे तब पुत्ररहित जनोंके ऋणों को यह अग्नि दूरकरेगा और अन्तकाल में यही अग्नि सब लोकोंका नाशकरदेगा इसके विशेष देवता असुर और राक्षस आदि सब भूतमात्रों

पितरिप्रभाम् ६२ प्रतियातस्ततोब्रह्मायेचसर्वेमहर्षयः । ऊर्वस्याग्नेःप्रभांज्ञात्वास्वां स्वाङ्गतिमुपाश्रिताः ६३ हिरण्यकशिपुर्दृष्ट्वा तदातन्महदद्भुतम्। उच्चैःप्रणतसर्वाङ्गो वाक्यमेतदुवाचह ६४ भगवन्नद्भुतमिदं संवृत्तंलोकसाक्षिकम्। तपसातेमुनिश्रेष्ठ! परितुष्टःपितामहः ६५ अहन्तुतवपुत्रस्यतवचैवमहाव्रत!। भृत्यइत्यवगन्तव्यः साध्योयदिहकर्मणा ६६ तन्मांपश्यसमापन्नं तवैवाराधनेरतम्। यदिसीदेमुनिश्रेष्ठ! तवैवस्यात्पराजयः६७ (ऊर्व उवाच) धन्योऽस्म्यनुगृहीतोऽस्मियस्यतेऽहंगुरुस्थितः। नास्तिमेतपसानेन भयमद्येहसुव्रत ६८ तामेवमायांगृह्णीष्व ममपुत्रेणनिर्मिताम्। निरिन्धनामग्निमयीन्दुर्धर्षांपावकैरपि ६९ एषातेस्वस्यवंशस्य वशगारिविनिग्रहे। संरक्षत्यात्मपक्षञ्चविपक्षञ्च प्रधर्षति ७० एवमस्त्वितितांगृह्य प्रणम्यमुनिपुङ्गवम्। जगामत्रिदिवंहृष्टः कृतार्थोदानवेश्वरः ७१ एषादुर्विषहामाया देवैरपिदुरासदा। और्वेणनिर्म्मितापूर्व्वं पावकेनौर्व्वसूनुना ७२ तस्मिंस्तुव्युत्थितेदैत्ये निर्वीर्यैपानसंशयः। शापोह्यस्याःपुरादत्तो सृष्टायेनैव तेजसा ७३ यद्येषाप्रतिहन्तव्या कर्त्तव्योभगवान्सुखी। दीयतांमेसखाशक्र! तोययोनिर्निशाकर ७४तेनाहंसहसङ्गम्य यादोभिश्चसमावृतः। मायामेतांहनिष्यामि त्वत्प्रसादान्नसंशयः ७५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेचतुःसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः॥ १७४॥

का नाशकरदेवेगा ६० । ६१ यहसुनकर उसऋषिने कहा ऐसेहीहो तब वह अग्नि अपने पितामें तेजको प्रक्षिप्तकरके समुद्रके जलमें प्रवेश करताभया ६२ इसके पीछे ब्रह्मा और अन्य सब ऋषि ऊर्वऋषिमें अग्निकी प्रभाको जानकर अपनी गतिको प्राप्तहोतेभये ६३ तब हिरण्यकशिपु दैत्य उस महाअद्भुत चमत्कारको देखकर बहुतसी प्रणामें करके यह वचन कहताभया ६४ कि हे ऋषे यह लोकसाक्षी अग्नि तुमको प्राप्तहोगयाहै और ब्रह्माभी तुम्हारे तपसे प्रसन्नहोगया यह बड़ाही आश्चर्य्य है ६५ हे महाव्रत मैंतो तेरे और तेरेपुत्रके किंकरकी समानहोके तुमदोनोंकी शरणमें आयाहूं आपके आराधनमें युक्तहुए मुझको आप सुदृष्टिसे देखिये हे मुनिश्रेष्ठ जो मैं दुःखपाऊंगा तो तुम्हारी पराजयहोगी ६६ । ६७ ऊर्वऋषिने कहा कि मैं धन्य और कृतार्थहूं इस हेतुसे कि मैं तेरागुरुहोगया हे सुव्रत अब मुझको इसतपके कारणसे भयनहींहै ६८ मेरे पुत्रसे निर्मितकीहुई उसीमायाको तू भी ग्रहणकरले इंधनके विना अग्नियोंमें भी शक्तिनहींहै ६९ यह माया तेरे वंशकी रक्षाकरेगी और शत्रुओंका नाशकरके अपने पक्षकी रक्षापूर्व्वक पराये पक्षसे नहीं सहीजायगी यह सुनकर वह हिरण्यकशिपु दैत्य उसमायाको ग्रहणकर कृतार्थहो स्वर्गमें जाताभया ७० । ७१ यह दुस्सहमाया देवताओंसे भी नहीं सहीगई ऐसे उस ऊर्वऋषिके पुत्रऔर्व अग्निने उस प्रबलमायाको रचाथा७२ जब वह दैत्य अपने बल और उसमायाके प्रभावसे प्रबलहोगया तब जिस ऋषिने उसमायाकी रचनाकरीथी उसीने उसको शापदेदियाहै इसी हेतुसे तुमको यह कथासुनाई है वरुणजी कहतेहैं कि हे इन्द्र जो तुम इसमायाका नाशकराया चाहतेहो तो मुझको चन्द्रमा सहायता के निमित्तदो मैं

(मत्स्य उवाच) एवमस्त्वितिसंहृष्टः शक्रस्त्रिदशवर्धनः। सन्दिदेशाग्रतःसोमं युद्धा
यशिशिरायुधम् १ गच्छसोम! सहायत्वं कुरुपाशधरस्यवै। असुराणांविनाशाय जया
र्थञ्चदिवौकसाम् २ त्वंमत्तःप्रतिवीर्यश्च ज्योतिषाञ्चेश्वरेश्वरः। त्वन्मयंसर्वलोकेषु रसं
सविदोविदुः ३ क्षयवृद्धीतवव्यक्ते सागरस्येवमण्डले। परिवर्तस्यहोरात्रं कालंजगति
योजयन् ४ लोकच्छायामयःलक्ष्म तवाङ्कःशशसन्निभः। नविदुःसोमदेवापि येचनक्षत्र
योनयः ५ त्वमादित्यपथादूर्ध्वं ज्योतिषांचोपरिस्थितः। तमःप्रोत्सार्यसहसा भासयस्य
खिलंजगत् ६ अधिकृत्कालयोगात्मा इष्टोयज्ञश्चसोऽव्ययः। ओषधीशःक्रियायोनिर
ब्जयोनिरनुष्णभाः ७ शीतांशुरमृताधारश्चपलःश्वेतवाहनः। त्वंकान्तिःकान्तिवपुषान्त्वं
सोमःसोमपायिनाम् ८ सौम्यस्त्वंसर्वभूतानां तिमिरघ्नस्त्वमृक्षराट्। तद्गच्छत्वंमहा
सेन! वरुणेनवरूथिना। शमयत्वासुरींमायां ययादह्यामसंयुगे ९ (सोम उवाच) य
न्मांवदसियुद्धार्थे देवराज! वरप्रद!। एवंवर्षामिशिशिरन्दैत्यमायापकर्षणम् १० ए
तान्मच्छीतनिर्दग्धान् पश्यस्वहिमवेष्टितान्। विमायान्विमदांश्चैव दैत्यसिंहान्महाह
वे ११ तेषांहिमकरोत्सृष्टाः सपाशाहिमवृष्टयः। वेष्टयन्तिस्मतान्घोरान् दैत्यान्मेघगणा
ऋषियोंने पूछा हे सूतजी आपकेकहेहुए अंधक दैत्यके वधको हमनेसुना अबहम काशीजीके माहा- त्म्यको सुनाचाहतेहैं १ पिंगलभगवान् गणेशपनेको कैसे प्राप्तहुएहैं काशीजीमें अन्नदाता कैसेकहायेहैं क्षेत्रपालकैसेभयेहैं और शिवजीके प्यारे कैसेहुएहैं यहसबहम सुनाचाहतेहैं २।३ सूतजीबोलेकि जैसे प्रकारसेकि पिंगलगणेशहुए और अन्नदाताहुए वह सबमुझसे सुनो ४ एक पूर्णभद्रकापुत्र यक्ष नाम होताभया वहहरिकेश नामसे विख्यातहोताभया वहबड़ाब्रह्मण्य और धार्मिकथा५वह अजिन्मसेही खातेपीते सोते बैठते चलते और फिरते सदैव सबकालमें शिवजीमें भक्तिपूर्वक ध्यानलगाये रहताथा ६।७ उस ऐसे आचरणयुक्त रहनेवालेके पिता पूर्णभद्रने कहा कि हेपुत्र तुझको मैं अपना पुत्रनहीं मानताहूं तूने विलक्षण प्रकारसे उत्पन्नहुआहै यक्षोंके कुलमें ऐसा आचरणकरना योग्यनहीं है हम क्रूर स्वभाववाले होकर मांसभक्षी और हिंसा करनेवालेहैं हे पुत्र ऐसी तेरे सरीखी वृत्ति हमारी ब्र- ह्माजीने नहीं करी है सो अपनी वृत्तिको त्यागकर दूसरे आश्रमकी वृत्ति नहीं करनी चाहिये ८।११ इसलिये मनुष्यभावको त्यागकर अनेककर्मोंका आचरणकर-नहीं तो ऐसे कर्मकरनेवालातू अवश्य मनुष्यहीसे जन्माहै और अपनी इस जातिमें प्राप्तहोनेवाले मेरेभी कर्मको तू देख १२।१३ सूतजी

वाच)एवमुक्त्वासतंपुत्रं पूर्णभद्रःप्रतापवान्। उवाचनिष्क्रमन्क्षिप्रं गच्छपुत्रयथेच्छसि १४
ततःसनिर्गतस्त्यक्त्वा गृहंसम्बन्धिनस्तथा। वाराणसींसमासाद्य तपस्तेपेसुदुश्चरम् १५
स्थाणुभूतोह्यनिमिषः शुष्ककाष्ठोपलोपमः। सन्नियम्येन्द्रियग्राममवातिष्ठतनिश्चलः १६
अथतस्यैवमनिशन्ततत्परस्यतदाशिषः। सहस्रमेकंवर्षाणां दिव्यमप्यभ्यवर्तत १७ व
ल्मीकेनसमाक्रान्तो भक्ष्यमाणःपिपीलिकैः। वज्रसूचीमुखैस्तीक्ष्णैर्विध्यमानस्तथैवच १८
निर्मांसरुधिरत्वक्च कुन्दशङ्खेन्दुसप्रभः। अस्थिशेषोऽभवच्छर्वं देवंवैचिन्तयन्नपि १९
एतस्मिन्नन्तरेदेवी विज्ञापयतशङ्करम्। (देव्युवाच) उद्यानंपुनरेवेह द्रष्टुमिच्छामिसर्व
दा २० क्षेत्रस्यदेवमाहात्म्यं श्रोतुंकौतूहलंहिमे। यतश्चप्रियमेतत्ते तथास्यफलमुत्तम्।
२१ इतिविज्ञापितोदेवः शर्वाण्यापरमेश्वरः। शर्वःपृष्टोयथातथ्यमाख्यातुमुपचक्रमे २२
निर्जगामचदेवेशः पार्वत्यासहशङ्करः। उद्यानंदर्शयामास देव्यादेवःपिनाकधृक् २३
(देवदेव उवाच) प्रोत्फुल्लनानाविधगुल्मशोभितं लताप्रतानावनतंमनोहरम्। विरूढ
पुष्पैःपरितःप्रियंगुभिःसुपुष्पितैःकण्टकितैश्चकेतकैः २४ तमालगुल्मैर्निचितंसुगन्धिभिः
सकर्णिकारैर्बकुलैश्चसर्वशः।अशोकपुन्नागवरैःसुपुष्पितैर्द्विरेफमालाकुलपुष्पसञ्चयैः२५क
चित्प्रफुल्लाम्बुजरेणुरूषितैर्विहङ्गमैश्चारुकलप्रणादिभिः। विनादितंसारसमण्डनादिभिः
प्रमत्तदात्यूहरुतैश्चवल्गुभिः२६ क्वचिच्चचक्राह्वरवोपनादितंक्वचिच्चकादम्बकदम्बकैर्युतम्।
क्वचिच्चकारण्डवनादनादितं क्वचिच्चमत्तालिकुलाकुलीकृतम् २७ मदाकुलाभिस्त्वमराङ्ग

कहतेहैं कि वह प्रतापीपूर्णभद्र अपने पुत्रको इसप्रकारसे समझाकर यह कहताभया कि हे पुत्र तेरी जहांजानेकी इच्छाहो वहां घरसे निकलकर चलाजा १४ जब उसके पिताने ऐसाकहा तब उसकापुत्र अपने घरकोत्याग काशीजीमें जाकर ऐसा दुश्चर तपकरनेलगा कि आंखोंकोमीच शुष्क काष्ठके स्तंभके समान खड़ाहोकर इन्द्रियोंको रोकेहुए निश्चल होजाताभया १५। १६ इसप्रकारसे जब वह दिव्य हज़ारों वर्षोंतक तपस्या करताभया तबउसके शरीरके चारोंओर सर्पोंकी वामीहोगई कीड़ी और दीमक लगगई इसप्रकार उसमहादेवजीके चिन्तवन करनेवालेके शरीरका सबमांस और रुधिर सूखगया शंखके समान श्वेतहड्डियां चमकने लगगई १७। १८ इसके पीछे देवीपार्वतीजी शिवजीसे यह प्रार्थना करतीभई कि हे देव मैं बाग वन और बगीचोंके देखनेकी इच्छा करतीहूं और इसकाशी क्षेत्रके माहात्म्यकोभी सुनाचाहतीहूं वह आपकहिये २०। २१ जब इसप्रकारसे पार्वतीजीने शिवजीसे कहा तब शिवजी यथार्थ माहात्म्य कहनेके निमित्त पार्वतीजीके संग काशीसे बाहर निकलकर पार्वतीजीको बनकीशोभा दिखातेभये २२।२३ महादेवजी बोले कि हे पार्वती अनेक प्रकारके फूलेहुए पुष्पोंके गुच्छे बेल लता केतकीकेपुष्प तमाल अमलतास अशोक पुन्नाग और नाना सुगन्धित पुष्पोंसे शोभित और भ्रमरोंसेयुक्त इसवनकोदेखो २४। २५ इसवनमें कहींतो फूलेहुए कमलोंपर श्रेष्ठवाणी बोलनेवाले पक्षियोंकी शोभाहोरही है कहीं सारस आदि पक्षी बोलते हैं कहीं अनेकप्रकारके मदोन्मत्त चक्रवाकादि पक्षियोंकी शोभा कहीं उत्तमहंस कारंडव और मदोन्मत्त भौंरे

नाभिर्निषेवितश्चारुसुगन्धिपुष्पम् । क्वचित्सुपुष्पैःसहकारवृक्षैर्लतोपगूढैस्तिलकद्रुमै
श्च २८ प्रगीतविद्याधरसिद्धचारणं प्रवृत्तनृत्याप्सरसाङ्गणाकुलम्। प्रहृष्टनानाविधपक्षि
सेवितं प्रमत्तहारीतकुलोपनादितम् २९ मृगेन्द्रनादाकुलसत्त्वमानसैः क्वचित्क्वचित्द्व
न्द्वकदम्बकैर्मृगैः। प्रफुल्लनानाविधचारुपङ्कजैः सरस्तटाकैरुपशोभितंक्वचित् ३० निवि
डनिचुलनीलं नीलकण्ठाभिरामं मदमुदितविहङ्गव्रातनादाभिरामम्॥ कुसुमिततरु
शाखालीनमत्तद्विरेफं नवकिशलयशोभाशोभितप्रान्तशाखम् ३१ क्वचिच्चदन्तिक्षत
चारुवीरुधं क्वचिल्लतालिङ्गितचारुवृक्षकम् । क्वचिद्विलासालसगामिबर्हिणं निषेवि
तंकिम्पुरुषव्रजैःक्वचित् ३२ पारावतध्वनिविकूजितचारुशृङ्गैरभ्रङ्कषैःसितमनोहरचा
रुरूपैः। आकीर्णपुष्पनिकुरम्बविमुक्तहासैर्विभ्राजितंत्रिदशदेवकुलैरनेकैः ३३ फुल्लो
त्पलागुरुसहस्रवितानयुक्तैः स्तोयाशयैस्तमनुशोभितदेवमार्ग्गम् । मार्ग्गान्तरागलि
तपुष्पविचित्रभक्तिसम्बद्धगुल्मविटपैर्विहगैरुपेतम् ३४ तुङ्गाग्रैर्नीलपुष्पस्तवकभर
नतप्रान्तशाखैरशोकैर्म्मत्तालिव्रातगीतश्रुतिसुखजननैर्भासितान्तर्म्मनोज्ञैः । रात्रौ
चन्द्रस्यभासाकुसुमिततिलकैरेकतांसम्प्रयातश्छायासुप्तप्रबुद्धस्थितहरिणकुलालुप्तदर्भा
ङ्कुराग्रम् ३५ हंसानांपक्षपातप्रचलितकमलस्वच्छविस्तीर्णतोयं तोयानांतीरजा
तप्रविकचकदलीवाटनृत्यन्मयूरम् । मायूरैःपक्षचन्द्रैःक्वचिदपिपतितैरञ्जितक्ष्माप्रदे
शं देशेदेशेविकीर्णप्रमुदितविलसन्मत्तहारीतवृक्षम् ३६ सारङ्गःक्वचिदपिसेवितप्रदे

बोलरहे हैं कहीं मदसे भरीहुई देवाङ्गनापुष्पोंको सूँघरहीं कहीं उत्तम सुगन्धि वाले आंबोंके ऊपर चढ़ीहुईलताओंकी शोभाहोरही है इसरीतिसे शिवजी पार्वतीजीको उसवनकी शोभाको दिखाते भये २६।२८ कहीं अनेकविद्याधर गंधर्व गीतगाते कहीं अप्सरानाचरहीं कहींप्रसन्नहुए पक्षीबोलरहे कहीं सिंहोंकी गर्जनासे भयभीत मृगभाजरहे कहीं अनेक प्रकारके प्रफुल्लितकमलोंसंयुक्त सरोवर शोभादेरहे कहीं जलवेतोंकीशोभा कहीं पुष्पितवृक्षोंपर भ्रमरगुंजारकरते कहीं नवीन अंकुरपत्तोंसे वृक्षोंकीडाली शोभित होरहीं २९।३१ कहींहाथियोंके चलनेसे सुन्दरबेलटूटरहीं कहीं लताओं से लिपटेहुए सुन्दरवृक्षदीखरहे कहींक्रीडाकरतेहुए मोरोंकेचलनेकी ओरयक्षोंके चलनेकी शोभाहोरही कहीं कबूतरोंकीध्वनि होरही ऐसे श्वेतादिवर्णके पुष्पोंसमेत देवताओंके कुलोंसेशोभितहोरहे वनको पार्वतीको दिखातेभये ३२।३३ उसवनकेमार्गमें खिलेहुए वृक्षोंकी ऐसीशोभाहोरहीथी जैसी कि देवताओंके मार्गकीशोभाहोतीहै जहाँमार्गके वृक्षोंपरबैठेहुए अनेकप्रकारकेपक्षी शब्दकररहे पुष्पोंकेगुच्छों से नम्रहुई डालियोंवाले अशोकवृक्षोंकी अपूर्व शोभाहोरही मदोन्मत्त भ्रमरोंके गीतोंसे गुंजायमान होने से महा शोभायमान रात्रिके समय फूले हुए पुष्प ओर चन्द्रमाकी किरणोंकी एककान्ति होरही एक ओर वृक्षोंकी छायामें डाभके अंकुरोंमें खड़ेहुए मृगोंकी न्यारीही शोभादेरही हंसोंके परोंकेलगने से सरोवरके जलकी ओर पुष्पोंकी अधिक शोभा दिखाई पड़तीथी जलके सरोवरोंकेही समीपमोरों के नृत्य करने में उनके परोंकी मोरचन्द्रिका जुदीचमकती कहीं सारंगपक्षियोंकी शोभा कहीं खिले

शं सच्छन्नंकुसुमचयैःक्वचिद्विचित्रैः। हृष्टाभिःक्वचिदपिकिन्नराङ्गनाभिः क्षीबाभिःसम-
रगीतवृक्षखण्डम् ३७ संसृष्टैःक्वचिदुपलिप्तकीर्णपुष्पैरावासैःपरिवृतपादपंमुनीनाम्।
आमूलात्फलनिचितैःक्वचिद्विशालैरुत्तुङ्गैःपनसमहीरुहैरुपेतम् ३८ फुल्लातिमुक्तकलता
गृहसिद्धलीलंसिद्धाङ्गनाकनकनूपुरनादरम्यम्। रम्यप्रियंगुतरुमञ्जरिसक्तभृङ्गं भृङ्गाव
लीषुस्खलिताम्बुकदम्बपुष्पम् ३९ पुष्पोत्करानिलविघूर्णितपादपाग्रमग्रेसरोभुविनि
पातितवंशगुल्मम्। गुल्मान्तरप्रभृतिलीनमृगीसमूहं संमुह्यतान्तनुभृतामपवर्गदातृ४०
चन्द्रांशुजालधवलैस्तिलकैर्मनोज्ञैःसिन्दूरकुंकुमकुसुम्भनिभैरशोकैः। चामीकरामनिच
यैरथकर्णिकारैः फुल्लारविन्दरचितंसुविशालशाखैः ४१ क्वचिद्रजतपर्णाभैःक्वचिद्विद्रुमस
न्निभैः। क्वचित्काञ्चनसङ्काशैः पुष्पैराचितभूतलम् ४२ पुन्नागेषुद्विजगणविरुतं रक्ताशो
कस्तवकभरनमितम्। रम्योपान्तंश्रमहरपवनं फुल्लाब्जेषुभ्रमरविलसितम् ४३ सकल
भुवनभर्तालोकनाथस्तदानीन्तुहिनशिखरिपुत्र्याः सार्द्धमिष्टैर्गणेशैः। विविधतरुविशा
लंमत्तहृष्टान्यपुष्टमुपवनतरुरम्यंदर्शयामासदेव्याः ४४(देव्युवाच)उद्यानंदर्शितंदेव! शो
भयापरयायुतम्। क्षेत्रस्यतुगुणान्सर्वान् पुनर्वक्तुमिहार्हसि ४५ अस्यक्षेत्रस्यमाहात्म्यम
विमुक्तस्यतत्तथा। श्रुत्वापिहिनमेतृप्तिरतोभूयोवदस्वमे४६(देवदेवउवाच)इदंगुह्यतम
क्षेत्रं सदावाराणसीमम। सर्वेषामेवभूतानां हेतुर्मोक्षस्यसर्वदा ४७अस्मिन्सिद्धाःसदादे
वि! मदीयंव्रतमास्थिताः। नानालिङ्गधरानित्यं ममलोकाभिकांक्षिणः ४८ अभ्यसन्ति

हुए अनेक विचित्र पुष्पोंके समीप मदोन्मत्त यक्षोंकी स्त्रियोंके गानकी सुरीली वाणी कहीं पुष्पोंसे बिछी हुई पृथ्वीपर मुनियोंका वास कहीं फालसे आम आदिक उत्तम २ फलोंवाले वृक्ष शोभित होरहे कहीं फूलेहुए पुष्पोंके समीपमें चलती हुई सिद्ध चारणोंकी स्त्रियोंके नूपुरोंके शब्द कहीं कदंबके पुष्पों में लगे हुए भ्रमरोंकी श्यामता कहीं पुष्पोंवाले वृक्षोंसे स्पर्श कीहुई वायुकी सुगन्धि फैलरही कहीं वृक्षों के गुच्छों में लगीहुई मृगियों की शोभाहोरही कहीं चन्द्रमाकी किरणों के समान श्वेत पुष्प कहीं सिंदूर केशर और कुसुम्भ इन वर्णोंके समान पुष्प कहीं फूलेहुए कमल और कहीं अशोकादिक वृक्षोंसे शोभितहुए वनकी शोभाको दिखातेहुए ३४। ४१ कहीं चाँदीके क-हीं मूंगेके और कहीं सुवर्णके समान पुष्पोंवाले वृक्षोंसे भूमिकी शोभा होरही ४२ पुन्नागोंपर बैठे हुए पक्षी बोलरहे लाल अशोक वृक्षोंकी शोभामें सुगन्धित वायुचलरही फूलेकमलोंपर भौंरे भ्रमरहे ऐसे उसवनको सकल लोकोंके पति महादेवजी पार्वतीजीसे युक्तहोकर देखतेभये और पार्वतीको दर्शनभी करातेभये ४३। ४४ उस वनको देखकर पार्वतीजीबोलीं—हेदेव आपने इस वनकी परम शोभाको दिखाया अब इस काशीक्षेत्रके गुणोंकोभी वर्णनकीजिये क्योंकि इसक्षेत्रके माहात्म्य सुननेमें मेरी तृप्तिनहीं होतीहै इसीसेमैं फिर सुनना चाहतीहूं ४५।४६ महादेवजी बोले यह काशी मेरा उत्तम क्षेत्र है सबभूतमात्रोंकी सदैव मोक्षकाहेतु है ४७ हेमहादेवि इसक्षेत्रमें अनेक लिंगोंका आचरण कियेहुए मेरे व्रतमें स्थितहोकर सिद्ध पुरुष रहतेहैं ४८ मुक्त आत्मावाले जितेन्द्रिय पुरुष इस

परंयोगं युक्तात्मानोजितेन्द्रियाः। नानावृक्षसमाकीर्णे नानाविहगकूजिते ४९ कमलोत्पल
पुष्पाढ्यैः सरोभिःसमलङ्कृते। अप्सरोगणगन्धर्वैः सदासंसेवितेशुभे ५० रोचतेमेसदा
वासोयेनकार्येणतच्छृणु। मन्मनाममभक्तश्च मयिसर्वार्पितक्रियः ५१ यथामोक्षमिहाप्नोति
ह्यन्यत्रनतथाक्वचित्। एतन्ममपरंदिव्यं गुह्याद्गुह्यतरंमहत् ५२ ब्रह्मादयस्तुजानंतियेऽपि
सिद्धामुमुक्षवः। अतःप्रियतमंक्षेत्रं तस्मादिहरतिर्मम ५३ विमुक्तंनमयायस्मान्मोक्ष्यतेवाक
दाचन। महत्क्षेत्रमिदंतस्मादविमुक्तमिदंस्मृतम ५४ नैमिषेथकुरुक्षेत्रे गङ्गाद्वारेचपुष्करे।
स्नानात्संसेविताद्वापिनमोक्षः प्राप्यतेयतः ५५ इहसंप्राप्यतेयेनतत एतद्विशिष्यते। प्रयागे
चभवेन्मोक्ष इहवामत्परिग्रहात् ५६ प्रयागादपितीर्थाग्र्यादिदमेवमहत्स्मृतम्। जैगीषव्यः
परांसिद्धिं योगतःसमहातपाः ५७ अस्यक्षेत्रस्यमाहात्म्याद्भक्त्याचममभावनात्। जैगी
षव्योमहाश्रेष्ठो योगिनांस्थानमिष्यते ५८ ध्यायतस्तत्रमांनित्यं योगाग्निर्दीप्यतेभृशम्।
कैवल्यंपरमंयाति देवानामपिदुर्लभम ५९ अव्यक्तलिङ्गैर्मुनिभिःसर्वसिद्धान्तवेदिभिःइह
संप्राप्यतेमोक्षो दुर्लभोदेवदानवैः ६० तेभ्यश्चाहंप्रयच्छामि भोगैश्वर्यमनुत्तमम्। आत्म
नश्चैवसायुज्यमीप्सितंस्थानमेवच ६१ कुबेरस्तुमहायक्षस्तथासर्वार्पितक्रियः। क्षेत्रसंव
सनादेव गणेशत्वमवापह ६२ सम्वर्तोभवितायश्च सोऽपिभक्त्याममैवतु। इहैवाराध्य
मांदेवि ! सिद्धिंयास्यत्यनुत्तमाम् ६३ पराशरसुतोयोगी ऋषिर्व्यासोमहातपाः। धर्म्म

उत्तम क्षेत्रमें योगका अभ्यास करते हैं ४९, कमलादि पुष्पोंसे सुशोभित सरोवर अप्सरा गन्धर्वादि
कोंसे सेवित इस सुन्दर क्षेत्रमें मेरावास जिसहेतुसे सदैव रहताहै उस कारणको मैं तुमको सुनाता
हूं इस क्षेत्रमें मुझमें मन लगानेवाले और मेरेहीमें सबकर्म अर्पण करनेवाले भक्तलोग जैसे यहां
मोक्षको प्राप्तहोजाते हैं वैसे अन्यत्रकहीं नहीं होसक्ते यहमेरामत परमदिव्य और दृढ़है ५०। ५२
ब्रह्मादिक देवता और मोक्षकी इच्छा करनेवाले सिद्धलोग यहसबभी इसीक्षेत्रको बड़ामानते हैं इस
हेतुसे यहांपर मेरी परमप्रीति है ५३ इसक्षेत्रकेबिना मैंकभीभी मोक्षनहीं करताहूं इसकारणसे मो-
क्षकी इच्छा करने वालोंको यही महत्क्षेत्र है ५४ नैमिषारण्य, कुरुक्षेत्र, गंगाद्वार और पुष्कर इन
सब में स्नानकरनेसे अथवा इनका सेवनकरनेसे भी जितकी मोक्षनहीं होती है वहइसक्षेत्रमें आकर
मोक्षको प्राप्त होजाता है इसलिये यहबड़ा क्षेत्र है ५५। ५६ मेरेही अनुग्रहसे यद्यपि प्रयागमें और
इसक्षेत्रमें मोक्षहोती है परन्तु प्रयागजीसे भी यहक्षेत्र बड़ाकहाजाता है जो पुरुष योगाभ्याससे यहां
परमसिद्धिकी इच्छा करता है वह महातपस्वी है ५७ इसक्षेत्रके माहात्म्यसे और मेरी भक्तिपूर्वक
भावनासे योगियोंको परमस्थानकी प्राप्ति होती है ५८ इसक्षेत्रमें मेराध्यानकरनेसे योगकी अग्निदीप्त
होजातीहै उसयोगाग्नि दीप्तहोजानेसे वह देवताओंसेभी दुर्लभ परममोक्षको प्राप्तहोजाताहै ५९
अव्यक्तचिह्नवाले शुद्धान्तःकरणयुक्त मुनियोंको यहां ऐसी मोक्षप्राप्तहोजाती है जो देवता और दा-
नवोंकोभी महादुर्लभहै ६० मैं यहां अपने सब भक्तोंको अपनेही साथ सायुज्यमोक्षकी इच्छाकरताहूं
यहीं महायक्षराज कुबेरभी मेरे विषय सब क्रियाओंको अर्पणकरके गणेशभावको प्राप्तहोगयाहै और

कर्त्ताभविष्यश्च वेदसंस्थाप्रवर्तकः ६४ रंस्यतेसोऽपिपद्माक्षि ! क्षेत्रेऽस्मिन् मुनिपुङ्गवः। ब्रह्मादेवर्षिभिःसार्द्धं विष्णुर्वायुर्दिवाकरः ६५ देवराजस्तथाशक्रो येऽपिचान्येदिवौकसः। उपासंतेमहात्मानः सर्वेमामेवसुव्रते ! ६६ अन्येऽपियोगिनःसिद्धाच्छन्नरूपा महाव्रताः। अनन्यमनसोभूत्वा मामिहोपासतेसदा ६७ अलर्कश्चपुरीमेतां मत्प्रसादादवाप्स्यति। सचैनांपूर्ववत्कृत्वा चातुर्वर्ण्याश्रमाकुलाम् ६८ स्फीतांजनसमाकीर्णां भक्त्याचसुचिरंनृपः। मयिसर्वार्पितप्राणो मामेवप्रतिपत्स्यते ६९ ततःप्रभृति चार्वङ्गि ! येऽपिक्षेत्रनिवासिनः। गृहिणोलिङ्गिनोवापिमद्भक्तामत्परायणाः ७० मत्प्रसादाद्भजिष्यंति मोक्षंपरमदुर्लभम्। विषयासक्तचित्तोऽपि त्यक्तधर्म्मरतिर्नरः ७१ इहक्षेत्रेमृतःसोऽपि संसारंनपुनर्विशेत्। येपुनर्निर्ममाधीराः सत्वस्थाविजितेन्द्रियाः ७२ व्रतिनश्चनिरारम्भाः सर्वेतेमयिभाविताः। देहभङ्गंसमासाद्य धीमन्तःसङ्गवर्जिताः। गताएवपरंमोक्षं प्रसादान्ममसुव्रते ! ७३ जन्मान्तरसहस्रेषु युञ्जन्योगमवाप्नुयात्। तमिहैवपरंमोक्षं मरणादधिगच्छति ७४ एतत्संक्षेपतोदेवि ! क्षेत्रस्यास्यमहत्फलम्। अविमुक्तस्यकथितं मयातेगुह्यमुत्तमम् ७५ अतःपरतरंनास्ति सिद्धिगुह्यंमहेश्वरि !। एतद्बुध्यन्तियोगज्ञा येचयोगेश्वराभुवि ७६ एतदेवपरंस्थानमेतदेवपरंशिवम्। एतदेवपरम्ब्रह्म एतदेवपरम्पदम् ७७ वाराणसीतुभुवनत्रयसारभूता रम्यासदाममपुरीगिरिरा

हे देवि जो आगे संवर्त्तनाम एक भक्तहोवेगा वहभी इसीक्षेत्रमें मेरा आराधनकरके परमसिद्धिको प्राप्तहोवेगा ६१। ६२ जो पराशरका पुत्र वेदव्यास योगीन्द्रऋषि महातपस्वी और धर्मकर्त्ता होकर वेदों की स्थितिकरेगा ६४ वहभी इसीक्षेत्रमें रमणकरेगा और देवऋषियों समेत ब्रह्मा विष्णु वायु सूर्य्य और इन्द्र यह सबभी इसीक्षेत्रमें मेरीही उपासनाकिया करतेहैं ६५। ६७ अलर्कराजाभी मेरीही कृपासे इसपुरीको प्राप्तहोकर चारोंवर्णो समेत इसपुरीको पूर्वके समान अच्छे प्रकारसे बढ़ावेगा और पालनाकरेगा इसके पीछे अपनी सबक्रियाओंको मेरेहीमें अर्पणकरके मुझकोही प्राप्तहोजावेगा ६८। ६९ उससे आदिलेके इसक्षेत्रमें रहनेवाले सब गृहस्थी और संन्यासी आदिक मेरेहीमें तत्परहैंगे ७० और मेरी कृपासे परमदुर्लभ मोक्षको प्राप्तहोवेंगे और महाविषयासक्त धर्ममें प्रीति न रखनेवाले पुरुषभी जो इसक्षेत्रमें मरेंगे वह सबभी इससंसारमें नहीं जन्मेंगे और जो ममतारहित धैर्य्य युक्त सतोगुणी और जितेन्द्रिय संन्यासीजन मेरी भक्तिकरके यहाँ शरीरको छोड़ेंगे वहतो निस्सन्देह मेरे प्रसादसे परममोक्षको अवश्यहीप्राप्तहोजांयगे ७१। ७२ हजारों जन्मों में जो पुरुष योगको प्राप्त करके जिस मोक्षको प्राप्तकरतेहैं वह मोक्ष यहाँ सबको यहाँके मरनेसेही प्राप्तहोजातीहै ७३। ७४ हे देवि यह मैंने संक्षेपमात्रसेही इसक्षेत्रका महाफल तुमसे कहदियाहै परन्तु यह अत्यन्त गुह्यफलहै ७५ हे महेश्वरि इससे विशेष कोईभी क्षेत्र सिद्धिका देनेवालानहीं है पृथ्वीपर जो २ बड़े २ योगीश्वरहैं वह सब इसीको परमसिद्धिदायक क्षेत्र कहते हैं यही परमस्थानहै मंगलहै परमब्रह्महै और परमपद है ७६। ७७ यह काशीजी त्रिलोकी भरमें सारहै मुझको सदैव रमणीकहै यहाँ आयेहुए अनेक पापी

जपुत्रि !। अत्रागताविविधदुष्कृतकारिणोऽपि पापक्षयाद्विरजसःप्रतिभान्तिमर्त्याः ७८
एतत्स्मृतंप्रियतमंममदेवि ! नित्यं क्षेत्रंविचित्रतरुगुल्मलतासुपुष्पम्। अस्मिन्मृतास्तनु
भृतःपदमाप्नुवन्ति मूर्खागमेनरहितापिनसंशयोऽत्र ७९ (सूत उवाच) एतस्मिन्नन्तरेदेवो
देवींप्राहगिरीन्द्रजा। दातुंप्रसादाद्यक्षाय वरंभक्तायभामिनि ! ८० भक्तोममवरारोहे !
तपसाहतकिल्बिषः। अहोवरमसौलब्धमस्मत्तोभुवनेश्वरि ! ८१ एवमुक्त्वाततोदेवः सह
देव्याजगत्पतिः। जगामयक्षोयत्रास्ते कृशोधमनिसन्ततः ८२ ततस्तंगुह्यकंदेवी दृष्टि
पातैर्निरीक्षती। श्वेतवर्णविचर्माणं स्नायुबद्धास्थिपंजरम् ८३ देवीप्राहतदादेवं दर्शयंती
चगुह्यकम्। सत्यंनामभवानुग्रो देवैरुक्तस्तुशङ्कर ! ८४ ईदृशेचास्यतपसि नप्रयच्छसि
यद्वरम्। अत्रक्षेत्रेमहादेव ! पुण्येसम्यगुपासिते ८५ कथमेवंपरिक्लेशं प्राप्तोयक्षकुमारकः।
शीघ्रमस्यवरंयच्छ प्रसादात्परमेश्वर ! ८६ एवंमन्वादयोदेव ! वदन्तिपरमर्षयः। रुष्टाद्वा
चाथतुष्टाद्वा सिद्धिस्तूभयतोभवेत् ८७ भोगप्राप्तिस्तथाराज्यमन्तेमोक्षःसदाशिवात्।
एवमुक्तस्ततोदेवः सहदेव्याजगत्पतिः ८८ जगामयक्षोयत्रास्ते कृशोधमनिसन्ततः।
तंदृष्ट्वाप्रणतंभक्त्या हरिकेशंवृषध्वजः ८९ दिव्यञ्चक्षुरदात्तस्मै. येनापश्यत्सशङ्करम्।
अथयक्षस्तदादेशाच्छनैरुन्मील्यचक्षुषी ९० अपश्यत्सगणंदेवं वृषध्वजमुपस्थितम्।
(देवदेव उवाच) वरंददामितेपूर्वं त्रैलोक्येदर्शनंतथा ९१ सावर्ण्यंचशरीरस्यपश्यमां

पुरुषभी पापोंसे छूटजातेहैं ७८ हे देवि यह क्षेत्रमुझको नित्यप्रियहै और विचित्र लता गुल्म और
पुष्पोंसे शोभितहै इसमें मरेहुए पुरुष परमपदको प्राप्तहोकर निस्सन्देह फिरउनका जन्मनहींहो-
ता ७९ सूतजी कहतेहैं कि इसके अनन्तर महादेवजी पार्वतीजीसे उस पूर्वोक्त यक्षके वरदेनेकी वार्त्ता
कहतेभये ८० कि हे वरारोहे यह मेराभक्त तपस्यासे सबपापोंको दूरकरके स्थित होरहाहै इसको वर
देनामुझे अवश्यचाहिये ८१ जगत्पति महादेवजी ऐसा कहकर पार्वतीजी समेत वहींपहुंचे जहाँ कि
वह कृशशरीरहोकर निरन्तर तपकररहाथा ८२ वहाँ उसभक्तको श्वेतवर्णकी शेषरही हड्डियां और
नसोंसे बंधाहुआ महादुर्बल देखकर पार्वतीजीबोलीं कि हे प्राणनाथ आपको जो देवतालोग उग्र वर्णन
करतेहैं वह यथार्थही वर्णन करते हैं क्योंकि ऐसे तपमेंभी स्थितहुए अपने भक्तके निमित्त आप वरनहीं
देतेहो हे महादेवजी इसपवित्रक्षेत्रमें यह यक्षकापुत्र ऐसे क्लेश प्राप्तहोनेको योग्यनहींहै इसहेतुसे आप-
कृपाकरके शीघ्रही इसकोवरदो ८३।८६हेदेव मनुआदिक परमऋषि ऐसावर्णनकरतेहैं किरुष्टहुए शिव-
जीसे अथवा प्रसन्नहुए महादेवजी से अर्थात् दोनोंहीप्रकारसे सिद्धिहोतीहै ८७ सबभूतमात्रोंको इस
संसारमेंतो भोगकीप्राप्ति और मरेपीछे मोक्षकी इच्छाहुआकरती है पार्वती के ऐसेवचन सुनकर ज-
गत्पति महादेवजी उसयक्षके पासजाकर उसे प्रणामकरताहुआ देखकर उसके लिये दिव्यनेत्र देते
भये तब उननेत्रोंसे वहयक्षमहादेवजी को देखताभया और अपने समीपमें गणों समेत आयेहुए शि-
वजीको अच्छेप्रकारसे देखकर बड़ाप्रसन्नहोताभया उससमय तब महादेवजी उससे कहतेभये कि मैं
तुझकोवरदेताहूं कितुझे त्रिलोकी का दर्शनहोगा और तेराशरीरभीमेरेही समान चेष्टावालाहोजायगा

विगतज्वरः। (सूत उवाच) ततःसलब्ध्वातुवरं शरीरेणाक्षतेनच ९२ पादयोःप्रणतस्त स्थौकृत्वाशिरसिसाञ्जलिम्। उवाचाथतदातेन वरदोऽस्मीतिचोदितः ९३ भगवन्! भक्तिमव्यग्रां त्वय्यनन्यांविधत्स्वमे। अन्नदत्वंचलोकानां गाणपत्यंतथाक्षयम् ९४ अ विमुक्तंचतेस्थानं पश्येयंसर्वदायथा। एतदिच्छामिदेवेश त्वत्तोवरमनुत्तमम् ९५ (देवदेव उवाच) जरामरणसन्त्यक्तः सर्वरोगविवर्जितः। भविष्यसिगणाध्यक्षो धनदःसर्वपूजि तः ९६ अजेयश्चापिसर्वेषां योगैश्वर्यसमाश्रितः। अन्नदश्चापिलोकेभ्यः क्षेत्रपालोभ विष्यसि ९७ महाबलोमहासत्त्वो ब्रह्मण्योममचप्रियः। त्र्यक्षश्चदण्डपाणिश्च महा योगीतथैवच ९८ उद्भ्रमःसम्भ्रमश्चैव गणौतेपरिचारकौ। तवाज्ञाञ्चकरिष्येते लोक स्योद्भ्रमसम्भ्रमौ ९९ (सूत उवाच) एवंसभगवांस्तत्र यक्षंकृत्वागणेश्वरम्। जगाम वामदेवेशः सहतेनामरेश्वरः १००॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेएकोनाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १७९॥

(सूत उवाच) इमांपुण्योद्भवांस्निग्धां कथांपापप्रणाशिनीम्। शृण्वन्तुऋषयःसर्वे सुविशुद्धास्तपोधनाः १ गणेश्वरपतिंदिव्यं रुद्रतुल्यपराक्रमम्। सनत्कुमारोभगवान् पृच्छन्नन्दिकेश्वरम् २ ब्रूहिगुह्यंयथातत्त्वं यत्रनित्यंभवस्थितः। माहात्म्यंसर्वभूतानां परमात्मामहेश्वरः ३ घोररूपंसमास्थाय दुष्करंदेवदानवैः। आभूतसंप्लवंयावत् स्थाणु

तू खेदरहितहोकर मुझकोदेख सूतजी कहते हैं किजबवहयक्ष ऐसेवरकोप्राप्तहोगया तबअक्षत अर्थात् निर्विकार शरीरसे खड़ाहोकर शिवजीके चरणोंमें मस्तकटेक प्रणामकर अंजलीबाँधकर बोला कि हे स्वामीमेरे ऊपर कृपाकरिये तब महादेवजी ने कहाकि मैंनेतेरे निमित्तवरदे दियाहै ९२।९३यहसुनकर वहफिरबोला हे स्वामिन् आप ऐसावर दीजिये जिस्से आपके विषयमें मेरीनिरन्तरभक्ति बनीरहै और मैं लोकोंको अन्नदेनेवाला गणपति कहाऊं९४इसके विशेषयह उत्तमवरभीचाहताहूं कि आपके अविमुक्त स्थानको सदेवदेखूं ९५ महादेवजी कहतेहैं कि हेयक्ष तू जरामरण औररोगादिसे रहितशरीरीहोकेगणोंका पति धनकादेनेवाला सबसे पूजित किसीसे पराजित न होनेवाला होकर योग ऐश्वर्यवान्हो सबभूतोंको अन्नदेने वाला क्षेत्रपालहोगा ९६। ९७ इसके विशेष महाबली सत्त्ववान् ब्रह्मण्य मेरा प्यारा त्रिनेत्रयुक्त हाथमें दंडधारण करनेवाला और महायोगीहोगा ९८ और उद्भ्रम संभ्रम दोगण तेरे अनुचर रहेंगे वह दोनों सदैव तेरी आज्ञाको करेंगे ९९ सूतजी कहते हैं इस प्रकारसे वह भगवान् महादेवजी उसयक्षको गणेश्वर बनाके उसीके साथ गमन करतेभये १००॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकोनाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १७९॥

सूतजीबोले कि इस पुण्यकी उदय करनेवाली महापवित्र पापोंकी नाशकरनेवाली कथाको सुन्दर तपवाले आप सब ऋषि लोग श्रद्धापूर्वक श्रवणकरो १ एकसमय गणेश्वरों के पति महादिव्यरूपरुद्रके समान पराक्रमी शिवजी के वाहननन्दिकेश्वरसे सनत्कुमार पूछतेभये २ कि हे नन्दिकेश्वर जहाँ शिवजी महाराज नित्य स्थित रहतेहैं उस परमतत्त्वरूप गुह्य स्थानको आपहमारे आगे वर्णन

भूतोमहेश्वरः ४ (नन्दिकेश्वर उवाच) पुरादेवेनयत्प्रोक्तं पुराणंपुण्यमुत्तमम्। तत्सर्वंसं
प्रवक्ष्यामि नमस्कृत्वमहेश्वरम् ५ ततोदेवेनतुष्टेन उमायाःप्रियकाम्यया। कथितंभुवि
विख्यातंयत्रनित्यंस्वयंस्थितः ६ रुद्रस्यार्धासनगता मेरुशृङ्गेयशस्विनी। महादेवंत
तोदेवी प्रणतापरिपृच्छति ७ भगवन्! देवदेवेश! चन्द्रार्द्धकृतशेखर!। धर्मस्त्रिब्रूहिमर्त्या
नां भुविचैवोर्ध्वरेतसाम् ८ जप्तंदत्तंहुतंचेष्टं तपस्तप्तंकृतञ्चयत्। ध्यानाध्ययनसम्पन्नंक
थंभवतिचाक्षयम् ९ जन्मान्तरसहस्रेण यत्पापंपूर्वसञ्चितम्। कथंतत्क्षयमायाति तन्
ममाचक्ष्वशङ्कर! १० यस्मिन्व्यवस्थितोभक्त्या तुष्यसेपरमेश्वर!। व्रतानिनियमाश्चैं
वश्चाचारोधर्म्मएवच ११ सर्वसिद्धिकरंयत्र ह्यक्षय्यगतिदायकम्। वक्तुमर्हसितत्सर्वं
परंकौतूहलंहिमे १२ (महेश्वर उवाच) शृणुदेवि! प्रवक्ष्यामि गुह्यानांगुह्यमुत्तमम्।
सर्वक्षेत्रेषुविख्यातमविमुक्तंप्रियंमम १३ अष्टषष्टिःपुराप्रोक्ता स्थानानांस्थानमुत्तमम्।
यत्रसाक्षात्स्वयंरुद्रःकृत्तिवासाःस्वयंस्थितः १४ यत्रसन्निहितोनित्यमविमुक्तेनिरन्तरम्।
तत्क्षेत्रंनमयामुक्तमविमुक्ततत्तःस्मृतम् १५ अविमुक्तेपरासिद्धिरविमुक्तेपरागतिः। ज
प्तंदत्तंहुतंचेष्टं तपस्तप्तंकृतंचयत् १६ ध्यानमध्ययनंदानं सर्वंभवतिचाक्षयम्। जन्मान्त
रसहस्रेण यत्पापंपूर्वसञ्चितम् १७ अविमुक्तंप्रविष्टस्य तत्सर्वंव्रजतिक्षयम्। अविमु

करो और वही सब भूतोंके पति शिवजी प्रलय कालतक स्थाणुरूप होकर घोर रूपधारण करके जहाँस्थित रहते हैं उस स्थानकोभी विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिये ३।४ नन्दिकेश्वरबोले किप्रथम श्रीमहादेवजीने जिस उत्तम पवित्रपुराणको कहाहै उस सबकोमैं तुम्हारे आगे वर्णन करताहूं ५ इस पुराणको सबसे प्रथम प्रसन्नहोकर शिवजीने श्रीपार्वतीजी से कहाहै फिर क्रमसे पृथ्वीपर विख्यात होगयाहै ६ वह इस प्रकारसे है कि किसी समय महायशस्विनी शिवजीकी अर्द्धाङ्गी श्री पार्वतीजी सुमेरु पर्व्वतपर स्थितहो महादेवजी को प्रणामकरके यहपूछती भईं ७ कि हे भगवन् हे देवदेवेश इस पृथ्वी के रहनेवाले जितेन्द्रिय पुरुषोंके जो २ धर्म हैं उनको आप वर्णन कीजिये ८ जप दान हवन अच्छे प्रकारसे कियेहुए तप ध्यान और अध्ययन यह सब कैसे अक्षयगुणवाले होते हैं ९ और हजारों जन्मोंसे संचित कियेहुए पाप कैसे नष्ट होते हैं और जिस रीतिकी भक्ति से भगवान् प्रसन्नहोते हैं वहव्रत नियम आचार धर्म और अक्षय गतिदेनेवाले यत्न इनसबको आप मेरे आगे वर्णनकीजिये क्योंकि मुझे परम आश्चर्य होताहै १० । १२ श्रीमहादेवजी बोले कि हे देवि तू श्रद्धापूर्वक श्रवणकर मैं गुह्योंमें भी गुह्य उस उत्तम तीर्थको तेरे आगेकहताहूं जो सब क्षेत्रोंमें महा उत्तम विख्यात अविमुक्त नामक्षेत्र मुझको प्याराहै १३ प्रथम अड़सठ ६८ तीर्थोंके स्थान कहेहैं उनमेंसे जहाँ रुद्रजी महाराज अपनी स्थिति रखते हैं और कभीभी उसको नहीं त्यागते हैं इसी हेतुसे उस तीर्थकानाम अविमुक्त क्षेत्र विख्यातहै यहक्षेत्र उन पूर्व्वोक्त स्थानोंसे उत्तम है १४ । १५ इस अविमुक्तक्षेत्रमें परमसिद्धि और परमगति है इसमें जप दान हवन तप ध्यान अध्ययन और अन्य २ जो २ सुकृत हैं सब अक्षयपुण्यकारी होते हैं हजारों जन्मोंकाभी संचित कियाहुआ पाप इस

क्ताग्निनादग्धमग्नौतूलमिवाहितम् १८ ब्राह्मणाःक्षत्रियावैश्याः शूद्रावैवर्णसङ्कराः । कृमिम्लेच्छाश्चयेचान्ये सङ्कीर्णाःपापयोनयः १९ कीटाःपिपीलिकाश्चैव येचान्येमृगप क्षिणः । कालेननिधनंप्राप्ता अविमुक्तेशृणुप्रिये ! २० चन्द्रार्द्धमौलिनःसर्वे ललाटाक्षावृ षध्वजाः । शिवेममपुरेदेवि ! जायन्तेतत्रमानवाः २१ अकामोवासकामोवा ह्यपितिर्यग्ग तोऽपिवा । अविमुक्तेत्यजन्प्राणान् ममलोकेमहीयते २२ अविमुक्तंयदागच्छेत् कदा चित्कालपर्ययात् । अश्मनाचरणौवद्धा तत्रैवनिधनंव्रजेत् २३ अविमुक्तंगतोदेवि ! न निर्गच्छेत्ततःपुनः । सोऽपिमत्पदमाप्नोति नात्रकार्याविचारणा २४ वस्त्रप्रदंरुद्रकोटिं सिद्धेश्वरमहालयम् । गोकर्णंरुद्रकर्णञ्च सुवर्णाक्षंतथैवच २५ अमरञ्चमहाकालं तथाकां यावरोहणम् । एतानिहिपवित्राणि सान्निध्यात्सन्ध्ययोर्द्वयोः २६ कालञ्जरवनञ्चैव शंकु कर्णंस्थलेश्वरम् । एतानिचपवित्राणि सान्निध्याद्धिममप्रिये । अविमुक्तेवरारोहे ! त्रिस न्ध्यंनात्रसंशयः २७ हरिश्चन्द्रंपरंगुह्यं गुह्यमाम्रातकेश्वरम् । जलेश्वरंपरंगुह्यं गुह्यंश्री पर्वतंतथा २८ महालयंतथागुह्यं कृमिचण्डेश्वरंशुभम् । गुह्यातिगुह्यंकेदारं महाभैरव मेवच २९ अष्टावेतानिस्थानानि सान्निध्याद्धिममप्रिये ! । अविमुक्तेवरारोहे ! त्रिसन्ध्यं नात्रसंशयः ३० यानिस्थानानिश्रूयन्ते त्रिषुलोकेषुसुव्रते ! । अविमुक्तस्यपादेषु नित्यं सन्निहितानिवै ३१ अथोत्तरांकथांदिव्यामविमुक्तस्यशोभने । स्कन्दोवक्ष्यतिमाहात्म्य मृषीणांभावितात्मनाम् ३२ ॥ इति श्रीमत्स्यपुराणेऽशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८० ॥

अविमुक्त क्षेत्रमें प्रवेश होतेही नष्टहोजाताहै इस क्षेत्रमें पाप ऐसे दग्ध होजाते हैं जैसेकि अग्निमें रुई भस्महोजाती है १६ । १८ और ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र वर्णसंकर पातकी जीव कीट पतंग मृ- गपक्षी इनमेंसे कोई भीजो इस अविमुक्त तीर्थपर मरतेहैं वहसब हे देवि मेरे शिवलोकमें प्राप्तहोकर चन्द्रमाको मस्तकमें धारण करनेवाले रुद्रहोजातेहैं १९।२१ कामना विचारे अथवा विनाविचारेहु- एही कोई मनुष्य अथवा पशुआदिकभी जो अविमुक्ततीर्थपर प्राणोंको त्यागताहै वहमेरेलोकमें अवश्य प्राप्त होता है २२ जो कोई अविमुक्त तीर्थ परजाकर पैरोंमें पत्थर बाँधकर मणिकर्णिका घाटपर वि- ना लौटेहुए उसी स्थानपर प्राणोंको त्याग देताहै वह निस्सन्देह मेरेहीलोकमें प्राप्त होताहै २३ । २४ वस्त्रप्रदनामक रुद्रकोटि, सिद्धेश्वरनामक महास्थान गोकर्ण, रुद्रकर्ण सुवर्णाक्ष, अमर, महाकाल और कायावरोहण यहसब महापवित्र तीर्थ हैं इनसब तीर्थोंमें दोनों संधियोंके समय मेरी स्थिति रहती है २५।२६ इनके विशेष कालंजर पर्व्वत शंकुकर्ण और स्थलेश्वर यहसब तीर्थभी मेरेही स्थिति होनेसे पवित्र हैं परन्तु हे प्रिये इस अविमुक्त क्षेत्रमेंतो मेरी स्थिति निस्सन्देह तीनोंही कालोंमें रहती है इसके सिवाय हरिश्चन्द्र तीर्थ परमगुप्त है आम्रातकेश्वर तीर्थ, जलेश्वर तीर्थ श्री पर्व्वत क्षेत्रभी महापवित्रहैं २७ । २८ महालय तीर्थ, कृमिचंडेश्वर केदारनाथजी और महाभैरव क्षेत्र यहसबभी पवित्र हैं हे वरारोहे इनपूर्वकहे हुए आठों स्थानोंमें जैसी मेरी दोनों संधियोंमें स्थिति वैसीही स्थिति इस अविमुक्त तीर्थरूपी क्षेत्रमें मेरी तीनों संधियोंमें रहाकरतीहै २९ । ३० और है

(सूत उवाच) कैलासपृष्ठमासीनं स्कन्दंब्रह्मविदांवरम्। पृच्छन्तिऋषयःसर्वेसन
काद्यास्तपोधनाः १ तथाराजर्षयःसर्वे येभक्तास्तुमहेश्वरे। ब्रूहित्वंस्कन्द ! भूलोके यत्र
नित्यंमवस्थितः २ (स्कन्द उवाच) महात्मासर्वभूतात्मा देवदेवःसनातनः। घोररूपंस
मास्थाय दुष्करंदेवदानवैः ३ आभूतसंप्लवंयावत् स्थाणुभूतस्थितःप्रभुः। गुह्यानांपरमं
गुह्यमविमुक्तमितिस्मृतम् ४ अविमुक्तेसदासिद्धिर्यत्रनित्यंभवस्थितः। अस्यक्षेत्रस्य
माहात्म्यं यदुक्तंत्वीश्वरेणतु ५ स्थानान्तरंपवित्रञ्च तीर्थमायतनंतथा। श्मशानसंस्थितं
वेश्म दिव्यमन्तर्हितञ्चयत् ६ भूलोकेनैवसंयुक्त मन्तरिक्षेशिवालयम्। अयुक्तास्तुन
पश्यन्ति युक्ताःपश्यन्तिचेतसा ७ ब्रह्मचर्यव्रतोपेताःसिद्धावेदान्तकोविदाः। आदेहपत
नाद्यावत् तत्क्षेत्रंयोनमुञ्चति ८ ब्रह्मचर्यव्रतैःसम्यक् सम्यगिष्टंमुखैर्मखैः। अपापा-
त्मागतिःसर्वा यातूक्ताचक्रियावताम् ९ यस्तत्रनिवसेद्विप्रो संयुक्तात्मासमाहितः। त्रि
कालमपिभुञ्जानो वायुभक्षसमोऽभवत् १० निमेषमात्रमपियोह्यविमुक्तेतुभक्तिमान्।
ब्रह्मचर्यसमायुक्तः परमंप्राप्नुयात्तपः ११ यत्रमासंवसेद्धीरो लब्धाहारोजितेन्द्रियः !। स
म्यक्तेनव्रतंचीर्णं दिव्यंपाशुपतंमहत् १२ जन्ममृत्युभयन्तीर्त्वा सयातिपरमाङ्गतिम्।

प्रिये जिन २ स्थानोंमें मेरी स्थिति सुनीजाती है वहसब तीर्थ इस अविमुक्त तीर्थके चरणोंमें नित्य-
ही स्थितरहते हैं इस अविमुक्त तीर्थकी महाउत्तम कथाको आगेके समयमें स्वामिकार्तिक तुम्हारा
पुत्र ऋषियोंसेकहेगा२१।२२॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामशीत्यधिकशततमोऽध्यायः१८०॥
सूतजीबोले कि बड़े ब्रह्मवेत्ताओंमें श्रेष्ठ कैलासपर बैठेहुए स्वामिकार्तिकजीसे सनकादिक ऋषि
और सबराजर्षि लोग यह पूछनेलगे कि हेब्रह्मन् स्वामिकार्तिकजी इसभूलोकमें जहाँ शिवजी महाराज
नित्य स्थितरहतेहैं उसस्थानको आप कृपाकरके हमें सुनाइये स्वामिकार्तिकजी बोले कि सब भूतोंके
आत्मा महात्मा देवदेवजी तपके आश्रयहो,प्रलय कालपर्य्यन्त स्थाणुरूप अर्थात् स्तंभके समान
स्थितहोकर अविमुक्त तीर्थपर रहतेहैं१।४वहाँ नित्यही शिवजीकी स्थिति होनेसे सदैव सिद्धियोंका
वासरहताहै शिवजीने जैसा कि इस क्षेत्रका माहात्म्य कहाहै वैसा अन्यकिसीभी क्षेत्रकानहीं कहाहै
इस अविमुक्त क्षेत्रके समान पवित्रभीकोई स्थान नहीं है शिवजीकी स्थिति श्मशान आकाश और
शिवालय आदि किसी स्थानमें ऐसीनहीं है जैसीकि इसमें सदैव स्थिति रहती है इनशिवजी महाराज
को अयोग्यपुरुषनहीं देखसक्ते परन्तुयोगी जन लोग अपने चित्तसे ध्यानकरके उनको अविमुक्ततीर्-
थ पर देखते हैं ५।७ ब्रह्मचर्य्य व्रतमें स्थित सिद्धपुरुष और वेदान्ती लोग अपने शरीरके क्षय प-
र्य्यन्त इसक्षेत्रको नहींत्यागते हैं वहसब पुरुष यज्ञों के फलोंको प्राप्तहोकर सबपापों से छूट उत्तम स-
द्गतियोंको प्राप्तहोते हैं ८ और मुक्तात्मा होकर जो कोई ब्राह्मण सावधानतासे वहां वासंकरता है
वह तीनोंकालों में भी भोजन करनेवाला होके वायु भक्षणकरनेवाले के समान पुण्यको प्राप्तहोकर
सद्गतिको प्राप्तहोजाताहै९।१०जो पुरुष पलमात्रभी भक्तिपूर्व्वक ब्रह्मचर्य्य धारणकर सावधानी से
इसक्षेत्रमें रहताहै वह परमतपस्या के फलको प्राप्तहोताहै और जो धैर्य्यवान् पुरुष जितेन्द्रिय होके

नैश्रेयसींगतिंपुण्यां तथायोगगतिंव्रजेत् १३ नहियोगगतिर्दिव्या जन्मान्तरशतैरपि। प्राप्यतेक्षेत्रमाहात्म्यात् प्रभावाच्छङ्करस्यतु १४ ब्रह्महायोऽभिगच्छेत्तु अविमुक्तंकदाच न। तस्यक्षेत्रस्यमाहात्म्याद् ब्रह्महत्यानिवर्तते १५ आदेहपतनाद्यावत् क्षेत्रंयोनविमुञ्च ति। नकेवलंब्रह्महत्या प्राकृताचनिवर्तते १६ प्राप्यविश्वेश्वरंदेवं नसाभूयोऽभिजायते। अनन्यमानसोभूत्वा योविमुक्तंनमुञ्चति १७ तस्यदेवःसदातुष्टः सर्वान्कामान्प्रयच्छ ति। द्वारंयत्सांख्ययोगानां सतत्रवसतिप्रभुः १८ सगणोहिभवोदेवो भक्तानामनुकम्प या। अविमुक्तंपरंक्षेत्रमविमुक्तेपरागतिः १९ अविमुक्तेपरासिद्धि रविमुक्तेपरंपदम्। अ विमुक्तंनिषेवेत देवर्षिगणसेवितम् २० यदीच्छेन्मानवोधीमान् नपुनर्जायतेक्वचित्। मे रोःशक्तोगुणान्वक्तुं द्वीपानाञ्चतथैवच २१ समुद्राणाञ्चसर्वेषां नाविमुक्तस्यशक्यते। अन्त कालेमनुष्याणां छिद्यमानेषुमर्मसु २२ वायुनाप्रेर्यमाणानां स्मृतिर्नैवोपजायते। अविमु क्तेह्यन्तकाले भक्तानामीश्वरःस्वयम् २३ कर्मभिःप्रेर्यमाणानां कर्णजापंप्रयच्छति। म णिकर्ण्यांत्यजन्देहं गतिमिष्टांव्रजेन्नरः २४ ईश्वरप्रेरितोयाति दुष्प्रापामकृतात्मभिः। अ शाश्वतमिदंज्ञात्वा मानुष्यंबहुकिल्बिषम् २५ अविमुक्तंनिषेवेत संसारभयमोचनम्। योगक्षेमप्रदंदिव्यं बहुविघ्नविनाशनम् २६ विघ्नैश्चालोड्यमानोऽपि योविमुक्तंनमुञ्च

वहां एकमहीनेतक वासकरताहै उसको महादिव्य पाशुपतव्रत कियेहुएका पुण्यप्राप्तहोताहै ११।१२ अर्थात् जन्ममृत्युके भयको त्यागकर परमउत्तमगति मोक्षरूपी फलको पाताहै १३ शिवजीकी म- हिमासे जो इसक्षेत्रमें फलप्राप्तहोताहै वह सैकड़ोंजन्मोंतक योगकरनेसेभी कहींनहीं पासकाहै १४ ब्राह्मणकी हत्या करनेवालाभी जो पुरुष इस अविमुक्त तीर्थपर जाताहै उसकी भी ब्रह्महत्या दूर होजाती है १५जो आजन्म इस तीर्थको नहीं छोड़ताहै और एकाग्रचित्तसे इसमेंवासकरताहै उसकी ब्रह्महत्यादूरहोजाती है और वह शिवलोक में प्राप्तहोकर महादेवजी की प्रसन्नतासे उसकी सवका- मनाभी सिद्धहोजाती हैं उसपुरुषकी वहीगतिहोती है जो सांख्ययोगवालों की होती है १६।१८ इस अविमुक्त तीर्थपर महादेवजी अपने गणोंसमेत वासकरते हैं इसीहेतुसे अविमुक्त तीर्थपर परम सिद्धि और परमगति होती है इसतीर्थ के सेवनसे परमपद मिलताहै और जो बुद्धिमान् पुरुष अ- विमुक्त तीर्थको सेवन करताहै वह इस संसारमें फिर जन्म नहीं लेता है और सुमेरुपर्वत के सातों समुद्रों के और सातोंद्वीपों के भी गुणोंको चाहे कोई पुरुषकहदे परन्तु इस अविमुक्त तीर्थके गुण किसी से भी नहीं कहेजासक्के हैंअन्त समय जब मनुष्यों के मर्मछेदन होते हैं तबप्राण वायुके निक- लने के समय किसीको भी स्मृति नहींरहती है परन्तु इस अविमुक्त तीर्थपर भक्तों के अन्तकाल के समय कर्मोंसे प्रेरेहुए आप महादेवजी उनके कानमें महामंत्र पढ़देतेहैं तब मणिकर्णिका आदिक तीर्थोंपर शरीरको त्यागताहुआ भक्तपुरुष अपने मनोवांछित फलको प्राप्तहोताहै १९।२४ और शिव- जीकी आज्ञासे दुर्लभ उत्तमगतिको प्राप्तहोकर सदैव आनन्दकरता है इसमनुष्यको उचितहै कि श- रीरको सदैव अनित्य और पापात्मा जानकर इससंसारके क्लेशों से निवृत्तहोनेके निमित्त इस अवि-

ति। समुञ्चतिजरांमृत्युं जन्मचैतदशाश्वतम्॥ अविमुक्तेप्रसादात्तु शिवसायुज्यमाप्नुया
यात् २७ ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणेएकाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८१॥

(देव्युवाच) हिमवन्तंगिरित्यक्त्वामन्दरंगन्धमादनम्। कैलासंनिषधञ्चैव मेरुपृष्ठंमहा
द्युति १ रम्यंत्रिशिखरञ्चैव मानसंसुमहागिरिम्। देवोद्यानानिरम्याणि नन्दनंवनमेवच
२ सुरस्थानानिमुख्यानि तीर्थान्यायतनानिच। तानिसर्वाणिसन्त्यज्य अविमुक्तेरतिःक
थम् ३ किमत्रसुमहत्पुण्यं परंगुह्यंवदस्वमे। येनत्वंरमसेनित्यं भूतसम्पद्गुणैर्युतः ४ क्षे
त्रस्यप्रवरत्वञ्च येचतत्रनिवासिनः। तेषामनुग्रहःकश्चित्तत् सर्वंब्रूहिशङ्कर! ५ (शङ्कर
उवाच) अत्यद्भुतमिमंप्रश्नं यत्त्वंपृच्छसिभामिनि। तत्सर्वंसंप्रवक्ष्यामि तन्मेनिगदतः
शृणु ६ वाराणस्यांनदीपुण्या सिद्धगन्धर्वसेविता। प्रविष्टात्रिपथागङ्गा तस्मिन्क्षेत्रेमम
प्रिये! ७मामेवप्रीतिसन्तुष्टा कृत्तिवासश्चसुन्दरि!। सर्वेषांचैवस्थानानां स्थानन्तत्तु
यथाधिकम् ८ तेनकार्येणसुश्रोणि! तस्मिन्स्थानेरतिर्मम। तस्मिन्लिङ्गेचसान्निध्यं मम
देवि! सुरेश्वरि! ९ क्षेत्रस्यचप्रवक्ष्यामि गुणान्गुणवतांवरे!। यान्श्रुत्वासर्वपापेभ्यो
मुच्यतेनात्रसंशयः १० यदिपापोयदिशठो यदिवाधार्मिकोनरः। मुच्यतेसर्वपापेभ्यो ह्य
विमुक्तंव्रजेद्यदि ११ प्रलयेसर्वभूतानां लोकेस्थावरजङ्गमे। नहित्यक्ष्यामितत्स्थानं

मुक्त तीर्थको सेवे यह दिव्यतीर्थयोग क्षेमका देनेवाला और विघ्नोंका नाश करने वालाहै २५। २६ जो पुरुष अनेकप्रकारके कष्टोंकोभी सहकर अविमुक्त तीर्थका सेवनकरताहै वह जरा जन्ममृत्यु आदि रोगोंसे छूट शिवजीके संग सायुज्य मोक्षको प्राप्त होताहै २७॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८१॥

श्रीपार्वतीजी कहती हैं कि हे महादेवजी हिमवान् मन्दराचल, गन्धमादन, कैलास, निषध और सुमेरु इनसब उत्तम पर्व्वतोंको और रमणीक त्रिशिखर पर्व्वत मानस पर्व्वत देवताओंके रमणीक नन्दनादिकवन और देवताओंके मुख्य २ स्थान तीर्थ इनसबको त्यागकर केवल इस अविमुक्त तीर्थही पर आपको ऐसी रुचि किसकारणसेहै इस तीर्थपर क्या महत्गुह्य पुण्यहै जिससे कि आप अपने सबगणों समेत आनन्दसे वासकरतेहो और इसक्षेत्रपर वासकरनेवाले मनुष्योंपर आपकौनसा अनुग्रह करतेहो यह सब मुझसे वर्णनकीजिये १। ५ महादेवजीबोले हे भामिनि यह तेराप्रश्न अत्यन्त अद्भुतहै मैं सबको वर्णन करताहूं तू सावधानहोकर सुन काशीपुरीमें सिद्ध गन्धर्वोंसे सेवितकी हुई महापवित्रनदीहै उसीमें यह त्रिपथा गंगाजी भी प्रवेशहोरहीहैं वह नदी मेरीही प्रीतिकरके प्रसन्न रहती है इसीसे यहस्थान अन्य सबस्थानोंसे बड़ा पुण्यकारी है हे सुश्रोणि इसीसे मेरीभी उस पर परमप्रीतिरहती है हे सुरेश्वरि उसी क्षेत्रके लिङ्गमें मेरी स्थिति रहतीहै ६। ९ अबमें इसक्षेत्रकेउन गुणोंको वर्णनकरताहूं जिनके श्रवणमात्रहीसे मनुष्य निस्सन्देह सबपापोंसे छूटजाताहै १० जोपापी मूर्ख अथवा धर्मवाला इनमेंसे कोईभी जो इस अविमुक्त तीर्थपर जाताहै वह सब पापोंसे छूटजाता है ११ और जब कि सब स्थावर जंगम जगत्की प्रलयहोजाती है उससमयमेंभी मैं इसस्थानको

महागणशतैर्वृतः १२ यत्रदेवाःसगन्धर्वाः सयक्षोरगराक्षसाः। वक्त्रंममममहाभागे ! प्रवि
शन्तियुगक्षये १३ तेषांसाक्षादहंपूजां प्रतिगृह्णामिपार्वति ! । सर्वगुह्योत्तमंस्थानं
ममप्रियतमंशुभम् १४ धन्याःप्रविष्टाःसुश्रोणि ! ममभक्ताद्विजातयः। मद्भक्तिपरमानि
त्यं येमद्भक्तास्तुतेनराः १५ तस्मिन्प्राणान्परित्यज्य गच्छन्तिपरमाङ्गतिम्। सदायज
तिरुद्रेण सदादानंप्रयच्छति १६ सदातपस्वीभवति अविमुक्तस्थितोनरः। योमांपूजय
तेनित्यं तस्यतुष्याम्यहंप्रिये ! १७ सर्वदानानियोदद्यात्सर्वयज्ञेषुदीक्षितः। सर्वतीर्थाभि
षिक्तश्चसप्रपद्येतमामिह १८ अविमुक्तंसदादेवि ! येव्रजन्तिसुनिश्चिताः। तेतिष्ठन्तीह
सुश्रोणि ! त्वद्भक्ताश्चत्रिविष्टपे १९ मत्प्रसादात्तुतेदेवि। दीव्यन्तिशुभलोचने !। दुर्द्ध
र्षाश्चैवदुर्द्धर्षा भवन्तिविगतज्वराः २० अविमुक्तंशुभंप्राप्य मद्भक्ताःकृतनिश्चयाः। निर्धू
तपापविमला भवन्तिविगतज्वराः२१ (पार्वत्युवाच) दक्षयज्ञस्त्वयादेव ! मत्प्रियार्थं
निषूदितः। अविमुक्तगुणानान्तु नतृप्तिरिहजायते २२ (ईश्वरउवाच) क्रोधेनदक्षयज्ञस्तु
त्वत्प्रियार्थेविनाशितः। महाप्रिये ! महाभागे ! नाशितोऽयंवरानने २३ अविमुक्तेयज
न्तेतु मद्भक्ताःकृतनिश्चयाः। नतेषांपुनरावृत्तिः कल्पकोटिशतैरपि २४ (देव्युवाच) दु
र्लभास्तुगुणादेव ! अविमुक्तेतुकीर्तिताः। सर्वांस्तान्ममतत्त्वेन कथयस्वमहेश्वर ! २५

नहींत्यागता १२ और युगोंके अन्तमें इसी स्थानपर सब देवता गन्धर्व यक्ष उरग और राक्षसादिक
जीवमात्र मेरेमुखमें प्रवेश करजातेहैं और उनकी पूजाकोमैं साक्षात् ग्रहणकरताहूं यहमेरास्थान सब
स्थानोंसेउत्तमहै और मुझको परमप्रियहै १३।१४ इस मेरे तीर्थपर जो भक्तजनजातेहैं वह परमधन्यहैं
जो द्विज मेरीभक्तिकरके यहाँ वासकर अपने प्राणोंको त्यागतेहैं वह परमगतिको प्राप्तहोतेहैं, इस
अविमुक्त तीर्थपर स्थितहुआ मनुष्य जो सदैव रुद्र समेत पूजाकरताहै रुद्रही समेत दानकरताहै
और तपस्यायुक्तहै अथवा मुझको पूजता है उसपर में सदैव प्रसन्न रहताहूं १५।१७ जो पुरुष
सर्वस्व दानकरताहै सबयज्ञोंमें दीक्षालेताहै और सब तीर्थोंके जलका अभिषेक करताहै वह मुझको
इस तीर्थपर प्राप्त होताहै १८ हे पार्व्वति अविमुक्त तीर्थपर वासकरनेवाले पुरुष और तेरे भक्तजन
स्वर्ग में प्राप्त होतेहैं और मेरी कृपासे वहाँ दुर्धर्ष होके क्रीड़ा करतेहुए भी सब पापों से रहित रहते
हैं १९।२० मेरे भक्तजन इस शुभ तीर्थपर प्राप्त होकर सब पापों से रहितहो निर्म्मल होजाते
हैं २१ पार्व्वतीजी पूछती हैं कि हे देव आपने मेरे प्यारके निमित्त दक्षके यज्ञका नाश करदियाथा
ऐसी आपकी मेरे ऊपर कृपा रहती है अब मेरी यह प्रार्थनाहै कि मेरी तृप्ति अभी इस अविमुक्त तीर्थ
के गुणोंसे नहींहुई इससे औरभीगुण वर्णनकीजिये जिससे कि मेरी तृप्तिहो २२ महादेवजी बोले कि
हे प्रिये हे महाभागे यह सत्यहै कि मैंने तेरीही प्रीतिके अर्थ अपने क्रोधसे दक्षका यज्ञ विध्वंश कर
दियाथा २३ इस अविमुक्त तीर्थपर मेरे भक्तजन जो निश्चयकरके मेरा पूजनकरतेहैं वह सैकड़ों
कल्पोंतकभी इससंसार में फिरनहीं जन्मलेते २४ पार्वतीजी बोलीं हे देव आपने जो इस अविमुक्त
तीर्थ के बड़े २ दुर्लभगुण वर्णनकियेहैं उनसबको आप तत्त्वपूर्व्वक अच्छी रीतिसे वर्णनकीजिये २५

कौतूहलंमहादेव ! हृदिस्थंममवर्तते। तत्सर्वंममतत्त्वेन आख्याहिपरमेश्वर ! २६ (ई श्वर उवाच) अक्षयाह्यमराश्चैव ह्यदेहाश्चभवन्तिते। मत्प्रसादाद्वरारोहे ! मामेवप्रवि शन्तिवै २७ ब्रूहिब्रूहिविशालाक्षि ! किमन्यच्छ्रोतुमर्हसि। (देव्युवाच) अविमुक्तेमहा क्षेत्रे अहोपुण्यमहोगुणाः २८ नतृप्तिमधिगच्छामि ब्रूहिदेव ! पुनर्गुणान्। (ईश्वर उ वाच) महेश्वरि ! वरारोहे ! शृणुतांस्तुममप्रिये ! २९ अविमुक्तेगुणायेतु तथान्यानपि तच्छृणु। शाकपर्णाशिनोदान्ताः संप्रक्षाल्यामरीचिपाः ३० दन्तोलूखलिनश्चान्ये अश्म कुट्टास्तथापरे। मासिमासिकुशाग्रेण जलमास्वादयन्तिवै ३१ वृक्षमूलनिकेताश्च शि लाशय्यास्तथापरे। आदित्यवपुषःसर्वे जितक्रोधाजितेन्द्रियाः ३२ एवंबहुविधैर्धर्मैरन्य त्रचरितव्रताः। त्रिकालमपिभुञ्जाना येऽविमुक्तनिवासिनः ३३ तपश्चरन्तिवान्यत्र क लांनार्हन्तिषोडशीम्। येऽविमुक्तेवसन्तीह स्वर्गेप्रतिवसन्तिते ३४ मत्समःपुरुषोना स्ति त्वत्समानास्तियोषिताम्। अविमुक्तसमंक्षेत्रं नभूतंनभविष्यति ३५ अविमुक्तेपरो योगो ह्यविमुक्तेपरागतिः। अविमुक्तेपरोमोक्षः क्षेत्रंनैवास्तितादृशम् ३६ परंगुह्यंप्रव क्ष्यामि तत्त्वेनवरवर्णिनि !। अविमुक्तेमहाक्षेत्रे यदुक्तंहिमयापुरा ३७ जन्मान्तरशतैर्दे वि ! योगोऽयंयदिलभ्यते। मोक्षःशतसहस्रेण जन्मनालभ्यतेनवा ३८ अविमुक्तेनसन्दे हो मद्भक्तःकृतनिश्चयः। एकेनजन्मनासोऽपि योगंमोक्षंचविन्दति ३९ अविमुक्तेनरा

हे देव मेरे हृदयमें जो बड़ाभारी आश्चर्य्य होरहाहै इसीसे मैं बारंबार उसके तत्त्व समेत गुणोंके सुननेकी इच्छाकरतीहूं महादेवजीबोले हे देवि अविमुक्त तीर्थकी सेवा करनेवाले पुरुषमेरी कृपासे अक्षय अमरताको प्राप्तहोकर मुझहीको प्राप्तहोजातेहैं हे विशालाक्षि इससे अधिक और क्या सुनने की इच्छाकरतीहो, पार्वतीजीबोलीं हे महादेवजी बड़े आश्चर्य्यकी बातहै कि इसअविमुक्त क्षेत्रके बड़े२ गुणहैं उनसे मेरी तृप्तिनहींहोती है इसहेतुसे फिर उनको वर्णनकीजिये यह सुनकर महादेव-जीने कहा हे पार्वती तू मेरी परमप्यारीहै इससे फिर उसके गुणोंको कहताहूं तू चित्तसेसुन २६।२९ इसके अनन्तगुणहैं जो शाकपत्रादिके भोजन करनेवाले जितेन्द्रिय दाँतोंसे कच्चे अन्नोंके खानेवाले प्रतिमास कुशाके अग्रभागमात्र जलके चाटनेवाले वृक्षोंकीजड़ों में वासकरनेवाले शिलापर सोने वाले सूर्य्यके समान तेजस्वी शरीरवाले क्रोधसे रहित अनेक धर्मोंके आचरण करनेवाले ऋषिजो अन्यत्र वासकरतेहैं उनहींके समान वहपुरुषहैं जो इस अविमुक्त तीर्थपर त्रिकाल भोजनकरते हैं ३०।३३ आशययहहै कि जो अन्यत्रकहीं तपकरतेहैं वह इस अविमुक्त तीर्थकी सोलहवीं कला कोभी नहीं प्राप्तहोतेहैं ३४ हे पार्वति जैसे न मेरे समान कोईपुरुषहै न तेरे समान कोई स्त्रीहै इसी प्रकार इस अविमुक्त तीर्थके समान कोई तीर्थभी नहै न होगा ३५ अविमुक्त तीर्थपर परमयोग परम गति और परममोक्षहै इसीसे इसके समान कोई क्षेत्रनहींहै ३६ हे वरवर्णिनि अवतत्त्वसे परम गुह्य माहात्म्यकोसुन कि सैकड़ों जन्मोंके योगके प्रभावसे इस अविमुक्त तीर्थ की प्राप्तिहोती है इस अविमुक्त तीर्थपर प्राप्तहुआ मेराभक्त एकही जन्मकरके मोक्ष और योगको प्राप्तहोजाताहै ३७।३९

देवि ! येव्रजन्तिसुनिश्चिताः । तेविशन्तिपरंस्थानं मोक्षंपरमदुर्लभम् ४० पृथिव्या
मीदृशंक्षेत्रं नभूतंनभविष्यति । चतुर्मूर्त्तिःसदाधर्मो तस्मिन्सान्निहितःप्रिये ! ४१ चतु
र्णामपिवर्णानां गतिस्तुपरमास्मृता । (देव्युवाच) श्रुतागुणास्तेक्षेत्रस्य इहचान्यत्र
येप्रभो ! ४२ वदस्वभुविविप्रेन्द्राः कंवायज्ञैर्यजन्तिते । (ईश्वर उवाच) दृष्ट्याचै
वतुमन्त्रेण मामेवहियजन्तिये ४३ नतेषांभयमस्तीति भवंरुद्रंयजन्तियत् । अमन्त्रो
मन्त्रकोदेवि ! द्विविधोविधिरुच्यते ४४ साङ्ख्यंचैवाथयोगश्च द्विविधोयोगउच्यते
सर्वभूतस्थितंयोमां भजत्येकत्वमास्थितः ४५ सर्वथावर्तमानोऽपि सयोगीमयिवर्त्तते।
आत्मौपम्येनसर्वत्र सर्वंचमयिपश्यति ४६ तस्याहंनप्रणश्यामि सचमेनप्रणश्यति। नि
र्गुणःसगुणोवापियोगश्चकथितोभुवि ४७ सगुणश्चैवविज्ञेयो निर्गुणोमनसःपरः। एतत्ते
कथितंदेवि ! यन्मांत्वंपरिपृच्छसि ४८ (देव्युवाच) याभक्तिस्त्रिविधाप्रोक्ता भक्तानां
वहुधात्वया । तामहंश्रोतुमिच्छामि तत्त्वतःकथयस्वमे ४९ (ईश्वरउवाच) शृणुपार्वति !
देवेशि ! भक्तानांभक्तिवत्सले । प्राप्यसाङ्ख्यञ्चयोगञ्च दुःखान्तञ्चनियच्छति ५० सदा
यःसेवतेभिक्षां ततोभवतिरञ्जितः । रञ्जनात्तन्मयोभूत्वा लीयतेसतुभक्तिमान् ५१
शास्त्राणान्तुवरारोहे ! वहुकारणदर्शिनः । नमांपश्यन्तितेदेवि ! ज्ञानवाक्यविवादिनः ५२

हेदेवि जो मनुष्य निश्चय करके अविमुक्ततीर्थमें प्राप्त होते हैं वह परममोक्षपदके स्थानको पाते
हैं ४० पृथ्वीपर इस क्षेत्रके समान कोई क्षेत्रनहै न कभी होगा इस क्षेत्रमेंधर्म अपनी चारमूर्तियों
से सदैव प्राप्त रहताहै ४१ यहां चारोंवर्णोंकी परमगति होती है पार्वतीजी कहती हैं हेप्रभो आपके
इस क्षेत्रके गुण तो मैंने अच्छे प्रकारसे सुने परन्तु अब यह भी कृपाकरके बताइये कि ब्राह्मणलोग
इस पृथ्वीपर यज्ञोंकरके किसका पूजन करते हैं महादेवजीने कहा हेसुन्दरि यज्ञ करके और मंत्र
करके सब लोग मेराही पूजन करते हैं ४२।४३ जो रुद्र और महादेवका पूजन करते हैं उनको
इसलोकमें भयनहीं होता हेदेवि मंत्रवाली और विनामंत्रवाली दो प्रकारकी विधि होती है ४४
सांख्य और योग यह दो प्रकारके योग कहाते हैं, जो पुरुष सवभूतों में स्थित हुए मुझको एकरम
मानताहै ४५ वह सब प्रकारसे वर्त्तमान हुआ पुरुष योगी कहाताहै जो पुरुष सवजीवोंमें आत्माके
समान मुझहीको आत्मारूपदेखताहै और उसकी वुद्धिसे मैंकभी अलग नहीं हूं वहभी कभी नष्टनहीं
होताहै निर्गुण और सगुण यह दो प्रकारके योग कहाते हैं उनदोनों में सगुणयोग तो जानाजाताहै
और निर्गुण योग मनसे भी चिन्तवन नहीं किया जाताहै हेदेवि जो २ वातेंतैंने मुझसे पूछीं वहसब
मैंने तेरे आगे वर्णनकीं ४६।४८ पार्वतीजी ने पूछा कि हेशिवजी आपने जो भक्तोंकी तीन प्रकारकी
भक्ति वर्णनकी उसको भी आपसे मैं यत्नपूर्वक सुनना चाहती हूं—महादेवजी वोले हेभक्तोंकी भक्ति
करने वाली पार्वती मनुष्य सांख्य और योगको प्राप्तहोकर अपने दुःखोंका नाशकर देताहै ४९।५०
और जो सदैव भिक्षाका सेवन करताहुआ मुझमें अनुरक्त रहताहै वह भक्तिमान् पुरुष तन्मयहोकर
मेरे विषेही लीन होजाताहै ५१ और जो पुरुष शास्त्रोंके वहुत हेतु देखकर विवाद करनेवाले हैं वह

परमार्थज्ञानतृप्ता युक्ताजानन्तियोगिनः। विद्ययाविदितात्मानो योगस्यचद्विजातयः ५३
प्रत्याहारेणशुद्धात्मा नान्यथाचिन्तयेच्चतत् । तुष्टिश्चपरमांप्राप्य योगंमोक्षंपरंतथा ५४
त्रिभिर्गुणैःसमायुक्तो ज्ञानवान्पश्यतीहमाम् । एतत्तेकथितंदेवि ! किमन्यच्छ्रोतुमर्हसि
५५ भूयएववरारोहे ! कथयिष्यामिसुव्रते !। गुह्यंपवित्रमथवा यच्चापिहृदिवर्तते ५६
तत्सर्वंकथयिष्यामि शृणुष्वैकमना प्रिये !(देव्युवाच) त्वद्रूपंकीदृशंदेव ! युक्ताःपश्य
न्तियोगिनः ५७ पश्यन्मेसंशयंब्रूहि नमस्तेसुरसत्तम ! । (श्रीभगवानुवाच) अमूर्तं
चैवमूर्तंच ज्योतीरूपंहितत्स्मृतम् ५८ तस्योपलब्धिमन्विच्छन् यत्नःकार्योविजानता ।
गुणैर्वियुक्तोभूतात्मा एवंवक्तुंनशक्यते ५९ शक्यतेयदिवक्तुंवै दिव्यैर्वर्षशतैरपिवा । (देव्यु
वाच) किंप्रमाणन्तुतत्क्षेत्रं समन्तात्सर्वतोदिशम् ६० यत्रनित्यंस्थितोदेवो महादेवो
गणैर्युतः । (ईश्वर उवाच) द्वियोजनन्तुतत्क्षेत्रं पूर्वपश्चिमतःस्मृतम् ६१ अर्द्धयोज
नविस्तीर्णं तत्क्षेत्रंदक्षिणोत्तरम् । वाराणसीतदीयाच यावच्छुक्लनदीतुवै ६२ भीष्मच
ण्डिकमारभ्य पर्वतेश्वरमन्तिके। गणायत्रावतिष्ठन्ति सन्नियुक्ताविनायकाः ६३ कूष्माण्ड
राजःशम्भोश्च जयन्तश्चमदोत्कटाः । सिंहव्याघ्रमुखाःकेचिद्विकटाःकुब्जवामनाः ६४
यत्रनन्दीमहाकालश्चण्डघण्टोमहेश्वरः । दण्डचण्डेश्वरश्चैव घण्टाकर्णोमहाबलः ६५

मुझको नहीं देखते हैं ५२ और जो परमार्थज्ञानमें युक्तहोके तृप्तरहते हैं और ब्रह्मविद्याकरके आत्माको जानकर शुद्धात्मावाले हो मेरा अन्यथा चिन्तवन नहीं करते हैं वह परम तुष्टिको प्राप्तहोके योग मोक्षको प्राप्त होजाते हैं ५३।५४ ज्ञानी पुरुष तीनों गुणोंसे युक्तहोकर मुझको देखताहै हेदेवि यह सवतेरे आगे वर्णन किया अब क्या सुनना चाहती है ५५ हेवरारोहे मैं फिर भी तेरे मनकी इच्छाके अनुसार परम गुह्यमाहात्म्यको कहताहूं ५६ उस उत्तम माहात्म्यको एकाग्रचित्तसे श्रवणकर यह सुनकर पार्वतीजी बोलीं कि हेदेवदेव जिसको कि योगीजन देखा करते हैं वह आपका कौनसा और कैसा स्वरूप है हेसुरश्रेष्ठ मैं आपको नमस्कार करती हूं आप मेरे इस सन्देहको दूर कीजिये महादेवजी बोले कि वह मेरा ज्योतिस्स्वरूप मूर्त्ति रहितहै और मूर्त्तिसहित भी है उसके जानने के लिये ज्ञानी पुरुषको परमयत्न करना चाहिये गुणों से युक्त हुआ भूतात्मा पुरुष अच्छीरीति से उसस्वरूप के कहने को समर्थ नहीं है उस स्वरूपको दिव्य सैकड़ों वर्षोंके यत्नसे कहसक्ताहै-पार्वतीजीने पूछाहै महादेवजी जहां आप गुणोंसे युक्त होकर नित्य स्थित रहते हैं उस क्षेत्रका प्रमाणकितनाहै यहसब मेरे आगे कहिये यह सुनकर महादेवजीने कहा कि पूर्व और पश्चिममें दो२ योजन विस्तारवाला वह क्षेत्र है ५७।६१ उस सबमें आधेयोजनके प्रमाण में तो वह अविमुक्ततीर्थ प्रधानतासे वर्त्तमान है और विस्तार उसका दक्षिणोत्तर है वहां पवित्र गंगानदी बहरही है ६२ और भीष्मचंडिक क्षेत्रसे लेकर पर्वतेश्वर शिवजीकेस्थानतक विनायकों समेत शिवजीके वहगणरहते हैं जिनके कि मदोन्मत्त सिंह और भेड़िये आदिकोंके मुखहैं उनमें कोई कुबड़े कोई बौने और टेढ़े ऐसे शिवजी के गणहैं उसी स्थानमें महाकाल, चण्डघंट, दंडचंडेश्वर, और घंटाकर्ण इन नामोंवाले तथाबहुतसे अन्यनाम

एतेचान्येचबहवो गणाश्चैवगणेश्वराः। महोदरामहाकाया वज्रशक्तिधरास्तथा ६६ रक्ष
न्तिसततंदेवि! ह्यविमुक्तंतपोवनम्। द्वारेद्वारेचतिष्ठन्ति शूलमुद्गरपाणयः ६७ सुवर्णशृ
ङ्गींरौप्यखुराश्चैलाजिनपयस्विनीम्। वाराणस्यान्तुयोदद्यात्त्रिवर्णांकञ्जलोदने! ६८
गांदत्त्वातुवरारोहे! ब्राह्मणेवेदपारगे। आसप्तमंकुलंतेन तारितंनात्रसंशयः ६९ यो द
द्याद्ब्राह्मणेकिञ्चित् तस्मिन्क्षेत्रेवरानने!। कनकंरजतंवस्त्रमन्नाद्यंबहुविस्तरम् ७०
अक्षयंचाव्ययंचैव स्यात्तांतस्यसुलोचने। शृणुतत्त्वेनतीर्थस्य विभूतिंपुष्टिमेवच ७१
तत्रस्नात्वामहाभागे! भवन्तिनिरुजानराः। दशानामश्वमेधानां फलंप्राप्नोतिमानवः ७२
लब्धाप्नोतिधर्मात्मा तत्रस्नात्वावरानने!। बहुस्वल्पेचयोदद्याद् ब्राह्मणेवेदपारगे ७३
शुभाङ्गतिमवाप्नोति अग्निवच्चैवदीप्यते। वाराणसीजाह्नवीभ्यांसङ्गमेलोकविश्रुते ७४
दत्वान्नंचविधानेनन सभूयोऽभिजायते। एतत्तेकथितंदेवि! तीर्थस्यफलमुत्तमम् ७५
उपवासन्तुयःकृत्वा विप्रान्सन्तर्पयन्नरः। सौत्रामण्यश्चयज्ञस्य फलंप्राप्नोतिमानवः ७६
एकाहारस्तुयस्तिष्ठेन्मासंतत्रवरानने!। यावज्जीवकृतंपापं सहसातस्यनश्यति ७७ अ
ग्निप्रवेशंयेकुर्यु रविमुक्तेविधानतः। प्रविशन्तिमुखन्तेमे निःसन्दिग्धंवरानने ७८ दश
सौवर्णिकंपुष्पं योऽविमुक्तेप्रयच्छति। अग्निहोत्रफलंधूपे गन्धदानेतथाशृणु ७९ भूमि

वाले महा उदर वाले महाकाया वाले वज्र शक्ति आदि शस्त्रोंके धारण करने वाले होकर उस अवि
मुक्त तपोवनकी रक्षा करते हैं और बहुतसे शूल मुद्गर आदि शस्त्र धारण कियेहुए द्वार २ परखड़े
रहते हैं ६६।६७ और हेपार्वति जो पुरुष सुवर्णकी सींगिड़ियों से युक्त रूपेके खुरों समेत अधिक
दूध देने वाली तीनरंगोंसे युक्त गौको काशीजीमें वाराणसी नदीके ऊपर वेदपारगामी ब्राह्मणकेअर्थ
देताहै वह निस्सन्देह अपनी सातपीढ़ियोंको उद्धार करताहै ६८।६९ हे वरानने उस अविमुक्त तीर्थ
पर जो कोई सुवर्ण चाँदी वस्त्र और अन्नादिकका दान ब्राह्मणके अर्थ देताहै वह सब दान अक्षय
गुणवाले होजातेहैं अब इस तीर्थकी विभूतिके गुणकोसुनो ७० । ७१ हे महाभागे उस क्षेत्रपर स्ना
नकरके सबमनुष्य रोगोंसे रहितहोजातेहैं और दश अश्वमेध यज्ञोंका फलहोताहै ७२ हे वराननेजो
धर्मात्मा पुरुष वहाँ स्नानकरके ब्राह्मणके अर्थ कुछभी दानकरताहै वह शुभगतिको प्राप्तहोकर अग्नि
के समान प्रकाशितहोताहै जहाँ वाराणसी और गंगाजीका संगमलोकमें प्रसिद्धहै वहाँ जो विधि
पूर्वक अन्नका दानकरताहै वह फ़िर जन्म नहीं लेताहै हे देवि ऐसे २ प्रकारसे मैंने इस तीर्थका
फल तेरे आगे वर्णनकिया ७३ । ७५ जो इस तीर्थपर उपवास व्रतकरके ब्राह्मणोंको भोजनकरवा
ताहै वह सौत्रामणि यज्ञके फलको प्राप्तहोताहै ७६ हे प्रिये वहाँ जो मनुष्य एकमास पर्य्यन्त दिनमें
एकवार भोजन करताहै उसके जन्मभरका सब पापनष्टहोजाताहै ७७ जो कोई इस अविमुक्त तीर्थ
पर विधि पूर्वक अग्निमें प्रवेशकरजाताहै वह निस्सन्देह मेरे मुखमें प्रवेश होजाताहै ७८ जो पुरुष
अविमुक्त तीर्थपर दशस्वर्णमयीमुद्रा (मुहर) दानकरताहै उसको अग्निहोत्र कियेकाफल प्राप्तहोताहै
और जो वहाँ धूप गंध आदिका दानकरता है वह भूमि दान कियेहुएका फल प्राप्तकरता है वहाँ जो

दानेनतत्तुल्यं गन्धदानफलंस्मृतम्। संमार्जनेपञ्चशतं सहस्रमनुलेपने ८० मालया
शतसाहस्रमनन्तंगीतवाद्यतः। (देव्युवाच) अत्यद्भुतमिदंदेव स्थानमेतत्प्रकीर्तित
म् ८१ रहस्यंश्रोतुमिच्छामि यदर्थन्त्वंनमुञ्चसि। (ईश्वर उवाच) आसीत्पूर्ववरारोहे!
ब्रह्मणस्तुशिरोवरम् ८२ पञ्चमंशृणुसुश्रोणि! जातंकाञ्चनसप्रभम्। ज्वलत्तत्पञ्चमंशीर्षं
जातंतस्यमहात्मनः ८३ तदेवमब्रवीद्देवि! जन्मजानामितेह्यहम्। ततःक्रोधपरीतेन सं
रक्तनयनेनच ८४ वामाङ्गुष्ठनखाग्रेण छिन्नंतस्यशिरोमया। (ब्रह्मोवाच) तदानिरपराध
स्य शिरश्छिन्नंत्वयामम ८५ तस्माच्छापसमायुक्तः कपालीत्वंभविष्यसि। ब्रह्महत्याकुलो
भूत्वा चरतीर्थानिभूतले ८६ ततोऽहंगतवान्देवि! हिमवन्तंशिलोच्चयम्। तत्रनारायणः
श्रीमान्मयाभिक्षांप्रयाचितः। ८७ ततस्तेनस्वकंपार्श्वं नखाग्रेणविदारितम्। स्रवतोम
हतीधारा तस्यरक्तस्यनिःसृता ८८ प्रयातासातिविस्तीर्णा योजनार्द्धशतन्तदा। नसंपूर्णं
कपालन्तु घोरमद्भुतदर्शनम् ८९ दिव्यंवर्षसहस्रन्तु साचधाराप्रवाहिनी। प्रोवाचभगवा
न्विष्णुः कपालंकुतईदृशम् ९० आश्चर्यभूतंदेवेश! संशयोहृदिवर्त्तते। कुतश्चसम्भवो
देव! सर्वमेतद्ब्रूहिपृच्छतः ९१ (देवदेव उवाच)। श्रूयतामस्यहेदेव! कपालस्यतुसम्भ
वः। शतंवर्षसहस्राणां तपस्तप्तासुदारुणम् ९२ ब्रह्मासृजद्वपुर्दिव्यमद्भुतंलोमहर्षणम्।

बुहारी दानकरताहै उसको पांचसौ ५०० रुपयोंके दानका फल मिलता है चन्दनदानकरनेवालेको हज़ार रुपयेके दानका फलमिलताहै ७९। ८० पुष्प और पुष्पोंकी माला दानकरनेवालेको लाख रुपयोंके दानका फल मिलता है गीतवाद्य आदि उत्सव करनेवाले को अक्षयगुणा पुण्यहोताहै यह सुनकर पार्वतीजी बोलीं कि हे महादेवजी यहतो आपने अत्यन्त अद्भुतवर्णन किया परन्तु जिस हेतुसे आप इस स्थानको नहीं छोड़ते उस उत्तम हेतुको भी वर्णनकीजिये, यह सुनकर महादेव जी ने कहा कि हेदेवि पूर्व्वकालमें ब्रह्माजी के पांचशिर होतेभये उनमें पांचवाँ शिर सुवर्ण के समान कान्तिवालाथा फिर एक समय वह ब्रह्माजी मुझसे कहनेलगे कि मैं तुम्हारे जन्मको जानताहूं तब मैंने क्रोधकरके अपने बायें अंगूठेके नखसे ब्रह्माका वह पांचवाँ शिर छेदनकर दिया तब ब्रह्माजीने कहा कि तुमने बिनाही अपराधके मेरा शिर काटडाला है इसलिये मेरे शापसे तुमकपालीहोगे अर्थात् तुम्हारेहाथमें कपाली चिपकजायगी तबतुम ब्रह्महत्यासे व्याकुलहोकर तीर्थों पर विचरोगे ८१।८६ उनके शापको सुनकर मैं हिमवान् पर्व्वतपरचलागया वहाँ नारायणकेपाससे मैंने भिक्षामांगी तब नारायणने अपने नखके अग्रभागसे वहमेरे हाथकी कपाली उतारली उसके उतारतेही उसमेंसे बहुतसी रुधिरकी धारानिकलीं और ५० योजनके विस्तारमें वह रुधिरकी धाराफैलगई और कपालीभी फैलकर बड़े अद्भुतभयंकर रूपसे घोर दीखतीभई ८७। ८९ इसकेपीछे वह रुधिरकी धारा दिव्यहजार वर्षोंतक बहतीभई तबविष्णुभगवान् मुझसेकहनेलगे कि यह ऐसाकपाल तुम्हारे हाथमें कैसे लगगयाथा इस मेरे हृदयके सन्देहको आप मेरे आगेकहिये ९०।९१ तब मैंने कहा कि हेदेव आप इस कपालकी उत्पत्तिको श्रवणकीजिये पूर्व्वकालमें हजारोंवर्षोंतक ब्रह्माजीने

तपसश्चप्रभावेण दिव्यंकाञ्चनसन्निभम् ९३ ज्वलत्तत्पञ्चमंशीर्षं जातंतस्यमहात्मनः।
निकृत्तन्तंमयादेव! तदिदंपश्यदुर्जयम् ९४ यत्रयत्रचगच्छामि कपालंतत्रगच्छति।ए
वमुक्तस्ततोदेवः प्रोवाचपुरुषोत्तमः ९५ (श्रीभगवानुवाच) गच्छगच्छस्वकंस्थानं ब्र
ह्मणस्त्वंप्रियंकुरु। तस्मिन्स्थास्यतिभद्रन्ते कपालंतस्यतेजसा ९६ ततःसर्वाणितीर्था
नि पुण्यान्यायतनानिच। गतोऽस्मिपृथुलश्रोणि! नक्वचित्प्रत्यतिष्ठत ९७ ततोऽहंसम
नुप्राप्तो ह्यविमुक्तेमहाशये!। अवस्थितःस्वकेस्थाने शापश्चविगतोमम ९८ विष्णुप्रसा
दात्सुश्रोणि! कपालंतत्सहस्रधा। स्फुटितंबहुधाजातं स्वप्नलब्धंधनंयथा ९९ ब्रह्मह
त्यापहंतीर्थं क्षेत्रमेतन्मयाकृतम्। श्मशानमेतद्वद्रंमे देवानांवरवर्णिनि! १०० कालोभू
त्वाजगत्सर्वं संहरामिसृजामिच। देवेशि! सर्वगुह्यानां स्थानंप्रियतरंमम १०१ मद्भक्ता
स्तत्रगच्छन्ति विष्णुभक्तास्तथैवच। येभक्ताभास्करेदेवि! लोकनाथेदिवाकरे १०२ तत्र
स्थोयस्त्यजेद्देहं मामेवप्रविशेत्तुसः (देव्युवाच) अत्यद्भुतमिदंदेव! यदुक्तंपद्मयोनिना
१०३ त्रिपुरान्तकरस्थानं गुह्यमेतन्महाद्युते!। सन्निधानात्तुतेसर्वे कालंनार्हन्तिषोडशी
म् १०४ यत्रतिष्ठतिदेवेशो यत्रतिष्ठतिशङ्करः। गङ्गातीर्थसहस्राणां तुल्याभवतिवान्यथा
१०५ त्वमेवभक्तिर्देवेश! त्वमेवगतिरुत्तमा। ब्रह्मादीनान्तुतेदेव! गतिरुक्तासनातनी
श्राव्यतेयद्द्विजातीनां भक्तानामनुकम्पया १०६॥

इतिश्री मत्स्यपुराणेद्व्यशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८२॥

दारुण तपस्याकरके अपने दिव्यशरीरकोरचा उनके तपके प्रभावसे सुवर्णकेसमान कान्तिवाला पांच-
वाँशिरहोताभया उन ब्रह्माजीके पांचवें शिरको मैंने क्रोधकरके काटडाला उसी शिरकी यहकपा-
ली है९३।९४ औरजहाँ२ मैंजाताहूं वहांवहां यहकपालीमेरे संगहीचलतीहै ऐसेमेरेवचनोंको सुनकर
पुरुषोत्तम भगवान् बोलेकि तुमजाकर अपनेस्थानमें प्राप्तहोजाओ औरब्रह्माजीको प्रसन्नकरो ब्रह्मा-
जीके तेज करके यह कपाल तुम्हारे क्षेत्रमें स्थित होजायगा यहसुनकर हेप्रिये मैं सब पवित्रतीर्थोंपर
जाताभया परन्तुमेरायह कपाल कहींनहीं उतरा तबमें अपनेइस अविमुक्तस्थानमें आकर स्थितहो-
ताभया तब मेराशाप शीघ्रही दूरहोगया और विष्णुकी कृपासे वहकपालभी वहांगिरपड़ा और गिर-
तेही उसके हजारोंटुकड़ेहोगये और ऐसाअदृष्टहोगया जैसे कि स्वप्नमें प्राप्तहुआधन कहींभीनहीं दी-
खताहै अर्थात् उसका अभावहोगया ९५। ९९ यहक्षेत्र मेरी ब्रह्महत्याका दूरकरनेवालाहै हेवरवर्णिनि
इसीसे यहक्षेत्र मुझसमेत सब देवताओंका उत्तम श्मशान रूपतीर्थहै १०० मैं इस स्थानकाकाल
रूपहोकर संपूर्ण जगत्का संहारकरताहूं और सबकी रचनाभी करताहूं हे देवि यह मेरास्थान सब
स्थानोंमें गुह्य होकर मुझको परमप्रियहै १०१ मेरेभक्त विष्णुके भक्त और सूर्य्यकेभी भक्तजोयहां
आतेहैं और अपने२ शरीरोंकात्यागतेहैं वहसब मुझही में प्राप्तहोजाते हैं, पार्वतीजीबोलीं हेदेवयहतीर्थ
आपने अत्यन्त अद्भुत कहाहै यह आपका स्थान विष्णुने कहाहै यहाँ आपकी स्थिति रहती है इसी
हेतुसे अन्य तीर्थ इसकी सोलहवीं कलाके भी तुल्यनहीं हैं १०२।१०४ जहाँ विष्णु स्थितरहतेहैं

(महेश्वर उवाच) सेवितंबहुभिःसिद्धैरपुनर्भवकांक्षिभिः। विदित्वातुपरंक्षेत्रमवि
मुक्तनिवासिनाम् १ तद्गुह्यंदेवदेवस्य तत्तीर्थंतत्तपोवनम्। परंस्थानंतुतेयान्ति सम्भ
वन्तिनतेपुनः २ ज्ञानेविहितनिष्ठानां परमानन्दमिच्छताम्। यागतिर्विहितासद्भिः सा
विमुक्तेमृतस्यतु ३ भवस्यप्रीतिरतुलाह्यविमुक्तेह्यनुत्तमा। असंख्येयंफलंतत्रह्यक्षयाचग
तिर्भवेत् ४ परंगुह्यंसमाख्यातंश्मशानमितिसंज्ञितम्। अविमुक्तनसेवन्ते वंचितास्तेनरा
भुवि ५ अविमुक्तेस्थितैःपुण्यैः पांशुभिर्वायुनेरितैः। अपिदुष्कृतकर्माणो यास्यन्तिपरमा
ङ्गतिम् ६ मेरुमन्दरमात्रोऽपि राशिःपापस्यकर्म्मणः। अविमुक्तंसमासाद्य तत्सर्वंव्रज
तिक्षयम् ७ श्मशानमितिविख्यातमविमुक्तंशिवालयम्।तद्गुह्यंदेवदेवस्यतत्तीर्थंतत्तपोव
नम् ८ तत्रब्रह्मादयोदेवानारायणपुरोगमाः। योगिनश्चतथासाध्याभगवन्तंसनातनम् ९
उपासन्तेशिवमुक्ता मद्भक्तामत्परायणाः। यागतिर्ज्ञानतपसां यागतिर्यज्ञयाजिनाम् १०
अविमुक्तेमृतानान्तु सागतिर्विहिताशुभा। संहर्तारश्चकर्त्तारस्तस्मिन्ब्रह्मादयःसुराः ११
सम्राड्विराण्मयालोका जायन्तेह्यपुनर्भवाः। महर्जनस्तपश्चैव सत्यलोकस्तथैवच १२
मनसःपरमोयोगो भूतभव्यभवस्यच। ब्रह्मादिस्थावरान्तस्य योनौसांख्यादिमोक्ष-
योः १३ येविमुक्तंनमुञ्चन्ति नरास्तेनैवचिन्तिताः। उत्तमंसर्वतीर्थानां स्थानानामुत्तमञ्चय

और जहाँ महादेव स्थितरहते हैं वह तीर्थ हजारों तीर्थोंके समानहै १०५ हेदेव तुमहीं मेरी गतिभ-
क्तिहो तुमहीं ब्रह्मादिकोंकी सनातनीगति सुनेजातेहो १०६ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्व्यशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८२ ॥

महादेवजी बोले-मोक्षकी इच्छा करनेवाले पुरुष जो इस अविमुक्ततीर्थका सेवनकरते हैं उनको
यही तपोवन है इस परम उत्तम स्थानमें प्राप्त होनेवाले जन फिर कभी जन्मनहीं लेतेहैं १। २ जो
गति निष्ठा करनेवाले और परमानन्दकी इच्छाकरनेवालों की होती है वहीगति इस तीर्थपर नि-
वासकरने वालोंकी होतीहै ३ इस अविमुक्त तीर्थपर शिवजीकहते हैं कि मेरी अतुल प्रीति रहती है
इसीहेतुसे यहाँ अनन्तफल होकर सबकी अक्षयगति होती है ४ यह अविमुक्त तीर्थ श्मशानसंज्ञक
है परम गुह्यहै, जो पुरुष अविमुक्त तीर्थकी सेवानहीं करते हैं वहठगेहुए होतेहैं अविमुक्त तीर्थपर
स्थित होनेवाले पापी पुरुषोंकेभी जो वहाँकी धूलि उड़के स्पर्श होजातीहै उसीसे वह पुरुष परम
गतिको प्राप्त होजाते हैं ५। ६ सुमेरु और मन्दराचल पर्व्वतोंके समान दीर्घ पापोंकी राशिभी वहाँ
नाश होजाती है ७ श्मशान नाम से प्रसिद्ध अविमुक्त नाम शिवालयहै यही महादेवजी की गुफाहै
और तपोवनहै ८ वहां नारायण ब्रह्मादिक देवता साध्यसंज्ञक देवता और योगीजनलोग यह सब
सनातन शिवजीकी उपासना कियाकरतेहैं और मेरेभक्तजन मेरीही उपासनाकरतेहैं जोगति यज्ञ
करनेवाले और तपकरनेवालोंकी होतीहै वहगति अविमुक्त तीर्थपर मरनेवालोंकी होती है और
संसारके रचने वा संहार करनेवाले ब्रह्मादिक देवता भगवान् विराट् स्वरूप और सातों लोक यह
सब इसी स्थानपर उत्पन्न होतेहैं महर्लोक,जनलोक, तपलोक, सत्यलोक और मनसे विचार हुआ

न् १४ क्षेत्राणामुत्तमंचैव श्मशानानांतथैवच । तटाकानाञ्चसर्वेषां कूपानांस्रोतसान्त
था १५ शैलानामुत्तमश्चैतत्तडागानांतथोत्तमम् । पुण्यकृद्भवभक्तैश्चह्यविमुक्तन्तुसेव्य
ते १६ ब्रह्मणःपरमंस्थानं ब्रह्मणाध्यासितञ्चयत् । ब्रह्मणासेवितंनित्यं ब्रह्मणाचैवरक्षित
म् १७ अत्रैवसतभुवनं काञ्चनोमेरुपर्वतः । मनसःपरमोयोगः प्रीत्यर्थंब्रह्मणःसत् १८
ब्रह्मातुतत्रभगवांस्त्रिसंध्यंचेश्वरेस्थितः । पुण्यात्पुण्यतमंक्षेत्रं पुण्यकृद्भिर्निषेवितम्
१९ आदित्योपासनंकृत्वा विप्राश्चामरताङ्गताः । अन्येऽपियेत्रयोवर्णा भवभक्त्यासमा
हिताः २० अविमुक्तेतनुन्त्यक्त्वा गच्छन्तिपरमाङ्गतिम् । अष्टौमासान्विहारस्य यतीनां
संयतात्मनाम् २१ एकत्रचतुरोमासान् मासौवानिवसेत्पुनः । अविमुक्तेप्रविष्टानां विहा
रस्तुनविद्यते २२ नदेहोभवितातत्र दृष्टंशास्त्रेपुरातने । मोक्षोह्यसंशयस्तत्र पञ्चत्वन्तुग
तस्यवै २३ स्त्रियःपतिव्रतायाश्च भवभक्ताःसमाहिताः। अविमुक्तेविमुक्तास्ता यास्यन्ति
परमाङ्गतिम् २४ अन्यायाःकामचारिण्यः स्त्रियोभोगपरायणाः । कालेननिधनंप्राप्ता
गच्छन्तिपरमाङ्गतिम् २५ यत्रयोगश्चमोक्षश्चप्राप्यतेदुर्लभोनरैः । अविमुक्तंसमासाद्य
नान्यद्गच्छेत्तपोवनम् २६ सर्वात्मनातपःसेव्यं ब्राह्मणैर्नात्रसंशयः । अविमुक्तेवसेद्यस्तु
ममतुल्योभवेन्नरः २७ यतोमयानमुक्तंहि त्वविमुक्तंततःस्मृतम् । अविमुक्तंनसेवन्ते मूढा

परमयोग और ब्रह्माको आदिले सब स्थावरजंगम भूतोंकीयोनि यह सब इसी स्थानपर प्रकट होतेहैं
९।१२ जोपुरुष इस तीर्थको नहीं त्यागते वहसदैवनिश्चिन्त्यरहते हैं यह सबतीर्थ और शुभ स्थानों
में सबसे उत्तमहै १४ क्षेत्रोंमें उत्तमक्षेत्र श्मशानोंमें श्रेष्ठ श्मशान और अन्यसब श्रोत इनसबमेंभी
श्रेष्ठतरहै १५ सबतड़ाग और पर्व्वतों में भी उत्तमहै इसीसे यह अविमुक्ततीर्थ पुण्यात्मा शिवजीके
भक्तजनों से सेवन कियाजाताहै १६ यह अविमुक्ततीर्थ ब्रह्माजीका भी परमस्थानहै इसमें ब्रह्माजी
का निवासहै यह प्रतिदिन ब्रह्माजी से सेवित रहताहै और ब्रह्माही से रक्षितभी है १७ मानोंयहांही
सब भुवनस्थित हैं सुवर्णका सुमेरुपर्व्वत और ब्रह्माजीका कियाहुआ परमयोगभी स्थितहै यहांब्रह्मा
तीनों संधियों में शिवजीकी मूर्त्तिमें स्थितरहताहै यह तीर्थ पवित्रसेभी पवित्रहै इसकोसबपुण्यात्मा
पुरुष सेवन करतेहैं १८।१९ इसतीर्थपर सूर्य्यकी उपासना करनेवाले ब्राह्मणलोग देवभावको
प्राप्तहोगये हैं इनके विशेष तीनमेंसे जो कोई शिवजीकी भक्तिमें सावधान रहते हैं वह अविमुक्ततीर्थ
पर अपने शरीरको त्यागकर परमगतिको प्राप्तहोजाते हैं जो जितेंद्री यतीपुरुष वहां आठमहीनेतक
वासकरते हैं अथवा चातुर्मास में वहां बसकर स्त्री संगनहींकरते हैं वहां निश्चय फिर जन्मनहींलेते
हैं और जिसकाशरीर वहां छूटजाताहै उसकी भी मोक्षहोजाती है इसमें सन्देहनहीं है २०।२३जो
शिवजीकी भक्तिमें सावधान रहनेवाली पतिव्रतास्त्री अविमुक्ततीर्थपर वासकरती है वहभी परमगति
को प्राप्तहोजाती हैं २४ कहांतक इसकी महिमावर्णन करूं कि व्यभिचारिणीस्त्री भी जो वहां शरीर
को त्यागती है वहभी परमगतिको प्राप्तहोजाती है २५ मनुष्यों को इसतीर्थपर दुर्लभयोग और मोक्ष
प्राप्तहोजाते हैं. जो अविमुक्ततीर्थको त्यागकर अन्य किसी तपोवनमें नहींजाताहै वह सर्वात्माकर

येतमसावृताः २८ विण्मूत्ररेतसांमध्येतेवसंतिपुनःपुनः। कामःक्रोधश्चलोभश्च दम्भस्त म्भोऽतिमत्सरः २९ निद्रातन्द्रातथालस्यं पैशून्यमितितेदश। अविमुक्तेस्थिताविघ्ना शक्रे णविहिताःस्वयम् ३० विनायकोपसर्गाश्च सततंमूर्ध्नितिष्ठति। पुण्यमेतद्भवेत्सर्वं भक्ताना मनुकम्पया ३१ परंगुह्यमितिज्ञात्वा ततःशास्त्रानुदर्शनात्। व्याहृतंदेवदेवैस्तु मुनिभिस्तत्त्व दर्शिभिः ३२ मेदसाविप्लुताभूमिरविमुक्तेतुवर्जिता। पूतासमभवत्सर्वामहादेवेनरक्षिता ३३ संस्कारस्तेनक्रियते भूमेरन्यत्रसूरिभिः। येभक्तावरदंदेवमक्षरंपरमंपदम् ३४ देवदानवगं धर्वयक्षरक्षोमहोरगाः। अविमुक्तमुपासंतेतन्निष्ठास्तत्परायणाः ३५ तेविशंतिमहादेवमाज्या हुतिरिवानलम्। तत्रैवप्राप्यमहादेव मीश्वराध्युषितंशुभम् ३६ अविमुक्तंकृतार्थोऽस्मीत्यात्मा नमुपलभ्यते। ऋषिदेवासुरगणैर्जपहोमपरायणैः ३७ यतिभिर्मोक्षकामैश्च ह्यविमुक्तं निषेव्यते। नाविमुक्तेमृतःकश्चिन्नरकंयातिकिल्बिषी ३८ ईश्वरानुगृहीताहि सर्वेयान्ति पराङ्गतिम्। द्वियोजनमथार्धञ्च तत्क्षेत्रंपूर्वपश्चिमम् ३९ अर्द्धयोजनविस्तीर्णं दक्षिणो त्तरतःस्मृतम्। वाराणसीतदीयाच यावच्छुष्कनदीतुवै ४० एतत्क्षेत्रस्यविस्तारः प्रोक्तोदे वेनधीमता। लब्ध्वायोगञ्चमोक्षञ्च कांक्षतोज्ञानमुत्तमम् ४१ अविमुक्तंनमुञ्चन्ति त न्निष्ठास्तत्परायणाः। तस्मिन्वसन्तियेमर्त्या नतेशोच्याःकदाचन ४२ योगक्षेत्रंतपःक्षेत्रं सि

करके ब्राह्मणोंका भी निस्सन्देह पूज्यहै जो अविमुक्त तीर्थपरवास करताहै वह निश्चयमेरीही तुल्यहै २६। २७ जो कि मैं इसतीर्थको कभी नहीं छोड़ताहूं इसीहेतुसे इसकानाम अविमुक्ततीर्थ कहते हैं जो इस अविमुक्तका सेवन नहींकरते हैं वह तमोगुणसेयुक्त मूढ़जनहैं वह विष्ठा मूत्र वीर्य्य अर्थात् गर्भमें वारंवार वासकरते हैं और काम,क्रोध,लोभ,मोह,दंभ,पाखण्ड,मत्सरता, निद्रा, आलस्य, और चुगली यह दश विघ्नइन्द्रके कियेहुए अविमुक्ततीर्थपर स्थितरहते हैं अनेक विघ्न मस्तकपर आकर भी प्राप्तहोते हैं तौ भी भक्तों के निमित्त यहतीर्थ सदैव पवित्ररहताहै इसको परमगुह्यतीर्थ जानना चाहिये इसको सब देवता और परमतत्त्वदर्शी मुनियों ने भी परमउत्तमकहाहै २८। ३२ मेदाकरके व्याप्तहुई भी पृथ्वी अविमुक्ततीर्थपर पवित्रवर्णनकरी है क्योंकि वहां महादेवजी रक्षाकरते हैं इसीसे विद्वान्लोग वहां भूमिका संस्कारभी नहींकरते जो भक्तजन वहां शिवरूपकी उपासना करते हैं वह शिवजी में ऐसे प्राप्तहोजाते हैं जैसेकि घृतकी आहुति अग्निमें लीनहोजाती है ३३। ३६ फिर महा- देवमें प्राप्तहोकर अपने आत्माको कृतार्थ मानते हैं और ऋषिदेवता राक्षस मोक्षकी इच्छाकरनेवाले यतीजन यहसबभी जप होम आदिमें तत्पर होकर अविमुक्ततीर्थ की सेवाकरते हैं और अविमुक्त तीर्थपर मरने वाला कोई भी पुरुष नरकमें नहीं जाताहै वहां शिवजीके अनुग्रहसे सबभूतमात्र प- रमगतिको पाते हैं यह तीर्थपूर्व और पश्चिमकी ओर ढाई २ योजनके विस्तार में है ३७। ३९ उसीमें आधेयोजनमें विस्तृत वाराणसीनदी है आधेही योजनमें शुष्कनदी है ४० इस प्रकारसे इस क्षेत्रका विस्तार महादेवजीने कहाहै उत्तम मोक्षकी इच्छा करनेवाले पुरुष ज्ञान और योगकी प्राप्ति करते हैं और जो कोई पुरुष उस क्षेत्रमेंनिष्ठा पूर्वक भक्तिमें तत्पर होकर उसकोही सदैव सेवन

द्गन्धर्वसेवितम्। सरितःसागराःशैला नाविमुक्तसमाभुवि ४३ भूर्लोकेचान्तरिक्षेच
दिवितीर्थानियानिच। अतीत्यवर्ततेचान्यदविमुक्तंप्रभावतः ४४ येनुध्यानंसमासाद्य
मुक्तात्मानःसमाहिताः। संनियम्येन्द्रियग्रामं जपन्तिशतरुद्रियम् ४५ अविमुक्तेस्थिता
नित्यं कृतार्थास्तेद्विजातयः। भवभक्तिंसमासाद्य रमन्तेतुसुनिश्चिताः ४६ संहत्यशक्ति
तःकामान् विषयेभ्योबहिःस्थिताः। शक्तितःसर्वतोमुक्ताः शक्तितस्तपसिस्थिताः ४७क्ष
णानीहचात्मानमपुनर्भवभाविताः। तंवैप्राप्यमहात्मानमीश्वरंनिर्भयाःस्थिताः४८नतेषां
पुनरावृत्तिः कल्पकोटिशतैरपि। अविमुक्तेतुगृह्यन्ते भवेनविभुनास्वयम् ४९ इत्यादितं
महाक्षेत्रं सिध्यन्तेयत्रमानवाः। उद्देशमात्रंकथिता अविमुक्तगुणास्तथा ५० समु
द्रस्येवरत्नानामविमुक्तस्यविस्तरम्। मोहनंतदभक्तानां भक्तानांभक्तिवर्धनम् ५१
मूढास्तेतुनपश्यन्ति श्मशानमितिमोहिताः।हन्यमानोऽपियोविद्वान् वसेद्विघ्नशतैरपि५२
सयातिपरमंस्थानं यत्रगत्वानशोचति। जन्ममृत्युजरामुक्तः परंयातिशिवालयम् ५३
अपुनर्मरणानांहिसागतिर्मोक्षकांक्षिणाम्।यांप्राप्यकृतकृत्यःस्यादितिमन्यंतपण्डिताः ५४
नदानैर्नतपोभिर्वा नयज्ञैर्नापिविद्यया। प्राप्यतेगतिरिष्टायाह्यविमुक्तेतुलभ्यते ५५ नाना
वर्णाविवर्णाश्च चण्डालायेजुगुप्सिताः। किल्बिषैःपूर्णदेहाश्च प्रकृष्टैःपातकैस्तथा ५६

करते हैं उनको किसी बातका भी शोच नहीं रहताहै यहतप और योगका क्षेत्र सिद्ध और गन्धर्वा-
दिकों से सेवित बना रहताहै कोई नदी पर्व्वत समुद्र इस अविमुक्तके समान नहीं है ४१।४२
पृथ्वी आकाश और स्वर्गादिकोंमें जितने तीर्थ हैं उनसबसे यह अविमुक्त तीर्थ उत्तम और फलमें
अधिकहै ४४ जो मुक्तात्मा जितेन्द्रिय पुरुष उस अविमुक्त तीर्थपर सौ १०० बाररुद्रीका पाठ करते
हैं वह शिवजीके भक्तजन निश्चय करके श्रीमहादेवजीकेही साथ क्रीडा करते हैं ४५।४६ जो पुरुष
उस तीर्थपर विषयोंकी कामना त्यागकर शक्तिके अनुसार सब बातोंसे विरक्त रहते हैं और सामर्थ्या-
नुसार तपमें अनुरक्त हैं वह उन महात्मा शिवजीको प्राप्त होकर निर्भय होजाते हैं और फिर जन्म
नहीं लेते हैं ४७।४८ सैकड़ों करोड़ोंकल्पों में भी कभी फिर जन्मनहीं लेता अविमुक्त तीर्थ उद्दे-
मात्रकरके कहाहै जैसे कि समुद्रमें अनन्त रत्न रहते हैं इसी प्रकार इस क्षेत्रमें भी अनन्त गुणभरे
हुए हैं अभक्तोंको मोह करने वाला और शिवभक्तों को भक्तिका देने वाला यह तीर्थ है जो मूर्खजन
हैं वह अज्ञानके वशीभूत होकर इसको श्मशान जानकर उत्तमतीर्थ नहींजानते हैं और जो विद्वान्
पुरुष हैं वह सैकड़ों विघ्नोंके भी होनेपर इस तीर्थको नहीं छोड़ते हैं ५१।५२ वह विद्वान् पुरुष और
शोचसे रहित उत्तम स्थानको जाते हैं जहां से कि जन्म मृत्युजरावस्थादि दुःखोंसे छूटकर शिवजी
के लोकमें प्राप्त होजाते हैं ५३ जो मोक्षकी इच्छा करते हैं उनको ऐसी मोक्षगति प्राप्त होजाती है
जिसके कि प्राप्त होने से कृतकृत्य होजाते हैं ५४ जो गति दान तप यज्ञ और ब्रह्मविद्या आदिसे भी
नहीं मिलती वह उत्तम गति इस अविमुक्त तीर्थ सेवनहीसे प्राप्त होजाती है ५५ अनेक जातिके
चांडाल पापी तथा महाहत्यासंयुक्त इनसब पुरुषोंकी परम औषधि यही है कि अविमुक्त तीर्थको प्राप्त

भेषजंपरमंतेषामविमुक्तंविदुर्बुधाः । जात्यन्तरसहस्रेषु ह्यविमुक्तेम्रियेतयः ५७ भक्तो विश्वेश्वरेदेवे नसभूयोऽभिजायते। यत्रचेष्टंहुतंदत्तं तपस्ततंकृतंचयत् ५८ सर्वमक्ष यमेतस्मिन्नविमुक्तेनसंशयः। कालेनोपरतायान्ति भवेसायुज्यमक्षयम् ५९ कृत्वापापस हस्राणि पश्चात्सन्तापमेत्यवै। योविमुक्तेवियुज्येत सयातिपरमाङ्गतिम् ६० उत्तरंदक्षि णंचापि अयनंनविकल्पयेत् । सर्वस्तेषांशुभःकालो ह्यविमुक्तेम्रियन्तिये ६१ नतत्रका लोमीमांस्यो शुभोवायदिवाशुभः । तस्यदेवस्यमाहात्म्यस्थानमद्भुतकर्मणः ६२ सर्वेषा मेवनाथस्य सर्वेषांविभुनास्वयम्। श्रुत्वेदंऋषयःसर्वे स्कन्देनकथितंपुरा । अविमुक्ताश्र मंपुण्यं भावयेत्करणैःशुभैः ६३ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेत्र्यशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८३ ॥

(सूत उवाच) अविमुक्तेमहापुण्ये आस्तिकाःशुभदर्शनाः। विस्मयंपरमंजग्मुर्हर्षग द्गदनिस्वनाः १ ऊचुस्तेहृष्टमनसः स्कन्दंधर्मविदांवरम्। ब्रह्मणोदेव! पौत्रस्त्वं ब्रह्मण्यो ब्रह्मणःप्रियः २ ब्राह्मणोब्रह्मविद्ब्रह्मा ब्रह्मेन्द्रोब्रह्मलोककृत् । ब्रह्मकृद्ब्रह्मचारीत्वं ब्र ह्मादिर्ब्रह्मवत्सलः ३ ब्रह्मतुल्योद्भवकरो ब्रह्मतुल्यनमोऽस्तुते। ऋषयोभावितात्मानः श्रु त्वेदंपावनंमहत् ४ तत्त्वन्तुपरमंज्ञातं यत्ज्ञात्वामृतमश्नुते । स्वस्तितेऽस्तुगमिष्यामो भूर्लोकंशङ्करालयम् ५ यत्रासौसर्वभूतात्मा स्थाणुभूतःस्थितःप्रभुः। सर्वलोकहितार्थाय

होजांय जो हज़ारों जातिके लोग अविमुक्त तीर्थपर शिवकी भक्तिकरके मरते हैं वह फिर जन्मनहीं लेते हैं और अविमुक्त तीर्थपर कियाहुआ जप होम तप दान अक्षयगुणा होजाताहै और वहाँ काल करके जो मरजाते हैं वह शिवजीके साथ सायुज्यमोक्षको प्राप्तहोजाते हैं ५६। ५९ जो पुरुष हज़ारों पापकर पछताताहुआ इस अविमुक्त तीर्थपर प्राप्तहोताहै वहभी परमगतिको पाताहै ६० जो पुरुष अविमुक्त तीर्थपर मरते हैं उनको उत्तरायण दक्षिणायन कालकी कुछभी अपेक्षानहीं है उनके निमित्त वहाँ सम्पूर्ण काल शुभदायी हैं ६१ शुभाशुभ विचारका वहाँ कोई काम नहीं है क्योंकि उन शिवजी के प्रभावसे वहस्थान सदैव पवित्रतमहै इसप्रकारके स्थानको वा सबभूतोंके स्वामी महादेवजी के माहात्म्यको सब ऋषिलोग उन स्वामिकार्तिकजीके मुखसे सुनकर उत्तम २ कारणों का विचारांशकरनेलगे ६२।६३ ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्र्यशीत्यधिकशततमोऽध्यायः१८३॥

सूतजी कहते हैं हे ऋषिलोगो उस अविमुक्त तीर्थपर स्थितहोनेवाले उत्तम२ आस्तिक ऋषि मुनि जन परमआश्चर्ययुक्तहो गद्गदवाणीसे प्रसन्नहोकर फिर स्वामिकार्तिकसे पूछनेलगे कि हे स्वामिकार्तिकजी तुम ब्रह्माजी और शिवजीके अंशसे उत्पन्न ब्राह्मणोंके प्रिय ब्रह्मकेज्ञाता ब्रह्मेन्द्रहो ब्रह्मलोक की प्राप्ति करनेवाले होकर ब्राह्मणोंपर हितकरनेवालेहो १। २ आप ब्रह्माजीकेही समान सृष्टिकेभी रचनेवालेहो इसहेतुसे आपको हमसब नमस्कार करतेहैं इस कथाको सुनकर हमसब ऋषिमुनिपवित्र आत्मावाले होगयेहैं हमने परमतत्त्वको जानाहै आपका कल्याणहो अब हम सब पृथ्वी लोकमें शिवजीके उस स्थानपर जातेहैं जहाँ सबभूतोंके आत्मा सबके प्रभु शिवजी लोकोंके हितके निमित्त

तपस्युग्रेव्यवस्थितः ६ संयोज्ययोगेनात्मानं रौद्रींतनुमुपाश्रितः । गुह्यकैरात्मभूतस्तु
श्चात्मतुल्यगुणैर्वृतः ७ततोब्रह्मादिभिर्देवैःसिद्धैश्चपरमर्षिभिः । विज्ञप्तःपरयाभक्त्या त्वत्
प्रसादाद्गणेश्वर ! ८ वस्तुमिच्छामनियत मविमुक्तेसुनिश्चिताः । एवंगुणेतथामर्त्याह्यविमु
क्तेवसन्तियेध धर्म्मशीलाजितक्रोधा निर्ममानियतेन्द्रियाः । ध्यानयोगपराःसिद्धिंगच्छन्ति
परमाव्ययाम् १० योगिनोयोगसिद्धाश्च योगमोक्षप्रदंविभुम् । उपासन्तेभक्तियुक्ताः शा
न्तायोगगतिङ्गताः ११ स्थानंगुह्यंश्मशानानां सर्वेषामेतदुच्यते । नहियोगादृतेमोक्षः प्रा
प्यतेभुविमानवैः १२ अविमुक्तेतुवसतां योगोमोक्षश्चसिध्यति । अनेनजन्मनैवेह प्राप्य
तेगतिरुत्तमा १३ एकएवप्रभावोऽस्तिक्षेत्रस्यपरमेश्वर ! । एकेनजन्मनादेव ! मोक्षंपश्य
न्त्यनुत्तमम् १४ अविमुक्तेनिवसता व्यासेनामिततेजसा । नैवलब्धाक्वचिद्भिक्षा भ्रममाणे
नयत्नतः १५ क्षुधाविष्टस्ततःक्रुद्धोऽचिन्तयच्छापमुत्तमम् । दिनंदिनंप्रतिव्यासः षण्मासं
योऽवतिष्ठति १६ कथंममेदंनगरं भिक्षादोषाद्धतन्त्विदम् । विप्रोवाक्षत्रियोवापि विधवाब्रा
ह्मणीपिवा १७ संस्कृतासंस्कृतावापि परिपक्वाःकथन्नुमे । नप्रयच्छन्तिवैलोका ब्राह्मणाश्च
यंकारकम् १८एषांशापंप्रदास्यामि तीर्थस्यनगरस्यतु । तीर्थञ्चातीर्थतांयातु नगरंशापया
म्यहम् १९ माभूत्त्रिपुरुषीविद्या माभूत्त्रिपुरुषंधनम् । माभूत्त्रिपुरुषंसख्यं व्यासोवारा
णसींशपन् २० अविमुक्तेनिवसतां जनानांपुण्यकर्म्मणाम् । विघ्नंसृजामिसर्वेषां येन

अचल समाधिस्थहोकर उग्र तपस्या करते हैं ४। ६ अपने योगकरके रुद्र अर्थात् भयंकर रूपवाले श-
रीरमें प्रवेशकरके गुह्यकों समेत अपने गुणोंसे युक्तरहतेहैं और हे गणेश्वर ब्रह्मादिक देवता सिद्धज-
न और परमभक्त लोग तुम्हारी कृपासे विज्ञापन करके उनके दर्शन किया चाहते हैं इसी हेतुसे उस
अविमुक्त तीर्थपर हमसब वास किया चाहतेहैं क्योंकि वहाँजो पुरुष वास करते हैं वहसब धन्य और
कृतकृत्य होजाते हैं ७। ९ धर्ममें स्वभावरखनेवाले क्रोध ममतासेरहित जितेन्द्रिय ध्यानयोगमें रह-
नेवाले पुरुष वहाँ परम सिद्धिको प्राप्त होते हैं १० वहाँ योगमें सिद्ध भक्तियुक्त योगीजनलोग योग
मोक्षके दाता शिवजी महाराजकी उपासनाकरते हैं और योगकीगतिको प्राप्तहोजाते हैं ११ श्मशानों
में यह परमगुह्य स्थानहै और योगकेविना इसपृथ्वीतलमें किसीको भी मोक्षकी प्राप्ति नहीं होती है १२
अविमुक्त तीर्थपर वासकरतेहुए पुरुषोंको योग और मोक्ष दोनों सिद्धहोजाते हैं अर्थात् इसी जन्ममें
उत्तमगति प्राप्तहोजाती है १३ हे देव इस क्षेत्रका ऐसाप्रभावहै कि एकहीजन्म में उत्तममोक्ष प्राप्तहो
जातीहै १४ एकसमय अविमुक्ततीर्थपर वासकरते हुए वेदव्यासजी को कहीं भिक्षा नहीं मिली तब
क्षुधासे पीड़ित वेदव्यासजी क्रोधकरके शापदेनेकी इच्छा करतेभये और बड़ी चिन्तासे युक्त क्षुधासे
महापीड़ितहुए छःमास व्यतीत होतेभये १५।१६ तब यह विचार करनेलगे कि केवल मेरी भिक्षा
केही दोषसे यह नगर कैसे नष्टहोगा ब्राह्मण क्षत्री विधवा अथवा विवाहिता ब्राह्मणी यहसब मुझको
भिक्षानहीं देते हैं यह बड़ा आश्चर्य्यहै मैं इनसबों समेत सबतीर्थभरको और नगरको यह शापदूंगा
कि इसतीर्थ में तीर्थका प्रभाव मतहो और इसनगरमें तीनों वर्णों में विद्या और धनमतरहो और

सिद्धिर्नविद्यते २१ व्यासचित्तंतदाज्ञात्वा देवदेवउमापतिः। भीतभीतस्तदागौरीं तांप्रि यांपर्य्यभाषत २२ शृणुदेवि! वचोमह्यं यादृशंप्रत्युपस्थितम्। कृष्णद्वैपायनःकोपाच्छा पंदातुंसमुद्यतः २३ (देव्युवाच) किमर्थंशपतेक्रुद्धो व्यासःकेनप्रकोपितः। किंकृतंभ गवंस्तस्य येनशापंप्रयच्छति २४ (देवदेव उवाच) अनेनसुतपस्तप्तं बहून्वर्षगणान् प्रिये!। मौनिनाध्यानयुक्तेन द्वादशाब्दान्वरानने! २५ ततःक्षुधासुसञ्जाता भिक्षामटि तुमागतः। नैवास्यकेनचिद्भिक्षा ग्रासार्द्धमपिभामिनि! २६ एवंभगवतःकाल आसीत्षा ण्मासिकोमुनेः। ततःक्रोधपरीतात्मा शापंदास्यतिसोऽधुना २७ यावन्नेषशपेत्तावदु पायस्तत्रचिन्त्यताम्। कृष्णद्वैपायनंव्यासं विद्धिनारायणंप्रिये! २८ कोऽस्यशापान्नबि भेति ह्यपिसाक्षात्पितामहः। अदैवंदैवतंकुर्य्याद्दैवंचाप्यपदैवतम् २९ आवान्तुमानु षौभूत्वा गृहस्थाविहवासिनौ। तस्यतृप्तिकरींभिक्षां प्रयच्छावोवरानने! ३० एवमुक्तात तोदेवी देवेनशम्भुनातदा। व्यासस्यदर्शनंदत्त्वा कृत्वावेषन्तुमानुषम् ३१ एह्येहिभग वन्! सद्यो भिक्षांग्राह्यसत्तम!। अस्मद्गृहेकदाचित्त्वं नागतोऽसिमहामुने! ३२ एतच्छ्रुत्वाप्रीतमना भिक्षांग्रहीतुमागतः। भिक्षांदत्वातुव्यासाय षड्रसाममृतोपमाम् ३३ अनास्वादितपूर्वासा भक्षितामुनिनातदा। भिक्षांव्यासस्ततोभुक्त्वा चिन्तयन्हृष्टमान सः ३४ ववन्देवरदंदेवं देवीञ्चगिरिजांतदा। व्यासःकमलपत्राक्ष इदंवचनमब्रवीत् ३५

परस्परमें मित्रताभी न रहे और इस अविमुक्त तीर्थपर वासकरनेवाले पवित्र पुरुषों के मैं ऐसा विघ्न रचूंगा जिस्से कि किसीकी भी सिद्धि न होगी १७। २१ इसप्रकार के वेदव्यास के चित्त को जानकर भयभीतहुए महादेवजी अपनीप्रिया पार्वतीजी से यहवचन बोले २२ हे देवि भवत् मेरावचनसुन कि वेदव्यास इससमय शापदेने को उद्युक्त हैं २३ यहसुनकर पार्वतीजी बोलीं कि व्यासजी किसकारण से ऐसे क्रोधयुक्त हैं उनको किसने क्रोधयुक्त करवादिया है उनका कौनसा अपराध बनगया है जिससे कि वह शापदेनेको तैयार हैं २४ महादेव बोले हे प्रिये इन्होंने बहुत कालतक सुन्दर तपकिया है अर्थात् बारहवर्षतक मौनधारण करके ध्यानकिया २५ फिर जब क्षुधा लगी तब भिक्षामांगी तब किसीने भी इनको आधेग्रासमात्रकी भी भिक्षानदी इसीप्रकार से इन व्यासमुनिके छःमहीने व्यतीतहोगये इसीसे अब यह शाप देंगे २६। २७ जबतक कि यह शाप न दें उस समयतक कोई विचार करना चाहिये हे प्रिये वेदव्यासकेपास सिद्धिहै इनके शापसे सबकोई डरते हैं यहचाहे जिसे अदैवसे दैव बनासक्ते हैं दैवको भी हटासक्तेहैं २८। २९ हम तो मनुष्य बनकर गृहस्थियों के समान बातकररहे हैं इससे उनकी तृप्तिके समान भिक्षादेनी चाहिये ३० इसप्रकार से कहीहुई पार्वतीजी मनुष्यकारूप धारणकरके वेदव्यासको दर्शनदेकर यहवचन बोलीं हे भगवन् आप यहाँ आइये और भिक्षाको शीघ्र ग्रहण कीजिये हे महामुने आप हमारे घरमें कभी भी नहीं आये ३१। ३२ यहसुनकर वेदव्यासजीने बड़े प्रसन्नचित्तसे भिक्षा ग्रहणकरली और वह भिक्षा छःहो रसोंसे युक्तथी तब वेदव्यासजी ने उस उत्तम भिक्षाका भोजनकर प्रसन्नमन होकर मनमें विचा-

देवोदेवीनदीगङ्गा मिष्टमन्नंशुभागतिः। वाराणस्यांविशालाक्षि! वासःकस्यनरोचते ३६
एवमुक्तास्ततोव्यासो नगरीमवलोकयन्।चिन्तयानस्ततोभिक्षां हृदयानन्दकारिणीम् ३७
अपश्यत्पुरतोदेवं देवीञ्चगिरिजांतदा। गृहाङ्गणस्थितंव्यासं देवदेवोऽब्रवीदिदम् ३८
इहक्षेत्रेनवस्तव्यं क्रोधनस्त्वंमहामुने। एवंविस्मयमापन्नो देवंव्यासोब्रवीद्वचः ३९
(व्यास उवाच) चतुर्दश्यामथाष्टम्यां प्रवेशंदातुमर्हसि। एवमस्त्वित्यनुज्ञाय तत्रैवान्त
र्धीयत ४० नतद्गृहंनसादेवी नदेवोज्ञायतेक्वचित्। एवंत्रैलोक्यविख्यातः पुराव्या
सोमहातपाः ४१ ज्ञात्वाक्षेत्रगुणान्सर्वान् स्थितस्तस्यैवपार्श्वतः। एवंव्यासंस्थितंज्ञा
त्वा क्षेत्रंशंसन्तिपण्डिताः ४२ अविमुक्तगुणानांतु कःसमर्थोवदिष्यति। देवब्राह्मणवि
द्विष्टा देवभक्तिविडम्बकाः ४३ ब्रह्मघ्नाश्चकृतघ्नाश्च तथानैष्कृतिकाश्चये। लोकद्विषो
गुरुद्विषस्तीर्थायतनदूषकाः ४४ सदापापरताश्चैव येचान्येकुत्सिताभुवि। तेषांना
स्तीतिवासोवै स्थितोसौदण्डनायकः ४५ रक्षणार्थंनियुक्तंवै दण्डनायकमुत्तमम्। पूज
यित्वायथाशक्त्या गन्धपुष्पादिधूपकैः ४६ नमस्कारंततःकृत्वा नायकस्यतुमन्त्रवित्।

रांश किया ३३। ३४ और वरदेनेवाले महादेवजी और पार्वतीजी को नमस्कारकिया तदनन्तर उन मनुष्यरूपा पार्वतीजी से व्यासजी यह वचनबोले कि हे विशालाक्षि यहाँ उत्तम महादेवजी और पार्वतीजी हैं और श्रीगंगानदी बहती है और ऐसा उत्तम मिष्टभोजन मिलता है सुन्दर गतिहोतीहै ऐसी काशीजीमें कौनसा पुरुष वासनहींकरेगा अर्थात् सबको वासकरना योग्यहै ३५।३६ ऐसाकहकर वेदव्यासजी उसनगरीको देखतेहुए हृदयकी आनन्द देनेवाली उस भिक्षाको विचार करनेलगे ३७ फिर अपने आगे महादेव और पार्वतीजी को देखतेभये तब घरके आंगनमें खड़ेहुए वेदव्यासजी से महादेवजी यहवचन बोले ३८ हे महामुने आप क्रोधी हैं इसहेतु से आपको इसक्षेत्रमें बसना न चाहिये यहवचन सुनकर वेदव्यासजी बोले ३९ हे देव आप मुझको यहाँ आनेकी आज्ञा चतुर्दशी और अष्टमी दोदिनकी दीजिये तब शिवजीने कहा ऐसाही होगा ४० ऐसाकहकर महादेवजी अन्तर्द्धान होगये उनके अन्तर्द्धान होतेही वह गृह और पार्वतीजी भी अदृष्टहोगयीं इसप्रकार पूर्वसमय में महातपस्वी वेदव्यासजी उस क्षेत्रके गुणोंको जानके उसी क्षेत्रके समीप वासकरतेभये इसरीति से क्षेत्रके समीप वेदव्यासजी के वसने से सबपण्डित लोग इस उत्तम क्षेत्रकी स्तुति करते हैं ४१ ४२ इससे हे ऋषियो इस अविमुक्त तीर्थके गुणों के कहने को कौन समर्थहै देवता और ब्राह्मणकी निन्दाकरनेवाले देवताकी भक्तिका निरादर करनेवाले ब्रह्महत्या करनेवाले कृतघ्नी अनेकप्रकारके पापी गुरू तीर्थ और देवमन्दिरोंकी निन्दाकरके दोषलगानेवाले सदैव पापकर्मी ऐसे पुरुषोंका वहां वासनहीं होता है क्योंकि वहां शिवजी का दण्डनायकनामगण वर्तमान रहता है ४३। ४५ वह दण्डनायकगण रक्षाकेनिमित्त रहताहै इसनिमित्त गंध पुष्प धूपआदिकोंसे शक्तिकेअनुसार इसदण्डनायक का पूजनकरना चाहिये ४६ और बड़ीनम्रतासे उसको नमस्कारकर उसका मंत्र भी जपना उचितहै इसक्षेत्रमें सबप्रकारके वर्ण वासकरतेहैं और अनेकप्रकार सर्प बिच्छूआदि कीट भी

सर्ववर्णावृतेक्षेत्रे नानाविधसरीसृपे ४७ ईश्वरानुगृहीताहि गतिंगाणेश्वरींगताः। नाना रूपधरादिव्या नानावेषधरास्तथा ४८ सुरावेयेतुसर्वेच तन्निष्ठास्तत्परायणाः। यदि च्छन्तिपरंस्थानं अक्षयन्तदवाप्नुयुः ४९ परंपुरंदैवपुराद्विशिष्यते तदुत्तरंब्रह्मपुरात्पुर स्थितम्। तपोबलादीश्वरयोगनिर्मितं नतत्समंब्रह्मदिवौकसालयम् ५० मनोरमंकामग मंह्यनामयं अतीत्यतेजांसितपांसियोगवत् ५१ अधिष्ठितस्तुतत्स्थाने देवदेवोविराजते। तपांसियानितप्यन्ते व्रतानिनियमाश्चये ५२ सर्वतीर्थभिषेकंतु सर्वदानफलानिच। सर्व यज्ञेषुयत्पुण्यमविमुक्तेतदाप्नुयात् ५३ अतीतंवर्त्तमानञ्च अज्ञानातज्ञानतोऽपिवा। स र्वंतस्यचयत्पापं क्षेत्रंदृष्ट्वाविनश्यति ५४ शान्तैर्दान्तैस्तपस्तप्तं यत्किंचिद्धर्मसंज्ञितम्। सर्वंचतदवाप्नोति अविमुक्तेजितेन्द्रियः ५५ अविमुक्तंसमासाद्य लिङ्गमर्चयतेनरः। क ल्पकोटिशतैश्चापि नास्तितस्यपुनर्भवः ५६ अमराह्यक्षयाश्चैव क्रीडन्तिभवसन्निधौ। क्षेत्रंतीर्थोपनिषदमविमुक्तंनसंशयः ५७ अविमुक्तेमहादेवमर्चयन्तिस्तुवन्तिवै। सर्व पापविनिर्मुक्तास्तेतिष्ठन्त्यजरामराः ५८ सर्वकामाश्चयेयज्ञाः पुनरावृत्तिकाःस्मृताः। अ विमुक्तेमृतायेच सर्वेतेह्यनिवर्तकाः ५९ ग्रहनक्षत्रताराणां कालेनपतनाद्भयम्। अवि मुक्तेमृतानान्तु पतनंनैवविद्यते ६० कल्पकोपिसहस्रैस्तु कल्पकोटिशतैरपि। नतेषां पुनरावृत्तिर्मृतायेक्षेत्रउत्तमे ६१ संसारसागरेघोरे भ्रमन्तःकालपर्ययात्। अविमुक्तं

रहतेहैं वहसब भी महादेवजी के गण होजातेहैं और शिवजीमें निष्ठाकरनेवाले अथवा उनमें तत्पर रहनेवाले देवतालोग जो वहां वासकरतेहैं वहभी जिस २ स्थानकी इच्छा करते हैं उसी २ परम अक्षयस्थानको प्राप्तहोजातेहैं यह स्थान देवताओंके स्वर्गसेभी उत्तमहै ब्रह्मलोकके समानहै इसको महादेवजीने अपने योगबलसे रचाहै इस क्षेत्रके समान अन्य कोई लोकनहीं है ४७। ५० यह क्षेत्र चित्तरोचक कामनाओं का देनेवाला रोगों से रहित तप तेज और योग इनसबका सिद्धकरने वालाहै ५१ इसक्षेत्रमें अधिष्ठितहुए महादेवजी प्रकाशित होरहेहैं जो पुरुष इसअविमुक्त तीर्थपर तपकरतेहैं अथवा नियम व्रतादिक करतेहैं वहसब तीर्थोंके अभिषेक यज्ञ और दानोंके फलको प्राप्त होतेहैं ५२। ५३ व्यतीत और वर्त्तमान तथा अज्ञान से कियाहुआ जो पापहै वहसब इस अ-विमुक्ततीर्थ के दर्शनहीसे नष्टहोजाताहै ५४ शान्त तथा जितेन्द्रिय दान्तपुरुष जो कुछ धर्मकरतेहैं वहीधर्म इस अविमुक्त तीर्थपर अनन्तगुणहोकर प्राप्तहोताहै ५५ जो पुरुष अविमुक्त तीर्थपर प्राप्त होकर शिवजीके लिङ्गका पूजन करतेहैं वह किरोड़ों कल्पोंतक इससंसारमें जन्म नहीं लेते हैं ५६ शिवजीके समीप हजारोंदेवता क्रीड़ाकरतेहैं इसीसे यहक्षेत्र निस्सन्देह सबतीर्थोंका शिरोमणिहै ५७ जो पुरुष इसतीर्थपर महादेव का पूजन करतेहैं और उनकी स्तुति करते हैं वहसब पापों से छुटकर देवता होजातेहैं ५८ जितने कामनावाले यज्ञहैं वहसब फिर जन्मकरानेवालेहैं परन्तु जो इसअवि-मुक्त तीर्थपर मरतेहैं वह फिर कभी जन्म नहींलेतेहैं ५९ ग्रह नक्षत्र तारा आदिक सब अपने २ काल पाकर पतित होजाते हैं परन्तु अविमुक्ततीर्थपर मरनेवाले पुरुष फिर कभी नहीं पतितहोते ६०

समासाद्य गच्छन्तिमणिकर्णिकाम् ६२ ज्ञात्वा कलियुगंघोरं हाहाभूतमचेतनम्। अ
विमुक्तंनमुञ्चंति कृतार्थास्तेनराभुवि ६३ अविमुक्तंप्रविष्टस्तु यदिगच्छेत्ततःपुनः। तदा
हसन्तिभूतानि अन्योन्यंकरताडनम् ६४ कामक्रोधेनलोभेन ग्रस्तायेभुविमानवाः।
निष्क्रमन्तेनरादेवि! दण्डनायकमोहिताः ६५ जपध्यानविहीनानां ज्ञानवर्जितचेतसा
म्। ततोदुःखहतानाञ्च गतिर्वाराणसीनृणाम् ६६ तीर्थानांपञ्चकंसारं विश्वेशानन्दका
नने। दशाश्वमेधंलोलार्कः केशवोविन्दुमाधवः ६७ पञ्चमीतुमहाश्रेष्ठा प्रोच्यतेमणिक
र्णिका। एभिस्तुतीर्थवर्यैश्च वर्ण्यतेह्यविमुक्तकम् ६८ एतद्धेकथितंसर्वं देव्यैदेवेनभा
षितम्। अविमुक्तस्यक्षेत्रस्य तत्सर्वंकथितंद्विजाः ६९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेचतुरशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८४॥

(ऋषयऊचुः) माहात्म्यमविमुक्तस्य यथावत्कथितंत्वया। इदानींनर्मदायास्तु
माहात्म्यंवदसत्तम! १ अत्रोङ्कारस्यमाहात्म्यं कपिलासङ्गमस्यच। अमरेशस्यचैवाहु
र्माहात्म्यंपापनाशनम् २ कथंप्रलयकालेतु ननष्टानर्मदापुरा। मार्कण्डेयश्चभगवान्न
विनष्टस्तदाकिल। त्वयोक्तंतदिदंसर्वं पुनर्विस्तरतोवद ३ (सूत उवाच) एतदेवपुरा
पृष्टः पाण्डवेनमहात्मना। नर्मदायास्तुमाहात्म्यं मार्कण्डेयोमहामुनिः ४ उग्रेणतपसा

जो इस उत्तमक्षेत्र में मरतेहैं वह किरोड़ों कल्पोंमेंभी कभी नहीं जन्मते हैं ६१ जो संसारसागर में भ्रमतेहुए पुरुष काल के वशहोकर अविमुक्त तीर्थपर प्राप्तहो मणिकर्णिकाघाटपर प्राप्तहोतेहैं वहबड़े धन्यहैं ६२ जो पुरुष इसमहाघोर कलियुगको प्राप्तहुआ जानकर अविमुक्ततीर्थ को नहीं त्यागते हैं वहभी कृतार्थ होजातेहैं ६३ अविमुक्त क्षेत्रमें प्रवेशितहुआ पुरुष जब अन्य किसी स्थानको जाताहै तब सबप्राणी तालियां बजाकर परस्पर हास्य करतेहैं ६४ जो पुरुष काम क्रोध और लोभकरके हत होजातेहैं वह दण्डनायक के भयसे उस क्षेत्र में से निकलकर चलेजाते हैं ६५ जप ध्यानसे रहित अज्ञानी और दुःखों से हतहुए पुरुषों की गति श्रीकाशीजी में होतीहै—इसपृथ्वी में पांचतीर्थ सारहैं दशाश्वमेध, लोलार्क, केशव, विन्दुमाधव, और महाश्रेष्ठ मणिकर्णिका इनउत्तम पांचतीर्थोंवाला यह अविमुक्ततीर्थ कहाताहै इसरीतिसे जो अविमुक्ततीर्थ का माहात्म्य महादेवजी ने श्रीपार्वतीजी से वर्णनकियाहै-वहसब मैंने अपनी बुद्धिके अनुसार तुमसे वर्णन कियाहै ६६।६९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुरशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८४॥

ऋषियों ने पूछा—हेसूतजी आपने अविमुक्ततीर्थ का माहात्म्य तो अच्छेप्रकार से कहा अब हम आपसे नर्मदानदी का माहात्म्य श्रवणकिया चाहतेहैं उसको आप कृपाकरके हमें सुनाइये १ उसी स्थानपर ॐकार और कपिलाके संगमका माहात्म्य और अमरेशमहादेव भी पापोंके नाशकरनेवाले सुनेजातेहैं २ पूर्व प्रलयकाल में नर्मदानदी कैसे नष्ट नहींहुई है मार्कण्डेयजी भी किसहेतु से नहीं नष्टहुए यह आप कहचुकेहैं परन्तु अब विस्तारपूर्वक सुननाचाहतेहैं यहसुनकर सूतजी बोले कि इसनर्मदानदी का माहात्म्य प्रथम राजायुधिष्ठिर ने मार्कण्डेयजी से पूछाहै अर्थात् उग्रवनमें वास

युक्तो वनस्थोवनवासिना। एष्टःपूर्वांमहागाथां धर्मपुत्रेणधीमता ५ (युधिष्ठिर उवाच) श्रुतामेविविधाधर्मास्त्वत्प्रसादाद्द्विजोत्तम ! । भूयश्चश्रोतुमिच्छामि तन्मेकथयसुव्रत ! ६ कथमेषामहापुण्या नदीसर्वत्रविश्रुता । नर्मदानामविख्याता तन्मेब्रूहिमहामुने ! ७ (मार्कण्डेय उवाच) नर्मदासरितांश्रेष्ठा सर्वपापप्रणाशिनी । तारयेत्सर्वभूतानि स्थावराणिचराणिच ८ नर्मदायास्तुमाहात्म्यं पुराणेयन्मयाश्रुतम् । तदेतद्धिमहाराज ! तत्सर्वंकथयामिते ९ पुण्याकनखलेगङ्गा कुरुक्षेत्रेसरस्वती । ग्रामेवायदिवारण्ये पुण्यासर्वत्रनर्मदा १० त्रिभिःसारस्वतंतोयं सप्ताहेनतुयामुनम् । सद्यःपुनातिगाङ्गेयं दर्शनादेवनार्मदम् ११ कलिङ्गदेशेपश्चार्द्धे पर्वतेऽमरकण्टके । पुण्येचत्रिषुलोकेषु रमणीयामनोरमा १२ सदेवासुरगन्धर्वा ऋषयश्चतपोधनाः । तपस्तप्त्वामहाराज ! सिद्धिञ्चपरमांगताः १३ तत्रस्नात्वानरोराजन्नियमस्थोजितेन्द्रियः । उपोष्यरजनीमेकां कुलानांतारयेच्छतम् १४ जलेश्वरेनरःस्नात्वा पिण्डंदत्त्वायथाविधि। पितरस्तस्यतृप्यन्ति यावदाभूतसंप्लवम् १५ पर्वतस्यसमन्तात्तु रुद्रकोटिःप्रतिष्ठिता । स्नात्वायः कुरुतेतत्र गन्धमाल्यानुलेपनैः १६ प्रीतस्तस्यभवेच्छर्वो रुद्रकोटिर्नसंशयः । पश्चिमे पर्वतस्यान्ते स्वयंदेवोमहेश्वरः १७ तत्रस्नात्वाशुचिर्भूत्वा ब्रह्मचारीजितेन्द्रियः । पितृकार्य्यञ्चकुर्वीत विधिवन्नियतेन्द्रियः १८ तिलोदकेनतत्रैव तर्पयेत्पितृदेवताः । आस

करतेहुए राजा युधिष्ठिरने इसकथाको मार्कण्डेयजीसे पूछाहै ४।५ युधिष्ठिरनेपूछा हेद्विजोत्तम मैंने आपकी कृपासे अनेकधर्म सुनेहैं परन्तु अब मेरी धर्मके सुननेकी और इच्छाहै उसकोआपकहिये ६ प्रथम तो आप यहसमझाइये कि यह पवित्र नर्मदानदी कैसे उत्पन्न हुई है, मार्कण्डेयजीबोले कि नर्मदानदी सब नदियों में श्रेष्ठ है और स्थावर जंगमभूतों के पापोंको दूरकरके उनकाउद्धारकरने वाली है ७।८ हे महाराज युधिष्ठिर इस नर्मदा नदीका माहात्म्य जो मैंने अन्य २ पुराणों में सुनाहै वहसब तेरे आगे वर्णन करताहूं, कनखलमें गंगानदीहै,कुरुक्षेत्रमें महापवित्र सरस्वती नदी है, यह नर्मदानदी ग्राममें अथवा वनमें सर्वत्र उत्तमहै ९।१० सरस्वतीका जल पांचदिनमें पवित्र करदेताहै यमुनाका जल सातदिनमें पवित्रकरताहै गंगाजल तत्कालपवित्र करताहै और नर्मदानदीका जल दर्शनही मात्रसे पवित्र करदेताहै कलिंगदेशमें अमरकंटकवनमें और तीनोंलोकों में यह नर्मदानदी मनोहर और रमणीक है ११ । १२ हे महाराज देवता असुर गन्धर्व और तपस्वी ऋषि यहसब नर्मदा नदीपर सिद्धिको प्राप्तहुए हैं १३ हे राजा नियममें युक्त जो कोई जितेन्द्रिय पुरुष स्नानकर एक दिन निराहार व्रतका नियम करताहै वह अपनी सात पीढ़ियोंको उद्धार कर देताहै १४ और जलेश्वरतीर्थमें स्नानकर यथार्थ विधिसे पिण्डदान करनेवाले पुरुषके पितर प्रलयकालतकतृप्तरहते हैं १५ जहाँ पर्वतके समीप रुद्रोंकी कोटिहै वहाँ नर्मदा नदीमें स्नानकर जो कोई गन्ध पुष्पादि से रुद्रोंका पूजन करता है उसके ऊपर महादेवजी प्रसन्न होजाते हैं और उसी पर्वत के समीप पश्चिम दिशामें आप महेश्वर महादेवजी विराजमान हैं वहाँ स्नानकर ब्रह्मचर्य्य से जितेन्द्रियहो

तमंकुलंतस्य स्वर्गेमोदेतपाण्डव ! १९ षष्टिवर्षसहस्राणि स्वर्गलोकेमहीयते । अप्स
रोगणसंकीर्णे सिद्धचारणसेविते २० दिव्यगन्धानुलिप्तश्च दिव्यालङ्कारभूषितः। ततः
स्वर्गात्परिभ्रष्टो जायतेविपुलेकुले २१ धनवान्दानशीलश्च धार्मिकश्चैवजायते। पुनः
स्मरातितत्तीर्थे गमनंतत्ररोचते २२ कुलानितारयेत्सप्त रुद्रलोकंसगच्छति । योजना
नांशतंसाग्रं श्रूयतेसरिदुत्तमा २३ विस्तारेणतुराजेन्द्र ! योजनद्वयमायता । षष्टिस्ती
र्थसहस्राणि षष्टिकोट्यस्तथैवच २४ सर्वतस्यसमन्तात्तु तिष्ठतेमरकण्टके । ब्रह्मचारी
शुचिर्भूत्वा जितक्रोधोजितेन्द्रियः २५ सर्वहिंसानिवृत्तस्तु सर्वभूतहितेरतः । परंशर्व
समाचारो यस्तुप्राणान्परित्यजेत् २६ तस्यपुण्यफलंराजन् ! शृणुष्वावहितोमम ।
शतंवर्षसहस्राणां स्वर्गेमोदेतपाण्डव ! २७ अप्सरोगणसंकीर्णे सिद्धचारणसेविते । दि
व्यगन्धानुलिप्तश्च दिव्यपुष्पोपशोभितः २८ क्रीडतेदेवलोकस्थो दैवतैःसहमोदते ।
ततःस्वर्गात्परिभ्रष्टो राजाभवतिवीर्यवान् २९ गृहन्तुलभतेसोवै नानारत्नविभूषितम्।
स्तम्भैर्मणिमयैर्दिव्यैर्वज्रवैदूर्यभूषितैः ३० आलेख्यसहितंदिव्यं दासीदाससमन्वितम्।
मत्तमातङ्गशब्दैश्च हयानांहेषितेनच ३१ क्षुभ्यतेतस्यतद्द्वारमिन्द्रस्यभवनंयथा । रा
जराजेश्वरःश्रीमान् सर्वस्त्रीजनवल्लभः ३२ तस्मिन्गृहेवसित्वातु क्रीडाभोगसमन्विते।
जीवेद्वर्षशतंसाग्रं सर्वरोगविवर्जितः ३३ एवंभोगोभवेत्तस्य योमृतोमरकण्टके। अग्नौ

विधिपूर्वक पितरोंकाश्राद्धादि कर्मकरे १६।१८ यवोंसेदेवताओंका और तिलों से पितरोंका तर्पण करे उसके सातपीढ़ीके पुरुष स्वर्गमें प्राप्त होते हैं और आप अप्सरागणोंसे और सिद्ध चारण गन्धर्वों से युक्त होकर साठहजार वर्षोंतक वहाँ आनन्दपूर्वक वासकरता है १९।२० फिर इस पृथ्वीतलमेंआ कर उत्तम धनाढ्य कुलमें जन्म लेताहै २१ और धनवान् होकर दानधर्मादिक उत्तम कर्मोंका करनेवाला होता है और इस जन्ममेंभी इसी तीर्थका स्मरण करके तीर्थहीपर फिर प्राप्तहोताहै २२ इसके पीछे फिर सातकुलोंका उद्धार करके शिवलोकमें प्राप्त होताहै इस नर्मदा नदीकी लम्बाई सौ योजनकी और चौड़ाई आठकोशकी सुनीजाती है साठ किरोड़ और साठहज़ार ६०००६०००० तीर्थ इस नर्मदा के चारोंओर हैं जो पुरुष ब्रह्मचारी जितेन्द्रिय क्रोध हिंसादि से रहित होके सबभूतोंका हितकारी होता है और शिवजीकी भक्ति रखताहै और इसी आचरण से उस तीर्थ पर प्राणों को त्यागदेता है हे पाण्डव उसके पुण्यों को तुम सावधान होकर मुझसे सुनो वह देवताओंके दिव्य सौ वर्षतक स्वर्ग में वासकरताहै २३ । २७ और वहाँ अप्सरागणों से सेवित सिद्ध चारण गन्धर्वों से पूजित दिव्य गन्धयुक्त नानापुष्पों से शोभित होताहै २८ और सब देवताओं के संगमें क्रीडाकरताहै फिर स्वर्गलोकसे पतितहोकर बड़ाभारी पराक्रमी राजाहोताहै २९ और उत्तमरत्नों से जटित मणियोंके स्तंभयुक्त बड़े चित्रविचित्रगृहमें दासदासियों समेत वासकरता है उस घरके द्वारपर मतवालेहाथी और उत्तम२ घोड़े हिनहिनाया करतेहैं ३०।३१ उसकाद्वारभी इन्द्रके द्वार के समान प्रकाशित होताहै ऐसेस्थानमें उत्तम२ स्त्रियोंको प्याराहोकर श्रीमान् राजराजेश्वर होताहै

विषजलेवापि तथाचैवह्यनाशके ३४ अनिवर्तिकागतिस्तस्य पवनस्याम्बरेयथा। प
तनंकुरुतेयस्तु अमरेशेनराधिप! ३५ कन्यानांत्रिसहस्राणि एकैकस्यापिचापरे। तिष्ठ
न्तिभुवनेतस्य प्रेषणंप्रार्थयन्तिच ३६ दिव्यभोगैःसुसम्पन्नः क्रीडंतेकालमक्षयम्। पर्व
तस्यसमन्तात्तु रुद्रकोटिःप्रतिष्ठिता ३७ स्नानंयःकुरुतेतत्र गन्धमाल्यानुलेपनैः। प्री
तःसोऽस्यभवेत्सर्वो रुद्रकोटिर्नसंशयः ३८ पश्चिमेपर्वतस्यान्ते ह्ययंदेवोमहेश्वरः। तत्र
स्नात्वाशुचिर्भूत्वाब्रह्मचारीजितेन्द्रियः ३९ पितृकार्यंचकुर्वीत विधिवन्नियतेन्द्रियः।
तिलोदकेनविधिवत्तर्पयेत्पितृदेवताः ४० आसप्तमंकुलन्तस्य स्वर्गेमोदेतपाण्डव!।
षष्टिवर्षसहस्राणिस्वर्गलोकेमहीयते ४१ दिव्यगन्धानुलिप्तश्च दिव्यालङ्कारभूषितः।
ततःस्वर्गात्परिभ्रष्टो जायतेविपुलेकुले ४२ धनवान्दानशीलश्च धार्मिकश्चैवजायते।
पुनःस्मरतितीर्थंथैगमनन्तत्ररोचते। तारयेत्तुकुलान्सप्त रुद्रलोकंसगच्छति ४३ पृथि
व्यामासमुद्रायामीदृशोनैवजायते। यादृशोऽयंनृपश्रेष्ठ! पर्वतेऽमरकण्टके ४४ तावत्ती
र्थंतुविज्ञेयंपर्वतस्यतुपश्चिमे। ह्रदोजलेश्वरोनाम त्रिषुलोकेषुविश्रुतः ४५ तत्रपिण्डप्र
दानेन सन्ध्योपासनकर्मणा। पितरोदशवर्षाणि तर्पितास्तुभवन्तिवै ४६ दक्षिणेनर्मदाकू
ले कपिलेतिमहानदी। सकलार्जुनसञ्छन्ना नातिदूरेव्यवस्थिता ४७ सापिपुण्यामहा।

ऐसे क्रीडा भोगवाले घरमें वासकरके देवताओं के दिव्य सौवर्ष तक नीरोगहोकर जीवता रहता-
है ३१। ३३ जो पुरुष उसअमरकंटक तीर्थपर मरताहै उसको ऐसाही ऐश्वर्य्य मिलताहै और अग्नि
विष जलआदिसे कभी नष्टनहीं होताहै उसकी गतिवायुके समान आकाशमें गमनकरनेकी होजाती
है और जो अमरेश तीर्थपर अपना शरीर त्यागताहै उसके घरमें तीनहज़ार दासी होकर वह दिव्य
भोगों से युक्तहोकर बहुतकालतक क्रीड़ाकरताहै और पर्व्वतके चारोंओर जो रुद्रोंकी कोटि प्रतिष्ठित
है वहां जो स्नानकरके गन्धपुष्पादिसे उनरुद्रोंका पूजनकरताहै उसकेऊपर निस्सन्देह सबरुद्रकोटि
महादेव प्रसन्न होजाते हैं ३४। ३८ और पर्व्वतके पश्चिमकीओर जो महेश्वर शिवजी स्थितहैं वहां
स्नानादि से पवित्र जितेन्द्रिय और नियमी होकर जो विधिपूर्व्वक जौसे देवता और तिलसे पितरों
का श्राद्ध तर्पण करताहै ३९। ४० हे पाण्डव उसके सातकुल तो स्वर्गवासी होते हैं और आप साठ
हज़ार वर्षोंतक दिव्य गन्ध उत्तम आभूषण औरनानाप्रकारके भोगों समेत स्वर्गमें विराजमान रह-
ताहै फिर स्वर्गसे पतितहोकर धनाढ्य कुलमें उत्पन्नहो महाधनी दानी और धार्मिक होकरभी उ-
सी तीर्थका स्मरणकर वहाँही गमन करनेकी रुचिकरताहै औरसातपीढ़ियोंका फिर उद्धारकरके शिव-
जीके लोकमें प्राप्त होताहै इसके अनन्तर जब इसपृथ्वीपर जन्मलेताहै तबऐसाराजाहोताहै कि उस
के समान दूसरा नहींहोता अकेलाही राज्यकरताहै यह अमरकंटक तीर्थकाप्रभावहै—अब उसपर्वत
के पश्चिम भागके तीर्थोंको सुनो वहाँ जलेश्वरनाम ह्रद पृथ्वीभरमें विख्यातहै वहाँ पिण्ड दान और
सन्ध्योपासन करनेसे दशवर्षतक पितरोंकी तृप्ति रहती है ४१। ४६ नर्मदा नदीके दक्षिण तटपर कपि-
लानाम नदीहै जिसकी सबपृथ्वी अर्जुनआदि अनेक वृक्षोंसेआच्छादित होरही है यहनदी महापवित्र

भागा त्रिषुलोकेषुविश्रुता। तत्रकोटिशतंसाग्रं तीर्थानांतुयुधिष्ठिर! ४८ पुराणेश्रूयतेरा
जन्! सर्वकोटिगुणंभवेत्। तस्यास्तीरेतुयेवृक्षाः पतिताःकालपर्ययात् ४९ नर्मदातो
यसंस्पृष्टास्तेऽपियान्तिपराङ्गतिम्। द्वितीयातुमहाभागा विशल्यकरणीशुभा ५० तत्र
तीर्थेनरःस्नात्वा विशल्योभवतिक्षणात्। तत्रदेवगणाःसर्वे सकिन्नरमहोरगाः ५१ यक्ष
राक्षसगन्धर्वा ऋषयश्चतपोधनाः। सर्वेसमागतास्तत्र पर्वतेऽमरकण्टके ५२ तैश्चस
र्वैःसमागम्य मुनिभिश्चतपोधनैः। नर्मदामाश्रितापुण्या विशल्यानामनामतः ५३ उत्
पादितामहाभागा सर्वपापप्रणाशिनी। तत्रस्नात्वानरोराजन्! ब्रह्मचारीजितेन्द्रियः५४
उपोष्यरजनीमेकांकुलानान्तारयेच्छतम्। कपिलाचविशल्याच श्रूयतेराजसत्तम! ५५
ईश्वरेणपुराप्रोक्ते लोकानांहितकाम्यया। तत्रस्नात्वानरोराजन्नश्वमेधफलंलभेत् ५६
अनाशकन्तुयःकुर्यात् तस्मिंस्तीर्थेनराधिप!सर्वपापविशुद्धात्मा रुद्रलोकंसगच्छति५७
नर्मदायास्तुराजेन्द्र! पुराणेयन्मयाश्रुतम्। यत्रतत्रनरःस्नात्वा चाश्वमेधफलंलभेत्५८
येवसन्त्युत्तरेकूले रुद्रलोकेवसन्तिते। सरस्वत्याञ्चगङ्गायां नर्मदायांयुधिष्ठिर! ५९ समं
स्नानंचदानञ्च यथामेशङ्करोऽब्रवीत्। परित्यजतियःप्राणान् पर्वतेऽमरकण्टके ६० वर्ष
कोटिशतंसाग्रं रुद्रलोकेमहीयते। नर्मदायाजलंपुण्यं फेनोर्मिभिरलंकृतम् ६१ पवित्रंशि
रसावन्द्यं सर्वपापैः प्रमुच्यते। नर्मदापर्वतःपुण्या ब्रह्महत्यापहारिणी ६२ अहोरात्रोप

भाग्यवाली त्रिलोकीमें विख्यातहै उसके ओर पासभी लाखोंतीर्थ हैं ४७।४८ हे राजन् पुराणोंमें ऐसा सुनाजाताहै कि उसनदी के तीरकेवृक्ष जो कालकेवलसे वहकर उसके जलमें गिरपड़ते हैं वहभीपरम गतिको प्राप्तहोजाते हैं दूसरी विशल्य करणीनाम सुन्दरनदी है ४९।५० उस विशल्यकरणी नदी में स्नान करनेवाला पुरुष तत्कालही पवित्रहोजाताहै औरसबदेवता किन्नर गन्धर्व महोरग यक्ष राक्षस तपस्वी और ऋषि यहसब लोग उस अमरकंटक नाम पर्व्वतपर रहतेहैं इन्हीं सबऋषि मुनियोंने इकट्ठे होकर नर्मदा नदीके ऊपर लाकर महापवित्र विशल्या नामनदी रची है ५१। ५३ यहनदीभी सबपापोंकी नाशकरनेवाली कहीहै जो मनुष्य वहाँ स्नानकर ब्रह्मचारी और जितेन्द्रिय होकर एक-रात्रिका उपवास व्रतकरताहै वह सातपीढ़ियोंका उद्धार करताहै हे राजन्कपिला और विशल्या यह दोनों नदी पूर्व्वकालमें ईश्वरने लोकोंके हितके मनोरथ पूरेकरनेके निमित्त बनाई हैं वहाँ स्नान क-रनेवाला मनुष्य अश्वमेध यज्ञके फलको पाताहै जो पुरुष उस तीर्थपर अनशनं व्रतकरके अपने श-रीरको त्यागताहै वहसब पापोंसे छुटकर रुद्रलोकमें प्राप्त होताहै ५४।५७ हे राजन् नर्मदा नदीके जिसतीर्थमें मनुष्य स्नान करताहै वहाँ सर्वत्रही अश्वमेध यज्ञका फल होता है ५८ जो इस नदीके उत्तर तटपर वासकरते हैं वह रुद्रलोकमें प्राप्त होतेहैं यह शंकरजीका वचनहै कि सरस्वती गंगा और नर्मदा इनतीनोंमें स्नान दानादि धर्म करनेका समान फलहै जो अमरकंटक तीर्थपर वासक-रता है वह सौ किरोड़ वर्षोंतक रुद्रलोकमें वास करता है इस नर्मदा नदी का महापवित्र जल जो झाग और तरंगोंसे शोभितहै वह शिरसे नमस्कार करनेके योग्यहै और सबपापोंका नाश करने

वासेन मुच्यतेब्रह्महत्यया। एवंरम्याचपुण्याच नर्मदापाण्डुनन्दन!६३ त्रयाणामपिलो कानां पुण्याह्येषामहानदी। वटेश्वरेमहापुण्ये गङ्गाद्वारेतपोवने ६४ एतेषुसर्वस्थानेषुद्वि जाःस्युःशंसितव्रताः। श्रुतंदशगुणंपुण्यं नर्मदोदधिसङ्गमे ६५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेपञ्चाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः१८५॥

(मार्कण्डेय उवाच) नर्मदातुनदीश्रेष्ठा पुण्यात्पुण्यतमाहिता। मुनिभिस्तुमहाभा गै र्विभक्तामोक्षकांक्षिभिः १ यज्ञोपवीतमात्राणि प्रविभक्तानिपाण्डव!। तेषुस्नात्वातुरा जेन्द्र! सर्वपापैःप्रमुच्यते २ जलेश्वरंपरन्तीर्थं त्रिषुलोकेषुविश्रुतम्। तस्योत्पत्तिंकथ यतः शृणुत्वंपाण्डुनन्दन! ३ पुरामुनिगणाःसर्वे सेन्द्राश्चैवमरुद्गणाः। भयोद्विग्नाविरू पाक्षं परित्रायस्वनःप्रभो! ४ (भगवान् उवाच) स्वागतंतुसुरश्रेष्ठाः! किमर्थमिहचा गताः। किंदुःखंकोनुसन्तापः कुतोवाभयमागतम्! ५ कथयध्वंमहाभागा एवमिच्छामिवे दितुम्। एवमुक्तास्तुरुद्रेण कथयन्शंसितव्रताः ६ (ऋषयऊचुः) अतिवीर्य्योमहाघो रो दानवोबलदर्पितः। वाणोनामेतिविख्यातो यस्यवैत्रिपुरंपुरम् ७ गगनेसततंदिव्यं भ्रम तेतस्यतेजसा। ततोभीताविरूपाक्ष! त्वामेवशरणङ्गताः ८ त्रायस्वमहतोदुःखात् त्वंहि नःपरमागतिः। एवंप्रसादंदेवेश! सर्वेषांकर्तुमर्हसि ९ येनदेवाःसगन्धर्वाः सुखमेधन्तिशङ्क र!। परांनिर्वृतिमायान्ति तत्प्रभो! कर्तुमर्हसि १० (भगवानुवाच) एतत्सर्वंकरिष्यामि

वाला है हे पांडुनन्दन इस प्रकारसे यह नर्मदा नदी महापवित्र ब्रह्महत्यादि पापों की नाश करने वाली होकर महा तेजकी दाताहै ५९। ६३ यह महानदी तीनोंलोकोंमें पवित्रहै और वटेश्वर तीर्थ, महापुण्यकारी गंगाद्वारतीर्थ और तपोवन इनसब पवित्र स्थानोंमें रहनेवाले पुरुष तीव्रव्रतवाले व र्णनकियेहैं और नर्मदा नदी तथा समुद्रके संगममें स्नान आदिका दशगुणा पुण्य होता है ६४।६५

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८५॥

मार्कण्डेयजी कहतेहैं–कि नर्मदानदी पवित्र और महाश्रेष्ठ है इसका विभाग मोक्षकी इच्छाकरने वाले पवित्र मुनियों ने कियाहै इसके विभाग यज्ञोपवीतके प्रमाणवाले कियेहैं, हे राजेन्द्र उनतीर्थों में स्नान करके सबपापोंसे छुटजाताहै १।२ जलेश्वरनामतीर्थ त्रिलोकीमें विख्यातहै उसकीउत्पत्तिको कहतेहैं ३ पूर्वकालमें सबमुनि और इन्द्रादिक मरुद्गण भयसे उद्विग्नमनहोकर शिवजीसे बोले कि आप हमारी रक्षाकरो। शिवजीबोलेहेदेवतातुम्हारे चित्तमें कौनसाभयहै जिसकेनिमित्त तुम सब यहाँ आयेहो तुमको कौनसादुःख और संताप है और किस्से भय उत्पन्नहुआहै यहसर्व हमसे वर्णनकरो ऐसे शिवजीके वचन सुनकर मरुद्गण समेत ऋषिगणबोले ४। ६ हे महादेवजी अत्यन्तपराक्रमी घोरबलसे अभिमानी ऐसा बाणासुर दैत्यहै उसके त्रिपुरनाम पुरहै वह पुर उसबाणासुरके तेजसे आकाशमें भ्रमताहै सोउस दैत्यसे भयभीतहोकर हम आपकी शरणमें आयेहैं ७। ८ आपही हमारी परमगतिहो सो उसदैत्यके दुःखसे हमारी रक्षाकरके हम सबपर कृपाकरो ९ हे देव जिसप्रकारसे देवता गन्धर्व और ऋषिमुनि सुखको प्राप्तहों वही आप कीजिये १० भगवान् शिवजीबोले मैं उसका

माविषादंगामिप्यथ। अचिरेणैवकालेन कुर्य्यांयुष्मत्सुखावहम् ११ आश्वास्यसतुतान् सर्व्वान् नर्मदातटमाश्रितः। चिन्तयामास देवेशस्तद्वधंप्रतिमानद!१२अथकेनप्रकारेण हन्तव्यंत्रिपुरंमया।.परंसंचिन्त्यभगवान् नारदंचास्मरत्तदा। स्मरणादेव!संप्राप्तोनारदः समुपस्थितः १३ (नारद उवाच) आज्ञापयमहादेव!किमर्थंअस्मृतोह्यहम्। किंकार्य्यंतुम यादेव!कर्तव्यंकथयस्वमे १४ (भगवानुवाच) गच्छनारद!तत्रैवयत्रतत्त्रिपुरंमहत्।बा णस्यदानवेन्द्रस्य शीघ्रंगत्वाचतत्कुरु १५ ताभर्त्तृदेवतास्तत्र स्त्रियश्चाप्सरसांसमाः। तासांवैतेजसाविप्र!भ्रमतेत्रिपुरन्दिवि १६ तत्रगत्वातुविप्रेंद्र!मतिमन्यांप्रबोधय।देवस्य वचनंश्रुत्वा मुनिस्त्वरितविक्रमः १७ स्त्रीणांहृदयनाशाय प्रविष्टस्तत्पुरंप्रति। शोभतेतत्पुरं दिव्यं नानारत्नोपशोभितम् १८ शतयोजनविस्तीर्णं ततोद्विगुणमायतम्। ततोऽपश्यद्वित त्रैव बाणन्तुबलदर्पितम् १९ मणिकुण्डलकेयूरमुकुटेनविराजितम्। हारदोरसुवर्णैश्च चन्द्रकान्तविभूषितम् २० रशनातस्यरत्नाढ्या बाहूकनकमण्डितौ। चन्द्रकान्तमहावज्र मणिविद्रुमभूषिते २१ द्वादशार्कद्युतिनिभे निविष्टंपरमासने। उत्थितोनारदंदृष्ट्वा दानवे न्द्रोमहाबलः २२ (बाणउवाच) देवर्षे! त्वंस्वयंप्राप्तो अर्घ्यंपाद्यंनिवेदये। सोऽभिवाद्य यथान्यायं क्रियतांकिंद्विजोत्तम! २३ चिरात्त्वमागतोविप्र! स्थीयतामिदमासनम्। एवंस म्भाषयित्वातु नारदंऋषिसत्तमम्। तस्यभार्य्यामहादेवी ह्यनौपम्यातुनामतः २४ (अ

सब उपायकरताहूं तुम किसी प्रकारका खेद मतकरो थोड़ेहीकालमें तुमको सुखप्राप्तहोगा ११ इस प्रकारसे उनसबको विश्वासपूर्वक समझाकर नर्मदानदीके तीरपर स्थितहोके उसदैत्यके मारनेकी यह इच्छा करतेभये १२ कि उसदैत्यको मैं किस प्रकारसेमारूं ऐसे चिन्तवनकरके नारदमुनिका स्मरण करतेभये उनके स्मरण करतेही नारदमुनि आवतेभये १३ और आतेही यह वचनबोले हे महादेवजी महाराज क्या आज्ञाहै आपने मुझे किस निमित्त बुलायाहै जो आपकी आज्ञाहो सोईमैं करूं १४ शिवजीबोले हे नारदजी जहाँ वह बड़ा त्रिपुरहै वहाँ जाकर उस बाणासुर दैत्यके पुरमें पतिव्रता स्त्रियांहैं उन्हींके तेजसे वह त्रिपुर आकाशमें भ्रमताहै १५। १६ इसहेतुसे तुमउस पुरमें जाकर उनस्त्रियोंकी बुद्धिको विपरीतकरदो इसप्रकारसे महादेवजीके वचनको सुनकर नारदमुनि शीघ्रही उसपुरमें पहुंचकर स्त्रियोंके चित्तका नाशकरतेभये वह पुर अनेकप्रकारके रत्नोंसे शोभित सौयोजन चौड़ा और दोसौ योजन लंबाथा ऐसे उसपुरमें नारदजी उसबाणासुर दैत्यको देखते भये १७। १९ जो कुंडल केयूर और मुकुटसे शोभित सुवर्ण और चन्द्रमाके समान कान्तिवाले हारों से भूपित स्वर्ण भूषणों से जटित भुजा चन्द्रकान्तिमणि हीरे आदिके भूषणोंसे अलंकृत बारह सूर्य्योंके समान कान्तिवाले उत्तम आसनपर वर्त्तमानहोकर विराजमानथा इन नारदमुनिको देख कर वह महाबली दानवभी उठकर खड़ाहोगया २०। २२ और बोला हे देवऋषि नारदजी आप अपनीही इच्छासे प्राप्तहुएहो मैं आपको अर्घ्य निवेदन करताहूं फिर इसरीति से नमस्कारकरके बोला कि हेद्विजवर्य मुझको जो आज्ञाकरो सोमैं करूं आप बहुतदिवसमें आयेहो आप इसउत्तम आसनपर

नौपम्योवाच) भगवन् ! केनधर्मेण देवास्तुष्यन्तिनारद ! व्रतेननियमेनाथ दानेनतप
सापिवा २५ (नारद उवाच) तिलधेनुञ्चयोदद्याद् ब्राह्मणेवेदपारगे। ससागरवनद्वी
पा दत्ताभवतिमेदिनी २६ सूर्यकोटिप्रतीकाशैर्विमानैःसार्वकामिकैः। मोदतेसुचिरंकाल
मक्षयंकृतशासनम् २७ आम्रामलकपित्थानि वदराणितथैवच। कदम्बचम्पकाशोकान
नेकविविधद्रुमान् २८ अश्वत्थपिप्पलांश्चैव कदलीवटदाडिमान्। पिचुमन्दंमधूकंचउ
पोष्यस्त्रीददातिया २९ स्तनौकपित्थसदृशावूरूचकदलीसमौ। अश्वत्थेवन्दनीयाच
पिचुमन्देसुगन्धिनी ३० चम्पकेचम्पकाभा स्यादशोकेशोकवर्जिता। मधूकेमधुरंवक्ति
वटेचमृदुगात्रिका ३१ वदरीसर्वदास्त्रीणां महासौभाग्यदायिनी। कुक्कुटीकर्कटीचैवद्रव्य
षष्ठीनशस्यते ३२ कदम्बमिश्रकनकमञ्जरीपूजनंतथा। अनग्निपक्कमन्नञ्च पक्कान्नानाम
भक्षणम् ३३ फलानाञ्चपरित्यागः सन्ध्यामौनंतथैवच। प्रथमंक्षेत्रपालस्य पूजाकार्याप्र
यत्नतः ३४ तस्याभवतिवैभर्ता सुखप्रेक्षःसदानघे! अष्टमीचचतुर्थीच पञ्चमीद्वादशीतथा
३५ संक्रान्तिर्विषुवच्चैव दिनच्छिद्रमुखंतथा। एतांस्तुदिवसान् दिव्यानुपवासन्तियाःस्त्रि
यः। तासान्तुधर्म्मयुक्तानां स्वर्गवासोनसंशयः ३६ कलिकालुष्यनिर्मुक्ताः सर्वपापवि
वर्जिताः। उपवासरतांनारीं नोपसर्पतितांयमः ३७ (अनौपम्योवाच)अस्मत्कृतेन
पुण्येन पुराजन्मकृतेनवा। भवदागमनंभूतं किञ्चित्पृच्छाम्यहंव्रतम् ३८ अस्तिविन्ध्या

विराजिये ऐसे जब वाणासुर कहचुका तब अनौपम्यानाम उसदैत्यकीस्त्री बोली २३।२४हेनारदजी देवतालोग किसधर्मसे प्रसन्नहोतेहैं कौनसे व्रत दान नियमकरके उनकी प्रसन्नताहोतीहै २५ नारदजी बोले कि वेदपाठी ब्राह्मणके निमित्त जो तिलोंकी गौ बनाकर दानदेताहै उसको समुद्रान्त पृथ्वी के दानदेने का पुण्य होताहै २६ ऐसा दान करनेवाला किरोड़ों सूर्य्योंके समान कान्तिवाले उत्तम विमानोंमें बैठकर बहुत कालतक आनन्द करताहै २७ जो स्त्री निराहार व्रतकरके आम्र, आमला, कैथ,बेरी,कदम्ब, चंपा, अशोकवृक्ष, पीपल, केला,वड़, अनार, नींब, और महुआ इन वृक्षोंका दान करती है उसके स्तन कैथके फलके समान होजाते हैं जंघा केलेके समान पीपल के समान वंदित नींवके समान सुगन्धित चंपेकीसी कान्ति अशोकके समान शोकरहित महुएके मीठेके समान मधुर भाषी वटके कोमलपत्तोंके समान अंग और बड़ी बेरीके दानसे स्त्रीको सदैव सौभाग्य मिलताहै और तोंबी आदिक लतावेलोंका दान श्रेष्ठ नहीं है और कदंब वृक्षकी मंजरी से देवताका पूजन करना अग्नि से विनापका हुआ तथा पक्वान्नका भोजन नहीं करना फलोंका त्यागकरना संध्या समयमें मौनका धारण करना प्रथम क्षेत्रपालका पूजन करना ऐसे करनेवाली स्त्रीका पति सदैवसुखी रहता है और जो स्त्री अष्टमी चतुर्थी पंचमी द्वादशी संक्रान्तिके दिन और समान दिनरात्र वाले दिन इन सब दिनों में निराहार व्रत करती है उन धर्मवती स्त्रियोंका निस्सन्देह स्वर्गमें वास होताहै २८।३६ कलियुगके पापों समेत अपने सब पापोंसे छुट जाती है और ऐसे उपवास व्रत करनेवाली स्त्रीको धर्मराज अपने पुरमें नहीं प्रवेश करताहै ३७ यह सुनकर अनौपम्या स्त्रीने पूछा हेऋषे मेरे पूर्व

वलिर्नाम वलिपत्नीयशस्विनी। श्वश्रूर्ममापिविप्रेन्द्र! नतुष्यतिकदाचन ३९ श्वशुरो ऽपिसर्वकालं दृष्ट्वाचापिनपश्यति। अस्तिकुम्भीनसीनाम ननन्दापापकारिणी ४० दृष्ट्वा चैवांगुलीभङ्गं सदाकालंकरोतिच। दिव्येनतुपथायाति ममसौख्यंकथंवद ४१ ऊषरेण प्ररोहन्ति बीजंकुर्यात्कथञ्चन। येनव्रतेनचीर्णेन भवन्तिवशगाममम। तद्व्रतंब्रूहिविप्रेन्द्र! दासभावंव्रजामिते ४२ (नारद उवाच) यदेतत्तेमयापूर्वं व्रतमुक्तंशुभानने! अनेनपार्वतीदेवीचीर्णेनवरवर्णिनि ४३ शङ्करस्यशरीरस्था विष्णोर्लक्ष्मीस्तथैवच। सावित्रीब्रह्मणश्चैव वसिष्ठस्याप्यरुन्धती ४४ एतेनोपोषितेनेह भर्तास्थास्यतितेवशे। श्वश्रूश्वशुरयोश्चैव मुखबन्धोभविष्यति ४५ एवंश्रुत्वातुसुश्रोणि! यथेष्टंकर्तुमर्हसि। नारदस्य वचःश्रुत्वा राज्ञीवचनमब्रवीत् ४६ प्रसादंकुरुविप्रेन्द्र! दानंग्राह्यंयथेप्सितम्। सुवर्णमणिरत्नानि वस्त्राण्याभरणानिच ४७ तवदास्याम्यहंविप्र! यच्चान्यदपिदुर्लभम्। प्रगृह्याण द्विजश्रेष्ठ! प्रीयेतांहरिशङ्करौ ४८ (नारद उवाच) अन्यस्मैदीयतांभद्रे! क्षीणवृत्तिस्तुयो द्विजः। अहन्तुसर्वसम्पन्नोमद्भक्तिःक्रियतामिति ४९ एवंतासांमनोहृत्वा सर्वासान्तुपतिव्रताः। जगामभरतश्रेष्ठ! स्वकीयंस्थानकंपुनः ५० ततोह्यहृष्टहृदया अन्यतोगतमानसा। पुरे छिद्रंसमुत्पन्नं बाणस्यतुमहात्मनः ५१ श्रीमत्स्यपुराणेषडशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८६

जन्मके कियेहुए पुण्यों से यहां आपका आगमन हुआ है सो मैं आपसे कुछ व्रत पूछतीहूं ३८ विप्र। वलि नाम महा उत्तम यशवाली जो राजावलिकी स्त्री है वह मेरी सास है वह मुझ पर कभी प्रसन्न नहीं रहती है और मेरेश्वशुरभी मुझको देखकर कुछ प्रसन्न नहीं होते हैं और कुंभीनसीनाम पापकर्मिणी मेरी ननँद है वह मुझको देखके सदैव अंगुली टेढ़ीकिया करती है अर्थात् ढांसा देती है सो मुझको कैसे आनन्दहो ३९।४१ जिस व्रतके करनेसे वह मेरे वशीभूत होजाय उस व्रतको आपमेरे आगे वर्णन कीजिये मैं आपकी दासी होजाऊंगी ४२ नारदजी बोले, हे शुभानने जो मैंने पहले तेरे आगे व्रत कहाहै इसी व्रतके करने से श्रीपार्वतीजी देवी शिवजी के शरीरमें अर्द्धाङ्गनी होकर पतिप्रिया होगई और इसी व्रतके करनेसे श्रीलक्ष्मीजी भी विष्णुकी महाप्यारी प्रिया होगई सरस्वतीजी ब्रह्माकी प्यारीहुई अरुन्धतीजी वसिष्ठजीकी प्रिया होजातीभई ४३।४४ अबइसीव्रतके करनेसे तेरा पति तेरेवशमें होजायगा और तेरेश्वशुर तथा सासुकीभी वाणी बन्दहोजायगी ४५ ऐसे नारदकेवचन को सुनकर वहरानी यथेष्टव्रत करनेकेनिमित्त वचनबोलतीभई ४६ कि हे विप्रेंद्र आप मुझपरप्रसन्न हूजिये मैं तुमको सुवर्ण मणि रत्न और वस्त्राभूषण इनसबका दानदूंगी सो आप मेरेदानको ग्रहणकरो और मेरेऊपरविष्णुतथा महादेवजीप्रसन्नहोजांय ४७।४८ हे भद्रे जोदुर्बल आजीविकासेरहितब्राह्मणहो उसके अर्थदान देनायोग्यहै मैंतो संपूर्ण संपत्तियोंसे युक्तहूं मेरीतो केवलभक्तिही करनी चाहिये ४९ इसरीतिसे नारदमुनि सबस्त्रियों के मनकोहरके अपने स्थानकोजातेभये इसके अनन्तर उनस्त्रियों कामन अन्यत्रहो नारदमुनिमें चलायमान होगया तब वाणासुरके पुरमें छिद्र उत्पन्न होजाता भया ५०।५१ ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषडशीत्यधिकशततमोऽध्यायः १८६ ॥

(मार्कण्डेय उवाच) यन्मांपृच्छसिकौन्तेय! तन्मेकथयतःशृणु। एतस्मिन्नन्तरेरुद्रो
नर्मदातटमाश्रितः १ नाम्नामहेश्वरंस्थानं त्रिषुलोकेषुविश्रुतम्। तस्मिन्स्थानेमहा
देवो चिन्तयत्त्रिपुरेवधम् २ गाण्डीवंमन्दरंकृत्वा गुणंकृत्वाचवासुकिम्। स्थानंकृत्वातुवै
शाखं विष्णुंकृत्वाशरोत्तमम् ३ शल्येचाग्निंप्रतिष्ठाप्य मुखेवायुंसमर्पयन्। हयांश्चच
तुरोवेदान्सर्वदेवमयंरथम् ४ अभीषवोऽश्विनौदेवा वक्षोवज्रधरःस्वयम्। सतस्याज्ञां
समादाय तोरणेधनदःस्थितः ५ यमस्तुदक्षिणेहस्तेवामेकालस्तुदारुणः। चक्रेत्वमर
कोट्यस्तु गन्धर्वालोकविश्रुताः ६ प्रजापतीरथश्रेष्ठे ब्रह्माचैवतुसारथिः। एवंकृत्वातुदे-
वेशः सर्वदेवमयंरथम् ७ सोऽतिष्ठत्स्थाणुभूतस्तु सहस्रपरिवत्सरान्। यदात्रीणिसमे
तानि अन्तरिक्षेस्थितानिवै ८ त्रिपर्वाणित्रिशल्येन तदातानिव्यभेदयत्। शरःप्रचोदि
तस्तेन रुद्रेणत्रिपुरंप्रति ९ भ्रष्टतेजाःस्त्रियोजाता बलन्तासांव्यशीर्यत। उत्पाताश्चपुरे
तस्मिन् प्रादुर्भूताःसहस्रशः १० त्रिपुरस्यविनाशाय कालरूपाभवंस्तदा! अट्टहासं
प्रमुञ्चन्ति हयाःकाष्ठमयास्तदा ११ निमेषोन्मेषणञ्चैव कुर्वन्तेचित्ररूपिणः! स्वप्ने
पश्यन्तिचात्मानं रक्ताम्बरविभूषितम् १२ स्वप्नेतुसर्वेपश्यन्त विपरीतानियानितु। एता
न्पश्यन्तउत्पातांस्तत्रस्थानेतुयेजनाः १३ तेषांबलञ्चबुद्धिश्च हरकोपेननाशिते। ततः
साम्वर्तकोवायुर्युगान्तप्रतिमोमहान् १४ समीरितोऽनलस्तेन उत्तमाङ्गेनधावति। ज्वल

मार्कण्डेयजीबोले हे युधिष्ठिर आपने जोमुझसे पूछाहै उसको सुनोकि जिस स्थानमें नर्मदान-
दीकेतटपर श्रीमहादेवजी स्थितहुएथे वहां महेश्वर नाम त्रिलोकी में विख्यात स्थान होताभया
उसी स्थानमें महादेवजी त्रिपुरके वधकरनेका उपाय चिन्तवन करतेभये १।२ वहांस्थितहुए महा-
देवजीने अपने गांडीव धनुषको मन्दराचलपर्व्वतके समान ऊँचाकरके उसमें वासुकि सर्पकी रस्सी
लप, वैलेय अत्रि, गोणीपति, जलद, भगपाद, महातपस्वी सौपुष्पि, ३।४ छन्दोगेय, यहऋषि अत्रि वंशमें होनेवालेहैं इनके श्यावाश्व १ अत्रि २ आर्चनानश ३ यह तीन प्रवरहैं इनसब ऋषियोंमें पर- स्पर संबन्धनहींहोता और दाक्षि, वलि, पर्णवि, ऊर्णनाभि, शिलार्दनि. ५। ६ वीजवापी, शिरीष, मौंजकेश, गविष्ठिर, भलंदन, इनऋषियोंकेभी अत्रि १ गविष्ठिर २ और पूर्वातिथि ३ यहतीन प्रव- रहैं इनमेंभी परस्पर संबन्ध नहींहोता ७। ८ अब आत्रेय ऋषिकी पुत्रीके पुत्रोंकोसुनो, कालेय, वा- लेय, वासरथ्य, धात्रेय, मैत्रेय, इननामोंवालेहैं इनकेभी अत्रि, वामरथ्य, और पौत्रि, यहतीन प्रव- रहैं इनमेंभी परस्पर विवाहादिक नहीं होते ९। १० हे राजन् यहसब अत्रिवंशमें होनेवाले ब्राह्मण मैंने तेरे आगे वर्णन किये यहसब महातेज वाले ब्राह्मणोंके गोत्रवर्द्धकहैं इनके नामका उच्चारण करने वाला पुरुष सब पापोंसे निवृत्त होजाताहै- ११॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषण्णवत्यधिकशततमोऽध्यायः १९६॥

मत्स्यजी कहतेहैं कि हे राजा अबतेरे आगे अत्रिके अन्य वंशका वर्णन करतेहैं अत्रिके वंशमें श्री- मान् चन्द्रमा उत्पन्न हुएहैं उसके वंशमें विश्वामित्र उत्पन्न हुएहैं वह विश्वामित्र अपने तपके प्र- भावसे क्षत्रियसे ब्राह्मणपनेको प्राप्त होगये अबउन विश्वामित्रके वंशको मैं कहताहूं उसकोभी तुमसु- नो १। २ विश्वामित्र, देवरात, वैकृति, गालव, वतंड, लक, अभय, आयतायन, ३.श्यामायन, या- ज्ञवल्क्य, जाबाल, सैंधवायन, बाभ्रव्य, करीष, संश्रुत्य संश्रुत, उलूप, औपगहय, पयोद, जनपादप,

त उद्दालश्चमहायशाः ६ परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्त्तिताः । देवश्रवाःसुजातेयाः सौसुकाःकारुकायनाः ७ तथावैदेहराताये कुशिकाश्चनराधिप !। त्र्यार्षेयोऽभिमतस्ते षां सर्वेषांप्रवरःशुभः ८ देवश्रवादेवरातो विश्वामित्रस्तथैवच। परस्परमवैवाह्या ऋष यःपरिकीर्तिताः ९ धनञ्जयःकपर्देयः परिकूटश्चपार्थिव !। पाणिनिश्चैवत्र्यार्षेयाः सर्वे एतेप्रकीर्तिताः १० विश्वामित्रस्तथाद्यश्च माधुच्छन्दसएवच। त्र्यार्षेयाःप्रवराह्येते ऋ षयःपरिकीर्त्तिताः ११ विश्वामित्रोमधुच्छन्दास्तथाचैवाघमर्षणः। परस्परमवैवाह्या ऋ षयःपरिकीर्त्तिताः १२ कमलायजिनश्चैव अश्मरथ्यस्तथैवच। वंजुलिश्चापित्र्यार्षेयः सर्वेषांप्रवरोमतः १३ विश्वामित्रश्चाश्वरथो वञ्जुलिश्चमहातपाः। परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः १४ विश्वामित्रोलोहितश्चअष्टकःपूरणस्तथा। विश्वामित्रःपूरणश्च तयोर्द्वौप्रवरौस्मृतौ १५ परस्परमवैवाह्याः पूरणाश्चपरस्परम् । लोहिताअष्टकाश्चैषां त्र्यार्षेयाःपरिकीर्तिताः १६ विश्वामित्रोलोहितश्च अष्टकश्चमहातपाः। अष्टकालोहितै र्नित्यमवैवाह्याःपरस्परम् १७ उदरेणुःक्रथकश्चऋषिश्चोदावाहिस्तथा। शाट्यायनिःकरी राशीशालङ्कायनिलावकी १८ मौञ्जायनिश्चभगवान्त्र्यार्षेयाःपरिकीर्तिताः। खिलिखि लिस्तथाविद्यो विश्वामित्रस्तथैवच। परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः १९ एतेनवो क्ताःकुशिकानरेन्द्र ! महानुभावाःसततंद्विजेन्द्राः। येषान्तुनाम्नापरिकीर्तितेन पापंसमग्रं पुरुषोजहाति २० ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणेसप्तनवत्यधिकशततमोऽध्यायः १९७॥

खरवाच, हलयम, साधित, और वस्तुकौशिक, इनसबके तीन आर्षेय प्रवरहैं अर्थात् विश्वामित्र १ देवरात २ और उद्दालक ३ यहतीन प्रवरहैं ४।६ इनसब ऋषियोंकाभी परस्पर विवाहादि संबंध नहींहोताहै, और देवश्रवा, सुजातेया, सौसुका, कारुकाय, वैदेहराता, कुशिका, इत्यादिकभी हैं इनसबकेभी तीन आर्षेय प्रवरहैं ७। ८ देवश्रवा, देवरात, और विश्वामित्र ३ यहतीन प्रवर हैं इन तीनों प्रवर वालोंका परस्पर विवाहादिक नहींहोता है, और धनंजय, कपर्देय, परिकूट, पाणिनि, यहऋषिभी तीन आर्षेय प्रवर वालेहैं, विश्वामित्र, मधुच्छन्द, अघमर्षण, यहतीन इनके प्रवर हैं इनमेंभी परस्पर संबंध नहीं है, और कमलायजिन, अश्मरथ्य, और वंजुलि ३ यहतीन प्रवरहैं यहभी परस्पर संबन्धसे रहित हैं, ९। १३ और विश्वामित्र, अश्वरथ २ और वंजुलि ३ यहतीन प्रवर हैं इन ऋषियोंकाभी परस्पर विवाहादि संबंध नहीं है, १४ विश्वामित्र, लोहित, अष्टक, पूरण, इनऋषियोंके विश्वामित्र १ और पूरण २ यहदो प्रवरहैं यह पूरण गोत्रके ऋषि आपसमें विवाहादि संबंध नहीं करतेहैं और लोहित अष्टक इनऋषियों के विश्वामित्र, लोहित और अष्टक यहतीन आर्षेय प्रवरहैं और अष्टक गोत्रके ऋषि लोहित गोत्रवालोंके साथ कभी विवाह संबंधनहीं करते हैं १५।१७ उदरेणु, क्रथक, उदावहिऋषि, शाट्यायनि, करीराशि, शालंकायनि, लावकि, मौंजायनि, यह ऋषिभी त्रिआर्षेय प्रवर कहाते हैं, खिलिखिलि, विद्य, और विश्वामित्र, यहतीन प्रवर हैं यहसब ऋषि संबन्ध नहीं करते हैं १८। १९ हेराजेन्द्र यह विश्वामित्रके कुलमें होनेवाले ऋषि तेरे आगे वर्णन

(मत्स्य उवाच) मरीचेःकश्यपःपुत्रः कश्यपस्यतथाकुलम्। गोत्रकारानृषीन्वक्ष्ये तेषांनामानिमेशृणु १ आश्रायणिऋषिगणो मेषकीरिटकायनाः। उदग्रजामाठराश्च भोजाविनयलक्षणाः २ शालाहलेयाःकौरिष्टाः कन्यकाश्चासुरायणाः। मन्दाकिन्यांवैमृगयाः श्रुतयोभोजयापनाः ३ देवयानागोमयानाह्यधश्छायाभयाश्चये। कात्यायनाःशाक्रयाणाः वर्हियोगगदायनाः ४ भवनन्दिर्महाचक्रि दाक्षपायनएवच। योधयानाःकार्त्तिवयो हस्तिदानास्तथैवच ५ वात्स्यायनानिकृतजा ह्याश्वलायनिनस्तथा। प्रागायणाः पौलमौलिराश्ववातायनस्तथा ६ कौवेरकाश्चश्याकारा अग्निशर्मायणश्चये। मेषपाः कैकरसपास्तथाचैवतुवभ्रवः ७ प्राचेयोज्ञानसंज्ञेया आग्नाप्रासेव्यएवच। श्यामोदरावैवशपास्तथाचैवोद्वलायनाः ८ काष्ठाहारिणमारीचा आजिहायनहास्तिकाः। वैकर्णेयाःकाश्यपेयाः सासिसाहारितायनाः ९ मान्तगिनश्चभृगवस्त्र्यार्षेयाःपरिकीर्तिताः। वत्सरःकश्यपश्चैव निध्रुवश्चमहातपाः १० परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः। अतःपरंप्रवक्ष्यामि ह्यामुष्यायणगोत्रजान् ११ अनसूयोनाकुरयः स्नातपोराजवर्तपः। शैशिरोदवहिश्चैव सैरन्ध्रीरोपसेवकिः १२ यामुनिःकाद्रुपिङ्गाक्षिः सजातम्बिस्तथैवच। दिवावष्टाश्वइत्येते भक्त्याज्ञेयाश्चकाश्यपाः १३ त्र्यार्षेयाश्चतथैवेषांसर्वेषांप्रवराःशुभाः। वत्सरःकाश्यपश्चैव वसिष्ठश्चमहातपाः १४ परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः। सं

किये यह सब महाअनुभावी द्विजेन्द्र हैं इनके नामोच्चारण करने से मनुष्यके संपूर्ण पाप दूर होजाते हैं २० ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तनवत्यधिकशततमोऽध्यायः १९७॥

मत्स्यजी बोले हेराजन् मरीचिके कश्यप नाम पुत्रहुए और कश्यपकुलके गोत्रकारक यह ऋषि हैं १ अर्थात् आश्रायणि, ऋषीगण, मेषकि, रिटकायन, उदग्रजा, माठरा, भोजा, विनयलक्षणा २ शाला, हलेया, कौरिष्टा, कन्यका, सुरायणा, मन्दाकिनी में उत्पन्न होनेवाले मृगया, श्रुतय, भोजयापना, ३ देवयाना, गोमयाना, अधश्छाया, कात्यायना, शाक्रयाणा, वर्हियोग, गदायना, भवनन्दि, महाचक्रि, दाक्षपायना, योधयाना, कार्त्तिवय, हस्तिदाना, ४।५ वात्स्यायन, कृतजा, आश्वलायनि, प्रागायणा, पौलमौलि, आश्ववातायन ६ कौवेरका, श्याकारा, अग्निशर्मायण, मेषपा, कैकरसपा, वभ्रु, प्राचेय, ज्ञानसंज्ञेय, आग्नाप्रासेव्य, श्यामोदरा, वैवशपा, उद्वलायन, काष्ठाहारिण, मारीच, आजिहायन, हास्तिक, वैकर्णेय, काश्यपेय, सासिसा, हारितायना, मान्तगिन और भृगव, यह ऋषि आर्षेय कहे हैं अर्थात् वत्सर १ काश्यप, २ और बड़े तपस्वी निध्रुव इन तीनप्रवरवाले हैं इन सब ऋषियोंका परस्पर विवाहादि संबंध नहींहोताहै, अब हम ह्यामुष्यायण गोत्रमें उत्पन्नहोनेवाले ऋषियोंका वर्णन करते हैं ७।११ अनसूय, नाकुरय, स्नातप, राजवर्त्तप, शैशिर, दवहि, सैरन्ध्रीरोपसेवकि १२ यामुनि, काद्रुपिङ्गाक्षि, जातंबि, दिवावष्टाश्व यहसब भक्तिकरके काश्यपगोत्रवाले कहे हैं इन सबके भी शुभ त्रि आर्षेय कहे हैं अर्थात् वत्सर, १ काश्यप, २ और वसिष्ठ यह तीन प्रवर कहे हैं इनसबका परस्पर विवाह संबंधनहीं होताहै और संयाति, नभ, पिप्पल्य, जलन्धर, भुजातपूर, पूर्व्य,

यातिश्चनभश्चोभौ पिप्पल्योऽथजलन्धरः १५ भुजातपूरःपूर्यश्च कर्दमोगर्दभीमुखः। हिरण्यबाहुकैरातावुभौकाश्यपगोभिलौ १६ कुलहोवृषकण्डश्च मृगकेतुस्तथोत्तरः। निदाघमसृणोमत्स्या महान्तःकेवलाश्चये १७ शाण्डिल्योदानवश्चैव तथावैदेवजातयः। पैप्पलादिस्तुप्रवरा ऋषयःपरिकीर्तिताः १८ त्र्यार्षेयाभिमताश्चैषां सर्वेषांप्रवराःशुभाः। असितोदेवलश्चैव कश्यपश्चमहातपाः। परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः १९ ऋषिप्रधानस्यचकश्यपस्य दाक्षायणीभ्यःसकलंप्रसूतम्। जगत्समग्रंमनुसिंहपुण्यं किन्तु प्रवक्ष्याम्यहमन्तरेण २० ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेऽष्टनवत्यधिकशततमोऽध्यायः १९८ ॥

(मत्स्य उवाच) वसिष्ठवंशजान्विप्रान्निबोधवदतोमम। एकार्षेयस्तुप्रवरो वासिष्ठानांप्रकीर्तितः १ वसिष्ठाएववासिष्ठा अविवाह्यावसिष्ठजैः। व्याघ्रपादाऔपगवा वैक्लवाः शाद्वलायनाः २ कपिष्ठलाऔपलोमा अलब्धाश्चपठाःकठाः। गौपायनाबोधपाश्च दाकव्याह्यथबाह्यकाः ३ वालिशयाःपालिशया स्ततोवाग्ग्रन्थयश्चये। आपस्थूणाःशीतवृत्तास्तथाब्राह्मपुरेयकाः ४ लोमायनाःस्वस्तिकराः शाण्डलिगौडिनिस्तथा। वाडोहलिश्चसुमनाश्चोपावृद्धिस्तथैवच ५ चौलिर्बौलिर्ब्रह्मबलः पौलिःश्रवसएवच। पौड्वोयाज्ञवल्क्यश्च एकार्षेयामहर्षयः ६ वसिष्ठएषांप्रवर अवैवाह्याःपरस्परम्। शैलालयोमहाकर्णः कौरव्यःक्रोधिनस्तथा ७ कपिञ्जलावालखिल्या भागवित्तायनाश्चये। कौलाय

कर्दम गर्दभीमुख, हिरण्यबाहु, कैरात, काश्यप, गोभिल, कुलह, वृषकंड, मृगकेतु, उत्तर, निदाघ, मसृण, मत्स्य, महान्त, केवल १३।१७ शांडिल्य, दानव और देव जातिवाले इन नामों वाले यह सब ऋषि प्रवरकहाते हैं इनके असित,देवल,और कश्यप यहतीन प्रवरहैं इसी से इनकोत्र्यार्षेयप्रवर कहते हैं इनका परस्पर विवाहादि संबंध नहीं होता १८।१९ हेमनु इस प्रकारसे यह कश्यपके योग से उत्पन्न हुए ऋषि वर्णन किये, और कश्यपसे दाक्षायणीस्त्रियों में तो सब जगत्ही उत्पन्न हुआ है उसका वर्णन हम कहाँतक करें २० ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टनवत्यधिकशततमोऽध्यायः १९८ ॥

मत्स्यजी बोले—वसिष्ठ वंशमें उत्पन्न होनेवाले ब्राह्मणों को मुझसे सुनो, वासिष्ठ वंशवालोंका एक आर्षेय प्रवर है वसिष्ठ गोत्रवालेही वासिष्ठ कहाते हैं वह अपनेही वसिष्ठ गोत्रियोंमें विवाहादि संबंध नहीं करते इस प्रकारसे यह एक प्रवर है और व्याघ्रपाद औपगव, वैक्लव, शाद्वलायन, १।२ कपिष्ठला औपलोमा, अलब्धा, पठा, कठा, गोपायना, बोधपा, दाकव्या, बाह्यका, ३ वालिशया, पालिशया, वाग्ग्रंथय, आपस्थूणा, शीतवृत्ता, ब्राह्मपुरेयका, ४ लोमायना स्वस्तिकरा, शांडिलि, गौडिनि, वाडोहलि, सुमना, उपावृद्धि, ५ चौलि, बौलि, ब्रह्मबल, पौलि, श्रवस, पौड्व, याज्ञवल्क्य: यह सब ऋषिभी एक आर्षेय हैं इन सबका एक वसिष्ठ प्रवर है यह सब भी परस्पर विवाहादि सम्बन्ध नहीं करते हैं और शैलालय, महाकर्ण, कौरव्य, क्रोधिन ६।७ कपिंजला, वालखिल्या,

नःकालशिखः कोरकृष्णाःसुरायणाः ८ शाकाहार्योःशाकधियः काण्वाउपलपाश्चये। शाकायनाउहाकाश्च अथमाषशरावयः ९ दाकायनावालवयो वाकयोगोरथास्तथा। लम्बायनाःश्यामवयोयेचकोडोदरायणाः १० प्रलम्बायनाश्चऋषय औपमन्यवएवच। सांख्यायनाश्चऋषयस्तथावैवेदशेरकाः ११ पालङ्कायनउद्गाहा ऋषयश्चबलेक्षवः। मातेयाब्रह्मबलिनः पर्णागारिस्तथैवच १२ त्र्यार्षेयोऽभिमतश्चेषां सर्वेषांप्रवरस्तथा। भिगीवसुर्वसिष्ठश्च इन्द्रप्रमदिरेवच १३ परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः। औपस्थलास्वस्थलयो पालोहालोहलाश्चये १४ माध्यन्दिनोमाक्षतयःपैप्पलादिर्विचक्षुषः। त्रैशृङ्गायनसैवल्काः कुण्डिनश्चनरोत्तम! १५ त्र्यार्षेयाभिमताश्चैषां सर्वेषांप्रवराःशुभाः। वसिष्ठमित्रावरुणौ कुण्डिनश्चमहातपाः १६ परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः। शिवकर्णोवयश्चैव पादपश्चतथैवच १७ त्र्यार्षेयोऽभिमतश्चैषां सर्वेषांप्रवरस्तथा। जातूकर्ण्योवसिष्ठश्च तथैवात्रिश्चपार्थिव!। परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः १८ वसिष्ठवंशोऽभिहितामयैते ऋषिप्रधानाःसततंद्विजेन्द्राः। येषांतुनाम्नापरिकीर्तितेन पापं समग्रंपुरुषोजहाति १९॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे नवनवत्यधिकशततमोऽध्यायः १९९॥

(मत्स्य उवाच) वसिष्ठस्तुमहातेजा निमेःपूर्वपुरोहितः। बभूवपार्थिवश्रेष्ठ! यज्ञास्तस्यसमन्ततः १ श्रान्तात्मापार्थिवश्रेष्ठ!विशश्रामतदागुरुः। तंगत्वापार्थिवश्रेष्ठो निमि

भागवित्तायना, कीलायना, कालशिख, कोरकृष्णा, सुरायणा, ८ शाकाहार्यो,शाकधिय, काण्वा,उपलपा, शाकायना, उहाका, माषशरावय ९ दाकायना, बालवय, वाकय, गोरथा,लंबायना,श्यामवय, कोडोदरायणा, १० प्रलंबायना, औपमन्यव, सांख्यायनऋषि, वेदशेरक ११ पालंकायन, उद्गाह, बलेक्षव, मातेय, ब्रह्मबलि,पर्णागारि, १२ इनसबका त्र्यार्षेयप्रवरकहाहै अर्थात् भिगीवसु, वसिष्ठ और इन्द्रप्रमदि ३ यहतीनप्रवरकहे हैं इन त्रिप्रवरवालों का आपसमें विवाह संबन्धनहीं होताहै और औपस्थल, स्वस्थलि, पालो, हालो,हल, माध्यंदिनी, माक्षतय, पैप्पलादि, विचक्षुप, त्रैशृंगायन, सैवल्क, कुंडिन, इनसबके त्र्यार्षेय प्रवरकहेहैं, अर्थात् वसिष्ठ, मित्रावरुण, और बड़ेतपस्वी कुंडिन ऋषि ३ यहतीनप्रवरहैं १३।१६ यह सब ऋषि परस्पर विवाहसंबंधकरने को योग्यनहीं हैं और शिवकर्ण,वय,और पादप,यहभी त्र्यार्षेयहैं अर्थात् तीनप्रवरहैं और इनसबोंके जातूकर्ण्य १ वसिष्ठ २ और अत्रि ३ यहभीतीन प्रवरकहे हैं यह सब ऋषिभीपरस्पर अवैवाह्यहैं अर्थात् आपसमें इनको विवाहादि संबंधनहीं करनाचाहिये १७।१८ हे मनुमैंने तेरे आगे यह वसिष्ठवंशके उत्तमप्रधानद्विज कहदिये हैं इनसबके नामोच्चारणकरनेवालापुरुष अपने सबपापोंको दूरकरदेताहै १९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांनवनवत्यधिकशततमोऽध्यायः १९९॥

मत्स्यजीबोले बड़ेतेजस्वी वसिष्ठ ऋषि प्रथम राजा निमिकेपुरोहितहुए तबउस निमिराजाने बहुत यज्ञकिये उनबहुत यज्ञोंके करानेसे वसिष्ठऋषि श्रमितहोकर बैठरहे तब निमिराजाने गुरू

वचनमब्रवीत् २ भगवन्यष्टुमिच्छामि तन्मांयाजयमाचिरम्। तमुवाचमहातेजा वसिष्ठः पार्थिवोत्तमम् ३ कञ्चित्कालंप्रतीक्षस्व तवयज्ञैस्सुसत्तमैः। श्रान्तोऽस्मिराजन्! विश्र म्ययाजयिष्यामितेनृप! ४ एवमुक्तःप्रत्युवाच वसिष्ठंनृपसत्तम!। पारलौकिककार्येतुकः प्रतीक्षितुमुत्सहेत् ५ नचमेसौहृदंब्रह्मन्! कृतान्तेनबलीयसा। धर्म्मकार्येत्वराकार्याच लंयस्माद्धिजीवितम् ६ धर्म्मपथ्योदनोजन्तुर्मृतोऽपिसुखमश्नुते। श्वःकार्य्यमद्यकुर्वीतपू र्वाह्णेचापराह्णिकम् ७ नहिप्रतीक्षतेमृत्युः कृतञ्चास्यनवाकृतम्। क्षेत्रापणगृहासक्तमन्य त्रगतमानसम् ८ वृकश्चोरणमासाद्य मृत्युरादायगच्छति। नैकान्तेनाप्रियःकश्चिद्वेष्य श्चास्यनविद्यते ९ आयुष्येकर्म्मणिक्षीणे प्रसह्यहरतेजनम्। प्राणवायोश्चलत्वञ्च त्वमावि दितमेवच १० यदत्रजीव्यतेब्रह्मन्! क्षणमात्रन्तदद्भुतम्। शरीरंशाश्वतंमन्ये विद्याभ्यासे धनार्जने ११ अशाश्वतंधर्म्मकार्ये ऋणवानस्मिसङ्कटे। सोऽहंसंभृतसंभारोभवन्मूलमुपा गतः १२ नचेद्याजयसेमांत्वमन्यंयास्यामियाजकम्। एवमुक्तस्तदातेन निमिनाब्राह्मणो त्तमः १३ शशापतंनिमिंक्रोधाद्विदेहस्त्वंभविष्यसि। श्रांतंमांत्वंसमुत्सृज्ययस्मादन्यंद्विजो त्तमम् १४ धर्मज्ञस्तुनरेंद्र! त्वं याजकंकर्तुमिच्छसि। निमिस्तंप्रत्युवाचाथ धर्मकार्यरतस्यमे १५ विघ्नङ्करोषिनान्येनयाजनंचतथेच्छसि। शापंददासियस्मात्त्वंविदेहोऽथभविष्यसि १६

वसिष्ठजीके समीप जाके यहवचनकहा १।२ हे भगवन् मैं यज्ञकरनेकी इच्छाकरताहूं सो आपमुझे शीघ्रयज्ञकरवाइये विलम्बनकीजिये निमि राजाके ऐसे वचन सुनकर वसिष्ठ जीने कहा ३ हे राजन् कुछेककालतक तुम विश्रामकरलो मैं तुमको बहुतसे यज्ञकराताहुआ थकितहोगयाहूं सो कुछदिन पीछेतुम्हारे यज्ञकरवाऊंगा ४ यह सुनकरवह निमिराजा वसिष्ठजी से कहताभयाकि हेमुने परलोक संबंधी कार्य्यकी बाट देखनेको कौनसमर्थ है इसकाल से मेराकोई वशनहीं चलसक्ता औरनकोई उससेप्यारहै इस जीवनकी स्थिरतानहीं है इसनिमित्तधर्मके कार्य्यमें शीघ्रताही करनीचाहिये ५।६ धर्मकार्य्य में लगाहुआजीव मरेपीछे सुखभोगताहै इसलिये दूसरेदिनके कार्य्यको प्रथमदिनमेंहीकरे, मृत्युयहनहीं बिचारती है कि इसको कुछकार्य्यकरना बाकीरहाहै, क्षेत्र दूकान घर अथवा अन्यस्थान इनसबमें मनको फसानेवाले पुरुषकीमृत्यु तत्काल होजातीहै इसमृत्युकी किसीके साथनतोशत्रुता हैनमित्रताहै प्रारब्धकर्मके क्षीणहोतेही यह मृत्यु जीवमात्रको भक्षण करलेती है और प्राणवायुचला यमानहै इसबातको आप सब प्रकारसे जानतेहैं ७।१० हे ब्रह्मन् इस संसारमें क्षणमात्रकाही जी वनाहै यही अद्भुतहै मैं विद्याके अभ्यासकरनेमें और धनसंचयकरनेमें इसशरीरको ध्रुवमानताहूं और धर्मके कार्य्यमें चलायमानही मानताहूं इस संकटमें मैं ऋणीहोरहाहूं मेरे ऊपरयज्ञोंकाभारहै उस भारके उतारने को मैं आपकीशरणमें आयाहूं ११।१२ जोतुमयज्ञनहीं करवाओगे तोमैं अन्यकिसी ब्राह्मणसे यज्ञकरवालूंगा जब ऐसे वचन राजाने कहे तब वसिष्ठजी ने क्रोधकरके राजाको शापदिया कि हे धर्मज्ञ राजानिमि तुम मुझथकेहुए याजकको त्यागकर अन्य याजकको बनानाचाहतेहो इस हेतुसे तुम देहरहितहोजाओगे तब राजा निमिनेभी वसिष्ठजीको शापदिया कि हेविन धर्म कार्य्य

एवमुक्तेतुतौजातौ विदेहौद्विजपार्थिवौ। देहहीनौतयोर्जीवौ ब्रह्माणमुपजग्मतुः १७ ता
वागतौसमीक्ष्याथ ब्रह्मावचनमब्रवीत्। अद्यप्रभृतितेस्थानं निमिजीवददाम्यहम् १८
नेत्रपक्ष्मसुसर्वेषां त्वंवसिष्यसिपार्थिव। त्वत्सम्बन्धात्तथातेषां निमेषःसम्भविष्यति १९
चालयिष्यन्तितुतदा नेत्रपक्ष्माणिमानवाः। एवमुक्तेमनुष्याणां नेत्रपक्ष्मसुसर्वशः २०
जगामनिमिजीवस्तु वरदानात्स्वयम्भुवः। वसिष्ठजीवंभगवान् ब्रह्मावचनमब्रवीत् २१
मित्रावरुणयोःपुत्रो वसिष्ठ! त्वंभविष्यसि। वसिष्ठेतिचतेनाम तत्रापिचभविष्यति २२
जन्मद्वयमतीतञ्च तत्रापित्वंस्मरिष्यसि। एतस्मिन्नेवकालेतु मित्रश्चवरुणस्तथा २३
बदर्याश्रममासाद्य तपस्तेपतुरव्ययम्। तपस्यतोस्तयोरेवं कदाचिन्माधवेऋतौ २४
पुष्पितद्रुमसंस्थाने शुभेदयितमारुते। उर्वशीतुवरारोहा कुर्वतीकुसुमोच्चयम् २५ सुसू
क्ष्मरक्तवसना तयोर्दृष्टिपथङ्गता। तांदृष्ट्वासुमुखींसुभ्रूं नीलनीरजलोचनाम् २६ उभौचु
क्षुभतुर्धैर्यात्तद्रूपपरिमोहितौ। तपस्यतोस्तयोर्वीर्यमस्खलच्चमृगासने २७ स्कन्नंरेतस्त
तोदृष्ट्वा शापभीतौपरस्परम्। चक्रतुःकलशेशुक्रं तोयपूर्णेमनोरमे २८ तस्माद्दृषिवरौजा
तौ तेजसाप्रतिमौभुवि। वसिष्ठश्चाप्यगस्त्यश्च मित्रावरुणयोर्द्वयोः २९ वसिष्ठस्तूपये

में मुझ प्रवर्त्त होनेवालेके आपविघ्नकरनेवालेहुए अर्थात् अन्ययाजकको निषेध करते हो इसलिये तुमभी विदेह अर्थात् शरीर रहित होजाओगे १३। १६ ऐसे परस्परके शापों से वह दोनों द्विज और राजा देह से रहितहोगये तब उनदोनों के जीव ब्रह्माजी के पासजातेभये १७ उनदोनों जीवों को आताहुआ देख कर ब्रह्माजी बोले हे निमिराजा अबसे आगे तुझको स्थान दूंगा तू सबजीवों के नेत्रों के पलकमें वासकरेगा तेरेही संबन्धसे उनसबजीवों के निमेष होगा अर्थात् नेत्र खुलेंगे और मिचेंगे सबमनुष्य अपने नेत्रोंको खोलें मूंदेंगे ऐसे ब्रह्माजी के कहतेही वरदान के द्वारा वह निमिराजाका जीव सबमनुष्यों के नेत्रोंके पलकों में वासकरता भया इसकेपीछे ब्रह्माजी ने वसिष्ठजीसे भी कहा कि हे वसिष्ठ तुम मित्रावरुणके पुत्रहोगे वहांभी तुम्हारा नामवसिष्ठही होगा १८। २२ और तुमको अपने दोनोंजन्मोंका स्मरण रहैगा इसवरदानके पीछे मित्र और वरुण जो दोनों बदरिकाश्रम में तपकरते थे तब एकसमय वसन्तऋतुके पुष्पों के वृक्षोंके निकट उत्तम प्रियवायु के चलनेके कारण महाउत्तम उर्वशीनाम अप्सरा अपना शृंगार पुष्पों से करतीभई २३। २५ सूक्ष्म रक्तवस्त्रवाली वह उर्वशी अप्सरा उन मित्रावरुण नाम देवताओं के दृष्टिगोचरहुई तब सुन्दरमुखी नीलकमल के समान नेत्रोंवाली उस अप्सराको देखकर उनदोनों मित्र और वरुणका धैर्य्य क्षीण होगया और अप्सराके रूपसे मोहित होगये और उन दोनों तपकरते हुओं का वीर्य्यस्खलित होताभया २६। २७ तब पतितहुए अपने वीर्य्यको देखकर शापसे डरतेहुए वह दोनों ऋषि जलके भरेहुए मनोहर कलशे में उस अपने वीर्य्यको डालदेते भये २८ तब उस कलशमेंसे उत्तमतेजवाले वसिष्ठ और अगस्त्य यहदोनों ऋषि मित्र और वरुण इनदोनों ऋषियों के वीर्य्यसे उत्पन्न होजातेभये २९ वसिष्ठ ऋषि नारदकी बहिन अरुन्धतीनामसे विवाहकरते भये उस अरुन्धती के शक्तिनामपुत्र

मेऽथ भगिनींनारदस्यतु। अरुन्धतींवरारोहां तस्यांशक्तिमजीजनत् ३० शक्तेःपराशरः पुत्रस्तस्यवंशंनिबोधमे। यस्यद्वैपायनःपुत्रः स्वयंविष्णुरजायत ३१ प्रकाशोजनितोयेन लोकेभारतचन्द्रमाः। पराशरस्यतस्यत्वं शृणुवंशमनुत्तमम् ३२ काण्डशपोवाहनपो जैह्मपोभौमतापनः। गोपालिरेषांपञ्चम एतेगौराःपराशराः ३३ प्रपोहयावाह्यमया स्यातेयाःकौतुजातयः। हर्यश्विःपञ्चमोह्येषां नीलाज्ञेयाःपराशराः ३४ काष्र्णायनाःकपिमुखाः काकेयस्थाजपातयः। पुष्करःपञ्चमश्चैषां कृष्णाज्ञेयाःपराशराः ३५ आविष्टायनवालेया स्वायष्टाश्चोपयाश्चये। इषीकहस्तश्चैतेवै पञ्चश्वेताःपराशराः ३६ पाटिकोबादरिश्चैव स्तम्बावैक्रोधनायनाः। क्षैमिरेषांपञ्चमस्तु एतेश्यामाःपराशराः ३७ खल्यायनावार्ष्णायनास्तैलेयःखलुयूथपाः। तन्तिरेषांपञ्चमस्तु एतेधूम्राःपराशराः ३८ उक्तास्तवैतेनृप! वंशमुख्याः पराशराःसूर्यसमप्रभावाः। येषांतुनाम्नापरिकीर्तितेन पापंसमग्रंपुरुषोजहाति ३९॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणे द्विशततमोऽध्यायः २००॥

(मत्स्य उवाच) अतःपरमगस्त्यस्य वक्ष्येवंशोद्भवान्द्विजान्। अगस्त्यश्चकरम्भश्च कौशल्यःकरटस्तथा १ सुमेधसोमयोभुवस्तथागान्धारकायणाः। पौलस्त्याःपौलहाश्चैव क्रतुवंशभवास्तथा २ आर्षेयाभिमताश्चैषां सर्वेषांप्रवराःशुभाः। अगस्त्यश्च महेन्द्रश्च ऋषिश्चैवमयोभुवः ३ परस्परमवैवाह्या ऋषयःपरिकीर्तिताः। पौर्णमासाःपारणाश्च आर्षेयाःपरिकीर्तिताः ४ अगस्त्यःपौर्णमासश्च पारणश्चमहातपाः। परस्परमवै

उत्पन्न होताभया शक्तिके पराशरहुए अब उनपराशरके वंशको मुझसेसुनो जिनके कि वेदव्यासरूप से आप श्री विष्णुभगवान् उत्पन्न होतेभये ३०।३१ उन वेदव्यासजी ने इस संसार में भारतरूपी चन्द्रमा प्रकाशित किया उन पराशरजी के वंशको श्रवणकरो ३२ कांडपप १ वाहनप २ जैह्मप ३ भौमतापन ४ गोपालि ५ यह पांच गौर पराशर कहाते हैं ३३ और प्रपोहया १ वाह्यमया २ ख्यातेया ३ कौतुजातिवाले ४ हर्यश्वि ५ यहपांच नीलपराशर कहाते हैं ३४ काष्र्णायनो, कपिमुखो, काकेयस्थो, जपातयो, और पुष्करो, यह पांच कृष्णपराशर कहाते हैं ३५ आविष्टायन, १ वालेया २ स्वायष्ठा ३ उपया ४ इषीकहस्त ५ यहपांच श्वेतपराशर कहाते हैं ३६ पाटिक १ बादरि २ स्तंबा ३ क्रोधनायना ४ और क्षैमि ५ यहपांच श्यामपराशर कहाते हैं ३७ खल्यायना १ वार्ष्णायना २ तैलेय ३ यूथपा ४ और तंति ५ यहपांच धूम्रपराशर कहाते हैं ३८ हे राजा सूर्य्यके समान कान्तिवाले पराशरवंशमें होनेवाले यह बड़े २ मुख्य ऋषि तेरे आगे वर्णन कियेहैं इनका नामोच्चारण करनेवाला पुरुष अपने सम्पूर्ण पापोंको भस्मकरदेताहै ३९ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विशततमोऽध्यायः२००॥

मत्स्यजी बोले कि अब अगस्त्यके वंशमें होनेवाले ब्राह्मणोंका वर्णन सुनो, अगस्त्य, करंभ, कौशल्य, करट, सुमेधस, मयोभुव, गान्धारकायण, और पौलस्त्य वंशमें होनेवाले, पुलहवंशमें होनेवाले, और क्रतुवंशमें होनेवाले, इनसबोंको आर्षेय कहते हैं और इनके प्रवरभी बहुत अच्छे और शुभहैं और अगस्त्य, महेन्द्र, और मयोभुवऋषि, इनसबके परस्पर विवाहादि संबंध नहींहोतेहैं, पौर्ण-

वाह्याः पौर्णमासास्तुपारणैः ५ एवमुक्तोऋषीणान्तु वंशउत्तमपौरुषः । अतःपरंप्रवक्ष्या मि किम्भवानद्यकथ्यताम् ६ (मनुरुवाच) पुलहस्यपुलस्त्यस्य क्रतोश्चैवमहात्मनः । अगस्त्यस्यतथाचैव कथंवंशस्तदुच्यताम् ७ (मत्स्य उवाच) क्रतुःखल्वनपत्योऽभूद्रा जन्वैवस्वतेऽन्तरे । इध्मवाहंसपुत्रत्वे जग्राहऋषिसत्तमः ८ अगस्त्यपुत्रंधर्मज्ञं आग स्त्याःक्रतवस्ततः । पुलहस्यतथापुत्रास्त्रयश्चपृथिवीपते ! ९ तेषान्तुजन्मवक्ष्यामि उत्त रत्रयथाविधि । पुलहस्तुप्रजांदृष्ट्वा नातिप्रीतमनाःस्वकाम् १० अगस्त्यजंदृढास्यन्तु पु त्रत्वेवृतवांस्ततः । पौलहाश्चतथाराजन् ! आगस्त्याःपरिकीर्तिताः ११ पुलस्त्यान्वय सम्भूतान् दृष्ट्वारक्षःसमुद्भवान् । अगस्त्यस्यसुतन्धीमान् पुत्रत्वेवृतवांस्ततः १२ पौल स्त्याश्चतथाराजन्नागस्त्याःपरिकीर्तिताः । सगोत्रत्वादिमेसर्वे परस्परमनन्वयाः १३ ए तेतवोक्ताःप्रवराद्विजानां महानुभावान्नृपवंशकाराः । एषान्तुनाम्नापरिकीर्तितेन पापंसम ग्रंपुरुषोजहाति १४ ॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणेएकाधिकद्विशततमोऽध्यायः २०१ ॥

(मत्स्य उवाच) अस्मिन्वैवस्वतेप्राप्ते शृणुधर्मस्यपार्थिव ! । दाक्षायणीभ्यःसकलं वंशंदैवतमुत्तमम् १ पर्वतादिमहादुर्गशरीराणिनराधिप ! । अरुन्धत्याःप्रसूतानि धर्मा द्वैवस्वतेऽन्तरे २ अष्टौचवसवःपुत्राः सोमपाश्चविभोस्तथा । धरोध्रुवश्चसोमश्च आप

मासवंशमें होनेवाले और पारणवंशमें होनेवालेभी आर्षेय कहाते हैं ।१४ अगस्त्य,पौर्णमा, सपारण, यह महातपवालेहैं इनकाभी परस्पर विवाहादिक संबंध नहींहै और पौर्णमासोंका विशेष करके पारणोंसे संबंध नहींहोताहै इस प्रकारसे यहमैंने उत्तम पौरुषवाले ऋषियोंका वंशतेरे आगे कहा अबजो तुम सुनना चाहतेहो उसको कहो ५।६ मनुजीने कहा कि पुलह, पुलस्त्य, क्रतु और अगस्त्य इन महात्माओंके वंशकैसेहैं वह आपकहिये ७ मत्स्यजी बोले- हे राजन् वैवस्वत मनुके अन्तरमें क्रतु, अनपत्य अर्थात् सन्तानरहित होताभया तबवह ऋषि अगस्त्य ऋषिके धर्मज्ञ पुत्र इध्मवाह नामको ग्रहण करके पुत्र करताभया इसी से इध्मवाहके वंशमें होनेवाले आगस्त्य और क्रतव कहातेहैं और हे राजा पुलहके तीन पुत्रहुए उनके जन्मके क्रमको कहताहूं,पुलह अपनी प्रजाको देखकर मनमें प्रसन्न नहीं हुआ ८।१० तब अगस्त्यके दृढास्यनाम पुत्रको अपनापुत्र मानताभया इसी से दृढास्यके वंशमें होनेवाले आगस्त्य और पौलह कहाते हैं ११ और पुलस्त्यभी अपने वंशमें राक्षसको उत्पन्न हुआ देखकर बड़े बुद्धिमान् अगस्त्यके पुत्रको अपने पुत्र धर्ममें वर्त्तताभया १२ हे राजन् इसीहेतुसे पौलस्त्य वंशमें होनेवाले आगस्त्य कहाते हैं और इन सबोंका एक गोत्र होनेसे परस्पर विवाहादि संबंध नहींहोताहै १३ यह महानुभाव वाले ब्राह्मणों के प्रवर और ब्राह्मणोंके वंशकरनेवाले तेरेआगे कहे इन सबकानाम कीर्त्तन करनेवाला पुरुष सबपापोंको त्यागदेताहै १४ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकाधिकद्विशततमोऽध्यायः २०१ ॥

मत्स्यजी बोले हे राजन् इस वैवस्वत मनुके प्राप्त होनेमें धर्मराजके सम्बन्धसे दक्षकी पुत्रियोंमें सब देवताओंके जो वंशहुएहैं उनको मैं सुनाताहूं १ वैवस्वत मनुके अन्तरमें धर्मके सम्बन्धसे दक्षकी

श्चैवानिलानलौ ३ प्रत्यूषश्चप्रभासश्च वसवोऽष्टौप्रकीर्तिताः। धरस्यपुत्रोद्रविणःकालः पुत्रोध्रुवस्यतु ४ कालस्यावयवानान्तु शरीराणिनराधिप!। मूर्तिमन्तिचकालादि संप्रसूतान्यशेषतः ५ सोमस्यभगवान्वर्चाः श्रीमांश्चापस्यकीर्त्यते। अनेकजन्मजननःकुमारस्त्वनलस्यतु ६ पुरोजवाश्चानिलस्य प्रत्यूषस्यतुदेवलः। विश्वकर्माप्रभासस्य त्रिदशानांसवर्धकिः ७ समीहितकराःप्रोक्ता नागवीथ्यादयोनव। लम्बापुत्रःस्मृतोघोषो भानोःपुत्राश्चभानवः ८ ग्रहर्क्षाणाञ्चसर्वेषामन्येषांचामितौजसाम्। मरुत्वत्यांमरुत्वन्तः सर्वे पुत्राःप्रकीर्तिताः ९ सङ्कल्पायाश्चसंकल्पस्तथापुत्रःप्रकीर्तितः। मुहूर्ताश्चमुहूर्तायाः साध्याःसाध्यासुताःस्मृताः १० मनोमनुश्चप्राणश्च नरोपानौचवीर्यवान्। चित्तहार्योऽयनश्चैव हंसोनारायणस्तथा ११ विभुश्चापिप्रभुश्चैव साध्याद्वादशकीर्तिताः। विश्वायाश्चतथापुत्रा विश्वेदेवाःप्रकीर्तिताः १२ क्रतुर्दक्षोवसुःसत्यः कालकामोमुनिस्तथा। कुरजोमनुजोवीजो रोचमानश्चतेदश १३ एतावदुक्तस्तवधर्मवंशः संक्षेपतःपार्थिववंशमुख्य!। व्यासेनवक्तुंनहिशक्यमस्ति राजन्विनावर्षशतैरनेकैः १४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेद्व्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २०२॥

(मत्स्य उवाच) एतद्वंशभवाविप्राः श्राद्धेभोज्याःप्रयत्नतः। पितॄणांवल्लभंयस्मादेषु

पुत्रियोंके पर्व्वत आदिक महादुर्ग शरीर उत्पन्न होतेभये २ धर्मके योगसे अरुन्धती स्त्रीमें अष्टवसुनाम पुत्र और अमृतके पीनेवाले सोमपनाम देवता जन्मेहैं उन आठों वसुओंके धर १ ध्रुव २ सोम ३ आप ४ अनिल ५ अनल ६ प्रत्यूष ७ और प्रभास ८ यह आठोंनामहैं, धरकापुत्र द्रविणनाम, और ध्रुवकापुत्र कालनाम हुआ ३।४ कालनाम वसुके कालके वर्षआदि अवयव शरीर धारण करके उत्पन्नहुए हैं और सोमके ऐश्वर्य्यवाला वर्चानामसे प्रसिद्ध पुत्रहुआ आपके श्रीमान्नाम पुत्रहुआ, अनलके अनेक जन्म जनननाम पुत्रहुआ, अनिलके पुरोजवा पुत्रहुआ, प्रत्यूपके देवलनाम पुत्रहुआ प्रभासके विश्वकर्मानाम पुत्रहुआ यही देवताओंके कारीगरहैं और नागवीथीआदि नववीथी चेष्टा करनेवाली कही हैं और लंबानाम वालीकापुत्र घोप कहाता है, भानुके पुत्र भानव कहेजाते हैं ५। ८ ग्रह नक्षत्र और सवतेजस्वी देवताओंकेपुत्र मरुत्वतीस्त्रीमें मरुत्वन्तनामवाले स्तंबकहे जातेहैं ९ संकल्पा स्त्रीके संकल्पनाम पुत्रहुआहै, मुहूर्ता के मुहूर्तनामपुत्र, और साध्यानाम स्त्री के साध्यसंज्ञकपुत्र हुए हैं १० मनो १ मनु २ प्राण ३ नरोपा ४ नौ ५ वीर्य्यवान् ६ चित्तहार्य्य ७ अयन ८ हंस ९ नारायण १० विभु ११ और प्रभु यहबारह साध्यकहे हैं और विश्वाके विश्वेदेवापुत्रवर्णन किये हैं ११।१२ क्रतु १ दक्ष २ वसु ३ सत्य ४ कालकाम ५ मुनि ६ कुरज ७ मनुज ८ वीज ९ रोचमान १० यहदश विश्वेदेवाकहे हैं १३ हे राजन् यह धर्मके वंश संक्षेपतासे तेरे आगे कहे इनको विस्तारसे कहनेको अत्यन्त समयके कारण कोईभी समर्थ नहीं है १४॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्व्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २०२॥

मत्स्यजीबोले हे राजन् इन पूर्व्वोक्त ब्राह्मणोंके वंशोंमें होनेवाले ब्राह्मण श्राद्धमें भोजनकरवाने

श्राद्धंनरेश्वर ! १ अतःपरंप्रवक्ष्यामि पितृभिर्याःप्रकीर्तिताः। गाथाःपार्थिवशार्दूल ! का मयद्भिःपुरेस्वके २ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं योनोदद्याज्जलाञ्जलिम् । नदीषुबहुतोया सुशीतलासुविशेषतः ३ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं यःश्राद्धंनित्यमाचरेत् । पयोमूलफलैर्भ क्ष्यैस्तिलतोयेनवापुनः ४ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं योनोदद्यात्त्रयोदशीम्। पायसंमधुस र्पिर्भ्यांवर्षासुचमघासुच ५ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं खड्गमांसेनयःसकृत् । श्राद्धंकुर्या त्प्रयत्नेन कालशाकेनवापुनः ६ कालशाकंमहाशाकं मधुमुन्यन्नमेवच। विषाणवर्ज्यायेख ड्गा आसूर्यन्तदशीमहि ७ गयायांदर्शनेराहोः खड्गमांसेनयोगिनाम् । भोजयेत्कःकुले ऽस्माकञ्छायायांकुञ्जरस्यच ८ आकल्पकालिकीतृप्तिस्तेनास्माकंभविष्यति । दातास र्वेषुलोकेषु कामचारोभविष्यति ९ आभूतसंप्लवंकालं नात्रकार्याविचारणा। यदेतत्पञ्चकं तस्मादेकेनापिचयःसदा १० तृप्तिंप्राप्स्यामचानन्तां किंपुनःसर्वसम्पदा। अपिस्यात्स कुलेऽस्माकं दद्यात्कृष्णाजिनञ्चयः ११ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं कश्चित्पुरुषसत्तमः। प्रसूयमानांयोधेनुं दद्याद्ब्राह्मणपुङ्गवे १२ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं वृषभंयःसमुत्सृजे त्। सर्ववर्णविशेषेण शुक्लनीलंवृषन्तथा १३ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं यःकुर्यात्श्रद्धया न्वितः। सुवर्णदानंगोदानं पृथिवीदानमेवच १४ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं कश्चित्पुरुष

के योग्यहैं क्योंकि इन ब्राह्मणोंमें श्रद्धापूर्वक दियाहुआ दान पितरों की प्रसन्नता करनेवालाहै १ हे राजा अब अपनेपुरमें इच्छाकरनेवाले पितरोंने जो गाथा वर्णनकीहै उसकोमैं कहताहूं २ पितर कहतेहैं कि कोई ऐसापुरुष हमारेकुलमेंहो हमको अत्यन्तशीतलजल बहनेवाली नदियोंमें जलांज- लियोंकादानदेवे ३ और ऐसाभी कोई हमारेकुलमें निश्चयहोय जो दूध मूल फल और नानाभक्ष्य प- दार्थादिकोंसे हमारे निमित्त नित्य श्राद्धकरताहै ४ कोई हमारेकुलमें ऐसाहोवे कि त्रयोदशीकेदिन जब मघानक्षत्रहोय तब वर्षाऋतुमें हमारेनिमित्त दूध शहद और घृतादिक पदार्थोंका दानकरे५कोई ह- मारेकुलमें ऐसाहोय जोएकवार गैंडेकेमांससे अथवा कालशाकसे विधिपूर्वक हमारेनिमित्तश्राद्धकरे६ और कालशाक, महाशाक, शहद, शामक आदिक मुनियोंके अन्न विना सींगवाले गैंडेकामांस इनसब पदार्थों से हम तबतक तृप्तरहते हैं जबतक कि सूर्य रहते हैं ७ चन्द्रमा सूर्य्य के ग्रहणमें गंगा- जीपर हमको गैंडेके मांससे तृप्तकरनेवाला कोई पुरुष हमारे कुलमेंहोय और कुंजरछाया योगमेंजो हमको गैंडेके मांससे तृप्तकरदेवे तोहमारी तृप्ति प्रलयपर्य्यन्त रहती है और वह दानकरनेवालादाता पुरुष सबलोकों में इच्छापूर्वक विचरनेको समर्थ होजाताहै ८। ९ और निस्सन्देह वह पुरुष प्र- लयपर्य्यन्त सब लोकों में जानेको समर्थरहताहै और कालशाक आदिकजो इन पांचों वस्तुओंमेंसे एक वस्तुसेही हमारा श्राद्ध करताहै उससेभी अनन्त कालतक हमारी तृप्तिरहतीहै और जोकोई हमारे कुलमें ऐसाहोवे कि काले मृगके चर्मकादानदेवे १०।११ अथवा ऐसा हमारे कुलमें कोई उत्तम पुरुषहोवे जो वेदके पढ़ेहुए ब्राह्मणके अर्थ ब्याहतीहुई गौका दानदेवे १२ जो कोई हमारे कुलमें ऐसाहो जोवृषभको छोड़े इन वृषभोंमें विशेषकरके नीलवृषभ छोड़ना योग्यहै १३ कोईहमारेकुलमें

सत्तमः। कूपारामतडागानां वापीनांयश्चकारकः १५ अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं सर्वभावे नयोहरिम्। प्रयायाच्छरणंविष्णुं देवेशंमधुसूदनम् १६ अपिनःसकुलेभूयात् कश्चिद्वि द्वान्विचक्षणः। धर्मशास्त्राणियोदद्याद्विधिनाविदुषामपि १७ एतावदुक्तंतवभूमिपाल! श्राद्धस्यकल्पंमुनिसम्प्रदिष्टम्। पापापहंपुण्यविवर्द्धनञ्च लोकेषुमुख्यत्वकरन्तथैव१८॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेत्र्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २०३॥

(मनुरुवाच) प्रसूयमानादातव्या धेनुर्ब्राह्मणपुङ्गवे। विधिनाकेनधर्मज्ञ! दानंदद्या त्र्किंफलम् १ (मत्स्य उवाच) स्वर्णशृङ्गीरौप्यखुरां मुक्तालांगूलभूषिताम्। कांस्योप दोहनांराजन्! सवत्सांद्विजपुङ्गवे २ प्रसूयमानांगांदत्त्वा महत्पुण्यफलंलभेत्। यावद्व त्सोयोनिगतो यावद्गर्भंनमुञ्चति ३ तावद्वैपृथिवीज्ञेया सशैलवनकानना। प्रसूयमानां योदद्याद्धेनुंद्रविणसंयुताम् ४ ससमुद्रगुहातेन सशैलवनकानना। चतुरन्ताभवेद्दत्तापृ थिवीनात्रसंशयः ५ यावन्तिधेनुरोमाणि वत्सस्यस्यचनराधिप!। तावत्संख्यंयुगगणं देव लोकेमहीयते ६ पितृन्पितामहांश्चैव तथैवप्रपितामहान्। उद्धरिष्यत्यसंदेहान्नरकाद् भूरिदक्षिणः ७ घृतक्षीरवहाःकुल्या दधिपायसकर्दमाः। यत्रतत्रगतिस्तस्य द्रुमाश्चेप्सि तकामदाः। गोलोकःसुलभस्तस्य ब्रह्मलोकश्चपार्थिव! ८ स्त्रियश्चतंचन्द्रसमानवक्त्राः

ऐसाहोवे जो श्रद्धायुक्तहोकर सुवर्णका दानकरे अथवा गोदानकरे तथा पृथ्वीकादानकरे १४कोई हमारे कुलमें ऐसा उत्तम पुरुषहोवे कि कूप तड़ाग बावड़ी और बागबनवावे १५कोई हमारे कुलमें ऐसाहोवे जोसंपूर्ण भावसे देवेश विष्णु भगवान्की शरणहोजावे १६ कोई हमारे कुलमें ऐसा विद्वान्होवेजो विद्यावाले ब्राह्मणोंके अर्थ धर्मशास्त्रों का दानकरे इसप्रकारसे पितर लोग बाट देखाकरतेहैं १७ हे राजन् यह मुनियोंसे वर्णन कियाहुआ श्राद्ध कल्पमैंने तेरे आगे कहाहै यह श्राद्धकल्प पापोंका हर नेवाला लोकोंमें पुण्यका बढ़ानेवाला और सुखका करनेवालाहै १८॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्र्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २०३॥

मनुजी बोले हे धर्मज्ञ प्रसूतागौको ब्राह्मणके निमित्त किस विधिसे देनाचाहिये और ऐसे दानका क्याफलहै १ मत्स्यजीबोले- हे राजन् सुवर्णकी सींगड़ी चाँदी के खुर मोतियोंके पुच्छाभरण, कांसी का दोहनीपात्र इत्यादि वस्तु समेत सवत्सा गौ देनीचाहिये २ ऐसीगौ के दान करनेका महापुण्य होताहै जब तक बछड़ा योनिमेंहो और बाहरनहीं निकसाहो तबतक वह गौ पर्व्वतवन आदिकों समेत संपूर्ण पृथ्वीके समान होती है उस समय जो उस गौकादान करता है उसको निस्सन्देह समुद्रोंसहित सबपृथ्वी के दानका पुण्यप्राप्तहोताहै ३। ५ हे राजा उसगौके और बछड़े के शरीरोंमें जितने रोमहोते हैं उतनेही युगोंतक वह स्वर्गमें वासकरताहै ६ और पिता पितामह और प्रपिता मह इनसबको निश्चय नरकसे उद्धारकरताहै और जहाँ घृत दूधकी नदीबहती है दही दूध की कीचहै और सब अभीष्ट फल देनेवालेवृक्ष हैं ऐसे स्थानमें जानेकी उस दान करनेवाले की गति होजाती है और गोलोक समेत ब्रह्मलोक उसको सुगम होजाते हैं ७। ८ और चन्द्रमुखी तप्त सुवर्ण के

प्रतप्तजाम्बूनदतुल्यरूपाः। महानितम्वास्तनुवृत्तमध्या भजन्त्यजस्रंनलिनाभनेत्राः ६ ॥
इतिश्रीमत्स्यपुराणेचतुरधिकद्विशततमोऽध्यायः २०४ ॥

(मनुरुवाच) कृष्णाजिनप्रदानस्य विधिकालौममानघ !। ब्राह्मणञ्चतथाचक्ष्वतत्रमे संशयोमहान् १ (मत्स्यउवाच) वैशाखीपौर्णमासीच ग्रहणेशशिसूर्ययोः। पौर्णमासीतु यामाघे ह्याषाढीकार्तिकीतथा २ उत्तरायणेद्वादशीवा तस्यांदत्तंमहाफलम्। आहिताग्निर्द्विजोयस्तु तद्देयंतस्यपार्थिव ! ३ यथायेनविधानेन तन्मेनिगदतःशृणु। गोमयेनोपलिप्तेतुशुचौदेशेनराधिप ! ४ आदावेवसमास्तीर्य शोभनंशस्तमाविकम्। ततःसशृङ्गंसखुरमास्तरेत्कृष्णमार्गकम् ५ कर्तव्यंरुक्मशृङ्गंतद्रौप्यदन्तंतथैवच। लांगूलंमौक्तिकैर्युक्तं तिलच्छन्नंतथैवच ६ तिलैश्चाशिखितंकृत्वा वाससाच्छादयेच्छुचि। सुवर्णनाभंतत्कुर्यादलंकुर्याद्विशेषतः ७ रत्नैर्गन्धैर्यथाशक्त्या तस्यदिक्षुचविन्यसेत्। कांस्यपात्राणि चत्वारि तेषुदद्याद्यथाक्रमम् ८ मृण्मयेषुचपात्रेषु पूर्वादिषुयथाक्रमम्। घृतंक्षीरंदधि क्षौद्रमेवंदद्याद्यथाविधि ९ चम्पकस्यतथाशाखामव्रणंकुम्भमेवच। वाह्योपस्थापनंकृत्वाशुभचित्तोनिवेशयेत् १० सूक्ष्मवस्त्रंशुभम्पीतं मार्जनार्थंप्रयोजयेत्॥ तथाधातुमयीः पात्रीः पादयोस्तस्यदापयेत् ११ यानिकानिचपापानि मयालोभात्कृतानिवै। लोहपात्रादिदानेन प्रणश्यन्तुममाशुवै १२ तिलपूर्णंततःकृत्वा वामपादेनिवेशयेत्। यानिका

समान आभावाली उन्नत नितम्वयुक्त सूक्ष्मकटि कमलके समान नेत्रवाली महाउत्तम स्त्री उसको प्राप्त होजाती है ९॥ इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुरधिकद्विशततमोऽध्यायः २०४॥

मनुजी पूछते हैं हेदेव कृष्णाजिन अर्थात् काले मृगचर्मके दानकी विधि और उसके काल समेत दानके योग्य पात्र ब्राह्मणको भी मेरे आगे वर्णन करो जिस्से कि मेरा सन्देह निवृत्तहो १ मत्स्यजी बोले वैशाखकी पूर्णमासीको उत्तरायण सूर्य्यके द्वादशी के दिन काले चर्म अर्थात् कृष्ण मृगचर्म के दानकरने का महाफल होता है और यह दान अग्निहोत्री ब्राह्मणके अर्थ देना चाहिये २। ३ अब इसके विधानको मुझसे सुनो हेराजन् गोवरसे लिपीहुई पवित्र पृथ्वीमें प्रथम सुन्दर बकरे के चर्मको बिछावे उसके ऊपर सींग और खुरोंसमेत काले मृगके चर्मको बिछावे सुवर्णके सींग चांदीके खुर मोतियोंसे युक्त पूंछ इन सबको तिलों से आच्छादित करदेवे फिर सबको शुद्ध और श्रेष्ठवस्त्र से आच्छादित करे और सुवर्णकी नाभिवनावे इसप्रकार विभूषित कर शक्तिके अनुसार रत्नोंसे भी विभूषितकरके गन्धलगावे फिर उसके चारोंओरकी दिशाओंमें कांसीके या मृत्तिकाके चार पात्र स्थापितकरे उनपात्रोंमें पूर्वादि क्रमपूर्वक घृत दूध दही और शहद इनकोभरे और एक मार्जनके निमित्त सुन्दर छिद्ररहित कलश स्थापितकरे उस कलशमें चंपेकी डाली गेरकर उसको शुद्धमनसे एकान्तमें स्थापित करदेवे ४।१० उस मार्जनके कलशको बड़े सुन्दर महीन पीत वस्त्रसे आच्छादित करदे और चार धातुओं के पात्र बनवाकर उनचारों खुरोंके स्थानमें स्थापितकरे ११ और यह मंत्रपढ़े (यानिकानिचपापानि मयालोभात्कृतानिवै। लोहपात्रादिदानेन प्रणश्यन्तुममाशुवै) इस मंत्रका यह

निचपापानि कर्णोत्थानिकृतानिच १३ कांस्यपात्रप्रदानेन तानिनश्यन्तुमेसदा। मधुपू
र्णन्तुतत्कृत्वा पादेवैदक्षिणेन्यसेत् १४ परापवादपैशून्याद्वृथामांसस्यभक्षणात्। तत्रो
त्थितञ्चमेपापं ताम्रपात्रात्प्रणश्यतु १५ कन्यानृताद्गवाञ्चैव परदाराभिमर्शनात्। रौप्य
पात्रप्रदानाद्धि क्षिप्रंनाशंप्रयातुमे १६ ऊर्ध्वपादेत्विमेकार्य्ये ताम्रस्यरजतस्यच। जन्म
जन्मसहस्रेषु कृतंपापंकुबुद्धिना १७ सुवर्णपात्रदानात्तु नाशयाशुजनार्द्दन!। हेममुक्ताद्रि
द्रुमञ्च दाड़िमंबीजपूरकम् १८ प्रशस्तपत्रेश्रवणे खुरेश्वृङ्गाटकानिच। एवंकृत्वायथाशक्तेन
सर्वशाकफलानिच १९ तत्प्रतिग्रहविद्विद्वानाहिताग्निर्द्विजोत्तमः। स्नातोवस्त्रयुगच्छन्नः
स्वशक्त्याचाप्यलङ्कृतः २० प्रतिग्रहश्चतस्योक्तः पुच्छदेशेमहीपते!। ततएवंसमीपे
नु मन्त्रमेनमुदीरयेत् २१ कृष्णाःकृष्णगलोदेवः कृष्णाजिनधरस्तथा। तद्दानाद्धूतपाप
स्य प्रीयतांवृषभध्वजः २२ अनेनविधिनादत्त्वा यथावत्कृष्णमार्गकम्। नस्पृश्योसौहि
जोराजन्! चितियूपसमोहिसः २३ सदानेश्राद्धकालेच दूरतःपरिवर्जयेत्। स्वगृहात्प्रे
ष्यतंविप्रं मङ्गलस्नानमाचरेत् २४ पूर्णकुम्भेनराजेन्द्र! शाखयाचम्पकस्यतु। कृत्वाचार्य

अर्थ है कि जो कुछ मैंने लोभसे पापकिये हैं वह मेरे संपूर्ण पाप लोहपात्रके दान करने से शीघ्रनष्ट होजांय १२ ऐसे कहकर तिलसे भरे लोहेके पात्रको बायें पैरके पास रखदेवे, फिर यहकहे कि मैंने जो कानोंसे सुनकर पापकिये हैं वह संपूर्ण इसकांसीके पात्र दानकरने से नष्टहोजांय ऐसे कहशहद से भरे पात्रको दक्षिण चरणके पास रखदे १३। १४ पराये अपवादसे चुगली से तथा मांसभक्षण करने से जो मैंने पाप किये हैं वह सब तांबेके पात्र दान करने से नष्ट होजांय १५ कन्या और गौके कार्य्यमें मिथ्या बोलने से और पराई स्त्रियोंकी इच्छा करने से जो मैंने पाप किये हैं वह सब चांदी के पात्र दान करने से नष्ट होजांय १६ इस प्रकारसे इन तांबे और चांदीके दोनों पात्रोंको मृगके ऊपरके दोनों पैरोंकी जगह स्थापित करने चाहिये और कान तथा खुरोंके स्थानमें सुन्दर पत्तों में सुवर्ण मोती मूंगा अनार बिजौरा और सिंघाड़ा इत्यादि वस्तु स्थापितकरके संपूर्ण शाक और फलों को स्थापित करे फिर यह वचन कहे कि हे जनार्दन मैंने कुबुद्धि से हज़ारों जन्मों में जो पाप किये हैं वह सब इस सुवर्ण के दान से नष्ट होजांय १७। १९ ऐसे उस कृष्णाजिनके प्रतिग्रह लेनेवाले विद्वान् अग्निहोत्री द्विजोत्तमको अपनी शक्ति के अनुसार भूषित करना चाहिये और दो श्वेतवस्त्रभी उसको पहराने चाहिये हे राजन् इसकाप्रतिग्रहदान पूछके समीप में लेनाचाहिये और दानदेने के समय इस वचन का उच्चारण करे २०। २१ कि काले मृगचर्म के धारणक रनेवाले नीलग्रीवा से शोभित श्रीमहादेव हैं इस हेतुसे इस कालेमृगचर्म का दान करने से शिव जी महाराज प्रसन्नहों २२ इस विधि और यथार्थ रीति से उस कृष्णाजिन का दान करके फिर उस प्रतिग्रहलेनेवाले ब्राह्मण को स्पर्शनकरे क्योंकि वह ब्राह्मण चिताके काष्ठके समान अशुद्धहो जाताहै २३ उस ब्राह्मणको अन्यदानदेने में और श्राद्धकालमें दूरहीसे निषेधकरदे उस ब्राह्मणको अपने घरसे बिदाकरके मंगलस्नानकरे अर्थात् चंपेकीडालीसमेत जोकुंभकलशहै उससे स्नानकरना चाहिये प्रथम आचार्य्यको बुलाके उस कलशको मस्तकपरस्थापितकर आप्यायस्व० समुद्रज्येष्ठा०

इचकलशं मन्त्रेणानेनमूर्द्धनि २५ आप्यायस्वसमुद्रज्येष्ठा ऋचासंस्नाप्यषोडश। अह तेवाससीवीत आचान्तःशुचितामियात् २६ तद्वासःकुम्भसहितं नीत्वाक्षेप्यंचतुष्पथे। कृतेनानेनयातुष्टिर्नसाशक्यासुरैरपि २७ वक्तुंहिनृपतिश्रेष्ठ! तथाप्युद्देशतःशृणु। सम ग्रभूमिदानस्य फलंप्राप्नोत्यसंशयम् २८ सर्वाल्लोकांश्चजयति कामचारीविहङ्गवत्। आभूतसंप्लवंयावत्स्वर्गमाप्नोत्यसंशयम् २९ नपितापुत्रमरणं वियोगंभार्ययासह। धनदे शपरित्यागं नचैवेहाप्नुयात्क्वचित् ३० कृष्णेप्सितंकृष्णमृगस्यचर्म दत्वाद्विजेन्द्रायसमा हितात्मा। यथोक्तमेतन्मरणंनशोचेत् प्राप्नोत्यभीष्टंमनसःफलंतत् ३१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे पंचाधिकद्विशततमोऽध्यायः २०५॥

(मनुरुवाच) भगवंच्छ्रोतुमिच्छामि वृषभस्यचलक्षणम्। वृषोत्सर्गविधिश्चैव तथा पुण्यफलंमहत् १ (मत्स्य उवाच) धेनुमादौपरीक्षेत सुशीलाञ्चगुणान्विताम्। अव्य ङ्गामपरिक्लिष्टां जीववत्सामरोगिणीम् २ स्निग्धवर्णांस्निग्धखुरां स्निग्धशृङ्गींतथैवच। मनोहराकृतिंसौम्यां सुप्रमाणामनुद्धताम् ३ आवर्तैर्दक्षिणावर्तैर्युक्तांदक्षिणतस्तथा। वा मावर्तैर्वामतश्च विस्तीर्णजघनांतथा ४ मृदुसंहतताम्रोष्ठीं रक्तग्रीवासुशोभिताम्। अ श्यामदीर्घोरस्फुटिता रक्तजिह्वातथाचया ५ विस्रावामलनेत्राच शफैरविरलैर्दृढैः। वैदूर्यम धुवर्णैश्च जलबुद्बुदसन्निभैः ६ रक्तस्निग्धैश्चनयनैस्तथारक्तकनीनिकैः। सप्तचतुर्दश दन्ताच तथावाश्यामतालुका ७ षडुन्नतासुपार्श्वोरुः पृथुपञ्चसमायता। अष्टायताशिरो

इत्यादि सोलह ऋचाओंसे स्नानकर अहतेवाससीवीत इसमंत्रसे आचमनकरके शुद्धहोताहै २५। २६ फिर वस्त्रसमेत उस कलशको उठाके चौराहेमें पटक आवे इसरीतिसे उस दानके करने का जोफलहोताहै उसको देवताभी पूरानहीं कहसके उसको संक्षेपतासे कहताहूं संपूर्ण पृथ्वी के दान करनेका पुण्य प्राप्त होताहै २७।२८ सबलोकोंको जीतताहै पक्षीके समान सर्वत्र इच्छापूर्वक विचर-ताहै और निश्चय प्रलय कालपर्य्यन्त स्वर्गलोकमें स्थितरहताहै २९ इस दानकरने वालेके पिता पुत्रादिकामरणनहींहोता स्त्रीसे वियोगनहीं होता और इसी देशमें कभीधन देश आदिका नाशभी नहींहोताहै ३० इस प्रकारसे काले मृगचर्मके दानका करने वालापुरुष मनोवाञ्छितफलको प्राप्त होताहै और मरनेका कुछशोचनहीं करताहै ३१॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचाधिकद्विशततमोऽध्यायः २०५॥

मनुजी कहतेहैं हे भगवन् मैं वृषभकेभी लक्षणोंको सुननेकी इच्छा करताहूं और बड़े फलवाली वृषोत्सर्ग की विधिकोभी श्रवण किया चाहताहूं १ मत्स्यजीबोले हे राजा प्रथमतो सुन्दर स्वभाव गुणयुक्त व्यंग और क्लेशसे रहित अमृतवत्सा नीरोग शुभवर्ण खुर सींग मनोहर आकारवाली श्रेष्ठ प्रमाणभरी वाम दक्षिण उत्तम चिह्नवाली बृहत्जंघा रक्त ओष्ठ ग्रीवा और जिह्वावाली सुनेत्र दृढ खुरोंसे शोभित वैदूर्य कान्ति सहित रक्तकोये इक्कीस दांतोंसे युक्त श्याम तालुवाली उन्नत गंभीर और

ग्रीवा याराजन्! सासुलक्षणा ८ (मनुरुवाच) षडुन्नताःकेभगवन्! केचपञ्चसमायताः। आयताश्चतथैवाष्टौ धेनूनाङ्केशुभावहाः ९ (मत्स्य उवाच) उरःपृष्ठंशिरःकुक्षी श्रोणीचवसुधाधिप!। षडुन्नतानिधेनूनां पूजयन्तिविचक्षणाः १० कर्णौनेत्रेललाटञ्च पञ्चभास्करनन्दन!। समायतानिशस्यन्ते पुच्छंसास्नाचसक्थिनी ११ चत्वारउचस्तना राजन्! ज्ञेयाह्यष्टौमनीषिभिः। शिरोग्रीवायताश्चैते भूमिपाल! दशस्मृताः १२ तस्याः सुतंपरीक्षेत वृषभंलक्षणान्वितम्। उन्नतस्कन्धककुदं ऋजुलाङ्गूलकम्बलम् १३ महाकटितटस्कन्धं वैदूर्यमणिलोचनम्। प्रवालगर्भशृङ्गाग्रं सुदीर्घपृथुवालधिम् १४ नवाष्टादशसंख्यैर्वा तीक्ष्णाग्रैर्दशनैःशुभैः। मल्लिकाक्षश्चमोक्तव्यो गृहेऽपिधनधान्यदः १५ वर्णतस्ताम्रकपिलो ब्राह्मणस्यप्रशस्यते। श्वेतोरक्तश्चकृष्णश्च गौरःपाटलएवच १६ शृंगिणस्ताम्रपृष्ठश्च शवलःपञ्चवालके। पृथुकर्णोमहास्कन्धः श्लक्ष्णरोमाचयोभवेत्। रक्ताक्षःकपिलोयश्च रक्तशृङ्गतलोभवेत् १७ श्वेतोदरःकृष्णपार्श्वो ब्राह्मणस्यतुशस्यते। स्निग्धारक्तेनवर्णेन क्षत्रियस्यप्रशस्यते १८ काचनाभेनवैश्यस्य कृष्णेनाप्यन्त्यजन्मनः। यस्यप्रागायतेशृङ्गे भ्रूमुखाभिमुखेसदा १९ सर्वेषामेववर्णानां सर्वःसर्वार्थसाधकः। मार्जारपादःकपिलो धन्यःकपिलपिङ्गलः २० श्वेतोमार्जारपादस्तु धन्योमणिनिभेक्षणः। करटःपिङ्गलश्चैव श्वेतपादस्तथैवच २१ सर्वपादसितोयश्च द्विपादःश्वेतएवच। कपि

विस्तृत शिर ग्रीवावाली छः स्थानोंमें ऊंची पांच स्थानोंमें समान आठस्थानोंमें विस्तृत ऐसी गौ होनीचाहिये ९। ८ मनुजीनेकहा छः स्थानमें ऊंची पांच स्थानमें समान आठस्थानमें विस्तृत यह सब गौओंके अंगकहाँहोतेहैं ९ मत्स्यजीने कहा छाती १ पीठ २ शिर ३ दोनोंकोख ४। ५ और चौहड़ी यहछः स्थान गौओंके अंगमें ऊंचेकहेहैं १० कान २ नेत्र २ मस्तक १ इन पांच स्थानोंमें समान विस्तारवाली श्रेष्ठ कहीहै और पूंछ सास्ना अर्थात् गलेकी लटकतीहुई खाल २ चारथन ४ दोसांथल यहआठ स्थान विस्तारयुक्त श्रेष्ठ होतेहैं और शिर ग्रीवाभी विस्तृत अच्छेहैं ११। १२ ऐसी उत्तम गौके पुत्रको परीक्षित करे ऊंचे कन्धेवाला, कोमल सीधी पूंछवाला, कोमल गलगंडवाला भारीकटि वैदूर्य्य मणिके समान नेत्र तीक्ष्ण सींग उत्तम दीर्घ पूंछके अग्रभागके विस्तारयुक्त नौ वा अठारह पैने दाँतोंवाला ऐसा महा उत्तम बैल छोड़ना चाहिये ऐसा उत्तम वृषभ छोड़ाजाय तोघर में धन धान्यकी वृद्धि करता है १३। १५ लाल अथवा कपिल वर्णवाला बैल ब्राह्मणको छोड़ना चाहिये और श्वेत काला लाल पीला अच्छे सींग लालपीठ बड़े कान बड़े कन्धे सूक्ष्म रोमयुक्त रक्तनेत्र लाल वा कपिल वर्ण सींगों के स्थानवाला श्वेतउदर और कालीपांसू ऐसावृषभ ब्राह्मणको छोड़ना श्रेष्ठकहा है और रक्तवर्णवाला बैल क्षत्रियको छोड़ना चाहिये १६। १८ और सुवर्ण के समान वर्णवाला बैल वैश्यको छोड़ना चाहिये, शूद्रको काले वर्ण का छोड़ना चाहिये जिस बैलके सींग आगे की ओर लंबेहोंय भृकुटी मुखकेही सन्मुखहोंय ऐसावृषभ सबवर्णों को छोड़ना योग्य कहाहै बिल्ली के पैरों के समान पैरवाला कपिल पिंगल वृषभ सबको छोड़ना

ञ्जलनिभीधन्यस्तथातित्तिरिसन्निभः २२ आकर्णमूलश्वेतन्तु मुखंयस्यप्रकाशते। नन्दीमुखःसविज्ञेयो रक्तवर्णोविशेषतः २३ श्वेतन्तुजठरंयस्य भवेत्पृष्ठंचगोपतेः। वृषभः ससमुद्राख्यः सततंकुलवर्धनः २४ मल्लिकापुष्पचित्रश्च धन्योभवतिपुङ्गवः। कमलैर्मण्डलैश्चापि चित्रोभवतिभाग्यदः २५ अतसीपुष्पवर्णश्च तथाधन्यतरःस्मृतः। एतेधन्यास्तथाधन्यान् कीर्तयिष्यामितेनृप! २६ कृष्णताल्वोष्ठवदना रूक्षशृङ्गशफाश्चये। अव्यक्तवर्णाह्रस्वाश्च व्याघ्रसिंहनिभाश्चये २७ ध्वाङ्क्षगृध्रसवर्णाश्च तथामूषकसन्निभाः। कुण्ठाःकाणास्तथाखञ्जाः केकराक्षास्तथैवच २८ विषमश्वेतपादाश्च उद्भ्रान्तनयनास्तथा। नैतेवृषाःप्रमोक्तव्या नचधार्यास्तथागृहे २९ मोक्तव्यानाञ्चधार्याणां तेषां वक्ष्यामिलक्षणम्। स्वस्तिकाकारशृङ्गाश्च तथामेघौघनिस्वनाः ३० महाप्रमाणाश्चतथा मत्तमातङ्गगामिनः। महोरस्कामहोच्छ्राया महाबलपराक्रमाः ३१ शिरःकर्णौललाटञ्च वालधिश्चरणास्तथा। नेत्रेपार्श्वेचकृष्णानि शस्यन्तेचन्द्रभासिनाम् ३२ श्वेतान्येतानि शस्यन्तेकृष्णस्यतुविशेषतः। भूमीकर्षतिलाङ्गूलं प्रलम्बस्थूलवालधिः ३३ पुरस्तादुच्चतोनीलो वृषभश्चप्रशस्यते। शक्तिध्वजपताकाढ्या येषांराजीविराजते ३४ अनड्वाहस्तु तेधन्याश्चित्रसिद्धिजयावहाः। प्रदक्षिणंनिवर्तन्ते स्वयंयेविनिवर्तिताः ३५ समुन्नतशि

चाहिये और श्वेत बिलावकेसे पैरोंवाला मणिके समान स्वच्छ नेत्रोंवाला कसूमा वर्ण पिंगल सफेद पैरोंवाला चारोंश्वेत अथवा दोश्वेत पैरोंवाला कपोत वर्ण तीतर वर्ण ऐसा वृषभभी उत्तम है १९। २२ और कानोंतक जिसका मुख श्वेतहोय ऐसे वृषभको नन्दीमुख कहतेहैं और जो इसी प्रकारका लालमुखवालाहो वहभी नन्दीमुख कहाताहै २३ जिसका सफेद उदर और पीठहो वह समुद्रनाम वृषभकहाताहै ऐसाबैल संपूर्ण कुलकी वृद्धिकरनेवाला होताहै और चमेलीके पुष्पके समान विचित्र कमलके तुल्य विचित्र मंडलोंवाला वृषभ उत्तमहोताहै २४। २५ अतसीके पुष्प समान नीलवर्ण बैल बहुत अच्छाहोताहै यह सब वृषभ अतिश्रेष्ठहैं अब इनके सिवाय वर्जित वृषभोंकोसुनो कालातालु ओष्ठमुख रूखेसींग और खुर अप्रकटवर्ण छोटेभेड़िये और सिंहके समान मुख काक गिद्ध और मूसेके समान आकार खोंड़े कॉणे लंगड़े भेंगे विषमश्वेत पैरोंवाले भ्रमणीक नेत्र वाले ऐसे वृषभ नहीं छोड़ने चाहिये और घरमेंभी नहीं रखनेचाहिये २६। २९ और जो छोड़ने के और घरमें रखनेके योग्यहैं उनकेभी लक्षणकहताहूं स्वस्तिकआकार सींगोंसे युक्त मेघके समान गर्जनेवाले महाऊंचे प्रमाण वाले मदोन्मत्त हाथीके समान चलनेवाले बड़ी छातीके ऊंचे और महाबल पराक्रमवाले बैल अच्छेहोतेहैं ३०। ३१ और शिर, कान, मस्तक, पूंछके अग्रभागके वाल पैर नेत्र पांसू यह सब वस्तु श्वेत बैलोंके काली अच्छी वर्णनकीहैं ३२ और काले बैलके यह सब वस्तु सफेद अच्छी कहीहैं और लंबे पूंछके अग्रभागके वाल जिस बैलके पृथ्वीमें लटकतेहों और आगे महाप्रकाशित नीलाहोय वह वृषभ उत्तमहै जिन बैलों के शक्ति ध्वजा पताका आदि चिह्नों की रेखासी होवे वह बैल धन्यहैं विचित्र सिद्धियोंके दाताहैं और आपही बिना प्रेरेहुए दक्षिण वर्त्तके समान

रोग्रीवा धन्यास्तेयूथवर्द्धनाः। रक्तशृङ्गाग्रनयनः श्वेतवर्णोभवेद्यदि ३६ शफैःप्रवालस दृशैर्नास्तिधन्यतरस्ततः। एतेधार्य्याःप्रयत्नेन मोक्तव्यायदिवावृषाः ३७ धारिताश्चत थामुक्ता धनधान्यप्रवर्द्धनाः। चरणानिमुखंपुच्छं यस्यश्वेतानिगोपतेः ३८ लाक्षारसस वर्णश्च तंनीलमितिनिर्दिशेत्। वृषएषसमोक्तव्यो नसन्धार्योगृहेभवेत् ३९ तदर्थमेषा चरति लोकेगाथापुरातनी। एष्टव्यावहवःपुत्रा यद्येकोऽपिगयांव्रजेत् ४० गौरींवाप्युद्व हेत्कन्यां नीलंवावृषमुत्सृजेत् ४१ एवंवृषंलक्षणसंप्रयुक्तं गृहोद्भवंक्रीतमथापिराजन्। मुक्त्वानशोचेन्मरणंमहात्मा मोक्षंगतश्चाहमतोऽभिधास्ये ४२॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे षडधिकद्विशततमोऽध्यायः २०६॥

(सूत उवाच) ततःसराजादेवेशं पप्रच्छामितविक्रमः। पतिव्रतानांमाहात्म्यं तत्सं बन्धांकथामपि १ (मनुरुवाच) पतिव्रतानांकाश्रेष्ठा कयामृत्युःपराजितः। नामसङ्की र्तनंकस्याः कीर्तनीयंसदानरैः। सर्वपापक्षयकरमिदानींकथयस्वमे २ (मत्स्य उवाच) वैलोम्यंधर्मराजोऽपि नाचरत्यथयोषिताम्। पतिव्रतानांधर्मज्ञ! पूज्यास्तस्यापिताःसदा ३ अत्रतेवर्णयिष्यामि कथांपापप्रणाशिनीम्। यथाविमोक्षितोभर्त्ता मृत्युपाशात्स्त्रिया ४ मद्रेषुशाकलोराजा वभूवाश्वपतिःपुरा। अपुत्रस्तप्यमानोऽसौ पुत्रार्थीसर्वकामदाम् ५

घूमजाय ऊँचे शिर और ऊँचीग्रीवा वाले होंय वह बैल यज्ञकर्मके बढ़ानेवाले होते हैं जिनके सींगके अग्रभाग और नेत्रलालहोंय श्वेत शरीर मूंगेसे खुरहोंय वह बैल सबसे उत्तम कहाहै यह सब बैल धर्म कार्योंमें श्रेष्ठ कहे हैं इससे विचार करके छोड़ना चाहिये ऐसे बैलोंके घरमें भी रखने से धन धान्यकी वृद्धि होती है और जिस बैलके पैर मुख और पूंछ यह सब सफेदहों लाखके रसके समान वर्णहो ऐसे बैलको नीलवृषभ कहते हैं यह नीलवृषभ छोड़देनाही चाहिये घरमें नहीं रखनाचाहिये क्योंकि इस नीलवृषभकी ऐसी गाथाप्रसिद्ध चलीआती है कि बहुतसे पुत्रोंमें जो एकभी पुत्रगयाजी कोजाताहै और गौरीसंज्ञक कन्याको विवाहता है अथवा नीलवृषभको छोड़ताहै वह धन्य है ३३।४१ हेराजा घरमें उत्पन्नहुए अथवा खरीदे हुए बैलोंके इसप्रकारके लक्षण कहे हैं इन उक्त लक्षणोंवाले बैलका छोड़नेवाला महात्मा पुरुष मृत्युका कभी शोचनकरे वहअवश्य मोक्षको प्राप्तहोजाताहै ४२॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषडधिकद्विशततमोऽध्यायः २०६॥

सूतजी बोले कि राजाको पतिव्रता स्त्रियोंका देश पूछना चाहिये और उन स्त्रियोंकी कथाभी सुनना चाहिये १ मनुजी पूछते हैं कि पतिव्रता स्त्रियोंमें कौनसी स्त्री उत्तम है किस स्त्रीने मृत्युको वशमें किया है कौनसी स्त्रीका मनुष्योंको सदैव नाम कीर्त्तन करना चाहिये ऐसे सर्व पापोंके नाश करनेवाले वृत्तान्तको आप सुनाइये २ मत्स्यजी बोले कि धर्मराज भी अपनी पतिव्रता स्त्रियोंके विपरीतकोई कामनहीं करते क्योंकि धर्मराजकोभी पतिव्रता स्त्रीपूजने के योग्य हैं ३ अब मैंभी तेरे आगे वह पापोंकी नाशकरने वाली कथा कहताहूं जैसे किस्त्रीने मृत्युके पाशसे अपने भर्त्ताको छुटा याहै ४ मद्रदेशमें एक शाकलनाम राजाहोताभया वह राजपुत्र की इच्छाकरके ब्राह्मणों की आज्ञा

आराधयतिसावित्रीं लक्षितोऽसौद्विजोत्तमैः। सिद्धार्थकैर्हूयमानां सावित्रींप्रत्यहंद्विजैः ६
शतसंख्यैश्चतुर्थ्यान्तु दशमासागतेदिने। कालेतुदर्शयामास स्वान्तनुंमनुजेश्वरम् ७
(सावित्र्युवाच) राजन्! भक्तोऽसिमेनित्यं दास्यामित्वांसुतांसदा। तांदत्तांमत्प्रसादेन
पुत्रींप्राप्स्यसिशोभनाम् ८ एतावदुक्त्वासाराज्ञः प्रणतस्यैवपार्थिव!। जगामादर्शनंदेवी
यथावैनृप! चञ्चला ९ मालतीनामतस्यासीद्राज्ञःपत्नीपतिव्रता। सुषुवेतनयांकाले सा
वित्रीमिवरूपतः १० सावित्र्याहुतयादत्ता तद्रूपसदृशीतथा। सावित्रीचभवत्वेषा जगा
दनृपतिर्द्विजान् ११ कालेनयौवनंप्राप्ता ददौसत्यवतेपिता। नारदस्तुततःप्राह राजानं
दीप्ततेजसम् १२ संवत्सरेणक्षीणायुर्भविष्यतिनृपात्मजः। सकृत्कन्याःप्रदीयन्ते चिन्त
यित्वानराधिपः १३ तथापिप्रददौकन्यांद्युमत्सेनात्मजेशुभे। सावित्र्यपिचभर्तारमासा
द्यनृपमन्दिरे १४ नारदस्यतुवाक्येन दूयमानेनचेतसा। शुश्रूषांपरमांचक्रे भर्तृश्वशुर
योर्वने १५ राज्याद्भ्रष्टःसभार्यस्तु नष्टचक्षुर्नराधिपः। नतुतोषसमासाद्य राजपुत्रीतथा
स्नुषाम् १६ चतुर्थेऽहनिमर्त्तव्यं तथासत्यवताद्विजाः!। श्वशुरेणाभ्यनुज्ञाता तदाराज
सुतापिसा १७ चक्रेत्रिरात्रंधर्मज्ञा प्राप्तेतस्मिंस्तदादिने। चारुपुष्पफलाहारः सत्यवांस्तु
ययौवनम् १८ श्वशुरेणाभ्यनुज्ञाता याचनाभङ्गभीरुणा। सावित्र्यपिजगामार्ता सहभ

लेकर सावित्री देवीको पूजनेलगा प्रतिचतुर्थीको दशमहीनों तक ब्राह्मणोंके द्वारा अग्निमें सरसोंसे हवन करवाताभया तब प्रसन्नहुई सावित्री राजाको अपनादर्शन देतीभयी ६। ७ और यह वचन बोली कि हे राजा तुममेरे भक्तहो मैं तुमको पुत्रीदूंगी मेरीदीहुई पुत्री तुमको प्राप्तहोगी यह कहकर वह सावित्री देवी अन्तर्द्धानहोगई इसकेपीछे मालती नाम उस राजाकी पतिव्रतास्त्री सावित्रीकेही समान उत्तम रूपवाली कन्याको जनतीभई तब वहराजा ब्राह्मणोंसे कहनेलगाकि सावित्रीके हवन करनेसे सावित्री कीदीहुई यहकन्याप्राप्तहुई है इसहेतुसे इसकानामभी सावित्री होनाचाहिये८।११ तदनन्तर वह कन्यातरुणहुई तब उसकी सगाई वाग्दानके द्वारा राजासत्यवान् से करदेताभया उस समय नारदमुनिने आकर उसकन्याके पितासे कहाकि हे राजा जिसकोतैंने कन्या देनाविचारा है वहराजासत्यवान् तो एकही वर्षमें मरजायगा उसकी आयुक्षीण होगईहै यह सुनकर राजाने यह विचारकियाकि कन्यातो वचन करके मैं एक केही निमित्त देचुकाहूं अबदूसरी बातनहीं करूंगा इस विचारको दृढ़करके उसी द्युमत्सेनके पुत्र सत्यवान् कोही अपनी पुत्री देदेता भया तब वह सावित्री भी उसी पतिको प्राप्त तो होगईपरन्तु नारदके वचन से महादुःखित होकर चिन्ता करनेलगी और अपने स्वामी और सासुसुरकी चित्तसे सेवाकरनेलगी परन्तु अपने राज्यसे भ्रष्टहुआ नेत्रोंसेअन्धा वह उसका सुसरा राजाकी पुत्री सावित्रीको प्राप्तहोकर विशेषप्रसन्न नहींहुआ १२।१६ इसके अनन्तर उसके भर्त्तासत्यवान्के मरनेको, केवलचार दिनबाकी रहगये तब अपने सुसरकी आज्ञालेकर वह सावित्री तीन रात्रिका व्रतकरतीभई फिर जबवह उसका चौथादिवस प्राप्तहुआ तब सत्यवान् राजा सुन्दर पुष्प और फलाहार ग्रहण करने के लिये वनमें जाताभया तब वह सावित्री भी

श्रीमहद्भूलम् १६ चेतसाहूयमानेन गूहमानामहद्भयम्। वनेपप्रच्छभर्तारं द्रुमांश्चाप्यद्द शांस्तथा २० आश्वासयामाससराजपुत्रीं कान्तांवनेपद्मविशालनेत्राम्। सन्दर्शनेनाथ द्रुमद्विजानान्तथामृगाणांविपिनेनृवीरः २१॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणे सप्ताधिकद्विशततमोऽध्यायः २०७॥

(सत्यवानुवाच) वनेऽस्मिन्शाद्वलाकीर्णे सहकारंमनोहरन्। नेत्रघ्राणसुखंपश्य वसन्तंरतिवर्द्धनम् १ वनेऽप्यशोकंदृष्टनं रागवन्तंसुपुष्पितम्। वसन्तोहसतीवायं भामे वायतलोचने २ दक्षिणेदक्षिणेनैतां पश्यरम्यांवनस्थलीम्। पुष्पितैःकिंशुकैर्युक्तां ज्वलितानलसप्रभैः ३ सुगन्धिकुसुमामोदो वनराजिविनिर्गतः। करोतिवायुर्दाक्षिण्यमावयोः क्लमनाशनम् ४ पश्चिमेनविशालाक्षि! कर्णिकारैःसुपुष्पितैः। काञ्चनेनविभात्येषा वन राजीमनोरमा ५ अतिमुक्तलताजाल रुद्धमार्गावनस्थली। रम्यासाचारुसर्वाङ्गी कुसुमोत्करभूषणा ६ मधुमत्तालिझङ्कार व्याजेनवरवर्णिनी। चापाकृष्टिंकरोतीव कामःपान्थेजिघांसया ७ फलास्वादलसद्वक्त्र पुंस्कोकिलविनादिता। विभातिचारुतिलका त्वमिवेषावनस्थली ८ कोकिलश्चूतशिखरे मञ्जरीरेणुपिञ्जरः। गदितैर्व्यक्तनांयाति कुलीनश्चेष्टितैरिव ६ पुष्परेणुविलिप्ताङ्गीं प्रियामनुसरिद्वने। कुसुमंकुसुमंयाति कूजन्कामीशिलीमुखः १० मञ्जरीसहकारस्य कान्तावक्त्राग्रपीडिताम्। स्वदतेबहुपुष्पेऽपि पुं

अपने सुसरकी आज्ञालेकर पतिके साथही उस महावनमें जातीभई वहां वनमें दुःखितहुए चित्त करके पतिकी मृत्युके महान् भयकोरोकती हुई वह सावित्री अपने पतिसे वृक्षोंको पूछती भई तब वह उसकापति वनमें दुःखितहुई उस अपनी स्त्रीको वनके श्रेष्ठ वृक्षपक्षी और मृगादिकोंको दिखाकर धैर्य्य करवाताभया १७। २१॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्ताधिकद्विशततमोऽध्यायः २०७॥

(मनुरुवाच)स्वप्नाख्यानंकथंदेव! गमनेप्रत्युपस्थिते। दृश्यन्तेविविधाकाराः कथन्तेषांफलंभवेत् १ (मत्स्य उवाच) इदानींकथयिष्यामि निमित्तंस्वप्नदर्शने। नाभिंविनान्यगात्रेषु तृणवृक्षसमुद्भवः २ चूर्णनंमूर्ध्निकांस्यानां मुण्डनंनग्नतातथा। मलिनाम्बरधारित्वमभ्यङ्गः पङ्कदिग्धता ३ उच्चात्प्रपतनञ्चैव दोलारोहणमेवच। अर्जनंपक्वलोहानां हयानामपिमारणम् ४ रक्तपुष्पद्रुमाणाञ्च मण्डलस्यतथैवच। वराहर्क्षखरोष्ट्राणां तथाचारोहणक्रिया ५ भक्षणंपक्वमांसानां तैलस्यकृसरस्यच। नर्तनंहसनञ्चैव विवाहोगीतमेवच६ तन्त्रीवाद्यविहीनानां वाद्यानामभिवादनम्। स्रोतोऽवगाहगमनं स्नानंगोमयवारिणा ७ पङ्कोदकेनचतथा महीतोयेनचाप्यथ। मातुःप्रवेशोजठरे चितारोहणमेवच ८ शक्रध्वजाभिपतनं पतनंशशिसूर्ययोः। दिव्यान्तरिक्षभौमानामुत्पातानाञ्चदर्शनम् ९ देवद्विजातिभूपाल गुरूणांक्रोधएवच। आलिङ्गनंकुमारीणां पुरुषाणाञ्चमैथुनम् १० हानिश्चैवस्वगात्राणां विरेकवमनक्रिया। दक्षिणाशाभिगमनं व्याधिनाभिभवस्तथा ११ फलापहानिश्चतथा पुष्पहानिस्तथैवच। गृहाणाञ्चैवपातश्चगृहसम्मार्जनन्तथा १२ क्रीडापिशाचक्रव्यादवानरर्क्षनरैरपि। परादभिभवश्चैव तस्माच्चव्यसनोद्भवः १३ काषायवस्त्रधारित्वं तद्वत्स्त्रीक्रीडनन्तथा। स्नेहपानावगाहौच रक्तमाल्यानुलेपनम् १४ एवमादीनिचान्यानिदुःस्वप्नानिविनिर्दिशेत्। एषांसङ्कथनंधन्यं भूयःप्रस्वापनन्तथा १५ कल्कस्नानन्ति

मनुजी ने पूछा--हे देव जब राजा शत्रुके सन्मुख गमन करनेका विचार करे उस समय राजाको अनेक स्वप्न दीखें उनका कैसा२ फल होताहै यह आप वर्णन कीजिये १ मत्स्यजी ने कहा--अबतुम स्वप्न दर्शन के जो फलहैं उनको मुझसे चित्त लगाकर सुनो--जब स्वप्न में नाभिके विना शरीर के अन्य भाग में तृण वृक्षादि जमेहुए देखे--मस्तक के ऊपर कांशी का चूर्ण पड़ा हुआ देखे--मुंडन हुआ अपना शिर देखे--शरीर नंगा दीखे २। ३ ऊंचेसे गिरपड़े--डोलीमें बैठे--लोहेका संचय करे--घोड़ों को मरा हुआदेखे--लाल पुष्प--लालवृक्ष--लाल मंडल--वराह, रीछ--गधा और ऊंट इन्होंकी सवारी करे--पके हुए मांसका- तेलका और खिचड़ीका भोजन करे--नृत्य और हास्यदेखे और विवाहउत्सव गीतादि देखे ४। ६ बीन और सितारके विना अन्य बाजे बजते हुए देखे--नदीके स्रोत में गोता मारे--गोबर लगाकर स्नान करे--कीचड़के बुरेजलसे स्नान करे--माता के उदरमें प्रवेश हुआ दीखे अथवा अपने को चिन्ता युक्तदेखे--७। ८ इन्द्रकी ध्वजा का गिरना--सूर्य्य- चन्द्रमाका गिरना दिव्य अन्तरिक्ष--और भौम इत्यादि अनेक उत्पात देखे ९ देवता--द्विज राजा और गुरु इनसबको क्रोधित हुए देखे--कन्याओं के साथ आलिंगन करे--पुरुषों का मैथुन होता हुआ देखे--अपने किसी शरीरको हीन देखे--वमन और विरेचन अर्थात् जुलाब लगा हुआ देखे--दक्षिण दिशामें गमन करे १०। ११ व्याधि से दुखित हुआ अपनेको देखे--फलों की और पुष्पों की हानिको देखे--घरोंका गिरना और घरोंमें बुहारी लगना देखे--पिशाच--भूत--वानर--रीछ और मनुष्य इन सबके साथक्रीड़ा करना--शत्रुसे तिरस्कार होना--स्नेह पानकरना तेलही से स्नान करना लालपुष्पों का धारणकरना

लैर्होमो ब्राह्मणानाञ्चपूजनम्। स्तुतिश्चवासुदेवस्य तथातस्यैवपूजनम् १६ नागेन्द्रमो
क्षश्रवणं ज्ञेयंदुःस्वप्ननाशनम्। स्वमास्तुप्रथमेयामे संवत्सरविपाकिनः १७ षड्भिर्मा
सैर्द्वितीयेतु त्रिभिर्मासैस्तृतीयके। चतुर्थेमासमात्रेण पश्यतोनात्रसंशयः १८ अरुणो
दयवेलायां दशाहेनफलम्भवेत्। एकस्यांयदिवारात्रौ शुभंवायदिवाशुभम् १९ पश्चा
द्दृष्टस्तुयस्तत्र तस्यपाकंविनिर्दिशेत्। तस्माच्छोभनकेस्वप्ने पश्चात्स्वप्नोनपश्यति २०
शैलप्रासादनागाश्व वृषभारोहणंहितम्। द्रुमाणांश्वेतपुष्पाणां गमनेचतथाद्विज! २१
द्रुमतृणोद्भवोनाभौ तथैवबहुबाहुता। तथैवबहुशीर्षत्वं फलितोद्भवएवच २२ सुशुक्लमा
ल्यधारित्वं सुशुक्लाम्बरधारिता। चन्द्रार्कताराग्रहणं परिमार्जनमेवच २३ शक्रध्वजालि
ङ्गनश्च तदुच्छ्रायक्रियातथा। भूम्यम्बुधीनांग्रसनं शत्रूणाञ्चवधक्रिया २४ जयोविवादे
द्यूतेच संग्रामेचतथाद्विज!। भक्षणञ्चार्द्रमांसानां मत्स्यानांपायसस्यच २५ दर्शनं
रुधिरस्यापि स्नानंवारुधिरेणच। सुरारुधिरमद्यानां पानंक्षीरस्यचाथवा २६ अन्त्रै
र्वावेष्टनंभूमौ निर्मलंगगनंतथा। मुखेनदोहनंशस्तं महिषीणांतथागवाम् २७ सिंहीनां
हस्तिनीनाञ्च वडवानांतथैवच। प्रसादोदेवविप्रेभ्यो गुरुभ्यश्चतथाशुभः २८ अम्भ
सात्वभिषेकस्तु गवांशृङ्गाश्रितेनवा। चन्द्राद्भ्रष्टेनवाराजन्! ज्ञेयोराज्यप्रदोहिसः २९

इत्यादिक स्वप्नों का दर्शन होवे तो दुःख होताहै–इनबुरे स्वप्नों को दूसरे के आगे कहके फिर सो जाना अच्छा होताहै १२। १५ पिट्ठी लगाकर स्नान करना–तिलों से हवन करना–ब्राह्मणों का पूजनकरना विष्णु भगवान्‌की स्तुति करना और पूजन करना और गजेन्द्र मोक्ष की कथा सुनना–इन सबों के करने से बुरे स्वप्न का फल नहीं होताहै रात्रिके प्रथम प्रहरमें स्वप्न देखे तो वर्ष दिन के पहलेही महीने में फल होताहै–दूसरे प्रहरमें देखेतो छः महीनोंके भीतर फल होताहै तीसरे प्रहरमें स्वप्नदेखे तो तीन महीनों के भीतर फल होताहै और जो चौथे प्रहरमें स्वप्न देखेतो निस्सन्देह एकही महीने के भीतर फल होताहै १६। १८ सूर्योदय के समय पलिवादल होनेपर जो स्वप्न देखे तो दशदिनके भीतर फल होताहै–और एक दिन अथवा रात्रि में दोवार स्वप्न देखे तो पिछले स्वप्नका शुभाशुभ फल होताहै इस हेतुसे जो उत्तम स्वप्न दीख जावे तो फिर न सोवे जगताही रहे १९। २० और जोस्वप्नमें पर्वत–महल—घोड़ा और बैल इनके ऊपर चढ़े तो श्रेष्ठ है–स्वप्न में श्वेत पुष्पों वाले वृक्षपर चढ़े तो अच्छाहै २१ अपनी नाभिमें वृक्ष अथवा किसी प्रकारका तृणजमाहुआ देखे बहुतसी भुजा देखे–बहुतसे शिर देखे–फलों की उत्पत्ति देखे–श्वेत पुष्प और श्वेत वस्त्रों को धारण किये देखे–चन्द्रमा सूर्य्य और ताराग्रह इन्हों की शुद्धि करे–इन्द्र धनुपको पकड़े–पृथ्वी और समुद्र को अपने वशमें कियाहुआ देखे–शत्रुओं को मारे–विवाद जुवा और युद्ध में जीते गीले मांस–मछली–और खीर इनसबका भोजन करे रुधिर देखे–रुधिरसे स्नान करेमदिरा रुधिर और दूध इनकोपिये, आँतोंकरके लिपटाहुआ दीखे, आकाशको निर्मलदेखे सिंहिनी, हस्तिनी, और घोड़ी इनको प्रसन्नहुआदेखे- देवता, ब्राह्मण, और गुरू इन्होंकी प्रीतिदेखे, जलकरके अपना

राज्याभिषेकश्चतथाच्छेदनंशिरसस्तथा। मरणंवह्निदाहश्च वह्निदाहोगृहादिषु ३० ल
ब्धिश्चराज्यलिङ्गानां तन्त्रीवाद्याभिवादनम्। तथोदकानांतरणं तथाविषमलङ्घनम्
३१ हस्तिनीवडवानाञ्च गवाञ्चप्रसवोगृहे। आरोहणमथाश्वानां रोदनञ्चतथाशुभ
म् ३२ वरस्त्रीणांतथालाभस्तथालिङ्गनमेवच। निगडैर्बन्धनंधन्यं तथाविष्ठानुलेपनम्
३३ जीवितांभूमिपालानां सुहृदामपिदर्शनम्। दर्शनंदेवतानाञ्च विमलानांतथाम्भसा
न् ३४ शुभान्यथैतानिनरस्तुदृष्ट्वा प्राप्नोत्ययत्नाद्ध्रुवमर्थलाभम्। स्वप्नानिवैधर्मभृतांव
रिष्ठ! व्याधेर्विमोक्षञ्चतथातुरोऽपि ३५॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे एकचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४१॥

(मनुरुवाच) गमनंप्रतिराज्ञान्तु संमुखादर्शनेचकिम्। प्रशस्तांश्चैवसम्भाष्य स
र्वानेतांश्चकीर्तय १ (मत्स्यउवाच) औषधानित्वयुक्तानि धान्यंकृष्णञ्चयद्भवेत्। कार्पा
सश्चतृणंराजन्! शुष्कंगोमयमेवच २ इन्धनञ्चतथाङ्गारं गुडंतैलंतथाऽशुभम्। अ
भ्यक्तंमलिनंमुण्डन्तथानग्नञ्चमानवम् ३ मुक्तकेशंरुजार्तञ्च काषायाम्बरधारिणम्।
उन्मत्तकन्तथासत्वं दीनञ्चाथनपुंसकम् ४ अयःपङ्कस्तथाचर्म केशबन्धनमेवच। तथे
वोद्धृतसाराणि पिण्याकादीनियानिच ५ चण्डालश्वपचाश्चैव राजबन्धनपालकाः। व
धकाःपापकर्माणो गर्भिणीस्त्रीतथैवच ६ तुषभस्मकपालास्थिभिन्नभाण्डानियानिच। र
क्तानिचैवभाण्डानि मृतंशार्ङ्गिकमेवच ७ एवमादीनिचान्यानि अप्रशस्तान्यभिदर्शने।

अभिषेकदेखे, गौओंके सींगके आश्रय होवे अथवा गिरेहुए चन्द्रमाके आश्रय होवे यह सब स्वप्न श्रेष्ठहैं राज्यके देने वालेहैं २२। २९ राज्य तिलक होताहुआ देखे, अपना शिरकटा देखे, मरनादेखे, घरमें वा अपने शरीरमें अग्नि लगीदेखे ३० राज्यके चिह्नोंकी प्राप्तिदेखे, वीन औरसितारको बजता देखे जलमेंतिरे, विषम स्थानको लांघे, हस्तिनी, घोड़ी और गौ इन्होंको अपनेघरमें व्याईहुई देखे, घोड़ेपैचढ़े रोवे, यह सब स्वप्नभी शुभहैं ३१। ३२ सुन्दर स्त्रियोंका लाभहोवे, सुन्दर स्त्रियोंसे आ- लिंगनकरे, वेड़ियोंसेवंधे, विष्ठामें लिप्तदेखे, यह सबभी शुभहैं, जीवतेहुए राजाओंका अथवा मित्र जनोंका समागमहोवे, देवता और स्वच्छजलोंका दर्शनहोवे ३३। ३४ इनसब शुभ स्वप्नोंका देखनेवाला पुरुष शीघ्रही द्रव्यकी प्राप्ति करताहै और इन स्वप्नोंको रोगी पुरुष देखे तो रोगसे रहितहोजावे ३५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४१॥

मनुजी बोले जब राजाकी यात्राहोतीहो उससमय कौनसे शकुन सन्मुख होतेहुए उत्तमहोतेहैं इसकोभी आप वर्णनकीजिये १ मत्स्यजी बोले हे राजन् अयोग्य औषधी, कालेधान्य, कपास, तृण, सूखा गोबर, इन्धन, अंगार, गुड़, तेलमलेहुए मलिन पुरुष मूंड़ मुड़ायेहुए नंगा मनुष्य, खुलेबालों वाला, रोगसे पीड़ित, रंगेहुए वस्त्र धारण करने वालासाधु, उन्मत्त, नपुंसक, लोहा, कीचड़, चमड़ा, केशबंध, खला आदिक असार वस्तु, व्याधपुरुष, पापीपुरुष, गर्भिणी स्त्री, तुष, भस्म, कपाल, फूटे हुए पात्र, लालपात्र, मृतक इत्यादिक वस्तु जो राजाके यात्राके समय सन्मुख आवें तो अशुभफल

अशस्तोवाह्यशब्दश्च भिन्नभैरवजर्जरः ८ पुरतःशब्दएहीति शस्यतेनतुपृष्ठतः। गच्छे तिपश्चाद्धर्मज्ञ! पुरस्तात्तुविगर्हितः ९ क्यासितिष्ठमागच्छ किन्तेतत्रगतस्यतु। अन्ये शब्दाश्चयेनिष्टास्ते विपत्तिकराअपि १० ध्वजादिषुतथास्थानं क्रव्यादानांविगर्हितम्। स्खलनंवाहनानाञ्च वस्त्रसङ्गस्तथैवच ११ निर्गतस्यतुद्वारादौ शिरसश्चाभिघातिता। छत्रध्वजानांवस्त्राणां पतनञ्चतथाऽशुभम् १२ दृष्टेनिमित्तेप्रथममङ्गल्यविनाशनम्। केशवंपूजयेद्विद्वान् स्तवेनमधुसूदनम् १३ द्वितीयेतुततोदृष्टे प्रतीपेप्रविशेद्गृहम्। अथे ष्टानिप्रवक्ष्यामि मङ्गल्यानितथानघ! १४ श्वेताःसुमनसःश्रेष्ठाः पूर्णकुम्भास्तथैवच। ज लजाःपक्षिणश्चैव मांसंमत्स्याश्चपार्थिव! १५ गावस्तुरङ्गमानागा बद्धएकःपशुस्त्वजः। त्रिदशाःसुहृदोविप्रा ज्वलितश्चहुताशनः १६ गणिकाचमहाभाग! दूर्वाचार्द्रञ्चगोमय म्। रुक्मरूप्यन्तथाताम्रं सर्वरत्नानिचाप्यथ १७ औषधानिचधर्मज्ञ! यवाःसिद्धार्थका स्तथा। नृवाह्यमानंयानञ्च भद्रपीठन्तथैवच १८ खड्गंछत्रंपताकाच मृदश्चायुधमेव च। राजलिङ्गानिसर्वाणि सर्वेरुदितवर्जिताः १९ घृतंदधिपयश्चैव फलानिविविधानि च। स्वस्तिकंवर्द्धमानञ्च नन्द्यावर्तंसकौस्तुभम् २० वादित्राणांमुखःशब्दः गम्भीरःसु मनोहरः। गान्धारषड्जऋषभा येचशस्तारतथास्वराः २१ वायुःसशर्करोरूक्षः सर्वत्र समुपस्थितः। प्रतिलोमस्तथानीचो विज्ञेयोभयकृद्द्विज! २२ अनुकूलोमृदुःस्निग्धः सु

होताहै और बुरेस्वरवाला बाहरका शब्द होवे वहभी अशुभहै, आगे चलाआ ऐसाशब्द सुनाजाय तो श्रेष्ठ है यही शब्द जो पीछेकी ओरको होवे तोअशुभहै परन्तु पीछेसे कोई कहे कि चलाजा यह शुभ है फिर यही शब्द आगे होय तो अशुभहै ८।९ कहाँ जाताहै ठहरजा मतजाओ वहाँ जाकर क्याहोगा ऐसेसबशब्द गमन समयमें विपत्ति करनेवाले कहे हैं १० ध्वजा आदिकोंपर चील्ह आदिक पक्षी बैठ जावें तो अशुभद्योतकहैं, वाहनोंकागिरना, वस्त्रोंका संगहोना, द्वारमेंसे निकसते समय शिरमें चोटलगे छत्र, ध्वजा और वस्त्र गिरपड़े, यह संपूर्ण लक्षण गमनसमयमें अच्छे नहींकहे हैं ११।१२ प्रथम बुरा शकुन होजाय तो स्वस्ति वचन कहके विष्णुभगवान्का पूजनकरे और स्तुतिकरे और गमन समय पर दूसराभी अशुभ शकुन होजावे तो अपने घरमें चलाआवे, अब उत्तम शकुनोंको कहते हैं १३।१४ श्वेत पुष्पोंका दर्शन होना श्रेष्ठहै, पूर्णकुम्भोंका देखना श्रेष्ठहै, जलमें होनेवाले जीव, पक्षी, मांस, मत्स्य, गौ, घोड़े, हाथी, एकपशु, बकरा, देवता, मित्र, ब्राह्मण, और जलती हुई अग्नि इनसब वस्तु- ओंका देखना शुभहै वेश्या, गीला गोबर, सोना, चांदी, तांबा, सबरत्न, सब औषधि, जौ, सरसों, मनु- ष्योंकी सवारी, भद्रपीठ, खड्ग, छत्र, पताका, मृत्तिका, शस्त्र, राजाके सब चिह्न, रोने से रहितजीव- घृत, दही, दूध अनेक प्रकारके फल, नदीका अच्छा आवर्त्त, कौस्तुभमणि, बाजोंका मनोहर शब्द, गंभीर मनोहर शब्द, गान्धार, षड्ज और ऋषभ, इनस्वरोंका सुनना, यहसब लक्षण राजाके गमन समयमें अच्छे होते हैं, १५।२१ और धूल युक्त रूक्ष वायु जो चलताहो तो महाअशुभ भयकारी श- कुन है, क्योंकि शरीरका दुःख देनेवाला नीच वायु अशुभ कहाहै।२२ और अनुकूल, सरल, स्निग्ध

खस्पर्शःसुखावहः। रूक्षारूक्षस्वराभद्राः क्रव्यादाःपरिगच्छताम् २३ मेघाःशस्ताघनाः स्निग्धाः गजबृंहितसन्निभाः। अनुलोमास्तडिच्छन्नाः शक्रचापन्तथैवच २४ अप्रशस्ते तथाज्ञेये परिवेषप्रवर्षणे। अनुलोमाग्रहाःशस्ताः वाक्पतिस्तुविशेषतः २५ आस्तिक्यं श्रद्दधानत्वं तथापूज्याभिपूजनम्। शस्तान्येतानिधर्मज्ञ! यच्चस्यान्मनसःप्रियम् २६ मनसस्तुष्टिरेवात्र परमंजयलक्षणम्। एकतःसर्वलिङ्गानि मनसस्तुष्टिरेकतः २७ मनोत्सुकत्वंमनसःप्रहर्षः शुभस्यलाभोविजयप्रवादः। मङ्गल्यलब्धिःश्रवणञ्चराजन्! ज्ञेयानि नित्यंविजयावहानि २८॥

इति श्रीमत्स्यपुराणे द्विचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४२॥

(ऋषय ऊचुः) राजधर्मस्त्वयासूत! कथितोविस्तरेणतु। तथैवाद्भुतमङ्गल्यं स्वप्नदर्शनमेवच १ विष्णोरिदानींमाहात्म्यं पुनर्वक्तुमिहार्हसि। कथंसवामनोभूत्वा बबन्ध बलिदानवम् २ क्रमतःकीदृशंरूपमासीलोकत्रयेहरेः। (सूतउवाच) एतदेवपुराऽपृष्टः कुरुक्षेत्रेतपोधनः ३ शौनकस्तीर्थयात्रायां वामनायतनेपुरा। यदासमयमेदित्वं द्रौपद्याः पार्थिवंप्रति ४ अर्जुनेनकृतन्तत्र तीर्थयात्रांतदाययौ। धर्मक्षेत्रेकुरुक्षेत्रे वामनायतने स्थितः ५ दृष्ट्वासवामनस्तत्र अर्जुनोवाक्यमब्रवीत्। (अर्जुनउवाच) किन्निमित्तमयंदेवो वामनाकृतिरिज्यते ६ वराहरूपीभगवान् कस्मात्पूज्योऽभवत्पुरा। कस्माच्चवामनस्ये

सुखदायी स्पर्श करनेवाला ऐसा वायु सुखकारी कहाहै और चील्ह आदिपक्षी अनेक प्रकारके शब्द करते होंय तो उत्तम शकुनहै, हाथियोंके आकारके समान बहुतसे चिकने २ बादल होरहेहों मधुर २ गर्जते भी हों और इन्द्रधनुष दीखे तो बहुतउत्तमशकुन है २३।२४ सूर्य्यमंडलके दर्शनहोवें तो अशुभ शकुनहै, गमन समयमें ग्रहोंकी अनुकूलता होवे विशेषकरके बृहस्पति अनुकूल होवें, आस्तिकपना श्रद्धायुक्त होना, पूज्य पुरुषोंका पूजनकरना और मनकी प्रिय वस्तुका दर्शन होना, यह सब वस्तु गमन समयमें शुभ कही हैं २५। २६ राजाको गमन समयमें मनकी प्रसन्नताका होना परम विजय होनेका लक्षण कहाहै, औरसब शकुन समेत लक्षण एक ओरहैं और मनकी प्रसन्नता एकओर है २७ जिस राजाके मनमें उत्साहपूर्वक हर्षहो उसकी अवश्य विजय होती है और जो गमन समय में मंगलकारी शब्दोंको सुनताहै उसकी भी निश्चय विजय होती है २८॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४२॥

ऋषियोंने पूछा कि हेसूतजी आपने राजाओंके धर्म तो विशेष करके वर्णनकिये और उत्पातोंकी अशुभता समेत स्वप्नके दर्शन फलभी वर्णन किये १ अबहमको विष्णुभगवान्‌के माहात्म्यको सुनाइये उन विष्णुभगवान्‌ने वामन रूपधारण करके दैत्योंके राजा बलिको कैसे बांधा २ और पृथ्वीमापनेके समय अपनेरूपको त्रिलोकीमें कैसे फैलाया-सूतजीबोले-हे ऋषिवर्य्यलोगो इसीप्रश्नको पूर्वकाल तीर्थयात्रामें विचरतेहुए अर्जुननेभी शौनकजीसे पूछाथा अर्थात् द्रौपदीको स्वयंवरसे जीतकर समयके भेदसे तीर्थयात्रामें विचरतेहुए अर्जुनने वामनजीकी मूर्त्ति देखकर कुरुक्षेत्रमें शौनकजीसे यह प्रश्न

द् मिष्टंक्षेत्रमजायत ७ (शौनकउवाच) वामनस्यचवक्ष्यामि वराहस्यच धीमतः। पुत्रा
निवारितेशक्रे सुरेषुविजितेषुच ८ चिन्तयामासदेवानां जननीपुनरुद्भवम्। अदितिर्देव
माताच परमंदुश्चरंतपः ९ तीव्रञ्चचारवर्षाणां सहस्रंपृथिवीपते!। आराधनायकृष्ण
स्य वाताहाराह्यभोजना १० दैत्यैर्निराकृतान्दृष्ट्वा तनयान्कुरुनन्दन!। वृथापुत्राहमस्मी
ति निर्वेदात्प्रणताहरिम् ११ तुष्टाववाग्भिरिष्टाभिः परमार्थनिबोधनैः। देवदेवंहृषीकेशं
नत्वासर्वगतंहरिम् १२ (अदितिरुवाच) नमःस्मृतार्तिनाशाय नमःपुष्करमालिने।
नमःपरमकल्याण कल्याणायादिवेधसे १३ नमःपङ्कजनेत्राय नमःपङ्कजनाभये। श्रियः
कान्तायदान्ताय दान्तदृश्यायचक्रिणे १४ नमःपङ्कजसम्भूति सम्भवायात्मयोनये। नमः
शङ्खासिहस्ताय नमःकनकरेतसे १५ तथात्मज्ञातविज्ञात योगिचिन्त्यात्मयोगिने। नि
र्गुणायाविशेषाय हरयेब्रह्मरूपिणे १६ जगत्प्रतिष्ठितंयत्र जगतायोनदृश्यते। नमःस्थू
लातिसूक्ष्माय तस्मैदेवायशङ्खिने १७ यन्नपश्यन्तिपश्यन्तो जगदप्यखिलन्नराः। अप
श्यद्भिर्जगत्यत्र नदेवोहृदिसंस्थितः १८ यस्मिन्नन्नंपयश्चैव नद्यश्चैवाखिलंजगत्। त
स्मैसमस्तजगता माधारायनमोनमः १९ आद्यःप्रजापतिपतिः यःप्रभूणांपतिःपरः। प
तिःसुराणांयस्तस्मै नमःकृष्णायवेधसे २० यःप्रवृत्तौनिवृत्तौच इज्यतेकर्मभिःस्वकैः। स्व

किया कि यह आकृति वाले देव किसनिमित्त पूजेजातेहैं-प्रथम भगवान्ने वराहरूपको कैसेधारणकिया और यहक्षेत्र वामनजीको कैसे प्रिय होताभया ३।७ शौनकजीने कहा-किमैं वामनजी और वराहजीके माहात्म्यको तुमसे कहताहूं पूर्व्वकालमें जब दैत्योंसे देवताओं समेत इन्द्रहारगया तब देवताओंकीमाता अदिति परम दुश्चर तप करतीभई ८।९ हेराजन् हज़ारवर्षतक तो वायुका आहार करके कृष्णके आराधनमें तीव्रव्रतकरतभिई फिर दैत्योंसे दुःखितहुए पुत्रोंको देखकर यह विचार किया कि मेरे पुत्रवृथा हैं मैं विष्णुभगवान् को प्रणाम करतीहूं ऐसे विचारकर विष्णुभगवान्को उत्तम वाणी और स्तुतियोंसे प्रसन्नकरतीहुई १०।१२ अदिति कहतीभयी कि हे स्मरण करने वालोंके दुःखदूर करनेवाले- कमलोंकी मालाधारण करने वाले परम कल्याणरूप आपके अर्थ नमस्कार है १३ हे पंकजाक्ष पद्मनाभ लक्ष्मीके पति- दान्त- दान्तदृश्य और चक्रधारी आपके अर्थनमस्कारहै १४ कमलों की विभूतिवाले आत्मयोनि- शंख खड्गादि हाथ में रखनेवाले सुवर्णगर्भ आपके अर्थ नमस्कारहै- आत्मज्ञात- योगिजनोंसे विचिन्त्य निर्गुण अविशेष- हरि और ब्रह्मरूप आपके अर्थ नमस्कारहै १५।१६ जिसमें जगत् प्रतिष्ठितहै और वहजगत् जिसको नहीं जानता है ऐसे स्थूल और सूक्ष्म रूपकोमैं नमस्कारकरतीहूं- १७ संपूर्ण मनुष्य जगत्को देखतेहुएभी जिसकोनहीं देखतेहैं जो हृदय में बैठाहुआभी देव अज्ञानियों की दृष्टिमें नहीं आताहै और उसी देवमें अन्न-दूध-नदी और सबजगत् इन सबका वासहोताहै जो सबजगत्का आधारहै ऐसे विष्णुभगवान्के अर्थ नमस्कारहै- जो आद्य प्रजापतिहै सब प्रजाका प्रभु और पतिहै- देवताओंका पति है- कृष्णहै- वेधाहै-ऐसे देवको नमस्कारहै जोप्रवृत्ति समयमें और निवृत्ति मार्गमें सब कर्मोंकरके पूजा जाताहै और स्वर्ग मोक्षका दाताहै

गोपवर्गफलदो नमस्तस्मैगदाभृते २१ यश्चिन्त्यमानोमनसा सद्यःपापंव्यपोहति । न
मस्तस्मैविशुद्धाय परायहरिवेधसे २२ यंबुद्धासर्वभूतानि देवदेवेशमव्ययम् । नपुनर्ज
न्ममरणेप्राप्नुवन्तिनमामितम् २३ योयज्ञेयज्ञपरमै रिज्यतेयज्ञसंज्ञितः । तंयज्ञपुरुषंवि
ष्णुं नमामिप्रभुमीश्वरम् २४ गीयतेसर्ववेदेषु वेदविद्भिर्विदांपतिः । यस्तस्मैवेदवेद्याय
विष्णवेजिष्णवेनमः २५ यतोविश्वंसमुत्पन्नं यस्मिंश्चलयमेष्यति । विश्वागमप्रतिष्ठाय
नमस्तस्मैमहात्मने २६ ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तं येनविश्वमिदंततम् । मायाजालंसमुत्तर्तु
न्तमुपेन्द्रंनमाम्यहम् २७ यस्तुतोयस्वरूपस्थो विभर्त्यखिलमीश्वरः । विश्वंविश्वपतिं
विष्णुन्तं नमामिप्रजापतिम् २८ यमाराध्यविशुद्धेन मनसाकर्मणागिरा । तरन्त्यविद्याम
खिलान्तमुपेन्द्रंनमाम्यहम् २९ विषादतोषरोषाद्यैर्योऽजस्रंसुखदुःखजैः । नृत्यत्यखिल
भूतस्थस्तमुपेन्द्रंनमाम्यहम् ३० मूर्तंतमोसुरमयन्तद्वधात्विनिहन्तियः । रात्रिरूपीसू
र्यरूपी तमुपेन्द्रंनमाम्यहम् ३१ यस्याक्षिणीचन्द्रसूर्यौ सर्वलोकशुभाशुभम् । पश्यतः
कर्मसततंमुपेन्द्रंतंनमाम्यहम् ३२ यस्मिन्सर्वेश्वरेसर्वं सत्यमेतन्मयोदितम् । नानृतंत
मजंविष्णुं नमामिप्रभवाव्ययम् ३३ यद्येतत्सत्यमुक्तं मेभूयांश्चातोजनार्दनः । सत्येनतेन
नसकलाः पूर्यन्तांमेमनोरथाः ३४ (शौनकउवाच) एवंस्तुतः सभगवान् वासुदेवउवा
चताम् । अदृश्यःसर्वभूतानां तस्याःसन्दर्शनेस्थितः ३५ (श्रीभगवानुवाच) मनोरथां

ऐसे विष्णुभगवान्को नमस्कारहै १८।२१ जो मनमें चिन्तवनकरतेही सबपापोंको दूरकरदेताहै ऐसे
विशुद्धपरमहरि वेधारूप विष्णुको नमस्कारहै २२ जिसदेवदेव विष्णुभगवान्को जानकर फिर जन्म
मरणनहीं होताहै उस विष्णुके अर्थ नमस्कारहै २३ जो यज्ञमें यज्ञसंज्ञिक देवपूजाजाता है उसयज्ञ
पुरुष विष्णुभगवान्को नमस्कार करतीहूं २४ जोवेदज्ञपुरुषोंसे सब देवताओंमें गाये जाते हैं ऐसे
वेदज्ञ जिष्णुरूप विष्णुभगवान्को नमस्कारहै- जिससे विश्वउत्पन्नहोताहै और जिसमें यह जगत्
लीनहोताहै ऐसे विश्वरूपी महात्मा विष्णुभगवान्को नमस्कारहै २५। २६ ब्रह्माको आदिले सब
स्थावर जंगम जगत् जिस देवकी मायाके जाल में विस्तृत होरहा है उस उपेन्द्र देवको नमस्कार
है २७ जो जलस्वरूपी भगवान् संपूर्ण जगत् का पालन करताहै उस विश्वपति विष्णु भगवान्
प्रजापतिको नमस्कार है २८ जिसको मनक्रम और वाणी आदिकसे आराधन करने वाले पुरुष
संपूर्ण अविद्याओं से पार उतर जाते हैं उस उपेन्द्र देवको नमस्कार करतीहूं जो विषाद तुष्टि-रोष
आदि प्रकारोंसे संपूर्ण प्राणियों के अन्तःकरणमें नृत्य करते हैं उस उपेन्द्रदेवको नमस्कार करती
हूं २९।३० जो सूर्य्यरूपी देवता दैत्योंकी अंधेरोरूप रात्रिको दूर करता है उनको नमस्कार करती
हूं ३१ चन्द्रमा और सूर्य्यरूपी अपने दोनों नेत्रोंसे जो संसारको देखताहै ऐसे उपेन्द्रजी को नम
स्कारकरतीहूं ३२ जिस विष्णु देवमें मेरा कहाहुआ यह सम्पूर्ण वृत्तान्त सत्यरूपसे स्थितहै तिस
उपेन्द्र देवको नमस्कारहै ३३ जोमैंने यह संपूर्ण स्तुति सत्यकहीहै तोमेरे इस स्तोत्रसे संपूर्ण म
नोरथ सिद्धहोजावे ३४ शौनकजी बोले ऐसे स्तुतिकियेहुए वह विष्णु भगवान् उस अदितिको कहि

स्त्वमदिते! यानिच्छस्यभिवाञ्छितान्। तांस्त्वंप्राप्स्यसिधर्मज्ञे! मत्प्रसादान्नसंशयः ३६ शृणुष्वसुमहाभागे वरोयस्तेहृदिस्थितः। तमाशुव्रियतांकामं श्रेयस्तेसम्भविष्यति। मे दर्शनंहिविफलं नकदाचिद्भविष्यति ३७ (अदितिरुवाच) यदिदेव! प्रसन्नस्त्वं मद्भक्त्याभक्तवत्सल!। त्रैलोक्याधिपतिःपुत्रस्तदस्तुममवासवः ३८ हृतंराज्यंहृताश्चास्य यज्ञभागामहासुरैः। त्वयिप्रसन्नेवरदे तान्प्राप्नोतुसुतोमम ३९ हृतंराज्यंनदुःखाय ममपुत्रस्यकेशव!। सापत्नाद्दायनिर्भ्रंशो बाधांनःकुरुतेहृदि ४० (श्रीभगवानुवाच) कृतःप्रमादोहिमया तवदेवि! यथेप्सितः। स्वांशेनचैवतेगर्भे सम्भविष्यामिकश्यपात् ४१ तव गर्भसमुद्भूतस्ततस्तेयेसुरारयः। तानहंनिहनिष्यामि निवृत्ताभवनन्दिनि! ४२ (अदितिरुवाच) प्रसीददेव! देवेश! नमस्तेविश्वभावन!। नाहंत्वामुदरेदेव! वोढुंशक्ष्यामिकेशव! ४३ यस्मिन्प्रतिष्ठितंविश्वं योविश्वंस्वयमीश्वरः। तमहंनोदरेणत्वां वोढुंशक्ष्यामिदुर्धरम् ४४ (श्रीभगवानुवाच) सत्यमात्थमहाभागे! मयिसर्वमिदंजगत्। प्रतिष्ठितंनमांशक्ता वोढुंसेन्द्रादिवौकसः ४५ किंत्वहंसकलान्लोकान् सदेवासुरमानुषान्। जङ्गमान्स्थावरान्सर्वान् त्वाञ्चदेवि!सकश्यपाम् ४६ धारयिष्यामिभद्रन्ते तदलंसम्भ्रमेणते। नतेग्लानिर्नतेखेदो गर्भस्थेभवितामयि ४७ दाक्षायणि! प्रसादन्ते करोम्यन्यैःसुदुर्लभम्। गर्भस्थेमयिपुत्राणां तवयोऽभिभविष्यति। तेजसस्तस्यहानिश्च करिष्येमाव्यथांकृथाः ४८ (शौनकउवाच) एवमुक्त्वाततःसद्यो यातोऽन्तर्धानमीश्वरः। सापिकालेन

ही दर्शन देतेभये ३५ और अदिति से बोले कि हे धर्मज्ञ अदिति तू अपने विचारेहुए मनोरथोंको निस्संदेह शीघ्रही प्राप्तहोजावेगी ३६ हे महाभागे तेरे हृदयमें जो वर स्थित है उसको शीघ्रही मांग तेरा कल्याण होवेगा मेरा दर्शन कभी निष्फल नहीं होताहै ३७ अदिति बोली हे देवदेव जो आप मेरी भक्तिसे प्रसन्नहुएहो तो यह वर मांगतीहूं कि मेरा पुत्र इन्द्र त्रिलोकीका पतिहो ३८ दैत्योंने उसका राज्य और यज्ञकाभाग सब हरलियाहै सो आपकी कृपासे मेरे पुत्रको यह सब वस्तु प्राप्तहोजावें हे देव राज्य हरे जानेका ऐसा सन्देह नहीं है जैसा कि सौतके पुत्रोंके राज्य होजानेकाहै यह मेरे हृदयमें बड़ा संतापहै ३९। ४० श्रीभगवान् बोले हे देवि मैं प्रसन्न होगयाहूं इसकारण अपने अंशसे कश्यपजीके वीर्यके द्वारा तेरे उदरमें उत्पन्नहूंगा औरतेरे गर्भसे उत्पन्न होकर मैं संपूर्ण दैत्यों कोमारूंगा, यहसुनकर अदिति कहनेलगी हे देवेश आपतो प्रसन्नहैं परन्तु मैं आपको गर्भमें धारण करनेको समर्थनहींहूं आपतो दुर्द्धरहो ४१ यह सुनकर भगवान् बोले हे महाभागे तू सत्य कहतीहै सब जगत् मुझमें स्थितहै मुझको इन्द्रादिक देवताभी नहीं धारण करसक्तेहैं परन्तु लोकों समेत देवता मनुष्य युक्त स्थावर जंगम जगत् और कश्यप सहित तुझको मैंही धारण करूंगा तू भ्रममत करे तेरा कल्याणहोगा जब मैं तेरेगर्भमें आकर स्थितहूंगा तब तुझको कुछभी सन्देहनहोगा ४२।४७ और जब मैं तेरे उदरमें स्थितहूंगा तब जोपुरुष तेरेपुत्रोंका तिरस्कार करेगा उसके तेजकी हानिकरूंगा ४८ शौनकजी कहते हैं कि ऐसा कहकर वह विष्णु भगवान् शीघ्रही अन्तर्द्धान होगये फिर समय

तंगर्भमवापकुरुसत्तम ! ४९ गर्भस्थितेततःकृष्णे चचालसकलाक्षितिः । चकम्पिरेम हाशैलाः क्षोभञ्जग्मुस्तथाब्धयः ५० यतोयतोदितिर्याति ददातिललितंपदम् । ततस्त तःक्षितिःखेदात् ननामवसुधाधिप ! ५१ दैत्यानामथसर्वेषां गर्भस्थेमधुसूदने । बभूवते जसांहानिर्यथोक्तंपरमेष्ठिना ५२ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेत्रिचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४३॥

(शौनकउवाच) निस्तेजसोऽसुरान्दृष्ट्वा समस्तानसुरेश्वरः । प्रह्लादमथपप्रच्छ्ब लिरात्मपितामहम् १ (बलिरुवाच) तात ! निस्तेजसोदैत्या निर्दग्धाइववह्निना । कि मेतेसहसैवाद्य ब्रह्मदण्डहताइव २ दुरिष्टंकिन्नुदैत्यानां किंकृत्यावैरिनिर्मिता । नाशायैषा समुद्भूता ययानिस्तेजसोऽसुराः ३ (शौनकउवाच) इतिदैत्यपतिर्धीरःपृष्टःपौत्रेणपा र्थिव ! । चिरन्ध्यात्वाजगादैनमसुरेन्द्रंबलिन्तदा ४ चलन्तिगिरयोभूमिर्जहातिसहसा धृतिम् । सर्वेसमुद्राःक्षुभिता दैत्यानिस्तेजसःकृताः ५ सूर्योदयेयथापूर्वं तथागच्छन्ति नग्रहाः । देवानाञ्चपरालक्ष्मीःकारणैरनुमीयते ६ महदेतन्महाबाहो ! कारणंदानवेश्वर ! । नह्यल्पमितिमन्तव्यं त्वयाकार्यंसुरार्दन ! ७ (शौनकउवाच) इत्युक्त्वादानवपतिं प्रह्ला दःसोऽसुरोत्तमः । अत्यन्तभक्तोदेवेशं जगाममनसाहरिम् ८ सध्यानयोगंकृत्वाथ प्रह्ला दःसुमनोहरम् । विचारयामासततो यतोदेवजनार्दनः ९ सददर्शोदरेदित्या प्रह्लादोवा

पाकर वह अदितिभी उन विष्णुजीको गर्भमें धारण करतीभई ४९ जब विष्णु भगवान् अदितिके गर्भमें स्थितहोतेभये उससमय संपूर्ण पृथ्वी चलायमान होतीभई सबपर्व्वत काँपनेलगे और सातों समुद्र क्षोभितहुए जहाँ २ अदिति चलतीहुई पैरको टेक देतीथी वहाँ २ की पृथ्वी अदितिको प्रणाम करतीभई और जिस समय अदितिके गर्भमें विष्णु भगवान् प्राप्तहोतेभये उसी समय संपूर्ण दैत्यों के तेजोंकी हानि होजातीभई ५०।५२ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रिचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४३॥

शौनकजी बोले कि इसके पश्चात् बलिदैत्य दानवोंको तेजहत देखकर अपने पितामह प्रह्लाद जीसे पूछताभया १ कि हे तात सबदैत्य अग्नि से जलेहुओंकी समान तेज रहित होगये हैं इसीसे ब्रह्मदंडसे हतहुए के सदृश दिखाईदेते हैं यह क्या बातहै २ क्या ऐसा तेज बिगड़जानेसे दैत्यों का नाश होवेगा ३ शौनकजी कहते हैं कि पौत्रसे पूछाहुआ धैर्य्यवान् प्रह्लाद बहुत देरतक ध्यानक रके अपने पौत्र राजाबलि से यहबात कहताभया ४ कि यह संपूर्ण पृथ्वी चलायमान है पर्व्वत कांपते हैं दैत्य तेज रहित होगये हैं जैसे कि सूर्य्यके उदयमें ग्रहोंका तेज नहीं रहताहै इसीप्रकार दैत्यों का तेज नष्ट होजाने के कारण से देवताओं की परमलक्ष्मी का अनुमान किया जाता है-हे दान वेश्वर अब बड़ाभारी कारण उत्पन्नहुआहै इसको थोड़ासा कारण मतअनुमान करना ५।७ शौनक जी कहते हैं, कि इसप्रकारसे प्रह्लादजी बलिके आगे कहकर अत्यन्त भक्ति पूर्व्वक मनको एकाग्र कर विष्णुभगवान्की शरणमें जातेभये ८ वह प्रह्लादजी सुन्दर मनोहर ध्यान योगके द्वारा जहाँ

मनाकृतिम्। अन्तस्थान्बिभ्रतंसप्त लोकानादिप्रजापतिम् १० तदन्तस्थान्वसून्रु द्रानश्विनौमरुतस्तथा। साध्यान्विश्वांस्तथादित्यान् गन्धर्वोरगराक्षसान् ११ विरोच नंसतनयं बलिञ्चासुरनायकम्। जम्भंकुजम्भंनरकं तत्रैवान्यान्महासुरान् १२ आ त्मानमुर्वीङ्गगनं वायुमम्भोहुताशनम्। समुद्रान्वैद्रुमसरित् सरांसिचपशून्मृगान्। व योमनुष्यानखिलांस्तथैवचसरीसृपान् १३ (प्रह्लादउवाच) वत्सज्ञातंमयासर्वं यद र्थंभवतामियम्। तेजसोहानिरुत्पन्ना तच्छृणुत्वमशेषतः १४ देवदेवोजगद्योनिरयोनि र्ज्जगदादिकृत्। अनादिरादिर्विश्वस्य वरेण्योवरदोहरिः १५ परम्पराणांपरमः परः परवतामपि। प्रमाणञ्चप्रमाणानां सप्तलोकगुरोर्गुरुः १६ प्रभुःप्रभूणांपरमःपराणामना दिमध्योभगवाननन्तः। त्रैलोक्यमंशेनसनाथमेष कर्तुंमहात्मादितिजोऽवतीर्णः १७ नतस्यरुद्रोनचपद्मयोनिर्नेन्द्रोनसूर्य्येन्दुमरीचिमुख्याः। जानन्तिदैत्याधिप! यत्स्वरूपं सवासुदेवःकलयावतीर्णः १८ योऽसौकलांशेननृसिंहरूपी जघानपूर्व्वंम्पितरंममेशः। यःसर्वयोगीशमनोनिवासः सवासुदेवःकलयावतीर्णः १९ यमक्षरंवेदविदोविदित्वा विश न्तियंज्ञानविधूतपापाः। यस्मिन्प्रविष्टानपुनर्भवन्ति तंवासुदेवंप्रणमामिनित्यम् २० भूतान्यशेषाणियतोभवन्ति यथोर्मयस्तोयनिधेरजस्रम्। लयञ्चयस्मिन्प्रलयेप्रयान्तितं वासुदेवंप्रणमाम्यचिन्त्यम् २१ नयस्यरूपंनबलप्रभावौ नयस्यभावःपरमस्यपुंसः। वि

विष्णुभगवान् ये उसी स्थानको चिन्तवन करतेभये ९ अर्थात् वह प्रह्लादजी अदितिके गर्भमें वामन स्वरूपी विष्णुभगवान्को चिन्तवन करतेभये और उस वामन रूपी भगवान्के भीतर सातों लोकों समेत वसु, रुद्र, अश्विनीकुमार, मरुद्गण, साध्यदेवता, विश्वेदेवा, साध्य, आदित्य गन्धर्व उरग, राक्षस, विरोचनदैत्य, बलि, जंभ, कुंभ, नरकासुर आदिक महाअसुरोंको और सप्तसमुद्र, वृक्ष नन्दी पशु, मृग सब मनुष्य, सर्प, बिच्छू आदि जीवोंको भी भगवान् के बीचमें देखताभया १०।१३ प्रह्लादने कहा, हेवत्स जिसकारणसे इन सबदैत्योंके तेजहत होगये हैं वह मैं सब जानताहूं उसको तुम मुझसे सुनो १४ देवदेव जगत्योनि अनादि विश्वकी आदि वरेण्य वरद परमों के भी परम प्रमाणोंके प्रमाण सातों लोकोंकेगुरु प्रभुओंके प्रभु आदि मध्य और अन्तसे रहित त्रिलोकीके नाथ अनन्त रूप श्रीविष्णुभगवान् ने अदितिके सकाशसे अवतार लिया है १५।१७ हेदैत्याधिप जिसके रूपको ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र सूर्य चन्द्रमा और मरीच्यादिक ऋषि यह सब नहीं जानते हैं वह वासुदेव भगवान् आप अपनी कलासे उतरे हैं १८ इसी देवने प्रथम अपनी कलासे नृसिंहरूप होकर मेरे पिताको माराथा यही संपूर्ण योगयुक्त शान्त और सबका निवास होकर अपनी कलासे उतरा है १९ यह अक्षर ब्रह्महै जिसके जाननेवाले वेदवेत्ता पुरुष अपने ज्ञानसे सब पापोंसे छुटकर उसीमें लीन होजाते हैं जिसमें कि प्रवेशहुए पुरुष फिर जन्म नहीं लेते हैं उसी वासुदेवको मैं नित्य प्रणाम करताहूं २० जैसे कि समुद्रमें से तरंगें उत्पन्न होती हैं उसी प्रकार संपूर्ण जगत्के भूतमात्र भी उसीसे उत्पन्न होते हैं जिसमें सब संसार लीन होजाता है उस वासुदेवको प्रणाम

ज्ञायतेशर्वपितामहाद्यैस्तंवासुदेवंप्रणमाम्यजस्रम् २२ रूपस्यचक्षुर्ग्रहणेत्वगिष्टा ! स्प र्शग्रहित्रीरसनारसस्य । श्रोत्रञ्चशब्दग्रहणेनराणां घ्राणञ्चगन्धग्रहणेनियुक्तम् २३ येनैक दंष्ट्राग्रसमुद्धृतेयं धराचलान्धारयतीहसर्वान् । यस्मिंश्चशेतेसकलंजगच्च तमीशमाद्यं प्रणतोऽस्मिविष्णुम् २४ नघ्राणग्राह्यःश्रवणादिभिर्यः सर्वेश्वरोवेदितुमक्षयात्मा । शक्य स्तमीड्यंमनसैवदेवं ग्राह्यन्ततोहंहरिमीशितारम् २५ अंशावतीर्णेनचयेनगर्भे हतानितेजांसिमहासुराणाम् । नमामितंदेवमनन्तमीशमशेषसंसारतरोःकुठारम् २६ देवोजगद्यो निरयंमहात्मा सषोडशांशेनमहासुरेन्द्र ! । सदेवमातुर्जठरंप्रविष्टो हतानिवस्तेनबलाद्व पूंषि २७ (बलिरुवाच) तात ! कोऽयंहरिर्नाम यतोनोभयमागतम् । सन्तिमेशतशोदैत्या वासुदेवबलाधिकाः २८ विप्रचित्तिःशिविःशंकुरयःशंकुस्तथैवच । अयःशिरास्त्वश्वशिरा भङ्गकारोमहाहनुः २९ प्रतापःप्रघसःशम्भुः कुकुरश्चसुदुर्जयः । एतेचान्येच मेसन्ति दैतेयादानवास्तथा ३० महाबलामहावीर्या भूभारोद्धरणक्षमाः । एषामेकैकशः कृष्णो नवीर्यार्द्धेनसम्मितः ३१ (शौनकउवाच) पौत्रस्यैतद्वचःश्रुत्वा प्रह्लादोदैत्यपुङ्गवः । धिग्धिगित्याहसबलिं वैकुण्ठाक्षेपवादिनम् ३२ (प्रह्लादउवाच) विनाशमुपयास्यन्ति मन्येदैतेयदानवाः ! । येषांत्वमीदृशोराजा दुर्बुद्धिरविवेकवान् ३३ देवदेवंमहा

करताहूं २१ जिसपरम पुरुषके रूप, बल, भाव ब्रह्मादिक देवताओंसे भी नहीं जानेजातेहैं उसवासुदेवको मैंनित्य प्रणाम करताहूं २२ जिसने सबमनुष्योंके शरीरमें रूपकेदेखनेकोचक्षु, स्पर्शकरनेको त्वचा, रसग्रहण करने को जिह्वा, शब्द ग्रहण करने को श्रोत्र और गन्धग्रहण करने को नासिका यह सब इन्द्रियां नियुक्त कर रक्खी हैं, जो बराह रूपसे अपनी एक डाढ़के द्वारा संपूर्ण पृथ्वीको पातालसे लाकर सबका उद्धार करतेभये, जिसमें कि संपूर्ण जगत् शयन करता है उस आद्यईश विष्णु को प्रणाम करता हूं, नासिका और श्रोत्रादिक इन्द्रियोंसे ग्रहण नहीं होता केवल मनहीसे विचार किया जाताहै ऐसे उस ईश्वरको प्रणाम करता हूं २३।२४ जिसने गर्भमें वास करतेही अपने अंशसे सब दैत्यों के तेज नष्ट करदिये हैं वह अनन्तहै संसार रूपी वृक्षका काटनेवालाहै ऐसे ईश्वरको मैं प्रणामकरताहूं २५।२६ हेमहासुरेन्द्र यह देव सबजगत्कीयोनिहै वह देवताओंकी माताकेउदरमें प्रविष्टहुआहै और तुमसबदैत्योंके तेजोंकोभी वहीनष्टकरदेनेवालाहै २७ बलिदैत्यबोला हेतात जिससे कि हमसबको भयहुआहै वहहरिनाम कौनसादेवताहै इसवासुदेवसेभी अधिक बलवाले सैकड़ोंदैत्य मेरे पासहैं २८ विप्रचित्ति शिवि, शंकुरय, शंकु, अयःशिरा, अश्वशिरा, भंगकार, महाहनु, प्रताप, प्रघस, शंभु, कुकुर और सुदुर्जय यहसब और अन्य बहुतसे दानव मेरे पास महाबल और पराक्रमवाले हैं, यह सब पृथ्वीकेभीभार उठाने में समर्थ हैं इन प्रत्येकके आधे २ बलके भी समान विष्णु देवनहीं हैं २९।३१ शौनकजी कहतेहैं कि दैत्योंमें महाउत्तम वह प्रह्लाद अपने पौत्रके मुखसे इसवचनको सुनकर उस बलिको धिक् २ शब्दोंसे धिक्कार देताभया ३२ और यह कहने लगाकि हेबलि जिनदानवोंके गर्वसे तू ऐसादुर्बुद्धि राजाहोरहाहै वह सब दैत्य और दैत्यों के राजा नष्टहोजावेंगे ३३ उन देव

भागं वासुदेवमजंविभुम्। त्वामृतेपापसङ्कल्पः कोऽन्यएवंवदिष्यति ३४ यएतेभवताप्रो
क्ताः समस्तादैत्यदानवाः। सब्रह्मकास्तथादेवाः स्थावरानन्तभूमयः ३५ त्वञ्चाहञ्चजग
च्चेदं साद्रिद्रुमनदीनदम्। समुद्रद्वीपलोकाश्च नसमंकेशवस्यहि ३६ यस्यातिवन्द्यवन्द्य
स्य व्यापिनःपरमात्मनः। एकांशेनजगत्सर्वं कस्तमेवंप्रवक्ष्यति ३७ ऋतेविनाशाभिमुखं
त्वामेकमविवेकिनम्।कुबुद्धिमजितात्मानं वृद्धानांशासनातिगम् ३८ शोच्योऽहंयस्यमेगे
हे जातस्तवपिताधमः। यस्यत्वमीदृशःपुत्रो देवदेवस्यनिन्दकः ३९ तिष्ठत्येषाहिसंसारस
म्भृताघविनाशिनी। कृष्णेभक्तिरहन्तावदवेक्ष्योभवतानुकिम् ४० नमेप्रियतमःकृष्णाद
पिदेहोमहात्मनः। इतिजानात्ययंलोकोनभवान्दितिजाधम!४१ नजानासिप्रियतरंप्राणे
भ्योऽपिहरिंमम। निन्दांकरोषितस्यत्वमकुर्वन्गौरवंमम ४२ विरोचनस्तवगुरुर्गुरुस्त
स्याप्यहंबले!। ममापिसर्वजगतां गुरोर्नारायणोगुरुः ४३ निन्दांकरोषियस्तस्मिन्कृष्णे
गुरुगुरोर्गुरो। यस्मात्तस्मादिहैश्वर्यादचिराद्भ्रंशमेष्यसि ४४ ममदेवोजगन्नाथोबले!
तावज्जनार्दनः।भवत्वहमुपेक्ष्यस्ते प्रीतिमानस्तुमेगुरुः४५ एतावन्मात्रमप्येवं निन्दितो
जगतोगुरुः।नावेक्षितंत्वयायस्मात् तस्माच्छापन्ददामिते ४६ यथामेशिरसश्छेदादिदं
गुरुतरंवचः।त्वयोक्तमच्युताक्षेपिराज्यभ्रष्टस्तथापत ४७यथाचकृष्णान्नपरंपरित्राणंभवा
र्णवे। तथाचिरेणपश्येयं भवन्तंराज्यविच्युतम् ४८ (शौनकउवाच) इतिदैत्यपतिःश्रुत्वा

देव महाभाग अज विभुश्रीवासुदेव भगवान् को तेरेविना अन्य कौनसा महापापी ऐसे वचन कहसका है ३४।३५ जोकितैंने यह सव दैत्य और दानव गिनाये हैं यह सव और ब्रह्मादिक देवता स्थावर जंगम जगत्- समुद्र- द्वीप- तू- मैं- नदी- वृक्ष और संपूर्णलोक यह सव उस विष्णुभगवान्की दृष्टि में समान हैं ३६ जिस सर्वव्यापी विष्णुभगवान्के एक अंशकरके संपूर्णजगत् व्याप्तहोरहा है उसको ऐसा वचन कौन कहसकाहै ३७ तूकुवुद्धी है विवेकरहितहै-वृद्धपुरुषोंका वचन नहींमानताहै इसहेतु से तेरे समान कोई मूर्ख नहीं है ३८ मेरे घरमें तू उत्पन्नहुआ है इस निमित्त मुझकोभी बड़ा शोचहै क्योंकि तू विष्णुभगवान्की निन्दा करने वाला पैदाहुआ है ३९ संसारके पापोंकी दूरकरने वाली विष्णुभगवान्की भक्तिहै मुझको कृष्णकी भक्तिके विना दूसरी कोई वस्तु प्रियनहीं है इस बातको सव मनुष्यजानतेहैं परन्तु तू दुष्ट नहीं जानताहै मुझको हरि प्राणोंसेभीप्यारे हैं तू इस बातकोभीन जानकर मेरे वड़प्पनको दूरकरके हरिभगवान्की निन्दाकरताहै ४०।४१ हे वलि तेरापिता विरोच- नहै मैं विरोचन काभीपिताहूं और मेरेभीगुरु सव जगतोंकेपति नारायणहैं उनकीभी तू निन्दाकरता है इसहेतुसे तू शीघ्रही राज्यसे भ्रष्ट होजायगा ४३।४४ जनार्दन विष्णुभगवान् मेरा देवहै- गुरुहै उसकीजोतूनिन्दा करताहै इस हेतुसे तैंने मुझको जोत्यागाहै इसीसे अव तुझको शापदेताहूं ४५।४६ तैंने भगवान्की निन्दाका यह ऐसा वचन कहाहै मानों मेराशिरहीकाट लियाहै सो अवतूभी राज्यसे पतितहोजायगा ४७ मैं श्रीकृष्णके सिवाय संसाररूपी सागर में अपनी रक्षाका करने वाला दूसरे किसीको नहींजानताहूं इसहेतुसे मैं वहुतशीघ्र तुझराज्यसे पतित होनेवालेको देखूंगा४८शौनकजी

गुरोर्वचनमप्रियम्। प्रसादयामासगुरुंप्रणिपत्यपुनःपुनः४९ (बलिरुवाच) प्रसीदतात!
माकोपंकुरुमोहहतेमयि। बलाबलेपमत्तेन मयैतद्वाक्यमीरितम् ५० मोहोपहतविज्ञानः
पापोऽहंदितिजोत्तम!। यच्छप्तोऽस्मिदुराचारस्तत्साधुभवताकृतम् ५१ राज्यभ्रंशंवसु
भ्रंशं प्राप्यैवनतथाप्यहम्। विषण्णोऽस्मियथातात! तवैवाविनयेकृते ५२ त्रैलोक्यरा
ज्यमैश्वर्यमन्यद्वानातिदुर्लभम्। संसारेदुर्लभास्तेतुगुरवोयेभवद्विधाः ५३ तत्प्रसीदनमे
कोपंकर्त्तुमर्हसिदैत्यप!। त्वत्कोपदग्ध्यातातांहं परितप्येनशापतः ५४ (प्रह्लादउवाच)
वत्स! कोपेनमोहेन जनितस्तेनतेमया। शापोदत्तोविवेकश्च मोहेनापहतोमम ५५ य
दिमोहेनमेज्ञानं नाक्षिप्तंस्यान्महासुर!। तत्कथंसर्वगंजानन् हरिंकिञ्चिच्छपाम्यहम् ५६
योऽयंशापोमयादत्तो भवतोऽसुरपुङ्गव!। भाव्यमेतेननूनन्ते तस्मान्मात्वंविषीदवै ५७
अद्यप्रभृतिदेवेशे भगवत्यच्युतेहरौ। भवेथाभक्तिमानीशे सतेत्राताभविष्यति ५८ शापं
प्राप्याथमांवीर! संस्मरेथाःस्मृतस्त्वया। तथातथायतिष्येऽहं श्रेयसायोज्यसेयथा ५९
एवमुक्त्वासदैत्येन्द्रं विरराममहाद्युतिः। अजायतसगोविन्दो भगवान्वामनाकृतिः ६०
अवतीर्णेजगन्नाथे तस्मिन्सर्वामरेश्वरे। देवाश्चमुमुचुर्दुःखं देवमातादितिस्तथा ६१ व
वुर्वाताःसुखस्पर्शा विरजस्कमभून्नभः। धर्मेचसर्वभूतानां तदामतिरजायत ६२ नोद्वेग

कहते हैं कि वह दैत्यबलि प्रह्लाद के इसप्रकारके वचनको सुनकर अपने वृद्ध प्रह्लाद को बारं
बार प्रसन्न करताभया ४९ बलि कहताहै हे तात आप प्रसन्न हूजिये मुझे अज्ञानहोगयाहै मैंने अ
भिमानसे प्रमत्तहोकर ऐसे वचन कहेहैं ५० मेराज्ञानमोहसे हतहोगयाहै मैं पापी हूं आपने जो मुभ
को शापदियाहै सो बहुत अच्छाकियाहै ५१ हे तात राज्य भ्रष्टहोनेसे और द्रव्यके हरनेसे मैं ऐसा
दुखितनहीं हूंगाजैसाकि आपको विनयकिये विना दुखितहोरहाहूं ५२ त्रैलोक्यका राज्य प्राप्तहोना
अथवा इससेभीकुछ अधिक प्राप्तहोना दुर्लभनहीं है परन्तु आपसरीखे गुरुजनों का मिलना इस सं
सारमें बड़ादुर्लभहै ५३ इसहेतुसे आपमुझपर प्रसन्नहोकर कोपकोत्यागदीजिये आपकी कोपकीदृष्टि
से मैं अत्यन्तदुःखपारहाहूं ५४ प्रह्लादनेकहा मेरेतोक्रोधनहीं है तेरेही अज्ञानसे मुझकोक्रोध उत्पन्न
होगयाहै तेरे अज्ञानसे मेरा विवेकनष्ट होगयाथा इसलिये तुझको शापदियाहै ५५ और जो तेरे अज्ञान
से मेराज्ञानदूरनहींहुआहोता तो सर्वज्ञहरिको जाननेवाला मैं तुझको क्या शाप देता ५६ हे असुर
श्रेष्ठ मैंने जो यह शापदियाहै वह अवश्यहोवेगा परन्तु अबसे आगे देवेश विष्णुभगवान् में तेरी प्रीति
निरन्तरहोगी और वही विष्णुभगवान् तेरीरक्षाकरने वालेहोवेंगे— ५७।५८ और इस शापको प्राप्त
होकर जबकभी तूमेरास्मरणकरेगा उसीसमय मैं तेरी सहायताकरूंगा ५९ ऐसे कहकर वह दैत्येन्द्र
प्रह्लादचुपकाहोरहा-इसकेअनन्तर विष्णुभगवान् वामनरूपधारणकरके जन्मलेतेभये ६० जबविष्णु
भगवान्ने जन्मलिया तबसंपूर्णदेवता और देवताओंकी माता आदिति अपनेदुःखकोत्यागतीभई ६१
सुखपूर्वक स्पर्श करनेवाली वायुचलनेलगी आकाशधूलसे रहितहोगया और सबप्राणी मात्रों की
बुद्धिधर्म में स्थितहोजाती भई ६२ और संपूर्ण देवता मनुष्य-असुर-भूमि-स्वर्ग और आकाश

श्चाप्यभूत्तत्र मनुजेन्द्रासुरेष्वपि। तदादिसर्वभूतानां भूम्यम्बरदिवौकसाम् ६३ तंजात मात्रंभगवान् ब्रह्मालोकपितामहः। जातकर्मादिकंकृत्वा कृष्णंदृष्ट्वाचपार्थिव!। तुष्टावदेवदेवेशमृषीणाञ्चैवशृण्वताम् ६४ (ब्रह्मोवाच) जयादेश! जयाजेय! जयसर्वात्मकात्मक। जयजन्मजरापेत! जयानन्त! जयाच्युत ६५ जयाजित! जयामेय! जयाव्यक्तस्थिते! जय। परमार्थार्थसर्वज्ञ! ज्ञानज्ञेयात्मनिःसृत! ६६ जयाशेष! जगत्साक्षिन्! जगत्कर्त! जगद्गुरो! जगतोऽस्यान्तकृद्देवस्थितिंपालयितुंजय ६७ जयाशेष! जयाशेष! जयाखिल! हृदिस्थित!। जयादिमध्यान्त! जय सर्वज्ञाननिधे! जय ६८ मुमुक्षुभिरनिर्देश्य! स्वयंदृष्टजनेश्वर! योगिनांमुक्तिफलदक! दमादिगुणभूषण! ६९ जयातिसूक्ष्म! दुर्ज्ञेय! जयस्थूल! जगन्मय!। जयस्थूलातिसूक्ष्म! त्वंजयातीन्द्रिय! सेन्द्रिय! ७० जयस्वमायायोगस्थ! शेषभोग! जयाक्षर!। जयैकदंष्ट्राप्रान्ताग्र समुद्धृतवसुन्धर! ७१ नृकेसरिन्! जयाराति वक्षस्थलविदारण!। सांप्रतंजयविश्वात्मन्! जयवामन! केशव! ७२ निजमायापटच्छन्न! जगन्मूर्ते! जनार्दन!। जयाजित! जयानेक स्वरूपैकविध! प्रभो! ७३ वर्द्धस्ववर्धिताशेषविकारप्रकृते! हरे!। त्वय्येषाजगतामीशे संस्थिताधर्मपद्धतिः ७४ नत्वामहंनचेशानो नेन्द्राद्यास्त्रिदशाहरे!। नज्ञातुमीशामुनयः सनकाद्यानयोगिनः ७५ त्वन्मायापटसम्वीते जगत्यत्रजगत्पते!। कस्त्वांवेत्स्यतिसर्वेश त्वत्प्रसादंविनानरः ७६ त्वमेवाराधितोयेन प्रसादसुमुख! प्रभो!। सएकःकेवलोदेव! वेत्तित्वां नेतरेजनाः७७ नन्दीश्वरेश्वरेशान! प्रभो! वर्धस्ववामन!। प्रभवायास्यविश्वस्य विश्वा

इन सब में किसी प्रकारका उपद्रवनहींरहा ६३ उन वामनजीका जन्महोतेही ब्रह्माजी जातकर्म करके सब ऋषियोंके सुनतेहुए स्तुति करतेभये ६४ ब्रह्माजीबोले हे आद्येश आपकीजयहो हे सर्वात्मक जन्म जरावस्थादि से रहित अनन्त अच्युत ६५ जयाजित–जयामेय–जयाव्यक्तस्थिते जय परमार्थसर्वज्ञ, जय अशेषजय जगत्साक्षिन् और हेजगद्गुरो हेदेव इसजगत्की स्थिति और पालन के निमित्त जयकरिये ६६।६७ जयाशेष, जय अखिलहृदिस्थित, जयादिमध्यान्त,जय सर्वज्ञाननिधे ६८ मुमुक्षुपुरुषोंको अनिर्देश्य दृष्टजनेश्वर–योगियोंके मुक्ति फलदेनेवाले दम आदि गुणोंके भूषण, अतिसूक्ष्म–दुर्ज्ञेय और स्थूल जगन्मय ऐसे आप हमारी जयकरो–स्थूल अतिसूक्ष्म–अतीन्द्रिय–सेन्द्रिय–अपनीमायाके योगमेंस्थित–अक्षर हे एकदंष्ट्राके अग्रभागसे पृथ्वीका उद्धार करनेवाले आपजयकीजिये ६९। ७१ हे शत्रुओं के हृदयफाड़नेवाले नृसिंह विश्वात्मन् वामन और केशवहमारीजयकरो ७२ हे अजित अपनी मायाके वस्त्रसे आच्छादित–जगन्मूर्त्ति–जनार्दन–और प्रभु हमारीजयकरो ७३ हेहरे संपूर्ण प्रकृतियोंके विकारोंको बढ़ानेवाले आपहीमेंसंपूर्णजगतों के धर्मका मार्गस्थितहै ७४ हे हरे आपके रूपोंको शिव इन्द्रादिक देवता–मुनि और सनकादिक योगीजनभी नहींजानसकेहैं ७५ हे देव यह संपूर्णजगत् आपकीही मायाके वस्त्रसे आच्छादितहोरहाहै इसहेतुसे तुम्हारी कृपाविनातुमको कौन जानसक्ताहै ७६ हे देवजो पुरुषकेवल एक तुम्हाराही ध्यान करताहै

त्मन्! पृथुलोचन! ७८ (शौनकउवाच) एवंस्तुतोहृषीकेशः सतदावामनाकृतिः। प्रह स्यभावगम्भीरमुवाचाब्जसमुद्भवम् ७९ स्तुतोऽहंभवतापूर्वमिन्द्राद्यैःकश्यपेनच। म याचवःप्रतिज्ञात मिन्द्रस्यभुवनत्रयम् ८० भूयश्चाहंस्तुतोदेव्या तस्याश्चापिप्रतिश्रुत म्। यथाशक्रायदास्यामि त्रैलोक्यंहतकण्टकम् ८१ सोऽहन्तथाकरिष्यामि महेन्द्रोजग तःपतिः। भविष्यतिसहस्राक्षः सत्यमेतद्ब्रवीमिवः ८२ ततःकृष्णाजिनंब्रह्माहृषीकेशाय दत्तवान्। यज्ञोपवीतंभगवान् ददौतस्मैबृहस्पतिः ८३ आषाढमददाद्दण्डं मरीचिर्ब्रह्म णःसुतः। कमण्डलुंवसिष्ठश्च कौशंवेदमथाङ्गिराः ८४ अक्षसूत्रञ्चपुलहः पुलस्त्यःसित वाससी। उपतस्थुश्चतंवेदाः प्रणवोङ्कारभूषणाः ८५ शास्त्राण्यशेषाणितथा सांख्ययोगो क्तयश्चयाः। सवामनोजटीदण्डी छत्रीधृतकमण्डलुः ८६ सर्वदेवमयोभूत्वा बलेरध्वर मभ्यगात्। यत्रयत्रपदम्भूयो भूभागेवामनोददौ ८७ ददातिभूमिर्विवरंतत्रतत्रापिपीडिता। सवामनोजडगतिर्मृदुगच्छन्सपर्वताम्। साब्धिद्वीपवतींसर्वांश्चालयामासमेदिनीम् ८८

इतिश्रीमत्स्यपुराणेचतुश्चत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४४॥

(शौनकउवाच) सपर्व्वतवनामुर्व्वीं दृष्ट्वासंक्षोभितांबलिः। पप्रच्छोशनसंशुक्रं प्रणि पत्यकृताञ्जलिः १ आचार्य्य! क्षोभमायाता साब्धिभूभृद्वनामही। कस्मान्नासुरान्भा गान् प्रतिगृह्णन्तिवह्नयः २ इतिपृष्टोऽथबलिना काव्योवेदविदांवरः। उवाचदैत्याधि

वही आपकोजानताहै अन्यकोई जनभी आपको नहीं जानसकाहै ७७ हेनन्दीश्वर ईशान प्रभो वामन रूप आपहमारी वृद्धिकरो और संपूर्ण जगत्की रक्षाकरो ७८ शौनकजी कहतेहैं कि वह वामनस्व रूपीभगवान् जब इस प्रकारसे स्तुतकियेगये तवबड़ेगंभीर भावसे हंसकर ब्रह्माजीसे यह वचन क हतेभये ७९ हेब्रह्मन् तुम समेतइन्द्रादिक देवताओंने और कश्यपने पूर्व में मेरीस्तुतिकीथी उससम यमैंने तुम्हारा मनोरथ जानलियाथा इसके पीछे जब अदितिने स्तुतिकीथी तबभी मैंने यह वरदिया था कि इन्द्र त्रिलोकीकापतिहोगा ८०।८१ जैसाकहाथा उसीप्रकार निस्सन्देह इन्द्रजगत्कापतिहो वेगा मैं सत्यसत्यही कहताहूं ८२ इसके अनन्तर ब्रह्माने तो वामनजी को मृगचर्म दिया—बृहस्पतिने यज्ञोपवीत-ब्रह्माके पुत्र मरीचिने दंड—वसिष्ठमुनिने कमण्डलु—अंगिराने कुशा और वेद—पुलह ऋषि ने अक्षमाला— पुलस्त्य ऋषिने श्वेतवस्त्र और ओंकार युक्त संपूर्ण वेद ८३।८५ और सांख्ययोग आदि संपूर्णशास्त्रभी वामनजीको प्राप्तहोजातेभये फिरजटा-दंड-कमंडलु और छत्र इनसबको धारण कियेहुए सर्ववेदमय वामनजी राजाबलिके यज्ञमें जातेभये वामन पृथ्वीके जिस २ स्थानमें अपने चरणधरतेभये उस २ स्थानकी अत्यन्तपीड़ित पृथ्वीमें छिद्र होजातेभये और जड़गतिसे शनैःशनैः चलतेहुए वामनजी पर्व्वतों समेत सप्तद्वीपापृथ्वी को चलायमान करतेभये ८६।८८॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुश्चत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २४४॥

शौनकजीबोले कि वन पर्व्वतों सहित हिलतीहुई पृथ्वीको देखकर राजाबलि अपने गुरुशुक्राचार्य्य से अंजलीबांधप्रणामकर यह वचनबोला १ हे आचार्य्यजी समुद्र वन पर्व्वतों समेत यहसंपूर्ण पृथ्वी

पतिं चिरन्ध्यात्वामहामतिः ३ अवतीर्णोजगद्योनिः कश्यपस्यगृहेहरिः। वामनेनेहरूपे
ण जगदात्मासनातनः ४ सएषयज्ञमायाति तवदानवपुंगव !। तत्पादन्यासविक्षोभादि
यंप्रचलितामही ५ कम्पन्तेगिरयश्चामी क्षुभितोमकरालयः। नैनंभूतपतिंभूमिः समर्था
वोढुमीश्वरम् ६ सदेवासुरगन्धर्वा यक्षराक्षसकिन्नरा। अनेनैवधृताभूमिरापोऽग्निःपव
नोनभः ७ धारयत्यखिलान्देवो मन्वादींश्चमहासुरः। इयमेवजगद्धेतोर्मायाकृष्णस्यगह्व
री ८ धार्यधारकभावेन ययासंपीडितंजगत्। तत्सन्निधानादसुरा भागार्हानासुरोत्तम!
भुञ्जतेनासुरान्भागानमीतेनैवचाग्नयः। ९ (बलिरुवाच) धन्योऽहंकृतपुण्यश्च यन्मे
यज्ञपतिःस्वयम्। यज्ञमभ्यागतोब्रह्मन्! मत्तःकोऽन्योऽधिकःपुमान् १० यंयोगिनःसदा
युक्ताः परमात्मानमव्ययम्। द्रष्टुमिच्छन्तिदेवेश समेऽध्वरमुपैष्यति ११ होताभागप्र
दोऽयञ्च यमुद्गाताचगायति। तमध्वरेश्वरंविष्णुं मत्तःकोऽन्यउपैष्यति १२ सर्वेश्वरेश्वरे
कृष्णे मदध्वरमुपागते। यन्मयाकाव्य! कर्तव्यं तन्ममादेष्टुमर्हसि १३ (शुक्रउवाच)
यज्ञभागभुजोदेवा वेदप्रामाण्यतोऽसुर!। त्वयातुदानवादैत्या मखभागभुजःकृताः १४
अयञ्चदेवःसत्वस्थः करोतिस्थितिपालनम्। विसृष्टेरनुचान्नेन स्वयमत्तिप्रजाःप्रभुः १५
त्वत्कृतेभवितानूनं देवोविष्णुःस्थितोस्थितः। विदित्वैतन्महाभाग! कुरुयत्नमनागतम्

क्योंक्षोभको प्राप्त होरहीहै और अग्निदेवताभी दैत्योंके भागको नहींग्रहण करतेहैं २ जब बलिने इस प्रकारका प्रश्न शुक्राचार्य्यसे किया तब आचार्य्यजीने बहुत समयतक ध्यानकरके राजाबलिसे कहाकि कश्यपके घरमें हरिभगवान् वामनरूपहोकर उत्पन्नहुएहैं सो तेरे यज्ञमें आते हैं उन्हीं के चरणोंके रखने से यहसब पृथ्वीचलायमान होरही है ३।५ ग्रहकांपरहे हैं--समुद्र क्षोभितहोरहाहै इस भूतपति भगवान् को यह पृथ्वी सहनहीं सकी है ६ इसी विष्णुभगवान् ने देव, गन्धर्व, दैत्य, यक्षराक्षस--किन्नर भूमि- जल- अग्नि- वायु और आकाश यह सब धारणकर रक्खेहैं और यही देव मनु आदिकोंकोभी जगत्के कारणके निमित्त धारणकरताहै यही इसकी गह्वरमायाहै ७।८ धार्य्य धारक भावहोने से यह जगत्पीड़ित होरहाहै और इसकी समीपता होनेसे देवताओंके भागको दैत्यग्रहण नहीं करते हैं और अग्निभी नहींग्रहण करताहै ९ बलिने कहामैं धन्यहूं क्योंकि यज्ञपति विष्णुभगवान् आपही मेरे यज्ञ में आते हैं इस हेतुसे मुझसे अधिकधन्य कौनपुरुषहै १० जिस परमात्माको योगीजन योग में युक्त होकर देखनेकी इच्छाकरतेहैं वहदेवेश मेरे यज्ञमें आवेंगे ११ यज्ञमें होतालोग जिसको भोग देतेहैं उद्गाता जिसकोगाताहै उस अध्वरेश विष्णुभगवान्को मेरे विना अन्य कौनपुरुष प्राप्तहोवेगा १२ सर्वेश्वरकृष्णदेव जब मेरे यज्ञमें प्राप्तहोवेंगे हे आचार्य्यजी तब मुझको क्याकरना योग्यहै इस बातका आप उपदेशकीजिये १३ शुक्राचार्य्यने कहा-- हे असुर वेदके प्रमाणसे यज्ञकेभागके भोगने वाले देवताहैं और तैंने दैत्य दानवोंहीको यज्ञकाभागी कररक्खाहै १४ यह विष्णुदेव सत्वगुणमें स्थितहोकर स्थिति और पालन करताहै यही प्रभु विष्णु शिवरूप होकर प्रजाकानाश करता है सो अब यह विष्णुदेव प्रजाकी स्थितिकरने में स्थितहोरहा है सो इसको जानकर तुमको यत्न करना चाहिये हे

१६ त्वयाहिदैत्याधिपते ! स्वल्पकेऽपिहिवस्तुनि। प्रतिज्ञानहिवोढव्या वाच्यंसामत्था
फलम् १७ नालन्दातुमहन्देव ! दैत्य ! वाच्यंत्वयावचः। कृष्णस्यदेवभूत्यर्थं प्रवृत्तस्यम
हासुर ! १८ (बलिरुवाच) ब्रह्मन् ! कथमहंब्रूयामन्येनापिहियाचितः। नास्तीतिकि
मुदेवेन संसारौघौघहारिणा १६ व्रतोपवासैर्विविधैः प्रतिसंग्राह्यतेहरिः। सचेद्वक्ष्यति
देहीतिगोविन्दःकिमतोऽधिकम् २० यदर्थमुपहाराद्यास्तपःशौचगुणान्वितैः। यज्ञाःक्रि
यन्तेदेवेशः समादेहीतिवक्ष्यति २१ तत्साधुसुकृतंकर्मस्तपःसुचरितंमम। यन्मयादत्त
मीशेशः स्वयमादास्यतेहरिः २२ नास्तिनास्तीत्यहंवक्ष्ये तमप्यागतमीश्वरम्। यदाव
ञ्चामितंप्राप्तं वृथातज्जन्मनःफलम् २३ यज्ञेऽस्मिन्यदियज्ञेशो याचतेमांजनार्दनः। नि
जमूर्द्धानमप्यत्र तद्दास्याम्यविचारितम् २४ नास्तीतियन्मयानोक्तमन्येषामपियाचताम्।
वक्ष्यामिकथमायाते तदनभ्यस्तमच्युते २५ श्लाघ्यएवहिवीराणां दानादापत्समागमः।
नाबाधकारियद्दानं तदंगमलवत्स्मृतम् २६ मद्राज्येनासुखीकश्चिन्नदरिद्रोनचातुरः।
नाभूषितोनचोद्विग्नो नस्रगादिविवर्जितः २७ हृष्टस्तुष्टःसुगन्धिश्च तृप्तःसर्व्वसुखा
न्वितः। जनःसर्व्वोमहाभाग ! किमुताहंसदासुखी २८ एतद्विशिष्टपात्रोऽयं दानबीजं
फलंमम। विदितंभृगुशार्दूल ! मयैतत्त्वत्प्रसादतः २९ एतद्विजानतादानबीजंप

दैत्यपते तुमको अपने थोड़ेहीसे कार्य्यमें इससे कुछवचन प्रतिज्ञा नहीं करनीचाहिये इनको वृथा वचनोंसे समझा देनायोग्यहै १६।१७ हे दैत्य तुमको ऐसा वचन कह देना चाहिये कि हे देव मैं आपको कुछ देनेको समर्थ नहींहूं क्योंकि वह कृष्ण देव देवताओं की विभूतिकेही निमित्त विचरताहै १८ बलिने कहा हे देव मैं अन्यसे याचना कियाहुआभी कभी नहीं निषेधकरसक्ताहूं तो संसारके पापों के नष्टकरनेवाले विष्णुभगवान्को कैसे निषेध करूंगा १९ यह विष्णुभगवान् अनेक प्रकारके व्रतनियमोंसे धारणकियेजातेहैं जब वहमुझसे वचनकहेंगे कि मुझकोकुछ दो तो इससेअधिक क्याहै २० जिसके निमित्त तप शौच और यज्ञादिक कियेजाते हैं वह विष्णुभगवान् मुझसे याचना करेंगे इससे अधिक मेरा कौनसा उत्तम तपहोगा यह मेरे बड़े उत्तम कर्मोंका फलहै क्योंकि मेरे दिये हुए दानको आप विष्णुभगवान् ग्रहणकरेंगे २१।२२ जो मैं आयेहुए अपने ईश्वरसे मेरेपास नहीं है ऐसा वचन कहूंगा इससे और उनसे छलकरने से मेराजन्म निष्फल होजायगा २३ जो यह यज्ञेश विष्णुभगवान् इसयज्ञमें मुझसे याचनाकरें तो मैं अपने शिरकोभीदेदूंगा २४ जबकि अन्यमांगनेवालों को भी मैं कभी नाहींका वचन नहीं कहसक्ताहूं तो आप साक्षात् विष्णुभगवान् के याचनेपर मैं कैसे नदूंगा २५ दान देने से विपत्ति कालकाभी होजाना शूरवीरों को श्लाघ्य और उत्तम कहाहै जिस दानकरने में कुछभी नहीं बाधा होती है वह मंगलरहित दान गिनाजाताहै २६ मेरे राज्यमें दुःखी-दरिद्री-मूर्ख-मालाआदि विभूषणों से रहित, उद्विग्नचित्त और संतापयुक्त कोई नहीं है हे महाभाग मेरे सब जन हृष्ट पुष्ट और सुगन्धियुक्त हैं यह क्यावातहै मैं सब प्रकारसे सुखीहूं इसहेतुसे ऐसा दानदेने का समय मुझको आपकी कृपासे प्राप्तहुआ है सो अब जो विष्णु भगवान्रूपी पात्रमें मेरे

तितिचेद्गुरो । जनार्दनमहापात्रे किन्नप्राप्तन्ततोमया ३० मत्तोदानमवाप्येशो यदि पुष्णातिदेवताः । उपभोगाद्दशगुणं दानंश्लाघ्यतमंमम ३१ मत्प्रसादपरोनूनं यज्ञेनाराधितोहरिः । तेनाभ्येतिनसन्देहो दर्शनादुपकारकृत् ३२ अथकोपेनचाभ्येति देवभागोपरोधिनम् । मांनिहन्तुमनाश्चैव वधःश्लाघ्यतरोच्युतात् ३३ तन्मयंसर्वमेवेदं नाप्राप्यंयस्यविद्यते । समांयाचितुमभ्येति नानुग्रहस्ततेहरिः ३४ यःसृजत्यात्मभूः सर्वंत्रेतसैचसंहरेत् । समांहन्तुंहृषीकेशः कथंयत्नंकरिष्यति ३५ एतद्विदित्वानगुरो ! दानविघ्नकरेणच । त्वयाभाव्यंजगन्नाथे गोविन्देसमुपस्थिते ३६ (शौनक उवाच) इत्येवंवदतस्तस्य सम्प्राप्तःसजगत्पतिः । सर्वदेवमयोचिन्त्यो मायावामनरूपधृक् ३७ तंदृष्ट्वायज्ञवाटान्तः प्रविष्टमसुराःप्रभुम् । जग्मुःसभासदःक्षोभन्तेजसातस्यनिष्प्रभाः ३८ जेपुश्चमुनयस्तत्र येसमेतामहाध्वरे । बलिश्चैवाखिलंजन्ममेनेसफलमात्मनः ३९ ततःसंक्षोभमापन्नो नकश्चित्किंचिदुक्तवान् । प्रत्येकंदेवदेवेशं पूजयामासचेतसा ४० अथासुरपतिंप्रह्वं दृष्ट्वामुनिवरांश्चतान् । देवदेवपतिःसाक्षी विष्णुर्वामनरूपधृक् ४१ तुष्टावयज्ञवह्निञ्च यजमानमथर्त्विजः । यज्ञकर्माधिकारस्थान्सदस्यान्द्रव्यसम्पदः ४२ ततःप्रसन्नमखिलं

दानका बीज कदाचित् गिरेगा तो मुझको क्यानहीं प्राप्तहोगा और जो मेरे दानसे देवतालोग पुष्ट होजांयगे तौभी दशगुणा फलहोगा यह अत्यन्त शोभायुक्त कीर्त्तिहै और विष्णुके दर्शनसे सब कार्य्य सफल होते हैं इसके विशेष वह साक्षात् विष्णु यज्ञके आराधन करने से जो मुझपर प्रसन्न होजावेंगे तो इस्से अधिक कौनसा उत्तम फलहै ३०। ३२ और हे देव जो वह ईश्वर मुझ देवताओं के भाग रोकनेवाले के समीप क्रोधकरके आवें और मुझको मारडालें यहभी महाश्रेष्ठहै क्योंकि विष्णु के हाथसे मेरामरना होगा तो सद्गतिहोगी ३३ जिसको संसारकी सब वस्तुप्राप्तहोरही हैं वहविष्णु मुझसे जोमांगने को आते हैं यह उनका परम अनुग्रहहै ३४ जो विष्णु भगवान् इस संपूर्ण जगत् को आप रचताहै और अपनीही इच्छासे संसारका संहार करताहै वह हृषीकेश मेरे मारनेका कैसे यत्नकरेगा ३५ हे गुरुदेव ऐसाजानकर आपको दानमें विघ्न नहींकरनाचाहिये और जब वह गोविन्द भगवान् आवें तब आपको भी प्राप्तहोनाचाहिये ३६ शौनकजीबोले ऐसे प्रकारकी वह दोनों गुरुशिष्य वार्त्तालाप करहीरहेथे कि वह देव देव जगत्पति अचिन्त्य विष्णु भगवान् मायारूपी वामनरूप धारण कियेहुए प्राप्तहोतेभये ३७ उनके दर्शनहोतेही यज्ञशालामें बैठेहुए संपूर्ण दानव लोगोंका तेजनष्टहो गया और उस यज्ञमें जो ऋत्विजन प्राप्तहोरहेथे वह सब उनकी स्तुतिकरतेभये और बलिभी अपने जन्मको सफल जानताभया ३८। ३९ फिर क्षोभमें प्राप्तहुए दैत्य किसीसे कुछभी नबोलतेभये सब लोग उस देव देवेश ईश्वरको चित्तसे पूजतेभये ४० इस हेतुसे वह वामनरूपी भगवान् नम्रहुए राजा बलिको और सब मुनियों को देखकर अग्निकी प्रशंसा करते भये और यजमान ऋत्विजों की भी श्लाघा करतेभये इनके विशेष यज्ञ कर्म्म में प्रवृत्त होनेवाले सभासदों समेत यज्ञ की द्रव्यों की भी सराहना करतेभये ४१। ४२ फिर क्षणभरही पीछे वामनजी के ऊपर सब जन अति प्रसन्न होतेभये

वामनंप्रतितत्क्षणात् ॥ यज्ञवाटस्थितंवीरः साधुसाध्वित्युदीरयन् ४३ सचार्घमादायब
लिः प्रोद्भूतपुलकस्तदा। पूजयामासगोविन्दं प्राहचेदंमहासुरः ४४ (बलिरुवाच)
सुवर्णरत्नसंघातंगजाश्वममितन्तथा।स्त्रियोवस्त्राण्यलङ्कारांस्तथाग्रामांश्चपुष्कलान्४५
सर्वस्वंसकलामुर्वीं भवतोवायदीप्सितम्। तद्ददामिशृणुष्वत्वं येनार्थीवामनःप्रियः४६
इत्युक्तोदैत्यपतिनाप्रीतिगर्भान्वितंवचः। प्राहसस्मितगम्भीरंभगवान्वामनाकृतिः ४७
ममाग्निशरणार्थायदेहिराजन्! पदत्रयम्। सुवर्णग्रामरत्नानि तदर्थिभ्यःप्रदीयताम्४८
(बलिरुवाच) त्रिभिःप्रयोजनंकिन्ते पादैःपदवताम्बर!। शतंशतसहस्राणां पदानां
मार्गतांभवान् ४९ (वामनउवाच) एतावतैवदैत्येन्द्र! कृतकृत्योऽस्मिमार्गताम्। अ
न्येषामर्थिनांवित्तमीहितंदास्यतेभवान् ५० एतच्छ्रुत्वातुगदितं वामनस्यमहात्मनः।
ददौतस्मैमहाबाहुर्वामनायपदत्रयम् ५१ पाणौतुपतितेतोये वामनोऽभूदवामनः। सर्वदे
वमयंरूपं दर्शयामासतत्क्षणात् ५२ चन्द्रसूर्यौचनयने द्यौर्मूर्द्धाचरणौक्षितिः। पादांगु
ल्यःपिशाचास्तुहस्तांगुल्यश्चगुह्यकाः५३ विश्वेदेवाश्चजानुस्थाजङ्घेसाध्याःसुरोत्तमाः।
यक्षानखेषुसम्भूतारेखाश्चाप्सरसस्तथा५४ दृष्टोऽऋक्षाण्यशेषाणि केशाःसूर्यांशवःप्रभोः।
तारकारोमकूपाणि रोमाणिचमहर्षयः ५५ बाहवोविदिशस्तस्य दिशःश्रोत्रेमहात्मनः।

दि क्रमसे बुद्धिमान् पुरुष अच्छे प्रकार परीक्षा करके समान शिखर और उत्तम उंचाई वाला स्तंभ बनावे १ देवता-धूर्त और चौराहा इनके समीपमें अपना घर नहीं बनाना चाहिये इन सबके समीप घर बनानेसे शोक दुःखादिकी प्राप्ति होतीहै २ यह सब घर आदि अपने घरके आगे की ओर होंय तो शुभ फल होताहै-पीठकी ओर वा बाईं ओर को होंय तो भी शुभ फल होताहै इसप्रकारसे उत्तम स्थानको विचार कर शुभ मुहूर्त्त में उत्तमरत्नों से युक्त शिला बनाके उसके ऊपर स्तंभको स्थापित करे फिर ब्राह्मणों के समीप कारीगर पुरुषको स्नानकरा श्वेत वस्त्र पहराय अक्षत चन्दनादि और गीत मंगलादिपूर्व्वक वेदपाठ के द्वारा मंगलाचरण करवाकर स्तंभको स्थापित करे उसी दिन ब्राह्मणोंको तो खीरका भोजन और मधु घृत से हवन करवावे और वास्तोष्पते प्रतिजानीहि इसमंत्र से घरका पूजनकरे यह संपूर्ण विधि घर में सूत भड़वाने के समय अथवा स्तंभ लगवाने के समय करनी चाहिये चौखट लगाने वा घर में प्रवेश करनेके समय करनी चाहिये ३। १० और वास्तुके शान्तिके समय भी यह संपूर्ण विधि करनी चाहिये ऐसे पांच प्रकारका वास्तु यज्ञ करना चाहिये-ईशानदिशा में सूत लगाना-अग्निकोण में स्तंभ लगाना घरके प्रदक्षिण क्रम करके तर्जनी-मध्यमा और अंगुष्ठ इन सब करके मूंगा-रत्न और सुवर्ण इन करके घर के स्थान में पद की रेखा लिखे ११। १३ पत्थर, अंगार, काष्ठ, नख, शस्त्र, चाम, सींग, अस्थि, कपाल, इत्यादिकों करके कभी सूत न झाड़े इन वस्तुओं के द्वारा पद लिखने से दुःख शोक और भय होता है और जिस समय गृहप्रवेश होय उससमयभी संपूर्ण शकुनोंकी परीक्षा करनी चा हिये १४। १५ जब अशुभ शकुन

तुल्यकालंस्पृशेदङ्गं गृहभर्तुर्यदात्मनः । वास्त्वङ्गेतद्विजानीयान्नरशल्यंभयप्रदम् १७
अङ्कनानन्तरंयत्र हस्त्यश्वश्वापदंभवेत् । तदङ्गसम्भवंविन्द्यात्तत्रशल्यंविचक्षणः १८
प्रसार्य्यमाणेसूत्रेतु श्वागोमायुर्विलङ्घते । तत्तुशल्यंविजानीयात् खरशब्देतिभैरवे १९
यदीशानेतुदिग्भागे मधुरंरौतिवायसः । धनंतत्रविजानीयाद् भागेवास्वाम्यधिष्ठिते २०
सूत्रच्छेदेभवेन्मृत्युर्व्याधिःकीलेत्वधोमुखे । अङ्गारेषुतथोन्मादं कपालेषुचसम्भ्रमम् २१
कंबुशल्येषुजानीयात्पौंश्चल्यंस्त्रीषुवास्तुवित् । गृहभर्तुर्गृहस्यापिविनाशःशिल्पिसंभ्रमे २२
स्तम्भेस्कन्धच्युतेकुम्भे शिरोरोगंविनिर्दिशेत् । कुम्भापहारेसर्वस्य कुलस्यापिक्षयोभवे
त् २३ मृत्युःस्थानच्युतेकुम्भे भग्नेबन्धंविदुर्बुधाः । करसङ्ख्याविनाशेतु नाशंगृहपते
र्विदुः २४ बीजौषधिविहीनेतु भूतेभ्योभयमादिशेत् । ततःप्रदक्षिणेनान्यान् न्यसेत्स्त
म्भान्विचक्षणः २५ यस्माद्भयकरंनृणां योजिताह्यप्रदक्षिणम् २६ रक्षांकुर्वीतयत्नेन स्त
म्भोपद्रवनाशिनीम् २६ तथाफलवतींशाखां स्तम्भोपरिनिवेशयेत् । प्रागुदक्प्रवणंकु
र्य्याद्दिङ्मूढन्तुनकारयेत् २७ स्तम्भंवाभवनंवापि द्वारंवासगृहंतथा । दिङ्मूढेकुलनाशः

होवे तब यह देखे कि घरका स्वामी वास्तु पुरुषके किस अंगपर बैठाहै और अपने किस अंगको स्पर्श कर रहाहै उस समय सूर्य्यके वशीभूत जो दीप्त दिशाहै उस दिशामें स्थितहुआ पक्षी रूखाशब्द बोलताहोय तो गृहपति जिस स्थानपरस्थितहो उसस्थानकी पृथ्वीमें मनुष्यकी हड्डी गड़ीहुई जानना और गृहपति जिस अंगको स्पर्श कर रहाहो उसी अंगकी हड्डी गड़ीहुई जानना १६ । १८ जिस समय घरकी नींवकी जगह सूत तानाहो और उस सूतको कुत्ता और शृगाल उल्लंघजावें अथवा गधे ने अत्यन्त भयानक शब्द कर दियाहो तो जान लेना कि इसजगह शल्यहै जो कदाचित् ईशानकोण में काक मधुर२ शब्द कर रहाहो अथवा जिस दिशामें स्वामी स्थितहो वहां शब्द कररहाहो तो वहां धन गड़ाहुआ जान लेना जो उस सूत्रकाछेदन होजावे तो मृत्यु होती है कीलेका मुख नीचेका हो जाय तो व्याधि होती है—कोयले निकस आवें तो उन्माद होजाय—कपाली निकसे तो गृहपति के संभ्रम होजाताहै १९ । २१ शंख निकस आवे तो घरकी स्त्री व्यभिचारिणी होती है—घरके चिनने वाले कारीगरके संभ्रम होजावे तो गृहपतिका अथवा घरकानाश होताहै २२ जो धराहुआ घरका स्तंभ कन्धेपर गिरपड़े अथवा कलश गिरपड़े तो गृहपतिके शिरमें रोग होजाताहै और संपूर्ण कलश खोय जावे तो कुलका क्षय होता है और वह जलका कलश फूटजावे तो मजदूरकी मृत्यु होती है और जो मापकी हाथोंकी संख्याका नाश होजावे तो घरके स्वामीका नाश होताहै २३ । २४ जिस घरमें बीज औषधियोंका नाश होजावे तो भूत प्रेतादिकोंसे भयहोता है और घरके प्रदक्षिण क्रमसे स्तंभ लगाने चाहिये जो घरमें बाईंओरके क्रम करके स्तंभ लगाये जावें भय होताहै इस निमित्त स्तंभके उपद्रवों की दूरकरनेवाली शान्ति करनी चाहिये २५ । २६ फलवाली शाखाको स्तंभ के ऊपर स्थापितकरे और स्तंभका विस्तार पूर्व वा उत्तरकी ओर करना चाहिये घरमें दिग्मूढता न करे अर्थात् ऐसा न करे जिसमे दिशाका ज्ञान न हो २७ स्तंभ—द्वार और वासस्थान इन तीनों में दि

स्यान्नचसंवर्द्धयेद् गृहम् २८ यदिसंवर्द्धयेद् गेहं सर्वदिक्षुविवर्द्धयेत् । पूर्वेणवर्द्धितंवास्तु कुर्य्याद्वैराणिसर्वदा २९ दक्षिणेवर्द्धितंवास्तु मृत्यवेस्यान्नसंशयः । पश्चाद्विवृद्धंयद्वास्तु त दर्थक्षयकारकम् ३० वर्द्धापितंतथासौम्ये बहुसन्तापकारकम् । आग्नेयेयत्रवृद्धिःस्यात् तदग्निभयदम्भवेत् ३१ वर्द्धितंराक्षसेकाणे शिशुक्षयकरंभवेत् । वर्द्धापितन्तुवायव्ये वा तव्याधिप्रकोपकृत् ३२ ईशान्यामन्नहानिःस्यात् वास्तौसंवर्द्धितेसदा । ईशानेदेवतागा रं तथाशांतिगृहंभवेत् ३३ महानसन्तथाग्नेये तत्पार्श्वेचोत्तरेजलम् । गृहस्योपस्करंस र्वं नैर्ऋत्येस्थापयेद् बुधः ३४ वधस्थानंबहिःकुर्य्यात् स्नानमण्डपमेवच । धनधान्यञ्च वायव्ये कर्मशालान्ततोबहिः । एवंवास्तुविशेषःस्यात् गृहभर्तुःशुभावहः ३५ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेपञ्चपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५५ ॥

(सूत उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि दार्वाहरणमुत्तमम् । धनिष्ठापञ्चकंमुक्त्वा विष्ट्या दिकमतःपरम् १ ततःसांवत्सरादिष्टे दिनेयायाद्वनंबुधः । प्रथमंबलिपूजाञ्च कुर्य्याद्वृक्ष स्यसर्वदा २ पूर्वोत्तरेणपतितं गृहदारुप्रशस्यते । अन्यथानशुभंविन्द्यात् याम्योपरिनि पातनम् ३ क्षीरवृक्षोद्भवंदारु नगृहेविनिवेशयेत् । कृताधिवासंविहगैरनिलानलपीड़ि तम् ४ गजावरुग्णञ्चतथा विद्युन्निर्घातपीड़ितम् । अर्द्धशुष्कंतथादारु भग्नशुष्कंतथै

इमूढ़ होय तो कुलका नाश होताहै घरको किसी एकही दिशामें ऊंचा न बढ़ावे जो एकही दिशामें ऊंचाहोय तो सब दिशाओंमें ऊंचा करवाले या करले जो पूर्व्वकी ओर ऊंचा बढ़ाहुआ वास्तुहोवे तो शत्रुता होती है २८ । २९ दक्षिणकी ओर बढ़ाहुआ वास्तु होवे तो मृत्यु होती है पश्चिमकी ओर बढ़ाहोवे तो धनका नाश होताहै उत्तरकी ओर बढ़ाहुआ होय तो बहुतसा संताप होवे-अग्निकोण में बढ़ाहुआ होवे तो अग्निका भयहोय--नैर्ऋत्य कोणमें बढ़ाहुआ होवे तो वात व्याधिका रोग होताहै ३० । ३२ ईशान कोणमें वास्तु बढ़ाहोवे तो अन्नकी हानि होती है घर के ईशान कोणमें घरही में देवताका घर तथा शान्तिगृह बनाना चाहिये--अग्निकोण में रसोई करनेका स्थान बनावे रसोई के समीप उत्तरकी ओर जलका स्थान बनावे-- घरकी संपूर्ण चीज वस्तुओंको नैर्ऋत्य कोणमें रक्खे ३३ । ३४ स्नान करने आदिका स्थान घरसे बाहर बनावे धन धान्य रखनेका स्थान वायव्य कोण में बनावे इसप्रकारसे बनायाहुआ घर घरके स्वामीको शुभदायी होताहै ३५ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचपंचाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५५ ॥

सूतजी बोले—अब घरके काष्ठके निमित्त वृक्ष काटने की विधिको कहते हैं—धनिष्ठादि पञ्चकों को और भद्राको त्यागकर शुभ दिन में गमन करे प्रथम वृक्षों के बलिदानकर फिर उनकी पूजाकरे १ । २ जो काटा हुआ वृक्ष पूर्व तथा उत्तर की ओर को गिरे तो शुभदायी होताहै और पश्चिम वा दक्षिणकी ओर गिरे तो अशुभहै ३ पीपल आदिक दूधवाले वृक्षों के काष्ठको घर में न लगावे और जिसमें बहुत से पक्षियोंने वासकर रक्खाहो अथवा जो अग्निसे जल रहाहो ऐसे वृक्षको नहीं लावे ४ और हस्ती या बिजली से पीड़ित वा दग्ध आधा सूखा सूखके फटेहुए यज्ञ स्थान तथा देवालय

वच ५ चैत्यदेवालयोत्पन्नं नदीसङ्गमजन्तथा। श्मशानकूपनिलयं तड़ागादिसमुद्भवम् ६
वर्जयेत्सर्वथादारु यदीच्छेद्विपुलांश्रियम्। तथाकण्टकिनोवृक्षान् नीपनिम्बविभीतकान्
७ श्लेष्मातकानाम्रतरूनवर्जयेद्गृहकर्मणि। आसनाशोकमधुकसर्जशालाःशुभाव
हाः ८ चन्दनंपनसन्धन्यं सुरदारुहरिद्रवः। द्वाभ्यामेकेनवाकुर्यात् त्रिभिर्वाभवनंशुभम्
९ बहुभिःकारितंयस्मादनेकभयदंभवेत्। एकैवशिंशपाधन्या श्रीपर्णीतिन्दुकीतथा १०
एतानान्यसमायुक्ताः कदाचिच्छुभकारकाः। स्यन्दनःपनसस्तद्वत्सरलार्जुनपद्मकाः ११
एतनान्यसमायुक्ता वास्तुकार्यफलप्रदाः। तरुच्छेदेमहापीते गोधाविन्द्याद्विचक्षणः १२
माञ्जिष्ठवर्णेभेकः स्यान्नीलेसर्पादिनिर्दिशेत्। अरुणेसरटंविद्यान्मुक्ताभेशुकमादिशेत्
१३ कपिलेमूषकान्विद्यात् खड्गाभेजलमादिशेत्। एवंविधंसगर्भन्तु वर्जयेद्वास्तुकर्मणि
१४ पूर्वच्छिन्नन्तुगृह्णीयान्निमित्तशकुनैःशुभैः। व्यासेनगुणितेदैर्घ्ये अष्टाभिर्वैहृतेतथा १५
यच्छेषमायतंविद्यादष्टभेदंवदामिवः। ध्वजोधूमश्चसिंहश्च वृषभःखरएवच १६ हस्ती
ध्वांक्षश्चपूर्वाद्याः करशेषाभवन्त्यमी। ध्वजःसर्वमुखोधन्यः प्रत्यग्द्वारोविशेषतः १७ उ
दङ्मुखोभवेत्सिंहः प्राङ्मुखोवृषभोभवेत्। दक्षिणाभिमुखोहस्ती ऋषिभिःसमुदाहृतः १८
एकेनध्वजउद्दिष्टस्त्रिभिःसिंहःप्रकीर्तितः। पञ्चभिर्वृषभःप्रोक्तो विकोणस्थाश्चवर्जयेत् १९

के समीप में उत्पन्न नदीके संगमपर श्मशान तथा कूपके स्थानमें उत्पन्न और तलाव के ऊपर होने वाला इन सब वृक्षोंका काष्ठ नहीं लगाना चाहिये ५। ६ कीकर आदि कांटोंके वृक्ष कदंब-नींब-बहेड़ा-लहसोड़ा और आंब-इन सब वृक्षोंको घरके काम में वर्जदेवे और आसना-अशोक-महुआ-सर्जवृक्ष साल-यह सब वृक्ष घरके काममें शुभकहे हैं ७। ८ चन्दन-फालसे का वृक्ष देवदारु इन सबसे अथवा एक वृक्षसे घर बनाना शुभ है ९ बहुत से काष्ठोंसे बनाया हुआ घर अनेकप्रकार के भयोंको करता है इसहेतु से अकेली सीसम अथवा सालवण और टेसू के वृक्ष यह सब अकेलेही लगाने चाहिये और यह नहीं मिलें तो साल वा अर्जुन आदि अकेले वृक्षोंका काष्ठ लगानेसे उत्तम फल होता है और वृक्ष काटनेके समय वृक्षमें से बहुत पीलावर्ण निकले तो उस वृक्षमें गोहका भय होताहै-मजीठी रंग निकले तो मेंडकका भय होताहै-नीलावर्ण निकले तो सर्पादि का भय होता है लाल निकले तो किरलकांटों का भय-मोती के समान रंग निकले तो वहां बहुतसे तोतेजाने १० । १३ कपिल वर्ण निकले तो मूसोंका भय-तलवारके समान आकार होय तो जलका भय ऐसे इन लक्षणोंवाले वृक्षोंको काटनेके समयमें निषेध करदेवे १४ और जो पहलेका कटा हुआ वृक्ष पड़ाहो उसको अच्छे शकुन होनेके समयले आवे-वृक्षकी मुटाईके हाथोंसे उसकी लम्बाईको गुणाकरे फिर आठका भाग देवे एकबचे तो ध्वज दो बचे से धूम तीनबचेसे सिंह चार बचे से वृषभ-पांच से गधा-छठे से हाथी और सातबचे तो ध्वांक्ष नाम जाने इनमें ध्वजका सब ओर को मुखहै शुभदायी है विशेष करके इसका मुख पश्चिम की ओर है १५। १७ सिंहनामवाले का मुख उत्तरको है-वृषभनामका पूर्व को हस्तीका मुख दक्षिणको है यह ऋषियोंका कथनहै यह सब शुभदायी हैं अन्यवृक्षों के मुखकोणों

तमेवाष्टगुणंकृत्वा कुरराशिंविचक्षणः। सप्तविंशाहृतेभागे ऋक्षंविद्याद्विचक्षणः २० अष्ट भिर्भाजितेऋक्षे यःशेषःसव्ययोमतः। व्ययाधिकंनकुर्वीत यतोदोषकरम्भवेत्। आया धिकेभवेच्छान्तिरित्याहभगवान्हरिः २१ कृत्वाग्रतोद्विजवरानथपूर्णकुम्भं दध्यक्षता म्रदलपुष्पफलोपशोभम्। कृत्वाहिरण्यवसनानितदाद्विजेभ्यो मङ्गल्यशान्तिनिलयाय गृहंविशेत्तु २२ गृह्योक्तहोमविधिनाबलिकर्मकुर्यात् प्रासादवास्तुशमनेचविधिर्यउक्तः। सन्तर्पयेद्विजवरानथभोज्यभक्ष्यैः शुक्लाम्बरःस्वभवनंप्रविशेत्सधूपम् २३॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेषट्पञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५६॥

(ऋषय ऊचुः) क्रियायोगःकथंसिद्ध्येद्गृहस्थादिषुसर्वदा। ज्ञानयोगसहस्राद्धि कर्मयोगोविशिष्यते १ (सूत उवाच) क्रियायोगंप्रवक्ष्यामि देवतार्चानुकीर्तनम्। भुक्ति मुक्तिप्रदंयस्मान्नान्यत्लोकेषुविद्यते २ प्रतिष्ठायांसुराणांतुदेवतार्चानुकीर्तनम्। देवयज्ञो त्सवञ्चापिवन्धनाद्येनमुच्यते ३ विष्णोस्तावत्प्रवक्ष्यामि यादृग्रूपंप्रशस्यते। शङ्खचक्र धरंशान्तं पद्महस्तंगदाधरम् ४ छत्राकारंशिरस्तस्य कम्बुग्रीवंशुभेक्षणम्। तुङ्गनासं शुक्तिकर्णं प्रशान्तोरुभुजक्रमम् ५ क्वचिदष्टभुजंविद्याच्चतुर्भुजमथापरम्। द्विभुजश्चापि कर्तव्योभवनेषुपुरोधसा ६ देवस्याष्टभुजस्यास्य यथास्थानंनिबोधत। खड्गोगदाशरः

में हैं उनको निषेध करदेवे १८। १९ और इसप्रकार से गुणाकरके भागदियेहुए शेषरहे हाथोंको आठगुणाकर पीछे सत्ताईससे गुणाकरे फिर आठका भागदेवे एक बचे तो व्यय दो बचे तो लाभ इसीक्रम से जाने जिसमें व्यय अर्थात् खर्च अधिकबचे ऐसी मुटाईवाले वृक्षको नहीं लावे-जिस में लाभ अधिकहो उसमें शान्तिहोती है यहहरि भगवान् का मतहै २०। २१ इसप्रकारसे घरको चिंनवाकर पीछेसे जलपूर्ण कुंभको दधि अक्षत फलपुष्पादिसे शोभितकर सुवर्ण वस्त्र समेत ब्राह्म-णोंके हाथमेंदे उनब्राह्मणोंको आगेकर पीछे घरमें प्रवेशकरे और शास्त्रके अनुसार हवनकरे बलिदा-नदेवे उत्तम भक्ष्य भोज्यपदार्थोंसे ब्राह्मणोंको भोजनकरवा श्वेत वस्त्रोंको धारणकर घरमें प्रविष्टहो-वे २२। २३॥ इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषट्पंचाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५६॥

ऋषियोंने पूछा-कि सब गृहस्थियोंका क्रियायोग कैसे सिद्धहोताहै हज़ारों ज्ञानयोगोंसे कर्मयोग उत्तम कहाहै १ सूतजी कहतेहैं-कि अब देवताके पूजन करने के कर्म्मयोगको कहताहूं क्योंकि त्रि-लोकी में इस के समान अन्यकोई भुक्ति मुक्तिका देने वाला नहीं है २ देवताओं की प्रतिष्ठा में देवता ओंकी पूजाका वर्णन कियाहै और देवयज्ञके उत्सवका वर्णन कियाहै इसको सुननेवाला मनुष्य ब-न्धनसे छुट जाताहै ३ अब विष्णुकी मूर्त्ति बनाने की विधि वर्णन करते हैं-शंख चक्र गदा और पद्म इनको हाथों में धारण करने वाली छत्राकार शिरवाली शंखसीग्रीवा सुन्दर नेत्र-ऊंची नासिका-सीपसे कान वाली शान्त स्वरूप ऐसी विष्णुभगवान्की मूर्त्ति बनानी चाहिये ४। ५ विष्णुकी मूर्त्तिके आठहाथ बनावे वा चारहाथ बनावे अथवा दोही हाथ बनावे-६ आठहाथवाली मूर्त्तिके शस्त्रोंके स्था-नोंको सुनो-खड्ग गदा-बाण-पद्म और कमल यह दाहिनी भुजाओंमें और धनुष-खेटक अर्थात् खाड़ा

पद्मं दिव्यंदक्षिणतोहरेः ७ धनुश्चखेटकञ्चैव शङ्खचक्रेचवामतः । चतुर्भुजस्यवक्ष्या
मि यथैवायुधसंस्थितिः ८ दक्षिणेनगदापद्मं वासुदेवस्यकारयेत् । वामतःशङ्खचक्रेच क
र्तव्येभूतिमिच्छता ९ कृष्णावतारेतुगदा वामहस्तेप्रशस्यते । यथेच्छयाशङ्खचक्रे चोप
रिष्टात्प्रकल्पयेत् १० अधस्तात्पृथिवीतस्य कर्तव्यापादमध्यतः । दक्षिणेप्रणतंतद्वद्
गरुत्मन्तंनिवेशयेत् ११ वामतस्तुभवेल्लक्ष्मीः पद्महस्ताशुभानना । गरुत्मानग्रतोवा
पिसंस्थाप्योभूतिमिच्छता १२ श्रीश्चपुष्टिश्चकर्तव्येपार्श्वयोःपद्मसंयुते। तोरणञ्चोपरि
ष्टात्तु विद्याधरसमन्वितम् १३ देवदुन्दुभिसंयुक्तं गन्धर्वमिथुनान्वितम् । पत्रवल्लीसमो
पेतं सिंहव्याघ्रसमन्वितम् १४ तथाकल्पलतोपेतं स्तुवद्भिरमरेश्वरैः । एवंविधोभवेद्वि
ष्णोस्त्रिभागेनास्यपीठिका १५ नवतालप्रमाणास्तु देवदानवकिन्नराः । अतःपरंप्रवक्ष्या
मि मानोन्मानंविशेषतः १६ जालान्तरप्रविष्टानां भानूनांयद्रजःस्फुटम् । त्रसरेणुःसवि
ज्ञेयो वालाग्रन्तैरथाष्टभिः १७ तदष्टकेनलिक्षातु यूकालिक्षाष्टकैर्मता। यवोयूकाष्टकंतद्व
दष्टभिस्तैस्तदङ्गुलम्१८स्वकीयाङ्गुलिमानेन मुखंस्याद्द्वादशाङ्गुलम्।मुखमानेन
कर्तव्या सर्वावयवकल्पना १९ सौवर्णीराजतीवापि ताम्रीरत्नमयीतथा। शैलीदारुमयी
चापि लोहसंघमयीतथा २० रीतिकाधातुयुक्तावा ताम्रकांस्यमयीतथा। शुभदारुमयी

और शंख चक्र यहवायें हाथ में धारण करानेचाहिये-अब चारहाथोंवाली विष्णुकी मूर्त्तिके शस्त्रोंको सुनो-७।८ दाहिने हाथों में गदा और पद्म धारण करावे और बायें हाथों में शंख चक्रोंको धारण करानाचाहिये ९ कृष्णावतार की मूर्त्ति के वाम हाथ मेंही गदाधारण करानी योग्यहै और उसके ऊपर इच्छापूर्व्वक शंख चक्रको धारण करावे १० और विष्णुकी मूर्त्तिके बायें पैरके नीचे पृथ्वीरहने देवे दाहिनेपैरके नीचे विनय करतेहुए गरुड़ को बैठावे-११ अथवा विष्णुके वामांगकी ओर लक्ष्मीजीको स्थापित करे और गरुड़को विष्णुके आगे स्थित करे और श्री-पुष्टि इन्हों को कमलसे युक्त करके दोनों बगलों में स्थितकरे- विष्णुकी मूर्त्तिके ऊपर विद्याधरसे युक्तकीहुई तोरण लगावे १२।१३ और देवताओंके नगाड़े गन्धर्वोंके मिथुन जोड़े और बेलबूटी सिंह आदिक चित्राम भी विष्णुभगवान्की मूर्त्तिके समीपमें बनाने चाहिये १४ और समीपवर्त्ती स्तुति करतेहुए देवताओंकी मूर्त्तिभी बनानी चाहिये ऐसे प्रकारकी विष्णुकी मूर्त्तिके तीसरे भागके प्रमाण तुल्य पीठिका स्थित होनेकी सीढ़ी बनानी चाहिये १५ और देवता दानव और मनुष्य यह सब ९ तालप्रमाणके होतेहैं (अंगुष्ठ से मध्यमाअंगुली तकके विस्तारको ताल कहते हैं) अब अन्य२ विशेष प्रमाण और वेदोंको कहते हैं १६ झरोखोंमें जो सूर्य्यकी किरणोंपर रजदिखाई देती है उसको त्रसरेणु कहते हैं आठत्रसरेणुओंको बालाग्र कहते हैं—आठबालाग्रोंकी लिक्षा—आठलिक्षाओंकी यूकाहोती है-आठयूकाओंका यव होताहै उन आठयवोंका अंगुलहोताहै १७।१८ और अपने बारहअंगुल प्रमाणका मुखहोताहै-मूर्त्ति के मुखके प्रमाणसे संपूर्ण अवयवोंकी कल्पना होती है १९ सुवर्ण चाँदी-तांबा-रत्न-पाषाण-काष्ठ-लोहवापीतलकी-अथवा तांबा काँशीकी मिलीहुई अथवा चन्दन आदि शुभकाष्ठकी इत्यादि अनेक

थापि देवतार्चाप्रशस्यते २१ अङ्गुष्ठपर्वादारभ्य वितस्तिर्यावदेवतु ।गृहेषुप्रतिमाकार्या नाधिकाशस्यतेवुधैः २२ आषोडशातुप्रासादे कर्तव्यानाधिकाततः। मध्योत्तमकनिष्ठातु कार्याविचानुसारतः २३ द्वारोच्छ्रायस्ययन्मानमष्टधातत्तुकारयेत् । भागमेकंतत स्त्यक्त्वा परिशिष्टन्तुयद्भवेत् २४ भागद्वयेनप्रतिमात्रिभागीकृत्यतत्पुनः। पीठिकाभागतःकार्या नातिनीचानचोच्छ्रिता २५ प्रतिमामुखमानेन नवभागान्प्रकल्पयेत् । चतुरङ्गुलाभवेद्ग्रीवा भागेनहृदयंपुनः २६ नाभिस्तस्मादधःकार्या भागेनैकेनशोभना। निम्नत्वेविस्तरत्वेच अङ्गुलंपरिकीर्तितम् २७ नाभेरधस्तथामेढ्रं भागेनैकेनकल्पयेत्। द्विभागेनायतावूरू जानुनीचतुरङ्गुले २८ जङ्घेद्विभागेविस्याते पादौचचतुरङ्गुलौ। चतुर्दशाङ्गुलस्तद्वन्मौलिरस्यप्रकीर्तितः २९ ऊर्द्ध्वमानमिदंप्रोक्तं पृथुत्वञ्चनिबोधत। सर्वावयवमानेषु विस्तारंशृणुतद्विजाः ! ३० चतुरङ्गुलंललाटं स्यादूर्ध्वंनासातथैवच। द्व्यङ्गुलन्तुहनुर्ज्ञेयमोष्ठः स्वाङ्गुलसम्मितः ३१ अष्टाङ्गुलेललाटेच तावन्मात्रेभ्रुवौमते। अर्द्धाङ्गुलाभ्रुवोर्लेखा मध्येधनुरिवानता ३२ उन्नताग्राभवेत्पार्श्वे श्लक्ष्णातीक्ष्णा प्रशस्यते। अक्षिणीद्व्यङ्गुलायामे तदर्धैचैवविस्तरे ३३ उन्नतोदरमध्येतु रक्तान्तेशुभलक्षणे। तारकार्धविभागेन दृष्टिःस्यात्पञ्चभागिका ३४ द्व्यङ्गुलन्तुभ्रुवोर्मध्ये नासामू

प्रकारकी मूर्त्ति वनानी श्रेष्ठ कहीहैं २०।२१ अंगूठेकी पोरीसे एक विलस्त तककी मूर्त्ति घरमें रखनी चाहिये इससे अधिक प्रमाणकी मूर्त्ति घरोंमें नहीं रखनी योग्यहै २२ और प्रासाद अर्थात् देवताओं के मन्दिरोंमें वा राजाओंके घरों में सोलह अंगुलकी वनावे इससे अधिक नहीं वनवावे और अपने वित्तके अनुसार मध्यमा-उत्तमा और कनिष्ठामूर्त्तिवनानी कही है २३ और मन्दिरके द्वारकी उंचाईके आठभाग करके एक भागको त्यागदेवे फिर उनवाकी वचेहुओंके तीनभाग कर दो भागमें तो देवता की मूर्त्ति वनवावे और तीसरे भागमें पीठिका अर्थात् मूर्त्तिके स्थितहोनेको पेंडीवनावे वह पेंडी अधिक नीची नहीं रखनी और अधिक ऊंचीभी नहीं रखनी चाहिये २४।२५ फिर मूर्त्तिके मुखके प्रमाण भरके नव ९ भाग कल्पित करले उसमें चार अंगुलकी तो ग्रीवावनावे और भागमें हृदय बनावे २६ उसहृदय से नीचे एकभागमें सुन्दर नाभिवनावे वह नाभि एकअंगुलगहरी और एकही अंगुल विस्तारवाली वनानी चाहिये २७ नाभिसे नीचे एक भागमें लिंगवनावे दो भागोंमें जंघा वनावे चार अंगुलमें घोंटू वनावे दो भागोंमें पिंडली वनावे और चार अंगुलमें पैरवनावे इसमूर्त्तिका मस्तक चौदह अंगुल ऊंचा होताहै यह तो मूर्त्तिकी उंचाई कही है-अब इसकी मुटाई को कहतेहैं-हे द्विजवर्य्यो तुम संपूर्ण अवयवों के विस्तारको श्रवण करो २८।३० मस्तक चार अंगुल मोटाहोता है मस्तकसे ऊपर दीखतीहुई नासिकावनावे दो अंगुलकी ठोढ़ीवनावे अपने एकअंगुलका ओष्ठ बनावे ३१ आठ अंगुलकी कनपटी वनावे आठअंगुलमें दोनों भ्रुकुटी वनावे और आधे अंगुलके प्रमाणमें भ्रुकुटीके वालोंकी रेखावनावे पर वह भ्रुकुटी धनुषके समान नमित अर्थात् नईहुई वनानी चाहिये ३२ मूर्त्तिके नेत्रोंके दोनों ओरोंको आगेसे ऊंचाकरे और सुन्दर महीन औरपैने २ करे दोअं-

लमथाङ्गुलम्। नासाग्रविस्तरंतद्वत् पुटद्वयमथानतम् ३५ नासापुटविलंतद्वदर्धाङ्गु
लमुदाहृतम्। कपोलेद्वयङ्गुलेतद्वत् कर्णमूलाद्विनिर्गते ३६ हन्वग्रमङ्गुलंतद्वद्विस्ता
रोद्वयङ्गुलोभवेत्। अर्द्धाङ्गुलाभ्रुवोराजी प्रणालसदृशीसमा ३७ अर्द्धाङ्गुलसमस्त
द्वदुत्तरोष्ठस्तुविस्तरे। निष्पावसदृशन्तद्वन्नासापुटदलंभवेत् ३८ सृक्किणीज्योतिस्तुल्ये
तु कर्णमूलात्षडङ्गुले। कर्णौतुभ्रूसमौज्ञेयो ऊर्द्धन्तुचतुरङ्गुलौ ३९ द्वयङ्गुलौकर्णपा
र्श्वौतु मात्रामेकान्तुविस्तृतौ। कर्णयोरुपरिष्टाच्च मस्तकंद्वादशाङ्गुलम् ४० ललाटात्
पृष्ठतोऽर्धेन प्रोक्तमष्टादशाङ्गुलम्। षट्त्रिंशदङ्गुलश्चास्य परिणाहःशिरोगतः ४१
सकेशनिचयोयस्य द्विचत्वारिंशदङ्गुलः। केशान्ताद्धनुकातद्वदङ्गुलानितुषोडश ४२
ग्रीवामध्यपरीणाहश्चतुर्विंशतिकाङ्गुलः। अष्टाङ्गुलाभवेद्ग्रीवा पृथुत्वेनप्रशस्यते ४३
स्तनग्रीवान्तरंप्रोक्तमेकतालंस्वयम्भुवा। स्तनयोरन्तरंतद्वद्द्वादशाङ्गुलमिष्यते ४४
स्तनयोर्मण्डलंतद्वद् द्वयङ्गुलंपरिकीर्तितम्। चूचुकौमण्डलस्यान्तर्यवमात्रावुभौस्मृ
तौ ४५ द्वितालश्चापिविस्ताराद्वक्षस्थलमुदाहृतम्। कक्षेषडङ्गुलेप्रोक्ते बाहुमूलस्तना
न्तरे ४६ चतुर्दशाङ्गुलौपादावङ्गुष्ठौतुत्रियङ्गुलौ। पञ्चाङ्गुलपरीणाहमङ्गुष्ठाग्रं
तथोन्नतम् ४७ अङ्गुष्ठकसमातद्वदायामास्यात्प्रदेशिनी। तस्याःषोडशभागेन हीयते

गुल विस्तारवाले नेत्रबनाने चाहिये नेत्रके वीचमें उंचाईकरे कोयोंको लालबनावे और आंखकेता-
रके आधेभागसे पांचगुनी नेत्रकी काली पुतली बनानी चाहिये ३३। ३४ दोनों भ्रुकुटियोंके वीच
की जगह दोअंगुलरखनी चाहिये एकअंगुलमें नासिकाको जड़बनावे एकअंगुलमें नासिकाका अग्र-
भागबनाकर दोनों पुटबनावे-नासिकाके पुटके छिद्रको आधे अंगुलके प्रमाणमें बनावे दो अं-
गुलमें कपोल बनावे दो अंगुलका ठोढ़ीका अग्रभाग बनावे और कमल की डंडीके समान आधे
अंगुल प्रमाणवाली भ्रुकुटियोंके वालोंकी रेखाबनावे आधअंगुलके ओठबनावे मोरके समानदल
वाला नासिकाकापुट बनावे ३५। ३८ भ्रुकुटियोंके समान चार अंगुल ऊंचेकान बनावे और कानों
के पगवारे दो अंगुल प्रमाणके बनावे-कानोंके ऊपर बारह अंगुलका मस्तकबनावे इससंपूर्ण मूर्त्ति
के शिर पर्य्यन्त छत्तीस अंगुलका प्रमाणहोना चाहिये शिखासे ठोढ़ी पर्य्यन्त सोलह अंगुल विस्तार
होताहै और पैरोंसे शिखापर्य्यन्त बयालीस ४२ अंगुलका विस्तारहोताहै ३९। ४२ ग्रीवा और क-
टिके बीचमें चोबीस अंगुलका विस्तारकरे और स्तन वा ग्रीवाका एकताल प्रमाण अन्तर करना-
यह सब ब्रह्माजीका वचन है और दोनों स्तनोंके वीचमें बारहअंगुल के प्रमाण जगह छोड़नी चा-
हिये ४३। ४४ स्तनोंके मंडल दो २ अंगुलके बनावे मंडलोंके वीचका चूचुक वीटकना जौके प्र-
माण बनावे छातीको दोताल विस्तारवाली बनावे छः अंगुल की दोनोंकोख बनावे और भुजाओंके
मूल और स्तनोंके वीचमें छः अंगुल जगह छोड़े चौदह अंगुल प्रमाणमें दोनों पैरबनावे तीनअंगुल
प्रमाणके दोनों अंगूठे बनावे और अग्रभागतक अंगूठेकी लंबाई और उँचाई पांच अंगुल की बनावे
अंगूठेके समान प्रदेशिनी नाम प्रथम उंगली बनावे इससे सोलहवें भाग हीन मध्यमा उंगली बना

मध्यमाङ्गुली ४८ अनामिकाष्टभागेन कनिष्ठाचापिहीयते। पर्वत्रयेणचाङ्गुल्योगुल्फौ द्व्यङ्गुलकोमतौ ४९ पार्ष्णिद्व्यंङ्गुलमात्रस्तु कलयोश्च प्रकीर्तितः। द्विपर्वाङ्गुष्ठकः प्रोक्तः परीणाहश्चद्व्यङ्गुलः ५० प्रदेशिनीपरीणाहस्त्र्यङ्गुलःसमुदाहृतः। कन्यसा चाष्टभागेन हीयतेक्रमशोद्विजाः ५१ अङ्गुलेनोच्छ्रयःकार्यो ह्यङ्गुष्ठस्यविशेषतः। तदर्धेनतुशेषाणामङ्गुलीनान्तथोच्छ्रयः ५२ जङ्घाग्रेपरिणाहस्तु अङ्गुलानिचतुर्दश। जङ्घामध्येपरीणाहस्तथैवाष्टादशाङ्गुलः ५३ जानुमध्येपरीणाह एकविंशतिरङ्गुलः। जानूच्छ्रयोऽङ्गुलःप्रोक्तो मण्डलन्तुत्रिरङ्गुलम् ५४ ऊरुमध्येपरीणाहो ह्यष्टाविंशतिकाङ्गुलः। एकत्रिंशोपरिष्टाच्च वृषणौतुत्रिरङ्गुलौ ५५ द्व्यङ्गुलञ्चतथामेढ्रं परीणाहः षडङ्गुलम्। मणिबन्धादधोविद्यात् केशरेखास्तथैवच ५६ मणिकोशपरीणाहश्चतुरङ्गुलइष्यते। विस्तरेणभवेत्तद्वत्कटिरष्टादशाङ्गुला ५७ द्वाविंशतितथास्त्रीणां स्तनौचद्वादशाङ्गुलौ। नाभिमध्यपरीणाहो द्विचत्वारिंशदङ्गुलः ५८ पुरुषेपञ्चपञ्चाशत् कट्यांञ्चवतुवेष्टनम्। कक्षयोरुपरिष्टात्तु स्कन्धौप्रोक्तौषडङ्गुलौ ५९ अष्टाङ्गुलान्तुविस्तारे ग्रीवाञ्चविनिर्दिशेत्। परीणाहेनतथाग्रीवां कलाद्वादशनिर्दिशेत् ६० आयामोभुजयोस्तद्वत् द्विचत्वारिंशदङ्गुलः। कार्यन्तुबाहुशिखरं प्रमाणेषोडशाङ्गुलम् ६१ शेषाणाम

वे ४५।४८ मध्यमासे आठवेंभागहीन अनामिकाबनावे दोअंगुलप्रमाणके गुल्फ अर्थात् टकनेबनावे ४९ दो अंगुलके प्रमाणकी एड़ीबनावे और अंगूठेके दोपोरुए और प्रदेशिनी अंगुलीके तीन पोरुए बनावे और अंगूठेकी उंचाई एक अंगुलकी अंगुलियोंके आधे अंगुलकी उंचाई होती है पिंडलियोंके अग्र-भागका विस्तार चौदह अंगुलका होताहै और मध्यभागका विस्तार अठारह अंगुलका होताहै और घोंटुओंके मध्यभागका विस्तार इक्कीस अंगुलका बनावे एक अंगुल ऊंचे घोंटूबनावे और घोंटुओंके मंडल तीन अंगुलके बनावे ५०।५४ जांघोंकेमध्यमें अट्ठाईसअंगुलका विस्तारहोताहै और ऊपरकी ओर इकतीस अंगुलका विस्तार होताहै, तीन अंगुलके वृषण बनावे और दो अंगुलका लिंग बनाना चाहिये लिंगका सब विस्तार छःअंगुल प्रमाणका बनावे और पहुँचे के नीचेके भागमें केशोंकीरेखा बनावे पहुंचे की मुटाई चार अंगुलके प्रमाणकी बनावे कटिका विस्तार अठारह अंगुलका होताहै और देवताओंकी मूर्त्तिकी कटिका विस्तार बत्तीस अंगुलका होताहै और नाभिके मध्यमें बयालीस अंगुलका विस्तार बनावे और पुरुषकी कटिमें पचपन अंगुलकी तागड़ी बनावे और कांखोंसे ऊपर छः अंगुलके कंधे होते हैं, ग्रीवाको आठ अंगुलके विस्तारमें बनावे दोनों भुजाओंकी सुरुपि बया-लीस अंगुलकी बनावे, बाहुकी शिखरको सोलह अंगुलकी बनावे, सात अगुलकी हथेली बनावे और पूर्व्वोक्त प्रकार से एकसे एकहीन भागवाली अंगुली बनावे और सब अंगुलियों के यव एकसे एक हीन भागवाले होतेहैं और अंगूठे के पोरुए मध्यमा अंगुली के पोरुए के समान होते हैं, अंगूठे का अगला पोरुआ दो यव अधिकका बनावे, आधे पोरुएमें नख बनावे नखोंको चिकना और लाल करे आगेसे कुछ थोड़े लालकरे अंगुलियोंकी पीठको डूंघीबनावे किनारों को कुछ ऊंचा बनावे और

ङ्गुलीनान्तु भागोभागेनहीयते। मध्यमामध्यभागन्तु अङ्गुलद्वयमायतम् ६२ यवो यवेनसर्वासान्तस्यास्तस्याःप्रहीयते। अङ्गुष्ठपर्वमध्यन्तु तर्जन्यासदृशंभवेत् ६३ यव द्वयाधिकंतद्वदग्रपर्वउदाहृतम्। पर्वार्धेतुनखान्विद्यादङ्गुलीषुसमन्ततः ६४ स्निग्धं श्लक्ष्णंप्रकुर्वीतईषद्रक्तंतथाग्रतः। निम्नपृष्ठंभवेन्मध्ये पार्श्वतःकलयोच्छ्रितम् ६५ तथै वकेशवल्लीयंस्कन्धोपरिदशाङ्गुला। स्त्रियःकार्यास्तुतन्वङ्ग्यः स्तनोरुजघनाधिकाः ६६ चतुर्दशाङ्गुलायाममुदरंनामनिर्दिशेत्। नानाभरणसम्पन्नाः किञ्चित्श्लक्ष्णभुजास्त तः ६७ किञ्चिद्दीर्घंभवेत्वक्त्रमलकावलिरुत्तमा। नासाग्रीवाललाटञ्च सार्द्धमात्रंत्रिरङ्गु लम् ६८ अध्यर्द्धाङ्गुलविस्तारः शस्यतेऽधरपल्लवः। अधिकंनेत्रयुग्मन्तु चतुर्भागेण निर्दिशेत्। ग्रीवावलिश्चकर्तव्या किञ्चिदर्धाङ्गुलोच्छ्रया ६९ एवंनारीषुसर्वासु देवानां प्रतिमासुच। तवचालमिदंप्रोक्तं लक्षणंपापनाशनम् ७० ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेसप्तपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५७॥

(सूत उवाच) अतःपरंप्रवक्ष्यामि देवाकारान्विशेषतः। दशतालःस्मृतोरामो बलि र्वैरोचनिस्तथा १ वराहोनारसिंहश्च सप्ततालस्तुवामनः। मत्स्यकूर्मौचनिर्दिष्टौ यथा शोभंस्वयम्भुवा २ अतःपरंप्रवक्ष्यामि रुद्राद्याकारमुत्तमम्। सपीनोरुभुजस्कन्धस्तप्त काञ्चनसप्रभः ३ शुक्लोऽर्करश्मिसंघातश्चन्द्राङ्कितजटोविभुः। जटामुकुटधारीच द्व्यष्टव र्षाकृतिश्चसः ४ बाहुवारणहस्ताभौ वृत्तजङ्घोरुमण्डलः। ऊर्ध्वकेशश्चकर्तव्यो दीर्घाय तविलोचनः ५ व्याघ्रचर्मपरीधानः कटिसूत्रत्रयान्वितः। हारकेयूरसम्पन्नो भुजङ्गाभरण

देवताओं की स्त्रियोंके पतले और सूक्ष्म अंग बनावे कुचा जंघा और नितम्बों को भारी स्थूलबनावे चौदह अंगुलके विस्तारमें उदरको बनावे इन संपूर्ण मूर्त्तियोंको अनेक प्रकारके आभूषणोंसे युक्तकरे भुजाओं को कुछ पतली बनावे मुख को भी पतला बनावे जुल्फों की रेखा बनावे ओष्ठ आधे २ अंगुलके बनावे दोनों नेत्रोंको ओष्ठोंके चतुर्थांशभाग अधिक बनावे ग्रीवा की वलिको आध अंगुलसे कुछ ऊंचीकरे यह संपूर्ण देवताओं की मूर्तिका लक्षण पापोंका नाश करनेवाला है वह सब तुम्हारे आगे वर्णन करदिया है ५५। ७०॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तपंचाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५७॥

सूतजी बोले—अब विशेष भेदके द्वारा अलग २ देवताओंकी मूर्त्तिके आकारों को कहते हैं राम- चन्द्रजी की मूर्त्तिको दशताल प्रमाणकी बनावे बलिकी मूर्त्तिको भी दशतालही ऊंची बनावे (एक ताल अंगूठे से लेकर मध्यमा अंगुली तकके विस्तारका होताहै) वाराह, नृसिंह और वामन यह सातताल्के होते हैं मत्स्यजी और कूर्म अवतारकी मूर्त्तिको जैसी अच्छलगे वैसीबनाले ११२ अब शिवजी आदिक देवताओंके आकारको कहते हैं कड़ी जांघ भुजा और कन्धोंसे युक्त तप्त सुवर्णकीसी कान्ति श्वेत चन्द्रमा से युक्त जटामुकुट समेत सोलह वर्षकी अवस्था संयुक्त ऐसी मूर्त्ति शिवजीकी बनावे ३।४ और भुजा हाथीकी सूंड़के समान जांघ और पिंडलियों को गोलबनावे ऊपरको खड़े

स्तथा ६ वाहवश्चापिकर्त्तव्या नानाभरणभूषिताः। पीनोरुगण्डफलकः कुण्डलाभ्याम लङ्कृतः ७ आजानुलम्बबाहुश्च सौम्यमूर्त्तिःसुशोभनः। खेटकंवामहस्तेतु शङ्खञ्चैव तुदक्षिणे ८ शक्तिंदण्डंत्रिशूलञ्च दक्षिणेषुनिवेशयेत्। कपालंवामपार्श्वेतु नागंखट्वाङ्गमे वच ९ एकश्चवरदोहस्तस्तथाक्षवलयोऽपरः। वैशाखस्थानकंकृत्वा नृत्याभिनयसंस्थि तः १० नृत्यन्दशभुजःकार्यो गजचर्मधरस्तथा। तथात्रिपुरदाहेच वाहवःषोडशैवतु ११ शङ्खंचक्रंगदाशार्ङ्गं घण्टातत्राधिकाभवेत्। तथाधनुःपिनाकञ्च शरोविष्णुमयस्तथा १२ चतुर्भुजोऽष्टबाहुर्वा ज्ञानयोगेश्वरोमतः। तीक्ष्णनासाग्रदशनः करालवदनोमहान् १३ भैरवःशस्यतेलोके प्रत्यायतनसंस्थितः। नमूलायतनेकार्यो भैरवस्तुभयङ्करः १४ नार सिंहवराहोवा तथान्येऽपिभयङ्कराः। नाधिकाङ्गानहीनाङ्गाः कर्तव्यादेवताःक्वचित् १५ स्वामिनंघातयेत्न्यूना करालवदनातथा। अधिकाशिल्पिनंहन्यात् कृशाचैवार्थनाशिनी १६ कृशोदरीतुदुर्भिक्षं निर्मांसाधननाशिनी। वक्रनासातुदुःखाय संक्षिप्ताङ्गीभयङ्करी १७ चिपिटादुःखशोकाय अनेत्रानेत्रनाशिनी। दुःखदाहीनवक्त्रातु पाणिपादकृशातथा १८ हीनाङ्गाहीनजङ्घाच भ्रमोन्मादकरीनृणाम्। शुष्कवक्त्रातुराजानं कटिहीनाचयाभवेत् १९ पाणिपादविहीनोयो जायतेमारकोमहान्। जङ्घाजानुविहीनाच शत्रुकल्याणका

हुए केशबनावे लम्बे और विस्तृत नेत्रबनावे व्याघ्रचर्म उढ़ावे कटिमें तीन लड़ी के सूतकी तागड़ी बांधे, हार वाजूबन्द और सर्प इत्यादि भूषणों से युक्तकरे और भुजाओंको भी अनेक प्रकारके आभूषणों से भूषित करे कपोल स्थूल बनाकर कुण्डलों की शोभा से विभूषित करे लम्बी भुजावाली सुन्दर सौम्य मूर्त्ति बनाकर वाम हाथ में खेटक शस्त्र, दहिने हाथमें शंख, शक्ति, दण्ड और त्रिशूल धारण करवावे बाईं ओर कपाल, सर्प और खट्वांग स्थापित करे एक हाथ को वर देने के समान बनावे दूसरे हाथ में रुद्राक्ष धारण करे और नृत्य देखने में तत्पर ऐसी मूर्त्ति बनावे ५। १० नृत्य करते हुए शिवजीकी दश भुजा बनावे और हस्ती के चर्मको उढ़ावे और त्रिपुरको दग्ध करतेहुए शिवजी की मूर्त्तिके सोलह भुजबनावे उन भुजाओं में शंख, चक्र, गदा, शार्ङ्ग धनुष, पिनाक धनुष और विष्णुरूपी बाण धारणकरे ११।१२ और जब शिवजी की चतुर्भुजी तथा अष्टभुजी मूर्त्तिबनावे तब ज्ञान योगेश्वर महादेव होते हैं और पैनी नासिका पैने दाँत और महान् विकरालमुख भैरवकी मूर्त्ति बनानी चाहिये और नृसिंह वराह इत्यादिक मूर्त्ति भी भयंकर होती हैं परन्तु देवता की किसी मूर्त्तिको भी अधिक वा न्यून अंगवाली न बनावे १३। १५ हीन अंगवाली तथा विकराल मुखवाली देवताकी मूर्त्ति स्वामी का नाश करती है अधिक अंगवाली मूर्त्ति कारीगर का नाशकरती है कृशमूर्त्ति धनका नाशकरती है कृश उदरवाली दुर्भिक्षकरती है, मांसरहित मूर्त्ति धनकानाशकरती है,टेढ़ी नासिका वाली दुःखकरती है संक्षिप्त अंगवाली भयकरतीहै १६।१७ चिपटे नेत्रोंवाली दुःख और शोक को करती है अंधी मूर्त्ति नेत्रोंका नाशकरती है मुखरहित तथा पंगे हाथ पैरोंवाली मूर्त्ति दुःखकरती है १८ हीन अंगवाली वा हीन जंघावाली भय और उन्माद करती है सूखे मुखवाली मूर्त्ति राजाका

रिणी २० पुत्रमित्रविनाशाय हीनवक्षस्थलातुया । सम्पूर्णावयवायातु आयुर्लक्ष्मीप्रदा सदा २१ एवंलक्षणमासाद्य कर्तव्यःपरमेश्वरः । स्तूयमानःसुरैःसर्वैः समन्तादर्शयेद्भवम् २२शक्रेणनन्दिनाचैव महाकालेनशङ्करम् । प्रणतालोकपालास्तु पार्श्वेतुगणनायकाः२३ नृत्यत्भृङ्गिरिटिश्चैव भूतवेतालसंवृताः । सर्वेहृष्टास्तुकर्तव्यास्तुवन्तःपरमेश्वरम् २४ गन्धर्वविद्याधरकिन्नराणामथाप्सरोगुह्यकनायकानाम् । गणैरनेकैःशतशोमहेन्द्रैर्मुनिप्रवीरैरपिनम्यमानम् २५ धृताक्षसूत्रैःशतशःप्रवालपुष्पोपहारप्रचयन्ददद्भिः । संस्तूयमानंभगवन्तमीड्यं नेत्रत्रयेणामरमर्त्यपूज्यम् २६ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेऽष्टपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५८ ॥

(सूत उवाच) अधुनासम्प्रवक्ष्यामि अर्धनारीश्वरंपरम् । अर्धेनदेवदेवस्य नारीरूपंसुशोभनम् १ ईशार्द्धेतुजटाभागोबालेन्दुकलयायुतः । उमार्द्धेचापिदातव्यौ सीमन्ततिलकावुभौ २ वासुकिर्दक्षिणेकर्णेवामेकुंडलमादिशेत् । बालिकाचोपरिष्टात्तुकपालंदक्षिणेकरे । त्रिशूलंवापिकर्तव्यंदेवदेवस्यशूलिनः३ वामतोदर्पणंदद्यादुत्पलंतुविशेषतः४ वामबाहुश्च कर्तव्यः केयूरवलयान्वितः । उपवीतञ्चकर्तव्यंमणिमुक्तामयन्तथा ५ स्तनभारंतथार्धेतुवामेपीनंप्रकल्पयेत् । परार्ध्यमुज्ज्वलंकुर्याच्छ्रोण्यर्धेतुतथैवच ६ लिङ्गार्द्धमूर्ध्वगंकुर्यात्व्याला

नाशकरती है हाथ पैरोंसे रहित मूर्त्ति महामारी करती है पिंडली और घोंटुओं से हीन मूर्त्ति शत्रु को आनन्द करती है १९।२० छातीरहित मूर्त्ति पुत्र और मित्रोंका नाशकरती है और सांगोपांग संपूर्ण अंगोंवाली मूर्त्तिको बनवावे तो आयु और लक्ष्मी देती है ऐसे इन पूर्व्वोक्त लक्षणों से युक्त शिवजी की मूर्त्ति बनानीचाहिये, सबदेवताओं से स्तुति होतेहुए इन्द्र, नन्दिकेश्वर, लोकपाल, और गणेश्वर, इन प्रणतहुओं की मूर्त्ति बराबरमें बनावे और नृत्य करतेहुए भूत वेताल आदिकों की मूर्त्तियोंको भी बनावे इन सबकी मूर्त्ति शिवजी की स्तुतिमें तत्पर और आनन्दमें भरीहुई बनावें और गन्धर्व, विद्याधर, किन्नर, अप्सरा, गुह्यक, अनेक गणेश्वर मुनि सिद्ध इत्यादिकोंसे पूजित और पुष्पों के हार गूंथतेहुए महादेवजी की स्तुति करतेहुए अनेक गणोंसे संयुक्त त्रिनेत्र महादेवजी की मूर्त्ति बनवानी योग्यहै २१।२६ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टपंचाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः २५८ ॥

सूतजीबोले-कि ऋषिलोगो अब मैं अर्धनारीश्वर महादेवजीकी मूर्त्तिका वर्णन करताहूं अर्थात् शिवजी का आधाअंग जो सुन्दर नारीकाहै उसको कहताहूं १ शिवजी के शिरकी आधीजटामें एक कलासे युक्त बालचन्द्रमा बनावे और आधे भागमें पार्वतीजी की मूर्त्तिबनावे यह दोनों शिवजी के मस्तक के तिलकहैं २ दाहिने कानमें वासुकिसर्प बायें में कुंडल धारणकरे दक्षिण हाथमें कपाल और वामहाथमें सीसा वा कमल धारण करावे ३।४ वाम भुजाको बाजूबन्दादि भूषणों से विभूषित करे फिर मणि वा मोतियों के यज्ञोपवीतसे अलंकृतकरे और बायें अंगमें स्थूल कुचा बनाकर आधीकटि में उज्ज्वल तागड़ी धारणकरवावे ५।६ फिर दूसरे आधेअंगमें ऊपरको लिंगका चिह्नकरे दक्षिण

जिनकृतांवरम्।वामेलम्वपरीधानं कटिसूत्रत्रयान्वितम् ७ नानारत्नसमोपेतं दक्षिणेभुज
गान्वितम्। देवस्यदक्षिणंपादं पद्मोपरिसुसंस्थितम् ८ कश्चिदर्धंतथावामं भूषितंनूपुरेणतु। र
त्नैर्विभूषितान्कुर्य्यादङ्गुलीष्वङ्गुलीयकान् ९ सालक्तकंतथापादं पार्वत्यादर्शयेत्सदा।
अर्धनारीश्वरस्येदं रूपमस्मिन्नुदाहृतम् १० उमामहेश्वरस्यापि लक्षणंशृणुतद्विजाः!।
संस्थानन्तुतयोर्वक्ष्ये लीलाललितविभ्रमम् ११ चतुर्भुजंद्विबाहुंवा जटाभारेन्दुभूषणम्।
लोचनत्रयसंयुक्तमुमैकरकन्धपाणिनम् १२ दक्षिणेनोत्पलंशूलं वामेकुचभरेकरम्। द्वी
पिचर्मपरीधानं नानारत्नोपशोभितम् १३ सुप्रतिष्ठंसुवेषञ्च तथार्धेन्दुकृताननम्। वामेतु
संस्थितादेवी तस्योरौबाहुगूहिता १४ शिरोभूषणसंयुक्तैरलकैर्ललिताननां। सवालि
काकर्णवती ललाटतिलकोज्ज्वला १५ मणिकुण्डलसंयुक्ता कर्णिकाभरणाक्वचित्। हारके
यूरबहुला हरवक्त्रावलोकिनी १६ वामांसन्देवदेवस्य स्पृशन्तीलीलयाततः। दक्षिणन्तु
वहिःकृत्वा बाहुंदक्षिणतस्तथा १७ स्कन्धंवादक्षिणेकुक्षौ स्पृशन्त्यङ्गुलजैःक्वचित्।वामे
तुदर्पणंदद्यात् उत्पलंवासुशोभनम् १८ कटिसूत्रत्रयञ्चैव नितम्बेस्यात्प्रलम्बकम्। ज
याचविजयाचैव कार्तिकेयविनायकौ १९ पार्श्वयोर्दर्शयेत्तत्र तोरणेगणगुह्यकान्।
मालाविद्याधरांस्तद्वद्वीणावानप्सरोगणः २० एतद्रूपमुमेशस्य कर्तव्यंभूतिमिच्छता।
शिवनारायणंवक्ष्ये सर्वपापप्रणाशनम् २१ वामार्धेमाधवंविद्यात् दक्षिणेशूलपाणिनम्।

भुजामेंअनेकप्रकारकेरत्न और सर्पोंकेआभूषणवनावे महादेवकेदक्षिणचरणकोकमलकेऊपरस्थितकरे और बायें चरणको नूपुर बिछुए और अंगूठी आदि से विभूषितकरे ७।९ पार्वतीजी के चरणको सदैव मेंहदीसे रंगाहुआ वनावे यह संपूर्ण अर्द्धनारीश्वररूप महादेवजीका कहा है हे द्विजवर्य्यो अ-व पार्वती और महादेवके पृथक्२ रूपको सुनो १०।११ चार भुजावाले वा दो भुजावाले जटाभार और चन्द्रमासे विभूषित तीन नेत्रोंवाले एकहाथको पार्वतीके कन्धेपै स्थितकिये हुये दाहिने हाथमें त्रिशूल और बायें हाथको पार्वतीजी की कुचांपै स्थितकियेहुए गैंडेके चर्मको धारण कियेहुए अनेक रत्नोंसे शोभित आधेचन्द्रमासे विभूषित सुन्दरवस्त्रको ओढ़ेहुए ऐसे शिवजीके स्वरूपको वनावे उस रूपकी बाईं जंघापर पार्वतीको बैठावे शिरके आभूषणोंसे युक्त जुल्फों से शोभित मुखवाली कुंडल और मस्तक की वेंदी आदिसे शोभित हार बाजूवन्दादिकों से विभूषित शिवजी के मुखको देखती हुई १२।१६ और क्रीड़ाकरके शिवजीके बायें कन्धेको स्पर्श करतीहुई अपनी बाईं भुजाको बाहर निकासके शिवजी की दक्षिण कुक्षिको उंगलियों से स्पर्श करती हुई बायें हाथ में दर्पण समे-त सुन्दर कमल को धारण किये हुए कटि में तागड़ी लंबायमान ऐसी मूर्त्ति श्रीपार्वतीजी की बनानी चाहिये और इस मूर्तिके बराबरमें जया, विजया, स्वामिकार्तिक और गणेश इन सबकी मू-र्त्तिको भी बनावे तोरणके ऊपर गुह्यकोंकी मूर्त्ति बनावे फिर मालाको धारण करनेवाले विद्याधर और बीनको धारण करनेवाली अप्सरागणों की मूर्त्ति समीप में बनावे १७।२० ऐश्वर्य्य की इच्छा करनेवाले पुरुषको इस प्रकारके स्वरूप बनाने चाहिये, अब शिवनारायणकी मूर्त्तिको कहते

बाहुद्वयञ्चकृष्णस्य मणिकेयूरभूषितम् २२ शङ्खचक्रधरंशान्तमारक्ताङ्गुलिविभ्रमम्। चक्रस्थानेगदांवापि पाणौदद्याद्गदाभृतः २३ शङ्खञ्चैवेतरेदद्यात् कट्यर्धंभूषणोज्ज्वलम्। पीतवस्त्रपरीधानं चरणंमणिभूषणम् २४ दक्षिणार्धेजटाभारमर्धेन्दुकृतभूषणम्। भुजङ्ग हारवलयं वरदंदक्षिणंकरम् २५ द्वितीयञ्चापिकुर्वीत त्रिशूलवरधारिणम्। व्यालोपवी तसंयुक्तं कट्यर्धंकृत्तिवाससम् २६ मणिरत्नैश्चसंयुक्तं पादंनागविभूषितम्। शिवनारा यणस्यैवं कल्पयेद्रूपमुत्तमम् २७ महावराहंवक्ष्यामि पद्महस्तंगदाधरम्। तीक्ष्णदंष्ट्राग्रघो णास्यं मेदिनीवामकूर्परम् २८ दंष्ट्राग्रेणोद्धृतांदान्तां धरणीमुत्पलान्विताम्। विस्मयोत्फु ल्लवदनामुपरिष्टात्प्रकल्पयेत् २९ दक्षिणंकटिसंस्थन्तु करंतस्याःप्रकल्पयेत्। कूर्मोपरि तथापादमेकंनागेन्द्रमूर्धनि ३० संस्तूयमानंलोकेशैः समन्तात्परिकल्पयेत्। नारसिंह न्तुकर्तव्यं भुजाष्टकसमन्वितम् ३१ रौद्रंसिंहासनंतद्वत् विदारितमुखेक्षणम्। स्तब्धपी नसटाकर्णं दारयन्तन्दितेःसुतम् ३२ विनिर्गतान्त्रजालञ्च दानवंपरिकल्पयेत्। वमन्तं रुधिरंघोरं भ्रुकुटीवदनेक्षणम् ३३ युध्यमानश्चकर्तव्यः क्वचित्करणबन्धनैः। परिश्रान्ते नदैत्येन तर्ज्यमानोमुहुर्मुहुः ३४ दैत्यंप्रदर्शयेत्तत्र खड्गखेटकधारिणम्। स्तूयमानंतथा विष्णुं दर्शयेदमराधिपैः ३५ तथात्रिविक्रमंवक्ष्ये ब्रह्माण्डक्रमलोल्बणम्। पादपार्श्वेत

हैं २१ बाईं ओर के आधे अंगमें नारायणको जाने और दाहिनी ओर शिवजी को जाने—विष्णु भगवान्‌की दोनों भुजाओं में मणि और बाजूबन्द पहरावे शंख चक्र और गदाको धारण करवावे लाल अंगुली बनावे, गदाभृत विष्णुके हाथके चक्रके स्थानमें गदाहीको धारण करवावे, दूसरे हाथमें शंख धारण करवावे, आधी कटिमें उज्ज्वल भूषण पहिरावे पीले वस्त्रकी धोती बाँधे और चरणमें आभूषण पहरावे २२। २४ दाहिनी ओरके आधे अंगको जटाभार और आधे चन्द्रमासे युक्तकरे सर्पोंकेहार पहिरावे दहिने हाथको वरदेनेवालारक्खे दूसरे हाथमें त्रिशूल धारणकरे, सर्पका यज्ञोपवीत और व्याघ्रचर्मको धारणकरावे मणिरत्न और सर्पोंसे विभूषितकरे ऐसे यह एकही मूर्त्ति शिव नारायण अर्थात् शिवजीकीओर श्रीकृष्णकी मिलीहुई बनती है २५। २७ अबवराह अवतारकी मूर्त्तिको कहतेहैं, वराहकी मूर्त्तिके हाथमें पद्म और गदाधारणकरे पैनी डाढ़ और पैनी नासिका बनावे और डाढ़ोंके अग्रभागमें उद्धारकीहुई पृथ्वीकी मूर्त्ति बनावे एक पैरकोतो कछुएके ऊपररक्खे एकको शेषनागके मस्तकपै और इस मूर्त्तिके चारोंओर स्तुतिकरतेहुए लोकपालोंकीमूर्त्ति बनावे और नृसिंहजीकी मूर्त्तिकी आठभुजा बनानी चाहिये ३०। ३१ नृसिंहकी मूर्त्तिके सिंहासनको भयानक बनावे मूर्त्तिके नेत्र फटेहुए बनावे, ग्रीवाके बालोंको प्रफुल्लितकरदे और हिरण्यकशिपु दैत्यकी छाती का फाड़ना आंतनिकालना दैत्यके मुखसे रुधिरका गिरना और नृसिंहजीकी भ्रुकुटीका चढ़ना यहसब आकारभी बनाने चाहिये ३२। ३३ दैत्योंके साथ युद्ध करताहुआ हारेहुए दैत्यसे बारबार ताड़ितहुआ स्वरूप बनानाचाहिये ३४ वहाँ खड्ग और खांड़ा धारणकियेहुए दैत्यकीभी मूर्त्ति बनानीयोग्यहै इस विष्णुकी मूर्त्तिकेसमीपमें स्तुतिकरतेहुए अनेक देवताओंकीमूर्त्तिभी बनादेवे ३५ अब वामनजी

थाबाहुमुपरिष्टात्प्रकल्पयेत् ३६ अधस्ताद्वामनंतद्वत्कल्पयेत्सकमण्डलुम्। दक्षिणेऽत्रत्रि कांदद्यान्मुखंदीनंप्रकल्पयेत् ३७ भृङ्गारधारिणंतद्वल्लिंतस्यचपार्श्वत। बन्धनश्चास्यकुर्वन्तं गरुडन्तस्यदर्शयेत् ३८ मत्स्यरूपंतथामात्स्यं कूर्मंकूर्माकृतिंन्यसेत्। एवंरूपस्तु भगवान् कार्य्योनारायणोहरिः ३९ ब्रह्माकमण्डलुधरः कर्त्तव्यःसचतुर्म्मुखः। हंसारूढःक्वचित्कार्य्यः क्वचिच्चकमलासनः ४० वर्णतःपद्मगर्भाभश्चतुर्बाहुःशुभेक्षणः। कमण्डलुंवामकरे स्रुवंहस्तेतुदक्षिणे ४१ वामेदण्डधरंतद्वत् स्रुवञ्चापिप्रदर्शयेत्। मुनिभिर्देवगन्धर्व्वैः स्तूयमानंसमन्ततः ४२ कुर्वाणमिवलोकांस्त्रीन् शुक्लाम्बरधरंविभुम्। मृगचर्म्मधरञ्चापि दिव्ययज्ञोपवीतिनम् ४३ आज्यस्थालिंन्यसेत्पार्श्वे वेदांश्चचतुरःपुनः। वामपार्श्वेऽस्यसावित्रीं दक्षिणेचसरस्वतीम् ४४ अग्रेचऋषयस्तद्वत्कार्य्याःपैतामहेपदे। कार्तिकेयंप्रवक्ष्यामि तरुणादित्यसप्रभम् ४५ कमलोदरवर्णाभं कुमारंसुकुमारकम्। दण्डकैश्चीरकैर्युक्तं मयूरवरवाहनम् ४६ स्थापयेत्स्वेष्टनगरे भुजान्द्वादशकारयेत्। चतुर्भुजःखर्वटेस्याद्वनेग्रामेद्विबाहुकः ४७ शक्तिःपाशस्तथाखड्गः शरश्शूलंतथैवच। वरदश्चैकहस्तःस्या दथचाभयदोभवेत् ४८ एतेदक्षिणतोज्ञेयाः केयूरकटकोज्ज्वलाः। धनुःपताकामुष्टिश्च तर्जनीतुप्रसारिता ४९ खेटकंताम्रचूडञ्च वामहस्तेतुशस्यते।

की मूर्तिको सुनो ब्रह्मांडको मापनेवाले वामनजीकी मूर्त्तिके चरणपसली औरभुजा इनसबकोऊपर को ऊंचाबनावे इसके नीचे वामनजीकी मूर्त्तिबनावे उसके हाथमें कमंडलु धारणकरे–दाहनेहाथमें छत्री लियेहुए बड़ेदीन मुखवाली मूर्त्ति बनावे ३६।३७ और मूर्त्तिके समीपमें गरुड़की मूर्त्ति बनावे और मत्स्य अवतारकी मूर्त्ति मत्स्यकी बनावे-कूर्म अवतारकी कछुएकी बनावे ऐसे अनेक रूपोंवाले विष्णुभगवान् बनाने चाहियें ३८।३९ ब्रह्माको कमंडलु समेत चारमुखवाला बनावे-कहीं हंसपर चढ़ाहुआ बनावे अथवा कमलासनपर स्थितहुआ बनादेवे ४० लाल वर्ण चतुर्भुज सुन्दरनेत्र युक्त ब्रह्माजीकी मूर्त्ति बनावे उनके बायें हाथ में दंडधारणकरे-दहिने में स्रुवा बनाकर चारों ओर स्तुति करतेहुए मुनि देवता और गन्धर्वोंकी मूर्त्तियांभी बनादेवे-इन ब्रह्माजीको त्रिलोकीको रचते हुए के समान श्वेतवस्त्रधारी मृगचर्म और दिव्य यज्ञोपवीत पहराकर बनावे ४१।४३ इस मूर्त्तिके दाहिनी ओर बराबर में घृतकी स्थाली और चारों वेदोंको स्थापित करदेवे बाईं ओर सावित्रीजी की मूर्त्ति बनावे दाहिनी ओर सरस्वतीको बनावे ब्रह्माजीके आगे चरणों में ऋषियोंकी मूर्त्ति बनावे, स्वामिकार्त्तिककी मूर्त्ति तरुण सूर्य्यके समान कान्तिवाली कमलके समान वर्णयुक्त सुकुमार अवस्थाकी दंड और चीरधारण किये हुए मयूरकी वाहनवाली होतीहै इसी प्रकारकी मूर्त्ति इनकी बनती है ४४।४६ यह मूर्त्ति बारह भुजावाली बनवावे तो अपनी इच्छावाले नगर में रक्खे-चार भुजावाली इनकी मूर्त्ति पर्वतके ग्राममें श्रेष्ठहै-और दोभुजावाली मूर्त्ति वनमें स्थापित करनीचाहिये ४७ इन षट्मुखजीके एक हाथमें-शक्ति-पाश-खड्ग-बाणऔर शूल इनसबकेभी चिह्न बनावे एक हाथ वरदेने वालारक्खे ४८ सब शस्त्र बाजूबन्द और कड़ूले आदि उज्ज्वल भूषण दाहिने हाथ में धारण करने

द्विभुजस्यकरेशक्तिर्वामेस्यात्कुक्कुटोपरि ५० चतुर्भुजेशक्तिपाशौ वामतोदक्षिणेत्वसिः।
वरदोभयदोवापि दक्षिणःस्यात्तुरीयकः ५१ विनायकंप्रवक्ष्यामि गजवक्त्रंत्रिलोचनम्।
लम्बोदरंशूर्पकर्णं व्यालयज्ञोपवीतिनम् ५२ ध्वस्तकर्णंबृहत्तुण्ड मेकदंष्ट्रंपृथूदरम्।
स्वदन्तंदक्षिणकरे उत्पलञ्चापरेतथा ५३ मोदकंपरशुञ्चैव वामतःपरिकल्पयेत्। बृहत्वा
त्क्षिप्तवदनं पीनस्कन्धांघ्रिपाणिकम् ५४ युक्तन्तुऋद्धिबुद्धिभ्यामधस्तान्मूषकान्वितम्।
कात्यायन्याःप्रवक्ष्यामि रूपंदशभुजंतथा ५५ त्रयाणामपिदेवानामनुकारानुकारिणीम्।
जटाजूटसमायुक्ता मर्द्धेन्दुकृतलक्षणाम् ५६ लोचनत्रयसम्पन्नां पद्मेन्दुसदृशाननाम्।
अतसीपुष्पसङ्काशां सुप्रतिष्ठांसुलोचनाम् ५७ नवयौवनसम्पन्नां सर्वाभरणभूषिताम्।
सुचारुदशनान्तद्वत्पीनोन्नतपयोधराम् ५८ त्रिभङ्गस्थानसंस्थानां महिषासुरमर्दिनीम्।
त्रिशूलंदक्षिणेदद्यात्खड्गंचक्रंतथैवच ५९ तीक्ष्णंवाणंतथाशक्तिं वामतोऽपिनिबोधत।
खेटकंपूर्णचापञ्च पाशमङ्कुशमेवच ६० घण्टांवापरशुञ्चापि वामतःसन्निवेशयेत्।
अधस्तान्महिषन्तद्वद्विशिरस्कंप्रदर्शयेत् ६१ शिरश्छेदोद्भवंतद्वद्दानवंखड्गपाणिनम्।
रक्तरक्तीकृताङ्गंच रक्तविस्फारतेक्षणम् ६२ वेष्टितंनागपाशेन भ्रुकुटीभीषणाननम्।
वमद्रुधिरवक्त्रञ्च देव्याःसिंहंप्रदर्शयेत् ६३ देव्यास्तुदक्षिणंपादं समंसिंहोपरि स्थितम्।
किञ्चिदूर्ध्वंतथावाम मङ्गुष्ठंमहिषोपरि ६४ स्तूयमानञ्चतद्रूप ममरैःसन्निवेशयेत्।
इदानींसुरराजस्य रूपंवक्ष्येविशेषतः ६५ सहस्रनयनंदेवं मत्तवारणसंस्थितम्। पृथूरु

चाहिये और खांड़ा वायें हाथमें शुभहै दोहाथोंवाली मूर्त्तिके बायें हाथ में शक्तिधारण करनीचाहिये-चतुर्भुजी मूर्त्तिके बायें हाथ में शक्ति और पाशधारण करे दक्षिण हाथमें खड्ग धारण कराके तुरीनाम बाजेकोभी देवे ४९।५१ अब गणेशजीकी मूर्त्तिको वर्णन करते हैं-हस्तिकामुख त्रिनेत्र लम्बा उदर सूर्पाकार कान यज्ञोपवीत युक्त लंबे दांत भारी उदर समेत दाहिने हाथ में अपने दांतको धारण किये हुए बायें हाथमें कमल मोदक और फरसाधारणकिये कन्धे और हाथ पैरोंसेभारी ऋद्धि सिद्धियोंसे पूर्ण करके मूसेकी सवारी पर गणेशजीकी मूर्त्ति बनावे-अब कात्यायनी देवीके दशभुजी रूप कावर्णन करते हैं ५२।५५ तीनों देवताओंके अनुसार करनेवाली जटाजूटोंसेयुक्तहुए मस्तकमें अर्द्ध चन्द्रधारणकिये हुए ५६ त्रिनेत्र युक्त कमल और चन्द्रमाके समान मुखवाली अलसीके पुष्पके समान कान्तिभरी उत्तम नेत्रोंसे शोभित नवीन यौवनसे युक्त संपूर्ण भूषणोंसे भूषित सुन्दर दांतवाली उन्नत और पृथुकुचा समेत ५७।५८ महिषासुर को मारने वाली चक्र-त्रिशूल तीक्ष्ण वाण और शक्ति इनसबको धारणकिये बायें हाथमें खांड़ा-धनुष-पाश-अंकुश-घंटा और परशा इनसब समेत कात्यायनीकी मूर्त्ति बनावे इस के नीचे दो शिरों वाले महिषासुरको बनावे-शिरकटाहुआ हाथ में खड्गधारणकिये रुधिरसे लिप्त रक्तांगफटे नेत्रोंसे भयानक पाश से बँधा हुआ मुखसे रुधिर गेरताहुआ ऐसा महिषासुर का रूप बनावे और देवीके सिंहकी मूर्त्ति कोभी बनावे देवीके दक्षिण चरणको सिंहके ऊपर करे और बायें पैरके अंगूठेकोकुछेक ऊपरको करके महिषासुरके ऊपर लगावे ऐसी देवी के रूपको

वक्षोवदनं सिंहस्कन्धंमहाभुजम् ६६ किरीटकुण्डलधरं पीवरोरुभुजेक्षणम् । वज्रोत्प
लधरंतद्वन्नानाभरणभूषितम् ६७ पूजितंदेवगन्धर्वैरप्सरोगणसेवितम् । छत्रचामरधा
रिण्यः स्त्रियःपार्श्वेप्रदर्शयेत् ६८ सिंहासनगतञ्चापि गन्धर्वगणसंयुतम् । इन्द्राणींवाम
तश्चास्य कुर्य्यादुत्पलधारिणीम् ६९ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेएकोनषष्ठ्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २५९ ॥

(सूतउवाच) प्रभाकरस्यप्रतिमामिदानींशृणुतद्विजाः ॥ रथस्थंकारयेद्देवं पद्महस्तं
सुलोचनम् १ सप्ताश्वञ्चैकचक्रञ्च रथंतस्यप्रकल्पयेत् । मुकुटेनविचित्रेण पद्मगर्भस
मप्रभम् २ नानाभरणभूषाभ्यां भुजाभ्यांधृतपुष्करम् । स्कन्धस्थेपुष्करेतेतु लीलयैवधृ
तेसदा ३ चोलकच्छन्नवपुषं क्वचित्चित्रेषुदर्शयेत् । वस्त्रयुग्मसमोपेतं चरणौतेजसावृ
तौ ४ प्रतिहारौचकर्तव्यौपार्श्वयोर्दण्डिपिङ्गलौ । कर्त्तव्यौखड्गहस्तौतौ पार्श्वयोःपुरुषा
वुभौ ५ लेखनीकृतहस्तञ्चपार्श्वेधातारमव्ययम् । नानादेवगणैर्युक्तमेवंकुर्य्याद्दिवाकर
म् ६ अरुणःसारथिश्चास्यपद्मिनीपत्रसन्निभः । अश्वौसुवलयग्रीवावन्तस्थौतस्यपार्श्व
योः ७ भुजङ्गरज्जुभिर्बद्धाःसप्ताश्वारश्मिसंयुताः । पद्मस्थंवाहनस्थंवा पद्महस्तंप्रकल्पये
त् ८ वह्नेस्तुलक्षणंवक्ष्येसर्वकामफलप्रदम् । दीप्तंसुवर्णवपुषमर्धचन्द्रासनेस्थितम् ९

देवताओं से स्तूयमान स्थापित करे—अब इन्द्र के रूपका वर्णन करते हैं ५९। ६५ हज़ार नेत्र युक्त मदोन्मत्त हाथीपर आरूढ़ भारी जंघा छाती और मुखवाला सिंह के समान कन्धे महाभुजों से युक्त मुकुट कुण्डल धारण किये हुए सुन्दर नेत्र वज्रधारी अनेक भूषणों से भूषित देवता और गन्धर्वों से पूजित अप्सरागणों से सेवित छत्र चामरादि डुलानेवाली उत्तम स्त्रियों से युक्त गन्धर्वगणों समेत सिंहासनपर विराजमान बाईं ओर कमलधारिणी इन्द्राणी को साथ लिये हुए इन्द्रका स्वरूप बनाना चाहिये ६६ । ६९ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकोनषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २५९ ॥

सूतजी कहतेहैं हे द्विजो अब सूर्य्यकी मूर्त्तिको सुनो-सूर्य्य देवताको रथ में बैठाकर उनके हाथ में पद्म धारणकरे और सुन्दर नेत्र बनावे १ सात अश्वोंवाला एक चक्रयुक्त ऐसा सूर्य्यकारथ बनानाचाहिये और विचित्र लालकान्तियुक्त सूर्य्यको मुकुट धारण करवावे २ अनेक प्रकारके भूषणों से युक्त भुजामें कमल धारण करे और कन्धोंपरभी कमल धारण करवावे शरीरके किसी अंगको रक्त वस्त्रसे और किसीको विचित्ररंगवाले वस्त्रोंसे आच्छादनकरे दोनों चरणोंको लालकान्तिका बनावे ३।४ दोनों कमर और हाथ में खड्ग धारण किये हुए दोपुरुषोंको बनावे ५ एक बराबर बैठाकमल हाथमें लिये ब्रह्माजीकी मूर्त्ति बनावे ऐसे अनेक देवतागणों से युक्त हुए सूर्य्यको बनावे सूर्य्यका सारथी कमलिनीके पत्तोंके समान कान्तिवाला अरुण नामहै- सुवलय और ग्रीव यहदोनों अश्व उसके बराबर में स्थितरहतेहैं यह सब आकार बनावे और पूर्वोक्त सात अश्वोंको सर्पोंकी रस्सीसे बांधे इस प्रकारसे सूर्य्यकी मूर्त्तिको वाहनके ऊपर बनावे अथवा पद्मासन केही ऊपर बनादेवे ६।८

बालार्कसदृशंतस्यवदनञ्चापिदर्शयेत्। यज्ञोपवीतिनंदेवं लम्बकूर्चधरंतथा १० कमण्ड
लुंवामकरे दक्षिणेत्वक्षसूत्रकम्। ज्वालावितानसंयुक्तमजवाहनमुज्ज्वलम् ११ कुण्डस्थं
वापिकुर्वीत मूर्ध्निसप्तशिखान्वितम्। तथायमंप्रवक्ष्यामि दण्डपाशधरंविभुम् १२ महा
महिषमारूढं कृष्णाञ्जनचयोपमम्। सिंहासनगतञ्चापि दीप्ताग्निसमलोचनम् १३
महिषश्चित्रगुप्तश्चकरालाःकिङ्करास्तथा। समन्ताद्दर्शयेत्तस्य सौम्यासौम्यान्सुरासुरा
न् १४ राक्षसेन्द्रंतथावक्ष्ये लोकपालञ्चनैर्ऋतम्। नरारूढंमहामायं रक्षोभिर्बहुभिर्वृत
म् १५ खड्गहस्तंमहानीलं कज्जलाचलसन्निभम्। नरयुक्तविमानस्थं पीताभरणभूषि
तम् १६ वरुणञ्चप्रवक्ष्यामि पाशहस्तंमहाबलम्। शङ्खस्फटिकवर्णाभं सितहाराम्बरा
वृतम् १७ झषासनगतंशान्तं किरीटाङ्गदधारिणम्। वायुरूपंप्रवक्ष्यामि धूम्रन्तुमृगवा
हनम् १८ चित्राम्बरधरंशान्तं युवानंकुञ्चितभ्रुवम्। मृगाधिरूढंवरदं पताकाध्वजसंयु
तम्१९कुवेरञ्चप्रवक्ष्यामि कुण्डलाभ्यामलङ्कृतम्। महोदरंमहाकायं निध्यष्टकसमन्वि
तम् २० गुह्यकैर्बहुभिर्युक्तं धनव्ययकरैस्तथा। हारकेयूररचितं सिताम्बरधरंसदा २१
गदाधरञ्चकर्तव्यं वरदंमुकुटान्वितम्। नरयुक्तविमानस्थं एवंरीत्याचकारयेत् २२ तथै

अबसब कामनाओं के देनेवाले अग्निके लक्षणको कहते हैं-देदीप्त सुवर्णकी सी कान्तिवाला अर्द्ध-
चन्द्रासनपर बैठाहुआ उदयके सूर्य्यके समान मुखवाला यज्ञोपवीत धारण किये लम्बे मस्तकयुक्त
ऐसा अग्निकास्वरूप बनावे इसके बायें हाथमें कमंडलु और दक्षिण हाथ में अक्षोंकी माला धारण
करे ज्वालाकी तोरण और बकरेका वाहन बनाकर सातों शिखाओंको रथके कुंडल पहिरावे ऐसी
अग्निकी मूर्त्ति होती है-अब धर्मराजकी मूर्त्तिको सुनो—दंड और फांसीको धारण कियेहुए काले अं-
जनके समान रूपयुक्त बड़ेभारी भैंसे परचढ़ाहुआ अथवा सिंहासनपर बैठाहुआ ज्वलित अग्निके
समान नेत्रधारी ऐसे धर्मराजको बनावे इसके चारोंओर चित्रगुप्त-विकरालदूत-सौम्य और क्रूर
देवता इन सबकीभी मूर्त्ति बनादेवे ९।१४ अब राक्षसोंके स्वामी नैर्ऋत लोकपालकी मूर्त्तिको सुनो
मनुष्यकी सवारीपरबैठा महामायावी बहुतसे राक्षसोंसेयुक्त हाथमें खड्गलिये बड़े नीलकज्जलके
पर्व्वतके समान कान्तिवाला मनुष्यों से युक्तहुए विमान में बैठाहुआ पीले आभूषणों से विभूषित
ऐसारूप नैर्ऋत राक्षसका बनानाचाहिये-अब वरुणकी मूर्त्तिको सुनो हाथमें फांसी को धारणकिये
हुए महाबली शंखकेसमान श्वेतवर्ण श्वेतहार और वस्त्रोंसे युक्त मत्स्यकी सवारीपर आरूढ़ शान्त
होकर मुकुट बाजूबन्द धारणकिये ऐसावरुणका स्वरूप बनताहै-अब वायुकेरूपको कहते हैं-धूम्रवर्ण
मृगकीसवारी-विचित्रवस्त्रधारी तरुणअवस्थावाला पताका और ध्वजासे विभूषित वायुकीमूर्त्तिबना-
नीचाहिये अब कुवेरकीमूर्त्तिको कहतेहैं कुंडलोंसे विभूषित महाशरीर और उदरसेयुक्त आठखज़ानों
में आढ्य धनके खर्चनेवाले बहुत से गुह्यकों के साथ हार बाजूबन्द आदिक भूषणोंसे अलंकृत श्वेत
वस्त्रधारी गदा धारणकिये मुकुट पहिरेहुए मनुष्यों से युक्त विमानपर बैठाहुआ ऐसा कुवेरका स्व-
रूप बनानाचाहिये १५।२२ इसी प्रकारकी महादेवकी भी मूर्त्तिको कहताहूं श्वेतनेत्र त्रिशूलधारी

वेशंप्रवक्ष्यामि धवलंधवलेक्षणम्। त्रिशूलपाणिनंदेवं त्र्यक्षंवृषगतंप्रभुम् २३ मातृणां
लक्षणंवक्ष्ये यथावदनुपूर्वशः। ब्रह्माणीब्रह्मसदृशी चतुर्वक्त्राचतुर्भुजा २४ हंसाधिरूढा
कर्तव्या साक्षसूत्रकमण्डलुः। महेश्वरस्यरूपेण तथामाहेश्वरीमता २५ जटामुकुटसंयु
क्ता वृषस्थाचन्द्रशेखरा। कपालशूलखट्वाङ्गवरदाढ्याचतुर्भुजा २६ कुमाररूपाकौमा
री मयूरवरवाहना। रक्तवस्त्रधरातद्वच्छूलशक्तिधरामता २७ हारकेयूरसम्पन्ना कृकवा
कुधरातथा। वैष्णवीविष्णुसदृशा गरुडेसमुपस्थिता २८ चतुर्बाहुश्चवरदा शङ्खचक्र
गदाधरा। सिंहासनगतावापि बालकेनसमन्विता २९ वाराहीञ्चप्रवक्ष्यामि महिषोपरि
संस्थिताम्। वराहसदृशींदेवी शिरश्चामरधारिणी ३० गदाचक्रधरातद्वद्दानवेन्द्रविना
शिनी। इन्द्राणीमिन्द्रसदृशीं वज्रशूलगदाधराम् ३१ गजासनगतांदेवीं लोचनैर्बहुभि
र्वृताम्। तप्तकाञ्चनवर्णाभां दिव्याभरणभूषिताम् ३२ तीक्ष्णखड्गधरांतद्वद्वक्ष्येयोगे
श्वरीमिमाम्। दीर्घजिह्वामूर्ध्वकेशीमस्थिखण्डैश्चमण्डिताम् ३३ दंष्ट्राकरालवदनां कु
र्याच्चैवकृशोदरीम्। कपालमालिनींदेवीं मुण्डमालाविभूषिताम् ३४ कपालंवामहस्तेतु
मांसशोणितपूरितम्। मस्तिष्काक्तञ्चबिभ्राणां शक्तिकांदक्षिणेकरे ३५ गृध्रस्थावायस
स्थावा निर्मांसाविनतोदरी। करालवदनातद्वत्कर्तव्यासात्रिलोचना ३६ चामुण्डाबद्धघ

तीनों नेत्रोंको धारण किये और बैलपरचढ़ेहुए ऐसी मूर्त्ति सबके प्रभु महादेवजी की बनावे २३ अब
क्रमसे यथावत्षोडश मातृयोंका लक्षण कहताहूं चार मुख और भुजावाली २४ हंसका वाहन अक्ष
सूत्र और कमंडलु इन्होंसे युक्त ऐसी ब्रह्माजी के समान ब्रह्माणी की मूर्त्ति बनावे इसी प्रकार महे-
श्वर रूपके समान माहेश्वरी वर्णनकीहै २५ वह जटाजूटसे युक्त बैलकीसवारी मस्तक चन्द्रमासे
भूषित और कपाल शूल खट्वांगसे युक्त वरदाता चारभुजावाली माहेश्वरी की मूर्त्ति बनावे २६ और
मयूरकी सवारी रक्त वस्त्रसे आच्छादित शूल शक्ति धारणकिये २७हार बाजूबन्दादिसे भूषित मुर्गको
हाथमें लिये कुमारकेही समान कुमारी की मूर्त्ति बनावे और विष्णुके समान गरुडपर स्थित २८
वरदेनेवाली चारों भुजाओं में शंख चक्र गदादि धारणकिये सिंहासनपर विराजमान बालक करके
युक्त वैष्णवीकी मूर्त्ति बनावे २९ अब महिषके ऊपर स्थित वाराही देवी को कहते हैं वराहजी के स-
मान शिरपर चमर धारणकिये ३० गदा चक्रको धरेहुए दानवेन्द्रों की नष्टकरनेवाली वाराही देवीकी
मूर्त्ति बनावे और वज्र गदा धारणकिये ३१ हाथीपर सवार बहुत नेत्रयुक्त सुवर्णकीसी कान्तिवाली
दिव्य आभूषणों समेत तीक्ष्ण खड्गको धारणकिये इन्द्रकेही समान इन्द्राणी देवीकी मूर्त्तिबनावे ३२
अब योगेश्वरीकी मूर्त्तिको कहते हैं बड़ी जिह्वावाली खड़ेकेशोंसे युक्त अस्थिके टुकड़ोंसे भूषित ३३
दंष्ट्राओं से भयंकर मुखवाली सूक्ष्म कटि समेत कपालोंकी माला धारे मुंडमालाओं से भूषित ३४
मांसरुधिरसे पूरित वाम हस्तमें कपाल लिये मस्तिष्क अर्थात् शिरसे उत्पन्नहुए घृततुल्यपदार्थसे भी-
गीहुई दक्षिण हाथमें सीपकोलिये ३५ गिद्ध वा काककी सवारी मांसरहित सूखे उदर वाली भयंकर
मुख समेत योगेश्वरीजी की मूर्त्ति बनावे ३६ इसी प्रकार तीन नेत्रोंवाली घंटाधारण किये सुन्दर

एटावा द्वीपिचर्मधराशुभा। दिग्वासाःकालिकातद्वद्रासभस्थाकपालिनी ३७ सुरक्तपुष्पा
भरणा वर्धनीध्वजसंयुता। विनायकञ्चकुर्वीत मातॄणामन्तिकेसदा ३८ वीरेश्वरश्चभ
गवान् वृषारूढोजटाधरः। वीणाहस्तस्त्रिशूलीच मातॄणामग्रतोभवेत् ३९ श्रियंदेवींप्रव
क्ष्यामि नवेवयसिसंस्थिताम्। सुयौवनांपीनगण्डां रक्तोष्ठींकुञ्चितभ्रुवम् ४० पीनोन्नत
स्तनतटां मणिकुण्डलधारिणीम्। सुमण्डलंमुखंतस्याः शिरःसीमन्तभूषणम् ४१ पद्म
स्वस्तिकशंखैर्वा भूषितांकुण्डलालकैः। कञ्चुकाबद्धगात्रौच हारभूषौपयोधरौ ४२ नाग
हस्तोपमौबाहू केयूरकटकोज्ज्वलौ। पद्मंहस्तेप्रदातव्यं श्रीफलंदक्षिणेभुजे ४३ मेखला
भरणांतद्वत्तप्तकाञ्चनसप्रभाम्। नानाभरणसम्पन्नां शोभनाम्बरधारिणीम् ४४ पार्श्वेत
स्याःस्त्रियःकार्य्याश्चामरव्यग्रपाणयः। पद्मासनोपविष्टातु पद्मसिंहासनस्थिता ४५ करि
भ्यांस्नाप्यमानासौ भृङ्गाराभ्यामनेकशः। प्रक्षालयन्तौकरिणौ भृङ्गाराभ्यांतथापरौ ४६
स्तूयमानाचलोकेशैस्तथागन्धर्वगुह्यकैः। तथैवयक्षिणीकार्या सिद्धासुरनिषेविता ४७पा
र्श्वयोःकलशौतस्यास्तोरणेदेवदानवाः। नागाश्चैवतुकर्तव्याः खड्गखेटकधारिणः ४८
अधस्तात्प्रकृतिस्तेषां नाभेरूर्ध्वन्तुपौरुषी। फणाश्चमूर्ध्निकर्तव्या द्विजिह्वाबहवःसमाः
४९ पिशाचाराक्षसाश्चैव भूतवेतालजातयः। निर्मांसाश्चैवतेसर्वे रौद्राविकृतरूपिणः ५०
क्षेत्रपालश्चकर्तव्यो जटिलोविकृताननः। दिग्वासाजटिलस्तद्वच्छ्वागोमायुनिषेवितः ५१

हस्ति चर्मधारिणी श्रीचामुंडाजीकी मूर्त्ति बनावे-और दिगंबर गर्दभपरसवार कपाल धारणकिये ३७
रक्तपुष्पोंके आभूषणोंवाली वर्धनीध्वजा से युक्त कालिका जीकी मूर्त्ति बनावे-और महामातृकाओं के
समीप गणेशजीकी मूर्त्ति बनावे ३८ वृषभकी सवारी जटाधारी वीणा हाथमें त्रिशूलधारण किये
ऐसी वीरेश्वर भगवान्की मूर्त्ति मातृकाओं के आगेके भागमें स्थापनकरे ३९ अब श्रीदेवीकी मूर्त्तिको
कहतेहैं-नवीन अवस्था और यौवनयुक्त स्थूलकपोल रक्त ओष्ठ और टेढ़ीभ्रुकुटियों वाली ४० स्थूल
उन्नत कुचयुक्त मणि कुंडल समेत सुन्दर गोलमुखवाली शिरमें सीमन्त भूषण धारण कर-
ने वाली ४१ पद्म स्वस्तिक शंख कुंडल और अलकोंसे भूषित कंचुकसे बंधहारोंसे भूषित कुचोंको
धारण किये ४२ बाजूबन्द कटकोंसे भूषित हाथीकी सूंडके समान भुजाओंको धारणकिये वामहाथमें
कमल दक्षिणमें नारियललिये ४३ क्षुद्रघंटिका धारणकिये तप्त सुवर्णकीसी कान्तिवाली नाना आभ-
रणयुक्त शोभनवस्त्रोंको धारण करनेवाली ४४ उस श्रीदेवीके ओरपासचामर हाथमें लिये स्त्रियोंकी
मूर्त्ति और कमलके आसन और सिंहासनपर स्थित भृंगोंसे युक्त हस्तियोंसे स्नानकराईहुई ४५।४६
गन्धर्व-गुह्यक और लोकेशोंकरके स्तूयमान ऐसी श्रीबनावे-और इसीप्रकार सिद्ध सुरेशोंसे से-
वित यक्षिणीकी मूर्त्ति बनावे ४७ उसके ओर पास कलश स्थापनकरे और खड्ग खेटकधारणकिये
देव दानव और नाग बनावे ४८ नाभिके नीचेतो सर्पोंकी और नाभिसे ऊपर पुरुषकी मूर्त्ति बनावे
और मस्तकके ऊपर दो जीभोंवाले फण बनावे ४९ और पिशाच-राक्षस-वेताल और भूतजाति यह
सब मांससेरहित महाभयंकर और विकृत रूपके बनावे ५० अबक्षेत्रपालकी मूर्त्तिको कहतेहैं-जटा-

कपालंवामहस्तेतु शिरःकेशैःसमावृतम्। दक्षिणेशक्तिकांदद्यादसुरक्षयकारिणीम् ५२
अथातःसम्प्रवक्ष्यामि द्विभुजंकुसुमायुधम्। पार्श्वेचाश्वमुखंतस्य मकरध्वजसंयुत
म् ५३ दक्षिणेपुष्पबाणञ्च वामेपुष्पमयंधनुः। प्रीतिःस्याद्दक्षिणेतस्य भोजनोपस्करा
न्विता ५४ रतिश्चवामपार्श्वेतु शयनंसारसान्वितम्। पटश्चपटहश्चैव खरःकामातुर
स्तथा ५५ पार्श्वतोजलवापीच वनंनन्दनमेवच। सुशोभनश्चकर्तव्यो भगवान्कुसुमा
युधः ५६ संस्थानमीषद्वक्त्रंस्याद्विस्मयस्मितवक्त्रकम्। एतदुद्देशतःप्रोक्तं प्रतिमालक्षणं
मया। विस्तरेणनशक्नोति बृहस्पतिरपिद्विजाः! ५७॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणे षष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६०॥

(सूत उवाच) पीठिकालक्षणंवक्ष्ये यथावदनुपूर्वशः। पीठोच्छ्रायंयथावच्च भागान्
षोड़शकारयेत् १ भूमावेकःप्रविष्टःस्याच्चतुर्भिर्जगतीमता। वृत्तोभागस्तथैकः स्याद्वृतः
पटलभागतः २ भागैस्त्रिभिस्तथाकण्ठः कण्ठपट्टास्त्रिभागतः। भागाभ्यामूर्ध्वपट्टश्च शे
षभागेनपट्टिका ३ प्रविष्टंभागमेकैकं जगतीयावदेवतु। निर्गमस्तुपुनस्तस्य यावद्वैशेष
पट्टिका ४ वारिनिर्गमनार्थन्तु तत्रकार्य्यःप्रणालकः। पीठिकानान्तुसर्वासा मेतत्सामान्य
लक्षणम् ५ विशेषान्देवताभेदान् शृणुध्वंद्विजसत्तमाः!। स्थण्डिलावाथवापीवा यक्षी

युक्त विकृतरूप दिगम्बरवेष कुत्ते और शृगालोंसे सेवित ५१ वामहाथमें शिरकेबालोंसे ढकाहुआ कपाल और दक्षिण हाथमें असुरोंकी नाशकरने वाली शक्ति ऐसी क्षेत्रपालकी मूर्त्ति बनावे ५२ इसके अनन्तर दोभुजवाला कामदेव बनावे और उसके ओरपास मकरध्वजसे युक्त घोड़े का मुख स्थापनकरे ५३ उसकामदेवके दक्षिणहाथमें पुष्पोंकाबाण बायें हाथमें पुष्पमयीधनुष दाहिनेभागमें भोजनकी सबसामग्रियोंसहित प्रीतिको विराजमानकर वामभागमें सारसलिये शयनसंयुक्त रतिकी मूर्त्तिबनावे और वस्त्र पट पटह बाजे अर्थात् ढोलका आकार और कामातुरहुए गधेकी भी सूरत बनावे५४।५५ओर पासमें जलकी बावडी समेत नन्दनवन बनावे ऐसेमहासुन्दर भगवान् कुसुमायुध नाम कामदेवकी मूर्त्तिकोबनावे५६सूतजीबोले कि हे ऋषीश्वरो यह प्रतिमालक्षण मैंने उद्देश करकेही कहाहै क्योंकि इसप्रतिमा लक्षणके विस्तार पूर्व्वक कहनेको बृहस्पतिजीभी समर्थ नहीं हैं ५७॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषष्ठ्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६०॥

सूतजी कहतेहैं कि हेऋषीश्वरलोगो अब यथावत् आनुपूर्व्वी पीठिका अर्थात् जलहरी आदिमूर्त्ति स्थापनकी जगहका लक्षण कहताहूं पीठकी उंचाई के यथावत् सोलह भागकरे १ एकभागतो पृथ्वीमें प्रवेशकरे-चारभागकी पृथ्वीमाने फिरगोलाकार एकभाग पटलभागसे ढके२ फिर तीनभागों करकेकंठ और तीनही भागोंसे कंठपट्ट बनावे-दोभागोंकरके ऊर्ध्वपटबनावे और शेषसंपूर्ण भागोंकी पट्टिकाबनावे ३फिर प्रविष्टहुए एकभागसे ऊपर जो जगती अर्थात् पृथ्वीकाभागहै वहांसे लेकर शेषपट्टिकातक निर्गम अर्थात् निकलनेका मार्ग बनावे ४ और जलके निकलनेकी भी नालीबनावे संपूर्ण पीठिकाओंका यह

वेदीचमण्डला ६ पूर्णचन्द्राचवज्राच पद्मावार्धशशिस्तथा। त्रिकोणादशमीतासां सं स्थानंवानिबोधत ७ स्थण्डिलाचतुरस्त्रातु वर्जितामेखलादिभिः। वापीद्विमेखलाज्ञेया यक्षीचैवत्रिमेखला ८ चतुरस्त्रायतावेदी न तांलिङ्गेषुयोजयेत्। मण्डलावर्तुलायातु मेख लाभिर्गणप्रिया ९ रक्ताद्विमेखलामध्ये पूर्णचन्द्रातुसाभवेत्। मेखलात्रयसंयुक्ता षड़ स्त्रावज्रिकाभवेत् १० षोड़शास्त्राभवेत्पद्मा किञ्चिद्ध्रस्वातुमूलतः। तथैवधनुषाकारासा र्द्धचन्द्राप्रशस्यते ११ त्रिशूलसदृशीतद्वत् त्रिकोणाध्यूर्द्धतोमता। प्रागुदक्प्रवणातद्वत् प्रशस्तालक्षणान्विता १२ परिवेषंत्रिभागेन निर्गमंतत्रकारयेत्। विस्तारंतत्प्रमाणञ्च मूलेचाग्रेततोर्ध्वतः १३ जलमार्गश्चकर्तव्यस्त्रिभागेनसुशोभनः। लिङ्गस्यार्द्धविभागेन स्थौल्येनसमधिष्ठिता १४ मेखलातत्त्रिभागेन खातञ्चैवप्रमाणतः। अथवापादहीनन्तु शोभनंकारयेत्सदा १५ उत्तरस्थंप्रणालञ्च प्रमाणादधिकारयेत्। स्थण्डिलायामथारोग्यं धनंधान्यञ्चपुष्कलम् १६ गोप्रदाचभवेद्यक्षी वेदीसंपत्प्रदाभवेत्। मण्डलायांभवेत्की र्तिर्वरदापूर्णचन्द्रिका १७ आयुःप्रदाभवेद्वज्रा पद्मासौभाग्यदाभवेत्। पुत्रप्रदार्धचन्द्रा स्यात् त्रिकोणाशत्रुनाशिनी १८ देवस्ययजनार्थन्तु पीठिकादशकीर्तिताः। शैलेशैलम यींदद्यात् पार्थिवेपार्थिवींतथा १९ दारुजेदारुजांकुर्यात् मिश्रेमिश्रांतथैवच। नान्ययो

सामान्य लक्षणहै ५ सूतजीने कहा हे द्विजसत्तमलोगो अब इनका देवता और विशेष भेदोंको सुनो-एक स्थंडिलोवदी होती है-दूसरी वापी-तीसरी यक्षी-चौथी मंडला ६ पांचवीं पूर्णचन्द्रा-छठी वज्रा-सातवीं पद्मा-आठवीं अर्धशशि नवीं त्रिकोणा और दशवीं पंचकोणा होती है-अब इन सबकी संस्थासुनो ७ मेखलावर्जित चतुष्कोणवाली को स्थंडिलाकहते हैं-दो मेखलाकीवेदी को वापी कहते हैं-तीन मे-खलावाली को यक्षी कहते हैं-चतुष्कोण वेदीको लिंगोंमें योजन नहीं करे-मेखलाओं करके युक्त मं-डला और वर्त्तुलावेदी, गणोंको प्यारी होती है ८।९ जिसके बीचमें दो मेखलाहोवें उसको पूर्णचन्द्रा कहते हैं और तीन मेखलाओंसे युक्त छः कोणकी वेदीकों वज्रिका कहते हैं १० सोलहकोणकी वेदी को पद्मा कहते हैं वह नीचेसे कुछ २ न्यूनहोती है ऐसीही धनुषाकार सार्द्ध चन्द्रा कहाती है ११ और ऊपरसे त्रिशूलके सदृश त्रिकोणा कही है जो वेदी पूर्वोत्तरमें नीचीहो वह सुलक्षण युक्त श्रेष्ठ व-र्णनकी है १२ तीन भागोंकरके परिधि बनावे वहीं निर्गम बनावे और मूलमें वा ऊर्ध्व भागमें बराबर प्रमाणकरे तीन भागकरके श्रेष्ठ जल मार्ग बनावे और लिंगके अर्ध भागकरके स्थूलता बनावे१३।१४ उसके तीन भागकरके मेखला बनावे और खोदना प्रमाणलेकरे अथवा पादहीन शोभन खातकरे १५ और उत्तरमें प्रणालिका प्रमाण से अधिक बनावे-स्थंडिलावेदी आरोग्य युक्त पुष्कलधन धान्य की देनेवाली है १६ यक्षी वेदी गौओं समेत अनेक संपत्तियोंकी देनेवाली है-मंडला वेदीकीर्त्तिको ब-ढ़ातीहै और पूर्ण चन्द्रिकावेदी वरोंकी देनेवाली है १७ वज्रावेदी आयुको बढ़ाती है पद्मा वेदी सौ-भाग्यकी देनेवाली है-अर्द्धचन्द्रा वेदी पुत्रकी देनेवाली है और त्रिकोणा वेदी शत्रुकानाश करती है १८ ऐसे देव पूजनके निमित्त दशप्रकारकी वेदी कही हैं-पत्थरके ऊपर पत्थरकी वेदीकरे-मृत्तिकामें,

निस्तुकर्त्तव्या सदाशुभफलेप्सुभिः २० अर्च्चायामासमन्दैर्घ्यं लिङ्गायामसमन्तथा। यस्यदेवस्ययापत्नी तांपीठेपरिकल्पयेत्। एतत्सर्वंसमाख्यातं समासात्पीठलक्षणम् २१

इतिश्रीमत्स्यपुराणेएकषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६१॥

(सूत उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि लिङ्गलक्षणमुत्तमम्। सुस्निग्धञ्चसुवर्णञ्च लिङ्गंकुर्याद्विचक्षणः १ प्रासादस्यप्रमाणेन लिङ्गमानंविधीयते। लिङ्गमानेनवाविद्यात् प्रासादंशुभलक्षणम् २ चतुरस्रेसमेगर्त्ते ब्रह्मसूत्रंनिपातयेत्। वामेनब्रह्मसूत्रस्य अर्च्चावा लिङ्गमेवच ३ प्रागुत्तरेणलीलन्तु दक्षिणापरयाश्रितम्। पुरस्यापरदिग्भागे पूर्वद्वारंप्रकल्पयेत् ४ पूर्वेणचापरंद्वारं माहेन्द्रंदक्षिणोत्तरम्। द्वारंविभज्यपूर्वन्तु एकविंशतिभागिकम् ५ ततोमध्यगतंज्ञात्वा ब्रह्मसूत्रंप्रकल्पयेत्। तस्यार्द्धन्तुत्रिधाकृत्वा भागञ्चोत्तरतस्त्यजेत् ६ एवंदक्षिणतस्त्यक्त्वा ब्रह्मस्थानंप्रकल्पयेत्। भागार्द्धेनतुयल्लिङ्गं कार्यन्तद्दिहश्यते ७ पञ्चभागविभक्तेवा त्रिभागेज्येष्ठमुच्यते। भाजितेनवधागर्भे मध्यसंपाञ्चभागिकम् ८ एकस्मिन्नेवनवधा गर्भे लिङ्गानिकारयेत्। समसूत्रंविभज्याथ नवधागर्भभाजितम् ९ ज्येष्ठमर्द्धकनीयोऽर्धं तथामध्यममध्यमम्। एवंगर्भःसमाख्यातस्त्रिभिर्भागैर्विभाजयेत् १० ज्येष्ठन्तुत्रिविधंज्ञेयं मध्यमन्त्रिविधन्तथा। कन्यसंत्रिविधंतद्वत् लिङ्गभेदानवै

मृत्तिकाकी १९ और काष्ठदेशमें काष्ठकी वेदीकरे मिश्रितदेशमें मिलीहुई वस्तुकीकरे इनके सिवाय शुभफलकी इच्छाकरनेवाला पुरुष अन्यवस्तुकी नहीं करे २० मूर्त्तिके चारोंओर बड़ा चौतराकरे और जिस देवताकी जो शक्तिरूप देवीस्त्रीहोय उसको पीठमें कल्पनाकरे-यह सामान्यरीतिसे संपूर्ण पीठ लक्षण कहा है २१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६१॥

सूतजीबोले हे ऋषीश्वरहो अब मैं उत्तम लिंगका लक्षण कहताहूं बुद्धिमान् पुरुष सुवर्णका स्निग्धलिंग बनावे १ प्रासाद अर्थात् स्थानके प्रमाणसे लिंगका प्रमाण कहा है अथवा लिंगके प्रमाण स्थानका शुभ लक्षणजानो २ बराबर चौकोने गर्त्तपर ब्रह्म सूत्रगेरै-ब्रह्म सूत्रकी बाईं ओर मूर्त्ति अथवा लिंग स्थापनकरे ३ पुरकी दिशाके पूर्वोत्तरके भागमें पूर्व द्वारकल्पनाकरे ४ और दक्षिणोत्तर भागमें माहेन्द्र द्वार बनावे इक्कीसवें भागको द्वार बनाकर प्रासाद बनावे ५ उसके बीचका भागजानकर ब्रह्म सूत्र कल्पनाकरे उससे अर्द्धभागको तीन भागकरके उत्तर भागको त्यागदेवे ६ इसीप्रकार दक्षिण भागको त्यागकर ब्रह्मस्थान कल्पनाकरे और अर्द्धभागमें लिंग स्थापनकरे यह कार्य्य श्रेष्ठ कहाहै ७ देव मन्दिर के भीतरके स्थानके पांचभाग करके एक भागमें तीन प्रकार का ज्येष्ठ अर्थात् बड़ा लिंग स्थापन करनाचाहिये और मन्दिरके भीतरकी जगहमें नौ ९ भाग कल्पित करके मध्यके पांचभागोंमें नौ ९ प्रकारके लिंग स्थापित करने चाहिये-समान सूत्रसे लिंगकेगर्भ के नवभाग कल्पितकरे आधाज्येष्ठ आधाकनिष्ठ और आधामध्यम फिर इनऐसे गर्भोंके तीनभाग कल्पितकरे-ज्येष्ठलिंग मध्यमलिंग और कनिष्ठलिंग यह तीनों तीन ३ प्रकारके होतेहैं इसरीतिसे सब लिंग नव प्रकारके होते हैं

वतु ११ नाभ्यर्धमष्टभागेन विभज्याथसमंबुधैः। भागत्रयंपरित्यज्य विष्कम्भञ्चतुरस्त्र
कम् १२ अष्टास्त्रंमध्यमंज्ञेयं भागंलिङ्गस्यवैध्रुवम्। विकीर्णेचेत्ततोगृह्य कोणाभ्यांलाञ्छये
द्बुधः १३ अष्टास्त्रंकारयेत्तद्वदूर्द्ध्वमप्येवमेवतु। षोड़शास्त्रीकृतंपश्चाद्वर्तुलंकारयेत्ततः १४
आयामातस्यदेवस्य नाभ्यांवैकुण्डलीकृतम्। माहेश्वरंत्रिभागन्तु ऊर्द्ध्ववृत्तंत्ववस्थितम्
१५ अधस्ताद्ब्रह्मभागस्तु चतुरस्त्रोविधीयते। अष्टास्त्रोवैष्णवोभागो मध्यस्तस्यउदाहृतः
१६ एवंप्रमाणसंयुक्तं लिङ्गंवृद्धिप्रदम्भवेत्। तथान्यदपिवक्ष्यामि गर्भमानंप्रमाणतः १७
गर्भमानप्रमाणेन यल्लिङ्गमुचितंभवेत्। चतुर्धातद्विभज्याथ विष्कुम्भन्तुप्रकल्पयेत् १८
देवतायतनेसूत्रं भागत्रयविकल्पितम्। अधस्ताच्चतुरस्त्रन्तु अष्टास्त्रंमध्यभागतः १९ पू
ज्यभागस्ततोऽर्द्धन्तु नाभिभागस्तथोच्यते। आयामेयद्भवेत्सूत्रं नाहस्यचतुरस्त्रके २०
चतुरस्त्रार्द्धंपरित्यज्य अष्टास्त्रस्तुयद्भवेत्। तस्याप्यर्द्धंपरित्यज्य ततोवृत्तन्तुकारयेत् २१
शिरःप्रदक्षिणंतस्य संक्षिप्तंमूलतोन्यसेत्। ज्येष्ठपूज्यंभवेलिङ्गं मधस्ताद्विपुलञ्चयत् २२
शिरसाचसदानिम्नं मनोज्ञंलक्षणान्वितम्। सौम्यन्तुदृश्यतेलिङ्गन्तल्लिङ्गंवृद्धिदंभवेत्
२३ अथमूलेचमध्येतु प्रमाणेसर्वतःसमम्। एवंविधन्तुयल्लिङ्गं भवेत्तत्सार्वकामिकम्
२४ अन्यथायद्भवेल्लिङ्गं तदसत्संप्रचक्षते। एवंरत्नमयंकुर्यात् स्फाटिकंपार्थिवंतथा।
शुभंदारुमयञ्चापि यद्वामनसिरोचते २५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेद्विषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६२॥

८।११ नाभिके ऊपर आठभाग कल्पितकरके तीनभागोंको त्याग कर शेष स्थानको चौखूंटीकरे मध्य में आठदलकरे और लिंगके ऊपरभी आठदलकरे फिर मस्तक को गोलकरे और लिंगकी नाभिकी जगह कुंडल सा बनादेवे-शिवजीके लिंगकेतीन भागोंमें ऊपर काभाग गोलरहताहै और नीचेके ब्रह्म स्थानको चौखूंटा बनावे और मध्यकाभाग अष्टकोणहोवे वह वैष्णव महादेव कहाते हैं १२।१६ ऐसे प्रमाणसे लिंगकी वृद्धिहोती है-अब अन्यप्रमाण कोभी कहताहूं-लिंगकी जलहरीके प्रमाणके चारभाग कल्पितकरे फिर एक भागमें शिवलिंग बनावे नीचेसे चौखूंटारक्खे मध्यमें अष्टकोणकरे और ऊपरके पूज्य भागको नाभिभागकहते हैं उसको गोलरक्खे-लिंगके चौखूंटे भागको भूमिमें गाड़ देवे मध्यके अष्टकोणवाले भागको जलहरी में रक्खे ऊपर गोलभाग रक्खे १७।२१ जिस शिवलिंगका शिर नीचे से सूक्ष्म और जलहरीमें भारीहो वह ज्येष्ठालिंग कहाताहै-और जिस लिंगका शिर मनोहर और नीचाहोय वह सौम्य कहाताहै और वृद्धिकरनेवालाहोताहै २२।२३ और मूलमें तथा मध्य भागमें सर्वत्र समान प्रमाणवाला शिव लिंगभी सार्वकामिक अर्थात् सब कामनाओंकासिद्ध करने वाला कहा है और इन लक्षणों से रहित जो अन्यथा बनरहाहो वह श्रेष्ठनहीं है और इन्हीं लक्षणोंके अनुसार मणि-हीरा-पन्ना-मृत्तिका रत्न और काष्ठ इनमेंसे जिसकी रुचिहो उसी वस्तुका बनालेवे२४।२५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६२॥

(ऋषयऊचुः) देवतानामथैतासां प्रतिष्ठाविधिमुत्तमम्। वदसूत! यथान्यायं सर्वेषां मण्शेषतः १ (सूत उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि प्रतिष्ठाविधिमुत्तमम्। कुण्डमण्ड पवेदीनां प्रमाणञ्चयथाक्रमम् २ चैत्रेवाफाल्गुनेवापि ज्येष्ठवामाधवेतथा। माघेवासर्वदे वानां प्रतिष्ठाशुभदाभवेत् ३ प्राप्यपक्षंशुभंशुक्लमतीतेदक्षिणायने। पञ्चमीचद्वितीयाच तृतीयासप्तमीतथा ४ दशमीपौर्णमासीचतथाश्रेष्ठात्रयोदशी। आसुप्रतिष्ठाविधिवत्कृत्वा बहुफलालभेत् ५ आषाढेद्वेतथामूल मुत्तराद्वयमेवच। ज्येष्ठाश्रवणरोहिण्यः पूर्वाभाद्रप दातथा ६ हस्ताश्विनीरेवतीच पुष्योमृगशिरस्तथा। अनुराधातथास्वाती प्रतिष्ठादिषु शस्यते ७ बुधोबृहस्पतिःशुक्रस्त्रयोऽप्येतेशुभग्रहाः। एभिर्निरीक्षितंलग्नं नक्षत्रञ्चप्रश स्यते ८ ग्रहताराबलंलब्ध्वा ग्रहपूजांविधायच॥ निमित्तंशकुनंलब्ध्वा वर्जयित्वाद्भुतादि कम् ९ शुभयोगेशुभस्थानेक्रूरग्रहविवर्जिते। लग्नेऋक्षेप्रकुर्वीतप्रतिष्ठादिकमुत्तमम् १० अयनेविषुवेतद्वत् षडशीतिमुखेतथा। एतेषुस्थापनंकार्यंविधिदृष्टेनकर्मणा ११ प्राजापत्ये तुशयनं श्वेतेतूत्थापनंतथा। मुहूर्तेस्थापनंकुर्यात् पुनर्ब्राह्मेविचक्षणः १२ प्रासादस्यो त्तरेवापिपूर्वेवामण्डपोभवेत्। हस्तान्षोडशकुर्वीत् दशद्वादशवापुनः १३ मध्येवेदिकया युक्तःपरिक्षिप्तःसमन्ततः। पञ्चसप्तापिचतुरः करान्कुर्वीतवेदिकाम् १४ चतुर्भिस्तोरणै र्युक्तोमण्डपःस्याच्चतुर्मुखः। प्लक्षद्वारंभवेत्पूर्वेयाम्येचौदुम्बरम्भवेत् १५ पश्चादश्वत्थघटि

यह सबविधान सुनकर ऋषियोंनेकहा हेसूतजी अबसब देवताओंकी उत्तमप्रतिष्ठाकीविधि न्याय से संपूर्ण वर्णनकीजिये १ सूतजीनेकहा हे ऋषीश्वरलोगो अब मैं उत्तमप्रतिष्ठा विधि वर्णन करताहूं तुम चित्त से सुनो इसकेसिवाय में कुंड मंडप और वेदियोंके भी प्रमाणकहूंगा-२ चैत्र-फाल्गुन-ज्येष्ठ-बै-शाख और माघ इनपांचों महीनोंमें देवताओंकीप्रतिष्ठा शुभदायकहै ३ उत्तरायणमें शुभ शुक्लपक्षकी पंचमी-द्वितीया-तृतीया-सप्तमी ४ दशमी पूर्णमासी और त्रयोदशी इनसबतिथियों में विधिपूर्व्वक की हुई प्रतिष्ठा बड़े २ फलोंकी देनेवालीहै ५ पूर्वाषाढ़-उत्तराषाढ़-मूल उत्तरा फाल्गुनी-उत्तराभाद्रपद-ज्येष्ठा-श्रवण-रोहिणी-पूर्व्वाभाद्रपद-अनुराधा और स्वाति इननक्षत्रोंमें प्रतिष्ठाश्रेष्ठहोतीहै ६।७ औरबुध बृहस्पति और शुक्र यहतीनोंग्रह प्रतिष्ठामेंशुभकेदेनेवालेहैं और इन्हींग्रहोंकरके देखेहुयेलग्न औरनक्षत्र भी श्रेष्ठ कहेहैं ८ ऐसे शुभदिनमें ग्रहबल और ताराबलको प्राप्तहोकर ग्रहोंकी पूजाकर शकुनके नि-मित्तको प्राप्तहोकर अद्भुतादिसे रहित ९ क्रूरग्रहोंसे बर्जित शुभस्थानमें शुभयोग लग्न और नक्षत्रमें उत्तम प्रतिष्ठादिक करे १० इसप्रकार विधि दृष्टकर्म करके उत्तरायण शुभदिनमें देवताओंका स्थापन करे ११ प्राजापत्यमुहूर्त्तमें शयनकरे और श्वेतमें उत्थापनकरे इसकेपीछे बुद्धिमानपुरुष ब्राह्ममुहूर्त्त में स्थापनकरे १२ और प्रासाद अर्थात् स्थानसे उत्तर वा पूर्व्वमें मंडपबनावे वह मंडप सोलह दश अथवा बारह हाथका बनानाचाहिये १३ उस मंडपके बीचमें वेदीबनावे वह वेदी पांचहाथकी-सात हाथकी अथवा चार हाथकी बनावे १४ और मंडपके चारद्वार तोरणों सहित बनावे उनमेंसे पूर्वका द्वार पिलखनका बनावे दक्षिणका द्वार गूलरका-पश्चिमकाद्वार पीपलसे और उत्तरकाद्वार वटवृक्षका

तंनैयग्रोधंतथोत्तरे। भूमौहस्तप्रविष्टानिचतुर्हस्तानिचोच्छ्रये १६ सूपलिप्तंतथाश्लक्ष्णं भूतलंस्यात्सुशोभनम्। वस्त्रैर्नानाविधैस्तद्वत् पुष्पपल्लवशोभितम् १७ कृत्वैवंमण्डपं पूर्वंचतुर्द्वारेषुविन्यसेत्। अव्रणान्कलशानष्टौ ज्वलत्काञ्चनगर्भितान् १८ चूतपल्लव संच्छन्नान्सितवस्त्रयुगान्वितान्।सर्वौषधिफलोपेतांश्चन्दनोदकपूरितान्१९एवंनिवेश्य तद्गर्भेगन्धधूपार्चनादिभिः।ध्वजादिरोहणंकार्यंमण्डपस्यसमन्ततः२० ध्वजांश्चलोक पालानांसर्वदिक्षुनिवेशयेत्।पताकाजलदाकारामध्येस्यान्मण्डपस्यतु२१गन्धधूपादिकं कुर्यात्स्वैःस्वैर्मन्त्रैरनुक्रमात्। बलिञ्चलोकपालेभ्यः स्वमंत्रेणनिवेदयेत्२२ऊर्ध्वन्तुब्रह्म णेदेयंत्वधस्ताच्छेषवासुकेः। संहितायान्तुयेमन्त्रा तद्दैवत्याःश्रुतौस्मृताः २३ तैःपूजा लोकपालानां कर्त्तव्याचसमन्ततः। त्रिरात्रमेकरात्रंवा पञ्चरात्रमथापिवा २४ अथवा सप्तरात्रन्तुकार्यंस्यादधिवासनम्। एवंसतोरणंकृत्वाअधिवासनमुत्तमम्२५तस्याप्युत्तर तःकुर्यात्स्नानमण्डपमुत्तमम्। तदर्धेनत्रिभागेनचतुर्भागेनवापुनः२६आनीयलिङ्गमर्चां वाशिल्पिनःपूजयेद्बुधः। वस्त्राभरणरत्नैश्चयेऽपितत्परिचारकाः २७क्षमध्वमितितान्ब्रू याद्यजमानोऽप्यतःपरम्। देवंप्रस्तरणेकृत्वानेत्रज्योतिःप्रकल्पयेत् २८ अक्ष्णोरुद्धरणं वक्ष्येलिङ्गस्यापिसमासतः। सर्वतस्तुबलिंदद्यात्सिद्धार्थघृतपायसैः २९ शुक्लपुष्पैरलं कृत्यघृतगुग्गुलधूपितम्। विप्राणाञ्चार्चनंकुर्य्याद्दद्याच्छक्त्याचदक्षिणाम् ३० गांमहीं

बनावे उस मंडपको एकहाथ तो पृथ्वीमें गाडे और चारहाथ ऊंचाकरे १५। १६ और भूतल को अच्छेप्रकारसे लीप स्वच्छकर अनेक प्रकारके वस्त्र पुष्प और पल्लवों करके भूषितकरे १७ ऐसे मंडप बनाकर चारों द्वारोंपर सुवर्णयुक्त छिद्रोंसे रहित आठ कलश स्थापन करे १८ उन कलशोंको आमके पत्तोंसे ढके और दो श्वेतवस्त्रों समेत सर्वौषधि फल चन्दन और जल इन्होंसे पूरितकरे १९ ऐसे उन कलशों में गंध धूपादिकों करके स्थापनकर मंडप के चारोंओर ध्वजा रोपण करे २० और सब दिशाओंमें लोकपालोंकी ध्वजा लगावे और मंडपके बीचमें मेघके आकारकी पताका लगावे २१ फिर लोकपालोंके मंत्रोंकरके क्रम पूर्वक गन्ध धूपकर अपने २ मंत्रोंकरके लोकपालों के अर्थ बलि निवेदनकरे२२ऊर्ध्वभागमें ब्रह्माजीको-अधोभागमें वासुकिको और दिशा विदिशाओं में लोकपालोंको बलिदेवे २३ उन्हीं मंत्रोंसे लोकपालों की चारोंओर पूजाकरे-तीनरात्रि-एकरात्रि पंचरात्रि २४ अथवा सप्तरात्रि मूर्तियों को अधिवासन करावे ऐसे तोरणसहित उत्तम अधिवासन करके २५ मंडपका त्रिभाग-चतुर्भाग अथवा अर्द्धभागके उत्तरमें स्नान मंडपबनावे-२६ फिर लिंग वा मूर्तिको लाकर बुद्धिमान् शिल्पीका पूजनकरे और वस्त्र आभूषण और रत्नादिकदे और जो पूजावाले हैं २७ उनकोयजमान क्षमध्व अर्थात् क्षमाकरो ऐसावचनकहे ऐसे देवप्रस्तरणकरके नेत्र ज्योतिको कल्पनाकरे २८ अब नेत्रोंका उद्धरण कहताहूं और लिंगकाभी सामान्य रीतिसे पूजनकहताहूं-प्रथम सरसों-घृत और खीरसे चारोंओरको बलिदेवे फिर श्वेत पुष्पोंसे शृंगारकरके घृतयुक्त गुग्गुलकी धूप देवे और ब्राह्मणोंकापूजनकरके यथाशक्ति दक्षिणादेवे२९।३० और गोपृथ्वी और सुवर्णादिक मूर्तिकी

कनकञ्चैवस्थापकायानिवेदयेत्। लक्षणंकारयेद्भक्त्यामन्त्रेणानेनवैद्विजः ३१ ॐनमोभ
गवतेतुभ्यंशिवायपरमात्मने। हिरण्यरेतसेविष्णो विश्वरूपायतेनमः ३२ मन्त्रोऽयंसर्व
देवानां नेत्रज्योतिष्व्वपिस्मृतः। एवमामन्त्र्यदेवेशंकाञ्चनेनाविलेखयेत् ३३ मङ्गल्यानि
चवाद्यानिब्रह्मघोषंसगीतकम्। वृद्ध्यर्थंकारयेत्विद्वान् अमङ्गल्यविनाशनम् ३४ लक्षणो
द्धरणंवक्ष्ये लिङ्गस्यसुसमाहितः। त्रिधाविभज्यपूज्यायां लक्षणंस्यात्विभाजकम् ३५ ले
खात्रयन्तुकर्तव्यं यवाष्टान्तरसंयुतम्। नस्थूलंनकृशंतदव न्नवक्रंछेदवर्जितम् ३६ नि
म्नंयवप्रमाणेन ज्येष्ठलिङ्गस्यकारयेत्। सूक्ष्मास्ततस्तुकर्तव्या यथामध्यमेकन्येसत् ३७
अष्टभक्तंततःकृत्वा त्यक्त्वाभागत्रयंबुधः। लम्बयेत्सप्तरेखास्तु पार्श्वयोरुभयोःसमाः ३८
तावत्प्रलम्बयेद्विद्वान् यावद्भागचतुष्टयम्। भ्राम्यतेपञ्चभागोर्ध्वं कारयेत्सङ्गमन्ततः
३९ रेखयोःसङ्गमेतद्वत् पृष्ठेभागद्वयंभवेत्। एवमेतत्समाख्यातं समासाल्लक्षणंमया४०
इतिश्रीमत्स्यपुराणेत्रिषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६३ ॥

सूतउवाच। अतःपरंप्रवक्ष्यामि मूर्त्तिपानान्तुलक्षणम्। स्थापकस्यसमासेन लक्षणं
शृणुतद्विजाः! १ सर्वावयवसम्पूर्णो वेदमन्त्रविशारदः। पुराणवेत्तातत्त्वज्ञो दम्भलोभ
विवर्जितः २ कृष्णसारमयेदेशे उत्पन्नश्चशुभाकृतिः। शौचाचारपरोनित्यं पाखण्डकुल
निस्पृहः ३ समःशत्रौचमित्रेच ब्रह्मोपेन्द्रहरप्रियः। ऊहापोहार्थतत्त्वज्ञो वास्तुशास्त्रस्य

प्रतिष्ठा करानेवाले स्थापकको देवे और ब्राह्मण इस आगेकहेहुए मंत्रसे लक्षणकरावे ३१ ॐनमो
भगवतेतुभ्यंशिवायपरमात्मने हिरण्यरेतसेविष्णोविश्वरूपायतेनमः ३२ यहमंत्रसंपूर्ण देवताओंकी
नेत्र ज्योतियोंके निमित्त कहाहै इसप्रकारसे देवेशकाआमंत्रणकरके सुवर्णकी शलाकासे नेत्रखोले ३३
सुन्दर मांगल्य बाजे बजावे गीतोंसमेत वेद ध्वनिकरे-वृद्धिके निमित्त और अमंगल्यके नाशार्थ विद्वान्
ब्रह्मघोष अवश्यकरे ३४ अब सावधानहोकर लिंगका उद्धरण कहताहूं पूजाके विषयमें तीनभाग
समझकर विभाजक लक्षणकरे ३५ फिर आठ २ यवोंके अन्तरसे तीनरेखाकरे वह तीन तीनोरेखा
मोटीहोयें न पतलीहोयें और टेढ़ीभी न होयें और छेद न रहे ३६ ज्येष्ठलिंगमें यवसे प्रमाणसे स्थूल
करे और बाकीरेखा सूक्ष्मकरे ३७ फिर बुद्धिमान् आठभागकरके तीनभागोंको त्यागदेवे तदनन्तर
दोनोंओरों सातरेखा लम्बाकरे ३८ जिससे कि चारभागहोजायें उतनीहीरेखा लम्बीकरे पीछे पांच
भागोंके उपरान्त रेखाओंका संगमकरे ३९ परन्तु पीठमें दोही रेखाओंका संगमकरे ऐसे साधारण
रीतिसे रेखाओंसे लक्षण कहाहै ४० ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषायांटीकात्रिषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६३ ॥

सूतजीबोले-अब मूर्तिकी रक्षाकरनेवाले और स्थापितकरनेवाले पुरुषोंके लक्षणकहतेहैं उसको
सुनो १ सम्पूर्ण अंगयुक्त वेदकेमंत्रोंमें निपुण पुराणवेत्ता तत्त्वज्ञ दम्भ लोभसेरहित जहाँ कालामृग
रहताहो ऐसेदेशमें उत्पन्न सुन्दर आकृतिवाला प्रतिदिन शौचाचार में प्रवृत्त पाखण्डरहित २। ३
शत्रुमित्रको समान जाननेवाला ब्रह्मा विष्णु और शिव इनतीनोंकी भक्तिरखनेवाला तर्कशास्त्रज्ञ

पारगः ४ आचार्य्यस्तुभवेन्नित्यं सर्वदोषविवर्जितः। मूर्त्तिपास्तुद्विजाश्चैव कुलीनाऋजवस्तथा ५ द्वात्रिंशत्षोडशाथापि अष्टौवाश्रुतिपारगाः। ज्येष्ठमध्यकनिष्ठेषु मूर्त्तिपाः प्रकीर्त्तिताः ६ ततोलिङ्गमथार्चांवा नीत्वास्नपनमण्डपम्। गीतमङ्गलशब्देन स्नपनं तत्रकारयेत् ७ पञ्चगव्यकषायेण मृद्भिर्भस्मोदकेनवा। शौचंतत्रप्रकुर्वीतवेदमन्त्रचतुष्टयात् ८ समुद्रज्येष्ठमन्त्रेण आपोदिव्येतिचापरः। यासांराजेतिमन्त्रस्तु आपोहिष्ठेतिचापरः ९ एवंस्नाप्यततोदेवं पूज्यगन्धानुलेपनैः। प्रच्छाद्यवस्त्रयुग्मेन अभिवस्त्रेत्युदाहृतम् १० उत्थापयेत्ततोदेव मुत्तिष्ठब्रह्मणस्पते। अमूरजेतिचतथा रथेतिष्ठेतिचापरः ११ रथेब्रह्मरथेवापि धृतांशिल्पिगणेनतु। आरोप्यचततोविद्वानाकृष्णेनप्रवेशयेत् १२ ततःप्रास्तीर्य्यशय्यायां स्थापयेच्छनकैर्बुधः। कुशानास्तीर्य्यपुष्पाणि स्थापयेत्प्राङ्मुखं ततः १३ ततस्तुनिद्राकलशं वस्त्रकाञ्चनसंयुतम्। शिरोभागेतुदेवस्य जपन्नेवंनिधापयेत् १४ आपोदेवीतिमन्त्रेण आपोऽस्मानमातरोऽपिच। ततोदुकूलपट्टैश्चच्छादयेत्रोपधानकम् १५ दद्याच्छिरसिदेवस्य कौशेयंवाविचक्षणः। मधुनासर्पिषाभ्यज्य पूज्यसिद्धार्थकैस्ततः १६ आप्यायस्वेतिमन्त्रेण यातेरुद्रशिवेतिच। उपविश्यार्चयेद्देवं गन्धपुष्पैः समन्ततः १७ सितंप्रतिसरंदद्यात् बार्हस्पत्येतिमन्त्रतः। दुकूलपट्टैःकार्पासै र्नानाचित्रैरथापिवा १८ आच्छाद्यदेवंसर्वत्र छत्रचामरदर्पणम्। पार्श्वतःस्थापयेत्तत्र वितानंपुष्पसंयुतम् १९ रत्नान्योषधयस्तत्र गृहोपकरणानिच। भाजनानिविचित्राणि शयनान्या

दोषरहित कुलीन ऐसा विद्वान् पुरुष मूर्त्तियों की विधिपूर्व्वक पूजनकर प्रतिष्ठाकरे बत्तीस सोलह अथवा आठविद्वान्पुरुष ज्येष्ठ-मध्यम और कनिष्ठ मूर्त्तियोंको क्रमसे स्थापितकरे और प्रतिष्ठके समय गीतमंगलकर प्रथम मूर्त्तिको स्नान मण्डप के स्थान में लेजाकर स्नानकरावे ४।७ फिर मंगल शब्दपूर्व्वक पंचगव्य-मृत्तिका-भस्म और जल इनसबसे स्नानकरवावे वहां चारवेदके मंत्रों से शौचकरे--समुद्रज्येष्ठ-इसमंत्रसे और आपोदिव्या-इसमंत्रसे-यासांराजा इसमंत्रसे फिर आपोहिष्ठा इसमंत्र से स्नानकरवावे फिर गन्धयुक्त चन्दनसे पूजनकरे फिर अभिवस्त्र-इसमंत्रसे दोवस्त्र पहरावे-फिर उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते--इसमंत्रसे उत्थापनकरे और देवताकी पूजा इसमंत्रसे तथा रथेतिष्ठ इसमंत्रसे मूर्त्तिको रथमें बैठाकर आकृष्णेन इसमंत्र से मन्दिरमें प्रवेशकरे ८।१२ तदनन्तर शनैःशनैः शय्यापर शयनकरवादेवे फिर कुशाबिछाके पूर्व्वाभिमुखकरके उनके ऊपर पुष्पोंको बिछावे फिर वस्त्र और सुवर्णसे युक्तकियेहुए कलशको देवके शिरके स्थानमें स्थापितकरे और आपोदेवी-आपोस्मान् मातर इनमंत्रोंका उच्चारणकरे फिर रेशमीवस्त्रसे आच्छादितकरदेवे अथवा देवके शिर केही स्थानमें रेशमीवस्त्रको स्थापितकरदेवे और शहद-घृत और सरसों से आपोदेवी इस मंत्रकरके पूजनकरे फिर आप्यायस्व-इसमंत्रसे और याते रुद्रशिव-इनमंत्रों से गन्ध पुष्पादि से चारोंओरको पूजे १३।१७ फिर बार्हस्पत्य इसमन्त्रसे हाथमेंश्वेत सूत्रबांधे और अनेकप्रकारके विचित्रवस्त्रोंसे देवको आच्छादितकरे फिर बराबर में छत्र-चामर और दर्पण इनसबको स्थापितकरे फिर यथाशक्ति

सनानिच २० अभिस्त्वाशूरमन्त्रेण यथाविभवतोन्यसेत्। क्षीरंक्षौद्रंघृतंतद्वत् भक्ष्यभो
ज्यान्नपायसैः २१ षड्विधैश्चरसैस्तद्वत् समन्तात्परिपूजयेत्। बलिंदद्यात्प्रयत्नेन म
न्त्रेणानेनभूरिशः २२ त्र्यम्बकंयजामहे इतिसर्वतःशनकैर्भुवि। मूर्त्तिपान्स्थापयेत्पश्चा
त्सर्वदिक्षुविचक्षणः २३ चतुरोद्वारपालांश्च द्वारेषुविनिवेशयेत्। श्रीसूक्तंपावमानञ्च सो
मसूक्तंसुमङ्गलम् २४ तथाचशान्तिकाध्यायमिन्द्रसूक्तंतथैवच। रक्षोघ्नञ्चतथासूक्तं
पूर्वतोबह्वृचोजपेत् २५ रौद्रंपुरुषसूक्तञ्च श्लोकाध्यायंसशुक्रियम्। तथैवमण्डलाध्याय
मध्वर्युर्दक्षिणेजपेत् २६ वामदेव्यंबृहत्साम ज्येष्ठसामरथन्तरम्। तथापुरुषसूक्तञ्च रुद्र
सूक्तंसशान्तिकम् २७ भारुण्डानिचसामानि च्छन्दोगःपश्चिमेजपेत्। अथर्वाङ्गिरसंत
द्वन्नीलंरौद्रंतथैवच २८ तथापराजितादेवी सप्तसूक्तंसरौद्रकम्। तथैवशान्तिकाध्याय
मथर्वाचोत्तरेजपेत् २९ शिरस्थानेतुदेवस्य स्थापकोहोममाचरेत्। शान्तिकैःपौष्टिकैस्त
द्वत् मन्त्रैर्व्याहृतिपूर्वकैः ३० पलाशोदुम्बराश्वत्थ अपामार्गःशमीतथा। हुत्वासहस्रमे
कैकं देवंपादेतुसंस्पृशेत् ३१ ततोहोमसहस्रेण हुत्वाहुत्वाततस्ततः। नाभिमध्यंतथाव
क्षः शिरश्चाप्यालभेत्पुनः ३२ हस्तमात्रेषुकुण्डेषु मूर्त्तिपाःसर्वतोदिशम्। समेखलेषुते
कुर्युर्योनिवक्त्रेषुचादरात् ३३ वितस्तिमात्रायोनिःस्याद्गजोष्ठसदृशीतथा। आयता
च्छिद्रसंयुक्ता पार्श्वतःकलयोच्छ्रिता ३४ कुण्डात्कलानुसारेण सर्वतश्चतुरङ्गुला। वि
स्तारेणोच्छ्रयात्तद्वच्चतुरस्रासमाभवेत् ३५ वेदीभित्तिंपरित्यज्य त्रयोदशभिरङ्गुलैः। ए

रत्न-सर्वौषधी और अनेकपात्र शय्या और आसन इन्होंकोस्थापितकरे यहसवपदार्थ अभिस्त्वाशूर इस मंत्रसे स्थापितकरे और दूध-शहद-घृत-भक्ष्य भोज्य पदार्थ खीर और छःप्रकारसे रस इनसबको देव के चारोंओर परोसकर त्र्यम्बकं यजामहे इसमंत्र से धीरे २ बलिदानदेवे और चारोंदिशाओंमें चार पुजारियोंको १८।२३ और चारद्वारपालोंको बैठावे तदनन्तर श्रीसूक्त पावमान-सोमसूक्त-सुमंगल शान्तिकाध्याय-इन्द्रसूक्त और रक्षोघ्नसूक्त इनसबऋचाओंको पूर्व्वमें बैठनेवालाविद्वान्जपै२४।२५ और रौद्र- पुरुषसूक्त श्लोकाध्याय- शुक्रिय और मंडलाध्याय इन ऋचाओंको दक्षिणमें बैठाहुआ अध्वर्युजपै २६ वामदेव-बृहत्साम-ज्येष्ठसाम- भामरथन्तर-पुरुषसूक्त-रुद्रसूक्त-शान्तिक और भारुंड साम इनको पश्चिममें बैठनेवाला विद्वान् जपै- अथर्ववेदनील- रौद्रपराजितादेवी-सप्तसूक्त और रौद्रकशान्तिकाध्याय इन सबको उत्तरमें बैठनेवाला अथर्ववेदपाठी विद्वान्जपै २७। २९ देव के शिरके स्थानमें स्थापक पुरुष व्याहृति पूर्वक शान्तिक पौष्टिक मंत्रों करकेहोमकरे ३० ढाक-गूलर पीपल-ऊंगा और जाटी-इन समिधोंमें एक २ हज़ार आहुति करके चरणोंको स्पर्शकरे फिर एक २ हज़ार आहुति करके क्रम पूर्व्वक देवकी मूर्तिकी नाभि छाती-शिर-इन सबको स्पर्शकरे फिर वह चारों मूर्तिके स्थापक विद्वान् एकहाथका चौकोनामेखलासहित कुंडबनावें-और हाथीके ओष्ठकेसमान एक बिलस्तिकीयोनि बनावें-वहयोनि छिद्रसे युक्त कुंडके विस्तारसे एककलाऊंची बनानी चाहिये और इसीप्रकारसे नवोंकुंडोंमें वेदीकी भीतिको तेरहअंगुल त्यागकर सबकुंडोंमें ऊंचीयोनि बनानी

वंनवसुकुण्डेषु लक्षणश्चैवदृश्यते ३६ आग्नेयशाक्रयाम्येषु होतव्यमुदगाननैः । शान्त
योलोकपालेभ्यो मूर्त्तिभ्यःक्रमशस्तथा ३७ तथामूर्त्यधिदेवानां होमंकुर्यात्समाहितः ।
वसुधावसुरेताच यजमानोदिवाकरः ३८ जलंवायुस्तथासोम आकाशश्चाष्टमःस्मृतः ।
देवस्यमूर्त्तयस्त्वष्टा वेताःकुण्डेषुसंस्मरेत् ३९ एतासामधिपान्वक्ष्ये पवित्रान्मूर्त्तिनामतः।
पृथ्वींपातिचशर्वश्च पशुपश्चाग्निमेवच ४० यजमानंतथैवोग्रो रुद्रश्चादित्यमेवच।भ
वोजलंसदापाति वायुमीशानएवच ४१ महादेवस्तथाचन्द्र भीमश्चाकाशमेवच। सर्व
देवप्रतिष्ठासु मूर्त्तिपाह्येतएवच ४२ एतेभ्योवैदिकैर्मन्त्रै र्यथास्वंहोममाचरेत्। तथाशा
न्तिघटंकुर्य्यात् प्रतिकुण्डेषुसन्न्यसेत्४३ शतान्तेवासहस्रान्ते सम्पूर्णाहुतिरिष्यते। स
मपादःपृथिव्यान्तु प्रशान्तात्माविनिक्षिपेत् ४४ आहुतीनान्तुसम्पातं पूर्णकुम्भेषुवैन्य
सेत्। मूलमध्योत्तमाङ्गेषु देवंतेनावसेचयेत् ४५ स्थितश्चस्नापयेत्तेन सम्पाताहुतिवारि
णा। प्रतियामेषुधूपन्तु नैवेद्यञ्चन्दनोदकम् ४६ पुनःपुनःप्रकुर्वीत होमःकार्यःपुनःपुनः।
पुनःपुनश्चदातव्या यजमानेनदक्षिणा ४७ सितवस्त्रैश्चतेसर्वे पूजनीयाःसमन्ततः। वि
चित्रैर्हैमकटकै र्हैमसूत्राङ्गुलीयकैः ४८ वासोभिःशयनीयैश्च परिधाप्याःस्वशक्तितः।
भोजनञ्चापिदातव्यं यावत्स्यादधिवासनम् ४९ बलिस्त्रिसन्ध्यंदातव्यो भूतेभ्यःसर्वतो

चाहिये ३३।३६ और उन चारों विद्वान्पुरुषोंको उत्तरको मुखकरके अग्नि· इन्द्र और धर्मराज इन तीनोंकेमन्त्रोंसे होमकरनाचाहिये फिर क्रमसे लोकपालोंके निमित्त शांतिकरे ३७ फिर देवकीमूर्त्ति के अधिदेवताके अर्थ होमकरे· पृथ्वी· अग्नि· यजमान· सूर्य· जल· वायु· चन्द्रमा· आकाश यह आठोंपुरुष देवकी मूर्त्तिहैं इनसबका स्मरणरखनाचाहिये ३८।३९ अब क्रमसे इनआठों की रक्षाकरनेवालोंको कहतेहैं-पृथ्वीकीरक्षा शर्वनाम महादेवजी करतेहैं-अग्निकीरक्षा पशुपतिजी करते हैं-यजमान की रक्षा उग्रनाम महादेव करतेहैं-सूर्य्यकीरक्षा रुद्रजी करते हैं-जलकीरक्षा भवनाम शिवजीकरतेहैं-वायुकीरक्षा ईशान महादेव करतेहैं ४०।४१ मूर्त्तियोंकी प्रतिष्ठाके समय चन्द्रमा की रक्षा महादेवजी करतेहैं-आकाशकीरक्षा भीमनाम शिव करतेहैं इसक्रमसे देवताओंकी प्रतिष्ठामें यहआठों मूर्त्तिपहैं अर्थात् उनकी रक्षाकरनेवालेहैं ४२ इनकेअर्थ वेदके मंत्रोंकरके शक्तिके अनुसार होमकरे और कुण्ड २ के प्रति शान्तिघटको स्थापितकरे ४३ सौ १०० आहुतियों के अथवा हज़ार आहुतियोंके अन्तमें पूर्णाहुति करनीचाहिये आहुतिदेनेके समय शान्तमनकरके पैरको समानस्थित रक्खे और आहुतियों के अन्तका सम्पात पूर्णकुम्भोंमेंगेरे फिर उसघृतको देवके मस्तकमें लगादेवे और जलसे स्नानकरवाके प्रहर २ के अन्तरमें धूपदीप नैवेद्यकरके चन्दन चढ़ावे-वारंवार हवन करे और वारंवारही यजमानको दक्षिणादेनीचाहिये ४४।४७ और वहसबकर्मकर्त्ता पुजारी ब्राह्मण श्वेतवस्त्रोंसे सुवर्णके कडूले तागडी अंगूठीइत्यादि आभूषणोंसे पूजने चाहिये अनेकप्रकार के वस्त्रों समेत शक्तिके अनुसार शय्यादान देनाचाहिये और जबतक मूर्त्तियों का अधिवासहोवे तबतक भोजनकाभी दानकरे ४८।४९ और तीनों संधियों में भूतोंके अर्थ सबदिशाओं में बलिदानकरे प्रथम

दिशम्। ब्राह्मणान्भोजयेत्पूर्वं शेषान्वर्णांस्तुकामतः ५० रात्रौमहोत्सवःकार्यो नृत्यगी
तकमङ्गलैः। सदापूज्याःप्रयत्नेन चतुर्थीकर्मयावता ५१ त्रिरात्रमेकरात्रंवा पञ्चरात्रम
थापिवा। सप्तरात्रमथोकुर्यात् क्वचित्सद्योऽधिवासनम्। सर्वयज्ञफलोयस्मादधिवासो
त्सवःसदा ५२॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेचतुःषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २६४॥

सूतउवाच॥ कृत्वाधिवासंदेवानां शुभंकुर्य्यात्समाहितः। प्रासादस्यानुरूपेण मा
नंलिङ्गस्यवापुनः १ पुष्पोदकेनप्रासादं प्रोक्ष्यमन्त्रयुतेनतु। पातयेत्पक्षसूत्रन्तु द्वारसूत्रं
तथैवच २ आश्रयेत्किञ्चिदीशानींमध्यंज्ञात्वादिशंबुधः। ईशानीमाश्रितंदेवं पूजयन्तिदि
वौकसः ३ आयुरारोग्यफलदमथोत्तरसमाश्रितम्। शुभंस्यादशुभंप्रोक्त मन्यथास्था प-
नंबुधैः ४ अधःकूर्मशिलाप्रोक्ता सदाब्रह्मशिलाधिका। उपर्यवस्थितातस्या ब्रह्मभागाधि
काशिला ५ ततस्तुपिण्डिकाकार्या पूर्वोक्तैर्नामलक्षणैः। ततःप्रक्षालितांकृत्वा पञ्चगव्ये
नपिण्डिकाम् ६ कषायतोयेनपुनर्मन्त्रयुक्तेनसर्वतः। देवतार्चाश्रयंमन्त्रं पिण्डिकासुनि
योजयेत् ७ ततउत्थाप्यदेवेशं उत्तिष्ठब्रह्मणेतिच। आनीयगर्भभवनंपीठान्तेस्थापयेत्पु
नः ८ अर्घ्यपाद्यादिकंतत्र मधुपर्कंप्रयोजयेत्। ततोमुहूर्त्तंविश्रम्य रत्नन्यासंसमाचरेत् ९
वज्रमौक्तिकवैदूर्यं शङ्खस्फटिकमेवच। पुष्परागेन्द्रनीलञ्च नीलंपूर्वादिदिक्क्रमात् १०
तालकञ्चशिलावज्र मञ्जनंश्याममेवच। काक्षीकाशीसमाक्षीकं गौरिकञ्चादितःक्रमात्

ब्राह्मणों को भोजनकरवावे पीछे इच्छापूर्वक चारोंवर्णोंको जिमावे ५० और रात्रि में नृत्य और मंगल गीतादिसे महोत्सवकरे—जबतक चतुर्थी कर्महोय तबतक यत्नकरके सदैव ब्राह्मणोंकी पूजा करनीचाहिये तीनरात्रि वा पांचरात्रि-सातरात्रि अथवा एकही रात्रितक अधिवासकरना योग्य है—मूर्त्तिके अधिवासके समय जो महोत्सव कियाजाताहै उसकाफल सम्पूर्णयज्ञोंके समानहै ५१।५२॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुःषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६४॥

सूतजीबोले—कि देवताओंका अधिवासकराके उनकेमन्दिरोंका मानकरके मन्दिरको पवित्रजल से छिड़क बराबर में और द्वारके आगे सूत्रडालके मन्दिरके मध्यभागसे ईशानदिशाको पहिचाने क्योंकि ईशानदिशाके आश्रितहुए देवताभी महादेवको पूजतेहैं १।३ और उत्तरदिशा के सन्मुख महादेवको स्थापनकरे तो आयु आरोग्य और सुखकी वृद्धिहोतीहै अन्यदिशाशुभनहींहैं ४ नीचे कूर्म शिलाको स्थापितकरे ऊपर अधिकस्थितहुई ब्रह्मशिलाको स्थितकरे उसकेऊपर पहलेकहेहुए नाम और लक्षणोंवाली महादेवकी पिंडीको स्थापितकरे पिंडीको पंचगव्यसे स्नानकरावे देवताकीपूजा के मंत्रों का उच्चारणकरे पीछे उत्तिष्ठ ब्रह्मणेति इसमंत्रसे उत्थापनकर मंदिरमेंला जलहरी के ऊपर स्थितकरे फिर अर्घपाद्यकरके मधुपर्कदेवे तदनन्तर एकमुहूर्त्त विश्रामकराके पूर्वादि दिशाओंमें रत्नों का न्यासकरे अर्थात् हीरे—मोती—वैदूर्य्यमणि—शंख—स्फटिकमणि—पुखराज नीलमणि और नील-रत्न इनमेंसे सबको या शक्तिकेअनुसार जोहोसके उसको पूर्वादिक दिशाओंमें न्यासपूर्वक स्थापित

११ गोधूमञ्चयवंतद्वत्तिलमुद्गंतथैवच ।नीवारमथश्यामाकं सर्षपंव्रीहिमेवच १२ न्य
स्यक्रमेणपूर्वादि चन्दनंरक्तचन्दनम् । अगरुश्चाञ्जनश्चापि उशीरश्चततःपरम् १३ वैष्ण
वींसहदेवीश्च लक्ष्मणाश्चततःपरम् । स्वलोकपालनाम्नातु न्यसेदोङ्कारपूर्वकम् १४ सर्व
बीजानिधातूंश्च रत्नान्योषधयस्तथा ।काञ्चनंपद्मरागन्तु पारदंपद्ममेवच १५ कूर्मधरांश्च
षंतत्र न्यसेत्पूर्वादितःक्रमात् । ब्रह्मस्थानेतुदातव्या संहतास्युःपरस्परम् १६ कनकंविद्रु
मंताम्रं कांस्यञ्चैवारकूटकम् । रजतंविमलंपुष्पं लोहञ्चैवक्रमेणतु १७ काञ्चनंहरितालञ्च
सर्वाभावेऽपिनिक्षिपेत् । दद्याद्बीजौषधिस्थानेसहदेवींयवानपि १८न्यासमन्त्रानतोवक्ष्ये
लोकपालात्मकानिह । इन्द्रस्तुसहसादीप्तः सर्वदेवाधिपोमहान् १९ वज्रहस्तोमहासत्व
स्तस्मैनित्यंनमोनमः। आग्नेयःपुरुषोरक्तः सर्वदेवमयःशिखी २० धूमकेतुरनाधृष्य स्त
स्मैनित्यंनमोनमः । यमश्चोत्पलवर्णाभः किरीटीदण्डधृक्सदा २१ धर्मसाक्षीविशुद्धा
त्मा तस्मैनित्यंनमोनमः । निर्ऋतिस्तुपुमान्कृष्णःसर्वरक्षोऽधिपोमहान् २२खड्गहस्तो
महासत्वस्तस्मैनित्यंनमोनमः । वरुणोधवलोविष्णुः पुरुषोनिम्नगाधिपः २३ पाशह
स्तोमहाबाहु स्तस्मैनित्यंनमोनमः । वायुश्चसर्ववर्णोवै सर्वगन्धवहःशुभः २४ पुरुषोध्व
जहस्तश्च तस्मैनित्यंनमोनमः । गौरोयश्चपुमान्सौम्यः सर्वौषधिसमन्वितः २५ नक्ष
त्राधिपतिःसोमस्तस्मैनित्यंनमोनमः । ईशानपुरुषःशुक्लः सर्वविद्याधिपोमहान् २६ शू

करे ९।१० फिर हरताल-शिलाजीत-अंजन-श्यामरत्न-मुल्तानीमिट्टी-सीसा-सोनामक्खी और
गेरू इनसबको पूर्वादि दिशाओंमें स्थापितकरे ११ और गेहूं-जव-तिल-मूंग-समा-सरसों और
चावल इनसबको स्थापितकरे १२ फिरचन्दन-रक्तचन्दन-अगर रसौत खश-विष्णुक्रान्ता-सहदेई
श्वेतकटेहली इनको पूर्वादि दिशाओं में स्थापितकरे इसरीतिसे स्वर्गलोक का नामलेके ॐकार
पूर्वक सबबीजों समेत-धातु-रत्न-औषधी-सुवर्ण-पद्मराग-पारा-पद्माक-कछुआ-बैल और
पृथ्वी इनसबकीमूर्त्ति पूर्वादि दिशाओंमें स्थापितकरे फिर ब्रह्मशिला जलहरीके स्थानमें सुवर्ण-मूंगा
तांबा-कांसी-पीतल-चांदी-सुन्दर पुष्प और लोहा इनसबको क्रमसे धरे सबवस्तुओंके अभावमें
सुवर्ण और हरताल को रक्खे और बीज ओषधियों के स्थानमें सहदेई अथवा जवधरे १३।१८ अब
लोकपालों के न्यासके मन्त्रोंको कहतेहैं-इन्द्रदेव बड़ातेजस्वी और देवताओं का पतिहै हाथमेंवज्र
धरेहुए बड़ेशरीरवालाहै ऐसे इन्द्रके अर्थ नित्यनमस्कारहै और अग्निदेव लालपुरुषहै सर्वदेवमय-
शिखी-और धूम्रकीध्वजावालाहै किसीसेभी नहींसहाजाताहै ऐसे अग्निदेवको नमस्कारहै १९।२१
धर्मराज नीलकमलकान्ति-मुकुट दण्डधारी-धर्मसाक्षी और विशुद्धात्मावालाहै उसदेवकेअर्थ नम-
स्कारहै- निर्ऋति राक्षस कालापुरुष- सबराक्षसोंका पति और हाथमेंखड्ग धारणकरताहै ऐसे उस
निर्ऋतिको नमस्कारहै २२।२३ वरुणदेवता श्वेतमूर्त्ति- विष्णुस्वरूप-जलोंकापति और हाथमें फां-
सी महाबाहु धारणकरताहै ऐसे वरुणजीको नमस्कारहै- वायुदेवता सबगंधोंको बहाता है पुरुषस्व-
रूपहै हाथमें ध्वजा धारणरखताहै ऐसे उसदेवको नमस्कार है- चन्द्रमा गौरपुरुष- सौम्य- सब

लहस्तोविरूपाक्षस्तस्मैनित्यंनमोनमः। पद्मयोनिश्चतुर्मूर्त्तिर्वेदवासाःपितामहः २७ य
ज्ञाध्यक्षश्चतुर्वक्त्रस्तस्मैनित्यंनमोनमः। योऽसावनन्तरूपणे ब्रह्माण्डंसचराचरम् २८
पुष्पवद्धारयेन्मूर्ध्नि तस्मैनित्यंनमोनमः। ओङ्कारपूर्वकाह्येते न्यासेबलिनिवेदने २९ म
न्त्राःस्युःसर्वकार्य्याणांवृद्धिपुत्रफलप्रदाः। न्यासंकृत्वातुमन्त्राणां पायसेनानुलेपितम् ३०
पाटेनाच्छादयेत्श्वभ्रं शुक्लेनोपरियत्नतः। ततउत्थाप्यदेवेशमिष्टदेशेतुशोभने ३१ ध्रुवा
द्यौरितिमन्त्रेण श्वभ्रोपरिनिवेशयेत्। ततःस्थिरीकृतस्यास्य हस्तंदत्वातुमस्तके ३२
ध्यात्वापरमसद्भावाद्देवदेवञ्चनिष्कलम्। देवव्रतंतथासोमं रुद्रसूक्तंतथैवच ३३ आत्मा
नमीश्वरंकृत्वा नानाभरणभूषितम्। यस्यदेवस्ययद्रूपं तद्ध्यानेसंस्मरेत्तथा ३४ अतसी
पुष्पसङ्काशं शङ्खचक्रगदाधरम्। संस्थापयामिदेवेशं देवोभूत्वाजनार्दनम् ३५ त्र्यक्षञ्च
दशबाहुञ्च चन्द्रार्द्धकृतशेखरम्। गणेशंवृषसंस्थञ्च स्थापयामित्रिलोचनम् ३६ ऋषिभिः
संस्तुतंदेवं चतुर्वक्त्रंजटाधरम्। पितामहंमहाबाहुं स्थापयाम्यम्बुजोद्भवम् ३७ सहस्र
किरणंशान्तमप्सरोगणसंयुतम्। पद्महस्तंमहाबाहुं स्थापयामिदिवाकरम् ३८ देवम
न्त्रांस्तथारौद्रान् रुद्रस्यस्थापनेजपेत्। विष्णोस्तुवैष्णवांस्तद्वत् ब्राह्मणान्ब्रह्मणोबु
धैः ३९ सौराःसूर्यस्यजप्तव्यास्तथान्येषुतदाश्रयाः। वेदमन्त्रप्रतिष्ठातु यस्मादानन्ददा
यिनी ४० स्थापयेद्यन्तुदेवेशन्तंप्रधानंप्रकल्पयेत्। तस्यपार्श्वस्थितानन्यान् संस्मरेत्प

ओषधियोंसे युक्त और नक्षत्रोंका पतिहै उस सोमकेअर्थ नमस्कार है- ईशान महादेव शुक्लवर्ण सर्व विद्याधिप- शूलधारी और विरूपाक्षहै ऐसे उस देवकेअर्थ नित्य नमस्कार है- पद्मयोनि- चतुर्मूर्त्ति वेदके वस्त्रवाला यज्ञाध्यक्ष और चारमुखवालेहैं ऐसे ब्रह्माजीको सदैव नमस्कार है और जो विष्णु अनन्तरूपधर चराचर ब्रह्माण्डको पुष्पकेसदृश मस्तकपर धारण करता है उसकेअर्थ नमस्कार है- ऐसे इन दिक्पालों के मन्त्रोंको होमके अन्तमें बलिदानके समय ओंकारसहित कहे यह सबमंत्र अखिलकामना और पुत्रोंकी वृद्धिकरनेवालेहैं इनमंत्रोंसे न्यासकर मूर्त्तिपर घृतकालेपकर श्वेतवस्त्र उढ़ाके सुन्दर श्वेतहीवस्त्रपर स्थिरतासे स्थापितकरके अपने मस्तकपर हाथजोड़कर ध्यानकरे २४।३२ और अपने आत्माकोभी सोमसूक्त वा रुद्रसूक्त मंत्रोंकरके ईश्वरस्वरूपकरे फिर जिसदेवका जैसारूपहोवे वैसाही ध्यानकरे ३३। ३४ और कहे कि मैं देवस्वरूपहोके अलसीके पुष्पसमान कान्तिवाले शंखचक्रगदाधारी देवेश विष्णु भगवान्को स्थापनकरूंहूं ३५ त्रिनेत्र- दशभुज अर्द्ध- चन्द्रमौलि गणोंकेईश वृषपैस्थित ऐसे शिवको स्थापनकरताहूं ३६ ऋषियोंसे स्तुतिकियेहुए चार मुखोंवाले जटाधारी- पितामह महाभुजाओंवाले ऐसे ब्रह्माजीको स्थापनकरताहूं ३७ सहस्रकिरण- युक्त शान्तस्वरूप अप्सरागणसमेत हाथमें कमलधारणकरनेवाले ऐसे सूर्य्यदेवको स्थापनकरताहूं ३८ और शिवकेस्थापनमें शिवकेमंत्रोंको विष्णुके स्थापनमें विष्णुके वैष्णवमंत्रोंको ३९ और सूर्य्यके स्थापनमें सौरसंज्ञक मंत्रोंकोजपै और अन्यदेवके स्थापनमें अन्यमंत्रोंकोजपै क्योंकि वेदके मंत्रोंसे देवको स्थापन करनेका अनन्तफल होताहै ४० जिसदेवको स्थापनकरे उसको प्रधानसमझे और

रिवारितः ४१ गणंनन्दिमहाकालं वृषंभृङ्गिरिटिंगुहम् । देवींविनायकञ्चैव विष्णुंब्रह्माण
मेवच ४२ रुद्रंशक्रंजयन्तञ्च लोकपालान्समन्ततः । तथैवाप्सरसःसर्वा गन्धर्वगणगु
ह्यकान् ४३ योयत्रस्थाप्यतेदेवस्तस्यतान्परितःस्मरेत् । आवाहयेत्तथारुद्रं मन्त्रेणानेन
यत्नतः ४४ यस्यसिंहारथेयुक्ता व्याघ्रभूतास्तथोरगाः । ऋषयोलोकपालाश्च देवःस्कन्द
स्तथावृषः ४५ प्रियोगणोमातरश्च सोमोविष्णुःपितामहः । नागायक्षाःसगन्धर्वा येचदि
व्यानभश्चराः ४६ तमहंत्र्यक्षमीशानं शिवंरुद्रमुमापतिम् । आवाहयामिसगणं सपत्नी
कंवृषध्वजम् ४७ आगच्छभगवन्! रुद्राऽनुग्रहायाशिवोभव । शाश्वतोभवपूजांमे गृह्
णात्वंनमोनमः ४८ ॐनमःस्वागतंभगवतेनमःॐनमः सोमायसगणाय सपरिवारायप्रति
गृह्णातु भगवन्! मन्त्रपूतमिदंसर्वमर्घ्यपाद्यमाचमनीयमासनंब्रह्मणाभिहितं नमोनमः
स्वाहा ४९ ततःपुण्याहघोषेण ब्रह्मघोषैश्चपुष्कलैः । स्नापयेत्तुततोदेवं दधिक्षीरघृतेन
च ५० मधुशर्करयातद्वत् पुष्पगन्धोदकेनच । शिवध्यानैकचित्तस्तु मन्त्रानेतानुदीरये
त् ५१ यज्जाग्रतोदूरमुदेति । ततोविराडजायतइतिचसहस्रशीर्षापुरुषइतिच । अभि
त्वाशूरनोनमइतिच । पुरुषएवेदंसर्वमिति । त्रिपादूर्ध्वमितियेनेदंभूतमिति । नत्वाअवी
न्यइति । सर्वांश्चैतान्प्रतिष्ठासु मन्त्रान्जप्त्वापुनःपुनः । स्त्रुतुःकृत्वास्पृशेदङ्घ्रिमूलमध्येशि
रस्यपि ५२ स्थापितेतुततोदेवे यजमानोऽथमूर्तिपम् । आचार्यंपूजयेद्भक्त्या वस्त्रालङ्का

उसकेबराबरमें स्थितकियेहुए अन्यदेवताओंको साधारणतासे स्मरणकरे ४१ गण- नादिया- महा-
काल- वृष- पार्वतीदेवी- गणेश- विष्णु- ब्रह्मा- रुद्र- इन्द्र- लोकपाल- अप्सरागण- गन्धर्व- और
गुह्यक यहसब महादेवजीके चारों ओर स्थापितकरनेचाहिये ४२।४३ जोदेव जहां स्थापितकियाहो
वहांही उसका स्मरणकरे और महादेवजीका आवाहन इस अगले मंत्रसेकरे ४४ मंत्रार्थ- जिसके
रथमें सिंह- भूत- सर्प- ऋषि- लोकपाल- स्वामिकार्त्तिक और वृष यहसब जुड़ते हैं अर्थात् जोतेजाते
हैं और गण-मातर- सोम- विष्णु- ब्रह्मा- नाग- यक्ष- गन्धर्व और राक्षस यहभी जुड़ते हैं अर्थात्
लगते हैं उस ईशान उमापति स्त्रीसंयुक्त शिवजी को मैं आवाहन करताहूं अर्थात् बुलाताहूं हे
भगवन् आओ अनुग्रहकरो आपको नमस्कार करताहूं आपमेरी पूजाको ग्रहण कीजिये ४५ । ४८
आवाहनमंत्रः॥ ओंनमः स्वागतं भगवतेनमः ओंनमः सोमाय सगणाय परिवाराय प्रतिगृह्णातु
भगवन् मंत्रपूतमिदंसर्वमर्घपाद्यमाचमनीयमासनं ब्रह्मणाभिहितं नमोनमः स्वाहा ४९ तदन-
न्तर पुण्याहवाचनपूर्वक बहुतसे वेदघोषोंको कर दही दूध घृत और जल इन सब से महादेवजी
को स्नानकरावे और खांड़-शहद-पुष्प और गन्धयुक्त जलसे स्नान करावे फिर एकाग्रचित्तसे शिव-
जीका ध्यान करके आगेकहे हुए मंत्रोंको उच्चारण करे ५०।५१ मंत्राः॥ यज्जाग्रतोदूरमुदेति ततो
विराडजायत सहस्रशीर्षा पुरुषः अभित्वाशूरनोनमः पुरुषएवेदं त्रिपादूर्ध्वं येनेदंभूतम् नत्वा अ-
वन्यि इन सब मंत्रोंको प्रतिष्ठाओं में वारंवार जपै फिर जलसे मूर्त्तिके मूल मध्य और शिर इनस्था-
नोंको स्पर्श करे जब इस प्रकारसे देवताकी मूर्त्ति स्थापितहोजाय तब यजमान अपनी श्रद्धाभक्ति

रभूषणैः ५३ दीनान्धकृपणांस्तद्वद्ये चान्येसमुपस्थिताः। ततस्तुमधुनादेवं प्रथमेऽह्नि
लेपयेत् ५४ हरिद्रयाथसिद्धार्थैर्द्वितीयेऽह्नितत्वतः। चन्दनेनयवैस्तद्वत्तृतीयेऽह्निले
पयेत् ५५ मनःशिलाप्रियङ्गुभ्यां चतुर्थेऽह्निलेपयेत्। सौभाग्यशुभदंयस्माल्लेपनंव्या
धिनाशनम् ५६ परम्प्रीतिकरन्नृणामेतद्वेदविदोविदुः। कृष्णाञ्जनान्तिलंतद्वत् पञ्चमेऽपि
निवेदयेत् ५७ षष्ठेतुसघृतंदद्यात् चन्दनंपद्मकेसरम्। रोचनागुरुपुष्पंतु सप्तमेऽह्निदा
पयेत् ५८ यत्रसद्योऽधिवासःस्यात्तत्रसर्वंनिवेदयेत्। स्थितंनचालयेद्देवमन्यथादोषभा
ग्भवेत् ५९ पूरयेत्सिकताभिस्तु निश्छिद्रंसर्वतोभवेत्। लोकपालस्यदिग्भागे यस्यस
ञ्चलतेविभुः ६० तस्यलोकपतेःशान्तिर्देयाश्चेमाश्चदक्षिणाः। इन्द्रायाभरणंदद्यात् का
ञ्चनंचाल्पवित्तवान् ६१ अग्नेःसुवर्णमेवस्याद्यमस्यमाहिषंतथा। अन्नञ्चकाञ्चनंदद्यान्नैर्ऋ
तंराक्षसंप्रति ६२ वरुणंप्रतिमुक्तानि सशुक्तीनिप्रदापयेत्। रीतिकंवायवेदद्याद्वस्त्रयुग्मे
नसास्त्रतम् ६३ सोमायधेनुर्दातव्या रजतंसवृषंशिवे। यस्यांयस्यांसञ्चलनं शान्तिःस्या
त्तत्रतत्रतु ६४ अन्यथातुभवेद्घोरं भयङ्कुलविनाशनम्। अचलंकारयेत्तस्मात्सिक
ताभिःसुरेश्वरम् ६५ अन्नंवस्त्रञ्चदातव्यं पुण्याहजयमङ्गलम्। त्रिःपञ्चसप्तदशवादिना
निस्यान्महोत्सवः ६६ चतुर्थेऽह्निमहास्नानं चतुर्थीकर्मकारयेत्। दक्षिणाचपुनस्तद्वद्देया

से मूर्त्तिकी रक्षा करनेवाले आचार्य्य पुजारीको वस्त्र और आभूषणादि देवे ५२।५३ और दीन अन्धे कृपण आदिक जितने जन इकट्ठे होरहेहों उन सबको भोजन करवावे और अधिवास कराने के समय प्रथम दिन देवताको शहदसे लेपित करे-दूसरे दिन हल्दी और सरसों का लेपकरे-तीसरेदिन चन्दन और यवोंकालेपकरे ५४।५५ चौथेदिन मैनसिल और मालकांगनी का लेपकरे इनसव लेपोंके करनेसे मनुष्योंके सौभाग्यकी वृद्धि और रोगोंकानाशहोताहै-पांचवें दिन कालेअंजन वा तिल इनका निवेदनकरे-छठेदिन घृत-चन्दन कमल-केशरको-सातवें दिन गोरोचन अगर और पुष्पों का निवेदनकरे ५६।५८ जहां एकही दिन अधिवासकियाजावे वहां इनसव वस्तुओं को एकही वार निवेदनकरदेवे-और स्थितहुए देवको कभी चलायमान न करे चलायमानहोने से बड़ादोष होता है और वालू रेत औरचूने आदिसे छिद्रोंको भरदेवे जिसलोकपालकी दिशामेंदेवताकी मूर्त्तिचलायमान होजाय तो उसी लोकपालकी शान्ति कराकर आगे लिखीहुई दक्षिणादेवे ५९।६१ इन्द्रके अर्थ सुवर्ण का भूषण-अग्निकोभी सुवर्णकादान औरधर्मराजके निमित्त भैंसेकादान देवे-नैर्ऋत राक्षसकेअर्थ अन्न और सुवर्णका दानदेवे ६२ वरुणके अर्थ मोती और सीपियोंकादानदेवे-वायुके अर्थ पीतलका और वस्त्रोंका दान-चन्द्रमाके अर्थ गौकादान-शिवकेनिमित्त चांदी और वृषभकादानकरे जिस २ दिशा में देवकी मूर्त्तिका चलनाहोवे उसी २ लोकपालकी पूजाकरनी योग्यहै ६३।६४जो पूजा न करे तो घोर कुलनाशकभय उत्पन्न होताहै इस निमित्त रेत-चूना आदिसे शिवजीकी पिंडीको अचलकर देवे ६५ देवप्रतिष्ठाके समय अन्न वस्त्रकादान औरपुण्याह वाचनपूर्वक जपमंगलकरे तीन-पांच-सात अथवा दशादिनतक महोत्सव करे ६६ प्रतिष्ठाके अन्तमें चौथे दिन महास्नानकर चतुर्थी कर्म करे और उसी

तत्रातिभक्तितः ६७ देवप्रतिष्ठाविधिरेषतुभ्यं निवेदितःपापविनाशहेतोः। यस्माद्बुधैःपूर्वमनन्तमुक्तमनेकविद्याधरदेवपूज्यम् ६८ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेपञ्चषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६५ ॥

(सूत उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि देवस्नपनमुत्तमम्। अर्घस्यापिसमासेन शृणु त्वंविधिमुत्तमम् १ दध्यक्षतकुशाग्राणि क्षीरंदूर्वातथामधु। यवाःसिद्धार्थकास्तद्वदष्टाङ्गोऽर्घःफलैःसह २ गजाश्वरथ्यावल्मीकवराहोत्खातमण्डलात्। अग्न्यागारात्तथातीर्थाद्गोष्ठाद्गोमण्डलादपि ३ कुम्भेतुमृत्तिकांदद्यादुद्धृतासीतिमन्त्रवित्। शन्नोदेवीत्यपांमन्त्रमापोहिष्ठेतिवैतथा ४ सावित्र्यादायगोमूत्रं गन्धद्वारेतिगोमयम्। आप्यायस्वेतिचक्षीरं दधिक्राव्णेतिवैदधि ५ तेजोसीतिघृतंतद्वद्देवस्यत्वेतिचोदकम्। कुशमिश्रंक्षिपेद्विद्वान् पञ्चगव्यंभवेत्ततः ६ स्नाप्याथपञ्चगव्येन दध्नाशुद्धेनवैततः। दधिक्राव्णेतिमन्त्रेण स्नापयेद्रत्नवारिणा ७ कुशाम्भसाततःस्नानं देवस्यत्वेतिकारयेत्। फलोदकेनचस्नानमग्नआयाहिकारयेत् ८ ततस्तुगन्धतोयेन सावित्र्याचाभिमन्त्रयेत्। ततोघटसहस्रेण सहस्रार्द्धेनवापुनः ९ तस्याप्यर्धेनवाकुर्यात् सपादेनशतेनवा। चतुःषष्ट्याततोर्धेन तदर्धार्धेनवापुनः १० चतुर्भिरथवाकुर्याद् घटानामल्पवित्तवान्। सौवर्णैराजतैर्वापि ताम्रैर्वारीतिकोद्भवैः ११ कांस्यैर्वापार्थिवैर्वापि स्नपनंशक्तितोभवेत्। सहदेवीवचाव्याघ्री बला

प्रकार भक्तिसे दक्षिणादेवे ६७ यह पापोंकी नाश करनेवाली प्रतिष्ठाकी विधि तेरे आगे वर्णनकी है यह उसी प्रकारसे कही है जैसे कि पूर्व्वके बुद्धिमान् पुरुषोंने कही है ६८ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६५॥

सूतजी बोले—अब देवताके स्नान पूजा विधिपूर्व्वक संक्षेपसे अर्घ दानकी भी विधिको कहता हूं १ दही, अक्षत, कुशा, दूध, दूब, शहद, यव और सरसों इन आठवस्तुओंका अर्घ होताहै और फलभी इसमें गिरते हैं, हस्ती, अश्व और रथ इनके नीचेकी, बांबीकी, वराहकी खोदीहुई, अग्निकुंडकी, गंगादिकतीर्थोंकी, और गोशालाकी मृत्तिकाओंको लेकर उद्धृतासिवराहेण इस मंत्रका उच्चारणकरे फिर इस मृत्तिकाको कलशमें गेर शन्नोदेवी इस मन्त्र करके वा आपोहिष्ठा मंत्रकरके कलशमें जलभरे २।४ गायत्री मंत्रसे गोमूत्रडाले गंधद्वारा० इस मंत्रसे गोबरडाले आप्यायस्व० इस मंत्रसे दूधडाले दधिक्राव्ण० मंत्रसे दहीगेरे तेजोसीति० इस मंत्रसे घृतडाले देवस्यत्वा स० ता० इस मंत्रसे जलडाले इस रीतिसे पूर्ण कियेहुए घटके जलसे स्नानकरावे फिर कुशा और पंचगव्यसे देवका स्नानकरावे ५।६ इसी प्रकार दही रत्न और जलसे फिर स्नानकरावे फिर अग्न आयाहि० इसमंत्रसे फलोंके जल करके स्नानकरावे और देवस्यत्वा इसमंत्रकेद्वारा कुशाके जलसे स्नानकरावे फिर गायत्री मंत्रसे गन्धयुक्त जलसे स्नानकरावे इसके अनन्तर हज़ार कलशों से वा पांचसौ कलशोंसे वा १२५ कलशों से ६४ से ३२ से १६ से ८ से अथवा अल्प धनवाला पुरुष चारही कलशोंसे महादेवको स्नानकरावे वह कलशेभी सुवर्णके चांदीके तांबेके पीतलके कांसीके

चातिबलातथा १२ शङ्खपुष्पीतथासिंही ह्यष्टमीचसुवर्चला। महौषध्यष्टकंह्येतत् म हास्नानेषुयोजयेत् १३ यवगोधूमनीवारतिलश्यामाकशालयः। प्रियङ्गवोव्रीहयश्च स्नानेषुपरिकल्पिताः १४ स्वस्तिकंपद्मकंशङ्खमुत्पलंकमलंतथा। श्रीवत्संदर्पणन्तद्वन्न न्द्यावर्तमथाष्टकम् १५ एतानिगोमयैःकुर्य्यान् मृदाचशुभयाततः। पञ्चवर्णादिकंतद्वत् पञ्चवर्णैरजस्तथा १६ दूर्वाकृष्णातिलान्दद्यान्नीराजनविधिंततः। एवंनीराजनंकृत्वा दद्यादाचमनंबुधः १७ मन्दाकिन्यास्तुतद्वारि सर्वपापापहंशुभम्। ततोवस्त्रयुगंदद्यान्म न्त्रेणानेनयत्नतः १८ देवसूत्रसमायुक्ते यज्ञदानसमन्विते। सर्ववर्णैशुभेदेव वाससीतेवि निर्मिते १९ ततस्तुचन्दनंदद्यात् समंकर्पूरकुंकुमैः। इममुच्चारयेन्मन्त्रं दर्भपाणिःप्रयत्न तः २० शरीरन्तेनजानामि चेष्टांनैवचनैवच। मयानिवेदितान्गन्धान् प्रतिगृह्यविलि प्यताम् २१ चत्वारिंशत्ततोदीपान् दद्याच्चैवप्रदक्षिणान्। त्वंसूर्यचन्द्रज्योतींषि विद्युद ग्निस्तथैवच २२ त्वमेवसर्वज्योतींपि दीपोऽयंप्रतिगृह्यताम्। ततस्त्वनेनमन्त्रेण धूपंद द्याद्विचक्षणः २३ वनस्पतिरसोदिव्यो गन्धाढ्योगन्धउत्तमः। मयानिवेदितोभक्त्या धू पोऽयंप्रतिगृह्यताम् २४ ततस्त्वाभरणंदद्यान् महाभूषायतेनमः। अनेनविधिनाकृत्वा स प्तरात्रंमहोत्सवम् २५ देवकुम्भैस्ततःकुर्य्याद्यजमानोऽभिषेचनम्। चतुर्भिरष्टभिर्वापिद्वा

अथवा अशक होय तो मिट्टीकेही बनाने चाहिये और स्नान कराने के समय सहदेई, बच, कटेहरी, खरहटी, गंगेरन, धवलपुष्पी, जवासा और ब्राह्मी इन बडे आठों ओषधियोंको भी जलमें मिलादेवे और यव, गेंहूं, नीवार, तिल, शामक, शालीचावल, मालकांगनी, और चावल इन सबकी पिढी पिसाकर स्नानके आदिमें लगाना योग्यहै ७।१४ और स्वस्तिक, पद्मक, शंख, कमल, सहस्र दलकमल, श्रीवत्सदर्पण और नंद्यावर्त्त यह आठ चिह्न होते हैं इनको गोबर से बनावे अथवा सुन्दर मृत्तिकासेही बनादेवे, और पांच प्रकारके वर्णकी रज बनालेनीचाहिये १५।१६ और दूब, कालेतिल इन दोनोंका नीराजन विधिमें वर्त्तावकरे इसप्रकार नीराजन करवाके आचमन करवावे फिर संपूर्ण पापोंके हरनेवाले गंगा जलसे आचमन कराना योग्यहै तदनन्तर आगे लिखेहुए इस मंत्रसे दोवस्त्र पहरावे १७। १८ मंत्रार्थः देवसूत्रसे और यज्ञ दानसे संयुक्त संपूर्ण वर्णवाले इन वस्त्रोंको आप धा- रण कीजिये १९ फिर हाथोंमें कुशाधारण करके कपूर और केशरसे संयुक्त चन्दन चढावे और इस मंत्रका उच्चारण करे कि हेदेव मैं तुम्हारे शरीरको और चेष्टाको नहीं जानताहूं आप इस मेरे दिये हुए गंधको ग्रहण कीजिये २०। २१ फिर प्रदक्षिण क्रमसे आगे के मंत्र द्वारा चालीस दीपक प्रज्वलित करे कि आप सूर्य्य चन्द्रमाकी ज्योतिहो विद्युत् और अग्निहो आपही सबकी ज्योतिहो मेरे दिये हुए इस दीपकको ग्रहण कीजिये फिर दूसरे लिखेहुए मंत्रसे धूपदेवे २२। २३ मंत्रार्थः हे देव वनस्पतियोंका दिव्यरस उत्तम सुगन्धियों से युक्त उस रसकी बनीहुई इस मेरी दीहुई धूपको आप ग्रहण कीजिये २४ फिर महाभूषायतेनमः इस मंत्रसे भूषण पहरावे इस विधिसे सात दिनतक महोत्सव करके देवताके अवशेष आठ चार अथवा एकही कलश करके यजमान अ-

भ्यामेकेनवापुनः २६ सपञ्चरत्नकलशैः सितवस्त्राभिवेष्टितैः। देवस्यत्वेतिमन्त्रेण सा म्नाचाथर्वणेनच २७ अभिषेकेचयेमन्त्रा नवग्रहमखेस्मृताः। सिताम्बरधरःस्नात्वा देवान्संपूज्ययत्नतः २८ स्थापकंपूजयेद्भक्त्या वस्त्रालङ्कारभूषणैः। यज्ञभाण्डानिसर्वाणि मण्डपोपस्करादिकम् २९ यच्चान्यदपितद्गेहे तदाचार्यायदापयेत्। सुप्रसन्नेगुरौयस्मात्तृप्यन्तेसर्वदेवताः ३० नैतद्द्विशीलेनचदाम्भिकेन नलिङ्गिनास्थापनमत्रकार्यम्। विप्रेणकार्यंश्रुतिपारगेण गृहस्थधर्माभिरतेननित्यम् ३१ पाषण्डिनंयस्तुकरोतिभक्त्या विहायविप्रान्श्रुतिधर्मयुक्तान्। गुरुंप्रतिष्ठादिषुतत्रनूनं कुलक्षयःस्यादचिरादपूज्यः ३२ स्थानंपिशाचैःपरिगृह्यतेवा अपूज्यतांयात्यचिरेणशोकः। विप्रैःकृतंयच्छुभदंकुलेस्यात् प्रपूज्यतांयातिचिरञ्चकालम् ३३॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेषट्षष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६६॥

(ऋषय ऊचुः) प्रासादाःकीदृशाःसूत! कर्त्तव्याभूतिमिच्छता। प्रमाणंलक्षणंतद्वद्दविस्तरतोऽधुना १ (सूत उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि प्रासादविधिनिर्णयम्। वास्तौपरीक्षितेसम्यग्वास्तुदेहविचक्षणः २ वास्तूपशमनंकुर्यात् समिद्भिर्बलिकर्मणा। जीर्णोद्धारेतथोद्याने तथागृहनिवेशने ३ नवप्रासादभवने प्रासादपरिवर्तने। द्वाराभिवर्तने

पना अभिषेक करावे २५। २६ पंचरत्न से युक्त हुए श्वेत वस्त्र से लिपटेहुए कलशोंके जल से देवस्यत्वा सविता इसमंत्र से अभिषेक करे और अन्य अभिषेकोंके मंत्र नवग्रह यज्ञमें कहदिये हैं उनको पढ़े फिर स्नानकर श्वेत वस्त्र पहने देवताओंका पूजन करके प्रतिष्ठा करानेवाले आचार्य्य को बड़ी भक्तिसे वस्त्र आभूषण समेत द्रव्यदेवे और यज्ञके सब पात्र और मंडप आदि सब पदार्थोंको आचार्य्य के घर पहुंचा देवे क्योंकि गुरुके अच्छेप्रकार प्रसन्न होजानेसे सम्पूर्ण देवता तृप्त होजाते हैं २७।३० यह मूर्ति स्थापन अर्थात् प्रतिष्ठा कर्म क्रोधी पाखंडी और संन्यासी आदिकसे नहीं करवाना योग्य है किन्तु वेदपाठी धार्मिक गृहस्थी ब्राह्मण से सदैव प्रतिष्ठा करानी उचित है ३१ जो पुरुष वेद के पढ़ेहुए विद्वान् ब्राह्मणोंको त्यागकर पाखंडी पुरुषको भक्तिसे गुरु बनाकर प्रतिष्ठा कर्म करवाता है उसके कुलका अवश्य नाश होजाताहै अथवा उस मंदिरमें पिशाच प्रवेशकर जाते हैं और उस देवताकोभी कोई नहीं पूजता और जहां ब्राह्मण प्रतिष्ठा कराते हैं उस यजमान के कुलमें आनन्द रहताहै और उस देवताको बहुत कालतक सब लोग पूजते हैं ३२।३३॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषट्षष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६६॥

ऋषियोंने पूछा कि हे सूतजी ऐश्वर्य्य के चाहनेवाले पुरुषोंको देवताओं के मन्दिर कैसे बनाने चाहिये और कितने प्रमाण के होंय यह सब आप वर्णन कीजिये १ सूतजी बोले—अब देवताओं के मन्दिरोंकी विधि और निर्णयको कहताहूं वास्तु विद्याका जाननेवाला विद्वान् पुरुष प्रथमतो अच्छे प्रकार से वास्तुकी परीक्षाकरे २ फिर बलिकर्म करके समिधोंसे वास्तुकी शान्तिकरे जीर्ण मन्दिरके उद्धार करनेमें बगीचा लगानेमें गृहप्रवेशके समय नवीन मन्दिर और गृह चिनवानेके समय वास्तु

तद्वत्प्रासादेषुगृहेषुच ४ वास्तूपशमनंकुर्यात् पूर्वमेवविचक्षणः। एकाशीतिपदंलिख्यवा स्तुमध्येचपृष्ठतः ५ होमस्त्रिमेखलेकार्यः कुण्डेहस्तप्रमाणके। सर्वैःकृष्णतिलैस्तद्वत्समि द्भिःक्षीरवृक्षजैः ६ पालाशैःखादिरैश्चापि मधुसर्पिसमन्वितैः। कुशदूर्वामयैर्वापि मधुस र्पिसमन्वितैः ७ कार्यस्तुपञ्चभिर्बिल्वैर्बिल्वबीजैरथापिवा। होमान्तेभक्ष्यभोज्यैस्तु वास्तु देशेबलिंहरेत् ८ तद्वद्विशेषनैवेद्यमेवन्दद्यात्क्रमेणतु। ईशकोणेघृतान्नन्तु शिखिनेविनिवे दयेत् ९ ओदनंसफलंदद्यात् पर्जन्यायघृतान्वितम्। जयायचध्वजान्पीतान् पैष्टंकूर्मञ्च सन्न्यसेत् १० इन्द्रायपञ्चरत्नानि पैष्टञ्चकुलिशन्तथा। वितानकञ्चसूर्याय धूम्रंसक्तुं तथैवच ११ सत्यायघृतगोधूमं मत्स्यंदद्याद्भृशायच। शष्कुलीश्चान्तरिक्षाय दद्यात्स क्तुंश्चवायवे १२ लाजाःपूष्णेतुदातव्याः वितथेचणकौदनम्। गृहक्षतायमध्वन्नं यमाय पिशितौदनम् १३ गन्धौदनञ्चगन्धर्वे भृंगराजस्यभृंगिकाम्। मृगाययावकंदद्यात् पि तृभ्यः कृसरामता १४ दौवारिकेदन्तकाष्ठं पैष्टंकृष्णाबलिन्तथा। सुग्रीवेपुष्पकंदद्यात् पु ष्पदन्तायपायसम् १५ कुशस्तंबेनसंयुक्तं तथापद्मञ्चवारुणम्। पिष्टंहिरण्मयंदद्यात् असुरायसुरामता १६ घृतौदनञ्चशोषाय यवान्नंपापयक्ष्मणे। घृतलड्डुकांस्तुरोगाय ना गेपुष्पफलानितु १७ सर्पिर्मुख्यायदातव्यं मुद्गौदनमतःपरम्। भल्लाटस्थानकेदद्यात् सोमायघृतपायसम् १८ भगायशालिकंपिष्टमदित्यैपोलिकास्तथा। दित्यैतुपूरिकांदद्या दित्येवंबाह्यतोबलिः १९ क्षीरंयमायदातव्यमापवत्सायवैदधि। सावित्रेलड्डुकान्दद्यात्

की शान्ति करवानी योग्य है वास्तुके मध्यमें पूर्व के समान इक्यासी पद लिखे फिर तीनमेखला वाला एक हाथ का कुंडबनावे फिर दूधवाले वृक्षोंकी समिधों लकड़ियों में कालेतिल और जवों से हवनकरे और ढाक खैर शहद घृत और बेलगिरी इन सबसे हवनकरे फिर वास्तुके स्थानमें बलि- दानकरे ईशानकोणमें अग्निदेवके निमित्त घृत और अन्नकी बलिदेवे और पर्जन्य देवके निमित्त घृत से युक्त कियेहुए ओदनकी बलिदेवे जयके अर्थ पीली ध्वजा पिट्ठी और कछुआ इन सबको निवेदन करे इन्द्रके निमित्त पञ्चरत्न पिट्ठी और वज्र इन वस्तुओंकी बलिदेवे सूर्य्यके अर्थ धूम्रवर्णकी चन्द- नवार और सत्तूकी बलिदेवे ११ सत्यके निमित्त घृत और गेहूंकी बलिदेवे भृशको मछलीकीबलि अन्तरिक्षको शष्कुली अर्थात् पूरियोंकी बलि वायुको सत्तूकी बलि १२ पूषाको धानकी खीलकी वित थको चनोंकी गृह क्षत देवको मधु और अन्नकी धर्मराजको मांस वा ओदनकी १३ गन्धर्वको गन्ध और ओदनकीबलि भृंगराज देवको भंगकी मृगको जवकूटके बलिदेवे पितृदेवको खिचड़ीकी दौवारिकको दातन और पिट्ठीकी बलिदेवे सुग्रीवको पुष्पोंकी बलिदेवे पुष्पदंतको खीरकी वरुणदेवताको कुशाके स्तंभ और कमलकी और सुवर्णकी बलिदेवे असुरको मदिराकी बलिदेवे १४।१६ शेषको घृत चावल की पाप यक्ष्माको जवान्नको, रोगको घृतलड्डूकी और नागको पुष्प और फलोंकीबलि देनी चाहिये १७ मुख्य देवको घृतकीबलि, भल्लाटके स्थानमें रंधेहुए मूंगोंकीबलि, सोमको घृत और खांडकी १८ भगको शाली चावलोंकी पिट्ठीकी, अदितिको पोलिका कचौरी और दितिको पूरीकीबलि देनीचाहिये यहसब

समरीचंकुशोदनम् २० सवितुर्गुडपूपांस्तु जयायघृतचन्दनम्। विवस्वतेपुनर्दद्याद्रक्त चन्दनपायसम् २१ हरितालोदनंदद्यादिन्द्रायघृतसंयुतम्। घृतोदनञ्चमित्राय रुद्राय घृतपायसम् २२ आमंपक्वंतथामांसं देयंस्याद्राजयक्ष्मणे। पृथ्वीधरायमांसानि कूष्मां डानिचदापयेत् २३ शर्करापायसंदद्यादर्यम्णेपुनरेवहि। पञ्चगव्यंयवांश्चैव तिलाक्षत मयंचरुम् २४ भक्ष्यंभोज्यञ्चविविधं ब्रह्मणेविनिवेदयेत्। एवंसम्पूजितादेवाः शान्ति कुर्वन्तितेसदा २५ सर्वेभ्यःकाञ्चनंदद्याद्ब्रह्मणेगांपयस्विनीम्। राक्षसीनांबलिर्देयो अपियाद्वय्यथाशृणु २६ मांसौदनंघृतंपद्म केसरंरुधिरान्वितम्। ईशानभागमाश्रित्य चरक्यैविनिवेदयेत् २७ मांसौदनञ्चरुधिरं हरिद्रौदनमेवच। आग्नेयींदिशमाश्रित्य विदार्यैविनिवेदयेत् २८ दध्योदनंसरुधिरमस्थिखण्डैश्चसंयुतम्। पीतरक्तंबलिंदद्यात् पूतनायैसरक्षसे २९ वायव्यांपापराक्षस्यै मत्स्यमांसंसुरासवम्। पायसञ्चापिदातव्यं स्वनाम्नासर्वतःक्रमात् ३० नमस्कारान्तयुक्तेन प्रणवाद्येनसंयुतः। ततःसर्वौषधीस्नानं यजमानस्यकारयेत् ३१ द्विजान्सुपूजयेद्भक्त्या येचान्येगृहमागताः। एतद्वास्तूपशम नं कृत्वाकर्मसमारभेत् ३२ प्रासादभवनोद्यान प्रारम्भेविनिवर्त्तने। पुरवेश्मप्रवेशेषु स र्वदोषापनुत्तये ३३ रक्षोघ्नपावमानेन सूक्तेनभवनादिकम्। नृत्यमंगलवाद्येन कुर्य्यात् ब्राह्मणवाचनम् ३४ अनेनविधिनायस्तुप्रतिसम्वत्सरम्बुधः। गृहेवायतनेकुर्य्यान्नसदुःख

कोष्ठोंसे बाहर देनेकी बलि है १९ यमकोदूध, आप वत्सकोदही, सावित्रको लड्डू मिर्च और कुशा के जलकीबलि देनीचाहिये २० सविताको गुड़केपुए, जयको घृतचन्दन, विवस्वान्को लालचन्दन और खीरकी २१ इन्द्रको हरताल, भात और घृतकी, मित्रको घृत और भातकी, रुद्रको घृत और खीरकी २२ राजयक्ष्माको कच्चे तथा पक्के मांसकी, पृथ्वी धरकोमांस ओहलाफलकी २३ अर्य्यमा को घृत खांडकी, ब्रह्माको पंचगव्य, तिल, जौ और चावलके शाकल्य और अनेक प्रकारके भक्ष्य भोज्य पदार्थोंकी बलिदेवे, इस प्रकारसे पूजितहुए वास्तुमें रहनेवाले देवता सदैव शान्तिकरतेहैं २४।२५ इन सबोंके अर्थ ब्राह्मणको सुवर्ण और दूधवाली गौका दानकरे और राक्षसियोंके निमित्तजो बलि देनीचाहिये उनकोभी मुझसे सुनो २६ मांस, भात, घृत, कमल, रुधिर आदिकी बलि देनीयोग्यहै परन्तु ईशान दिशामेंदेवे और मांस, भात, रुधिर, हल्दी और रंधाहुआ अन्न इन सबकी बलि अग्नि कोणमें विदारीके निमित्तदेवे २७। २८ दही, भात, रुधिर और हड्डियोंकेटुकड़े इन सबकी बलि पूतना राक्षसीको देवे और वायव्यदिशामें पाप राक्षसीके निमित्त मच्छीका मांस, मदिरा और खीरकीदेवे, सब स्थानमें क्रम पूर्व्वक अपनानाम लेके ओंकार सहित नमस्कार पूर्व्वक बलिदान करना चाहिये. फिर वह यजमान सर्वौषधीके जलसे स्नानकरे २९। ३१ और भक्तिसे घरमें आयेहुए ब्राह्मणोंका पूजनकरे, इस रीतिसे वास्तूपशमन कर्म करना चाहिये ३२ और प्रासाद, भवन, बगीचे आदिके प्रारंभमें, नगर और गृहके प्रवेशके समयमें, संपूर्ण दोषों के दूरकरने के निमित्त नृत्य मंगल वाद्ययुक्त रक्षोघ्न और पावमान इनदोनों सूक्तोंका पाठ ब्राह्मणों से करवावे ३३। ३४ जो पुरुष

मवाप्नुयात् ३५ नचव्याधिभयंतस्य नचबन्धुधनक्षयः। जीवेद्वर्षशतंस्वर्गे कल्पमेक ञ्चतिष्ठति ३६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेसप्तषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६७॥

(सूत उवाच) एवंवास्तुबलिंकृत्वा भजेत्षोड़शभागिकम्। तस्यमध्येचतुर्भिस्तु भागैर्गर्भन्तुकारयेत् १ भागद्वादशकंसार्द्धं ततस्तुपरिकल्पयेत्। चतुर्दिक्षुतथाज्ञेयं निर्गमंतुततोबुधैः २ चतुर्भागेनभित्तीनामुच्छ्रायःस्यात्प्रमाणतः। द्विगुणःशिखरोच्छ्रायो भित्युच्छ्रायप्रमाणतः ३ शिखरार्द्धस्यचार्द्धेन विधेयातुप्रदक्षिणा। गर्भसूत्रद्वयंचाग्रे विस्तारोमण्डपस्यतु ४ आयतःस्यात्त्रिभिर्भागैर्भद्रयुक्तःसुशोभनः। पञ्चभागेनसंभज्य गर्भमानंविचक्षणः ५ भागैकंगृहीत्वातु प्राग्ग्रीवंकल्पयेद्बुधः। गर्भसूत्रसमाद्भागादग्रतोमुखमण्डपः ६ एतत्सामान्यमुद्दिष्टं प्रासादस्येहलक्षणम्। तथान्यन्तुप्रवक्ष्यामि प्रासादं लिंगमानतः ७ लिंगपूजाप्रमाणेन कर्त्तव्यापीठिकाबुधैः। पिण्डकार्द्धेविभागःस्यात्तन्मानेनतुभित्तयः ८ वाह्यभित्तिप्रमाणेन उत्सेधस्तुभवेत्पुनः। भित्युच्छ्रायात्तुद्विगुणः शिखरस्यसमुच्छ्रयः ९ शिखरस्यचतुर्भागात् कर्त्तव्याचप्रदक्षिणा। प्रदक्षिणायास्तुसमस्त्वग्रतोमण्डपोभवेत् १० तस्यचार्द्धेनकर्त्तव्यस्त्वग्रतोमुखमण्डपः। प्रासादान्निर्गतौकार्य्यौ कपालौगर्भमानतः ११ ऊर्ध्वंभित्त्युच्छ्रयात्तस्य मञ्जरीन्तुप्रकल्पयेत्। मंजर्य्याश्चार्द्धभागे

अपने घरमें अथवा देवताके मन्दिरमें इस विधिको प्रतिवर्ष करताहै उसको कभी दुःखनहीं होताहै रोगका भयनहीं होताहै बन्धुजन और धनका क्षयनहीं होताहै और सौवर्षतक जीवताहै मरनेके पीछे एक कल्पतक स्वर्गमें वासकरताहै ३५। ३६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६७॥

सूतजीबोले-इस पूर्व्वोक्त प्रकारसे वास्तुकी बलि देकर प्रासादकी भूमिके सोलह भाग बनावे उसके मध्यमें चार भागोंका गर्भ अर्थात् चौकरक्खे और बारह भागोंमें गृहबनावे, बुद्धिमान् पुरुष को देवमंदिरकी चारोंदिशाओंमें चारद्वार रखने चाहिये १। २ और भूमिके चौथेभाग के प्रमाणसे भीतोंकी उंचाई बनावे उसभीतकी उंचाईसे दूना ऊंचा शिखरका गुम्मज बनावे शिखरके चतुर्थांशके प्रमाण ऊंची प्रदक्षिणा बनवावे और देवमन्दिरके आगे चौकके द्वितियांश भागमें मंडपकी चौड़ाई बनावे और गर्भ अर्थात् चौकके तृतीयांश भागमें मंडपकी लंबाई बनावे और चौकके पांचभाग बनाकर एकभागकी पूर्व्वमें आगेको ओर टोडी लगावे और जितना चौडा आंगनहोवे उतनेही विस्तारमें मुखमंडप बनावे इस प्रकारसे देवमन्दिरके बनानेका लक्षण कहाहै, अब लिंगकेमानसे अन्य लक्षणंकोभी वर्णन करताहूं ३। ७ लिंगके प्रमाणसे जलहरी बनानी चाहिये, लिंगके आधे भागमें जलहरीकी दौलीबनावे और लिंग स्थापनकी ब्रह्मशिलाके समान ऊंची जलहरी बनावे और जितनी ऊंचीमन्दिर कीभीतहो उससे दूनी ऊंचीशिखर बनानीचाहिये और शिखरसेचौथाई ऊंचीप्रदक्षिणाबनावे प्रदक्षिणा केसमान ऊंचा आगे मुखमंडप अर्थात् द्वारबनावे-अथवा प्रदक्षिणसे आधा ऊंचा दरवाजा बनवावे और

न शुकनासांप्रकल्पयेत् १२ ऊर्ध्वंतथार्द्धभागेन वेदीबन्धोभवेदिह। वेद्याश्चोपरियच्छेषं कण्ठश्चामलसारकः १३ एवंविभज्यप्रासादं शोभनंकारयेद्बुधः। अथान्यत्रप्रवक्ष्यामि प्रासादस्येहलक्षणम् १४ गर्भमानप्रमाणेन प्रासादंशृणुतद्विजाः!। विभज्यनवधागर्भं मध्येस्याल्लिङ्गपीठिका १५ पादाष्टकंतुरुचिरं पार्श्वतःपरिकल्पयेत्। मानेनतेनविस्तारो भित्तीनान्तुविधीयते १६ पादंपञ्चगुणंकृत्वा भित्तीनामुच्छ्रयोभवेत्। सएवशिखरस्यापि द्विगुणःस्यातसमुच्छ्रयः १७ चतुर्धाशिखरंभज्य अर्द्धभागद्वयस्यतु। शुकनासंप्रकुर्वीत तृतीयेवेदिकामता १८ कण्ठमामलसारंतु चतुर्थेपरिकल्पयेत्। कपालयोस्तुसंहारो द्विगुणोऽत्रविधीयते १९ शोभनैःपत्रवल्लीभिरण्डकैश्चविभूषितः। प्रासादोऽयंतृतीयस्तु मयातुभ्यंनिवेदितः २० (सूत उवाच) सामान्यमपरंतद्वत् प्रासादंशृणुतद्विजाः!। त्रिभेदंकारयेत्क्षेत्रं यत्रतिष्ठन्तिदेवताः २१ रथाङ्कस्तेनमानेन बाह्यभागविनिर्गतः। नेमीपादेनविस्तीर्णा प्रासादेस्यात्समन्ततः २२ गर्भन्तुद्विगुणंकुर्यात् तस्यमानंभवेदिह। सएवभित्तेरुत्सेधोद्विगुणःशिखरोमतः २३ प्राक्ग्रीवःपञ्चभागेननिष्कासस्तस्यचोच्यते। कारयेत्सुषिरंतद्वत् प्राकारस्यत्रिभागतः २४ प्राक्ग्रीवंपञ्चभागेन निष्कासेणविशेषतः। कुर्य्यादापञ्चभागेन प्राक्ग्रीवेकर्णमूलतः २५ स्थापयेत्कनकंतत्र गर्भान्तेद्वारमूलतः। एवन्तुत्रिविधंकुर्य्यात् ज्येष्ठमध्यकनीयसम् २६ लिङ्गमानानुभेदेन रूपभेदेनवापुनः। ए

देवमन्दिरसे आगेको निकलेहुए मुखमंडप अर्थात् बारजाके कोले बनावे और उनकी भीतके ऊपर मंजरी बनावे मंजरीके आधेभाग में शुकनासा बनावे उसके ऊपर गुम्मजमें वेदी बनावे फिर उसके ऊपर शिखरका कंठा बनावे ऐसे शिवालय के विभाग करके शोभित बनावे-अब देव मन्दिर के अन्य२ लक्षणोंको भी मुझसे सुनो ८। १४ भीतर के चौकके प्रमाण से सब प्रमाण होताहै गर्भ अर्थात् चौकके नौ भाग करके बीचमें शिवलिंग स्थापित करे और शेषबचे आठ भागोंको शोभित बनावे उन्हीं से भीतों की उंचाईका मान होताहै उन आठ पद अर्थात् भागोंको पांचगुनाकरके उतनी ऊंची भीत बनावे भीतों से दूनी उंचाईका शिखर बनावे फिर शिखरके चार भाग करके आधे दो भागों में शुकनासा बनावे-तीसरे भागमें वेदिका बनावे १५। १८ चौथे भाग में शिखरका गोल कंठा बनावे और गुम्मजके भीतर का कपाल शिखर के प्रमाणसे दूने विस्तारमें बनावे बेल बूंटा आदिसे शोभित करदेवे इस रीतिसे यह तीसरे प्रकारका देवमंदिर कहागया१९।२० सूतजी कहते हैं हेद्विजो, अब सामान्यसे दूसरे मन्दिरकी रीति सुनो, जहाँ देवताकी मूर्त्ति स्थापितकी जावे उस स्थानके तीनभाग करके उसके चतुर्थांशमें चारोंओरको चौंतरा बनावे, मध्यमें देवमन्दिर बनावे भीतरका गर्भ दुगनारक्खे और गर्भका जितना विस्तार होवे उतनीही ऊंची भीत बनावे भीतसे द्विगुण ऊंचा शिखर बनावे और उस मन्दिरके पांचवें भागमें द्वारका बारजा बनावे और चारोंओर की गोल भीतोंके तीसरे भागके विस्तारमें गुम्मजके ऊपर छिद्ररक्खे और द्वारकी जड़ोंमें सुवर्णका रंग लगावे इस प्रकारसे ज्येष्ठ मध्य और कनिष्ठ यह तीन मन्दिर लिंगके मान भेदसे अथवा रूपभेदसे

ते समासतःप्रोक्ता नामतःशृणुताधुना २७ मेरुमन्दरकैलासकुम्भसिंहमृगास्तथा। वि मानच्छन्दकस्तद्वच्चतुरस्रस्तथैवच २८ अष्टास्रःषोडशास्रश्च वर्तुलःसर्वभद्रकः। सिं हास्योनन्दनश्चैव नन्दिवर्धनकस्तथा २९ हंसोवृषःसुपर्णेशः पद्मकोऽथसमुद्गकः। प्रा सादानामतःप्रोक्ता विभागंशृणुतद्द्विजाः! ३० शतशृङ्गश्चतुर्द्वारो भूमिकाषोडशोच्छ्रितः। नानाविचित्रशिखरो मेरु प्रासादउच्यते ३१ मन्दरोद्वादशप्रोक्तः कैलासोनवभूमिकः। विमानच्छन्दकस्तद्वदनेकशिखराननः ३२ सचाष्टभूमिकस्तद्वत् सप्तभिर्नन्दिवर्धनः। विषाणकसमायुक्तो नन्दनःसउदाहृतः ३३ षोडशास्रसमायुक्तो नानारूपसमन्वितः। अ नेकशिखरस्तद्वत्सर्वतोभद्रउच्यते ३४ चित्रशालासमोपेतो विज्ञेयःपञ्चभूमिकः। व लभीच्छन्दकस्तद्वदनेकशिखराननः ३५ वृषस्योच्छ्रायतस्तुल्यो मण्डलश्चास्रवर्जितः। सिंहःसिंहाकृतिर्ज्ञेयो गजोगजसमस्तथा ३६ कुम्भःकुम्भाकृतिस्तद्वद्भूमिकानवकोच्छ्रय। अङ्गुलीपुटसंस्थानः पञ्चाण्डकविभूषितः ३७ षोडशास्रःसमन्ताच्च विज्ञेयःससमुद्गकः। पार्श्वयोश्चन्द्रशालेऽस्य उच्छ्रायोभूमिकाद्वयम् ३८ तथैवपद्मकःप्रोक्त उच्छ्रायोभूमिका त्रयम्। षोडशास्रःसविज्ञेयो विचित्रशिखरःशुभः ३९ मृगराजस्तुविख्यातश्चन्द्रशा लाविभूषितः। प्राग्ग्रीवेणविशालेन भूमिकासुषडुन्नतः ४० अनेकश्चन्द्रशालश्च गजः प्रासादइष्यते। पर्यस्तगृहराजोवै गरुडोनामनामतः ४१ सप्तभूम्युच्छ्रयस्तद्वच्चन्द्रशा लात्रयान्वितः। भूमिकाषडशीतिस्तु वाह्यतःसर्वतोभवेत् ४२ तथान्योगरुडस्तद्वदुच्छ्र

कहे हैं, अब मन्दिरोंके नामोंको सुनो २६।२७ मेरु, मन्दर, कैलास, कुंभ, सिंह, मृग, विमानच्छन्दक, चतुरस्र,२८अष्टास्र, षोडशास्र, वर्तुल,सर्वभद्रक, सिंहास्य,नन्दन,नन्दिवर्धन,२९ हंस,वृष, सुपर्णेश अर्थात् गरुड नामक, पद्मक और समुद्गक,इन नामोंवाले प्रासाद अर्थात् मन्दिर कहातेहैं-अब इन के विभागोंको कहताहूं ३० सैकड़ों शृङ्गोंवाला-चारद्वारवाला-सोलह भूमिका गृहवाला ऊंचा-वि-चित्र-ऐसामेरु-प्रासादहोताहै ३१ बारह भूमिकावाला मन्दरहोताहै-नवभूमिकावाला कैलास कहा-ताहै-अनेक शिखर तथा अनेक मुखोंवाला विमानच्छन्दक कहलाताहै ३२वह विमानच्छन्दक आठ भूमिकावाला होताहै-सात भूमिकावाला नन्दिवर्द्धनहोताहै-अनेक शृंगोंवाला नन्दन कहाताहै-सोलहदलों वाला अनेक रूपवाला अनेक शिखरों से यक्त पांच भूमिकावाला ऐसा सर्वतोभद्र प्रा-साद कहाताहै ३३।३५ सिंहके समान आकृति वाला सिंह मूर्त्ति से विभूषित सिंह प्रासादहोताहै-हस्ती के समान आकारवाला गजकहाताहै-नवभूमिकाओंवाला कुंभ के समान आकार जिसका होता है वह कुम्भक कहाताहै-गोलाकार चारों ओर सोलह दलोंवाला समुद्गक प्रासाद होताहै-दोनों बराबरों में चन्द्रशाला युक्त दो भूमिका समेत पद्मक प्रासाद होताहै-सोलह दलों से युक्त विचित्र शिखरोंवाला षोडशास्र प्रासाद होताहै ३६।३९ चन्द्रशाला से विभूषित विशाल बारजे समेत छः भूमिकाओंवाला मृगराज कहाताहै-सात भूमिकावाला तीन चन्द्रशालाओं से विभूपित गरुडनाम प्रासाद कहाताहै-कितनेही आचार्य्य दशभूमिकायुक्त सोलह दलों समेत को गरुड़ कह-

यादृशभूमिकः। भूमिकाषोडशाश्रस्तु भूमिद्वयमथाधिकः ४३ पद्मतुल्यप्रमाणेन श्रीवृक्ष कइतिस्मृतः। पञ्चाण्डकोद्विभूमिश्च गर्भहस्तचतुष्टयम् ४४ वृषोभवतिनाम्नायं प्रासादः सार्वकामिकः। सप्तकाःपञ्चकाश्चैव प्रासादावैमयोदिताः ४५ सिंहास्येनसमाज्ञेया येचान्ये तत्प्रमाणकाः। चन्द्रशालैःसमोपेताःसर्वेप्राग्ग्रीवसंयुताः। ऐष्टकादारवाश्चैव शैलावास्युः सतोरणाः ४६ मेरुःपञ्चाशद्धस्तःस्यान्मन्दरःपञ्चहीनकः। चत्वारिंशत्तुकैलासश्चतुस्त्रिं शद्विमानकः ४७ नन्दिवर्द्धनकस्तद्वत् द्वात्रिंशत्समुदाहृतः। त्रिंशतानन्दनःप्रोक्तः सर्व तोभद्रकस्तथा ४८ वर्तुलःपद्मकश्चैव विंशद्धस्तउदाहृतः। गजःसिंहश्चकुम्भश्च वल भीच्छन्दकस्तथा ४९ एतेषोडशहस्ताःस्युश्चत्वारोदेववल्लभाः। कैलासोमृगराजश्चवि मानच्छन्दकोमतः ५० एतेद्वादशहस्ताःस्युरेतेषामिहमन्मतम्। गरुडोऽष्टकरोज्ञेयो हं सोदशउदाहृतः ५१ एवमेतेप्रमाणेन कर्तव्याःशुभलक्षणाः। यक्षराक्षसनागानां मातृह स्तान्प्रशंस्यते ५२ तथामेर्वादयःसप्त ज्येष्ठलिङ्गेशुभावहाः। श्रीवृक्षकादयश्चाष्टौ मध्य मस्यप्रकीर्तिताः ५३ तथाहंसादयःपञ्च कन्यसेशुभदामताः। वलभीच्छन्दकेगौरी ज टामुकुटधारिणी ५४ वरदाभयदातद्वत् साक्षसूत्रकमण्डलुः। गृहेतुरक्तमुकुटा उत्पलां कुशधारिणी। वरदाभयदाचापिपूजनीयासभर्तृका ५५ तपोवनस्थामितरां तांतुसंपूजये द्बुधः। देव्याविनायकस्तद्वत्वलभीच्छन्दकेशुभः ५६ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेऽष्टषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६८ ॥

तेहैं ४०।४३ और अष्टास्र वा चतुरस्र यह दोनों अपने २ नामके अनुरूप वाले होतेहैं और हंसके समान आकार वालेको हंस कहतेहैं-एक भूमिका समेत एक शृंगदशहाथ प्रमाण और चारों ओर से गोल ऐसा वृष प्रासादहोताहै ४४।४५ इनके सिवाय विना कहेहुए अन्य सब मन्दिर सिंहास्यकी तुल्य और चन्द्र शालासे युक्त होतेहैं यह सब मन्दिर ईंटोंके वा काष्ठके अथवा पत्थरोंसे विनवाये जातेहैं इन सबोंके तोरण वन्दन वार बंधवा देवे ४६ मेरुनामवाला देवमन्दिर और बिमानक चौंती-स हाथ विस्तार वालाहोताहै ४७ नन्दिवर्धन बत्तीस हाथका नन्दन और सर्वतोभद्र यह दोनोंती-सहाय प्रमाणके होते हैं ४८ और वर्तुल पद्मक बीस२ हाथ विस्तारवाले होते हैं और गज-सिंह-कुम्भ और वलभीच्छन्दक यह चार मन्दिर सोलह २ हाथकेहोते हैं और सूतजीका वचनहै कि मेरे मतमें कैलास-मृगराज और विमानच्छन्दक यह बारह२ हाथकेहोते हैं-गरुड़ आठहाथका होताहै-हंसदश हाथकाहोताहै ४९।५१ इसप्रकारसे यह सब प्रमाणवाले मन्दिर शुभलक्षणवाले होतेहैं-यहां यक्ष-राक्षस-नाग और मातृका इन्होंके हाथ श्रेष्ठ कहे हैं-५२ और मेरु आदिक सात मन्दिरों में बड़ा शिवलिंग स्थापित करना शुभहै और श्रीवृक्षक आदि आठ मंदिर मध्यम लिंगके स्थापन में श्रेष्ठहैं हंस आदि पांच मन्दिरछोटे शिवलिंग स्थापन करने के योग्य हैं ५३ वलभीच्छन्दक नाम वाले मन्दिरमें जटामुकुट धारण करने वाली गौरी स्थापित करनीचाहिये ५४ और वरदेनेवाली साक्षसूत्र-कमंडलु और रक्तमुकुट कमल और अंकुश इन सबको धारण करनेवाली महादेव सहित

(सूत उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि मण्डपानान्तुलक्षणम्। मण्डपप्रवरान्वक्ष्ये प्रासादस्यानुरूपतः १ विविधामण्डपाःकार्या ज्येष्ठमध्यकनीयसः। नामतस्तान्प्रवक्ष्यामि शृणुध्वमृषिसत्तमाः २ पुष्पकःपुष्पभद्रश्च सुव्रतोऽमृतनन्दनः। कौशल्योबुद्धिसंकीर्णो गजभद्रोजयावहः ३ श्रीवत्सोविजयश्चैव वास्तुकीर्त्तिःश्रुतिंजयः। यज्ञभद्रोविशालश्च सुश्लिष्टःशत्रुमर्दनः ४ भागपञ्चोनन्दनश्च मानवोमानभद्रकः। सुग्रीवोहरितश्चैव कर्णिकारःशतार्द्धकः ५ सिंहश्चश्यामभद्रश्च सुभद्रश्चतथैवच। सप्तविंशतिराख्याता लक्षणं शृणुतद्विजाः! ६ स्तम्भायत्रचतुःषष्टि पुष्पकःसमुदाहृतः। द्विषष्टिपुष्पभद्रस्तु षष्टिः सुव्रतउच्यते ७ अष्टपञ्चाशकस्तम्भः कथ्यतेमृतनन्दनः। कौशल्यःषट्चपञ्चाशद्बुतुः पञ्चाशतापुनः ८ नाम्नातुबुद्धिसंकीर्णो द्विहीनोगजभद्रकः। जयावहस्तुपञ्चाशत् श्रीवत्सस्तद्विहीनकः ९ विजयस्तद्विहीनःस्यात् वास्तुकीर्तिस्तथैवच। द्वाभ्यामेवप्रहीयेतततःश्रुतिजयोऽपरः १० चत्वारिंशद्यज्ञभद्रस्तद्विहीनोविशालकः। षट्त्रिंशच्चैवसुश्लिष्टो द्विहीन शत्रुमर्दनः ११ द्वात्रिंशद्भागपञ्चस्तु त्रिंशद्भिर्नन्दन स्मृतः। अष्टाविंशन्मानवस्तु मानभद्रोद्विहीनकः १२ चतुर्विंशस्तुसुग्रीवो द्वाविंशोहरितोमतः। विंशतिःकर्णिकारःस्यादष्टादशशतार्धिकः १३ सिंहोभवेद्द्विहीनश्च श्यामभद्रोद्विहीनकः। सुभद्रस्तुतथाप्रोक्तोद्वादशस्तम्भउच्यते १४ मण्डपाःकथितास्तुभ्यं यथावल्लक्षणान्विता। त्रिकोणंवृत्तमर्द्धन्तु ह्य

पार्वती देवी सदैव घरमें पूजनीचाहिये ५५ और अन्य प्रकारकी गौरीकी मूर्त्तिको तपोवनमें स्थापित करके पूजे और गौरीपुत्र गणेशजीको वल्लभीच्छन्दकनामवाले मन्दिरमें स्थापितकरे ५६ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टषष्ठ्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६८ ॥

सूतजीबोले—अब मंडपों के लक्षण और प्रासाद के रूपों के अनुसार उत्तम मण्डपों का वर्णन करते हैं १ उत्तम मध्यम और निकृष्ट इन सब प्रकारों से अनेक मंडपहोते हैं उनके यह नामहैं २ पुष्पक, पुष्पभद्र, सुव्रत, अमृतनन्दन, कौशल्य, बुद्धिसंकीर्ण, गजभद्र, जयावह ३ श्रीवत्स, विजय, वास्तुकीर्त्ति, श्रुतिंजय, यज्ञभद्र, विशाल, सुश्लिष्ट, शत्रुमर्द्दन ४ भागपंच, नन्दन, मानव, मानभद्रक, सुग्रीव, हरित, कर्णिकार, शतार्द्धक ५ सिंह, श्यामभद्र, सुभद्र, ऐसे यह सत्ताईस प्रकारके मंडपहोते हैं अब इनके नाम सुनो ६ जहां चौंसठ स्तंभ बनायेजावें वह पुष्पक मंडप कहाताहै बासठ स्तंभों वाला पुष्पभद्र कहाता है साठ स्तंभोंवाला सुव्रत कहाता है ७ अट्ठावन स्तंभोंवाला अमृतनन्दन कहाता है छप्पन स्तंभोंवाला कौशल्य चौवन स्तंभोंवाला बुद्धिसंकीर्ण बावन स्तंभोंवाला गजभद्रक मंडप, पचास स्तंभवाला जयावह और अड़तालीस स्तंभोंवाला श्रीवत्समंडप कहाताहै ८।९ छयालीस स्तंभोंवाला विजय चौवालीस स्तंभोंवाला वास्तुकीर्त्ति बयालीस स्तंभोंवाला श्रुतिजय मंडप कहाता है १० चालीस स्तंभवाला यज्ञभद्र ३८ का विशालक ३६ का सुश्लिष्ट ३४ का शत्रुमर्द्दन मंडपहै ११। ३२ का भागपंच ३० का नन्दन २८ का मानव २६ का मानभद्र २४ का सुग्रीव बाईसका हरित २० का कर्णिकार १८ का शतार्द्धिक मंडप होताहै १२।१३ सोलहका सिंह चौदहका श्यामभद्र

ष्टकोणंद्विरष्टकम् १५ चतुःकोणन्तुकर्त्तव्यं संस्थानंमण्डपस्यतु। राज्यञ्चविजयश्चैव आयु वर्द्धनमेवच १६ पुत्रलाभःश्रियःपुष्टिस्त्रिकोणादिक्रमाद्भवेत्। एवंतुशुभदाप्रोक्ताश्चान्यथात्व शुभावहाः १७ चतुःषष्टिपदंकृत्वा मध्येद्वारंप्रकल्पयेत्। विस्ताराद्द्विगुणोच्छ्रायं तत्त्रिभा गःकटिर्भवेत् १८ विस्तारार्द्धोभवेद्गर्भोभित्तयोऽन्याःसमन्ततः। गर्भपादेनविस्तीर्णं द्वारंत्रि गुणमायतम् १९ तथाद्विगुणविस्तीर्णमुखस्तद्वदुदुम्बरः। विस्तारपादप्रतिमं बाहुल्यंशाख योऽस्मृतम् २० त्रिपञ्चसप्तनवभिः शाखाभिर्द्वारमिष्यते। कनिष्ठमध्यमंज्येष्ठं यथायोगं प्रकल्पयेत् २१ अंगुलानांशतंसार्द्धं चत्वारिंशतथोन्नतम्। त्रिंशद्विंशोत्तरंचान्य द्धन्यमु त्तममेवच २२ शतञ्चाशीतिसहितं वातनिर्गमनेभवेत्। अधिकंदशभिस्तद्वत् तथाषोड शभिःशतम् २३ शतमानंतृतीयञ्च नवत्याशीतिभिस्तथा। दशद्वाराणिचैतानि क्रमेणो क्तानिसर्वदा २४ अन्यानिवर्जनीयानि मनसोद्वेगदानितु। द्वारवेधंप्रयत्नेन सर्ववास्तुषु वर्जयेत् २५ वृक्षकोणभ्रमिद्वारस्तम्भकूपध्वजादपि। कुड्यश्वभ्रेणवाविद्धं द्वारंनशुभद म्भवेत् २६ क्षयश्चदुर्गतिश्चैव प्रवासःक्षुद्भयंतथा। दौर्भाग्यंबंधनंरोगो दारिद्र्यंकलहंत था२७विरोधश्चार्थनाशश्च सर्ववेधाद्भवेत्क्रमात्। पूर्वेणफलिनोवृक्षाः क्षीरवृक्षास्तुदक्षि

और बारह स्तंभोंवाला सुभद्र होताहै १४ यह इसप्रकारके यथार्थ लक्षणवाले मंडप मैंने तुमसे कहे इनको त्रिकोणबनावे गोलबनावे अष्टकोण बनावे अथवा सोलह कोणके मंडप बनावे यहसब मंडप राज्य, विजय, आयु और कीर्तिको बढ़ातेहैं यहसब त्रिकोण आदि मंडप यथा क्रमसे पुत्रलाभ, लक्ष्मी और पुष्टिके कर्त्ता हैं और इनसे अन्यथा कियेहुए मंडपोंका अशुभफल होताहै १५। १७ मंडप के चौंसठपद करके मध्यमें द्वार कल्पितकरे मण्डपको विस्तारसे दूना ऊंचाकरे तीन भागकी कटि बनावे विस्तारसे आधा गर्भ अर्थात् चौक बनावे और चारों ओरको अन्य भीतें बनवावे और गर्भ मध्यभागके शिखरके विस्तारसे चौथाई चौड़ाकरे और चौथाईसे त्रिगुणितलंबा अथवा दूना लंबाद्वार रक्खे और द्वारकी चौथाईका चतुर्थांश द्वारकी चौखटके ऊपर सिरदर बनावे और नीचे देहलरक्खे और सिरदरकी चौड़ाईसे चौथाई चौड़ाई चौखटके बाजुओंकी रक्खे, यहाँ चौखटके तीन, पांच, सात अथवा नौबाजू लगाके निकृष्ट, मध्यम और उत्तम इन क्रमोंसे द्वार बनावे १८। २१ और एकसौ पचास अंगुल ऊंचा वा १४० अंगुलऊंचा वा १३० अंगुलऊँचा अथवा १२० अंगुलऊंचा यह ऐसे द्वारधन्य और उत्तम गिनेजातेहैं और एकसौ अस्सी अंगुलऊंचा द्वार वात निर्गमन अर्थात् वायु निकसनेके निमित्त श्रेष्ठ कहाहै और ११० अंगुलऊंचा वा ११६ अंगुलऊंचा वा १०० अंगुलऊंचा, वा ९० अंगुल ऊंचा अथवा ८० अंगुलऊंचा इस रीतिसे यहसब दशद्वार कहेहैं इनसे अन्यथा द्वार बनावे तो मनको उद्वेग होकर शुभफल नहीं होताहै और संपूर्ण वास्तुओं में यत्नपूर्वक द्वारके आगे वेधको न रहनेदेवे २२। २५ वृक्ष, कोण, भौंरी, स्तंभ, ध्वजा और भीत इन्होंके वेध अर्थात् फटफेंड़ वालाद्वार शुभदायी नहीं होता है २६ नाश, दुर्गति, देशनिकाला, भूखामरना, दुर्भाग्य, बन्धन, रोग दारिद्र्य, कलह, विरोध और द्रव्यकानाश यह संपूर्ण वस्तु यथा क्रमसे वृक्षआदिकोंके वेधसे होती हैं

णे २८ पश्चिमेनजलंश्रेष्ठं पद्मोत्पलविभूषितम्। उत्तरेसरलैस्तालैः शुभास्यात्पुष्पवाटि
का २९ सर्वतस्तुजलंश्रेष्ठं स्थिरमस्थिरमेवच । पार्श्वतश्चापिकर्तव्यं परिवारादिकाल
यम् ३० याम्येतपोवनस्थान मुत्तरेमातृकागृहम्। महानसंतथाग्नेये नैर्ऋत्येऽथविनाय
कम् ३१ वारुणेश्रीनिवासस्तु वायव्येगृहमालिका । उत्तरेयज्ञशालातु निर्माल्यस्थानमु
त्तरे३२वारुणेसोमदैवत्ये वलिनिर्वपणंस्मृतम्। पुरतोवृषभस्थानं शेषेस्यात्कुसुमायुधः
३३ जलंवापितथैशाने विष्णुस्तुजलशाय्यपि । एवमायतनंकुर्यात् कुण्डमण्डपसंयुत
म् ३४ घण्टावितानकसतोरणचित्रयुक्तं नित्योत्सवप्रमुदितेनजनेनसार्धम् । यः कार
येत्सुरगृहांविविधध्वजाढ्यं श्रीस्तं न मुञ्चतिसदादिविपूज्यते च ३५ एवंगृहार्चनविधा
वपिशक्तितःस्यात् संस्थापनंसकलमन्त्र विधानयुक्तम् ३६॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेएकोनसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६९॥

(ऋषय ऊचुः) पूरोर्वंशस्त्वयासूत! सभविष्योनिवेदितः। सूर्यवंशेनृपायेतु भविष्य
न्तिहितान्वद १ तथैवयादवेवंशे राजानःकीर्तिवर्धनाः । कलौयुगेभविष्यन्ति तानपीह
वदस्वनः २ वंशान्तेज्ञातयोयाश्च राज्यंप्राप्स्यन्तिसुव्रताः। ब्रूहिसंक्षेपतस्तासां यथाभा
व्यमनुक्रमात् ३ (सूत उवाच) बृहद्बलस्यदायादो वीरोराजाह्युरुक्षयः । उरुक्षयसुत

और द्वारसे पूर्वकीओर फलवाले वृक्ष, और दक्षिणओर दूधवाले वृक्ष शुभदायी होतेहैं—२७। २८
पश्चिमकीओर कमल आदिकोंसे विभूषित जलका स्थान, उत्तरमें सरल, तालवृक्ष और पुष्पोंकीवाड़ी
यहसब शुभदायकहैं २९ स्थिर वा अस्थिरजल सब दिशाओंमें श्रेष्ठहै और निजमन्दिर के मंडप आ-
दिके बराबरमें उसके उपयोगी देवताओंके स्थान बनवावे ३० दक्षिणमें तपोवन स्थान बनावे, उ-
त्तर मातृकागृह बनावे—अग्नि कोणमें रसोईका स्थान बनावे नैर्ऋत्यमें गणेशजीका स्थान बनावे३१
पश्चिममें लक्ष्मीका निवास बनावे—वायव्यमें ग्रहोंकी वेदी बनावे, उत्तरमें यज्ञशाला और निर्माल्य
स्थान बनावे ३२ पश्चिममें सोमदैवत्यवलिदेने का स्थान बनावे, शिवजीके आगे वृषभका स्थान
बनावे और अन्यत्र कामदेवका स्थान बनावे ३३ ईशान दिशामें जलका स्थान और विष्णुकी जल-
शय्या बनावे, ऐसे कुंड मंडपसे युक्त कियाहुआ देव मन्दिर बनाना चाहिये ३४ घंटा, तोरण और चि-
त्राम इन्होंसे तथा नित्योत्सवसे और प्रमुदित हुएजनोंसे युक्त हुए देवमन्दिरको जो बनाताहै उसके
घरमें सदा लक्ष्मीका निवास रहताहै और स्वर्ग लोकमें पूजाजाताहै ३५ इसीप्रकार शक्तिके अनु-
सार घरकी प्रतिष्ठामें भी संपूर्ण विधान और पूजन करना चाहिये ३६ ॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकोनसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २६९ ॥

ऋषिबोले—हे सूतजी आपने राजा पुरुके संपूर्ण वंशको हमसे कहा परन्तु सूर्य्यवंशमें जो राजा
हुएहैं वा होंगे उन सबको भी हमारे आगे वर्णन कीजिये १ और कीर्त्तिके बढ़ानेवाले जो राजा या-
दववंशके कलियुगमें होंगे उनका भी वर्णनकीजिये २ इनके विशेष वंशोंके अन्तमें जो सुन्दर आच-
रण करनेवाली जातिके लोग राज्यको प्राप्तहोंवेंगे उनको भी यथा क्रम संक्षेप पूर्वक जैसे हों वैसे

इचापि वत्सद्रोहोमहायशाः ४ वत्सद्रोहात्प्रतिव्योमस्तस्यपुत्रोदिवाकरः। तस्यैवमध्य
देशेनु अयोध्यानगरीशुभा ५ दिवाकरस्यभविता सहदेवोमहायशाः। सहदेवाच्चभविता
ध्रुवाश्वोवैमहामनाः ६ तस्यभाव्योमहाभागः प्रतीपाश्वश्चततसुतः। प्रतीपाश्वसुतश्चा
पि सुप्रतीपोभविष्यति ७ मरुदेवःसुनस्तस्य सुनक्षत्रस्ततोभवत्। किन्नराश्वःसुनक्ष
त्राद्भविष्यति ररन्तपः ८ किन्नराश्वादन्तरिक्षो भविष्यतिमहामनाः। सुषेणश्चान्तरिक्षा
च्च सुमित्रश्चाप्यमित्रजित् ९ सुमित्रजोबृहद्राजः बृहद्राजस्यवीर्यवान्। पुत्रःकृतञ्जयो
नाम धार्मिकश्चभविष्यति १० कृतञ्जयसुतोविद्वान् भविष्यतिरणेजयः। भवितासञ्ज
यश्चापि वीरोराजारणेजयात् ११ सञ्जयस्यसुतःशाक्यः शाक्याच्छुद्धोदनोनृपः। शु
द्धोदनस्यभविता सिद्धार्थःपुष्कलःसुतः १२ प्रसेनजिततोभाव्यः क्षुद्रकोभविताततः।
क्षुद्रकात्कुलकोभाव्यः कुलकात्सुरथःस्मृतः, १३ सुमित्रसुरथाज्जातो अन्यस्तुभविता
नृपः। एतेचैक्ष्वाकवःप्रोक्ता भविष्यायेकलौयुगे १४ बृहद्बलान्ववायेतु भविष्याःकुलव
र्द्धनाः। अत्रानुवंशश्लोकोऽयंविप्रैर्गीतःपुरातनैः १५ इक्ष्वाकूणामयंवंशःसुमित्रान्तोभवि
ष्यति। सुमित्रंप्राप्यराजानं संस्थांप्राप्स्यतिवैकलौ १६ इत्येवंमानवोवंशः प्रागेवसमुदाहृ
तः। अतऊर्ध्वंप्रवक्ष्यामि मागधायेबृहद्रथाः १७ पूर्वेणयेजरासन्धात् सहदेवान्वयेनृपाः।
अतीतावर्त्तमानाश्च भविष्यांश्चनिबोधत १८ संग्रामेभारतेवृत्ते सहदेवेनिपातिते। सो
माधिस्तस्यदायादो राजाभूत्सगिरिव्रजे १९ पञ्चाशतंतथाष्टौच समाराज्यमकारयत्।

कहिये ३-सूतजीबोले- बृहद्बलके दायादनाम पुत्र, शूरवीर राजा उरुक्षय, उरुक्षयका पुत्र बड़ा य-
शस्वी वत्सद्रोह, वत्सद्रोहके प्रतिव्योम, प्रतिव्योमके दिवाकर पुत्र उसी के मध्यदेशमें अयोध्या-
नाम नगरी अति सुन्दरहै ४।५ दिवाकरके महायशी सहदेव पुत्रहोगा, सहदेवके ध्रुवाश्व ६ ध्रुवाश्वके
भाव्यनाम पुत्र, भाव्यमानके प्रतीपाश्व प्रतीपाश्वके सुप्रतीप ७ सुप्रतीपके मरुदेव, मरुदेवके सुन
क्षत्र, सुनक्षत्रके परम तपस्वी किन्नराश्व नामपुत्रहोगा, किन्नराश्वके अन्तरिक्ष अन्तरिक्षके सुषेण
और सुमित्रहोंगे ८।९ सुमित्रके बृहद्राज, बृहद्राजके महाधीर धर्मात्मा कृतंजय १० कृतंजयका विद्या-
वान् रणेजयहोगा, रणेजयका पुत्र संजयहोगा ११ संजयका पुत्र शाक्य, शाक्यका पुत्र शुद्धोदन, शु-
द्धोदनका सिद्धप्रयोजन पुष्कलनाम पुत्रहोगा, पुष्कलके प्रसेनजित्, प्रसेनजितका क्षुद्रकनाम पुत्र
होगा क्षुद्रकका कुलक, कुलकका सुरथ, सुरथका सुमित्रनाम राजा होगा जो इक्ष्वाकु वंशमें होने
वाले कलियुगमें राजाहोंगे वह सब तुमकहे और बृहद्बलके वंशमें जो कीर्तिके बढ़ानेवाले होंगे
वहभी कहे यह सब पूर्वहोनेवाले ब्राह्मणों ने पृथक् २ वंशोंके यशगाये हैं १२। १५ यह इक्ष्वाकुओं
का वंश सुमित्र राजा तकहोगा और इसी सुमित्र राजाको प्राप्तहोकर यह वंशनाशको प्राप्तहोजाय-
गा १६ इसीप्रकार हमने मनुकाभी वंश पूर्वहीं कहाहै, इसके आगे बृहद्रथ वंशमें होनेवाले मगध
देशवासी राजाओंको कहते हैं, जरासन्धसे आदिलेकर सहदेवके वंशमें जो राजा प्रथमहुए और व-
र्तमान हैं और जो आगे अन्यहोंयगे उनको भी सुनो, भारतके संग्राममें सहदेवके मरे पीछे सोमाधि

श्रुतश्रवाश्चतुःषष्टिं समास्तस्यान्वयेभवत् २० अप्रतीपीचषट्त्रिंशत् समाराज्यमकारयत्। चत्वारिंशत्समास्तस्य निरमित्रोदिवङ्गतः २१ पञ्चाशतंसमाःषट्च सुरक्षःप्राप्तवान्महीम्। वृहत्कर्माञयोविंशदब्दंराज्यमकारयत् २२ सेनाजित्सम्प्रयातश्च भुक्त्वापञ्चशतंमहीम्। श्रुतञ्जयस्तुवर्षाणिचत्वारिंशद्भविष्यति २३ अष्टाविंशतिवर्षाणि महीं प्राप्स्यतिवैविभुः। अष्टपञ्चाशतंषट्च राज्येस्थास्यतिवैशुचिः २४ अष्टाविंशत्समाराजा क्षेमोभोक्ष्यतिवैमहीम्। अनुव्रतश्चतुःषष्टि राज्यंप्राप्स्यतिवीर्यवान् २५ पञ्चत्रिंशतिवर्षाणि सुनेत्रोभोक्ष्यतेमहीम्। भोक्ष्यतेनिर्वृतिश्चेमा मष्टपञ्चाशतंसमाः २६ अष्टाविंशत्समाराज्यं त्रिनेत्रोभोक्ष्यतेततः। चत्वारिंशत्तथाष्टौच द्युमत्सेनोभविष्यति २७ त्रयस्त्रिंशत्तुवर्षाणि महीनेत्रःप्रकाश्यते। द्वात्रिंशत्तुसमाराजा ह्यचलस्तुभविष्यति २८ रिपुञ्जयस्तुवर्षाणि पञ्चाशत्प्राप्स्यतेमहीम्। द्वाविंशतिनृपाह्येते भवितारोबृहद्रथाः २९ पूर्णंवर्षसहस्रन्तु तेषांराज्यंभविष्यति। जयतांक्षत्रियाणाञ्च बालकःपुलकोभवेत् ३०॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७०॥

(सूत उवाच) बृहद्रथेष्वतीतेषु वीतिहोत्रेष्ववन्तिषु। पुलकःस्वामिनंहत्वा स्वपुत्रमभिषेक्ष्यति १ मिषतांक्षत्रियाणाञ्च बालकःपुलकोद्भवः। सर्वप्रणतसामन्तो भविष्योनचधर्मतः २ त्रयोविंशत्समाराजा भवितासनरोत्तमः। अष्टाविंशतिवर्षाणि पालकोभवि

राजा, सोमाधिके दायाद राजा गिरिव्रजनाम पुरीमेंहुआ और ५८ वर्ष राज्यकरताभया और उसीके वंशमें श्रुतश्रवानाम राजा ६४ वर्ष राज्यकरताभया १७।२० फिर सुप्रतीपनाम राजाने ३६ वर्ष राज्य किया और ४० वर्ष उसका मित्र राज्यकरके स्वर्गवासीहुआ २१ तदनन्तर सुरक्षने ५६ वर्ष राज्य किया और २३ वर्ष बृहत्कर्माने किया २२ सेनाजित् और संप्रयात यह दोनों ५०० वर्ष राज्यकरके ४० वर्षतक श्रुतंजय नाम राजा राज्यकरेगा २३ फिर २८ वर्ष विभुराजा राज्यकरेगा फिर ५६ वर्ष तक राजा शुचि स्थित रहैगा २४ फिर अट्ठाईस वर्ष क्षेमनाम राजा पृथ्वीको भोगेगा, फिर बड़ा पराक्रमी अनुव्रतनाम राजा ६४ वर्ष राज्यकरेगा २५ फिर ३५ वर्षतक राजा सुनेत्र राज्यकरेगा, फिर ५८ वर्ष निर्वृतिनाम राज्यकरेगा २६ फिर २८ वर्ष त्रिनेत्र राज्यकरेगा, फिर ४८ वर्ष द्युमत्सेन राज्यकरेगा २७ फिर ३३ वर्ष महीनेत्र राज्यकरेगा और ३२ वर्ष अचलनाम राज्य भोगेगा २८ फिर ५० वर्ष रिपुंजय पृथ्वीको भोगेगा, बृहद्रथके वंशके होनेवाले और जो आगे राज्यकरेंगे वह सब १००० वर्ष तक रहैंगे फिर विजयी क्षत्रियोंका बालक पुलकनाम राजाहोगा २९।३०॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७०॥

सूतजी बोलेकि वीतिहोत्र संज्ञक बृहद्रथोंसेपीछे पुलक अपने स्वामीको मारकर अपने राज्यमें अपने पुत्रको अभिषेक करेगा १ और वह पुलक का पुत्र क्षत्रियोंके देखतेही प्रणत सामन्त अर्थात् नम्र और स्नेह करनेवाला होगा कुछ धर्म स्वभावसे नहींहोगा २ वह नरोत्तम राजा २३ वर्ष राज्य

नानृपः ३ विशाखयूपोभविता त्रिपञ्चाशत्तथासमाः। एकविंशत्समाराजा सूर्यकस्तुभविष्यति ४ वाराणस्यांसुतंस्थाप्य श्रयिष्यतिगिरिव्रजम्। शिशुनाकस्तुवर्षाणि चत्वारिंशद्भविष्यति ५ काकवर्णःसुतस्तस्य षट्विंशत्प्राप्स्यतेमहीम्। षट्त्रिंशच्चैववर्षाणि क्षेमधर्माभविष्यति ६ चतुर्विंशत्समाःसोऽपि क्षेमजित्प्राप्स्यतेमहीम्। अष्टाविंशतिवर्षाणि विन्ध्यसेनोभविष्यति ७ भविष्यतिसमाराजा नवकाण्वायनोनृपः। भूमिमित्रःसुतस्तस्य चतुर्दशभविष्यति ८ अजातशत्रुर्भविता सप्तविंशत्समानृपः। चतुर्विंशत्समाराजा वंशकस्तुभविष्यति ९ उदासीभवितातस्मात्त्रयस्त्रिंशत्समानृपः। चत्वारिंशत्समाभाव्यो राजावैनन्दिवर्द्धनः १० चत्वारिंशत्त्रयश्चैव महानन्दीभविष्यति। इत्येतेभवितारोवै दशद्वौशिशुनाकजाः ११ शतानित्रीणिपूर्णानि षष्टिवर्षाधिकानितु। शिशुनाकाभविष्यन्ति राजानःक्षत्रबन्धवः १२ एतैःसार्द्धंभविष्यन्ति यावत्कलिनृपाःपरे। तुल्यकालंभविष्यन्ति सर्वेह्येतेमहीक्षितः १३ चतुर्विंशत्तथैक्ष्वाकाः पाञ्चालाःसप्तविंशतिः। काशेयास्तुचतुर्विंशदष्टाविंशत्तुहैहयाः १४ कलिङ्गाश्चैवद्वात्रिंशदश्मकाःपञ्चविंशतिः। कुरवश्चापिषट्विंशदष्टाविंशास्तुमैथिलाः १५ शूरसेनास्त्रयोविंशद्वीतिहोत्राश्चविंशतिः। एतेसर्वेभविष्यन्ति एककालंमहीक्षितः १६ महानन्दिसुतश्चापि शूद्रायां कलिकांशजः। उत्पत्स्यतेमहापद्मः सर्वक्षत्रान्तकोनृपः १७ ततःप्रभृतिराजानो भविष्याः शूद्रयोनयः। एकराट्समहापद्मो एकच्छत्रोभविष्यति १८ अष्टाशीतितुवर्षाणि पृथि

करेगा और १८वर्षतक पालक नाम राजा राज्यकरेगा ३ फिर ५३ वर्ष विशाखयूपनाम राजा राज्य करेगा-फिर २१ वर्ष सूर्यकराजा राज्यकरेगा ४ वह अपने पुत्रको काशी पुरीमें स्थापित करके पर्व्वतोंके व्रज अर्थात् समूहमें जायगा फिर ४० वर्ष शिशुनाक राजाहोवेगा ५ फिर शिशुनाकका पुत्र काकवर्ण २६ वर्षरहैगा-फिर ३६ हीवर्ष क्षेमधर्मा राजाराज्यकरेगा-६ फिर क्षेमजित् २४ वर्षराज्य करेगा-फिर २८ वर्ष विन्ध्यसेन राज्यकरेगा ७ फिर ९ वर्ष काण्वायन राज्यकरेगा और काण्वायनका पुत्र चौदह १४ वर्ष भोगेगा-और २७ वर्ष अजातशत्रुराज्यकरेगा-२४वर्ष वंशकराज्य करेगा-फिर वंशकका पुत्र उदासी नामराजा ३३ वर्षराज्यकरेगा और ४० वर्ष नन्दिवर्द्धन राजा राज्यकरेगा-८। १० फिर तेंतालीस वर्ष महानन्दी राज्यकरेगा-यह बारहपुत्र शिशुकके होंगे ११।३०८ वर्ष शिशुनाक वंश में होनेवाले और क्षत्रियों में अधमराजाहोंगे १२ कलियुगमें यह सबराजा एकसाथ एकहीकालमें होवेंगे और चौबीस इक्ष्वाकुराजा होवेंगे फिर अट्ठाईस हैहयनामवाले राजाहोंगे १३।१४ फिर ३२ कलिंगराजाहोंगे-फिर २५ अश्मक नाम राजाहोंगे और २६ कुरवनामके राजाहोंगे फिर २८मैथिल राजाहोंगे फिर २३ शूरसेनानामी राजाहोंगे फिर २० वीतिहोत्र नामके राजाहोंगे यह सबराजा एकही कालमें होवेंगे फिर कलियुगके अंशसे शूद्रा स्त्रीसे महानन्दि का पुत्र महापद्म नामसे विख्यातहोगा वह संपूर्ण क्षत्रियोंका अन्तकर देगा १५।१७ इसके अनन्तर सब राजा शूद्रयोनिहोजावेंगे-वह महाभाग नन्दिसुत एक छत्र राज्य करेगा और अट्ठासी वर्षतक पृथ्वी पै राज्य करेगा उसी

ल्याश्च भविष्यति । सर्वक्षत्रमथोत्साद्य भाविनार्थेनचोदितः १९ सुकल्पादिसुताह्यष्टौ समाद्वादशतेनृपाः। महापद्मस्यपर्य्याये भविष्यान्तिनृपाःक्रमात् २० उद्धरिष्यतिकौटिल्यः समेद्वाद्दशभिःसुतान्। भुक्त्वामहींवर्षशतं ततोमौर्य्यान्गमिष्यति २१ भविताशतधन्वाच तस्यपुत्त्ररतुषट्समाः। वृहद्रथस्तुवर्षाणि तस्यपुत्रश्चसप्ततिः २२ षट्त्रिंशत्तुसमाराजा भविताशकएवच। सप्तानांदशवर्षाणि तस्यनप्ताभविष्यति २३ राजादशरथोऽष्टौतु तस्यपुत्रोभविष्यति। भविताानववर्षाणि तस्यपुत्रश्चसप्ततिः २४ इत्येतेदशमौर्य्यास्तु येभोक्ष्यन्तिवसुन्धराम्। सप्तत्रिंशच्छतंपूर्णं तेभ्यःशुङ्गान्गमिष्यति २५ पुष्यमित्रस्तुसेनानीरुद्धृत्यसवृहद्रथान्। कारयिष्यतिवैराज्यं षट्त्रिंशतिसमानृपः २६ भवितापिवसुज्येष्ठः सप्तवर्षाणिवैनृपः। वसुमित्रस्तथाभाव्यो दशवर्षाणिवैततः २७ ततोन्तकः समेद्वेतु तस्यपुत्रोभविष्यति। भविष्यतिसमस्तस्मात्त्रीण्येवंसपुलिन्दकः २८ भविताव्ज्रमित्रस्तु समाराजापुनर्भवः। द्वात्रिंशत्तुसमाभागः समाभागात्ततोनृपः २९ भविष्यतिसुतस्तस्य देवभूमिःसमादश। दशैतेक्षुद्रराजानो भोक्ष्यन्तीमांवसुन्धराम् ३० शतंपूर्णशतेद्वेच ततःशुङ्गान्गमिष्यति। अमात्योवसुदेवस्तु प्रसह्यह्यवनींनृपः ३१ देवभूमिमथोत्साद्य शौङ्गस्तुभवितानृपः। भविष्यतिसमाराजा नवकाण्वायनोनृपः ३२ भूमिमित्रःसुतस्तस्य चतुर्दशभविष्यति। नारायणःसुतस्तस्य भविताद्वादशैवतु ३३ सुशर्मातत्सुतश्चापि भविष्यतिदशैवतु। इत्येतेशुङ्गभृत्यास्तु स्मृताःकाण्वायनानृपाः ३४ चत्वारिंशद्द्विजाह्येते काण्वाभोक्ष्यन्तिवैमहीम्। चत्वारिंशत्पञ्चचैव भोक्ष्यन्तीमांवसुन्ध

कालमें संपूर्ण क्षत्रियोंका नाश करेगा फिर महापद्मके पर्य्यायमें सुकल्प आदिक-आठ पुत्र होवेंगे फिर उन आठों के पाससे यह पृथ्वीसौ १०० वर्षमें मौर्यनामवाले राजाओंको प्राप्तहोगी उनमौर्यामें शतधन्वानाम एक राजाहोगा उसके बराबर छःवर्षतक राज्यहोगा-फिर वृहद्रथ राजा का पुत्रसत्तर वर्षतक राज्यकरेगा फिर छत्तीसवर्ष तक शकनाम राजा होगा उसका दौहित्र सत्तर वर्ष तक राज्य करेगा १८। २३ फिर दशरथनाम राजाहोगा उसका सप्ततिनाम पुत्रहोगा वह आठ वर्ष तकराज्यकरेगा इसप्रकार यह संपूर्ण मौर्यराजा एकसौसैंतीसवर्षतक राज्यकरेंगे-फिर शुंगनामवाले राजाहोंगे-पुष्य मित्र राजा का सेनापति वृहद्रथ वंश के राजाओं को मारकर छत्तीस वर्षतक राज्य करेगा २४। २६ फिर वसुज्येष्ठनाम राजा सातवर्षतक राज्यकरेगा और दशवर्ष सुमित्रनाम राजा होगा २७ फिर दोवर्षतक अन्तक और तीनवर्ष तक पुलिन्दकनाम राजाहोगा फिर बत्तीस वर्षतक वज्रमित्रनाम महाभागी राजाहोगा २८। २९ उसकापुत्र देवभूमि नामहोगा वह दश वर्षतक राज्य करेगा इस प्रकारसे यह दशक्षुद्र राजाहोंगे यह सब तीनसौ वर्षतक राज्य करेंगे इनकेपास वसुदेव नाममंत्री देवभूमि को मारकर राज्य छीनलेगा फिर नौ ९ काण्वायन नाम राजाहोंगे उस वसुदेव का पुत्र भूमिमित्र चौदहवर्षतक राज्य करेगा फिर इसका पुत्र नारायण बारह वर्ष तक राज्य करेगा ३०। ३३ फिर इस नारायणका पुत्र सुशर्मा दशवर्ष तक राज्यकरेगा-यह सब काण्वायन राजा

राम् ३५ एतेप्रणतसामन्ता भविष्याधार्मिकाश्चये। येषांपर्य्यायकालेतु भूमिरान्ध्रान् गमिष्यति ३६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेएकसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७१॥

(सूत उवाच) काण्वायनास्ततोभूपाः सुशर्माणःप्रसह्यताम्। शुङ्गानाञ्चैवयच्छेषं क्षपित्वातुबलीयसः १ शिशुकोन्ध्रःसजातीयः प्राप्स्यतीमांवसुन्धराम्। त्रयोविंशत्स माराजा शिशुकस्तुभविष्यति २ श्रीमल्लकर्णिर्भविता तस्यपुत्रस्तुवैदश। पूर्णोत्सङ्गस्त तोराजा वर्षाण्यष्टादशैवतु ३ पञ्चाशतंसमाःषट्च शान्तकर्णिर्भविष्यति। दशचाष्टौच वर्षाणि तस्यलम्बोदरःसुतः ४ आपीतकोदशद्वेच तस्यपुत्रोभविष्यति। दशचाष्टौचव र्षाणि मेघस्वातिर्भविष्यति ५ स्वातिश्चभविताराजा समास्त्वष्टादशैवतु। स्कन्दस्वा तिस्तथाराजा सप्तैवतुभविष्यति ६ मृगेन्द्रस्वातिकर्णस्तु भविष्यतिसमास्त्रयः। कुन्तलः स्वातिकर्णस्तु भविताष्टौसमान्नृपः ७ एकसंवत्सरंराजा स्वातिवर्णोभविष्यति ८ भविता रिक्तवर्णस्तु वर्षाणिपञ्चविंशतिः। ततःसंवत्सरान्पञ्च हालोराजाभविष्यति ९ पञ्च मन्दुलकोराजा भविष्यतिसमान्नृपः। पुरीन्द्रसेनोभविता तस्मात्सौम्योभविष्यति १० सुन्दरःशान्तिकर्णस्तु अब्दमेकंभविष्यति। चकोरःस्वातिकर्णस्तु षण्मासान्वैभविष्यति ११ अष्टाविंशतिवर्षाणि शिवस्वातिर्भविष्यति। राजाचगौतमीपुत्रो ह्येकविंशत्यतोनृ पः १२ अष्टाविंशतिसुतस्तस्य सुलोमावैभविष्यति। शिवश्रीर्वैसुलोमात्तु सप्तैवभविता

शुंगराजाओंके भृत्यकहातेहैं और सबब्राह्मणहैं और पैंतालीसवर्षतक राज्यकरेंगे यहसामनीतिवाले और धार्मिक राजाहोंगे-इनके अन्तमें यहपृथ्वी आन्ध्रनामवाले राजाओंको प्राप्तहोजावेगी ३५। ३६॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७१॥

सूतजीबोले-शुंगराजाओंमें जो बलवाला राजा रहैगा उसको अन्ध्रजातिवाला शिशुकराजा मारेगा फिर तेईस वर्षतक शिशुकराजाहोगा १। २ फिर उसकापुत्र श्रीमल्लकर्णिहोगा वह दशवर्षतक राज्यकरेगा फिर पूर्णोत्संगनामराजा अठारह वर्षतक राज्यकरेगा ३ फिर छप्पन ५६ वर्षतक कर्णिनाम राजाहोगा, और उसकापुत्र लम्बोदर अठारह वर्ष राज्यकरेगा, उसकापुत्र आपीतकनाम राजा बीसवर्षतक राज्यकरेगा फिर मेघस्वातिनाम राजा अठारहवर्ष राज्यकरेगा ४। ५ फिर स्वातिनाम राजाभी अठारह वर्ष राज्यकरेगा, फिर सातवर्षतक स्कन्दस्वातिनाम राजाहोगा तीन वर्षतक मृगेन्द्रस्वाति कर्णनाम राजाहोगा-फिर कुंतलस्वातिकर्ण राजा आठ वर्षतक रहैगा ६। ७ फिर एक वर्ष स्वातिवर्णनाम राजाहोगा पच्चीस वर्षतक रिक्तवर्णनाम राजाहोगा और पांच वर्षतक हालनाम राजाहोगा ८। ९ फिर पांच वर्षतक मंदुलक नाम राजाहोगा फिर पुरीन्द्रसेन, उसकापुत्र सौम्य, उसकापुत्र शान्तिकर्ण होगा वहएकही वर्ष राज्यकरेगा फिर चकोर और स्वातिकर्ण यहदोनों छः महीनोंतक राज्यकरेंगे फिर अट्ठाईस वर्षतक शिवस्वातिनाम राजाहोगा फिर इकीस वर्षतक गोतमीपुत्र राजाहोगा उसकापुत्र सुलोमानाम अठारह वर्षतक राज्यकरेगा, और सुलोमाकापुत्र

नृपः १३ शिवस्कन्धःशान्तिकर्णाद्भविताह्यात्मजःसमाः। नवविंशतिवर्षाणि यज्ञश्रीःशा
न्तिकर्णिकः १४षड़ेवभवितातस्माद्विजयस्तुसमास्ततः। चण्डश्रीःशान्तिकर्णस्तु तस्य
पुत्रःसमादश १५ सुलोमासप्तवर्षाणि अन्यस्तेषांभविष्यति। एकोनविंशतिर्ह्येते आन्ध्रा
भोक्ष्यन्तिवैमहीम् १६ तेषांवर्षशतानिस्युश्चत्वारिंषष्टिरेवच । आन्ध्राणांसंस्थितारा
ज्ये तेषांभृत्यान्वयेनृपाः १७ सप्तैवान्ध्राभविष्यन्तिदशाभीरास्तथानृपाः। सप्तगर्दभि
लाश्चापि शकाश्चाष्टादशैवतु १८ यवनाष्टौभविष्यन्ति तुषाराश्चचतुर्दश। त्रयोदश
गुरुण्डाश्च हूणाह्येकोनविंशतिः १९ यवनाष्टौभविष्यन्ति सप्ताशीतिमहीमिमाम्। सप्त
गर्दभिलाभूयो भोक्ष्यन्तीमांवसुन्धराम् २० सप्तवर्षसहस्राणि तुषाराणांमहीस्मृता। श
तानित्रीण्यशीतिश्च शतान्यष्टादशैवतु २१ शतान्यर्द्धचतुष्काणि भवितव्यास्त्रयोदश।
गुरुण्डावृषलैःसार्धं भोक्ष्यन्तेम्लेच्छसम्भवाः २२ शतानित्रीणिभोक्ष्यन्ते वर्षाण्येकाद
शैवतु। आन्ध्राःश्रीपार्व्वतीयाश्च तेद्विपञ्चाशतंसमाः २३ सप्तषष्टिस्तुवर्षाणि दशाभीरा
स्तथैवच। तेषूत्सन्नेषुकालेन ततःकिलकिलानृपाः २४ भविष्यन्तीहयवना धर्मतःकाम
तोऽर्थतः। तैर्विमिश्राजनपदा आर्य्याम्लेच्छाश्चसर्वशः २५ विपर्ययेणवर्तन्ते क्षयमेष्य
न्तिवैप्रजाः। लुब्धानृतब्रुवाश्चैव भवितारोनृपास्तथा २६ कल्किनानुहताःसर्वे आर्य्या
म्लेच्छाश्चसर्वतः। अधार्मिकाश्चयेऽत्यर्थं पाषण्डाश्चैवसर्वशः २७ प्रणष्टेनृपवंशेतु स
न्ध्याशिष्टेकलौयुगे। किञ्चिच्छिष्टाःप्रजास्तावै धर्मेनष्टेऽपरिग्रहाः २८ असाधवोह्यस

शिवश्री सातवर्षतक राज्यकरेगा १० । १३ फिर शिवस्कन्ध, शान्तिकर्ण, यज्ञश्री और शान्तिक-
र्णिक यहसब नौ वर्षतक राज्यकरेंगे १४ फिर विजयराजा छः वर्ष राज्यकरेगा इनमेंसे एक सुलो-
मानाम अन्यराजा सात वर्षतक रहेगा यह आन्ध्र संज्ञक राजा उन्नीस वर्षतक राज्यकरेंगे १५।१६
भृत्योंसहित इनसब सातों आंध्रनाम राजाओंकी स्थिति एकसौ चालीस वर्षतक रहैगी इसकेपीछे
दशअहीर राजाहोंगे- फिर सात गर्दभिलनाम राजाहोंगे, अठारह शकनामवाले राजाहोंगे, फिर आ-
ठयवन राजाहोंगे फिर चौदह तुषारनाम राजाहोंगे फिर तेरह गोरण्डनाम गोरे राजाहोंगे, फिर उन्नी-
स हूणनाम राजाहोंगे इनमें आठयवन तो सत्तासी वर्ष राज्यकरेंगे फिर मध्यमें सात गर्दभिलनाम
राजाहोंगे १७।२० और वह १४ तुषार नामवाले राजा सातहजार तीनसौअस्सी वर्षतक राज्य
करेंगे और अठारहसौ पचास वर्षतक तेरहचतुष्कसंज्ञकनाम राजारहेंगे, फिर वह गुरुंड गोरे शूद्र
म्लेच्छादिकोंके साथ तीनसौग्यारह वर्षतक राज्यकरेंगे और पहाड़ी आन्ध्रनाम राजा बावन ५२
वर्षतक राज्यकरेंगे २१।२३ फिर दशआभीर राजा सड़सठ ६७ वर्षतक राज्यकरेंगे फिर कालके
योगसे वहसब नष्ट होजांयगे तब किलकिलानाम वाले राजाहोंगे वह अर्थ धर्म और कामके आच-
रण करके म्लेच्छहोवेंगे उनसे मिलेहुए सब आर्य जनभी म्लेच्छहोजांयगे और सब विपरीत आच-
रण करेंगे तब प्रजानष्टहोजायगी सबराजा लोभी और मिथ्यावादी होजांयगे २४।२६ कलियुगसे
हतहुए सबही म्लेच्छहोजावेंगे तब अधर्मी और पाषण्डी होजांयगे २७ राजाओं का वंश नष्टहोजा-

त्वाश्च व्याधिशोकेनपीड़िताः। अनावृष्टिहताश्चैव परस्परवधेप्सवः २९ अशरण्याः परित्रस्ताः सङ्कटंघोरमाश्रिताः। सरित्पर्वतवासिन्यो भविष्यन्त्यखिलाःप्रजाः ३० पत्र मूलफलाहाराश्चीरपत्राजिनाम्बराः। वृत्त्यर्थमभिलिप्सन्त्यश्चरिष्यन्तिवसुन्धराम् ३१ एवंकष्टमनुप्राप्ताः प्रजाःकालेयुगान्तके। निःशेषास्तुभविष्यन्ति सार्द्धंकलियुगेनतु ३२ क्षीणेकलियुगेतस्मिन् दिव्येवर्षसहस्रके। ससन्ध्यांशेसुनिःशेषे कृतंतुप्रतिपत्स्यते ३३ एवंवंशक्रमःकृत्स्नः कीर्त्तितोयोमयाक्रमात्। अतीतावर्त्तमानाश्च तथैवानागताश्चये ३४ महापद्माभिषेकात्तु यावज्जन्मपरीक्षितः। एवंवर्षसहस्रन्तु ज्ञेयंपञ्चाशदुत्तरम् ३५ पौलोमास्तुतथान्ध्रास्तु महापद्मान्तरेपुनः। अनन्तरंशतान्यष्टौ षट्त्रिंशत्तुसमास्तथा३६ तावत्कालान्तरंभाव्यमान्ध्रान्तादापरीक्षितः। भविष्यन्तेप्रसङ्ख्याताः पुराणज्ञैःश्रुतर्षिभिः ३७ सप्तर्षयस्तदाप्रांशु प्रदीप्तेनाग्निनासमाः। सप्तविंशतिभाव्यानामान्ध्राणान्तुयदा पुनः ३८ सप्तर्षयस्तुवर्त्तन्ते यत्रनक्षत्रमण्डले। सप्तर्षयस्तुतिष्ठन्ति पर्य्यायेणशतंशतम् ३९ सप्तर्षीणामुपर्य्येतत् स्मृतंवैदिव्यसंज्ञया। समादिव्याःस्मृताषष्टिर्दिव्याब्दानितु सप्तभिः ४० एभिःप्रवर्ततेकालो दिव्यःसप्तर्षिभिस्तुवै। सप्तर्षीणाञ्चयौपूर्वौ दृश्येतेह्युदितौनिशि ४१ तयोर्मध्येतुनक्षत्रं दृश्यतेयत्समंदिवि। तेनसप्तर्षयोज्ञेया युक्ताव्योम्नि शतंसमाः ४२ नक्षत्राणामृषीणाञ्च योगस्यैतन्निदर्शनम्। सप्तर्षयोमघायुक्ताः कालेपारिक्षितेशतम् ४३ ब्राह्मणस्तुचतुर्विंशा भविष्यन्तिशतंसमाः। ततःप्रभृत्ययंसर्वोलोको

वैगा और कलियुगकी जब सन्धि शेषरहजावेगी तबकुछ बाकी बचीहुई प्रजा दुष्टहोजावेगी धर्म नष्ट होजायगा व्याधि और शोकसे भी प्रजा महापीड़ित होजायगी फिर वर्षा न होनेसे परस्परमें मारने कीइच्छा रक्खेंगे २८।२९ बनमें रहेंगे कोई रक्षाकरनेवाला न रहैगा तब घोर संकटमें प्राप्तहोकर सब जन नदी और पर्व्वतोंपर बासकरेंगे पत्र मूल और फल इन्होंका आहार करेंगे पुराने फटे वस्त्र पत्र वक्कल और चर्म इन सबको ओढ़ेंगे भोजनकी इच्छा करतेहुए पृथ्वीपै विचरेंगे ३०।३१ ऐसे २ कष्ट को प्राप्तहुई प्रजा चौथे युग कलियुगके अन्तमें संपूर्णनष्टहोजाती है और जब दिव्य हज़ार वर्षमें सन्ध्यांश सहित संपूर्ण कलियुग नष्ट होजाताहै तब सत्ययुग प्राप्त होजाताहै ३२।३३ इस प्रकारसे मैंने व्यतीत, वर्त्तमान और आगे होनेवाले संपूर्ण राजाओं के वंश क्रम पूर्व्वक कहदिये हैं ३४ और महापद्मराजाके अभिषेकसे लेकर परीक्षितके जन्मतक संपूर्ण राजाओं के वंशकहे हैं सो इनकी संख्याका एक हज़ार पचास वर्षका यह काल व्यतीत होताहै ३५ और पौलोम वा आन्ध्र यह दोनों राजाओं के वंश महापद्मके अनन्तर आठसौ छत्तीस वर्षतक आन्ध्र पर्य्यन्त राजा होंगे यह सब पुराण के जाननेवालोंने कहरक्खे हैं उस समय सप्तऋषि ज्वलित अग्निके समान तेजवाले दीखेंगे फिर जब सत्ताईस २७ आन्ध्रराजा होलेंगे तब सप्तऋषि नक्षत्र मंडलमें स्थित दीखेंगे और इन सप्तऋषियों के अनुसार काल प्रवर्त्तहोताहै और रात्रिके समय जो तारे सप्तऋषियोंसे पहलेदीखते हैं और जो तारा समान नक्षत्रोंके बीचमें दीखताहै वहाँ यह सप्तऋषि आकाशमेंयुक्तहैं जब नक्षत्रोंका और सप्त-

व्यापत्स्यतेभृशम् ४४ अनृतोपहतालुब्धा धर्मतःकामतोऽर्थतः । श्रौतस्मार्तेतिशिथिले नष्टवर्णाश्रमेतथा ४५ शङ्करंदुर्बलात्मानःप्रतिपत्स्यन्तिमोहिताः।ब्राह्मणाःशूद्रयोनिस्थाः शूद्रावैमन्त्रयोनयः ४६ उपस्थास्यन्तितान्विप्रास्तदर्थमभिलिप्सवः । क्रमेणैवचहङ्यन्ते स्ववर्णान्तरदायकम् ४७ क्षयमेवगमिष्यन्तिक्षीणशेषायुगक्षये । यस्मिन्कृष्णोदिवंयात स्तस्मिन्नेवतदाहनि ४८ प्रतिपन्नंकलियुगंप्रमाणंतस्यमेशृणु । चतुःशतसहस्रन्तु वर्षाणां वैस्मृतंबुधैः४९ चत्वार्यष्टसहस्राणिसंख्यातंमानुषेणतु । दिव्यंवर्षसहस्रन्तु तदासंख्याप्रव र्तते ५० निःशेषेतुतदातस्मिन् कृतंवैप्रतिपत्स्यते । ऐलश्चेक्ष्वाकुवंशश्चसहदेवःप्रकीर्त्ति ताः५१इक्ष्वाकोःसंस्मृतंक्षत्रं सुमित्रान्तंभविष्यति। ऐलंक्षत्रंसमाक्रान्तंसोमवंशविदोविदुः ५२एतेविवस्वतःपुत्राःकीर्तिताःकीर्तिवर्धनाः।अतीतावर्तमानाश्चतथैवानागताश्चये ५३ ब्राह्मणाःक्षत्रियावैश्यास्तथाशूद्राश्चवैस्मृताः । वैवस्वतेऽन्तरेतस्मिन्नितिवंशःसमाप्यते ५४देवापिःपौरवोराजा ऐक्ष्वाकोयश्चतेमतः । महायोगबलोपेतौ कलापग्राममाश्रितो५५ एतौक्षत्रप्रणेतारौ नवविंशेचतुर्युगे। सुवर्चामनुपुत्रस्तु ऐक्ष्वाकाद्योभविष्यति ५६ नववि शेयुगेसोवै वंशस्यादिर्भविष्यति । देवापिपुत्रःसत्यस्तु ऐलानांभवितानृपः ५७ क्षत्रप्रव र्तकावेतौ भविष्येतुचतुर्युगे । एवंसर्वेषुविज्ञेयं सन्तानार्थन्तुलक्षणम् ५८ क्षीणेकलियुगे

ऋषियों का योग । अर्थात् मघानक्षत्रमें जब सप्तऋषि आवेंगे तब ब्रह्माजी के सौवर्ष पूरे होजाने का कालआजावेगा तबसे लेके यह संपूर्ण लोक नष्ट होने लगजाताहै उस समय सबलोग मिथ्यावादी और लोभीहोजावेंगे और संपूर्ण श्रुति और स्मृतियोंका धर्मनष्ट होजावेगा ३६।४५ सबलोग वर्ण संकरहोजायंगे ब्राह्मण शूद्रहोजावेंगे शूद्रवेदको पढ़नेलग जायंगे ४६ और उन्हीं शूद्ररूपी द्विजोंकी सब उपासना करेंगे फिर क्रम२ करके सबही शूद्रहोजावेंगे इसके अनन्तर युगके अन्त में शेषरहे हुए सब लोगभी नष्टहोजावेंगे-और जिस दिन श्रीकृष्णजी स्वर्गलोक को पधारे हैं उसी दिन और उसी समय कलियुगका प्रवेशहोगयाहै ४७।४८ उस कलियुगका प्रमाण सुनो कि मनुष्योंके चार लाख बत्तीसहज़ार बर्षोंका कलियुगका प्रमाणहै और इतनीही संख्या में दिव्य हज़ार वर्ष होते हैं यही कलिका प्रमाणहै ४९।५० इस प्रकारसे जब यह संपूर्ण कलियुग व्यतीत होजाताहै तब सत्य-युगका प्रवेशहोताहै तबहीं ऐल-इक्ष्वाकु और सहदेव यह इक्ष्वाकु वंशके राजा प्रवृत्तहोतेहैं यह वंश सुमित्र राजाके अन्तमें समाप्त होजाताहै इस ऐल राजाको सोम वंशमें प्राप्तहुआ कहते हैं और इस के सिवाय इक्ष्वाकु आदिक अन्यराजा विवस्वान् सूर्य्यके पुत्रहुएहैं इसी प्रकारसे व्यतीत-वर्त्तमान और आगे होनेवाले राजा और ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र यह सब वर्णभी सनातन चलेआते हैं और देवापिनाम पौरवराजा और इक्ष्वाकु यह दोनों महायोग और बलसे युक्तहो उन्तीसवीं चौकड़ी में क्षत्रिय वंशके बढ़ानेवाले होंगे और सुवर्चानाम मनुका पुत्र इक्ष्वाकु वंशकी आदि में होगा यहभी उन्तीसवीं चौकड़ी में होगा और जो देवापिका पुत्र सत्यनाम होगा वह ऐल राजाओं के वंशको प्रवृत्तकरेगा ऐसे यह दोनों राजा अगले युगोंकी चौकड़ी में होकर क्षत्रिय वंशको प्रवत्त करेंगे इसी

चैव तिष्ठन्तीतिकृतेयुगे। सप्तर्षयस्तुतैःसार्द्धं मध्येत्रेतायुगेपुनः ५९ बीजार्थंवैभविष्यन्ति ब्रह्मक्षत्रस्तुवैपुनः। एवमेवंतुसर्वेषु तिष्यान्तेष्वन्तरेषुच ६० सप्तर्षयोनृपैःसार्द्धं सन्ताना र्थंयुगेयुगे। एवंक्षत्रस्यचोत्सेधः सम्बन्धोवैद्विजैःस्मृतः ६१ मन्वन्तराणांसन्ताने सन्ता नाश्चश्रुतास्मृताः। अतिक्रान्तयुगाश्चैव ब्रह्मक्षत्रस्यसम्भवाः ६२ यथाप्रशान्तिस्तेषां वैप्रकृतीनांयथाक्षयः। सप्तर्षयोविदुस्तेषां दीर्घायुस्त्वंक्षयोदयौ ६३ एतेनक्रमयोगेन ऐलाइक्ष्वाकवोनृपाः। उत्पद्यमानास्त्रेतायां क्षीयमाणाःकलौयुगे ६४ अनुयान्तियुगा ख्यान्तुयावन्मन्वन्तरक्षयम्। जामदग्न्येनरामेण क्षत्रेनिरवशेषिते ६५ रिक्तेयंवसुधा सर्वाक्षत्रियैर्वसुधाधिपैः। द्विवंशकरणंसर्वं कीर्तयिष्येनिबोधमे ६६ ऐलञ्चेक्ष्वाकुवंशञ्च प्रकृतिंपरिचक्षते। राजानःश्रेणिबद्धाश्च तथान्येक्षत्रियाभुवि ६७ ऐलवंशास्तुभूयां सोनतथेक्ष्वाकवोनृपाः। एषामेकशतंपूर्णं कुलानामभिरोचते ६८ तावदेवतुभोजानां विस्तराद्द्विगुणंस्मृतम्। भोजानांद्विगुणंक्षत्रं चतुर्द्धातद्यथातथम् ६९ तेह्यतीताः सनामानो ब्रुवतस्तान्निबोधमे। शतंवैप्रतिविन्ध्यानां शतंनागाःशतंहयाः ७० शत मेकंधार्तराष्ट्रा ह्यशीतिर्जनमेजयाः। शतंवैब्रह्मदत्तानां वीराणांकुरवःशतम् ७१ ततः शतञ्चपञ्चालाः शतंकाशिकुशादयः। तथापरेसहस्रेद्वे येनीपाःशशविन्दवः ७२ इष्ट वन्तश्चतेसर्वे सर्वेनियुतदक्षिणाः। एवंराजर्षयोऽतीताः शतशोऽथसहस्रशः ७३ मनोर्वै वस्वतस्यासन् वर्तमानेऽन्तरेविभोः। तेषांतुनिधनोत्पत्तौ लोकसंस्थितयःस्थिताः ७४ नशक्योविस्तरस्तेषां सन्तानस्यपरस्परम्। तत्पूर्वापरयोगेन वक्तुंवर्षशतैरपि ७५

प्रकारसे यही दोनों सबोंकी सन्तानके निमित्त कलियुगके क्षीणहोने के पीछे सत्ययुग में ठह- रते हैं और त्रेतायुगमें इन्हीं के साथ बीजके निमित्त सप्तऋषि भी जन्मलेते हैं इसी प्रकार युग२ के अन्तमें पुष्यनक्षत्र के अन्तरमें यह सप्तऋषि जब राजाओं के जन्मलेते हैं तब राजाओंका ब्राह्मणों के साथ संबंध होताहै ५९।६१ मन्वन्तरों के युगों के अन्तमें क्षत्रियोंके वंशको और ब्राह्मणोंकेवंश को बढ़ाने वाले सप्तऋषि होतेहैं यह सप्तऋषि संपूर्णप्रजाकी आयु नाश और उत्पत्तिकेजानने वाले हैं-इस प्रकारसे यह ऐलराजा और इक्ष्वाकु राजा त्रेतायुगमें उत्पन्न होते हैं फिर कलियुगमें क्षीण होजाते हैं मन्वन्तरके क्षयतक प्रसिद्ध रहते हैं और जमदग्निके पुत्र परशुरामजीने संपूर्ण क्षत्रीनष्ट करदिये तब इस पृथ्वीपर कोईक्षत्री नहीं रहाथा तब उनका वंश जैसेचलाथा उसको मुझसे सुनो ६२।६६ जब परशुरामके क्षयकरने के पीछे ऐल और इक्ष्वाकु वंशमें अन्य राजाओंकी श्रेणीइकट्ठी हुई है तब इनके सौपीढ़ियोंके जन प्रवर्त्तहुएहैं-औरभोजराजाओंका इनसेदूने विस्तारवालावंशप्रवृत्त हुआहै फिर यह भोजवंशी राजालोगचार प्रकारकेहोगये हैं उनव्यतीतहोने वालों के नाम कहताहूं प्रतिविंध्योंके सौ १०० वंश-नागकेसौ-१०० हयके-१०० ६७।७० धार्त्तराष्ट्रके १०० जनमेजयके अस्सी-शूर- वीर ब्रह्मदत्तके-१०० कुरव १०० पांचाल-काशिकुश १०० - और दो हजार नीप और शशबिन्दव यह सब इष्ट वाले और उत्तम राजाहुए हैं यह सब दश २ लक्षकी दक्षिणा देने वालेथे ऐसे हजारों राजर्षि व्यतीत

अष्टाविंशसमाख्याता गतावैवस्वतेऽन्तरे। एतेदेवगणैःसार्द्धं शिष्टायेतान्निबोधत ७६ च
त्वारिंशत्त्रयश्चैव भविष्यास्तेमहात्मनः। अवशिष्टायुगाख्यास्ते ततोवैवस्वतोह्ययम् ७७
एतद्वःकीर्तितंसम्यक् समासव्यासयोगतः। पुनर्वक्तुंबहुत्वात्तु नशक्यंविस्तरेणतु ७८ उ
क्ताराजर्षयोयेतु अतीतास्तेयुगैःसह। येतेययातिवंश्यानां येचवंशाविशाम्पते! ७९ की
र्तिताद्युतिमन्तस्तेय एतान्धारयेन्नरः। लभतेसवरान्पञ्च दुर्लभानिहलौकिकान् ८०
आयुःकीर्तिंधनंस्वर्गं पुत्रवांश्चाभिजायते। धारणाच्छ्रवणाच्चैव परंस्वर्गस्यधीमतः ८१

इति श्रीमत्स्यपुराणेद्विसप्तत्याधिकद्विशततमोऽध्यायः २७२॥

(ऋषय ऊचुः) न्यायेनार्जनमर्थानां वर्द्धनञ्चाभिरक्षणम्। सत्पात्रप्रतिपत्तिश्च स
र्वशास्त्रेषुपठ्यते १ कृतकृत्योभवेत्केन मनस्वीधनवान्बुधः। महादानेनदत्तेन तन्नोविस्त
रतोवद २ (सूत उवाच) अथातःसम्प्रवक्ष्यामि महादानानुकीर्तनम्। दानधर्मेऽपिय
न्नोक्तं विष्णुनाप्रभविष्णुना ३ तदहंसम्प्रवक्ष्यामि महादानमनुत्तमम्। सर्वपापक्षयकरं
नृणांदुःस्वप्ननाशनम् ४ यत्तत् षोड़शधाप्रोक्तं वासुदेवेनभूतले। पुण्यंपवित्रमायुष्यं स
र्वपापहरंशुभम् ५ पूजितंदेवताभिश्च ब्रह्मविष्णुशिवादिभिः। आद्यन्तुसर्वदानानां तु
लापुरुषसंज्ञकम् ६ हिरण्यगर्भदानञ्च ब्रह्माण्डंतदनन्तरम्। कल्पपादपदानञ्च गोसह
स्रञ्चपञ्चमम् ७ हिरण्यकामधेनुश्च हिरण्याश्वस्तथैवच। हिरण्याश्वरथास्तद्वत् हे

होगये हैं इनसबके जन्ममरणके विस्तारको कोई सैकड़ों वर्षतकभी कहनेको समर्थनहीं है ७१।७५ यह अट्ठाईस राजा तो व्यतीत होकर वैवस्वतमनुके अन्तरमें देवतागणों के साथ स्वर्गलोकमें प्राप्त होगये हैं और तेंतालीस महात्मा राजा आगे होवेंगे इसप्रकारसे ययातिवंश में होनेवाले जो राजा व्यतीतहोगये हैं वहसब मैंने कहदिये-इन ययाति आदिक उत्तमराजाओंको जो धारण करता है वह इसलोकमें आगे कहेहुए उत्तम पांचवरोंको प्राप्तहोताहै ७६।८० अर्थात् इनके धारण करनेवाले को आयु-कीर्त्ति-धन-स्वर्ग और पुत्रकी प्राप्तिहोती है इनराजाओंके धारण करने वा सुनने से भी स्वर्ग की प्राप्तिहोती है ८१॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांद्विसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७२॥

ऋषियोंने पूछाकि हे सूतजी द्रव्यको न्यायसे संचितकरना बढ़ाना और रक्षित करनाभीचाहिये और सत्पात्रकी प्राप्ति सब शास्त्रोंमें श्रेष्ठकही है १ सो धनवान् विद्वान पुरुष कौनसे महादानके देने से कृतकृत्यहोताहै इस बातको आप विस्तापूर्वक वर्णनकीजिये २ सूतजीबोले-कि अब मैं उस महा दानका वर्णन करताहूं जोदान धर्म में भी विष्णुभगवान् ने नहीं कहाहै वह महागुह्यदान मनुष्योंके सबपाप और दुष्टस्वप्नोंका नाश करनेवाला है उसे सुनो ३।४ जो विष्णुभगवान्ने पृथ्वीपर सोलह प्रकारके दानकहे हैं उनसबमें आद्य-पुण्य-पवित्र-आयुवर्द्धन-सर्वपापनाशक ब्रह्मा विष्णु औरशिवा दिक देवताओं से पूजित सब दानोंमें मुख्य पहला तुलापुरुष नाम महादान है ५।६ दूसरा हिरण्य गर्भदान-तीसरा ब्रह्माण्डदान-चौथा कल्पपादपदान-पांचवां गोसहस्रक-छठा हिरण्यकामधेनु-सातवाँ

महस्तिरथस्तथा ८ पञ्चलाङ्गलकंतद्वत् धरादानंतथैवच। द्वादशंविश्वचक्रन्तु ततःक ल्पलतात्मकम् ९ सप्तसागरदानञ्च रत्नधेनुस्तथैवच। महाभूतघटस्तद्वत् षोडशंपरि कीर्तितम् १० सर्वाण्येतानिकृतवान् पुराशम्बरसूदनः। वासुदेवस्तुभगवान् अम्बरीषो ऽथभार्गवः ११ कार्तवीर्य्यार्जुनोनाम प्रह्लादःपृथुरेवच। कुर्युरन्येमहीपालाः केचिच्च भरतादयः १२ यस्माद्विघ्नसहस्रेण महादानानिसर्वदा। रक्षन्तेदेवताःसर्वा एकैकमपि भूतले १३ एषामन्यतमंकुर्य्याद्वासुदेवप्रसादतः। नशक्यमन्यथाकर्तुमपिशक्रेणभूतले १४ तस्मादाराध्यगोविन्दमुमापतिविनायकौ। महादानमखंकुर्य्याद्विप्रैश्चैवानुमोदितः १५ एतदेवाहमनवे परिपृष्टोजनार्दनः। यथावदनुवक्ष्यामि श्रृणुध्वमृषिसत्तमाः! १६ (मनुरुवाच) महादानानियानीह पवित्राणिशुभानिच। रहस्यानिप्रदेयानि तानिमेक थयाच्युत! १७ (मत्स्य उवाच) यानिनोक्तानिगुह्यानि महादानानिषोडश। तानिते कथयिष्यामि यथावदनुपूर्वशः १८ तुलापुरुषयागोऽयं येषामादौविधीयते। अयनेविषु वेपुण्ये व्यतीपातेदिनक्षये १९ युगादिषूपरागेषु तथामन्वन्तरादिषु। संक्रान्तौवैधृ तिदिनेचतुर्दश्यष्टमीषुच २० सितपञ्चदशीपर्व द्वादशीष्वष्टकासुच। यज्ञोत्सवविवाहेषु दुःस्वप्नाद्भुतदर्शने २१ द्रव्यब्राह्मणलाभेवा श्रद्धावायत्रजायते। तीर्थेवायतनेगोष्ठे कू पारामसरित्सुच २२ गृहेवायतनेवापि तड़ागेरुचिरेतथा। महादानानिदेयानि संसारभ यभीरुणा २३ अनित्यंजीवितंयस्मात् वसुचातीवचञ्चलम्। केशेष्वेवगृहीतःसन् मृत्यु

हिरण्याश्व-आठवां हिरण्याश्वरथ-नवां हेमहस्तिरथ-दशवां पंचलांगलक-ग्यारहवांधरादान-बारहवां विश्वचक्र-तेरहवां कल्पलतात्मक-चौदहवां सप्तसागरक-पन्द्रहवां रत्नधेनुदान और सोलहवां महा-भूतघट यह सोलहदान हैं इन सबोंको, प्रथम प्रद्युम्न-श्रीकृष्ण-अंबरीष-सहस्राबाहु-प्रह्लाद-पृथु-और भरतादिक बहुत से राजा करतेभये ७। १२ इनसब दानों में से एक २ दानको सब देवता हजारों विघ्नोंसे रक्षित करते हैं १३ सोविष्णुभगवान्की कृपासे इन में से कोई एकभी बनजावेतो, उस केफलको इन्द्रभी अन्यथानहीं करसक्ताहै १४ इसलिये विष्णु भगवान्काआराधनकर शिवजी समेत गणेशजीकोपूज ब्राह्मणोंकी आज्ञालेकर महादानोंका यज्ञकरना चाहिये १५ प्रथमयही प्रश्न विष्णु भगवान से मनुजीनेभी कियाथा उसीकोमैंभी अपनी बुद्धिके अनुसार यथार्थता पूर्वक कहताहूं तुम चित्तसे श्रवण करो १६ मनुने पूछा हे भगवन् इसपृथ्वीपर जितने महादान हैं उनसबको आप मेरे आगेकहो १७ मत्स्यजी कहने लगे कि जो सोलहमहादान कहीं नहीं कहे हैं उनको मैं तेरे आगे यथार्थ क्रमसे कहताहूं १८ इन सबके पूर्वमें तुलापुरुष संज्ञक दानयज्ञ कहा है यह महादान समान दिनरात्रि- विषवकाल, व्यतीपातके दिन, युगादिनोंमें, ग्रहणोंमें, मन्वन्तरों के दिनोंमें, संक्रान्ति तथा वैधृति योगकेदिन, चतुर्दशी, अष्टमी, पूर्णिमा, द्वादशी, अष्टकयोग, यज्ञ उत्सव और विवाहमें दुःस्वप्न दर्शन में अथवा द्रव्य और ब्राह्मणके लाभमें वा श्रद्धामें तीर्थपर, देवमन्दिरमें, गौकेस्थान में कूप, वापी और तडागादिपर करनेकेयोग्यहै १९। २३ जीवनअनित्यहै धनचञ्चलायमान है, मृत्युस-

नाधर्ममाचरेत् २४ पुण्यांतिथिमथासाद्य कृत्वाब्राह्मणवाचनम्। षोड़शारात्निमात्रन्तु द
शद्वादशवाकरान् २५ मण्डपंकारयेद्विद्वान् चतुर्भद्रासनंबुधः। सप्तहस्ताभवेद्वेदी मध्ये
पञ्चकरातथा २६ तन्मध्येतोरणंकुर्य्यात् सारदारुमयंबुधः। कुर्य्यात्कुण्डानिचत्वारि च
तुर्दिक्षुविचक्षणः २७ समेखलायोनियुतानिकुर्य्यात् सम्पूर्णकुम्भानिसहासनानि। सुता
म्रपात्रद्वयसंयुतानि सयज्ञपात्राणिसुविष्टराणि २८ हस्तप्रमाणानितिलाज्यधूप पुष्पोप
हाराणिसुशोभनानि। पूर्वोत्तरेहस्तमिताथवेदी ग्रहादिदेवेश्वरपूजनाय २९ अत्रार्चनंब्र
ह्मशिवाच्युतानां तत्रैवकार्य्यंफलमाल्यवस्त्रैः। लोकेशवर्णाःपरितःपताकामध्येध्वजः कि
ङ्किणिकायुतःस्यात् ३० द्वारेषुकार्य्याणिचतोरणानि चत्वार्य्यपिक्षीरवनस्पतीनाम्। द्वा
रेषुकुम्भद्वयमत्रकार्य्यं स्रग्गन्धधूपाम्बररत्नयुक्तम् ३१ शालेङ्गुदीचन्दनदेवदारु श्री
पर्णिविल्वप्रियकाञ्चनोत्थम्। स्तम्भद्वयंहस्तयुगावखातं कृत्वादृढंपञ्चकरोच्छ्रितञ्च ३२
तदन्तरंहस्तचतुष्टयंस्यादथोदरङ्गश्चतदङ्गमेव। समानजातिश्चतुलावलम्ब्या हैमेन
मध्येपुरुषेणयुक्ता ३३ दैर्घ्येणसाहस्तचतुष्टयंस्यात् पृथुत्वमस्यास्तुदशाङ्गुलानि। सु
वर्णपट्टाभरणातुकार्य्या सालोहपाशद्वयशृङ्खलाभिः ३४ युतासुवर्णेनतुरत्नमाला विभूषि
तामाल्यविलेपनाभ्याम्। चक्रंलिखेद्वारिजगर्भयुक्तं नानारजोभिर्भुविपुष्पकीर्णम् ३५ वि

दैववालोंको पकड़ेहिहुएहै ऐसीदशामें मनुष्यको धर्मका आचरण सदैव करना चाहिये २४ पुण्य
पवित्र तिथिकेदिन ब्राह्मणोंसे स्वस्तिवाचन करवाकर दश वा बारहहाथ अथवा सोलह अरत्नियों
का मंडप बनवावे (एकअरत्नि खुलीमुट्ठी अर्थात् हथेलीको कहतेहैं) विद्वान् पुरुष चतुर्भद्रासन मं-
डप बनवावे उसके सात वा पांच हाथकी वेदी बनवावे २५। २६ उसके मध्यमें उत्तमकाष्ठकी तो
रणबनवावे और चारों दिशाओंमें चार कुंडबनावे सबकुंडोंमें मेखला बनावे और पूर्णकुंभोंसे संयुक्त
करे फिर तांबेकेदो पात्रोंसमेत एकहाथ प्रमाणवाले यज्ञके विष्टरआदि पात्रोंको स्थापितकरे फिर
उनको तिल घृत धूप और पुष्पादिकोंसे शोभितकरे इसके सिवाय ईशानकोणमें एकहाथके विस्ता-
रकी ग्रहोंकीवेदी बनावे २७। २९ वहाँ ब्रह्मा विष्णु और शिव इनतीनोंका पूजनफल पुष्पादिसे
करे, चारोंओर लोकपालोंके वर्णकी पताकाबनावे मध्यमें किंकिणी जालीसेयुक्त ध्वजाबनावे और
द्वारपर दूधवाले पीपलआदि वृक्षोंकी चारतोरणबाँधे और मालावस्त्र और धूप इन्होंसे विभूषित कि-
येहुए कलशोंको स्थापितकरे और शाल इंगुदीवृक्ष चन्दन, देवदारु, लालवण, बेलपत्र और कचनार-
इतने वृक्षोंमेंसे किसीएक वृक्षके काष्ठके पांच २ हाथऊंचे और दो २ हाथ पृथ्वीमें गढ़ेहुए दोस्तंभ-
बनावे ३०। ३१ फिर समान जातिवाला पुरुष तुलाकोबांधे उसतुलाके मध्यमें सुवर्णके पुरुषको
स्थापितकरे उसतुलानाम तराजूमें चारहाथ लंबीडंडी लगाकर पलड़े दश १ अंगुलमोटे बनावे प-
लड़ोंमें सुवर्णकी पट्टी और आभूषण लगावे और दोनों ओरके पलड़ोंमें लोहेकी सांकल और इस
बनवावे फिर सुवर्ण रत्नोंकीमाला पुष्प और चन्दन इन्होंसे तुलाको विभूषितकर उसमें कमलका
चक्र लिखे और उसतुलाके नीचे पृथ्वीमें अनेक प्रकारकी रज और पुष्पोंको बखेरदेवे और तुला

नानकञ्चोपरिपञ्चवर्णं संस्थापयेत्पुष्पफलोपशोभम्। अथर्त्विजोवेदविदश्चकार्य्याः सुरू
पवेशान्वयशीलयुक्ताः ३६ विधानदक्षाःपटवोऽनुकूला येचार्य्यदेशप्रभवाद्विजेन्द्राः। गु
रुश्चवेदान्तविदार्य्यवंशसमुद्भवःशीलकुलाभिरूपः ३७ पुराणशास्त्राभिरतोऽतिदक्षः
प्रसन्नगम्भीरसरस्वतीकः। सिताम्बरःकुण्डलहेमसूत्र केयूरकण्ठाभरणाभिरामः ३८
पूर्वेणऋग्वेदविदावथास्तांयजुर्विदौदक्षिणतश्चशस्तौ। स्थाप्यौद्विजौसामविदौतुपश्चा
दाथर्वणावुत्तरतस्तुकार्य्यौ ३९ विनायकादिग्रहलोकपाल वस्वष्टकादित्यमरुद्गणानाम्।
ब्रह्माच्युतेशार्कवनस्पतीनां स्वमन्त्रतोहोमचतुष्टयंस्यात् ४० जप्यानिसूक्तानितथैवचे
षा मनुक्रमेणापियथास्वरूपम्। होमावसानेकृततूर्य्यनादो गुरुर्गृहीत्वाबलिपुष्पधूपम्।
आवाहयेल्लोकपतीन्क्रमेण मन्त्रैरमीभिर्यजमानयुक्तः ४१ एह्येहिसर्वामरसिद्धसाध्यै रभि
ष्टुतोवज्रधरोऽमरेशः। संवीज्यमानोऽप्सरसाङ्गणेन रक्षाध्वरन्नोभगवन्नमस्ते ४२ एह्येहि
सर्वामरहव्यवाह! मुनिप्रवीरैरभितोऽभिजुष्टः। तेजस्विनालोकगणेनसार्द्धं ममाध्वरंरक्ष
कवे! नमस्ते ४३ एह्येहिवैवस्वतधर्मराज! सर्वामरैरर्चितदिव्यमूर्ते!। शुभाशुभानन्द
शुचामधीश! शिवायनःपाहिमखंनमस्ते ४४ एह्येहिरक्षोगणनायकस्त्वं सर्वैस्तुवेताल
पिशाचसङ्घैः। ममाध्वरंपाहिशुभादिनाथ! लोकेश्वरस्त्वंभगवन्नमस्ते ४५ एह्येहियादो
गणवारिधीनाङ्गणेनपर्जन्यमहाप्सरोभिः। विद्याधरेन्द्रामरगीयमान!, पाहित्वमस्मान्न

काष्ठके ऊपर पांच रंगकी बन्दनवारबाँधे फिर वेदोंके ज्ञाता सुन्दररूप वेश और श्रेष्ठ स्वभावयुक्त सब विधानजाननेमें चतुर अनुकूल और आर्यदेशमें उत्पन्नहुए ऋत्विक वा पुरोहित बनाने चाहिये और वेदान्तज्ञ आर्य बंशोद्भव पुराणशास्त्रज्ञ प्रसन्न गंभीर बोलनेवाला श्वेतवस्त्र, कुंडल, सुवर्णकी तागड़ीवा जूबन्द और कंठ भूषणादिसे शोभितहुए पुरुषको गुरूबनावे ३३। ३८ और पूर्वदिशामें ऋग्वेदकेज्ञाता दो ब्राह्मण बैठावे, दक्षिणमें यजुर्वेदके जाननेवाले, पश्चिम में सामवेदके ज्ञाता दो ब्राह्मणों को और उत्तरमें अथर्व वेदके जाननेवाले दो ब्राह्मणों को बैठावे फिर वह सब विद्वान् अपने २ कुंडोंमें अपने २ वेदके मंत्रोंसे गणेश ग्रह, लोकपाल, अष्टवसु, आदित्य, मरुद्गण, ब्रह्मा विष्णु शिव और सूर्य इन सबके अर्थ हवनकरें ३९। ४० फिर अनुक्रमसे इन सब देवताओं के सूक्त और मंत्रोंको जपें हवनके अन्तमें वह पूर्वोक्त गुरु शंखभेरी आदिके शब्द करवाके पुष्प धूपादि से युक्तकीहुई बलियोंको ग्रहणकर क्रमपूर्वक मंत्रोंकरके लोकपालों का आवाहनकरे ४१ आवाहनमंत्रार्थ–हे सबदेवता समेत सिद्ध साध्यों से पूजित इन्द्र आप आइये, हे वज्रधारी अप्सरागणों से संवीज्यमान तुमको नमस्कार है आप हमारे यज्ञकी रक्षाकरिये ४२ हेअग्ने तुमआओ तुम मुनियोंसे सेवितहो आप तेज युक्त लोक गणों सहित होकर मेरे यज्ञकी रक्षाकरो मैं आपके अर्थ नमस्कार करताहूं ४३ हे धर्मराज आप आइये तुम सब देवताओं से पूजित दिव्य मूर्त्तिवाले होके शुभ अशुभ शोकादिके पतिहो आप हमारे कल्याण के अर्थ इस यज्ञकी रक्षाकरिये आपको नमस्कारहै ४४ हे रक्षोगणनायक नैर्ऋते आप आओ संपूर्ण बेताल पिशाच भूत प्रेतादिकों से युक्तहोकर मेरे इस यज्ञकी रक्षाकरो आपके अर्थ नमस्कारहै ४५

गवन्नमस्ते ४६ एह्येहियज्ञेममरक्षणाय मृगाधिरूढःसहसिद्धसङ्घैः। प्राणाधिपःकालक
वेःसहायः गृहाणपूजांभगवन्नमस्ते ४७ एह्येहियज्ञेश्वर! यज्ञरक्षां विधत्स्वनक्षत्रगणेन
सार्द्धम्। सर्वौषधीभिःपितृभिःसहैव गृहाणपूजांभगवन्नमस्ते ४८ एह्येहिविश्वेश्वर! न
स्त्रिशूल कपालखट्वाङ्गधरेणसार्द्धम्। लोकेशयज्ञेश्वरयज्ञसिद्ध्यै गृहाणपूजांभगवन्नम
स्ते ४९ एह्येहिपातालधराधरेन्द्र! नागाङ्गनाकिन्नरगीयमान!। यक्षोरगेन्द्रामरलोकसा
र्द्धमनन्त! रक्षाध्वरमस्मदीयम् ५० एह्येहिविश्वाधिपते! मुनीन्द्र! लोकेनसार्द्धंपितृदे
वताभिः। सर्वस्यधातास्यमितप्रभाव विशाध्वरन्नोभगवन्नमस्ते ५१ त्रैलोक्येयानिभूता
नि स्थावराणिचराणिच। ब्रह्मविष्णुशिवैःसार्द्धं रक्षांकुर्वन्तुतानिमे ५२ देवदानवगन्धर्वा
यक्षराक्षसपन्नगाः। ऋषयोमनवोगावो देवमातरएवच ५३ सर्वेममाध्वरेरक्षां प्रकुर्वन्तुमु
दान्विताःइत्यावाह्यसुरान्दद्यादृत्विग्भ्योहेमभूषणम् ५४ कुण्डलानिचहैमानि सूत्राणिक
टकानिच। अङ्गुलीयपवित्राणि वासांसिशयनानिच ५५ द्विगुणंगुरवेदद्याद् भूषणाच्छा
दनानिच। जपेयुःशान्तिकाध्यायं जापकाःसर्वतोदिशम् ५६ तत्रोषितास्तुतेसर्व्वे कृत्वैवम
धिवासनम्। आदावन्तेचमध्येच कुर्य्याद्ब्राह्मणवाचनम् ५७ ततोमङ्गलशब्देन स्नापि

हे वरुण आप आओ तुम जलोंके गण- समुद्र और पर्जन्य इन्हों से युक्त रहनेवाले अप्सरा- विद्याधर और देवताओं से स्तुतिकियेहुए हो आपके अर्थ नमस्कारहै आप हमारे यज्ञकी रक्षाकरो ४६ हेवायो तुम मेरी रक्षाके निमित्त इस यज्ञमें आओ पूजाको ग्रहणकरो और मृगपर चढ़ेहुए सिद्धों से युक्त प्राणाधिप कालके सहायक आपके अर्थ नमस्कार है ४७ हेयज्ञेश्वर चन्द्रमा आप नक्षत्रगणों सहित मेरे यज्ञमें आकर सर्वौषधी पितर और अमृत से युक्त होकर पूजा ग्रहणकरो और रक्षाकरो आपके अर्थ नमस्कारहै ४८ हेविश्वेश्वर महादेव पूजाकोग्रहणकरो तुम्हारेअर्थ नमस्कारहै हेलोकेश यज्ञेश्वर तुम यक्ष सिद्धादिसे युक्त त्रिशूल, कपाल और खट्वाङ्ग धारणकरके मेरी रक्षाकरो और पूजा ग्रहणकरो आपको नमस्कार है ४९ हेअनन्त पाताल धराधरेन्द्र नागोंकी स्त्री और किन्नरों से पूजित यक्ष उ- रग आदिकों से युक्त होकर मेरी पूजाको ग्रहणकरो आपको नमस्कारहै ५० हेविश्वाधिपते तुम पितृ देवतादिकों से युक्त मेरे यज्ञमें प्राप्तहो और सबके रचनेवाले हो हे भगवन् और हेब्रह्मन् आपको न- मस्कार है ५१ त्रिलोकी में जितने स्थावर जंगमादिक भूतहैं वह सब ब्रह्मा विष्णु और शिवआदिकों से युक्त होकर मेरी रक्षाकरो ५२ और देव, दानव, यक्ष, गन्धर्व, पन्नग, राक्षस, ऋषि, मनुष्य, गौ और देवमातर यह सब आनन्द से युक्त हो मेरे यज्ञमें मेरी रक्षाकरो, इस प्रकारसे सब देवताओं का आवा- हन करके ऋत्विगोंके अर्थ सुवर्णके आभूषण देवे ५३।५४ कुंडल, सुवर्णकीतागड़ी, कढूले, अंगूठी, पवित्र वस्त्र, और शय्या यह सब देवे और इन सबसे दूनी दक्षिणा गुरुके निमित्त देवे और सबदि- शाओं में बैठेहुए जपकरनेवाले ब्राह्मण लोग शान्तिकाध्याय जपें ५५।५६ उपवास करनेवाले ब्रा- ह्मण लोगोंको वहाँ यह सब विधानकरना योग्यहै और आदिमध्य तथा अन्तमें ब्राह्मणों को स्वस्ति- वाचनकरनाभी योग्यहै ५७ फिर मंगल शब्द करके वेदके मंत्रोंकरके ब्राह्मणों से अपना स्नानकरवा

तोवेदपुङ्गवैः। त्रिःप्रदक्षिणमावृत्य गृहीतकुसुमाञ्जलिः ५८ शुक्लमाल्याम्बरोभूत्वा तांतु
लामभिमन्त्रयेत्। नमस्तेसर्वदेवानां शक्तिस्त्वंसत्यमास्थिता ५९ साक्षिभूताजगद्धात्री
निर्मिताविश्वयोनिना। एकतःसर्वसत्यानि तथान्ततशतानिच ६० धर्माधर्मकृतांमध्येस्था
पितासिजगद्धिते। त्वंतुले! सर्वभूतानां प्रमाणमिहकीर्तिता ६१ मांतोलयन्तीसंसाराद्‌
द्धरस्वनमोऽस्तुते। योऽसौतत्वाधिपोदेवः पुरुषःपञ्चविंशकः ६२ सएकोऽधिष्ठितोदेवि!
त्वयितस्मान्नमोनमः। नमोनमस्तेगोविन्द! तुलापुरुषसंज्ञक ६३ त्वंहरे! तारयस्वा
स्मान्नस्मात्संसारकर्दमात्। पुण्यकालंसमासाद्य कृत्वैवमधिवासनम् ६४ पुनःप्रदक्षि
णांकृत्वा तुलामारोहयेद्बुधः। सखड्गचर्मकवचः सर्वाभरणभूषितः ६५ धर्मराजमथादा
य हैमंसूर्य्येणसंयुतम्। कराभ्यांबद्धमुष्टिभ्यामास्तेपश्यन्हरेर्मुखम् ६६ ततोऽपरेतुला
भागे न्यसेयुर्द्विजपुङ्गवाः। समादभ्यधिकंयावत् काञ्चनंचातिनिर्मलम् ६७ पुष्टिकाम
स्तुकुर्वीत भूमिसंस्थंनरेश्वरः। क्षणमात्रंततःस्थित्वा पुनरेवमुदीरयेत् ६८ नमस्तेसर्व
भूतानां साक्षिभूते! सनातनि!। पितामहेनदेवित्वं निर्मितापरमेष्ठिना ६९ त्वयाधृतंज
गत्सर्वं सहस्थावरजङ्गमम्। सर्वभूतात्मभूतस्थे! नमस्तेविश्वधारिणि ७० ततोऽवती
र्य्यगुरवे पूर्वमर्द्धंनिवेदयेत्। ऋत्विग्भ्योपरमर्धन्तु दद्यादुदकपूर्वकम् ७१ गुरवेग्रामर

के तीन प्रदक्षिणापूर्वक पुष्पोंकी अंजली ग्रहणकर श्वेतमाल और वस्त्रोंकोपहर उस तुलाको अभि-
मंत्रितकरे और कहे कि हेतुले तुम सब देवताओं की शक्ति हो आपके अर्थ नमस्कारहै ५८। ५९
तुम सबकी साक्षी जगद्धात्री और ब्रह्माजी से रचीहुई हो तुम्हारे एक ओर को संपूर्ण सत्य स्थितहैं
तुही धर्म और अधर्म करनेवालोंके बीच में स्थितहै हेतुले तुम सबका प्रमाण करनेवाली हो ६०। ६१
आप मुझको तोलती हुई संसार रूपी सागर से मुझे पार उतारो आप के अर्थ नमस्कार है और हे
देवि जो चौबीस तत्त्वोंका अधिपति पंचविंशतिक पुरुष है सो तुझमेंही स्थित है इसलिये तुझको
नमस्कार है-हेतुलापुरुषसंज्ञक गोविन्द तुमको नमस्कार है हे हरे तुम मुझको इस संसाररूपी
कीच से पार उतारो इसप्रकारसे अधिवासन करे ६२। ६४ फिर प्रदक्षिणा करके खड्ग चर्म और
आभूषण धारण करके उस तुलामें स्थित होवे ६५ उसमें बैठेहुए सुवर्णसे बनाई हुई धर्मराज की
मूर्त्तिको और हेम पुरुषको हाथों की मुट्ठी बाँधकर दोनों भुजाओं से उठावे और इस मूर्त्ति उठाने के
समय हरि भगवान् की मूर्त्तिके मुखको ओर देखतारहै फिर उत्तम ब्राह्मण लोग उस यजमान को
एक ओर तराजूके दूसरे पलड़ेमें बैठादेवें फिर पुष्टिकी कामना करनेवाला राजा अपने तुल्य प्रमाण
से भी अधिक सुवर्ण को पृथ्वी में रखकर क्षणमात्र स्थित होके इस वचनका उच्चारण करे कि हे देवि
तू सब भूतोंकी साक्षी रूपहै इसलिये तुझे नमस्कार है तुमको प्रथम ब्रह्माजी ने रचा है और तुम्ही
से यह स्थावर जंगम सब जगत् धारण होरहा है तू सब भूतोंकी आत्मभूत है विश्वको धारण करने
वाली है ऐसाकह उस तुलामें से उतर के उस संपूर्ण धनमें से आधा धन तो गुरुके अर्थ देदेवे और
आधेधन को संकल्प करके ऋत्विजों के अर्थ दानकरदे और उन्हीं की आज्ञा पाकर उस धनके कुछ

त्नानि ऋत्विग्भ्यश्चनिवेदयेत्। प्राप्यतेषामनुज्ञांतु तथान्येभ्योऽपिदापयेत् ७२ दीना
नाथविशिष्टादीन् पूजयेद् ब्राह्मणैःसह। नचिरंधारयेद्गेहे सुवर्णंप्रोक्षितंबुधः ७३ तिष्ठद्भ
यावहंयस्माच्छोकव्याधिकरंनृणाम्। शीघ्रंपरस्वीकरणाच्छ्रेयःप्राप्नोतिमानवः ७४ अनेन
विधिनायस्तु तुलापुरुषमाचरेत्। प्रतिलोकाधिपस्थाने प्रतिमन्वन्तरंवसेत् ७५ विमा
नेनार्कवर्णेन किङ्किणीजालमालिना। पूज्यमानोऽप्सरोभिश्च ततोविष्णुपुरंव्रजेत्। क
ल्पकोटिशतंयावत्तस्मिन्लोकेमहीयते ७६ कर्मक्षयादिहपुनर्भुविराजराजो भूपालमौलि
मणिरञ्जितपादपीठः। श्रद्धान्वितोभवतियज्ञसहस्रयाजी दीप्तप्रतापजितसर्वमहीपलो
कः ७७ योदीयमानमपिपश्यतिभक्तियुक्तः कालान्तरेस्मरतिवाचयतीहलोके। योवा
शृणोतिपठतीन्द्रसमानरूपः प्राप्नोतिधामसपुरन्दरदेवजुष्टम् ७८ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेत्रिसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७३ ॥

(मत्स्य उवाच) अथातःसम्प्रवक्ष्यामि महादानमनुत्तमम्। नाम्नाहिरण्यगर्भाख्यं
महापातकनाशनम् १ पुण्यंदिनमथासाद्य तुलापुरुषदानवत्। ऋत्विग्मण्डपसम्भार
भूषणाच्छादनादिकम् २ कुर्य्यादुपोषितस्तद्वल्लोकेशावाहनंबुधः। पुण्याहवाचनंकृत्वात
द्वत्कृत्वाधिवासनम् ३ ब्राह्मणैरानयेत्कुम्भं तपनीयमयंशुभम्। द्विसप्तत्यंगुलोच्छ्रायंहे
मपङ्कजगर्भवत् ४ त्रिभागहीनविस्तारमाज्यक्षीराभिपूरितम्। दशास्त्राणिचरत्नानिदा

भाग को अन्यों के अर्थ भी बाँट देवे ६६। ७२ दीन-अनाथ-उत्तम शिष्ट पुरुष और ब्राह्मण इन
सबका पूजनकरे और संकल्प किये हुए इस तुलादान के सुवर्णको बुद्धिमान् पुरुष बहुत देरतक घर
में नहीं रक्खे-ऐसे धनको जो बहुत दिनतक घरमें रक्खे तो उस मनुष्यके भय शोक और व्याधि
उत्पन्न होती है और शीघ्रही अन्योंको बाँट देवे तो परमकल्याण होता है ७३। ७४ इस विधि से
जो पुरुष तुला दान करते हैं वह एक २ मन्वन्तर में एक २ लोकेशके स्थानमें वास करते हैं ७५
इस तुला दानका करनेवाला सूर्य्यके समान कान्तियुक्त किंकिणी जाली और मालाओंसे विभूषित
विमान में बैठ अप्सराओं से पूजित होकर विष्णुलोक में प्राप्तहोताहै और किरोड़ों कल्पोंतक वहां
वासकरताहै ७६ फिर क्षीण पुण्य होनेपर यहां पृथ्वी लोकमें जन्मलेकर संपूर्ण राजाओं का शिरोम-
णिराजा होताहै और श्रद्धायुक्त होकर हजारों यज्ञकरके अपनेप्रतापसे संपूर्णराजाओंको जीतलेताहै
और जो अन्यके दियेहुए भी इस दानको भक्ति से देखकर कालान्तर में स्मरण करता है अथवा
अन्योंको सुनाताहै वा इस विधिको पढ़तासुनताहै वह भी इन्द्रसे सेवित कियेहुए स्वर्ग लोक में प्राप्त
होता है ७७। ७८॥ इति श्री मत्स्यपुराणभाषाटीकायांत्रिसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७३॥

मत्स्यजी बोले-अब उत्तम हिरण्यगर्भनाम वाले महापातकनाशक महादान को कहते हैं १
पुण्य पवित्र दिनमें तुला पुरुष दान के सदृश ऋत्विग् मण्डप-सामग्री-भूषण और आच्छादन
आदिको संचितकरे-पूर्वकेही समान उपवास व्रत करके लोकपालों का आवाहनकरे फिर पुण्या-
हवाचन करवाकर अधिवासन करवावे-फिर ब्राह्मणों करके सुन्दर शुभ सुवर्णके कलशको मँगवावे

त्रींसूचींतथैवच ५ हेमनालंसपिठकं वहिरादित्यसंयुतम्। तथैवावरणंनाभेरुपवीतश्चका
ञ्चनम् ६ पार्श्वतःस्थापयेत्तद्वत् हैमदण्डकमण्डलू। पद्माकारंपिधानंस्यात् समन्तादं
गुलादिकम् ७ मुक्तावलीसमोपेतं पद्मरागसमन्वितम्। तिलद्रोणोपरिगतंवेदिमध्येव्य
वस्थितम् ८ ततोमङ्गलशब्देन ब्रह्मघोषरवेणच। सर्वौषध्युदकस्नानस्नापितोवेदपुङ्ग
वैः ९ शुक्लमाल्याम्बरधरः सर्वाभरणभूषितः। इममुच्चारयेन्मन्त्रं गृहीतकुसुमाञ्जलिः १०
नमोहिरण्यगर्भाय हिरण्यकवचायच। सप्तलोकसुराध्यक्ष जगद्धात्रेनमोनमः ११ भूर्लो
कप्रमुखालोकास्तवगर्भेव्यवस्थिताः। ब्रह्मादयस्तथादेवाः नमस्तेविश्वधारिणे १२ न
मस्तेभुवनाधार! नमस्तेभुवनाश्रय!। नमोहिरण्यगर्भाय गर्भेयस्यपितामहः १३ यत
स्त्वमेवभूतात्मा भूतेभूतेव्यवस्थितः। तस्मान्मामुद्धराशेष दुःखसंसारसागरात् १४ एव
मामन्त्र्यतन्मध्यमाविश्यास्तउदङ्मुखः। मुष्टिभ्यांपरिसंगृह्य धर्मराजचतुर्मुखौ १५ जानु
मध्येशिरःकृत्वा तिष्ठेदुच्छ्वासपञ्चकम्। गर्भाधानंपुंसवनं सीमन्तोन्नयनंतथा १६ कुर्युर्हि
रण्यगर्भस्य ततस्तेद्विजपुङ्गवाः। गीतमङ्गलघोषेण गुरुरुत्थापयेत्ततः १७जातकर्मादिकाः
कुर्युः क्रियाःषोडशचापराः। सूच्यादिकञ्चगुरवे दद्यान्मन्त्रमिमंजपेत् १८ नमोहिरण्यग

वह बहत्तर अंगुल ऊंचा सुवर्ण कमलके गर्भ के समान तीन भागमें विस्ताररहित घृत और दूधसे भरा हुआ दश अस्त्र–रत्न-दरांती सूई-सुवर्ण की नाली और पिटारी इन सबको उसके भीतर भरकर वाहरकीओर सूर्य्यकी मूर्त्तिसे युक्तकरे फिर नाभिको ढककर सुवर्णका यज्ञोपवीत पहिरावे ९ – ६ उस हिरण्यगर्भ कलशके बराबर में सुवर्णका दंड और कमंडलु स्थापितकरे फिर इसको एकअंगुल लंबे कमलके आकारके समान वस्त्रसे ढकदेवे और मोतियोंकी लड़ी वा पुखराज रत्नको स्थापित करे फिर एकद्रोणभर तिलोंको अर्थात् ३२ सेर तिलोंको वेदीकेऊपर स्थापितकर हिरण्यगर्भ कल-शको वस्त्र सहित स्थापितकरै ७। ८ तदनन्तर मंगलशब्द करके और ब्राह्मणों से वेदकापाठकरवा सर्वौषधीके जलसे यजमान स्नान करके श्वेतमाला, वस्त्र और भूषणोंको धारणकरे फिर पुष्पांजली लेकर इसमंत्रका उच्चारणकरे ९–१० हिरण्यगर्भयुक्त हिरण्यकवचवाले सप्तलोक वा देवताओं के अधिपति और जगद्धाता ऐसेविष्णु भगवान्के अर्थ नमस्कारहै ११ हेदेव भूलोकआदि सवलोक तु-म्हारे गर्भमें स्थितहैं और ब्रह्मादिक देवताभी तुम्हारे गर्भमें स्थितहैं आप विश्वके धारण करनेवाले हो ऐसे आपके अर्थ नमस्कारहै १२ हे भुवनाधार भुवनाश्रय जो कि आपकेगर्भमें पितामह ब्रह्माजी ठहरतेहैं ऐसे आपके अर्थ नमस्कारहै १३ तुमही भूतात्मा और सवभूतोंमें पृथक् २ स्थितहो इसी से संसाररूपी सवदुःखोंको आपहरिये १४ ऐसेआमंत्रितकर फिर उस हिरण्यगर्भ के मध्यमें प्रवेश कर उत्तरको मुखकरके धर्मराज और ब्रह्माकी मूर्त्तिको हाथोंकी मुट्ठियोंमें पकड़लेवे और घोंटुओंके मध्यमें शिरकरके पांचदफे श्वासलेवे फिर वह उत्तम वेदपाठी ब्राह्मण उस हिरण्यगर्भका गर्भाधान, पुंसवन, और सीमन्तादिक कर्मकरे फिर गुरु ब्राह्मण गीतमंगल शब्दपूर्वक यजमानका उत्थापन करे १५। १७ पीछे जातकर्मादि सोलहकर्मोंकोकरे और वह यजमान उन सूई आदि वस्तुओंकोगुरु

र्भाय विश्वगर्भायवैनमः । चराचरस्यजगतो गृहभूतायवैनमः १९ यथाहंजनितःपूर्वम र्त्यधर्मासुरोत्तम! । त्वद्गर्भसम्भवादेष दिव्यदेहोभवाम्यहम् २० चतुर्भिःकलशैर्भूयःतत स्तेद्विजपुङ्गवाः । स्नापयेयुःप्रसन्नागाः सर्वाभरणभूषिताः २१ देवस्यत्वेतिमन्त्रेणस्थित स्यकनकासने । अद्यजातस्यतेऽङ्गानि अभिषेक्ष्यामहेवयम् २२ दिव्येनानेनवपुषाचिरं जीवसुखीभव । ततोहिरण्यगर्भंतन्तेभ्योदद्याद्विचक्षणः २३ तेपूज्याःसर्वभावेन बहवो वातदाज्ञया । तत्रोपकरणंसर्वंगुरवेविनिवेदयेत् २४ पादुकोपानहच्छत्र चामरासन भाजनम् । ग्रामंवाविषयंवापि यदन्यदपिसम्भवेत् २५ अनेनविधिनायस्तु पुण्येऽह्ननिनि वेदयेत् । हिरण्यगर्भदानंस ब्रह्मलोकेमहीयते २६ पुरेषुलोकपालानां प्रतिमन्वन्तरंवसे त् । कल्पकोटिशतंयावद् ब्रह्मलोकेमहीयते २७ कलिकलुषविमुक्तःपूजितःसिद्धसाध्यैरम रचमरमालावीज्यमानोप्सरोभिः । पितृशतमथबन्धून् पुत्रपौत्रान्प्रपौत्रान्अपिनरकनि मग्नांस्तारयेदेकएव२८इतिपठतियइत्थंयःशृणोतीहसम्यक् मधुरिपुरिवलोकेपूज्यतेसोऽ पिसिद्धैःमतिमपिचजनानांयोददातिप्रियार्थंविबुधपतिजनानांनायकःस्यादमोघम् २९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेचतुःसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७४ ॥

के निमित्त देकर इस मंत्रका उच्चारणकरे १८ हिरण्यगर्भ विश्वगर्भ और चराचर जगत् के घररूप आपको नमस्कारहै १९ हे देव जैसे आपने प्रथम मर्त्य धर्मवाला मुझको उत्पन्नकियाहै वैसेही अब आपके गर्भसे उत्पन्नहोनेके कारण मैं दिव्यदेहवाला होजाऊं २० इसके पीछे वह ब्राह्मण संपूर्ण आभूषणोंसे विभूषित होके चार कलशोंसे यजमानको स्नान करवावे अर्थात् सुवर्णके आसनपर बैठाकर देवस्यत्वा सविता० इसमंत्रसे स्नानकरवावे और ऐसाकहैकि अब उत्पन्नहुए तेरे अंगोंकाहम अभिषेक करेंगे २१।२२ तुम इस दिव्यशरीरकरके बहुत कालतक जीतेहुए सुखीरहो फिर उसहिरण्यगर्भको ऋत्विग् ब्राह्मणोंके अर्थ देदेवे २३ वह ऋत्विग् थोड़ेहों या बहुतहों सबको पूजे और सामग्री की सब वस्तुगुरुको निवेदनकरे २४ और खड़ाऊं, जूती जोड़ा, छत्री, चँवर, आसन, पात्र ग्राम और देश इनमेंसे शक्तिके अनुसार जिन २ वस्तुओंकी श्रद्धा देनेकी हो उनकाही दानकरे २५ इस पूर्वोक्त विधिसे जो पुरुष इस हिरण्यगर्भ नामवाले दानको पवित्र दिनमें करेगा वह ब्रह्मलोकमें प्राप्तहोगा २६ और मनु २ के अन्तरमें एक२ लोकपालोंके लोकों में क्रमपूर्वक वासकरके किरोड़ों कल्पों तक २७ कलियुगके पापोंसे छुटाहुआ सिद्ध साध्योंसे पूजित अप्सरागणोंसे सेवित होकर बड़े आनन्दपूर्वक ब्रह्मलोकमें वासकरेगा यह पुरुष अपने सैकड़ों पितर भाई बन्धु पुत्र पौत्रादिकोंकाभी अकेलाही उद्धार करनेवाला होताहै २८ इस दानको जो पढ़ताहै वा सुनता है वह विष्णुलोक में प्राप्त होताहै और जो पुरुष इस दानकरनेकी किसीको अनुमति देताहै वहभी स्वर्गलोक में देवताओंका पति इन्द्र होता है २९ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांचतुःसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७४ ॥

(मत्स्य उवाच) अथातःसम्प्रवक्ष्यामि ब्रह्माण्डविधिमुत्तमम्। यच्छ्रेष्ठंसर्वदानानां महापातकनाशनम् १ पुण्यंदिनमथासाद्य तुलापुरुषदानवत्। ऋत्विग्मण्डपसम्भार भूषणाच्छादनादिकम् २ लोकेशावाहनंकुर्य्यादधिवासनकंतथा। कुर्य्याद्विंशपलादूर्ध्वमा सहस्राच्चशक्तितः ३ कलशद्वयसंयुक्तं ब्रह्माण्डंकाञ्चनंबुधः। दिग्गजाष्टकसंयुक्तं षड्वेदाङ्गसमन्वितम् ४ लोकपालाष्टकोपेतं मध्यस्थितचतुर्मुखम्। शिवाच्युतार्कशिखरमुमालक्ष्मीसमन्वितम् ५ वस्वादित्यमरुद्गर्भं महारत्नसमन्वितम्। वितस्तेरंगुलशतं यावदायामविस्तरम् ६ कौशेयवस्त्रसंवीतं तिलद्रोणोपरिन्यसेत्। तथाष्टादशधान्यानि समन्तात्परिकल्पयेत् ७ पूर्वेणानन्तशयनं प्रद्युम्नंपूर्वदक्षिणे। प्रकृतिंदक्षिणेदेशे सङ्कर्षणमतःपरम् ८ पश्चिमेचतुरोवेदाननिरुद्धमतःपरम्। अग्निमुत्तरतोहैमं वासुदेवमतःपरम् ९ समन्तादुगुडपीठस्थानर्चयेत्काञ्चनान्बुधः। स्थापयेद्वस्त्रसंवीतान् पूर्णकुम्भान्दशैवतु १० दशैवधेनवोदेयाः सहेमाम्बरदोहनाः। पादुकोपानहच्छत्र चामरासनदर्पणैः। भक्ष्यभोज्यान्नदीपेक्षुफलमाल्यानुलेपनैः ११ होमाधिवासनान्तेचस्नापितोवेदपुङ्गवैः। इममुच्चारयेन्मंत्रंत्रिःकृत्वाथप्रदक्षिणम् १२ नमोऽस्तुविश्वेश्वर! विश्वधाम! जगत्सवित्रेभगवन्नमस्ते। सप्तर्षिलोकामरभूतलेश! गर्भेणसार्द्धंवितराभिरक्षाम् १३ येदुःखितास्तेसुखिनोभवन्तु

मत्स्यजीबोले-कियह दान महापातकोंका नाश करनेवाला और सब दानों में श्रेष्ठहै १ इसके अनन्तर तुलापुरुष दानके सदृश ऋत्विक्-मंडप और आभूषणादिक सामग्रियोंको इकट्ठीकरके पवित्र, दिनमें लोकपालोंका आवाहनकरे और अधिवासनकरे-बुद्धिमान् पुरुष २० पलसे ऊपर हजार पलतक अपनी शक्तिके अनुसार सुवर्णका ब्रह्मांड बनवावे यह ब्रह्माण्ड दोकलशोंसे युक्तहोकर बनता है और (पलचारतोलेकाहोताहै) इस ब्रह्माण्डके चारों ओर आठदिग्गज हाथी और छःवेदांग शास्त्र इनको स्थापित करे २।४ उस ब्रह्मांडके चारमुख बनाकर उसके चारोंओर अष्टलोकपालोंकी मूर्त्ति बनाकर शिव विष्णु-सूर्य्य-पार्वती और लक्ष्मी इनकीभी मूर्त्तियोंसे संयुक्तकरे औरवसु आदित्य और मरुद्गण इनको गर्भमें स्थापितकरे उस ब्रह्माण्डकी लंबाई एक बिलस्तसे लेकर सौअंगुलतककी करके रेशमी वस्त्रसे ढक उसको ३२ सेर तिलोंपर स्थापित करदे फिर उसकेचारों ओर आठधातु धरदे ५।७ पूर्व्वकी ओर अनन्त भगवान्की शय्या-दक्षिणमें प्रद्युम्नजीकी शय्या और दक्षिणही में माया-तथा संकर्षण नाम बलदेवजी की मूर्त्तिबनादे- पश्चिम में चारों वेदोंसमेत अनिरुद्धको स्थापितकरे-उत्तरमें अग्निकी मूर्त्ति और स्वर्णमयी वासुदेव भगवान्की मूर्त्ति स्थापितकरे ८।९ उसके चारों ओर दशसुवर्णके पूर्ण कलश स्थापितकरे और उनपर गुड़धरकर कसूमे वस्त्र ढकदे और पूजनकरे और सुवर्णवस्त्र-दोहनीपात्र-इन समेत दशगौओं का दानकरे खड़ाऊं-धोतीजोड़ा-छत्री-चँवर-आसन-दर्पण-भक्ष्यभोज्य पदार्थ दीपक-इक्षुफल-पुष्प और चन्दन इनसब काभी गौओंकेही साथ दानकरे १०।११ और होम वा अधिवासन कर्मके अन्तमें वह यजमान वेदपाठी ब्राह्मणोंके द्वारा स्नानकरवाकर तीनवार प्रदक्षिणाकर इसमंत्रका उच्चारणकरै १२ हे विश्वेश्वर विश्वधाम

प्रयान्तुपापानिचराचराणाम्। त्वद्दानशस्त्राहतपातकानां ब्रह्माण्डदोषाःप्रलयंव्रजन्तु १४ एवंप्रणम्यामरविश्वगर्भं दद्याद्द्विजेभ्योदशधाविभज्य। भागद्वयंतत्रगुरोःप्रकल्प्य समं भजेच्छेषमनुक्रमेण १५ स्वल्पेचहोमंगुरुरेकएव कुर्य्यादथैकाग्निविधानयुक्त्या। सए वसम्पूज्यतमोऽल्पवित्ते यथोक्तवस्त्राभरणादिकेन १६ इत्थंयएतदखिलंपुरुषोऽत्रकुर्य्या द् ब्रह्माण्डदानमधिगम्यमहद्विमानम्। निर्धूतकल्मषविशुद्धतनुर्मुरारेरानन्दकृत्पदमु पैतिसहाप्सरोभिः १७ सन्तारयेत्पितृपितामहपुत्रपौत्र बन्धुप्रियातिथिकलत्रशताष्टकं सः। ब्रह्माण्डदानशकलीकृतपातकौघमानन्दयेच्चजननीकुलमप्यशेषम् १८ इतिपठति शृणोतिवायएतत् सुरभवनेषुगृहेषुधार्मिकाणाम्। मतिमपिचददातिमोदतेऽसावमरपते र्भवनेसहाप्सरोभिः १९॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेपंचसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७५॥

(मत्स्यउवाच) कल्पपादपदानाख्यमतःपरमनुत्तमम्। महादानंप्रवक्ष्यामि सर्वपा तकनाशनम् १ पुण्यंदिनमथासाद्य तुलापुरुषदानवत्। पुण्याहवाचनंकृत्वा लोकेशा वाहनंतथा २ ऋत्विग्मण्डपसम्भारभूषणाच्छादनादिकम्। काञ्चनंकारयेद्वृक्षं ना नाफलसमन्वितम् ३ नानाविहगवस्त्राणि भूषणानिचकारयेत्। शक्तितस्त्रिपलादूर्ध्वमा सहस्रंप्रकल्पयेत् ४ अर्धक्लृप्तसुवर्णस्य कारयेत्कल्पपादपम्। गुडप्रस्थोपरिष्टाच्च सितव

भगवन् आपको नमस्कारहै तुम सब लोकोंके ईशहो मेरीरक्षाकरो हे देव जोदुःखी पुरुषहैं वा पापी हैं वहभी आपकेदानरूपी शस्त्रसे अपने २ पापोंको काटके सुखी होजाते हैं इस प्रकारसे उस विश्व-गर्भको अर्थात् उक्त प्रकारसे बनाये हुए ब्रह्माण्डको प्रणाम करके उसके दशभागकर ब्राह्मणोंको बाँटदेवे-और स्वल्पधनके कार्य्य में अकेला गुरुही अग्निहोत्र विधानसे हवनकर देवे और उसी अ-केले गुरुको वह सब वस्त्र आभूषणादिक देनेकेयोग्यहैं १३।१६ जोपुरुष इस प्रकारसे इसब्रह्माण्ड दानको करताहै वहसब पापोंसे छुटकर विमानमें बैठ विष्णुलोकमें प्राप्तहो अप्सरागणोंसे सेवित होताहै १७ और इस ब्रह्माण्ड दानके प्रभावसे मातापिताके कुटुम्बभरके पापोंके खंडकरके पिता पितामह बंधु और स्त्री इनसबको आनन्दकरवाता है १८ जोपुरुष इस कथाको पढ़ता है वा सुन-ताहै अथवा किसीको करनेकी अनुमति देताहै वह इन्द्रके स्वर्गलोकमें प्राप्तहोके अप्सराओं के साथ रमण करताहै १९॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांपंचसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७५॥

मत्स्यजी बोले—अब कल्पपादप नाम महापातकोंके नाशक महादानको कहते हैं १ उक्त तुला पुरुषकेही समान पवित्रदिनमें पुण्याहवाचन करवाके लोकपालों का आवाहनकरे २ और ऋत्विक् मंडप-आभूषण और वस्त्र यह सब पूर्वकेही सदृश ग्रहण करने योग्यहैं अनेकप्रकार के फलों से युक्त सुवर्णका वृक्ष बनावे और वृक्षके पक्षियोंके अनेकप्रकारके वस्त्र और आभूषण बनावे यह वृक्ष शक्ति के अनुसार तीन पलसे ऊपर हज़ार पलतक सुवर्णका बनताहै (एक पल चार तोले का होता है)

स्त्रयुगान्वितम् ५ ब्रह्मविष्णुशिवोपेतं पञ्चशाखंसभास्करम्। कामदेवमधस्ताच्च सकल
त्रंप्रकल्पयेत् ६ सन्तानंपूर्वतस्तद्वत्तुरीयांशेनकल्पयेत्। मन्दारंदक्षिणेपार्श्वे श्रियासार्धं
घृतोपरि ७ पश्चिमेपारिजातन्तु सावित्र्यासहजीरके। सुरभीसंयुतंतद्वत्तिलेषुहरिचन्द
नम् ८ तुरीयांशेनकुर्वीत सौम्येनफलसंयुतम्। कौशेयवस्त्रसम्वीतानिक्षुमाल्यफलान्वि
तान् ९ तथाष्टौपूर्णकलशान् पादुकाशनभाजनम्। दीपिकोपानहच्छत्र चामरासनसंयु
तम् १० फलमाल्ययुतंतद्वदुपरिष्टात्वितानकम्। तथाष्टादशधान्यानि समन्तात्परि
कल्पयेत् ११ होमाधिवासनान्तेच स्नापितोवेदपुङ्गवैः। त्रिःप्रदक्षिणमावृत्य मन्त्रमेतमु
दीरयेत् १२ नमस्तेकल्पवृक्षाय चिन्तितार्थप्रदायिने। विश्वम्भरायदेवाय नमस्तेवि
श्वमूर्तये १३ यस्मात्त्वमेवविश्वात्मा ब्रह्मास्थाणुर्दिवाकरः। मूर्तोऽमूर्तपरंवीजमतःपा
हिसनातन! १४ त्वमेवामृतसर्वस्वमनन्तःपुरुषोऽव्ययः। सन्तानाद्यैरुपेतोस्मान् पा
हिसंसारसागरात् १५ एवमामन्त्र्यतंदद्यात् गुरवेकल्पपादपम्। चतुर्भ्यश्चाथऋत्वि
ग्भ्यः सन्तानादीन्प्रकल्पयेत् १६ स्वल्पेत्वेकाग्निवत्कुर्य्यात् गुरवेचाभिपूजनम्। न
वित्तशाठ्यंकुर्वीत नचविस्मयवान्भवेत् १७ अनेनविधिनायस्तु महादानंनिवेदयेत्।
सर्वपापविनिर्मुक्तः सोऽश्वमेधफलंलभेत् १८ अप्सरोभिःपरिवृतःसिद्धचारणकिन्नरैः। भू

३। ४ इस सुवर्णके कल्पवृक्षको ३२ सेर प्रमाण गुड़की राशिके ऊपर स्थापितकर श्वेत बस्त्र उढ़ा
देवे ५ और ब्रह्मा विष्णु-शिव-सूर्य्य और कामदेव इन पांचों देवताओं की मूर्त्तियों से युक्त पांचशा-
खा बनावे और स्त्री सहित कामदेवको नीचे की शाखा में बनावे और इस कल्पवृक्षसे चतुर्थांश
सन्तान वृक्षको पूर्व्वकी ओर स्थापित करे मंदार वृक्ष लक्ष्मी से युक्तकर घृतके ऊपर दक्षिण में स्था-
पितकरे पश्चिममें सावित्रीकी मूर्त्ति से युक्त किये हुए पारिजात वृक्षको जीरे के ऊपर स्थापितकरे
ऐसेही सुरभि गौ से युक्तहुए हरिचन्दन वृक्षको उत्तरदिशामें तिलोंके ऊपर स्थापित करे ६।७ इनसव
वृक्षोंको प्रथमसे चौथाई प्रमाणके बनावे और कुसुंभी वस्त्र ईखका गांडा और फल इत्यादिसे युक्त
करे ८ और आठ पूर्ण कलशों को, पादुका, भोजनपात्र, दीपक, जूतीजोड़ा, छत्री, चँवर और आसन
इत्यादि पदों सहित दानकरे और उनके ऊपर फल, पुष्प और तोरणादिक स्थापितकरे और चारों
ओर आठ वा दश धान्योंको स्थापितकरे ९।११ जब होम और अधिवास होजाय तब यजमान वेदके
मंत्रोंसे स्नानकरवा तीनवार प्रदक्षिणाकर इस मंत्रार्थका उच्चारणकरे १२ कि चिन्तित प्रयोजनके
दाता विश्वभरण विश्वमूर्त्ति कल्पवृक्षको नमस्कार है १३ तुमही विश्वात्मा ब्रह्मा हो दिवाकर हो
सनातन हो और परमबीज हो इस निमित्त मेरी रक्षाकरो १४ अमृत हो अनन्त हो अव्यय पुरुषहो
ऐसे सन्तानादि वृक्षोंसे युक्तहुए तुम संसार सागरसे मेरी रक्षाकरो १५ इस प्रकार अभिमंत्रितकरके
उस वृक्षको गुरुके अर्थ देदेवे और उन सन्तानादि वृक्षोंको चार ऋत्विगों के अर्थ देदेवे १६ जो स्वल्प
धनवालाहो तोकेवल गुरुकाही पूजनकरे वित्तके लोभसेरहित होकरकिसी प्रकार काभी आश्चर्य्य न
करे १७ इस विधिसे जोकोई इस महादानको देताहै वह सब पापोंसे रहितहोकर अश्वमेध यज्ञके

तान्भाव्यांश्चमनुजांस्तारयेत्गोत्रसंयुतान् १९ स्तूयमानोदिवःपृष्ठे पितृपुत्रप्रपौत्र
कान्। विमानेनार्कवर्णेन विष्णुलोकंसगच्छति २० दिविकल्पशतंतिष्ठेत् राजराजोभवे
त्ततः। नारायणबलोपेतो नारायणपरायणः। नारायणकथासक्तो नारायणपुरंव्रजेत् २१
योवापठेत्सकलकल्पतरुप्रदानं योवाशृणोतिपुरुषोऽल्पधनःस्मरेद्वा। सोऽपीन्द्रलोकम
धिगम्यसहाप्सरोभिर्मन्वन्तरंवसतिपापविमुक्तदेहः २२॥

इति श्रीषट्सप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७६॥

(मत्स्यउवाच) अथातःसम्प्रवक्ष्यामि महादानमनुत्तमम्। गोसहस्रप्रदानाख्यं
सर्वपापहरंपरम् १ पुण्यांतिथिंसमासाद्य युगमन्वन्तरादिकीम्। पयोव्रतंत्रिरात्रंस्यादे
करात्रमथापिवा २ लोकेशावाहनंकुर्य्यात् तुलापुरुषदानवत्। पुण्याहवाचनंकुर्याद्धोमः
कार्यस्तथैवच ३ गोसहस्रंबहिःकुर्याद्वस्त्रमाल्यविभूषणम्। सुवर्णशृङ्गाभरणंरौप्यपादस
मन्वितम् ४ अन्तःप्रवेश्यदशकं वस्त्रमाल्यैश्चपूजयेत्। सुवर्णघण्टिकायुक्तं कांस्यदोहन
कान्वितम् ५ सुवर्णतिलकोपेतं हेमपट्टैरलंकृतम्। कौशेयवस्त्रसम्वीतं माल्यगन्धसम
न्वितम् ६ हेमरत्नमयैःशृङ्गैश्चामरैरुपशोभितम्। पादुकोपानहच्छत्रभाजनासनसंयुतम्
७ गवांदशकमध्येस्यात् काञ्चनोनन्दिकेश्वरः। कौशेयवस्त्रसम्वीतो नानाभरणभूषितः
८ लवणद्रोणशिखरे माल्येक्षुफलसंयुतः। कुर्यात्पलशतादूर्ध्वं सर्वमेतदशेषतः ९ श

फलको प्राप्तहोताहै १८ और अप्सरा सिद्ध चारण और किन्नरादिकों सेभी पूजाजाताहै इनबातोंके सिवाय वह अपने भूत वर्त्तमान और भविष्य पुरुखाओं कोभी पार उतार देता है १९ और सूर्य्यके सदृश कान्तिवाले विमानमें बैठ देवताओं से स्तूयमान होकर विष्णु लोकमें प्राप्त होताहै २० वहां सैकड़ों कल्पोंतक वासकरके दूसरे जन्ममें राजाहो नारायणकीकथा भक्ति में तत्परहो फिर नारायणहीके पुरमें प्राप्तहोजाताहै २१ जोपुरुष इस कल्पवृक्षके दानको पढ़ताहै वहभी अप्सरागणोंसे युक्त होकर एक मनुतक स्वर्गलोकमें वासकरताहै और सब पापोंसे छुटजाताहै २२॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांषट्सप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७६॥

मत्स्यजीबोले अब सब पापोंके हरनेवाले गोसहस्रनामक उत्तम दानको कहते हैं १ युग अथवा मन्वंतर आदिकों की पवित्र तिथिमें जब इस दानको करे तो पहले तीनरात्रितक वा एकहीरात्रितक दूधकाव्रतकरे फिर तुलापुरुष दानके सदृश लोकपालोंका आवाहनकर स्वस्तिवाचन पूर्वक हवन करवावे फिर वस्त्र-पुष्प माला-और आभूषणादिकोंसे विभूषितकर हज़ार गौओंको सुवर्णके सींग रूपे के खुरोंसे युक्तकरके बाहरनिकाले २। ४ फिर दशगौओंको वस्त्रमाला सुवर्णकी घंटी कांसीके दोहनीपात्र सुवर्णकी पट्टीसे शोभित रक्तवस्त्रगन्ध और मालाओंसे युक्त पादुका, जूती जोड़ा, छत्री पात्र आसनादि समेत करके ५। ७ उन दशोंके मध्यमें सुवर्णका नन्दिकेश्वर वृषभ बनावे उसको रक्त वस्त्र और अनेकप्रकारके आभूषण पहरांके द्रोणभर तिलोंके शिखरपर स्थापितकर उसकेपास ईख और फलादिक रखदेवे यह नन्दिकेश्वर ४०० तोलेसे कमनहो जो विशेष श्रद्धाहोयतो आठसौ वा

क्तितःपलसाहस्त्रं त्रितयंयावदेवतु। गोशतेऽपिदशांशेन सर्वमेतत्समाचरेत् १० पुण्य कालंसमासाद्य गीतमङ्गलनिःस्वनैः। सर्वौषध्युदकस्नान स्नापितोवेदपुङ्गवैः ११ इम मुच्चारयेन्मन्त्रं गृहीतकुसुमाञ्जलिः। नमोऽस्तुविश्वमूर्तिभ्यो विश्वमातृभ्यएवच १२ लोकाधिवासिनीभ्यश्च रोहिणीभ्योनमोनमः। गवामङ्गेषुतिष्ठन्ति भुवनान्येकविंश तिः १३ ब्रह्मादयस्तथादेवा रोहिण्यःपान्तुमातरः। गावोमेअग्रतःसन्तु गावःपृष्ठत एवच १४ गावःशिरसिमेनित्यं गवांमध्येवसाम्यहम्। यस्मात्त्वंवृषरूपेण धर्मएवस नातनः १५ अष्टमूर्तेरधिष्ठान मतःपाहिसनातन!। इत्यामन्त्र्यततोदद्याद् गुरवेन न्दिकेश्वरम् १६ सर्वोपकरणोपेतं गोयुतञ्चविचक्षणः। ऋत्विग्भ्योधेनुमेकैकां दशका द्विनिवेदयेत् १७ गवाञ्चशतमेकैकं तदर्द्धंवाथविंशतिम्। दशपञ्चाथवादद्या दन्येभ्यस्त दनुज्ञया १८ नैकाबहुभ्योदातव्या यतोदोषकरीभवेत्। बह्व्यश्चैकस्यदातव्या धीमता रोग्यवृद्धये १९ पयोव्रतःपुनस्तिष्ठेदेकाहंगोसहस्रदः। श्रावयेच्छृणुयाद्वापि महादानानु कीर्तनम् २० तद्दिनेब्रह्मचारीस्यात् यदीच्छेद्विपुलांश्रियम्। अनेनविधिनायस्तु गो सहस्रप्रदोभवेत्। सर्वपापविनिर्मुक्तः सिद्धचारणसेवितः २१ विमानेनार्कवर्णेन किङ्कि णीजालमालिना। सर्वेषांलोकपालानां लोकेसंपूज्यतेऽमरैः २२ प्रतिमन्वन्तरंतिष्ठेत्पुत्र पौत्रसमन्वितः। सप्तलोकानतिक्रम्यततःशिवपुरंव्रजेत् २३ शतमेकोत्तरन्तद्वत्पितॄणां

बारहसौ तोलेतक सुवर्णका नन्दिकेश्वर बनावे और १०० गोदानकरे वहभी इस संपूर्ण विधान को दशांश द्रव्यसे करे ८–१० पवित्रदिनमें गीतमंगल शब्द करके वेदपाठी ब्राह्मणोंके द्वारा सर्वौ- षधीके जलसे स्नानकरवा पुष्पांजलि ग्रहण करके इस मंत्रार्थका उच्चारणकरे कि हे विश्वकी मूर्त्ति और विश्वकीमाता आपके अर्थ नमस्कारहै ११। १२ लोकाधि वासिनी गौहै और गौओंके अंगोंमें इक्कीस भुवन और ब्रह्मादिक सब देवता स्थितरहतेहैं इसलिये मेरी रक्षाकरो गौमेरे आगेरहो पीछेर हो शिरपैरहो और मैं गौओंके मध्यमें वासकरूं और नन्दिकेश्वर तुम वृषरूपसे धर्मही स्थितहो आ- ठमूर्त्तियोंके अधिष्ठानहो इससे आपमेरी रक्षाकरो ऐसे आमंत्रित करके उसवृषभको सब सामग्रि- योंसे युक्त करके गुरुके अर्थ देदेवे और दशगौओंमेंसे प्रत्येक गौको ऋत्विगोंके अर्थ देदेवे एक २ ऋ- त्विक् पुरोहितको सौसौ पचास २ बीस २ अथवा दश १ गौदेवे फिर उनकी आज्ञालेके अन्य ब्राह्म- णोंकोभी गौदेवे परन्तु बहुतोंके अर्थ एकगौ कभीनदेवे सुखकी वृद्धिके निमित्त बुद्धिमान् पुरुष एक ही ब्राह्मणको बहुतसी गौदेदेवे १२। १८ फिर एकदिनतक दूधका आहार करे और बहुतसीलक्ष्मी की इच्छाकरनेवाला मनुष्य जिसदिन इसमहादानको करे अथवा सुनावे उसदिन ब्रह्मचारी रहै इसविधिसे जो गोसहस्र अर्थात् हजार गौओंका दानकरताहै वह सब पापोंसे छुटकर सिद्धचारणा- दिसे सेवित सूर्यके सदृश देदीप्तजालीझरोखेवाले विमानमें बैठ सबलोकपालों के स्थानमें प्राप्त होके पूजाजाताहै वहां पुत्र पौत्रादिकों से युक्तहो एक २ मनुके राज्यतक वास करताहै ऐसे सात लोकोंमें प्राप्तहोकर शिवलोकमें प्राप्तहोताहै १६। २३ इसके विशेष १०१ पितरोंका तथा मातामे-

तारयेद्बुधः। मातामहानांतद्वच्च पुत्रपौत्रसमन्वितः। यावत्कल्पशतन्तिष्ठेद्राजराजोभ वेत्पुनः २४ अश्वमेधशतंकुर्याच्छिवध्यानपरायणः। वैष्णवंयोगमास्थाय ततोमुच्येत वन्धनात् २५ पितरश्चाभिनन्दन्ति गोसहस्रप्रदंसुतम्। अपिस्यात्सकुलेऽस्माकं पुत्रो दौहित्रएववा। गोसहस्रप्रदोभूत्वा नरकादुद्धरिष्यति २६ तस्यकर्मकरोवास्या दपिद्र ष्टातथैवच। संसारसागरादस्माद्योऽस्मान् सन्तारयिष्यति २७ इतिपठतियएतत् गो सहस्रप्रदानं सुरभुवनमुपेयात् संस्मरेद्वाथपश्येत्। अनुभवतिमुदंवामुच्यमानोनिकामं प्रहतकलुषदेहः सोऽपियातीन्द्रलोकम् २८॥

इति श्रीमत्स्यपुराणेसप्तसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७७॥

(मत्स्यउवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि कामधेनुविधिंपरम्। सर्वकामप्रदंनृणांमहा पातकनाशनम् १ लोकेशावाहनंतद्वद्धोमःकार्योऽधिवासनम्। तुलापुरुषवत्कुर्यात् कु ण्डमण्डपवेदिकम् २ स्वल्पेत्वेकाग्निवत्कुर्यात् गुरुरेकःसमाहितः। काञ्चनस्याति शुद्धस्य धेनुंवत्सञ्चकारयेत् ३ उत्तमापलसाहस्री तदर्धेनतुमध्यमा। कनीयसीत दर्धेन कामधेनुःप्रकीर्तिता ४ शक्तितस्त्रिपलादूर्ध्वमशक्तोऽपीहकारयेत्। वेद्यांकृष्णा जिनंन्यस्य गुडप्रस्थसमन्वितम् ५ न्यसेदुपरितांधेनुं महारत्नैरलंकृताम्। कुम्भाष्ट कसमोपेतां नानाफलसमन्विताम् ६ तथाष्टादशधान्यानि समन्तात्परिकल्पयेत्। इक्षु

हादि मातृपक्षकाभी उद्धार करताहै और १०० कल्पतक वासकर दूसरे जन्ममें राजाहोकर शिव-जीके ध्यानमें तत्परहोके अश्वमेध यज्ञके द्वारा विष्णु लोकमें प्राप्तहो सबबंधनोंसे छुटजाताहै २४।२५ गो सहस्र दानकरनेवाले पुत्रकीबाट पितरलोगभीदेखा करतेहैं और ऐसे कहतेहैं कि हमारे कुलमें कोईपुत्र व दौहित्र ऐसाहो जो गो सहस्रका दानकरके इस नरकसे हमारा उद्धारकरे जोकोई हम को संसाररूपी सागरसे पारउतारेगा उसके कामोंको हमपितृलोग भृत्योंके समान करेंगे २६।२७ इस प्रकारसे इस गोसहस्र नामवालेदानको जो पढ़ैगा वा स्मरण करेगा वहभी संपूर्ण पापोंसे छुट-कर इन्द्रलोकमें प्राप्तहोगा २८॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायांसप्तसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७७॥

मत्स्यजीबोले- अब हमकामधेनु दानकी विधिको कहते हैं यह दानमनुष्योंकी सबकामनाओंको देकर महापातकोंका नाशकरनेवालाहै १ प्रथम तुलादानकेतुल्य लोकपालोंका आवाहनकर मंडप वेदी बनाकर हवनकरे- २ स्वल्पद्रव्य होवेतो एकाग्नि विधानके सदृश अकेले गुरूजीही हवनकरदें आधा द्रव्यखर्च करनेसे कनिष्ठा कामधेनु कहातीहै और बारहतोले सुवर्णसे कममें यह कामधेनु न-हीं बनसक्तीहै- काले मृगचर्मको वेदीपै बिछाउसपर प्रस्थभर गुड़धरे फिर उस गुड़पर सब रत्नोंसे शोभितकीहुई गौकोस्थापितकरे उसके पास आठ पूर्णकलशे और फलोंकोधरे ३।६ उसके चारों ओर आठवा दशधान्य इक्षुदंड-अनेक प्रकारकेफल-पात्र-आसन तांबेकी दोहनी कुसुमी वस्त्र-दीपक-छत्री-चँवर-कुण्डल-घण्टा और सुवर्ण की सींगड़ी- रूपेकेखुर इन्होंसे युक्तकर लवरस हल्दी-जीरा

दण्डाष्टकन्तद्वन्नानाफलसमन्वितम्। भाजनञ्चासनंतद्वत्ताम्रदोहनकन्तथा ७ कौशेयवस्त्रद्वयसंयुताङ्गीं दीपातपत्राभरणाभिरामाम्। सचामरांकुण्डलिनींसघण्टां सुवर्णशृङ्गींपरिरूप्यपादाम् ८ रसैश्चसर्वैःपरितोऽभिजुष्टां हरिद्रयापुष्पफलैरनेकैः। अजाजिकुस्तुम्बुरुशर्करादिभिर्वितानकञ्चोपरिपञ्चवर्णम् ९ स्नातस्ततोमङ्गलवेदघोषैः प्रदक्षिणीकृत्यसपुष्पहस्तः। आवाहयेत्तांगुरुणोक्तमन्त्रैर्द्विजायदद्यादथदर्भपाणिः १० त्वंसर्वदेवगणमन्दिरमङ्गभूता विश्वेश्वरि त्रिपथगोदधिपर्वतानाम्। त्वद्दानशस्त्रशकलीकृतपापकौघः प्राप्तोऽस्मिनिर्वृतिमतीवपरांनमामि ११ लोकेयथेप्सितफलार्थविधायिनींत्वा मासाद्यकोहिभुविदुःखमुपैतिमर्त्यः। संसारदुःखशमनाययतस्वकामं त्वांकामधेनुमितिदेवगणावदन्ति १२ आमन्त्र्यशीलकुलरूपगुणान्विताय विप्राययःकनकधेनुमिमांप्रदद्यात्। प्राप्नोतिधाम सपुरन्दरदेवजुष्टं कन्यागणैःपरिवृतःपदमिन्दुमौलेः १३॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेऽष्टसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७८॥

(मत्स्य उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि हिरण्याश्वविधिंपरम्। यस्यप्रदानाद्भुवनेचानन्त्यंफलमश्नुते १ पुण्यांतिथिमथासाद्य कृत्वाब्राह्मणवाचनम्। लोकेशावाहनंकुर्या त्तुलापुरुषदानवत् २ ऋत्विक्मण्डपसम्भार भूषणाच्छादनादिकम्। स्वल्पेत्वेकाग्निवत्कुर्याद्धेमवाजिमखम्बुधः ३ स्थापयेद्वेदिमध्येतु कृष्णाजिनतिलोपरि। कौशेयवस्त्रसम्वीतं कारयेद्धेमवाजिनम् ४ शक्तितस्त्रिपलादूर्ध्वमासहस्रपलाद्बुधः। पादुकोपानहच्छत्र

धनियां-और खांड इत्यादिक वस्तुओंको भी उसके समीप रक्खे-उसके पांचवर्णकी वन्दनवार बांधे ७।९ फिर वेदके मंत्र और मंगलशब्दों करके स्नानपूर्वक तीनप्रदक्षिणाकर पुष्पांजलीले गुरुसे मंत्रोंका उच्चारणकर वा उस कामधेनुका आवाहनकरे १० और कहे कि हे कामधेनु तुम संपूर्ण देवताओंके शरीर रूपहो विश्वेश्वरी हो तुम्हारे दान करनेसे मैं सब पापों से छुटकर परमानन्दको प्राप्तहोगयाहूं और तुम्हें नमस्कार करताहूं ११ तुझ मनोवाञ्छितकी देने वालीको प्राप्तहोकर कौनमनुष्य दुःखको पासक्ताहै संसारके दुःख दूरकरने से तुमको कामधेनु कहते हैं १२ इस प्रकारसे आमंत्रित करके जो ब्राह्मण के निमित्त इस सुवर्णकी धेनुको देताहै वह देवताओंसे सेवितकियेहुए इन्द्रलोकमें प्राप्तहोताहै १३॥

इति श्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामष्टसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७८॥

मत्स्यजीबोले-अब उत्तम हिरण्याश्व दानकी विधिको कहताहूं इस दानका अनन्त गुणा फल प्राप्तहोताहै १ पवित्र तिथिमें स्वस्तिवाचन पूर्वक तुलादान केही समान लोकपालों का आवाहन करे २ फिर ऋत्विक् मंडप, भूषण और आच्छादन आदि सामग्री इकट्ठीकरे और जो स्वल्प धनहोय तो एकाग्नि विधानसे एकही स्थानमें हवनकरवादेवे ३ फिर सुवर्णका घोड़ा बनवाकर वेदीके ऊपर काले मृगचर्मपर तिलोंके ऊपर स्थापितकर रेशमी वस्त्रसे ढकदेवे यह अश्व बारह तोलोंसे हज़ार तोलेतक श्रद्धाके अनुसार बनता है इस अश्वको पादुका, जूतीजोड़ा, छत्री, चंवर, आसन, पात्र,

चामरासनभाजनैः ५ पूर्णकुम्भाष्टकोपेतं माल्येक्षुफलसंयुतम्। शय्यांसोपस्करांतद्वद्धेम मार्तण्डसंयुताम् ६ ततःसर्वौषधीस्नान स्नापितोद्विजपुङ्गवैः।इममुच्चारयेन्मन्त्रं गृहीतकुसुमाञ्जलिः ७ नमस्तेसर्वदेवेश! वेदाहरणलम्पट!। वाजिरूपेणमामस्मात्पाहिसंसारसागरात् ८ त्वमेवसप्तधाभूत्वा छन्दोरूपेणभास्कर!। यस्माद्भासयसेलोकानतःपाहिसनातन! ९ एवमुच्चार्यगुरवे तमश्वंविनिवेदयेत्। दत्त्वापापक्षयाद्भानोर्लोकमभ्येतिशाश्वतम् १० गोभिर्विभवतःसर्वानृत्विजश्चापिपूजयेत्। सर्वधान्योपकरणं गुरवेविनिवेदयेत् ११ सर्वंशय्यादिकंदत्त्वा भुञ्जीतातैलमेवहि। पुराणश्रवणंतद्वत् कारयेद्भोजनादिकम् १२ इमंहिरण्याश्वविधिंकरोति यःसंपूज्यमानोदिविदेवसङ्घैः। विमुक्तपापःसपुरंमुरारेः प्राप्नोतिसिद्धैरभिपूजितःसन् १३ इतिपठतियएतद्धेमवाजिप्रदानं सकलकलुषमुक्तःसोऽश्वमेधेनयुक्तः। कनकमयविमानेनार्कलोकंप्रयाति त्रिदशपतिवधूभिःपूज्यतेयोऽभिपश्येत् १४ योवाशृणोतिपुरुषोऽल्पधनःस्मरेद्वा हेमाश्वदानमभिनन्दयतीहलोके। सोऽपिप्रयातिहतकल्मषशुद्धदेहः स्थानंपुरन्दरमहेश्वरदेवजुष्टम् १५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेएकोनाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७९॥

(मत्स्य उवाच) अथातःसंप्रवक्ष्यामि महादानमनुत्तमम्। पुण्यमश्वरथंनाम महापातकनाशनम् १ पुण्यंदिनमथासाद्य कृत्वाब्राह्मणवाचनम्। लोकेशावाहनंकुर्यात्तुलापुरुषदानवत् २ ऋत्विक्मण्डपसम्भार भूषणाच्छादनादिकम्। कृष्णाजिनेतिलान्कृ

आठ पूर्ण कुंभ, माला, इक्षुदंड, इत्यादि सब सामग्रियों से युक्त शय्या और सुवर्णके सूर्य्य समेत कर वेदके मन्त्रों से स्नानकर पुष्पांजली ले इस मंत्रके अर्थको उच्चारण करे ४।७ हेसर्वदेवेश वेदों के लानेवाले विष्णु आप अश्वरूप करके संसाररूपी सागरसे मेरा उद्धार करो ८ तुमही सातप्रकार से स्थितहोकर सूर्य्यरूपसे सब लोकोंको प्रकाशित करते हो ऐसे आप होकर मेरी रक्षाकरो ९ इन सब बातोंको करके उस अश्वको गुरुको अर्पण करदेवे इस दानका करनेवाला पुरुष सूर्य्यलोकमें प्राप्तहोताहै इसकरनेके पीछे गौदानादिसे ऋत्विगोंका पूजनकर धान्यादि सबसामग्री गुरुकेअर्थ देदेवे १०।११ इस दानको करके इसका कर्त्ता तेलका भोजन नहीं करे और पुराणों की कथाओं को सुने १२ जो पुरुष इस हिरण्याश्व दानकी विधिको करताहै वह सब पापों से रहित होकर विष्णुलोकमें देवताओंसे पूजितहोताहै १३ जो इस हिरण्याश्व दानको पढ़ताहै वा सुनताहै अथवा स्वल्प धन वाला पुरुष सराहता है और स्मरण करताहै वह सब पापोंसे छुटकर सूर्य्यके समान कान्ति वाले विमानमें बैठ स्वर्गलोक में जाकर देवाङ्गनाओं से पूजाजाताहै १४। १५॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणभाषाटीकायामेकोनाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २७९॥

मत्स्यजीबोले-अब महापातक नाशक उत्तम अश्वरथ नामवाले दानको कहते हैं १ पवित्र दिवसमें ब्राह्मणों के स्वस्तिवाचन सहित तुलापुरुष दानके समान लोकपालों का आवाहन करे २ फिर ऋत्विक्, मंडप, भूषण और आच्छादन इनसब वस्तुओंको संचितकरे और कालेमृगके चर्मपर-

त्वा काञ्चनंस्थापयेद्रथम् ३ अष्टाश्वंचतुरश्वंवा चतुश्चक्रंसकूबरम् । ऐन्द्रनीलेनकुम्भेन ध्वजरूपेणसंयुतम् ४ लोकपालाष्टकंतद्वत्पद्मरागदलान्वितम्। चतुरःपूर्णकलशान् धान्यान्यष्टादशैवतु ५ कौशेयवस्त्रसंयुक्तमुपरिष्टाद्वितानकम् । माल्येक्षुफलसंयुक्तं पुरुषेणसमन्वितम् ६ योयद्भक्तःपुमान्कुर्यात् सतन्नाम्नाधिवासनम् । छत्रचामरकौशेय वस्त्रोपानहपादुकम् ७ गोभिर्विभवतःसार्द्धं दद्याच्छयनादिकम् । आभारात्रिपलादूर्ध्वं शक्तितःकारयेद्बुधः८ अश्वाष्टकेनसंयुक्तं चतुर्भिरथवाजिभिः । द्वाभ्यामपियुतंदद्याद्धेमसिंहध्वजान्वितम् ९ चक्ररक्षावुभौतस्य तुरगस्थावथाश्विनौ । पुण्यकालमथावाप्य पूर्ववत्स्नापितोद्विजैः १० त्रिःप्रदक्षिणमावृत्य गृहीतकुसुमाञ्जलिः । शुक्लमाल्याम्बरो दद्यादिमंमन्त्रमुदीरयेत् ११ नमोनमःपापविनाशनाय विश्वात्मनेवेदतुरङ्गमाय । धाम्नामधीशायदिवाकराय पापौघदावानलदेहिशान्तिम् १२ वस्वष्टकादित्यमरुद्गणानां त्वमेवधातापरमंनिधानम् । यतस्ततोमेहृदयंप्रयातु धर्मैकतानत्वमघौघनाशात् १३ इतितुरगरथप्रदानमेकं भवभयसूदनमत्रयःकरोति । सकलुषपटलैर्विमुक्तदेहः परमुपैति पदंपिनाकपाणेः १४ देदीप्यमानवपुषांविजितप्रभावमाक्रम्यमण्डलमखण्डितचण्डभानोः । सिद्धाङ्गनानयनषट्पदपीयमान वक्त्राम्बुजोऽम्बुजभवेनचिरंसहास्ते १५ इतिपठतिशृणोतिवायइत्थं कनकतुरगरथप्रदानमस्मिन्। नसनरकपुरंव्रजेत्कदाचिन्नरकरिपोर्भवनंप्रयातिभूयः १६ ॥

इतिश्रीमत्स्यपुराणेऽशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः २८० ॥

